[illegible]

ॐ

नम सर्वज्ञाय

कलिकालसर्वज्ञश्रीहेमचन्द्राचार्यविरचितान्ययोगव्यवच्छेदद्वात्रिंशिकास्तवनटीका
श्रीमल्लिषेणसूरिप्रणीता

स्याद्वादमञ्जरी

•

एम ए, पी-एच डी इत्युपपदधारिणा शास्त्रिणा
डॉ० जगदीशचन्द्र जैनेन
हिन्दीभाषाया अनुवादिता
उपोद्घात परिशिष्टानुक्रमणादिभि सयोज्य च
सम्पादिता

सा च
अगासस्थ श्रीपरमश्रुतप्रभावकमण्डल श्रीमद्राजचन्द्रजैनशास्त्रमाला
श्रीमद्राजचन्द्राश्रम-अगास-स्वत्वाधिकारिभि
श्रीरावजीभाई देसाई इत्येतै
प्रकाशिता

श्रीवीरनिर्वाण स० २४९६ विक्रम सं० २०२६ इस्वी सन् १९७०
मूल्य १० ००

प्रकाशक
रावजीभाई छगनभाई देसाई ऑनरेरी व्यवस्थापक
परमश्रुतप्रभावकमण्डल (श्रीमद राजचन्द्र जनशास्त्रमाला)
श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम
स्टेशन—आगास पोस्ट-बोरिया
वाया आणंद (गुजरात)

प्रथमावृत्ति १
वीरनिर्वाण स २४३६—विक्रम सं १९६६—ई सन १९१
द्वितीयावृत्ति १
वीरनिर्वाण स २४६ —विक्रम सं १९९१—ई सन १९ ५

●

तृतीयावृत्ति
नवीन सशोधित-संस्करण
प्रतियाँ १

●

मुद्रक
बाबूलाल जैन फागुल्ल
महावीर प्रस
भेलूपुर वाराणसी—१

प्रकाशकीय

आचार्य श्रीहेमचन्द्रने वर्द्धमान महावीरकी स्तुतिरूप बत्तीस-बत्तीस श्लोकप्रमाण दो स्तवनोंकी भाव पूर्ण विशिष्ट रचना की—प्रथम अयोगव्यवच्छेदस्तवन और द्वितीय अन्ययोगव्यवच्छेदस्तवन। स्याद्वादकी उपयोगिता सिद्ध करनेका अभीष्ट-साधन दूसरे स्तवनको जानकर श्रीमल्लिषेणसूरिने उसपर महत्त्वपूर्ण विस्तृत टीका स्याद्वादमंजरी लिखी है। श्रीहेमचन्द्राचार्यकी अयोगव्यवच्छेदिकास्तुति नामक रचना भी इस ग्रन्थके साथ जोड दी गई है। ग्रन्थकी उपयोगिताका विशेष अनुभव तो विद्वज्जन स्वयं ही करेंगे।

परमश्रुतप्रभावकमण्डल (श्रीमद् राजचन्द्रजैनशास्त्रमाला) की ओरसे अनेक सश्रुतरूप ग्रन्थोंका प्रकाशन समय समयपर होता रहा है जिनमें स्याद्वादमंजरी का प्रथम प्रकाशन इस संस्था द्वारा वीरनिर्वाण सं २४३६ (ई सन् १९१) में श्री प जवाहिरलालजी शास्त्री तथा प वंशीधरजी शास्त्रीके सम्पाद कत्वमें हुआ था। उसके बाद वीर स २४६ (ई सन् १९३५) में श्री जगदीशचन्द्र जैनने बहुत सुन्दर ढंगसे नवीन सम्पादन प्रस्तुत किया। अब पुन दूसरे संस्करणका यह नवीन संशोधित-संस्करण तीसरी आवृत्ति के रूपमें इस संस्थाकी ओरसे प्रकाशित करते हुए हम प्रसन्नता होती है। अबकी बार डॉ जगदीशचन्द्र जैन एम ए पी एच डी ने और भी अधिक परिश्रमपूर्वक इस ग्रन्थको सर्वाङ्गसुन्दर बनानेका प्रयास किया है। अत हम उनका हृदयसे आभार मानते हैं।

इस ग्रन्थका मुद्रणकार्य प्रथम सन्मति मुद्रणालय वाराणसीमें आरम्भ हुआ था परन्तु कुछ पृष्ठ छपते ही कार्याधिक्यके कारण काम मंद हो गया अत इसका मुद्रणकार्य श्री बाबूलाल जैन फागुल्ल महावीर प्रेस वाराणसीको सौंपना पड़ा। हमें हर्ष है कि उन्होंने रुचिपूर्वक इस कार्यको यथासम्भव शीघ्र पूर्ण कर दिया है। संस्थाके प्रति उनका यह प्रेम हमें कृतज्ञता-ज्ञापन करनेको बाध्य करता है।

परमश्रुतप्रभावकमण्डलद्वारा जिन ग्रन्थोंका आजतक प्रकाशन हुआ है उनकी सूची इस ग्रन्थके साथ अन्यत्र संलग्न है। ग्रन्थोंका पुनर्मुद्रण व अन्य नवीन ग्रन्थोंका सम्पादन प्रकाशन भी यथासमय होता रहेगा। विद्वान पाठकों और विद्यार्थियोंको अधिकाधिक लाभ मिले इसीमें हमारे प्रकाशनका श्रम सफल है।

श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम
स्टेशन अगास पोस्ट बोरिया
वाया आणंद (गुजरात)
ता १ ६ १९७

निवेदक
रावजीभाई देसाई

विषयानुक्रमणिका

	विषय	पृष्ठ
	अद्वैतवादका खंडन	११६
श्लोक १४	कथंचित् सामान्यविशेषरूप वाच्यवाचक भावका समथन	१२
	एकान्त सामान्यवादी अद्वैतवादी मीमांसक और साख्योंका पूवपक्ष	१२
	एकान्त विशेषवादी बौद्धोंका पूवपक्ष	१२२
	स्वतन्त्र सामान्य-विशेषवादी न्याय-वैशेषिकोंका पूवपक्ष	१२३
	उक्त तीनों पक्षोका खडन	१२४
	शब्दका पौद्गलिकत्व	१२६
	आत्माका कथंचित् पौद्गलिकत्व	१२८
	शब्द और अथका कथचित् तादात्म्य सबध	१२८
	सम्पूण पदार्थोंम भावाभावत्वकी सिद्धि	१२९
	अपोह जाति विधि आदि शब्दाथका खडन	१३३
श्लोक १५	साख्योंके सिद्धान्तोंपर विचार	१३४
	साख्योका पवपक्ष	१३५
	पवपक्षका खंडन	१३८
	साख्योकी अ य विरुद्ध कल्पनाय	१४२
श्लोक १६–१९		१४४–१९१
श्लोक १६	सौत्रातिक वभाषिक और योगाचार बौद्धोके सिद्धातोका खडन	
	प्रमाण और प्रमिति अभिन्न हैं–पवपक्षका खडन	१४४
	क्षणिकवाद और उसका खडन	१४८
	ज्ञान पदाथसे उ पन्न होकर पदार्थको जानता है–खडन	१५२
	ज्ञानाद्वत–पवपक्ष और उत्तरपक्ष	१५६–५९
श्लोक १७	श यवादियोका खडन	१६८–१७८
	प्रमाता प्रमेय प्रमाण और प्रमितिकी असिद्धि–पवपक्ष	१६९
	उत्तरपक्ष	१७१
	आ माकी सिद्धि	१७२
	सवज्ञकी सिद्धि	१७६
	प्रमय प्रमाण और प्रमितिकी सिद्धि	१७७
श्लोक १८	क्षणिकवादम कृतप्रणाश आदि दाष	१७९
	क्षणिकवादका परिवर्तित रूप	१८५
श्लोक १९	वासना और क्षणसतति भिन्न अभिन्न और अनुभय रूपसे असिद्ध	१८६–१९१
	बौद्धमतम वासना (आलयविज्ञान) में दोष	१८८
श्लोक २	चावकिमतपर विचार	१९२–१९६
	केवल प्रत्यक्षका प्रमाण माननेवाके चार्वाकोका खडन	१९२
	भौतिकवादका खडन	१९४
श्लोक २१–२८	स्याद्वादकी सिद्धि	१९६–२५५
श्लोक २१	प्रत्येक वस्तुमे उत्पाद व्यय और ध्रौव्यकी सिद्धि	१९६
श्लोक २२	प्रत्येक पदाथमें अनन्त धर्मात्मकता	२
श्लोक २३	सप्तभंगीका प्ररूपण	२०४–२२१
	मिथ्यादृष्टि द्वादशांगको पढ़कर भी उसे मिथ्याश्रुत समझता है	२ ६

विषय		पृष्ठ

विषय	पृष्ठ

प्राक्कथन

आज मेरे लिए बड़े हर्ष और सौभाग्यका अवसर है कि मैं अपने सुयोग्य शिष्य तथा प्रिय मित्र जगदीशचन्द्र जैन एम ए द्वारा अनुवादित तथा संपादित स्याद्वादमञ्जरीके आदिमें कतिपय शब्द लिख रहा हूँ। ग्रन्थ ग्रन्थकार ग्रन्थके सिद्धान्तों और उनसे सम्बद्ध अनेक विषयोंका परिचय तो जगदीशचन्द्रजीने पाठकोंको सरल और निर्दोष राष्ट्रीय भाषामें भली भाँति दे ही दिया है। मुझे इस विषयमें यहाँपर अधिक कुछ नहीं कहना है। मेरे लिये तो एक ही विषय रह गया है। वह है पाठकोंको सम्पादक महोदयका परिचय देना।

जगदीशचन्द्र जैन सुप्रसिद्ध काशी हिन्दू विश्वविद्यालयके अग्रगण्य स्नातकोंमेंसे हैं। उन्होंने वहाँसे सन् १९३२ में दर्शन (Philosophy) में एम ए की उपाधि प्राप्त की थी। विश्वविद्यालयके गर्भमें भारतीयदर्शन—विशेषत जैन और बौद्ध—के साथ साथ उन्होंने पाश्चात्य दर्शनका गहरा और विस्तृत अध्ययन किया और दार्शनिक समस्याओंपर निष्पक्ष भावसे स्वतन्त्र विचार किया। मैं उनके आचार विचार और आदर्शोंसे खूब परिचित हूँ क्योंकि वे कई वर्ष तक मेरी निरीक्षकता (Wardenship) में छात्रावासमें रहे हैं और उन्होंने मेरे साथ मनोविज्ञान (Psychology) और भारतीयदर्शनका अध्ययन किया है। सायंकालके भ्रमणमें अक्सर उनके साथ दार्शनिक विषयोंपर बातचीत हुआ करती थी। अपनी इस परिचितिके आधारपर मैं निःसंकोच यह कह सकता हूँ कि जगदीशचन्द्रजी एक बहुत होनहार दार्शनिक विद्वान् और लेखक हैं। दार्शनिकोंके दो सबसे बड़े गुण—निष्पक्ष और न्यायपूर्वक विचार और समन्वय बुद्धि—उनमें कूट कूट कर भरे हैं। वे केवल दार्शनिक ही नहीं हैं सहृदय भी हैं। यही कारण है कि अनेकान्तवाद स्याद्वाद और अहिंसावादमें उनकी श्रद्धा है। स्याद्वादमञ्जरीमें इन सिद्धान्तोंका प्रतिपादन है इसीलिये उन्होंने इस महत्त्वपूर्ण ग्रन्थका राष्ट्रभाषामें अनुवाद तथा सम्पादन किया है। अनुवाद और सम्पादन बहुत ही उत्तम रीतिसे हुए हैं। प्रत्येक श्लोक और उसकी टीकाके अनुवादके अन्तमें जो भावार्थ दिया गया है उसमें विषयका बहुत सरलतासे प्रतिपादन हुआ है। कहीं कहीं जो टिप्पणियाँ दी गई हैं वे भी बहुत उपयोगी हैं। अन्तमें सब दर्शनों सम्बन्धी—विशेषत बौद्धदर्शन सम्बन्धी—परिशिष्टों और कई प्रकारकी अनुक्रमणिकाओंने पुस्तकको बहुमूल्य बना दिया है। गुणज्ञ पाठक स्वयं ही समझ जायँगे कि सम्पादक महोदयने कितना परिश्रम किया है।

मेरी यह हार्दिक इच्छा है कि इस पुस्तकका प्रचार खूब हो और विशेषत उन लोगोंमें हो जो जैनधर्मावलम्बी नहीं हैं। सत्य और उच्च भाव और विचार किसी एक जाति या मजहबवालोंकी वस्तु नहीं हैं। इनपर मनुष्यमात्रका अधिकार है। मनुष्यमात्रको अनेकान्तवादी स्याद्वादी और अहिंसावादी होनेकी आवश्यकता है। केवल दार्शनिक क्षेत्रमें ही नहीं धार्मिक और सामाजिक क्षेत्रमें विशेषत इस समय—जब कि समस्त भूमण्डलकी सभ्यताका एकीकरण हो रहा है और सब देशों जातियों और मतोंके लोगोंका सम्पर्क दिन पर दिन अधिक होता जा रहा है—इन ही सिद्धान्तोंपर आरूढ़ होनेसे संसारका कल्याण हो सकता है। मनुष्यजीवनमें कितना ही वाञ्छनीय परिवर्तन हो जाय यदि सभी मनुष्योंको प्रारम्भसे शिक्षा मिले कि सब ही मत सापेक्षक हैं कोई भी मत सर्वथा सत्य अथवा असत्य नहीं है पूर्ण सत्यमें सब मतोंका समन्वय होना चाहिये और सबको दूसरोंके साथ वैसा ही व्यवहार करना चाहिये जैसा कि वे दूसरोंसे अपने प्रति चाहते हैं। मैं तो इस दृष्टिके प्राप्त कर लेनेको ही मनुष्यका सभ्य होना समझता हूँ। मैं आशा करता हूँ कि यह पुस्तक पाठकोंको इस प्रकारकी दृष्टि प्राप्त करनेमें सहायक होगी।

भिखनलाल आत्रेय एम ए डी लिट
दर्शनाध्यापक
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

आषाढ़ पूर्णिमा १९९२

प्रथम आवृत्तिकी भूमिका

स्याद्वादमंजरीके निम्नलिखित सस्करण प्रकाशित हो चुके हैं—

१ संपादित दामोदरलाल गोस्वामी चौखंबा संस्कृत सीरीज बनारस १९

२ हीरालाल बी० हंसराज मूल सहित गुजराती अनुवाद जामनगर १९ ३

३ पडित जवाहिरलाल शास्त्री व पंडित बशीधर शास्त्री, रायचन्द्र जन शास्त्रमाला वंबई वि स० १९६६

४ संपादित पडित बेचरदास व पडित हरगोबिन्ददास काशी वीर संवत् २४३८

५ संपादित मोतीलाल लाधाजी पूना वी सं २४५२

६ अगरचन्द्रजी भैरोदानजी सेठिया सेठिया जैन ग्रंथ माला बीकानर १९२७

७ आनन्दशंकर बापूजी ध्रव मूल सहित अंग्रजी अनुवाद बम्बई संस्कृत एण्ड प्राकृत सीरीज बबई १९१३

८ जगदीशचन्द्र जन मूल सहित हिन्दी अनुवाद रायचन्द्र जैन शास्त्रमाला बबई १९३५

९ एफ़ डबल्यू थॉमस अंग्रजी अनुवाद बर्लिन अकादमी बर्लिन १९६

१ उपर्युक्त पुनर्मुद्रण मोतीलाल बनारसीदास १९६८

११ साध्वी सुलोचनाश्री मूलसहित गजराती अनुवाद आत्मानन्द जैन गजराती ग्रन्थमाला ९८ भावनगर वि स २०२४

प्रस्तुत सस्करणको अनेक दृष्टियोंसे परिपूर्ण बनानेका प्रयत्न किया गया ह।

प्रस्तुत संस्करणका सक्षिप्त परिचय

१ संशोधन—इस ग्रंथका सशोधन रायचन्द्रमालाकी एक प्राचीन और शद्ध हस्तलिखित प्रतिके आधारसे किया गया है। इस प्रतिके आदि अथवा अन्तम किसी संवत् आदिका निर्देश न होनेसे इस प्रतिका ठीक ठीक समय मालूम नहीं हो सका परन्तु प्रति प्राचीन मालूम होती है।

२ सस्कृतटिप्पणी—सस्कृतके अभ्यासियोंके लिये मल पाठके कठिन स्थलोंको स्पष्ट करनके लिय इस ग्रंथम संस्कृतकी टिप्पणिया लगाई गइ हैं। इन टिप्पणियोंमे सेठ मोतीलाल लाधाजीद्वारा सपादित स्याद्वादमजरीकी संस्कृत टिप्पणियोंका भी उपयोग किया गया ह। एतदथ हम सम्पादक महोदयके आभारी हैं।

३ अनुवाद—अनुवादको यथाशक्य सरल और सुबोध बनानेका प्रयत्न किया गया है। इसके लिये अनुवाद करते समय बहुतसे शब्दोंका छट भी लेनी पडी है। विषयका वर्गीकरण करनेके साथ विषयको सरल और स्पष्ट बनानेके लिये न्यायके कठिन विषयोंको शका–समाधान वादी–प्रतिवादी स्पष्टाथ रूपम उपस्थित किया गया है। प्रत्येक श्लोकके अतम श्लोकका सक्षिप्त भावाथ दिया गया है। अनक स्थलोंपर भावार्थ लिखते समय ग्रथके मूल विषयके बाह्य विषयोंकी भी विस्तृत चर्चा की गई है। कहीं कहीं हिन्दी अनुवाद करते समय और भावाथ लिखते समय हिन्दीकी टिप्पणियां भी जोड़ी गई हैं।

४ अयोगव्यवच्छेदिका—इस सस्करणमें हेमचन्द्रकी दूसरी कृति अयोगव्यवच्छेदिकाका अनुवाद भी दे दिया गया है। इसके साथ तुलनाके लिय सिद्धसेन और समतभद्रकी कृतियोंमेंसे टिप्पणीमें अनेक श्लोक उद्धृत किये गये हैं।

५ परिशिष्ट—इस सस्करणका महत्त्वपूर्ण भाग है। इसम जैन बौद्ध न्याय वैशेषिक सांख्य-योग पूर्वमीमांसा वेदान्त चार्वाक और विविध नामके आठ परिशिष्ट हैं। जन परिशिष्टमें तुलनात्मक दृष्टिसे जैन पारिभाषिक शब्दों और विचारोंका स्पष्टीकरण है। बौद्ध परिशिष्टमें बौद्धोंके विज्ञानवाद, शून्यवाद, अनात्मवाद आदि दार्शनिक सिद्धांतोंका पालि सस्कृत और अंग्रेजी भाषाके ग्रंथोंके आधारसे प्रामाणिक विवेचन किया गया है। आशा है इसके पढ़नेसे पाठकोंकी बौद्धदर्शन संबंधी बहुतसी भ्रांतिपूर्ण धारणायें दूर होंगी।

तीसरे न्याय-वैशेषिक परिशिष्टमें ईश्वर संबंधी चर्चा विशेष रूपसे उल्लेखनीय है। चौथे सांख्य-योग परिशिष्टमें सांख्य, योग जैन और बौद्ध-दर्शनोंकी तुलना करते समय जो ब्राह्मण और श्रमण संस्कृति संबंधी भेद दिखाया गया है वह ऐतिहासिक दृष्टिसे महत्त्वपूर्ण है। पांचवें परिशिष्टमें मीमांसक और जैनोंकी तुलना छठेमें शंकरके मायावादकी विज्ञानवाद और शून्यवादसे तुलना सातवेंमें चार्वाकमत और आनन्दघनजीका उसे जिनभगवानकी कुछ बताना, और आठवें परिशिष्टमें आजीविक सम्प्रदाय—ध्यानपूर्वक पढ़ने योग्य हैं।

६ अनुक्रमणिका—इस सस्करणमें नीचे लिखी तेरह अनुक्रमणिकायें दी गई हैं—

(१) स्याद्वादमंजरीके अवतरण–इन अवतरणोंमें कई अनुपलब्ध अवतरणोंकी खोज पहली बार की गई है। अवतरण प्राय सेठ मोतीलाल लाधाजी और प्रो ध्रुवकी स्याद्वादमंजरीके आधारसे लिये गये हैं।

(२) स्याद्वादमजरीमे निर्दिष्ट ग्रथ और ग्रथकार

(३) स्याद्वादमजरी (अन्ययोगव्यवच्छेदिका) के श्लोकोंकी सूची

(४) स्याद्वादमंजरी (अन्ययोगव्यवच्छेदिका) के शब्दोंकी सूची

(५) स्याद्वादमजरीके न्याय

(६) स्याद्वादमंजरीके श्लोकोकी सूची

(७) स्याद्वादमजरीको संस्कृत तथा हिन्दी टिप्पणियोंके ग्रथ और ग्रंथकार

(८) अयोगव्यवच्छेदिकाके श्लोकोंकी सूची

(९) अयोगव्यवच्छेदिकाके श ्दोंकी सूची

(१) अयोगव्यवच्छेदिकाकी टिप्पणीम उपयुक्त ग्रथ

(११) परिशिष्टके शब्दोकी सूची

(१२) परिशिष्टमें उपयुक्त ग्रथ

(१३) सम्पादनमें उपयुक्त ग्रथ

उपसहार

जिस समय मैं बनारस हिन्दू युनिवर्सिटीमें एम ए में आदरणीय प्रो फणिभूषण अधिकारीसे स्याद्वादमजरी पढ़ता था उस समय मझे उनके साथ दर्शनशास्त्रके अनेक विषयोंपर चर्चा करनेका अवसर प्राप्त हुआ था। उसी समयसे मेरी इच्छा थी कि मैं स्याद्वादमजरीपर कुछ लिखकर जैनदर्शन तथा राष्ट्रभाषा की सेवा करू। सयोगवश पिछले वष मेरा बम्बईमें आना हुआ और मैंने रायचन्द्र जनशास्त्रमालाके व्यवस्थापक श्रीयुत मणीलाल रेवाशकर जगजीवन झवेरीकी स्वीकृतिपूवक स्याद्वादमजरीका काम आरभ कर दिया। इस ग्रंथके आरभसे इसकी समाप्तितक अनेक सज्जनोने मुझे अनेक प्रकारसे सहयोग दिया है उसके लिये मैं उन सबका आभार मानता हूं। स्नेही श्रीयुत दलसुख डाह्याभाई मालवणियाने स्याद्वादमजरीके संस्कृत और उसके अनुवादके बहुतसे प्रफोंका सशोधन किया है। बधु साहित्यरत्न प दरबारीलालजी न्यायतीर्थने इस ग्रथ सबंधी अनेक प्रश्नोंको चर्चामें रस लेकर अपना बहुमूल्य समय खर्च किया है। स्थानीय बुद्धिस्ट सोसायटी के मंत्री के ए पाध्ये बी ए एलएल बी वकील बम्बई हाईकोर्टने स्थानीय एशियाटिक लायब्रेरीमें मुझे हरेक प्रकारकी सुविधा दिलवाकर तथा एन आर फाटक बी ए. ने अपनी लाइब्रेरीमेंसे बहुतसी पुस्तक देकर सहायता की है। रायचन्द्रशास्त्रमालाके मैनेजर श्रीयुत कुन्दनलालजीने आवश्यकीय पुस्तकों आदिका प्रबन्ध किया है। प नाथूरामजी प्रेमी मुनि हिमांशुविजयजी मोहनलाल दलीचद देसाई बी ए एलएल बी तथा मोहनलाल भगवानदास झवेरी एम ए सोलिसीटर आदि सज्जनोंने भी सहानुभूतिका प्रदर्शन किया है। मेरी पत्नी कमलश्रीने हिन्दीके प्रूफ पढ़वानेमें और अनुक्रमणिका बनानेमें सहायता की है। मैं इन सब महानुभावोंका हृदयसे आभार मानता हूं। मुनि मोहनलाल सेंट्रल जैन लाइब्रेरी हीराचन्द गुमानजी जैन बोर्डिंग लाइब्रेरी ऐलक पन्नालाल सरस्वती भवन तथा न्यू भारत प्रिंटिंग प्रेसके अध्यक्षोंने अपना पूर्ण सहयोग

किया है। इस संस्करणके तैयार करनेमें श्री आनन्दशंकर बापूभाई ध्रुवकी स्याद्वादमंजरी तथा अन्य अनेक ग्रन्थोंसे जो मुझे सहायता मिली है उसका यथास्थान उल्लेख किया गया है। इन सबका आभारी हूं।

जुबेलीबाग
तारदेव बम्बई
२-६-३५

जगदीशचन्द्र जैन

द्वितीय आवृत्ति की भूमिका

स्याद्वादमंजरी सस्कृत एव अंग्रजी की विविध परीक्षाओ के पाठयक्रम म अनेक वर्षों से नियत है। तरुण जैन साधु-साध्विया भी जन दर्शन का सरल एव बोधगम्य भाषा में ज्ञान प्राप्त करने के लिये इस ग्रथ का पारायण करते आये हैं।

किन्तु इधर अनक वर्षोंसे इस ग्रथके उपलब्ध न होनेके कारण विद्यार्थियोंको बडी कठिनाईका सामना करना पड रहा था। साहित्यप्रमी डॉक्टर आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्येका ध्यान इस ओर आकर्षित हुआ। रायचन्द्र शास्त्रमालाके अधिकारियोंसे उन्होने पत्रव्यवहार किया। इसका परिणाम है यह प्रस्तुत संस्करण जो पूर्व सस्करणके ३५ वष बाद प्रकाशित हो रहा है।

अनुवादके सशोधित और परिमार्जित करनेम कोई कमी नहीं रक्खी गई है। फलटण (महाराष्ट्र)के वयो वृद्ध सस्कृत एव जैन दशनके विद्वान प्रोफेसर एम जी कोठारीका सशोधनमें हार्दिक सहयोग प्राप्त हुआ ह। अस्वस्थ रहते हुए भी आपने इस कार्यम रुचि दिखाई है।

२८ शिवाजी पाक
बम्बई २८
१९७

जगदीशचन्द्र जैन

●

ग्रन्थ और ग्रन्थकार

हेमचन्द्र

हेमचन्द्र आचार्य श्वेताम्बर परम्परामें महान प्रतिभाशाली असाधारण विद्वान हो गये हैं। हेमचन्द्राचार्यका जन्म ई० स० १०७८ में गुजरातके धंधुका ग्राममें मोढ़ वणिक जातिमें हुआ था। हेमचन्द्रके जन्मका नाम चंगदेव अथवा चांगोदेव था। इनके पिताका नाम चच्च, चाच अथवा चाचिग और माताका पाहिनी अथवा चाहिणी था। एक बार देवचन्द्र नामके एक जैन साधु धंधुकामें आये। चंगदेवकी अवस्था केवल पांच वर्षकी थी। पाहिनी अपने पुत्रको लेकर जिनमंदिरके दर्शन करने गई। देवचन्द्र भी इसी मन्दिरमें ठहरे थे। जिस समय पाहिनी जिन प्रतिबिम्बकी प्रदक्षिणा दे रही थी चंगदेव देवचन्द्र महाराजके पास आकर बैठ गये। आचार्य चंगदेवके शरीरपर असाधारण चिह्न देखकर आश्चर्यचकित हुए और उन्होंने चंगदेवके घर जाकर पाहिनीसे उसके पुत्रको जैन साधुधर्म दीक्षित करनेकी अनुमति मांगी[1]। पाहिनीने गुरुकी आज्ञा शिरोधार्य की और चंगदेवको देवचन्द्र आचार्यके सुपुर्द कर दिया। जब चंगदेवके पिता बाहरसे लौटे इस घटनाको सुनकर बहुत क्रुद्ध हुए। अन्तमें सिद्धराजके तत्कालीन जैन मंत्री उदयनने चंगदेवके पिताको शान्त किया तथा चंगदेवका विधि विधानपूर्वक दीक्षा-संस्कार हो गया। दीक्षाके पश्चात् चंगदेवका नाम सोमचन्द्र रक्खा गया। प्रतिभाशाली सोमचन्द्रने शीघ्र ही तर्क, लक्षण, साहित्य और आगम इन चारों विद्याओंका पाण्डित्य प्राप्त कर लिया। देवचन्द्रसूरिने अपने शिष्यका अगाध पांडित्य देख सोमचन्द्रको सूरिकी उपाधिसे विभूषित किया और अब सोमचन्द्र हेमचन्द्रसूरिके नामसे कहे जाने लगे।

एक बार हेमचन्द्र आचार्य विहार करते करते गुजरातकी राजधानी अणहिल्लपुर पाटणमें पधारे। उस समय वहां महाराज सिद्धराज जयसिंह राज्य करते थे। सिद्धराजने हेमचन्द्र आचार्यको राजसभामें आमन्त्रित किया और हेमचन्द्रके अगाध पाण्डित्यको देखकर वे बहुत मुग्ध हुए। हेमचन्द्र अणहिल्लपुरमें ही रहने लगे। सिद्धराजने कोई अच्छा व्याकरण न देखकर हेमचन्द्रसे कोई व्याकरण लिखनेका अनुरोध किया। तत्पश्चात् हेमचन्द्रने गुजरातके लिये सिद्धहैमशब्दानुशासन नामके व्याकरणकी रचना की। यह व्याकरण राजाके हाथीपर रखकर राजदरबारमें लाया गया। सिद्धराज शैवधर्मी थे। एक बार हेमचन्द्र सिद्धराजके साथ सोमनाथके मंदिरमें गये। हेमचन्द्रने निम्न श्लोकोंसे शिवको नमस्कार कर अपने हृदयकी विशालताका परिचय दिया—

> भवबीजांकुरजनना रागाद्याः क्षयमुपागता यस्य।
> ब्रह्मा वा विष्णुर्वा हरो जिनो वा नमस्तस्मै ॥
> यत्र तत्र समये यथा तथा योऽसि सोऽस्यभिधया यया तया।
> वीतदोषकलुषः स चेद्भवानेक एव भगवन्नमोऽस्तु ते ॥

हेमचन्द्रके उपदेशसे सिद्धराजको जैनधर्मके प्रति प्रीति उत्पन्न हुई और फलस्वरूप सिद्धराजने पाटणमें रायविहार और सिद्धपुरमें सिद्धविहार नामक चौबीस जिन प्रतिमावाले मंदिर बनवाये। सिद्धराजके समय हेमचन्द्र केवल अपने विद्या वैभवके कारण सत्कारके पात्र हुए थे। परन्तु सिद्धराजके उत्तराधिकारी कुमारपाल हेमचन्द्रको राजगुरुकी तरह मानने लगे। हेमचन्द्रके उपदेशसे कुमारपालने अपने राज्यमें

---

१ सोमप्रभसूरिके अनुसार चंगदेवने स्वयं ही देवचन्द्रसूरिके उपदेश सुनकर उनका शिष्य होनेकी इच्छा प्रगट की और वे देवचन्द्रसूरिके साथ-साथ भ्रमण करने लगे। देवचन्द्र भ्रमण करते-करते जब खंभात आये तो वहां चंगदेवके मामा नेमिचन्द्रने चंगदेवके माता-पिताको समझाया और देवचन्द्रसूरिने चंगदेवको दीक्षा दी।

देव-देवियोंके निमित्त से की जानेवाली प्राणियोंकी हिंसाको और मांस, मद्य द्यूत शिकार आदि दुर्व्यसनों-को रोकनेकी घोषणा कराई और जैनधर्मके सिद्धांतोंका अधिकाधिक प्रचार किया।

हेमचन्द्र चारों विद्याओंके समुद्र थे और अपने असामान्य विद्या-वैभवके कारण कलिकालसर्वज्ञके नाम से प्रख्यात थे। मल्लिषेण हेमचन्द्रका पूज्य दृष्टिसे स्मरण करते हैं और उन्हें चार विद्याओं सबधी साहित्यके निर्माण करनेमें साक्षात् ब्रह्माकी उपमा देते हैं। सिद्धहैमशब्दानुशासनके अतिरिक्त हेमचन्द्रने तर्क साहित्य छन्द योग नीति आदि विविध विषयोपर अनेक ग्रथोंकी रचना करके जैन साहित्यको पल्लवित बनाया। कहा जाता है कि कुल मिलाकर हेमचन्द्रने साढ़ तीन करोड़ श्लोकोंकी रचना की है। हेमचन्द्रके मुख्य ग्रथ निम्न प्रकार हैं—

१ सिद्धहैमशब्दानुशासन [1] (अ) प्रथम सात अध्यायो म संस्कृत व्याकरण
(आ) आठवें अध्यायम प्राकृत एव अपभ्रंश व्याकरण

२ द्व्याश्रयमहाकाव्य (भट्टिकृत भट्टिकाव्य के आदर्श पर)
(अ) सस्कृत द्व्याश्रय (आ) प्राकृत द्व्याश्रय

३ कोष (अ) अभिधानचिंतामणि—सवृत्ति (हैमीनाममाला) (आ) अनेकार्थसग्रह (इ) देशीनाममाला—सवृत्ति (रयणावलि) (ई) निघटशेष

४ अलकार काव्यानुशासन—सवृत्ति

५ छंद छदोनुशासन—सवृत्ति

६ न्याय (अ) प्रमाणमीमासा [अपूर्ण] (आ) अन्ययोगव्यवच्छेदिका (स्याद्वादमंजरी); (इ) अयोगव्यवच्छेदिका

७ योग योगशास्त्र-सवृत्ति (अध्यात्मोपनिषद्)

८ स्तुति वीतरागस्तोत्र

९ चरित्र त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित

इन ग्रन्थोंके अतिरिक्त हेमचन्द्रने और भी ग्रंथोका निर्माण किया है। हेमच द्र भारतके एक देदीप्यमान रत्न थे उनके बिना जैन साहित्य ही नही गुजरातका साहित्य शन्य समझा जायगा। [2]

अन्ययोग और अयोगव्यवच्छेद द्वात्रिंशिकायें

दार्शनिक विचारोंको सस्कृत पद्योंम प्रस्तुत करनेकी पद्धति भारतवर्षमें बहुत समयसे चली आती है। उपलब्ध भारतीय साहित्यमें सर्वप्रथम विज्ञानवादी बौद्ध आचार्य वसुबन्धुद्वारा विज्ञानवादकी सिद्धिके लिये बीस श्लोकप्रमाण विंशिका और तीस श्लोकप्रमाण त्रिंशिकाकी रचना देखनेम आती है। जैन साहित्यमे सर्वप्रथम सुप्रसिद्ध जैन दार्शनिक सिद्धसेन दिवाकरने द्वात्रिंशद्द्वात्रिंशिकाओंकी रचना की। हरिभद्रने भी विंश विंशिकाओंको लिखा है। हेमचन्द्रने सिद्धसेनकी द्वात्रिंशिकाओंके अनुकरण पर सरल और मार्मिक भाषामें अन्ययोगव्यवच्छेद और अयोगव्यवच्छेद नामकी दो द्वात्रिंशिकाओंकी रचना की है।

---

१ एक विद्वान्ने इस व्याकरणकी प्रशसा निम्न श्लोकसे की थी—

भ्रात सवृणु पाणिनीप्रलपित कातन्त्रकथा वृथा
मा कार्षी कटशाकटायनवच क्षुद्रेण चान्द्रेण किम।
कि कण्ठाभरणादिभिर्बठरयत्यात्मानमन्यैरपि
श्रूयन्ते यदि तावदर्थमधुरा श्रीसिद्धहैमोक्तय॥ जैन साहित्यका इतिहास पृ २९४।

२. विशेषके लिये देखिये प्रकाशन विभाग भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित होनेवाली 'भारतके सांस्कृतिक अग्रदूत' पुस्तकमें लेखक का आचार्य हेमचन्द्र नामक निबंध।

हेमचन्द्रकी उक्त दोनों द्वात्रिंशिकायें महावीर भगवानकी स्तुतिरूप हैं। दोनोंमे बत्तीस बत्तीस श्लोक हैं जिनमें इकतीस श्लोक उपजाति और अन्तका एक श्लोक शिखरिणी छन्दमें हैं। अन्ययोगव्यवच्छेदिकामें[1] अन्य दर्शनोंमें दूषणोंका प्रदर्शन किया गया है। इसमें आदिके तीन और अन्तके तीन श्लोकोंमें भगवानकी स्तुति, सतरह श्लोकोंमें न्याय-वैशेषिक मीमांसा वेदान्त सांख्य बौद्ध और चार्वाकदर्शनोंकी समीक्षा तथा नौ श्लोकोंमें स्याद्वादकी सिद्धिकी गई है—

१—स्तुतिरूप छह श्लोकोंमें भगवानके अतिशय उनके यथार्थवाद नयमार्ग और निष्पक्ष शासनका वर्णन करते हुए अन्तम जिन भगवानके द्वारा ही अज्ञानांधकारमें पडे हुए जगतकी रक्षाकी शक्यताका प्रतिपादन किया है।

२—(क) अन्य दर्शनोंके समीक्षात्मक रूप सतरह श्लोकोम से छह श्लोकोंमें (४ १) न्याय वैशेषिकोंके सामान्यविशेषवाद नित्यानित्यवाद ईश्वरकर्तृत्व धर्म धर्मिका भेद सामान्यका भिन्नपदार्थत्व आत्मा और ज्ञानका भिन्नत्व बुद्धि आदि आत्माके गुणोंके उच्छेदसे मुक्ति आत्माकी सर्वव्यापकता तथा छल जाति और निग्रहस्थानके ज्ञानसे मुक्ति मानना—इन सिद्धान्तों की समीक्षा की गई है।

(ख) ११–१२ वें श्लोकमें मीमांसकोंकी

(ग) १३ वें श्लोकमें वेदान्तियोंके मायावादकी

(घ) १४ वें में एकान्त सामान्य और एकान्त विशेष रूप वाच्य वाचक भावकी

(ङ) १५ वें मे सांख्यदर्शनके सिद्धान्तोंकी तथा

(च) १६–१९ में बौद्धोंके प्रमाण और प्रमितिकी अभिन्नता ज्ञानाद्वैत शून्यवाद और क्षणभंगवादकी तथा

(छ) २० वें श्लोकमें चार्वाकदर्शनकी समीक्षा की गई है।

३— शेष नौ श्लोकोंमें वस्तुमें उत्पाद व्यय और ध्रौव्यकी सिद्धि सकलादेश और विकलादेशसे सप्तभंगीका प्ररूपण स्याद्वादमें विरोध आदि दोषोंका खंडन एकान्तवादोंका खंडन दुर्नय नय और प्रमाणका स्वरूप और सर्वज्ञनिर्दिष्ट जीवोंकी अनन्तताके प्ररूपणके साथ स्याद्वादकी सर्वोत्कृष्टता सिद्ध की गई है।

अयोगव्यवच्छेदिका द्वात्रिंशिकामें स्वपक्षकी सिद्धि की गई है। अन्ययोगव्यवच्छेदिका और अयोगव्यवच्छेदिकाके श्लोकोंका उल्लेख हेमचन्द्रकी प्रमाणमीमांसावृत्ति योगशास्त्रवृत्ति आदि ग्रंथोंमें मिलता है। इससे मालूम होता है इन ग्रंथोंके बननेसे पहले ही द्वात्रिंशिकाओंकी रचना हो चुकी थी। अयोगव्यवच्छेदिकामें हेमचन्द्र आचार्यने तीर्थिकोंके आगमको सदोष सिद्ध करके जिनशासनकी महत्ताका प्रतिपादन किया है। हेमचन्द्राचार्यकी मान्यता है कि जैनेतर शास्त्रोंमें हिंसा आदिका विधान पाया जाता है अतएव पूर्वापरविरोध से रहित यथार्थवादी जिन भगवानका शासन ही प्रामाणिक हो सकता है। जिन शासनके सर्वोत्कृष्ट और कल्याणरूप होने पर भी जो लोग जिन शासनकी उपेक्षा करते हैं वह उन लोगोंके दुष्कर्मका ही परिणाम समझना चाहिये। हेमचन्द्र घोषित करते हैं कि वीतरागको छोड़कर अन्य कोई देव और अनेकान्तको छोड़कर अन्य कोई न्यायमार्ग नहीं है—

इमां समक्षं प्रतिपक्षसाक्षिणामुदारघोषामवघोषणां ब्रुवे।
न वीतरागात्परमस्ति दैवतं न चाप्यनेकान्तमृते नयस्थितिः ॥

अन्तमें हेमचन्द्र जिनदर्शनके प्रति पक्षपात और जिनेतर दर्शनोंके प्रति द्वेषभावका निराकरण करते हुए अपने समदर्शीपनेका उद्घोष करते हुए जिनशासनकी ही महत्ता सिद्ध करते हैं—

न श्रद्धयैव त्वयि पक्षपातो न द्वेषमात्रादरुचिः परेषु।
यथावदाप्तत्वपरीक्षया तु त्वामेव वीर प्रभुमाश्रिताः स्म ॥

१ अन्ययोगव्यवच्छेदिकाके कई श्लोकोंका उल्लेख माधवाचार्यने सर्वदर्शनसंग्रहमें किया है।

टीकाकार मल्लिषेण

मल्लिषेण नामके अनेक जैन आचार्य हो गये हैं।[1] हेमचन्द्रकी अन्ययोगव्यवच्छेदिकाके ऊपर स्याद्वादमंजरी टीका लिखनेवाले प्रस्तुत मल्लिषेणसूरि श्वेताम्बर विद्वान् हैं। मल्लिषेणने अन्ययोगव्यवच्छेद द्वात्रिंशिकाकी टीकाके अतिरिक्त अन्य कौनसे ग्रन्थोंकी रचनाकी है, ये कहांके रहनेवाले थे, आदि बातोंके संबंधमें कुछ विशेष पता नहीं लगता। स्याद्वादमंजरीके अंतमें दी हुई प्रशस्तिसे केवल इतना ही मालूम होता है कि नागेन्द्रगच्छीय[3] उदयप्रभसूरि[4] मल्लिषेणके गुरु थे तथा शक संवत् १२ ४ (ई. स. १२९३) में दीपमालिका

---

१. पं. नाथूराम प्रेमीजीने अपनी विद्वद्रत्नमाला (प्रथम भाग) में मल्लिषेण नामके दो दिगम्बर विद्वानोंका उल्लेख किया है। एक मल्लिषेण उभयभाषाचक्रवर्ती कहे जाते थे, जो संस्कृत और प्राकृत दोनों भाषाओंके महाकवि थे। अब तक इनके महापुराण, नागकुमार महाकाव्य और सज्जनचित्तवल्लभ नामके तीन ग्रन्थोंका पता लगा है। दूसरे मल्लिषेण मलधारिन् नामसे प्रसिद्ध थे। ये शक संवत् १ ५ में फाल्गुन कृष्ण तृतीयाके दिन श्रवणबेलगुलमें समाधिस्थ हुए थे। प्रवचनसारटीका, पंचास्तिकायटीका, ज्वालिनीकल्प, पद्मावतीकल्प, वज्रपंजरविधान, ब्रह्मविद्या और आदिपुराण नामक ग्रन्थ भी मल्लिषेण आचार्यके नामसे प्रसिद्ध हैं। परन्तु यह नहीं कहा जा सकता कि ये ग्रन्थ कौनसे मल्लिषेणने रचे थे।

२. नागेन्द्रगच्छगोविन्दवक्षोऽलंकारकौस्तुभाः।
ते विश्ववन्द्या नन्द्यासुरुदयप्रभसूरयः॥
श्रीमल्लिषेणसूरिभिरकारि तत्पदगगनदिनमणिभिः।
वृत्तिरियं मनुरविमितशाकाब्दे दीपमहसि शनौ॥
श्रीजिनप्रभसूरीणां साहाय्योद्भिन्नसौरभा।
श्रुतावुत्तंसतु सतां वृत्तिः स्याद्वादमंजरी॥

३. मोतीलाल लाधाजीने आर्हतमतप्रभाकर पूनासे प्रकाशित स्याद्वादमंजरीकी प्रस्तावनामें नागेन्द्रगच्छके आचार्योंकी परम्परा निम्न प्रकारसे दी है—

४. उदयप्रभसूरिने धर्माभ्युदयमहाकाव्य, आरंभसिद्धि, उपदेशमालाकर्णिकावृत्ति आदि ग्रन्थोंकी रचनाकी है।

की शर्मिवारके दिन जिनप्रभसूरिकी[1] सहायतासे मल्लिषेणने स्याद्वादमंजरीको समाप्त किया।

मल्लिषेणसूरि अपने समयके एक प्रतिभाशाली विद्वान् थे। मल्लिषेण न्याय व्याकरण और साहित्यके प्रकाण्ड पण्डित थे। इन्होंने जैनन्याय और जैनसिद्धांतोंके गंभीर अध्ययन करनेके साथ न्याय-वैशेषिक सांख्य पूर्वमीमांसा वेदान्त और बौद्धदर्शनके मौलिक ग्रन्थोंका विशाल अध्ययन किया था। मल्लिषेणकी विषय वर्णन शैली सुस्पष्ट प्रसाद गुणसे युक्त और हृदयस्पर्शी है। न्याय और दर्शनशास्त्रके कठिनसे कठिन विषयों-को सरल और हृदयग्राही भाषामें प्रस्तुत कर पाठकोंको मुग्ध करनेकी कलामें मल्लिषेण कुशल थे। इसी लिये स्याद्वादमंजरी-मल्लिषेणकी एक मात्र उपलब्धरचना—न्यायका ग्रन्थ कहे जानेकी अपेक्षा 'साहित्यका एक अंश (piece of literature) कहा जाता है। यद्यपि रत्नप्रभसूरिकी स्याद्वादरत्नावतारिका भी साहित्यके ढंगपर ही लिखी गई है परन्तु रत्नावतारिकामें समासोंकी दीर्घता और अर्थकाठिन्य होनेके कारण उसमें भाषाकी जटिलता आ गई है।[2] इसलिये एक ओर सन्मतितर्क अष्टसहस्री प्रमेयकमलमार्तण्ड आदि जैन न्यायके गहन वनमसे और दूसरी ओर स्याद्वादरत्नाकर स्याद्वादरत्नावतारिका जैसी विकट और घोर अटवीमसे निकलकर स्याद्वादमंजरीको विश्राम करनेका सर्वाङ्गसुन्दर आधुनिक पार्क कहा जा सकता है। यहाँ पर प्रत्येक दर्शनके महत्त्वपूर्ण सिद्धांतोंका संक्षेपमें सरल और स्पष्ट भाषामें वर्णन किया गया है। उपाध्याय यशोविजयजीने स्याद्वादमंजरीपर स्याद्वादमंजूषा नामकी वृत्ति लिखी है।[3] स्याद्वादमंजरीका उल्लेख माधवाचार्यने सर्वदर्शनसंग्रहमें किया है।[4]

---

१ जिनप्रभसूरि तीर्थकल्प अजितशान्तिस्तव आदि ग्रन्थोंके कर्ता हैं।

२ उदाहरणके लिये देखिए—इह हि लक्ष्यमाणाऽक्षोदीयोऽर्थलक्षणाक्षरक्षीरनिरन्तरे तत इतो दृश्यमानस्याद्वाद महाम्भ्रामभ्रितानिद्रप्रमेयसहस्रोत्तुङ्गतरंगभंगिसंगसौभाग्यभाजने अतुलफलभरभ्राजिष्णुभूयिष्ठासमाऽभि रामातुच्छपरिच्छेदसन्दोहशाद्वलासन्नकाननिकुञ्ज निरुपममनीषामहायानपात्रव्यापारपरायणपूरुषप्राप्यमा णाप्राप्तपूर्वरत्नविशेषे क्वचन वचनारचनाऽनवद्यगद्यपरम्पराप्रवालजालजटिले क्वचन सुकुमारकान्ताश्लोक मीयास्तोकश्लोकमौक्तिकप्रकरकरम्बिते क्वचिदनेकान्तवादोपकल्पितानल्पविकल्पकल्लोलोल्लासितोद्दामदूषणा द्विविद्राव्यमाणानकतीर्थिकनक्रचक्रवाले क्वचिदपगताशेषदोषानुमानाभिधानोद्वर्तमानासमानपाठीनपुच्छच्छटा-ऽच्छोटनोच्छलदतुच्छशीकरश्लेषसंजायमानमार्तण्डमण्डलप्रचण्डच्छमत्कारे क्वापि तीर्थिकग्रथग्रन्थिसार्थ समर्थकदर्थनोपस्थापितार्थनिवस्थितप्रदीपायमानप्लवमानज्वलन्मणिफणीन्द्रभीषणे सहृदयसैद्धान्तिकतार्किक वैयाकरणकविचक्रचक्रवर्तिसुविहितसुगृहीतनामधयास्मद्गुरुश्रीदेवसूरिभिर्विरचिते स्याद्वादरत्नाकरे । स्याद्वादरत्नावतारिका पृ २।

३ मोहनलाल दलीचंद देसाईने अपने जैनसाहित्यनो इतिहास नामक पुस्तकके ६४५ पृष्ठपर उपाध्याय यशोविजयकी उपलब्ध अप्रकाशित कृतियोंमें इस वृत्तिका उल्लेख किया है।

४ यदवोचदाचार्य स्याद्वादमंजर्याम्—

वस्तुत उक्त तीन श्लोकोंमें पहलेके दो श्लोक सिद्धसेनके न्यायावतारके और अन्तिम श्लोक हेमचन्द्रकी अन्ययोगव्यवच्छेदिकाका है।

अनेकान्तात्मकं वस्तु गोचरः सर्वसंविदाम्।
एकदेशविशिष्टोऽर्थो नयस्य विषयो मतः ॥
न्यायानामेकनिष्ठानां प्रवृत्तौ श्रुतवर्त्मनि।
सम्पूर्णार्थविनिश्चायि स्याद्वस्तु श्रुतमुच्यते ॥
अन्योन्यपक्षप्रतिपक्षभावाद्
यथा परे मत्सरिणः प्रवादाः।
नयानशेषानविशेषमिच्छन्
न पक्षपाती समयस्तथार्हतः ॥ सर्वदर्शनसंग्रह, आर्हतदर्शन।

मल्लिषेण हरिभद्रसूरिकी कोटिके सरल प्रकृतिके उदार और मध्यस्थ विचारोंके विद्वान थे। सिद्धसेन प्रभृति जैन विद्वानोंकी तरह मल्लिषेण भी सम्पूर्ण जैनेतर दर्शनोंके समूहको जनदर्शन प्रतिपादित कर 'अन्य शासनाम' का उपयोग करते हैं। अन्य दर्शनोंके विद्वानोंके लिये पशु वृषभ आदि असभ्य शब्दोंका प्रयोग न कर वेदान्तियोंका सम्यग्दृष्टि व्यासका ऋषि कपिलका परमर्षि उदयनका प्रामाणिकप्रकाण्ड रूपसे उल्लेख करना तथा श्वेताम्बर परंपराके अनुयायी होते हुए भी समतभद्र विद्यानन्द आदि दिगम्बर विद्वानोके उद्धरण निःसंकोच भावसे प्रस्तुत करना मल्लिषणको धार्मिक सहिष्णुताके साथ उनके समदर्शीपनेको प्रमाणित करता है। स्याद्वादमजरीमें सवज्ञसिद्धिकी चर्चाके प्रसगपर भी मल्लिषण स्त्रीमुक्ति और केवलिमुक्ति जसे दिगम्बर और श्वेताम्बर सम्प्रदायके विवादस्थ प्रश्नोंके विषयमें मौन रहते हैं इससे भी प्रतीत होता है कि अन्य दिग म्बर एवं श्वेताम्बर आचार्योंकी तरह मल्लिषेणको साम्प्रदायिक चर्चाओम रस नहीं था। अनेक वृक्षोंसे पुष्पों को चुनने के समान अनेक दर्शन सबंधी शास्त्रोंसे प्रमेयोको चुन-चुनकर निस्सन्देह मल्लिषणसूरिने अकृत्रिम बहुमति स्याद्वादमजरी नामकी माला गूथकर जनन्यायको समलकृत किया है।

स्याद्वादमजरीका विहगावलोकन

श्लोक १–३

ये श्लोक स्तुतिरूप हैं। इनम चार अतिशयो सहित भगवानके यथार्थवादका प्ररूपण करते हुए उनके शासनकी सर्वोत्कृष्टता बताई गई है।

श्लोक ४–१०

इन छह श्लोकोंमें न्याय-वैशेषिकोके निम्न सिद्धातोपर विचार किया गया ह—

(१) सामान्य और विशेष भिन्न पदाथ नहीं हैं।

(२) वस्तुको एकान्त नि य अथवा एकान्त अनि य मानना यायसगत नही ह।

(३) एक सवव्यापी सवज्ञ स्वतत्र ओर नित्य ईश्वर जगतका कर्ता नही हो सकता।

(४) धम धर्मीमें समवाय सबंध नही बन सकता।

(५) सत्ता (सामान्य) भिन्न पदाथ नही है।

(६) ज्ञान आ मासे भि न नहीं ह।

(७) आ माके बुद्धि आदि गणोके नाश होनेको मोक्ष नही कह सकत।

(८) आत्मा सर्वव्यापक नही हो सकती।

(९) छल जाति निग्रहस्थान आदि तत्व मोक्षके कारण नही हो सकत।

तथा—

(क) तम (अंधकार) अभावरूप नही है वह आकाशकी तरह स्वतत्र द्रव्य है और पौद्गलिक है।

(ख) अप्रच्युत अनुत्पन्न और सदास्थिरत्व नि यका लक्षण मानना ठीक नही। पदाथके स्वरूप का नाश नही होना ही नि यका लक्षण ठीक हो सकता है।

(ग) किरण गुणरूप नही है उन्ह तैजस पद्गलरूप मानना चाहिये।

(घ) नैयायिकोंके प्रमाण प्रमेय आदिके लक्षण दोषपूर्ण हैं।

इसके अतिरिक्त इन श्लोकोम—

(अ) जैनदृष्टिसे आकाश आदिमें नित्यानित्यत्व

(ब) पतजलि प्रशस्तकार और बौद्धोंके अनुसार वस्तुओका नित्यानित्यत्व

(स) अनित्यैकान्तवादी बौद्धोके क्षणिकवादमें दूषण

(ख) वैदिकसंहिता स्मृति आदिके वाक्योंमें पूर्वापरविरोध तथा

(ग) केवलिसमुद्घात अवस्थामें जैनसिद्धान्तके अनुसार आत्म-व्यापकताका संगतिका प्ररूपण किया गया है।

श्लोक ११-१२

इन श्लोकोंमें पूर्वमीमांसकोंके निम्न सिद्धान्तोंपर विचार किया गया है—

(१) वेदोंमें प्रतिपादित हिंसा धर्मका कारण नहीं हो सकती।

(२) श्राद्ध करनेसे पितरोंकी तृप्ति नहीं होती।

(३) अपौरुषेय वेदको प्रमाण नहीं मान सकते।

(४) ज्ञानको स्वप्रकाशक न माननेमें अनेक दूषण आते हैं इसलिये ज्ञानको स्व और परका प्रकाशक मानना चाहिये।

इसके अतिरिक्त इन श्लोकोंमें—

(क) जिनमंदिरके निर्माण करनेका विधान

(ख) सांख्य वेदान्त और व्यास ऋषि द्वारा याज्ञिक हिंसाका विरोध तथा

(ग) ज्ञानको अनुव्यवसायगम्य माननेवाले न्याय वैशेषिकोंका खंडन किया गया है।

श्लोक १३

इस श्लोकमें ब्रह्माद्वैतवादियोंके मायावादका खंडन है। यहाँपर प्रत्यक्ष प्रमाणको विधि और निषेध रूप प्रतिपादन किया है।

श्लोक १४

इस श्लोकमें एकान्त सामान्य और एकान्त विशेष वाच्य वाचक भावका खंडन करते हुए कथंचित् सामान्य और कथंचित विशेष वाच्य वाचक भावका समर्थन किया गया है। इस श्लोकमें निम्न महत्वपूर्ण विषयोंका प्रतिपादन है—

(१) केवल द्रव्यास्तिकनय अथवा संग्रहनयको माननेवाले अद्वैतवादी सांख्य और मीमांसकोंका सामान्यैकान्तवाद मानना युक्तियुक्त नहीं है।

(२) केवल पर्यायास्तिकनयको माननेवाले बौद्धोंका विशेषैकान्तवाद ठीक नहीं है।

(३) केवल नैगमनयको स्वीकार करनेवाले न्याय वैशेषिकोंका स्वतन्त्र और परस्पर निरपेक्ष सामान्य विशेषवाद मानना ठीक नहीं है।

तथा—

(क) शब्द आकाशका गुण नहीं है वह पौद्गलिक है और सामान्य विशेष दोनों रूप है।

(ख) आत्मा भी कथंचित पौद्गलिक है।

(ग) अपोह सामान्य अथवा विधिको शब्दार्थ नहीं मान सकते।

श्लोक १५

इस श्लोकमें सांख्योंकी निम्न मान्यताओंकी समीक्षा की गई है—

(१) चित्शक्ति (पुरुष) को ज्ञानसे शून्य मानना परस्पर विरुद्ध है।

(२) बुद्धि (महत्) का जड़ मानना ठीक नहीं है। अहंकारको भी आत्माका ही गुण मानना चाहिये बुद्धिका नहीं।

(३) सत्कार्यवाद माननेवाले सांख्य लोगोंका आकाश आदिका पांच तन्मात्राओंसे उत्पत्ति मानना असंगत है।

(४) बंध पुरुषके ही मानना चाहिये प्रकृतिके नहीं।

(५) वाक् पाणि आदिको पृथक् इन्द्रिय नहीं कह सकते इसलिये पांच ही इन्द्रियां माननी चाहिये।

(६) केवल ज्ञानमात्रसे मोक्ष नहीं हो सकता।

श्लोक १६ १०

इन श्लोकोंमें बौद्धोंके निम्न मुख्य सिद्धांतोपर विचार किया गया है—

(१) प्रमाण और प्रमाणके फलको सर्वथा अभिन्न न मानकर कथंचित भिन्नाभिन्न मानना चाहिये।

(२) सम्पूर्ण पदार्थोंको एकान्त रूपसे क्षणध्वंसी न मानकर उत्पाद व्यय और ध्रौव्य सहित स्वीकार करना चाहिये।

(३) पदार्थोंके ज्ञानमें तदुत्पत्ति और तदाकारताको कारण न मानकर क्षयोपशम रूप योग्यताको ही कारण मानना चाहिये।

(४) विज्ञानवादी बौद्धोंका विज्ञानाद्वैत मानना ठीक नही है।

(५) प्रमाता प्रमेय आदि प्रत्यक्ष आदि प्रमाणोसे सिद्ध होते हैं इसलिये माध्यमिक बौद्धोका शून्य वाद युक्तिसगत नही है।

(६) बौद्धाके क्षणभंगवादमें अनेक दोष आते हैं अत क्षणभंगवादका सिद्धांत दोषपूर्ण ह।

(७) क्षणभंगवादकी सिद्धिके लिये नाना क्षणोंकी परम्परारूप वासना अथवा सतानको मानना भी ठीक नहीं।

तथा—

(क) नैयायिकोंके प्रमाण और प्रमितिमें एकान्त भेद नहीं बन सकता।

(ख) आत्माकी सिद्धि।

(ग) सर्वज्ञकी सिद्धि।

श्लोक २०

इस श्लोकमें चार्वाक मतके सिद्धांतोका खण्डन किया गया है।

श्लोक २०—२९

इन श्लोकोंमें स्वपक्षका समर्थन करते हुए स्याद्वादकी सिद्धि की गई है। इन श्लोकोंम निम्न सिद्धातोंका प्रतिपादन किया गया है—

(१) प्रत्येक वस्तु उत्पाद व्यय और ध्रौव्यसे युक्त है। द्रव्यकी अपेक्षा वस्तुमें ध्रौव्य और पर्यायकी अपेक्षा सदा उत्पाद और व्यय होता है। उत्पाद व्यय और ध्रौव्य परस्पर सापेक्ष हैं।

(२) आत्मा धर्मास्तिकाय अधर्मास्तिकाय आदि सम्पूण द्रव्योंमें नाना अपेक्षाओंसे नाना धर्म रहते हैं अतएव प्रत्येक वस्तुको अनन्तधर्मात्मक मानना चाहिये। जो वस्तु अनन्तधर्मात्मक नही होती वह वस्तु सत् भी नहीं होती।

(३) प्रमाणवाक्य और नयवाक्यसे वस्तुमें अनन्त धर्मोंकी सिद्धि होती है। प्रमाणवाक्यको सकलादेश और नयवाक्यको विकलादेश कहते हैं। पदार्थके धर्मोंका काल आत्मरूप अर्थ संबंध उपकार गुणिदेश संसर्ग और शब्दकी अपेक्षा अभेदरूप कथन करना सकलादेश तथा काल आत्मरूप आदिको भेदविवक्षासे पदार्थोंके धर्मोंका प्रतिपादन करना विकलादेश है। स्यादस्ति स्यान्नास्ति स्यादवक्तव्य स्यादस्तिअवक्तव्य

स्यान्नास्तिअवक्तव्य, और स्यादस्तिनास्तिअवक्तव्यके भेदसे सकलादेश और विकलादेश प्रमाणसप्तभंगी और नयसप्तभंगीके सात सात भेदोंमें विभक्त है।

(४) स्याद्वादियोंके मतमें स्व द्रव्य क्षेत्र काल और भावकी अपेक्षा वस्तुमें अस्तित्व और पर द्रव्य क्षेत्र काल और भावकी अपेक्षा नास्तित्व है। जिस अपेक्षासे वस्तुमें अस्तित्व है उसी अपेक्षासे वस्तुमें नास्तित्व नहीं है। अतएव सप्तभंगी नयमें विरोध वैयधिकरण्य अनवस्था संकर व्यतिकर संशय अप्रतिपत्ति और अभाव नामक दोष नहीं आ सकते।

(५) द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा वस्तु नित्य सामान्य अवाच्य और सत् है तथा पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा अनित्य विशेष वाच्य और असत् है। अतएव नित्यानित्यवाद सामान्यविशेषवाद अभिलाप्यानभिलाप्यवाद तथा सदसद्वाद इन चारों वादोंका स्याद्वादमें समावेश हो जाता है।

(६) नयरूप समस्त एकांतवादोंका समन्वय करनेवाला स्याद्वादका सिद्धांत ही सर्वमान्य हो सकता है।

(७) भावाभाव द्वैताद्वैत नित्यानित्य आदि एकांतवादोंमें सुख दुख पुण्य-पाप बन्ध मोक्ष आदिकी व्यवस्था नहीं बनती।

(८) वस्तुके अनन्त धर्मोंमसे एक समयमें किसी एक धर्मकी अपेक्षा लेकर वस्तुके प्रतिपादन करनेको नय कहते हैं। इसलिये जितने तरहके वचन होते हैं उतने ही नय हो सकते हैं। नयके एकसे लेकर संख्यात भेद तक हो सकते हैं। सामान्यसे नैगम संग्रह व्यवहार ऋजुसूत्र शब्द समभिरूढ और एवंभूत ये सात भेद किये जाते हैं। न्याय वैशेषिक केवल नैगमनयके अद्वैतवादी और सांख्य केवल संग्रहनयके चार्वाक केवल व्यवहारनयके बौद्ध केवल ऋजुसूत्रनयके और वैयाकरण केवल शब्दनयके माननेवाले हैं। प्रमाण सम्पूर्ण नयरूप होता है। नयवाक्योंमें स्यात् शब्द लगाकर बोलनेको प्रमाण कहते हैं। प्रत्यक्ष और परोक्षके भेदसे प्रमाणके दो भेद होते हैं।

(९) जितने जीव व्यवहारराशिसे मोक्ष जाते हैं उतने ही जीव अनादि निगोदकी अव्यवहारराशिसे निकलकर व्यवहारराशिमें आ जाते हैं और यह अव्यवहारराशि आदिरहित है इसलिये जीवोंके सतत मोक्ष जाते रहनेपर भी संसार जीवोंसे कभी खाली नहीं हो सकता।

(१०) पृथिवी जल अग्नि वायु और वनस्पतिमें जीवत्वकी सिद्धि।

(११) प्रत्येक दर्शन नयवादमें गर्भित होता है। जिस समय नयरूप दर्शन परस्पर निरपेक्ष भावसे वस्तुका प्रतिपादन करते हैं उस समय ये दर्शन परसमय कहे जाते हैं। जिस प्रकार सम्पूर्ण नदियां एक समुद्रमें जाकर मिलती हैं उसी तरह अनेकांत दर्शनमें सम्पूर्ण जैनेतर दर्शनोंका समन्वय होता है इसलिये जैनदर्शन स्वसमय है।

श्लोक ३०—३२

यहाँ महावीर भगवानकी स्तुतिका उपसंहार करते हुए अनेकांतवादसे ही जगतका उद्धार होनेकी शक्यताका प्रतिपादन किया गया है।

जैनदर्शनमें स्याद्वादका स्थान

एकेनाकर्षन्ती श्लथयन्ती वस्तुतत्त्वमितरेण ।
अन्तेन जयति जैनी नीतिर्मन्थाननेत्रमिव गोपी ।। (अमृतचन्द्र)

स्याद्वादका मौलिक रूप और उसका रहस्य—विज्ञानने इस बातको भले प्रकार सिद्ध कर दिया है कि जिस पदार्थको हम नित्य और ठोस समझते हैं, वह पदार्थ बड़े वेगसे गति कर रहा है; जो हमें काले पीले लाल आदि रंग दिखाई पड़ते हैं, वे सब सफेद रंगके रूपान्तर हैं; जो सूर्य हमें छोटासा और बिलकुल पास दिखाई देता है, वह पृथिवी मण्डलसे साढ़े बारह लाख गुना बड़ा और यहाँसे नौ करोड़ तीस लाख मीलकी ऊँचाईपर है। इससे सहज ही अनुमान किया जा सकता है कि हम अनन्त समय बीत जानेपर भी ब्रह्माण्डकी छोटीसे छोटी वस्तुओंका भी यथार्थ ज्ञान प्राप्त नहीं कर सके, तो जिसको हम दार्शनिक भाषामें पूर्ण सत्य (Absolut) कहते हैं, उसका साक्षात्कार करना कितना दुष्कर होना चाहिये। भारतके प्राचीन तत्त्ववेत्ताओंने तत्त्वज्ञान संबंधी इस रहस्यका ठीक ठीक अनुभव किया था। इसीलिये जब कभी आत्मा, परब्रह्म, धर्म, सत्य आदिके विषयमें पूर्वकालकी परिषदोंमें प्रश्नोंकी चर्चा उठती, तो नैषा तर्केण मतिरापनेया (कठ), नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन (मुण्डक), सव्वे सरा नियट्टंति तक्का तत्थ न विज्जइ (आचारांग), परमार्थो हि आर्याणां तूष्णींभावः (चन्द्रकीर्ति)—वह केवल अनुभवगम्य है, वह वाणी और मनके अगोचर है, वहाँ जिह्वा रुक जाती है और तर्क काम नहीं करती, वास्तवमें तूष्णीभाव ही परमार्थ सत्य है, आदि वाक्योंसे इन शंकाओंका समाधान किया जाता था[1]। इसका मतलब यह नहीं कि भारतीय ऋषि अज्ञानवादी थे अथवा उनको पूर्ण सत्यका यथार्थ ज्ञान नहीं था। किन्तु इस प्रकारके समाधान प्रस्तुत करनेसे उनका अभिप्राय था कि पूर्ण सत्य तक पहुँचना तलवारकी धार पर चलनेके समान है, अतएव इसकी प्राप्तिके लिये अधिकसे अधिक साधनाकी आवश्यकता है। वास्तवमें जितना जितना हम पदार्थोंका विचार करते हैं, उतने ही पदार्थ विशीर्यमाण दृष्टिगोचर होते हैं। महर्षि सुकरातके शब्दोंमें हम जितना जितना शास्त्रोंका अवलोकन करते हैं, हमें उतना ही अपनी मूर्खताका अधिकाधिक आभास होता है।

जैनदर्शनका स्याद्वाद भी इसी तत्त्वका समर्थन करता है। जैन दार्शनिकोंका सिद्धान्त है कि मनुष्यकी शक्ति बहुत अल्प है और बुद्धि बहुत परिमित है। इसलिये हम अपनी छद्मस्थ दशामें हजारों लाखों प्रयत्न करनेपर भी ब्रह्माण्डके असंख्य पदार्थोंका ज्ञान करनेमें असमर्थ रहते हैं। हम विज्ञानको ही लें। विज्ञान अनन्त समयसे विविध रूपमें प्रकृतिका अभ्यास करनेमें जुटा है, परन्तु हम अभी तक प्रकृतिके एक अंश मात्रको भी पूर्णतया नहीं जान सके। दर्शनशास्त्रकी भी यही दशा है। सृष्टिके आरंभसे आज तक अनेक ऋषि महर्षियोंने तत्त्वज्ञान संबंधी अनेक प्रकारके नये-नये विचारोंकी खोज की, परन्तु हमारी दार्शनिक गुत्थियाँ आज भी पहलेकी तरह उलझी पड़ी हुई हैं। स्याद्वाद यही प्रतिपादन करता है कि हमारा ज्ञान पूर्ण सत्य नहीं कहा जा सकता, वह पदार्थोंकी अमुक अपेक्षाको लेकर ही होता है, इसलिये हमारा ज्ञान आपेक्षिक सत्य है। प्रत्येक पदार्थमें अनन्त धर्म हैं। इन अनन्त धर्मोंमेंसे हम एक समयमें कुछ धर्मोंका ही ज्ञान कर सकते हैं, और दूसरोंको भी कुछ धर्मोंका ही प्रतिपादन कर सकते हैं। जैन तत्त्ववेत्ताओंका कथन है कि जिस प्रकार कई अंधे मनुष्य किसी हाथीके भिन्न भिन्न अवयवोंको हाथसे टटोलकर हाथीके उन भिन्न भिन्न अवयवोंको ही पूर्ण हाथी समझकर परस्पर विवाद उत्पन्न करते हैं, इसी प्रकार संसारका प्रत्येक दार्शनिक सत्यके केवल अंशमात्रको ही जानता है और सत्यके इस अंशमात्रको सम्पूर्ण सत्य समझकर परस्पर विवाद और वितण्डा खड़ा करता है। यदि संसारके दार्शनिक अपने एकान्त

---

१ पश्चिमके विचारक ब्रैडले (Bradley), बर्गसाँ (Bergson) आदि विद्वानोंने भी सत्यको बुद्धि और तर्कके बाह्य कहकर उसे Experience और Intution का विषय बताया है।

आग्रहको छोड़कर अनेकान्त अथवा स्याद्वादृष्टिसे काम लेने लगें तो हमारे जीवनके बहुतसे प्रश्न सहजमें ही हल हो सकते हैं। वास्तवमें सत्य एक है केवल सत्यकी प्राप्तिके मार्ग जुदा-जुदा हैं। अल्प शक्तिवाले छद्मस्थ जीव इस सत्यका पूर्ण रूपसे ज्ञान करनेमें असमर्थ हैं इसलिये उनका सम्पूर्ण ज्ञान आपेक्षिक सत्य ही कहा जाता है। यही जैन दर्शनकी अनेकान्त दृष्टिका गूढ़ रहस्य है।

यहाँ शंका हो सकती है कि इस सिद्धान्तके अनुसार हम केवल आपेक्षिक अथवा अर्ध सत्यका ही ज्ञान हो सकता है स्याद्वादसे हम पूर्ण सत्य नहीं जान सकते। दूसरे शब्दोंमें कहा जा सकता है कि स्याद्वाद हमें अर्ध सत्योंके पास ले जाकर पटक देता है और इन्हीं अर्ध सत्योंको पूर्ण सत्य मान लेनेकी हमें प्रेरणा करता है। परन्तु केवल निश्चित अनिश्चित अर्ध सत्योंको मिलाकर एक साथ रख देनेसे वह पूर्ण सत्य नहीं कहा जा सकता। तथा किसी न किसी रूपमें पूर्ण सत्यको माने बिना कोई भी दर्शन पूर्ण कहे जानेका अधिकारी नहीं है। इस भावको भारतके प्रसिद्ध विचारक विद्वान् प्रो० राधाकृष्णनने निम्न प्रकारसे उपस्थित किया है—

The theory of Relativity cannot be logically sustained without the hypothesis of an absolute The Jains admit that things are one in their universal aspect (Jati or Karana) and many in their particular aspect (vyakti or karya) Both these according to them are partial points of view A plurality of reals is admittedly a relative truth We must rise to the complete point of view and look at the whole with all the wealth of its attitudes If Jainism stops short with plurality which is at best a relative and partial truth and does not ask whether there is any higher truth pointing to a one which particularises itself in the objects of the world connected with one another vitally essentially and immanently it throws overboard its own logic and exalts a relative truth into an absolute one [1]

इस शंकाका समाधान स्पष्ट है। वह यह है जैसा कि ऊपर बताया गया है कि स्याद्वाद पदार्थोंके जाननेकी एक दृष्टि मात्र है। स्याद्वाद स्वयं अंतिम सत्य नहीं है। यह हमें अन्तिम सत्य तक पहुँचानेके लिये केवल मार्गदर्शकका काम करता है। स्याद्वादसे केवल व्यवहार सत्यके जाननेमें उपस्थित होनेवाले विरोधोंका ही समन्वय किया जा सकता है इसीलिये जैन दर्शनकारोंने स्याद्वादको व्यवहार सत्य माना है।[2]

---

१ इण्डियन फिलासफी जि० १ पृ० ३०५-६। इसी प्रकारके विचार इण्डियन फिलॉसफिकल कॉंग्रसके किसी अधिवेशनके समय Jainism Instrumental theory of knowledge नामक लेखमें संभवत हनुमन्तराव एम० ए० ने प्रगट किये हैं। लेखका कुछ अंश निम्न प्रकारसे है—

Its great defect lies in the fact that it (the doctrine of Syadvada) yields to the temptation of an easy compromise without overcoming the contradictions inherent in the opposed standpoints in a higher synthesis

It takes care to show that the truths of science and of every day experience are relative and one sided but it leaves us in the end with the view that truth is a sum of relative truths A mere putting together of half truths definite indefinite cannot give us the whole truth

२ स्याद्वादसे ही लोकव्यवहार चल सकता है इस बातको सिद्धसेन दिवाकरने निम्न गाथामें व्यक्त किया है—

जेण विणा लोगस्सवि ववहारो सव्वहा न निव्वडइ।
तस्स भुवणेक्कगुरुणो णमो अणेगंतवायस्स ॥

व्यवहार सत्यके आगे भी जैनसिद्धांतमें निरपेक्ष सत्य माना गया है जिसे जन पारिभाषिक शब्दोंमे केवलज्ञान के नामसे कहा जाता है। स्याद्वादमें सम्पूण पदार्थोंका क्रम क्रमसे ज्ञान होता है परन्तु केवलज्ञान सत्यप्राप्तिकी वह उत्कृष्ट दशा है जिसमे सम्पूण पदाथ और उन पदार्थोंकी अनन्त पर्यायोंका एक साथ ज्ञान होता है। स्याद्वाद परोक्षज्ञानमे गभित होता है इसलिय स्याद्वादसे केवल इन्द्रियजन्य पदाथ ही जान जा सकते हैं किन्तु केवलज्ञान पारमार्थिक प्रत्यक्ष है अत केवलज्ञानम भूत भविष्य और वतमान सम्पण पदाथ प्रतिभासित होते[1] हैं। अतएव स्याद्वाद हम केवल जसे तैस अध सत्योको ही पूण स य मान लेनके लिये बाध्य नही करता। किन्तु वह सत्यका दशन करनके लिय अनेक मार्गोंको खोज करता है। स्याद्वादका कहना है कि मनुष्यकी शक्ति सीमित है इसलिय वह आपेक्षिक सत्यको ही जान सक ा ह। पहले हमे व्यावहारिक विरोधोंका सम वय करक आपेक्षिक सत्यको प्राप्त करना चाहिय। आपेक्षिक स यके जानके बाद हम पूर्ण सत्य—केवलज्ञान का साक्षात्कार करनेके अधिकारी हैं।

स्याद्वादपर एक ऐतिहासिक दृष्टि—अहिंसा और अनकान्त य ज धमक दो मल सिद्धात है। महावीर भगवानने इन्ही दो मूल सिद्धातोपर अधिक भार दिया था। महावीर शारीरिक अहिंसाके पालन करनके साथ मानसिक अहिंसा (intellectual toleration) के ऊपर भी उतना ही जोर देत है। महावीरका कहना था कि उपशम वृत्तिसे ही मनुष्यका क याण हो सकता ह और यही वृत्ति मोक्षका साधन है। भगवानका उपदेश था कि प्रत्येक महान् पुरुष भिन्न भिन्न द्रव्य क्षत्र काल और भावके अनुसार ही सत्यकी प्राप्ति करता है। इसलिये प्रत्येक दशनके सिद्धात किसी अपेक्षासे स य हैं। हमारा कतव्य है कि हम व्यथके वाद विवादम न पड़कर अहिंसा और शातिमय जीवन यापन कर। हम प्रत्यक वस्तुको प्रतिक्षण उत्पन्न होती हुई और नष्ट होती हुई देखते हैं और साथ ही इस वस्तुके नित्यत्वका भी अनुभव करत ह अतएव प्रत्येक पदाथ किसी अपेक्षास नित्य और सत और किसी अपेक्षासे अनित्य और असत आदि अनेक धर्मोसे युक्त है। अनकातवाद सम्बधी इस प्रकारक विचार प्राय प्राचीन आगम ग्रथोंम देखनम आत ह। गौतम गणधर महावीर भगवान्से पूछते ह—आत्मा ज्ञान स्वरूप ह अथवा अज्ञान स्वरूप भगवान उत्तर देते ह—आत्मा नियमसे ज्ञान स्वरूप ह। क्योंकि ज्ञानके बिना आत्माकी वृत्ति नही देखी जाती। परन्तु आत्मा ज्ञान रूप भी ह और अज्ञानरूप भी ह।

---

१ समतभद्रन आप्तमीमासाम स्याद्वाद और केवलज्ञानके भेदको स्पष्ट रूपसे निम्न श्लोकोम प्रतिपादन किया है—

तत्त्वज्ञान प्रमाण त यगपत्सवभासन।
क्रमभावि च यज्ञान स्याद्वादनयसस्कृत॥ १ १॥
उपेक्षाफलमाद्यस्य शेषस्यादानहानधी।
पूव वाऽज्ञाननाशो वा सर्वस्यास्य गोचरे॥ १ २॥
स्याद्वादकेवलज्ञाने सर्वतत्त्वप्रकाशने।
भेद साक्षादसाक्षाच्च ह्यवस्त्वन्यतम भवत॥ १ ५॥

तथा देखिय अष्टसहस्री प २७५–२८८

२ सवनयानां जिनप्रवचनस्यव निबधनत्वात। किमस्य निबधनमिति चेत्। उच्यते। निबधन चास्य आयं भन्ते णाण अणाण इति स्वामी गौतमस्वामिना पृष्टो व्याकरोति—गोयमा णाण णियमा अतो ज्ञानं नियमादात्मनि। ज्ञानस्याव्यतिरेकेण वृत्यदशनात्। नयचक्र हस्तलिखित।

(जनसाहित्यसंशोधक १–४ पृ १४६)

ज्ञातृधर्मकथा[1] और भगवतीसूत्र[2] भी एक ही वस्तुको द्रव्यकी अपेक्षा एक ज्ञान और दर्शन की अपेक्षा अनेक किसी अपेक्षासे अस्ति किसीसे नास्ति और किसी अपेक्षाके अवक्तव्य कहा गया है। प्राचीन आगमोंमें स्याद्वादके सात भगोंका उल्लेख नहीं मिलता परन्तु यहाँ त्रिपदी (उत्पाद व्यय ध्रौव्य) सिय अत्थि सिय णत्थि द्रव्य गुण, पर्याय नय आदि स्याद्वादके सूचक शब्दोंका अनेक स्थानोंपर उल्लेख पाया जाता है। आगम ग्रन्थोंपर ईसाके पूर्व चौथी शताब्दीमे भद्रबाहुकी दस नियुक्तियोंमे भी इन्ही विचारोंको विशेष रूपसे प्रस्फटित किया गया है। इसके पश्चात् ईसवी सन् प्रथम शताब्दीके आचार्य उमास्वातिके तत्त्वार्थाधिगमसूत्र और तत्त्वार्थभाष्यमें अनेकान्तवाद और विशेषकर नयवादकी चर्चा विस्तृत रूपमे पायी जाती है। यहाँ अर्पित अनर्पित नयोंके भेद और उपभेदोंका वर्णन विस्तारसे किया गया है। परन्तु यहाँ तक स्याद्वादके सात भगोंके नामोंका उल्लेख नहीं मिलता।

इन सात भगोका नाम सर्वप्रथम हम कुन्दकुन्दके पचास्तिकाय और प्रवचनसारमें दिखाई पड़ता है। यहाँ सात भगोंके केवल नाम एक गाथामे गिना दिये गये है। जान पड़ता है कि इस समय जैन आचार्य अपने सिद्धान्तोंपर होनेवाले प्रतिपक्षियोंके कर्कश तर्कप्रहारसे सतर्क हो गये थे और इसीलिये बौद्धोंके शून्यवादकी तरह जैन श्रमण अनेकान्तवादको सप्तभगीका तार्किकरूप देकर जैन सिद्धान्तोकी रक्षाके लिये प्रवृत्तिशील होने लगे थे। इसके पूर्व सप्तभगी नयवाद अथवा अधिकसे अधिक स्यादस्ति स्यान्नास्ति स्यादवक्तव्य इन तीन मूल भगोंके रूपमे ही पाया जाता है। स्याद्वादको प्रस्फटित करनेवाले जैन आचार्योमे ईसवी सन्की चौथी शताब्दीके विद्वान सिद्धसेन दिवाकर और समन्तभद्रका नाम सबसे महत्त्वपूर्ण है। ये दोनो अपूर्व प्रतिभाशाली उच्च कोटिके दार्शनिक विद्वान थे। इन विद्वानोने जैन तर्कशास्त्रपर सन्मतितर्क न्यायावतार युक्त्यनुशासन आप्तमीमांसा आदि स्वतन्त्र ग्रन्थोंकी रचना की। सिद्धसेन और समन्तभद्रने अनेक प्रकारके दृष्टान्तोंसे और नयोंके सापेक्ष वर्णनसे स्याद्वादका अभूतपूर्व ढगसे प्रतिपादन किया तथा जैनेतर सम्पूर्ण दृष्टियोंको अनेकान्त दृष्टिके अंशमात्र प्रतिपादन कर मिथ्यादर्शनोके समूहको जैनदर्शन बताते हुए[4] अपनी सर्वसमन्वयात्मक उदार भावनाका परिचय दिया। इनके बाद ईसाकी चौथी पाँचवी शताब्दीमे मल्लवादि और जिनभद्रगणि क्षमाश्रमण नामके श्वेताम्बर विद्वानोका प्रादुर्भाव हुआ। मल्लवादि अपने समयके महान तार्किक विद्वान

---

1 सुया एगे वि अहं दुवे वि अहं जाव अणेगभूयभावभविए वि अहं।
से केणट्ठेणं भंते एगे वि अहं जाव।
सुया दव्वट्ठाए एगे अहं नाणदसणट्ठाए दुवे वि अहं पएसट्ठाए अक्खए वि अहं अव्वए वि अहं
अवट्ठिए वि अहं उवओगट्ठाए अणेगभूयभावभविए वि अहं। ज्ञातृधर्मकथा ५-४६ पृ १०७।
उ यशोविजयजीने इसी भावको निम्न रूपसे व्यक्त किया है—
यथाह सोमिलप्रश्ने जिन स्याद्वादसिद्धये।
द्रव्यार्थादहमेकोऽस्मि दृग्ज्ञानार्थादुभावपि ॥
अक्षयश्चाव्ययश्चास्मि प्रदेशार्थविचारतः।
अनेकभूतभावात्मा पर्यायार्थपरिग्रहात् ॥ अध्यात्मसार।

2 आया भंते रयणप्पभा पुढवी अन्ना रयणप्पभा पुढवी ?
गोयमा रयणप्पभा सिय आया सिय नो आया
सिय अवत्तव्वं आया ति य नो आया ति य। भगवती १२-१० पृ ५९२।

3 उदधाविव सर्वसिन्धवः समुदीर्णास्त्वयि नाथ दृष्टयः।
न च तासु भवान् प्रदृश्यते प्रविभक्तासु सरित्स्विवोदधिः ॥ द्वा द्वात्रिंशिका १५।

4 भद्दं मिच्छादसणसमूहमइयस्स अमयसारस्स।
जिणवयणस्स भगवओ संविग्गसुहाहिगम्मस्स ॥ सन्मतितर्क, ३ ६९।

समझे जाते थे । इन्होंने अनेकांतवादका प्रतिपादन करनेके लिये नयचक्र आदि ग्रन्थोंकी रचना की । जिन भद्रगणि श्वेताम्बर आगमोंके ममज्ञ पण्डित थे इन्होंने विशेषावश्यकभाष्य आदि शास्त्रोंकी रचना की । जिन भद्रने प्राय सिद्धसेन दिवाकरकी शलीका ही अनुसरण किया । इन विद्वानोंके पश्चात ईसाकी आठवीं-नौवीं शताब्दीमे अकलंक और हरिभद्रका नाम विशेष रूपसे उल्लेखनीय है । इन विद्वानोंने स्याद्वादका नाना प्रकार से ऊहापोहा मक सूक्ष्मातिसूक्ष्मातिसूक्ष्म विवचन कर स्याद्वादको सांगोपाग परिपर्ण बनाया ।[1] इस समय प्रतिपक्षी लोग अनेकातवादपर अनेक प्रहार करन करने लगे थे । कोई लोग अनेकातको सशय कहते थे कोई केवल छलका रूपान्तर कहते थे और कोई इसम विरोध अनवस्था आदि दोषोका प्रतिपादन इसका खंडन करते थ । एसे समयमें अकलक और हरिभद्रने तत्त्वाथराजवार्तिक सिद्धविनिश्चय अनकातजयपताका शास्त्रवार्तासमच्चय आदि ग्र थोका निर्माण कर यो यतापूवक उक्त दोषोका निवारण किया और अनेकांतकी जयपताका फहराई । ईसाकी नौवी शताब्दीम विद्यान द और माणक्यनन्दि सुविख्यात दिगम्बर विद्वान हो गये हैं । विद्यान द अपन समयके बडे भारी नयायिक थे । इन्होने कुमारिल आदि वदिक विद्वानोंके जैनदर्शनपर होनवाले आक्षेपोंका बडी योग्यतासे परिहार किया है । विद्यानन्दन तत्त्वाथश्लाकवार्तिक अष्ट सहस्री आप्तपरीक्षा आदि ग्रन्थोको लिखकर अनेक प्रकारसे तार्किक शलीद्वारा स्याद्वादका प्रतिपादन और समर्थन किया है । माणिक्यनन्दिन सवप्रथम जन यायको परीक्षामुखके सूत्रोंम गूथ अपनी अलौकिक प्रतिभा का परिचय देकर जनन्यायको समुन्नत बनाया ह । ईसाकी दसवी ग्यारहवी शताब्दीम हानेवाले प्रभाच और अभयदेव महान तार्किक विद्वान थे । इन विद्वानोन स मतितकटीका (वादमहाणव) प्रमेयकमलमातण्ड याय कुमुदचन्द्रोदय आदि जैनन्यायके ग्रन्थोकी रचना कर जनदर्शनको महान सवा की ह । इन विद्वानोन सौत्रा तिक वभाषिक विज्ञानवाद श यवाद ब्रह्माद्वत शब्दाद्वैत आदि वादोका सम वय करके स्याद्वादका नयायिक पद्धतिसे प्रतिपादन किया है । इनके पश्चात् ईसाकी बारहवी शताब्दीम वादिदेवसूरि आर कालकालसवज्ञ हेमच द्रका नाम आता है । वादिदेव वादशक्तिम असाधारण माने जाते थे । वादिदेवन स्याद्वादका स्पष्ट विवचन करनेके लिए प्रमाणनयतत्त्वालोकालकार स्याद्वादरत्नाकर आदि ग्रन्थ लिख हैं । हेमच द्र अपने समयके असा धारण पुरुष थे । इन्होने अन्ययोग यवच्छदिका अयोगव्यवच्छदिका प्रमाणमीमांसा आदि ग्र थ लिखकर अपूव ढगसे स्याद्वादकी सिद्धिकर जनदशनके सिद्धाताका पल्लवित किया है । ईसवी सन्की सतर वी अठारहवी शताब्दीम उपाध्याय यशोविजय और प डित विमलदास जनदशनके अ तिम विद्वान हो गये ह । उपाध्याय यशोविजयजी जन परम्पराम लोकोत्तर प्रतिभाके धारक असाधारण वि ान थ । इ होने याग साहि य प्राची न न्याय आदिका गभीर पाडित्य प्राप्त करनके साथ न य यायका भी पारायण किया था । स्याद्वादके ारा अभूतपव ढगसे सम्पण दशनोका समन्वय करके स्याद्वादको सावतात्रिक सिद्ध करना यह उपाध्याय जीकी ही प्रतिभाका सूचक है । यशोविजयजीन शास्त्रवार्तासमु चयकी स्याद्वादकल्पलताटीका नयोपदे ा नयरहस्य नयप्रदीप यायखडखाद्य यायालाक अष्टसहस्रीटीका आदि अनक ग्रंथोकी र ना की है । प विमलदास दिगम्बर विद्वान थे । इ होन नव्य न्यायको अनुकरण करनवाली भाषा ा सप्तभगीतरगिणी नामक स्वतत्र ग्रथकी सक्षि त और सरल भाषाम रचना करके एक महान क्षतिकी पूर्ति की ह ।

स्याद्वादका जनेतर साहित्यमे स्थान—किसी वस्तुको भिन्न भिन्न अपेक्षाओसे विविध रूपम दशन करनक स्याद्वादसे मिलत जुलते सिद्धात जन साहित्यके अतिरिक्त अ यत्र भी उपलब्ध होत ह । ऋग्वदम कहा

---

१ देखिय तत्त्वाथराजवार्तिकम प्रमाणनयरधिगम सूत्रकी व्याख्या तथा अनकांतजयपताका ।

२ तुलनीय—ब्रवाणा भिन्नभिन्नार्था नयभेदव्यपेक्षया ।
प्रतिक्षिपेयुर्नो वदा स्याद्वाद सार्वतान्त्रिकम ॥ ५१ ॥ अध्यात्मसार ।

गया है उस समय सत् भी नहीं था और असत् भी नहीं था [1]। ईशावास्य कठ प्रश्न श्वेताश्वतर आदि प्राचीन उपनिषदोंमें भी वह हिलता है और हिलता भी नहीं है वह अणुसे छोटा है और बड़ेसे बड़ा है सत् भी है असत् भी है [2] आदि प्रकारसे विरुद्ध नाना गुणोंकी अपेक्षा ब्रह्मका वर्णन किया गया है। भारतीय षट्दर्शनकारोंने भी इस प्रकारके विचारोंका प्रतिपादन किया है। उदाहरणके लिये वेदान्तमें अनिर्वचनीय वाद [3] कुमारिलका सापेक्षवाद बौद्धका मध्यममार्ग [4] आदि सिद्धांत स्याद्वादसे मिलते जुलते विचारोंका ही समर्थन करते हैं [5]। ग्रीक दर्शनमें भी एम्पीडोक्लीज (Empedocles) एटोमिस्ट्स (Atomists) और अनैक्सागोरस (Anaxagoras) दार्शनिकोंने इलिअटिक्स (Eleaties) के नित्यत्ववाद और हैरक्लिटस (Hereclitus) के क्षणिकवादका समन्वय करते हुए पदार्थोंके नित्य दशामें रहते हुए भी आपेक्षिक

---

१ नासदासीन्न सदासीत्तदानीम। ऋग्वेद। १ -१२९-१।
यद्यपि सदसदात्मक प्रत्येक विलक्षण भवति तथापि भावाभावयो सहवस्थानमपि सभवति। सायण भाष्य।
उ यशोविजयजीका कथन है कि वेदोंमे भी स्याद्वादका विरोध नही किया गया है। देखिये इसी पृष्ठकी टि १।

२ तदेजति तन्नैजति तद्दूरे तदन्तिके। ईसो ५। अणोरणीयान् महतो महीयान। कठ २-२। सदसच्चामृत च यत्। प्रश्न २-५।

३ प्रो ध्रुव वेदान्त और जैन दर्शनकी तुलना करते हुए लिखा है—While the Vedanti sees intellectual peace in the absolute lly transcending the antinomies of intellect the Jain finds it in the fact of the relativity of knowledge and the consequent revelation of the many sidedness of reality—the one leading to religious mysticism the other to intellectual toleration

प्रो ध्रुव स्याद्वादमजरी प्रस्तावना पृ XII

४ तुलनीय—अस्तीति काश्यपो अय एकोऽन्त नास्तीति काश्यपो अय एकोऽन्त यदनयोर्द्वयो अन्तयोर्मध्य तदरूप्य अनिदर्शन अप्रतिष्ठ अनाभास अनिकेत अविज्ञप्तिक यमुच्यते काश्यप मध्यमप्रतिपद्धर्माणां। काश्यपपरिवर्तन महायानसूत्र।

५ नैयायिक आदि दार्शनिकोंने किस प्रकारसे स्याद्वादके सिद्धांतको स्वीकार किया है इसके विशेष जाननेके लिये देखिये षड्दर्शनसमुच्चय गुणरत्नटीका पृ ९६-९८ दर्शन और अनेकांतवाद। तथा—

इच्छन् प्रधान सत्वाद्यैर्विरुद्धैर्गुम्फित गुणै।
साख्य सख्यावता मुख्यो नानेकान्तं प्रतिक्षिपेत्॥
चित्रमेकमनेक च रूप प्रामाणिक वदन्।
योगो वैशेषिको वाऽपि नानेकान्त प्रतिक्षिपेत्॥
प्रत्यक्ष भिन्नमात्रांशे मेयांशे तद्विलक्षणम।
गुरुज्ञान वदन्नेक नानेकान्त प्रतिक्षिपेत॥
जातिव्यक्त्यात्मक वस्तु वदन्ननुभवोचितम्।
भट्टो वापि मुरारिर्वा नानेकान्त प्रतिक्षिपेत्॥
अबद्ध परमार्थेन बद्ध च व्यवहारत।
ब्रुवाणो ब्रह्मवेदान्ती नानेकान्त प्रतिक्षिपेत्॥
ब्रुवाणा भिन्नभिन्नार्थान्नयभेदव्यपेक्षया।
प्रतिक्षिपेयुर्नो वेदा स्याद्वाद सार्वतान्त्रिकम्।

अध्यात्मसार ४५-५१।

परिवर्तन (relative change) स्वीकार किया है ।[१] ग्रीकके महान् विचारक प्लेटोने भी इसी प्रकारके विचार प्रगट किये हैं[२] । पश्चिमके आधुनिक दर्शनमें भी इस प्रकारके समान विचारोंकी कमी नहीं है । उदाहरणके लिये जर्मनीके प्रकाण्ड तत्त्ववेत्ता हेगेल (Hegel) का कथन है कि विरुद्धधर्मात्मकता ही संसारका मूल है । किसी वस्तुका यथार्थ वर्णन करनेके लिये हमें उस वस्तु संबंधी संपूर्ण सत्य कहनेके साथ उस वस्तुके विरुद्ध धर्मोंका किस प्रकार समन्वय हो सकता है यह प्रतिपादन करना चाहिये[३] । नये विज्ञानवाद (New Idealism) के प्रतिपादक ब्रडलेके अनुसार प्रत्येक वस्तु दूसरी वस्तुओंसे तुलना किये जानेपर आवश्यक और अनावश्यक दोनों सिद्ध होती हैं । संसारमें कोई भी पदार्थ नगण्य अथवा अकिंचित्कर नहीं कहा जा सकता । अतएव प्रत्येक तुच्छसे तुच्छ विचारमें और छोटीसे छोटी सत्तामें सत्यता विद्यमान है[४] । आधुनिक दार्शनिक जोअचिम (Joachim) का कहना है कि कोई भी विचार स्वतः ही दूसरे विचारसे सर्वथा अनपेक्षित होकर केवल अपनी ही अपेक्षासे सत्य नहीं कहा जा सकता । उदाहरणके लिये तीनसे तीनको गुणा करनेपर नौ होता है (३ × ३ = ९) यह सिद्धान्त एक बालकके लिये सर्वथा निष्प्रयोजन है परन्तु इसे पढ़कर एक विज्ञानवेत्ताके सामने गणितशास्त्रके विज्ञानका सारा नक्शा सामने आ जाता है[५] । मानसशास्त्र

---

१ There a e be ngs or particles of rerlity that are permanent original impe rishable underi ed and these can not change into anyth ng else They are what they are and must remain so just as the Eleatic school maintains These be ngs of part cles of realies howeveer can be combined and separatu that is form bodies that can aga n be resolved into their elements The original bits of reality can not be created or destroyed or ehange their nature but they can change their relat ons in respect to each other And that is what we mean by change

Thilly History of Philosophy पृ ३२ ।

२ When we speak of not bei g we speak I suppose not of something opposed to being but nly different —Dialogues of Plato

३ Reality is now this now that n this se se t is full of negat ons contrad ctions and oppositons the plant germi iates blooms withers and dies man s young mature nd old To do a thing justice we must tell the whole truth about t predicate ll those contradictions of it and hc w h w they are reconciled and pr served in the articulated whole wh ch we call the l f of the th ng

Thilly History of Philosophy पृ ४६७ ।

४ Everything is essentiral and everything worthless in comparison with other Now where is there eve a single fact s fragmentary and so po r that to the univeres it does not matter There is truth in every idea however false there is reality in every existence however slight

Appearance and Reality पृ ४८७ ।

५ No judgment is true in itself and by itself Every judgment as a piece of concrete thinking is informed conditioned to some extent, constituted by the apperceipient character of the mind Nature of Truth अ ३ पृ ९२-३ ।

वेत्ता प्रो विलियम जेम्स (W James) ने भी लिखा है हमारी अनेक दुनिया हैं। साधारण मनुष्य इन सब दुनियाओंका एक दूसरेसे असम्बद्ध तथा अनपेक्षित रूपसे ज्ञान करता है। पूर्ण तत्ववेत्ता वही है जो सम्पूर्ण दुनियाओंसे एक दूसरेसे सम्बन्ध और अपेक्षित रूपमें जानता है[1]। इसी प्रकारके विचार पेरी[2] (Perry) नैयायिक जोसेफ (Joseph) एडमण्ड होम्स (Edmund Holms) प्रभृति विद्वानोंने प्रकट किये हैं[4]।

स्याद्वाद और समन्वय दृष्टि—स्याद्वाद सम्पूर्ण जनेतर दर्शनोंका समन्वय करता है। जैन दर्शनकारो का कथन है कि सम्पूर्ण दर्शन नयवादमें गर्भित हो जाते हैं अतएव सम्पूर्ण दर्शन नयकी अपेक्षासे सत्य हैं। उदाहरणके लिये ऋजुसूत्रनयकी अपेक्षा बौद्ध संग्रहनयकी अपेक्षा वेदान्त नैगमनयकी अपेक्षा न्याय वैशेषिक शब्दनयकी अपेक्षा शब्दब्रह्मवादी तथा व्यवहार नयकी अपेक्षा चार्वाक दर्शनोंको सत्य कहा जा सकता[5] है। ये नयरूप समस्त दर्शन परस्पर विरुद्ध होकर भी समुदित होकर सम्यक्त्व रूप कहे जाते हैं। जिस प्रकार भिन्न भिन्न मणियोंके एकत्र गूंथे जानेसे सुन्दर माला तैयार हो जाती है उसी तरह जिस समय भिन्न-भिन्न दर्शन सापेक्ष वृत्ति धारण कर एक होते हैं उस समय ये जैन दर्शन कहे जाते हैं। अतएव जिस प्रकार धन धान्य आदि वस्तुओंके लिए विवाद करनेवाले पुरुषोंको कोई साधु पुरुष समझा बुझाकर शांत कर देता है उसी तरह स्याद्वाद परस्पर एक दूसरेके ऊपर आक्रमण करनेवाले दर्शनोंको सापेक्ष सत्य मानकर सबका समन्वय करता है। इसीलिये जैन विद्वानोंने जिन भगवानके वचनोंको मिथ्यादर्शनोंका समूह मानकर अमृतका सार बताया है। उपाध्याय यशोविजयजीके शब्दोंमें सच्चा अनेकांतवादी किसी भी दर्शनसे द्वेष नहीं करता। वह सम्पूर्ण नयरूप दर्शनोंको इस प्रकारसे वात्सल्य दृष्टिसे देखता है जैसे कोई पिता अपने पुत्रोंको देखता है क्योंकि अनेकान्तवादीको न्यूनाधिक बुद्धि नहीं हो सकती। वास्तवमें सच्चा शास्त्रज्ञ कहे जानेका अधिकारी वही है जो स्याद्वादका अवलंबन लेकर सम्पूर्ण दर्शनोंमें समान भाव रखता है। वास्तवमें माध्यस्थ भाव ही शास्त्रोंका गूढ रहस्य है यही धर्मवाद है। माध्यस्थ भाव रहनेपर शास्त्रोंके एक पदका ज्ञान भी सफल है अन्यथा करोड़ो

---

१ The Principles of Psychology Vol 1 अ २ पृ २६१।

२ Present Philosophical Tendencies Chapter on Realism

३ Introduction to Logic पृ १७२-३१

४ Let us take the antitheses of the swift and the slow It would be nonsense to say that every movement is either swift or slow It would be nearer the truth to say that every movement is both swift and slow swift by comparison with what is slower than itself slow by comparison with what is swifter than itself In the Quest of Ideal पृ २१।

स्याद्वादपर एक ऐतिहासिक दृष्टि तथा स्याद्वादका जैनेतर साहित्यमें स्थान ये दोनो शीर्षक लेखक के विशालभारत मार्च १९३३ के अंकमें प्रकाशित जैनदर्शनमें अनेकान्तपद्धतिका विकासक्रम नामक लेख के आधारसे लिखे गये हैं। वह लेख The History and Development of Anekahtavada in Jain philosophy के नामसे पूनासे प्रकाशित होनेवाले Review of Philosophy and Religion मार्च १९३५ के अंकमें अंग्रेजीमें भी प्रकाशित हुआ है।

५ बौद्धानामृजुसूत्रतो मतमभूद्वेदान्तिनां संग्रहात्।
सांख्यानां तत एव नैगमनयाद् यौगश्च वैशेषिकः ॥
शब्दब्रह्मविदोऽपि शब्दनयतः सर्वैर्नयैर्गुम्फिता।
जैनी दृष्टिरितीह सारतरता प्रत्यक्षमुद्वीक्ष्यते ॥ अध्यात्मसार जिनमतिस्तुति।

शास्त्रोंके पढ़ जानेसे भी कोई लाभ नहीं।[1] निस्सन्देह सच्चा स्याद्वादी सहिष्णु होता है वह राग-द्वेषरूप आत्माके विकारों पर विजय प्राप्त करनेका सतत प्रयत्न करता है। वह दूसरोंके सिद्धान्तोंको आदरकी दृष्टिसे देखता है और मध्यस्थ भावसे सम्पूर्ण विरोधोंका समन्वय करता है। सिद्धसेन दिवाकरने वेद सांख्य न्याय वैशेषिक बौद्ध आदि दर्शनोंपर द्वात्रिंशिकाओंकी रचना करके और हरिभद्रसूरिने षड्दर्शनसमुच्चयमें छह दर्शनोंकी निष्पक्ष समालोचना करके इसी उदार वृत्तिका परिचय दिया है। मल्लवादि हरिभद्रसूरि राजशेखर प आशाधर उ यशोविजय आदि अनेक जैन विद्वानोंने वैदिक और बौद्ध ग्रंथोंपर टीका-टिप्पणियां लिखकर अपनी गुणग्राहिता समन्वयवृत्ति और हृदयकी विशालताको स्पष्टरूपसे प्रमाणित किया है।

वास्तवमें देखा जाय तो सत्य एक है तथा वैदिक जैन और बौद्ध दर्शनोंमें कोई परस्पर विरोध नहीं। प्रत्येक दार्शनिक भिन्न भिन्न देश और कालकी परिस्थितिके अनुसार सत्यके केवल अंश मात्रको ग्रहण करता है। वैदिक धर्म व्यवहारप्रधान है बौद्ध धर्मको श्रवणप्रधान और जैनधर्मको कर्तव्यप्रधान कहा जा सकता है।[3] एक दर्शन कर्म उपासना और ज्ञानको मोक्षका प्रधान कारण कहता है दूसरा शील समाधि और प्रज्ञाको तथा तीसरा सम्यग्दर्शन ज्ञान और चारित्रको मोक्ष प्राप्तिका कारण मानता है परन्तु ध्येय सबका एक ही है। जिस प्रकार सरल और टेढ़े मार्गसे जानेवाली भिन्न भिन्न नदियाँ अन्तमें जाकर एक ही समुद्रमें मिलती हैं उसी तरह भिन्न भिन्न रुचियोंके कारण उद्भूत होनेवाले समस्त दर्शन एक ही पूर्ण सत्यमें समाविष्ट हो जाते हैं। षड्दर्शनोंको जिनेन्द्रके अंग कहकर परमयोगी आनन्दघनजीने आनन्दघनचौबीसीमें इस भावको निम्न रूपमें व्यक्त किया है—

षट्दरसण जिन अंग भणीजे। न्याय षडंग जो साधे रे।
नमिजिनवरना चरण उपासक। षटदर्शन आराधे रे॥ १॥

जिनसुर पादप पाय बखाणे। सांख्यजोग दोय भेदें रे।
आतम सत्ता विवरण करता। लहो दुग अंग अखेदे रे॥ २॥

---

१ यस्य सर्वत्र समता नयेषु तनयेष्विव।
तस्यानेकान्तवादस्य क्व न्यूनाधिकशेमुषी॥ ६१॥
तेन स्याद्वादमालम्ब्य सर्वदर्शनतुल्यताम्।
मोक्षोद्देशाविशेषेण यः पश्यति स शास्त्रवित्॥ ७०॥
माध्यस्थ्यमेव शास्त्रार्थो येन तच्चारु सिध्यति।
स एव धर्मवादः स्यादन्यद्बालिशवल्गनम्॥ ७२॥
माध्यस्थसहितं ह्येकपदज्ञानमपि प्रमा।
शास्त्रकोटिः वृथैवान्या तथा चोक्तं महात्मना॥ ७३॥ अध्यात्मसार।

२ सुना गया है कि गुजरातमें जैन विद्वानोंकी ओरसे ब्राह्मणोंके वेदको अपनानेका भी प्रयत्न हुआ था।

३ श्रोतव्यो सौगतो धर्मः कर्तव्यः पुनरार्हतः।
वैदिको व्यवहर्तव्यो ध्यातव्यः परमः शिवः॥ हरिभद्र॥

४ त्रयी सांख्यं योगः पशुपतिमतं वैष्णवमिति।
प्रभिन्ने प्रस्थाने परमिदमदः पथ्यमिति च।
रुचीनां वैचित्र्यादृजुकुटिलनानापथजुषां।
नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव॥ शिवमहिम्न स्तोत्र।

भेद अभेद सुगत मीमांसक । जिनवर दोय कर भारी रे ।
लोकालोक अवलंबन भजिये । गुरुगमथी अवधारी रे ॥ ३ ॥
लोकायतिक कूख जिनवरकी । अंशविचार जो कीजे ।
तत्त्वविचार सुधारस धारा । गुरुगम विण केम पीजे ॥ ४ ॥
जैन जिनेश्वर उत्तम अंग । अंतरंग बहिरंगे रे ।
अक्षरन्यास धरा आराधक । आराधे धरी संगे रे ॥ ५ ॥

इस प्रकार एकतामें विभिन्नता और विभिन्नतामें एकताका वर्णन कर जैन आचार्योंने भारतीय संस्कृतिको समुन्नत बनाया है।

श्रीमद् राजचद्र ।

जन्म – ववाणीआ
सवत १ २८ कारतक सुद १५

देहोत्सग – राजकाट
सवत १ ७ चत्र वद

अलौकिक अध्यात्मज्ञानी परमतत्त्ववेत्ता

श्रीमद् राजचन्द्र

'खद्योतवत्सुदेष्टारो हा द्योतन्ते क्वचित्क्वचित्'

हा ! सम्यकतत्त्वोपदेष्टा जुगनूकी भाँति कहीं-कही चमकते हैं दृष्टिगोचर होते है ।

—आशाधर ।

महान तत्त्वज्ञानियोकी परम्परारूप इस भारतभमिके गुजरात प्रदेशान्तगत ववाणिया ग्राम (सौराष्ट्र) में श्रीमद्राजचन्द्रका जन्म विक्रम स १९२४ (सन् १८६७) की कार्तिकी पूर्णिमाके शभदिन रविवारको रात्रिके २ बजे हुआ था । यह ववाणिया ग्राम सौराष्ट्रमे मोरबीके निकट है ।

इनके पिताका नाम श्रीरवजीभाई पंचाणभाई महता और माताका नाम श्री देवबाई था । आप लोग बहुत भक्तिशील और सेवा भावी थे । साधु सन्तोके प्रति अनराग गरीबोंको अनाज कपडा देना वृद्ध और रोगियोकी सेवा करना इनका सहज स्वभाव था ।

श्रीमदजीका प्रम नाम लक्ष्मीनदन था । बादम यह नाम बदलक रायचन्द रखा गया और भविष्यम आप श्रीमद्राजचन्द्र के नामसे प्रसिद्ध हुए ।

श्रीमद्राजचन्द्रका उज्ज्वल जीवन सचमच किसी भी समझदार व्यक्तिके लिए यथार्थ मक्तिमार्गकी दिशाम प्रबल प्ररणाका स्रोत हो सकता ह । वे तीव्र क्षयोपशमवान और आत्मज्ञानी सन्तपुरुष थे ऐसा निस्सदेहरूपसे मानना ही पडता ह । उनकी अत्यन्त उदासीन सहज वराग्यमय परिणति तीव्र एव निमल आत्मज्ञान दशाकी सूचक ह ।

श्रीमद्जीके पितामह श्रीकृष्णके भक्त थ जब कि उनकी माताके जैन सस्कार थे । श्रीमद्जीको जैन लोगोके प्रतिक्रमणसूत्र आदि पुस्तक पढनेको मिली । इन धम पुस्तकोम अत्यन्त विनयपूर्वक जगतके सब जीवोसे मित्रताकी भावना व्यक्त की गई है । इस परसे श्रीमद्जीकी प्रीति जैनधमके प्रति बढने लगी । यह वृत्तान्त उनकी तरह वषकी वयका है । तत्पश्चात् वे अपन पिताकी दुकानपर बठने लग । अपन अक्षरोंकी छटाके कारण जब जब उन्ह कच्छ दरबारके महलमे लिखनके लिए बुलाया जाता था तब-तब वे वहाँ जाते थे । दुकान पर रहते हुए उन्होन अनेक पुस्तक पढ़ी राम आदिके चरित्रोपर कविताए रची सांसारिक तृष्णा की फिर भी उन्होंने किसीको कम-अधिक भाव नही कहा अथवा किसीको कम-ज्यादा तौलकर नही दिया ।

जातिस्मरण और तत्त्वज्ञानकी प्राप्ति

श्रीमद्जी जिस समय सात वषके थे उस समय एक महत्त्वपूर्ण प्रसग उनके जीवनमें बना । उन दिनो ववाणियामें अमीचन्द नामके एक गृहस्थ रहते थे जिनका श्रीमद्जीके प्रति बहुत ही प्रेम था । एक दिन अमीचन्दको साँपने काट लिया और तत्काल उनकी मृत्यु हो गई । उनके मरण-समाचार सुनते ही राजचन्द्रजी अपने घर दादाजीके पास दौडे आये और उनसे पूछा दादाजी क्या अमीचन्द मर गये ? बालक राजचन्द्रका ऐसा सीधा प्रश्न सुनकर दादाजीने विचार किया कि इस बातका बालकको पता चलेगा तो डर जायगा अत उनका ध्यान दूसरी ओर आकर्षित करनेके लिए दादाजीने उन्हें भोजन कर लेनेको कहा और इधर-उधरकी दूसरी बाते करने लगे । परन्तु, बालक राजचन्द्रने मर जानेके बारेमें प्रथमबार ही सुना था इसलिए विशेष जिज्ञासापूवक वे पूछ बैठे 'मर जानेका क्या अर्थ है ? दादाजीन कहा—उसमेंसे जीव निकल गया है । अब वह चलना-फिरना खाना-पीना कुछ नहीं कर सकता इसलिए उसे तालाबके पास

स्मशान भूमिमें जला देंगे।' इतना सुनकर रायचन्द्रजी थोड़ी देर तो घरमें इधर उधर घूमते रहे बादमें चुपचाप तालाबके पास गये और वहाँ बबूलके एक वृक्षपर चढ़कर देखा तो सचमुच कुटुम्बके लोग उसके शरीरको जला रहे हैं। इस प्रकार एक परिचित और सज्जन व्यक्तिको जलाता देखकर उन्हे बड़ा आश्चर्य हुआ और वे विचारने लगे कि यह सब क्या है! उनके अन्तरमे विचारोंकी तीव्र खलबली सी मच गई और व गहन विचारमें डूब गये। इसी समय अचानक चित्तपरसे भारी आवरण हट गया और उन्हें पूव भवोंकी स्मृति हो आई। बाद में एक बार वे जूनागढ़का किला देखने गये तब पूव स्मृतिज्ञानकी विशेष वृद्धि हुई। इस पूर्व स्मृतिरूप-ज्ञानने उनके जीवनमें प्रेरणाका अपूर्व नवीन-अध्याय जोडा। श्रीमद्जीकी पढ़ाई विशेष नही हो पाई थी फिर भी वे सस्कृत प्राकृत आदि भाषाओके ज्ञाता थे एव जैन आगमोंके असाधारण वत्ता और ममज्ञ थे। उनकी क्षयोपशम-शक्ति इतनी विशाल थी कि जिस काव्य या सूत्रका मर्म बडे-बड विद्वान् लोग नहीं बता सकते थे उसका यथाथ विश्लेषण उन्होन सहजरूपम किया है। किसी भी विषयका सागोपाग विवेचन करना उनके अधिकारकी बात थी[3]। उन्ह अल्प-वयमें ही तत्त्वज्ञानकी प्राप्ति हो गई थी जैसा कि उन्होने स्वय एक काव्यम लिखा है—

लघुवयथी अद्भुत थयो तत्त्वज्ञाननो बोध।
एज सूचव एम के गति आगति का शोध?
जे सस्कार थवा घट अति अभ्यासे काय
विना परिश्रम ते थयो भवशका शी त्याय?

—अर्थात् छोटी अवस्थाम मुझे अद्भत तत्त्वज्ञानका बोध हुआ है यही सूचित करता ह कि अब *पुनर्जन्मके शोधकी क्या आवश्यकता है? और जो सस्कार अत्यन्त अभ्यासके द्वारा उत्पन्न होत है व मुझ* बिना किसी परिश्रमके ही प्राप्त हो गये ह फिर वहाँ भव शकाका क्या काम? (पवभवके ज्ञानसे आत्माकी श्रद्धा निश्चल हो गई ह।)

अवधान-प्रयोग स्पशनशक्ति

श्रीमद्जीकी स्मरणशक्ति अत्यन्त तीव्र थी। व जो कुछ भी एक बार पढ लेत उन्ह ज्यो का त्यों याद रह जाता था। इस स्मरणशक्तिके कारण वे छोटी अवस्थाम ही अवधान प्रयोग करन लगे थे। धीरे धीरे वे सौ अवधान तक पहुँच गये थे। वि स १९४३ म १९ वषकी अवस्थाम उन्होंने बम्बईकी एक सावजनिक सभाम डॉ पिटसनके सभापतित्वमें सौ अवधानोका प्रयोग बताकर बडे-बड लागोंको आश्चयमे डाल दिया था। उस समय उपस्थित जनताने उन्ह सुवणचन्द्रक प्रदान किया साथही साक्षात् सरस्वती के पदसे भी विभूषित किया था। ई सन् १८८६-८७ म मुबई समाचार जामे जमशेद गुजराती पायोनियर इण्डियन स्पक्टटर टाइम्स ऑफ इण्डिया आदि गुजराती एव अग्रजी पत्रोंमे श्रीमदजीकी अदभुत शक्तियाके बारेम भारी प्रशसात्मक लेख छपे थे। शतावधानमें शतरज खेलते जाना मालाके दाने गिनते जाना जोड बाकी गुणा करते जाना आठ भिन्न भिन्न समस्याओंकी पूर्ति करते जाना सोलह भाषाओके भिन्न भिन्न क्रमसे उलट-सीधे नम्बरोके साथ शब्दोको याद रखकर वाक्य बनाते जाना दो कोठोमे लिखे हुए उल्टे-सीध अक्षरोसे कविता करते जाना कितने ही अलकारोका विचार करत जाना इत्यादि सौ कामोंको एक ही साथ कर सकत थे।

---

१ इस प्रसगकी चर्चा कच्छके एक वणिक बधु पदमशीभाई ठाकरशीके पूछनेपर बम्बईमें भूलेश्वरके दि० जैन मन्दिरमें सं १९४२ में श्रीमद्जीने की।

२ देखिए प० बनारसीदासजीक समता रमता उरधता पदका विवेचन श्रीमद्राजचन्द्र (गुजराती) पत्राक ४३८।

३ आनंदघन चौवीसीके कुछ पदोका विवेचन उपरोक्त ग्रन्थ में पत्राक ७५३।

श्रीमद्‌जीकी स्पर्शनशक्ति भी अत्यन्त विलक्षण थी। उपरोक्त सभामें ही उन्हें भिन्न-भिन्न प्रकारके बारह ग्रन्थ दिये गये और उनके नाम भी उन्हें पढ़कर सुना दिये गये। बादमें उनकी आँखों पर पट्टी बाँधकर जो-जो ग्रन्थ उनके हाथ पर रखे गये उन सब ग्रन्थोंके नाम हाथोंसे टटोलकर उन्होंने बता दिये।

श्रीमद्‌जीकी इस अद्‌भुतशक्तिसे प्रभावित होकर उस समयके बम्बई हाइकोर्टके मुख्य न्यायाधीश सर चार्ल्स सारजंटने उन्हें विलायत चलकर अवधान प्रयोग दिखानेकी इच्छा प्रगट की थी परन्तु श्रीमद्‌जीने इसे स्वीकार नहीं किया। उन्हें कीर्तिकी इच्छा नहीं थी बल्कि ऐसी प्रवृत्तियोको आत्मकल्याणके मार्गमें बाधक जानकर फिर उन्होंने अवधान प्रयोग नहीं किये।

महात्मा गाँधी ने कहा था—

महात्मा गांधीने उनकी स्मरणशक्ति और आत्मज्ञानसे जो अपूर्व प्रेरणा प्राप्त की वह संक्षेपमें उन्हींके शब्दोंमें—

रायचन्द्रभाईके साथ मेरी भेट जुलाई सन १८९१ में उस दिन हुई जब मैं विलायतसे बम्बई वापिस लौटा। इन दिनों समुद्रमें तूफान आया करता है इस कारण जहाज रातको देरीसे पहुँचा। मैं डाक्टर बैरिस्टर और अब रगनके प्रख्यात जौहरी प्राणजीवनदास महेताके घर उतरा था। रायचन्द्रभाई उनके बडे भाईके जमाई होते थे। डॉक्टर सा (प्राणजीवनदास) ने ही परिचय कराया। उनके दूसरे बडे भाई झवेरी रेवाशकर जगजीवनदासकी पहचान भी उसी दिन हुई। डाक्टर सा न रायचन्दभाईका 'कवि' कहकर परिचय कराया और कहा कवि होते हुए भी आप हमारे साथ व्यापारम हैं आप ज्ञानी और शतावधानी हैं। किसीन सूचना की कि मैं उन्ह कुछ शब्द सुनाऊ और वे शब्द चाहे किसी भी भाषाके हों जिस क्रमसे मैं बोलूँगा उसी क्रमसे व दुहरा जायगे मुझे यह सुनकर आश्चय हुआ। मैं तो उस समय जवान और विलायतसे लौटा था मुझे भाषाज्ञानका भी अभिमान था। मुझे विलायतकी हवा भी कम नहीं लगी थी। उन दिनो विलायतसे आया मानो आकाशसे उतरा था! मैंने अपना समस्त ज्ञान उलट दिया और अलग अलग भाषाओके शब्द पहले तो मैंन लिख लिये क्योंकि मुझ वह क्रम कहाँ याद रहने वाला था? और बादम उन शब्दोको मैं बाँच गया। उसी क्रमसे रायचदभाईने धीरेसे एकके बाद एक सब शब्द कह सुनाय। मैं राजी हुआ चकित हुआ और कविकी स्मरणशक्तिके विषयमें मेरा उच्च विचार हुआ। विलायतकी हवाका असर कम पडनके लिए यह सुन्दर अनुभव हुआ कहा जा सकता है। कविके साथ यह परिचय बहुत आगे बढ़ा कवि सस्कारी ज्ञानी थ।

मुझपर तीन पुरुषोन गहरा प्रभाव डाला है—टालसटॉय रस्किन और रायचदभाई! टालसटॉयने अपनी पुस्तकों द्वारा और उनके साथ थोडे पत्रव्यवहारसे रस्किनन अपनी एक ही पुस्तक अन्ट दिस लास्ट से— जिसका गुजराती नाम मैंन सर्वोदय रखा है और रायचन्दभाईने अपने गाढ़ परिचयसे। जब मझ हिन्दूधमम शका पैदा हुई उस समय उसके निवारण करनेम मदद करने वाले रायचन्दभाई थे। सन् १८९३ में दक्षिण अफ्रीकामे मैं कुछ क्रिश्चियन सज्जनाके विशष सम्पर्कमे आया। उनका जीवन स्वच्छ था। व चुस्त धर्मात्मा थे। अन्य धर्मियोको क्रिश्चियन होनेके लिए समझाना उनका मुख्य व्यवसाय था। यद्यपि मेरा और उनका सम्बन्ध व्यावहारिक कायको लेकर ही हुआ था तो भी उन्होंने मेरे आत्माके कल्याणके लिये चिन्ता करना शुरू कर दिया। उस समय मैं अपना एक ही कर्तव्य समझ सका कि जब तक मैं हिन्दूधर्मके रहस्यको पूरी तौरसे न जान लू और उससे मेरे आत्माको असतोष न हो जाय, तबतक मुझ अपना कुलधर्म कभी नहीं छोड़ना चाहिये। इसलिये मैंने हिन्दूधम और अन्य धर्मोंकी पुस्तकें पढ़ना शुरू कर दीं। क्रिश्चियन और इस्लामधर्मकी पुस्तकें पढ़ीं। विलायतसे अंग्रेज मित्रोंके साथ पत्रव्यवहार किया। उनके समक्ष अपनी शंकायें रक्खीं तथा हिन्दुस्तानमें जिनके ऊपर मुझे कुछ भी श्रद्धा थी उनसे पत्रव्यवहार किया। उनमें रायचन्दभाई मुख्य थे। उनके साथ तो मेरा अच्छा सम्बन्ध हो चुका था उनके प्रति मान भी था इसलिए उनसे जो भी

मिल सके उसे लेखोंका मैंने विचार किया। उसका फल यह हुआ कि मुझ शान्ति मिली। हिन्दूधर्ममें मुझे जो चाहिये वह मिल सकता है ऐसा मनको विश्वास हुआ। मेरी इस स्थितिके जिम्मेदार रायचन्द्रभाई हुए इससे मेरा उनके प्रति कितना अधिक मान होना चाहिये इसका पाठक लोग अनुमान कर सकते हैं।

इस प्रकार उसके प्रबल आत्मज्ञानके प्रभावके कारण ही महात्मा गांधीको सन्तोष हुआ और उन्होंने धर्मपरिवर्तन नही किया[1]।

और भी वर्णन करते हुये गांधीजीने उनके बारमें लिखा है

श्रीमद्राजचन्द्र असाधारण व्यक्ति थे। उनक लेख उनके अनुभवके बिन्दु समान हं। उन्हें पढ़ने वाले विचारलेवाले और उसके अनुसार आचरण करनेवालेको मोक्ष सुलभ होवे। उसकी कषायें मन्द पडें उसे ससारम उदासीनता आवे वह देहका मोह छोडकर आत्मार्थी बन।

इस परसे वांचक देखगे कि श्रीमद्के लेख अधिकारीके लिए उपयोगी हैं। सभी वांचक उसम रस नही ले सकते। टीकाकारको उसकी टीकाका कारण मिलेगा परन्तु श्रद्धावान तो उसम से रस ही लूटेगा। उनके लेखोंमें सत निथर रहा है ऐसा मुझे हमेशा भास हुआ है। उन्होने अपना ज्ञान दिखानेके लिये एक भी अक्षर नही लिखा। लिखनेका अभिप्राय वाचकका अपन आत्मानन्दमे भागीदार बनानका था। जिसे आत्मक्लेश टालना है जो अपना कतव्य जाननको उत्सुक है उसे श्रीमदके लेखोंमसे बहुत मिल जायगा ऐसा मुझे विश्वास है फिर भले वह हिन्दू हो या अन्य धर्मी।

जो वैराग्य (अपूव अवसर एवो क्यारे आवशे ?) इस काव्यकी कड़ियोम झलक रहा है वह मैंने उनके दो वषके गाढ परिचयमें प्रतिक्षण उनम देखा था। उनके लेखोकी एक असाधारणता यह है कि स्वय जो अनुभव किया वही लिखा है। उसमें कही भी कृत्रिमता नही ह। दूसरे पर प्रभाव डालनके लिय एक पंक्ति भी लिखी हो ऐसा मैंने नहीं देखा ।

खाते बैठते सोते प्रत्येक क्रिया करते उनम वराग्य तो होता ही। किसी समय इस जगत्के किसी भी वैभवमें उन्हें मोह हुआ हो ऐसा मैंन नही देखा।

उनकी चाल धीमी थी और देखनेवाला भी समझ सकता कि चलते हुये भी य अपने विचारमें ग्रस्त हैं। आंखोमें चमत्कार था अत्यन्त तेजस्वी विह्वलता जरा भी नही थी। दृष्टिमें एकाग्रता थी। चेहरा गोलाकार होठ पतले नाक नोंकदार भी नही चपटी भी नही शरीर इकहरा कद मध्यम वर्ण श्याम देखाव शांत मर्तिका-सा था। उनके कण्ठम इतना अधिक माधुय था कि उन्हें सुनते हुए मनुष्य थके नही। चेहरा हँसमुख और प्रफुल्लित था जिस पर अन्तरानन्दकी छाया थी। भाषा इतनी परिपूर्ण थी कि उन्हें अपने विचार प्रगट करनेके लिये कभी शब्द ढूंढ़ना पडा है ऐसा मझे याद नहीं। पत्र लिखने बैठें उस समय कदाचित् ही मैंने उन्हे शब्द बदलते देखा होगा फिर भी पढ़ने वालेको ऐसा नही लगेगा कि कही भी विचार अपूर्ण है या वाक्य-रचना खडित है अथवा शब्दोंके चुनावम कमी है।

यह वर्णन सयमीमे सभवित है। बाह्याडम्बरसे मनुष्य वीतरागी नही हो सकता। वीतरागता आत्मा की प्रसादी है। अनेक जन्मके प्रयत्नसे वह प्राप्त होती है और प्रत्येक मनुष्य उसका अनुभव कर सकता है। रागभावको दूर करनेका पुरुषाथ करनेवाला जानता है कि रागरहित होना कितना कठिन है। यह रागरहित दशा कवि (श्रीमद्) को स्वाभाविक थी ऐसी मेरे ऊपर छाप पडी थी।

मोक्षकी प्रथम पैडी वीतरागता है। जबतक मन जगत्की किसी भी वस्तुम फँसा हुआ है तबतक उसे मोक्षकी बात कैसे रुचे ? और यदि रुचे तो वह केवल कानको ही—अर्थात् जैसे हम लोगोंको अर्थ जाने या

---

1 श्रीमद्जी द्वारा म० गांधीको उनक प्रश्नोंक उत्तरम लिखे गये कुछ पत्र, क्र० ५३० ५७० ७१७ श्रीमद् राजचन्द्र—ग्रंथ (गुजराती)

सनाके बिना किसी संगीतका स्वर बन जाय वैसे । मात्र ऐसी कर्णप्रिय क्रीडामेंसे मोक्षका अनुसरण करनेवाले आचरण तक आनेमें तो बहुत समय निकल जाय । अंतरंग वैराग्यके बिना मोक्षकी लगन नहीं होती । वैराग्यका तीव्र भाव कविमें था ।

व्यवहारकुशलता और धर्मपरायणताका जितना उत्तम मेल मैंने कविमें देखा उतना किसी अन्यमें नहीं देखा ।

गृहस्थाश्रम

स १९४४ माघ सुदी १२ को १ वर्षकी आयुम उनका पाणिग्रहणसस्कार गांधीजीके परममित्र स्व रेवाशंकर जगजीवनदास महेताके बडे भाई पोपटलालकी पुत्री झबकबाईके साथ हुआ था। इसमें दूसरोकी इच्छा और अत्यन्त आग्रह ही कारणरूप प्रतीत होते ह[1] । पूर्वोपाजित कर्मोंका भोग समझकर ही उ होने गृहस्थाश्रममें प्रवेश किया परन्तु इससे भी दिन-पर दिन उनकी उदासीनता और वैराग्यका बल बढ़ता ही गया। आत्मकल्याणके इच्छुक तत्त्वज्ञानी पुरुषके लिए विषम परिस्थितियाँ भी अनुकूल बन जाती है अर्थात् विषमताम उनका पुरुषाथ और भी अधिक निखर उठता है। एसे ही महात्मा पुरुष दूसरोंके लिये भी मागप्रकाशक–दीपकका काय करते हैं।

श्रीमद्जी गृहस्थाश्रममें रहते हुए भी अ य त उदासीन थ। उनकी दशा छहढालाकार प० दौलतरामजी के "ब्दोम गही प गहम न रच ज्यौं जलत भिन्न कमल है"—जैसी निलप थी। उनकी इस अवस्थामे भी यही मान्यता रही कि कुटम्बरूपी काजलकी कोठडीम निवास करनसे ससार बढ़ता है। उसका कितना भी सुधार करो तो भी एका तवाससे जितना ससारका क्षय हो सकता ह उसका शतांश भी उस काजलकी कोठडीम रहनसे नहीं हो सकता क्योकि वह कषायका निमित्त है और अनादिकालसे मोहके रहनका पवत है[2]। फिर भी इस प्रतिकूलताम व अपन परिणामोंकी परी सँभाल रखकर चले। यहाँ उनके अन्तरके भाव एक ममुक्षुको लिखे गये पत्रमें इसप्रकार व्यक्त हुए ह—ससार स्पष्ट प्रीतिसे करनकी इच्छा होती हो तो उस पुरुषन ज्ञानीके वचन सुने नही अथवा ज्ञानीके दशन भी उसन किय नही एसा तीथकर कहते हैं। ज्ञानी परुषके वचन सुननके बाद स्त्रीका सजीवन शरीर अजीवनरूप भास्यमान हुए बिना रहे नही । इससे स्पष्ट प्रगट होता है कि व अत्यन्त वैरागी महापुरुष थे।

सफल व्यापारी

व्यापारिक झझट और धमसाधनाका मेल प्राय कम बैठता ह परन्तु आपका धम-आत्मचिन्तन तो साथमें ही चलता था। वे कहते थे कि धमका पालन कुछ एकादशीके दिन ही पयषणम ही अथवा मदिरोंम ही हो और दुकान या दरबारमें न हो एसा कोई नियम नहीं ब कि ऐसा कहना धमतत्त्वको न पहचाननेके तुल्य है। श्रीमदजीके पास दुकान पर कोई न कोई धार्मिक पुस्तक और दैनंदिनी (डायरी) अवश्य होती थी। व्यापारकी बात पूरी होते ही फौरन धार्मिक पुस्तक खुलती या फिर उनकी वह डायरी कि जिसमें कुछ न कुछ मनके विचार वे लिखते ही रहते थ। उनके लेखोंका जो संग्रह प्रकाशित हुआ है उसका अधिकांश भाग उनकी नोंधपोथीमेंसे लिया गया है।

श्रीमद्जी सर्वाधिक विश्वासपात्र व्यापारीके रूपमें प्रसिद्ध थे। वे अपन प्रत्येक व्यवहारमें सम्पूर्ण प्रामाणिक थे। इतना बडा व्यापारिक काम करते हुये भी उसमें उनकी आसक्ति नहीं थी। वे बहुत ही

१ देखिये—श्रीमद्राजचन्द्र (गुजराती) पत्र क ३

२ श्रीमद्राजचन्द्र (गुजराती) पत्र क्र० १०३

३ श्रीमद्राजचन्द्र' (गुजराती) पत्र क्र० ४५४

[illegible] थे । रहन-सहन बहुत ही सादा रखते थे । उनको तो वे 'उत्तम प्रकारके कंकर'[1] मात्र समझते थे ।

एक आरब व्यापारी अपने छोटे भाईके साथ बम्बईमें मोतियोंकी आढ़तका काम करता था । एक दिन छोटे भाईने सोचा कि मैं भी अपने बड़े भाईकी तरह मोतीका व्यापार करूँ । वह परदेशसे आया हुआ माल लेकर बाजारमें गया । वहाँ जाने पर एक दलाल उसे श्रीमद्जीकी दुकानपर लेकर पहुँचा । श्रीमद्जीने माल अच्छी तरह परखकर देखा और उसके कहे अनुसार रकम चुकाकर ज्योंका त्यों माल एक ओर उठाकर रख दिया । उधर घर पहुँचकर बड़े भाईके आनेपर छोटे भाईने व्यापारकी बात कह सुनाई । अब जिस व्यापारीका वह माल था उसका पत्र इस आरब व्यापारीके पास उसी दिन आया था कि अमुक भावसे नीचे माल मत बेचना । जो भाव उसने लिखा था वह चालू बाजार भावसे बहुत ही ऊँचा था । अब यह व्यापारी तो घबरा गया क्योंकि इसे इस सौदेमें बहुत अधिक नुकसान था । वह क्रोधमें आकर बोल उठा— अरे ! तूने यह क्या किया ? मुझे तो दिवाला ही निकालना पड़ेगा !

आरब-व्यापारी हाँफता हुआ श्रीमद्जीके पास दौड़ा हुआ आया और उस व्यापारीका पत्र पढ़वाकर कहा— साहब मुझ पर दया करो वरना मैं गरीब आदमी बरबाद हो जाऊँगा । श्रीमद्जीने एक ओर ज्यों का त्यों बधा हुआ माल दिखाकर कहा— भाई तुम्हारा माल यह रक्खा है । तुम खुशीसे ले जाओ । यों कहकर उस व्यापारीका माल उसे दे दिया और अपने पैसे ले लिये । मानो कोई सौदा किया ही नही था ऐसा सोचकर हजारोंके लाभकी भी कोई परवाह नहीं की । आरब-व्यापारी उनका उपकार मानता हुआ अपने घर चला गया । यह आरब व्यापारी श्रीमद्को खुदाके पैगम्बरके समान मानने लगा ।

व्यापारिक नियमानुसार सौदा निश्चित हो चुकने पर वह व्यापारी माल वापिस लेनेका अधिकारी नहीं था परन्तु श्रीमद्जीका हृदय यह नही चाहता था कि किसीको उनके द्वारा हानि हो । सचमुच महात्माओंका जीवन उनकी कृतिमें व्यक्त होता ही है ।

इसीप्रकारका एक दूसरा प्रसग उनके करुणामय और निस्पृही जीवनका ज्वलत उदाहरण है

एक बार एक व्यापारीके साथ श्रीमद्जीने हीरोंका सौदा किया । इसम ऐसा तय हुआ कि अमक समयमें निश्चित किये हुये भावसे वह व्यापारी श्रीमद्को अमक हीरे दे । इस विषयकी चिट्ठी भी व्यापारीने लिख दी थी । परन्तु हुआ एसा कि मुद्दतके समय उन हीरोंकी कीमत बहुत अधिक बढ़ गई । यदि व्यापारी चिट्ठीके अनुसार श्रीमद्को हीरे दे तो उस बेचारेको बडा भारी नुकसान सहन करना पड़े अपनी सभी सम्पत्ति बेच देनी पड़े ! अब क्या हो ?

इधर जिस समय श्रीमद्जीको हीरोंका बाजार-भाव मालूम हुआ उस समय वे शीघ्र ही उस व्यापारी की दुकानपर जा पहुँचे । श्रीमद्जीको अपनी दुकानपर आये देखकर व्यापारी घबराहटम पड गया । वह गिड़गिड़ाते हुए बोला— रायचंदभाई हम लोगोंके बीच हुए सौदेके सम्बन्धम मैं खब ही चितामें पड़ गया हूँ । मेरा जो कुछ होना हो वह भले हो परन्तु आप विश्वास रखना कि मैं आपको आजके बाजार भावसे सौदा चुका दूँगा । आप जरा भी चिन्ता न करें ।

यह सुनकर राजचन्द्रजी करुणाभरी आवाजमें बोले वाह ! भाई वाह ! मैं चिन्ता क्यों न करू ? तुमको सौदेकी चिन्ता होती हो तो मुझे चिता क्यों न होनी चाहिये ? परन्तु हम दोनोंकी चिन्ताका मूल कारण यह चिट्ठी ही है न ? यदि इसको ही फाड़कर फक द तो हम दोनोंकी चिन्ता मिट जायगी ।

यों कहकर श्रीमद् राजचन्द्रने सहजभावसे वह दस्तावेज फाड़ डाला । तत्पश्चात् श्रीमद्जी बोले "भाई, इस चिट्ठीके कारण तुम्हारे हाथपाँव बधे हुए थे । बाजारभाव बढ़ जानेसे तुमसे मेरे साठ सत्तर हजार

---

१ ऊँची जातना कांकरा'

काफी चिन्ता निकलती है परन्तु मैं तुम्हारी स्थिति समझ सकता हूँ। इससे अधिक रुपये मैं तुमसे लूँ तो तुम्हारी क्या दशा हो ? परन्तु राजचन्द्र दूध पी सकता है, खून नहीं !

वह व्यापारी कृतज्ञ-भावसे श्रीमद्की ओर स्तब्ध होकर देखता ही रहा।

भविष्यवक्ता, निमित्तज्ञानी

श्रीमद्जीका ज्योतिष-सम्बन्धी ज्ञान भी प्रखर था। वे जन्मकुंडली वर्षफल एवं अन्य चिह्न देखकर भविष्यकी सूचना कर देते थे। श्रीजूठाभाई (एक मुमक्षु) के मरणके बारेमें उन्होंने २। मास पूर्व स्पष्ट बता दिया था[1]। एक बार सं १९५५ की चैत्र वदी ८ को मोरबीमें दोपहरके ४ बजे पूर्वदिशाके आकाशमें काले बादल देखे और उन्हें दुष्काल पड़नेका निमित्त जानकर उन्होंने कहा कि ऋतुको सन्निपात हुआ है। इस वर्ष १९५५ का चौमासा कोरा रहा—वर्षा नहीं हुई और १९५६ में भयंकर दुष्काल पड़ा। वे दूसरेके मनकी बातको भी सरलतासे जान लेते थे। यह सब उनकी निर्मल आत्मशक्तिका प्रभाव था।

कवि-लेखक

श्रीमद्जीमें अपने विचारोंकी अभिव्यक्ति पद्यरूपमें करनेकी सहज क्षमता थी। उन्होंने सामाजिक रचनाओंमें—स्त्रीनीतिबोधक सद्बोधशतक आर्य प्रजानी पड़ती हुन्नरकला वधारवा विषे सद्गुण सुनीति सत्य विषे आदि अनेक रचनाएं केवल ८ वर्षकी वयमें लिखी थीं जिनका एक संग्रह प्रकाशित हुआ है। वर्षकी आयुमें उन्होंने रामायण और महाभारतकी भी पद्य रचना की थी जो प्राप्त नहीं हो सकी। इसके अतिरिक्त जो उनका मूल विषय आत्मज्ञान था उसमें उनकी अनेक रचनाएं हैं। प्रमुखरूपसे आत्मसिद्धि (१४२ दोहे) अमूल्य तत्त्वविचार भक्तिना वीस दोहरा ज्ञानमीमांसा परमपदप्राप्तिनी भावना (अपूर्व अवसर) मूळमार्ग रहस्य जिनवाणीनी स्तुति बारह भावना और तृष्णानी विचित्रता हैं। अन्य भी बहुत सी रचनाएं हैं जो भिन्न भिन्न वर्षोंमें लिखी हैं।

आत्मसिद्धि—शास्त्रकी रचना तो आपने मात्र डेढ़ घंटेमें श्री सौभागभाई डुंगरभाई आदि मुमुक्षुओंके हितार्थ नडियादमें आश्विन वदी १ (गुजराती) गुरुवार सं १९५२ को २९वें वर्षमें लिखी थी। यह एक निस्सदेह धर्ममार्गकी प्राप्तिमें प्रकाशरूप अद्भुत रचना है। अंग्रेजीमें भी इसके गद्य-पद्यात्मक अनुवाद प्रगट हो चुके हैं[2]।

गद्य-लेखनमें श्रीमद्जीने पुष्पमाला भावनाबोध और मोक्षमाला की रचना की। यह सभी सामग्री पठनीय विचारणीय है। मोक्षमाला उनकी अत्यन्त प्रसिद्ध रचना है जिसे उन्होंने केवल १६ वर्ष ५ मासकी आयुमें मात्र ३ दिनमें लिखी थी। इसमें १०८ पाठ हैं। कथनका प्रकार विशाल और तत्त्वपूर्ण है।

उनकी अर्थ करनेकी शक्ति भी बड़ी गहन थी। भगवत्कुन्दकुन्दाचार्यके पंचास्तिकाय—ग्रन्थकी मूल गाथाओंका उन्होंने अविकल गुजराती अनुवाद किया है[3]।

सहिष्णुता

विरोधमें भी सहनशील होना महापुरुषोंका स्वाभाविक गुण है। यह बात यहाँ घटित होती है। जैन समाजके कुछ लोगोंने उनका प्रबल विरोध किया निन्दा की फिर भी वे अटल शांत और मौन रहे। उन्होंने एक बार कहा था 'दुनिया तो सदा ऐसी ही है। ज्ञानियोंको जीवित हों तब कोई पहचानता नहीं वह यहाँ

---

१ देखिये—दैनिक नोंधसे लिया गया कथन पत्र क्र ११६ ११७ (श्रीमद्राजचन्द्र' गुजराती)

२ आत्मसिद्धि के अंग्रेजी अनुवादमें Atmasiddhi Self Realization और Self Fulfilment प्रगट हुए हैं। संस्कृत-छाया भी छपी है।

३ देखिये- श्रीमद्राजचन्द्र' गुज पत्रांक ७६६। उनकी सभी प्रमुख—सामग्रीका संकलन 'श्रीमद्राजचन्द्र'—ग्रन्थमें किया गया है।

ऐसा कि आमीके सिर पर लाठियोंकी मार पड़े वह भी कम और आमीके मरनेके बाद उसके मांसके पत्थरको भी चूमे !'

एकान्तचर्या

मोहमयी (बम्बई) नगरीमें व्यापारिक काम करते हुए भी श्रीमद्‌जी ज्ञानाराधना तो करते ही रहते थे। यह उनका प्रमुख और अनिवार्य काय था। उद्योग-रत जीवनम शांत और स्वस्थ चित्तसे चुपचाप आत्म साधना करना उनके लिये सहज हो चला था फिर भी बीच बीचमें विशेष अवकाश लेकर वे एकान्त स्थान जंगल या पर्वतोमें पहुँच जाते थे। वे किसी भी स्थानपर बहुत गुप्तरूपसे जाते थे। वे नहीं चाहते थे कि किसीके परिचयम आया जाय फिर भी उनकी सुगन्धी छिप नही पाती थी। अनेक जिज्ञासु भ्रमर उनका उपदेश श्रमवचन सुननेकी इच्छासे पीछे-पीछ कहीं भी पहुँच ही जाते थे और सत्समागमका लाभ प्राप्त कर लेते थे। गुजरातके चरोतर ईडर आदि प्रदेशमे तथा सौराष्ट्र क्षेत्रके अनेक शान्तस्थानोंमे उनका गमन हुआ। आपके समागमका विशेष लाभ जिन्हे मिला उनम मनिश्री लल्लुजी (श्रीमद्‌लघुराजस्वामी) मुनिश्री देव करणजी तथा सायलाके श्री सौभागभाई अम्बालालभाई (खभात) जूठाभाई (अमदाबाद) एव डगरभाई मुख्य थे।

एक बार श्रीमद्‌जी स १९५५ मे जब कुछ दिन ईडरमे रहे तब उन्होन डॉ प्राणजीवनदास महेता (जो उस समय ईडर स्टेटके चीफ मडिकल ऑफीसर थे और सम्बन्धकी दृष्टिसे उनके श्वसुरके भाई होते थे) से कह दिया था कि उनके आनकी किसीको खबर न हो। उस समय वे नगरम केवल भोजन लेन जितन समयके लिए ही रुकते शष समय ईडरके पहाड और जगलोम बिताते।

मुनिश्री लल्लजी श्रीमोहनलालजी तथा श्री नरसीरखको उनके वहाँ पहुँचनके समाचार मिल गय। वे शीघ्रतासे ईडर पहुँचे। श्रीमद्‌जीको उनके आगमनका समाचार मिला। उन्होने कहलवा दिया कि मुनिश्री बाहरसे बाहर जगलम पहुँच—यहाँ न आव। साधुगण जगलम चले गय। बादम श्रीमद्‌जी भी वहाँ पहुँचे। उन्होने मुनिश्री लल्लजीसे एकातमें अचानक ईडर आनेका कारण पछा। मनिश्रीने उत्तर म कहा कि हम लोग अमदाबाद या खभात जानवाल थे यहाँ निवृत्ति क्षत्रम आपके समागममे विशेष लाभकी इच्छासे इस ओर चले आये। मुनि देवकरणजी भी पीछ आते हैं। इस पर श्रीमदजीन कहा—आप लोग कल यहाँसे विहार कर जाव देवकरणजीको भी हम समाचार भिजवा दते हैं व भी अन्यत्र विहार कर जावगे। हम यहाँ गप्त रूपसे रहते हैं—किसीके परिचयम आनेकी इच्छा नही है।

श्री लल्लजी मुनिन नम्र निवदन किया—आपकी आज्ञानुसार हम चले जावगे परन्तु मोहनलालजी और नरसीरख मनियोंको आपके दशन नही हुय हैं आप आज्ञा कर ता एक दिन रुककर चले जाव। श्रीमद्‌जीन इसकी स्वीकृति दी। दूसरे दिन मुनियोन देखा कि जगलम आम्रवृक्षके नीचे श्रीमद्‌जी प्राकृतभाषाकी *गाथाओंका तन्मय होकर उच्चारण कर रहे हैं। उनके पहुँचनेपर भी आधा घण्टे तक वे गाथाय बोलते ही रहे और ध्यानस्थ हो गए। यह वातावरण देखकर मनिगण आत्मविभोर हो उठे। थोडी देर बाद श्रीमद्‌जी

---

* १ मा मज्झह मा रज्जह मा दुस्सह इट्ठणिट्ठअत्थसु।
थिरमिच्छह जइ चित्त विचित्तझाणप्पसिद्धीए ॥४८॥
२ जं किंचि वि चिंततो णिरीहवित्ती हवे जदा साहू।
लद्धूणय एयत्त तदाहु त णिच्चय ज्झाण ॥ ५५ ॥
३ मा चिट्ठह मा जंपह मा चिंतह किं वि जेण होइ थिरो।
अप्पा अप्पम्मि रओ इणमेव पर हवे ज्झाण ॥ ५६ ॥
(द्रव्यसंग्रह)
—श्रीमद्‌जीने यह बृहद्‌द्रव्यसग्रह-ग्रन्थ ईडरके दि जैन शास्त्र भण्डारमेंसे स्वय निकलवाया था।

[illegible] चले और 'निकम्मों' ऐसा कहकर चलते बने । मुनियोंने विचारा कि आहारादि-निवृत्तिके लिए जाते होंगे परन्तु वे तो निःस्पृहतासे चले ही गये । थोड़ी देर इधर-उधर ढूंढकर मुनिगण उपाश्रयमें आ गये ।

उसी दिन सायको मुनि देवकरणजी भी वहाँ पहुँच गये । सभीको श्रीमद्जीने पहाड़के ऊपर स्थित दिगम्बर, श्वेताम्बर मन्दिरोंके दर्शन करनेकी आज्ञा दी । वीतराग-जिनप्रतिमाके दर्शनोंसे मुनियोंको परम उल्लास जाग्रत हुआ । इसके पश्चात् तीन दिन और भी श्रीमद्जीके सत्समागमका लाभ उन्होंने उठाया । जिसमें श्रीमद्जीने उन्हें द्रव्यसंग्रह' और आत्मानुशासन'-ग्रन्थ पूरे पढ़कर स्वाध्यायके रूपमें सुनाये एवं अन्य भी कल्याणकारी बोध दिया ।

अत्यन्त जाग्रत आत्मा ही परमा मा बनता है परम वीतराग दशाको प्राप्त होता है । इन्ही अन्तर भावोंके साथ आत्मस्वरूपकी ओर लक्ष कराते हुए एक बार श्रीमद्जीने अहमदाबादमें मुनिश्री लल्लजी (पू लघुराजस्वामी) तथा श्रीदेवकरणजीको कहा था कि हमम और वीतरागमे भेद गिनना नही हममें और श्री महावीर भगवानमें कुछ भी अन्तर नही केवल इस कुतका फेर है ।

मत—मतान्तरके आग्रहसे दूर

उनका कहना था कि मत-मतान्तरके आग्रहसे दूर रहन पर ही जीवनमें रागद्वेषसे रहित हुआ जा सकता ह । मतोंके आग्रहसे निजस्वभावरूप आ मधमकी प्राप्ति नही हो सकती । किसी भी जाति या वेषके साथ भी धमका सम्बन्ध नही

जाति वेषनो भद नहि कह्यो माग जो होय ।
साध ते मुक्ति लहे एमा भद न कोय ॥
(आत्मसिद्धि १ ७)

—जो मोक्षका माग कहा गया है वह हो तो किसी भी जाति या वेषसे मोक्ष होव इसमें कुछ भेद नही है । जो साधना करे वह मुक्तिपद पावे ।

आपने लिखा है— मूलत धमें कही भी भद नही है । मात्र दृष्टिका भेद ह ऐसा मानकर आशय समझकर पवित्र धममें प्रवृत्ति करना । (पुष्पमाला १४ पृ० ४)

तू चाहे जिस धमको मानता हो इसका मुझ पक्षपात नही मात्र कहनेका तात्पय यही कि जिस मागसे ससारमलका नाश हो उस भक्ति उस धर्म और उस सदाचारका तू सेवन कर । (पु मा १५ पृ ४)

दुनिया मतभदके बधनसे तत्त्व नही पा सकी ! (पत्र क २७)

उन्होंने प्रीतम अखा छोटम कबीर सुन्दरदास सहजानन्द मुक्तान द नरसिह महेता आदि सन्तोंकी वाणीको जहाँ-तहाँ आदर दिया है और उन्हें मार्गानुसारी जीव (तत्त्वप्राप्तिके योग्य आत्मा) कहा है । इसलिए एक जगह उन्होने अत्य त मध्यस्थतापवक आध्यात्मिक-दृष्टि प्रगट की है कि 'मैं किसी गच्छमें नहीं परन्तु आत्मामे हूँ ।

एक पत्रमें आपने दर्शाया है— जब हम जैनशास्त्रोंको पढ़नेके लिए कहें तब जैनी होनेके लिए नहीं कहते जब वेदान्तशास्त्र पढनेके लिए कहें तो वेदान्ती होनेके लिए नहीं कहते। इसीप्रकार अन्य शास्त्रोंको बांचनेके लिए कहें तब अन्य होनेके लिए नही कहते । जो कहते हैं वह केवल तुम सब लोगोको उपदेश-ग्रहणके लिए ही कहते हैं । जैन और वेदान्ती आदिके भेदका त्याग करो । आत्मा वैसा नहीं है[२] ।

---

१ देखिए इसीप्रकारके विचार—
पक्षपातो न मे वीरे न द्वेषः कपिलादिषु ।
युक्तिमद्वचनं यस्य तस्य काय परिग्रह ॥ (हरिभद्रसूरि)

२ श्रीमद्राजचन्द्र' (गुज०) पत्र क्र० ३५८

फिर भी अनुभवपूर्वक उन्होंने निर्ग्रन्थशासनकी उत्कृष्टताको स्वीकार किया है[1]। अहो ! सर्वोत्कृष्ट शान्तरसमय सन्मार्ग अहो ! उस सर्वोत्कृष्ट शांतरसप्रधान मार्गके मूल सर्वज्ञदेव, अहो ! उस सर्वोत्कृष्ट शांतरसकी सुप्रतीति करानेवाले परमकृपालु सद्गुरुदेव—इस विश्वमें सर्वकाल तुम जयवंत वर्तो जयवंत वर्तो[2]।

दिनोंदिन और क्षण-क्षण उनकी वैराग्यवृत्ति वर्धमान हो चली। स्वतन्त्रपूर्ण निखर उठा। वीतराग प्रभुकी अविरल उपासना उनका ध्येय बन गई। वे बढ़ते गये और सहजभावसे कहते गये— जहाँ-तहाँ से रागद्वेषसे रहित होना ही मेरा धर्म है[3]।

निर्मल सम्यग्दर्शनकी प्राप्तिमें उनके उद्गार इस प्रकार निकले हैं—

ओगणीससें ने सुडतालीसे
समकित शुद्ध प्रकाश्यु रे
श्रुत अनुभव वधती दशा
निज स्वरूप अवभास्यु रे।
धन्य रे दिवस आ अहो !

(हा नों १।६३ क्र ३२)

सोल्लास उपकार-प्रगटना

हे सर्वोत्कृष्ट सुखके हेतुभूत सम्यग्दर्शन ! तुझे अत्यन्त भक्तिपूर्वक नमस्कार हो। इस अनादि अनन्त संसारमें अनन्त अनन्त जीव तेरे आश्रय बिना अनन्त अनन्त दुःख अनुभवते हैं। तेरे परमानुग्रहसे स्वस्वरूपमें रुचि हुई। परमवीतराग स्वभावके प्रति परम निश्चय आया। कृतकृत्य होनेका मार्ग ग्रहण हुआ।

हे जिन वीतराग ! तुम्हें अत्यन्त भक्तिसे नमस्कार करता हूँ। तुमने इस पामर पर अनंत अनंत उपकार किया है।

हे कुन्दकुन्दादि आचार्यो ! तुम्हारे वचन भी स्वरूपानुसंधानमें इस पामरको परम उपकारभूत हुए हैं। इसके लिए मैं तुम्हें अतिशय भक्तिपूर्वक नमस्कार करता हूँ।

हे श्री सोभाग ! तेरे सत्समागमके अनुग्रहसे आत्मदशाका स्मरण हुआ। अतः तुझे नमस्कार करता हूँ। (हा नों २/४५ क्र २)

परमनिवृत्तिरूप कामना / चिंतना—

उनका अन्तरङ्ग गृहस्थावास-व्यापारादि कार्यसे छूटकर सर्वसंगपरित्याग कर निर्ग्रन्थदशाके लिए छटपटाने लगा। उनका यह अन्तर आशय उनकी हाथनोंध परसे स्पष्ट प्रगट होता है —

हे जीव ! असारभूत लगनेवाले ऐसे इस व्यवसायसे अब निवृत्त हो निवृत्त ! उस व्यवसायके करनेमें चाहे जितना बलवान प्रारब्धोदय दीखता हो तो भी उससे निवृत्त हो निवृत्त ! जो कि श्रीसर्वज्ञने कहा है कि चौदहवें गुणस्थानवर्ती जीव भी प्रारब्ध भोगे बिना मुक्त नहीं हो सकता फिर भी तू उस उदयको आश्रयरूप होनेसे अपना दोष जानकर उसका अत्यन्त तीव्ररूपमें विचारकर उससे निवृत्त हो निवृत्त ! (हा नों० १।१ १ क्र ४४)

हे जीव ! अब तू संग निवृत्तिरूप कालकी प्रतिज्ञा कर प्रतिज्ञा कर ! केवलसंगनिवृत्तिरूप प्रतिज्ञाका विशेष अवकाश दिखाई न दे तो अंशसंगनिवृत्तिरूप इस व्यवसायका त्याग कर ! जिस ज्ञानदशामें त्यागात्याग कुछ

---

१ श्रीमद्राजचन्द्र शिक्षापाठ ९५ (तत्त्वावबोध १४) तथा पत्र क्र ५९६

२ हाथनोंध ५/५२ क्रम २३ श्रीमद्राजचन्द्र (गुज)

३ पत्र क्र० ३७ श्रीमद्राजचन्द्र

संक्षेपित नहीं उस ज्ञानदशाकी सिद्धि है जिसमें ऐसा तू सर्वसंगपरित्याग तथा अल्पकाल भी छोड़कर तो सम्पूर्ण अनेक प्रसंगोंमें बर्तते हुए भी तुझे बाधा नहीं होगी ऐसा होते हुए भी सर्वज्ञने निवृत्तिको ही प्रशस्त कहा है कारण कि ऋषभादि सर्व परमपुरुषोंने अन्तमें ऐसा ही किया है।' (हा नों १ । १०२ क ४५)

राग द्वेष और अज्ञानका आत्यंतिक अभाव करके जो सहज शुद्ध आत्मस्वरूपमें स्थित हुए वही स्वरूप हमारे स्मरण ध्यान और प्राप्त करने योग्य स्थान है। (हा नों २ । ३ क्र १)

सर्व परभाव और विभावसे व्यावृत्त निज स्वभावके भान सहित अवधूतवत् विदेहीवत् जिनकल्पीवत् विचरते पुरुष भगवानके स्वरूपका ध्यान करते हैं। (हा नों ३।१७ क्र १४)

मैं एक हूँ असंग हूँ सर्व परभावसे मुक्त हूँ असंख्यप्रदेशात्मक निजअवगाहनाप्रमाण हूँ। अजन्म अजर अमर शाश्वत हूँ। स्वपर्यायपरिणामी समयात्मक हूँ। शुद्ध चैतन्यमात्र निर्विकल्प दृष्टा हूँ। (हा नों ३ । २१ क्र ११)

मैं परमशुद्ध अखंड चिद्धातु हूँ अचिद्धातुके संयोगरसका यह आभास तो देखो [1] आश्चर्यवत् आश्चर्यरूप घटना ह। कुछ भी अन्य विकल्पका अवकाश नहीं स्थिति भी एसी ही है। (हा नों २ । ३७ क्र १७)

इसप्रकार अपनी आत्मदशाको संभालकर व बढते रहे। आपने सं १९५६ म व्यवहार सम्बन्धी सब उपाधिसे निवृत्ति लेकर सर्वसंगपरित्यागरूप दीक्षा धारण करनेकी अपनी माताजीसे आज्ञा भी ले ली थी। परन्तु उनका शारीरिक स्वास्थ्य दिन-पर-दिन बिगडता गया। उदय बलवान है। शरीरको रोगने आ घेरा। अनेक उपचार करनेपर भी स्वास्थ्य ठीक नही हुआ। इसी विवशता म उनके हृदयकी गंभीरता बोल उठी अत्यन्त त्वरासे प्रवास पूरा करना था वहाँ बीचमें सेहराका मरुस्थल आ गया। सिर पर बहुत बोझ था उसे आत्मवीर्यसे जिसप्रकार अल्पकालमें सहन कर लिया जाय उस प्रकार प्रयत्न करते हुए, पैरोंने निकाचित उदयरूप थकान ग्रहण की। जो स्वरूप ह वह अन्यथा नहीं होता यही अद्भुत आश्चर्य है। अव्याबाध स्थिरता है।

अन्त समय

स्थिति और भी गिरती गई। शरीरका वजन १३२ पौंडसे घटकर मात्र ४३ पौंड रह गया। शायद उनका अधिक जीवन कालको पसन्द नही था। देहत्यागके पहले दिन शामको आपने अपने छोटभाई मनसुखराम आदिसे कहा— तुम निश्चित रहना यह आत्मा शाश्वत है। अवश्य विशेष उत्तम गतिको प्राप्त होगा तुम शान्ति और समाधिरूपसे प्रवर्तना। जो रत्नमय ज्ञानवाणी इस देहके द्वारा कही जा सकती थी वह कहनेका समय नही। तुम पुरुषार्थ करना। रात्रिको २॥ बजे वे फिर बोले— निश्चित रहना भाईका समाधिमरण है। और अवसानके दिन प्रात पौने नौ बजे कहा मनसुख दुखी न होना मैं अपने आत्मस्वरूपम लीन होता हूँ। और अन्तम उस दिन सं १९५७ चैत्र वदी ५ (गुज) मंगलवारको दोपहरके दो बजे राजकोटम उनका आत्मा इस नश्वर देहको छोडकर चला गया। भारतभूमि एक अनुपम तत्त्वज्ञानी सन्तको खो बैठी।

उनके देहावसानके समाचार सुनकर मुमुक्षुओके चित्त उदास हो गय। वसंत मुरझा गया। निस्संदेह श्रीमद्जी विश्वकी एक महान विभूति थे। उनका वीतरागमार्ग-प्रकाशक अनुपम वचनामृत आज भी जीवनको अमरत्व प्रदान करनेके लिए विद्यमान है। धर्मजिज्ञासु बन्धु उनके वचनोंका लाभ उठावें।

श्री लघुराजस्वामी (प्रभुश्री) ने उनके प्रति अपना हृदयोद्गार इन शब्दोंमें प्रगट किया है 'अपरमार्थमें परमार्थके दृढ आग्रहरूप अनेक सूक्ष्म भूलभुलैयोंके प्रसंग दिखाकर इस दासके दोष दूर करनेमें

---

१ श्रीमद् राजचन्द्र (गुज) पत्र क्र० ९५१।

इस काल पुरुषका परम सत्संग तथा उत्तम बोध प्रबल उपकारक बने हैं।[1] ('सर्वोत्कृष्ट जीवन्मुक्त दशाके मूर्तिमान स्वरूप ऐसे उनके प्रबल पुरुषार्थ जागृत करनेवाले वचनोंका माहात्म्य विशेष विशेष आत्मलाभ होनेके कारण ठेठ मोक्षमें ले जाय ऐसी सम्यक् समझ (दर्शन) उस पुरुष और उनके बोधकी प्रतीतिसे प्राप्त होती है। यह इस दुःषम कलिकालमें आश्चर्यकारी अवलंबन है। परम माहात्म्यवंत सद्गुरु श्रीमद् राजचन्द्रदेवके वचनोंमें तल्लीनता श्रद्धा जिसे प्राप्त हुई है या होगी उसका महद् भाग्य है। वह भव्य जीव अल्पकालमें मोक्ष पाने योग्य है।'[1]

उनकी स्मृतिमें शास्त्रमालाकी स्थापना

सं १९५६ में [2]सत्श्रुतके प्रचार हेतु बम्बईमें श्रीमद्जीने परमश्रुतप्रभावकमण्डलकी स्थापनाकी थी। उसीके तत्त्वावधानमें उनकी स्मृतिस्वरूप श्रीरायचन्द्र जैन शास्त्रमालाकी स्थापना हुई। जिसकी ओरसे अब तक समयसार प्रवचनसार गोम्मटसार स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षा परमात्मप्रकाश और योगसार पुरुषार्थ सिद्ध्युपाय इष्टोपदेश प्रशमरतिप्रकरण न्यायावतार, स्याद्वादमंजरी अष्टप्राभृत सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्र ज्ञानार्णव बृहद्द्रव्यसंग्रह पंचास्तिकाय लब्धिसार–क्षपणासार, द्रव्यानुयोगतर्कणा सप्तभंगीतरंगिणी उपदेश छाया और आत्मसिद्धि भावना–बोध श्रीमद्राजचन्द्र आदि ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं। वर्तमानमें संस्थाके प्रकाशनका सब काम अगाससे ही होता है। विक्रयकेन्द्र बम्बईमें भी पूर्वस्थानपर ही है। श्रीमद्राजचन्द्र आश्रम अगाससे गुजराती भाषामें अन्य भी उपयोगी ग्रन्थ छपे हैं।

वर्तमानमें निम्नलिखित स्थानोंपर श्रीमद्राजचन्द्र आश्रम व मन्दिर आदि संस्थाएँ स्थापित हैं जहाँ पर मुमुक्षु-बन्धु मिलकर आत्मकल्याणार्थ वीतराग-तत्त्वज्ञानका लाभ उठाते हैं। वे स्थान हैं—अगास ववाणिया राजकोट वड़वा खंभात काविठा सीमरडा भादरण नार सुणाव नरोडा सडोदरा धामण अहमदाबाद ईडर सुरेन्द्रनगर वसो बटामण उत्तरसंडा बोरसद आहोर (राज) हम्पी (दक्षिण भारत) इन्दौर (म० प्र) बम्बई–घाटकोपर देवलाली तथा मोम्बासा (आफ्रिका)।

अन्तमें वीतराग विज्ञानके निधान तीर्थंकरादि महापुरुषों द्वारा उपदिष्ट सर्वोपरि–आत्मधर्मका अविरल प्रवाह जन-जनके अन्तरंग प्रवाहित हो यही भावना है।

श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम
स्टे० अगास पो बोरीया
वाया आणंद (गुजरात)

—बाबूलाल सिद्धसेन जैन

---

१ 'श्रीमद्गुरुप्रसाद' पृ० २ ३

२ श्रीमद्जीद्वारा निर्देशित सत्श्रुतरूप ग्रन्थोंकी सूचीके लिये देखिए 'श्रीमद्राजचन्द्र'-ग्रन्थ (गुज०) उपदेशनोंध क्र० १५।

नमः सर्वज्ञाय

श्रीरायचन्द्रजैनशास्त्रमालायां
श्रीमल्लिषेणसूरिप्रणीता

स्याद्वादमञ्जरी

कलिकालसर्वज्ञश्रीहेमचन्द्राचार्यविरचित

अन्ययोगव्यवच्छेदद्वात्रिंशिकास्तवनटीका
हिन्दीभाषानुवादसहिता ।

टीकाकारस्य मंगलाचरणम्

यस्य ज्ञानमनन्तवस्तुविषयं यः पूज्यते दैवतै-
र्नित्यं यस्य वचो न दुर्नयकृतैः कोलाहलैर्लुप्यते ।
रागद्वेषमुखद्विषां च परिषत् क्षिप्ता क्षणाद्येन सा
स श्रीवीरविभुर्विधूतकलुषां बुद्धिं विधत्तां मम ॥ १ ॥
निस्सीमप्रतिभैकजीवितधरौ निःशेषभूमिस्पृशां
पुण्यौघेन सरस्वतीसुरगुरू स्वाङ्गैकरूपौ दधत् ।
यः स्याद्वादमसाधयन् निजवपुर्दृष्टान्ततः सोऽस्तु मे
सद्बुद्ध्यम्बुनिधिप्रबोधविधये श्रीहेमचन्द्रः प्रभुः ॥ २ ॥
ये हेमचन्द्रं मुनिमेतदुक्तग्रन्थार्थसेवामिषतः श्रयन्ते ।
सम्प्राप्य ते गौरवमुज्ज्वलानां पदं कलानामुचितं भवन्ति ॥ ३ ॥

टीकाकारका मंगलाचरण

अर्थ—जो अनन्त वस्तुओंको जानते हैं, देवों द्वारा पूजे जाते हैं, जिनके वचन दुर्नयके कोलाहलसे लुप्त नहीं होते, तथा जिन्होंने रागद्वेष प्रधान शत्रुओंकी सभाको क्षण भरमें परास्त कर दिया है, ऐसे वीरप्रभु मेरी बुद्धि निर्मल करें ॥ १ ॥

समस्त मध्यलोकवर्ती प्राणियोंके पुण्य प्रतापसे असीम प्रतिभारूप प्राणोंके धारक सरस्वती और बृहस्पतिको अपने शरीररूपमें धारण करते हुए जिन्होंने अपने शरीरके दृष्टान्तसे ही स्याद्वादके सिद्धान्तको सिद्ध कर दिखाया है—जिन्होंने एक ही शरीरमें परस्पर भिन्न सरस्वती और सुरगुरुके धारण करनेसे एक ही पदार्थको परस्पर भिन्न अनेक धर्मोंका धारक सूचित किया है—ऐसे हेमचन्द्रप्रभु मेरे सद्बुद्धिरूपी समुद्रकी अभिवृद्धि करें ॥ २ ॥

जो लोग इस ग्रन्थके अध्ययनके बहाने हेमचन्द्रमुनिका आश्रय लेते हैं, वे उज्ज्वल कलाओंके गौरवको प्राप्त करके योग्य पदको प्राप्त करते हैं ॥ ३ ॥

मातर्भारति संनिधेहि हृदि मे येनेयमाप्तस्तुते
र्निर्मातुं विवृतिं प्रसिद्ध्यति जवादारम्भसम्भावना ।
यद्वा विस्मृतमोष्ठयोः स्फुरति यत् सारस्वतः शाश्वतो
मन्त्रः श्रीउदयप्रभेतिरचनारम्यो ममाहर्निशम् ॥ ४ ॥

अवतरणिका

इह हि विषमदुःषमारजनितिमिरतिरस्कारभास्करानुकारिणा वसुधातलावतीर्णसुधासारिणीदेश्यदेशनाविताननपरमार्हतीकृतश्रीकुमारपालक्ष्मापालप्रवर्तिताभयदानाभिधानजीवातुसंजीवितनानाजीवप्रदत्ताशीर्वादमाहात्म्यकल्पावधिस्थायिविशदयशःशरीरेण निरवद्यचातुर्विद्यनिर्माणैकब्रह्मणा श्रीहेमचन्द्रसूरिणा जगत्प्रसिद्धश्रीसिद्धसेनदिवाकरविरचितद्वात्रिंशद्द्वात्रिंशिकानुसारि श्रीवर्धमानजिनस्तुतिरूपमयोगव्यवच्छेद[1]ान्ययोगव्यवच्छेद[2]ाभिधानं द्वात्रिंशिकाद्वितयं विद्वज्जनमनस्तत्त्वावबोधनिबन्धनं विदधे । तत्र च प्रथमद्वात्रिंशिकायाः सुखोन्नेयत्वाद् तद्व्याख्यानमुपेक्ष्य द्वितीयस्यास्तस्या निःशेषदुर्वादिपरिषदधिक्षेपदक्षायाः कतिपयपदार्थविवरणकरणेन स्वस्मृतिबीजप्रबोधविधिर्विधीयते । तस्याश्चेदमादिकाव्यम्—

हे सरस्वती माता ! तुम मेरे हृदयमें निवास करो जिससे मैं आप्तस्तुति (द्वात्रिंशिका) की व्याख्या (स्याद्वादमंजरी) शीघ्र ही प्रारम्भ कर सकूँ । अथवा नहीं मैं भूल गया क्योंकि श्रीउदयप्रभ—रचनासे मनोहर शाश्वत सरस्वतीका मन्त्र तो दिन रात मेरे होठोंमें स्फुरित हो ही रहा है । (उदयप्रभ टीकाकारके गुरुका नाम है । यहाँ टीकाकार गुरुभक्तिके वश होकर कहते हैं कि गुरुस्मरणके प्रभावसे सरस्वती माता स्वयं मेरे हृदयमें विराजमान हैं अतएव सरस्वती मातासे प्रार्थना करनेकी आवश्यकता ही नहीं रहती ।) ॥ ४ ॥

अवतरणिका

अथ—इस लोकमें दुःषमा आरा (पंचमकाल देखिये परिशिष्ट [क]) की रात्रिके अंधकारको दूर करनेके लिए सूर्यके समान तथा पृथ्वीतलपर उतरकर आयी हुई अमृत-नदीके समान धर्मोपदेश द्वारा परम आर्हत बनाये हुए कुमारपाल राजाकी अभयदानरूप जीवनौषधिसे जीवनको प्राप्त करनेवाले प्राणियोंके आशीर्वादके माहात्म्यसे कल्पकालपर्यन्त स्थायी निर्मल यशरूपी शरीरको धारण करनेवाले तथा चार विद्याओं (लक्षण आगम साहित्य तर्क) की निर्दोष रचना करनेके लिए ब्रह्माके समान ऐसे श्रीहेमचन्द्रसूरि जगत्प्रसिद्ध श्रीसिद्धसेनदिवाकरद्वारा रचित द्वात्रिंशद्द्वात्रिंशिका का अनुसरण करनेवाली श्रीवर्धमान जिनेन्द्रकी स्तुतिरूप विद्वानोंको तत्त्वज्ञान प्रदान करनेवाली अयोगव्यवच्छेद तथा अन्ययोगव्यवच्छेद नामकी दो बत्तीसियोंकी रचना की है । तात्पर्य यह कि सिद्धसेनदिवाकरकी बत्तीस बत्तीसियोंकी रचनाका अनुसरण करके हेमचन्द्रसूरिने भी दो बत्तीसियाँ बनायी हैं । अयोगव्यवच्छेद नामक बत्तीसीमें जैनसिद्धान्तोंकी स्थापना करके स्वपक्ष-साधन तथा अन्ययोगव्यवच्छेदिकामें परवादियोंके मतोंका खण्डन करते हुए परपक्षदूषण का प्रदर्शन किया गया है । यहाँ टीकाकार मल्लिषेण अयोगव्यवच्छेदिका नामक पहली बत्तीसीके सरल होनेके कारण उसकी व्याख्याकी उपेक्षा करके समस्त कुवादियोंकी सभाको परास्त करनेमें समर्थ अन्ययोगव्यवच्छेदिका नामकी दूसरी बत्तीसीके कतिपय पदार्थोंका विस्तृत विवरण कर अपनी स्मृतिको प्रबुद्ध करते हैं । दूसरी बत्तीसीका यह प्रथम श्लोक है—

---

१ विशेषणसङ्गतैवकारोऽयोगव्यवच्छेदबोधकः यथा शङ्खः पाण्डुर एवेति । अयोगव्यवच्छेदस्य लक्षणं उद्देश्यतावच्छेदकसमानाधिकरणाभावाप्रतियोगित्वम् । २ विशेष्यसङ्गतैवकारोऽन्ययोगव्यवच्छेदबोधकः यथा पार्थ एव धनुर्धरः । अन्ययोगव्यवच्छेदो नाम विशेष्यभिन्नतादात्म्यादिव्यवच्छेदः ।

अनन्तविज्ञानमतीतदोषमबाध्यसिद्धान्तममर्त्यपूज्यम् ।
श्रीवर्धमानं जिनमाप्तमुख्यं स्वयम्भुवं स्तोतुमहं यतिष्ये ॥ १ ॥

श्रीवर्धमानं जिनमहं स्तोतुं यतिष्ये इति क्रियासम्बन्धः । किंविशिष्टम् ? अनन्तम्—अप्रतिपाति, वि—विशिष्टं सर्वद्रव्यपर्यायविषयत्वेनोत्कृष्टं ज्ञानं—केवलाख्यं विज्ञानम्, ततोऽनन्तं विज्ञानं यस्य सोऽनन्तविज्ञानस्तम् । तथा अतीता—निःसत्ताकीभूतत्वेनातिक्रान्ताः, दोषाः—रागादयो यस्मात् स तथा तम् । तथा अबाध्यः—परैर्बाधितुमशक्यः, सिद्धान्तः—स्याद्वादश्रुतलक्षणो यस्य स तथा तम् । तथा अमर्त्याः—देवाः तेषामपि पूज्यम्—आराध्यम् ॥

अत्र च श्रीवर्धमानस्वामिनो विशेषणद्वारेण चत्वारो मूलातिशयाः प्रतिपादिताः । तत्रानन्तविज्ञानमित्यनेन भगवतः केवलज्ञानलक्षणविशिष्टज्ञानानन्त्यप्रतिपादनाद् ज्ञानातिशयः । अतीतदोषमित्यनेनाष्टादशदोषसंक्षयाभिधानाद् अपायापगमातिशयः । अबाध्यसिद्धान्तमित्यनेन कुतीर्थिकोपन्यस्तकुहेतुसमूहाशक्यबाधस्याद्वादरूपसिद्धान्तप्रणयनभणनाद् वचनातिशयः । अमर्त्यपूज्यमित्यनेनाकृत्रिमभक्तिभरनिर्भरसुरासुरनिकायनायकनिर्मितमहाप्रातिहार्यसपर्यापरिज्ञानात् पूजातिशयः ॥

अत्राह परः । अनन्तविज्ञानमित्येतावदेवास्तु नातीतदोषमिति । गतार्थत्वात् । दोषात्ययं विनाऽनन्तविज्ञानत्वस्यानुपपत्तेः ॥ अत्रोच्यते । कुनयमतानुसारिपरिकल्पिताप्तव्यवच्छेदार्थमिदम् । तथा चाहुराजीविकनयानुसारिणः—

श्लोकार्थ—अनन्तज्ञानके धारक दोषोंसे रहित अबाध्य सिद्धान्तसे युक्त देवो द्वारा पूजनीय यथार्थ वक्ताओं (आप्तों)में प्रधान और स्वयम्भू ऐसे श्रीवर्धमान जिनेन्द्रकी स्तुति करनेके लिए मैं प्रयत्न करूंगा ।

व्याख्यार्थ—मैं वर्धमान जिनेन्द्रकी स्तुति करनेका प्रयत्न करूंगा । वर्धमान जिनेन्द्र अनन्त केवलज्ञानके धारक रागद्वेष आदि अठारह दोषोंसे रहित प्रतिवादियों द्वारा अखण्डनीय ऐसे स्याद्वादरूप सिद्धान्तसे युक्त तथा देवोंसे पूजनीय हैं ।

यहाँ उपर्युक्त चार विशेषणोंसे वर्धमानस्वामीके चार मूल अतिशयोंका प्रतिपादन किया गया है । अनन्तज्ञान से विशिष्टज्ञान—केवलज्ञानकी अनन्ततारूप ज्ञानातिशय अतीतदोष से अठारह दोषोंके क्षयरूप अपायापगम अतिशय अबाध्यसिद्धान्त से कुतीर्थिकोंके कुहेतुओं-द्वारा अखण्डनीय स्याद्वाद सिद्धान्तकी प्ररूपणारूप वचनातिशय तथा अमर्त्यपूज्य विशेषणसे सहजभक्तिभावसे परिपूरित देवों और असुरोंके नायक इन्द्र द्वारा की हुई महाप्रातिहार्य पूजारूप पूजातिशयका सूचन किया गया है ।

उपर्युक्त चार विशेषणोंकी सार्थकता

(क) शंका—वर्धमानस्वामीको अनन्तविज्ञान विशेषण देना ही पर्याप्त है अतीतदोष विशेषणकी आवश्यकता नहीं । कारण कि बिना दोषोंके नाश हुए अनन्तविज्ञानकी प्राप्ति नहीं हो सकती ? समाधान—कुवादियों द्वारा कल्पित आप्तके निराकरण करनेके लिये अतीतदोष विशेषण दिया गया है । आजीविक मतके अनुयायी कहते हैं—

---

१ पण्डा तत्त्वानुगा मोक्षे ज्ञानं विज्ञानमन्यतः । शुश्रूषा श्रवणं चैव ग्रहणं धारणं तथा ॥
—इत्यभिधानचिन्तामणौ द्वितीयकाण्डे २२४ श्लोकः ।

२ अन्तराया दानलाभवीर्यभोगोपभोगगाः हासो रत्यरती भीतिर्जुगुप्सा शोक एव च ॥७२॥
कामो मिथ्यात्वमज्ञानं निद्रा चाविरतिस्तथा । रागो द्वेषश्च नो दोषास्तेषामष्टादशाप्यमी ॥७३॥
—अभिधानचिन्तामणौ प्रथमकाण्डे श्लोकौ ।

३ कंकिल्लि कुसुमवुट्ठि देवज्झुणि चामरासणाइं च । भावलयभेरिछत्तं जयन्ति जिणपाडिहेराइं ॥१॥
प्रवचनसारोद्धारे द्वार ३९ (गाथा ४४) ।

छाया—१ अशोकवृक्षः २ कुसुमवृष्टिः ३ दिव्यध्वनिः, ४ चामरे ५ आसनानि च, ६ भामण्डलं ७ भेरी ८ छत्रम् ।

"ज्ञानिनो धर्मतीर्थस्य कर्तारः परमं पदम् ।
गत्वाऽऽगच्छन्ति भूयोऽपि भवं तीर्थनिकारतः ॥"

इति । तन्नूनं न तेऽतीतदोषाः । कथमन्यथा तेषां तीर्थनिकारदर्शनेऽपि भवावतारः ॥

आह । यद्येवमतीतदोषमित्येवास्तु, अनन्तविज्ञानमित्यतिरिच्यते । दोषात्ययेऽवश्यंभावित्वादनन्तविज्ञानत्वस्य । न । कैश्चिद्दोषाभावेऽपि तदनभ्युपगमात् । तथा च वैशेषिकवचनम्—

"सर्वं पश्यतु वा मा वा तत्त्वमिष्टं तु पश्यतु ।
कीटसङ्ख्यापरिज्ञानं तस्य नः क्वोपयुज्यते ॥

तथा— "तस्मादनुष्ठानगतं ज्ञानमस्य विचार्यताम् ।
प्रमाणं दूरदर्शी चेदेते गृध्रानुपास्महे ॥"

तन्मतव्यपोहार्थमनन्तविज्ञानमित्यदुष्टमेव । विज्ञानानन्त्यं विना एकस्याप्यर्थस्य यथावत् परिज्ञानाभावात् । तथा चार्षम्—

" जे एगं जाणइ,से सव्वं जाणइ, जे सव्वं जाणइ से एगं जाणइ ॥[1] "

धर्मतीर्थके प्रवर्तक ज्ञानी मोक्ष प्राप्त करते हैं तथा अपने तीर्थका तिरस्कार होते देखकर वे फिर संसारमें चले आते हैं ।

निश्चय ही ये ज्ञानी दोषोंसे रहित नहीं हैं । अन्यथा अपने तीर्थका तिरस्कार देख उन्हें संसारमें फिरसे आनेकी आवश्यकता न होती । आजीविकमतका निराकरण करनेके लिए यहाँ अतीतदोष विशेषण दिया गया है ।

(ख) शंका—यदि ऐसा ही है तो केवल अतीतदोष विशेषण ही दिया जाय 'अनन्तविज्ञान'की क्या आवश्यकता है ? कारण कि दोषोंके नष्ट होनेपर अनन्तविज्ञानकी प्राप्ति अवश्यंभावी है । समाधान—कितने ही वादी दोषोंके नाश होनेपर भी अनन्तविज्ञानकी प्राप्ति नहीं स्वीकार करते अतएव अनन्तविज्ञान विशेषण दिया गया है ।

वैशेषिकोंने कहा है—

ईश्वर सब पदार्थोंको जाने अथवा न जाने वह इष्ट पदार्थोंको जान इतना ही बस है । यदि ईश्वर कीड़ोंकी संख्या गिनने बैठे तो वह हमारे किस कामका ?

तथा— अतएव ईश्वरके उपयोगी ज्ञानकी ही प्रधानता है । क्योंकि यदि दूर तक देखनेवालेको ही प्रमाण माना जाय तो फिर हमें गीध पक्षियोंकी पूजा करनी चाहिये ।

तात्पर्य यह है कि वैशेषिक लोग ईश्वरको अतीतदोष स्वीकार करके भी उसे सकल पदार्थोंका ज्ञाता नहीं मानते । इसलिए इस मतका निराकरण करनेके लिए ग्रन्थकारने अनन्तविज्ञान विशेषण दिया है और यह विशेषण सार्थक ही है क्योंकि अनन्तज्ञानके बिना किसी वस्तुका भी ठीक-ठीक ज्ञान नहीं हो सकता । आगमका वचन है—

१ आचारांगसूत्र प्रथमश्रुतस्कंधे तृतीयाध्ययन चतुर्थोद्देशे सूत्रम् १२२ ।

छाया—य एकं जानाति स सर्वं जानाति । यः सर्वं जानाति स एकं जानाति ॥

तुलनीय—जो ण विजाणदि जुगवं अत्थे तिक्कालिगे तिहुवणत्थे ।
णादुं तस्स ण सक्कं सपज्जयं दव्वमेगं वा ॥

दव्वं अणंतपज्जयमेगमणंताणि दव्वजादीणि । ण विजाणदि जदि जुगवं किध सो सव्वाणि जाणादि ॥ (प्रवचनसार अ. १ गा. ४८-४९)

छाया—यो न विजानाति युगपदर्थान् त्रैकालिकान् त्रिभुवनस्थान् ।
ज्ञातुं तस्य न शक्यं सपर्ययं द्रव्यमेकं वा ॥

द्रव्यमनन्तपर्यायमेकमनन्तानि द्रव्यजातीनि । न विजानाति यदि युगपत् कथं स सर्वाणि जानाति ॥

तथा—"एको भावः सर्वथा येन दृष्टः सर्वे भावाः सर्वथा तेन दृष्टाः ।
सर्वे भावाः सर्वथा येन दृष्टा एको भावः सर्वथा तेन दृष्टः ॥"

ननु तदबाध्यसिद्धान्तमित्यपार्थकम् । यथोक्तगुणयुक्तस्याव्यभिचारिवचनत्वेन तदुक्तसिद्धान्तस्य बाधाऽयोगात् । न । अभिप्रायाऽपरिज्ञानात् । निर्दोषपुरुषप्रणीत एवाबाध्यः सिद्धान्तः । नापरेऽपौरुषेयादयः असम्भवादिदोषाऽऽघ्रातत्वात्[1], इति ज्ञापनार्थम् । आत्ममात्रतारकमूकान्तकृत्केवल्यादिरूपमुण्डकेवलिनो[2] यथोक्तसिद्धान्तप्रणयनाऽसमर्थस्य व्यवच्छेदार्थं वा विशेषणमेतत् ॥

जो एकको जानता है वह सबको जानता है और जो सबको जानता है वह एकको जानता है ।'

तथा—'जिसने एक पदार्थको सब प्रकारसे देखा है, उसने सब पदार्थोंको सब प्रकारसे देख लिया है । तथा जिसने सब पदार्थोंको सब प्रकारसे जान लिया है उसने एक पदार्थको सब प्रकारसे जान लिया है ।

(कहनेका भाव यह है कि जबतक हम एक पदार्थका पूर्ण रीतिसे ज्ञान प्राप्त नहीं कर लेते उस समय तक हमें सम्पूर्ण पदार्थोंका ज्ञान नहीं हो सकता । अतएव एक और अनेक सापेक्ष हैं; अर्थात् 'एक का ज्ञान प्राप्त करना अनेक को जानना है । इसलिए अतीतदोष विशेषणके समान अनन्तविज्ञान विशेषण भी उतना ही आवश्यक है । इसीलिए वैशेषिक मतका निराकरण करनेके लिए अतीतदोषके साथ अनन्तविज्ञान विशेषण दिया गया है ।)

(ग) शंका—अबाध्यसिद्धान्त विशेषण देना व्यर्थ है । कारण कि जो पुरुष 'अनन्तविज्ञान' और अतीतदोष है उसके वचनोंमें कोई दोष नहीं होता इसलिए उसका सिद्धान्त अबाध्य होगा ही । समाधान—अबाध्यसिद्धान्त विशेषणका अभिप्राय है कि निर्दोष पुरुष द्वारा निर्मित सिद्धान्त ही अबाध्य हैं; असम्भव आदि दोष युक्त होनसे अपौरुषेय आदि—पुरुषके बिना निर्मित वेद आदि सिद्धान्त—दोषरहित नहीं हैं । अथवा सिद्धान्तोंके रचनेमें असमर्थ स्वयं अपना ही उद्धार करनेवाले मूक तथा अन्तकृत् मुण्डकेवलियोंके (देखिए परिशिष्ट [क]) निराकरण करनेके लिए अबाध्यसिद्धान्त विशेषण दिया गया है । अबाध्य सिद्धान्त विशेषणकी सार्थकता यहाँ दो प्रकारसे बताया गयी है : (अ) निर्दोष पुरुष द्वारा निर्मित सिद्धान्त ही बाधारहित हो सकता है पुरुष बिना निर्मित (अपौरुषेय) वेद अबाधित नहीं हो सकता । क्योंकि तालु आदिसे उत्पन्न वर्णोंके समूहको वेद कहते हैं तथा तालु आदि स्थान मनुष्यजन्य हैं अतएव वेदोंका अपौरुषेय मानना असम्भव दोषसे दूषित है । (आ) मुण्डकेवलियोंका निराकरण उक्त विशेषणकी दूसरी सार्थकता है । बाह्य अतिशयोंसे रहित संसारसे वैराग्यभावको प्राप्त होकर जो केवल अपनी ही आत्माके उद्धारका प्रयत्न करते हैं वे मुण्डकेवली कहे जाते हैं । ये केवली अन्तकृत् और मूक दो प्रकारके होते हैं । दोनों ही केवली कर्मोंके नाश करनेवाले और सम्पूर्ण पदार्थोंके द्रष्टा होते हैं । अन्तर केवल इतना ही है कि अन्तकृत् केवलीके संसारसे मुक्त होनेका समय बहुत नजदीक रहता है या कहना चाहिए कि मुक्त होनेके कुछ समय पहले ही अन्तकृत् केवलीको केवलज्ञानकी प्राप्ति होती है तथा मूककेवली किसी शारीरिक दोषके कारण उपदेश देनेमें असमर्थ होते हैं, इसलिए वे मौन रहते हैं । उक्त दोनों केवली किसी सिद्धान्तकी रचना नहीं कर सकते हैं । यही कारण है कि अतीतदोष और अनन्तविज्ञानके धारक होते हुए भी मुण्डकेवलियोंका निराकरण करनेके लिए ग्रन्थकारने

१ ताल्वादिजन्मा ननु वर्णवर्गो वर्णात्मको वेद इति स्फुटं च ।
पुंसश्च ताल्वादि ततः कथं स्यादपौरुषेयोऽयमिति प्रतीतिः ॥

२ (१) द्रव्यभावमुण्डनप्रधानस्तथाविधबाह्यातिशयशून्यः केवली ।

(२) संविग्नो भवनिर्वेदादात्मनिःसरणं तु यः ।
आत्मार्थं संप्रवृत्तोऽसौ सदा स्यान्मुण्डकेवली ॥

(३) यः पुनः सम्यक्त्वाद्यवाप्तौ भवनैर्गुण्यदर्शनतस्तन्निर्वेदादात्मनिःसरणमेव केवलमभिवाञ्छति तथैव चेष्टते स मुण्डकेवली भवति इति ।

अनन्यसदृशत्वात्। अमर्त्यपूज्यमिति न वाच्यम्। यावता यथोक्तगुणविशिष्टस्य त्रिभुवनविभोरमर्त्यपूज्यत्वं न कथञ्चन व्यभिचरतीति। सत्यम्। लौकिकानां हि अमर्त्याः पूज्यतया प्रसिद्धाः, तेषामपि भगवानेव पूज्य इति विशेषणेनानेन ज्ञापयन्नाचार्यः परमेश्वरस्य देवाधिदेवत्वमावेदयति॥ एवं पूर्वार्धे चत्वारोऽतिशया उक्ताः॥

अनन्तविज्ञानत्वं च सामान्यकेवलिनामप्यवश्यभावीत्यतस्तद्व्यवच्छेदाय श्रीवर्धमानमिति विशेष्यपदमपि विशेषणरूपतया व्याख्यायते। श्रिया चतुस्त्रिंशदतिशयसमृद्ध्यनुभवात्मकयाऽऽर्हन्त्यरूपया वर्धमानं वर्धिष्णुम्। नन्वतिशयानां परिमिततयैव सिद्धान्ते प्रसिद्धत्वात्कथं वर्धमानतोपपत्तिः। इति चेत्, न। यथा निशीथचूर्णौ[1] भगवतां श्रीमदर्हतामष्टोत्तरसहस्रसङ्ख्यबाह्यलक्षणसङ्ख्याया उपलक्षणत्वेनान्तरङ्गलक्षणानां सत्त्वादीनामानन्त्यमुक्तम्। एवमतिशयानामधिकृतपरिगणनायोगेऽप्यपरिमितत्वमविरुद्धम्। ततो नातिशयश्रिया वर्धमानत्वं दोषाश्रय इति॥

अतीतदोषता चोपशान्तमोहगुणस्थानवर्तिनामपि सम्भवतीत्यतः क्षीणमोहाख्याऽप्रतिपातिगुणस्थान[2]प्राप्तिप्रतिपत्त्यर्थं जिनमिति विशेषणम्। रागादिजेतृत्वाद् जिनः, समूलकाषङ्-

---

अवाच्यसिद्धान्त विशेषण दिया है। मूककेवली सिद्धान्तकी रचना करनेमें ही असमर्थ हैं फिर उस सिद्धान्तके अवाच्य होनेकी बात ही नहीं।

(च) शंका—अमर्त्यपूज्य विशेषणकी क्या आवश्यकता है? क्योंकि उक्त गुणोंसे युक्त भगवान् देवों द्वारा पूजनीय होते ही हैं। समाधान—लौकिक पुरुष देवोंको ही पूज्य दृष्टिसे देखते हैं। ये देव भी भगवान्को ही पूज्य मानते हैं यही सूचित करनेके लिए आचार्यमहोदयने भगवान्को देवाधिदेव कहा है॥ इस प्रकार पूर्वार्धके श्लोकमें चार अतिशयोंका वर्णन किया गया है॥

श्रीवर्धमान आदि विशेषणोंकी सार्थकता

अनन्तविज्ञान सामान्यकेवलियोंमें भी पाया जाता है अतएव सामान्यकेवलियोंके परिहारके लिए श्रीवर्धमान विशेष्य होनेपर भी इसकी विशेषणरूपसे व्याख्या की गयी है। श्रीवर्धमान अर्थात् चौंतीस अतिशयोंकी (देखिए परिशिष्ट [क]) समृद्धि भाव—अर्हन्तरूप लक्ष्मीसे बढ़े हुए। शंका—जैन-सिद्धान्तमें अतिशयोंकी संख्या सीमित (चौंतीस) है फिर 'अतिशय समृद्धिसे बढ़े हुए' कहना ठीक नहीं है? समाधान—निशीथचूर्णि में श्रीअरहन्त भगवान्के एक हजार आठ बाह्य लक्षणोंको उपलक्षण मानकर सत्त्व आदि अन्तरंग लक्षणोंका अनन्त कहा गया है। इसी प्रकार उपलक्षणसे अतिशयोंको परिमित मान कर भी उन्हें अनन्त कहा जा सकता है इसलिए कोई शास्त्रविरोध नहीं है। अतएव 'अतिशय लक्ष्मीसे बढ़े हुए' कहना दोषयुक्त नहीं है।

अतीतदोषत्व उपशान्तमोह नामक ग्यारहवें गुणस्थानवालोंके भी सम्भव है इसलिए अप्रतिपाति क्षीणमोह नामक बारहवें गुणस्थानकी प्राप्ति बतानेके लिए जिन विशेषण दिया गया है। जिसने रागादि

---

१ निशीथचूर्णिग्रन्थे १७ उद्देशे उपाध्याय कविअमरमुनिना मुनिकन्हैयालालेन च सम्पादित सन्मति ज्ञानपीठ आगरा १९५७-६।

२ गुणस्थानस्य चतुर्दशभेदाः

१ मिच्छे २ सासण ३ मीसे ४ अविरय ५ देसे ६ पमत्त ७ अपमत्ते।

८ नियट्टि ९ अनियट्टि १० सुहुमु ११ वसम १२ खीण १३ सजोगि १४ अजोगिगुणा।

(द्वितीयकर्मग्रन्थे द्वितीय गाथा)।

छाया—मिथ्यात्वसासादनमिश्रमविरतदेशं प्रमत्ताप्रमत्तम्।

निवृत्त्यनिवृत्तिसूक्ष्मोपशमक्षीणसयोग्ययोगिगुणाः॥

निराकृतवानित्यर्थ इति। अबाध्यसिद्धान्तता च श्रुतकेवल्यादिष्वपि[1] संभवतीत्यत आप्तमुख्यमिति विशेषणम्। आप्तिर्हि रागद्वेषमोहानामैकान्तिक आत्यन्तिकश्च[2] क्षयः, सा येषामस्ति ते खल्वाप्ताः। अभ्रादित्वात् मत्वर्थीयोऽप्रत्ययः। तेषु मध्ये मुखमिव सर्वाङ्गानां प्रधानत्वेन मुख्यम्। "शाखादेर्यः"[4] इति तुल्ये यः। अमर्त्यपूज्यता च तथाविधगुरूपदेशपरिचर्यापर्याप्तविद्याचरणसम्पन्नानां सामान्यमुनीनामपि न दुर्घटा। अतस्तन्निराकरणाय स्वयम्भुवमिति विशेषणम्। स्वयम्–आत्मनैव, परोपदेशनिरपेक्षतयाऽवगततत्त्वो भवतीति स्वयम्भूः–स्वयंसंबुद्धः, तम्। एवंविधं चरमजिनेन्द्रं स्तोतुं–स्तुतिविषयीकर्तुम् अहं यतिष्ये–यत्नं करिष्यामि। अत्र चाचार्यो भविष्यत्कालप्रयोगेण योगिनामप्यशक्यानुष्ठानं भगवद्गुणस्तवनं मन्यमानः श्रद्धामेव स्तुतिकरणेऽसाधारणं कारणं ज्ञापयन् यत्नकरणमेव मदधीनं, न पुनर्यथाऽवस्थितभगवद्गुणस्तवनसिद्धिरिति सूचितवान्। अहमिति च गतार्थत्वेऽपि परोपदेशान्यानुवृत्त्यादिनिरपेक्षतया निजश्रद्धयैव स्तुतिप्रारम्भ इति ज्ञापनार्थम्॥

अथवा। श्रीवर्धमानादिविशेषणचतुष्टयमनन्तविज्ञानादिपदचतुष्टयेन सह हेतुहेतुमद्भावेन व्याख्यायते। यत एव श्रीवर्धमानम्, अत एवानन्तविज्ञानम्। श्रिया—कृत्स्नकर्म

दोषोंको जीतकर उन्हें जडमूलसे नष्ट कर दिया है, उसे जिन कहते हैं। अबाध्यसिद्धान्त श्रुतकेवली आदिमें भी पाया जाता है, उसका निराकरण करनेके लिए आप्तमुख्य विशेषण दिया गया है। जिसके राग, द्वेष और मोहका सर्वथा क्षय हो गया है, उसे आप्त कहते हैं। [यहाँ अभ्रादिगणमें मत्वर्थमें अच् प्रत्यय हुआ है (अभ्रादिभ्यः हेमशब्दानुशासन ७।२।४६)। जिस प्रकार सम्पूर्ण अंगोंमें मुख प्रधान है, इसी तरह जिनेन्द्रभगवान् आप्तोंमें प्रधान हैं, इसलिए उन्हें आप्तमुख्य कहा गया है। यहाँ 'शाखादेर्यः' (हेमशब्दानुशासन ७।१।११४) सूत्रसे तुल्य अर्थमें य प्रत्यय हुआ है]। सद्गुरुओंके उपदेश और सेवासे पर्याप्त ज्ञान और चारित्रको प्राप्त करनेवाले सामान्य मुनि भी देवों द्वारा पूजे जाते हैं, इसलिए उनका निराकरण करनेके लिए स्वयम्भू विशेषण दिया गया है। जिसने दूसरेके उपदेशके बिना स्वयं ही तत्त्वोंको जान लिया है, वह स्वयम्भू कहलाता है—जो स्वयं सम्बुद्ध हो। इन पूर्वोक्त विशेषणोंसे युक्त अन्तिम जिनेन्द्र (वर्धमान-स्वामी) की स्तुति करनेका मैं (हेमचन्द्र) प्रयत्न करूँगा। भगवान्के गुणोंका स्तवन योगियों द्वारा भी अशक्य है, और असाधारण श्रद्धाके वश ही उन गुणोंकी स्तुति की जाती है, यह सूचित करनेके लिए आचार्यने यतिष्ये भविष्यकालका प्रयोग किया है। अर्थात् प्रयत्न करना ही मेरे अधीन है, यथावस्थित भगवान्के गुणोंके स्तवनकी सिद्धि नहीं, यही इससे सूचित होता है। यद्यपि यतिष्ये कहनेसे अहं का स्वयं बोध हो जाता है, फिर भी दूसरोंके उपदेशके बिना, बिना किसीकी आज्ञाके, केवल अपनी ही भक्तिसे मैं इस स्तवनको आरम्भ करता हूँ, यह बतानेके लिए अहं पद दिया गया है।

अथवा—(१) श्रीवर्धमान (२) जिन (३) आप्तमुख्य (४) स्वयम्भुवं—ये चारों विशेषण क्रमशः (१) अनन्तविज्ञान (२) अतीतदोष (३) अबाध्यसिद्धान्त (४) अमर्त्यपूज्यके साथ कारण और कार्यरूपसे प्रतिपादित किये जा सकते हैं। भगवान् सम्पूर्ण कर्मोंके नाशसे उत्पन्न होनेवाली अनन्तचतुष्टय लक्ष्मीसे

---

१ श्रुतेन केवलिनः श्रुतकेवलिनः चतुर्दशपूर्वधरत्वात्।
जम्बू प्रभवः प्रभुः। शय्यम्भवो यशोभद्रः सम्भूतविजयस्ततः ॥३३॥
भद्रबाहुः स्थूलभद्रः श्रुतकेवलिनो हि षट् ॥३४॥
इति अभिधानचिन्तामणौ प्रथमकाण्डे।

२ निःशेषीकृतेऽपि पुनरुद्भवमाशङ्क्यात्यन्तिकः अभूयःसम्भवदोषविनाशः।

३ 'अभ्रादिभ्यः' हैमसूत्रम् ७।२।४६।

४ हैमसूत्रम् ७।१।११४।

[illegible]विभूतिमनन्तचतुष्टयरूपां लक्ष्मीं वर्धमानम्। यद्यपि श्रीवर्धमानस्य परमेश्वरस्यानन्तचतुष्टयलक्षणलक्ष्म्याः सर्वकालं तुल्यत्वाद्वर्धमानता न स्यात्, तथापि निरन्तरत्वेन तत्प्रतिपादन[illegible]मुपचर्यते। यद्यपि च श्रीवर्धमानविशेषणेनानन्तचतुष्टयलक्षणलक्ष्मीविशेषितेनानन्तविज्ञानत्वमपि सिद्धम्, तथाप्यनन्तविज्ञानस्यैव परोपकारसाधकतमत्वात्, भगवत्प्रवृत्तेश्च परोपकारैकनिबन्धनत्वात्, अनन्तविज्ञानत्वं शेषानन्तत्रयात् पृथक् निर्धार्याचार्येणोक्तम् ॥

ननु यथा भगवतोऽनन्तविज्ञानं परार्थं, तथाऽनन्तदर्शनस्यापि केवलदर्शनापरपर्यायस्य परार्थ्यमभ्याहृतमेव। केवलज्ञानकेवलदर्शनाभ्यामेव हि स्वामी क्रमप्रवृत्तिभ्यामुपलब्धं सामान्यविशेषात्मकं पदार्थसार्थं परेभ्यः प्रकटयति। तत्किमर्थं तन्नोपात्तम्? इति चेत्, उच्यते। विज्ञानशब्देन तस्यापि संग्रहाददोषः ज्ञानमात्रायाः[2] उभयत्रापि समानत्वात्। य एव हि अभ्यन्तरीकृतसमता[3]धर्मा विषमताधर्मविशिष्टा ज्ञानेन गम्यन्तेऽर्थाः, त एव ह्यभ्यन्तरीकृतविषमताधर्माः समताधर्मविशिष्टा दर्शनेन गम्यन्ते, जीवस्वाभाव्यात्। सामान्यप्रधानमुपसर्जनी[4]कृतविशेषमर्थग्रहणं दर्शनमुच्यते। तथा प्रधानविशेषमुपसर्जनीकृतसामान्यं च ज्ञानमिति ॥

तथा यत एव जिनम् अत एवातीतदोषम्। रागादिजेतृत्वाद्धि जिनः। न चाजिनस्यातीतदोषता। तथा यत एवाप्तमुख्यम्, अत एवाबाध्यसिद्धान्तम्। आप्तो हि प्रत्ययित उच्यते। तत आप्तेषु मुख्यं श्रेष्ठमाप्तमुख्यम्। आप्तमुख्यत्वं च प्रभोरविसंवादिवचनतया विश्वविश्वासभूमित्वात्। अत एवाबाध्यसिद्धान्तम्। न हि यथावज्ज्ञानावलोकितवस्तुवादी

सुशोभित हैं अतएव अनन्तविज्ञानके धारक हैं। यद्यपि वर्धमानस्वामीके अनन्तचतुष्टय रूप लक्ष्मी सदा एक समान रहती है अतएव उसमें घटना-बढ़ना नहीं होता फिर भी उस लक्ष्मीके सदा एक समान रहनेके कारण उसमें वर्धमानताका उपचारसे प्रतिपादन किया गया है। तथा यद्यपि श्रीवर्धमान विशेषणसे अनन्त विज्ञान अनन्तचतुष्टयमें गर्भित हो जाता है फिर भी अनन्तविज्ञानसे ही जीवोंका परोपकार होता है और परोपकारके लिए ही भगवान्की प्रवृत्ति होती है इसलिए अनन्तविज्ञानको अनन्तदर्शन अनन्तचारित्र और अनन्तवीर्य इन तीनोंसे पृथक् कहा है।

शंका—जिस प्रकार भगवान्का अनन्तज्ञान परोपकारके लिए कहा जाता है उसी तरह अनन्त दर्शन—केवलदर्शन—भी परोपकारके लिए ही होता है। क्योंकि क्रमसे होनेवाले केवलज्ञान और केवलदर्शनसे जाने हुए सामान्य विशेष पदार्थोंको ही भगवान् दूसरोंको प्रतिपादित करते हैं। फिर यहाँ अनन्तदर्शनका उल्लेख क्यों नहीं किया है? समाधान—अनन्तज्ञानमें ज्ञान शब्दसे दर्शनका भी सूचन होता है क्योंकि केवलज्ञान और केवलदर्शन दोनोंमें ज्ञानकी मात्रा समान है। कारण कि जो पदार्थ सामान्य धर्मोंको गौण करके विशेष धर्मों सहित ज्ञानसे जाने जाते हैं वे ही पदार्थ विशेष धर्मोंको गौणतापूर्वक सामान्य धर्मों सहित दर्शनसे जाने जाते हैं क्योंकि ज्ञान और दर्शन दोनों ही जीवके स्वभाव हैं। सामान्यकी मुख्यतापूर्वक विशेषको गौण करके पदार्थके जाननेको दर्शन कहते हैं। तथा विशेषकी मुख्यतापूर्वक सामान्यको गौण करके किसी वस्तुके जाननेको ज्ञान कहते हैं।

अतएव भगवान् जिन हैं इसी कारण दोषोंसे रहित हैं। रागादि जीतनेके कारण उन्हें जिन कहा गया है। जो जिन नहीं हैं वे दोषोंसे रहित नहीं हैं। भगवान् आप्तोंमें मुख्य हैं इसलिए उनका सिद्धान्त बाधारहित है। जो प्रतीति (विश्वास) के योग्य है उसे आप्त कहते हैं। जो आप्तोंमें प्रधान अर्थात् श्रेष्ठ हो वह आप्तमुख्य है। भगवान् के वचनोंमें कोई विसंवाद न होनेसे तथा सब प्राणियोंकी विश्वासभूमि होनेसे

---

१ (१) अनन्तज्ञान (२) अनन्तदर्शन (३) अनन्तचारित्र (४) अनन्तवीर्य इति चतुष्कम्। २. ज्ञानमात्रा[illegible]। ३ समता—सामान्यात्मकधर्मः। ४ उपसर्जनं—गौणम्।

हे नाथ ! अयं—मल्लक्षणो जनः, तव गुणान्तरेभ्यो—यथार्थवादव्यतिरिक्तेभ्योऽन्येभ्यः असाधारणशरीरलक्षणादिभ्यः, स्पृहयालुरेव—श्रद्धालुरेव। किमर्थम् ? स्तवाय—स्तुतिकरणाय। इयं "तादर्थ्ये चतुर्थी"[1]। पूर्वत्र तु "स्पृहेर्व्याप्यं वा"[2] इति कर्मणि चतुर्थी। तव गुणान्तराण्यपि स्तोतुं स्पृहावानयं[3] जन इति भावः। ननु यदि गुणान्तरस्तुतावपि स्पृहयालुता तर्हि[4] तान्यपि स्तोष्यति स उत नेत्याशङ्क्योत्तरार्धमाह—किन्त्विति—अभ्युपगमपूर्वकविशेषद्योतने निपातः। एकम्—एकमेव। यथार्थवादं—यथावस्थितवस्तुतत्त्वप्रख्यापनाख्यं त्वदीयं गुणम्, अयं जनो विगाहतां—स्तुतिक्रियया समन्ताद्व्याप्नोतु। तस्मिन्नेकस्मिन्नपि हि गुणे वर्णिते तत्त्वान्तरीयदैवतेभ्यो वैशिष्ट्यख्यापनद्वारेण वस्तुतः सर्वगुणस्तवनसिद्धेः।

अथ प्रस्तुतगुणस्तुतिः सम्यक्परीक्षाक्षमाणां दिव्यदृशामे[5]वौचिती[6]मञ्चति नार्वाग्दृशां भवादृशामित्याशङ्क्य विशेषणद्वारेण निराकरोति। यतोऽयं जनः परीक्षाविधिदुर्विदग्धः—अधिकृतगुणविशेषपरीक्षणविधौ दुर्विदग्धः—पण्डितंमन्य इति यावत्। अयमाशयः। यद्यपि जगद्गुरोर्यथार्थवादित्वगुणपरीक्षा मादृशां मतेरगोचरः तथापि भक्तिश्रद्धातिशयात् तस्यामहमात्मानं विदग्धमिव मन्य इति। विशुद्धश्रद्धाभक्तिव्यक्तिमात्रस्वरूपत्वात् स्तुतेः॥ इति वृत्तार्थः ॥२॥

व्याख्यार्थ—हे नाथ ! मैं (हेमचन्द्र) आपके यथार्थवादके अतिरिक्त दूसरोंमें न पाये जानेवाले शरीरलक्षण आदि अन्य गुणोंके प्रति भी श्रद्धा रखता हूँ। [स्तवाय यहाँ तादर्थ्ये चतुर्थी (२।२।५४) सूत्रसे तादर्थ्यमें चतुर्थी तथा गुणान्तरेभ्यः पदमें स्पृहेर्व्याप्यं वा (२।२।२६) सूत्रसे स्पृह धातुके कर्ममें विकल्पसे चतुर्थी विभक्तिका प्रयोग हुआ है]। तात्पर्य यह कि आपके अन्य गुणोंका स्तवन करनेकी भी मेरी इच्छा है। शंका—यदि अन्य गुणोंके स्तवन करनेमें भी आपकी श्रद्धा है तो उनकी उपेक्षा क्यों करते हैं ? समाधान—इसका उत्तर श्लोकके उत्तरार्धमें दिया गया है। किन्तु शब्दका यहाँ स्वीकृतिपूर्वक विशेष अर्थमें निपात हुआ है। यथार्थवाद नामक एक ही गुणके वर्णनसे अन्य मतों द्वारा मान्य देवताओंसे भगवानकी विशिष्टता सिद्ध होती है इसलिए इस एक गुणके स्तवनसे भगवान्‌के सम्पूर्ण गुणोंका स्तवन हो जाता है।

शंका—उत्तम रीतिसे परीक्षा करनेमें समर्थ दिव्य नेत्रवाले मुनीश्वर ही भगवान्‌के गुणोंकी स्तुति कर सकते हैं आप जैसे छद्मस्थोंमें स्तुति करनेकी योग्यता नहीं है। समाधान—प्रस्तुत गुणोंकी परीक्षामें अपनेको पण्डित मानकर मैं (हेमचन्द्र) स्तुति आरम्भ करता हूँ। तात्पर्य यह है कि यद्यपि भगवान्‌के यथार्थवादित्व गुणकी परीक्षा करना मेरी बुद्धिके बाहर है फिर भी भक्ति और श्रद्धाके वश मैं उस परीक्षामें अपनेको पण्डित समझता हूँ। क्योंकि विशुद्ध श्रद्धा और भक्ति प्रकट करना ही स्तुति है॥ यह श्लोकका अर्थ है ॥२॥

भावार्थ—यद्यपि भगवान् अनन्त गुणोंसे भूषित हैं परन्तु अन्य मतों द्वारा मान्य आप्तोंसे भगवानकी असाधारणता दिखानेके लिये भगवान्‌के यथार्थवाद गुणका स्तवन करना ही पर्याप्त है। अतएव हेमचन्द्राचार्य दूसरे गुणोंके प्रति श्रद्धा रखते हुए भी यहाँपर भगवानके यथार्थवाद गुणकी ही स्तुति करते हैं।

---

१ हैमसूत्रम् २।२।५४। २ हैमसूत्रम् २।२।२६। ३ 'स्पृहावानेवायम्' पाठान्तरम्। ४ 'तत्किमयं तन्नोपेक्षा इत्याशङ्क्योत्तरार्धमाह' पाठान्तरम्। ५ अतीन्द्रियज्ञानिनां। ६ योग्यतां। ७. छद्मस्थानां।

अथ ये कुतीर्थ्याः कुशास्त्रवासनावासितस्वान्ततया त्रिभुवनस्वामिनं स्वामित्वेन न प्रतिपन्नाः, तानपि तत्त्वविचारणां प्रति शिक्षयन्नाह—

गुणेष्वसूयां दधतः परेऽमी मा शिश्रियन्नाम भवन्तमीश ।
तथापि संमील्य विलोचनानि विचारयन्तां नयवर्त्म सत्यम् ॥३॥

अमी इति—"अदसस्तु विप्रकृष्टे"[1] इति वचनात् तत्त्वातत्त्वविमर्शबाह्यतया दूरीकरणीयत्वाद् विप्रकृष्टाः, परे—कुतीर्थिका भवन्तं—त्वाम् अनन्यसामान्यसकलगुणनिलयमपि, मा ईश शिश्रियन्—मा स्वामित्वेन प्रतिपद्यन्ताम् । यतो गुणेष्वसूयां दधत—गुणेषु दोषाविष्करणं ह्यसूया । यो हि यत्र मत्सरी भवति स तदाश्रयं नानुरुध्यते, यथा माधुर्यमत्सरी करभः पुण्ड्रेक्षुकाण्डम् । गुणाश्रयश्च भवान् । एवं परतीर्थिकानां भगवदाज्ञाप्रतिपत्तिं प्रतिषिध्य स्तुतिकारो माध्यस्थमिवास्थाय तान्प्रति हितशिक्षामुत्तरार्धेनोपदिशति । तथापि—त्वदाज्ञाप्रतिपत्त्यभावेऽपि, लोचनानि नेत्राणि, संमील्य—मिलितपुटीकृत्य, सत्य—युक्तियुक्तं, नयवर्त्म—न्यायमार्गं विचारयन्तां—विमर्शविषयीकुर्वन्तु ॥

अत्र च विचारयन्तामित्यात्मनेपदेन फलवत्कर्तृविषयेणैवं ज्ञापयत्याचार्यो यदवितथनयपथविचारणया तेषामेव फलं, वयं केवलमुपदेष्टारः । किं तत्फलम् ? इति चेत्, प्रेक्षावत्तेति ब्रूमः । संमील्य विलोचनानीति च वदतः प्रायस्तत्त्वविचारणमेकाग्रताहेतुनयननिमीलनपूर्वकं लोके प्रसिद्धमित्यभिप्रायः । अथवा अयमुपदेशस्तेभ्योऽरोचमान एवाचार्येण वितीर्यते ततोऽस्वदमानोऽप्ययं कटुकौषधपानन्यायेनायतिसुखावहत्वाद् भवद्भिर्नेत्रे निमील्य पेय एवेत्याकूतम् ॥

मिथ्याशास्त्रोंकी वासनासे दूषित जो कुतीर्थिक तीन लोकके स्वामी जिनभगवान्‌को स्वामी नहीं मानते उन्हें उपदेश देनेके लिए कहते हैं—

श्लोकार्थ—हे नाथ यद्यपि आपके गुणोंमें ईर्ष्या रखनेवाले तीर्थिक आपको स्वामी नहीं मानते परन्तु ये लोग आपके सत्य न्याय मार्गका जरा नेत्र बन्द करके विचार तो करें ।

व्याख्यार्थ—अमी परे भवन्त मा ईश शिश्रियन् यत गुणेषु असूयां दधत तत्त्व और अतत्त्वका विचार न करनेवाले दूरस्थ परमतावलम्बी असाधारण गुणोंके समूह ऐसे आपको ईश्वर नहीं मानते क्योंकि वे आपके गुणोंमें ईर्ष्या करते हैं । गुणोंके रहते हुए भी दोषान्वेषणको असूया (ईर्ष्या) कहते हैं । जो जिन गुणोंमें ईर्ष्या करता है वह उन गुणोंको गुणरूपसे नहीं स्वीकार करता । जैसे माधुर्य रससे ईर्ष्या करनेवाला ऊँट पौण्ड्को नहीं चाहता । परन्तु गुण आपमें मौजूद हैं । इस प्रकार भगवान्‌की आज्ञाको स्वीकारोक्तिका प्रतिषेध करनेवाले तीर्थिकोंके प्रति उदासीन भाव रखते हुए आचार्य उपदेश करते हैं । तथापि—आपकी आज्ञाको न मानकर भी तीर्थिक लोग नेत्र बन्द करके आपके युक्तियुक्त न्यायमार्गका जरा विचार तो करें ।

यहाँ विचारयन्तां आत्मनेपदका प्रयोग किया गया है इसलिए क्रियाका फल कर्ताको ही मिलना चाहिए । अर्थात् सच्चे न्यायमार्गका विचार करनेसे तैर्थिक लोगोंको ही फल मिलेगा क्योंकि हम तो केवल उपदेश देनेवाले हैं । वह फल कौन-सा है ? प्रज्ञावान होना ही उस फलकी सार्थकता है । यहाँ किसी तत्त्वका विचार करते समय एकाग्रता प्राप्त करनेके लिए नेत्रोंको बन्द कर विचार करनेकी लौकिक विधिका सूचन किया गया है । अथवा उपदेशके रुचिकर नहीं होनेपर भी आचार्य इसका उपदेश देते हैं । अतएव 'कटुक औषध-पान' न्यायसे इस उपदेशके कटु होनेपर भी यह उपदेश आगामी कालमें सुखकर होगा इसलिए इस उपदेशका नेत्र निमीलित करके पान करना चाहिए ।

---

[1] इदमस्तु संनिकृष्टे समीपतरवर्ति चैतदो रूपम् । अदसस्तु विप्रकृष्टे तदिति परोक्षे विजानीयात् ॥१॥ इति सम्पूर्णः श्लोकः ।

ननु यदि च पारमेश्वरे वचसि तेषामविवेकातिरेकादरोचकता, तत्किमर्थं तान् प्रत्युपदेशक्लेश इति ? नैवम् । परोपकारसारप्रवृत्तीनां महात्मनां प्रतिपाद्यगतां[1] रुचिमरुचिं वानपेक्ष्य हितोपदेशप्रवृत्तिदर्शनात् । तेषां हि परार्थस्यैव स्वार्थत्वेनाभिमतत्वात् । न च हितोपदेशादपरः पारमार्थिकः परार्थः । तथा चार्षम्—

"रूसउ वा परो मा वा, विसं वा परियत्तउ ।
भासियव्वा हिया भासा सपक्खगुणकारिया" ॥[2]

उमास्वातिवाचकमुख्यैः[3]—

"न भवति धर्मः श्रोतुः सर्वस्यैकान्ततो हितश्रवणात् ।
ब्रुवतोऽनुग्रहबुद्ध्या वक्तुस्त्वेकान्ततो भवति"[4] ॥

इति वृत्तार्थः ॥३॥

अथ यथावन्नयवर्त्मविचारमेव प्रपञ्चयितुं पराभिप्रेततत्त्वानां प्रामाण्यं निराकुर्वन्नादितस्तावत्काव्यषट्केनौलूक्यमताभिमततत्त्वानि दूषयितुकामस्तदन्तःपातिनौ प्रथमतरं सामान्यविशेषौ दूषयन्नाह—

शंका—यदि अविवेककी प्रचुरतासे किसीको जिनेन्द्र भगवान्‌के वचनोंमें रुचि नहीं होती तो आप उसे क्यों उपदेश देनेका कष्ट उठाते हैं ? समाधान—यह बात नहीं है। परोपकार स्वभाववाले महात्मा पुरुष किसी पुरुषको रुचि और अरुचिको न देखकर हितका उपदेश करते हैं। क्योंकि महात्मा लोग दूसरेके उपकारको ही अपना उपकार समझते हैं। हितका उपदेश देनेके बराबर दूसरा कोई पारमार्थिक उपकार नहीं है। आर्षवाक्य है—

उपदेश दिया जानेवाला पुरुष चाहे रोष करे चाहे वह उपदेशको विषरूप समझे परन्तु स्वपक्ष हितरूप वचन अवश्य कहने चाहिए

उमास्वाति वाचकमुख्यने भी कहा है—

सभी उपदेश सुननेवालोंको पुण्य नहीं होता है। परन्तु अनुग्रह बुद्धिसे हितका उपदेश देनेवालेको निश्चय ही पुण्य मिलता है ॥

यह श्लोकका अर्थ है ॥३॥

भावार्थ—एकान्तरूपसे वस्तु तत्त्वको स्वीकार करनेवाले अन्यमतावलम्बी आपके गुणोंमें ईर्ष्याबुद्धि रखते हुए आपको अपना इष्टदेव नहीं मानते। परन्तु यदि वे लोग एकान्तका आग्रह छोड़कर आप द्वारा प्रतिपादित न्यायमार्गका विचार करें तो उन्हें आपकी महत्ता स्वयं ही प्रकट हो जायगी।

अब यथार्थ नयमार्गका विचार करनेके लिए परमतावलम्बियों द्वारा मान्य तत्त्वोंके प्रामाण्यका निराकरण करनेके हेतु छह श्लोकोंमें वैशेषिकमतके तत्त्वोंमें दूषण बताते हुए सर्वप्रथम सामान्य विशेषमें दोष दिखाते हैं।

---

१ श्रोतृगतां रुचिमरुचिं वा ।

२ छाया—रुष्यतु वा परो मा वा विषं वा परिवर्तयतु (विषवत् प्रतिभातु वा) ।
भाषितव्या हिता भाषा स्वपक्षगुणकारिका ॥

एतदर्थक एव श्लोको श्रीहेमचन्द्रकृतस्थविरचरित्र द्वितीयसर्गे ३२ उपलभ्यते । तथाहि—
परो रुष्यतु वा मा वा विषवत् प्रतिभातु वा ।
भाषितव्या हिता भाषा स्वपक्षगुणकारिणी ॥३२॥

३ उमास्वाति । अयमुमास्वामीत्यपि कथ्यते । ४ तत्त्वार्थसूत्रसम्बन्धकारिकासु २९ श्लोक ।

स्वतोऽनुवृत्तिव्यतिवृत्तिभाजो[1] भावा न भावान्तरनेयरूपाः ।
परात्मतत्त्वादतथात्मतत्त्वाद् द्वयं वदन्तोऽकुशलाः स्खलन्ति ॥४॥

अभवन्, भवन्ति, भविष्यन्ति, चेति भावाः—पदार्थाः, आत्मपुद्गलादयस्ते स्वत इति—सर्वं हि वाक्यं सावधारणमामनन्ति इति, स्वत एव—आत्मीयस्वरूपादेव । अनुवृत्तिव्यतिवृत्तिभाजः—एकाकारा प्रतीतिरेकशब्दवाच्यता चानुवृत्तिः, व्यतिवृत्तिः—व्यावृत्तिः, सजातीयविजातीयेभ्यः सर्वथा व्यवच्छेदः । ते उभे अपि संवलिते भजन्ते—आश्रयन्तीति अनुवृत्तिव्यतिवृत्तिभाजः, सामान्यविशेषोभयात्मका इत्यर्थः ॥

अस्यैवार्थस्य व्यतिरेकमाह । न भावान्तरनेयरूपा इति । नेति निषेधे । भावान्तराभ्याम्—परा‍भिमताभ्यां द्रव्यगुणकर्मसमवायेभ्यः पदार्थान्तराभ्यां भावव्यतिरिक्तसामान्यविशेषाभ्याम् । नेयम्—प्रतीतिविषयं प्रापणीयं । रूपम्—यथासंख्यमनुवृत्तिव्यतिवृत्तिलक्षणं स्वरूपं येषां ते तथोक्ताः । स्वभाव एव ह्ययं सर्वभावानां यदनुवृत्तिव्यावृत्तिप्रत्ययौ स्वत एव जनयन्ति । तथाहि । घट एव तावत् पृथुबुध्नोदराद्याकारवान् प्रतीतिविषयीभवन् सन्नन्यानपि तदाकृतिभृतः पदार्थान् घटरूपतया घटैकशब्दवाच्यतया च प्रत्याययन् सामान्याख्यां लभते । स एव चेतरेभ्यः सजातीयविजातीयेभ्यो द्रव्यक्षेत्रकालभावैरात्मानं व्यावर्तयन् विशेषव्यपदेशमश्नुते । इति न सामान्यविशेषयोः पृथक्पदार्थान्तरपरिकल्पनं न्याय्यम् । पदार्थधर्मत्वेनैव तयोः प्रतीयमानत्वात् । न

श्लोकार्थ—पदार्थ स्वभावसे ही सामान्य-विशेषरूप हैं उनमें सामान्य विशेषकी प्रतीति करानेके लिए पदार्थान्तर माननेकी आवश्यकता नहीं । इसलिए जो अकुशलवादी पररूप और मिथ्यारूप सामान्य विशेषको पदार्थसे भिन्नरूप कथन करते हैं वे न्यायमार्गसे भ्रष्ट होते हैं ।

व्याख्यार्थ—आत्मा और पुद्गलादि पदार्थ अपने स्वरूपसे ही अर्थात सामान्य और विशेष नामक पृथक पदार्थोंकी बिना सहायताके ही सामान्य-विशेषरूप होते हैं । एकाकार और एक नामसे कही जानेवाली प्रतीतिको अनुवृत्ति अथवा सामान्य कहते हैं । सजातीय और विजातीय पदार्थोंसे सर्वथा अलग होनेवाली प्रतीतिको व्यावृत्ति अथवा विशेष कहते हैं । आत्मा और पुद्गल आदि पदार्थ स्वभावसे ही इन दोनों धर्मोंसे—सामान्य विशेषसे—युक्त हैं ।

इसीको व्यतिरेक रूपसे कहते हैं । आत्मा और पुद्गलादि पदार्थ वैशेषिकों द्वारा मान्य द्रव्य गुण कर्म और समवायसे पृथक सामान्य और विशेषसे भिन्न नहीं हैं । क्योंकि स्वयं ही सामान्य और विशेषरूप ज्ञानको उत्पन्न करना पदार्थोंका स्वभाव है । उदाहरणके लिए मोटा तलीयुक्त और उदर आदि आकार वाला घड़ा स्वयं ही उसी आकृतिवाले अन्य पदार्थोंको भी घटरूप और घटशब्दरूप जनाता हुआ सामान्य कहा जाता है । इसलिए घटको छोड़कर घटसामान्य अथवा घटत्व कोई पृथक वस्तु नहीं है । यही घड़ा दूसरे सजातीय और विजातीय पदार्थोंसे द्रव्य क्षेत्र काल और भावसे अपनी व्यावृत्ति करता हुआ 'विशेष' कहा जाता है । अतएव सामान्य और विशेषको अलग पदार्थ मानना न्यायसंगत नहीं है । क्योंकि सामान्य-विशेषका ज्ञान पदार्थके धर्म (गुण) से ही होता है । तथा धर्मी (गुणी) से धर्म (गुण) सर्वथा भिन्न नहीं होते । क्योंकि धर्म और धर्मीको सर्वथा भिन्न माननेसे विशेषण-विशेष्यसम्बन्ध नहीं बन सकता । उदाहरणके लिए ऊँट और गधा दोनों सर्वथा भिन्न हैं इसलिए इनमें धर्म-धर्मी-सम्बन्ध नहीं हो सकता । यदि धर्मोंको धर्मीसे अलग पदार्थ माना जाय तो एक ही वस्तुमें अनन्त पदार्थ प्रस्तुत हो जायेंगे कारण कि वस्तु अनन्त

---

१ अनुवृत्ति—अन्वय । व्यतिवृत्ति—व्यतिरेक । २ पूरणगलनधर्माणः पुद्गलाः (दशवैकालिकवृत्ति प्रथमाध्ययने) । ३ विशेषसंज्ञाम् ।

च धर्मा धर्मिणः सकाशादत्यन्तं व्यतिरिक्ताः। एकान्तभेदे विशेषणविशेष्यभावानुपपत्तेः, करभरासभयोरिव धर्मधर्मिव्यपदेशाभावप्रसङ्गाच्च। धर्माणामपि च पृथक्पदार्थान्तरत्वकल्पने एकस्मिन्नेव वस्तुनि पदार्थानन्त्यप्रसङ्ग । अनन्तधर्मकत्वाद् वस्तुन ॥

तदेवं सामान्यविशेषयो स्वतत्त्वं यथावदनवबुध्यमाना अकुशलाः अतत्त्वाभिनिविष्टदृष्टयः तीर्थान्तरीया स्खलन्ति—न्यायमार्गाद् भ्रश्यन्ति निरुत्तरीभवन्तीत्यर्थ । स्खलनेन चात्र प्रामाणिकजनोपहसनीयता ध्वन्यते। किं कुर्वाणा, द्वयम्—अनुवृत्तिव्यावृत्तिलक्षणं प्रत्ययद्वयं वदन्त । कस्मादेतत्प्रत्ययद्वय वदन्त ? इत्याह। परात्मतत्त्वात्—परौ पदार्थेभ्यो व्यतिरिक्तत्वादन्यौ परस्परनिरपेक्षौ च यौ सामान्यविशेषौ तयोर्यदात्मतत्त्वं स्वरूपम् अनुवृत्तिव्यावृत्तिलक्षण, तस्मात् तदाश्रित्येत्यर्थः। "गम्ययपः कर्माऽऽधारे[२]" इत्यनेन पञ्चमी। कथभूतात् परात्मतत्त्वाद् ? इत्याह। अतथात्मतत्त्वात् मा भूत् परात्मतत्त्वस्य सत्स्वरूपतेति विशेषणमिदम्। यथा यनैकान्तभेदलक्षणेन प्रकारेण परै प्रकल्पित, न तथा तेन प्रकारेणात्मतत्त्वं स्वरूप यस्य तत्तथा। तस्मात् यत पदार्थेष्वविष्वग्भावेन सामान्यविशेषौ वर्तेते। तेभ्यश्च तौ तेभ्यः परत्वेन कल्पितौ। परत्वं चान्यत्वं तच्चैकान्तभेदाविनाभावि ॥

किञ्च, पदार्थेभ्य सामान्यविशेषयोरेकान्तभिन्नत्वे स्वीक्रियमाणे एकवस्तुविषय मनुवृत्तिव्यावृत्तिरूप प्रत्ययद्वय नोपपद्येत। एकान्ताभेदे चान्यतरस्यासत्त्वप्रसङ्ग । सामान्य विशेषव्यवहाराभावश्च स्यात् । सामान्यविशेषोभयात्मकत्वेनैव वस्तुन प्रमाणेन प्रतीते।

धर्मात्मक होती है। (भाव यह है कि वैशेषिक लोग द्रव्य गुण कर्म सामान्य विशेष और समवाय इन छह पदार्थोंको स्वीकार करते हैं। इन छह पदार्थोंमें सामान्य और विशेष नामक पदार्थ द्रव्य गुण कर्म आदिसे भिन्न माने गये हैं। दूसरे शब्दोंमें वैशेषिक मतके अनुसार पदार्थोंमें सामान्य-विशेष का ज्ञान पदार्थोंका गुण (धर्म) नहीं है बल्कि यह ज्ञान सामान्य और विशेष नामके भिन्न पदार्थोंसे होता है। उदाहरणके लिए घटत्व घटका गुण नहीं है यह घटमें समवाय-सम्बन्धसे रहता है। इसी प्रकार नील पीत आदि भी घटके गुण नहीं हैं वे भी घटमें समवाय-सम्बन्धसे रहते हैं। जैनदर्शन अनेकात्मक (सामान्यविशेषात्मक) है इसलिए वह वैशेषिकोंके इस सिद्धान्तका खण्डन करता है। जैनदर्शनके अनुसार पदार्थोंमें स्वभावसे ही सामान्य-विशेषकी प्रतीति होती है। क्योंकि सामान्य विशेष पदार्थोंके ही गुण हैं कोई स्वतन्त्र पदार्थ नहीं। धर्मीसे धर्म भिन्न नहीं हो सकता अतएव सामान्य विशेषको भिन्न पदार्थ स्वीकार करना अयुक्तियुक्त है)।

इस प्रकार सामान्य-विशेषके स्वरूपको ठीक ठीक न समझकर कदाग्रही तैर्थिक लोग न्यायमार्गसे भ्रष्ट हो जाते हैं—निरुत्तर होनेके कारण प्रामाणिक मनुष्योंके हास्यास्पद होते हैं। कारण कि ये लोग सामान्य विशेषको पदार्थोंसे भिन्न और परस्पर निरपेक्ष स्वीकार करते हैं। परन्तु यह मान्यता सत्य नहीं है। क्योंकि सामान्य विशेष पदार्थोंमें अभिन्न रूपसे रहते हैं और वैशेषिकोंने सामान्य विशेषको पदार्थोंसे एकान्त-भिन्न माना है। परन्तु जैनसिद्धान्तके अनुसार सामान्य विशेष पदार्थोंके स्वभाव हैं क्योंकि गुण गुणीका एकान्त भेद नहीं बन सकता। जैनदर्शनमें सामान्य विशेष पदार्थोंसे कथंचित् अभिन्न स्वीकार किये गये हैं।

तथा सामान्य-विशेषको पदार्थोंसे सर्वथा भिन्न माननेपर एक वस्तुमें सामान्य और विशेष सम्बन्ध नहीं बन सकते। क्योंकि पदार्थोंके सामान्य-विशेषसे एकान्त भिन्न होनेके कारण पदार्थ और सामान्य विशेषका सम्बन्ध ही नहीं हो सकता। यदि सामान्य-विशेषको पदार्थोंसे सर्वथा अभिन्न मानें तो पदार्थ और सामान्य-विशेषके एकरूप हो जानेसे दोनोंमसे एकका अभाव हो जायेगा। तथा इस तरह सामान्य विशेषका

---

१ कुत्सितावग्रहवन्त । २ हैमसूत्रम् । २। ।७४ । ३ अपृथग्भावेन ।

स्वतन्त्रनिरपेक्षत्वस्य तु पुरस्तान्निर्लोठयिष्यते । अत एव तेषां वादिनां स्खलनकियत्वोपहसनीयत्वमभिव्यज्यते । यो हि अन्यथास्थितं वस्तुस्वरूपमन्यथैव प्रतिपद्यमानः परेभ्यश्च तथैव प्रज्ञापयन् स्वयं नष्टः परान्नाशयति न खलु तस्मादन्य उपहासपात्रम् ॥ इति वृत्तार्थः ॥४॥

अथ तदभिमतानेकान्तनित्यपक्षौ दूषयन्नाह—

> आदीपमाव्योम समस्वभावं स्याद्वादमुद्रानतिभेदि वस्तु ।
> तन्नित्यमेवैकमनित्यमन्यदिति त्वदाज्ञाद्विषतां प्रलापाः ॥५॥

आदीपं—दीपादारभ्य, आव्योम—व्योम मर्यादीकृत्य सर्वं वस्तु पदार्थस्वरूपं । समस्वभावं—समः तुल्यः, स्वभावः—स्वरूपं यस्य तत्तथा । किंच वस्तुनः स्वरूपं द्रव्यपर्यायात्मकत्वमिति ब्रूमः । तथा च वाचकमुख्यः—"उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत्"[1] इति । समस्वभावत्वं कुतः । इति विशेषणद्वारेण हेतुमाह—स्याद्वादमुद्रानतिभेदि—स्यादित्यव्ययमनेकान्तद्योतकम् । ततः स्याद्वादः—अनेकान्तवादः नित्यानित्याद्यनेकधर्मशबलैकवस्त्वभ्युपगम इति यावत् । तस्य मुद्रा—मर्यादा, तां नातिभिनत्ति—नातिक्रामतीति स्याद्वादमुद्रानतिभेदि । यथा हि न्यायैकनिष्ठे राजनि राज्यश्रियं शासति सति सर्वाः प्रजास्तन्मुद्रां नातिवर्तितुमीशते, तदतिक्रमे तासां

व्यवहार भी न बन सकेगा क्योंकि प्रमाणसे सामान्य विशेष उभय रूप ही वस्तुकी प्रतीति होती है । सामान्य विशेषकी परस्पर निरपेक्षताका आगे खण्डन किया जावेगा (देखिये १४ वीं कारिकाकी व्याख्या) । इसीलिए वादियोंके स्खलनसे यहाँ उनके हास्यास्पद होनेका सूचन किया गया है । जो पुरुष वस्तुके अमुक स्वरूपको उस रूपसे स्वीकार न करके अन्यथा रूपसे स्वीकार करता है तथा दूसरोंको भी उसी तरह प्रतिपादन करता है वह स्वयं नष्ट होता है और दूसरोंको नष्ट करता है ऐसा पुरुष हास्यका पात्र होता ही है ॥ यह श्लोकका अर्थ है ॥४॥

भावार्थ—इस श्लोकमें वैशेषिक दर्शनके द्वारा मान्य सामान्य-विशेषका खण्डन किया गया है । वैशेषिकोंका कहना है कि सामान्य विशेष पदार्थोंसे भिन्न और एक दूसरेसे निरपेक्ष हैं । उदाहरणके लिए वैशेषिक मतके अनुसार घटमें घटत्व समवाय सम्बन्धसे रहता है तथा नील-पीतादि भी समवाय सम्बन्धसे रहता है । परन्तु जैनदर्शन अनेकान्तरूप है इसलिए वह सामान्य विशेषको पदार्थोंसे एकान्त भिन्न स्वीकार नहीं करता । जैनदर्शनके अनुसार घटमें घटत्व अथवा नील-पीतादि किसी सम्बन्ध-विशेषसे नहीं रहते वे स्वयं घटके ही गुण हैं । इसलिए पदार्थोंसे सर्वथा भिन्न सामान्य और विशेष नामके पदार्थोंको स्वीकार करनेकी आवश्यकता नहीं है ।

अब वैशेषिकोंके एकान्त नित्य और एकान्त अनित्य पक्षमें दोष दिखाते हैं—

श्लोकार्थ—दीपकसे लेकर आकाश तक सभी पदार्थ नित्यानित्य स्वभाववाले हैं, क्योंकि कोई भी वस्तु स्याद्वादकी मर्यादाका उल्लंघन नहीं करती । ऐसी स्थितिमें भी आपके विरोधी लोग दीपक आदिको सर्वथा अनित्य और आकाश आदिको सर्वथा नित्य स्वीकार करते हैं ।

व्याख्यार्थ—दीपसे लेकर आकाशपर्यन्त सब पदार्थोंका स्वरूप एक-सा है । क्योंकि हम वस्तुके स्वभावको द्रव्य और पर्यायरूप मानते हैं । वाचकमुख्य कहते हैं—'जो उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यसे युक्त है वह सत् है । अतएव वस्तुका स्वभाव नित्य अनित्य आदि अनेक धर्मोंके धारक स्याद्वादकी मर्यादाका उल्लंघन नहीं करता । जिस प्रकार न्यायी राजाके शासन करनेपर उसकी प्रजा राज्यमुद्राका उल्लंघन नहीं

---

१ तत्त्वार्थाधिगमसूत्रे अ. ५ सू. २९ ।

प्रजोपद्रवनिमित्तत्वात्; एवं विजयिनि निष्कण्टके स्याद्वादमहानरेन्द्रे, तदीयमुद्रां सर्वेऽपि पदार्था नातिक्रामन्ति; तदुल्लङ्घने तेषां स्वरूपव्यवस्थाहानिप्रसक्तेः ।

सर्ववस्तूनां समस्वभावत्वकथनं च परपरिकल्पितं वस्तु व्योमादि नित्यमेव, अन्यच्च प्रदीपादि अनित्यमेव इति वादस्य प्रतिक्षेपबीजम् । सर्वे हि भावा द्रव्यार्थिकनयापेक्षया नित्याः, पर्यायार्थिकनयादेशात् पुनरनित्याः । तत्रैकान्तानित्यतया परैरङ्गीकृतस्य प्रदीपस्य तावन्नित्यानित्यत्वव्यवस्थापने दिग्मात्रमुच्यते ॥

तथाहि । प्रदीपपर्यायापन्नास्तैजसाः परमाणवः[1] स्वरसतस्तैलक्षयाद् वाताभिघाताद्वा ज्योतिष्पर्यायं परित्यज्य तमोरूपं पर्यायान्तरमाश्रयन्तोऽपि नैकान्तेनानित्याः, पुद्गलद्रव्यरूपतयावस्थितत्वात् तेषाम् । न ह्येतावतैवानित्यत्वं यावता पूर्वपर्यायस्य विनाशः, उत्तरपर्यायस्य चोत्पादः । न खलु मृद्द्रव्यं स्थासक[2]कोशकुशूलशिवकघटाद्यवस्थान्तराण्यापद्यमानमप्येकान्ततो विनष्टम्, तेषु मृद्द्रव्यानुगमस्याबालगोपालं प्रतीतत्वात् । न च तमसः पौद्गलिकत्वमसिद्धम्; चाक्षुषत्वान्यथानुपपत्तेः, प्रदीपालोकवत् ॥

कर सकती क्योंकि उसके उल्लंघन करनेपर प्रजाके सर्वस्वका नाश होता है। उसी प्रकार विजयी निष्कण्टक स्याद्वाद महाराजाके विद्यमान रहते हुए कोई भी पदार्थ स्याद्वादकी मर्यादाको अतिक्रमण नहीं करता। क्योंकि इस मर्यादाके उल्लंघन करनेपर पदार्थोंका स्वरूप नहीं बन सकता।

यहाँ सब पदार्थोंके द्रव्य और पर्यायरूप कथन करनेसे आकाश आदिके सर्वथा नित्यत्व और प्रदीप आदिके सर्वथा अनित्यत्वका खण्डन हो जाता है। कारण कि सभी पदार्थ द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षासे नित्य और पर्यायार्थिककी अपेक्षासे अनित्य हैं। यहाँ परवादियों द्वारा मान्य दीपककी एकान्त-अनित्यतापर विचार करते हुए दीपकको नित्य-अनित्य सिद्ध करनेके लिए संक्षेपमें कुछ कहा जाता है।

दीपककी पर्यायमें परिणत तैजस परमाणु तेलके समाप्त हो जानेसे अथवा हवाका झोंका लगनेसे प्रकाशरूप पर्याय छोड़कर तमरूप पर्यायको प्राप्त करनेपर भी सर्वथा अनित्य नहीं हैं। क्योंकि तेजके परमाणु तमरूप पर्यायमें भी पुद्गल द्रव्यरूपसे मौजूद हैं। तथा पूर्व पर्यायके नाश और उत्तर पर्यायके उत्पन्न होने मात्रसे ही दीपककी अनित्यता सिद्ध नहीं होती। उदाहरणके लिए मिट्टी द्रव्यके स्थासक कोश कुशूल शिवक घट (मिट्टीके पिण्डसे घड़ा बनने तककी उत्तरोत्तर अवस्थाएँ) आदि अवस्थाओंको प्राप्त कर लेनेपर भी मिट्टीका सर्वथा नाश नहीं होता। क्योंकि स्थासक आदि पर्यायोंमें प्रत्येक पुरुषको मिट्टीका ज्ञान होता है। अन्धकारको भी पुद्गलकी ही पर्याय मानना चाहिए क्योंकि दीपकके प्रकाशकी भाँति वह भी चक्षुसे दिखाई देता है। जैनदर्शनके अनुसार संसारके समस्त पदार्थोंमें नित्यत्व और अनित्यत्व दोनों धर्म विद्यमान हैं। इसलिए दीपकमें भी नित्यत्व और अनित्यत्व धर्म पाये जाते हैं। दीपकका अनित्यत्व सर्व साधारणमें प्रसिद्ध ही है। इसलिए यहाँ दीपकमें केवल नित्यत्व सिद्ध किया जाता है। नैयायिक लोग अन्धकारको अभावरूप मानते हैं इसलिए नैयायिकोंके अनुसार अन्धकार कोई स्वतन्त्र पदार्थ न होकर केवल प्रकाशका अभाव मात्र है। इसलिए तमको अभावरूप माननेसे नैयायिक दीपकको नित्य नहीं मानते। परन्तु जैनसिद्धान्तके अनुसार तम केवल प्रकाशका अभाव मात्र नहीं है वह प्रकाशकी भाँति ही स्वतन्त्र द्रव्य है। जैनदर्शनमें प्रकाशकी भाँति अन्धकारको भी पुद्गलकी पर्याय माना है। तेजके परमाणु दीपकके प्रकाशकी पर्यायमें परिणत होते हैं। जब तेल आदि समाप्त हो जाता है, अथवा हवाका झोंका लगता है उस समय ये ही परमाणु प्रकाशकी पर्याय छोड़कर तमकी पर्यायमें परिणत हो जाते हैं। जैनदर्शनके अनुसार केवल पर्यायान्तरको प्राप्त करना ही अनित्यत्वका लक्षण नहीं है। उदाहरणके लिए, मिट्टीका घड़ा बनाते समय मिट्टी अनेक पर्यायोंको धारण करती है परन्तु इन अनेक पर्यायोंमें मिट्टीका नाश नहीं हो जाता मिट्टी हरेक पर्यायमें

---

१ स्वभावतः । २ स्थासककोशादयो घटस्योत्पत्तेः प्राक् पूर्व अवस्थाः ।

अथ यद्यत् चाक्षुषं तत्सर्वं स्वप्रतिभासे आलोकमपेक्षते। न चैवं तमः। तत्कथं चाक्षुषम्? नैवम्। उलूकादीनामालोकमन्तरेणापि तत्प्रतिभासात्। यैस्त्वस्मदादिभिरन्यच्चाक्षुषं घटादिकमालोकं विना नोपलभ्यते तैरपि तिमिरमालोकयिष्यते। विचित्रत्वाद् भावानाम्। कथमन्यथा पीतश्वेतादयोऽपि स्वर्णमुक्ताफलाद्या आलोकापेक्षदर्शनाः। प्रदीपचन्द्रादयस्तु प्रकाशान्तरनिरपेक्षाः। इति सिद्धं तमश्चाक्षुषम्॥

रूपवत्त्वाच्च स्पर्शवत्त्वमपि प्रतीयते, शीतस्पर्शप्रत्ययजनकत्वात्। यानि त्वनिबिडावयवत्वमप्रतिघातित्वमनुद्भूतस्पर्शविशेषत्वमप्रतीयमानखण्डावयविद्रव्यप्रविभागत्वमित्यादीनि तमसः पौद्गलिकत्वनिषेधाय परैः साधनान्युपन्यस्तानि तानि प्रदीपप्रभादृष्टान्तेनैव प्रतिषेध्यानि तुल्ययोगक्षेमत्वात्॥

सदा विद्यमान रहती है। इसी तरह दीपकके तेज परमाणुओंका अन्धकार-परमाणुओंमें परिणमन होनेसे द्रव्यका नाश (अनित्यत्व) नहीं होता। यह केवल परमाणुओंका एक पर्यायसे दूसरी पर्यायमें परिणत हो जाना मात्र है। इसलिए हम दीपकको सर्वथा अनित्य ही नहीं कहना चाहिए क्योंकि तम अभावरूप नहीं है। पर्यायसे पर्यायान्तर होनेको ही तम कहते हैं। अन्धकारका पौद्गलिक होना असिद्ध नहीं क्योंकि वह प्रकाशकी तरह चक्षुका विषय है। जो जो चक्षुका विषय होता है वह पौद्गलिक होता है। प्रकाशकी तरह अन्धकार भी चक्षुका विषय है इसलिए वह पौद्गलिक है।

शंका—जो चाक्षुष पदार्थ है वह प्रतिभासित होनेमें आलोककी अपेक्षा रखता है। परन्तु तमके प्रतिभासमें प्रकाशकी जरूरत नहीं इसलिए तम चक्षुका विषय नहीं कहा जा सकता। समाधान—उक्त व्याप्ति ठीक नहीं है। क्योंकि उल्लू आदि बिना आलोकके भी तमको देखते हैं। यह ठीक है कि अन्य चाक्षुष घट पट आदिको बिना प्रकाशके हम नहीं देखते परन्तु इसका यह अर्थ नहीं है कि तमके देखनेमें भी हमें प्रकाशकी आवश्यकता पड़े। संसारमें पदार्थोंके विचित्र स्वभाव होते हैं। पीत सुवर्ण और श्वेत मोती आदि तैजस होनेपर भी बिना प्रकाशके प्रतिभासित नहीं होते जबकि दीपक चन्द्र आदि प्रकाशके बिना ही दृष्टिगोचर होते हैं। अतएव तम चाक्षुष है यद्यपि प्रकाशके अभावमें भी उसका ज्ञान होता है।

तथा अन्धकार रूपवान् होनेके कारण स्पर्शवान् भी है। क्योंकि इसमें शीत स्पर्शका ज्ञान होता है। वैशेषिक लोग तमका पौद्गलिकत्व निषेध करनेके लिए (१) कठोर अवयवोंका न होना (२) अप्रतिघाति होना (३) अनुद्भूत स्पर्शका न होना (४) खण्डित अवयवीरूप द्रव्यविभागकी प्रतीति न होना—आदि हेतु देते हैं। इन हेतुओंको पृथक् २ प्रदीपकी प्रभाके दृष्टान्तसे खण्डन करते हैं। क्योंकि अन्धकार और प्रदीपप्रभा दोनों ही समान हैं। (तात्पर्य यह है कि जैनदर्शनमें प्रकाश और अन्धकारको पुद्गलकी पर्याय माना है अतएव प्रकाशकी भाँति अन्धकार भी एक स्वतन्त्र वस्तु है अन्धकार भी प्रकाशकी भाँति चक्षुका विषय है। परन्तु वैशेषिकोंके मतमें प्रकाशका अभाव ही तम है स्वतन्त्र द्रव्य वह नहीं। वैशेषिकोंका कहना है कि जो घट पट पदार्थ चक्षुसे जाने जाते हैं उन सबमें प्रकाशकी आवश्यकता होती है जबकि तमको जाननेमें प्रकाशकी जरूरत नहीं पड़ती इसलिए तम चक्षुका विषय नहीं है और इसलिए उसे पुद्गलकी पर्याय भी नहीं कहा जा सकता। इसके उत्तर में जैनोंका कथन है कि वैशेषिकोंकी उपर्युक्त व्याप्ति ठीक नहीं कही जा सकती। कारण कि बिल्ली उल्लू वगैरह प्रकाशके न रहते हुए भी तमका ज्ञान करते हैं। इसलिए यह व्याप्ति सकलगत नहीं कि समस्त चाक्षुष पदार्थ आलोककी अपेक्षा रखते हैं। सुवर्ण मोती आदि चाक्षुष होनेपर प्रकाशकी सहायतासे प्रतिभासित होते हुए देखे जाते हैं परन्तु दीपक चन्द्र आदि नहीं। इसलिए प्रकाशकी भाँति तमको भी चक्षुका विषय मानना युक्तियुक्त है। अन्धकार चाक्षुष होनेसे जैनदर्शनमें उसे स्पर्शवान् भी माना गया है। क्योंकि जैनदर्शनके अनुसार किसी पदार्थमें स्पर्श रस गन्ध और वर्णमेंसे किसी एकके रहनेपर बाकीके तीन गुण उसमें अवश्य रहते हैं। यही पुद्गलका लक्षण भी है। परन्तु वैशेषिकोंको अन्धकारमें स्पर्शत्व स्वीकार करना अभीष्ट नहीं है। उनका कहना है कि अन्धकारमें कठोरता

न च वाच्यं तैजसाः परमाणवः कथं तमस्त्वेन परिणमन्त इति। पुद्गलानां तत्तत्सामग्रीसहकृतानां विसदृशकार्योत्पादकत्वस्यापि दर्शनात्। दृष्टो ह्यार्द्रेन्धनसंयोगवशाद् भास्वररूपस्यापि वह्नेरभास्वररूपधूमरूपकार्योत्पादः। इति सिद्धो नित्यानित्यः प्रदीपः। यदापि निर्वाणादर्वाग्देदीप्यमानो दीपस्तदापि नवनवपर्यायोत्पादविनाशभाक्त्वात् प्रदीपत्वान्वयाच्च नित्यानित्य एव॥

एवं व्योमाप्युत्पादव्ययध्रौव्यात्मकत्वाद् नित्यानित्यमेव। तथाहि। अवगाहकानां जीवपुद्गलानामवगाहदानोपग्रह[1] एव तल्लक्षणम्। 'अवकाशदमाकाशम्'[2] इति वचनात्। यदा चावगाहका जीवपुद्गलाः प्रयोगतो[3] विस्रसातो[4] वा एकस्मान्नभःप्रदेशात् प्रदेशान्तरमुपसर्पन्ति तदा तस्य व्योम्नस्तैरवगाहकैः सममेकस्मिन् प्रदेशे विभागः उत्तरस्मिंश्च प्रदेशे संयोगः। संयोगविभागौ च परस्परं विरुद्धौ धर्मौ। तद्भेदे चावश्यं धर्मिणो भेदः। तथा चाहुः "अयमेव हि भेदो भेदहेतुर्वा यद्विरुद्धधर्माध्यासः कारणभेदश्चेति"[5]। ततश्च तदाकाशं पूर्वसंयोगविनाशलक्षणपरिणामापत्त्या विनष्टम्, उत्तरसंयोगोत्पादाख्यपरिणामानुभवाच्चोत्पन्नम्। उभयत्राकाशद्रव्यस्यानुगतत्वाच्चोत्पादव्यययोरेकाधिकरणत्वम्॥

नहीं है, वह अप्रतिघाति है, उसमें स्पर्श नहीं और उसका विभाग नहीं हो सकता, इसलिए अन्धकार पौद्गलिक नहीं कहा जा सकता। जैनदर्शन उक्त हेतुओंका प्रदीप प्रभाके दृष्टान्तसे खण्डन करता है। जैन दर्शनके अनुसार अन्धकार और दीपककी प्रभामें पर्यायरूपसे कोई अन्तर नहीं। इसलिए यदि वैशेषिक लोग दीपककी प्रभाको पौद्गलिक मानते हैं, तो उन्हें अन्धकारको भी पुद्गलकी पर्याय मानना चाहिए। क्योंकि प्रकाशकी भाँति अन्धकार भी द्रव्यकी पर्याय है, फिर दोनोंमें असमानता क्यों ?)

दीपकके तेज-परमाणु तमरूपमें कैसे परिणत हो सकते हैं, यह शंका भी निर्मूल है। क्योंकि पुद्गलोंको अमुक सामग्रीका सहकार मिलनेपर विसदृश कार्योंकी भी उत्पत्ति होती है। उदाहरणके लिए, प्रकाशमान अग्निसे, गीले ईंधनके सहयोगसे अप्रकाशमान धूमकी उत्पत्ति होती है। (इसलिए यह नियम नहीं है कि तेजके परमाणुओंसे तेजरूप कार्यकी ही उत्पत्ति हो, अन्धकाररूप कार्यकी नहीं, क्योंकि तेजरूप अग्निसे भी अन्धकाररूप धूमकी उत्पत्ति देखी जाती है। इसलिए सिद्ध होता है कि दीपककी पर्यायमें परिणत तेजके परमाणु तेल आदिके क्षय हो जानेसे ही अन्धकाररूप पर्यायान्तरको धारण करते हैं। वास्तवमें द्रव्यकी अपेक्षा दीपक नित्य है, केवल पर्यायकी अपेक्षासे ही वह अनित्य कहा जा सकता है।) तथा दीपकके बुझनेसे पहले देदीप्यमान दीपक अपनी नयी-नयी पर्यायोंके उत्पन्न और नाश होनेकी अपेक्षा अनित्य है, परन्तु इन पर्यायोंके बदलते रहनेपर भी हमें यह भान होता रहता है कि एक ही दीपककी ये असंख्य पर्याय हैं, इसलिए दीपक नित्य है। अतः दीपकका नित्यानित्यत्व सिद्ध होता है।

इसी प्रकार आकाश भी उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यरूप होनेसे नित्य और अनित्य दोनों है (देखिए परिशिष्ट [क])। जीव और पुद्गलोंको अवकाश दान देना (स्थान देना) ही आकाशका लक्षण है। कहा भी है, अवकाश देनेवालेको आकाश कहते हैं। जब आकाशमें रहनेवाले जीव और पुद्गल किसीकी प्रेरणासे अथवा अपने स्वभावसे आकाशके एक प्रदेशसे दूसरे प्रदेशमें जाते हैं

---

१ उपग्रह —उपकार इति तत्त्वार्थभाष्ये।

२ उत्तराध्ययनसूत्र अध्ययने २८ गाथा ९। अत्र वृत्तौ महोपाध्यायश्रीमद्भावविजयगणिकृतायामिदमुपलभ्यते।

३ पुरुषशक्त्या।

४ स्वभावेन।

५ वस्तूनि द्विविधानि लक्षणभेदात्कारणभेदाच्च। घटो जलाहरणादिगुणवान् पटश्च शीतत्राणादिगुणवान्। तथा घटस्य कारणं मृत्पिण्डादि। पटस्य कारणं तन्त्वादि।

तथा च यद् "अप्रच्युतानुत्पन्नस्थिरैकरूपं नित्यम्" इति नित्यलक्षणमाचक्षते। तदपास्तम्। एवंविधस्य कस्यचिद्वस्तुनोऽभावात्। "तद्भावाव्ययं नित्यम्" इति तु सत्यं नित्यलक्षणम्। उत्पादविनाशयोः सद्भावेऽपि तद्भावात् अन्वयिरूपात् यन्न व्येति तन्नित्यमिति तदर्थस्य घटमानत्वात्। यदि हि अप्रच्युतादिलक्षणं नित्यमिष्यते तदोत्पादव्ययोर्निराधारत्वप्रसङ्गः। न च तयोर्योगे नित्यत्वहानि ।

"द्रव्यं पर्यायवियुतं पर्याया द्रव्यवर्जिताः ।
क्व कदा केन किंरूपा दृष्टा मानेन केन वा ? ॥"[2]

उस समय आकाशका जीव पुद्गलोंके साथ एक प्रदेशमें विभाग और दूसरे प्रदेशमें संयोग होता है। ये संयोग और विभाग एक दूसरेके विरुद्ध है। इसलिए संयोग विभागमें भेद होनेसे संयोग विभागको धारण करनेवाले आकाशमें भी भेद होना चाहिए। कहा भी है विरुद्ध धर्मोंका रहना और भिन्न भिन्न कारणोंका होना यही भेद और भेदका कारण है। (यहाँपर लक्षण और कारणके भेदसे भेद दो प्रकारका बताया गया है। जैसे घट जल लाने और पट ठण्डसे बचानेके काममें आता है—यही घट और पटमें लक्षण भेद है। तथा घट मृत्तिकाके पिण्ड और पट तन्तुसे उत्पन्न होता है—यही घट और पटका कारण भेद है।) इसलिए यहाँ पुद्गलके एक प्रदेशमें संयोगके विनाशसे आकाशमें व्यय होता है और दूसरे प्रदेशमें संयोगके होनेसे आकाशमें उत्पाद होता है। तथा उत्पाद और व्यय दोनों अवस्थाओंमें आकाश ही एक अधिकरण है इसलिए आकाश ध्रौव्य है। (भाव यह है कि जैनदर्शनके अनुसार दीपकको तरह आकाश भी नित्यानित्य है। जैनसिद्धान्तमें आकाश एक अनन्त प्रदेशवाला अखण्ड द्रव्य माना गया है। आकाश द्रव्यका काम जीव और पुद्गलको अवकाश देना है। जिस समय जीव और पुद्गल द्रव्य आकाशके एक प्रदेशको छोड़कर दूसरे प्रदेशके साथ संयोग करते हैं उस समय आकाशका जीव पुद्गलके साथ विभाग और संयोग होता है। अर्थात् जीव पुद्गलके आकाश प्रदेशोंको छोड़नेके समय आकाशमें विभाग और जीव पुद्गलके आकाश प्रदेशोंके साथ संयोग करनेके समय आकाशमें संयोग होता है। दूसरे शब्दोंमें कहना चाहिए कि एक ही आकाशमें संयोग विभाग नामके दो विरुद्ध धर्म पाये जाते हैं। क्योंकि संयोग विभाग नामके धर्मोंमें भेद होनेसे संयोग विभाग धर्मोंको धारण करनेवाले आकाश धर्मीमें भी भेद पाया जाता है। अतएव जीव पुद्गलके आकाश प्रदेशोंको छोड़कर अन्यत्र गमन करनेमें जीव पुद्गलका आकाशके प्रदेशोंके साथ संयोगका विनाश होता है अर्थात् आकाशमें विनाश (व्यय) होता है। तथा जीव-पुद्गलका आकाशके दूसरे प्रदेशोंके साथ संयोग होनेके समय आकाशमें उत्पाद होता है। तथा उक्त उत्पाद और व्यय दोनों दशाओंमें आकाश मौजूद रहता है इसलिए आकाशमें ध्रौव्य भी है। अतएव आकाशमें उत्पाद-व्यय होनेसे अनित्यत्व और ध्रौव्य होनेसे नित्यत्वकी सिद्धि होती है।)

इस पूर्वोक्त कथनसे जो नाश और उत्पन्न न होता हो और एकरूपसे स्थिर रहे उसे नित्य कहते हैं —इस नित्यत्वके लक्षणका भी खण्डन हो जाता है। क्योंकि ऐसा कोई भी पदार्थ नहीं जो उत्पत्ति और नाशसे रहित हो और सदा एकसा रहे। पदार्थके स्वरूपका नाश नहीं होना नित्यत्व है —जैनदर्शन द्वारा मान्य नित्यत्वका यही लक्षण ठीक है। क्योंकि उत्पाद और विनाशके रहते हुए भी जो अपने स्वरूपको नहीं छोड़ता वही नित्य है। यदि अप्रच्युत आदि पूर्वोक्त नित्यका लक्षण माना जाये तो उत्पाद और व्ययका कोई भी आधार न रहेगा। जैनसिद्धान्तके अनुसार नित्य पदार्थमें जो उत्पाद और व्यय माना गया है, उससे पदार्थकी नित्यतामें कोई हानि नहीं आती। कहा भी है—

पर्यायरहित द्रव्य और द्रव्यरहित पर्याय किसने किस समय कहाँपर किस रूपमें और कौनसे प्रमाणसे देखे हैं? अर्थात् द्रव्य बिना पर्याय और पर्याय बिना द्रव्य कहीं भी सम्भव नहीं।

---

१ तत्त्वार्थसूत्रम् अ ५ सू ३ ।

२ एतदर्थिका गाथा सम्मतितर्के प्रथमकाण्डे दृश्यते—
दव्वं पज्जवविउयं दव्वविउत्ता य पज्जवा नत्थि ॥१२॥

इति वचनात् ॥

लौकिकानामपि घटाकाशं पटाकाशमिति व्यवहारप्रसिद्धेराकाशस्य नित्यानित्यत्वम्। घटाकाशमपि हि यदा घटापगमे, पटेनाक्रान्तं, तदा पटाकाशमिति व्यवहारः। न चायमौपचारिकत्वादप्रमाणमेव। उपचारस्यापि किञ्चित्साधर्म्यद्वारेण मुख्यार्थस्पर्शित्वात्। नभसो हि यत्किल सर्वव्यापकत्वं मुख्यं परिमाणं तत् तदाधेयघटपटादिसम्बन्धिनियतपरिमाणवशात् कल्पितभेदं सत् प्रतिनियतदेशव्यापितया व्यवह्रियमाणं घटाकाशपटाकाशादि तत्तद्व्यपदेशनिबन्धनं भवति। तत्तद्घटादिसम्बन्धे च व्यापकत्वेनावस्थितस्य व्योम्नोऽवस्थान्तरापत्तिः। ततश्चावस्थाभेदेऽवस्थावतोऽपि भेदः। तासां ततोऽविष्वग्भावात्। इति सिद्धं नित्यानित्यत्वं व्योम्नः ॥

(भाव यह है कि जैनोंको वैशेषिकोंका नित्यत्व लक्षण मान्य नहीं है। वैशेषिकोंके अनुसार जिसमें उत्पत्ति और नाश न हो और जो सदा एकसा रहे वही नित्य है। जैन इस मान्यताको स्वीकार नहीं करते। उनके अनुसार उत्पाद और व्ययके होते हुए भी पदार्थके स्वरूपका नाश नहीं होना ही नित्यत्व है। जैनसिद्धान्तके अनुसार वैशेषिकोंका नित्यत्व लक्षण स्वीकार करनेसे उत्पाद और व्ययको कोई स्थान नहीं मिलता। क्योंकि कूटस्थ नित्यत्वमें उत्पत्ति और नाशका होना सम्भव नहीं। तथा उत्पाद और व्ययके अभावसे कोई भी पदार्थ सत् नहीं कहा जा सकता। इसलिए जैन लोग कहते हैं कि नित्यत्वको सर्वथा नित्य न मानकर उत्पाद व्यय सहित नित्य अर्थात् आपेक्षिक नित्य मानना चाहिए। क्योंकि कहीं भी द्रव्य और पर्याय अलग अलग नहीं पाये जाते। द्रव्यको छोड़कर पर्यायका और पर्यायको छोड़कर द्रव्यका अस्तित्व सम्भव नहीं। अतएव द्रव्यकी अपेक्षासे पदार्थ नित्य है और पर्यायकी अपेक्षासे अनित्य इस तरह नित्य अनित्य दोनों साथ रहते हैं। इसीलिए आकाश भी नित्यानित्य है।)

प्रकारान्तरसे भी आकाश नित्यानित्य है क्योंकि सर्वसाधारणमें भी यह घटका आकाश है यह पटका आकाश है यह व्यवहार होता है। जिस समय घटका आकाश घटके दूर हो जानेपर पटसे संयुक्त होता है उस समय वही घटका आकाश पटका आकाश कहा जाता है। यह घटका आकाश पटका आकाश का व्यवहार उपचारसे होता है इसलिए अप्रमाण नहीं कहा जा सकता। क्योंकि उपचार भी किसी न किसी साधर्म्यसे ही मुख्य अर्थको द्योतित करनेवाला होता है। आकाशका सर्वव्यापकत्व मुख्य परिमाण आकाशमें रहनेवाले घट पटादि सम्बन्धी नियत परिमाणसे भिन्न होकर प्रतिनियत प्रदेशोंमें व्यापक होनेसे ही घटाकाश पटाकाश आदि व्यवहारका कारण होता है। अर्थात् मुख्यरूपसे सर्वव्यापकत्व परिमाण वाला आकाश अपने आधेय घट पटादिके सम्बन्धसे प्रतिनियत देशव्यापित्व परिमाणरूप कहा जाता है। इसीसे यह घटाकाश है यह पटाकाश है यह व्यवहार होता है। तथा व्यापक आकाशके अमुक घट पट आदिके सम्बन्धसे एक अवस्थासे अवस्थान्तरकी उत्पत्ति होती है। अवस्थाभेद होनेपर अवस्थाके धारक आकाशमें भेद होता है। क्योंकि ये अवस्थायें आकाशसे अभिन्न हैं। (भाव यह है कि जिस समय घट एक स्थानसे (आकाशसे) अलग होता है और उसकी जगह पट रखा जाता है तो यह घटका आकाश है यह पटका आकाश है इस प्रकारका व्यवहार होता है। अर्थात् आकाशमें एक ही जगह घटाकाशका नाश होता है और पटाकाशकी उत्पत्ति होती है। इसलिए आकाशमें नित्यानित्य दोनों धर्म विद्यमान हैं। यह घटाकाश और पटाकाशका व्यवहार औपचारिक है अर्थात् वास्तवमें आकाशमें उत्पाद-विनाश नहीं होता केवल आकाशके आश्रय घट पटादिके परिवर्तनसे ही आकाशमें परिवर्तन होनेका व्यवहार होता है यह शंका ठीक नहीं। क्योंकि मुख्य अर्थके सम्बन्धके बिना उपचार नहीं हो सकता। प्रस्तुत प्रसंगमें आकाशका सर्वव्यापकत्व मुख्य परिमाण है। यही मुख्य परिमाण आकाशके आधेय घट पटादिके सम्बन्धसे प्रतिनियत देशपरिमाणरूप कहा जाता है। इसीसे घटाकाश पटाकाश आदि व्यवहार होता है। अतएव

पातञ्जलटीकाकारा[1] अपि हि नित्यानित्यमेव वस्तु प्रपन्नाः। तथा चाहुस्ते—"त्रिविधः खल्वयं धर्मिणः परिणामो धर्मलक्षणावस्थारूप। सुवर्णं धर्मि। तस्य धर्मपरिणामो वर्धमानरुचकादिः। धर्मस्य तु लक्षणपरिणामोऽनागतत्वादिः। यदा खल्वयं हेमकारो वर्धमानकं भङ्क्त्वा रुचकमारचयति तदा वर्धमानको वर्तमानतालक्षणं हित्वा अतीततालक्षणमापद्यते। रुचकस्तु अनागततालक्षणं हित्वा वर्तमानतालक्षणमापद्यते। वर्तमानतापन्न एव तु रुचको नवपुराण भावमापद्यमानोऽवस्थापरिणामवान् भवति। सोऽयं त्रिविधः परिणामो धर्मिण। धर्मलक्षणावस्थाश्च धर्मिणो भिन्नाश्चाभिन्नाश्च। तथा च ते धर्म्यभेदात् तन्नित्यत्वेन नित्या। भेदाच्चोत्पत्तिविनाशविषयत्वम्। इत्युभयमुपपन्नमिति[2]॥"

अथोत्तरार्धं विव्रियते। एवं चोत्पादव्ययध्रौव्यात्मकत्वे सर्वभावानां सिद्धेऽपि तद्वस्तु एकमाकाशात्मादिकं नित्यमेव अन्यच्च प्रदीपघटादिकमनित्यमेव इत्येवकारोऽत्रापि सम्बध्यते। इत्थं हि दुर्नयवादापत्तिः[3]। अनन्तधर्मात्मके वस्तुनि स्वाभिप्रेतनित्यत्वादिधर्मसमर्थनप्रवणा शेषधर्मतिरस्कारेण प्रवर्त्तमाना दुर्नया इति तल्लक्षणात्। इत्यनेनोल्लेखेन त्वदाज्ञाद्विषतां—भवत्प्रणीतशासनविरोधिनां, प्रलापा—प्रलपितानि असम्बद्धवाक्यानीति यावत्॥

अत्र च प्रथममादीपमिति परप्रसिद्ध्यानित्यपक्षोल्लेखेऽपि यदुत्तरत्र यथासंख्यपरिहारेण पूर्वतर नित्यमेवैकमित्युक्तम् तदेव ज्ञापयति। यदनित्य तदपि नित्यमेव कथञ्चित्। यच्च नित्य तदप्यनित्यमेव कथञ्चित्। प्रक्रान्तवादिभिरप्येकस्यामेव पृथिव्यां नित्यानित्यत्वाभ्युपगमात्।

सर्वव्यापी आकाशके साथ घट पट आदिका सम्बन्ध होनेपर आकाशकी अवस्थाओंमें परिवर्तन होता है। आकाशकी अवस्थाओंमें परिवर्तन होनसे आकाशमें परिवर्तन होता है। इसलिए आकाशको नित्य अनित्य ही मानना चाहिए।)

पातञ्जलयोगको माननेवाले भी वस्तुको नित्यानित्य स्वीकार करते हैं। उनका कथन है— धर्मीका परिणाम धर्म लक्षण और अवस्थाके भेदसे तीन प्रकारका है। धर्मी सुवर्णका धर्म परिणाम वर्धमान रुचक आदि है। धर्मके आगामी कालमें होनेको लक्षण परिणाम कहते हैं। जिस समय सुनार वर्धमानकको तोडकर रुचक बनाता है उस समय वर्धमानक वर्तमान लक्षणको छोडकर अतीत लक्षणको तथा रुचक अनागत लक्षणको छोडकर वर्तमान लक्षणको प्राप्त करता है। वर्तमान दशाको प्राप्त रुचक नये और पुरानेपनको धारण करता हुआ धर्मीका अवस्था-परिणाम कहा जाता है। धर्म लक्षण और अवस्थाके भेदसे धर्मीका यह परिणाम धर्मीसे भिन्न भी है और अभिन्न भी। धर्म लक्षण और अवस्था धर्मीसे अभिन्न हैं इसलिए धर्मीके नित्य होनेसे ये भी नित्य हैं और धर्मीसे भिन्न होनेके कारण उत्पन्न और नाश होनेवाले हैं इसलिए अनित्य हैं। इस प्रकार धर्म लक्षण और अवस्था नित्य अनित्य दोनों हैं।

अब श्लोकके उत्तरार्धका विवेचन करते हैं। इस प्रकार सब पदार्थोंके उत्पाद व्यय ध्रौव्यरूप सिद्ध होनेपर आकाश आत्मा आदि सर्वथा नित्य हैं और प्रदीप घट आदि सर्वथा अनित्य—यह मानना दुर्नयवादको स्वीकार करना है। वस्तुके अनन्तधर्मात्मक होनेपर भी सब धर्मोंका तिरस्कार करके केवल अपने अभीष्ट नित्यत्व आदि धर्मोंका ही समर्थन करना दुर्नय है। इस उल्लेखसे यह प्रतिपादित किया है कि आपके द्वारा प्रणीत शासनके विरोधियोंके ये असबद्ध वाक्य ही हैं।

इस श्लोकके पूर्वार्धमें ग्रन्थकारने अनित्य दीपक और नित्य व्योमका क्रमसे उल्लेख किया है। परन्तु उत्तरार्धमें इस क्रमका उल्लंघन करके पहले नित्य और बादमें अनित्यका उल्लेख है। इस तरह पूर्वार्धमें जो क्रमसे अनित्य और नित्य है वही उत्तरार्धमें क्रमसे नित्य और अनित्य प्रतिपादित किया गया है। इस शका

---

१ पातञ्जलयोगानुसारिण। २ पातञ्जलयोगसूत्र ३।१३ इत्यस्योपरि व्यासभाष्यम्।

३ निःशेषांशजुषां प्रमाणविषयीभूय समासेदुषां। वस्तूनां नियतांशकल्पनपराः सप्त श्रुतासङ्गिनः॥
औदासीन्यपरायणास्तदपरे चांशे भवेयुर्नयाश्चेदेकान्तकलङ्कपङ्ककलुषास्ते स्युस्तदा दुर्नयाः॥१॥
इति नयप्रदीपोक्तम् श्रीजगत्-स्याद्वादमञ्जर्यामग्रन्थे।

तथा च प्रशस्तकारः—"सा तु द्विविधा नित्या चानित्या च। परमाणुलक्षणा नित्या, कार्यलक्षणा[1] त्वनित्या" इति ॥

न चात्र परमाणुकार्यद्रव्यलक्षणविषयद्वयभेदाद् नैकाधिकरणं नित्यानित्यत्वमिति वाच्यम्, पृथिवीत्वस्योभयत्राप्यव्यभिचारात्। एवमबादिष्वपीति। आकाशेऽपि संयोगविभागाङ्गीकारात् तैरनित्यत्वं युक्त्या प्रतिपन्नमेव। तथा च स एवाह—"शब्दकारणत्ववचनात् संयोगविभागौ"[3] इति नित्यानित्यपक्षयोः संवलितत्वम्। एतच्च लेशतो भावितमेवेति ॥

प्रलापप्रायत्वं च परवचनानामित्थं समर्थनीयम्। वस्तुनस्तावदर्थक्रियाकारित्वं लक्षणम्। तच्चैकान्तनित्यानित्यपक्षयोर्न घटते। अप्रच्युतानुत्पन्नस्थिरैकरूपो हि नित्यः। स च क्रमेणार्थक्रियां कुर्वीत, अक्रमेण वा? अन्योन्यव्यवच्छेदरूपाणां प्रकारान्तरासम्भवात्। तत्र न तावत् क्रमेण स हि कालान्तरभाविनीः क्रियाः प्रथमक्रियाकाल एव प्रसह्य कुर्यात् समर्थस्य कालक्षेपायोगात्। कालक्षेपिणो वा असामर्थ्यप्राप्तेः। समर्थोऽपि तत्तत्सहकारिसमवधाने तं तमर्थं करोतीति चेत्, न तर्हि सामर्थ्यम् अपरसहकारिसापेक्षवृत्तित्वात्। 'सापेक्षमसमर्थम्' इति न्यायात् ॥

का उत्तर है कि इस क्रमके उल्लंघन करनेका केवल यही अभिप्राय है कि कोई भी पदार्थ सर्वथा नित्य अथवा अनित्य नहीं कहा जा सकता—जो अनित्य है वह भी कथंचित् नित्य है और जो नित्य है वह भी कथंचित् अनित्य है। वैशेषिकोंने भी एक ही पृथिवीमें नित्य और अनित्य दोनों धर्म माने हैं। प्रशस्तकारने कहा है पृथिवी नित्य अनित्य दो प्रकारकी है। परमाणुरूप पृथिवी नित्य और कार्यरूप पृथिवी अनित्य है।

यहाँपर शंका हो सकती है कि प्रशस्तकारके उक्त कथनमें पृथिवीका नित्यानित्यत्व सिद्ध नहीं होता। क्योंकि नित्यानित्य दोनों धर्मोंका अधिकरण एक पृथिवी नहीं है किन्तु परमाणु और कार्य दो अलग अलग पदार्थ हैं। परन्तु यह शंका ठीक नहीं है। क्योंकि पृथिवीत्व नित्य पृथिवी अर्थात् परमाणु पृथिवी और अनित्य अर्थात् कार्यरूप पृथिवी दोनोंमें रहता है इसलिए पृथिवी एकका नित्यत्व और अनित्यत्व दोनोंके साथ एकाधिकरण है। जल आदिमें भी वैशेषिकोंने नित्यानित्यरूप दोनों धर्म स्वीकार किये हैं। तथा संयोग विभागके अंगीकार करनेसे आकाशमें भी उन्होंने युक्तिपूर्वक अनित्यत्व माना है। प्रशस्तभाष्यमें कहा भी है आकाश शब्दका कारण है इससे आकाशमें संयोग और विभाग होते हैं। इस प्रकार भाष्यकारने आकाशको नित्य अनित्य स्वीकार किया है।

अब यहाँपर वादियोंके वचनोंको प्रलापप्राय बताकर सामान्यरूपसे वस्तुके नित्यत्वानित्यत्वका समर्थन करते हैं। अर्थक्रियाकारित्व ही वस्तुका लक्षण है। वस्तुको एकान्त नित्य अथवा एकान्त अनित्य स्वीकार करनेसे यह लक्षण घटित नहीं होता। क्योंकि वैशेषिकोंके अनुसार जिसका कभी नाश न हो जो उत्पन्न न हो और जो सदा एकरूप रहे वही नित्य है। अब यदि नित्य वस्तु वास्तवमें कोई वस्तु है तो उसमें अर्थक्रियाकारित्व होना चाहिए। यहाँ प्रश्न होता है कि यह अर्थक्रिया नित्य पदार्थमें क्रमसे होती है अथवा अक्रमसे? अन्योन्यव्यवच्छेदकोंमें किसी अन्य प्रकारकी सम्भावना नहीं है। नित्य पदार्थमें क्रमसे अर्थक्रिया नहीं बन सकती। क्योंकि नित्य पदार्थ समर्थ है इसलिए कालान्तरमें होनेवाली क्रियाओंको वह प्रथम क्षणमें होनेवाली क्रियाओंके समयमें ही एक साथ कर सकता है क्योंकि जो समर्थ है वह कार्य करनेमें विलम्ब करता है तो वह सामर्थ्यवान नहीं कहा जा सकता। यदि कोई शंका करे कि पदार्थके समर्थ होनेपर भी अमुक सहकारी कारणोंके मिलनेपर ही पदार्थ अमुक कार्य करता है तो इससे नित्य पदार्थकी असमर्थता ही सिद्ध होती है क्योंकि वह नित्य पदार्थ दूसरोंके सहयोगकी अपेक्षा रखता है। न्यायका वचन भी है—जो दूसरोंकी अपेक्षा रखता है वह असमर्थ है।

---

१ द्व्यणुकादिलक्षणा। २ वैशेषिकदर्शन प्रशस्तपादभाष्य पृथिवीनिरूपणप्रकरण। ३ प्रशस्तपादभाष्ये आकाशनिरूपणे। ४ हेमहंसगणिसमुच्चितहैमन्यायसंग्रह-न्याय. २८।

न तेन सहकारिणोऽपेक्ष्यन्ते अपि तु कार्यमेव सहकारिष्वसत्स्वभवत् तानपेक्षत इति चेत्, तत् किं स भावोऽसमर्थः, समर्थो वा ? समर्थश्चेत् किं सहकारिमुखप्रेक्षणदीनानि तान्यपेक्षते न पुनर्झटिति घटयति । ननु समर्थमपि बीजम् [1]इलाजलानिलादिसहकारिसहित-मेवाङ्कुरं करोति, नान्यथा । तत् किं तस्य सहकारिभिः किञ्चिदुपक्रियेत, न वा ? यदि नोपक्रियेत, तदा सहकारिसन्निधानात् प्रागिव किं न तदाप्यर्थक्रियायामुदास्ते । उपक्रियेत चेत् सः, तर्हि तैरुपकारोऽभिन्नो, भिन्नो वा क्रियत इति वाच्यम् । अभेदे स एव क्रियते । इति लाभ-मिच्छतो[2] मूलक्षतिरायाता कृतकत्वेन तस्यानित्यत्वापत्तेः ॥

भेदे तु कथं तस्योपकारः, किं न सह्यविन्ध्यादेरपि । तत्सम्बन्धात् तस्यायमिति चेत्, उपकार्योपकारयोः कः सम्बन्धः ? न तावत् संयोगः, द्रव्ययोरेव तस्य भावात् । अत्र तु उपकार्यं द्रव्यम् उपकारश्च क्रियेति न संयोगः । नापि समवायः तस्यैकत्वात् व्यापकत्वाच्च प्रत्यासत्तिविप्रकर्षाभावेन सर्वत्र तुल्यत्वाद् न नियतैः सम्बन्धिभिः सम्बन्धो युक्तः । नियतसम्बन्धि-सम्बन्धे चाङ्गीक्रियमाणे तत्कृत उपकारोऽस्य समवायस्याभ्युपगन्तव्यः । तथा च सति उपकारस्य

अब यदि कहा जाय कि नित्य पदार्थ स्वयं सहकारी कारणोंकी अपेक्षा नहीं करते परन्तु सहकारी कारणोंके अभावमें नहीं होनेवाला कार्य ही सहकारी कारणोंकी अपेक्षा रखता है तो प्रश्न होता है कि वह नित्य पदार्थ समर्थ है या असमर्थ ? यदि वह समर्थ है तो वह सहकारी कारणोंके मुँहकी तरफ क्यों देखता है ? क्यों झटपट कार्य नहीं कर डालता ? यदि कहो कि जिस प्रकार बीजके समर्थ होते हुए भी बीज पृथिवी जल वायु आदिके सहयोगसे ही अंकुरको उत्पन्न करता है अन्यथा नहीं इसी प्रकार नित्य पदार्थ समर्थ होते हुए भी सहकारियोंके बिना कार्य नहीं करता । तो प्रश्न होता है कि सहकारी कारण नित्य पदार्थका कुछ उपकार करते हैं या नहीं ? यदि सहकारी कारण नित्य पदार्थका कुछ उपकार नहीं करते हैं तो वह नित्य पदार्थ जैसे सहकारी कारणोंके सम्बन्धके पहले अर्थक्रिया करनेमें उदास था वैसे ही सहकारियोंके संयोग होनेपर भी क्यों उदास नहीं रहता ? यदि कहो कि सहकारी नित्य पदार्थका उपकार करते हैं तो प्रश्न होता है कि यह उपकार पदार्थसे अभिन्न है या भिन्न ? यदि सहकारी पदार्थसे अभिन्न ही उपकार करते हैं तो सिद्ध हुआ कि नित्य पदार्थ ही अर्थक्रियाको करता है । इस प्रकार लाभकी इच्छा रखनेवाले वादीके मूलका भी नाश हो जाता है । क्योंकि यदि नित्य पदार्थ सहकारियोंकी अपेक्षा रखेगा तो वह कृतक हो जायगा और कृतक होनेसे वह नित्य नहीं रह सकता ।

यदि सहकारियोंका उपकार पदार्थसे भिन्न है तो भेदत्व सामान्यसे सह्य विन्ध्यके साथ भी उस भिन्न उपकारका सम्बन्ध क्यों नहीं मानते ? (अर्थात् यदि सहकारियोंके उपकारसे नित्य पदार्थ सर्वथा भिन्न है तो यह नहीं मालूम हो सकता कि वह उपकार नित्य पदार्थका ही है । ऐसी हालतमें सह्य और विन्ध्यका भी उपकार माना जा सकता है क्योंकि सहकारियों तथा सह्य और विन्ध्यमें भी भेद है ।) यदि कहो कि नित्य पदार्थके साथ उपकारके सम्बन्धसे यह उपकार इस नित्य पदार्थका है—ऐसी प्रतीति होती है तो प्रश्न होता है कि उपकार्य और उपकार दोनोंमें कौनसा सम्बन्ध है ? उपकार और उपकार्यमें संयोग सम्बन्ध बन नहीं सकता क्योंकि दो द्रव्योंमें ही संयोग सम्बन्ध होता है । यहाँपर उपकार्य द्रव्य है और उपकार क्रिया है इसलिए संयोग-सम्बन्ध सम्भव नहीं । उपकार्य और उपकारमें समवाय-सम्बन्ध भी नहीं बन सकता । क्योंकि समवाय एक है और व्यापक है । इसलिए समवाय न किसी पदार्थसे दूर है और न समीप वह सब पदार्थोंमें समान है । अतएव नियत सम्बन्धियोंके साथ समवायका सम्बन्ध मानना ठीक नहीं । यदि नियत सम्बन्धियोंके साथ समवायका सम्बन्ध स्वीकार किया जाय तो सहकारियोंसे किये हुए उपकारको भी समवायका उपकार मानना चाहिए । तथा इस तरह उपकारके विषयमें जो भेद अभेद कल्पनाएं की गयी थीं वे

१ पृथिवी । २ यदा कश्चिद्वाधुषिः स्वद्रव्यं कुसीदेच्छयाधमर्णाय प्रयच्छति । तेनाधमर्णेन न मूलद्रव्यं न वा कुसीदं प्रत्यावर्त्यते तदायं न्यायः समापतति । वृद्धिमिच्छतो मूलद्रव्यक्षतिरुत्पन्नेत्यर्थः ।

भेदाभेदकल्पना तदवस्थैव । उपकारस्य समवायस्य चाभेदे समवाय एव कृतः स्यात् । भेदे पुनरपि समवायस्य न नियतसम्बन्धिसम्बन्धत्वम् । तन्नैकान्तनित्यो भावः क्रमेणार्थक्रियां कुरुते ॥

नाप्यक्रमेण । नह्येको भावः सकलकालकलाकलापभाविनीर्युगपत् सर्वाः क्रियाः करोतीति प्रातीतिकम् । कुरुतां वा, तथापि द्वितीयक्षणे किं कुर्यात् । करणे वा क्रमपक्षभावी दोषः । अकरणे त्वर्थक्रियाकारित्वाभावाद् अवस्तुत्वप्रसङ्गः । इत्येकान्तनित्यात् क्रमाक्रमाभ्यां व्याप्तार्थक्रिया व्यापकानुपलब्धिबलाद् व्यापकनिवृत्तौ निवर्तमाना स्वव्याप्यमर्थक्रियाकारित्वं निवर्तयति । अर्थक्रियाकारित्वं च निवर्तमानं स्वव्याप्यं सत्त्वं निवर्तयति । इति नैकान्तनित्यपक्षो युक्तिक्षमः ॥

एकान्तानित्यपक्षोऽपि न कक्षीकरणार्हः । अनित्यो हि प्रतिक्षणविनाशी स च न क्रमेणार्थक्रियासमर्थो देशकृतस्य कालकृतस्य च क्रमस्यैवाभावात् । क्रमो हि पौर्वापर्यम्, तच्च क्षणिकस्यासम्भवि । अवस्थितस्यैव हि नानादेशकालव्याप्तिः देशक्रमः कालक्रमश्चाभिधीयते । न चैकान्तविनाशिनि सास्ति ।

वैसी की वैसी ही रहीं । तथा उपकार और समवायका अभेद माननेपर समवाय और उपकार एक ही ठहरे और फिर तो सहकारियोंने उपकार नहीं किया किन्तु समवायने ही किया—ऐसा कहना चाहिए । यदि समवाय और उपकार भिन्न हैं तो नियत सम्बन्धियोंके साथ समवायका सम्बन्ध नहीं हो सकता । (अभिप्राय यह है कि उपकार और समवायके भेद माननेमें दोनोंका संयोग सम्बन्ध नहीं हो सकता क्योंकि संयोग सम्बन्ध द्रव्योंमें ही होता है । यदि दोनोंमें समवाय सम्बन्ध माना जाय तो समवाय व्यापक है इसलिए नियत सम्बन्धियोंके साथ समवाय सम्बन्ध भी नहीं बन सकता ।) अतएव एकान्त नित्यमें क्रमसे अर्थक्रिया नहीं हो सकती ।

नित्य पदार्थ अक्रमसे भी अर्थक्रिया नहीं करता है । क्योंकि एक पदार्थ समस्त कालमें होनेवाली अर्थक्रियाको एक ही समयमें कर डाले यह अनुभवमें नहीं आता । अथवा यदि नित्य पदार्थ अक्रमसे अर्थक्रिया करे भी तो वह दूसरे क्षणमें क्या करेगा ? यदि कहो कि दूसरे क्षणमें भी वह अर्थक्रिया करता है तो जो दोष क्रमसे अर्थक्रिया करनेमें आते हैं वे सब दोष यहाँ भी आयेंगे । यदि कहा जाय कि नित्य पदार्थ दूसरे क्षणमें कुछ भी नहीं करता तो दूसरे क्षणमें अर्थक्रियाकारित्वका अभाव होनेसे नित्य पदार्थ अवस्तु ठहरेगा । इस प्रकार व्यापककी अनुपलब्धिके कारण व्यापककी निवृत्ति हो जानेसे विरत हो जानेवाली क्रम और अक्रमसे व्याप्त ऐसी अर्थक्रिया अपने व्याप्य अर्थक्रियाकारित्वकी भी निवृत्ति कर देती है । तथा निवृत्त होनेवाला अर्थक्रियाकारित्व अपने व्याप्य पदार्थकी भी निवृत्ति कर देता है । अतः एकान्त नित्य पदार्थमें क्रम और अक्रमसे अर्थक्रिया नहीं बनती । तथा वस्तुमें अर्थक्रियाकारित्वके नष्ट हो जानेपर वस्तुका अस्तित्व ही नहीं रहता । (तात्पर्य यह है कि पदार्थको सर्वथा नित्य स्वीकार करनेमें नित्य पदार्थमें अर्थक्रियाकारित्व सम्भव नहीं है । और अर्थक्रियाकारित्व ही वस्तुका लक्षण कहा गया है । इसलिए नित्य पदार्थमें अर्थक्रियाकारित्वके अभाव होनेसे नित्य पदार्थ अवस्तु ठहरता है । क्रम और अक्रम दोनों ही तरहसे सर्वथा नित्य पदार्थमें अर्थक्रिया नहीं बन सकती । नित्य पदार्थमें क्रमसे अर्थक्रिया हो तो यह युक्तियुक्त प्रतीत नहीं होता । क्योंकि नित्य पदार्थ सर्वदा समर्थ है फिर वह दूसरे क्षणमें होनेवाली क्रियाओंको एक ही साथ न करके क्रम क्रमसे क्यों करता है ? नित्य पदार्थमें अक्रमसे अर्थक्रिया मानना भी ठीक नहीं क्योंकि नित्य पदार्थ समस्त कालमें होनेवाली क्रियाओंको एक ही समयमें कर डाले ऐसी प्रतीति नहीं होती । थोड़ी देरके लिए यदि यह सम्भव भी हो तो नित्य पदार्थ दूसरे क्षणमें क्या काम करेगा ? इस प्रकार क्रम और अक्रम दोनों पक्ष दोषपूर्ण हैं ।) अतएव वस्तुका एकान्त-नित्यत्व स्वीकार करना युक्तियुक्त नहीं है ।

एकान्त-नित्यकी तरह पदार्थको एकान्त-अनित्य स्वीकार करना भी योग्य नहीं । क्योंकि अनित्य

यदाहुः—

"यो यत्रैव स तत्रैव यो यदैव तदैव सः ।
न देशकालयोर्व्याप्तिर्भावानामिह विद्यते" ॥

न च सन्तानापेक्षया पूर्वोत्तरक्षणानां क्रमः सम्भवति सन्तानस्यावस्तुत्वात् । वस्तुत्वेऽपि तस्य यदि क्षणिकत्वं, न तर्हि क्षणेभ्यः कश्चिद्विशेषः । अथाक्षणिकत्वं, तर्हि समाप्तः क्षणभङ्गवादः ॥

नाप्यक्रमेणार्थक्रिया क्षणिके सम्भवति । स ह्येको बीजपूरादिक्षणो युगपदनेकान् रसादिक्षणान् जनयन् एकेन स्वभावेन जनयेत्, नानास्वभावैर्वा ? यद्येकेन तदा तेषां रसादिक्षणानामेकत्वं स्यात् एकस्वभावजन्यत्वात् । अथ नानास्वभावैर्जनयति किञ्चिद्रूपादिकमुपादानभावेन किञ्चिद्रसादिकं सहकारित्वेन इति चेत् तर्हि ते स्वभावास्तस्यात्मभूता अनात्मभूता वा ? अनात्मभूताश्चेत् स्वभावत्वहानिः । यद्यात्मभूता तर्हि तस्यानेकत्वम् अनेकस्वभावत्वात् । स्वभावानां वा एकत्वं प्रसज्येत तद्व्यतिरिक्तत्वात् तेषां तस्य चैकत्वात् ॥

पदार्थ क्षण क्षणमें नष्ट होनेवाला है इसलिए वह क्रमसे अर्थक्रिया नहीं कर सकता । कारण कि अनित्य पदार्थमें देश और कालकृत क्रम सम्भव नहीं । पूर्वक्रम और अपरक्रम क्षणिक पदार्थमें असम्भव है । क्योंकि नित्य पदार्थमें ही अनेक देशोंमें रहनेवाला देशक्रम और अनेक कालमें रहनेवाला कालक्रम सम्भव हो सकता है । सर्वथा अनित्य पदार्थोंमें देश और कालक्रम नहीं हो सकता । कहा भी है—

जो पदार्थ जिस स्थान (देश) और जिस क्षण (काल) में है वह उसी स्थान और उसी क्षणमें है । क्षणिक भावोंके साथ देश और कालकी व्याप्ति नहीं बन सकती ।

यदि कहा जाय कि सन्तानकी अपेक्षासे पूर्व और उत्तर क्षणमें क्रम सम्भव हो सकता है तो यह भी ठीक नहीं । क्योंकि सन्तान कोई वस्तु ही नहीं । यदि सन्तानको वस्तु स्वीकार किया जाय तो सन्तान क्षणिक है अथवा अक्षणिक ? सन्तानको क्षणिक माननेपर सन्तानमें क्षणिक पदार्थोंसे कोई विशेषता न होगी । अर्थात् जिस प्रकार पदार्थोंके क्षणिक होनेपर उनमें क्रम नहीं होता वैसे ही सन्तानमें भी क्रम न होगा । यदि सन्तान अक्षणिक है तो क्षणभंगवाद ही नहीं बन सकता ।

क्षणिक पदार्थमें अक्रमसे भी अर्थक्रिया सम्भव नहीं । क्योंकि एक बीजपूर (बिजौरा) आदि क्षण (बौद्ध लोग वस्तुओंको क्षण कहते हैं क्योंकि उनके मतमें सब पदार्थ क्षणिक हैं) एक साथ अनेक रस आदि क्षण (वस्तु) को एक स्वभावसे उत्पन्न करता है अथवा नाना स्वभावसे ? यदि एक स्वभावसे उत्पन्न करता है तो एक स्वभावसे उत्पन्न होनेके कारण रस आदि पदार्थोंमें एकता हो जानी चाहिए । यदि बीजपूर क्षण रस आदि क्षणको नाना स्वभावोंसे उत्पन्न करता है—अर्थात् किसी रूप आदिको उपादानभावसे और किसी रस आदिको सहकारीभावसे उत्पन्न करता है—तो प्रश्न होता है कि ये उपादान और सहकारीभाव बीजपूरके आत्मभूत (निजस्वभाव) हैं या अनात्मभूत (परस्वभाव) ? यदि उपादानादि भाव बीजपूरके अनात्मभूत हैं तो उपादानादि भाव बीजपूरके स्वभाव ही नहीं कहे जा सकते । यदि उपादानादि भाव बीजपूरके आत्मभूत हैं तो अनेक स्वभावरूप होनेसे बीजपूर पदार्थमें अनेकता हो जायेगी अर्थात् जितने स्वभाव होंगे उतने ही उन स्वभावोंके धारक बीजपूर पदार्थ भी होंगे । अथवा उपादानादि बीजपूर पदार्थसे अभिन्न हैं और बीजपूर एक है इसलिए स्वभावोंका एकत्व हो जायेगा ।

---

१ बीजपूरादिरूपादि पाठान्तरम् । एते बौद्धाः क्षणशब्देन पदार्थान् गृह्णन्ति । मते सर्वे पदार्थाः क्षणिकाः ।

अथ य एव एकत्रोपादानभावः स एवान्यत्र सहकारिभाव इति न स्वभावभेद इष्यते। तर्हि नित्यस्यैकरूपस्यापि क्रमेण नानाकार्यकारिणः स्वभावभेदः कार्यसाङ्कर्यं च कथमिष्यते क्षणिकवादिना। अथ नित्यमेकरूपत्वादक्रमं; अक्रमाच्च क्रमिणां नानाकार्याणां कथमुत्पत्तिः इति चेत्, अहो स्वपक्षपाती देवानांप्रियः यः खलु स्वयमेकस्मात् निरंशात् रूपादिक्षणात् कारणात् युगपदनेककार्याण्यङ्गीकुर्वाणोऽपि परपक्षे नित्येऽपि वस्तुनि क्रमेण नानाकार्यकरणेऽपि विरोधमुद्भावयति। तस्मात् क्षणिकस्यापि भावस्याक्रमेणार्थक्रिया दुर्घटा। इत्यनित्यैकान्तादपि क्रमाक्रमयोर्व्यापकयोर्निवृत्त्यैव व्याप्यार्थक्रियापि व्यावर्तते। तद्व्यावृत्तौ च सत्त्वमपि व्यापकानुपलब्धिबलेनैव निवर्तते। इत्येकान्तानित्यवादोऽपि न रमणीय ॥

स्याद्वादे पूर्वोत्तराकारपरिहारस्वीकारस्थितिलक्षणपरिणामेन भावानामर्थक्रियोपपत्तिर विरुद्धा। न चैकत्र वस्तुनि परस्परविरुद्धधर्माध्यासायोगादसन् स्याद्वाद इति वाच्यम् नित्यानि त्यपक्षविलक्षणस्य पक्षान्तरस्याङ्गीक्रियमाणत्वात्। तथैव च सर्वैरनुभवात्। तथा च पठन्ति—

यदि कहो कि जो स्वभाव एक स्थानमें उपादानभाव होकर रहता है वही दूसरे स्थानमें सहकारी भाव हो जाता है इसलिए हम पदार्थमें स्वभावका भेद नहीं मानते तो क्षणिकवादी नित्य और एकरूप क्रमसे नाना कार्य करनेवाले पदार्थका स्वभावभेद और कार्यसंकरत्व कैसे स्वीकार करते हैं ? (तात्पर्य यह है कि बौद्ध लोग नित्य पदार्थके माननेमें जो दोष देते हैं कि यदि नित्य पदार्थ क्रमसे एक स्वभावसे अर्थक्रिया करे तो वह एक ही समयमें अपने सब कार्य कर लेगा इस कारण कार्यसंकरता (सब कार्योंको अभिन्नता) हो जायगी और यदि अनेक स्वभावोंसे अर्थक्रिया करे तो स्वभावका भेद होनेके कारण नित्य पदार्थ क्षणिक सिद्ध होगा सो ठीक नहीं। क्योंकि बौद्ध भी एक क्षणिक पदार्थसे उपादान और सहकारी भावों द्वारा कार्यकी उत्पत्ति मानकर स्वभावका भेद मानते हैं।) यदि कहा जाय कि नित्य पदार्थ एक रूप होनेसे क्रम रहित है और अक्रम पदार्थसे अनेक क्रमसे होनेवाले पदार्थोंकी कैसे उत्पत्ति हो सकती है ? तो यह बौद्धोंका पक्षपात मात्र है। क्योंकि बौद्ध लोग एक और अंश रहित रूप आदि क्षण कारणसे एक साथ अनेक कार्योंको स्वीकार करके भी नित्य वस्तुमें क्रमसे नाना कार्योंकी उत्पत्तिमें विरोध खड़ा करते हैं। अर्थात् बौद्ध लोग निरंश पदार्थ ही-से अनेक कार्योंकी उत्पत्ति मानते हैं फिर वे नित्य पदार्थमें क्रमसे अनेक कार्योंकी उत्पत्तिमें क्यों दोष देते हैं ? अतएव क्षणिक पदार्थमें अक्रमसे भी अर्थक्रियाकारित्व सिद्ध नहीं हो सकता। इसलिए एकान्त अनित्य पदार्थमें क्रम अक्रम व्यापकोंकी निवृत्ति होनेसे व्याप्य अर्थक्रिया भी नहीं बन सकती। तथा अर्थक्रियाकी निवृत्ति होनेपर पदार्थमें व्यापककी अनुपलब्धि हो ही जाती है। इससे क्षणिक पदार्थके अस्तित्वका भी अभाव हो जाता है। (तात्पर्य यह है कि जैन लोग सर्वथा नित्यत्ववादकी तरह सर्वथा अनित्यत्ववादको भी नहीं मानते हैं। उनका कहना है कि एकान्त-अनित्य पदार्थमें क्रम-अक्रमसे अर्थक्रिया नहीं हो सकती। एकान्त अनित्यमें क्रमसे अर्थक्रिया इसलिए नहीं बन सकती कि एकान्त-क्षणिक पदार्थ क्षण-क्षणमें नष्ट होनेवाला है। इसीलिए सर्वथा क्षणिक पदार्थोंमें देशकृत अथवा कालकृत क्रम सम्भव नहीं है। तथा क्षणिक पदार्थमें अक्रमसे भी अर्थक्रिया नहीं हो सकती। क्योंकि यदि क्षणिक पदार्थोंमें अक्रमसे अर्थक्रिया हो तो एक ही क्षणमें समस्त कार्य हो जाया करेंगे फिर दूसरे क्षणमें कुछ भी करनेको बाकी न रहेगा। अतएव दूसरे क्षणमें वस्तुके अर्थक्रियासे शून्य होनेके कारण वस्तुको अवस्तु मानना पड़ेगा।) अतएव एकान्त-अनित्यत्ववादको भी स्वीकार नहीं किया जा सकता।

स्याद्वाद सिद्धान्तके स्वीकार करनेमें पूर्व आकारका त्याग उत्तर आकारका ग्रहण और पूर्वोत्तर दोनों दशाओंमें पदार्थके ध्रुव रहनेके कारण पदार्थोंमें अर्थक्रिया माननेमें कोई विरोध नहीं आता। यदि कहो कि एक ही पदार्थमें परस्पर दो विरुद्ध धर्म कैसे सम्भव हैं, तो हमारा उत्तर है कि स्याद्वादमें एकान्त नित्य और एकान्त अनित्यसे विलक्षण तीसरा ही पक्ष स्वीकार किया गया है। क्योंकि स्याद्वादमें प्रत्येक वस्तु किसी अपेक्षासे नित्य और किसी अपेक्षासे अनित्य स्वीकार की गयी है। यह नित्यानित्यरूप सबके अनुभवमें भी आता है। कहा भी है—

"भागे सिंहो नरो भागे योऽर्थो भागद्वयात्मकः।
तमभागं विभागेन नरसिंहं प्रचक्षते" ॥ इति ॥

वैशेषिकैरपि चित्ररूपस्यैकस्यावयविनोऽभ्युपगमात् एकस्यैव पटादेश्चलाचलरक्तारक्तावृतानावृतत्वादिविरुद्धधर्माणामुपलब्धेः। सौगतैरप्येकत्र चित्रपटीज्ञाने नीलानीलयोर्विरोधानङ्गीकारात् ॥

अत्र च यद्यप्यधिकृतवादिनः प्रदीपादिकं कालान्तरावस्थायित्वात् क्षणिकं न मन्यन्ते तन्मते पूर्वापरान्तावच्छिन्नाया· सत्ताया एवानित्यतालक्षणात्, तथापि बुद्धिसुखादिकं तेऽपि क्षणिकतयैव प्रतिपन्ना इति तदधिकारेऽपि क्षणिकवादचर्चा नानुपपन्ना। यदापि च कालान्तरावस्थायि वस्तु तदापि नित्यानित्यमेव। क्षणोऽपि न खलु सोऽस्ति यत्र वस्तु उत्पादव्ययध्रौव्यात्मकं नास्ति ॥ इति काव्यार्थ· ॥५॥

एक भागम सिंह दूसरे भागमे नर इस प्रकार दो भागोको धारण करनसे भागरहित नृसिंहावतार-को नरसिंह कहा जाता है। (भाव यह है कि जिस प्रकार नृसिंहावतार एक भागम नर है और दूसरेमें मनुष्य है अर्थात नर और सिंहकी दो विरुद्ध आकृतियोको धारण करता है और फिर भी नृसिंहावतार नृसिंह नामसे कहा जाता है उसी तरह नित्य-अनित्य दो विरुद्ध धर्मोके रहनेपर भी स्याद्वादके सिद्धान्तम कोई विरोध नहीं आता है।)

इसी तरह वैशषिक लोग भी एक अवयवीको ही चित्ररूप (परस्पर विरुद्धरूप) तथा एक ही पटको चल और अचल रक्त और अ क्त आवृत और अनावृत आदि विरुद्ध धमयुक्त स्वीकार करते हैं। बौद्धोंने भी एक ही चित्रपटी ज्ञानमें नील और अनीलम विरोधका होना स्वीकार नहीं किया है।

यद्यपि वशेषिक लोगोन दीपक आदिको एक क्षणके बाद काला तरमें स्थायी माना है इसलिए उसे क्षणिक स्वीकार नहीं किया है क्योंकि उनके मतम पव और अपर अन्तसे अवच्छिन्न सत्ताको अनित्य कहा है (बौद्धोकी तरह क्षण क्षणम होनेवाले अभावको नहीं) फिर भी वैशेषिक लोगोन बुद्धि सुख आदिको क्षणिक स्वीकार किया ही है। अतएव यहाँपर क्षणिकवादकी चर्चा अप्रासगिक नही समझनी चाहिए। (नोट—वैशेषिक लोग बुद्धि सुख आदिको क्षणिक मानते हैं इससे मालम होता है कि वशेषिक लोग अध बौद्ध गिने जाते थ। इसीलिए शकराचायन उन्हें अध-वैनाशिक अर्थात अध बोद्ध कहकर सम्बोधन किया है—प्रो ए बी ध्रव—स्याद्वादमञ्जरी पृ ५४)। वैशषिक लोग जिस तरह बुद्धि सुख आदिको सवथा क्षणिक मानते हैं वसे ही व लोग बहुतसे पदार्थोंका सवथा नित्य भी स्वीकार करते हैं परन्तु वस्तुको नित्य अनित्य मानना ही ठीक ह। क्योंकि जो वस्तु एक क्षणसे दूसरे क्षणम रहनेवाली ह वह नित्यानित्य ही हाती है। इसी तरह ऐसा कोई भी क्षण नही जिसम उत्पाद व्यय और ध्रौव्य न होते हों॥ यह श्लोकका अथ है ॥५॥

भावाथ—जैनदशनम प्रत्येक पदाथ कथञ्चित् नित्य और कथञ्चित् अनित्य माना गया है। साधारणत दीपक अनित्य और आकाश नित्य माना जाता है। परन्तु जैनदशनके अनुसार दीपकसे लेकर आकाश तक अर्थात् छोटेसे लेकर बडे तक सब पदाथ उत्पाद व्यय और ध्रौव्यस्वरूप हैं और इसीलिए नित्य अनित्य हैं। जिस समय दीपकके तेज परमाण तमरूप पर्यायमें परिवर्तित होते हैं उस समय तेज परमाणुओंका व्यय होता है तमरूप पर्यायका उत्पाद होता है तथा दोनों अवस्थाओंमें द्रव्यरूप दीपक मौजूद रहता है। इसलिए द्रव्यकी अपेक्षा दीपक नित्य है और पर्यायकी अपेक्षा अनित्य। इसी प्रकार आकाश भी नित्य-अनित्य है। क्योंकि जिस समय आकाशमें रहनेवाले जीव पुद्गल आकाशके एक प्रदेशको छोडकर दूसरे प्रदेशके साथ संयुक्त होते हैं उस समय आकाशके पूर्व प्रदेशोंसे जीव-पुद्गलोंके विभाग होनेकी अपेक्षासे आकाशमें व्यय,

अथ तदभिमतमीश्वरस्य जगत्कर्तृत्वाभ्युपगमं मिथ्याभिनिवेशरूपं निरूपयन्नाह—

कर्तास्ति कश्चिज्जगतः स चैकः स सर्वगः स स्ववशः स नित्यः ।
इमाः कुहेवाकविडम्बनाः स्युस्तेषां न येषामनुशासकस्त्वम् ॥६॥

जगतः—प्रत्यक्षादिप्रमाणोपलक्ष्यमाणचराचररूपस्य विश्वत्रयस्य, कश्चिद्—अनिर्वाच्यस्वरूपः पुरुषविशेषः कर्ता—स्रष्टा, अस्ति—विद्यते । ते हि इत्थं प्रमाणयन्ति । उर्वीपर्वततर्वादिकं सर्वं बुद्धिमत्कर्तृकं कार्यत्वात् यद् यत् कार्यं तत् तत्सर्वं बुद्धिमत्कर्तृकं, यथा घटः तथा चेदं, तस्मात् तथा । व्यतिरेके व्योमादि । यश्च बुद्धिमांस्तत्कर्ता स भगवानीश्वर एवेति ॥

उत्तर प्रदेशोंके साथ संयोग होनेसे उत्पाद तथा पूर्वोत्तर दोनों पर्यायोंमें आकाश द्रव्यके मौजूद रहनेसे ध्रौव्य अवस्थाएँ पायी जाती हैं । इसलिए द्रव्यकी अपेक्षा आकाश नित्य है और पर्यायकी अपेक्षा अनित्य । दूसरे शब्दोंमें जैनसिद्धान्तके अनुसार द्रव्य और पर्याय कथंचित् भिन्न हैं और कथंचित् अभिन्न । जिस प्रकार बिना द्रव्यके पर्याय नहीं रह सकती उसी तरह बिना पर्यायके द्रव्य नहीं रह सकते । परन्तु वैशेषिक लोग कुछ पदार्थोंको सर्वथा नित्य मानते हैं और कुछको सर्वथा अनित्य । इसलिए वैशेषिकों द्वारा मान्य अप्रच्युत अनुत्पन्न और स्थिररूप नित्यका लक्षण न स्वीकार करके जैन लोग पदार्थके भावका नष्ट नहीं होना ही नित्यत्वका लक्षण मानते हैं ।

इस श्लोककी व्याख्यामें टीकाकार मल्लिषेणने निम्न विषयोंपर भी विचार किया है ।

(१) *अन्धकार तेजकी ही एक पर्यायविशेष है सर्वथा अभावरूप नहीं है । जैनदर्शनके अनुसार* प्रकाशकी तरह तम भी चक्षुका विषय है इसलिए जैनशास्त्रोंमें अन्धकारको पौद्गलिक—स्पर्श रस गन्ध और वर्णयुक्त—स्वीकार किया गया है । जैन लोगोंका कहना है कि यदि वैशेषिक लोग दीपककी प्रभाको पौद्गलिक मानते हैं तो उन्हें अन्धकारको पुद्गलकी पर्याय माननेमें क्या आपत्ति है

(२) पदार्थको एकान्त नित्य अथवा एकान्त-अनित्य स्वीकार करनेसे उसमें अर्थक्रियाकारित्व अर्थात् वस्तुत्व ही सिद्ध नहीं होता । इस विषयको नाना ऊहापोहात्मक विकल्पोंके साथ टीकाकारने विस्तारपूर्वक प्रतिपादित किया है ।

(३) नित्यानित्यके सिद्धान्तको दूसरे वादी भी रूपान्तरसे स्वीकार करते हैं । उदाहरणके लिए वैशेषिक लोग पृथ्वीको नित्य और अनित्य दोनों मानते हैं तथा एक ही अवयवीमें चित्ररूपकी कल्पना करते हैं । बौद्ध लोग भी एक ही चित्रपटमें नील अनील धर्मोंको मानते हैं । इसी तरह पातंजलमतके अनुयायी धर्म लक्षण और अवस्थाको धर्मीसे भिन्न और अभिन्न मानते हैं ।

अब वैशेषिकों द्वारा मान्य ईश्वरके जगत्कर्तृत्वमें दूषण देते हुए कहते हैं—

श्लोकार्थ—हे नाथ जो अप्रामाणिक लोग जगतका कोई कर्ता है (१) वह एक है (२) सर्वव्यापी है (३) स्वतन्त्र है और (४) नित्य है आदि दुराग्रहसे परिपूर्ण सिद्धान्तोंको स्वीकार करते हैं उनका तू अनुशास्ता नहीं हो सकता ।

व्याख्यार्थ—पूर्वपक्ष—जगतः कश्चित् कर्ता अस्ति—प्रत्यक्ष आदि प्रमाणोंसे जाने हुए स्थावर और जंगमरूप तीनों विश्वका अनिर्वचनीय स्वरूप कोई पुरुषविशेष सृष्टि कर्ता है । इसमें निम्नलिखित प्रमाण दिया गया है—पृथिवी पर्वत वृक्ष आदि पदार्थ किसी बुद्धिमान् कर्ताके बनाये हुए हैं क्योंकि ये कार्य हैं; जो जो कार्य होते हैं वे सब किसी बुद्धिमान् कर्ताके बनाये हुए होते हैं जैसे घट पृथिवी पर्वत आदि भी कार्य हैं इसलिए ये भी बुद्धिमान् कर्ताके बनाये हुए होने चाहिए । व्यतिरेक रूपमें—आकाश आदि कार्य नहीं हैं इसलिए किसी बुद्धिमान् कर्ताका बनाया हुआ भी नहीं है । जो कोई इन पदार्थोंका बुद्धिमान् कर्ता है वह भगवान् ईश्वर ही है ।

न चायमसिद्धो[1] हेतुः। यतो भूभूधरादेः स्वस्वकारणकलापजन्यतया अवयवितया वा कार्यत्वं सर्ववादिनां प्रतीतमेव। नाप्यनैकान्तिको[2] विरुद्धो[3] वा। विपक्षादत्यन्तव्यावृत्तत्वात्। नापि कालात्ययापदिष्टः[4]। प्रत्यक्षानुमानागमाबाधितधर्मधर्म्यनन्तरप्रतिपादितत्वात्। नापि प्रकरणसमः[5] तत्प्रतिपन्थिधर्मोपपादनसमर्थप्रत्यनुमानाभावात्॥

न च वाच्यम् ईश्वरः पृथ्वीपृथ्वीधरादेर्विधाता न भवति अशरीरत्वात् निर्वृतात्मवत्, इति प्रत्यनुमानं तद्बाधकमिति। यतोऽत्रेश्वररूपो धर्मी प्रतीतोऽप्रतीतो वा प्ररूपितः? न तावदप्रतीतः हेतोराश्रयासिद्धिप्रसङ्गात्। प्रतीतश्चेत् येन प्रमाणेन स प्रतीतस्तेनैव किं स्वयमुत्पादितस्वतनुर्न प्रतीयते। इत्यतः कथमशरीरत्वम्। तस्मान्निरवद्य एवायं हेतुरिति॥

उक्त हेतु असिद्ध नही है। क्योंकि अपने-अपने कारणोसे उत्पन्न होनेके और अवयवी होनेके कारण पृथिवी पर्वत आदिका कार्यत्व सभी वादियोंने स्वीकार किया है। यह हेतु अनैकान्तिक (व्यभिचारी) अथवा विरुद्ध भी नही है क्योंकि इसकी विपक्षसे अत्यन्त व्यावृत्ति है। (जिस हेतुकी विपक्षमे भी अविरुद्ध वृत्ति हो अर्थात् जो हेतु विपक्षमें भी चला जाय उसे अनैकान्तिक हेत्वाभास कहते है। जैसे घड़ा ठण्डा है क्योंकि मूर्तिक है। यहाँ मूर्तित्वकी व्याप्ति ठण्डा और गरम दोनोके साथ है अर्थात् मूर्तित्व हेतु विपक्ष (गरम) में भी चला जाता है इसलिए दूषित है। यहाँ कार्यत्व हेतुकी विपक्ष अर्थात् आकाश आदिसे व्यावृत्ति है इसलिए यह हेतु अनैकान्तिक नही है। इसीलिए कार्यत्व हेतु विरुद्ध भी नहीं है। जिस हेतुका अविनाभावसम्बन्ध साध्यसे विरुद्धके साथ निश्चित हो उसे विरुद्ध हेत्वाभास कहते है। जैसे शब्द परिवर्तनशील है क्योंकि उत्पत्तिवाला है। यहाँ उत्पत्तिकी व्याप्ति परिवर्तनशीलताके साथ है जो साध्यसे विरुद्ध है। प्रस्तुत कार्यत्व हेतु अपने साध्य बुद्धिमत्कर्तृत्वके साथ अविनाभावसम्बन्धसे रहता है इसलिए विरुद्ध नही है।) कार्यत्व हेतु कालात्ययापदिष्ट भी नहीं है क्योंकि यह प्रत्यक्ष अनुमान और आगमसे अबाधित धर्म और धर्मीके सिद्ध हो जानेपर प्रतिपादन किया गया है—अर्थात् पहले प्रमाणसिद्ध धर्म धर्मीका कथन करके बादमे हेतुका कथन किया गया है। यह हेतु प्रकरणसम भी नहीं है क्योंकि यहाँ कोई बाधक प्रत्यनुमान नहीं है। (जहाँ साध्यके अभावका साधक कोई दूसरा अनुमान मौजूद हो उसे प्रकरणसम कहते है। यहाँ कार्यत्व हेतुके प्रतिकूल बुद्धिमत्अकर्तृत्व धर्मको सिद्ध करनेवाला कोई प्रत्यनुमान नही है।)

प्रतिवादी—ईश्वर पृथिवी पर्वत आदिका कर्ता नही है क्योंकि वह अशरीरी है मुक्तात्माकी तरह—यह प्रत्यनुमान उक्त कार्यत्व हेतुका बाधक है इसलिए कार्यत्वहेतु प्रकरणसम हेत्वाभाससे दूषित है। वैशेषिक—यह शका ठीक नहीं। क्योंकि ईश्वर पृथिवी पर्वत आदिका कर्ता नहीं है—इस वाक्यमें ईश्वररूप धर्मी प्रतीत है अथवा अप्रतीत? यदि धर्मी अप्रतीत हो तो हेतु आश्रयासिद्ध होगा अर्थात् जब धर्मी ही अप्रतीत है तब अशरीरत्व हेतु कहाँ रहेगा? यदि कहो कि उक्त अनुमानमे ईश्वर प्रतीत है तो जिस प्रमाणसे ईश्वर प्रतीत है उसी प्रमाणसे यह क्यों नहीं मानते कि ईश्वर स्वयं उत्पन्न किये हुए शरीरको ही धारण करता है। अर्थात् ईश्वरको प्रतीत (जाना हुआ) माननेसे क्या ऐसा प्रतीत नही होता कि ईश्वरने अपना शरीर स्वयं बनाया है और वह जगतको बनानेमे समर्थ है। इसलिए ईश्वरको शरीररहित नहीं कह सकते। अतएव ईश्वरके कर्तृत्वमें हमारा दिया हुआ कार्यत्व हेतु असिद्ध विरुद्ध आदि दोषोंसे रहित होनेके कारण निर्दोष है।

---

१ अयं साध्यसमशब्देनाभिधीयते। साध्याविशिष्टः साध्यत्वात्साध्यसमः। गौतमसूत्र। १२८। २ अनैकान्तिकः सव्यभिचारः। गौतमसूत्र १२५। ३ सिद्धान्तमभ्युपेत्य तद्विरोधी विरुद्धः। गौतमसूत्र १२६। ४ कालात्ययापदिष्टः कालातीतः। गौतमसूत्र १२९। ५ यस्मात्प्रकरणचिन्ता स निर्णयार्थमपदिष्टः प्रकरणसमः। गौतमसूत्र १२७।

स चैक इति। चः पुनरर्थे। स पुनः—पुरुषविशेषः एकः—अद्वितीयः। बहूनां हि विश्वविधातृत्वस्वीकारे परस्परविमतिसम्भावनाया अनिवार्यत्वाद् एकैकस्य वस्तुनोऽन्यान्यरूपतया निर्माणे सर्वमसमञ्जसमापद्येत इति॥

तथा स सर्वग इति। सर्वत्र गच्छतीति सर्वगः—सर्वव्यापी। तस्य हि प्रतिनियतदेशवर्तित्वेऽनियतदेशवृत्तीनां त्रिभुवनत्रयान्तर्वर्तिपदार्थसार्थानां यथावन्निर्माणानुपपत्तिः। कुम्भकारादिषु तथा दर्शनात्। अथवा सर्वं गच्छति जानातीति सर्वगः—सर्वज्ञः "सर्वे गत्यर्था ज्ञानार्था" इति वचनात्। सर्वज्ञत्वाभावे हि यथोचितोपादानकारणाद्यनभिज्ञत्वाद् अनुरूपकार्योत्पत्तिर्न स्यात्॥

तथा स स्ववशः—स्वतन्त्रः, सकलप्राणिनां स्वेच्छया सुखदुःखयोरनुभावनसमर्थत्वात्। तथा चोक्तम्—

'ईश्वरप्रेरितो गच्छेत् स्वर्गं वा श्वभ्रमेव वा।
अन्यो जन्तुरनीशोऽयमात्मनः सुखदुःखयोः॥'

पारतन्त्र्ये तु तस्य परमुखप्रेक्षितया मुख्यकर्तृत्वव्याघाताद् अनीश्वरत्वापत्तिः॥

तथा स नित्य इति। अप्रच्युतानुत्पन्नस्थिरैकरूपः। तस्य ह्यनित्यत्वे परोत्पाद्यतया कृतकत्वप्राप्तिः। अपेक्षितपरव्यापारो हि भावः स्वभावनिष्पत्तौ कृतक इत्युच्यते। यश्चापरस्तत्कर्ता कल्प्यते, स नित्योऽनित्यो वा स्यात्? नित्यश्चेत् अधिकृतेश्वरेण किमपराद्धम्। अनित्यश्चेत्, तस्याप्युत्पादकान्तरेण भाव्यम्। तस्यापि नित्यानित्यविकल्पनायाम् अनवस्थादौःस्थ्यमिति॥

(१) वह पुरुषविशेष एक अर्थात् अद्वितीय (एक) है। क्योंकि यदि बहुतसे ईश्वरोंको संसारका कर्ता स्वीकार किया जाय तो एक दूसरेकी इच्छामें विरोध उत्पन्न होनेके कारण एक वस्तुके अन्य रूपमें निर्माण होनेसे संसारमें असमञ्जस उत्पन्न हो जायेगा।

(२) ईश्वर सर्वव्यापी (सर्वग) है। यदि ईश्वरको नियत प्रदेशमें ही व्याप्त माना जाय तो अनियत स्थानोंके तीनों लोकोंके समस्त पदार्थोंकी यथारीति उत्पत्ति सम्भव न होगी। जैसे कुम्भकार एक प्रदेशमें रहकर नियत प्रदेशके घटादिक पदार्थको ही बना सकता है वैसे ही ईश्वर भी नियत प्रदेशमें रहकर अनियत प्रदेशके पदार्थोंकी रचना नहीं कर सकता। अथवा ईश्वर सब पदार्थोंको जाननेवाला (सर्वज्ञ) है। क्योंकि कहा है गत्यर्थक धातु ज्ञानार्थक होती हैं। यदि ईश्वरको सर्वज्ञ न मानें तो यथायोग्य उपादान कारणोंके न जाननेके कारण वह ईश्वर अनुरूप कार्योंकी उत्पत्ति न कर सकेगा।

(३) ईश्वर स्वतन्त्र (स्ववश) है क्योंकि वह अपनी इच्छासे ही सम्पूर्ण प्राणियोंको सुख-दुखका अनुभव करानेमें समर्थ है। कहा भी है—

ईश्वर द्वारा प्रेरित किया हुआ जीव स्वर्ग और नरकमें जाता है। ईश्वरकी सहायताके बिना कोई अपने सुख-दुःख उत्पन्न करनेमें स्वतन्त्र नहीं है।

ईश्वरको परतन्त्र स्वीकार करनेमें उसके परमुखापेक्षी होनेसे मुख्य कर्तृत्वको बाधा पहुँचेगी जिससे कि उसका ईश्वरत्व ही नष्ट हो जायेगा।

(४) ईश्वर अविनाशी अनुत्पन्न और स्थिररूप नित्य है। ईश्वरको अनित्य माननेमें एक ईश्वर दूसरे ईश्वरसे उत्पन्न होगा इसलिए वह कृतक—अपने स्वरूपकी सिद्धिमें दूसरेकी अपेक्षा रखनेवाला—हो जायगा। तथा ईश्वरका जो कोई दूसरा कर्ता मानोगे वह नित्य है या अनित्य? यदि नित्य है तो एक ही ईश्वरको नित्य क्यों नहीं मान लेते। यदि ईश्वरका कर्ता अनित्य है तो उस अनित्य कर्ताका कोई दूसरा उत्पादक होना चाहिए। फिर वह कर्ता नित्य होगा या अनित्य? इस प्रकार अनवस्था दोष उत्पन्न होगा।

१ "गत्यर्था ज्ञानार्थाः" हेमहंसगणिसमुच्चितहेमशब्दव्याकरणन्यास ४४ इति।

यदेकमेकत्वादिविशेषणविशिष्टो भगवानीश्वरस्त्रिजगत्कर्तेति पराभ्युपगममुपदर्श्य उत्तरार्धेन तस्य दुष्टत्वमाचष्टे । इमाः—एताः, अनन्तरोक्ताः, कुहेवाकविडम्बनाः—कुत्सिता हेवाकाः—आग्रहविशेषाः कुहेवाकाः कदाग्रहा इत्यर्थः । त एव विडम्बनाः विचारचातुरीबाह्यत्वेन तिरस्काररूपत्वाद् विगोपकप्रकाराः । स्युः—भवेयुः । तेषां अप्रामाणिकापसदानाम् । येषां हे स्वामिन् त्वं नानुशासकः—न शिक्षादाता ॥

तदभिनिवेशानां विडम्बनारूपत्वज्ञापनार्थमेव पराभिप्रेतपुरुषविशेषणेषु प्रत्येकं तच्छब्दप्रयोगमसूयागर्भमाविर्भावयाञ्चकार स्तुतिकारः । तथा चैवमेव निन्दनीयं प्रति वक्तारो वदन्ति । स मूर्खः स पापीयान् स दरिद्र इत्यादि । त्वमित्येकवचनसंयुक्तयुष्मच्छब्दप्रयोगेण परमेशितुः परमकारुणिकतयानपेक्षितस्वपरपक्षविभागमद्वितीयं हितोपदेशकत्वं ध्वन्यते ॥

अतोऽयमाशयः । यद्यपि भगवानविशेषेण सकलजगज्जन्तुजातहितावहां सर्वेभ्य एव देशनावाचमाचष्टे तथापि सैव केषाञ्चिद् निचितनिकाचितपापकर्मकलुषितात्मनां रुचिरूपतया न परिणमते । अपुनर्बन्धकादिव्यतिरिक्तत्वेनायोग्यत्वात् । तथा च [3]कादम्बर्यां बाणोऽपि बभाण—"अपगतमले हि मनसि स्फटिकमणाविव रजनिकरगभस्तयो विशन्ति सुखमुपदेशगुणाः । गुरुवचनममलमपि सलिलमिव महदुपजनयति श्रवणस्थितं शूलमभव्यस्य" इति । अतो वस्तुवृत्त्या न तेषां भगवाननुशासक इति ॥

उत्तरपक्ष— इमा कुहेवाकविडम्बना —इस प्रकारकी कुत्सित आग्रहरूप विडम्बनाएं विचाररहित होनेके कारण तिरस्कारके योग्य हैं । अप्रामाणिक लोगोंकी ये विडम्बनाएँ अपने दोषोंको छिपानेके लिए ही हैं । ऐसे लोगोंके उपदेष्टा हे स्वामिन् आप नहीं हो सकते ।

न्याय-वैशेषिकोंकी मान्यताको विडम्बना सिद्ध करनेके लिए ही श्लोकमें न्याय-वैशेषिकों द्वारा अभीष्ट ईश्वरके प्रत्येक विशेषणोंके साथ तत् शब्दका प्रयोग किया गया है । जिस प्रकार वक्ता लोग किसी निन्दनीय पुरुषको कहते हैं कि वह मूर्ख है वह पापी है वह दरिद्र है आदि उसी प्रकार यहाँ भी ईश्वरके लिए कहा गया है कि वह जगतका कर्ता है वह एक है वह नित्य है आदि । श्लोकमें युष्मत् (त्वं) शब्दके प्रयोगसे परम दयालु होनेके कारण पक्षपातकी भावना रहित जिनेन्द्र भगवानका अद्वितीय हितोपदेशकत्व ध्वनित होता है ।

भाव यह है कि यद्यपि भगवान् सामान्यरूपसे सम्पूर्ण प्राणियोंको हितोपदेश करते हैं परन्तु वह उपदेश पूर्व जन्ममें उपार्जन किये हुए निकाचित (जिस कर्मकी उदीरणा संक्रमण उत्कर्षण और अपकर्षणरूप अवस्थाएं न हो सकें उसे निकाचित कर्म कहते हैं) पापकर्मोंसे मलिन आत्मावाले प्राणियोंको सुखकर नहीं लगता । कारण कि इस प्रकारके पापी जीव अपुनर्बन्धक (जो जीव तीव्र भावोंसे पाप नहीं करता है तथा जिसकी मुक्ति पुद्गलपरावर्तनमें हो जाती है । उसे अपुनर्बन्धक कहते हैं ।) (देखिए परिशिष्ट [क] आदि जीवोंसे भिन्न हैं इसलिये उपदेशके पात्र नहीं हैं । बाणने भी कादम्बरीमें कहा है—"जिस प्रकार निर्मल स्फटिक मणिमें चन्द्रमाकी किरणोंका प्रवेश होता है उसी तरह निर्मल चित्तमें उपदेश प्रवेश

---

१ उदये संकममुदये चउसुवि दादुं कमेण णो सक्कं । उवसंतं च णिधत्ति णिकाचिदं होदि जं कम्मं ।
छाया—उदये संक्रमोदययोः चतुर्ष्वपि दातुं क्रमेण नो शक्यम् । उपशान्तं च निधत्ति निकाचितं यत् कर्म ॥
(गोम्मटसार कर्मकाण्ड गा० ४४)

२ 'पावं ण तिव्वभावा कुणइ ण बहुमन्नई भवं घोरं ।
उचियट्ठिइं च सेवइ सव्वत्थ वि अपुणबन्धोत्ति ॥
छाया—पापं न तीव्रभावात् करोति न बहुमन्यते भवं घोरम् ।
उचितस्थितिं च सेवते सर्वत्रापि अपुनर्बन्धक इति ॥ इति धर्मसंग्रहे तृतीयाधिकरणे ।

३ बाणभट्टकृतकादम्बरी पूर्वार्ध पृ १०३, प० १० ।

न चैतावता जगद्गुरोरसामर्थ्यसम्भावना। न हि कालदष्टमनुज्जीवयन् सम्युज्जीवितेतरदष्टको विषभिषगुपालम्भनीयः, अतिप्रसङ्गात्। स हि तेषामेव दोषः। न खलु निखिलभुवनाभोगमवभासयन्तोऽपि भानवीया भानवः[1] कौशिक[2]लोकस्यालोकहेतुतामभजमाना उपालम्भसम्भावनास्पदम्। तथा च श्रीसिद्धसेनः[4]—

"सद्धर्मबीजवपनानघकौशलस्य यल्लोकबान्धव! तवापि खिलान्यभूवन्।
तन्नाद्भुतं खगकुलेष्विह तामसेषु सूर्यांशवो मधुकरीचरणावदाताः॥"

अथ कथमिव तत्कुहेवाकानां विडम्बनारूपत्वम् इति। ब्रूमः। यत्तावदुक्तं परैः 'क्षित्यादयो बुद्धिमत्कर्तृकाः कार्यत्वाद् घटवदिति। तदयुक्तम्। व्याप्तेरग्रहणात्। 'साधनं हि सर्वत्र व्याप्तौ प्रमाणेन सिद्धायां साध्यं गमयेत्' इति सर्ववादिसम्वादः। स चायं जगन्ति सृजन् सशरीरोऽशरीरो वा स्यात्? सशरीरोऽपि किमस्मदादिवद् दृश्यशरीरविशिष्टः उत पिशाचादिवदवदृश्यशरीरविशिष्टः? प्रथमपक्षे प्रत्यक्षबाधः तमन्तरेणापि च जायमाने तृणतरुपुरन्दरधनुरभ्रादौ कार्यत्वस्य दर्शनात् प्रमेयत्वाग्निवत् साधारणानैकान्तिको हेतुः॥

करता है। तथा जैसे कानोंमें भरा हुआ निर्मल जल भी महान् पीडाका उत्पन्न करनेवाला होता है वैसे ही गुरुओंके वचन भी अभव्य जीवको क्लेश उत्पन्न करनेवाले होते हैं। इसलिये वास्तवमें भगवान् दुराग्रही पुरुषोंके उपदेष्टा हो नहीं सकते।

इस कथनसे तीन लोकके गुरु भगवान्की असमर्थता प्रगट नहीं होती क्योंकि सामान्य सर्पोंसे डसे हुए प्राणियोंको जिलानेवाला विषवैद्य यदि कालसर्पसे डसे हुए प्राणीको न जिला सके तो यह वैद्यका दोष नहीं है। यह दोष कालसर्पसे डसे हुए मनुष्यका ही है क्योंकि कालसर्पके विषपर यन्त्र मन्त्र आदि भी प्रभाव नहीं डाल सकते। इसी तरह यदि भगवान् अभव्योंको उपदेश न दे सकें तो यह दोष भगवानका नहीं है। यह दोष अभव्योंका ही है क्योंकि तीव्र कषायसे मलिन अभव्योंकी आत्माओंपर उपदेशका कुछ असर नहीं होता। सम्पूर्ण विश्वमण्डलको प्रकाशित करनेवाली सूर्यकी किरणें यदि उल्लुओंके प्रकाशका कारण नहीं हो सकें तो यह सूर्यकी किरणोंका दोष नहीं है। सिद्धसेन आचार्यने भी कहा है—

हे लोकबान्धव! उत्तम धर्मके बीज बोनेमें आप अत्यन्त कुशल हैं फिर भी आपका उपदेश बहुतसे लोगोंको नहीं लगता इसमें कोई आश्चर्य नहीं। क्योंकि अन्धकारमें फिरनेवाले उल्लू आदि पक्षियोंको सूर्यकी किरणें भौरोंके चरणोंके समान कृष्ण वर्णकी ही दिखाई पड़ती हैं।

जैन—न्याय वैशेषिकोंकी विडम्बनाओंको दुराग्रहरूप बताते हुए ग्रन्थकार न्याय-वैशेषिकोंके कार्यत्व हेतुका विस्तारसे खण्डन करते हैं। वैशेषिकोंने जो कहा है 'पृथिवी आदि किसी बुद्धिमान् कर्ताके बनाये हुए हैं कार्य होनेसे घटकी तरह' यह अनुमान ठीक नहीं है। क्योंकि इस अनुमानमें व्याप्तिका ग्रहण नहीं होता। प्रमाण द्वारा व्याप्तिके सिद्ध होनेपर ही साधनसे साध्यका ज्ञान होता है यह सबवादियों-द्वारा सम्मत है। प्रश्न होता है कि ईश्वरने शरीर धारण करके जगतको बनाया है अथवा शरीर रहित होकर? यदि ईश्वरने शरीर धारण करके जगतको बनाया है तो वह शरीर हम लोगोंकी तरह दृश्य था अथवा पिशाच आदिकी तरह अदृश्य? यदि वह शरीर हमारी तरह दृश्य था तो इसमें प्रत्यक्षसे बाधा आती है। हम ऐसा कोई दृश्य शरीरवाला ईश्वर दिखाई नहीं देता जो घास वृक्ष इन्द्रधनुष बादल आदिकी सृष्टि करता हो। इसलिये जहाँ-जहाँ कार्यत्व है वहाँ-वहाँ सशरीरकर्तृत्व है यह व्याप्ति नहीं बनती। कार्यत्व हेतु यहाँ साधारण अनैकान्तिक हेत्वाभास है। (जो हेतु पक्ष सपक्ष और विपक्षमें रहता है उसे साधारण अनैकान्तिक कहते हैं। जैसे पर्वत अग्निवाला है प्रमेय होनेसे। यहाँ प्रमेयत्व हेतु अग्निरूप साध्यके धारक पर्वत पक्षमें रहता है महानसरूप सपक्षमें रहता है और पर्वतसे भिन्न साध्यके अभावरूप जलाशय आदि विपक्षमें भी रहता है। इसलिये प्रमेयत्वहेतु

१ भानवः किरणाः। २ घूकसमुदायस्य। ३ अमुमेवार्थं खिलशब्देनाभिधीयते। ४ द्वितीयद्वात्रिंशिका श्लोक १३।

द्वितीयविकल्पे पुनरदृश्यशरीरत्वे तस्य माहात्म्यविशेषः कारणम्, आहोस्विदस्मदाद्यदृष्टवैगुण्यम् ? प्रथमप्रकारः कोशपानप्रत्यायनीयः,[1] तत्सिद्धौ प्रमाणाभावात्। इतरेतराश्रयदोषापत्तेश्च। सिद्धे हि माहात्म्यविशेषे तस्यादृश्यशरीरत्वं प्रत्येतव्यम्। तत्सिद्धौ च माहात्म्यविशेषसिद्धिरिति। द्वैतीयिकस्तु प्रकारो न संचरत्येव विचारगोचरे संशयानिवृत्ते। किं तस्यासत्त्वाद् अदृश्यशरीरत्वं वा्ध्येयादिवत् किं वास्मदाद्यदृष्टवैगुण्यात् पिशाचादिवदिति निश्चयाभावात्।

अशरीरश्चेत् तदा दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोर्वैषम्यम्। घटादयो हि कार्यरूपाः सशरीरकर्तृका दृष्टाः। अशरीरस्य च सतस्तस्य कार्यप्रवृत्तौ कुतः सामर्थ्यम् ? आकाशादिवत्। तस्मात् सशरीराशरीरलक्षणे पक्षद्वयेऽपि कार्यत्वहेतोर्व्याप्त्यसिद्धिः।

किञ्च त्वन्मतेन कालात्ययापदिष्टोऽप्ययं हेतुः। धर्म्येकदेशस्य तरुविद्युदभ्रादेरिदानीमप्युत्पद्यमानस्य विधातुरनुपलभ्यमानत्वेन प्रत्यक्षबाधितधर्म्यनन्तरं हेतुभणनात्। तदेवं न कश्चिद् जगतः कर्ता। एकत्वादीनि तु जगत्कर्तृत्वव्यवस्थापनायानीयमानानि तद्विशेषणानि षण्ढं प्रति कामिन्या रूपसंपन्निरूपणप्रायाण्येव। तथापि तेषां विचारासहत्वख्यापनार्थं किञ्चिदुच्यते।

अनैकान्तिक हेत्वाभास है। इसी प्रकार यहाँ भी कार्यत्व हेतु पृथ्वी आदि पक्षमें घट आदि सपक्षमें तथा ईश्वरके द्वारा नहीं बनाये हुए घास वृक्ष आदि विपक्षमें भी कार्यत्वहेतु चला गया। इसलिये यह हेतु साधारण अनैकान्तिक हेत्वाभास होनेसे दोषपूर्ण है।)

यदि कहो कि ईश्वर पिशाच आदिके समान अदृश्य शरीरसे जगतकी सृष्टि करता है तो इस शरीरके अदृश्य होनेमें ईश्वरका माहात्म्यविशेष कारण है अथवा हम लोगोंका दुर्भाग्य ? प्रथम पक्ष विश्वासके योग्य नहीं है। क्योंकि ईश्वरके अदृश्य शरीर सिद्ध करनेमें कोई प्रमाण नहीं है। तथा ईश्वरके माहात्म्यविशेष सिद्ध होनेपर उसके अदृश्य शरीर सिद्ध हो और अदृश्य शरीर सिद्ध होनेपर माहात्म्यविशेष सिद्ध हो इस प्रकार इतरेतराश्रय दोष भी आता है। यदि कहो कि हम लोगोंके दुर्भाग्यसे ईश्वरका शरीर दृष्टिगोचर नहीं होता तो यह भी ठीक नहीं जचता। क्योंकि वन्ध्यापुत्रकी तरह ईश्वरका अभाव होनेसे उसका शरीर दिखाई नहीं देता अथवा जिस प्रकार हमारे दुर्भाग्यवश पिशाच आदिका शरीर दिखाई नहीं देता वैसे ही ईश्वरका शरीर भी अदृश्य है ? इस तरह कुछ भी निश्चय नहीं होता।

तथा ईश्वरको अशरीरस्रष्टा माननेमें दृष्टान्त और दार्ष्टान्तिक विषम हो जाते हैं। क्योंकि घटादिक कार्य शरीर सहित कर्ताके बनाये हुए ही देखे जाते हैं। फिर आकाशकी तरह अशरीर ईश्वर किस प्रकार कार्य करनेमें समर्थ हो सकता है ? (तात्पर्य यह कि जगत् अशरीर ईश्वरका बनाया हुआ है कार्य होनेसे घटकी तरह इस अनुमानमें घट दृष्टान्त और जगत दार्ष्टान्तिकमें समता नहीं है क्योंकि घट सशरीरीका बनाया हुआ माना जाता है। तथा जिस तरह अशरीरी आकाश कोई कार्य आदि नहीं कर सकता उसी तरह अशरीरी ईश्वर भी कार्य करनेमें असमर्थ है।) इस कारण सशरीर और अशरीर दोनों पक्षोंमें कार्यत्व हेतुकी सकर्तृकत्व साध्यके साथ व्याप्ति सिद्ध नहीं होती।

तथा तुम्हारे मतसे कार्यत्व हेतु कालात्ययापदिष्ट भी है। क्योंकि जगतरूप धर्मी (साध्य) के एक देश इस कालमें उत्पन्न वृक्ष विद्युत् मेघ आदि किसी कर्ताके बनाये हुए नहीं देखे जाते हैं इसलिए यहाँ प्रत्यक्षसे बाधित धर्मीके अनन्तर हेतुका कथन किया गया है, अतएव यह हेतु दोषपूर्ण है। अतएव कोई जगतका कर्ता नहीं है। तथा ईश्वरके जगत्कर्तृत्व साधनमें जो एकत्व आदि विशेषण दिये गये हैं वे सब नपुंसकके प्रति स्त्रियोंके रूप लावण्य आदिका कथन करनेके समान हैं। फिर भी इन विशेषणोंपर कुछ विचार किया जाता है।

1 शपथेन विश्वसनीय।

ऐकत्वमप्यनुपपन्नम्। बहूनामेककार्यकरणे वैमत्यसम्भावना इति नायमेकान्तः। अनेककीटिकाशतनिष्पाद्यत्वेऽपि शक्रमूर्ध्नः, अनेकशिल्पिकल्पितत्वेऽपि प्रासादादीनां, नैकसरघानिर्वर्तितत्वेऽपि मधुच्छत्रादीनां चैकरूपताया अविगानेनोपलम्भात्। अथैतेष्वप्येक एवेश्वरः कर्तेति ब्रूषे। एवं चेद् भवतो भवानीपतिं प्रति निष्प्रतिमा वासना, तर्हि कुविन्दकुम्भकारादितिरस्कारेण पटघटादीनामपि कर्ता स एव किं न कल्प्यते। अथ तेषां प्रत्यक्षसिद्धं कर्तृत्वं कथमपह्नोतुं शक्यम्। तर्हि कीटिकादिभिः किं तव विराद्धं यत् तेषामसदृशतादृशप्रयाससाध्यं कर्तृत्वमेकहेलयैवापलप्यते। तस्माद् वैमत्यभयाद् महेशितुरेकत्वकल्पना भोजनादिव्ययभयात् कृपणस्यात्यन्तवल्लभपुत्रकलत्रादिपरित्यजनेन शून्यारण्यानीसेवनमिवाभासते।

तथा सर्वगतत्वमपि तस्य नोपपन्नम्। तद्धि शरीरात्मना, ज्ञानात्मना वा स्यात्? प्रथमपक्षे तदीयेनैव देहेन जगत्त्रयस्य व्याप्तत्वाद् इतरनिर्मेयपदार्थानामाश्रयानवकाशः। द्वितीयपक्षे तु सिद्धसाध्यता। अस्माभिरपि निरतिशयज्ञानात्मना परमपुरुषस्य जगत्त्रयकोडीकरणाभ्युपगमात्। यदि परमेवं भवत्प्रमाणीकृतेन वेदेन विरोधः। तत्र हि शरीरात्मना सर्वगतत्वमुक्तम्—"विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतो मुखो विश्वतः पाणिरुत विश्वतः पात्"[1] इत्यादिश्रुतेः॥

यच्चोक्तं तस्य प्रतिनियतदेशवर्तित्वे त्रिभुवनगतपदार्थानामनियतदेशवृत्तीनां यथावन्निर्माणानुपपत्तिरिति। तत्रेदं पृच्छ्यते। स जगत्त्रयं निर्मिमाणस्तक्षादिवत् साक्षाद् देहव्यापारेण

---

(१) एकत्व— बहुत-से ईश्वरोंद्वारा जगतरूप एक कार्यके किये जानेपर ईश्वरोंमें मतिका भेद उत्पन्न होगा' यह कथन एकान्त-सत्य नहीं है। क्योंकि सैकडों कीडियाँ एक ही बमीको बनाती हैं बहुत से शिल्पी एक ही महलको बनाते हैं बहुत सी मधुमक्खी एक ही शहदके छत्तका निर्माण करती हैं फिर भी वस्तुओंकी एकरूपतामें कोई विरोध नहीं आता। यदि वादी कहे कि बमी प्रासाद आदिका कर्ता भी ईश्वर ही है तो इससे ईश्वरके प्रति आप लोगोंकी निरुपम श्रद्धा ही प्रगट होती है और इस तरह तो जुलाहे और कुमकार आदिको पट और घट आदिका कर्ता न मानकर ईश्वरको ही इनका भी कर्ता मानना चाहिये। यदि आप कहें कि पट घट आदिके कर्ता जुलाहा और कुमकारके प्रत्यक्ष सिद्ध कर्तृत्वका अपलाप कैसे किया जा सकता है? तो फिर कीटिका आदिको बमी आदिका कर्ता माननेमें क्या दोष है? कीटिका आदिने आप लोगोंका क्या अपराध किया है जो आप उनके असाधारण परिश्रमसे साध्य कर्तृत्वको एक चुटकीमें ही उड़ा देना चाहते हैं? इसलिए परस्पर मतिभेद होनेके भयसे जो एक ईश्वरकी कल्पना है वह भोजन आदिके व्ययके डरसे कृपण पुरुषके अपने अत्यन्त प्रिय पुत्र और स्त्री आदिको छोडकर शून्य जंगलमें वास करनेके समान है। (जैसे कोई कृपण पुरुष खर्चके भयसे अपने स्त्री-पुत्रादिको छोडकर वनमें चला जाय उसी तरह मतिभेदके भयसे आप लोग भी एक ईश्वरकी कल्पना करते हैं।)

(२) सर्वगतत्व—तथा ईश्वर सर्वगत भी सिद्ध नहीं होता क्योंकि ईश्वरका सर्वगतत्व शरीरकी अपेक्षासे है अथवा ज्ञानकी? प्रथम पक्षमें ईश्वरका अपना शरीर ही तीनों लोकोंमें व्याप्त हो जायगा फिर दूसरे बनाने योग्य (निर्मेय) पदार्थोंके लिए कोई स्थान ही न रहेगा। यदि आपलोग ज्ञानकी अपेक्षा ईश्वरको सर्वव्यापी मानें तो इसमें हमारे साध्यकी सिद्धि है क्योंकि हम लोग (जैन) भी परमात्माको निरतिशय ज्ञानकी अपेक्षा तीनों लोकोंमें व्यापी मानते हैं। परन्तु ईश्वरको ज्ञानकी अपेक्षा सर्वगत माननेसे आपके वेदसे विरोध आता है। वेदमें ईश्वरको शरीरकी अपेक्षासे सर्वव्यापी कहा है। श्रुति भी है— ईश्वर सर्वत्र नेत्रोंका मुखका हाथोंका और पैरोंका धारक है।

तथा ईश्वरको शरीरकी अपेक्षा सर्वव्यापक माननेमें वादीने हेतु दिया है कि यदि ईश्वरको नियत स्थानवर्ती माना जाय तो तीनों लोकोंमें अनियत स्थानोंके पदार्थोंकी यथावत उत्पत्ति नहीं हो सकेगी तो

---

१. शुक्लयजुर्वेदमाध्यन्दिनसंहितायां सप्तदशेऽध्याये १९ मन्त्रः।

निर्मिमीते, यदि वा सङ्कल्पमात्रेण ? आद्ये पक्षे एकस्यैव भूभूधरादेर्विधानेऽनीयसः कालक्षेपस्य सम्भवाद् बहीयसापि कालेन न परिसमाप्तिः। द्वितीयपक्षे तु सङ्कल्पमात्रेणैव कार्यकल्पनायां नियतदेशस्थायित्वेऽपि न किञ्चिद् दूषणमुत्पश्यामः। नियतदेशस्थायिनां सामान्यदेवानामपि सङ्कल्पमात्रेणैव तत्तत्कार्यसम्पादनप्रतिपत्तेः॥

किञ्च, तस्य सर्वगतत्वेऽङ्गीक्रियमाणेऽशुचिषु निरन्तरसन्तमसेषु नरकादिस्थानेष्वपि तस्य वृत्तिः प्रसज्यते। तथा चानिष्टापत्तिः। अथ युष्मत्पक्षेऽपि यदा ज्ञानात्मना सर्वं जगत्त्रयं व्याप्नोतीत्युच्यते तदाशुचिरसास्वादादीनामप्युपलम्भसंभवात् नरकादिदुःखस्वरूपसंवेदनात्मकतया दुःखानुभवप्रसङ्गाच्च अनिष्टापत्तिस्तुल्यैवेति चेत्, तदेतदुपपत्तिभिः प्रतिकर्तुमशक्तस्य धूलिभिरिवावकिरणम्। यतो ज्ञानमप्राप्यकारि स्वस्थानस्थमेव विषयं परिच्छिनत्ति, न पुनस्तत्र गत्वा। तत्कुतो भवदुपालम्भः समीचीनः। नहि भवतोऽप्यशुचिज्ञानमात्रेण तद्रसास्वादानुभूतिः। तद्भावे हि स्रक्चन्दनाङ्गनारसवत्यादिचिन्तनमात्रेणैव तृप्तिसिद्धौ तत्प्राप्तिप्रयत्नवैफल्यप्रसक्तिरिति॥

यत्तु ज्ञानात्मना सर्वगतत्वे सिद्धसाधनं प्रागुक्तम् तच्छक्तिमात्रमपेक्ष्य मन्तव्यम्। तथा च वक्तारो भवन्ति। अस्य मतिः सर्वशास्त्रेषु प्रसरति इति। न च ज्ञानं प्राप्यकारि, तस्यात्मधर्मत्वेन बहिर्निर्गमाभावात्। बहिर्निर्गमे चात्मनोऽचैतन्यापत्त्या अजीवत्वप्रसङ्गः। न हि धर्मो धर्मिणमतिरिच्य क्वचन केवलो विलोकितः। यच्च परे दृष्टान्तयन्ति यथा सूर्यस्य किरणा गुणरूपा अपि सूर्याद् निष्क्रम्य भुवनं भासयन्ति, एवं ज्ञानमप्यात्मनः सकाशाद्

यहाँ प्रश्न होता है कि त्रलोक्यको सृष्टि करनेवाला ईश्वर बढ़ईकी तरह साक्षात् शरीरकी मददसे जगत्को बनाता है अथवा संकल्पमात्रसे ? पहला पक्ष स्वीकार करनेमें पृथिवी पर्वत आदिके निर्माण करनेमें अत्यन्त कालक्षेपकी सम्भावना होनेसे बहुत समय लगेगा इसलिये बहुत समय तक भी तीनों लोकोंकी रचना न हो सकेगी। यदि कहो कि ईश्वर संकल्पमात्रसे ही सृष्टिको ही बनाता है तो यदि एक स्थानमें रहकर भी ईश्वर जगत्को बनाये तो उसमें भी कोई दोष दृष्टिगोचर नहीं होता क्योंकि नियत देशमें रहनेवाले सामान्य देव भी संकल्पमात्रसे ही उन-उन कार्योंका सम्पादन करते हैं।

तथा ईश्वरको शरीरकी अपेक्षा सर्वव्यापी माननेसे वह ईश्वर अशुचि पदार्थोंमें और निरन्तर महा अन्धकारसे व्याप्त नरक आदिमें भी रहा करेगा और यह मानना आप लोगोंको इष्ट नहीं है। ईश्वरवादी— ज्ञानकी अपेक्षा जिनभगवान्को जगत्त्रयमें व्यापी माननेसे आप लोगोंके भगवान्को भी अशुचि पदार्थोंके रसास्वादनका ज्ञान होता है तथा नरक आदि दुःखोंके स्वरूपका ज्ञान होनेसे दुःखका भी अनुभव होता है इसलिए अनिष्टापत्ति दोनोंको समान है। जैन—यह कहना युक्तियों द्वारा प्रतिकार करनेमें असमर्थ होकर धूल फेंकनेके समान है। क्योंकि अप्राप्यकारी ज्ञान अपने स्थानमें स्थित होकर ही ज्ञेयको जानता है ज्ञेयके स्थानको प्राप्त होकर नहीं इसलिये वादीका दिया हुआ दूषण ठीक नहीं है। तथा दूसरी बात यह भी है कि केवल अशुचि पदार्थके ज्ञानसे ही आपको भी रसास्वादनकी अनुभूति नहीं होती है। यदि ऐसा होने लगे तो माला चन्दन स्त्री और मनोज्ञ पदार्थोंके चिन्तन मात्रसे ही तृप्ति हो जानी चाहिये और इसलिये माला चन्दन आदिके लिए प्रयत्न करना भी निष्फल हुआ करेगा।

तथा हमने जो ज्ञानकी अपेक्षा ईश्वरके सर्वव्यापी होनेके आपके पक्षमें सिद्धसाधन दोष प्रदर्शित किया था वह परम पुरुष जिनेन्द्र भगवान्की ज्ञानकी शक्तिकी अपेक्षा प्रदर्शित किया था। (तात्पर्य यह कि जैसे न्याय-वैशेषिक ईश्वरका सर्वगतत्व ज्ञानकी अपेक्षा स्वीकार करते हैं, वैसे ही जैन लोग भी परम पुरुष जिनेन्द्रका सर्वगतत्व ज्ञानकी अपेक्षा स्वीकार करते हैं। अतएव जैन लोगोंने कहा था कि इससे तो हमारे साध्यकी ही सिद्धि होती है।) जैसे किसी मनुष्यकी बुद्धिकी शक्तिको देखकर लोग कहते हैं कि इसकी बुद्धि सब शास्त्रोंमें

बहिर्निर्गत्य प्रमेयं परिच्छिनत्तीति । तत्रेदमुत्तरम् । किरणानां गुणत्वमसिद्धम् तेषां तैजस पुद्गलमयत्वेन द्रव्यत्वात् । यश्च तेषां प्रकाशात्मा गुणः स तेभ्यो न जातु पृथग् भवतीति । तथा च धर्मसंग्रहिण्यां श्रीहरिभद्राचार्यपादाः—

"किरणा गुणा न द व्व तेसिं पयासो गुणो न वा दव्वं ।
ज नाणं आयगुणो कहमद व्वो स अन्नत्थ ॥ १ ॥
गन्तूण न परिछिन्दइ नाणं णेयं तयम्मि देसम्मि ।
आयत्थ चिय नवर अचिंतसत्तीउ विण्णेयं ॥२॥
लोहोवलस्स सत्ती आयत्था चेव भिन्नदेसपि ।
लोहं आगरिसती दीसइ इह क जपच्चक्खा ॥३॥
एवमिह नाणसत्ती आय था चेव हंदि लागत ।
जइ परिछिंदइ सम्मं को णु विरोहो भवे एत्थं ॥४॥
इत्यादि ॥

सकती है उसी त ह यहाँ भी हमने जिन द्रके ज्ञानकी शक्तिको देखकर जिन द्रको ज्ञानकी अपेक्षा सव यापक कहा है। तथा ज्ञान प्राप्यकारी नहीं है क्योकि वह आ माका धम है इसलिय ज्ञान आत्मासे बाहर निकल कर नहीं जा सकता। यदि ज्ञान आ माके बाहर निकल कर जाने लगे तो आ माके अचेतनत्वकी आपत्ति खडी हो जानेसे उसके अजीवत्वका प्रसग उपस्थित हो जायेगा। लेकिन यह समव नहीं क्योकि धर्मीको छोडकर केवल धम कही भी नहो रहता। तथा वशषिक लोगान जो सूयका दष्टात दिया है कि जसे सूयकी किरण गुणरूप होकर भी सूयम बाहर जाकर ससारको प्रकाशित करती है उसी तरह ज्ञान आत्माका गुण होकर भी आत्मास बाहर जाकर प्रमेय पदाथको जानता है यह भी ठीक नही। क्योकि किरणोका गुण व ही असिद्ध है कारण कि किरण तजस पुद्गलरूप हैं इसलिये वे द्रव्य ह। तथा किरणोका प्रकाशा मक गण कभी किरणोसे अलग नही होता। हरिभद्राचायने धमसग्रहिणीम भी कहा है—

किरण द्र य ह गण नहीं हैं। किरणोंका प्रकाश गुण है। यह प्रकाशरूप गण द्रव्यको छोडकर अन्यत्र नही रहता। इसी तरह ज्ञान आ माका गण है वह आत्माको छोडकर अ यत्र नहा जाता ॥१॥

जिस देशम ज्ञय पदाथ स्थित ह उस प्रदेशम ज्ञान जाकर ज्ञयको नही जानता कि तु आत्माम रहत हुए ही दूर देशमें स्थित ज्ञयको जानता ह आत्माक ज्ञानम अचित्य शक्ति है ॥२॥

जिस प्रकार चुम्बक प थरकी शक्ति चुम्बकम ही रहकर दूर रखे हुए लोहको अपना ओर खींचती है ॥३॥

इसी प्रकार ज्ञान शक्ति आ माम ही रहकर लोकके अत तक रहनेवाले पदार्थोंको भलीभाँति जानती है इसमें कोई विरोध नही है ॥४॥ इत्यादि।

---

१ किरणा गणा न द्रव्य तथा प्रकाशो गणो न वा द्र य ।
यज्ज्ञानमा मगुण कथमद्र य स अन्यत्र ॥
गत्वा न परिच्छिनत्ति ज्ञान ज्ञय तस्मि देशे ।
आत्मस्थमव नवर अचि यशक्त्या तु विज्ञयम ॥
लोहोपलस्य शक्ति आत्मस्थैव भिन्नदेशमपि ।
लोहमाकषती दृश्यते इह कायप्रत्यक्षा ॥
एवमिह ज्ञानशक्ति आत्मस्थैव हन्त लोकान्तम् ।
यदि परिच्छिनत्ति सम्यक् को नु विरोधो भवेदत्र ॥

अथ सर्वथा सर्वज्ञ इति व्याख्यातम्। तत्रापि प्रतिविधीयते। ननु तस्य सार्वज्ञ्यं केन प्रमाणेन गृहीतम्। प्रत्यक्षेण, परोक्षेण वा? न तावत् प्रत्यक्षेण, तस्येन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नतयातीन्द्रियग्रहणासामर्थ्यात्। नापि परोक्षेण। तद्धि अनुमानं, शाब्दं वा स्यात्? न तावदनुमानम्, तस्य लिङ्गिलिङ्गसम्बन्धस्मरणपूर्वकत्वात्। न च तस्य सर्वज्ञत्वेऽनुमेये किञ्चिदव्यभिचारी लिङ्गं पश्यामः। तस्यात्यन्तविप्रकृष्टत्वेन तत्प्रतिबद्धलिङ्गसम्बन्धग्रहणाभावात्॥

अथ तस्य सर्वज्ञत्वं विना जगद्वैचित्र्यमनुपपद्यमानं सर्वज्ञत्वमर्थादापादयतीति चेत् न। अविनाभावाभावात्। न हि जगद्वैचित्री तत्सार्वज्ञ्यं विनान्यथा नोपपन्ना। द्विविधं हि जगत् स्थावरजङ्गमभेदात्। तत्र जङ्गमानां वैचित्र्यं स्वोपात्तशुभाशुभकर्मपरिपाकवशेनैव। स्थावराणां तु सचेतनानामियमेव गतिः। अचेतनानां तु तदुपभोगयोग्यतासाधनत्वेनानादिकालसिद्धमेव वैचित्र्यमिति॥

नाप्यागमस्तत्साधकः। स हि तत्कृतोऽन्यकृतो वा स्यात्? तत्कृत एव चेत् तस्य सर्वज्ञतां साधयति तदा तस्य महत्त्वक्षतिः। स्वयमेव स्वगुणोत्कीर्तनस्य महतामनधिकृतत्वात्। अन्यच्च, तस्य शास्त्रकर्तृत्वमेव न युज्यते। शास्त्रं हि वर्णात्मकम्। ते च ताल्वादिव्यापार-

---

(२) सर्वज्ञत्व—नैयायिकोंके ईश्वरका सर्वज्ञत्व प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष किसी भी प्रमाणसे सिद्ध नहीं होता। प्रत्यक्ष प्रमाणसे ईश्वरका सर्वज्ञत्व इसलिये सिद्ध नहीं हो सकता कि प्रत्यक्ष इन्द्रिय और मनके संयोगसे उत्पन्न होता है, इसलिये वह अतीन्द्रिय ज्ञानको नहीं जान सकता। परोक्ष ज्ञानसे भी ईश्वरके सर्वज्ञत्वकी सिद्धि नहीं होती। क्योंकि वह परोक्ष ज्ञान अनुमानसे सर्वज्ञत्वको जानता है अथवा शब्दसे? अनुमानसे ईश्वरके सर्वज्ञत्वका ज्ञान नहीं हो सकता, क्योंकि लिंगी और लिंग (साध्य और हेतु) दोनोंके संबंधके स्मरणपूर्वक ही अनुमान होता है। (जैसे पर्वत अग्निवाला है, धूमवान् होनेसे— यहाँ पहले धूमरूप लिंगका ग्रहण होता है, और फिर अग्निरूप लिंगीके साथ लिंगके संबंधका स्मरण होता है। इसी तरह ईश्वर सर्वज्ञ है, क्योंकि वह अपनी इच्छासे ही संपूर्ण प्राणियोंको सुख-दुःखका अनुभव करानेमें समर्थ है— इस अनुमानमें लिंगका ग्रहण और इस लिंगका सर्वज्ञत्वरूप लिंगीके साथ संबंधका स्मरण होना चाहिये। परन्तु ऐसा नहीं होता, इसलिये अनुमानसे ईश्वरके सर्वज्ञत्वका ज्ञान नहीं हो सकता।) तथा ईश्वरके सर्वज्ञत्वरूप अनुमेयमें हम कोई भी अव्यभिचारी लिंग नहीं देखते, क्योंकि वह ईश्वर अत्यन्त दूर है, इसलिये ईश्वरसे संबद्ध लिंगका सर्वज्ञत्वरूप लिंगीके साथ संबंधका ग्रहण नहीं हो सकता।

यदि वादी लोग कहें कि ईश्वरके सर्वज्ञत्वके बिना जगत्की विचित्रता नहीं बन सकती, इस कारण अर्थापत्तिसे ईश्वरके सर्वज्ञत्वकी सिद्धि होती है, तो यह कथन भी ठीक नहीं। क्योंकि जगत्की विचित्रता और सर्वज्ञताकी व्याप्तिका अभाव है। जगत्की विचित्रता ईश्वरकी सर्वज्ञताके बिना अन्य प्रकारसे घटित नहीं होती, ऐसी बात नहीं है। जंगम (त्रस) और स्थावरके भेदसे संसार दो प्रकारका है। जंगम जीवोंकी विचित्रता स्वयं उपार्जित शुभ और अशुभ कर्मोंके उदयसे ही होती है, और स्थावर जीवोंकी यही दशा होती है। अचेतन पदार्थोंका वैचित्र्य स्थावर और जंगमके उपभोगकी योग्यताके साधन रूपमें अनादि कालसे सिद्ध ही है।

आगमसे भी ईश्वरकी सिद्धि नहीं होती। क्योंकि ईश्वरको सिद्ध करनेवाला आगम ईश्वरका बनाया हुआ है, या किसी दूसरेका? यदि वह आगम ईश्वरप्रणीत होकर ही ईश्वरकी सिद्धि करता है तो ईश्वरकी महान् क्षति होगी। क्योंकि महात्मा लोग स्वयं ही अपने गुणोंकी प्रशंसा नहीं करते हैं। तथा ईश्वरका शास्त्रकर्तृत्व ही सिद्ध नहीं होता। क्योंकि शास्त्र वर्णात्मक होता है। ये वर्ण तालु आदिकी क्रियासे उत्पन्न होते

[illegible]। स च शरीरे एव सम्भवी। शरीराभ्युपगमे च तस्य पूर्वोक्ता एव दोषाः। अन्यकृतश्चेत्, सोऽन्यः सर्वज्ञोऽसर्वज्ञो वा? सर्वज्ञत्वे तस्य द्वैतापत्त्या प्रागुक्तैकत्वाभ्युपगमबाधः तत्कर्तृकल्पनायामनवस्थापातश्च। असर्वज्ञश्चेत् कस्तस्य वचसि विश्वासः।

अपरं च भवदभीष्ट आगमः प्रत्युत तत्प्रणेतुरसर्वज्ञत्वमेव साधयति। पूर्वापरविरुद्धार्थवचनोपेतत्वात्। तथाहि 'न हिंस्यात् सर्वभूतानि'[1] इति प्रथममुक्त्वा, पश्चात् तत्रैव पठितम्–

"षट्शतानि नियुज्यन्ते पशूनां मध्यमेऽहनि।
अश्वमेधस्य वचनान्न्यूनानि पशुभिस्त्रिभिः"॥

तथा "अग्नीषोमीयं पशुमालभेत"[2] "सप्तदश प्राजापत्यान् पशूनालभेत"[3] इत्यादि वचनानि कथमिव न पूर्वापरविरोधमनुरुध्यन्ते। तथा "नानृतं ब्रूयात्" इत्यादिना अनृतभाषणं प्रथमं निषिध्य, पश्चात् "ब्राह्मणार्थेऽनृतं ब्रूयात्"[4] इत्यादि। तथा–

"न नर्मयुक्तं वचनं हिनस्ति न स्त्रीषु राजन्न विवाहकाले।
प्राणात्यये सर्वधनापहारे पञ्चानृतान्याहुरपातकानि"[5]॥

तथा "परद्रव्याणि लोष्टवत्" इत्यादिना अदत्तादानमनेकधा निरस्य, पश्चादुक्तम् "यद्यपि ब्राह्मणो हठेन परकीयमादत्ते छलेन वा तथापि तस्य नादत्तादानम्। यतः सर्वमिदं ब्राह्मणेभ्यो दत्तम् ब्राह्मणानां तु दौर्बल्याद् वृषलाः परिभुञ्जते। तस्मादपहरन् ब्राह्मणः स्वमादत्ते स्वमेव ब्राह्मणो भुङ्क्ते स्वं वस्ते स्वं ददाति"[6] इति। तथा 'अपुत्रस्य गतिर्नास्ति'[7] इति कथयित्वा,

---

है। यह तालु आदिकी क्रिया शरीर होनेपर ही सम्भव है। यदि ईश्वरको शरीरी मानोगे तो ईश्वरमें पूर्वोक्त दोष मानने पड़ेंगे। यदि आप कहें कि ईश्वरको सिद्ध करनेवाला आगम दूसरेका बनाया हुआ है तो वह दूसरा पुरुष सर्वज्ञ है या असर्वज्ञ? यदि सर्वज्ञ है तो ईश्वरके द्वैतका प्रसंग होनेसे आपने जो पहले ईश्वरको एक माना है उसमें बाधा उपस्थित होगी। तथा अन्य पुरुषको सर्वज्ञ माननेपर बहुत-से पुरुषोंके सर्वज्ञ स्वीकार करनेमें अनवस्था दोष आयेगा। तथा यदि आगमका प्रणेता अन्य पुरुष असर्वज्ञ है तो उसके वचनोंमें विश्वास कौन करेगा?

इसके अतिरिक्त आप लोगोंका आगम अपने प्रणेताको असर्वज्ञ ही सिद्ध करता है। क्योंकि वह आगम पूर्वापरविरुद्ध है। जैसे किसी भी प्राणीकी हिंसा न करनी चाहिए—यह कहकर तत्पश्चात्

अश्वमेध यज्ञके मध्यम दिनमें ५९७ पशुओंका वध किया जाता है

तथा अग्नि और सोम सम्बन्धी पशुका वध करना चाहिये प्रजापति सम्बन्धी सत्रह पशुओंको मारना चाहिए आदि वचनोंका कथन करना शास्त्रोंके पूर्वापरविरोधको सिद्ध करता है। तथा असत्य नहीं बोलना चाहिए आदि वचनोंसे असत्यका निषेध करके तत्पश्चात् ब्राह्मणके लिए असत्य बोलनेमें दोष नहीं है तथा—

हास्यमें स्त्रियोंके साथ सम्भोगके समय विवाहके अवसरपर प्राणोंका नाश होनेपर और सर्वधनके हरण होनेके समय असत्य बोलना पाप नहीं है।

आदि वचनोंका कथन पूर्वापर विरुद्ध है। इसी प्रकार पहले दूसरेकी सम्पत्ति मिट्टीके ढेलेके

---

१ छान्दोग्य उ ८ अ। २ ऐतरेय ६–३। ३ तैत्तरीयसंहिता १ ४।

४ आपस्तंबसूत्र।

५ विवाहकाले रतिसम्प्रयोगे प्राणात्यये सर्वधनापहारे।
विप्रस्य चार्थे ह्यनृतं वदेयुः पञ्चानृतान्याहुरपातकानि॥ वसिष्ठधर्मसूत्र १६ ३६।

६ मनुस्मृतौ ११०१ इत्यत्राल्पांशेनैव साम्यम्। ७ देवीभागवते।

"अनेकानि सहस्राणि कुमारब्रह्मचारिणाम् ।
दिवं गतानि विप्राणामकृत्वा कुलसन्ततिम्" ॥

इत्यादि । कियन्तो वा दधिमाषभोजनात् कृपणा विवेच्यन्ते । तदेवमागमोऽपि न तस्य सर्वज्ञतां वक्ति । किञ्च, सर्वज्ञः सन्नसौ चराचरं चेद् विरचयति, तदा जगदुपप्लवकरण वैरिणः पश्चादपि कर्तव्यनिग्रहान् सुरवैरिण एतदधिक्षेपकारिणश्चास्मदादीन् किमर्थं सृजति इति, तन्नायं सर्वज्ञः ।

तथा स्ववशत्व—स्वातन्त्र्यं । तदपि तस्य न क्षोदक्षमम् । स हि यदि नाम स्वाधीनः सन् विश्वं विधत्ते, परमकारुणिकश्च त्वया वर्ण्यते, तत् कथं सुखितदुःखिताद्यवस्थाभेदवृन्दस्थपुटितं घटयति भुवनम् एकान्तशर्मसंपत्कान्तमेव तु किं न निर्मिमीते ? अथ जन्मान्तरोपार्जिततत्तदीयशुभाशुभकर्मप्रेरितः सन् तथा करोतीति, दत्तस्तर्हि स्ववशत्वाय जलाञ्जलिः ॥

कर्मजन्ये च त्रिभुवनवैचित्र्ये शिपिविष्टहेतुकविष्टपसृष्टिकल्पनायाः कष्टैकफलत्वात् अस्मन्मतमेवाङ्गीकृतं प्रेक्षावता । तथा चायातोऽयं 'घटकुट्यां प्रभातम्' इति न्यायः । किञ्च, प्राणिनां धर्माधर्मावपेक्षमाणश्चायं सृजति, प्राप्तं तर्हि यदयमपेक्षते तन्न करोतीति ।

समान है आदि वचनोंसे चोरीका निषध करके यदि कोई ब्राह्मण हठसे या छलसे दूसरेके द्रव्यको हरण करता है तो भी उसे चोरीका दोष नहीं लगता क्योंकि जगतकी सवसपत्ति ब्राह्मणोको ही दी गयी है ब्राह्मणोकी दुवलतासे शूद्र लोग इस सपत्तिका उपभोग करत हैं । इसलिये यदि ब्राह्मण दूसरेके धनको छीनता है तो भी वह अपने ही धनको लेता है अपने ही का उपभोग करता है अपना ही पहनता है और अपना ही देता है आदि वाक्योंका उल्लेख पूर्वापरविरोधको सूचित करता है । इसीप्रकार पुत्ररहितकी गति नही होती कहकर

हजारो कुमार ब्रह्मचारी ब्राह्मण अपन कुलकी सततिको उत्पन्न न करके स्वग गये हैं ।

आदि वाक्योंका कथन आगमके पूर्वापरविरोधको स्पष्टरूपसे प्रगट करता है । दही और उड़दके भोजनसे कितने कृपणोको सन्तुष्ट किया जाये ? इसलिये आगमसे भी ईश्वरकी सवज्ञता सिद्ध नहीं होती । और कहांतक कहा जाये यदि सर्वज्ञ ईश्वर इस स्थावर-जगमरूप जगत्को बनाता है तो वह जगतम उपद्रव करनेवाले जिनका निग्रह करना आवश्यक है ऐसे दानवों को तथा ईश्वरपर आक्षेप करनवाले हम जैसे लोगोको क्यो बनाता है ? इससे मालम होता है कि ईश्वर सवज्ञ नहीं है ।

(४) स्वतन्त्र—तथा स्ववशत्वका अथ है स्वातन्त्र्य । ईश्वर स्वतन्त्र भी नहीं है । यदि ईश्वर स्वाधीन होकर जगतको रचता है और वह परम दयालु है तो वह सवथा सुख सम्पदाओंसे परिपूर्ण जगत्को न बनाकर सुख दु खरूप जगत्का क्यों सर्जन करता है ? यदि कहो कि जीवोके जन्मान्तरम उपाजन किये हुए शुभ-अशुभ कर्मोंसे प्ररित ईश्वर जगत्को बनाता है तो फिर ईश्वरके स्वाधीनत्वका ही लोप हो जाता है ।

तथा संसारकी विचित्रताको कमजन्य स्वीकार करनेपर सृष्टिको ईश्वरजन्य मानना केवल कष्टरूप ही है । इससे अच्छा तो आप हमारा ही मत स्वीकार कर लें । तथा हमारे मतको स्वीकार करनेपर आपको 'घटकुट्यां प्रभातम्' न्यायका प्रसग होगा । (अर्थात् जैसे कोई मनुष्य महसूली सामानका महसूल न देनेके विचारसे रास्तेम आनवाले चुगीघरको छोडकर किसी दूसरे रास्तेसे शहरके भीतर आनेके लिये रातभर इधर उधर चक्कर मारकर प्रात काल फिरसे उसी चुगीघरपर आ पहुँचता है (घटकुट्यां प्रभातम) उसी प्रकार आप लोगोंने ईश्वरको जगत्का नियन्ता सिद्ध करनेमें बहुत कुछ प्रयत्न किया पर आखिरमें हमारा ही मत

---

१ आपस्तंबसूत्रे । २ स्ववशत्व मप्टमितमथ । ३ महेश्वर ४ विश्वं ५ तद्देयासिद्धिभय प्रतीयते तत्रार्थं उपयुज्यते । न्यायार्थः—कश्चित् शाकटिको मध्ये मार्गं राजदेयं द्रव्यं दातुमनिच्छन्मार्गान्तरं समासाद्य अपि घटं रात्रौ भ्रष्टमार्गः प्रभाते राजग्राह्यद्रव्यग्राहिकुटीसमीपमेवागच्छति । तेन तदुद्देश्यं न सिध्यतीति ।

न हि कुलालो दण्डादि करोति। एवं कर्मापेक्षश्चेदीश्वरो जगत्कारणं स्यात् तर्हि कर्मणीश्वरत्वम्, ईश्वरोऽनीश्वरः स्यादिति॥

तथा नित्यत्वमपि तस्य स्वगृह एव प्रणिगद्यमानं हृद्यम्। स खलु नित्यत्वेनैकरूपः सन्, त्रिभुवनसर्गस्वभावोऽतत्स्वभावो वा? प्रथमविधायां जगन्निर्माणात् कदाचिदपि नोपरमेत। तदुपरमे तत्स्वभावत्वहानिः। एवं च सर्गक्रियाया अपर्यवसानाद् एकस्यापि कार्यस्य न सृष्टिः। घटो हि स्वारम्भक्षणादारभ्य परिसमाप्त्यन्त्यक्षणं यावद् निश्चयनयाभिप्रायेण न घटव्यपदेशमासादयति। जलाहरणाद्यर्थक्रियायामसाधकतमत्वात्॥

अतत्स्वभावपक्षे तु न जातु जगन्ति सृजेत् तत्स्वभावायोगाद् गगनवत्। अपि च तस्यैकान्तनित्यस्वरूपत्वे सृष्टिवत् संहारोऽपि न घटेत। नानारूपकार्यकरणेऽनित्यत्वापत्तेः। स हि येनैव स्वभावेन जगन्ति सृजेत् तेनैव तानि संहरेत् स्वभावान्तरेण वा? तेनैव चेत् सृष्टिसंहारयोर्यौगपद्यप्रसङ्गः स्वभावाभेदात्। एकस्वभावात् कारणादनेकस्वभावकार्योत्पत्तिविरोधात्। स्वभावान्तरेण चेद् नित्यत्वहानिः। स्वभावभेद एव हि लक्षणमनित्यतायाः। यथा पार्थिवशरीरस्याहारपरमाणुसहकृतस्य प्रत्यहमपूर्वापूर्वोत्पादेन स्वभावभेदादनित्यत्वम्। इष्यश्च

स्वीकार करना पड़ा।) तथा ईश्वर जीवोंके पुण्य-पापकी अपेक्षा रखता हुआ जगतको बनाता है तो वह जिसकी अपेक्षा रखता है उसको नहीं बनाता। जैसे कुम्हार घटके बनानेमें दण्डकी सहायता लेता है इसलिये वह दण्डको नहीं बनाता, उसी तरह यदि ईश्वर जगतके बनानेमें जीवोंके पुण्य-पापकी अपेक्षा रखता है तो वह पुण्य पापकी सृष्टि नहीं करता है, इसलिये यदि ईश्वर जगतके बनानेमें कर्मोंकी अपेक्षा रखता है तो वह कर्मोंके बनानेवाला नहीं कहा जा सकता। अतएव ईश्वर अनीश्वर (असमर्थ) है, स्वतन्त्र नहीं।

(५) नित्यत्व—तथा ईश्वर नित्य भी नहीं है। क्योंकि नित्य होनेसे एकरूपके धारक उस ईश्वरके त्रिभुवनकी रचना करनेका स्वभाव है या बिना स्वभावके भी वह त्रिभुवनकी रचना करता है? यदि ईश्वरका त्रिभुवनकी रचना करनेका स्वभाव है तो वह रचनामें कभी विश्राम ही न लेगा। यदि विश्राम लेगा तो ईश्वरके स्वभावकी हानि होगी। इस प्रकार जगत्‌की रचनाका कभी अन्त न होगा और फिर एक भी कार्यकी रचना न हो सकेगी। क्योंकि वास्तवमें घटकी रचनाके आरम्भ होनेके प्रथम क्षणसे लगाकर घटकी रचनाकी समाप्तिके अंतिम क्षण तक निश्चयकी दृष्टिसे घट व्यवहार नहीं होता। कारण कि उत्पद्यमान घट जल लाना आदि प्रयोजनभूत क्रियाका साधकतम नहीं होता—जबतक घट बन कर तैयार न हो जाय उस समय तक घटमें जल लाने आदिकी क्रिया नहीं हो सकती। (भाव यह है कि यदि ईश्वर नित्य है तो उसका जगत बनानेका स्वभाव भी नित्य होना चाहिये। इसलिये उसे सदा जगतको बनाते ही रहना चाहिये। जगतके इस अविराम निर्माणसे एक भी कार्यकी रचना समाप्त न हो सकेगी। तथा जब तक किसी कार्यकी रचना समाप्त न हो उस समय तक हम ईश्वरको स्रष्टा नहीं कह सकते)।

यदि ईश्वरका जगतके रचनेका स्वभाव नहीं है तो ईश्वर कभी भी जगतको नहीं बना सकता। जैसे आकाशका स्वभाव जगतको बनानेका नहीं है वैसे ही ईश्वरका स्वभाव भी जगतको बनानेका न रहेगा। तथा ईश्वरको एकान्त नित्य माननेपर सृष्टिकी तरह संहार भी न बन सकेगा। क्योंकि यदि ईश्वर सृष्टि और संहार आदि अनेक कार्योंको करेगा तो वह अनित्य हो जायगा। तथा जिस स्वभावसे ईश्वर सृष्टिकी रचना करता है उसी स्वभावसे वह सृष्टिका संहार करता है अथवा दूसरे स्वभावसे? यदि ईश्वर उसी स्वभावसे संहार करता है तो सृष्टि और संहार एककालीन हो जायेंगे, क्योंकि ईश्वरके स्वभावमें भेद नहीं है। एक स्वभावरूप कारणसे अनेक स्वभावरूप कार्योंकी उत्पत्ति नहीं हो सकती। यदि कहो कि जिस स्वभावसे ईश्वर सृष्टिको बनाता है, उस स्वभावके अतिरिक्त

यथास्य सृष्टिसंहारयोः शम्भौ स्वभावभेदः। रजोगुणात्मकतया सृष्टौ, तमोगुणात्मकतया संहरणे, सात्त्विकतया च स्थितौ, तस्य व्यापारस्वीकारात्। एवं चावस्थाभेदः, तद्भेदे, चावस्थावतोऽपि भेदात् नित्यत्वक्षतिः॥

अथास्तु नित्यः, तथापि कथं सततमेव सृष्टौ न चेष्टते। इच्छावशात् चेत्, ननु ता अपीच्छाः स्वसत्तामात्रनिबन्धनात्मलाभाः सदैव किं न प्रवर्तयन्तीति स एवोपालम्भः। तथा शम्भोरष्टगुणाधिकरणत्वे कार्यभेदानुमेयानां तदिच्छानामपि विषमरूपत्वात् नित्यत्वहानिः केन वार्यते॥

किञ्च प्रेक्षावतां प्रवृत्तिः स्वार्थकरुणाभ्यां व्याप्ता। ततश्चायं जगत्सर्गे व्याप्रियते स्वार्थात्, कारुण्याद् वा? न तावत् स्वार्थात् तस्य कृतकृत्यत्वात्। न च कारुण्यात्, परदुःखप्रहाणेच्छा हि कारुण्यम्। ततः प्राक् सर्गाज्जीवानामिन्द्रियशरीरविषयानुत्पत्तौ दुःखाभावेन कस्य प्रहाणेच्छा कारुण्यम्? सर्गोत्तरकाले तु दुःखिनोऽवलोक्य कारुण्याभ्युपगमे दुरुत्तरमितरेतराश्रयम्। कारुण्येन सृष्टिः सृष्ट्या च कारुण्यम्। इति नास्य जगत्कर्तृत्वं कथमपि सिद्ध्यति॥

दूसरे स्वभावसे वह संहार करता है तो ये माननेमें ईश्वर नित्य नहीं कहा जा सकता। क्योंकि स्वभावका भेद होना ही अनित्यताका लक्षण है। जिस प्रकार आहारके परमाणुओंसे युक्त पार्थिव शरीरमें प्रतिदिन नवीन-नवीन उत्पत्ति होनेके कारण स्वभावभेद होता है इसलिए पार्थिव शरीर अनित्य है उसी तरह ईश्वरके स्वभावका भेद माननेपर ईश्वर भी अनित्य होगा। परन्तु आप लोग जगतकी सृष्टि और संहारमें ईश्वरके स्वभावभेदको स्वीकार करते हैं। क्योंकि आपके अनुसार ईश्वर सृष्टिमें रजोगुणरूप संहारमें तमोगुणरूप और स्थितिमें सत्त्वगुणरूप प्रवृत्ति करता है। इस प्रकार अनेक अवस्थाओंके भेद होनेसे ईश्वर नित्य नहीं कहा जा सकता।

यदि ईश्वरको नित्य मान भी लिया जाय तो वह जगतके बनानेमें सदा ही प्रयत्नवान् क्यों नहीं रहता? यदि कहो कि अपनी इच्छाके कारण ईश्वर जगतको बनानेमें सदा ही प्रयत्नवान नहीं होता तो अपनी सत्तामात्रसे उत्पन्न हुई इच्छाएं भी ईश्वरको सदा काल प्रवृत्त क्यों नहीं करतीं? इस प्रकार पूर्वोक्त दोष हो आता है। तथा आप लोग ईश्वरमें बुद्धि इच्छा प्रयत्न संख्या परिमाण पृथक्त्व संयोग और विभाग नामक आठ गुणोंको स्वीकार करते हैं। परन्तु कार्य भेदसे अनुमेय ईश्वरकी इच्छाओंके विषमरूप होनेसे ईश्वरके नित्यत्वकी हानिको कौन दूर कर सकता है? (अर्थात् यदि ईश्वर नित्य है तो उसकी इच्छायें भी सदा समान ही रहनी चाहिए। परन्तु संसारके नाना कार्योंको देखकर अनुमान होता है कि ईश्वरकी इच्छाएं भी नाना प्रकारकी (विषम) हैं और ईश्वरकी इच्छाओंके विषम होनेसे ईश्वरको भी अनित्य मानना चाहिए।)

तथा बुद्धिमान् पुरुषोंकी प्रवृत्ति स्वार्थ (किसी प्रयोजनसे) अथवा करुणाबुद्धिपूर्वक ही होती है। यहाँ प्रश्न होता है कि जगत्की सृष्टिमें ईश्वर स्वार्थसे प्रवृत्त होता है अथवा करुणासे? स्वार्थसे ईश्वरकी प्रवृत्ति नहीं हो सकती क्योंकि वह कृतकृत्य है। यह प्रवृत्ति करुणासे भी सम्भव नहीं क्योंकि दूसरेके दुखोंको दूर करनेकी इच्छाको करुणा कहते हैं। परन्तु ईश्वरके सृष्टि रचनेसे पहले जीवोंके इन्द्रिय, शरीर और विषयोंका अभाव था इसलिये जीवोंके दुख भी नहीं था फिर किस दुखको दूर करनेकी इच्छासे ईश्वरके करुणाका भाव उत्पन्न हुआ? यदि कहो कि सृष्टिके बाद दुखी जीवोंको देखकर ईश्वरके करुणाका भाव उत्पन्न होता है तो इतरेतराश्रय नामका दोष आता है। क्योंकि करुणासे जगत्की रचना हुई और जगत्की रचनासे करुणा हुई। इस प्रकार ईश्वरके किसी भी तरह जगत्का कर्तृत्व सिद्ध नहीं होता।

---

१ बुद्धीच्छाप्रयत्नसंख्यापरिमाणपृथक्त्वसंयोगविभागाश्च अष्टौ गुणाः।

तदेवमेवंविधदोषकलुषिते पुरुषविशेषे यत्तेषां सेवाहेवाकः स खलु केवलं बलवन्मोहविडम्बनापरिपाक इति। अत्र च यद्यपि मध्यवर्तिनो नकारस्य "घण्टालालान्यायेन" योजनादर्थान्तरमपि स्फुरति यथा इमाः कुहेवाकविडम्बनास्तेषां न स्युर्येषां त्वमनुशासक इति तथापि सोऽर्थः सहृदयैर्न हृदये धारणीयः, अन्ययोगव्यवच्छेदस्याधिकृतत्वात् ॥ इति काव्यार्थः ॥ ६ ॥

इस प्रकार अनेक दोषोंसे दूषित पुरुषविशेष ईश्वर को जगतके कर्ता माननेका आग्रह केवल बलवान् मोहकी विडम्बनाका ही फल है। इमाः कुहेवाकविडम्बनाः स्युस्तेषां न येषामनुशासकस्त्वम् यहाँ मध्यवर्ती नकारका घण्टालालान्याय से (मध्यमणिन्याय अथवा देहलीदीपकन्याय या घण्टालालान्याय एक ही अर्थको सूचित करते हैं। जैसे एक ही मणि अथवा दीपक घरकी देहलीपर रखनेसे दोनों ओरकी वस्तुओंको प्रकाशित करते हैं अथवा एक ही घण्टा अपनी दोनों तरफ बजता है उसी तरह यहाँ भी एक ही नकार का दो तरह से अन्वय होता है) श्लोकका दूसरा अर्थ भी निकलता है कि जिनके आप अनुशासक हैं उनके कदाग्रहरूप विडम्बनायें नहीं हैं। परन्तु यह अर्थ विद्वानोंको नहीं लेना चाहिये। क्योंकि यहाँ स्तुतिकारने अन्ययोग व्यवच्छेदका अवलम्बन लिया है॥ यह श्लोकका अर्थ है॥६॥

भावार्थ—इस श्लोकमें वैशेषिकोंके ईश्वरके स्वरूपका खण्डन किया गया है। वैशेषिकोंके अनुसार ईश्वर (१) जगतका कर्ता है (२) एक है (३) सर्वव्यापी है (४) स्वतन्त्र है और (५) नित्य है।

(१) **वैशेषिक**—पृथिवी पर्वत आदि किसी बुद्धिमान कर्ताके बनाये हुए हैं क्योंकि ये कार्य हैं जो-जो कार्य होता है वह किसी बुद्धिमान कर्ताका बनाया हुआ देखा जाता है जैसे घर। पृथिवी पर्वत आदि भी कार्य हैं इसलिये ये भी किसी कर्ताके बनाये हुए हैं जो किसी कर्ताका बनाया हुआ नहीं होता वह कार्य भी नहीं होता जैसे आकाश। **जैन**—(क) उक्त अनुमान प्रत्यक्षसे बाधित है क्योंकि हमें पृथिवी पर्वत आदिका कोई कर्ता दृष्टिगोचर नहीं होता। (ख) घटका दृष्टान्त विषम है। क्योंकि घटादि कार्य सशरीर कर्ताके ही बनाये हुए देखे जाते हैं तथा ईश्वर को अशरीर कर्ता माना गया है। तथा ईश्वरको सशरीर माननेमें इतरेतराश्रय आदि अनेक दोष आते हैं।

(२) **वैशेषिक**—ईश्वर एक है क्योंकि अनेक ईश्वर होनेसे जगतमें एकरूपता और क्रम नहीं रह सकता। **जैन**—उक्त मान्यता एकान्तरूपसे मान्य नहीं है। क्योंकि शहदके छत्ते आदि पदार्थोंको अनेक मधुमक्खियाँ तैयार करती हैं फिर भी छत्तेमें क्रम और एकरूपता देखी जाती है।

(३) **वैशेषिक**—ईश्वर सर्वव्यापी और सर्वज्ञ है। **जैन**—ईश्वर सर्वव्यापी नहीं हो सकता क्योंकि उसके सर्वव्यापी होनेसे प्रमेय पदार्थोंके लिये कोई स्थान न रहेगा। ईश्वरका सर्वज्ञत्व भी किसी प्रमाणसे सिद्ध नहीं हो सकता। क्योंकि स्वयं सर्वज्ञत्व प्राप्त किये बिना हम प्रत्यक्षसे ईश्वरका साक्षात ज्ञान नहीं कर सकते। अनुमानसे भी हम ईश्वरको नहीं जान सकते क्योंकि वह बहुत दूर है इसलिए सर्वज्ञत्वसे सम्बद्ध किसी हेतुसे उसका ग्रहण नहीं हो सकता। सर्वज्ञत्वके बिना जगतकी विचित्र रचना नहीं हो सकती—इस अर्थापत्ति प्रमाणसे भी सर्वज्ञत्व सिद्ध नहीं होता। क्योंकि जगतकी विचित्रताकी व्याप्ति सर्वज्ञत्वके साथ नहीं है। आगम प्रमाणसे भी हम सर्वज्ञको नहीं जान सकते क्योंकि वेद आदि आगम पूर्वापरविरोध आदि दोषोंसे युक्त हैं इसलिए आगम विश्वसनीय नहीं है।

(४) **वैशेषिक**—ईश्वर स्वतन्त्र है। **जैन**—यदि ईश्वर स्वतन्त्र है तो वह दुःखोंसे परिपूर्ण विश्वकी क्यों रचना करता है? अन्यथा ईश्वरको क्रूर और निर्दय मानना चाहिये। यदि कहा जाय कि

---

१ मध्यमणिन्याय देहलीदीपकन्यायस्तद्देवाय घण्टालालान्याय उपयुज्यते।

अथ चैतन्यादयो रूपादयश्च धर्मा आत्मादेर्घटादेश्च धर्मिणोऽत्यन्तं व्यतिरिक्ता[1] अपि समवायसम्बन्धेन[2] संबद्धाः सन्तो धर्मधर्मिव्यपदेशमश्नुवते तन्मतं दूषयन्नाह—

न धर्मधर्मित्वमतीवभेदे वृत्त्यास्ति चेन्न त्रितयं चकास्ति।
इहेदमित्यस्ति मतिश्च वृत्तौ न गौणभेदोऽपि च लोकबाधः ॥७॥

धर्मधर्मिणोरतीवभेदे [अतीवेत्यत्र इवशब्दो वाक्यालङ्कारे तं च प्रायोऽतिशब्दात् किं वृत्ते च प्रयुञ्जते शाब्दिकाः यथा—'आवर्जिता किञ्चिदिव स्तनाभ्याम्[3] ' "उद्वृत्त क इव सुखावहः परेषाम्[4] " इत्यादि] ततश्च धर्मधर्मिणोः अतीवभेदे—एकान्तभिन्नत्वेऽङ्गीक्रियमाणे, स्वभावहानेर्धर्मधर्मित्वं न स्यात्। अस्य धर्मिण इमे धर्माः एषां च धर्माणामयमाश्रयभूतो धर्मी इत्येवं सर्वप्रसिद्धो धर्मधर्मिव्यपदेशो न प्राप्नोति। तयोरत्यन्तभिन्नत्वेऽपि तत्कल्पनायां पदार्थान्तरधर्माणामपि विवक्षितधर्मधर्मित्वापत्तेः ॥

प्राणियोके अदृष्टबलसे ही ईश्वर जीवोको सुख दुःख देता है तो फिर कर्म प्रधान ही सृष्टि माननी चाहिए ईश्वरको कर्ता माननेकी आवश्यकता नही।

(५) वैशेषिक—ईश्वर नित्य है। जैन—सर्वथा नित्य ईश्वर सतत क्रियाशील है अथवा अक्रियाशील ? ईश्वरको सतत क्रियाशील माननेपर कोई कार्य कभी समाप्त ही नही हो सकेगा। तथा अक्रियाशील माननेपर ईश्वर जगतका निर्माण नही कर सकता।

चैतन्य तथा रूप आदि धर्म आत्मा तथा घट आदि धर्मियोसे सर्वथा भिन्न है तथा धर्म धर्मीका सम्बन्ध समवाय सम्बन्धसे होता है—वैशेषिकोकी इस मान्यताको सदोष सिद्ध करते है—

श्लोकार्थ—धर्म और धर्मीके सर्वथा भिन्न माननेपर यह धर्मी है ये इस धर्मीके धर्म है और यह धर्म धर्मीमे सम्बन्ध करानेवाला समवाय है —इस प्रकार तीन बातोका अलग-अलग ज्ञान नही हो सकता। यदि कहो कि समवाय सम्बन्धसे परस्पर भिन्न धर्म और धर्मीका सम्बन्ध होता है तो यह ठीक नही। क्योकि जिस तरह हमे धर्म और धर्मीका ज्ञान होता है वैसे समवायका ज्ञान नही होता। यदि कहो कि एक समवायको मुख्य मानकर समवायमे समवायत्वको गौणरूपसे स्वीकार करेगे तो यह कल्पना मात्र है। तथा इसे माननेमें लोकविरोध आता है।

व्याख्यार्थ—धर्मधर्मिणोरतीवभेदे [यहाँ अतीवमे इव शब्द वाक्यके अलंकारमे प्रयुक्त हुआ है इसका कोई अर्थ नही है। शाब्दिक लोग इव शब्दका अति और किम् शब्दके साथ प्रयोग करते हैं जैसे— आवर्जिता किंचिदिव स्तनाभ्यां उद्वृत्त क इव सुखावह परेषाम] धर्म और धर्मीका एकान्त भेद माननेपर स्वभावका अभाव हो जाने से धर्मत्व और धर्मित्व नही बनता इसलिये इस धर्मीके ये धर्म है और इन धर्मोका आश्रय यह धर्मी है इस प्रकारका व्यवहार नही हो सकता। धर्म-धर्मीको सर्वथा भिन्न मानकर भी यदि धर्म धर्मी भावको कल्पना की जायगी तो एक पदार्थके धर्म दूसरे पदार्थके धर्म हो जाया करेगे। (वैशेषिक लोग द्रव्य (धर्मी) और गुण (धर्म) को सर्वथा भिन्न मानते है। उनके अनुसार उत्पन्न होनेके प्रथम क्षणमे द्रव्य गुणोसे रहित होता है। जैनदर्शनके अनुसार धर्म और धर्मीका एकान्त भेद सम्भव नही है क्योंकि एकान्त भेद माननेमे एक पदार्थका धर्म दूसरे पदार्थका धर्म हो जाना चाहिये। जैसे अग्निका उष्णत्व धर्म अग्निसे और जलका शीतत्व धर्म जलसे सर्वथा भिन्न हो तो अग्निके उष्णत्व धर्मका जलके साथ और जलके शीतत्व धर्मका अग्निके साथ सम्बन्ध हो जाना चाहिये क्योकि धर्म और धर्मी सर्वथा भिन्न है।)

---

१ उत्पन्नं द्रव्यं क्षणमगुणं निष्क्रियं च तिष्ठतीति समयात् गुणानां गुणिनो व्यतिरिक्तत्वम्। २ 'अयुतसिद्धानामाधार्याधारभूतानां यः संबन्ध इहप्रत्ययहेतुः स समवायः' इति प्रशस्तपादभाष्ये समवायप्रकरणे। ३ कुमारसम्भवमहाकाव्ये ३-५४। ४ शिशुपालवधमहाकाव्ये।

एवमुक्ते सति परः प्रत्यवतिष्ठते । वृत्त्यास्तीति-अयुतसिद्धानामाधार्याधारभूतानामिह-प्रत्ययहेतुः सम्बन्ध समवायः । स च समवयनात् समवाय इति द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषेषु पञ्चसु पदार्थेषु वर्तनाद् वृत्तिरिति चाख्यायते । तया वृत्त्या समवायसम्बन्धेन, तयोधर्मधर्मिणो इतरेतरविनिर्लुण्ठितत्वेऽपि धर्मधर्मिव्यपदेश इष्यते । इति नानन्तरोक्तो दोष इति ॥

अत्राचार्य समाधत्ते । चेदिति । यद्येव तव मति सा प्रत्यक्षप्रतिक्षिप्ता । यतो न त्रितयं चकास्ति । अयं धर्मी, इमे चास्य धर्मा अय चैतत्सम्बन्धनिबन्धनं समवाय इत्येतत् त्रितय-वस्तुत्रयं, न चकास्ति-ज्ञानविषयतया न प्रतिभासते । यथा किल शिलाशकलयुगलस्य मिथोऽनु-सन्धायकं रालादिद्र य तस्मात् पृथक् तृतीयतया प्रतिभासते, नैवमत्र समवायस्यापि प्रतिभासनम्, किन्तु द्वयोरेव धर्मधमिणो इति शपथप्रत्यायनीयोऽय समवाय इति भावाथ ॥

किञ्च, अय तेन वादिना एको नित्य सर्वव्यापकोऽमूतश्च परिकल्पते । ततो यथा घटाश्रिता पाकजरूपादयो धमा समवायसम्ब धेन घटे समवेतास्तथा किं न पटेऽपि । तस्यैकत्वनित्यत्व यापक वै सर्वत्र तुल्यत्वात् ॥

यथाकाश एको नित्यो यापकोऽमूतश्च सन् सर्वै सम्बन्धिभियुगपदविशेषेण सम्बध्यते, तथा किं नायमपीति । विनश्यदेकवस्तुसमवायाभावे च समस्तवस्तुसमवायाभाव प्रसज्यते । तत्तदवच्छेदकभेदाद् नाय दोष इति चेत्, एवमनित्यत्वापत्ति । प्रतिवस्तुस्वभावभेदादिति ।

वैशेषिक—हम वृत्ति (समवाय) से धम और धर्मीम सम्बन्ध मानते ह । अयुतसिद्ध (एक दूसरके बिना न रहनेवाले) आधाय (पट) और आधार (तन्तु) पदार्थोंका इहप्रत्यय हतु (इन तन्तुओम पट है) सम्बन्ध समवाय है । समवायसे पदार्थोंम सम्ब ध होता है इसलिय इसे समवाय कहते ह । यह समवाय द्रव्य गुण कम सामान्य और विशष इन पाँच पदार्थोंम रहता ह इसलिये इसे वृत्ति भी कहते है । समवाय सम्बन्धसे सर्वथा भिन्न धम और धर्मीम धम धर्मीका व्यवहार होता है । (यह समवाय अवयव-अवयवी गण गुणी क्रिया क्रियावान जाति-व्यक्ति नि यद्रव्य और विशेषम रहता है ।)

जैन—उक्त मान्यता प्र यक्षस बाधित ह । क्योंकि हम यह धर्मी है य इस धर्मीके धम और यह धर्म धर्मीम सम्ब ध करानवाला समवाय है —इस प्रकार तीन पदार्थोंका अलग-अलग ज्ञान नही हाता । जिस प्रकार एक प थरके दा टकडाको परस्पर जोडनवाले राल आदि पदाथ पत्थर के दो टकडोसे अलग दिखाई देते हैं उस तरह धर्म और धर्मीका सम्ब ध करानवाला समवाय कोई अलग पदार्थ प्र यक्षसे दृष्टिगोचर नही होता । हम केवल धम और धर्मीका हा प्रतिभास हाता ह । इसलिय धम धर्मी सम्ब ध करानेवाला समवाय कोई अलग पदाथ नही है ।

तथा वैशेषिक लोग समवायको एक नि य सवव्यापक और अमर्त स्वीकार करते हैं । इसलिय घटके अग्निम पकानसे उत्पन्न होनवाले रूप आदि धम यदि समवाय सम्बन्धस घटमें रहत ह ता ये रूप आदि पटम भी क्यो नही रहत ? क्योंकि समवाय एक नि य और व्यापक होनसे सवत्र विद्यमान है । अतएव समवाय-सम्बन्धसे घटमं रहनवाले धम पटमे भी रहने चाहिए क्योकि घटधम समवाय और पटधम समवाय दोनों ही एक नि य यापक और अमर्त है ।

जैसे एक नित्य व्यापक और अमत आकाश एक ही साथ सब सम्बन्धियोसे समानरूपसे सम्बद्ध होता है उसी तरह समवाय भी सब सम्ब धियोसे समानरूपसे ही क्यो सम्बद्ध नही होता ? तथा घटके नष्ट होन पर घटके समवायका अभाव हो जाता है इसलिए समवायका ही सवथा अभाव मानना चाहिए । क्योंकि समवाय एक है इसलिए घटके नष्ट होनसे नष्ट होनेवाले घट-समवायका फिर कभी सद्भाव ही नही होगा । यदि वैशेषिक लोग कह कि समवाय वास्तवम एक ही है लेकिन वह घटत्वावच्छेदक-समवाय पटत्वावच्छेदक-समवाय आदि भिन्न भिन्न अवच्छेदकोंके भेदसे घट पट आदि भिन्न-भिन्न पदार्थोंमें रहता है इसलिए घट

अथ कथं समवायस्य न ज्ञाने प्रतिभासनम्, यदस्तस्त्येहेतिप्रत्ययः साधकस्तत्साधनम्। इह प्रत्ययाबाधकानुभवसिद्ध एव। इह तन्तुषु पटः, इहात्मनि ज्ञानम्, इह घटे रूपादय इति प्रतीतेरुपलम्भात्। अस्य च प्रत्ययस्य केवलधर्मधर्म्यालम्बनत्वादस्ति समवायाख्यं पदार्थान्तरं तद्धेतुरिति पराशङ्कामभिसन्धाय पुनराह। 'इहेदमित्यस्ति मतिश्च वृत्ताविति।' इहेदमिति—इहेदमिति आश्रयाश्रयिभावहेतुक इहप्रत्ययो वृत्तावप्यस्ति—समवायसंबन्धेऽपि विद्यते। चशब्दोऽपिशब्दार्थः। तस्य च व्यवहितः सम्बन्धस्तथैव च व्याख्यातम्॥

इदमत्र हृदयम्। यथा त्वन्मते पृथिवीत्वाभिसंबन्धात् पृथिवी, तत्र पृथिवीत्व पृथिव्या एव स्वरूपमस्तित्वाख्य नापरं वस्त्वन्तरम्। तेन स्वरूपेणैव सम योऽसावभिसम्बन्धः पृथिव्याः स एव समवाय इत्युच्यते। "प्राप्तानामेव प्राप्तिः समवायः" इति वचनात्। एवं समवायत्वाभिसम्बन्धात् समवाय इत्यपि किं न कल्प्यते। यतस्तस्यापि यत् समवायत्वं स्वस्वरूपं, तेन सार्धं सम्बन्धोऽस्त्येव। अन्यथा निःस्वभावत्वात् शशविषाणवदवस्तुत्वमेव भवेत्। ततश्च इह समवाये समवायत्वमित्युल्लेखेन इहप्रत्ययः समवायेऽपि युक्त्या घटत एव। ततो यथा पृथिव्यां पृथिवीत्वं समवायेन समवेतं एवं समवायेऽपि समवायत्वं समवायान्तरेण सम्बन्धनीयम्, तदप्यपरेण इत्येवं दुस्तरानवस्थामहानदी॥

एवं समवायस्यापि समवायत्वाभिसम्बन्धे युक्त्या उपपादिते साहसिकत्वमालम्ब्य पुनः पूर्वपक्षवादी वदति। ननु पृथिव्यादीनां पृथिवीत्वाद्यभिसम्बन्धनिबन्धनं समवायो मुख्यः।

त्वावच्छेदक-समवायके नाश होनेसे पटत्वावच्छेदक-समवायका नाश नहीं होता, यह भी ठीक नहीं। क्योंकि इस तरह प्रत्येक वस्तुके साथ समवायके स्वभावका भेद होनेसे समवाय अनित्य ठहरेगा।

वैशेषिक—आप कैसे कह सकते हैं कि समवायका ज्ञान नहीं होता? इहप्रत्यय (इन तन्तुओंमें पट है) समवायके ज्ञान करानेमें प्रबल साधन है। इन तन्तुओंमें पट है, इस आत्मामें ज्ञान है, इस घटमें रूप आदि हैं—यह इहप्रत्यय अनुभवसे सिद्ध है। यह इहप्रत्यय केवल धर्म और धर्मीके आधारसे नहीं होता, इस कारण धर्म धर्मीसे भिन्न इहप्रत्ययका हेतु समवाय अवश्य मानना चाहिए। इस प्रकार दूसरोंकी शंकाको लक्ष्य करके यहाँ फिरसे कहा गया है—'यहाँ यह है' इस प्रकारकी बुद्धि समवायमें होती है। 'यहाँ यह है'—इस प्रकारके आश्रयाश्रयिभावके कारण उत्पन्न होनेवाला इहप्रत्यय समवायमें भी होता है। 'च' शब्दका अर्थ 'अपि' है। इसका सम्बन्ध व्यवहित है।

जैन—धर्म (आश्रयी) और धर्मी (आश्रय) में इहप्रत्यय हेतु समवाय सम्बन्ध ठीक नहीं बनता। क्योंकि धर्म और धर्मीका हेतु इहप्रत्यय समवाय सम्बन्धमें भी रहता है। वैशेषिकोंके मतमें पृथिवीत्वके सम्बन्धसे पृथिवीका ज्ञान होता है तथा पृथिवीत्व ही पृथिवीका अस्तित्व नामक स्वभाव है। इसी पृथिवीत्वके साथ पृथिवीके सम्बन्धको समवाय कहते हैं। कहा भी है—प्राप्त पदार्थोंकी प्राप्ति ही समवाय है। इसी तरह वैशेषिक लोग समवायत्वके सम्बन्धसे ही समवाय क्यों नहीं मानते? क्योंकि समवायत्व समवायका स्वभाव है और समवायका समवायत्वके साथ सम्बन्ध है। अन्यथा यदि समवायत्वको समवायका स्वभाव नहीं मानोगे तो समवायको स्वभावरहित मानना होगा और स्वभावरहित होनेसे खरगोशके सींगकी तरह समवाय अवस्तु ठहरेगा। इसलिए समवायमें समवायत्व है—यह इहप्रत्यय समवायमें भी युक्तिसे सिद्ध होता है। अतएव जिस प्रकार पृथिवीमें पृथिवीत्व समवाय सम्बन्धसे है वैसे ही समवायमें समवायत्व दूसरे समवायसे, दूसरेमें तीसरेसे—इस प्रकार एक समवायकी सिद्धिमें अनन्त समवाय माननेसे अनवस्था दोष आता है।

इस प्रकार समवायका भी समवायत्वके साथ होने वाले सम्बन्धकी युक्तिसे सिद्धि की जानेपर साहसका अवलम्बन करके पूर्वपक्षवादी (वैशेषिक) पुनः कहता है—समवाय मुख्य और गौणके भेदसे दो प्रकारका है। पृथिवीमें पृथिवीत्व मुख्य-समवाय सम्बन्धसे रहता है। इस मुख्य-समवायका ज्ञान 'त्व' 'तल्' आदि प्रत्ययोंसे

सह पृथिव्यादिप्रत्ययाभिव्यङ्ग्यस्य सङ्गृहीतसकलावान्तरजातिलक्षणव्यक्तिभेदस्य सामान्यस्योद्भवात्। इह तु समवायस्यैकत्वेन व्यक्तिभेदाभावे जातेरनुद्भूतत्वात् गौणोऽयं मुख्यत्वपरिकल्पित इहेतिप्रत्ययसाध्यः समवायत्वाभिसम्बन्धः तत्साध्यश्च समवाय इति ॥

तदेतद् न विपश्चिच्चमत्कारकारणम्। यतोऽत्रापि जात्युद्भूतौ केन निरुध्यते। व्यक्तेरभेदेनेति चेत्। न। तत्तदवच्छेदकवशात् तद्भेदोपपत्तौ व्यक्तिभेदकल्पनाया दुर्निवारत्वात्। अन्यो घटसमवायोऽन्यश्च पटसमवाय इति व्यक्त एव समवायस्यापि व्यक्तिभेद इति तत्सिद्धौ सिद्ध एव जात्युद्भवः। तस्मादन्यत्रापि मुख्य एव समवायः इहप्रत्ययस्योभयत्राप्यव्यभिचारात्॥

तदेतत्सकलं सपूर्वपक्षं समाधानं मनसि निधाय सिद्धान्तवादी प्राह। न गौणभेद इति। गौण इति योऽयं भेदः स नास्ति। गौणलक्षणाभावात्। तल्लक्षणं चेत्थमाचक्षते—

'अव्यभिचारी मुख्योऽविकलोऽसाधारणोऽन्तरङ्गश्च।
विपरीतो गौणोऽर्थः सति मुख्ये धीः कथं गौणे ॥'

तस्माद् धर्मधर्मिणोः सम्बन्धेन मुख्यः समवायः समवाये च समवायत्वाभिसम्बन्धे गौण इत्ययं भेदो नानात्वं नास्तीति भावार्थः ॥

किञ्च, योऽयमिह तन्तुषु पट इत्यादिप्रत्ययात् समवायसाधनमनोरथः स खल्वनुहरते नपुंसकादपत्यप्रसवमनोरथम्। इह तन्तुषु पट इत्यादेर्व्यवहारस्यालौकिकत्वात्। पांशुलपादा

होता है और यह समवाय पृथिवी आदिकी सम्पूर्ण अवान्तर जातिरूप व्यक्तिभेदका सामान्यसे ग्रहण करता है। परन्तु समवायत्वमें समवाय एक है इसलिए उसमें व्यक्तियोंके भेदका अभाव है अतएव वह सामान्यका उत्पादक नहीं। अतएव आप लोगोंने जो कहा था कि इन समवायियोंमें समवाय रहते हैं क्योंकि इन समवायियोंमें समवाय है ऐसा ज्ञान होता है—सो यह गौण समवाय है।

जैन—यह मान्यता ठीक नहीं। क्योंकि जिस प्रकार आप लोग पृथिवीमें मुख्य समवायसे रहनेवाले पृथिवीत्वको सामान्य (जाति) का ग्राहक मानते हैं उसी प्रकार समवायमें रहनेवाले समवायत्वको भी सामान्यका ग्राहक क्यों नहीं मानते? यदि आप लोग कहें कि यहाँ व्यक्तिका भेद नहीं है—अर्थात् समवाय एक ही है इस कारण समवायमें जातिका अभाव है—तो यह भी ठीक नहीं। क्योंकि यहाँ भी अमुक अवच्छेदकोंसे यह घट समवाय है यह पट-समवाय है इस प्रकार समवायके भी व्यक्तिभेद सिद्ध हैं। क्योंकि घटत्वावच्छेदकसे होनेवाला घटसमवाय पटत्वावच्छेदकसे होनेवाले पटसमवायसे भिन्न है। इसलिए समवायमें भी व्यक्तिका भेद सिद्ध होता है। अतएव जिस प्रकार पृथिवीमें पार्थिवी व मुख्य-समवाय सम्बन्धसे रहता है उसी तरह समवायमें समवायत्व भी मुख्य-समवाय सम्बन्धसे मानना चाहिए क्योंकि इहप्रत्ययकी दोनों जगह समानता है।

तथा वैशेषिकोंद्वारा समवायमें गौणरूपसे स्वीकृत समवायत्व भी नहीं बन सकता। क्योंकि यहाँ गौणका लक्षण ही ठीक नहीं बैठता कारण कि

व्यभिचारी विकल साधारण और बहिरंग अर्थको गौण कहते हैं। मुख्य अर्थके रहनेपर गौण बुद्धि नहीं हो सकती।

समवायमें समवायत्व माननेमें मुख्य अर्थ मौजूद है इसलिए समवायका गौणरूप नहीं बन सकता। अतएव धर्म और धर्मीका सम्बन्ध मुख्य समवायसे होता है तथा समवाय और समवायत्वका सम्बन्ध गौण समवाय है—समवायका यह मुख्य और गौण भेद मानना ठीक नहीं है।

तथा इन तन्तुओंमें पट है—इस प्रत्ययसे समवायकी सिद्धि करना नपुंसकसे पुत्र उत्पन्न करनेकी इच्छाके समान है। क्योंकि इन तन्तुओंमें पट है यह व्यवहार लोकसे बाधित है कारण कि साधारणसे साधारण

---

१ व्यक्तेरभेदस्तुल्यत्वं संकरोऽथानवस्थितिः। रूपहानिरसम्बन्धो जातिबाधकसंग्रहः ॥—
इति किरणावल्यामुदयनाचार्यकृतायाम्।

नापि इह पटे तन्तव इत्येव प्रतीतिदर्शनात्। इह भूतले घटाभाव इत्यत्रापि समवायप्रसङ्गात्। अत एवाह 'अपि च लोकबाध' इति। अपि चेति—दूषणाभ्युच्चये, लोक—प्रामाणिकलोकः, सामान्यलोकश्च· तेन बाधो—विरोध लोकबाध । तदप्रतीतव्यवहारसाधनात् बाधशब्दस्य "ईहाद्या प्रत्ययभेदतः"[1] इति पुंस्त्रीलिङ्गता। तस्माद्धर्मधर्मिणोरविष्वग्भावलक्षण एव सम्बन्धः प्रतिपत्तव्यो नान्य समवायादिः॥ इति काव्यार्थ ॥ ७ ॥

अथ सत्ताभिधानं पदार्थान्तरम् आत्मनश्च व्यतिरिक्त ज्ञानाख्य गुणम् आत्मविशेष गुणोच्छेदस्वरूपां च मुक्तिम् अज्ञानादङ्गीकृतवत परानुपहसन्नाह—

सतामपि स्यात् क्वचिदेव सत्ता चैतन्यमौपाधिकमात्मनोऽन्यत् ।
न संविदानन्दमयी च मुक्ति सुसूत्रमासूत्रितमत्वदीयै ॥८॥

परुषको भी इन तन्तुओमे पट है यह प्रतीति न होकर इस पटमे तन्तु है ऐसी प्रतीति होती है। अन्यथा इस भूतलमे घटका अभाव है यहाँ भी समवाय मानना चाहिए क्योकि यहाँ भी इहप्रत्यय होता है। इसीलिए ग्रन्थकारने कहा है अपि च लोकबाध —यह अप्रतीत व्यवहार साधारण लोगोके भी अनुभवके विरुद्ध है [बाध शब्द "ईहाद्या प्रत्ययभेदत इस सूत्रसे पुलिग और स्त्रीलिंग दोनोमे प्रयुक्त होता है]। इसलिए धर्म और धर्मीमे तादात्म्य सम्बन्ध ही स्वीकार करना चाहिए समवाय सम्बन्ध नही ॥ यह श्लोकका अर्थ है ॥ ७ ॥

भावार्थ—इस श्लोकमे वैशेषिकोके समवाय पदार्थका खण्डन किया गया है। वैशेषिकोंकी मान्यता है कि धर्म और धर्मी सर्वथा भिन्न हैं। इन दोनो भिन्न पदार्थोका सम्बन्ध समवायसे होता है। जैनोका कथन है कि जिस प्रकार दो पत्थरके टुकडोको जोडनेवाले लाख आदि पदार्थका हम प्रत्यक्षसे ज्ञान होता है वैसे धर्म और धर्मीका सम्बन्ध करानेवाले समवाय सम्बन्धको हम प्रत्यक्षसे नही जानते इसलिए समवायको धर्म धर्मीसे पृथक् तीसरा पदार्थ मानना प्रत्यक्षसे बाधित है। इसके अतिरिक्त वैशेषिक लोग समवायको एक नित्य और सर्वव्यापक मानते हैं अतएव एक पदार्थमे समवायके नष्ट हो जानेपर संसारके समस्त पदार्थोंमें रहनेवाला समवाय नष्ट हो जाना चाहिए। क्योकि समवाय एक और सर्वव्यापक है। तथा वैशेषिक लोग इहप्रत्यय (इन तन्तुओमे पट है) से समवाय सम्बन्धका ज्ञान करते हैं परन्तु जैसे पटमे पटत्व समवाय सम्बन्धसे स्वीकार करते है वैसे ही वे लोग समवायमे भी समवायत्व दूसरे समवायसे और दूसरेमे तीसरे समवायसे क्यो नही मानते ? तथा समवायमे समवायान्तर माननेसे अनवस्था दोष आता है।

यदि वैशेषिक लोग पृथिवी आदिके अनेक होनेसे पृथिवीमे पृथिवीत्व मुख्य-समवायसे तथा समवायके एक होनेसे समवायमें समवायत्व गौण-समवायसे मानकर मुख्य और गौणके भेदसे समवाय सम्बन्ध स्वीकार करते हैं तो यह भी कल्पना मात्र है। क्योकि समवाय-बहुत्व भी अनुभवसे सिद्ध है। कारण कि घट और घटरूपका समवाय पट और पटरूपके समवायसे भिन्न है। तथा इहप्रत्यय हेतु समवाय माननेसे लोक-बाधा भी आती है। क्योंकि जनसाधारणको इन तन्तुओमे पट है यह प्रतीति न होकर इस पटमे तन्तु हैं—यही ज्ञान होता है। अतएव धर्म धर्मीमें समवाय सम्बन्ध मानना ठीक नही इसलिए धर्म और धर्मीमें अत्यन्त भेद मानना भी युक्तियुक्त नहीं है।

---

(१) सत्ता भिन्न पदार्थ है (२) आत्मासे ज्ञान भिन्न है (३) आत्माके विशेष गुणोंका नष्ट हो जाना मोक्ष है—इन मान्यताओंको अज्ञानसे स्वीकार करनेवाले वादियोका उपहास करते हुए कहते हैं—

श्लोकार्थ—सत् पदार्थोंमें भी सब पदार्थोंमें सत्ता नहीं रहती ज्ञान उपाधिजन्य है इसलिए ज्ञान

---

[1] हैमलिङ्गानुशासने पुंस्त्रीलिङ्गप्रकरणे श्लोक ५

वैशेषिकाणां द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायाख्याः षट्पदार्थास्तत्त्वतयाभिप्रेताः। तत्र "पृथिव्यापस्तेजो वायुराकाशः कालो दिगात्मा मन"[1] इति नव द्रव्याणि। गुणाश्चतुर्विंशतिः। तद्यथा "रूपरसगन्धस्पर्शसंख्यापरिमाणानि पृथक्त्वं संयोगविभागौ परत्वापरत्वे बुद्धिः सुख-दुःखे इच्छाद्वेषौ प्रयत्नश्च"[2] इति सूत्रोक्ताः सप्तदश। चशब्दसमुच्चिताश्च सप्त—द्रवत्वं गुरुत्वं संस्कारः स्नेहो धर्माधर्मौ शब्दश्च इत्येवं चतुर्विंशतिगुणाः। संस्कारस्य वेगभावनास्थितिस्थापकभेदात् त्रैविध्येऽपि संस्कारत्वजात्यपेक्षया एकत्वात् शौर्यौदार्यादीनां चात्रैवान्तर्भावाद् नाधिक्यम्। कर्माणि पञ्च। तद्यथा—उत्क्षेपणमवक्षेपणमाकुञ्चनं प्रसारणं गमनमिति[4]। गमन-ग्रहणाद् भ्रमणरेचनस्यन्दनाद्यविरोधः॥

अत्यन्तव्यावृत्तानां पिण्डानां यतः कारणाद् अन्योऽन्यस्वरूपानुगमः प्रतीयते तदनुवृत्तिप्रत्ययहेतुः सामान्यम्। तच्च द्विविधं परमपरं च। तत्र परं सत्ता[5] भावो महासामान्यमिति चोच्यते। द्रव्यत्वाद्यवान्तरसामान्यापेक्षया महाविषयत्वात्। अपरसामान्यं च द्रव्यत्वादि। एतच्च सामान्यविशेष इत्यपि व्यपदिश्यते। तथाहि। द्रव्यत्वं नवसु द्रव्येषु वर्तमानत्वात् सामान्यम्, गुणकर्मभ्यो व्यावृत्तत्वाद् विशेषः। ततः कर्मधारये सामान्यविशेष इति। एवं द्रव्यत्वाद्यपेक्षया पृथिवीत्वादिकमपरं तदपेक्षया घटत्वादिकम्। एवं चतुर्विंशतौ गुणेषु वर्तनाद् गुणत्वं सामान्यम्, द्रव्यकर्मभ्यो व्यावृत्तत्वाच्च विशेषः। एवं गुणत्वापेक्षया रूपत्वादिकं तदपेक्षया नीलत्वादिकम्। एवं पञ्चसु कर्मसु वर्तनात् कर्मत्वं सामान्यम्, द्रव्यगुणेभ्यो व्यावृत्तत्वाद् विशेषः। एवं कर्मत्वापेक्षया उत्क्षेपणत्वादिकं ज्ञेयम्॥

आत्मासे भिन्न है मोक्ष ज्ञान और आनन्दरूप नहीं है—इस प्रकारकी मान्यताओंको प्रतिपादन करनेवाले शास्त्र हे भगवन् आपकी आज्ञासे बाह्य वैशेषिक लोगोंके रचे हुए हैं।

व्याख्यार्थ—वैशेषिकोंने द्रव्य गुण कर्म सामान्य विशेष और समवाय—इन छह पदार्थोंको तत्त्वरूपसे स्वीकार किया है। पृथ्वी जल तेज वायु आकाश काल दिक् आत्मा और मन—ये नौ द्रव्य हैं। रूप रस गन्ध स्पर्श संख्या परिमाण पृथक्त्व संयोग विभाग परत्व अपरत्व बुद्धि सुख दुःख इच्छा द्वेष प्रयत्न तथा (च शब्दसे) द्रवत्व गुरुत्व संस्कार स्नेह धर्म अधर्म और शब्द—ये चौबीस गुण हैं। इन गुणोंमें वेग भावना और स्थितिस्थापकके भेदसे संस्कार तीन प्रकारका है परन्तु वह संस्कारत्व जातिकी अपेक्षासे एक ही है। शौर्य औदार्य आदिका इसीमें अन्तर्भाव हो जाता है। कर्म उत्क्षेपण अवक्षेपण आकुंचन प्रसारण और गमनके भेदसे पाँच प्रकारका है। गमनके साथ भ्रमण रेचन स्पन्दन आदिका विरोध नहीं है।

जिस कारण एक दूसरेसे अत्यन्त व्यावृत्त पदार्थोंमें से अन्य पदार्थके स्वरूपका उससे भिन्न पदार्थमें अन्वय प्रतीत होता है उस कारण जो अनुवृत्तिके अन्वयके ज्ञानका कारण होता है वह सामान्य है। यह सामान्य दो प्रकारका है—पर सामान्य और अपर सामान्य। पर सामान्यको सत्ता भाव अथवा महासामान्य भी कहते हैं क्योंकि यह पर सामान्य द्रव्यत्व आदि अपर सामान्यकी अपेक्षा महद् विषयवाला है परन्तु पर सामान्य द्रव्य गुण और कर्म तीनोंमें रहता है। द्रव्यत्व आदि अपर सामान्य है इसे सामान्य विशेष भी कहते हैं। जैसे द्रव्यत्व नौ द्रव्योंमें रहनेसे सामान्य तथा गुण और कर्ममें न रहनेसे विशेष कहा जाता है। इससे सामान्य च तद्विशेषश्च इस प्रकार कर्मधारय समासमें जो सामान्य होता है वही विशेष होता है ऐसा सामान्य विशेष इस सामासिक पदका अर्थ है। इस प्रकार द्रव्यत्व आदिकी अपेक्षा पृथिवीत्व आदि और पृथिवीत्व आदिकी अपेक्षा घटत्व आदि जो अपर सामान्य हैं वह सामान्य

१ वैशेषिकदर्शने १ १ ५। २ वैशेषिकदर्शने १ १ ६। ३ प्रशस्तपादभाष्ये उद्देशप्रकरणे। ९ १। ४ ऊर्ध्वदेशसंयोगकारणं कर्मोत्क्षेपणम्। अधोदेशसंयोगकारणं कर्मापक्षेपणम्। वक्रत्वापादकं कर्माकुञ्चनम्। ऋजुत्वापादकं कर्म प्रसारणम्। अनियतदेशसंयोगकारणं कर्म गमनम्। प्रशस्तपादभाष्ये उद्देशप्रकरणे। ५ द्रव्यादित्रिकवृत्तिस्तु सत्ता परतयोच्यते। कारिकावली प्रत्यक्षखण्डे का ८।

" तत्र सत्ता 'द्रव्यगुणकर्मभ्योऽर्थान्तरं' कथं युक्त्या इति चेद्, उच्यते । न द्रव्यं सत्ता, द्रव्याद्भिन्नेत्यर्थः, एकद्रव्यवत्त्वात्—एकैकस्मिन् द्रव्ये वर्तमानत्वादित्यर्थः, द्रव्यत्ववत् । यथा द्रव्यत्वं नवसु द्रव्येषु प्रत्येकं वर्तमानं द्रव्यं न भवति, किन्तु सामान्यविशेषलक्षणं द्रव्यत्वमेव । एवं सत्तापि । वैशेषिकाणां हि अद्रव्य वा द्रव्यम्, अनेकद्रव्यं वा द्रव्यम् । तत्राद्रव्यं आकाश काली दिग् आत्मा मनः परमाणवः । अनेकद्रव्यं तु द्व्यणुकादिस्कन्धाः । एकद्रव्य तु द्रव्यमेव न भवति एकद्रव्यवती च सत्ता । इति द्रव्यलक्षणविलक्षणत्वाद् न द्रव्यम् । एवं न गुणः सत्ता, गुणेषु भावाद्, गुणत्ववत् । यदि हि सत्ता गुणः स्याद् न तर्हि गुणेषु वर्तेत, निर्गुणत्वाद् गुणा नाम् । वर्तते च गुणेषु सत्ता । सन् गुण इति प्रतीते । तथा न सत्ता कर्म, कर्मसु भावात्,

---

विशेष रूप ह । इसी तरह गुणत्व चौबीस गुणोंमे रहनेसे सामान्य रूप तथा द्रव्य और कर्ममें न रहनसे विशेष रूप ह । अतएव गुणत्वकी अपेक्षा रूपत्व आदि और रूपत्व आदिकी अपेक्षा नीलत्व आदि अपर सामान्य है । इसी प्रकार कमत्व पाँच कर्मोंम रहता है इसलिए सामान्य तथा द्रव्य और गुणोमे नही रहता इसलिए विशेष है तथा कमत्वकी अपेक्षा उत्क्षपण आदि अपर सामान्य है । (वैशेषिक लोग सामान्यको पर सामान्य और अपर सामा यके भदसे दो प्रकारका मानते हैं । इनके मतानुसार पर सामान्य केवल द्रव्य गुण और कर्म तीन पदार्थोंम ही रहता है अन्यत्र नही । पर सामान्यको महासामान्य भी कहते हैं । पर सामान्यका विषय अपर सामान्यसे अधिक ह । द्रव्य व गुणत्व आदि अपर सामान्यके विषय हैं पदार्थत्व (द्रव्य गुण आदि पदार्थोंमें रहनवाला) पर सामान्यका विषय कहा जा सकता ह । अपर सामान्यको सामान्य-विशेष भी कहते हैं । क्योंकि यह अपर सामान्य अपने विशेषोको सामा यरूपसे ग्रहण करनके साथ उनकी अ य पदार्थोंसे व्यावृत्ति भी करता है । द्रव्य व द्र योम रहता है इसलिए सामा य तथा गुण और कर्मसे व्यावृत्त होता है इसलिए विशेष कहा जाता है । इसीलिए अपर सामान्यको सामान्य विशेष भी कहा है ।)

पूर्वपक्ष—(१) सत्ता द्रव्य गुण और कमसे भिन्न है (द्रव्यगुणकमभ्योऽर्थान्तर सत्ता—वैशेषिक सूत्र १—२—८)—सत्ता द्र य वकी तरह द्रव्यसे भिन्न है क्योकि वह प्रत्येक द्रव्यमें रहती ह । जैसे द्रव्यत्व नौ द्रव्योम प्र यक द्र यमें रहता ह इसलिए द्रव्य नही कहा जाता किन्तु सामा य विशेषरूप द्रव्यत्व कहा जाता ह इसी तरह सत्ता भी प्र यक द्रव्यमे रहनके कारण द्रव्य नही कही जाती । वशेषिकोके मतम अद्रव्यत्व अथवा अनेकद्रव्यत्व ही द्रव्यका लक्षण है । आकाश काल दिक आत्मा मन और परमाणु अद्रव्य व (जो द्रव्योंसे उत्पन्न नहीं हुआ हो अथवा द्रव्योका उत्पादक न हो) के उदाहरण है क्योकि न तो आकाश आदि किसी द्रव्यसे बनाये गये ह और न किसी द्रव्यके उत्पादक हैं । तथा द्व्यणुकादिस्कध अनेकद्रव्यत्व (जो अनक द्रव्योंसे उत्पन्न हुए हों अथवा अनक द्रव्यो के उत्पादक हो) के उदाहरण है । एक द्रव्यम रहनेवाला द्रव्य नही होता । सत्ता एक द्रव्यमे रहती है इसलिए सत्तामे द्रव्यका लक्षण नही घटता अतएव वह द्रव्य नही है । इसी प्रकार सत्ता गुण भी नही है क्योंकि वह गुण वकी तरह गुणोंम रहती है । यदि सत्ता गुण होती तो वह गुणोंम न रहती क्योकि गुणोमे गण नही रहते । सत्ता गुणोमें रहती है और गुण सत् हैं—एसी प्रतीति होती है इस लिए सत्ता गुणोमे विद्यमान है । इसी तरह सत्ता कर्म भी नही है क्योकि वह कमत्वकी तरह कममे रहती है । यदि सत्ता कर्म हो तो कमम न रहे क्योंकि कममें कम नहीं रहते । सत्ता कममें रहती है । अतएव सत्ताको पदार्थान्तर ही मानना चाहिए । (भाव यह है कि वैशेषिक सिद्धान्तके अनुसार सत्ता द्रव्य गुण और कर्मसे भिन्न पदाथ है । सत्ताको द्रव्यसे पृथक बतानेके लिए वैशेषिक लोग 'एकद्रव्यवत्त्व हेतु देते हैं । उनके मतानु सार द्रव्य अद्रव्य और अनेकद्रव्य के भेदसे दो प्रकारका माना गया है । आकाश काल आदि द्रव्योंसे उत्पन्न नही होते और न द्रव्योंको उत्पन्न करते हैं अतएव वे अद्रव्य द्रव्य हैं । तथा द्व्यणुकादि अनेक द्रव्योंसे उत्पन्न

---

१ द्रव्यं द्विधा । अद्रव्यमनेकद्रव्यं च । न विद्यते द्रव्यं जन्यतया जनकतया च यस्य तदद्रव्यं द्रव्यम् । यथाकाशकालादि । अनेकं द्रव्यं जन्यतया च जनकतया च यस्य तदनेकद्रव्यं द्रव्यम् ।

गुणेष्वभावात्। यदि च सत्ता कर्म स्याद् न तर्हि कर्मसु वर्तेत, निष्कर्मत्वात् कर्मणाम्। वर्तते च कर्मसु भावः, सत् कर्मेति प्रतीतेः। तस्मात् पदार्थान्तरं सत्ता॥

तथा विशेषा नित्यद्रव्यवृत्तयः अन्त्याः[1]—अत्यन्तव्यावृत्तिहेतवः, ते द्रव्यादिवैलक्षण्यात् पदार्थान्तरम्। तथा च प्रशस्तकारः—"अन्तेषु भवा अन्त्याः स्वाश्रयविशेषकत्वाद् विशेषाः। विनाशारम्भरहितेषु नित्यद्रव्येष्वण्वाकाशकालदिगात्ममनस्सु प्रतिद्रव्यमेकैकशो वर्तमाना अत्यन्तव्यावृत्तिबुद्धिहेतवः। यथास्मदादीनां गवादिष्वश्वादिभ्यस्तुल्याकृतिगुणक्रियावयवोपचयावयवविशेषसंयोगनिमित्ता प्रत्ययव्यावृत्तिर्दृष्टा। गौः शुक्लः शीघ्रगतिः पीनः ककुद्मान् महाघण्ट इति, तथास्मद्विशिष्टानां योगिनां नित्येषु तुल्याकृतिगुणक्रियेषु परमाणुषु, मुक्तात्ममनस्सु चान्यनिमित्तासम्भवाद् येभ्यो निमित्तेभ्यः प्रत्याधारं विलक्षणोऽयं विलक्षणोऽयमिति प्रत्ययव्यावृत्तिः देशकालविप्रकर्षे च परमाणौ स एवायमिति प्रत्यभिज्ञानं च भवति तेऽन्त्या विशेषाः"[2] इति। अमी च विशेषरूपा एव न तु द्रव्यत्वादिवत् सामान्यविशेषोभयरूपाः, व्यावृत्तेरेव हेतुत्वात्॥

तथा अयुतसिद्धानामाधार्याधारभूतानामिहप्रत्ययहेतुः सम्बन्धः समवाय इति। अयुतसिद्धयोः परस्परपरिहारेण पृथगाश्रयानाश्रितयोराश्रयाश्रयिभावः इह तन्तुषु पटः इत्यादेः प्रत्ययस्यासाधारणं कारणं समवायः। यद्वशात् स्वकारणसामर्थ्यादुपजायमानं पटाद्याधार्यं तन्त्वाद्याधारे सम्बध्यते यथा छिदिक्रिया छेद्येनेति सोऽपि द्रव्यादिलक्षणवैधर्म्यात् पदार्थान्तरम्। इति षट् पदार्थाः॥

होते हैं और अनेक द्रव्योंको उत्पन्न करनेवाले हैं इसलिए वे अनेकद्रव्य द्रव्य हैं। सत्ता न अद्रव्य है और न अनेकद्रव्य वह द्रव्यत्वकी तरह प्रत्येक पदार्थमें रहनेवाली है इसलिए सत्ताका द्रव्यमें अन्तर्भाव नहीं हो सकता। इसी प्रकार सत्ता गुण और कर्म भी नहीं है क्योंकि वह गुणत्व और कर्मत्वकी तरह क्रमसे प्रत्येक गुण और कर्ममें रहती है। अतएव सत्ता द्रव्य गुण और कर्म तीनोंसे भिन्न है।)

तथा नित्य द्रव्योंमें रहनेवाले अत्यन्त व्यावृत्ति रूप विशेष भी द्रव्यादिसे विलक्षण होनेके कारण पदार्थान्तर हैं। प्रशस्तकारने कहा है अन्तमें होनेके कारण ये अन्त्य हैं और अपने आश्रयके नियामक हैं इसलिये विशेष हैं। ये विशेष आदि और अन्त रहित अणु आकाश काल दिक् आत्मा और मन—इन नित्य द्रव्योंमें रहते हैं और अत्यन्त व्यावृत्ति रूप ज्ञानके कारण हैं। जैसे गौ और घोड़े आदिमें तुल्य आकृति गुण क्रिया अवयवोंकी वृद्धि अवयवोंका संयोग देखकर यह गौ सफेद है शीघ्र चलनेवाली है मोटी है कुब्बेवाली है महान् घण्टेवाली है आदि रूपसे व्यावृत्तिप्रत्यय (विशेषज्ञान) होता है वैसे ही हमसे विशिष्ट योगी लोगों को नित्य तुल्य आकृति गुण और क्रियायुक्त परमाणुओं में तथा मुक्त आत्मा और मनमें जिन निमित्तोंके कारण पदार्थोंकी विलक्षणताका ज्ञान होता है, तथा देश और कालकी दूरी होनेपर भी यह वही परमाणु है यह प्रत्यभिज्ञान होता है वे विशेष हैं। ये विशेष विशेष रूप ही हैं द्रव्यत्व आदिकी तरह सामान्य विशेष रूप नहीं हैं क्योंकि ये केवल व्यावृत्तिप्रत्ययके ही हेतु हैं। (भाव यह है कि विशेष सजातीय और विजातीय पदार्थोंके व्यवच्छेद करनेवाले अत्यन्त व्यावृत्ति रूप होते हैं। दो पदार्थोंमें तुल्य आकृति गुण क्रिया आदि देखकर उनमें से अन्य पदार्थोंको अलग करके एक पदार्थको जानना विशेष है। ये विशेष विशेष रूप होते हैं सामान्य विशेष रूप नहीं।)

अयुतसिद्ध आधार्य और आधार पदार्थोंका इहप्रत्यय हेतु समवाय सम्बन्ध है। एक दूसरेको छोड़कर भिन्न आश्रयोंमें न रहनेवाले गुण गुणी आदि अयुतसिद्धोंके इन तन्तुओंमें पट है इत्यादि ज्ञानका असाधारण कारण समवाय है। जैसे छेदन क्रियाका छेद्य (छिदने योग्य) के साथ सम्बन्ध है वैसे ही जिसके

---

1 अन्तेऽवसाने वर्तन्त इत्यन्त्याः अवपेक्षया विशेषो नास्तीत्यर्थः। एकमात्रवृत्तय इति भावः।
2 विशेषप्रकरणे प्रशस्तपादभाष्ये पृ. १६८।

[illegible] व्यवह्रियते । सतामपीत्यादि । सतामपि—सद्बुद्धिवेद्यतया साधारणानामपि, षण्णां पदार्थानां मध्ये कस्मिंश्चिदेव केषुचिदेव पदार्थेषु सत्ता—सामान्ययोग, स्यात्—भवेत्, न सर्वेषु । तेषामेषा वाचोयुक्तिः सदिति । यतो "द्रव्यगुणकर्मसु सा सत्ता" इति वचनात् यत्रैव सत्प्रत्ययस्तत्रैव सत्ता । सत्प्रत्ययश्च द्रव्यगुणकर्मस्वेव, अतस्तेष्वेव, सत्तायोग । सामान्यादिपदार्थत्रये तु न, तदभावात् । इदमुक्तं भवति । यद्यपि वस्तुस्वरूपं अस्तित्वं सामान्यादित्रयेऽपि विद्यते तथापि तदनुवृत्तिप्रत्ययहेतुर्न भवति । य एव चानुवृत्तिप्रत्ययः स एव सदिति प्रत्यय इति, तदभावाद् न सत्तायोगस्तत्र । द्रव्यादीनां पुनस्त्रयाणां षट्पदार्थसाधारणं वस्तु स्वरूपम् अस्तित्वमपि विद्यते । अनुवृत्तिप्रत्ययहेतु सत्तासम्बन्धोऽप्यस्ति । नि स्वरूपे शश विषाणादौ सत्तायाः समवायाभावात् ॥

सामान्यादित्रिके कथं नानुवृत्तिप्रत्यय इति चेद् बाधकसद्भावादिति ब्रूम । तथाहि । सत्तायामपि सत्तायोगाङ्गीकारे अनवस्था । विशेषेषु पुनस्तदभ्युपगमे व्यावृत्तिहेतुत्वलक्षण तत्स्वरूपहानि । समवाये तु तत्कल्पनायां सम्बन्धाभाव । केन हि सम्बन्धेन तत्र सत्ता सम्बध्यते, समवायान्तराभावात् । तथा च प्रामाणिकप्रकाण्डमुदयन —

> 'व्यक्तेरभेदस्तुल्यत्व सङ्करोऽथानवस्थिति ।
> रूपहानिरसम्बन्धो जातिबाधकसङ्ग्रह '' ॥

द्वारा अपने कारणोंसे उत्पन्न हुआ पटादि आधार्य त तु आदि के आधार से रहता है वह समवाय सम्बन्ध है । अतएव समवाय भी द्रव्य आदिसे विलक्षण होनेक कारण भिन्न पदाथ है ।

सतामपि क्वचिदेव सत्ता स्यात् —सत बुद्धिसे जानने योग्य छह पदार्थोंमें-से कुछ पदार्थोंमें ही सत्ता सामान्य रहता है सब पदार्थोंमें नहीं । कहा भी है द्रव्य गुण और कर्ममें सत प्रत्यय होता है इसलिए द्रव्य गुण और कमम ही सत्ता रहती है सामा य विशष और समवायमें सत्ता नही रहती इसलिए इनमें सत प्रत्ययका भी अभाव ह । तात्पय यह है कि यद्यपि वस्तुका स्वरूप अस्तित्व सामा य विशष और समवायम रहता है तथापि वह सामान्य विशष और समवायके अनुवृत्तिप्रत्यय (सामान्यज्ञान) का कारण नही ह । तथा अनुवृत्तिप्रत्ययको ही सत्प्रत्यय कहते हैं । सामान्य आदिमें सत्प्रत्यय नहीं है इसलिए इनमें सत्ता नहीं रहती । द्रव्य गुण और कम इन तीन पदार्थोंमें समान रूपसे रहनेवाला वस्तुका स्वरूप अस्तित्व विद्यमान है तथा अनवृत्तिप्रत्ययका हेतु सत्तासम्बन्ध भी है क्योंकि अस्तित्व स्वरूपसे रहित पदार्थोंमें शश विषाणकी तरह सत्ताका समवायन हीं बन सकता इसलिए द्रव्य गुण और कमम अस्तित्व और सत्ता सम्ब ध दोनो रहते है ।

प्रतिवादी—सामान्य विशेष और समवायमें अनुवृत्तिप्रत्यय (सामान्य ज्ञान) क्यो नहीं होता है ?

वैशेषिक—सामान्य आदिम सामान्यज्ञान माननमे बाधक प्रमाण हैं । क्योंकि सामान्य म सत्ता स्वीकार करनेसे अनवस्था दोष आता है अर्थात एक सामान्यमें दूसरा और दूसरेम तीसरा इस तरह अनेक सामान्य मानने पडते हैं । तथा यदि विशेष पदार्थमें सत्ता मान तो विशषको व्यावृत्तिका कारण नहीं कह सकते । इसी तरह समवायमें सत्ता माननेसे सम्बन्धका अभाव होता है । क्योंकि समवायमें सत्ता कौनसे सम्बन्धसे रहेगी दूसरा कोई समवाय हम मानते नहीं । प्रकाण्ड नैयायिक उदयनाचार्यने भी कहा है—

'व्यक्तिका अभेद तुल्यत्व सकर अनवस्था रूपहानि और असम्बन्ध — य छह जाति (सामान्य) के बाधक हैं ।

(भाव यह है कि (१) सामान्य एक व्यक्तिमें नहीं रहता । जैसे आकाशमें आकाशत्व-सामान्य नहीं

---

१ उदयनाचार्यविरचितकिरणावल्यां द्रव्यप्रकरणे पृष्ठ १६१ । अस्य व्याख्या—(१) आकाशत्वं न जाति । व्यक्त्यभेदात् । (२) घटकलशत्वे न जाति । व्यक्तितुल्यत्वात् । (३) भूतत्वमूर्तत्वे न जाति ।

इति । ततः स्थितमेतत्सत्तामपि स्यात् कथंचिदेव सतीति ॥

तथा, चैतन्यमित्यादि । चैतन्य-ज्ञानम्, आत्मनः-क्षेत्रज्ञात्, अन्यद्-अत्यन्तव्यतिरिक्तम्, समासाकरणादत्यन्तमिति लभ्यते । अत्यन्तभेदे सति कथमात्मनः सम्बन्धि ज्ञानमिति व्यपदेश, इति पराशङ्कापरिहारार्थं औपाधिकमिति विशेषणद्वारेण हेत्वभिधानम् । तथा हेत्वन्तमौपाधिकम्-समवायसम्बन्धलक्षणेनोपाधिना आत्मनि समवेतम् आत्मनः स्वयं जडरूपत्वात् समवायसम्बन्धोपढौकितमिति यावत् । यथात्मनो ज्ञानादव्यतिरिक्तत्वमिष्यते, तदा दुःखजन्मप्रवृत्तिदोषमिथ्याज्ञानानामुत्तरोत्तरापाये तदनन्तराभावाद् बुद्ध्यादीनां नवानामात्मविशेषगुणानामुच्छेदावसर आत्मनोऽप्युच्छेदः स्यात्, तदव्यतिरिक्तत्वात् । अतो भिन्नमेवात्मनो ज्ञानं यौक्तिकमिति ॥

तथा न संविदित्यादि । मुक्ति-मोक्ष, न संविदानन्दमयी-न ज्ञानसुखस्वरूपा । संविद्-ज्ञान, आनन्द -सौख्यम्, ततो द्वन्द्व, संविदानन्दौ प्रकृतौ यस्यां सा संविदानन्दमयी । एतादृशी न भवति बुद्धिसुखदुःखेच्छाद्वेषप्रयत्नधर्माधर्मसंस्काररूपाणां नवानामात्मनो वैशेषिक-

---

रहता क्योंकि आकाश एक व्यक्ति रूप है। (२) घटत्व और कलशत्व में भी सामान्य नहीं रहता क्योंकि घटत्व और कलशत्व दोनों एक ही पदार्थमें रहते हैं (तुल्यत्व) । (३) भूतत्व और मूर्तत्वमें भी सामान्य नहीं रहता क्योंकि इसमें संकर दोष आता है। अर्थात् भूतत्व केवल आकाशमें और मूर्तत्व केवल मनमें रहता है लेकिन पृथिवी अप् तेज और वायुमें भूतत्व और मूर्तत्व दोनों रहते हैं इसलिए संकर दोष आनेसे भूतत्व और मूर्तत्वमें भी सामान्य नहीं रहता। (४) अनवस्था दोष आनेसे सामान्य में भी सामान्य नहीं रहता। (५) विशेष में भी सामान्य नहीं है क्योंकि विशेषमें सामान्य माननेसे विशेषके स्वरूपकी हानि होती है। (६) समवायमें भी सामान्य नहीं रहता क्योंकि समवाय एक है समवायमें समवायत्वका सम्बन्ध करनेवाला दूसरा समवाय नहीं है।)

अतएव सिद्ध है कि सत् पदार्थोंमें भी सबमें सत्ता नहीं रहती।

(२) ज्ञान आत्मासे अत्यन्त भिन्न है। समास न करनेसे अत्यन्त अर्थ प्राप्त होता है। ज्ञान के आत्मासे सर्वथा भिन्न होनेपर ज्ञान और आत्माका सम्बन्ध कैसे रहता है? जैनों की इस शंकाका परिहार करनेके लिए औपधिक विशेषण द्वारा हेतुका प्रतिपादन किया गया है। जो उपधिसे प्राप्त होता है वह औपधिक है। समवाय सम्बन्ध रूप उपधि के कारण आत्मामें जो सम्बन्धको प्राप्त होता है वह औपधिक है अर्थात् ज्ञान आत्मासे सर्वथा भिन्न होनेपर भी समवाय सम्बन्धसे आत्मासे सम्बद्ध है। ज्ञान आत्माका गुण नहीं है वह उससे सर्वथा भिन्न है। आत्मा स्वयं जड है इसलिए ज्ञान आत्मामें समवाय सम्बन्धसे रहता है। यदि आत्मा और ज्ञानको एक ही माना जाय तो दुःख जन्म प्रवृत्ति दोष और मिथ्याज्ञानके नाश होनेपर आत्मा के विशेषगुण बुद्धि सुख दुःख इच्छा द्वेष प्रयत्न धर्म अधर्म और संस्कार का उच्छेद होनेसे आत्माका भी अभाव हो जाना चाहिए क्योंकि जैनमतमें आत्मा इन गुणोंसे भिन्न नहीं है। अतएव आत्मा और ज्ञानको भिन्न मानना ही युक्तियुक्त है।

(३) मोक्ष ज्ञान और आनन्द रूप नहीं है क्योंकि आत्माके गुण बुद्धि सुख दुःख इच्छा द्वेष प्रयत्न धर्म अधर्म और संस्कार—आत्माके इन नौ विशेष गुणोंका अत्यंत उच्छेद हो जाना ही मुक्ति है ऐसा कहा

आकाशे भूतत्वस्यैव मनसि च मूर्तत्वस्यैव सद्भावेऽपि पृथिव्यादिचतुष्टय उभयोः सद्भावात् संकरप्रसंग । (४) जातेरपि जात्यन्तरांगीकारेऽनवस्थाप्रसंग । (५) अन्त्यविशेषता न जाति । तदंगीकारे तत्स्वरूपव्यावृत्तिहानि स्यात् । (६) समवायत्व न जाति । सम्बन्धाभावात् । इत्येते जातिबाधकाः ॥

१ तत्त्वज्ञानान्मिथ्याज्ञानापाये रागद्वेषमोहाख्या दोषा अपयान्ति दोषापाये वाङ्मनःकायव्यापाररूपायाः शुभाशुभफलाया प्रवृत्तेरपाय । प्रवृत्त्यपाये जन्मापाय । जन्मापाये एकविंशतिभेदस्य दुःखस्यापाय ।

गुणानामत्यन्तोच्छेदो मोक्ष इति वचनात्। कस्मात्? पूर्वोक्तान्नवगुणाद्युच्छेदे। ज्ञानं हि क्षणिकत्वादनित्यं, सुखं च क्षयित्वया सातिशयतया च न विशिष्यते संसारावस्थातः। इति तदुच्छेदे आत्मस्वरूपेणावस्थानं मोक्ष इति। प्रयोगश्चात्र—नवानामात्मविशेषगुणानां सन्तान अत्यन्तमुच्छिद्यते, सन्तानत्वात्, यो य सन्तान स सोऽत्यन्तमुच्छिद्यते, यथा प्रदीपसन्तान। तथा चायम्, तस्मादत्यन्तमुच्छिद्यते इति। तदुच्छेद एव महोदय, न कृत्स्नकर्मक्षयलक्षण इति। "न हि वै सशरीरस्य प्रियाप्रिययोरपहतिरस्ति अशरीरं वा वसन्तं प्रियाप्रिये न स्पृशत"[1]। इत्यादयोऽपि वेदान्तास्तादृशीमेव मुक्तिमादिशन्ति। अत्र हि प्रियाप्रिये सुखदु खे, ते चाशरीर मुक्तं न स्पृशतः। अपि च–

> "यावदात्मगुणा सर्वे नोच्छिन्ना वासनादय।
> तावदात्यन्तिकी दु खव्यावृत्तिर्न विकल्प्यते ॥ १ ॥
> धर्माधर्मनिमित्तो हि सम्भव सुखदु खयो।
> मूलभूतौ च तावेव स्तम्भौ ससारसद्मन ॥ २ ॥
> तदुच्छेदे च तत्कार्यशरीराद्यनुपप्लवात्।
> नात्मन सुखदु खे स्त इत्यसौ मुक्त उच्यते ॥ ३ ॥
> इच्छाद्वेषप्रयत्नादि भोगायतनबन्धनम्।
> उच्छिन्नभोगायतनो नात्मा तैरपि युज्यते ॥ ४ ॥
> तदेवं धिषणादीनां नवानामपि मूलत।
> गुणानामात्मनो ध्वस सोऽपवर्ग प्रतिष्ठित ॥ ५ ॥
> ननु तस्यामवस्थायां कीदृगात्मावशिष्यते।
> स्वरूपैकप्रतिष्ठान परित्यक्तोऽखिलैर्गुणै ॥ ६ ॥

है। ज्ञान क्षणिक है इसलिये वह अनित्य है और सुखमे हानि वृद्धि होती रहती है इसलिये सुख ससारकी अवस्थासे भिन्न नही है। अतएव जिस समय अनित्य ज्ञान और अनित्य सुखका उच्छेद हो जाता है उस समय आत्मा अपने स्वरूपमे स्थित होता है वही मोक्ष है। अनुमान प्रयोगसे यह सिद्ध है—मोक्षमे बुद्धि आदि आत्माके नौ विशेष गुणोका सवथा नाश हो जाता है क्योकि बुद्धि आदि सन्तान है। (अर्थात आत्माके नित्य स्वभाव नही है)। जो जो सन्तान होते हैं उनका सवथा नाश होता है जैसे प्रदीपकी सन्तान। बुद्धि आदि विशेष गुण भी सन्तान हैं इसलिए उनका भी नाश होता है। बुद्धि आदि गुणोका अत्यन्त नाश ही मोक्ष है सम्पूर्ण कर्मोका क्षय होना नही। वेदान्तियोने भी इसी प्रकारका मोक्ष माना है। उनका कथन है—शरीरधारियोके सुख दुखका नाश नही होता तथा अशरीरीको सुख-दुख स्पर्श नही करते। तथा—

जब तक वासना आदि आत्माके सम्पूर्ण गुण नष्ट नही होते तब तक दु खकी अत्यन्त व्यावृत्ति नहीं होती ॥ १ ॥

सुख-दुःख धर्म और अधर्मसे ही सम्भव है इसलिये धर्म-अधर्म ही ससारके मूल भूत स्तम्भ है ॥ २ ॥

धर्म और अधर्मके नाश हो जानेपर धर्म अधर्मके कार्य शरीर आदिका नाश हो जाता है। उस समय सुख दु ख भी नष्ट हो जाते हैं। यही मुक्तावस्था है ॥ ३ ॥

इच्छा द्वेष प्रयत्न आदि शरीरके कारण हैं अतएव शरीरके उच्छेद होनेपर आत्मा इच्छा द्वेष प्रयत्न आदिसे भी सम्बद्ध नही होती ॥ ४ ॥

इसलिये बुद्धि सुख दु ख इच्छा द्वेष प्रयत्न धर्म अधर्म और संस्कार—आत्माके इन नौ गुणोंका जड़मूलसे नष्ट हो जाना ही मोक्ष है ॥ ५ ॥

---

1 न ह वै सशरीरस्य सत प्रियाप्रिययोरपहतिरस्ति अशरीरं वा वसन्तं न प्रियाप्रिये स्पृशत ॥ इति छान्दोग्य० उ० ८ १२।

ऊर्मिषट्कातिगं रूपं तदस्याहुर्मनीषिणः
संसारबन्धनाधीनदुःखक्लेशाद्यदूषितम्¹ ॥ ७ ॥
कामक्रोधलोभमदमानहर्षाः ऊर्मिषट्कमिति ।"

तदेवमभ्युपगमपक्षमित्थं समर्थयद्भिः त्वदीयैः—त्वदाज्ञाबहिर्भूतैः कणादमतानुगामिभिः, सुसूत्रमासूत्रितम्—सम्यगागमः प्रपञ्चितः। अथवा सुसूत्रमिति क्रियाविशेषणम्। शोभनं सूत्रं वस्तुव्यवस्थाघटनाविज्ञानं यत्रैवमासूत्रितं—तच्छास्त्रार्थोपनिबन्धः कृत, इति हृदयम्। "सूत्रं तु सूचनाकारि ग्रन्थे तन्तुव्यवस्थयोः²" । इत्यनेकार्थवचनात्। अत्र च सुसूत्रमिति विपरीतलक्षणयोपहासगर्भं प्रशंसावचनम्। यथा—"उपकृतं बहु तत्र किमुच्यते सुजनता प्रथिता भवता चिरम् ।'³ इत्यादि। उपहसनीयता च युक्तिरिक्तत्वात् तदङ्गीकरणम्। तथाहि। अविशेषेण सद्बुद्धिवेद्येष्वपि सर्वपदार्थेषु द्रव्यादिष्वेव त्रिषु सत्तासम्बन्धः स्वीक्रियते, न सामान्यादित्रये इति महतीयं पश्यतोहरता⁴। यतः परिभाव्यतां सत्ताशब्दार्थः। अस्तीति सन्, सतो भावः सत्ता अस्तित्वं तद्वस्तुस्वरूपम्। तच्च निर्विशेषमशेषेष्वपि पदार्थेषु त्वयाप्युक्तम्⁵। तत्किमिदमर्द्धजरतीयं⁶ यद् द्रव्यादित्रय एव सत्तायोगो, नेतरत्र त्रये इति ॥

अनुवृत्तिप्रत्ययाभावाद् न सामान्यादित्रये सत्तायोग इति चेत्, न। तत्राप्यनुवृत्तिप्रत्ययस्यानिवार्यत्वात्। पृथिवीत्वगोत्वघटत्वादिसामान्येषु सामान्यं सामान्यमिति विशेषेष्वपि बहुत्वाद् अयमपि विशेषोऽयमपि विशेष इति समवाये च प्रागुक्तयुक्त्या तत्तदवच्छेदकभेदाद् एकाकारप्रतीतेरनुभवात् ॥

मोक्षावस्थामें आत्मा सम्पूर्ण गुणोंसे रहित होकर अपने ही स्वरूपमें अवस्थित रहता है ॥ ६ ॥

मुक्त जीव संसारके बन्धन दुःख शोक आदिसे मुक्त होता हुआ काम, क्रोध, लोभ, गर्व, दम्भ और हर्ष (अथवा क्षुधा, पिपासा, शोक, मूढ़ता, जरा और मृत्यु) इन छह ऊर्मियोंसे निर्लिप्त रहता है ॥ ७ ॥

उत्तरपक्ष—(१) इस प्रकार आपकी आज्ञासे बाह्य कणाद मतानुयायी वैशेषिक लोग उपर्युक्त सिद्धान्तोंका प्रतिपादन करते हैं (सुसूत्र शब्द यहाँ पर कटाक्षसूचक है, जैसे "उपकृतं बहु तत्र किमुच्यते सुजनता प्रथिता भवता चिरम्। विदधदीदृशमेव सदा सखे सुखितमास्स्व ततः शरदां शतम् ॥" इस श्लोकमें कटाक्ष किया गया है)। सब पदार्थोंके सत् बुद्धिसे ज्ञेय होने पर भी वैशेषिक लोग द्रव्य, गुण और कर्ममें ही सत्ता-सम्बन्ध स्वीकार करते हैं, सामान्य, विशेष और समवायमें नहीं—यह उनका महान साहस है। क्योंकि सत् (अस्तित्व) के भावको सत्ता कहते हैं, यह अस्तित्व वस्तुका स्वरूप है। अस्तित्वको आप लोगोंने भी सम्पूर्ण पदार्थोंमें स्वीकृत किया है, फिर आप लोग द्रव्य, गुण और कर्ममें ही सत्ता मानते हैं, और सामान्य, विशेष और समवायमें नहीं इसका क्या कारण है? यह ऐसी ही बात है जैसे कोई स्त्री आधी वृद्धा हो और आधी युवती।

शंका—सामान्य आदिमें अनुवृत्तिप्रत्यय (सामान्य ज्ञान) नहीं होता, इसलिये इनमें सत्ता सम्बन्ध नहीं है। **समाधान**—सामान्य, विशेष और समवायमें अनुवृत्तिप्रत्यय अवश्य होता है। क्योंकि पृथिवीत्व, गोत्व, घटत्व आदि सामान्योंमें 'यह सामान्य है', विशेषोंमें 'यह विशेष है', 'यह विशेष है' और समवायमें

---

१ जयन्तविरचितन्यायमञ्जर्यां पृ. ५०८। ऊर्मिषट्कं तत्र—
प्राणस्य क्षुत्पिपासे द्वे लोभमोहौ च चेतसः।
शीतातपौ शरीरस्य षडूर्मिरहितः शिवः ॥
२ हेमचन्द्रकृतेऽनेकार्थसंग्रहे २-४५८।
३ विदधदीदृशमेव सदा सखे सुखितमास्स्व ततः शरदां शतम् इत्युत्तरार्धम्।
४ पश्यतोहरता चौर्यम्।
५ 'षण्णां पदार्थानां साधर्म्यमस्तित्वं ज्ञेयत्वमभिधेयत्वं च' इति प्रशस्तकारवचनात्।
६ अर्धा जरती अर्धा युवतिरितिवत्।

स्वरूपसत्त्वसाधर्म्येण सत्ताध्यारोपात् सामान्यादिष्वपि सत्सदित्यनुगम इति चेत्, तर्हि मिथ्याप्रत्ययोऽयमापद्यते। अथ भिन्नस्वभावेष्वेकानुगमो मिथ्यैवेति चेत् द्रव्यादिष्वपि सत्ताध्यारोपकृत एवास्तु प्रत्ययानुगमः। असति मुख्येऽध्यारोपस्यासम्भवाद् द्रव्यादिषु मुख्योऽयमनुगतः प्रत्ययः, सामान्यादिषु तु गौण इति चेत्। न। विपर्ययस्यापि शक्यकल्पनत्वात्॥

सामान्यादिषु बाधकसम्भवाद् न मुख्योऽनुगत प्रत्यय, द्रव्यादिषु तु तदभावाद् मुख्य इति चेद्, ननु किमिदं बाधकम्। अथ सामान्येऽपि सत्ताऽभ्युपगमे अनवस्था, विशेषेषु पुनः सामान्यसद्भावे स्वरूपहानिः, समवायेऽपि सत्ताकल्पने तद्वृत्त्यर्थं सम्बन्धान्तराभाव इति बाधकानीति चेत् न। सामान्येऽपि सत्ताकल्पने यद्यनवस्था तर्हि कथं न सा द्रव्यादिषु? तेषामपि स्वरूपसत्ताया प्रागेव विद्यमानत्वात्। विशेषेषु पुनः सत्ताभ्युपगमेऽपि न रूपहानिः, स्वरूपस्य प्रत्युतोत्तेजनात्। निःसामान्यस्य विशेषस्य कचिदप्यनुपलम्भात्[१]। समवायेऽपि समवायत्वलक्षणायाः स्वरूपसत्तायाः स्वीकारे उपपद्यत एवाविष्वग्भावात्मकः सम्बन्धः, अन्यथा तस्य स्वरूपाभावप्रसङ्गः। इति बाधकाभावात् तेष्वपि द्रव्यादिवद् मुख्य एव सत्ता सम्बन्ध इति व्यर्थं द्रव्यगुणकर्मस्वेव सत्ताकल्पनम्॥

यह घट समवाय है यह पट समवाय है यह सामान्य ज्ञान होता ही है।

शंका—जिस प्रकार द्रव्य आदिमें स्वरूप सत्ताके साधर्म्यसे सत्ता रहती है उसी प्रकार सामान्य आदिमें भी उपचारसे सत्ता विद्यमान है इसलिये सामान्य आदिमें यह सत है ऐसा ज्ञान होता है। **समाधान**—यदि सामान्य आदिमें सत्ताको उपचारसे स्वीकार करोगे तो सामान्य आदिमें सतका ज्ञान भी मिथ्या मानना चाहिये। यदि कहो कि भिन्न स्वभाववाले पदार्थोंमें एकताकी प्रतीति मिथ्या ही है तो इस तरह द्रव्य गुण और कर्ममें भी सत्ताको उपचारसे मानकर सतका ज्ञान मिथ्या मानना चाहिये। यदि कहो कि मुख्यका अभाव होने पर उपचारका सम्भव होनेसे यह सत है इस प्रकारका अनुवृत्तिज्ञान द्रव्य गुण और कर्ममें मुख्य रूपसे तथा सामान्य विशेष और समवायमें गौण रूपसे होता है अर्थात् द्रव्यादिमें मुख्य सत्ता स्वीकार करके ही सामान्य आदिमें उपचार सत्ता मानी जा सकती है क्योंकि मुख्य अर्थके न होनेपर ही उपचार होता है तो हमारा (जैनोंका) उत्तर है कि मुख्य और गौण सत्ताकी इससे उल्टी कल्पना भी की जा सकती है अर्थात् सामान्य आदिमें मुख्य और द्रव्यादिमें गौण सत्ता भी मान सकते हैं।

शंका—द्रव्य आदिमें मुख्य सत्ता माननेसे कोई बाधा नहीं आती लेकिन सामान्य आदिमें मुख्य सत्ता स्वीकार करनेसे बाधा आती है। ऊपर कहा भी है कि सामान्यमें सामान्य माननेसे अनवस्था विशेषमें सामान्य माननेसे रूपहानि और समवायमें सामान्य माननेसे समवायान्तरका असम्बन्ध—दोष आते हैं। **समाधान**—यह कथन ठीक नहीं है। क्योंकि सामान्यमें सत्ता माननेसे अनवस्था दोष आता है तो द्रव्य गुण कर्ममें सत्ता माननेसे भी अनवस्था दोष क्यों नहीं आना चाहिए? क्योंकि सामान्यमें स्वरूप सत्ताकी तरह द्रव्य गुण और कर्ममें भी पहलेसे ही स्वरूपसत्ता विद्यमान है। तथा विशेषोंमें सत्ता अंगीकार करनेपर स्वरूपकी हानि नहीं होती बल्कि विशेषोंमें सामान्य माननेपर उल्टी विशेषोंकी सिद्धि होती है क्योंकि सामान्यरहित विशेष कहीं भी नहीं पाये जाते। इसी तरह समवायमें भी समवायरूप सत्ता स्वीकार करनेपर तादात्म्य सम्बन्ध सिद्ध होता है क्योंकि यदि समवाय समवायत्वरूप स्वरूप सत्ता न मानें तो समवायके स्वरूप का ही अभाव होगा। इसलिये सामान्य आदिमें भी द्रव्यादिकी तरह मुख्य सत्ता माननेसे कोई बाधा नहीं आती अतएव इनमें भी मुख्य सत्ता ही माननी चाहिये। अतएव द्रव्य गुण कर्ममें ही सत्ता है और सामान्य विशेष और समवायमें नहीं यह कल्पना व्यर्थ है।

---

१ "निर्विशेषं हि सामान्यं भवेत्खरविषाणवत्। सामान्यरहितत्वेन विशेषास्तद्वदेव हि" ॥

किञ्च, यैर्वैशेषिकैर्द्रव्यादिषट्के मुख्यः सत्तासम्बन्धः कक्षीकृतः, सोऽपि विचार्यमाणो विशीर्यते। तथाहि। यदि द्रव्यादिभ्योऽत्यन्तविलक्षणा सत्ता, तदा द्रव्यादीन्यसद्रूपाणि स्युः। सत्तायोगात् सत्त्वमस्त्येवेति चेत्, असतां सत्तायोगेऽपि कुतः सत्त्वम्। सतां तु निष्फलः सत्तायोगः। स्वरूपसत्त्वं भावानामस्त्येवेति चेत्, तर्हि किं शिखण्डिना सत्तायोगेन। सत्तायोगात् प्राग् भावो न सन्, नाप्यसन्, सत्तायोगात् तु सन्निति चेद् वाङ्मात्रमेतत्। सदसद्विलक्षणस्य प्रकारान्तरस्यासम्भवात्। तस्मात् सतामपि स्यात् क्वचिदेव सत्तेति तेषां वचनं विदुषां परिषदि कथमिव नोपहासाय जायते॥

ज्ञानमपि यद्येकान्तेनात्मनः सकाशाद् भिन्नमिष्यते, तदा तेन चैत्रज्ञानेन मैत्रस्येव नैव विषयपरिच्छेदः स्यादात्मनः। अथ यत्रैवात्मनि समवायसम्बन्धेन समवेतं ज्ञानं तत्रैव भावावभासं करोतीति चेत्, न। समवायस्यैकत्वाद् नित्यत्वाद् व्यापकत्वाच्च सर्वत्र वृत्तेरविशेषात् समवायवदात्मनामपि व्यापकत्वादेकज्ञानेन सर्वेषां विषयावबोधप्रसङ्गः। यथा च घटे रूपादयः समवायसम्बन्धेन समवेताः, तद्विनाशे च तदाश्रयस्य घटस्यापि विनाशः, एवं ज्ञानमप्यात्मनि समवेतं तच्च क्षणिकं ततस्तद्विनाशे आत्मनोऽपि विनाशापत्तेरनित्यत्वापत्तिः॥

अथास्तु समवायेन ज्ञानात्मनोः सम्बन्धः। किन्तु स एव समवायः केन तयोः सम्बध्यते? समवायान्तरेण चेद् अनवस्था। स्वेनैव चेत् किं न ज्ञानात्मनोरपि तथा। अथ यथा

तथा वैशेषिकोंने द्रव्य गुण और कर्ममें जो मुख्य सत्ता स्वीकार की है वह भी विचार करनेसे युक्तियुक्त नहीं ठहरती। क्योंकि यदि सत्ता द्रव्य आदिसे अत्यन्त भिन्न है तो द्रव्यादिको असत मानना चाहिए। यदि द्रव्यादिको सत्ताके सम्बन्धसे सत मानो तो स्वयं असत द्रव्यादि सत्ताके सम्बन्धसे भी सत कैसे हो सकते हैं? और यदि द्रव्यादि स्वयं सत हैं तो फिर उनमें सत्ताका सम्बन्ध मानना ही निष्प्रयोजन है। अर्थात यदि पदार्थोंमें स्वरूपसत्त्व स्वीकार करनेपर भी सत्ता मानी जाये तो ऐसी अकार्यकारी सत्ताका सम्बन्ध माननेमें ही क्या प्रयोजन? यदि कहो कि सत्ताके सम्बन्धसे पहले द्रव्यादि पदार्थ न सत थे न असत किन्तु सत्ताके सम्बन्धसे सतरूप होते हैं तो यह भी कथनमात्र है। क्योंकि सत और असतसे विलक्षण कोई प्रकारान्तर आपके मतमें सम्भव नहीं जिससे आप लोग सत्ता सम्बन्धके पहले द्रव्यको न सत और न असत रूप मान सकें। अतएव सत पदार्थोंमें भी सब पदार्थोंमें सत्ता नहीं रहती—वैशेषिकोंका यह वचन उपहासके ही योग्य है।

(२) यदि ज्ञानको आत्मासे सर्वथा भिन्न मानो तो मैत्रसे भिन्न चैत्रके ज्ञानसे जिस प्रकार मैत्रको विषयोंका ज्ञान नहीं होता उसी प्रकार आत्मासे सर्वथा भिन्न ज्ञानसे आत्माको (ज्ञेय) विषयोंका ज्ञान नहीं होगा। (अर्थात जैसे मैत्रसे चैत्रका ज्ञान भिन्न है इसलिए चैत्रके ज्ञानसे मैत्रकी आत्माको पदार्थका ज्ञान नहीं होता वैसे ही चैत्रका ज्ञान भी चैत्रकी आत्मासे भिन्न है इस कारण चैत्रके ज्ञानमें चैत्रकी आत्माको भी पदार्थका ज्ञान न होना चाहिए)। यदि कहो कि जिस आत्मामें ज्ञान समवाय सम्बन्धसे विद्यमान है उसी आत्मामें ज्ञान पदार्थोंको जानता है तो यह भी ठीक नहीं। क्योंकि समवाय एक नित्य और व्यापक है इसलिए वह सब पदार्थोंमें समान रूपसे रहता है। तथा समवायकी तरह आत्मा भी व्यापक है इसलिए एक आत्मामें ज्ञान होनेसे सब आत्माओंको पदार्थोंका ज्ञान होना चाहिये। तथा जिस प्रकार रूपादि घटमें समवाय सम्बन्धसे रहते हैं उसी तरह ज्ञान भी आत्मामें समवाय सम्बन्धसे रहता है। और जैसे रूपादिका नाश होनेपर रूपादिके आश्रय घटादिका भी नाश होता है वैसे ही क्षणिक ज्ञानके नाश होनेपर आत्माका भी नाश हो जाना चाहिये। इस तरह आत्मा अनित्य ठहरती है।

यदि समवायसे ज्ञान और आत्माका सम्बन्ध मान भी लिया जाय तो वह समवाय आत्मा और ज्ञानमें कौनसे सम्बन्धसे रहता है? यदि ज्ञान और आत्मामें रहनेवाला समवाय दूसरे समवायसे रहता है तो इस प्रकार अनन्त समवाय माननेसे अनवस्था दोष आता है। यदि कहो कि समवायके समवायान्तर माननेकी

प्रदीपस्तत्स्वभावत्वाद् आत्मानं, परं च प्रकाशयति तथा समवायस्येदृगेव स्वभावो यदात्मानं, ज्ञानात्मानौ च सम्बन्धयतीति चेत, ज्ञानात्मनोरपि किं न तथास्वभावता येन स्वयमेवैतौ सम्बध्येते। किञ्च, प्रदीपदृष्टान्तोऽपि भवत्पक्षे न जाघटीति। यतः प्रदीपस्तावद् द्रव्य, प्रकाशश्च तस्य धर्म धर्मधर्मिणोश्च त्वयात्यन्त भेदोऽभ्युपगम्यते तत्कथं प्रदीपस्य प्रकाशात्म कता ? तदभावे च स्वपरप्रकाशस्वभावता भणितिर्निर्मूलैव ॥

यदि च प्रदीपात् प्रकाशस्यात्यन्तभेदेऽपि प्रदीपस्य स्वपरप्रकाशकत्वमिष्यते, तदा घटादीनामपि तदनुषज्यते भेदाविशेषात्। अपि च तौ स्वपरसम्बन्धस्वभावौ समवायाद् भिन्नौ स्याताम् अभिन्नौ वा ? यदि भिन्नौ, ततस्तस्यैतौ स्वभावाविति कथं सम्बन्ध। सम्बन्धनिबन्धनस्य समवायान्तरस्यानवस्थाभयादनभ्युपगमात्। अथाभिन्नौ, ततः समवाय मात्रमेव। न तौ। तद्व्यतिरिक्तत्वात तत्स्वरूपवदिति। किञ्च यथा इह समवायिषु समवाय इति मति समवाय विनाप्युपपन्ना तथा इहात्मनि ज्ञानमित्ययमपि प्रत्ययस्त विनैव चेदु च्यते तदा को दोष ॥

अथात्मा कर्ता ज्ञान च करण कर्तृकरणयोश्च वधकिवासीव[1] भेद एव प्रतीत, तत्कथं ज्ञानात्मनोरभेद' इति चेत न। दृष्टान्तस्य वैषम्यात्। वासी हि बाह्य करणं ज्ञान चान्तरं,

आवश्यकता नही समवाय अपने आप ही रहता है तो ज्ञान और आत्मा भी वह अपने आप ही क्यो नही रहता ? यदि आप लोग कहे कि जैसे दीपक स्वप्रकाशन स्वभाववाला होनेसे अपने आपको और दूसरेको प्रकाशित करता है वैसे ही समवायका इसी प्रकारका स्वभाव है कि जब वह ज्ञान और आत्माके साथ अपना सम्बन्ध कराता है तथा ज्ञान और आत्माका भी सम्बन्ध कराता है तो फिर ज्ञान और आत्मा का उस प्रकारका स्वभाव क्यो नही मान लेते जिसके कारण ये दोनो अपने-आप ही अन्योन्य सम्बन्ध को प्राप्त होते हैं ? तथा इस कथनकी पुष्टिमे दीपकका दृष्टान्त ही नही घटता क्योंकि दीपक द्रव्य है और प्रकाश उसका धर्म है। तथा आप लोग धर्म और धर्मीका अत्यन्त भेद मानते हैं अतएव दीपक प्रकाश रूप कैसे हो सकता है ? दीपकके प्रकाश रूप न रहनेसे आपने जो दीपकको स्वपर प्रकाशक कहा वह निराधार ही सिद्ध होगा।

यदि दीपकसे प्रकाशके अत्यन्त भिन्न होनेपर भी दीपकको स्वपर प्रकाशक कहो तो घट आदिको भी स्वपर प्रकाशक कहनेमें कोई आपत्ति नही होनी चाहिये क्योंकि दीपककी तरह घट आदि भी प्रकाशसे अत्यन्त भिन्न हैं। तथा समवायियोके साथ अपना सम्बन्ध करानेका स्वभाव तथा समवायियोका एक दूसरेसे सम्बन्ध करानेका स्वभाव—समवायके ये दोनों स्वभाव समवायसे भिन्न हैं या अभिन्न ? यदि ये दोनो स्वभाव समवायसे भिन्न हो तो समवायियोके साथ अपना सम्बन्ध करानेका तथा समवायियोका एक दूसरेके साथ सम्बन्ध कराने में कारणभूत अन्य समवायको अनवस्थाके भयसे स्वीकार नही किया जा सकता। फिर ये दोनो स्वभाव समवायके हैं इस प्रकार समवाय और उसके दोनो स्वभावोका सम्बन्ध कैसे हो सकता है ? यदि समवायके ये दोनो स्वभाव समवायसे अभिन्न हैं तो फिर उसे समवायमात्र ही कहना चाहिये। समवायका स्वरूप समवायत्व समवाय से भिन्न न होनेसे जिस प्रकार स्वतन्त्र नही होता उसी प्रकार ये दोनो स्वभाव समवायसे भिन्न न होनेसे स्वतन्त्र नही हो सकते। तथा जैसे इन समवायियोमे समवाय है यह बुद्धि प्रत्यक समवाय और समवायान्तरके बिना माने भी हो सकती है इसी तरह इस आत्मामे ज्ञान है यह ज्ञान भी समवायको भिन्न पदार्थ माने बिना ही क्यो नही होता ?

शंका—आत्मा कर्ता है और ज्ञान करण है। जैसे बढ़ई कर्ता है और वह अपनेसे भिन्न कुठार रूप करणसे कार्यको करता है वैसे ही आत्मा कर्ता है और वह अपनेसे भिन्न ज्ञान रूप करणसे पदार्थको जानता है अतएव ज्ञान और आत्मा भिन्न हैं। **समाधान**—यह ठीक नहीं क्योंकि यहाँ पर बढ़ई और

१ वर्धकिस्तक्षा वासी तच्छस्त्रम्।

वृक्षकुम्भकयोः साधर्म्यम् । न चैवं करणस्य द्वैविध्यमप्रसिद्धम् । यदाहुर्लाक्षणिकाः—

"करणं द्विविधं ज्ञेयं बाह्यमाभ्यन्तरं बुधैः ।

यथा लुनाति दात्रेण मेरुं गच्छति चेतसा" ॥

यदि हि किञ्चित्करणमान्तरमेकान्तेन भिन्नमुपदश्यते तत स्याद् दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोः साधर्म्यम्, न च तथाविधमस्ति। न च बाह्यकरणगतो धर्म सर्वोऽप्यान्तरे योजयितुं शक्यते, अन्यथा दीपेन चक्षुषा देवदत्तः पश्यतीत्यत्रापि दीपादिवत् चक्षुषोऽप्येकान्तेन देवदत्तस्य भेद स्यात् । तथा च सति लोकप्रतीतिविरोध इति ॥

अपि च, साध्यविकलोऽपि वासीवर्धकिदृष्टान्त । तथाहि । नाय वर्धकि 'काष्ठमिद मनया वास्या घटयिष्ये इत्येवं वासीग्रहणपरिणामेनापरिणत सन् तामगृहीत्वा घटयति किन्तु तथा परिणतस्तां गृहीत्वा । तथा परिणामे च वासिरपि तस्य काष्ठस्य घटने व्याप्रियते पुरुषोऽपि । इत्येवंलक्षणैककार्यसाधकत्वात् वासीवर्धक्योरभेदोऽप्युपपद्यते । तत्कथमनयोर्भेद एव इत्युच्यते । एवमात्मापि विवक्षितमर्थमनेन ज्ञानेन ज्ञास्यामि इति ज्ञानग्रहणपरिणामवान् ज्ञानं गृहीत्वार्थं व्यवस्यति । ततश्च ज्ञानात्मनोरुभयोरपि संवित्तिलक्षणैककार्यसाधकत्वादभेद एव । एवं कर्तृकरणयोरभेदे सिद्धे संवित्तिलक्षण कार्यं किमात्मनि व्यवस्थित आहोस्विद् विषये इति वाच्यम् । आत्मनि चेत् सिद्धं नः समीहितम् । विषये चेत् कथमात्मनोऽनुभव प्रतीयते ।

कुठारका दृष्टान्त विषम है । कारण कि कुठार बाह्य और ज्ञान आभ्यन्तर करण है इसलिये दोनोंमे साधर्म्य नहीं हो सकता । इन बाह्य और अंतरंग करणोंको वैयाकरणोंने भी स्वीकार किया है—

बाह्य और अन्तरंगके भेदसे करण दो प्रकारका है । जैसे वह कुठारसे काटता है यहाँ कुठार बाह्य करण है और वह मनसे मेरु पर्वतपर पहुँचता है यहाँ मन अन्तरंग करण है ।

अतएव जैसे कुठार रूप बाह्य करण बढ़ई रूप कर्तासे भिन्न है वैसे ही यदि ज्ञान रूप अन्तरंग करण आत्मा रूप कर्तासे भिन्न होता तो दृष्टान्त और दार्ष्टान्तिकमे साधर्म्य हो सकता था लेकिन आत्मा और ज्ञान भिन्न नही हैं । तथा बाह्य करणका धर्म अन्तरंग करणसे सम्बद्ध नही हो सकता अन्यथा देवदत्त दीपक और नेत्रसे देखता है यहाँ दीपककी तरह नेत्र भी देवदत्तसे सर्वथा भिन्न होना चाहिये । परन्तु ऐसा माननेसे लोकविरोध आता है ।

तथा बढ़ई और कुठारका दृष्टान्त साध्यविकल भी है । क्योंकि मै इस कुठारसे इस लकडीको बनाऊँगा इस प्रकार कुठार ग्रहण करनेके मनोगत परिणामसे अपरिणत हुआ बढ़ई कुठारको ग्रहण न कर लकडीको नही बनाता किन्तु मनोगत परिणामसे परिणत हुआ बढ़ई लकडीको बनाता है । बढ़ईका उस प्रकारका मनोगत परिणाम उत्पन्न होनेपर लकडीको बनानेकी क्रियामे कुठार भी संलग्न हो जाता है और बढ़ई भी । इस प्रकार लकडीको बनानेकी क्रिया रूप एक कार्यके साधक होनेसे कुठार और बढ़ईमें भेद नही रहता । ऐसी दशामे बढ़ई और कुठारमे अर्थात् कर्ता और करणमे भेद ही होता है यह कैसे कहा जा सकता है ? इसी प्रकार आत्मा भी विवक्षित अर्थको मै इस ज्ञानके द्वारा जानूँगा इस प्रकार अपने ज्ञानको करण रूपसे ग्रहण करनेके परिणामसे परिणत हुई आत्मा ज्ञानको करण रूपसे ग्रहण कर अर्थको जानती है । अतएव ज्ञान और आत्मा दोनोमे ज्ञानलक्षण रूप एक ही कार्यके साधक होनेके कारण भेद नही रहता । (इसलिए बढ़ई और कुठारका दृष्टान्त आत्मा और ज्ञानमे भेद सिद्ध नही करता अतएव साध्यविकल है । भाव यह है कि जैसे काष्ठ कुठारसे बनाया जाता है वैसे ही काष्ठ बढईसे भी बनाया जाता है इसलिये बढ़ई और कुठार दोनो एक ही क्रिया करते हैं अतएव अभिन्न हैं । उसी प्रकार आत्मा और ज्ञान दोनो पदार्थके जानने रूप एक ही अर्थके साधक हैं अतएव परस्पर अभिन्न हैं ।) इस प्रकार कर्ता और करणमे अभेदकी सिद्धि होनेपर प्रश्न होता है कि संवित्ति (ज्ञान) रूप कार्य आत्मामें (आत्माश्रित) होता है या पदार्थमें (अर्थाश्रित) ? यदि ज्ञान आत्मामे ही उत्पन्न होता है तो यह सिद्धान्त हमारे अनुकूल ही है । क्योंकि

अथ विषयस्थितसंवित्तेः सकाशादात्मनोऽनुभव, तर्हि किं न पुरुषान्तरस्यापि, तद्भेदाविशेषात् ॥

अथ ज्ञानात्मनोरभेदपक्षे कथं कर्तृकरणभाव इति चेत्, ननु यथा सर्प आत्मानमात्मना वेष्टयतीत्यत्र अभेदे यथा कर्तृकरणभावस्तथात्रापि । अथ परिकल्पितोऽयं कर्तृकरणभाव इति चेत्, वेष्टनावस्थायां प्रागवस्थाविलक्षणगतिनिरोधलक्षणार्थक्रियादर्शनात् कथं परिकल्पितत्वम् । न हि परिकल्पनाशतैरपि शैलस्तम्भ आत्मानमात्मना वेष्टयतीति वक्तुं शक्यम् । तस्मादभेदेऽपि कर्तृकरणभाव सिद्ध एव । किञ्च, चैतन्यमिति शब्दस्य चिन्त्यतामन्वर्थ । चेतनस्य भावश्चैतन्यम् । चेतनश्चात्मा त्वयापि कीर्त्यते । तस्य भावः स्वरूप चैतन्यम् । यच्च यस्य स्वरूपं, न तत् ततो भिन्न भवितुमर्हति, यथा वृक्षाद् वृक्षस्वरूपम् ॥

अथास्ति चेतन आत्मा, परं चेतनासमवायसम्बन्धात्, न स्वतः, तथाप्रतीतेः इति चेत् । तदयुक्तम् । यत प्रतीतिश्चेत् प्रमाणीक्रियते, तर्हि निर्बाधमुपयोगात्मक एवात्मा प्रसिद्ध्यति । न हि जातुचित् स्वयमचेतनोऽहं चेतनायोगात् चेतन, अचेतने वा मयि चेतनाया समवाय इति प्रतीतिरस्ति । ज्ञाताहमिति समानाधिकरणतया प्रतीते । भेदे तथाप्रतीतिरिति चेत्, न । कथंचित् तादात्म्याभावे सामानाधिकरण्यप्रतीतेरदर्शनात् । यष्टि पुरुष इत्यादिप्रतीतिस्तु भेदे सत्युपचाराद् दृष्टा, न पुनस्तात्त्विकी । उपचारस्य तु बीज पुरुषस्य यष्टिगतस्तब्धत्वादिगुणैर भेद उपचारस्य मुख्यार्थस्पर्शित्वात् । तथा चात्मनि ज्ञाताहमिति प्रतीति कथञ्चित् चेतनात्मता

हमलोग (जैन) भी ज्ञानको आत्मामे ही मानते है । यदि कहो कि सविस्तिलक्षण काय ज्ञय पदार्थमें उत्पन्न होता है तो अन्य परुषको—जिसने अपन ज्ञानको कारण रूपसे ग्रहण नही किया उस पुरुषको—भी ज्ञयका ज्ञान क्यो नही होता ? अपने ज्ञानको करण रूपसे ग्रहण करनेवाले पुरुषसे जिस प्रकार ज्ञय भिन्न होता है उसी प्रकार अन्य पुरुष से भी वह भिन्न होता ह ।

शका—ज्ञान और आत्मामें अभेद माननेपर कर्ता और करण सम्बन्ध नही बन सकता । समाधान—जैसे सप अपने आपको अपनसे वेष्टित करता है —यहाँ कर्ता और करणके अभेद होनेपर भी कर्ता और करण भाव बनता है वसे ही आत्मा और ज्ञानके अभिन्न होनपर भी कर्ता और करण भावमे कोई बाधा नहीं आती । यदि कहो कि यह कर्ता और करण भाव कल्पना मात्र है तो यह ठीक नही क्योकि सप की वेष्टन अवस्थाम प्राक अवस्थासे विलक्षण गतिनिरोध लक्षण रूप अर्थ क्रिया देखी जाती है । तथा सैकड़ों कल्पनाय करनसे भी पाषाणका स्तभ अपने आपको अपनेसे वेष्टित नही कर सकता । इसलिए कर्ता और करण भावको कल्पित कहना ठीक नहीं है । अतएव ज्ञान और आत्मा म अभेद मानने पर भी कर्ता और करण भाव सिद्ध होता है । तथा चेतनके भावको चैतन्य कहते हैं । आत्माको आप लोगोने भी चेतन स्वीकार किया है । चैतन्य आत्माका स्वरूप है । जो जिसका स्वरूप होता है वह उससे भिन्न नही होता जैसे वृक्षका स्वरूप वृक्षसे भिन्न नही है । इसलिए ज्ञान और आत्माको भिन्न मानना ठीक नही है ।

यदि कहो कि आत्मा समवाय सम्बन्धसे चेतन है स्वय चेतन नही क्योकि इसी प्रकारका ज्ञान होता है तो यह भी ठीक नही । कारण कि यदि आप लोग ज्ञान (प्रतीति) को ही प्रमाण मानते हैं तो आत्माको निश्चयसे उपयोग रूप ही मानना चाहिये । क्योंकि कभी भी ऐसा ज्ञान नही होता कि मैं स्वयं अचेतन होकर चेतनाके सम्बन्धसे चेतन हूँ अथवा मेरी अचेतन आत्मामें चेतनका समवाय होता है । इसके विपरीत आत्मा और ज्ञानके एक-अधिकरणमें रहनेका ही ज्ञान होता है कि मैं ज्ञाता हूँ । यदि आप कहें कि आत्मा और ज्ञानका भेद माननपर भी आत्मा और ज्ञानका एक-अधिकरण बन सकता है तो यह भी ठीक नही । क्योंकि कथचित तादात्म्य (अभिन्न) सम्बन्धके बिना एक-अधिकरणकी प्रतीति नहीं हो सकती । पुरुष यष्टि है यह ज्ञान पुरुष और यष्टिके वास्तविक भेद होनेपर भी वास्तविक नहीं है यह केवल उपचारसे होता है । पुरुष यष्टि है इस उपचारका कारण यष्टिके स्तब्धता आदि गुणोंका पुरुषके स्तब्धता आदि गुणों के साथ अभेद है, क्योंकि उपचार मुख्य अर्थको स्पर्श करनेवाला होता है (यहाँ यष्टिका

न्नभ्यति तावन्तरेण ज्ञाताहमिति प्रतीतेरनुपपद्यमानत्वात् घटादिवत्। न हि घटादिरचेतनात्मको ज्ञाताहमिति प्रत्येति। चैतन्ययोगाभावात् असौ न तथा प्रत्येतीति चेत् न। अचेतनस्यापि चैतन्ययोगात् चेतनोऽहमिति प्रतिपत्तेरनन्तरमेव निरस्तत्वात्। इत्यचेतनत्वं सिद्धमात्मनो जडस्यार्थपरिच्छेदं पराकरोति। तं पुनरिच्छता चैतन्यस्वरूपतास्य स्वीकरणीया॥

ननु ज्ञानवानहमिति प्रत्ययादात्मज्ञानयोर्भेदः अन्यथा धनवानिति प्रत्ययादपि धनधनवतोर्भेदाभावानुषङ्ग। तदसत्। ज्ञानवानहमिति नात्मा भवन्मते प्रत्येति, जडकान्त रूपत्वात्, घटवत्। सर्वथा जडश्च स्यादात्मा ज्ञानवानहमिति प्रत्ययश्च स्याद् अस्य विरोधा भावात् इति मा निर्णैषी। तस्य तथोत्पत्त्यसम्भवात्। ज्ञानवानहमिति हि प्रत्ययो नागृहीते ज्ञानाख्ये विशेषणे विशेष्ये चात्मनि जातूपद्यते, स्वमतविरोधात्। 'नागृहीतविशेषणा विशेष्ये बुद्धिः' इति वचनात्॥

गृहीतयोस्तयोरुत्पद्यत इति चेत्, कुतस्तद्ग्रहीति। न तावत् स्वत स्वसवेदनानभ्युप गमात्। स्वसंविदिते ह्यात्मनि ज्ञाने च स्वत सा युज्यते नान्यथा सन्तानान्तरवत्। परतश्चेत् तदपि ज्ञानान्तरं विशेष्यं नागृहीते ज्ञानत्वविशेषणे ग्रहीतु शक्यम। गृहीते हि घटत्वे घटग्रहणमिति ज्ञानान्तरात् तद्ग्रहणेन भाव्यम इत्यनवस्थानात् कुत प्रकृतप्रत्यय। तदेव

स्वभावता आदि गुण मथ्याथ है)। इसी तरह आत्माम म ज्ञाता हूँ यह प्रतीति आत्माके कथचित चतन्य स्वभावको ही द्योतित करती ह क्योकि बिना चैतन्य स्वभावके मं ज्ञाता हूँ एसी प्रतीति नही होती जसे घटमें चैतन्य रूप नही है इसलिए उसम मैं ज्ञाता हूँ यह प्रतीति भी नही होती। यदि कहो कि घटम चैतन्यका सम्बन्ध नही होता है इसलिए उसम म ज्ञाता हू एसी प्रतीति नही होता तो यह ठीक नही। क्योकि अचेतनम चैतन्यके सम्बन्धसे ही म चतन हू यह प्रतीति होती है इस मतका खण्डन हमन अभी किया है अतएव यदि आत्माको अचेतन माना जाय तो उससे पदार्थोंका ज्ञान नही हो सकता। इसलिए आत्मासे पदार्थोंका ज्ञान करनके लिये आत्माको चैतन्य स्वीकार करना चाहिए।

शंका— मं ज्ञानवान हूँ इस ज्ञानमे ही आत्मा और ज्ञानम भेद सिद्ध होता ह अन्यथा म धनवान हूँ इस ज्ञानमे भी धन और धनवानम भेद न होना चाहिय। **समाधान**—यह ठीक नही क्योकि वैशेषिकोके मतमें घटकी तरह आत्मा सवथा जड है इसलिये उसमे म ज्ञानवान हूँ यह ज्ञान ही नही हो सकता। यदि आप लोग कहें कि आत्माके सवथा जड होते हुए भी म ज्ञानवान हूँ एसा प्रत्यय होता है इसम कोई विरोध नही है तो यह भी ठीक नही। क्योकि मं ज्ञानवान हूँ यह प्रतीति ही आत्मामे नही हो सकती। कारण कि मै ज्ञानवान हूँ यह प्रत्यय ज्ञानरूप विशेषण और आत्मारूप विशेष्य ज्ञानके बिना कभी उत्पन्न नही हो सकता। ऐसा माननेसे आपके मतसे विरोध आयेगा क्योकि कहा ह बिना विशेषणको ग्रहण किये हुए विशेष्यका ज्ञान नही होता।

शंका—जब आत्मा विशेषण (ज्ञान) और विशेष्य (आत्मा) को ग्रहण करता है उस समय मैं ज्ञानवान हूँ यह प्रतीति होती है। **समाधान**—यहाँ प्रश्न होता ह कि यह प्रतीति स्वत होती है या परत? यह प्रतीति स्वय नही हो सकती क्योकि आप लोग आत्मामे स्वसवेदन ज्ञान नही मानते हैं। तथा दूसरी सन्तानोकी तरह आत्मा और ज्ञानके स्वसविदित होनेपर यह प्रतीति स्वय हो सकती ह अन्यथा नही। (अर्थात जैसे घट पटादि दूसरी सतानोमे स्वसविदित नही हैं इसलिये उनम मं ज्ञाता हूँ यह प्रतीति नहीं होती वैसे ही आत्माम भी यह प्रतीति नही होनी चाहिय।) यदि कहो कि आत्मा दूसरे ज्ञानके द्वारा अपने ज्ञानरूप विशेषणको ग्रहण करती है तो वह दूसरा ज्ञानरूप विशेष्य भी अपने ज्ञानत्व विशेषणको ग्रहण किये बिना आत्माके ज्ञानरूप विशेषणको ग्रहण नही कर सकता। अर्थात् जैसे घटत्वके ज्ञानके द्वारा घटत्वका ज्ञान होनेपर जो घटका ज्ञान होता है उस ज्ञानका ज्ञान भी उस ज्ञानके ज्ञानत्वका ज्ञान होनेपर ज्ञानत्वके ज्ञानसे होना चाहिये। ज्ञानत्वका ज्ञान उस ज्ञानत्व के अन्य ज्ञानसे होगा। इस प्रकार अनवस्था

नात्मनो जडस्वरूपता संगच्छते। तदसङ्गतौ च चैतन्यमौपाधिकमात्मनोऽन्यदिति वाङ्मात्रम् ॥

तथा यदपि न संविदानन्दमयी च मुक्तिरिति व्यवस्थापनाय अनुमानमवादि सन्तानत्वादिति। तत्राभिधीयते। ननु किमिदं सन्तानत्वं स्वतन्त्रमपरापरपदार्थोत्पत्तिमात्रं वा, एकाश्रयापरापरोत्पत्तिर्वा ? तत्राद्य पक्षः सव्यभिचारः। अपरापरेषामुत्पादकानां घटपटकटादीनां सन्तानत्वेऽप्यत्यन्तमनुच्छिद्यमानत्वात्। अथ द्वितीय पक्षः, तर्हि तादृशं सन्तानत्वं प्रदीपे नास्तीति साधनविकलो दृष्टान्तः। परमाणुपाकजरूपादिभिश्च व्यभिचारी हेतुः। तथाविधसन्तानत्वस्य तत्र सद्भावेऽप्यत्यन्तोच्छेदाभावात्। अपि च सन्तानत्वमपि भविष्यति अत्यन्तानुच्छेदश्च भविष्यति विपर्यये बाधकप्रमाणाभावात्। इति संदिग्धविपक्षव्यावृत्तिकत्वादप्यनैकान्तिकोऽयम्। किञ्च स्याद्वादवादिनां नास्ति क्वचिदत्यन्तमुच्छेदः द्रव्यरूपतया

दोष आनसे प्रकृत ज्ञानका ज्ञान कैसे हो सकता है ? इसलिये मैं ज्ञानवान हूँ ऐसी प्रतीति किसी भी तरह आत्मामें न हो सकेगी। अतएव आत्माको जड स्वीकार करना ठीक नहीं है। तथा आत्माके जड न सिद्ध होनेपर आत्माके ज्ञानको उपाधिजन्य मानना भी केवल कथन मात्र है।

(३) मुक्ति ज्ञानमय और आनन्दमय नहीं है यह सिद्ध करनेके लिये आप लोगोंने जो सन्तानत्व हेतु दिया है वह भी ठीक नहीं है। क्योंकि यह सन्तानत्व क्या है ? क्या वह भिन्न भिन्न स्वतन्त्र पदार्थोंकी उत्पत्ति मात्र है अथवा एक पदार्थरूप आश्रयमें भिन्न भिन्न परिणामोंकी उत्पत्ति मात्र (एकाश्रयापरापरोत्पत्ति) है ? पहला पक्ष सदोष है कारण कि भिन्न भिन्न उत्पादक घट पट कट आदि पदार्थोंका सन्तानत्व विद्यमान होनेपर भी उनका आत्यन्तिक उच्छेद (नाश) नहीं देखा जाता (वैशेषिक मतमें जो जो सन्तान होता है उसका आत्यन्तिक रूपमें विनाश होता है)। यदि दूसरा पक्ष—अर्थात् एक पदार्थ रूप आश्रयमें भिन्न भिन्न परिणामोंकी उत्पत्ति सन्तान है—स्वीकार किया जाये तो एकाश्रयापरापरोत्पत्ति रूप सन्तानत्व प्रदीप दृष्टान्तमें घटित न होनेसे प्रदीपका दृष्टान्त साधनविकल है। (प्रदीपकी सन्तानका एक आश्रय नहीं है क्योंकि पूर्व अग्निकी ज्वाला रूप दीपक पूर्व अग्निकी ज्वालाके नष्ट होनेके क्षणमें नष्ट हो जाता है इसलिये दीपकका दृष्टान्त साधनसे शून्य है।) तथा एकाश्रयापरापरोत्पत्ति लक्षण सन्तानत्वका परमाणुपाकज रूप (अग्निके द्वारा परमाणुमें उत्पन्न किया हुआ रूप) आदिमें सद्भाव होनेपर भी परमाणुओंके पाकजरूप आदिका आत्यन्तिक नाश न होनेसे परमाणुओंके साथ सन्तानत्व हेतु व्यभिचारी है (परमाणुपाकज रूपादिका आत्यन्तिक नाश न होनेसे वह विपक्ष है अतः उसमें उक्त हेतुका सद्भाव होनेसे वह हेतु व्यभिचारी है। वैशेषिक लोग पीलुपाक सिद्धान्तको मानते हैं। उनके मतमें जिस समय कच्चा घडा अग्निमें पकानेके लिये रक्खा जाता है उस समय यह कच्चा घडा नष्ट होकर परमाणु रूप हो जाता है। उसके बाद अग्निके संयोगसे परमाणुओंमें लाल रंग उत्पन्न होता है। ये परमाणु एकत्र होकर पक्के घडेके रूपमें बदलते हैं। यह परमाणुपाकज प्रक्रिया अत्यन्त शीघ्रतासे होती है और नौ क्षणोंमें समाप्त हो जाती है। जैन लोगोंका कहना है कि अग्निके द्वारा उत्पन्न किये हुए परमाणुमें रूप-सन्तान होनेपर भी उसका अत्यन्त उच्छेद नहीं होता इसलिये उक्त हेतु व्यभिचारी है। क्योंकि कच्चे घडेके अग्निमें रखनेसे जब उस घटका परमाणुपर्यन्त विभाग होता है तब उन परमाणुओंमें पूर्व घटकी रूप-सन्तान बदलकर दूसरे रूपमें उत्पन्न होती है इसलिये यद्यपि पूर्व और अपर सन्तान परमाणुरूप एक आश्रयमें रहती है तो भी सन्तानका अत्यन्त नाश नहीं होता।) तथा सन्तानत्वके रहनेपर भी आत्यन्तिक नाश रह सकता है इसमें किसी बाधक प्रमाणका अभाव है। इस प्रकार विपक्षव्यावृत्ति सन्दिग्ध होनेसे यह हेतु अनैकान्तिक भी है। (अतएव मुक्तिमें बुद्धि आदि गुणोंका अत्यन्त उच्छेद हो जाता है क्योंकि बुद्धि आदि सन्तान हैं इस अनुमानमें सन्तानत्व हेतु विपक्ष घटादिमें उच्छेदत्व साध्यके अभाव अनुच्छेदत्वके साथ रहता है इसलिये सन्दिग्ध विपक्षव्यावृत्ति होनेसे अनैकान्तिक हेत्वाभास है।) तथा स्याद्वादियोंके किसी भी पदार्थका अत्यन्त उच्छेद नहीं होता क्योंकि द्रव्य

स्थास्नूनामेव सतां भावानामुत्पादव्ययुक्तत्वात् इति विरुद्धश्च। इति नाधिकृतानुमानाद् बुद्ध्यादिगुणोच्छेदरूपा सिद्धि सिद्धयति ॥

नापि "न हि वै सशरीरस्य" इत्यादेरागमात्। स हि शुभाशुभादृष्टपरिपाकजन्ये सांसारिकप्रियाप्रिये परस्परानुषक्ते अपेक्ष्य व्यवस्थित। मुक्तिदशायां तु सकलादृष्टक्षयहेतु कमैकान्तिकमात्यन्तिकं च केवल प्रियमेव, तत्कथं प्रतिषिध्यते। आगमस्य चायमर्थ, 'सशरीरस्य'—गतिचतुष्टयान्यतमस्थानवर्तिन आत्मनः 'प्रियाप्रिययो'—परस्परानुषक्तयो सुखदुःखयो 'अपहतिः'—अभावो नास्ती'ति। अवश्य हि तत्र सुखदु खाभ्यां भाव्यम्। परस्परानुषक्तत्वं च समासकरणादभ्यूह्यते। 'अशरीर'—मुक्तात्मान, वा शब्दस्यैवकारार्थत्वात् अशरीरमेव 'वस न्त'—सिद्धिक्षेत्रमध्यासीन, 'प्रियाप्रिये'—परस्परानुषक्त सुखदु खे 'न स्पृशत' ॥

इदमत्र हृदयम्। यथा किल संसारिण सुखदु खे परस्परानुषक्त स्यातां, न तथा मुक्तात्मनः किन्तु केवल सुखमेव। दु खमूलस्य शरीरस्यैवाभावात्। सुख वा ात्मस्वरूपत्वाद वस्थितमेव। स्वस्वरूपावस्थान हि मोक्ष। अत एव चाशरीरमित्युक्तम्। आगमार्थश्चाय मित्थमेव समर्थनीय। यत एतदर्थानुपात्येव स्मृतिरपि दृश्यते—

'सुखमात्यन्तिक यत्र बुद्धिग्राह्यमतीन्द्रियम्।
त वै मोक्ष विजानीयाद् दुष्प्रापमकृतात्मभि ॥'

रूपसे ध्रुव रहनेवाले पदार्थोंके ही उत्पाद और व्यय होते हैं। आत्यन्तिक नाशका अभाव होनेपर भी एक ही पदार्थमें क्रमभावी परिणामोंकी उत्पत्ति होनेसे सतानत्व हेतु जैनो द्वारा स्वीकृत पदार्थके साथ अविनाभावी होनेसे विरुद्ध है। इस प्रकार सतानत्व हेतुसे बुद्धि आदिके उच्छेदरूप मोक्षकी सिद्धि नही होती।

तथा मोक्ष अवस्थामे सुखका अभाव सिद्ध करनेके लिए आप लोगोंने न हि व सशरीरस्य सत प्रियाप्रिययोरपहतिरस्ति जो आगमका प्रमाण दिया है वह भी साध्यकी सिद्धि नही करता। क्योकि यहाँ जो मोक्षमें प्रिय-अप्रिय (सुख दु ख) का प्रतिषेध किया गया है वह केवल शुभ-अशुभ अदृष्टके परिणामसे उत्पन्न एक दूसरेसे सम्बद्ध सांसारिक सुख-दु ख की अपेक्षासे ही किया गया है। मुक्तावस्थाका सुख समस्त पुण्य-पापके क्षयसे उत्पन्न होता है इसलिए यह सुख ऐकान्तिक (एकरूप) और आत्यन्तिक (नाश न होनेवाला) होता है इस नित्य सुखका प्रतिषेध कैसे किया जा सकता है ? अतएव उक्त आगममे प्रिय-अप्रिय शब्दोंसे पुण्य-पापसे उत्पन्न होनेवाले सांसारिक सुख-दु खका ही प्रतिषेध किया गया है मुक्तावस्थाके अनन्त और अव्याबाध सुखका नही। इसलिये आगमका निम्नप्रकारसे अर्थ करना चाहिये — सशरीरस्य प्रिया प्रिययो अपहति नास्ति'—ससारी आत्माके परस्पर अपेक्षित सुख दु खका अभाव नही होता। (यहाँ प्रियाप्रिय में द्वद्व समास करनेसे सुख-दु खको परस्पर अपेक्षित समझना चाहिये)। अशरीर वा वसन्त प्रियाप्रिये न स्पृशत —मुक्तावस्थामे रहनेवाले मुक्तात्माको परस्पर अपेक्षित सुख-दु खका स्पर्श नही होता।

तात्पर्य यह है कि जैसे ससारी जीवके सुख-दु ख परस्पर अपेक्षित होते हैं वसे मुक्त जीवके नही होते। मुक्त जीवोंके केवल सुख ही होता है क्योंकि उनके दु खके कारण शरीरका अभाव है। तथा मुक्त जीव अपने आत्मस्वरूपमें स्थित रहते हैं इसलिये उनके सुख ही होता है। कारण कि अपने स्वरूपमे अवस्थित होना ही मोक्ष है। इसीलिये मुक्त जीव शरीर रहित हैं। आगमसे इसका समर्थन होता है। स्मृतिने इसका समर्थन किया है—

जिस अवस्थामें इन्द्रियोंसे बाह्य केवल बुद्धिसे ग्रहण करने योग्य आत्यन्तिक सुख विद्यमान है वही मोक्ष है। पापी आत्माओंके लिये वह दुष्प्राप्य है।

न चायं सुखशब्दो दुःखाभावमात्रे वर्तते। मुख्यसुखवाच्यतायां बाधकाभावात्। अयं रोगाद् विप्रमुक्तः सुखी जात इत्यादिवाक्येषु च सुखीति प्रयोगस्य पौनरुक्त्यप्रसङ्गाच्च। दुःखाभावमात्रस्य रोगाद् विप्रमुक्त इतीयतैव गतत्वात्॥

न च भवदुदीरितो मोक्षः पुंसामुपादेयतया संमतः। को हि नाम शिलाकल्पमपगतसकलसुखसंवेदनमात्मानमुपपादयितुं यतेत। दुःखसंवेदनरूपत्वादस्य सुखदुःखयोरेकस्याभावेऽपरस्यावश्यम्भावात्। अत एव त्वदुपहासः श्रूयते—

"वरं वृन्दावने रम्ये क्रोष्टृत्वमभिवाञ्छितम्।
न तु वैशेषिकीं मुक्तिं गौतमो गन्तुमिच्छति॥"

सोपाधिकसावधिकपरिमितानन्दनिष्यन्दात् स्वर्गादप्यधिकं तद्विपरीतानन्दमम्लानज्ञानं च मोक्षमाचक्षते विचक्षणाः। यदि तु जडः पाषाणनिर्विशेष एव तस्यामवस्थायामात्मा भवेत्, तदलमपवर्गेण। संसार एव वरमस्तु। यत्र तावदन्तरान्तरापि दुःखकलुषितमपि कियदपि सुखमनुभुज्यते। चिन्त्यतां तावत् किमल्पसुखानुभवो भव्य उत सर्वसुखोच्छेद एव॥

अथास्ति तथाभूते मोक्षे लाभातिरेकः प्रेक्षादक्षाणाम्। ते ह्येवं विवेचयन्ति। संसारे तावद् दुःखास्पृष्टं सुखं न सम्भवति दुःखं चावश्यं हेयम् विवेकहानं चानयोरेकभाजनपतितविषमधुनोरिव दुःशकम्, अत एव द्वे अपि त्यज्येते। अतश्च संसाराद् मोक्षः श्रेयान्। यतोऽत्र दुःखं सर्वथा न स्यात्। वरमियती कादाचित्कसुखमात्रापि त्यक्ता, न तु तस्या दुःखभार इयान् व्यूढ इति॥

यहांपर सुखका अर्थ केवल दुःखका अभाव ही नहीं है। यदि सुखका अर्थ केवल दुःखका अभाव ही किया जाय तो 'यह रोगी रोगरहित होकर सुखी हुआ है' आदि वाक्योंमें पुनरुक्ति दोष आना चाहिये। क्योंकि उक्त सम्पूर्ण वाक्य न कहकर 'यह रोगी रोगरहित हुआ है' इतना कहनेसे ही काम चल जाता है।

तथा शिलाके समान सम्पूर्ण सुखोंके संवेदनसे रहित वैशेषिकों द्वारा प्रतिपादित मुक्तिको प्राप्त करनेका कौन प्रयत्न करेगा? क्योंकि वैशेषिकोंके अनुसार पाषाणकी तरह मुक्त जीव भी सुखके अनुभवसे रहित होते हैं। अतएव सुखका इच्छुक कोई भी प्राणी वैशेषिकोंकी मुक्तिकी इच्छा न करेगा। तथा यदि मोक्षमें सुखका अभाव हो तो मोक्ष दुःख रूप होना चाहिये क्योंकि सुख और दुःखमें एकका अभाव होनेपर दूसरेका सद्भाव अवश्य रहता है। वैशेषिकोंकी मुक्तिका उपहास करते हुए कहा गया है—

गौतम ऋषि वैशेषिकोंकी मुक्ति प्राप्त करनेकी अपेक्षा रमणीय वृन्दावनमें शृगाल होकर रहना अच्छा समझते हैं।

सोपाधिक और सावधिक परिमित आनन्दसे परिपूर्ण होनेके कारण स्वर्गसे भी अधिक अपरिमित आनन्द और निर्मल ज्ञानके प्राप्त करनेको विद्वान् लोग मोक्ष कहते हैं। ऐसी अवस्थामें यदि आत्मा मोक्षमें पाषाणके समान जडरूप ही रह जाती है तो फिर ऐसे मोक्षकी ही क्या आवश्यकता है? इससे अच्छा संसार ही है जहां बीच बीचमें दुःखसे परिपूर्ण कमसे कम थोड़ा बहुत सुख तो मिलता रहता है। अतएव यह विचारणीय है कि सम्पूर्ण सुखोंका उच्छेद करनेवाले मोक्षको प्राप्त करना श्रेष्ठ है अथवा संसारमें रहकर थोड़े बहुत सुखका उपभोग करना अच्छा है।

शंका—मोक्षमें संसारकी अपेक्षा अधिक सुख है इसलिये मोक्ष ही ग्राह्य है क्योंकि संसारमें दुःख रहित सुख सम्भव नहीं है। जैसे एक ही पात्रमें रक्खे हुए शहद और विषका अलग करना बहुत कठिन है उसी तरह सांसारिक सुख दुःखमें विवेकपूर्वक दुःखका त्याग करना कष्टसाध्य है। अतएव सुख-दुःख दोनोंको ही छोड़ देना श्रेयस्कर है। इसलिये संसारसे मोक्ष अच्छा है क्योंकि मोक्षमें दुःखका सर्वथा अभाव है। कारण कि क्षणिक सुखसे उत्पन्न होनेवाले महान् दुःखको भोगनेकी अपेक्षा उस क्षणिक सुखका त्याग कर देना ही श्रेयस्कर है।

तदेतदसत्यम्। सांसारिकसुखस्य मधुदिग्धधाराकरालमण्डलाग्रग्रासवद् दुःखरूपत्वादेव युक्तैव मुमुक्षूणां तज्जिहासा, किन्त्वात्यन्तिकसुखविशेषलिप्सूनामेव। इहापि विषयनिवृत्तिजं सुखमनुभवसिद्धमेव तद् यदि मोक्षे विशिष्टं नास्ति, ततो मोक्षो दुःखरूप एवापद्यत इत्यर्थः। ये अपि विषमधुनी एकत्र सम्पृक्ते त्यज्येते ते अपि सुखविशेषलिप्सयैव। किञ्च यथा प्राणिनां संसारावस्थायां सुखमिष्टं दुःखं चानिष्टम् तथा मोक्षावस्थायां दुःखनिवृत्तिरिष्टा, सुखनिवृत्तिस्त्वनिष्टैव। ततो यदि त्वदभिमतो मोक्षः स्यात्, तदा न प्रेक्षावतामत्र प्रवृत्तिः स्यात्। भवति चैवम्। ततः सिद्धो मोक्षः सुखसंवेदनस्वभावः प्रेक्षावत्प्रवृत्तेरन्यथानुपपत्तेः॥

अथ यदि सुखसंवेदनैकस्वभावो मोक्षः स्यात् तदा तद्रागेण प्रवर्तमानो मुमुक्षुर्न मोक्षमधिगच्छेत्। न हि रागिणां मोक्षोऽस्ति रागस्य बन्धनात्मकत्वात्। नैवम्। सांसारिके सुखे एव रागो बन्धनात्मकः विषयादिप्रवृत्तिहेतुत्वात्। मोक्षसुखे तु रागः तन्निवृत्तिहेतुत्वाद् न बन्धनात्मकः। परां कोटिमारूढस्य च स्पृहामात्ररूपोऽप्यसौ निवर्तते "मोक्षे भवे च सर्वत्र निःस्पृहो मुनिसत्तमः" इति वचनात्। अन्यथा भवत्पक्षेऽपि दुःखनिवृत्त्यात्मकमोक्षाङ्गीकृतौ दुःखविषयः कषायकालुष्यं केन निषिध्येत। इति सिद्धः कृत्स्नकर्मक्षयात् परमसुखसंवेदनात्मको मोक्षो न बुद्ध्यादिविशेषगुणोच्छेदरूप इति॥

अपि च भोस्तपस्विन् कथञ्चिदेषामुच्छेदोऽस्माकमप्यभिमत एवेति मा विरूपं मनः कृथाः। तथाहि। बुद्धिशब्देन ज्ञानमुच्यते। तच्च मतिश्रुतावधिमनःपर्यायकेवलभेदात् पञ्चधा। तत्राद्यं ज्ञानचतुष्टयं क्षायोपशमिकत्वात् केवलज्ञानाविर्भावकाल एव प्रलीनम्।

समाधान—यह ठीक नहीं। क्योंकि सांसारिक सुख शहदसे लिपटी हुई तीक्ष्ण धारवाली तलवारकी नोकको चाटनेके समान है, इसलिये सांसारिक सुख दुःखरूप है। अतएव मुमुक्षु लोगोंको उसे त्यागना ही ठीक है। अविनाशी सुख चाहनेवालोंको सांसारिक दुःख छोड़ना ही चाहिये। तथा संसारमें भी विषयोंकी निवृत्तिमें उत्पन्न होनेवाला सुख अनुभवसे सिद्ध है। वह यदि विशिष्टरूपमें मोक्षमें नहीं है तो मोक्षके दुःखरूप होनेसे मोक्ष त्याज्य है। तथा एक साथ सम्मिलित विष और शहद का त्याग भी विशेष सुखकी इच्छासे ही किया जाता है। तथा जैसे प्राणियोंको सांसारिक अवस्थामें सुख इष्ट और दुःख अनिष्ट है, वैसे ही मोक्षावस्थामें दुःखकी निवृत्ति इष्ट और सुखकी निवृत्ति अनिष्ट है। अतएव यदि मोक्षमें ज्ञान और आनन्दका अभाव है तो मोक्षमें किसी भी बुद्धिमानकी प्रवृत्ति न होनी चाहिये। अतएव मोक्ष सुख और ज्ञान रूप है।

शंका—यदि मोक्षको सुख और ज्ञानरूप माना जाय तो मोक्षमें राग भावसे प्रवृत्ति करनेवाले मुमुक्षुको मोक्षकी प्राप्ति न होनी चाहिये। क्योंकि राग बन्ध करनेवाला है, इसलिये रागी पुरुषोंको मोक्ष नहीं मिलता। **समाधान**—यह ठीक नहीं। क्योंकि सांसारिक सुख ही रागबन्धका हेतु है, क्योंकि यह सांसारिक सुखरूप राग ही विषय आदिकी प्रवृत्तिमें कारण है। किन्तु मोक्षसुखका अनुराग विषय आदिकी प्रवृत्तिमें कारण नहीं है, इसलिये वह बन्धनका कारण नहीं। तथा उत्कृष्ट दशाको प्राप्त हुए आत्माके इच्छामात्र भी यह राग नहीं रहता। कहा भी है— उत्तम मुनि मोक्ष और संसार दोनोंमें निस्पृह रहते हैं। अन्यथा रागका सद्भाव होनेपर दुःखकी अत्यन्त निवृत्ति रूप वैशेषिकोंके मोक्षमें भी दुःखरूप कषायका उत्पन्न होना सम्भव है। अतएव सम्पूर्ण कर्मोंके क्षयसे उत्पन्न होनेवाला परम सुख और आनन्द स्वरूप ही मोक्ष मानना युक्तियुक्त है, बुद्धि आदि आत्माके विशेष गुणोंका उच्छेद होना नहीं।

तथा हम लोग भी बुद्धि आदिका कथंचित् उच्छेद ही मानते हैं, अतएव हे तपस्वी! आप निराश न हों। बुद्धिका अर्थ ज्ञान होता है। यह ज्ञान मति, श्रुति, अवधि, मनःपर्यय और केवलज्ञानके भेदसे पाँच प्रकारका है। इनमें आदिके चार ज्ञान क्षायोपशमिक (ज्ञानावरणीय कर्मके एकदेश क्षय और उपशमसे उत्पन्न होनेवाले) हैं, इसलिये केवलज्ञानके उत्पन्न होनेके समय नष्ट हो जाते हैं। आगममें कहा है—

"नट्ठंमि य छाउमत्थिए नाणे" इत्यागमात्। केवलं तु सर्वद्रव्यपर्यायगतं क्षायिकत्वेन निष्कलङ्कात्मस्वरूपत्वात् अस्त्येव मोक्षावस्थायाम्। सुखं तु वैषयिकं तत्र नास्ति, तद्धेतोर्वेदनीयकर्मणोऽभावात्। यत्तु निरतिशयमक्षयमनपेक्षमनन्तं च सुखं तद् बाढं विद्यते। दुःखस्य चाधर्ममूलत्वात् तदुच्छेदादुच्छेदः ॥

नन्वेवं सुखस्यापि धर्ममूलत्वाद् धर्मस्य चोच्छेदात् तदपि न युज्यते। "पुण्यपापक्षयो मोक्षः" इत्यागमवचनात्। नैवम्। वैषयिकसुखस्यैव धर्ममूलत्वाद् भवतु तदुच्छेदः न पुनरनपेक्षस्यापि सुखस्योच्छेदः। इच्छाद्वेषयोः पुनर्मोहभेदत्वात् तस्य च समूलकाषकषितत्वादभावः। प्रयत्नश्च क्रियाव्यापारगोचरो नास्त्येव, कृतकृत्यत्वात्। वीर्यान्तराय[2]क्षयोपनतस्त्वस्त्येव प्रयत्नः दानादिलब्धिवत्। न च क्वचिदुपयुज्यते, कृतार्थत्वात्। धर्माधर्मयोस्तु पुण्यपापा-

---

छाद्मस्थिक (केवलज्ञानके अतिरिक्त सब ज्ञानोंको छद्मस्थ ज्ञान कहते हैं) ज्ञानके नष्ट होनेपर (केवलज्ञान उत्पन्न होता है)। केवलज्ञान सब द्रव्य और सब पर्यायोंको जानता है और वह ज्ञानावरणीय कर्मके सर्वथा क्षयसे उत्पन्न होता है, इसलिये मोक्षावस्थामें निर्दोष केवलज्ञानकी प्राप्ति होती है। वैषयिक सुख मोक्षमें नहीं है, क्योंकि वहाँ वैषयिक सुखके कारण वेदनीय कर्मका अभाव है। निरतिशय, अक्षय और अनन्त सुख मोक्षमें विद्यमान है। तथा दुःखके कारण अधर्मका नाश हो जानेसे मोक्षमें दुःखका भी अभाव हो जाता है।

शंका—सुखका कारण भी धर्म ही है, अतएव धर्मके उच्छेद हो जानेसे मुक्तात्माके सुख भी नहीं मानना चाहिये। आगममें कहा है— पुण्य और पापके क्षय होनेपर मोक्ष होता है। समाधान—यह ठीक नहीं है। क्योंकि वैषयिक सुख धर्मका कारण है, इसलिये मुक्त जीवके वैषयिक सुखका नाश हो जाता है, परन्तु उसके निरपेक्ष सुखका नाश नहीं होता। क्योंकि इच्छा और द्वेष मोहके भेद हैं, और मुक्त जीवके मोहका समूल नाश हो जाता है। तथा मुक्त जीवके कोई प्रयत्न भी नहीं होता, क्योंकि मुक्त जीव कृतकृत्य है। अथवा मुक्त जीवके दान, लाभ, भोग, उपभोग, वीर्य इन पाँच लब्धियोंकी तरह वीर्यान्तराय कर्म (जिस कर्मके उदयमें नीरोग बलवान युवक एक तृणके टुकड़ेको भी हिलानेमें असमर्थ होता है उसे वीर्यान्तरायकर्म कहते हैं) के क्षयसे उत्पन्न वीर्यलब्धि रूप प्रयत्न मुक्त जीवके होता है। किन्तु मुक्त जीव कृतकृत्य रहते हैं, अतएव वे प्रयत्नका कभी उपयोग नहीं करते। तथा मुक्त जीवके धर्म अधर्म अथवा पुण्य पापका उच्छेद भी रहता ही है, क्योंकि धर्म अधर्मके रहनेपर मोक्ष नहीं मिल सकता। संस्कार मतिज्ञानका ही भेद है, अतएव मतिज्ञानके क्षय होनेके बाद ही संस्कारका भी नाश हो जाता है। इसलिये मुक्त आत्माके संस्कार भी नहीं होता। अतएव मुक्त अवस्थामें ज्ञान और सुखका अभाव है, यह कहना युक्तियुक्त नहीं है। यह श्लोकका अर्थ है ॥

भावार्थ—इस श्लोकमें वैशेषिक लोगोंके तीन सिद्धान्तोंपर विचार किया गया है—(१) सत्ता द्रव्य, गुण आदिसे भिन्न है, (२) आत्मा ज्ञानसे भिन्न है, (३) मुक्त अवस्थामें ज्ञान और सुखका अभाव हो जाता है।

वैशेषिक—(१) क—सत्ता द्रव्य, गुण और कर्ममें ही रहती है (द्रव्यगुणकर्मसु सा सत्ता)—सत्ता (पर सामान्य अथवा महासामान्य) द्रव्य, गुण और कर्ममें ही रहती है, सामान्य, विशेष और समवायमें नहीं। वैशेषिकोंके अनुसार द्रव्य आदि तीन पदार्थोंमें ही सत्ता रहती है, क्योंकि इन तीनमें ही सत् प्रत्यय

१　उप्पण्णंमि अणंते नट्ठंमि य छाउमत्थिए नाणे। राईए संपत्तो महसेणवणंमि उज्जाणे ॥

छाया—उत्पन्नेऽनन्ते नष्टे च छाद्मस्थिके ज्ञाने। रात्र्यां संप्राप्तो महसेनवन उद्याने ॥५३९॥ आवश्यकपूर्वविभाग। २ बलवता यूना रोगरहितेनापि पुंसा यस्य कर्मण उदयात्तृणमपि न तिर्यक्कर्तुं पार्यते तत्कर्म वीर्यान्तरायाख्यम्। ३ लब्धयः पञ्च। तथाहि—दानलाभभोगोपभोगवीर्यभेदात्पञ्चधा। सूत्रकृताङ्ग १-१२ तत्त्वार्थसू. २-५।

पदार्थयोरुच्छेदोऽस्त्येव । तदभावे मोक्षस्यैवायोगात् । संस्कारश्च मतिज्ञानविशेष एव । तस्य च मोहक्षयानन्तरं क्षीणत्वादभाव इति । तदेवं न संविदानन्दमयी च मुक्तिरिति युक्तिरिक्तेयमुक्तिः । इति काव्यार्थः ॥ ८ ॥

होता है । यद्यपि द्रव्य आदि छहों पदार्थोंमें अस्तित्व रहता है तथापि वह सामान्य आदि तीनमें अनुवृत्ति प्रत्यय (सामान्यज्ञान) का कारण नहीं है और द्रव्यादि तीन पदार्थोंमें है इसलिये द्रव्यादि तीन पदार्थोंमें ही सत्ता रहती है । यदि सामान्य विशेष और समवायमें सत्तासम्बन्ध स्वीकार किया जाय तो क्रमसे अनवस्था रूपहानि और असम्बन्ध दोष आते हैं अतएव सत्ताको सामान्य आदि तीन में स्वीकार न करके द्रव्य गुण और कमम ही स्वीकार करना चाहिये ।

ख—सत्ता द्रव्य गुण और कर्मसे भिन्न है (सत्ता द्रव्यगुणकर्मभ्योऽर्थान्तरं) । (अ) सत्ता द्रव्यसे भिन्न है । जो द्रव्योंसे उत्पन्न न हुआ हो अथवा द्रव्योंका उत्पादक न हो (अद्रव्यत्व) तथा जो अनेक द्रव्योंसे उत्पन्न हुआ हो अथवा अनेक द्रव्यों का उत्पादक हो (अनेकद्रव्यत्व) उसे द्रव्य कहते हैं । सत्ताम द्रव्यका उक्त लक्षण घटित नही होता । सत्ता द्रव्यत्वकी तरह प्रत्येक द्रव्यमें रहती ह इसलिये सत्ता द्रव्य नहीं है । (ब) सत्ता गुणसे भी भिन्न है । क्योकि सत्ता गुणत्वकी तरह गुणोंमें रहती है । तथा गण गणोमें नहीं रहते (निर्गुणत्वाद् गुणानाम्) । (स) सत्ता कमसे भी भिन्न है क्योकि वह कम वकी तरह कमम रहती है । तथा कर्म कममें नहीं रहते ।

सत्ता (सामान्य) पर सामान्य और अपर सामान्यके भेदसे दो प्रकारकी है । पदाथ व (द्रव्य गुण आदि छह पदार्थोम रहनेवाले) को पर सामान्य अथवा महासामान्य कहते ह । द्र यत्व गुणत्व आदि अपर सामान्य है । द्रव्यत्व आदिकी अपेक्षासे पथिवी व आदि और पथिवीत्व आदिकी अपेक्षासे घटत्व आदि अपर सामान्य कहे जाते हैं । अपर सामान्य एक पदाथको जानते समय उस पदाथको दूसरे पदाथसे व्यावृत्ति करता ह इसलिये इसे सामान्य विशेष भी कहते ह । सत्ता अथवा सामान्यकी तरह विशेष भी भिन्न पदार्थ ह । विशेष सजातीय और विजातीय पदार्थोंमे अ यन्त व्यावृत्ति कराते हैं अतएव विशेष विशेष रूप ही हैं सामान्य विशेष रूप य नही हो सकते । आधार और आधाय पदार्थोंम इहप्र ययका कारण समवाय भी भिन्न पदाथ है । इन ततुओम पट है यह इहप्रत्यय हेतु ततु और पटम समवाय सब ध स्थापित करता है ।

जैन—(१) क—सत्ता (अस्तित्व—वस्तुका स्वरूप) को सम्पण छहो पदार्थोम स्वीकार करके भी वैशेषिक लोग द्रव्य गुण और कमम ही अस्तित्व (सत्ता) स्वीकार करते ह यह युक्तियक्त नही ह । तथा द्रव्य गुण कमकी तरह सामान्यप्रत्यय (सत्ता) सामान्य विशष और समवायम भी होता ह फिर कुछ पदार्थोम सामा य (सत्ता) स्वीकार करना और कुछम नहीं यह न्यायसगत नही कहा जा सकता । तथा सामान्य विशष और समवायमे सत्ता माननेसे अनवस्था रूपहानि और असब ध नामक दोष आते है यह कथन ठीक नही क्योकि सामान्यकी तरह द्रव्य गुण कममे सत्ता स्वीकार करनसे भी अनवस्था दोष नहीं बच सकता । तथा विशेषम सत्ता स्वीकार करनेपर उ टी विशेषकी ही सिद्धि होती है क्योकि कहीं भी सामान्य रहित विशेषकी उपलब्धि नही होती । इसी प्रकार समवायम भी सत्ता (स्वरूपसत्ता) माननी ही होगी ।

ख—यदि सत्ताको द्रव्य गुण और कर्मसे भिन्न माना जाय तो द्रव्यादिको असत मानना होगा । इसलिये सत्ता द्रव्य आदिसे भिन्न नहीं हो सकती ।

वैशेषिक—(२)—ज्ञान आत्मासे भिन्न है अर्थात् ज्ञान समवाय संबन्धसे आत्माके साथ रहता है । आत्मा स्वयं जड है । जिस समय हम किसी पदार्थका ज्ञान करते हैं उस समय पहले पदार्थ और इन्द्रियका सयोग होता है बादमें इन्द्रिय मनसे और मन आत्मासे संबद्ध होता है । यदि आत्मा और ज्ञान

अथ ते वादिनः कायप्रमाणत्वमात्मनः स्वयं संवेद्यमानमपलप्य, तादृक्कुशास्त्रशस्त्र-संपर्कविनष्टदृष्टयस्तस्य विभुत्वं मन्यन्ते। अतस्तत्रोपालम्भमाह—

यत्रैव यो दृष्टगुणः स तत्र कुम्भादिवद् निष्प्रतिपक्षमेतत्।
तथापि देहाद् बहिरात्मतत्त्वमतत्त्ववादोपहताः पठन्ति ॥ ९ ॥

यत्रैव—देशे, य पदार्थः, दृष्टगुणो, दृष्टा—प्रत्यक्षादिप्रमाणतोऽनुभूता, गुणा धर्मा यस्य स तथा स पदार्थ, तत्रैव—विवक्षितदेश एव। उपपद्यते इति क्रियाध्याहारो गम्यः। पूर्वस्यैवकारस्यावधारणार्थस्यात्राप्यभिसम्बन्धात् तत्रैव नान्यत्रेत्यन्ययोगव्यवच्छेद। अमुमेवार्थं दृष्टान्तेन द्रढयति। कुम्भादिवदिति—घटादिवत्। यथा कुम्भादेर्यत्रैव देशे रूपादयो गुणा उपलभ्यन्ते तत्रैव तस्यास्तित्वं प्रतीयते नान्यत्र। एवमात्मनोऽपि गुणाश्चैतन्यादयो देह एव दृश्यन्ते न बहि तस्मात् तत्प्रमाण एवायमिति। यद्यपि पुष्पादीनामवस्थानदेशादन्यत्रापि गन्धादिगुण उपलभ्यते, तथापि तेन न व्यभिचार। तदाश्रया हि गन्धादिपुद्गलाः तेषां च वैस्रसिक्या प्रायोगिकया वा गत्या गतिमत्त्वेन तदुपलम्भकघ्राणादिदेशं यावदा-

---

एक हो तो दुःख जन्म आदि नाश होनेपर जिस समय मुक्तावस्थामे बुद्धि सुख आदिका नाश हो जाता है उस समय आत्माका भी नाश हो जाना चाहिये।

जैन—(२) यदि आत्मा और ज्ञानको सर्वथा भिन्न माना जाय तो हम अपने ही ज्ञानसे अपनी ही आत्माका भी ज्ञान न हो सकेगा। तथा वैशेषिकोके मतम आत्मा व्यापक है इसलिये एक आत्मामे ज्ञान होनेसे सब आत्माओको पदार्थोंका ज्ञान होना चाहिये। तथा आत्मा और ज्ञानका समवाय सबन्ध भी नही बन सकता। आत्मा और ज्ञानम कर्ता और करण सबन्ध मानकर भी दोनोको भिन्न मानना युक्त नही है। क्योकि करण हमेशा कर्तासे भिन्न नही होता। जैसे सर्प अपनेको अपने आपसे वेष्टित करता है—यहाँ कर्ता और करण भिन्न नहीं हैं इसी तरह आत्मा और ज्ञान अलग-अलग नही हो सकते। तथा चैतन्यको वैशेषिकोने भी आत्माका स्वरूप माना है इसलिये जैसे वृक्षका स्वरूप वृक्षसे भिन्न नही हो सकता वैसे ही चैतन्य आत्मासे भिन्न नही हो सकता। तथा ज्ञान और आत्माको भिन्न माननेपर मैं ज्ञाता हूँ ऐसा ज्ञान नही हो सकेगा। अतएव आत्मा और ज्ञान भिन्न नही हैं।

वैशेषिक—(३) मोक्ष ज्ञान और आनन्द रूप नही है क्योकि दीपककी सन्तानकी तरह मोक्षमें बुद्धि सुख दुःख आदि गुणोकी सन्तानका सर्वथा नाश हो जाता है। तथा मुक्तावस्था मे जीव अपने ही स्वरूपम स्थित रहता है।

जैन—(३) यहाँ सतानत्व हेतु अनैकान्तिक हेत्वाभाससे दूषित है। ज्ञान और सुखके अनुभवसे सर्वथा शून्य वैशेषिकोकी ऐसी मुक्तिके प्राप्त करनेके लिये कोई भी प्रयत्नवान न होगा। तथा सांसारिक सुख ही रागका कारण है मोक्षका अक्षय और अनंत सुख रागका कारण नही। अतएव मोक्षमें ज्ञान और सुखका आत्यन्तिक अभाव है यह कहना ठीक नही है।

अब आत्माको शरीरके प्रमाण न मानकर उसे सर्वव्यापक माननेवाले उस प्रकारके कुशास्त्ररूपी शास्त्रके संपर्कसे विनष्ट दृष्टि हुए वैशेषिकोंकी मान्यताका खंडन करते हैं—

श्लोकार्थ—यह निर्विवाद है कि जिस पदार्थके गुण जिस स्थानमें देखे जाते हैं वह पदार्थ उसी स्थानमें रहता है जैसे जहाँ घटके रूप आदि गुण रहते हैं वही घट भी रहता है। तथापि कुवादी लोग देहके बाह्य आत्माको कुत्सित तत्त्ववादसे व्यामोहित होकर (सर्वव्यापक रूपसे) स्वीकार करते हैं।

व्याख्यार्थ—यत्रैव यः दृष्टगुणो तत्रैव—जिस स्थानमें घट आदिके रूप आदि गुण पाये जाते हैं उसी स्थानपर घटकी उपलब्धि होती है अन्यत्र नहीं। इसी प्रकार आत्माके चैतन्य आदि गुण देहमें ही देखे

प्रत्यक्षोपपत्तेरिति । अत एवाह । निष्प्रतिपक्षमेतदिति । एतद् निष्प्रतिपक्ष—बाधकरहितम् । "न हि दृष्टेऽनुपपन्न नाम" इति न्यायात् ॥

ननु मन्त्रादीनां भिन्नदेशस्थानामप्याकर्षणोच्चाटनादिको गुणो योजनशतादे परतोऽपि दृश्यत इत्यस्ति बाधकमिति चेत् । मैव वोच । स हि न खलु मन्त्रादीनां गुण किन्तु तदधिष्ठातृदेवतानाम् । तासां चाकर्षणीयोच्चाटनीयादिदेशगमने कौतस्कुतोऽयमुपालम्भ । न खलु गुणा गुणिनमतिरिच्य वर्तन्त इति । अथोत्तरार्द्धं व्याख्यायते । तथापीत्यादि । तथापि—एवं निःसपत्ने[२] व्यवस्थितेऽपि तत्त्वे । अतत्त्ववादोपहता । अनाचार इत्यत्रेव नञ कुत्सार्थत्वात् । कुत्सिततत्त्ववादेन तदभिमताप्ताभासपुरुषविशेषप्रणीतेन तत्त्वाभासप्ररूपणेनोपहता—व्यामोहिता । देहाद् बहिःशरीरव्यतिरिक्तेऽपि देशे, आत्मतत्त्वम्—आत्मरूपम् पठन्ति शास्त्ररूपतया प्रणयन्ते । इत्यक्षरार्थ ॥

भावार्थस्त्वयम् । आत्मा सर्वगतो न भवति सर्वत्र तद्गुणानुपलब्धे । यो य सर्वत्रानुपलभ्यमानगुण स स सर्वगतो न भवति यथा घट तथा चायम तस्मात् तथा । व्यतिरेके व्योमादि । न चायमसिद्धो हेतु कायव्यतिरिक्तदेशे तद्गुणाना बुद्ध्यादीनां वादिना प्रतिवादिना वानभ्युपगमात् । तथा च भट्ट श्रीधर — सर्वगतत्वेऽप्यात्मनो देहप्रदेशे ज्ञातृत्वम् । नान्यत्र । शरीरस्योपभोगायतनत्वात् । अन्यथा तस्य वैयर्थ्यादिति ॥

जाते हैं देहके बाहर नही अतएव आत्मा शरीरके ही परिमाण है। यद्यपि पुष्प आदिके एक स्थानमे रहते हुए भी उसके दूसरे स्थानमे गन्ध आदि गुण उपलब्ध होते हैं परन्तु इससे हेतुमे व्यभिचार नही आता। क्योंकि पुष्प आदिमे रहनेवाले गन्ध आदि पुद्गल ही अपने स्वभाव अथवा वायुके प्रयोगसे गमन करते हैं इसलिये पुष्प आदिमे रहनेवाले गन्ध-पुद्गल नासिका इन्द्रिय तक जाते हैं। अतएव उक्त कथन बाधा रहित है क्योंकि प्रत्यक्षसे देखे हुए पदार्थमे असिद्धकी सम्भावना नही होती।

शंका—मन्त्र आदिके भिन्न देशमे रहते हुए भी सैकडो योजनकी दूरीपर उनके आकर्षण उच्चाटन आदि गुण देखे जाते हैं अतएव उक्त कथन बाधायुक्त है। समाधान—यह ठीक नही। क्योंकि आकर्षण उच्चाटन आदि गुण मन्त्रके नही हैं किन्तु ये गुण मन्त्र आदिके अधिष्ठाता देवताओके हैं। मन्त्रके अधिष्ठाता देव ही आकर्षण उच्चाटन आदिसे प्रभावित स्थानमे स्वयं जाते हैं इसलिये उक्त दोष ठीक नही है। क्योंकि कभी भी गुण गुणीको छोडकर नही रहते। इस प्रकार हमारे सिद्धान्तके निर्विवाद सिद्ध होनेपर भी कुत्सित तत्त्ववाद (जैसे अनाचार शब्दमे कुत्सित अर्थमे नञ समास किया गया है उसी तरह अतत्त्ववाद मे भी नञ समास कुत्सित अर्थमे है।) से व्यामोहित वैशेषिक लोग आत्माको शरीरके बाहर भी स्वीकार करते हैं।

भाव यह है कि आत्मा सर्वव्यापक नही है क्योंकि सब जगह आत्माके गुण उपलब्ध नही होते। जिस वस्तुके गुण सर्वत्र उपलब्ध नही होते वह सर्वव्यापक नही होती। जैसे घटके रूप आदि गुण सर्वत्र नही दिखाई देते इसलिये घडा सर्वव्यापक नही है। इसी तरह आत्माके गुण भी सर्वत्र उपलब्ध नही हैं इसलिये आत्मा भी सर्वव्यापक नही है। व्यतिरेक दृष्टान्तमे—जो सर्वव्यापी होता है उसके गुण सब जगह उपलब्ध होते हैं जैसे आकाश। उक्त हेतु असिद्ध नही है क्योंकि वादी अथवा प्रतिवादीने बुद्धि आदि आत्माके गुणोको शरीरको छोडकर अन्यत्र स्वीकार नही किया है। श्रीधर भट्टने कहा भी है आत्माके सर्वव्यापक होनेपर भी शरीरमे रहकर ही आत्मा पदार्थोको जानता है दूसरी जगह नही। क्योंकि शरीर ही उपभोगका स्थान है यदि शरीरको उपभोगका स्थान न माना जाय तो शरीर व्यर्थ हो जाय। (इस प्रकार भट्टके कथनके अनुसार आत्माके बुद्धि आदि गुण शरीरसे बाहर नही रहते।)

---

१ दृष्टे वस्तुनि उपपत्तेरनपेक्षत्वम् । २ निर्विवादमित्यर्थ । ३ न्यायकन्दल्या ।

अथास्त्यदृष्टमात्मनो विशेषगुणः। तच्च सर्वोत्पत्तिमतां निमित्तं सर्वव्यापकं च। कथमितरथा द्वीपान्तरादिष्वपि प्रतिनियतदेशवर्तिपुरुषोपभोग्यानि कनकरत्नचन्दनाङ्गनादीनि तेनोत्पाद्यन्ते। गुणश्च गुणिनं विहाय न वर्तते। अतोऽनुमीयते सर्वगत आत्मेति। नैवम्। अदृष्टस्य सर्वगतत्वसाधने प्रमाणाभावात्। अथास्त्येव प्रमाणं वह्नेरूर्ध्वज्वलनं वायोस्तिर्यक्पवनं चादृष्टकारितमिति चेत्। न। तयोस्तत्स्वभावत्वादेव तत्सिद्धेः दहनस्य दहनशक्तिवत्। साप्यदृष्टकारिता चेत्, तर्हि जगत्त्रयवैचित्रीसूत्रणेऽपि तदेव सूत्रधारायतां, किमीश्वरकल्पनया। तन्नायमसिद्धो हेतुः। न चानैकान्तिकः। साध्यसाधनयोर्व्याप्तिग्रहणेन व्यभिचाराभावात्। नापि विरुद्धः। अत्यन्तं विपक्षव्यावृत्तत्वात्। आत्मगुणाश्च बुद्ध्यादयः शरीर एवोपलभ्यन्ते, ततो गुणिनापि तत्रैव भाव्यम्। इति सिद्धः कायप्रमाण आत्मा॥

अन्यच्च, त्वयात्मनां बहुत्वमिष्यते 'नानात्मानो व्यवस्थातः' इति वचनात्। ते च व्यापकाः। ततस्तेषां प्रदीपप्रभामण्डलानामिव परस्परानुवेधे तदाश्रितशुभाशुभकर्मणामपि परस्परं सङ्करः स्यात्। तथा चैकस्य शुभकर्मणा अन्यः सुखी भवेत्, इतरस्याशुभकर्मणा चान्यो दुःखीत्यसमञ्जसमापद्यते। अन्यच्च, एकस्यैवात्मनः स्वोपात्तशुभकर्मविपाकेन सुखित्वं परोपार्जिताशुभकर्मविपाकसम्बन्धेन च दुःखित्वमिति युगपत्सुखदुःखसंवेदनप्रसङ्गः। अथ स्वादृष्टं भोगायतनमाश्रित्यैव शुभाशुभयोर्भोगः तर्हि स्वोपार्जितमप्यदृष्टं कथं भोगायतनाद् बहिर्निष्क्रम्य वह्न्यूर्ध्वज्वलनादिकं करोति इति चिन्त्यमेतत्॥

शंका—आत्माका अदृष्ट नामका एक विशेष गुण है। यह अदृष्ट उत्पन्न होनेवाले सब पदार्थोंमें निमित्त कारण है और यह सर्वव्यापक है। अन्यथा इससे दूसरे द्वीपोंमें भी निश्चित स्थानमें रहनेवाले पुरुषोंके भोगने योग्य सुवर्ण, रत्न, चन्दन तथा स्त्री आदि कैसे प्राप्त हो सकते हैं? यदि आत्मा सर्वव्यापक नहीं होता, तो आत्माका अदृष्ट गुण अन्यत्र प्रवृत्ति नहीं कर सकता था। गुण गुणीको छोड़कर नहीं रहते। अतएव आत्मा सर्वव्यापक ही है। इस प्रकार आत्माके अदृष्ट गुणको सर्वत्र देखनेसे आत्माकी सर्वव्यापकता सिद्ध होती है। समाधान—यह ठीक नहीं। क्योंकि अदृष्टके सर्वव्यापी होनेमें कोई प्रमाण नहीं है। यदि कहो कि अग्निकी शिखाका ऊँचा जाना, हवाका तिरछे बहना, यह सब अदृष्टसे ही होता है, अतएव अदृष्टका साधक प्रमाण अवश्य है, तो यह ठीक नहीं। क्योंकि अग्निका ऊँचा जाना और वायुका तिरछे बहना अदृष्टके बलसे ही सिद्ध नहीं होता। कारण कि जैसे अग्निमें दहनशक्ति स्वभावसे ही है, उसी तरह अग्निका ऊँचा जाना भी स्वभावसे ही मानना चाहिये, अदृष्टके बलसे नहीं। यदि कहो कि अग्निमें दहनशक्ति भी अदृष्टके बलसे ही है, तो फिर तीनों लोकोंकी सृष्टिमें भी अदृष्टको कारण मानना चाहिये, फिर ईश्वरकी कल्पना करनेसे कोई लाभ नहीं। अतएव आत्मा सर्वगत नहीं है, क्योंकि आत्माके गुण सब जगह नहीं पाये जाते, यह हेतु असिद्ध नहीं है, क्योंकि आत्माके गुण सब जगह नहीं उपलब्ध होते। तथा यह हेतु अनैकान्तिक भी नहीं है, क्योंकि यहाँ असर्वगत साध्यकी आत्माके गुण सब जगह नहीं पाये जाते साधनके साथ व्याप्ति ठीक बैठती है। यह हेतु विरुद्ध भी नहीं है, क्योंकि आत्माके गुण सब जगह नहीं पाये जाते, हेतु सर्वगतत्व विपक्षसे अत्यंत व्यावृत्त है। तथा आत्माके गुण बुद्धि आदि शरीरमें ही उपलब्ध होते हैं, अतएव गुणी (आत्मा) को भी उसी स्थानमें रहना चाहिये। इससे सिद्ध होता है कि आत्मा शरीरके प्रमाण है।

तथा वैशेषिकोंने आत्माका बहुत्व स्वीकार किया है। कहा भी है—प्रत्येक शरीरमें भिन्न भिन्न आत्मा होनेसे आत्मा नाना है।[1] अतएव यदि ये नाना आत्मा व्यापक हैं, तो दीपकोंको प्रभाओंके परस्पर सम्मिश्रणकी तरह आत्माके शुभ-अशुभ कर्मोंका भी परस्पर सम्मिश्रण हो जाना चाहिये। इसलिए आत्माको नाना और व्यापक माननेसे आत्माके भिन्न भिन्न शुभ-अशुभ कर्मोंके एक दूसरेसे सम्मिलित हो जानेपर एकके

---

१ नानात्मानो व्यवस्थातः सुखदुःखादीनां प्रत्यात्मप्रतिनियमात् व्यवस्था।

आत्मनां च सर्वगतत्वे एकैकस्य सृष्टिकर्तृत्वप्रसङ्गः। सर्वगतत्वेनेश्वरान्तरानुप्रवेशस्य सम्भावनीयत्वात्। ईश्वरस्य वा तदन्तरानुप्रवेशे तस्याप्यकर्तृत्वापत्तिः। न हि क्षीरनीरयोरन्योन्यसम्बन्धे, एकतरस्य पानादिक्रियान्यतरस्य न भवतीति युक्तं वक्तुम्। किञ्च, आत्मनः सर्वगतत्वे नरनारकादिपर्यायाणां युगपदनुभवानुषङ्गः। अथ भोगायतनाभ्युपगमाद् नायं दोष इति चेत्, ननु स भोगायतनं सर्वात्मना अवष्टभ्नीयाद्, एकदेशेन वा? सर्वात्मना चेद्, अस्मदभिमताङ्गीकारः। एकदेशेन चेत्, सावयवत्वप्रसङ्गः। परिपूर्णभोगाभावश्च ॥

अथात्मनो व्यापकत्वाभावे दिग्देशान्तरवर्तिपरमाणुभिर्युगपत्संयोगाभावाद् आद्यकर्माभावः, तदभावाद् अन्त्यसंयोगस्य तन्निर्मितशरीरस्य, तेन तत्सम्बन्धस्य चाभावाद् अनुपायसिद्धः सर्वदा सर्वेषां मोक्षः स्यात्। नैवम्। यद् येन संयुक्तं तदेव तं प्रत्युपसर्पतीति नियमासम्भवात्। अयस्कान्तं प्रति अयसस्तेनासंयुक्तस्याप्याकर्षणोपलम्भे। अथासंयुक्तस्याप्याकर्षणे तच्छरीरारम्भं प्रत्येकमुखीभूतानां त्रिभुवनोदरविवरवर्तिपरमाणूनामुपसर्पणप्रसङ्गाद् न जाने तच्छरीरं कियत्प्रमाणं स्याद् इति चेत्, संयुक्तस्याप्याकर्षणे कथं स एव दोषो न भवेत्। आत्मनो व्यापकत्वेन सकलपरमाणूनां तेन संयोगात्। अथ तद्भावाविशेषेऽप्यदृष्टवशाद् विवक्षितशरीरोत्पादनानुगुणा नियता एव परमाणव उपसर्पन्ति। तदितरत्रापि तुल्यम् ॥

शुभ कर्मसे दूसरा सुखी और दूसरेके अशुभ कर्मसे दूसरा मनुष्य दुःखी हुआ करेगा। तथा एक ही आत्माके स्वयं उपार्जित शुभ कर्मोंसे सुखी और दूसरसे उपार्जित अशुभ कर्मोंसे दुःखी होनेके कारण एक ही समयमें एक साथ सुख-दुःखका संवेदन होना चाहिये। यदि कहो कि आत्मा अपने शरीरके आश्रित रहकर ही अपने शुभ अशुभ कर्मका फल भोगता है तो स्वयं उपार्जन किया हुआ अदृष्ट शरीरसे बाहर निकल कर अग्निके ऊंचे ले जाने आदि कार्यको कैसे कर सकता है? यह विचारणीय है। (इसलिए आत्माको अपने शरीरके आश्रित रह कर ही सुख-दुःखका भोक्ता माननेसे आत्माका अदृष्ट शरीरके बाहर निकलकर अग्निको ऊंचे जलाने आदि कार्यको नहीं कर सकता। क्योंकि सुख-दुःखकी तरह अदृष्ट भी आत्माका ही गुण है।)

तथा आत्माको सर्वव्यापक माननेपर प्रत्येक आत्माको सृष्टिका कर्त्ता मानना चाहिये। फिर ईश्वरके सर्वव्यापक होनेसे नाना आत्माओंमें भी ईश्वर व्यापक होकर रहेगा। अथवा नाना आत्मायें सर्वव्यापक हैं इसलिये वे ईश्वरमें भी व्यापक होकर रहेंगी इसलिए ईश्वरके कर्तृत्वका अभाव हो जानेका प्रसंग खड़ा हो जावेगा। जैसे दूध और पानीके मिल जानेपर उनमेंसे एकका पान किया जा सकता है, दूसरेका पान नहीं किया जा सकता—ऐसा कहना युक्त नहीं है, उसी प्रकार ईश्वर आत्मा दोनोंको सर्वव्यापक माननेसे दोनोंका परस्पर सम्मिश्रण होनेके कारण या तो आत्मा स्वयं सृष्टिका कर्ता होना चाहिए, अथवा ईश्वर भी सृष्टिका कर्ता नहीं हो सकता। तथा आत्माको सर्वव्यापक माननेपर मनुष्य, नरक आदि पर्यायोंका एक ही साथ अनुभव होना चाहिए। यदि कहो कि आत्मा शरीरमें रह कर ही उपभोग करता है, इसलिये उक्त दोष ठीक नहीं है, तो प्रश्न होता है कि आत्मा सम्पूर्ण रूपसे शरीरमें व्याप्त है, अथवा एक देशसे? प्रथम पक्ष स्वीकार करनेसे हमारे ही मतकी स्वीकृति होगी, क्योंकि हम भी आत्माको शरीरके परिमाण ही मानते हैं। यदि द्वितीय पक्ष स्वीकार करो तो सम्पूर्ण शरीरमें न रहनेसे आत्माको अवयव सहित मानना चाहिये और आत्माके सावयव होनेसे वह पूर्ण रूपसे शरीरका भोग भी न कर सकेगी।

शंका—आत्मा यदि व्यापक न हो, तो अन्य स्थानोंमें रहनेवाले परमाणुओंके साथ एक समयमें उसका संयोग न हो सकेगा, अतएव आद्य-कर्मका अभाव होगा। आद्यकर्मके अभावसे अन्त्य-संयोगका भी अभाव होगा, अन्त्य-संयोगके अभावसे अन्त्य-संयोगके निमित्त से उत्पन्न होनेवाले शरीरका अभाव होगा तथा शरीरका अभाव होनेसे शरीरका आत्माके साथ सम्बन्ध नहीं बन सकता, अतएव सब जीवोंको बिना प्रयत्नके मोक्ष प्राप्त हो जायेगा। (भाव यह है कि वैशेषिक लोग अदृष्टसे युक्त आत्माके संयोगसे परमाणुओंमें क्रिया मानते हैं। परमाणुओंमें क्रिया होनेसे परमाणु आकाशके एक प्रदेशको छोड़ कर

अथास्तु यथाकथञ्चिच्छरीरोत्पत्तिः, तथापि सावयवं शरीरं प्रत्यवयवमनुप्रविशन्नात्मा सावयवः स्यात्। तथा चास्य पटादिवत् कार्यत्वप्रसङ्गः। कार्यत्वे चासौ विजातीयैः सजातीयैर्वा कारणैरारभ्येत। न तावद्विजातीयैः तेषामनारम्भकत्वात्। न हि तन्तवो घटमारभन्ते। न च सजातीयैः। यत आत्मत्वाभिसम्बन्धादेव तेषां कारणानां सजातीयत्वम्। पार्थिवादिपरमाणूनां विजातीयत्वात्। तथा चात्मभिरात्मा आरभ्यत इत्यायातम्। तच्चायुक्तम्। एकत्र शरीरेऽनेकात्मनामात्मारम्भकाणामसम्भवात्। सम्भवे वा प्रतिसन्धानानुपपत्तिः। न हि अन्येन दृष्टमन्य प्रतिसन्धातुमर्हति अतिप्रसङ्गात्। तदारभ्यत्वे चास्य घटवदवयवक्रियातो विभागात् संयोगविनाशाद् विनाश स्यात्। तस्माद् व्यापक एवात्मा युज्यते। कायप्रमाणतायामुक्तदोषसद्भावादिति चेत्। न। सावयवत्वकार्यत्वयो कथञ्चिदात्मन्यभ्युपगमात्। तत्र सावयवत्वं तावद् असंख्येयप्रदेशात्मकत्वात्। तथा च द्रव्यालङ्कारकार—"आकाशोऽपि सदेश', सकृत्सर्वमूर्ताभिसम्बन्धार्हत्वात्' इति। यद्यप्यवयवप्रदेशयोर्गन्धहस्त्यादिषु भेदोऽस्ति तथापि नात्र सूक्ष्मेक्षिका चिन्त्या। प्रदेशेष्ववयवव्यवहारात्। कार्यत्वं तु वक्ष्याम' ॥

(विभाग) दूसरे प्रदेशसे सयुक्त (संयोग) होते हैं। इस तरह आकाशके प्रदेशमें परमाणओंके इकट्ठ होनेसे द्वयणक त्र्यणक आदि काय होते हैं। यदि आत्माको सवव्यापक न मानें तो उसका परमाणओंके साथ सम्बन्ध न हो सकेगा इसलिए वह परमाणओमें कोई क्रिया नही कर सकती अत क्रियाका अभाव होगा। क्रियाका अभाव होनेसे परमाणका आकाशके प्रदेशोंसे विभाग और सयोग नही बन सकता इसलिये जिन द्वयणक त्र्यणक आदि अवयवोका सयोग होनसे शरीर बनता है उस अन्त्य-सयोगका भी अभाव होगा। अतएव अन्त्य सयोगसे होनवाले शरीरका भी अभाव हो जाना चाहिये। तथा शरीरका अभाव ही मोक्ष है अतएव आत्माको सवव्यापक न माननेसे सब जीवोंको अनायास ही मोक्षकी प्राप्ति हो जायेगी।) **समाधान**—यह ठीक नही। क्योकि यह नियम नही कि जो जिसके साथ संयुक्त हो वह उसके प्रति आकर्षित होता ही हो। चम्बक और लोहके परस्पर सयुक्त न होनेपर भी उनम आकर्षण देखा जाता है। इसलिए जैसे लोहे और चम्बकका सयोग नही है फिर भी उनम आकषण होता है वैसे ही आत्मा और परमाणओंका संयोग न होनेपर भी आत्मा परमाणओको आकर्षित कर सकता है उसे सर्वव्यापक माननेकी आवश्यकता नहीं। **शका**—यदि विना सयोगके भी आत्माका परमाणओंके प्रति आकषण हो तो आत्माको बनानेवाले प्रत्येक मुखीभूत त्रिभुवनके उदरवर्ती परमाणओंके प्रति आत्माका आकषण होनेसे न जाने आत्माको कितने महत् परिमाणवाला मानना होगा। **समाधान**—वैशेषिक लोगोके मतमें आत्माके साथ संयुक्त पदार्थोंका आकर्षण माननेपर भी उक्त दोष वसा हो रहता है। क्योकि आत्माके व्यापक होनेसे उसका सम्पूण परमाणओंके साथ सम्बन्ध रहता ही है। **शंका**—अदृष्टके बलसे शरीरके उत्पन्न करनेके अनुकूल नियत परमाण ही आत्माके प्रति आकर्षित होते हैं। **समाधान**—लेकिन यही बात असयुक्त परमाणओके साथ आत्माका सम्बन्ध माननेमें भी कही जा सकती है।

शका—शरीरकी उत्पत्ति चाहे सयुक्त परमाणओसे हो अथवा असंयुक्त परमाणओंसे परन्तु शरीर अवयव सहित है। अतएव शरीरके प्रत्येक अवयवमें प्रवेश करनेसे आत्माको भी सावयव मानना चाहिये। जैसे पट आदि सावयव होनेसे कार्य हैं वैसे ही आत्माको भी सावयव होनेसे काय मानना चाहिये। तथा यदि आत्मा काय है तो वह सजातीय कारणोंसे बनती है अथवा विजातीय कारणोंसे ? आत्मा विजातीय कारणोंसे नही बन सकती क्योंकि विजातीय कारणोंसे कोई भी कार्य नहीं होता है उदाहरणके लिये तन्तुओंसे घडा नहीं बन सकता। आत्मा सजातीय कारणोंसे भी उत्पन्न नहीं हो सकती। क्योंकि पार्थिव आदि परमाणु विजातीय हैं इसलिये सजातीय कारण आत्माके सम्बन्धसे ही सजातीय कहे जा सकते हैं। अर्थात् जिन कारणोंसे आत्माका सम्बन्ध हो वे ही कारण आत्माके सजातीय हो सकते हैं। अतएव यह अर्थ निकला कि आत्माओंसे आत्मा उत्पन्न किया जाता है। परन्तु जैन लोगोंको यह मान्य नहीं है। क्योंकि एक ही

अन्यात्मनां कार्यत्वे घटादिवत्प्राक्प्रसिद्धसमानजातीयावयवारभ्यत्वप्रसक्तिः । अव्यवा अवयविनमारभन्ते, यथा तन्तवः पटमिति चेत् । न वाच्यम् । न खलु घटादावपि कार्ये प्राक्प्रसिद्धसमानजातीयकपालसंयोगारभ्यत्वं दृष्टम् । कुम्भकारादिव्यापारान्वितात् मृत्पिण्डात् प्रथममेव पृथुबुध्नोदराद्याकारस्यास्योत्पत्तिप्रतीते । द्रव्यस्य हि पूर्वाकारपरित्यागेनोत्तराकारपरिणामः कार्यत्वम् । तच्च बहिरिवान्तरप्यनुभूयत एव ततश्चात्मापि स्यात् कार्यं । न च पटादौ स्वावयवसंयोगपूर्वककार्यत्वोपलम्भात् सर्वत्र तथाभावो युक्त । काष्ठे लोहलेख्यत्वोपलम्भाद् वज्रेऽपि तथाभावप्रसङ्गात् । प्रमाणबाधनमुभयत्रापि तुल्यम् । न चोक्तलक्षणकार्यत्वाभ्युपगमेऽप्यात्मनोऽनित्यत्वानुषङ्गात् प्रतिसन्धानाभावोऽनुषज्यते । कथञ्चिदनित्यत्वे सत्येवास्योपपद्यमानत्वात् । प्रतिसन्धान हि यमहमद्राक्ष तमहं स्मरामीत्यादिरूपम् । तच्चैकान्तनित्यत्वे कथमुपपद्यते । अवस्थाभेदात् । अन्या ह्यनुभवावस्था अन्या च स्मरणावस्था । अवस्थाभेदे चावस्थावतोऽपि भेदादेकरूपत्वक्षते कथञ्चिदनित्यत्व युक्त्यायात केन वार्यताम् ॥

शरीरमें अनेक आत्मायें एक आत्माको उत्पन्न नही कर सकती । यदि अनेक आत्माय एक आत्माको उत्पन्न करने लगें तो किसी पदार्थकी स्मृति न हो सकेगी । क्योंकि एक आत्मासे देखे हुए पदार्थको दूसरा आत्मा स्मरण नही कर सकता । तथा आत्मा रूप सजातीय कारणोंसे आत्माके उत्पन्न होनेपर घटकी तरह आत्माका अवयव क्रियासे विभाग होगा और इस प्रकार सयोगके नाश होनेसे आत्माका भी नाश हो जाना चाहिये । अर्थात जसे घट रूप कार्यका अवयव क्रियासे विभाग होनेके कारण पूर्वसंयोगका नाश होता है उसी तरह आत्मा रूप कार्यका भी अवयव क्रियासे विभाग होनेपर सयोगका नाश हो जाना चाहिये । अतएव आत्माको शरीरके परिमाण माननेमे अनेक दोष आते ह । **समाधान**—यह कथन ठीक नही । क्योंकि हम लोग सावयवत्व और कार्यत्वको कथचित रूपसे आत्मामे स्वीकार करते ही ह । हम लोग आत्माको असख्य प्रदेशी मानते हैं इसलिये आत्माका सावयव है । द्रव्यालंकारके कर्त्ता कहते ह— आकाश भी प्रदेश सहित ह क्योंकि आकाशमे एक ही समयमे सम्पूर्ण मूर्त पदार्थ रहते ह । यद्यपि गन्धहस्ति आदि ग्रन्थोमे अवयव और प्रदेशमे भेद बताया गया है परन्तु यहाँ हम इस सूक्ष्म चर्चामे नही उतरते क्योंकि प्रदेशोमे भी अवयवका व्यवहार होता ह । आत्माके कार्यत्वका आगे प्ररूपण करेंगे ।

शंका—आत्माको कार्य माननेपर घटादिकी तरह आत्माकी उत्पत्ति भी सजातीय अवयवोसे माननी चाहिये । क्योंकि अवयव ही अवयवीको उत्पन्न करते है जैसे तन्तु पटको उत्पन्न करते ह वैसे ही आत्माकी भी अपने सजातीय अवयवोसे उत्पत्ति माननी चाहिये । **समाधान**—यह ठीक नही । क्योंकि सजातीय दो कपालोके सयोगसे घट आदि कार्यकी उत्पत्ति नही होती कारण कि कुम्हारके व्यापारसे युक्त मिटटीके पिण्डसे दोनो कपालोके उत्पन्न होनेके पहले ही मोटे गोल और उदर आकारवाले घटका ज्ञान होता ह । जिस समय कुम्हार मिटटीके पिण्डसे घडा बनानेको बैठता ह उस समय मिटटीके पिण्डसे दो कपालोकी उत्पत्ति हुए बिना ही मोटे गोल आदि आकारवाले घटकी उत्पत्ति होती है । तथा द्रव्यके पहले आकारको छोडकर दूसरा आकार धारण करनेको कार्यत्व कहते हं । यह कार्यत्व जैसे घट आदिमे बाह्य रूपमे देखा जाता ह वसे ही आत्माम अन्तरग रूपमे देखा जाता है अतएव आत्मा भी कथचित कार्य है । यदि कहो कि जैसे पटमे तन्तु रूप अवयवोके संयोगसे पट आदि कार्य होते ह वैसे ही सब पदार्थोंमे अवयवोके सयोगसे ही कार्य होते हैं तो यह ठीक नही । क्योंकि सब जगह एकसे नियम नही होते । उदाहरणके लिये लकडी लोहेसे खोदी जाती है परन्तु वज्र लोहेसे नही खोदा जा सकता । यदि कहो कि वज्रका लोहेसे खोदा जाना प्रत्यक्षसे बाधित है तो इसी तरह कपालके सयोगसे घटका उत्पन्न होना भी प्रत्यक्षसे बाधित है । तथा पूर्व आकार छोड कर उत्तर आकारको ग्रहण करने रूप कार्यत्वके माननेपर आत्माके अनित्य होनेसे स्मरणका अभाव नहीं हो सकता । क्योंकि आत्माके कथंचित् अनित्य माननेपर ही स्मरणकी सिद्धि होती है । जो मैने देखा उसे स्मरण

अथात्मनः शरीरपरिमाणत्वे मूर्तत्वानुषङ्गात् शरीरेऽनुप्रवेशो न स्यात्, मूर्ते मूर्तस्यानु प्रवेशविरोधात्। ततो निरात्मकमेवाखिलं शरीरं प्राप्नोतीति चेत्, किमिदं मूर्तत्वं नाम। असर्वगतद्रव्यपरिमाणत्वं रूपादिमत्त्वं वा ? तत्र नाद्य पक्षो दोषाय, सम्मतत्वात्। द्वितीय स्त्वयुक्तः, व्याप्त्यभावात्। नहि यदसर्वगतं तद् नियमेन रूपादिमदित्यविनाभावोऽस्ति। मनसोऽसर्वगतत्वेऽपि भवन्मते तदसम्भवात्। आकाशकालदिगात्मनां सर्वगतत्वं परममहत्त्वं[1] सर्वसंयोगिसमानदेशत्वं[2] चेत्युक्तत्वाद् मनसो वैधर्म्यात्, सर्वगतत्वेन प्रतिषेधनात्। अतो नात्मनः शरीरेऽनुप्रवेशानुपपत्ति येन निरात्मकं तत् स्यात्। असर्वगतद्रव्यपरिमाणलक्षण-मूर्तत्वस्य मनोवत् प्रवेशाप्रतिबन्धकत्वात्। रूपादिमत्त्वलक्षणमूर्तत्वोपेतस्यापि जलादेर्वालुका दावनुप्रवेशो न निषिध्यते आत्मनस्तु तद्रहितस्यापि तत्रासौ प्रतिषिध्यत इति महच्चित्रम्॥

अथात्मनः कायपरिमाणत्वे बालशरीरपरिमाणस्य सतो युवशरीरपरिमाणस्वीकारः कथं स्यात्। किं तत्परिमाणत्यागात् तदपरित्यागाद् वा ? परित्यागात् चेत् तदा शरीरवत् तस्यानित्यत्वप्रसङ्गात् परलोकाद्यभावानुषङ्गः। अथापरित्यागात्, तन्न। पूर्वपरिमाणापरित्यागे शरीरवत् तस्योत्तरपरिमाणोत्पत्त्यनुपपत्तेः। तदयुक्तम्। युवशरीरपरिमाणावस्थायामात्मनो बालशरीरपरिमाणपरित्यागे सर्वथा विनाशासम्भवात् विफणावस्थोत्पादे सर्पवत्। इति कथं परलोकाभावोऽनुषज्यते। पर्यायतस्तस्यानित्यत्वेऽपि द्रव्यतो नित्यत्वात्॥

करता हूँ यह स्मरण आत्माको एकान्त नित्य माननेपर नहीं बन सकता क्योंकि अनुभवकी अवस्था स्मरणकी अवस्थामें भिन्न है। तथा अवस्थाके भिन्न होनेसे अवस्थावाले आत्मामें भी भेद मानना चाहिये। अतएव आत्माको एकान्त नित्य नहीं कहा जा सकता। उसे कथंचित् नित्य और कथंचित् अनित्य मानना ही युक्तियुक्त है।

शंका—आत्माको शरीरके परिमाण माननेपर आत्माको मूर्त मानना चाहिये अतएव आत्मा मूर्त शरीरमें प्रवेश न कर सकेगी क्योंकि मूर्त मूर्तमें प्रवेश नहीं कर सकता। अतएव समस्त शरीर आत्मासे रहित हो जायेगा। **समाधान**—आप शरीर परिमाण को (असर्वगत) मूर्त कहते हैं अथवा रूपादि धारण करनेको मूर्त कहते हैं ? प्रथम पक्ष हम स्वयं स्वीकार करते हैं। तथा रूपादि धारण करनेकी शरीर परिमाणके साथ व्याप्ति नहीं है इसलिये दूसरा पक्ष भी ठीक नहीं। क्योंकि जो असर्वगत है अर्थात् शरीरके परिमाण है वह रूपादिसे युक्त नहीं होता क्योंकि मनके शरीर परिमाण होनेपर भी वह आपके मतमें रूपादि से युक्त नहीं है। आप लोगोंने आकाश काल दिक् और आत्माको सर्वगत परम महान् और सब मूर्त द्रव्यों के संयोगका धारक कह कर मनको अव्यापक सिद्ध किया है। अतएव आत्माका शरीरमें प्रवेश करना असिद्ध नहीं है जिससे शरीरको आत्मासे रहित कहा जा सके। क्योंकि असर्वगत मनकी तरह शरीर परिमाण मूर्त आत्मा भी शरीरमें प्रवेश कर सकता है। अतएव जैसे वैशेषिकोंके अनुसार मूर्त मन मूर्त शरीरमें प्रवेश कर सकता है वैसे ही हमारे मतमें मूर्त आत्मा भी मूर्त शरीरमें प्रवेश कर सकती है। तथा रूपादिसे युक्त जल आदि मूर्त पदार्थ मूर्त बालुका आदिमें प्रवेश करते देखे ही जाते हैं फिर रूपादिसे रहित आत्मा मूर्त शरीरमें न प्रवेश कर सके यह एक महान् आश्चर्य ही होगा।

शंका—आत्माको शरीरके परिमाण स्वीकार करनेमें बालकका शरीर युवाके शरीरमें कैसे बदल सकता है ? हम पूछते हैं कि बालकके शरीरके परिमाणको छोड़कर युवाका शरीर बनता है अथवा पूर्व परिणामको बिना छोड़े ही उत्तर शरीरका परिमाण बन जाता है ? प्रथम पक्षमें शरीरकी तरह आत्माको भी अनित्य होना चाहिये तथा आत्माके अनित्य होनेपर परलोक आदि भी नहीं बन सकता। द्वितीय पक्षमें

---

१ सर्वमूर्तसंयोगित्वम्। २ इयत्तारहितत्वम्। ३ सर्वेषां मूर्तद्रव्याणां आकाशं समानो देश एक आधार इत्यर्थः। एवं दिगादिष्वपि व्याख्येयं। यद्यपि आकाशादिकं सर्वसंयोगिनामाधारो न भवति, इतरस्य अपि परस्पराधाराधेयभावाभावात्। तथापि सर्वसंयोगिसंयोगाधारभूतत्वादुपचारेण सर्वसंयोगिनामप्याधार उच्यते॥

अथात्मनः कायपरिमाणत्वे तत्खण्डने खण्डनप्रसङ्ग, इति चेत्, क किमाह शरीरस्य खण्डने कथंचित् तत्खण्डनस्येष्टत्वात्। शरीरसम्बद्धात्मप्रदेशेभ्यो हि कतिपयात्मप्रदेशानां खण्डितशरीरप्रदेशेऽवस्थानादात्मनः खण्डनम्। तच्चात्र विद्यत एव। अन्यथा शरीरात् पृथग्भूतावयवस्य कम्पोपलब्धिर्न स्यात्। न च खण्डितावयवानुप्रविष्टस्यात्मप्रदेशस्य पृथगात्मत्वप्रसङ्गः, तत्रैवानुप्रवेशात्। न चैकत्र सन्तानेऽनेके आत्मानः। अनेकार्थप्रतिभासिज्ञानानामेकप्रमात्राधारतया प्रतिभासाभावप्रसङ्गात्। शरीरान्तरव्यवस्थितानेकज्ञानावसेयार्थसंवित्तिवत् ॥

कथं खण्डितावयवयो संघट्टनं पश्चाद् इति चेत् एकान्तेन छेदानभ्युपगमात्। पद्मनालतन्तुवत् छेदस्यापि स्वीकारात्। तथाभूतादृष्टवशात् तत्संघट्टनमविरुद्धमेवेति तनुपरिमाण एवात्माङ्गीकर्तव्य, न व्यापकः। तथा च आत्मा व्यापको न भवति, चेतनत्वात् यत्तु व्यापकं न तत् चेतनम्, यथा व्योम, चेतनश्चात्मा, तस्माद् न व्यापक। अव्यापकत्वे चास्य तत्रैवोपल

शरीरके पहले परिमाणको छोड बिना उत्तर परिमाणकी उत्पत्ति कैसे हो सकती है ? **समाधान**—यह ठीक नहीं। क्योंकि बालकका शरीर छोड़ कर युवा शरीर प्राप्त करते समय आत्माका सर्वथा विनाश नही होता। जैसे फण सहित अवस्थाको छोड़कर फण रहित अवस्थाको प्राप्त करते समय सर्पकी आत्माका सर्वथा विनाश नहीं होता उसी तरह बाल शरीरसे युवा शरीरकी अवस्था प्राप्त करते समय आत्माका नाश नही होता। अतएव आत्माको शरीर-परिमाण माननेपर परलोक आदिका अभाव नही हो सकता। क्योंकि पर्यायकी अपेक्षासे अनित्य होने पर भी द्रव्यकी अपेक्षासे आत्मा नित्य है।

शंका—आत्माको शरीर-परिमाण माननेपर शरीरके नाश होनेसे आत्माका भी नाश हो जाना चाहिये। **समाधान**—आप यह क्या कहते हैं शरीरके नाश होनेपर आत्माका कथंचित् नाश हमने स्वयं स्वीकार किया है। क्योंकि शरीरसे सम्बद्ध आत्मप्रदेशोंमें कुछ आत्मप्रदेशोंके खण्डित शरीरमें रहनेकी अपेक्षासे आत्माका नाश होता ही है। यदि इस अपेक्षासे आत्माका नाश न माना जाय तो शरीरके तलवार आदिसे कट जानेपर शरीरसे भिन्न अवयवोंमें कम्पन की उपलब्धि नही होनी चाहिये। परन्तु जिस समय पूर्ण शरीरसे कुछ अवयव कट कर अलग हो जाते हैं उस समय उन अवयवोंमें कम्पन आदि क्रिया होती है (जैन मान्यताके अनुसार इन कटे हुए अवयवोंमें आत्माके कुछ प्रदेश रहते हैं इसीलिये यह क्रिया होती है) अतएव आत्मा नाशमान भी है। **शंका**—शरीरके खण्डित अवयवोंमें आत्माके प्रदेशोंको स्वीकार करनेसे खण्डित अवयवोंमें भिन्न आत्मा मानना चाहिये। **समाधान**—यह बात नही है। क्योंकि खण्डित अवयवोंमें रहनेवाले आत्माके प्रदेश फिरसे पहले शरीरमें ही लौट आते हैं। तथा एक स्थानमें अनेक आत्मा नही बन सकते अन्यथा अनेक पदार्थोंका निश्चय करानेवाली नेत्र आदि इन्द्रियोंसे उत्पन्न होनेवाले ज्ञानको एक ज्ञाता रूप आत्माके आधारसे पदार्थोंका निश्चय न हो सकेगा। इसलिये एक शरीरमें अनेक आत्मा माननेपर जिस रूपको शरीरके नेत्र रूप अवयवमें स्थित आत्मा देखता है उसका निश्चय नेत्रस्थ आत्माको ही होना चाहिये कानकी आत्माको नहीं। फिर एक ज्ञाताके आधारसे प्रत्येक आत्मामें मैं देखता हूँ मैं सूंघता हूँ इस प्रकारका निश्चित ज्ञान नही हो सकता।

शंका—आत्माके अवयव खण्डित हो जानेपर वे बादमें एक कैसे हो जाते हैं ? **समाधान**—हम लोग आत्माके प्रदेशोंका सर्वथा उच्छेद नही मानते। हमारे मतमें कमलकी डण्डीके तन्तुओंकी तरह आत्माका उच्छेद स्वीकार किया गया है। जिस प्रकार कमलकी नालके टुकडे करनेपर टूटे हुए तन्तु फिरसे आकर मिल जाते हैं वैसे ही शरीरके खण्डित होनेपर खण्डित आत्माके प्रदेश फिरसे पहले आत्माके प्रदेशोंसे आकर मिल जाते हैं। इन आत्माके प्रदेशोंका मिल जाना अदृष्टके बलसे सम्भव है इसलिए आत्माको व्यापक न मानकर शरीर-परिमाण ही मानना चाहिये। तथा चेतन होनेसे आत्मा व्यापक नहीं है। जो व्यापक है वह चेतन नहीं है जैसे आकाश। आत्मा चेतन है इसलिये वह व्यापक नहीं है। आत्माके अव्यापक होनेपर "जहां

स्वगुणानुमानेन सिद्धा कायप्रमाणता। यत्पुनरष्टसमयसाध्यकेवलिसमुद्घातदशायामार्हतानामपि चतुर्थसमये त्रिलोकव्यापित्वेनात्मनः सर्वव्यापकत्वम्, तत् कादाचित्कम्, इति न तेन व्यभिचारः। स्याद्वादमन्त्रकवचावगुण्ठितानां च नेदृग्विभीषिकाभ्यो भयम्॥ इति काव्यार्थः॥९॥

जिसके गुण पाये जाते हैं हेतुसे आत्मा शरीर-परिमाण ही सिद्ध होती है। तथा केवलीके समुद्घात दशामें आठ समयमें चौदह राजू परिमाण तीन लोकमें व्याप्त होनेकी अपेक्षा जो आत्माको व्यापक कहा है वह कभी कभी होता है नियमित रूपसे नहीं इसलिये यहाँ पर समुद्घात दशामें आत्माके व्यापक होनेसे व्यभिचार नहीं आता। (मूल शरीरको न छोड़ कर आत्माके प्रदेशोंके बाहर निकलनेको समुद्घात कहते हैं। यह समुद्घात वेदना कषाय मारणांतिक तैजस विक्रिया आहारक और केवलीके भेदसे सात प्रकारका है। (१) तीव्र वेदना होनेके समय मूल शरीरको न छोड़ कर आत्माके प्रदेशोंके बाहर जानेको वेदनासमुद्घात कहते हैं। (२) तीव्र कषायके उदयसे दूसरका नाश करनेके लिये मूल शरीरको बिना छोड़े आत्माके प्रदेशोंके बाहर निकलनेको कषायसमुद्घात कहते हैं। (३) जिस स्थानमें आयुका बन्ध किया हो मरनेके अन्तिम समय उस स्थानके प्रदेशोंको स्पर्श करनेके लिये मूल शरीरको न छोड़ कर आत्माके प्रदेशोंके बाहर निकलनेको मारणांतिकसमुद्घात कहते हैं। (४) तैजससमुद्घात शुभ और अशुभके भेदसे दो प्रकारका होता है। जीवोंको किसी व्याधि अथवा दुर्भिक्षसे पीड़ित देखकर मूल शरीरको न छोड़ मुनियोंके शरीरसे बारह योजन लम्बे मूलभागमें सूच्यंगुलके असंख्ययभाग अग्रभागमें नौ योजन शुभ आकृति वाले पुतलेके बाहर निकल कर जानेको शुभ तैजससमुद्घात कहते हैं। यह पुतला व्याधि दुर्भिक्ष आदिको नष्ट करके वापिस लौट आता है। किसी प्रकारके अपने अनिष्टको देखकर क्रोधके कारण मूल शरीरके बिना छोड़े ही मुनियोंके शरीरसे उक्त परिमाणवाले अशुभ पुतलेके बाहर निकल कर जानेको अशुभ-तैजससमुद्घात कहते हैं। यह अशुभ पुतला अपनी अनिष्ट वस्तुको नष्ट करके मुनिके साथ स्वयं भी भस्म हो जाता है। द्वीपायन मुनिने अशुभ तैजससमुद्घात किया था। (५) मूल शरीरको न छोड़ कर किसी प्रकारकी विक्रिया करनेके लिये आत्माके प्रदेशोंके बाहर जानेको विक्रियासमुद्घात कहते हैं। (६) ऋद्धिधारी मुनियोंको किसी प्रकारकी तत्त्वसम्बन्धी शंका होनेपर उनके मूल शरीरको बिना छोड़े शुद्ध स्फटिकके आकार एक हाथके बराबर पुतलेका मस्तकके बीचसे निकलकर शंकाकी निवृत्तिके लिये केवली भगवान्‌के पास जाना आहारकसमुद्घात है। यह पुतला अन्तर्मुहूर्तमें केवलीके पास पहुँच जाता है और शंकाकी निवृत्ति होनेपर अपने स्थानको लौट आता है। (७) वेदनीय कर्मके अधिक रहनेपर और आयु कर्मके कम रह जानेपर आयु कर्मको बिना भोगे ही आयु और वेदनीय कर्मके बराबर करनेके लिये आत्मप्रदेशोंका समस्त लोकमें व्याप्त हो जाना केवलीसमुद्घात है। वेदना कषाय मारणांतिक तैजस वैक्रियक और आहारक समुद्घातमें छह समय (लोकप्रकाश आदि श्वेताम्बर शास्त्रोंमें इनका समय अन्तर्मुहूर्त

---

१ हतेर्गमिक्रियात्वात्संभूयात्मप्रदेशानां च बहिरुद्गमनं समुद्घातः। स सप्तविधः। वेदनाकषायमारणांतिकतेजोविक्रियाऽऽहारककेवलिविषयभेदात्। वेदनीयस्य बहुत्वादल्पत्वाच्चायुषोऽनाभोगपूर्वकमायुःसमकरणार्थं द्रव्यस्वभावत्वात् सुराद्रव्यस्य फेनवेगबुद्बुदाविर्भावोपशमनवद्देहस्थात्मप्रदेशानां बहिःसमुद्घातनं केवलिसमुद्घातः। केवलिसमुद्घातः अष्टसमयिकः। दंडकपाटप्रतरलोकपूरणानि चतुर्षु समयेषु पुनः प्रतरकपाटदण्डस्वशरीरानुप्रवेशाच्चतुर्षु इति। राजवार्तिके पृ. ५३

२ उब्भियदलेक्कमुरवद्धयसंचयसण्णिहो हवे लोगो।
अद्धुदयो मुरवसमो चोद्दसरज्जूदओ सव्वो॥

छाया—उद्भूतदलैकमुरजध्वजसंचयसन्निभो भवेत् लोकः।
अर्धोदयः मुरजसमः चतुर्दशरज्जूदयः सर्वः॥

त्रिलोकसारे १-६

बतलाया गया है) और केवलीसमुद्घातमें आठ समय लगते हैं। केवलीसमुद्घातमें पहले चार समयोंमें आत्माके प्रदेश क्रमसे दण्ड कपाट प्रतर (मन्थान—लोकप्रकाश) और लोकपूर्ण होते हैं तथा बादमें प्रतर (मन्थान) कपाट और दण्ड-परिमाण होकर अपने स्थानको लौट जाते हैं। यहाँ केवलीसमुद्घात अवस्थामें ही आत्माको सर्वव्यापक कहा है।) स्याद्वाद रूपी मन्त्रके कवचसे अवगुण्ठित हम लोगो को इस प्रकार की विभीषिकाओंका भय नही है। यह श्लोकका अर्थ है।

भावार्थ—इस श्लोकमें आत्माके सर्वव्यापकत्वका खंडन किया गया है। अनुमान—जहाँ जिस वस्तुके गुण पाये जाते है वह वस्तु उसी जगह उपलब्ध होती है जैसे जहाँ घटके रूपादि गुण पाये जाते हैं वहीं पर घट उपलब्ध होता है।

शंका—पुष्पके एक स्थानमें रहनेपर भी उसकी गंध दूसरे स्थानमें भी देखी जाती है। **समाधान**—दूर देशमें पाये जानेवाली गंध पुष्पका गुण नही है पुष्पमें रहनेवाले गंध पुद्गल ही उड़कर हमारी नाक तक आते हैं।

शंका—मंत्र आदि दूर स्थानमें भी मारण उच्चाटन आदि क्रिया करते है। **समाधान**—मारण उच्चाटन मंत्रका गुण नही हैं परन्तु मंत्रके अधिष्ठाता देव ही मारण आदि क्रिया करनेमें समर्थ होते है। इसलिए आत्मा व्यापक नही है क्योंकि आत्माके गुण सर्वत्र उपलब्ध नही होते। जिसके गुण सर्वत्र उपलब्ध नहीं होते वह व्यापक नही होता जैसे घटके गुण सर्वत्र उपलब्ध नही होते इसलिए घट व्यापक नही है। आत्माके गुण भी सर्वत्र नही पाये जाते इसलिए आत्मा भी व्यापक नही है। आकाश व्यापक है इसलिये आकाशके गुण सर्वत्र पाये जाते है।

शंका—अदृष्ट आत्माका गुण है। यह अदृष्ट दूर स्थानमें भी क्रिया करता है। यदि आत्माको सर्वव्यापक न मानें तो अदृष्ट दूर देशमें क्रिया नही कर सकता। **समाधान**—अदृष्टके माननेकी कोई आवश्यकता नहीं है। अदृष्टकी सिद्धिमें हम कोई प्रमाण भी नही मिलता। अग्निकी शिखाका ऊंचा जाना आदि कार्य वस्तुओंके स्वभावसे ही होते है। यदि अदृष्टसे सब कार्य होने लगें तो फिर ईश्वरकी भी कोई आवश्यकता न रहे। तथा आत्माको सर्वव्यापक मानकर उसे नाना स्वीकार करनेमें आत्माओंमें परस्पर भिडन्त हो जानी चाहिये और एक आत्माका सुख दूसरी आत्माको उपभोग करना चाहिये। तथा सर्वव्यापक आत्माको ईश्वरकी आत्मामें प्रवेश करना चाहिए इसलिए या तो ईश्वर भी सृष्टिकर्ता न रहेगा अथवा आत्मा भी सृष्टिकर्ता हो जायगा।

शंका—यदि आत्माको व्यापक न मानें तो आत्मा अपने दूसरे जन्मके शरीरके योग्य परमाणुओंको अपनी ओर कैसे आकर्षित कर सकता ? यदि किसी तरह वह अपने शरीरके योग्य परमाणुओंको आकर्षित कर भी ले तो भी आत्मा शरीर-परिमाण ही ठहरेगा इसलिए आत्माको सावयव होनेसे कार्य (अनित्य) मानना चाहिये। **समाधान**—जैन लोग आत्माको सावयव मानते है इसलिए आत्मामें परिमाण भी होता है। हम लोग किसी भी पदार्थको एकान्त नित्य नही मानते।

शंका—यदि आत्मा शरीर परिमाण है तो वह शरीरमें प्रवेश नही कर सकता क्योंकि एक मूर्त पदार्थका दूसरे मूर्त पदार्थमें प्रवेश नही हो सकता। **समाधान**—मूर्तत्वसे यदि आप लोगोंका अभिप्राय रूपादिको धारण करनेवालेसे है तो हम लोग आत्माको रूप आदिसे युक्त नही मानते। हाँ यदि अव्यापकत्व को आप लोग मूर्त कहते हैं तो हम आत्माको अवश्य शरीर-परिमाण मानते है। अतएव जैनसिद्धान्तके अनुसार आत्मा द्रव्यकी अपेक्षा नित्य है और पर्यायकी अपेक्षा अनित्य।

वैशेषिकनैयायिकयो: प्राय: समानतन्त्रत्वादौलूक्यमते क्षिप्ते यौगमतमपि क्षिप्तमेवावसेयम्। पदार्थेषु च तयोरपि न तुल्या प्रतिपत्तिरिति साम्प्रतमक्षपादप्रतिपादितपदार्थानां सर्वेषां चतुर्थपुरुषार्थं प्रत्यसाधकतमत्वे वाच्येऽपि तदन्तःपातिनां छलजातिनिग्रहस्थानानां परोपन्यासनिरासमात्रफलतया अत्यन्तमनुपादेयत्वात् तदुपदेशदातुर्वैराग्यमुपहसन्नाह—

स्वयं विवादग्रहिले वितण्डापाण्डित्यकण्डूलमुखे जनेऽस्मिन्।
मायोपदेशात् परमर्म भिन्दन्नहो विरक्तो मुनिरन्यदीयः ॥१०॥

अन्ये—अविज्ञाततत्त्वदाज्ञासारतयाऽनुपादेयनामानः परे तेषामयं शास्तृत्वेन सम्बन्धी अन्यदीयो मुनिः अक्षपादऋषिः अहो विरक्तः—अहो वैराग्यवान्। अहो इत्युपहासगर्भमाश्चर्यं सूचयति। अन्यदीय इत्यत्र ईयकारके इति दोऽन्तः। किं कुर्वन्नित्याह। परमर्म भिन्दन्—जातावेकवचनप्रयोगात् परमर्माणि व्यथयन्। "बहुभिरात्मप्रदेशैरधिष्ठिता देहावयवा मर्माणि" इति पारिभाषिकी संज्ञा। तत उपचारात् साध्यस्वतत्त्वसाधनाव्यभिचरितया प्राणभूतं साधनोपन्यासोऽपि मर्मेव मर्म। कस्मात् तद्भिन्दन्? मायोपदेशात्। माया—परवञ्चनम्, तस्या उपदेशः छलजातिनिग्रहस्थानलक्षणपदार्थत्रयप्ररूपणद्वारेण शिष्येभ्यः प्रतिपादनं तस्मात्। गुणादस्त्रियां न वा इत्यनेन हेतौ तृतीयाप्रसङ्गे पञ्चमी। कस्मिन् विषये मायामयमुपदिष्टवान् इत्याह। अस्मिन् प्रत्यक्षोपलक्ष्यमाणे जने—तत्त्वातत्त्वविमर्शबहिर्मुखतया प्राकृतप्राये लोके। कथम्भूते स्वयम्—आत्मना परोपदेशनिरपेक्षमेव, विवादग्रहिले—विरुद्धः—परस्परलक्ष्यीकृतपक्षाधिक्षेपदक्षो वादो—वचनोपन्यासो विवादः। तथा च भगवान् हरिभद्रसूरिः—

'लब्धिख्यात्यर्थिना तु स्याद् दुःस्थितेनामहात्मना।
छलजातिप्रधानो यः स विवाद इति स्मृतः'[3] ॥

तेन ग्रहिल इव—ग्रहगृहीत इव। तत्र यथा ग्रहाद्यपस्मारपरवशः पुरुषो यत्किञ्चनप्रलापी स्यात् एवमयमपि जन इति भावः। तथा वितण्डा—प्रतिपक्षस्थापनाहीनं वाक्यम्। वितण्ड्यते आहन्यतेऽनया प्रतिपक्षसाधनमिति व्युत्पत्तेः। अभ्युपेत्य पक्षं यो न स्थापयति स वैतण्डिक

वैशेषिक और नैयायिकोंके सिद्धान्त प्रायः एकसे ही हैं, इसलिये वैशेषिकोंके सिद्धान्तोंका खण्डन होनेसे नैयायिकोंके सिद्धान्तोंका भी खण्डन हो गया समझना चाहिये। वैशेषिक और नैयायिक लोग पदार्थोंको भिन्न प्रकारसे स्वीकार करते हैं। अतएव यद्यपि अक्षपादद्वारा प्रतिपादित सम्पूर्ण पदार्थ मोक्षके कारण नहीं हैं फिर भी उन पदार्थोंमें गर्भित केवल दूसरेके कथनका तिरस्कार करनेवाले छल, जाति और निग्रहस्थान नामक पदार्थ सर्वथा त्याज्य हैं, इसलिए छल, जाति और निग्रहस्थानके उपदेष्टाके वैराग्यका उपहास करते हुए कहते हैं—

श्लोकार्थ—आश्चर्य है कि स्वयं ही विवाद रूपी पिशाचसे जकड़े हुए, वितण्डा रूप पाण्डित्यसे मुहको खुजलाते हुए तथा छल, जाति और निग्रहस्थानके उपदेशसे दूसरोंके निर्दोष हेतुओंका खण्डन करनेवाले मुनि वीतराग समझे जाते हैं!

व्याख्यार्थ—अस्मिन् स्वयं विवादग्रहिले वितण्डापाण्डित्यकण्डूलमुखे जने मायोपदेशात् परमर्म भिन्दन् अन्यदीयः मुनिः अहो विरक्तः—भूत पिशाच आदिके वशीभूत हुए पुरुषकी तरह स्वयं दूसरोंके उपदेशके बिना ही विवाद [दूसरेके मतको खण्डन करनेवाला वचन। हरिभद्रसूरिने कहा है—

लाभ और ख्यातिके चाहनेवाले कलुषित और नीच लोग छल और जातिसे युक्त जो कुछ कथन करते हैं, वह विवाद है।] से ग्रसित तथा वितण्डा [जिससे प्रतिपक्ष अर्थात् अपने पक्षमें प्रतिवादीद्वारा दिये हुए

---

१ हैमसू ३ २ १२१। २ हैमसू २-२-७७। ३ हरिभद्रसूरिकृते अष्टके १२-४।

इत्युच्यते"[1] इति न्यायवार्तिकम्। वस्तुतस्त्वपरामृष्टतत्त्वातत्त्वविचारं मौखर्यं वितण्डा। तत्र पाण्डित्यम्—अविकलं कौशलं, तेन कण्डूलं मुखं लपनं यस्य स तथा तस्मिन्। कण्डूः—खर्जूः, कण्डूरस्यास्तीति कण्डूलम्, सिध्मादित्वाद् मत्वर्थीयो लप्रत्ययः। यथा किलान्तरुत्पन्नकृमि-कुलजनितां कण्डूतिं निरोद्धुमपारयन् पुरुषो व्याकुलतां कलयति, एवं तन्मुखमपि वितण्डा-पाण्डित्येनासंबद्धप्रलापचापलमाकलयत् कण्डूलमित्युपचर्यते ॥

एवं च स्वरसत एव स्वस्वाभिमतव्यवस्थापनाविसंस्थुलो वैतण्डिकलोकः। तत्र च यदि परमाप्तभूतपुरुषविशेषपरिकल्पितपरवञ्चनप्रचुरवचनरचनोपदेशश्चेत् सहायः समजनि तदा स्वत एव ज्वालाकलापजटिले प्रज्वलति हुताशन इव कुतो घृताहुतिप्रक्षेप इति। तैश्च भवाभिनन्दिभिर्वादिभिरेतादृशोपदेशदानमपि तस्य मुनेः कारुणिकत्वकोटावारोपितम्। तथा चाहुः—

"दुःशिक्षितकुतर्कांशलेशवाचालिताननाः।
शक्याः किमन्यथा जेतुं वितण्डाटोपमण्डिताः ॥१॥
गतानुगतिको लोकः कुमार्गं तत्प्रतारितः।
मा गादिति छलादीनि प्राह कारुणिको मुनिः" ॥२॥

कारुणिकत्वं च वैराग्याद् न भिद्यते। ततो युक्तमुक्तम् अहो विरक्त इति स्तुतिकारेणोपहासवचनम् ॥

अथ मायोपदेशादिति सूचनासूत्रं वितन्यते। अक्षपादमते किल षोडशपदार्थाः। "प्रमाणप्रमेयसंशयप्रयोजनदृष्टान्तावयवतर्कनिर्णयवादजल्पवितण्डाहेत्वाभासच्छलजातिनिग्रहस्थानानां तत्त्वज्ञानाद् निःश्रेयसाधिगमः"[3] इति वचनात्। न चैतेषां व्यस्तानां समस्तानां वा

दोषोंका खण्डन कर अपने पक्षका स्थापन न किया जा सके। न्यायवार्तिकमें कहा है—अपने पक्षको स्वीकार कर के जो स्वपक्षको स्थापित नहीं कर सकता, उसे वैतण्डिक कहते हैं। वास्तवमें तत्त्व अतत्त्वका विचार न कर मौखर्यको ही वितण्डा कहा है] रूप पाण्डित्यसे असम्बद्ध प्रलाप करनेवाले तत्त्व और अतत्त्वके विचारसे बहिर्मुख छल जाति और निग्रहस्थानका उपदेश देकर दूसरोंके निर्दोष हेतुओंका खण्डन करनेवाले आपकी आज्ञासे बाह्य ऐसे अक्षपाद ऋषि आश्चर्य है कि वीतराग कहे जाते हैं!

यदि अपने मतको स्थापित करनेके लिए आतुर वैतण्डिक लोगोंको परम आप्त कहे जानेवाले पुरुषोंके द्वारा दूसरोंकी वंचना करनेवाले वचनोंका उपदेश दिया जाय, तो वह जलती हुई अग्निमें घीकी आहुतिका काम देता है। संसारमें आनन्द माननेवाले वादियोंने इस प्रकारका उपदेश करनेवाले मुनि भी कारुणिक बताया है! उन लोगोंने कहा है—

कुतर्कसे वाचालित वितण्डावादी छल आदिके बिना नहीं जीते जा सकते ॥१॥

लोग एक दूसरेके पीछे चलनेवाले होते हैं। इसलिये कुतार्किकोंसे ठगाये जाकर लोग उनका अनुकरण न करने लग जायँ, अतएव कारुणिक मुनिने छल आदिका उपदेश किया है। ॥२॥

करुणा और वैराग्य अलग अलग नहीं हैं। अतएव स्तुतिकारने 'अहो विरक्त' ऐसा कह कर जो उपहासवचनका प्रयोग किया है, वह ठीक है।

---

१ उद्योतकरविरचितन्यायवार्तिके १ १ १।

२ भवाभिनन्दी—

असारोऽप्येष संसारः सारवानिव लक्ष्यते।
दधिदुग्धाम्बुताम्बूलपुण्यपण्याङ्गनादिभिः ॥
इत्यादिवचनः संसाराभिनन्दनशीलः।

३ गौतमसूत्रे १-१-१

ज्ञानमेव निःश्रेयसाधिगमहेतुः। न ह्येकेनैव क्रियाविरहितेन ज्ञानमात्रेण मुक्तिर्युक्तिमती। असमग्रसामग्रीकत्वात्। विघटितैकचक्ररथेन मनीषितनगरप्राप्तिवत् ॥

न च वाच्यं न खलु वयं क्रियां प्रतिक्षिपामः, किन्तु तत्त्वज्ञानपूर्विकाया एव तस्या मुक्तिहेतुत्वमिति ज्ञापनार्थं तत्त्वज्ञानाद् निःश्रेयसाधिगम इति ब्रूम इति। न ह्यमीषां संहते अपि ज्ञानक्रिये मुक्तिप्राप्तिहेतुभूते। वितथत्वात् तज्ज्ञानक्रिययोः। न च वितथत्वमसिद्धम्। विचार्यमाणानां षोडशानामपि तत्त्वाभासत्वात्। तथाहि तैः प्रमाणस्य तावद् लक्षणमित्थं सूत्रितम्— "अर्थोपलब्धिहेतुः प्रमाणम्"[1] इति। एतच्च न विचारसहम्। यतोऽर्थोपलब्धौ हेतुत्वं यदि निमित्तत्वमात्रं, तत्सर्वकारकसाधारणमिति कर्तृकर्मादेरपि प्रमाणत्वप्रसङ्गः। अथ कर्तृकर्मादिविलक्षणं हेतुशब्देन करणमेव विवक्षितं तर्हि तज्ज्ञानमेव युक्तं, न चेन्द्रियसन्निकर्षादि। यस्मिन् हि सत्यर्थ उपलब्धो भवति, स तत्करणम्। न चेन्द्रियसन्निकर्षसामग्र्यादौ सत्यपि ज्ञानाभावेऽर्थोपलम्भः। साधकतमं हि करणम्। अव्यवहितफलं च तदिष्यते। व्यवहितफलस्यापि करणत्वे दुग्धभोजनादेरपि तथाप्रसङ्गः। तन्न ज्ञानादन्यत्र प्रमाणत्वम्। अन्यत्रोपचारात्। यदपि न्यायभूषणसूत्रकारेणोक्तम्— "सम्यगनुभवसाधनं प्रमाणम्"[2] इति तत्रापि साधनग्रहणात् कर्तृकर्मनिरासेन करणस्यैव प्रमाणत्वं सिध्यति। तथाऽप्यव्यवहितफलत्वेन साधकतमत्वं ज्ञानस्यैव इति न तत् सम्यग्लक्षणम्। "स्वपरव्यवसायि ज्ञानं प्रमाणम्"[3] इति तु तात्त्विकं लक्षणम् ॥

अक्षपादके (नैयायिकोंके) मतमें सोलह पदार्थ माने गये हैं। कहा भी है— प्रमाण, प्रमेय, संशय, प्रयोजन, दृष्टान्त, सिद्धान्त, अवयव, तर्क, निर्णय, वाद, जल्प, वितंडा, हेत्वाभास, छल, जाति और निग्रहस्थानके तत्त्वज्ञानसे मोक्षकी प्राप्ति होती है। किन्तु इन सोलह पदार्थोंमें एक एकका अथवा समस्त पदार्थोंका ज्ञान उनके मोक्षकी प्राप्तिमें कारण नहीं है। क्योंकि क्रियाके बिना केवल ज्ञानमात्रसे ही मुक्ति नहीं मिलती। जिस प्रकार रथके दो पहियोंके बिना केवल एक पहियेसे नगरमें नहीं घूमा जा सकता, उसी तरह ज्ञान और क्रिया दोनोंके बिना केवल ज्ञान मात्रसे मोक्ष नहीं मिलता।

शंका—हम लोग क्रियाका निषेध नहीं करते, किन्तु सोलह पदार्थोंके तत्त्वज्ञानसे होनेवाली क्रिया ही मोक्षकी प्राप्तिमें कारण है, यह बतानेके लिये हमने कहा है, तत्त्वज्ञानसे मोक्षकी प्राप्ति होती है। **समाधान**—आप लोगोंके द्वारा माने हुए ज्ञान और क्रिया दोनों मिल कर भी मोक्षके कारण नहीं हो सकते, क्योंकि वे ज्ञान और क्रिया दोनों मिथ्या हैं। ज्ञान और क्रियाका मिथ्या होना असिद्ध नहीं है, क्योंकि विचार करनेपर ये सोलह पदार्थ तत्त्वाभास सिद्ध होते हैं। आप लोगोंने जो 'अर्थोपलब्धिमें हेतुको प्रमाण' स्वीकार किया है, वह ठीक नहीं। क्योंकि यदि निमित्त मात्रको ही अर्थोपलब्धिमें हेतु कहा जाय तो कर्ता, कर्म आदि कारकोंको भी प्रमाण मानना चाहिये। कर्ता, कर्म आदि भी पदार्थोंके ज्ञानमें निमित्त कारण हैं। यदि आप कर्ता, कर्म आदि कारकोंसे विलक्षण करण कारकको ही हेतु कहें, तो इन्द्रिय और पदार्थके सम्बन्धको पदार्थके ज्ञानमें करण न कह कर केवल ज्ञानको ही पदार्थोंके करण मानना चाहिये। क्योंकि इन्द्रिय और पदार्थका सम्बन्ध होनेपर भी ज्ञानका अभाव होनेसे पदार्थोंका ज्ञान नहीं होता। जिसके होनेपर पदार्थका ज्ञान होता है, वह पदार्थके ज्ञानका करण है। परन्तु इन्द्रियसन्निकर्ष आदि सामग्रीके रहते हुए भी ज्ञानके अभावमें पदार्थोंका ज्ञान नहीं होता। तथा, साधकतमको ही करण मानना चाहिये। इसी साधकतम ज्ञान रूप करणके होनेसे ही पदार्थोंके जानने रूप कार्यकी उत्पत्ति होती है। यदि करणको परम्परासे फल देनेवाला माना जाय, तो दुग्ध, भोजन आदि भी पदार्थके ज्ञानमें करण हो सकते हैं। अतएव ज्ञानको छोड़कर और कोई प्रमाण नहीं मानना चाहिये। क्योंकि ज्ञान ही पदार्थोंके जाननेमें करण है, ज्ञानको छोड़कर

---

१ वात्स्यायनभाष्ये। २ न्यायसारे भासर्वज्ञप्रणीते १-१। ३ प्रमाणनयतत्त्वालोकालङ्कारे १-२।

प्रमेयमपि आत्मशरीरेन्द्रियार्थबुद्धिमनःप्रवृत्तिदोषप्रेत्यभावफलदुःखापवर्गभेदाद् द्वादशविधमुक्तम्। तदपि न सम्यक्। यतः शरीरेन्द्रियबुद्धिमनःप्रवृत्तिदोषफलदुःखानाम् आत्मन्येवान्तर्भावो युक्तः। संसारिण आत्मनः कथंचित् तदविष्वग्भूतत्वात्। आत्मा च प्रमेय एव न भवति। तस्य प्रमातृत्वात्। इन्द्रियबुद्धिमनसां तु करणत्वात् प्रमेयत्वाभावः। दोषास्तु रागद्वेषमोहाः, ते च प्रवृत्तेर्न पृथग्भवितुमर्हन्ति। वाङ्मनःकायव्यापारस्य शुभाशुभफलस्य विंशतिविधस्य तन्मते प्रवृत्तिशब्दवाच्यत्वात्। रागादिदोषाणां च मनोव्यापारात्मकत्वात्। दुःखस्य शब्दादीनामिन्द्रियार्थानां च फल एवान्तर्भावः। "प्रवृत्तिदोषजनितं सुखदुःखात्मकं मुख्यं फलं, तत्साधनं तु गौणम्" इति जयन्तवचनात्। प्रेत्यभावापवर्गयोः पुनरात्मन एव परिणामान्तरापत्तिरूपत्वाद् न पार्थक्यमात्मनः सकाशादुचितम्। तदेवं द्वादशविधं प्रमेयमिति वाग्विस्तरमात्रम्। "द्रव्यपर्यायात्मकं वस्तु प्रमेयम्" इति तु समीचीनं लक्षणम्। सर्वसंग्राहकत्वात्। एवं संशयादीनामपि तत्त्वाभासत्वं प्रेक्षावद्भिरनुपेक्षणीयम्। अत्र तु प्रतीतत्वाद् ग्रन्थगौरवभयाच्च न प्रपञ्चितम्। न्यक्षेण त्वत्र न्यायशास्त्रमवतारणीयम्, तच्चावतार्थमार्गं पृथग्ग्रन्थान्तरतामवगाहत इत्यास्ताम्॥

तदेवं प्रमाणादिषोडशपदार्थानामविशिष्टेऽपि तत्त्वाभासत्वे प्रकटकपटनाटकसूत्रधाराणां त्रयाणामेव छलजातिनिग्रहस्थानानां मायोपदेशादिति पदेनोपक्षेपः कृतः। तत्र परस्य वदतोऽर्थविकल्पोपपादनेन वचनविघातः छलम्। तत् त्रिधा—वाक्छलं सामान्यछलम् उपचारछलं

अन्यत्र (सन्निकर्ष आदिमें) उपचारके बिना अर्थात् अनुपचरित रूपसे प्रमाणत्व नहीं है। तथा न्यायभूषणकारने जो सम्यक् प्रकारसे अनुभवका साधन करनेवाले को प्रमाण कहा है, वहाँ भी साधनका ग्रहण किया जानेसे कर्ता और कर्मका निरसन हो जानेसे करणका ही प्रमाणत्व सिद्ध होता है। तथा अव्यवहित फलदायी होनेसे ज्ञान के साधकतम होनेके कारण प्रमाणका उक्त लक्षण समीचीन नहीं है। अतएव अपने और परको निश्चय करनेवाले ज्ञानको ही वास्तविक प्रमाण मानना चाहिये। (स्वपरव्यवसायि ज्ञानं प्रमाणम्)।

नैयायिकोंने आत्मा, शरीर, इन्द्रिय, अर्थ, बुद्धि, मन, प्रवृत्ति, दोष, प्रेत्यभाव, फल, दुःख और अपवर्गके भेदसे जो बारह प्रकारका प्रमेय (ममक्षुद्वारा जानने योग्य विषय) स्वीकार किया है, वह भी ठीक नहीं। क्योंकि शरीर, इन्द्रिय, बुद्धि, मन, प्रवृत्ति, दोष, फल और दुःखका आत्मामें ही अन्तर्भाव हो जाता है। कारण कि शरीर, इन्द्रिय आदिसे संसारी पुरुषकी आत्मा किसी अपेक्षासे अभिन्न ही है। तथा आत्मा प्रमाता है, वह प्रमेय नहीं हो सकता। इन्द्रिय, बुद्धि और मन करण हैं, अर्थात् इनके द्वारा प्रमाता प्रमिति क्रियाका कर्ता है, इसलिये ये भी प्रमेय नहीं कहे जा सकते। राग, द्वेष और मोह प्रवृत्तिसे भिन्न नहीं है, क्योंकि नैयायिकोंके मतमें प्रवृत्ति शब्दसे शुभ अशुभ रूप बीस प्रकारका मन, वचन और कायका व्यापार लिया गया है। राग आदि दोष मनका व्यापार है। दुःख और इन्द्रियोंके विषय शब्द आदि फलमें गर्भित हो जाते हैं। जयन्तने कहा भी है—"प्रवृत्ति और दोषसे उत्पन्न सुख दुःख मुख्य फल है, तथा सुख दुःख रूप फलका साधन गौण है।" प्रेत्यभाव और अपवर्ग ये दोनों आत्माके ही परिणाम हैं, अतएव इन्हें आत्मासे भिन्न नहीं मानना चाहिये। अतएव नैयायिकों द्वारा मान्य बारह प्रकारका प्रमेय केवल वचनोंका आडम्बर मात्र है। अतएव द्रव्य और पर्याय रूप वस्तु ही प्रमेय है (द्रव्यपर्यायात्मकं वस्तु प्रमेयम्), यही प्रमेयका लक्षण सर्वसंग्राहक होनेसे समीचीन है। इसी प्रकार प्रमाण और प्रमेयकी तरह संशय आदि चौदह पदार्थोंको भी तत्त्वाभास ही समझना चाहिये। ग्रंथके गौरवके भयसे यहाँ विस्तारसे नहीं लिखा। किसी अन्य ग्रंथकी सहायतासे उसे समझ लेना चाहिये।

इस प्रकार प्रमाण आदि सोलह पदार्थोंके सामान्य रूपसे तत्त्वाभास सिद्ध हो जानेपर भी यहाँ प्रकट कपट नाटकके सूत्रधार छल, जाति और निग्रहस्थानका ही खंडन किया जाता है। बोलनेवाले वादीके अर्थको

१ जयन्तन्यायमंजर्याम्। २ प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकारे।

तेषु साधारणे शब्दे प्रयुक्ते वक्तुरभिप्रेतादर्थादर्थान्तरकल्पनया तन्निषेधो वाक्छलम्। यथा नवकम्बलोऽयं माणवक इति नूतनविवक्षया कथिते परः संख्यामारोप्य निषेधति कुतोऽस्य नव कम्बला इति। संभावनयातिप्रसक्तिनोऽपि सामान्यस्योपन्यासे हेतुत्वारोपणेन तन्निषेधः सामान्यछलम्। यथा अहो नु खल्वसौ ब्राह्मणो विद्याचरणसंपन्न इति ब्राह्मणस्तुतिप्रसङ्गे, कश्चिद् वदति सम्भवति ब्राह्मणे, विद्याचरणसम्पदिति, तत् छलवादी ब्राह्मणत्वस्य हेतुतामारोप्य निराकुर्वन्नभियुङ्क्ते यदि ब्राह्मणे विद्याचरणसंपद् भवति, व्रात्येऽपि सा भवेद्, व्रात्योऽपि ब्राह्मण एवेति। औपचारिके प्रयोगे मुख्यप्रतिषेधेन प्रत्यवस्थानम् उपचारछलम्। यथा मञ्चाः क्रोशन्तीत्युक्ते परः प्रत्यवतिष्ठते कथमचेतना मञ्चाः क्रोशन्ति मञ्चस्थाः पुरुषाः क्रोशन्तीति॥

तथा सम्यग्हेतौ हेत्वाभासे वा वादिना प्रयुक्ते, झटिति तद्दोषतत्त्वाप्रतिभासे हेतुप्रतिबिम्बनप्रायं किमपि प्रत्यवस्थानं जातिः दूषणाभास इत्यर्थः। सा च चतुर्विंशतिभेदा। साधर्म्यादिप्रत्यवस्थानभेदेन यथा 'साधर्म्यवैधर्म्योत्कर्षापकर्षवर्ण्यावर्ण्यविकल्पसाध्यप्राप्त्यप्राप्तिप्रसङ्गप्रतिदृष्टान्तानुत्पत्तिसंशयप्रकरणहेत्वर्थापत्त्यविशेषोपपत्त्युपलब्ध्यनुपलब्धिनित्यानित्यकार्यसमाः'[2]॥

तत्र साधर्म्येण प्रत्यवस्थानं साधर्म्यसमा जातिर्भवति। अनित्यः शब्दः, कृतकत्वाद्, घटवदिति प्रयोगे कृते साधर्म्यप्रयोगेणैव प्रत्यवस्थानम् नित्यः शब्दो, निरवयवत्वात्, आकाशवत्। न चास्ति विशेषहेतुः घटसाधर्म्यात् कृतकत्वादनित्यः शब्दो न पुनराकाश

बदल कर वादीके वचनोके निषेध करनको छल कहते हैं। यह छल वाक सामान्य और उपचारके भेदसे तीन प्रकारका है। (१) वक्ताक किसी साधारण शब्दके प्रयोग करनेपर उसके विवक्षित अर्थकी जान बूझकर उपेक्षा कर अर्थान्तरकी कल्पना करके वक्ताके वचनके निषेध करनको वाकछल कहते हैं। जैसे वक्ताने कहा कि नवकम्बलोऽयं माणवक —यहाँ हम जानते हैं कि नव कहनेसे वक्ताका अभिप्राय नूतनसे है फिर भी दुर्भावनासे उसके वचनोका निषेध करनेके लिये हम नव शब्दका अर्थ नौ करके वक्तासे पूछते हैं कि इस माणवकके पास नौ कम्बल कहाँ हैं? (२) सम्भावना मात्रसे व्यापक सामान्य का कथन करने पर सामान्यके ऊपर हेतुका आरोप करके सामान्यका निषेध करना सामान्यछल है। जैसे आश्चर्य है कि यह ब्राह्मण विद्या और आचरणसे युक्त है यह कह कर कोई पुरुष ब्राह्मणकी स्तुति करता है। इस पर कोई दूसरा पुरुष कहता है कि विद्या और आचरणका तो ब्राह्मणमें होना स्वाभाविक है। यहाँ यद्यपि ब्राह्मणत्वका सम्भावना मात्रसे कथन किया गया है फिर भी छलवादी ब्राह्मणमें विद्या और आचरणके होनेके सामान्य नियम बना कर कहता है कि यदि ब्राह्मणमें विद्या और आचरण का होना स्वाभाविक है तो विद्या और आचरण व्रात्य (पतित) ब्राह्मणमें भी होना चाहिये क्योंकि व्रात्य ब्राह्मण भी ब्राह्मण ही है। (३) उपचार अर्थमें मुख्य अर्थका निषेध करके वक्ताके वचनोंका निषेध करना उपचारछल है। जैसे कोई कहे कि मञ्च रोते हैं तो छलवादी उत्तर देता है कि कहीं मञ्च जैसे अचेतन पदार्थ भी रो सकते हैं अतएव कहना चाहिये कि मञ्चपर बैठे हुए आदमी रोते हैं।

वादीके द्वारा सम्यक हेतु अथवा हेत्वाभासके प्रयोग करनेपर वादीके हेतुकी सदोषताकी बिना परीक्षा किये हुए हेतुके समान मालूम होनेवाला शीघ्रतासे कुछ भी कह देना जाति है। अर्थात् दूषणाभास यह जाति साधर्म्य वैधर्म्य उत्कर्ष अपकर्ष वर्ण्य अवर्ण्य विकल्प साध्य प्राप्ति अप्राप्ति प्रसंग प्रतिदृष्टान्त अनुत्पत्ति संशय प्रकरण हेतु, अर्थापत्ति अविशेष उपपत्ति उपलब्धि अनुपलब्धि नित्य अनित्य और कार्यसम के भेदसे चौबीस प्रकारकी है।

(१) साधर्म्यसे उपसंहार करने पर दृष्टांत की समानता दिखला कर साध्यसे विपरीत कथन करनेको साधर्म्यसमा जाति कहते हैं। जैसे वादीने कहा, शब्द अनित्य है क्योंकि कृतक है जो कृतक होता है वह

---

१ 'अविशेषपतिता व्रात्या भवन्त्यार्यविगर्हिताः'। २ गौतमसूत्रे ५-१-१।

साधर्म्याद् निरवयवत्वाद् नित्यः इति। वैधर्म्येण प्रत्यवस्थानं वैधर्म्यसमा जातिर्भवति। अनित्यः शब्दः, कृतकत्वाद्, घटवदित्यत्रैव प्रयोगे, स एव प्रतिहेतुर्वैधर्म्येण प्रयुज्यते नित्यः शब्दो निरवयवत्वात्। अनित्यं हि सावयवं दृष्टम् घटादीति। न चास्ति विशेषहेतुः घटसाधर्म्यात् कृतकत्वादनित्यः शब्दः न पुनस्तद्वैधर्म्याद् निरवयवत्वाद् नित्य इति। उत्कर्षापकर्षाभ्यां प्रत्यवस्थानम् उत्कर्षापकर्षसमे जाती भवतः। तत्रैव प्रयोगे, दृष्टान्तधर्मं कञ्चित् साध्यधर्मिण्यापादयन् उत्कर्षसमां जातिं प्रयुङ्क्ते। यदि घटवत् कृतकत्वादनित्यः शब्दः घटवदेव मूर्तोऽपि भवतु न चेद् मूर्तः घटवदनित्योऽपि मा भूदिति शब्दे धर्मान्तरोत्कर्षमापादयति। अपकर्षस्तु घटः कृतकः सन् अश्रावणो दृष्टः एवं शब्दोऽप्यस्तु नो चेद् घटवद् नित्योऽपि मा भूदिति शब्दे श्रावणत्वधर्ममपकर्षतीति। इत्येताश्चतस्रो दिङ्मात्रदर्शनार्थं जातय उक्ताः। एवं शेषा अपि विंशतिरक्षपादशास्त्रादवसेयाः। अत्र त्वनुपयोगित्वाद् न लिखिताः॥

अनित्य है जैसे घडा। इसमें दोष देनेके लिये प्रतिवादी कहता है यदि कृतक रूप धर्मसे शब्द और घडेमें समानता है तो निरवयव रूप धर्मसे शब्द और आकाशमें भी समानता है, अतएव शब्द आकाशके समान नित्य होना चाहिये। यहाँ वादी द्वारा शब्दको अनित्य सिद्ध करनेमें कृतकत्व हेतुका प्रतिवादीने बिलकुल खण्डन नहीं किया। और केवल दृष्टान्तकी समानता दिखानेसे साध्यका खण्डन नहीं होता। उसके लिए हेतु देना चाहिए या वादीके हेतुका खण्डन करना चाहिये। (२) वैधर्म्यके उपसंहार करनेपर वैधर्म्य दिखला कर खण्डन करना वैधर्म्यसमा जाति है। जैसे शब्द अनित्य है कृतक होने से घटकी तरह। इसके खण्डन में प्रतिवादीका कथन है शब्द नित्य है निरवयव होनेसे आकाशकी तरह। यहाँ प्रतिवादीका कहना है कि यदि नित्य आकाशके वैधर्म्यसे शब्द अनित्य है तो अनित्य घटके वैधर्म्यसे शब्दको अनित्य मानना चाहिये। परन्तु यहाँ कोई ऐसा नियामक नहीं है कि घटके रूप साधर्म्यसे कृतक होनेके कारण शब्द नित्य नहीं हो। अतएव इससे वादीके हेतुका कोई खण्डन नहीं होता। (३) दृष्टान्तके धर्मको साध्यमें मिला कर वादीके खण्डन करनेको उत्कर्षसमा जाति कहते हैं। जैसे वादी ने कहा शब्द अनित्य है कृतक होनेसे घटकी तरह। इस अनुमानमें दोष देनेके लिये प्रतिवादी कहता है जैसे घटकी तरह शब्द अनित्य है वैसे ही उसे घटकी तरह मूर्त भी मानना चाहिये। यदि शब्द मूर्त नहीं है तो वह घटकी तरह अनित्य भी नहीं है। यहाँ वादी घटका दृष्टान्त देकर शब्दमें अनित्यत्व सिद्ध करना चाहता है परन्तु प्रतिवादी घटके दूसरे धर्म मूर्तत्वको शब्दमें सिद्ध करके वादीका खण्डन करता है। (४) उत्कर्षसमाकी उलटी अपकर्षसमा जाति कही जाती है। साध्यधर्मीमें से दृष्टान्तमें नहीं रहनेवाले धर्मको निकाल कर वादीके प्रति विरुद्ध भाषण करनेको अपकर्षसमा जाति कहते हैं। जैसे 'शब्द अनित्य है कृतक होनेसे घटकी तरह'। इस पर प्रतिवादीका कथन है जैसे घट कृतक होनेसे श्रवणका विषय नहीं है इसी तरह शब्दको भी श्रवणका विषय नहीं होना चाहिए। यदि शब्द अश्रावण नहीं है तो वह घटकी तरह अनित्य भी नहीं हो सकता। यहाँ केवल चार ही जातियोंका दिग्दर्शन कराया गया है।

[(५-६) जिसका कथन किया जाता है उसे वर्ण्य और जिसका कथन नहीं किया जाता उसे अवर्ण्य कहते हैं। वर्ण्य या अवर्ण्यकी समानतासे जो असदुत्तर दिया जाता है उसे वर्ण्यसमा या अवर्ण्यसमा कहते हैं। जैसे यदि साध्यमें सिद्धिका अभाव है तो दृष्टान्तमें भी होना चाहिये (वर्ण्यसमा) और यदि दृष्टान्तमें सिद्धिका अभाव नहीं है तो साध्यमें भी न होना चाहिये (अवर्ण्यसमा)। (७) दूसरे धर्मोंके विकल्प उठा कर मिथ्या उत्तर देना विकल्पसमा जाति है। जैसे कृत्रिमता और गुरुत्वका सम्बन्ध ठीक ठीक नहीं मिलता गुरुत्व और अनित्यत्वका नहीं मिलता अनित्यत्व और मूर्तत्वका नहीं मिलता अतएव अनित्यत्व और कृत्रिमताका भी सम्बन्ध न मानना चाहिये जिससे कृत्रिमतासे शब्द अनित्य सिद्ध किया जा सके। (८) वादीने जो साध्य बनाया है उसीके समान दृष्टान्त आदिको प्रतिपादन कर मिथ्या उत्तर देना साध्यसमा जाति है। जैसे यदि मिट्टीके ढेलेके समान आत्मा है तो आत्माके समान मिट्टीके ढेलेको भी मानना चाहिये। आत्मामें क्रिया साध्य (सिद्ध करने योग्य न कि सिद्ध) है तो मिट्टीके ढेलेमें भी साध्य मानो। यदि ऐसा नहीं मानते हो तो आत्मा और

निकृष्टेके हेतुको यथार्थ मत मानो । ये सब मिथ्या उत्तर हैं क्योंकि दृष्टान्तमें सब धर्मोंकी समानता नहीं देखी जाती—उसमें सिर्फ साध्य और साधनकी समानता देखी जाती है। विकल्पसमामें जो अनेक धर्मोंका व्यभिचार बतलाया है, उससे वादीका अनुमान खण्डित नहीं होता क्योंकि साध्य-धर्मके सिवाय अन्य धर्मोंके साथ यदि साधनकी व्याप्ति न मिले तो इससे साधनको व्यभिचारी नहीं कह सकते । हाँ यदि साध्य धर्मके साथ व्याप्ति न मिले तो व्यभिचारी हो सकता है । दूसरे धर्मोंके साथ व्यभिचार आनसे साध्यके साथ भी व्यभिचारकी कल्पना व्यर्थ है । धूमकी यदि पत्थरके साथ व्याप्ति नहीं मिलती तो यह नहीं कहा जा सकता कि धूमकी व्याप्ति अग्निके साथ भी नहीं है । (९-१०) प्राप्ति और अप्राप्तिका प्रश्न उठाकर सच्चे हेतुको खण्डित प्रतिपादन करना प्राप्तिसमा और अप्राप्तिसमा जाति है । जसे हेतु साध्यके पास रहकर साध्यको सिद्ध करता है या दूर रहकर ? यदि पास रहकर तो कैसे ज्ञात होगा कि यह साध्य है और यह हेतु है (प्राप्तिसमा) । यदि दूर रह कर तो यह साधन अमुक धर्मकी ही सिद्धि करता ह दूसरेकी नही यह कसे ज्ञात हो (अप्राप्तिसमा) । ये असदुत्तर हैं क्यो कि धूआ आदि पास रह कर अग्निकी सिद्धि करते हैं तथा दूर रह कर भी पूर्वचर आदि साधन साध्यकी सिद्धि करते हैं। जिनम अविनाभाव सम्बन्ध है उन्ही म सा य-साधकता हो सकती है न कि सबम । (११) जस साध्यके लिय साधनकी जरूरत है उसी प्रकार दष्टा त के लिए भी साधनकी जरूरत ह यह कथन प्रसगसमा जाति है । दृष्टान्तम वादी और प्रतिवादीको विवाद नही होता अतएव उसके लिए साधनकी आवश्यकता प्रतिपादन करना व्यथ ह अ यथा वह दृष्टान्त ही न कहलायगा । (१२) विना व्याप्तिके केवल दूसरा दष्टा त देकर दोष लगाना प्रतिदृष्टान्तसमा जाति ह । जसे घडके दृष्टान्त से यदि श द अनि य ह तो आकाशके दष्टातस वह नि य कहलाय । प्रतिदृष्टान्त देनवाले न कोई हेतु नहीं दिया है जिससे यह कहा जाय कि दृष्टान्त साधक नही है—प्रतिदृष्टान्त सा धक ह । किन्तु विना हतु के खण्डन मण्डन कसे हो सकता ह ? (१३) उ पत्तिके पहले कारणका अभाव दिखला कर मिथ्या खण्डन करना अनुत्पत्तिसमा ह । जैसे उत्पत्तिक पहले श द कृत्रिम है या नही ? यदि ह तो उत्पत्तिके पहले मौजूद होनसे शब्द नि य हो गया यदि नही ह तो हतु आश्रयासिद्ध हो गया । यह उत्तर ठीक नही ह क्योंकि उ पत्तिके पहले श द ही नही था फिर कृत्रिम अकृत्रिमका प्रश्न ही क्या ? (१४) व्याप्तिमे मिथ्या स देह प्रतिपादन कर वादीके पक्षका खण्डन करना सशयसमा जाति ह । जसे कार्य होनसे शब्द नि य ह—यहाँ य. कहना कि इन्द्रियका विषय होनसे श दकी अनित्यताम सन्दह है क्योंकि इन्द्रियोंके विषय नित्य भी होते हैं (जसे गोत्व घट व आदि सामा य) और अनित्य भी (जसे घट पट आदि) । यह संशय ठीक नही क्योंकि जब तक कायत्व और अनि य वकी व्याप्ति खण्डित न की जाय तब तक वहाँ सशयका प्रवश नही हो सकता । काय वकी व्याप्ति यदि नि य व और अनित्यत्व दोनोके साथ हो तो सशय हो सकता ह अन्यथा नहीं । लेकिन कायत्वकी व्याप्ति दोनोके साथ नही हो सकती । (१५) मिथ्या व्याप्तिके उपर अवलम्बित दूसरे अनुमानसे दोष देना प्रकरणसमा जाति ह । जसे यदि अनि य (घट) साधर्म्यसे कायत्व हतु शब्दकी अनित्यता सिद्ध करता ह तो गो व आदि सामान्यके साधर्म्यसे ए द्रियकत्व (इ द्रियका विषय होना) हतु नित्यताको सिद्ध करे। अतएव दोनो पक्ष समान कहलाये । यह असत्य उत्तर ह क्योंकि अनित्य और कार्यत्वकी व्याप्ति है लेकिन एन्द्रियकत्व और नित्यत्वकी व्याप्ति नही । (१६) भूत आदि कालकी असिद्धि प्रतिपादन कर हेतु मात्रको हतु कहना अहेतुसमा जाति है । जसे हेतु साध्यके पहले होता है या पीछे होता है या साथ होता ह ? पहले तो हो नही सकता क्योंकि जब साध्य ही नही तब साधक किस का ? न पीछे हो सकता है क्योंकि जब साध्य ही नही रहा तब वह सिद्ध किसे करगा ? अथवा जिस समय साध्य था उस समय यदि साधन नही था तो वह साध्य कसे कहलायेगा ? दोनो एक साथ भी नहीं बन सकते क्योंकि उस समय यह सन्देह हो सकता है कि कौन साध्य है कौन साधक ह ? जसे विन्ध्याचल से हिमालयकी और हिमालयसे विन्ध्याचलकी सिद्धि करना अनुचित है उसी तरह एक कालम होनवाली वस्तुओंको साध्य-साधक ठहराना अनुचित है। यह असत्य उत्तर है क्योंकि इस प्रकार त्रिकालकी असिद्धि प्रतिपादन करनेसे जिस हेतुके द्वारा जातिवादीने हेतुको अहेतु ठहराया है, वह हेतु (जातिवादीका त्रिकालसिद्धि हेतु) भी अहेतु ठहर

जाता, जिससे जातिवादीका मतव्य स्वयं खण्डित हो गया। दूसरी बात यह है कि कालभेद होनेसे या अभेद होनेसे अविनाभाव सम्बन्ध बिगडता नहीं है, यह बात पूर्वचर उत्तरचर सहचर, कार्य कारण आदि हेतुओंके स्वरूपसे स्पष्ट विदित हो जाती है। जब अविनाभाव सम्बन्ध नहीं बिगडता तब हेतु अहेतु कैसे कहा जा सकता है? कालकी एकतासे साध्य-साधनमें सन्देह नहीं हो सकता क्योंकि दो वस्तुओंके अविनाभावमें ही साध्य-साधनका निर्णय होता है। अथवा दोनोंमेंसे जो असिद्ध हो वह साध्य और जो सिद्ध हो उसे हेतु मान लेनेसे संदेह मिट जाता है। (१७) अर्थापत्ति दिखलाकर मिथ्या दूषण देना अर्थापत्तिसमा जाति है। जैसे यदि अनित्यके साधर्म्य (कृत्रिमता) से शब्द अनित्य है तो इसका मतलब हुआ कि नित्य (आकाश) के साधर्म्य (स्पर्श रहितता) से नित्य है। यह उत्तर असत्य है क्योंकि स्पर्श रहित होनेसे ही कोई नित्य कहलाने लगे तो सुख वगैरह भी नित्य कहलायगे। (१८) पक्ष और दृष्टान्तमें अविशेषता देख कर किसी अन्य धर्मसे सब जगह (विपक्षमें भी) अविशेषता दिखला कर साध्यका आरोप करना अविशेषसमा जाति है। जैसे शब्द और घटमें कृत्रिमतासे अविशेषता होनेसे अनित्यता है वैसे ही सब पदार्थोंमें सत्त्व धर्मसे अविशेषता है अतएव सभी (आकाशादि-विपक्ष भी) को अनित्य होना चाहिये। यह असत्य उत्तर है क्योंकि कृत्रिमताका अनित्यताके साथ अविनाभाव सम्बन्ध है लेकिन सत्त्वका अनित्यताके साथ नहीं। (१९) साध्य और साध्यविरुद्ध इन दोनोंके कारण दिखला कर मिथ्या दोष देना उपपत्तिसमा जाति है। जैसे यदि शब्दके अनित्यत्वमें कृत्रिमता कारण है तो उसके नित्यत्वमें स्पर्शरहितता कारण है। यहाँ जातिवादी अपने ही शब्दोंसे अपने कथनका विरोध करता है। जब उसने शब्दके अनित्यत्वका कारण मान लिया तो नित्यत्वका कारण कैसे मिल सकता है? फिर स्पर्शरहितताकी नित्यत्वके साथ व्याप्ति नहीं है। (२०) निर्दिष्ट कारण (साध्यकी सिद्धिका कारण साधन) के अभावमें साध्यकी उपलब्धि बताकर दोष देना उपलब्धिसमा जाति है। जैसे प्रयत्नके बाद पैदा होनेसे शब्दका अनित्यत्व प्रतिपादन करना। लेकिन ऐसे बहुतसे शब्द हैं जो प्रयत्नके बाद न होने पर भी अनित्य हैं उदाहरणके लिए मेघ गर्जना आदिमें प्रयत्नकी आवश्यकता नहीं है। यह दूषण मिथ्या है क्योंकि साध्यके अभावमें साधनके अभावका नियम है न कि साधनके अभावमें साध्यके अभावका। अग्निके अभावमें नियमसे धुआं नहीं रहता लेकिन धुएके अभावमें नियमसे अग्निका अभाव नहीं कहा जा सकता। (२१) उपलब्धिके अभावमें अनुपलब्धिका अभाव कथन कर दूषण देना अनुपलब्धिसमा जाति है। जैसे किसीने कहा कि उच्चारणके पहले शब्द नहीं था क्योंकि उपलब्ध नहीं होता था। यदि कहा जाय कि उस समय शब्दपर आवरण था इसलिए अनुपलब्ध था तो उसका आवरण तो उपलब्ध होना चाहिये था। जैसे कपडेसे ढकी हुई कोई वस्तु भले ही दिखाई न दे लेकिन कपडा तो दिखाई देता है उसी तरह शब्दका आवरण तो उपलब्ध होना चाहिये। इसके उत्तरमें जातिवादी कहता है जैसे आवरण उपलब्ध नहीं होता उसी तरह आवरणकी अनुपलब्धि (अभाव) भी तो उपलब्ध नहीं होती। यह उत्तर ठीक नहीं है क्योंकि आवरणकी अनुपलब्धि नहीं होनेसे ही आवरणकी अनुपलब्धि उपलब्ध हो जाती है। (२२) एककी अनित्यतासे सबको अनित्य प्रतिपादन कर दूषण देना अनित्यसमा जाति है। जैसे यदि किसी धर्मकी समानतासे शब्दको अनित्य सिद्ध किया जाय तो सत्त्वकी समानतासे सब वस्तुएं अनित्य सिद्ध हो जायेंगी। यह उत्तर ठीक नहीं। क्योंकि वादी और प्रतिवादीके शब्दोंमें भी प्रतिज्ञा आदिकी समानता तो है ही इसलिए जिस प्रकार प्रतिवादी (जातिका प्रयोग करनेवाला) के शब्दोंसे वादीका खण्डन होगा उसी प्रकार प्रतिवादीका भी खण्डन हो जायगा। अतएव जहाँ जहाँ अविनाभाव हो वहीं वहीं साध्यकी सिद्धि मानना चाहिए न कि सब जगह। (२३) अनित्यत्वमें नित्यत्वका आरोप करके खण्डन करना नित्यसमा जाति है। जैसे शब्दको अनित्य सिद्ध करते हो तो शब्दमें अनित्यत्व नित्य है या अनित्य? यदि अनित्यत्व नित्य है तो शब्द भी नित्य कहलाया (धर्मके नित्य होनेपर धर्मीको नित्य मानना पड़ेगा)। यदि अनित्यत्व अनित्य है, तो शब्द नित्य कहलाया। यह असत्य उत्तर है क्योंकि जब शब्दमें अनित्यत्व सिद्ध है तो उसीका अभाव कैसे कहा जा सकता है। दूसरे इस तरह कोई भी वस्तु अनित्य सिद्ध नहीं हो सकेगी। तीसरे अनित्यत्व एक धर्म है यदि धर्ममें भी धर्मकी कल्पना की जायगी तो अनवस्था हो जायगी। (२४) कार्यको

तथा विप्रतिपत्तिरप्रतिपत्तिश्च निग्रहस्थानम्। तत्र विप्रतिपत्तिः साधनाभासे साधनबुद्धिः, दूषणाभासे च दूषणबुद्धिरिति । अप्रतिपत्तिः साधनस्यादूषणं, दूषणस्य चानुद्धरणम् । तच्च निग्रहस्थानं द्वाविंशतिविधम् । तद्यथा—प्रतिज्ञाहानिः प्रतिज्ञान्तरम् प्रतिज्ञाविरोधः प्रतिज्ञासंन्यासः हेत्वन्तरम् अर्थान्तरम् निरर्थकम् अविज्ञातार्थम् अपार्थकम् अप्राप्तकालम् न्यूनम् अधिकम् पुनरुक्तम् अननुभाषणम् अज्ञानम् अप्रतिभा विक्षेप मतानुज्ञा पर्यनुयोज्योपेक्षणम् निरनुयोज्यानुयोग अपसिद्धान्तः हेत्वाभासाश्च ।

तत्र हेतावनैकान्तिकीकृते प्रतिदृष्टान्तधर्म स्वदृष्टान्तेऽभ्युपगच्छतः प्रतिज्ञाहानिर्नाम निग्रहस्थानम् । यथा अनित्यः शब्द ऐन्द्रियकत्वाद् घटवदिति प्रतिज्ञासाधनाय वादी वदन्, परेण सामान्यमैन्द्रियकमपि नित्यं दृष्टमिति हेतावनैकान्तिकीकृते, यद्येवं ब्रूयात् सामान्यवद् घटोऽपि नित्यो भवत्विति स एवं ब्रुवाणः शब्दाऽनित्यत्वप्रतिज्ञां जह्यात् । प्रतिज्ञातार्थप्रतिषेधे परेण कृते तत्रैव धर्मिणि धर्मान्तरं साधनीयमभिदधतः प्रतिज्ञान्तरं नाम निग्रहस्थानं भवति । अनित्यः शब्द ऐन्द्रियकत्वादित्युक्ते तथैव सामान्येन व्यभिचारे चोदिते, यदि ब्रूयाद् युक्तं यत् सामान्यमैन्द्रियकं नित्यम् तद्धि सर्वगतम् असर्वगतस्तु शब्द इति । तदिदं शब्देऽनित्यत्वलक्षणपूर्वप्रतिज्ञातः प्रतिज्ञान्तरमसर्वगतः शब्द इति निग्रहस्थानम् अनया दिशा शेषाण्यपि विंशतिर्ज्ञेयानि । इह तु न लिखितानि पूर्वहेतोरेव । इत्येवं मायाशब्देनात्र छला दित्रयं सूचितम् । तदेवं परवञ्चनात्मकान्यपि छलजातिनिग्रहस्थानानि तत्त्वरूपतयोपदिशतो अक्षपादर्षेर्वैराग्यव्यावर्णनं तमसः प्रकाशात्मकत्वप्रख्यापनमिव कथमिव नोपहसनीयम् ॥ इति काव्यार्थः ॥ १० ॥

अभिव्यक्तिके समान मानना (क्योंकि दोनोमे प्रयत्नकी आवश्यकता होती है) और केवल इतनसे ही सत्य हेतुका खण्डन करना कायसमा जाति है । जसे प्रयत्नके बाद शब्दकी उत्पत्ति भी होती है और अभिव्यक्ति (प्रगट होना) भी फिर शब्द को अनित्य कसे कहा जा सकता है ? यह उत्तर ठीक नही है क्योंकि प्रयत्नके अनन्तर होनेका मतलब है स्वरूप लाभ करना । और अभिव्यक्तिको स्वरूप लाभ नहीं कह सकते । प्रयत्नके पहले यदि शब्द उपलब्ध होता या उसका आवरण उपलब्ध होता तो अभिव्यक्ति कही जा सकती थी ।]

विप्रतिपत्ति और अप्रतिपत्तिको निग्रहस्थान कहते हैं । साधनाभासमे साधनकी बुद्धि और दूषणाभासमें दूषणकी बुद्धिको विप्रतिपत्ति अर्थात विरुद्धप्रतिपत्ति कहते हैं । तथा प्रतिवादीके साधनको दोष रहित मान लेना अथवा प्रतिवादीके दूषणको दूर न करना अप्रतिपत्ति है । निग्रहस्थान बाईस प्रकार हैं—१ प्रतिज्ञाहानि २ प्रतिज्ञान्तर ३ प्रतिज्ञाविरोध ४ प्रतिज्ञासंन्यास ५ हेत्वन्तर ६ अर्थान्तर ७ निरर्थक ८ अविज्ञातार्थ ९ अपार्थक १० अप्राप्तकाल ११ न्यून १२ अधिक १३ पुनरुक्त १४ अननुभाषण १५ अज्ञान १६ अप्रतिभा १७ विक्षेप १८ मतानुज्ञा १९ पर्यनुयोज्योपेक्षण २० निरनुयोज्यानुयोग २१ अपसिद्धान्त २२ हेत्वाभास । (इनमे अननुभाषण अज्ञान अप्रतिभा विक्षेप मतानुज्ञा पर्यनुयोज्योपेक्षण छह अप्रतिपत्तिसे और शेष सोलह विप्रतिपत्तिसे होते हैं ।)

(१) प्रतिवादीद्वारा हेतुके अनैकान्तिक सिद्ध किये जानेपर वादीद्वारा विरोधीके दृष्टांतका धर्म अपने दृष्टांतमे स्वीकार किये जानेको प्रतिज्ञाहानि कहते है । जैसे वादीने कहा शब्द अनित्य है क्योंकि वह इन्द्रियका विषय है घटकी तरह । इसपर प्रतिवादीका कथन है कि यह अनुमान अनैकान्तिक हेत्वाभास है क्योंकि सामान्य (जाति) भी इन्द्रियोंका विषय है लेकिन वह नित्य है । इससे वादीके पक्षकी पराजय होती है लेकिन वादी पराजय न मान कर उत्तर देता है कि सामान्यको तरह घट भी नित्य रहे । यहाँ वादी अपनी अनित्यत्वकी प्रतिज्ञाको छोड़ देता है । (२) प्रतिज्ञाके खण्डित होनेपर धर्मीमें दूसरे धर्मको स्वीकार करनेको

१ वरदारीकाके न्यायतीर्थ न्यायप्रदीप पृ० ८०-८७

प्रतिज्ञान्तर कहते हैं । जैसे 'शब्द अनित्य है क्योंकि वह इन्द्रियका विषय है घटकी तरह' इस अनुमानमें प्रतिवादीके खण्डित होनेपर यह कथन करना कि सामान्य जो इन्द्रियोंका विषय होकर नित्य है वह सर्वव्यापक है, परन्तु शब्द तो घटके समान असर्वगत है इसलिये उसीके समान अनित्य भी है । यहाँ शब्दको असर्वगत कह कर दूसरी प्रतिज्ञा की गई लेकिन इससे पूर्वोक्त व्यभिचार दोषका परिहार नहीं होता ।

["(३) प्रतिज्ञा और हेतुका विरोध होना प्रतिज्ञाविरोध है । जैसे गुण द्रव्यसे भिन्न हैं क्योंकि द्रव्यसे पृथक् नहीं होता । किन्तु पृथक प्रतीत न होनेसे अभिन्नता सिद्ध होती है न कि भिन्नता । इसे विरुद्ध हेत्वाभासमें भी सम्मिलित किया जा सकता है । (४) अपनी प्रतिज्ञाका त्याग कर देना प्रतिज्ञासन्यास है । जैसे 'मैंने ऐसा कब कहा !' इत्यादि । (५) हेतुके खण्डित हो जानेपर उसमें कुछ जोड देना हेत्वन्तर है । जैसे 'शब्द अनित्य है क्योंकि इन्द्रियका विषय है' । यहाँ घटत्वमें दोष उपस्थित होने पर हेतुको बढ़ा दिया कि सामान्यवाला हो कर जो इन्द्रियका विषय है । किन्तु घटत्व स्वयं सामान्य तो है परन्तु सामान्यवाला नहीं है । यदि इस तरह हेतुमें मनमानी वृद्धि होती रहे तो व्यभिचारी हेतुमें व्यभिचार दोष न दिखलाया जा सकेगा । क्योंकि ज्योंही व्यभिचार दिखलाया गया कि एक विशेषण जोड दिया । (६) प्रकृत विषय (जिस विषयपर शास्त्रार्थ हो रहा है) से सम्बन्ध न रखनेवाला कथन अर्थान्तर है । जैसे वादीने कोई हेतु दिया और उसका खण्डन न हो सका तो कहने लगे हेतु किस भाषाका शब्द है किस धातुसे निकला है ? इत्यादि । (७) अर्थ रहित शब्दोंका उच्चारण करने लगना निरर्थक है । जैसे शब्द अनित्य है क्योंकि क ख ग घ ङ हैं जैसे च छ ज झ ञ आदि । (८) ऐसे शब्दोंका प्रयोग करना कि तीन तीन बार कहनेपर भी जिनका अर्थ न प्रतिवादी समझे न कोई सभासद् समझे अविज्ञातार्थ है । जैसे जंगलके राजाके आकारवालेके खाद्यके शत्रुका शत्रु यहाँ है । जंगलका राजा शेर उसके आकारवाला बिलाव उसका खाद्य मूषक उसका शत्रु सर्प उसका शत्रु मोर । (९) पूर्वापर सम्बन्धको छोड कर अंडबंड बकना अपार्थक है । जैसे कलकत्तेमें पानी बरसा कौओंके दाँत नहीं होते बम्बई बडा शहर है यहाँ दश वृक्ष लगे हैं मेरा कोट बिगड गया इत्यादि । इसे निरर्थक बकवास ही समझना चाहिये । (१०) प्रतिज्ञा आदिका बेसिलसिले प्रयोग करना अप्राप्तकाल है । (११) बिना अनुवादके शब्द और अर्थको फिरसे कहना पुनरुक्त है । (१२) वादीने तीन बार कहा परिषदने भी समझ लिया लेकिन प्रतिवादी उसका अनुवाद न कर पाया इसे अननुभाषण कहते हैं । (१३) वादीके वक्तव्यको सभा समझ गई किन्तु प्रतिवादी न समझा यह अज्ञान है । (१४) उत्तर न सूझना अप्रतिभा है । (१५) विपक्षी निग्रहस्थानमें पड़ गया हो फिर भी यह न कहना कि तुम्हारा निग्रह हो गया है पर्यनुयोज्योपेक्षण है । (१६) निग्रहस्थानमें न पडा हो फिर भी उसका निग्रह बतलाना निरनुयोज्यानुयोग है । (१७) स्व पक्षको कमजोर देखकर बात उडा देना विक्षेप है । जैसे अभी मुझे यह काम करना है फिर देखा जायगा आदि । (१८) स्व पक्षमें दोष स्वीकार करके पर पक्षमें भी वही दोष प्रतिपादन करना मतानुज्ञा है । जैसे यदि हमारे पक्षमें भी यह दोष है तो आपके पक्षमें भी है । (१९-२०) पाँच अंगों (प्रतिज्ञा आदि) से कमका प्रयोग करना न्यून है और दो दो तीन-तीन हेतु दृष्टांत आदि देना अधिक है । (२१) स्वीकृत सिद्धांतके विरुद्ध कथन करना अपसिद्धांत है । जैसे सतका उत्पाद नहीं असत्का विनाश नहीं यह मान करके भी आत्माका नाश प्रतिपादन करना ।] (२२) असिद्ध विरुद्ध अनैकान्तिक कालात्ययापदिष्ट और प्रकरणसमके भेदसे हेत्वाभास पाँच प्रकारका है ।

यहाँ माया शब्दसे छल जाति और निग्रहस्थानका सूचन किया गया है । ये छल जाति और निग्रहस्थान केवल दूसरोंको वंचन करनेके लिये हैं फिर भी इनका तत्त्वरूपसे उपदेश किया गया है । इस प्रकारके उपदेश देनेवाले अक्षपाद ऋषिको वीतराग कहना अंधकारको प्रकाश कहनेके समान होनेसे हास्यास्पद है ॥ यह श्लोकका अर्थ है ॥ १० ॥

भावार्थ—इस श्लोकमें यौग नामसे कहे जानेवाले नैयायिकोंके प्रमाण प्रमेय आदि पदार्थोंका खण्डन

१—पं० दरबारीलाल न्यायतीर्थ—न्यायप्रदीप पृ. ८९-९३

अधुना मीमांसकभेदाभिमतं वेदविहितहिंसाया धर्महेतुत्वमुपपत्तिपुरःसरं निरस्यन्नाह–

न धर्महेतुर्विहितापि हिंसा नोत्सृष्टमन्यार्थमपोद्यते च ।
स्वपुत्रघाताद् नृपतित्वलिप्सा सब्रह्मचारि स्फुरितं परेषाम् ॥११॥

इह खल्वर्चिर्मार्गप्रतिपक्षधूममार्गाश्रिता जैमिनीया इत्थमाचक्षते । या हिंसा गार्ध्याद् व्यसनितया वा क्रियते सैवाधर्मानुबन्धहेतुः, प्रमादसंपादितत्वात्, शौनिकलुब्धकादीनामिव । वेदविहिता तु हिंसा प्रत्युत धर्महेतुः देवतातिथिपितॄणां प्रीतिसंपादकत्वात्, तथाविधपूजो

किया गया है। ग्रन्थकारका कहना है कि नैयायिकोके सोलह पदार्थोंमें गिने जानेवाले छल जाति और निग्रहस्थान सर्वथा अनुपादेय हैं इनके ज्ञानसे मुक्ति नहीं हो सकती। तथा मुक्ति प्राप्त करनेके लिये ज्ञान और क्रिया दोनोंकी आवश्यकता होती है केवल सोलह पदार्थोंके ज्ञान मात्रसे मुक्ति सम्भव नहीं।

(१) क—जो पदार्थोंके ज्ञानमें हेतु हो उसे प्रमाण कहते हैं (अर्थोपलब्धिहेतुः प्रमाणम्–वात्स्यायनभाष्य)। ख—सम्यक् अनुभवको प्रमाण कहते हैं (सम्यगनुभवसाधनं प्रमाणम्— भासर्वज्ञकृत-न्यायसार)। नैयायिकोंके ये दोनो प्रमाणके लक्षण दोषपूर्ण हैं क्योंकि नैयायिक लोग इन्द्रिय और पदार्थोंके संनिकर्षको ही प्रमाण मानते हैं इन्द्रिय और पदार्थोंके सम्बन्धसे उत्पन्न होनेवाले प्रत्यक्षके करण ज्ञानको प्रमाण नहीं मानते। परन्तु इन्द्रिय और पदार्थका सन्निकर्ष होनेपर भी ज्ञानका अभाव होनेसे पदार्थोंका ज्ञान नहीं होता। तथा पदार्थोंके ज्ञानमें हेतु को प्रमाण माननेपर यदि निमित्त मात्रको ही हेतु कहा जाय तो कर्ता कर्म आदिको भी प्रमाण मानना चाहिये। यदि हेतु का अर्थ करण हो तो फिर ज्ञानको ही प्रमाण मानना चाहिये क्योंकि ज्ञान ही पदार्थोंके जाननेमें साधकतम है। इसलिये स्वपरव्यवसायिज्ञान प्रमाण ही प्रमाणका निर्दोष लक्षण है।

(२) नैयायिकोके आत्मा शरीर आदिके भेदसे बारह प्रकारके प्रमेयकी मान्यता भी ठीक नहीं है। क्योंकि शरीर आदिका आत्मामें अन्तर्भाव हो जाता है तथा प्रेत्यभाव (पुनर्जन्म) और अपवर्ग (मोक्ष) भी आत्माकी ही अवस्था है। तथा आत्मा प्रमेय नहीं कहा जा सकता क्योंकि वह प्रमाता है। दोष मनकी क्रिया है उसका प्रवृत्तिमें अन्तर्भाव हो जाता है। दुःख और इन्द्रियार्थ फलमें गर्भित हो जाते हैं इसे जयन्तने भी स्वीकार किया है। अतएव द्रव्यपर्यायात्मक वस्तु प्रमेय यही प्रमेयका निर्दोष लक्षण है।

(३) छल जाति और निग्रहस्थान दूसरोंको केवल वचन करनेके साधन हैं इसलिये इन्हें तत्त्व नहीं कहा जा सकता। अतएव इनके ज्ञानसे मोक्षकी प्राप्ति नहीं हो सकती है।

अब मीमांसकसम्मत वेदमें कही हुई हिंसा धर्मका कारण नहीं होती इसका युक्तिपूर्वक खण्डन करते हैं—

श्लोकार्थ—वेद विहित होने पर भी हिंसा धर्मका कारण नहीं है। अन्य कार्यके लिये प्रयुक्त उत्सर्ग वाक्य उस कार्य से भिन्न कार्यके लिये प्रयुक्त वाक्यके द्वारा अपवादका विषय नहीं बनाया जा सकता। दूसरों (अन्य मतानुयायी) का यह प्रयत्न अपने पुत्रको मार कर राजा बननेकी इच्छाके समान है।

व्याख्यार्थ—अर्चि मार्गके प्रतिपक्षी धूममार्गको स्वीकार करने वाले जैमिनीयो (पूर्वमीमांसक) का कथन हिंसाजीवी व्याध आदिकी हिंसाकी तरह लोभ अथवा किसी व्यसनसे की हुई हिंसा ही पापका कारण होती है क्योंकि वह हिंसा प्रमादसे उत्पन्न होती है। वेदोंमें प्रतिपादित हिंसा धर्मका ही कारण है क्योंकि वेदमें अभिहित पूजा उपचारकी तरह वेदोक्त हिंसा भी देव अतिथि

---

१ अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम्। तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः ॥ इत्यर्चिर्मार्गः। अयमेवोत्तरमार्ग इत्यभिधीयते। भगवद्गीता ८-२४।

२ धूमो रात्रिस्तथा कृष्णः षण्मासा दक्षिणायनम्। तत्र चान्द्रमसं ज्योतिर्योगी प्राप्य निवर्तते ॥ इति धूममार्गः। अयमेव दक्षिणमार्ग इत्यप्यभिधीयते। भगवद्गीता ८-२५।

[illegible] । न च तत्प्रीतिसंपादकत्वमसिद्धम् । कारीरीप्रभृतियज्ञानां स्वसाध्ये वृष्ट्यादिफले च अव्यभिचारः, स तत्प्रीणितदेवताविशेषानुग्रहहेतुकः । एवं त्रिपुरार्णवोक्तविधिच्छागलाजुहोमात् परराष्ट्रवशीकृतिरपि तद्नु कूलितदेवताप्रसादसंपाद्या । अतिथिप्रीतिस्तु मधुपर्कसंस्कारादिसमास्वादजा प्रत्यक्षोपलक्ष्यैव । पितॄणामपि तत्तदुपयाचितश्राद्धादिविधानेन प्रीणितानां स्वसन्तानवृद्धिविधानं साक्षादेव वीक्ष्यते । आगमश्चात्र प्रमाणम् । स च देवप्रीत्यर्थमश्वमेध गोमेधनरमेधादिविधानाभिधायकः प्रतीत एव । अतिथिविषयस्तु—"महोक्षं वा महाजं वा श्रोत्रियायोपकल्पयेत् ।" इत्यादि । पितृप्रीत्यर्थस्तु—

"द्वौ मासौ मत्स्यमांसेन त्रीन् मासान् हारिणेन तु ।
औरभ्रेणाथ चतुरः शाकुनेनेह पञ्च तु ॥ इत्यादि ।

एवं पराभिप्रायं हृदि संप्रधार्याचार्य प्रतिविधत्ते न धर्मेत्यादि । विहितापि—वेदप्रतिपादितापि । आस्तां तावदविहिता हिंसा—प्राणिप्राणव्यपरोपणरूपा । न धर्महेतु—न धर्मानुबन्धनिबन्धनम् । यतोऽत्र प्रकट एव स्ववचनविरोध । तथाहि । हिंसा चेद् धर्महेतु कथम्', 'धर्महेतुश्चेद् हिंसा कथम् ।' श्रूयतां धर्मसर्वस्वं श्रुत्वा चैवावधार्यताम् इत्यादि । न हि भवति माता च, वन्ध्या चेति । हिंसा कारणं धर्मस्तु तत्कार्यमिति पराभिप्राय । न चायं निरपाय । यतो यद् यस्यान्वयव्यतिरेकावनुविधत्ते तत् तस्य कार्यम् यथा मृत्पिण्डादेर्घटादिः। न च धर्मो हिंसात एव भवतीति प्रातीतिकम् तपोविधानदानध्यानादीनां तदकारणत्वप्रसङ्गात् ॥

और पितरोंको आनन्द देनेवाली होती है । वेदोक्त हिंसाका आनन्ददायकपना असिद्ध नही है क्योंकि कारीरी (जिस यज्ञके करनेसे वृष्टि होती है) आदि यज्ञोंके करनेसे वृष्टिका होना देखा जाता है । वृष्टि होना यज्ञोंसे प्रसन्न हुए देवता लोगोंके अनुग्रहका ही फल है । अतएव जिस प्रकार कारीरी यज्ञसे देवता लोग प्रसन्न होकर वृष्टि करते हैं उसी तरह वेदोक्त हिंसा भी देवताओंको आनन्द देनेवाली है । इसी प्रकार त्रिपुरार्णव नामक मंत्रशास्त्र सम्बन्धी ग्रन्थमें कहे हुए बकरे और हरिणका मांस होम करनेसे आनन्दित देवताओंकी कृपासे ही दूसरे देश वशमें किये जाते हैं । तथा मधुपर्क (दही घी जल मधु और चीनीसे बना हुआ पदार्थ) से अतिथि लोग प्रसन्न होते हैं । इसी प्रकार पितर भी श्राद्धसे प्रसन्न होकर अपनी सन्तानकी वृद्धि करते हुए देखे जाते हैं । आगममें भी कहा है देवताओंको प्रसन्न करनेके लिये अश्वमेध गोमेध नरमेध आदि यज्ञ करने चाहिये । अतिथिको प्रसन्न करनेके लिए श्रोत्रिय (वेदपाठी) को बड़ा बैल अथवा घोड़ा मार कर देना चाहिये । तथा

मछलीके मांससे दो हरिणके मांससे तीन मेढके मांससे चार और पक्षीके मांससे पाँच मास तक पितरोंकी तृप्ति होती है ।

जैन—वेदोंमें प्रतिपादित प्राणियोंके प्राणोंकी संहारकारक हिंसा धर्मका कारण नहीं हो सकती क्योंकि हिंसाको धर्म प्रतिपादन करना साक्षात् अपने वचनोंका विरोध करना है । क्योंकि जो हिंसा है वह धर्मका कारण नहीं हो सकती और जो धर्मका कारण है उसे हिंसा नहीं कह सकते । कहा भी है— धर्मका सार सुनकर उसे ग्रहण करना चाहिए । (अपने प्रतिकूल बातोंको कभी दूसरोंके लिए न करना चाहिये) । जिस प्रकार कोई स्त्री एक ही समय माता और वन्ध्या दोनों नहीं हो सकती उसी तरह हिंसाका हिंसारूप और धर्म रूप होना परस्पर विरुद्ध है । अतएव हिंसा और धर्मको कारण और कार्य रूपसे प्रतिपादन करनेवाले

१ कं जलमृच्छतीति कारो जलवस्तमीरयति प्रेरयतीति कारीरी । २ मन्त्रशास्त्रविषयको निबन्ध । ३ दधि सर्पि जलं क्षौद्रं सितैताभिस्तु पंचभि प्रोच्यते मधुपर्कस्तु सर्वदेवौघतुष्टये ॥ कालिकापुराण । ४ ऐतरेयब्राह्मणे ४ श्रौतसूत्र । ५ मनुस्मृतौ पञ्चमाध्याये आपस्तम्बगृह्यसूत्र । ६ एकां शाखां सकल्पां वा षड्भिरङ्गैरधीत्य वा । षट्कर्मनिरतो विप्र श्रोत्रियो नाम धर्मवित् ॥ ७ याज्ञवल्क्यस्मृतौ आचाराध्याय १०९ । ८ मनुस्मृति ३-२६८ । ९ श्रूयतां धर्मसर्वस्वं श्रुत्वा चैवोपधार्यताम् । चाणक्यराजनीतिशास्त्रे १-७ ।

अथ न वयं सामान्येन हिंसां धर्महेतुं ब्रूमः, किन्तु विशिष्टामेव। विशिष्टा च सैव या वेदविहिता इति चेत्, ननु तस्या धर्महेतुत्वं किं वध्यजीवानां मरणाभावेन, मरणेऽपि तेषामार्तध्यानाभावात् सुगतिलाभेन वा ? नाद्यः पक्षः। प्राणत्यागस्य तेषां साक्षाद्वीक्ष्यमाणत्वात्। न द्वितीयः। परचेतोवृत्तीनां दुर्लक्षतयार्तध्यानाभावस्य वाङ्मात्रत्वात्। प्रत्युत हा कष्टमस्ति न कोऽपि कारुणिकः शरणम्, इति स्वभाषया विरसमारसत्सु तेषु वदनदैन्यनयनतरलतादीनां लिङ्गानां दर्शनाद् दुर्ध्यानस्य स्पष्टमेव निष्टङ्क्यमानत्वात्॥

अथेत्थमाचक्षीथा यथा अयःपिण्डो गुरुतया मज्जनात्मकोऽपि तनुतरपत्रादिकरणेन संस्कृतः सन् जलोपरि प्लवते यथा च मारणात्मकमपि विषं मन्त्रादिसंस्कारविशिष्टं सद्गुणाय जायते, यथा वा दहनस्वभावोऽप्यग्निः सत्यादिप्रभावप्रतिहतशक्तिः सन् न हि प्रदहति। एवं मन्त्रादिविधिसंस्काराद् न खलु वेदविहिता हिंसा दोषपोषाय। न च तस्याः कुत्सितत्वं शङ्कनीयम्। तत्कारिणां याज्ञिकानां लोके पूज्यत्वदर्शनादिति। तदेतद् न दक्षाणां क्षमते क्षोदम्। वैधर्म्येण दृष्टान्तानामसाधकतमत्वात्। अयःपिण्डादयो हि पत्रादिभावान्तरापन्नाः सन्तः सलिलतरणादिक्रियासमर्थाः। न च वैदिकमन्त्रसंस्कारविधिनापि विशस्यमानानां पशूनां काचिद् वेदनानुत्पादादिरूपा भावान्तरापत्तिः प्रतीयते। अथ तेषां वधानन्तरं देवत्वा-

---

मीमांसकोंका मत निर्दोष नहीं है। जो जिसके अन्वय और व्यतिरेकसे संबद्ध होता है वह उसका कार्य होता है जैसे मिट्टीका पिंड और घडा दोनोंमें अन्वय-व्यतिरेक संबंध है इसलिये घडा मिट्टीके पिंडका कार्य है। परन्तु जिस प्रकार मिट्टीके पिंड होनेपर ही घट होता है वैसे ही हिंसाके होनेपर धर्म होता है ऐसा अनुभवमें नहीं आता। क्योंकि केवल हिंसाको धर्म माननेपर अहिंसा रूप तप ध्यान दान आदि धर्मके कारण नहीं कहे जा सकते।

शंका—हम लोग सामान्य हिंसाको धर्म नहीं मानते किंतु विशिष्ट हिंसाको ही धर्म कहते हैं। वेदमें प्रतिपादित हिंसा विशिष्ट हिंसा है। समाधान—आप लोग हिंसाको धर्म क्यों कहते हैं ? वध किये जाने वाले प्राणियोंका मरण नहीं होता क्या इसलिये हिंसा धर्म है ? अथवा प्राणियोंके मरणके समय उनके परिणामोंमें आर्तध्यान न होनेसे उन्हें स्वर्ग प्राप्त होता है इसलिये हिंसा धर्म है ? यदि कहो कि वेदोक्त विधिसे प्राणियोंको मारनेपर उनका मरण नहीं होता तो यह ठीक नहीं। क्योंकि प्राणियोंका मरण प्रत्यक्ष देखनेमें आता है। यदि कहो कि वेदोक्त विधिसे प्राणियोंके मारे जानेपर उनके आर्तध्यान नहीं होता तो यह भी केवल कथन मात्र है। क्योंकि कोई भी करुणाशील व्यक्ति हमारा रक्षक नहीं इस हृदयद्रावक भाषासे आक्रन्दन करते हुए प्राणियोंके मुखकी दीनता नेत्रोंकी चंचलता आदिसे उनके दुर्ध्यानका स्पष्ट रूपसे पता लगता है।

शंका—जिस प्रकार भारी लोहपिंड पानीमें डूबनेवाला होनेपर भी हलके-हलके पत्तरोंके रूपमें परिणत होकर जहाजके रूपमें पानीके ऊपर तैरता है अथवा जिस तरह मंत्रके प्रभावसे मारक विष भी शरीरको आरोग्य प्रदान करता है अथवा जिस तरह दहनशील अग्नि सत्य आदिके प्रभावसे दहन स्वभावको छोड देती है उसी तरह मंत्रादि विधिसे वेदोक्त हिंसा भी पापबंधका कारण नहीं होती। यह वेदोक्त हिंसा निन्दनीय भी नहीं कही जा सकती क्योंकि इस हिंसाके कर्त्ता याज्ञिक लोग संसारमें पूज्य दृष्टिसे देखे जाते हैं। समाधान—यह कथन परीक्षणकी कसौटीपर ठीक नहीं उतरता। क्योंकि पूर्वपक्ष द्वारा दिये गये दृष्टान्त वैधर्म्यके कारण साधकतम नियमसे साध्य की सिद्धि करनेवाले नहीं होते। यहाँ लोहपिंड आदिके दृष्टांत विषम हैं इसलिये इन दृष्टांतोंसे साध्यकी सिद्धि नहीं होती। क्योंकि जिस प्रकार लोहपिंड पत्र आदिरूप अवस्थान्तरको प्राप्त होकर ही जहाजके रूपमें पानीपर तैरने आदिकी क्रिया करनेमें समर्थ होता है उस तरह वैदिक विधिसे मंत्रोंके संस्कार द्वारा मारे जाते हुए प्राणियोंकी वेदनाकी अनुत्पत्ति रूप परिणति देखनेमें नहीं आती। यदि आप कहें कि वेदोक्त विधिसे वध किये जानेवाले प्राणियोंको स्वर्गकी प्राप्ति रूप परिणति देखनेमें

पश्चिमोवान्तरमस्त्येवेति चेत् किमत्र प्रमाणम् । न तावत् प्रत्यक्षम् । तस्य सम्बद्धवर्तमानार्थ ग्राहकत्वात् । 'सम्बद्ध वर्तमानं च गृह्यते चक्षुरादिना ।'[1] इति वचनात् । नाप्यनुमानम् । तत्प्रतिबद्धलिङ्गानुपलब्धे । नाप्यागम । तस्यापि विवादास्पदत्वात् । अर्थापत्त्युपमानयो स्त्वनुमानान्तर्गततया तद्दूषणेनैव गतार्थत्वम् ॥

अथ भवतामपि जिनायतनादिविधाने परिणामविशेषात् पृथिव्यादिजन्तुजातघातन मपि यथा पुण्याय कल्पते इति कल्पना, तथा अस्माकमपि किं नेष्यते । वेदोक्तविधिविधान रूपस्य परिणामविशेषस्य निर्विकल्प तत्रापि भावात् । नैवम् । परिणामविशेषोऽपि स एव शुभ फलो यत्रानन्योपायत्वेन यतनयाप्रकृष्टप्रतनुचतन्यानां पृथिव्यादिजीवानां वधेऽपि स्वल्पपुण्य व्ययेनापरिमितसुकृतसम्प्राप्ति न पुनरितर । भवत्पक्षे तु सत्स्वपि तत्तच्छ्रुतिस्मृतिपुराणेति हासप्रतिपादितेषु स्वर्गावाप्त्युपायेषु तांस्तान देवानुद्दिश्य प्रतिप्रतीक कृतनकदर्थनया कान्दि शीकान् कृपणपञ्चेन्द्रियान् शौनिकाधिकं मारयतां कृत्स्नसुकृतव्ययेन दुर्गतिमेवानुकूलयतां दुर्लभ शुभपरिणामविशेषः । एव च य कञ्चन पदार्थं किञ्चित्साधर्म्यद्वारेणव दृष्टान्तीकुर्वतां भवतामति प्रसङ्ग सङ्गच्छते ॥

न च जिनायतनविधापनादौ पृथिव्यादिजीववधेऽपि न गुण । तथाहि तद्दर्शनाद् गुणानु रागितया भव्यानां[2] बोधिलाभ पूजातिशयविलोकनादिना च मन प्रसाद तत समाधि ततश्च क्रमेण नि श्रेयसप्राप्तिरिति । तथा च भगवान् पञ्चलिङ्गीकार —

जाती है तो इस कथनमे कोई प्रमाण नही है । प्राणियोकी स्वर्ग प्राप्ति प्रत्यक्ष प्रमाणसे नही जानी जा सकती क्योंकि प्रत्यक्ष केवल चक्षु आदि इन्द्रियोसे सम्बद्ध वर्तमान पदार्थको ही जानता है । कहा भी है प्रत्यक्ष चक्षु आदिसे सम्बद्ध वर्तमान पदार्थको ही जानता है । अनुमानसे भी प्राणियोकी स्वर्ग प्राप्ति सिद्ध नही होती क्योकि वधके अनन्तर देवत्वकी प्राप्ति साध्यके साथ अविनाभावी हेतुकी उपलब्धि नही होती । आगमके विवादास्पद होनेसे आगमसे भी इसकी सिद्धि नही हो सकती । अर्थापत्ति और उपमान अनुमानमे ही गर्भित हो जाते हैं (जैनोकी दृष्टिमे) इसलिये अर्थापत्ति और उपमान प्रमाणसे भी वेदोक्त रीतिसे वध किये हुए प्राणियोकी स्वर्ग प्राप्ति सिद्ध नही की जा सकती ।

शंका—जिस प्रकार जैनमतमे पृथिवी आदि जीवोका घात होनेपर भी परिणाम विशेषके कारण जैन मन्दिरोका निर्माण पुण्यरूप ही माना जाता है उसी तरह वेदविहित हिंसामे वेदका विधि विधानरूप विशिष्ट परिणामोका सद्भाव होनेसे वह पुण्यका कारण होती है । समाधान—यह ठीक नही है । क्योकि मंदिरोके निर्माण करनेमे उपायान्तर न होनेके कारण सावधानीपूर्वक प्रवृत्त होते हुए भी अत्यंत अल्प ज्ञानके धारक पृथिवी आदि जीवोका वध अनिवार्य है तथा पृथिवी आदिके वध करनेपर अल्प पुण्यके नाश होनेसे अपरिमित पुण्यकी प्राप्ति होती है । परन्तु आप लोगोके मतमे श्रुति स्मृति पुराण इतिहासमे यम नियमादि से स्वर्गकी प्राप्तिका प्रतिपादन किया गया है तथा उन उन देवी देवताओके उद्देश्यसे प्रत्येक मूर्तिके समक्ष अपने शरीरके काटे जानेके भयसे विह्वल निस्सहाय पचेन्द्रिय जीवोको कसाईसे भी अधिक क्रूरतासे मारने वाले पुरुषोके समस्त पुण्यके नष्ट हो जानेके कारण दुर्गतिका ले जानेवाले परिणामोको शुभ परिणाम कहना दुर्लभ है । अतएव थोडा-बहुत सादृश्य देखकर दृष्टात बनानेसे आपके मतमे अतिप्रसंग उपस्थित होता है ।

तथा पृथिवी आदि जीवोके वध होनेपर भी जिनमंदिरके निर्माणमे पुण्य ही होता है । क्योकि मंदिरमे जिनप्रतिमाके दर्शनसे गुणानुरागी होनेके कारण भव्य पुरुषोको सम्यक्त्वकी प्राप्ति होती है भगवानके पूजा विशयके विलोकनसे मन प्रफुल्लित होता है मनकी प्रफुल्लतासे समता भाव जागृत होता है और समता भावसे क्रमश मोक्षकी प्राप्ति होती है । पचलिंगाकार भगवान जिनेश्वरसूरिने कहा भी है—

१ मीमासाश्लोकवार्तिके ४-८४ । २ सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रपरिणामेन भविष्यतीति भव्य । ३ बोधन बोधि सम्यक्त्व प्रेत्यजिनधर्मावाप्तिर्वा । ४ सम्यग्दर्शनादिका मोक्षपद्धति ।

"पुढवाइयाण जइवि हु होइ विणासो जिणालयाहिन्तो ।
तव्विसया वि सुदिट्ठिस्स णियमओ अत्थि अणुकंपा ॥१॥
एयाहिंतो बुद्धा विरया रक्खन्ति जेण पुढवाई ।
इत्तो निव्वाणगया अबाहिया आभवमिमाण ॥२॥
रोगिसिरावेहो इव सुविज्जकिरिया व सुप्पउत्ताओ ।
परिणामसुदरच्चिय चिट्ठा से बाहजोगे वि ॥३॥

इति । वैदिकवधविधाने तु न कञ्चि पुण्यार्जनानुगुण गुण पश्याम । अथ विप्रेभ्य पुरोडाशादिप्रदानेन पुण्यानुबन्धी गुणोऽस्त्येव इति चेत् । न । पवित्रसुवर्णादिप्रदानमात्रेणैव पुण्योपार्जनसम्भवात् । कृपणपशुगणव्यपरोपणसमुत्थ मांसदान केवल निघृणत्वमेव व्यनक्ति । अथ न प्रदानमात्रं पशुवधक्रियाया फल किन्तु भूत्यादिकम् । यदाह श्रुतिः— 'श्वेत वायव्यमजमालभेत भूतिकाम [3]इत्यादि । एतदपि व्यभिचारपिशाचग्रस्तत्वादप्रमाणमेव । भूतेश्चौपयिकान्तरैरपि साध्यत्वात् । अथ तत्र सत्र हूयमानानां छागादीनां प्रत्यसद्गतिप्राप्तिरूपोऽस्त्येवोपकार इति चेत् । वाङ्मात्रमेतत् । प्रमाणाभावात् । न हि ते निहता पशव सद्गतिलाभमुदितमनस कस्मैचिदागत्य तथाभूतमात्मान कथयन्ति । अथास्त्यागमाख्य प्रमाणम् । यथा—

यद्यपि जिनमदिरके निर्माणम जमीन खोदने इट तैयार करने तथा जल सिंचन आदिके कारण पथिवी जल अग्नि वायु वनस्पति और त्रस जीवोका घात होता है तो भी सम्यग्दृष्टी के पृथिवी आदि जीवोके प्रति दयाका भाव रहता ही ह ॥१॥

जिनप्रतिमा आदिके दशनसे तत्त्वज्ञानको प्राप्त करनवाले जीव पथिवी आदि जीवोंकी रक्षा करते हैं मोक्षगमन करते ह और यावज्जीवन अबाधित रहते हैं ॥२॥

जिस प्रकार किसी रोगीको अच्छा करनके लिए रोगीकी नसका छदना उसे लघन कराना कटक औषधि देना आदि प्रयोग शभ परिणामोंसे ही किये जात ह उसी प्रकार पृथिवी आदिका वध करके भी जिन मदिरके निर्माण करनेमें पुण्य ही होता है ॥३॥

परन्तु वदोक्त हिंसाम हम कोई पुण्योपाजनका कारण नही देखते । यदि कहो कि वेदोक्त वधके अवसरपर ब्राह्मणोको पुरोडाश (होमके बाद बचा हुआ द्रव्य) आदि देनसे पुण्य होता है तो यह भी ठीक नही । क्योकि पवित्र सुवण आदिके दान देनसे ही पुण्य हो सकता है मूक पशुओके मासका दान करना केवल निदयताका ही द्योतक ह । यदि कहो कि वेदोक्त रीतिसे पशवध करनका फल केवल ब्राह्मणोको पशुओके मासका दान करना नही किन्तु उससे विभूतिकी प्राप्ति होती ह । क्योकि श्रुतिम भी कहा ह एश्वय प्राप्त करनकी इच्छा रखनवाले पुरुषको वायु-देवताके लिये श्वेत बकरेका यज्ञ करना चाहिए आदि—यह भी व्यभिचार पिशाचसे ग्रस्त होनके कारण ठीक नही ह । क्योकि ऐश्वर्यकी प्राप्ति अन्य उपायोसे भी हो सकती है । यदि कहो कि यज्ञम मारे जानेवाले बकरे आदि परलोकम स्वर्ग प्राप्त करते हैं इसलिये प्राणियोका उपकार होता ह यह भी ठीक नही । क्योकि बकरे आदि यज्ञम वध किये जानेके बाद स्वगको प्राप्त करते हैं इसमें कोई प्रमाण नही हैं । क्योकि मरनेके बाद स्वगमें गये हुए पशु स्वगसे आकर प्रसन्न मनसे वहांके समाचारोंको नही सुनाते । यदि आप कह कि आगमम लिखा है—

१ छाया—पृथिव्यादीनां यद्यपि भवत्येव विनाशो जिनालयादिभ्य । तद्विषयापि सुदृष्टेर्नियमतोऽस्त्यनुकम्पा ॥
एताभ्यो बुद्धा विरता रक्षन्ति येन पृथिव्यादीन् । अतो निर्वाणगता अबाधिता आभवमषाम ॥
रोगिशिरावेध इव सुवैद्यक्रिया इव सुप्रयुक्ता तु । परिणामसुन्दर इव चेष्टा सा बाधायोगेऽपि ॥
जिनेश्वरसूरिकृतपञ्चलिङ्गीप्रन्थे ५८-५९-६० ।

२ पुरो दाश्यते इति पुरोडाशो हुतद्रव्यावशिष्टम् । यवचूर्णनिर्मितरोटिकाविशेष । ३ शतपथब्राह्मणे ।

"औषध्यः पशवो वृक्षास्तिर्यञ्चः पक्षिणस्तथा।
यज्ञार्थं निधनं प्राप्ताः प्राप्नुवन्त्युच्छ्रितं पुनः" ॥[1]

इत्यादि। नैवम्। तस्य पौरुषेयापौरुषेयविकल्पाभ्यां निराकरिष्यमाणत्वात्॥

न च श्रौतेन विधिना पशुविशसनविधायिनां स्वर्गावाप्तिरुपकार इति वाच्यम्। यदि हि हिंसयाऽपि स्वर्गप्राप्तिः स्यात्, तर्हि बाढं पिहिता नरकपुरप्रतोल्यः। शौनिकादीनामपि स्वर्गप्राप्तिप्रसङ्गात्। तथा च पठन्ति परमार्षाः —

'यूपं छित्त्वा पशून् हत्वा कृत्वा रुधिरकर्दमम्।
यद्येवं गम्यते स्वर्गे नरके केन गम्यते' ॥[2]

किञ्च, अपरिचितास्पष्टचैतन्यानुपकारिपशुहिंसनेनापि यदि त्रिदिवपदवीप्राप्तिः, तदा परिचितस्पष्टचैतन्यपरमोपकारिमातापित्रादिव्यापादनेन यज्ञकारिणामधिकतरपदप्राप्तिः प्रसज्यते। अथ अचिन्त्यो हि मणिमन्त्रौषधीनां प्रभावः इति वचनाद् वैदिकमन्त्राणामचिन्त्यप्रभावत्वात् तत्संस्कृतपशुवधे संभवत्येव स्वर्गप्राप्तिः, इति चेत्। न। इह लोके विवाहगर्भाधानजातकर्मादिषु तन्मन्त्राणां व्यभिचारोपलम्भाद् अदृष्टे स्वर्गादावपि तद्व्यभिचारोऽनुमीयते। दृश्यन्ते हि वेदोक्तमन्त्रसंस्कारविशिष्टेभ्योऽपि विवाहादिभ्योऽनन्तरं वैधव्यमल्पायुष्कतादारिद्र्याद्युपद्रवविधुराः परःशताः। अपरे च मन्त्रसंस्कारं विना कृतेभ्योऽपि तेभ्योऽनन्तरं तद्विपरीताः। अथ तत्र क्रियावैगुण्यं विसंवादहेतुः इति चेत्। न। संशयानिवृत्तेः। किं तत्र क्रियावैगुण्यात् फले विसंवादः किं वा मन्त्राणामसामर्थ्याद् इति न निश्चयः। तेषां फलेनाविनाभावासिद्धेः॥

'औषधि पशु वृक्ष तिर्यंच और पक्षी यज्ञमें निधनको प्राप्त होकर उच्च गतिको प्राप्त करते हैं।' इत्यादि।

अतएव आगमसे इसकी प्रमाणता सिद्ध होती है यह भी ठीक नहीं। क्योंकि आगम पौरुषेय है या अपौरुषेय? इन विकल्पोंके द्वारा आपके द्वारा मान्य आगमका आगे निराकरण किया जायगा। (देखिये इसी कारिकाकी व्याख्या)।

वेदोक्त विधिसे पशुओंको मारनेसे स्वर्गकी प्राप्ति रूप उपकार होता है यह कथन सत्य नहीं है। क्योंकि यदि हिंसासे स्वर्गकी प्राप्ति होने लगे तो नरकद्वारके मुख्य मार्गको बन्द ही कर देना होगा और संसारके सभी कसाई स्वर्गमें पहुँच जायँगे। सांख्य लोगोंने कहा भी है—

यदि यूप (यज्ञमें पशुओंको बाँधनेकी लकड़ी) को काट करके पशुओंका वध करके और रक्तसे पृथ्वीका सिंचन करके स्वर्गकी प्राप्ति हो सकती है तो फिर नरक जानेके लिए कौन-सा मार्ग बचेगा?

तथा यदि अपरिचित और अस्पष्ट चेतनायुक्त तथा किसी प्रकारका उपकार न करनेवाले मूक प्राणियोंके वधसे भी स्वर्गकी प्राप्ति होना सम्भव है तो परिचित और स्पष्ट चेतनायुक्त तथा महान् उपकार करनेवाले अपने माता पिताके वध करनेसे याज्ञिक लोगोंको स्वर्गसे भी अधिक फल मिलना चाहिए। यदि आप कहें कि मणि मन्त्र और औषधका प्रभाव अचिन्त्य होता है इसलिए वैदिक मन्त्रोंका भी अचिन्त्य प्रभाव है अतएव मन्त्रोंसे संस्कृत पशुओंका वध करनेसे पशुओंको स्वर्ग मिलता है तो यह भी ठीक नहीं। क्योंकि इस लोकमें विवाह गर्भाधान और जातकर्म आदिमें उन मन्त्रोंका व्यभिचार पाया जाता है तथा अदृष्ट स्वर्ग आदिमें उस व्यभिचारका अनुमान किया जाता है। देखा जाता है कि वैदिक विधिके अनुसार विवाह आदिके किये जानेपर भी स्त्रियाँ विधवा हो जाती हैं तथा सकड़ों मनुष्य अल्पायु दरिद्रता आदि उपद्रवोंसे पीड़ित रहते हैं। तथा विवाह आदिके वैदिक मन्त्र विधिसे सम्पादित न होनेपर भी अनेक स्त्री-पुरुष आनन्दसे जीवन यापन करते हैं इसलिए वैदिक मन्त्रोंसे संस्कृत वध किये जानेवाले पशुओंको स्वर्गकी प्राप्ति स्वीकार करना ठीक नहीं है। यदि आप कहें कि मन्त्र अपना पूरा असर दिखाते हैं लेकिन यदि मन्त्रोंकी ठीक-ठीक विधि नहीं

१ मनुस्मृती ५-४०। २ सांख्याः।

अथ यथा युष्मन्मते "आरोग्गबोहिलाभं समाहिवरमुत्तमं दिंतु"[1] इत्यादीनां वाक्यानां लोकान्तर एव फलमिष्यते, एवमस्मदभिमतवेदवाक्यानामपि नेह जन्मनि फलमिति किं न प्रतिपद्यते। अतश्च विवाहादौ नोपालम्भावकाश, इति चेत्। अहो वचनवैचित्री। यथा वर्तमानजन्मनि विवाहादिषु प्रयुक्तैर्मन्त्रसंस्कारैरागामिनि जन्मनि तत्फलम्, एव द्वितीयादि जन्मान्तरेष्वपि विवाहादीनामेव प्रवृत्तिधर्माणां पुण्यहेतुत्वाङ्गीकारेऽनन्तभवानुसन्धानं प्रसज्यते। एव च न कदाचन संसारस्य परिसमाप्ति। तथा च न कस्यचिदपवर्गप्राप्ति। इति प्राप्तं भवदभिमतवेदस्यापर्यवसितसंसारवल्लरीमूलकन्दत्वम्। आरोग्यादिप्रार्थना तु असत्याऽमृषा भाषा परिणामविशुद्धिकारणत्वाद् न दोषाय। तत्र हि भावारोग्यादिकमेव विवक्षितम्, तच्च चातुर्गतिकससारलक्षणभावरोगपरिक्षयस्वरूपत्वाद् उत्तमफलम्। तद्विषया च प्रार्थना कथमिव विवेकिनामनादरणीया। न च तज्जन्यपरिणामविशुद्धेस्तत्फलं न प्राप्यते। सर्ववादिनां भावशुद्धेरपवर्गफलसम्पादनेऽविप्रतिपत्तेरिति॥

की जाय तो मन्त्रोंका असर नही रहता यह कथन भी ठीक नही। इससे सशयकी निवृत्ति नहीं होती। क्योंकि मन्त्रोकी विधिमें वगुण्य होनसे मन्त्रोका प्रभाव नष्ट हो जाता है अथवा स्वयं मन्त्रोम ही प्रभाव दिखानेको असमथता ह यह कैसे निश्चय हो? मन्त्रोके फलसे अविनाभावकी सिद्धि नही होती।

शका—जिस प्रकार जनमतम आरोग्य सम्यक्त्व तथा समाधिको प्रदान करो इत्यादि स्तुतियोसे दूसरे लोकम फल प्राप्ति कही जाती है उसी तरह हमारे माने हुए वेद-वाक्योका और विवाह आदि मन्त्रोंका भी परलोकमें ही फल मिलता ह। समाधान—यदि आप लाग इस जन्मम विवाह आदिम प्रयुक्त मन्त्रोंका फल आगामी भवमें स्वीकार करते हैं तो यह आपके वचनोको विचित्रता है और इस तरह तो दूसरे तीसरे आदि अनेक भवोंमें मन्त्रके सस्कारोंका फल मान लेनेसे अनन्त भवोकी उत्पत्ति माननी होगी और इस तरह कभी ससारका अन्त न होनसे किसीको भी मोक्ष न मिलेगा। इस प्रकार आपके द्वारा मान्य वेदको अनन्त ससारवल्लरीका मूल मानना होगा। तथा हम लोग जो आरोग्यलाभ आदिकी प्रार्थना करत हैं वह असत्यअमृषा (व्यवहार) भाषा द्वारा परिणामोकी विशुद्धि करनके लिए है दोषके लिए नहीं। (असत्यअमृषा भाषा आमन्त्रणी आज्ञापनी याचनी प्रच्छनी प्रज्ञापनी प्रत्याख्यानी इच्छानुकूलिका अनभिगृहीता अभिगृहीता सदेहकारिणी व्याकृता अव्याकृताके भेदसे बारह प्रकारकी बताई गयी है। (१) ह देव यहाँ आओ इस प्रकारके वचनोको आमन्त्रणी भाषा कहते हं। (२) तुम यह करो इस प्रकारके आज्ञासूचक वचन कहना आज्ञापनी भाषा है। (३) यह दो इस प्रकार याचनाके सूचक वचन बोलना याचनी भाषा है। (४) अज्ञात अथको पूछना प्रच्छनी भाषा है। (५) जीव हिंसासे निवृत्त होकर चिरायुका उपभोग करते ह इस प्रकार शिष्योके उपदेशसूचक वचनोका कहना प्रज्ञापनी भाषा है। (६) माँगनेवालेको निषेध करनेवाले वचनोका बोलना प्रत्याख्यानी भाषा है। (७) किसी कार्यम अपनी अनुमति देनेको इच्छानुकूलिका भाषा कहते हैं। (८) बहुतसे कार्योंमें जो तुम्हे अच्छा लगे वह करो इस प्रकारके वचनोको अनभिगृहीता भाषा कहते है। (९) बहुतसे कार्योंम अमुक काय करना चाहिए और अमुक नही इस प्रकार निश्चित वचनोके बोलनेको अभिगृहीता भाषा कहते हैं। (१०) सशय उत्पन्न करनेवाली भाषाको सदेहकारिणी भाषा कहते हं जसे सधव कहनेपर सिंधा नमक और घोड़ा दोनो पदार्थोंमें सशय उत्पन्न होता है। (११) जिससे स्पष्ट अर्थका ज्ञान हो वह व्याकृता भाषा है। (१२) गम्भीर अथवा अस्पष्ट अर्थको बतानेवाले वचनोको अव्याकृता भाषा कहते हैं। गोम्मटसार आदि दिगम्बर ग्रन्थोंमें असत्यअमृषा भाषाके नौ

१ छाया—आरोग्य बोधिलाभं समाधिवरमुत्तमं ददतु। आवश्यके २४-६।

२ आमन्त्रणी आज्ञापनी याचनी प्रच्छनी प्रज्ञापनी प्रत्याख्यानी इच्छानुकूलिका अनभिगृहीता अभिगृहीता संदेहकारिणी व्याकृता अव्याकृता इति द्वादशविधा असत्याऽमृषाभाषा लोकप्रकाशे तृतीयसर्गे योगाधिकारे।

न च वेदनिवेदिता हिंसा न कुत्सिता। सम्यग्दर्शनज्ञानसम्पन्नैरर्चिमार्गप्रपन्नैर्वेदान्त वादिभिश्च गर्हितत्वात्। तथा च तत्त्वदर्शिन पठन्ति—

'देवोपहारव्याजेन यज्ञव्याजेन येऽथवा।
घ्नन्ति जन्तून् गतघृणा घोरां ते यान्ति दुर्गतिम् ॥

वेदान्तिका अप्याहु—

अन्धे तमसि मज्जाम पशुभिर्य यजामहे।
हिंसा नाम भवेद्धर्मो न भूतो न भविष्यति'॥

तथा 'अग्निर्मामेतस्माद्धिंसाकृतादेनसो मुञ्चतु छान्दसत्वाद् मोचयतु इत्यर्थ । इति।

व्यासेनाप्युक्तम्—

ज्ञानपालिपरिक्षिप्ते ब्रह्मचर्यदयाम्भसि।
स्नात्वाऽतिविमले तीर्थे पापपङ्कापहारिणि॥ १॥
ध्यानाग्नौ जीवकुण्डस्थे दममारुतदीपिते।
असत्कर्मसमित्क्षेपैरग्निहोत्रं कुरूत्तमम्॥ २॥
कषायपशुभिर्दुष्टैर्धर्मकामार्थनाशकै ।
शममन्त्रहुतैर्यज्ञं विधेहि विहितं बुधै ॥३॥
प्राणिघातात् तु यो धर्ममीहते मूढमानस ।
स वाञ्छति सुधावृष्टिं कृष्णाहिमुखकोटरात्॥४॥

भेद बताये गये हैं—देखिये गोम्मटसार जीवकाण्ड २२४–२२५)। आरोग्य आदिकी प्रार्थना करनेसे हमारा अभिप्राय केवल चतुर्गति रूप संसारके भाव रोगोंको दूर करनेका है वही उत्तम फल है। इस भाव-आरोग्यकी प्रार्थनासे परिणामोकी विशुद्धि होती है अतएव विवेकीजन उसका अनादर नहीं कर सकते। ऐसी बात नहीं कि उससे उत्पन्न परिणामोकी विशुद्धिसे उसका फल प्राप्त न हो। सभी वादी लोग भावोकी शुद्धिसे ही मोक्ष फलकी प्राप्ति मानते हैं।

तथा ऐसी बात नहीं है कि वेदोक्त हिंसा निंदनीय नहीं। सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञानसे सम्पन्न ज्ञान मार्गके अनुयायी वेदान्तियोने भी हिंसाकी निंदा की है। तत्त्वदर्शी लोगोंने कहा है—

जो निर्दय पुरुष देवताओंको प्रसन्न करनेके लिये अथवा यज्ञके बहाने पशुओंका वध करते हैं वे लोग दुर्गतिमें पड़ते हैं।

वेदान्तियोने भी कहा है—

यदि हम पशुओंसे यज्ञ करें तो घोर अंधकारमें पड़ें। अतएव हिंसा न कभी धर्म हुआ न है और न होगा।

तथा— अग्नि-देवता इस हिंसाजन्य पापसे मुझे मुक्त करो। वैदिक प्रयोग होनेसे मुक्त करो यह अर्थ किया गया है।

व्यासने कहा है—

ज्ञानरूपी दीवारसे परिवेष्टित ब्रह्मचर्य और दयारूपी जलसे पूर्ण पापरूपी कीचड़को नष्ट करनेवाले अत्यन्त निर्मल तीर्थमें स्नान करके॥१॥

जीवरूपी कुण्डमें दमरूपी पवनसे उद्दीपित ध्यानरूपी-अग्निमें अशुभ कर्मरूपी काष्ठकी आहुति देकर उत्तम अग्निहोत्र यज्ञ करो॥२॥

धर्म काम और अर्थको नष्ट करनेवाले दुष्ट कषायरूपी-पशुओंका शम मंत्रोंसे यज्ञ करो ऐसा पण्डितोंने कहा है॥३॥

जो मूढ़ पुरुष प्राणियोंका वध करके धर्मकी कामना करते हैं वे काले सर्पकी खोहसे अमृतकी वर्षा चाहते हैं॥४॥

इत्यादि[1] ॥

यच्च याज्ञिकानां लोकपूज्यत्वोपलम्भादित्युक्तम्। तदप्यसारम्। अबुधा एव पूजयन्ति तान् न तु विविक्तबुद्धयः। अबुधपूज्यता तु न प्रमाणम्। तस्याः सारमेयादिष्वप्युपलम्भात्। यदप्यभिहितं देवतातिथिपितृप्रीतिसंपादकत्वाद् वेदविहिता हिंसा न दोषायेति। तदपि वितथम्। यतो देवानां संकल्पमात्रोपनताभिमताहारपुद्गलरसास्वादसुहितानां वैक्रियशरीरत्वाद्[2] युष्मदावर्जितजुगुप्सितपशुमांसाद्याहुतिप्रगृहीतौ इच्छैव दुःसंभवा। औदारिकशरीरिणामेव[3] तदुपादानयोग्यत्वात्। प्रक्षेपाहारस्वीकारे च देवानां मन्त्रमयदेहत्वाभ्युपगमबाधः। न च तेषां मन्त्रमयदेहत्वं भवत्पक्षे न सिद्धम्। चतुर्थ्यन्तं पदमेव देवता इति जैमिनिवचनप्रामाण्यात्। तथा च मृगेन्द्रः—

"शब्देतरत्वे युगपद् भिन्नदेशेषु यष्टृषु।
न सा प्रयाति सांनिध्यं मूर्तत्वादस्मदादिवत्॥"

सेति देवता। हूयमानस्य च वस्तुनो भस्मीभावमात्रोपलम्भात् तदुपभोगजनिता देवानां प्रीतिः प्रलापमात्रम्। अपि च योऽयं त्रेताग्निः[4] स त्रयस्त्रिंशत्कोटिदेवतानां मुखम्। "अग्निमुखा वै देवाः"[5] इति श्रुतेः। ततश्चोत्तममध्यमाधमदेवानामेकेनैव मुखेन भुञ्जानानां

इत्यादि।

तथा आपने जो याज्ञिक पुरुषोंको लोकमें पूज्य बताया वह भी ठीक नहीं है। क्योंकि मूर्ख ही याज्ञिकोंकी पूजा करते हैं पण्डित नहीं। तथा मूर्खोंके द्वारा याज्ञिकोंका पूजा जाना प्रमाण नहीं कहा जा सकता क्योंकि कुत्ते आदि भी लोकमें पूजे जाते हैं। तथा आपने जो कहा कि वेदोक्त हिंसा देवता अतिथि और पितरोंको प्रसन्न करती है अतएव वह निर्दोष है यह कथन भी निस्सार है। क्योंकि देव वैक्रियक शरीरके धारक होते हैं अतएव वे अपने संकल्प मात्रसे किसी भी इष्ट पदार्थको उत्पन्न कर उसके पुद्गलोंका रसा-स्वादन कर सकते हैं। इसलिये ग्लानि युक्त आप लोगोंकी दी हुई पशुके मांस आदिकी आहुति ग्रहण करनेकी इच्छा भी वे नहीं कर सकते। औदारिक (स्थूल) शरीरवाले प्राणी ही इस आहुतिको ग्रहण कर सकते हैं। यदि आप देवोंको यज्ञकी अग्निमें आहुतिमें प्रक्षिप्त आहारका भक्षक स्वीकार करेंगे तो देवोंको मंत्रमय शरीरके धारक नहीं कह सकते। परन्तु आपने देवोंको मंत्रमय शरीरके धारक स्वीकार किया है। जैमिनी ऋषिने कहा भी है— देवताओंके लिए चतुर्थीका ही प्रयोग करना चाहिये। (पूर्व मीमांसकोंने ईश्वरका अस्तित्व नहीं माना है। उनके मतमें आहुति दिये जानेवाले देवताओंको छोड़ कर दूसरे देवोंका अस्तित्व नहीं है)। मृगेन्द्रने भी कहा है—

यदि देवता मंत्रमय शरीरके धारक न होकर हम लोगोंकी तरह मूर्त शरीरके धारक हों तो जैसे हम एक साथ बहुत स्थानोंमें नहीं जा सकते उसी प्रकार देवता भी एक साथ सब यज्ञोंमें उपस्थित नहीं हो सकेंगे।

उपर्युक्त श्लोकमें सा का प्रयोग देवताके अर्थमें हुआ है। होम किये हुए पदार्थ भस्म हो जाते हैं और उन पदार्थोंके उपभोगसे देव प्रसन्न होते हैं यह कथन प्रलापमात्र है। तथा आपने त्रेता अग्नि (दक्षिण अग्नि आहवनीय अग्नि और गार्हपत्य अग्नि) को तेतीस करोड़ देवताओंका मुख स्वीकार किया है। श्रुतिमें

---

१ अथ यद्यज्ञ इत्याचक्षते ब्रह्मचर्यमेव। छान्दोग्य उ ८-५-१ मुण्डक उ १-२-६ बृहदारण्यक उ ३-१-८ गीता ४-३३ महाभारते शान्तिपर्वणि।

२ अष्टगुणैश्वर्ययोगादेकानेकाणुमहच्छरीरविविधकरणं विक्रिया सा प्रयोजनमस्येति वैक्रियकं।

३ उदारं स्थूलं उदारं प्रयोजनं अस्येति औदारिकं।

४ दक्षिणाग्निः आहवनीयः गार्हपत्य इति त्रयोऽग्नयः। अग्नित्रयमिदं त्रेता इत्यमरः।

५ आश्व गृ सू अ ४

मन्योन्योच्छिष्टभुक्तिप्रसङ्ग । तथा च ते तुरुष्केभ्योऽप्यतिरिच्यन्ते । तेऽपि तावदेकत्रैवामत्रे भुञ्जते, न पुनरेकेनैव वदनेन । किञ्च, एकस्मिन् वपुषि वदनबाहुल्यं क्वचन श्रूयते, यत्पुनरनेकशरीरेष्वेकं मुखमिति महदाश्चर्यम् । सर्वेषां च देवानामेकस्मिन्नेव मुखेऽङ्गीकृते, यदा कैश्चिद्विवेकी देव पूजादिनाऽऽराद्धोऽन्यश्च निन्दादिना विराद्धः ततश्चैकेनैव मुखेन युगपदनुग्रहनिग्रहवाक्योच्चारणसङ्कर प्रसज्येत । अन्यच्च, मुख देहस्य नवमो भाग , तदपि येषां दाहात्मकं तेषामेकैकश सकलदेहस्य दाहात्मकत्व त्रिभुवनभस्मीकरणपर्यवसितमेव सभाव्यत इत्यलमतिचर्चया ॥

यश्च कारीरीयज्ञादौ वृष्ट्यादिफलेऽव्यभिचारस्तत्प्रीणितदेवतानुग्रहहेतुक उक्त सोऽप्यनैकान्तिक । क्वचिद् व्यभिचारस्यापि दर्शनात् । यत्रापि न व्यभिचारस्तत्रापि न त्वदाहिताहुतिभोजनजन्मा तदनुग्रह । किन्तु स देवताविशेषोऽतिशयज्ञानी स्वोद्देशनिर्वर्तित पूजोपचार यदा स्वस्थानावस्थित सन् जानाति तदा तत्कर्तार प्रति प्रसन्नचेतोवृत्तिस्तत्तत्कार्याणीच्छावशात् साधयति । अनुपयोगादिना पुनरजानानोऽपि वा पूजाकर्तुरभाग्यसहकृत सन् न साधयति । द्रव्यक्षेत्रकालभावादिसहकारिसाचिव्यापेक्षस्यैव कार्योत्पादस्योपलम्भात् । स च पूजोपचार पशुविशसनव्यतिरिक्तै प्रकारान्तरैरपि सुकर, तत्किमनया पापैकफलया शौनिकवृत्त्या ॥

यच्च छगलजाङ्गलहोमात परराष्ट्रवशीकृतिसिद्ध्या देव्या परितोषानुमानम् तत्र क किमाह । कासाञ्चित् क्षुद्रदेवतानां तथैव प्रत्यङ्गीकारात् । केवलं तत्रापि तद्वस्तुदर्शनज्ञानादि

भी कहा है— अग्नि ही देवोंका मुख है । परन्तु इस तरह उत्तम मध्यम और जघन्य श्रेणीके अनेक देवता एक ही मुखसे होम किये हुए पदार्थोंका भक्षण करेंगे अतएव उच्छिष्ट पदार्थोंके भक्षण करनेमें वे तुरुष्कोंसे भी बढ जायगे । और तुरुष्क तो एक ही साथ एक पात्रमें भोजन करते हैं जब कि देवता लोग एक ही मुखसे भोजन किया करेंगे । तथा एक शरीरमें अनेक मुख तो कहीं सुननेमें आते हैं परन्तु अनेक शरीरोंमें एक मुखका होना अत्यन्त आश्चर्यकी बात है । तथा सब देवताओंके एक मुख माननेपर यदि कोई एक देवकी स्तुति और दूसरे देवकी निंदा करे तो एक ही मुखसे देवता लोगोंको एक साथ अनुग्रह और निग्रह रूप वाक्योंको बोलना होगा । तथा देहके नौवें हिस्सेको मुख कहा गया है यदि यह नवमा हिस्सा भी अग्निरूप हो तो फिर तेतीस करोड देवता संसारको भस्म कर डालेंगे । इस संबंधमें अधिक चर्चा करना व्यर्थ है ।

आप जो कहते हैं कि कारीरी यज्ञ करनेसे देवतागण प्रसन्न होकर वृष्टि आदि फल प्रदान कर अनुग्रह करते हैं यह भी अनैकांतिक है । क्योंकि बहुतसी जगह यज्ञके करनेपर भी वृष्टि नहीं होती । तथा जहाँ यज्ञके करनेपर वृष्टि होती है वहाँ उस वृष्टिमें देवताओंको दी हुई आहुतिसे उत्पन्न अनुग्रहको कारण नहीं मान सकते । क्योंकि अतिशय ज्ञानी देवतागण अपने स्थानमें बैठे रह कर ही अपने पूजा सत्कार आदिको अवधिज्ञानसे जान पूजा-सत्कार करनेवाले पुरुषसे प्रसन्न हो उसकी इच्छानुसार फल देते हैं । यदि देवताका पूजा आदिकी ओर उपयोग न हो अथवा उपयोग होनेपर भी पूजकोंका भाग्य प्रबल न हो तो पूजा करनेवाले पुरुषकी अभीष्ट सिद्धि नहीं होती । कारण कि द्रव्य क्षेत्र काल भाव आदि सहकारी कारणोंसे कार्यकी उत्पत्ति होती है । तथा पशुओंका वध करनेकी अपेक्षा देवताओंको प्रसन्न करनेके अन्य बहुतसे उपाय हैं फिर आप लोग हिंसक और निंद्य वृत्तिका ही क्यों प्रयोग करते हैं ।

देवीके परितोषके लिये बकरे और हरिणके होम करनेसे दूसरे राष्ट्र वशमें हो जाते हैं यह कथन भी असत्य है । क्योंकि पहले तो उत्तम देवी-देवता इस घृणित और हिंसात्मक कार्यसे प्रसन्न नहीं हो सकते । यदि कोई क्षुद्र देवता प्रसन्न भी हो तो वह मांसादिके दर्शन अथवा ज्ञान मात्रसे ही संतुष्ट हो जाता है उसे

नैव परितोषो, न पुनस्तद्भुक्त्या। निम्बपत्रकटुकतैलारनालधूमांशादीनां हूयमानद्रव्याणामपि तद्भोज्यत्वप्रसङ्गात्। परमार्थतस्तु तत्तत्सहकारिसमवधानसचिवाराधकानां भक्तिरेव तत्तत्फलं जनयति। अचेतने चिन्तामण्यादौ तथा दर्शनात्। अतिथीनां तु प्रीतिः संस्कारसम्पन्नपक्वान्नादिनापि साध्या। तदर्थं महोक्षमहाजादिप्रकल्पनं निर्विवेकतामेव ख्यापयति॥

पितॄणां पुनः प्रीतिरनैकान्तिकी। श्राद्धादिविधानेनापि भूयसां सन्तानवृद्धेरनुपलब्धेः। तदविधानेऽपि च केषाञ्चिद् गर्दभशूकराजादीनामिव सुतरां तद्दर्शनात्। ततश्च श्राद्धादिविधानं मुग्धजनविप्रतारणमात्रफलमेव। ये हि लोकान्तरं प्राप्तास्ते तावत् स्वकृतसुकृतदुष्कृतकर्मानुसारेण सुरनारकादिगतिषु सुखमसुखं वा भुञ्जाना एवासते ते कथमिव तनयादिभिरावर्जितं पिण्डमुपभोक्तुं स्पृहयालवोऽपि स्युः। तथा च युष्मद्यूथिनः पठन्ति—

"मृतानामपि जन्तूनां श्राद्धं चेत् तृप्तिकारणम्।
तन्निर्वाणप्रदीपस्य स्नेहः संवर्धयेच्छिखाम्"॥

इति। कथं च श्राद्धविधानाद्युपार्जितं पुण्यं तेषां समीपमुपैतु। तस्य तदन्यकृतत्वात् जडत्वात् निश्चरणत्वाच्च॥

अथ तेषामुद्देशेन श्राद्धादिविधानेऽपि पुण्यं दातुरेव तनयादेः स्यादिति चेत्। तन्न। तेन तज्जन्यपुण्यस्य स्वाध्यवसायादुत्तारितत्वात्। एवं च तत्पुण्यं नैकतरस्यापि इति विचाल एव विलीनं त्रिशङ्कुज्ञातेन। किन्तु पापानुबन्धिपुण्यत्वात् तत्त्वतः पापमेव। अथ विप्रोपभुक्तं तेभ्य उपतिष्ठत इति चेत्, क इवैतत् प्रत्येतु। विप्राणामेव मेदुरोदरतादर्शनात्। तद्वपुषि च तेषां संक्रमः

मांसादिके उपभोग करनेकी आवश्यकता नही रहती। तथा यदि अग्निमें आहूत मांसादि देवताओंके मुखमें पहुच सकते हैं तो होम किये हुए नीमके पत्ते कडवा तेल माँड घूमाश आदि क्यों नहीं पहुँच सकते? वास्तव में सहकारी कारणोंसे युक्त आराधककी भक्ति ही वृष्टि विजय आदि फल प्रदान करनेमें कारण होती है। जैसे चिन्तामणि रत्नके अचेतन होनेपर भी वह मनुष्यके पुण्योदयके कारण ही फलदायक होता है। तथा हम सस्कारित और पके हुए अन्न आदिसे अतिथियोंका सत्कार कर उन्हें प्रसन्न कर सकते हैं तो फिर बैल बकरे आदिका मास भक्षण कराना अविवेकताको ही द्योतित करता है।

श्राद्ध करनेसे पितर लोग प्रसन्न होते हैं यह कथन भी दोषपूर्ण है। क्योंकि श्राद्ध आदिके करनेपर भी कितने ही लोगोके सतानवृद्धि नही होती और श्राद्ध न करनेपर भी गधे सूअर बकरे आदिके अपने आप ही बहुत-सी सन्तान हो जाती हैं। अतएव श्राद्ध आदिका विधान केवल मूर्ख लोगोके ठगनेके लिये ही किया गया है। जो पितृजन परलोक चले जाते हैं वे इस भव में किये हुए अपने शुभ और अशुभ कर्मोंके अनुसार देव नरक आदि गतियोंमे सुख दुखका उपभोग करते बैठते हैं इसलिये वे अपने पुत्र आदि द्वारा दिये हुए पिण्डका उपभोग करनेकी इच्छा भी कैसे कर सकते हैं? आपके मतानुयायियोने कहा भी है—

यदि श्राद्ध मरे हुए प्राणियोको तृप्तिका कारण हो सकता है तो दीपकका निर्वाण होनेपर भी तेल-को दीपककी ज्योतिके संवर्धनमें कारण मानना चाहिये।

तथा इस लोकमे श्राद्ध आदिसे उत्पन्न पुण्य परलोक सिधारे हुए पितरोंके पास कैसे पहुँच सकता है? क्योकि यह पुण्य पितरोसे भिन्न पुत्र आदिसे किया हुआ रहता है तथा यह पुण्य जड और गतिहीन है।

यदि कहो कि पितरोंके उद्देश्यसे श्राद्ध करनेपर दान देनेवाले पुत्र आदिको ही पुण्य होता है यह भी ठीक नहीं। क्योंकि श्राद्ध आदिसे उत्पन्न होनेवाले पुण्यसे पुत्रका कोई भी सम्बन्ध नहीं, वह तो निज अध्यवसायजन्य है। अतएव श्राद्धजन्य पुण्य न तो पितरोका पुण्य कहा जा सकता है और न पुत्रोंका इस तरह यह पुण्य त्रिशंकुकी भाँति बीचमें ही लटका रह जाता है। (वशिष्ठ ऋषिके शापसे त्रिशंकु राजा चांडाल होकर जब विश्वामित्रकी सहायतासे किये हुए यज्ञके माहात्म्यसे पृथ्वीको छोड़ स्वर्ग जाने लगा और इन्द्रने कुपित होकर राजाको स्वर्गमें नहीं आने दिया तब वह पृथिवी और स्वर्गके बीचमें लटका रह गया।

अनुमातुमपि न शक्यते। भोजनावसरे तत्सङ्क्रमलिङ्गस्य कस्याप्यनवलोकनात् विप्राणामेव च पुष्टेः साक्षात्करणात्। यदि परं त एव स्थूलकवलैराकुलतरमतिगाद्ध्यद् भक्षयन्त प्रेतप्रायाः, इति मुधैव श्राद्धादिविधानम्। यदपि च गयाश्राद्धादियाचनमुपलभ्यते तदपि तादृशविप्रलम्भकविभङ्गज्ञानिव्यन्तरादिकृतमेव निश्चयम्॥

यदप्युदितम् आगमश्चात्र प्रमाणमिति। तदप्यप्रमाणम्। स हि पौरुषेयो वा स्यात् अपौरुषेयो वा? पौरुषेयश्चेत् सर्वज्ञकृत तदितरकृतो वा? आद्यपक्षे युष्मन्मतव्याहति। तथा च भवत्सिद्धान्त।

अतीन्द्रियाणामर्थानां साक्षाद् द्रष्टा न विद्यते।
नित्येभ्यो वेदवाक्येभ्यो यथार्थत्वविनिश्चय'॥१॥

द्वितीयपक्षे तु तत्र दोषवत्कर्तृकत्वेनाश्वासप्रसङ्ग। अपौरुषेयश्चेत् न सम्भवत्येव। स्वरूपनिराकरणात् तुरङ्गशृङ्गवत्। तथाहि। उक्तिवचनमुच्यते इति चेति पुरुषक्रियानुगत रूपमस्य। एतत्क्रियाऽभावे कथं भवितुमर्हति। न चैतत् केवल क्वचिद् ध्वनदुपलभ्यते। उपलब्धावप्य दृश्यवक्ताशङ्कासम्भवात्। तस्मात् यद् वचन तत् पौरुषेयमेव वर्णात्मकत्वात् कुमारसम्भवादिवचनवत्। वचनात्मकश्च वेद। तथा चाहु—

उसी प्रकार श्राद्धसे उत्पन्न पुण्यके पिता और पुत्र दोनो ही के अनुपभोगके कारण यह पुण्य बीचम ही लटका रह जाता है)। वस्तुत यह पुण्य पापका कारण होनसे पाप ही है। यदि कह कि ब्राह्मणोको खिलाया हुआ भोजन पितरोंके पास पहुँच जाता ह तो इसका कौन विश्वास करगा? क्योकि जो भोजन ब्राह्मणोको खिलाया जाता ह उससे ब्राह्मणोंका ही पेट बडा होता देखा जाता ह। पितरोका ब्राह्मणोके शरीरम प्रविष्ट होना भी विश्वासके योग्य नहीं क्योकि ब्राह्मणोको भोजन कराते समय उनके शरीरम पितरोंके प्रवश होनेका कोई भी चिह्न दिखाई नही पडता और भोजन पाकर ब्राह्मणोकी ही तृप्ति देखी जाती है। ये ब्राह्मण बडे-बडे ग्रासो-द्वारा अत्यन्त लोलुपतापूवक भोजन करते हुए साक्षात प्रेतोके समान मालम होते हैं। अतएव श्राद्ध आदिम विश्वास करना बिलकुल व्यर्थ है। तथा गया आदि तीर्थ स्थानोमे श्राद्ध करनेके लिए जो कहते हैं व कोई ठगनवाले विभगज्ञानके धारक व्यतर आदि नीच जातिके देव ही होन चाहिए।

इस सम्बन्धमें आप लोगोन जो आगमको प्रमाण कहा वह आगम ही प्रमाण नही कहा जा सकता। वह आगम पौरुषेय है? अथवा अपौरुषेय ह? यदि वह आगम पौरुषेय है तो वह सर्वज्ञकृत है? या असर्वज्ञकृत? यदि आगमका बनानवाला पुरुष सर्वज्ञ ह तो आप लोगोके सिद्धान्तसे विरोध आता ह। क्योकि आपके सिद्धान्तम कहा ह—

अतीन्द्रिय पदार्थोंका कोई साक्षात द्रष्टा नही ह अत व नित्य वद वाक्योंसे ही अतीन्द्रिय पदार्थोंकी यथार्थताका निश्चय होता है॥१॥

यदि असर्वज्ञ पुरुषको आगम कर्ता मानो तो असर्वज्ञ पुरुषके सदोष होनेके कारण उस आगममें विश्वास नही किया जा सकता। यदि कहो कि आगम अपौरुषेय है तो यह सम्भव नही है। क्योंकि घोड़ेके सींगके समान उसके स्वरूपका ही निराकरण हो जाता ह। कैसे? उक्तिको वचन कहते ह—इस कथनके अनुसार आगमका स्वरूप पुरुषकी क्रियाके अनुसार होता ह। पुरुषकी क्रियाके अभावमें आगम सद्रूप नहीं हो सकता। यह वचन कही पर भी केवल ध्वनिके रूपम नही पाया जाता। यदि कहो ध्वनिके रूपम पाया भी जाये तो उस स्थानमें किसी अदृश्य वक्ताकी कल्पना करनी होगी। अतएव जो वचन है वह पौरुषेय ही है वर्णात्मक होनेसे कुमारसम्भव आदिकी तरह। जसे कुमारसम्भव आदि वर्णात्मक होनेसे पौरुषेय हैं वसे वेद भी वचन रूप होनसे वर्णात्मक है इसलिये वेद पौरुषेय है। कहा भी है—

१ तत्त्वार्थसू १-३२।

"ताल्वादिजन्मा ननु वर्णवर्गो वर्णात्मको वेद इति स्फुटं च ।
पुंसश्च ताल्वादि तत' कथ स्यादपौरुषेयोऽयमिति प्रतीतिः" ॥

श्रुतेरपौरुषेयत्वमुररीकृत्यापि तावद्भवद्भिरपि तदर्थव्याख्यानं पौरुषेयमेवाङ्गीक्रियते। अन्यथा 'अग्निहोत्रं जुहुयात् स्वर्गकाम' इत्यस्य श्वमांसं भक्षयेदिति किं नार्थः। नियामकाभावात्। ततो वरं सूत्रमपि पौरुषेयमभ्युपगतम्। अस्तु वा अपौरुषेय', तथापि तस्य न प्रामाण्यम्। आप्तपुरुषाधीना हि वाचां प्रमाणतेति। एवं च तस्याप्रामाण्ये, तदुक्तस्तदनुपातिस्मृतिप्रतिपादितश्च हिंसात्मको यागश्राद्धादिविधि प्रामाण्यविधुर एवेति ॥

अथ योऽयं "न हिंस्यात् सर्वभूतानि इत्यादिना हिंसानिषेध' स औत्सर्गिको मार्ग, सामान्यतो विधिरित्यर्थ। वेदविहिता तु हिंसा अपवादपदम् विशेषतो विधिरित्यर्थ। ततश्चापवादेनोत्सर्गस्य बाधितत्वाद् न श्रौतो हिंसाविधिर्दोषाय। 'उत्सर्गापवादयोरपवादो विधिर्बलीयान्'[3] इति न्यायात्। भवतामपि हि न खल्वेकान्तेन हिंसानिषेध। तत्तत्कारणे जाते पृथिव्यादिप्रतिसेवनानामनुज्ञानात्। ग्लानाद्यसंस्तरे आधाकर्मादि ग्रहणभणनाच्च। अपवादपद च याज्ञिकी हिंसा, देवतादिप्रीते पुष्टालम्बनत्वात् ॥

वर्णोंका समूह निश्चय ही तालु आदिसे उत्पन्न होता है तथा वेद वर्णात्मक है। तालु आदि स्थान पुरुषके ही होते हैं इसलिये वेद अपौरुषेय नहीं हो सकता।

तथा श्रुतिको अपौरुषेय मान कर भी आप लोगोंने श्रुतिके व्याख्यानको पौरुषेय ही माना है। यदि श्रुतिके अर्थका व्याख्यान पौरुषेय न मानो तो अग्निहोत्र जुहुयात् स्वर्गकाम (स्वर्गकी इच्छा रखने वाला अग्निहोत्र यज्ञकी आहुति दे) इस श्रुतिका यह अर्थ भी किया जा सकता है कि स्वर्गके इच्छकको कुत्तेके मासका भक्षण करना चाहिये (अग्निहा श्वा तस्य उत्र मास जुहुयात् भक्षयेत)। क्योंकि यदि श्रुतिका व्याख्याता पुरुष नहीं है तो अमुक श्रुतिका अमुक ही अर्थ होता है अन्य नहीं इसका कोई नियम न रह जायगा। अतएव श्रुतिके अर्थकी तरह श्रुतिको भी पौरुषेय ही स्वीकार करना चाहिये। अथवा वेदको यदि अपौरुषेय मान भी लें तो वह प्रमाण नहीं हो सकता। क्योंकि वेदका प्रामाण्य भी आप्त पुरुषोंके वचनोंके ऊपर ही अवलम्बित है। इस प्रकार वेदके अप्रामाण्य होनेपर वेद और स्मृति आदि द्वारा प्रतिपादित हिंसात्मक याग श्राद्ध आदिका विधान भी अप्रामाण्य ही मानना होगा।

शंका—(उत्सर्ग—सामान्य—और अपवादके भेदसे विधि दो प्रकारकी होती है)। प्रस्तुत प्रसंगमें किसी जीवकी हिंसा न करो (मा हिंस्यात् सर्वभूतानि) यह सामान्य विधि है तथा वेदविहित हिंसा पापके लिये नहीं होती यह अपवाद विधि है। अतएव सामान्य और अपवाद विधिमें अपवाद विधिके बलवान होनेके कारण वेदोक्त हिंसा दोषपूर्ण नहीं है। कहा भी है— उत्सर्ग और अपवाद विधिमें अपवाद विधि ही बलवान् होती है। तथा जैन भी हिंसाका सर्वथा निषेध नहीं करते क्योंकि अमुक कारणोंके उपस्थित होनेपर पृथिवी आदिके वध करनेकी आज्ञा जैन शास्त्रोंमें भी दी गई है। तथा सामान्य रूपसे साधुओंको उद्दिष्ट भोजनके त्यागकी आज्ञा होनेपर भी रोग आदिके कारण संयमका पालन करनेमें असमर्थ मुनियोंके लिए उद्दिष्ट भोजन (आधाकर्म) ग्रहण करनेकी आज्ञा जैन शास्त्रोंने दी है। अतएव सामान्यसे हिंसाका निषेध करके भी देवता आदिको प्रसन्न करनेके लिये हमारे शास्त्रोंमें यज्ञ सम्बन्धी हिंसाका विधान अपवाद विधिसे ही किया गया समझना चाहिये।

---

१ तैत्तरीयसंहिता। २ छन्दोग्य उ ८। ३ हेमहंसगणिसमुच्चितहैमव्याकरणस्यन्याय। 'मा हिंस्यात् सर्वभूतानि इत्युत्सर्गस्य वायव्य श्वेतमालभेत इति शास्त्रमपवाद। ४ संयमानिर्वाहे। ५ आधाय साधूंश्चेतसि प्रणिधाय यत्क्रियते भक्तादि तदाधाकर्म। पृषोदरादित्वादिति यलोप। आधान साधुनिमित्तं चेतस प्रणिधानं यथामुकस्य साधो कारणेन मया भक्तादि पचनीयमिति। आधया कर्म पाकादिक्रिया आधाकर्म। तद्योगाद् भक्तादपि आधाकर्म।

इति परमाशङ्क्य स्तुतिकार आह। नोत्सृष्टमित्यादि। अन्यार्थमिति मध्यवर्ति पदं डमरुकमणिन्यायेनो भयत्रापि सम्बन्धनीयम्। अन्यार्थमुत्सृष्टम्—अन्यस्मै कार्याय प्रयुक्तम्—उत्सर्गवाक्यम् अन्यार्थप्रयुक्तेन वाक्येन नापोद्यते—नापवादगोचरीक्रियते। यमेवार्थमाश्रित्य शास्त्रेषूत्सर्गः प्रवर्तते, तमेवार्थमाश्रित्यापवादोऽपि प्रवर्तते तयोर्निम्नोन्नतादिव्यवहारवत् परस्परसापेक्षत्वेनैकार्थसाधनविषयत्वात्। यथा जैनानां संयमपरिपालनार्थं नवकोटिविशुद्धाहारग्रहणमुत्सर्गः। तथाविधद्रव्यक्षेत्रकालभावापत्सु च निपतितस्य गत्यन्तराभावे पञ्चकादियतनया अनेषणीयादिग्रहणमपवादः। सोऽपि च संयमपरिपालनार्थमेव। न च मरणैकशरणस्य गत्यन्तराभावोऽसिद्ध इति वाच्यम्।

'सव्वत्थ संजमं संजमाओ अप्पाणमेव रक्खिज्जा।
मुच्चइ अइवायाओ पुणो विसोही न याऽविरई ॥

इत्यागमात्॥

तथा आयुर्वेदेऽपि यमेवैकं रोगमधिकृत्य कस्याञ्चिदवस्थायां किञ्चिद्वस्त्वपथ्यं, तदेवावस्थान्तरे तत्रैव रोगे पथ्यम्—

उत्पद्यते हि सावस्था देशकालामयान् प्रति।
यस्यामकार्यं कार्यं स्यात् कर्म कार्यं तु वर्जयेत्॥

समाधान—इस प्रकार अन्य वादियोंकी शंका उपस्थित कर स्तुतिकारने नोत्सृष्टमित्यादि कहा है। अन्यार्थम् इस मध्यवर्ती पदको डमरुकमणि न्यायसे दोनों वाक्योंके साथ जोड़ना चाहिये। किसी एक कार्यके लिये प्रयुक्त किया गया उत्सर्ग वाक्य उससे भिन्न कार्यके लिये प्रयुक्त किये गये वाक्यके द्वारा अपवादका विषय नहीं बनाया जा सकता। जिस कार्यके लिये शास्त्रोंमें उत्सर्ग (वाक्य) प्रवृत्त होता है उसी कार्यके लिये अपवाद (वाक्य) भी प्रवृत्त होता है। क्योंकि अच्छे और बुरे आदि व्यवहारके समान परस्पर सापेक्ष रूपसे एक ही अर्थकी सिद्धि करना उनका विषय है। जिस प्रकार जैन मुनियोंके मन-वचन काय और कृत कारित अनुमोदन रूप नव कोटिसे विशुद्ध आहारग्रहण रूप उत्सर्ग संयमकी रक्षाके लिये होता है उसी प्रकार द्रव्य क्षेत्र काल और भाव-जन्य आपदाओंसे ग्रस्त मुनिके यदि उसे अन्य कोई उपाय सूझ न पड़े तो वह पंच कोटिसे विशुद्ध अभक्ष्य उद्दिष्ट आदि आहारका ग्रहण कर सकता है जो अपवाद है। वह भी केवल संयमकी रक्षाके लिये ही है। क्योंकि मरणासन्न मुनिके अपवाद मार्गका अवलम्बन करनेके सिवाय और कोई मार्ग नहीं है। यदि कहो कि मरणासन्न मुनिके भी अन्य उपायका अभाव असिद्ध है तो यह ठीक नहीं है क्योंकि—

मुनिको सर्वत्र संयमकी रक्षा करना चाहिए। संयमकी अपेक्षा अपनी ही रक्षा करनी चाहिए। इस तरह मुनि संयमभ्रष्टतासे मुक्त हो जाता है। वह फिरसे विशुद्ध हो सकता है और वह अविरतिका भागी नहीं होता।

ऐसा आगमका वचन है।

आयुर्वेदमें भी जो वस्तु रोगकी एक अवस्थामें अपथ्य है वही दूसरी अवस्थामें पथ्य कही गयी है। कहा भी है—

'देश और कालसे उत्पन्न होनेवाले रोगोंमें न करने योग्य कार्योंको करना पड़ता है और करने योग्य कार्योंको छोड़ना पड़ता है।

---

१ डमरुमध्ये प्रतिबद्धो मणिरेक एव सन् डमरुविचाले तदुभयाङ्गसंबद्धो भवति तद्वदेकमेवान्यार्थमिति पदमुभयत्र संबध्यते। अयमेव न्यायो देहलीदीपन्याय इत्यप्यभिधीयते।

२ छाया—सर्वत्र संयमं संयमादात्मानमेव रक्षेत्। मुच्यतेऽतिपातात्पुनर्विशुद्धिर्न चाविरतिः॥ निशीथचूर्णीपीठिकायां ४५१ इत्यस्य चूर्णौ।

इति वचनात्। यथा बलवदाद्येज्वरिणो लङ्घनं, क्षीणधातोस्तु तद्विपर्ययः। एवं देशाद्यपेक्षया ज्वरिणोऽपि दधिपानादि योज्यम्। तथा च वैद्याः—

काळाविरोधि निर्दिष्टं ज्वरादौ लङ्घनं हितम्।
ऋतेऽनिलश्रमक्रोधशोककामकृतज्वरान्॥

एवं च यः पूर्वमपथ्यपरिहारो यत्र तत्रैवावस्थान्तरे तस्यैव परिभोग। स खलूभयोरपि तस्यैव रोगस्य शमनार्थः। इति सिद्धमेकविषयत्वमुत्सर्गापवादयोरिति॥

भवतां चोत्सर्गोऽन्यार्थः अपवादश्चान्यार्थः 'न हिंस्यात् सर्वभूतानि' इत्युत्सर्गो हि दुर्गतिनिषेधार्थः। अपवादस्तु वैदिकहिंसाविधिर्देवताऽतिथिपितृप्रीतिसंपादनार्थः। अतश्च परस्परनिरपेक्षत्वे कथमुत्सर्गोऽपवादेन बाध्यते। 'तुल्यबलयोर्विरोध' इति न्यायात्। भिन्नार्थत्वेऽपि तेन तद्बाधने अतिप्रसङ्गात्। न च वाच्य वैदिकहिंसाविधिरपि स्वर्गहेतुतया दुर्गतिनिषेधार्थ एवेति। तस्योक्तयुक्त्या स्वर्गहेतुत्वनिर्लोठनात्। तमन्तरेणापि च प्रकारान्तरैरपि तत्सिद्धिभावात्। गत्यन्तराभावे ह्यपवादपक्षकक्षीकार। न च वयमेव यागविधेः सुगतिहेतुत्वं नाङ्गीकुर्महे किन्तु भवदाप्ता अपि। यदाह व्यासमहर्षि —

पूजया विपुल राज्यमग्निकार्येण सपद।
तप पापविशुद्ध्यर्थ ज्ञान ध्यान च मुक्तिदम्॥

जसे बलवान ज्वरके रोगीको लघन स्वास्थ्यप्रद है परन्तु क्षीणधातु ज्वरके रोगीको वही लघन घातक होता ह इसी तरह किसी देशम ज्वरके रोगीको दही खिलाना पथ्य समझा जाता ह परन्तु वही दही दूसरे देशके ज्वरके रोगीके लिए अपथ्य है। वद्योन भी कहा है—

वात श्रम क्रोध शोक और कामजन्य ज्वरको छोडकर दूसरे ज्वरोमे ग्रीष्म शीत आदि ऋतुओके अनुकल लघन करना हितकारी कहा गया ह।

अतएव एक रोगम जिस अपथ्यका त्याग किया जाता ह वही अपथ्य उसी रोगकी दूसरी अवस्थामें उपादेय होता है। परन्तु एक रोगकी दोनो अवस्थाओम अपथ्यका त्याग और अपथ्यका ग्रहण दोनो ही रोगको शमन करनके लिए हाने ह। इसलिए उत्सग और अपवाद दोनो ही विधि एक ही प्रयोजनको सिद्ध करती है इसलिए अपवाद विधि उत्सग विधिसे बलवान नही हो सकती।

आप लोगोंके वक्तव्यम उत्सग विधि और अपवाद विधि दोनो भिन्न भिन्न प्रयोजनोंके साधक हैं। जैसे किसी भी प्राणीकी हिंसा न करनी चाहिए यह उत्सग विधि नरक आदि कुगतियोका निषध करनके लिए बतायी गयी है। तथा वेदोक्त हिंसा हिंसा नही ह यह अपवाद विधि देवता अतिथि और पितरोको प्रसन्न करनेके लिए कही गयी ह। इस प्रकार उत्सग और अपवाद दोनो एक दूसरसे निरपेक्ष हैं अतएव उत्सग विधि अपवाद विधिसे बाधित नही हो सकती। तुल्य बल होनेपर ही विरोध होता ह इस न्यायसे उत्सर्ग और अपवादके भिन्न भिन्न प्रयोजनोके सिद्ध करनेपर भी उत्सग और अपवादमे विरोध नही हो सकता। यदि आप लोग कहें कि वैदिक हिंसा भी स्वगका कारण है उससे भी दुगतिका निषध होता है अतएव उत्सर्ग और अपवाद एक ही प्रयोजनके साधक है तो यह भी ठीक नहीं। क्योंकि वैदिक हिंसा स्वर्गका कारण नहीं हो सकती इसका हम खण्डन कर आय हं। वदिक हिंसाके बिना अन्य साधनोसे भी स्वर्गकी प्राप्ति होती है। यदि स्वगकी प्राप्तिके लिए अन्य साधन न होते तो आप वैदिक हिंसासे स्वग पानेके लिए अपवाद विधि स्वीकार कर सकते थे। परन्तु आपने स्वय यम नियम आदिको स्वगका कारण माना है (देखिये गौतमधमसूत्र पातजलयोगसूत्र मनुस्मृति आदि)। तथा केवल हम जैन लोग ही वेदोक्त यज्ञ विधानका निषेध नहीं करते आप लोगोके पूज्य व्यास जैसे ऋषियोंने भी कहा है—

"पूजासे विपुल राज्य अग्निकार्य (यज्ञ) आदिसे सम्पदा तपसे पापोंकी शुद्धि तथा ज्ञान और ध्यानसे मोक्ष मिलता है।"

अत्राग्निकायशब्दवाच्यस्य यागादिविधेरुपायान्तरैरपि लभ्यानां सम्पदामेव हेतुत्वं बभ्राचार्यः तस्य सुगतिहेतुत्वमर्थात् कदर्थितवानेव। तथा च स एव भावाग्निहोत्रं ज्ञानपालीत्यादिश्लोके स्थापितवान् ॥

तदेवं स्थिते तेषां वादिनां चेष्टामुपमया दूषयति स्वपुत्रत्यादि। परेषां भवत्प्रणीतवचनपराङ्मुखानां स्फुरितं—चेष्टितम् स्वपुत्रघाताद् नृपतित्वलिप्सासब्रह्मचारि निजसुतनिपातेन राज्यप्राप्तिमनोरथसदृशम्। यथा किल कश्चिदविपश्चित् पुरुषः परुषाशयतया निजमङ्गजं व्यापाद्य राज्यश्रियं प्राप्तुमीहते। न च तस्य तत्प्राप्तावपि पुत्रघातपातककलङ्कपङ्कः क्वचिद् पयाति। एवं वेदविहितहिंसया देवतादिप्रीतिसिद्धावपि, हिंसासमुत्थं दुष्कृतं न खलु पराहन्यते। अत्र च लिप्साशब्दं प्रयुञ्जानः स्तुतिकारो ज्ञापयति यथा तस्य दुराशयस्यासदृशताहशदुष्कर्मनिर्माणनिर्मूलितसत्कर्मणो राज्यप्राप्तौ केवलं समीहामात्रमेव, न पुनस्तत्सिद्धिः। एवं तेषां दुर्वादिनां वेदविहितां हिंसामनुतिष्ठतामपि देवतादिपरितोषणे मनोराज्यमेव, न पुनस्तेषामुत्तमजनपूज्यत्वमिन्द्रादिदिवौकसां च तृप्तिः, प्रागुक्तयुक्त्या निराकृतत्वात् ॥ इति काव्यार्थः ॥ ११ ॥

यहाँ व्यास ऋषिने अग्निकाय शब्दसे याग आदिके विधानको केवल सम्पदाओंका ही कारण माना है सुगतिका कारण नहीं बताया। तथा ज्ञानपालि आदि श्लोकोंसे व्यास ऋषि भाव-अग्निहोत्र (भावयज्ञ) का प्रतिपादन कर चुके हैं।

अतएव जैसे कोई मूर्ख पुरुष कठोर स्वभावके कारण अपने पुत्रका वध करके राज्यको प्राप्त करना चाहता है और राज्य पानेपर वह पुत्रवधके पापसे मुक्त नहीं होता इसी प्रकार याज्ञिक लोग वेदोक्त हिंसाके द्वारा देवता आदिको प्रसन्न करके स्वर्गको प्राप्त करना चाहते हैं परन्तु यदि हिंसाके द्वारा देवता आदि प्रसन्न होते भी हों तो भी याज्ञिक लोग हिंसाजन्य पापसे मुक्त नहीं हो सकते। यहाँ लिप्सा शब्दसे स्तुतिकार कहना चाहते हैं कि जिस प्रकार अपने पुत्रका वध करनेवाले पापी पुरुषको राज्यकी प्राप्ति नहीं होती वह केवल राज्यको पानेकी इच्छा मात्र ही करता रहता है उसी तरह वेदोक्त हिंसाका अनुष्ठान करते हुए भी हिंसासे देवता आदिको प्रसन्न करना केवल इच्छा मात्र है। वास्तवमें न तो हिंसासे देव लोग प्रसन्न होते हैं और न हिंसक पुरुषोंकी जनसमाजमें कोई प्रतिष्ठा ही बढ़ती है इसका युक्तिपूर्वक खंडन किया जा चुका है ॥ यह श्लोकका अर्थ है ॥ ११ ॥

भावार्थ—(१) इस श्लोकमें वैदिकों की हिंसाका खण्डन किया गया है। **वैदिक**—वेदमें प्रतिपादित हिंसा पुण्यका कारण है क्योंकि उस हिंसासे प्रसन्न होकर देवता वृष्टि करते हैं अतिथि दया दिखलाते हैं और पितर संतानकी वृद्धि करते हैं। **जैन**—किसी भी प्रकारकी हिंसा धर्मका कारण नहीं हो सकती। यदि हिंसा धर्मका कारण हो तो वह हिंसा नहीं कही जा सकती। तथा वेदद्वारा प्रतिपादित हिंसा हिंसा नहीं है यह कहनेमें भी प्रत्यक्ष विरोध आता है। मन्त्र आदिके बलसे वेदोक्त हिंसा पापका कारण नहीं होती और इस प्रकारकी हिंसासे स्वर्ग मिलता है यह कहना भी असत्य है। क्योंकि मन्त्रोंको पढ़-पढ़कर पशुओंके वध करनेमें भी मूक पशु अनन्त वेदनासे छटपटाते हुए देखे जाते हैं। वेदोक्त रीतिसे वध किये हुए पशुओंको स्वर्गकी प्राप्ति होती है इसमें भी कोई प्रमाण न होनेसे यह बात विश्वसनीय नहीं है। तथा जिस प्रकार विवाह गर्भाधान आदि कार्योंमें वेदोक्त मन्त्रविधिके प्रयोग करनेपर भी इष्टकी सिद्धि नहीं होती उसी तरह मन्त्रसे संस्कृत हिंसासे भी स्वर्ग नहीं मिलता।

शंका—जिस प्रकार जैन मन्दिरोंके निर्माण करनेमें त्रस और स्थावर जीवोंकी हिंसा होनेपर भी जैन लोग मन्दिरोंके बनानेमें पुण्य समझते हैं उसी तरह वेदोंमें प्रतिपादित हिंसा भी पुण्यका ही कारण होती है। **समाधान**—जैन मन्दिरोंके निर्माणमें हिंसा अवश्य होती है परन्तु मन्दिरमें जिनप्रतिमाके दर्शनसे उत्पन्न

सांप्रतं नित्यपरोक्षज्ञानवादिनां मीमांसकभेदभट्टानाम् एकात्मसमवायिज्ञानान्तरवेद्यज्ञानवादिनां च यौगानां मतं विकुट्टयन्नाह—

स्वार्थावबोधक्षम एव बोधः प्रकाशते नार्थकथान्यथा तु ।
परे परेभ्यो भयतस्तथापि प्रपेदिरे ज्ञानमनात्मनिष्ठम् ॥ १२ ॥

बोधो—ज्ञानं, स च स्वार्थावबोधक्षम एव प्रकाशते। स्वस्य—आत्मस्वरूपस्य, अर्थस्य च पदार्थस्य योऽवबोधः—परिच्छेदस्तत्र, क्षम एव—समर्थ एव प्रतिभासते इत्ययोगव्यवच्छेदः। प्रकाशत इति क्रियया अवबोधस्य प्रकाशरूपत्वसिद्धेः सर्वप्रकाशानां स्वार्थप्रकाशकत्वेन,

---

होनेवाले सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति जैसे महान पुण्यके सामने वह नगण्य है। जिस प्रकार कोई वैद्य रोगीको अच्छा करनेके लिये नश्तर लगाना, लंघन कराना आदि दुख रूप क्रियाओंको करता हुआ भी अपने शुभ परिणामोंके कारण पुण्यका ही भागी होता है, उसी तरह जिन मन्दिरोंका निर्माण शुभ परिणामोंसे अनन्त सुखकी प्राप्तिके लिये ही किया जाता है। तथा वेदोक्त हिंसा स्वर्गकी प्राप्तिमें कारण नहीं होती। क्योंकि वध-स्थलपर ला कर इकट्ठे किये हुए पशुओंका करुणापूर्ण आक्रन्दन अशुभ गतिका ही कारण होता है। तथा आप लोगोंने स्वयं यम नियमादिको स्वर्ग पानेमें कारण बताया है। तथा यदि यज्ञमें वध किये हुए सब पशुओंको स्वर्ग मिलने लगे तो संसारके सभी हिंसकोंको स्वर्ग मिल जाना चाहिये। अतएव सांख्य मतके अनुयायियोंने कहा है— यदि पशुओंको मारकर उनके रक्तसे पृथ्वी मण्डलको सींचकर स्वर्गकी प्राप्ति हो सकती है, तो फिर नरक जानेके लिये और भी महा भयंकर पाप करने चाहिये। तथा यदि छोटे छोटे मूक पशुओंके वधसे स्वर्ग मिल सकता है, तो अपने प्रिय माता पिताकी यज्ञमें आहुति देनेसे मोक्ष मिलना चाहिये।

शंका—वाक्य सामान्य और अपवादके भेदसे दो प्रकारके होते हैं। जैसे "न हिंस्यात् सर्वभूतानि" अर्थात किसी प्राणीको मत मारो, यह सामान्य वाक्य है, और वेदोक्त हिंसा पुण्यका कारण होती है, यह अपवाद वाक्य है। सामान्य और अपवाद वाक्योंमें अपवाद वाक्य विशेष बलवान होता है, इसलिये वेदोक्त हिंसामें पाप नहीं है। समाधान—सामान्य और अपवाद दोनों वाक्य एक ही भावके द्योतक होने चाहिये, परन्तु प्रस्तुत प्रसंगमें अपवाद वाक्य देवता, अतिथि और पितरोंको प्रसन्न करनेके लिये है, और सामान्य वाक्य पाप और उसके फलको दूर करनेके लिये बताया गया है। तथा देवता आदिको प्रसन्न करनेके लिये हिंसाके अतिरिक्त अन्य दूसरे उपाय आपके शास्त्रोंमें भी बतलाये हैं, फिर आप हिंसात्मक उपायोंका ही क्यों समर्थन करते हैं।

(२) इस लोकमें ब्राह्मणोंको खिलाया हुआ भोजन किसी भी तरह मृत प्राणियोंको तृप्त नहीं कर सकता। इसलिये श्राद्ध करना भी धर्म नहीं है (देखिये व्याख्या)।

(३) वर्णात्मक वेद ताल आदिसे उत्पन्न होता है, और ताल आदि स्थान पुरुषके ही संभव हैं। तथा श्रुतिके तात्पर्यको समझानेके लिये भी किसी वक्ताकी आवश्यकता है, अतएव वेदको पौरुषेय मानना ही युक्तियुक्त है।

अब ज्ञानको प्रत्यक्ष न मान कर उसे नित्य परोक्ष माननेवाले भट्ट मीमांसक तथा एक ज्ञानको अन्य ज्ञानोंसे संवेद्य स्वीकार करनेवाले न्याय वैशेषिक लोगोंके मतको दूषित सिद्ध करते हुए कहते हैं—

श्लोकार्थ—ज्ञान अपनेको और दूसरे पदार्थोंको जाननेमें समर्थ ही है। यदि वह स्वरूप प्रकाशक न हो तो पदार्थ सम्बन्धी कथन प्रकट नहीं हो सकता। तथापि ज्ञानके स्वपर-प्रकाशक होने पर भी पूर्वपक्ष वादियोंके भयसे अन्य लोग ज्ञानको आत्मनिष्ठ स्वीकार नहीं करते।

व्याख्यार्थ—जिस प्रकार दीपक अपने और दूसरे पदार्थोंको प्रकाशित करता है, वैसे ही ज्ञान निज और पर पदार्थोंको जानता है। यदि ज्ञानको स्वसंविदित न माना जाय, तो पदार्थोंकी अस्ति-नास्ति रूप व्यवस्था नहीं बन सकती। क्योंकि यदि ज्ञान स्वसंवेदन रूप नहीं हो, तो एक ज्ञानके जाननेके लिये दूसरा

बोधस्यापि तत्सिद्धि । विपर्यये दूषणमाह । नार्थकथान्यथा त्विति । अन्यथेति—अर्थप्रकाशनेऽविवादाद् ज्ञानस्य स्वसंविदितत्वानभ्युपगमेऽर्थकथैव न स्यात् । अर्थकथा—पदार्थसम्बन्धिनी वार्ता सदसद्रूपात्मकं स्वरूपमिति यावत् । तुशब्दोऽवधारणे भिन्नक्रमश्च स चार्थकथया सह योजित एव । यदि हि ज्ञान स्वसंविदित नेष्यते, तदा तेनात्मज्ञानाय ज्ञानान्तरमपेक्षणीय तेनाप्यपरमित्यायनवस्था । ततो ज्ञानं तावत् स्वावबोधव्यग्रतामग्नम् । अर्थस्तु जडतया स्वरूपज्ञापनासमर्थ इति को नामार्थस्य कथामपि कथयेत् । तथापि एवं ज्ञानस्य स्वसंविदितत्वे युक्त्या घटमानेऽपि परे—तीर्थान्तरीया ज्ञान—कर्मतापन्नम् अनात्मनिष्ठ—न विद्यते आत्मन स्वस्य निष्ठा निश्चयो यस्य तदनात्मनिष्ठम् अस्वसंविदितमित्यर्थ , प्रपेदिरे—प्रपन्ना कुत इत्याह । परेभ्यो भयत परे—पूर्वपक्षवादिन तेभ्य सकाशात् ज्ञानस्य स्वसंविदितत्व नोपपद्यते स्वात्मनि क्रियाविरोधादित्युपालम्भसम्भावनासम्भव यद्भय तस्मात् तदाश्रित्येत्यर्थ ॥

इत्थमक्षरगमनिकां विधाय भावार्थ प्रपञ्च्यते । भाट्टास्तावदिद वदन्ति । यत् ज्ञानं स्वसंविदित न भवति स्वात्मनि क्रियाविरोधात् । न हि सुशिक्षितोऽपि नटबटु स्वस्कन्धम धिरोढुं पटु न च सुतीक्ष्णाप्यसिधारा स्व छेत्तमाहित व्यापारा । ततश्च परोक्षमेव ज्ञानमिति । तदेतन्न सम्यक् । यत किमुत्पत्ति स्वात्मनि विरुध्यते ज्ञप्तिर्वा ? यद्युत्पत्ति सा विरुध्यताम् । नहि वयमपि ज्ञानमात्मानमुत्पादयतीति मन्यामहे । अथ ज्ञप्ति नेयमात्मनि विरुद्धा । तदात्मनैव ज्ञानस्य स्वहेतुभ्य उत्पादात् । प्रकाशात्मनेव प्रदीपालोकस्य । अथ प्रकाशात्मैव प्रदीपालोक उत्पन्न इति परप्रकाशोऽस्तु । आत्मानमप्येतावन्मात्रणैव प्रकाशयतीति कोऽयं न्याय इति चेत् तत्किं तेन वराकेणाप्रकाशितेनैव स्थातव्यम् आलोकान्तराद् वास्य प्रकाशेन भवितव्यम् । प्रथमे प्रत्यक्षबाध । द्वितीयेऽपि सैवानवस्थापत्तिश्च ॥

और दूसरेके लिये तीसरे ज्ञानकी आवश्यकता होनेसे अनवस्था दोष मानना पडेगा । इसलिये जब ज्ञान ही अपने आपको नही जान सकता तो फिर जड रूप पदार्थोंके ज्ञान कैसे हो सकता है ? अतएव पदार्थके विषयमे कोई बात करना भी असभव हो जायगा । इस प्रकार युक्तिसे ज्ञानके स्वसवेदन रूप सिद्ध होनेपर भी आत्मामे क्रियाके विरोध होनेसे ज्ञान स्वप्रकाशक नही हो सकता —दूसरे वादियोके इस उपालभके भयसे भट्टमतके अनुयायी ज्ञानको स्वप्रकाशक नही मानते ।

भट्ट मीमांसक—ज्ञान स्वप्रकाशक नही होता वह पहले नही जाने हुए पदार्थोंको ही जानता है । प्रकाश होना क्रिया है इसलिये कोई भी क्रिया स्वय ही अपना विषय नही हो सकती । जैसे चतुरसे चतुर नट भी स्वय अपने कधेपर नही चढ सकता तथा पैनासे पैनी तलवारकी धार भी अपने आपको नही काट सकती वैसे ही ज्ञानमे भी क्रिया होना सभव नही अतएव ज्ञान परोक्ष ही है । **जैन**—यह ठीक नही । हम पूछते हैं ज्ञानमे ज्ञानकी उत्पत्ति होनसे विरोध आता है ? अथवा ज्ञानमे जाननेकी क्रियाकी (ज्ञप्तिकी) उत्पत्ति होनेमे विरोध आता है ? यदि ज्ञानमे ज्ञानकी उत्पत्ति होनेमे विरोध आता है तो भले ही आ जाय । ज्ञान अपने आपको उत्पन्न करता है ऐसा हम भी नही मानते । यदि ज्ञानमे जाननेकी क्रियाकी उत्पत्ति होनेमें विरोध आता है तो यह जाननेकी क्रियाकी ज्ञानमे उत्पत्ति होना विरुद्ध नहीं है । क्योंकि जिस प्रकार प्रकाशात्मक रूपसे ही प्रदीपका प्रकाश उत्पन्न होता है उसी प्रकार जाननेकी क्रिया रूपसे ही ज्ञान अपने हेतुओसे उत्पन्न होता है । **शका**—प्रकाशात्मक रूपसे उत्पन्न प्रदीपका आलोक दूसरे पदार्थोंको प्रकाशित करने वाला भले ही हो लेकिन इससे यह नही कहा जा सकता कि वह अपने आपको भी प्रकाशित करता है । **समाधान**—यदि ऐसी बात है तो उस विचारेको अप्रकाशित ही रहना चाहिये अथवा किसी अन्य प्रकाशसे प्रकाशित होना चाहिये । प्रथम पक्षमे प्रत्यक्षसे बाधा आती है । द्वितीय पक्षमें वही अनवस्था दोष उपस्थित होता है ।

अथ असौ स्वमपेक्ष्य कर्मतया चकास्तीत्यस्वप्रकाशकः स्वीक्रियते, आत्मानं न प्रकाशयतीत्यर्थः। प्रकाशरूपतया तूत्पन्नत्वात् स्वयं प्रकाशत एवेति चेत्, चिरञ्जीव। न हि वयमपि ज्ञानं कर्मतयैव प्रतिभासमानं स्वसंवेद्यं ब्रूम[1]। ज्ञान स्वय प्रतिभासत इत्यादावकर्मकस्य तस्य चकासनात्। यथा तु ज्ञानं स्वं जानामीति कर्मतयापि तद्भाति, तथा प्रदीप स्वं प्रकाशयतीत्ययमपि कर्मतया प्रथित एव॥

यस्तु स्वात्मनि क्रियाविरोधो दोष उद्भावित सोऽयुक्त[1]। अनुभवसिद्धेऽर्थे विरोधो सिद्धे। घटमह जानामीत्यादौ कर्तृकर्मवद् ज्ञप्तरप्यवभासमानत्वात्। न चाप्रत्यक्षोपलम्भ स्यार्थदृष्टि[1] प्रसिध्यति। न च ज्ञानान्तरात् तदुपलम्भसम्भावना तस्याप्यनुपलम्भस्य प्रस्तुतोपलम्भप्रत्यक्षीकाराभावात्। उपलम्भान्तरसम्भावने चानवस्था। अर्थोपलम्भात् तस्योपलम्भे अन्योन्याश्रयदोष[1]॥

अथार्थप्राकटयमन्यथा नोपपद्येत यदि ज्ञान न स्यात् इत्यर्थापत्त्या तदुपलम्भ इति चेत्। न। तस्या अपि ज्ञापकत्वेनाज्ञाताया ज्ञापकत्वायोगात्। अर्थापत्त्यन्तरात् तज्ज्ञानेऽनवस्थेतरेतराश्रयदोषापत्त[2] तदवस्थ परिभव। तस्मादर्थोन्मुखतयेव स्वोन्मुखतयाऽपि ज्ञानस्य प्रतिभासात् स्वसविदितत्वम्॥

शका—अपनी अपेक्षा करके यह प्रदीप कम रूपसे प्रकाशमान नही होता अत अस्वप्रकाशक रूपसे स्वीकृत होता ह अर्थात वह अपने आपको प्रकाशित नहीं कर सकता प्रकाश रूपसे उत्पन्न होनेसे वह स्वयं प्रकाशमान होता ही ह। **समाधान**—यदि ऐसी बात है तो ज्ञान कम रूपसे ही प्रकाशमान होनेसे स्वसवद्य होता हैं ऐसा हम भी नहीं मानते। क्योंकि ज्ञान स्वय प्रकाशमान होता है इस वाक्यमें भी कमरूप न होनवाला ज्ञानका प्रकाश होता है। जिस प्रकार ज्ञान अपने आपको जानता है इस प्रकार कम रूपसे वह भासित होता है वैसे ही प्रदीप अपन आपको प्रकाशित करता ह इस प्रकार प्रदीप भी कम रूपसे प्रकट होता ह।

ज्ञानम स्वसवदन क्रियाका सद्भाव होनसे जो विरोध रूप दोष बताया गया है वह भी ठीक नही। क्योकि अनुभवसे सिद्ध पदार्थोंम यह विरोध नहीं देखा जाता। जिस प्रकार मं घटको जानता हूँ इत्यादि प्रयोगोम कर्ता और कमका ज्ञान होता है उसी तरह जाननेकी क्रियाका ज्ञान भी अवभासित होनसे विरोध रहित ह। जो ज्ञान स्वयका नहीं जानता उस ज्ञान द्वारा ज्ञयार्थको जानना सिद्ध नही होता। किसी अन्य ज्ञान द्वारा उस अज्ञात ज्ञानको जाननकी सभावना नही क्योकि अज्ञात रूप अन्य ज्ञान प्रस्तुत अज्ञात ज्ञानको प्रत्यक्ष रूपसे नही जान सकता। उस अज्ञात रूप अन्य ज्ञानको जानने वाले अन्य ज्ञानकी कल्पना करने पर अनवस्था दोष आता है। ज्ञयार्थका ज्ञान होने पर ज्ञातृज्ञानका ज्ञान होता है इस सिद्धातके माननेसे अन्योन्याश्रय दोष आता है। क्योंकि ज्ञयार्थका ज्ञान होने पर ज्ञातृज्ञानका ज्ञान होगा और ज्ञातृज्ञान होन पर ज्ञयार्थका ज्ञान हो सकेगा।

भट्टमीमांसक—यदि अर्थ (घट) का ज्ञान न हुआ तो उस अर्थज्ञान (घटज्ञान) के अभावमें अर्थ (घट) की प्रकटता नही होगी अतएव अर्थापत्तिसे अर्थ (घट) ज्ञातृज्ञान जाना जाता है। **जैन**—यह भी ठीक नही। क्योकि जिसे अपना ज्ञापकत्व स्वरूप अज्ञात होता है ऐसी अर्थापत्तिका ज्ञापकत्व (अर्थज्ञातृ ज्ञापकत्व ज्ञान) घटित नहीं होता। अन्य अर्थापत्ति ज्ञानसे प्रकृत अर्थापत्तिके ज्ञापकत्व स्वरूपका ज्ञान होन पर अनवस्था और इतरेतराश्रय दोष आ जानेसे दोषापत्ति जैसी की तैसी बनी रहती है। अतएव जिस प्रकार ज्ञान ज्ञयार्थके उन्मुख होता है उसी प्रकार स्वोन्मुख भी होनसे उसका स्वसंविदितत्व सिद्ध होता है।

---

१ न हि दृष्टेऽनुपपन्नं नामेति न्यायात।

२ 'पुष्टो देवदत्तो दिवा न भुङ्क्ते इति वाक्ये पुष्टत्वान्यथानुपपत्त्या यथा रात्रिभोजनं कल्प्यते तथात्र घटज्ञान विना घटप्राकट्य नोपलभ्यत इति घटप्राकटयान्यथानुपपत्त्या घटज्ञानं कल्प्यते।

नन्वनुभूतेरनुभाव्यत्वे घटादिवदननुभूतित्वप्रसङ्गः । प्रयोगस्तु ज्ञानमनुभवरूपम् अननुभूतिर्न भवति अनुभाव्यत्वाद् घटवत्, अनुभाव्य च भवद्भिरिष्यते ज्ञानं, स्वसंवेद्यत्वात्। नैवम् । ज्ञातुर्ज्ञातृत्वेनेवानुभूतेरनुभूतित्वेनैवानुभवात् । न चानुभूतेरनुभाव्यत्व दोष । अर्था-पेक्षयानुभूतित्वात् स्वापेक्षया चानुभाव्यत्वात् । स्वपितृपुत्रापेक्षयैकस्य पुत्रत्वपितृत्ववद् विरोधाभावात् ॥

अनुमानाच्च स्वसंवेदनसिद्धि । तथाहि । ज्ञानं स्वय प्रकाशमानमेवार्थं प्रकाशयति, प्रकाशकत्वात् प्रदीपवत् । संवेदनस्य प्रकाश्यत्वात् प्रकाशकत्वमसिद्धमिति चेत् । न । अज्ञान निरासादिद्वारेण प्रकाशकत्वोपपत्त ॥

ननु नेत्रादय प्रकाशका अपि स्व न प्रकाशयन्तीति प्रकाशकत्वहेतोरनैकान्तिकतेति चेत्, न नेत्रादिभिरनैकान्तिकता । तेषा लब्ध्युपयोग लक्षणभावेन्द्रियरूपाणामेव प्रकाशकत्वात् । भावेन्द्रियाणां च स्वसंवेदनरूपतैवेति न व्यभिचार । तथा संवित स्वप्रकाशा अर्थ प्रतीतित्वात् य स्वप्रकाशो न भवति नासावर्थप्रतीति यथा घट ॥

शंका—यदि अनुभूति (ज्ञानको) को अनुभाव्य (ज्ञेय) स्वीकार किया जाय तो ज्ञेय घट पटके समान ज्ञानको भी अज्ञान रूप मानना चाहिये । अतएव ज्ञान अनुभव रूप हो कर भी अनुभाव्य (ज्ञेय) होनेसे घटकी तरह अनुभूति (ज्ञान) नही हो सकता । और आपने ज्ञानको अनुभाव्य माना है स्वसंवेद्य होनेसे । समाधान—जैसे ज्ञाताका ज्ञातृत्व रूपसे अनुभव होता है वैसे ही अनुभूति भी अनुभूति रूपसे ही अनुभवमें आती है । तथा अनुभूतिको अनुभाव्य माननेमे दोष नही आता क्योंकि अनुभूति पदार्थोंको जाननेकी अपेक्षा अनुभूति रूप है परन्तु जब वही अनुभूति स्वसंवेदन करती है तब वह अनुभाव्य कही जाती है । जिस प्रकार एक ही पुरुषको अपने पिताकी अपेक्षा पुत्र और अपने पुत्रोंकी अपेक्षा पिता कहा जाता है उसी प्रकार एक ही अनुभूति भिन्न भिन्न अपेक्षाओंसे अनुभूति और अनुभाव्य कही जाती है । इसलिये कोई विरोध नही है ।

तथा ज्ञान स्वय प्रकाशित होता हुआ ही दूसरे पदार्थोंको जानता है क्योंकि वह प्रकाशक है दीपककी तरह इस अनुमानसे ज्ञानके स्वसंवेदनकी सिद्धि होती है । यदि कहो कि ज्ञान प्रकाश्य है इसलिये प्रकाशक नही हो सकता तो यह भी ठीक नही । क्योंकि ज्ञान अज्ञानको नाश करता है इसलिये वह प्रकाशक ही है ।

शंका—नेत्र आदि प्रकाशक होनेपर भी अपने आपको प्रकाशित नही करते इसलिये प्रकाशकत्व हेतु अनैकान्तिक है । समाधान—यह ठीक नही क्योंकि नेत्र आदि लब्धि और उपयोग रूप भावेन्द्रियद्वारा अपने आपको भी जानते हैं । (मतिज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमसे उत्पन्न होनेवाली विशुद्धि अथवा विशुद्धिसे उत्पन्न होनेवाले उपयोगात्मक ज्ञानको भावेन्द्रिय कहते हैं । लब्धि और उपयोग भावेन्द्रिय कही जाती हैं । स्पर्शन रसना आदि पाच इन्द्रियोके आवरणके क्षयोपशम होनेपर पदार्थोंके जाननेकी शक्तिविशेषको लब्धि तथा अपनी अपनी लब्धिके अनुसार आत्माके पदार्थोंमे प्रवृत्ति करनेको उपयोग कहते हैं ।) भावेन्द्रिया स्वसंवेदन रूप होती हैं अतएव इसमे कोई विरोध नही है । अतएव ज्ञान स्वप्रकाशक है क्योंकि वह पदार्थों को जानता है जो स्वप्रकाशक नही होता वह पदार्थोंको नही जानता जैसे घट ।

---

१ प्रदीपस्यार्थापेक्षया प्रकाशकत्व स्वापेक्षया च प्रकाश्यप्रकाशकत्वम ।

२ जन्तो श्रोत्रादिविषयस्तत्तदावरणस्य य ।
स्यात क्षयोपशमो लब्धिरूप भावेन्द्रिय हि तत ॥
स्वस्वलब्ध्यनुसारेण विषयेषु य आत्मन ।
व्यापार उपयोगाख्य भवेद्भावेन्द्रिय च तत् ॥ लोकप्रकाशे ३ ॥

तदेवं सिद्धेऽपि प्रत्यक्षानुमानाभ्यां ज्ञानस्य स्वसंविदितत्वे "सत्संप्रयोगे इन्द्रियबुद्धि जन्मलक्षणं ज्ञानं, ततोऽर्थप्राकट्यं, तस्मादर्थापत्तिः, तया प्रवर्तकज्ञानस्योपलम्भः"[1] इत्येवंरूपा त्रिपुटीप्रत्यक्षकल्पना भट्टानां प्रयासफलैव ॥

यौगास्त्वाहुः । ज्ञानं स्वान्यप्रकाश्यम्, ईश्वरज्ञानान्यत्वे सति प्रमेयत्वात्, घटवत् समुत्पन्नं हि ज्ञानमेकात्मसमवेतमनन्तरोद्भविष्णुमानसप्रत्यक्षेणैव लक्ष्यते, न पुनः स्वेन । न चैवमनवस्था । अर्थावसायिज्ञानोत्पादमात्रेणैवार्थसिद्धौ प्रमातुः कृतार्थत्वात् । अर्थज्ञानजिज्ञासायां तु तत्रापि ज्ञानमुत्पद्यत एवेति । तदयुक्तम् । पक्षस्य प्रत्यनुमानबाधितत्वेन हेतोः कालात्ययापदिष्टत्वात् । तथाहि । विवादास्पदं ज्ञानं स्वसंविदितं ज्ञानत्वात् ईश्वरज्ञानवत् । न चायं बाधप्रतीतो दृष्टान्तः, पुरुषविशेषस्येश्वरतया जैनैरपि स्वीकृतत्वेन तज्ज्ञानस्य तेषां प्रसिद्धेः ॥

व्यर्थविशेष्यश्चात्र तव हेतुः समर्थविशेषणोपादानेनैव साध्यसिद्धेः । अग्निसिद्धौ धूमवत्त्वे सति द्रव्यत्वादितिवत् । ईश्वरज्ञानान्यत्वादित्येतावतैव गतत्वात् । न हीश्वरज्ञानादन्यत् स्वसंविदितमप्रमेयं वा ज्ञानमस्ति यद्व्यवच्छेदाय प्रमेयत्वादिति क्रियेत । भवन्मते तदन्यज्ञानस्य सर्वस्य प्रमेयत्वात् ॥

इस प्रकार प्रत्यक्ष और अनुमानसे ज्ञानके स्वयं संवेदक सिद्ध हो जानेपर भाट्टोंकी त्रिपटी प्रत्यक्षकी कल्पना करना भी बिलकुल व्यर्थ है । भाट्टोंके अनुसार (१) विद्यमान पदार्थोंके साथ इन्द्रिय और बुद्धिका संयोग होनेसे ज्ञान उत्पन्न होता है (२) इस ज्ञानसे अर्थप्राकट्य अर्थात् पदार्थका ज्ञान होता है (३) पदार्थके ज्ञानसे होनेवाली अर्थापत्तिसे प्रकाशक ज्ञानका संवेदन होता है। इसे भाट्ट मतमें त्रिपुटी प्रत्यक्ष कहा है ।

न्यायवैशेषिक—घटसे भिन्न ज्ञानके द्वारा जिस प्रकार घट प्रकाशित किया जाता है उसी प्रकार ईश्वरज्ञानसे भिन्नता होने पर प्रमेय रूप होनसे ज्ञान अपनेसे भिन्न ज्ञानके द्वारा प्रकाश्य है । अपनी उत्पत्ति होनेके बाद जिसका एक आत्माके साथ समवाय संबंध होता है ऐसे पदार्थका ज्ञान अपनी उत्पत्तिके बाद उत्पन्न होने वाले मानस प्रत्यक्षके द्वारा जाना जाता है स्वयं अपने द्वारा नही जाना जाता । इस प्रकार ज्ञानको अन्य ज्ञान द्वारा प्रकाश्य मानने पर अनवस्था दोष नही आता । क्योंकि अर्थको जाननेवाले ज्ञानकी उत्पत्ति मात्रसे ज्ञातृज्ञानके प्रयोजनकी सिद्धि हो जाने पर ज्ञातज्ञान कृतार्थ हो जाता है । जब प्रमाताको पदार्थोंको जानने की इच्छा होती है उस समय भी ज्ञानकी उत्पत्ति होती है । जैन—यह कथन ठीक नही है । क्योंकि ज्ञान अपने से भिन्न ज्ञानके द्वारा जाना जाता है —इस अनुमानका पक्ष 'विवादास्पद ज्ञान स्वसंविदित है ज्ञान होनसे ईश्वरज्ञानकी भाँति'—इस प्रति अनुमानसे बाधित होनेके कारण हेतु कालात्ययापदिष्ट (हेत्वाभास) हो गया है (जो हेतु पक्षके प्रत्यक्ष अनुमान आगम आदि प्रमाणोंके द्वारा बाधित किये जाने पर उपस्थित किया जाता है उसे कालात्ययापदिष्ट कहते हैं) । यहाँ ईश्वरज्ञानका दृष्टान्त अप्रतीत नही क्योंकि पुरुष विशेषको जैनोंने भी ईश्वररूपसे स्वीकार किया है ।

इसके अतिरिक्त उक्त हेतु व्यर्थविशेष्यसे दूषित है क्योंकि यहाँ समर्थ विशेषणसे ही साध्यकी सिद्धि हो जाती है । ज्ञान स्वान्यप्रकाश्यम् ईश्वरज्ञानान्यत्वे सति प्रमेयत्वात् घटवत् (ज्ञान अपनसे भिन्न ज्ञानके द्वारा प्रकाश्य है ईश्वरज्ञानसे भिन्न होने पर घटकी भाँति)—यहाँ ईश्वरज्ञानान्यत्वे सति विशेषणको ग्रहण करनेसे ही ज्ञान स्वान्यप्रकाश्य —साध्यकी सिद्धि हो जाती है अतएव प्रमेयत्वात् विशेष्य व्यर्थ है ।

---

१ जैमिनिसूत्र १-१-४५ तत्रार्थानिगुणमेतत । घटादिविषये ज्ञाने जाते मया ज्ञातोऽयं घट इति घटस्य ज्ञातत्वं प्रतिसंधीयते । तेन ज्ञाने जाते सति ज्ञातता नाम कश्चिद्धर्मो जात इत्यनुमीयते । सा च (ज्ञातता) ज्ञानात्पूर्वमजातत्वात् ज्ञाने जाते च जातत्वाच्च अन्वयव्यतिरेकाभ्यां ज्ञानेन जन्यते इत्यवधार्यते (तर्कभाषा पृ २२) । ज्ञानस्य मितिः माता मेयम् तद्विषयकत्वात् त्रिपुटी तत्प्रत्यक्षता ।

अप्रयोजकश्चायं हेतुः। सोपाधित्वात्। साधनाव्यापकः साध्येन समव्याप्तिश्च खलु उपाधिरभिधीयते। तत्पुत्रत्वादिना श्यामत्वे साध्ये शाकाद्याहारपरिणामवत्। उपाधिश्चात्र जडत्वम्। तथाहि ईश्वरज्ञानान्यत्वे प्रमेयत्वे च सत्यपि यदेव जडं स्तम्भादि तदेव स्वस्मादन्येन प्रकाश्यते। स्वप्रकाशे परमुखप्रेक्षित्वं हि जडस्य लक्षण। न च ज्ञानं जडस्वरूपम्। अतः साधनाव्यापकत्वं जडत्वस्य। साध्येन समव्याप्तिकत्व चास्य स्पष्टमेव। जाड्यं विहाय स्वप्रकाशाभावस्य त च त्यक्त्वा जाड्यस्य क्वचिदप्यदर्शनात् इति॥

यच्चोक्त समुत्पन्न हि ज्ञानमेकात्मसमवेतम् इत्यादि। तदप्यसत्यम्। इत्थमर्थज्ञानतज्ज्ञानयोरुत्पद्यमानयोः क्रमानुपलक्षणत्वात्। आशूत्पादात्क्रमानुपलक्षणमुत्पलपत्रशतव्यतिभेदवद् इति चेत् तन्न। जिज्ञासाव्यवहितस्यार्थज्ञानस्योत्पादप्रतिपादनात्। न च ज्ञानानां जिज्ञासास

जैसे पर्वतोऽयं अग्निमान् धूमवत्वे सति द्रव्यत्वात् —इस अनुमानमें धूमवत्वे सति विशेषणसे ही पर्वतोऽयं अग्निमान् साध्य की सिद्धि हो जाती है अतएव यहाँ द्रव्यत्वात् विशेष्य व्यर्थ है। तथा उक्त अनुमानमें जिसकी व्यावृत्ति करनेके लिये प्रमेयत्वात् विशेष्यका प्रयोग किया जाता है उस ईश्वरज्ञानसे भिन्न स्वसंविदित अथवा अप्रमेय ज्ञानका अस्तित्व नहीं है क्योंकि आपके मतमें ईश्वरज्ञानसे भिन्न सभी ज्ञान प्रमेय हैं।

तथा अप्रमेयत्व हेतु सोपाधिक होनेसे अप्रयोजक भी है। साधनके साथ अव्याप्ति और साध्यके साथ समव्याप्ति होनेको उपाधि कहा जाता है। जैसे जो स्त्री गर्भवती अवस्थामें शाक आदिका सेवन करती है उसके श्याम वर्णका पुत्र होता है और जो उसका सेवन नहीं करती उसके श्याम वर्णका पुत्र नहीं होता —यहाँ स्त्रीके पुत्रत्वरूप हेतुके द्वारा उस पुत्रका श्यामत्व साध्य होनेपर शाक आदि आहारका परिणाम उसके पुत्रत्वरूप साधनके साथ व्याप्त नहीं है (उसके साथ उसका अविनाभाव संबंध नहीं है) तथा श्यामत्वरूप साध्यके साथ समव्याप्त है। अतएव सोपाधिक है। (जो स्त्री गर्भवती अवस्थामें शाक आदिका आहार करती है उसका पुत्र श्याम वर्णका होता है और जिसका पुत्र श्याम वर्णका होता है वह गर्भवती अवस्था में शाक आदिका आहार करती है —यहाँ शाक आदि आहार परिणामकी गर्भवती स्त्रीरूप साधनके साथ व्याप्ति नहीं हो सकती क्योंकि प्रत्येक गर्भवती स्त्री जिसका गर्भोत्पन्न पुत्र श्याम वर्णका हो शाक आदिका आहार करती ही हो ऐसा नियम नहीं है पुत्रके श्यामत्व रूप साध्यके साथ ही उसकी व्याप्ति है। अतएव तत्पुत्रत्व रूप हेतुको यहाँ सोपाधिक होनेसे अप्रयोजक (साध्यकी सिद्धि न करनेवाला) कहा गया है)। इसी प्रकार ज्ञानं स्वान्यप्रकाश्यं ईश्वरज्ञानान्यत्वे सति प्रमेयत्वात् इस अनुमानमें जडत्व उपाधि होनेसे अप्रयोजक होनेके कारण यह स्वान्यप्रकाश्य साध्यकी सिद्धि करनेमें असमर्थ है। ज्ञानके ईश्वरज्ञानसे भिन्नत्व और प्रमेयत्व होनेपर भी जो जड (अचेतन) स्तंभ आदि हैं वह अपनेसे भिन्न ज्ञानके द्वारा प्रकाशित किया जाता है। अपने प्रकाशमें दूसरेका अवलंबन ग्रहण करना जडत्वका लक्षण है। ज्ञान जडस्वरूप नहीं है। अतः जडत्व ईश्वरज्ञानसे भिन्नरूप और प्रमेय रूप साधनमें व्याप्त नहीं है स्वान्यप्रकाश रूप साध्यके साथ जडत्वकी व्याप्ति स्पष्ट है। क्योंकि जडत्वको छोडकर स्वप्रकाशका अभाव (जडत्वके अभावमें स्वप्रकाशका अभाव) और स्वप्रकाशकको छोडकर जडत्व नहीं रहता।

तथा आप लोगोंने जो कहा कि एक आत्माके साथ समवाय संबंधको प्राप्त ज्ञेय पदार्थके ज्ञानकी उत्पत्तिके बाद उत्पन्न होनेवाले मानस प्रत्यक्ष ज्ञानके द्वारा ही जाना जाता है यह भी ठीक नहीं। क्योंकि इस प्रकार उत्पन्न होनेवाले पदार्थका ज्ञान और ज्ञानके ज्ञानमें पदार्थका ज्ञान पहले होता है और पदार्थके ज्ञानका ज्ञान पीछे होता है ऐसा कोई क्रम नहीं देखा जाता। यदि आप कहें कि पदार्थका ज्ञान और पदार्थके ज्ञानका ज्ञान दोनों क्रमसे ही होते हैं परन्तु यह क्रम इतनी शीघ्रतासे होता है कि उसे हम नहीं देख सकते। जैसे कमल के

---

१ यत्र यत्र जाड्यं तत्र तत्र स्वप्रकाशाभावः। यत्र च स्वप्रकाशाभावस्तत्र तत्र जाड्यमिति सम्यग्हेतौ त्वेकविधैव व्याप्तिः। न हि भवति यत्र यत्राग्निस्तत्र तत्र धूम इति। अङ्गारावस्थायां धूमानुपलम्भनात्।

मुत्पाद्यत्वं घटते अजिज्ञासितेष्वपि योग्यदेशेषु विषयेषु तदुत्पादप्रतीतेः। न चार्थज्ञानमयोग्य देशम्। आत्मसमवेतस्यास्य समुत्पादात्। इति जिज्ञासामन्तरेणैवार्थज्ञाने ज्ञानोत्पादप्रसङ्गः। अथोत्पद्यतां नामेदं को दोष इति चेत्, नन्वेवमेव तज्ज्ञानज्ञानेऽप्यपरज्ञानोत्पादप्रसङ्गः। तत्रापि चैवमयम्। इत्यपरापरज्ञानोत्पादपरम्परायामेवात्मनो व्यापारात् न विषयान्तरसंचारः स्यादिति। तस्माद्यज्ज्ञानं तदात्मबोध प्रत्यनपेक्षितज्ञानान्तरव्यापारम्, यथा गोचरान्तरग्राहि ज्ञानात् प्राग्भावि गोचरान्तरग्राहिधारावाहिज्ञान प्रब न्धस्यान्त्यज्ञानम्। ज्ञान च विवादाध्या सित रूपादिज्ञानम् इति न ज्ञानस्य ज्ञानान्तरज्ञेयता युक्ति सहते॥ इति काव्यार्थ ॥ १२॥

पत्तोंके ढेरको सूइसे बींधते समय हम एसा प्रतीत होता है कि हमने सभी पत्तोका एक ही साथ बेधन किया है, परन्तु (वास्तवमें इनके बींधनेमें सूक्ष्म क्रम रहता है उसी तरह पदार्थके ज्ञान और ज्ञानके ज्ञानम भी सूक्ष्म क्रम रहता है। यह ठीक नही। क्योकि पदाथज्ञानके ज्ञानकी उत्पत्ति पदाथज्ञानकी उत्पत्तिके बाद उत्पन्न होनेवाली जिज्ञासासे होती है अतएव पदार्थका ज्ञान और पदार्थके ज्ञान का ज्ञान—इनम जिज्ञासाका व्यवधान होनेपर ही पदार्थके ज्ञानका ज्ञान उत्पन्न होता है ऐसा आपने कहा है। अत आप यह नही कह सकते कि एक ज्ञानके बाद ही दूसरा ज्ञान उत्पन्न होता है एसा कोई क्रम उनम नही है। तथा जिज्ञासाओंसे ज्ञानोंका उत्पन्न होना घटित नही होता क्योकि योग्य देशोम इन्द्रियोके विषयोंको जिज्ञासाका अभाव होनेपर भी पदार्थोंका ज्ञान उत्पन्न हुआ देखा जाता है। पदार्थोंका ज्ञान पदार्थोंके अयोग्य देशमें स्थित होनपर नहीं होता क्योकि ज्ञय पदार्थके ज्ञाताके आत्माके साथ समवेत होनेपर ही पदाथके ज्ञानकी उत्पत्ति होती है। इस प्रकार (पदाथके ज्ञानके ज्ञानको) जाननकी इच्छाका अभाव होनेपर भी पदाथके ज्ञानके ज्ञानकी उत्पत्ति होनेका प्रसग उपस्थित होता है। यदि कहो कि पदाथके ज्ञानका ज्ञान उसकी जिज्ञासाका अभाव होनेपर भी उत्पन्न होता है तो भले ही हो जाये उसम कौन-सा दोष आता है? तो इसी प्रकार पदार्थके ज्ञानको जाननेके लिय अन्य ज्ञानकी उत्पत्तिका प्रसग उपस्थित हो जायगा। फिर उस अन्य ज्ञानको जाननेके लिये भी अपर ज्ञानकी उत्पत्ति माननी पडेगी। इस प्रकार अपरापर ज्ञानकी उत्पत्तिकी परपराको जाननमें लगे रहनेके कारण आत्मा अन्य विषयभूत पदाथके ज्ञानके ज्ञानको जाननके लिये उपयुक्त न हो सकेगी। अतएव ज्ञानका विषय बनने वाले पदाथज्ञानसे भिन्न विषयभूत घट आदिका निश्चय करने वाले ज्ञानसे (अनतर पूर्व) समय में उत्पन्न (तथा) घट आदि रूप अन्य ज्ञय पदार्थोंको जानने वाले यह घट आदि है' यह घटादि है—इस प्रकारके धारावाहिक ज्ञानकी परंपराके अंत्य समयमें उत्पन्न होनवाला अंत्य ज्ञान अपने को जानने के लिय अपनसे भिन्न अन्य ज्ञानको जाननकी क्रियाकी अपेक्षा नही रखता। इसी प्रकार पदाथका जो ज्ञान होता है वह अपनको जाननके लिय अन्य ज्ञानके जाननकी क्रियाकी अपेक्षा नहीं रखता। विवादा स्पद रूपादिका ज्ञान ज्ञान रूप होता है अतएव ज्ञानकी अन्य ज्ञान द्वारा ज्ञयता युक्तियुक्त नहीं ह॥ यह श्लोकका अथ ह॥

भावार्थ—जैनसिद्धातके अनुसार ज्ञान अपने आपको जानता है (स्वावबोधक्षम) और दूसरे पदार्थों को भी जानता है (अर्थावबोधक्षम)।

कुमारिलभट्ट—ज्ञान अपने आपको नहीं जानता। अनुमान भी ह—ज्ञान स्वसविदित नहीं है, क्योकि ज्ञानम क्रिया नहीं हो सकती। जैसे चतुरसे चतुर नट भी अपन कधेपर नही चढ़ सकता तथा पैनीसे पैनी तलवारकी धार भी अपने आपको नही काट सकती वसे ही ज्ञानमें भी क्रिया नही हो सकती (ज्ञान स्वसंविदित न भवति स्वात्मनि क्रियाविरोधात्। न हि सुशिक्षितोऽपि नटबटु स्वस्कधमधिरोढु क्षम। न च सुतीक्ष्णाप्यसिधारा स्व छेत्तुमाहितव्यापार)। जैन—यह ठीक नही। जैसे दीपक अपने और दूसरेको प्रकाशित करता है वैसे ही ज्ञान भी निज और पर पदार्थोंका प्रकाश करनेवाला है। तथा एक ही पदाथमें

---

१ एकस्मिन्नेव घटे 'घटोऽयम् 'घटोऽयम् इत्येवमुत्पन्नान्यन्यूनोत्तरज्ञानानि धारावाहिकज्ञानानि।

अथ ये ब्रह्माद्वैतवादिनोऽविद्या अपरपर्यायमायावशात् प्रतिभासमानत्वेन विश्वत्रयवर्तिवस्तुप्रपञ्चमपारमार्थिकं समर्थयन्ते, तन्मतमुपहसन्नाह—

माया सती चेद् द्वयतत्त्वसिद्धिरथासती हन्त कुत प्रपञ्च ।
मायैव चेदर्थसहा च तत्किं माता च वन्ध्या च भवत्परेषाम् ॥ १२ ॥

कर्ता और कर्मका ज्ञान होना अनुभवसे सिद्ध है इसलिये स्वय ज्ञानमे क्रिया नही होती (स्वात्मनि क्रिया विरोधात्) यह हेतु भी दूषित है।

कुमारिलभट्ट—हम लोगोके अनुसार (१) पदार्थोंसे इन्द्रिय और बुद्धिका सबध होनेपर इन्द्रिय और बुद्धिसे ज्ञान पैदा होता है इसके बाद (२) पदार्थोंका प्राकट्य होता है (अर्थप्राकट्य) फिर (३) यह ज्ञान होता है कि पदार्थोंका ज्ञान हुआ है जैसे घटसे इन्द्रिय और बुद्धिका सबध होनेसे घटका ज्ञान होनेपर यह ज्ञान होता है कि मैने घटको जाना है। बादमे घटका ज्ञान होनेपर घटका प्राकट्य (ज्ञातत्व) होता है। यह घटप्राकट्य ज्ञानके पहले नहीं होता ज्ञानके उत्पन्न होनेपर ही होता है अतएव यह ज्ञानसे उत्पन्न हुआ कहा जाता है। यह अर्थका प्राकट्य ज्ञानसे उत्पन्न होता है अतएव हम अर्थप्राकट्यकी अन्यथानुपपत्तिसे ज्ञानको जानते हैं (तस्मादर्थापत्तिस्तया प्रवर्तकज्ञानस्योपलम्भ)। हम लोग इस त्रिपुटी प्रत्यक्षको मानते हैं इसलिये ज्ञान स्वसवेदक नही हो सकता। **जैन**—आप लोग अर्थप्राकट्यको स्वत सिद्ध नही कह सकते जिससे अर्थप्राकट्यकी अर्थापत्तिसे ज्ञानकी उपलब्धि स्वीकार की जा सके। ज्ञातत्व स्वत सिद्ध है और ज्ञान स्वत सिद्ध नही इसमे कोई हेतु नही है। वास्तवमे ज्ञातत्वकी अपेक्षा ज्ञानका स्वत सिद्ध होना अधिक मान्य हो सकता है।

कुमारिलभट्ट—यदि आप लोग ज्ञानको स्वसवेद्य कहते है तो हम अनुमान बनाते है— ज्ञान अनुभव रूप हो कर भी अनुभूति (ज्ञान) नही है ज्ञेय होनेसे घटकी तरह (ज्ञान अनुभवरूपमपि अनुभवितृ न भवति अनुभाव्यत्वात् घटवत्) इसलिये ज्ञान स्वसवेद्य नही हो सकता। **जैन**—पदार्थोंको जाननेकी अपेक्षा ज्ञान अनुभूति रूप तथा स्वयका सवेदन करनेकी अपेक्षा अनुभाव्य रूप है। अतएव ज्ञान अनुभूति और अनुभाव्य दोनों ही है।

न्यायवैशेषिक—ज्ञान स्वसविदित नही होता क्योंकि वह अनुव्यवसायगम्य है। हमारे मतमे यह घट है इस व्यवसाय रूप ज्ञानके पश्चात् यह यह मानस ज्ञान होता है कि मै इस घटको घट रूपसे जानता हूँ इस अनुव्यवसाय रूप ज्ञानसे ही पदार्थोंका ज्ञान होता है अतएव ज्ञान दूसरेसे प्रकाशित होता है क्योंकि वह ईश्वरज्ञानसे भिन्न होकर प्रमेय है घटकी तरह (ज्ञान स्वान्यप्रकाश्य ईश्वरज्ञानान्यत्वे सति प्रमेयत्वात् घटवत्)। तथा ज्ञानको दूसरेसे प्रकाशित माननेमे अनवस्था दोष नही आता क्योंकि पदार्थको जानने मात्रसे ही प्रमाताका प्रयोजन सिद्ध हो जाता है। **जैन**—(१) उक्त अनुमान विवादाध्यासित ज्ञान स्वसविदितम् ज्ञानत्वात् ईश्वरज्ञानवत् इस प्रत्यनुमानसे बाधित है। इसलिये ज्ञानको स्वसवेदक ही मानना चाहिये। (२) यह अनुमान व्यर्थविशेष्य भी है क्योंकि यहाँ ईश्वरज्ञानान्यत्व हेतुके विशेष्य प्रमेयत्व हेतुके कहनेसे कोई प्रयोजन सिद्ध नही होता। (३) उक्त हेतु अप्रयोजक होनेसे सोपाधिक भी है। क्योंकि स्वान्य प्रकाश्य ईश्वरज्ञानान्यत्वे सति प्रमेयत्वात् यह तर्क ज्ञानके साथ व्याप्त न हो कर जड पदार्थोंके साथ व्याप्त है क्योंकि ईश्वरज्ञानसे भिन्न हो कर प्रमेय होनेपर भी स्तभ वगैरह जड पदार्थ ही अपनेको छोड कर दूसरेसे प्रकाशित होते हैं।

अब अविद्या अथवा मायाके कारण तीनों लोकोके वस्तु प्रपचको अपारमार्थिक स्वीकार करनेवाले ब्रह्माद्वैतवादियोका उपहास करते हुए कहते हैं—

श्लोकार्थ—यदि माया सत् रूप है तो ब्रह्म और माया दो पदार्थोंका सद्भाव होनेसे अद्वैतकी सिद्धि

वैर्यद्वितमितत्वादिवकाल्मब्रह्मव्यतिरिक्ता या माया—अविद्या प्रपञ्चहेतुः परिकल्पिता, सा सद्रूपा असद्रूपा वा द्वयी गतिः । सती–सद्रूपा चेत् तदा द्वयत्वसिद्धि:—द्वावयवौ यस्य तद् द्वयं, तथाविधं यत् तत्त्वं परमार्थः, तस्य सिद्धिः । अयमर्थः । एकं तावत् त्वदभिमतं तात्त्विकमात्मब्रह्म द्वितीया च माया तत्त्वरूपा सद्रूपतयाङ्गीक्रियमाणत्वात् । तथा चाद्वैतवादस्य मूले निहितः कुठारः । अथेति पक्षान्तरद्योतने । यदि असती–गगनाम्भोजवदवस्तुरूपा सा माया, तत इन्त इत्युपदर्शने आश्चर्ये वा । कुतः प्रपञ्चः । अयं त्रिभुवनोदरविवरवर्तिपदार्थसार्थरूपः प्रपञ्चः कुतः ? न कुतोऽपि संभवतीत्यर्थः । मायाया अवस्तुत्वेनाभ्युपगमात् अवस्तुनश्च तुरङ्गशृङ्गस्येव सर्वोपाख्याविरहितस्य साक्षात्क्रियमाणेदृशविवर्तजननेऽसमर्थत्वात् । किलेन्द्रजालादौ मृगतृष्णादौ वा मायोपदर्शितार्थानामर्थक्रियायामसामर्थ्यं दृष्टम् अत्र तु तदुपलम्भात् कथं मायाव्यपदेशः श्रद्धीयताम् । अथ मायापि भविष्यति, अर्थक्रियासमर्थपदार्थोपदर्शनक्षमा च भविष्यति इति चेत् तर्हि स्ववचनविरोधः । न हि भवति माता च वन्ध्या चेति । एतमेवार्थं हृदि निधायोत्तरार्धमाह । मायैव चेदित्यादि । अत्रैवकारोऽप्यर्थः । अपि च समुच्चयार्थः । अग्रेतनचकारश्च तथा । उभयोश्च समुच्चयार्थयोर्यौगपद्यद्योतकत्वं प्रतीतमेव । यथा रघुवंशे 'ते च प्रापुरुदन्वन्तं बुबुधे चादिपूरुषः'[1] । इति तदयं वाक्यार्थः माया च भविष्यति अर्थसहा च भविष्यति । अर्थसहा–अर्थक्रियासमर्थपदार्थोपदर्शनक्षमा । चेच्छब्दोऽत्र योज्यते, इति चेत् एवं परमाशङ्क्य तस्य स्ववचनविरोधमुद्भावयति । तत् किं भवत्परेषां माता च वन्ध्या च । किमिति–संभावने । संभाव्यत एतत्–भवतो ये परे–प्रतिपक्षाः, तेषां भवत्परेषां भवद्व्यतिरिक्तानां भवदाज्ञापृथग्भूतत्वेन तेषां वादिनां यन्माता च भविष्यति, वन्ध्या च भविष्यतीत्युपहासः । माता हि प्रसवधर्मिणी वनितोच्यते । वन्ध्या च तद्विपरीता । ततश्च माता चेत्कथं वन्ध्या वन्ध्या चेत्कथं माता तदेव । मायाया अवास्तव्या अप्यर्थसहत्वेऽङ्गीक्रियमाणे प्रस्तुतवाक्यवत् स्पष्ट एव स्ववचनविरोधः । इति समासार्थः ॥

व्यासार्थस्त्वयम् । ते वादिन इदं प्रणिगदन्ति । तात्त्विकमात्मब्रह्मैवास्ति—

नहीं हो सकती । यदि माया असत है तो तीनो लोकोके पदार्थोंकी उत्पत्ति नही हो सकती । यदि कहो कि माया माया भी होकर अर्थक्रिया करती ह तो जसे एक ही स्त्री माता और वध्या दोनों नही हो सकती वैसे ही मायाम भी एक साथ दो विरोधी गुण नही रह सकते ।

व्याख्यार्थ—ब्रह्माद्वतवादियोने जो तत्त्वरूप ब्रह्मात्मसे भिन्न माया (अविद्या) को प्रपचका कारण स्वीकार किया है वह माया सत रूप ह या असत रूप ? यदि माया सत है तो ब्रह्म और माया दो पदार्थोंके अस्तित्व होनेसे अद्वैतकी सिद्धि नही हो सकती । क्योंकि अद्वतवादियोने एक आत्मा (ब्रह्म) को ही सत पदार्थ स्वीकार किया है इसलिये यदि माया भी सत हो तो अद्वतके मलम ही कुठाराघात होता है । यदि मायाको आकाशके पुष्प की तरह अवस्तु स्वीकार करो तो ससारके किसी भी पदार्थकी उत्पत्ति नहीं हो सकती । क्योंकि मायाके अवस्तु होनेसे घोडके सीगकी तरह वह प्रत्यक्षसे दृष्टिगोचर होनवाले प्रपचको उत्पन्न नही कर सकती । इन्द्रजाल तथा मृगतृष्णा आदिम मायाद्वारा दिखाय जानवाले पदार्थ अर्थक्रिया नहीं करते । परन्तु समस्त पदार्थोंमें अर्थक्रिया देखनम आती है अतएव इन पदार्थोंमें मायाका व्यवहार नहीं हो सकता । यदि आप कह कि माया माया भी है और वह अर्थक्रिया भी करती है यह ठीक नहीं । क्योंकि इसमें स्ववचन विरोध आता है । जिस प्रकार एक ही स्त्री माता और वध्या दोनों नहीं हो सकती वैसे ही माया भी माया (अवस्तु) होकर अर्थक्रिया (वस्तु) नहीं कर सकती । यह संक्षिप्त अर्थ है ।

यहाँ विस्तृत अर्थ दिया जाता है ।

वेदान्ती—हमारे मतसे तत्त्व रूप एक ब्रह्म ही सत् है । शास्त्रोंमे कहा भी है—

---

१ अध्याक्षेपो भविष्यन्त्या कार्यसिद्धेर्हि लक्षणम् । इत्युत्तरार्धम् । रघुवंशे १०–६ ।

"सर्वं वै खल्विदं ब्रह्म नेह नानास्ति किंचन।
आरामं तस्य पश्यन्ति न तं पश्यति कश्चन" ॥

इति समयात्। अयं तु प्रपञ्चो मिथ्यारूपः, प्रतीयमानत्वात्। यदेवं तदेवम्। यथा शुक्तिशकले कलधौतम्। तथा चायं, तस्मात् तथा॥

तदेतद्बालम्। तथाहि। मिथ्यारूपत्वं ते कीदृग् विवक्षितम्। किमत्यन्तासत्त्वम्, उतान्यस्यान्याकारतया प्रतीतत्वम्, आहोस्विदनिर्वाच्यत्वम्? प्रथमपक्षे असत्ख्यातिप्रसङ्गः। द्वितीये विपरीतख्यातिस्वीकृतिः। तृतीये तु किमिदमनिर्वाच्यत्वम्? निःस्वभावत्वं चेत् निसः प्रतिषेधार्थत्वे, स्वभावशब्दस्यापि भावाभावयोरन्यतरार्थत्वे असत्ख्यातिसत्ख्यात्यभ्युपगमप्रसंगः। भावप्रतिषेधे असत्ख्यातिः अभावप्रतिषेधे सत्ख्यातिरिति। प्रतीत्यगोचरत्वं निःस्वभावत्वमिति चेत्। अत्र विरोधः। स प्रपञ्चो हि न प्रतीयते चेत् कथं धर्मितयोपात्तः। कथं च प्रतीयमानत्वं हेतुतयोपात्तम्। तथोपादाने वा कथं न प्रतीयते। यथा प्रतीयते न तथेति चेत् तर्हि विपरीतख्यातिरियमभ्युपगता स्यात्॥

'यह सब ब्रह्मका ही स्वरूप है इसमें नाना रूप नही है। ब्रह्मके प्रपंचको सब लोग देखते है परन्तु ब्रह्मको कोई नही देखता।

तथा यह प्रपंच मिथ्या है क्योंकि यह प्रतीतिका विषय है। जो प्रतीतिका विषय होता है वह मिथ्या रूप होता है। जैसे सीपके टकडेमें प्रतीत होनेवाला चाँदी मिथ्या रूप होती है। उसी तरह यह प्रपंच प्रतीत होता है इसलिये यह मिथ्या रूप है।

जैन—यह ठीक नहीं है। आप लोगोंने जो दृश्यमान प्रपंचको मिथ्या कहा है सो आपका मिथ्यासे क्या अभिप्राय है? (१) यदि बंध्या के पुत्रकी तरह अत्यंत असत्त्वको मिथ्यात्व कहते हो तो असतख्याति दोष आता है। (शून्यवादी बौद्धोंके अनुसार समस्त पदार्थोंका ज्ञान मिथ्या है क्योंकि समस्त पदार्थ असत् हैं। अतएव जब हमें सीपमें चाँदीका ज्ञान होता है उस समय असत रूप चाँदी सत रूपमें प्रतिभासित होती है। अतएव विपरीत ज्ञानका विषय सर्वथा असत है। क्योंकि असत् पदार्थोंको सत रूप देखना ही विपरीत ज्ञान है। असतख्याति-वादियोंके मतमें पदार्थ और पदार्थका ज्ञान दोनो ही असत हैं। परन्तु वेदान्ती शून्यवादियोंकी असत्ख्यातिको स्वीकार नहीं करते।) (२) यदि एक पदार्थके दूसरे रूपमें प्रतिभासित होनेको मिथ्या कहो तो विपरीतख्याति दोष आता है। (नैयायिक आदि मतके अनुसार जब सीपमें चादीका मिथ्या ज्ञान होता है उस समय सीप चाँदीके रूपमें प्रतिभासित होती है इसलिये एक पदार्थको दूसरे पदार्थके रूपमें जानना ही मिथ्या है वास्तवमें सीप अथवा चाँदीमें कोई मिथ्यापन नहीं। इस विपरीत अथवा अन्यथाख्यातिमें दो पदार्थोंके सद्भाव (द्वैत) होनेके कारण वेदान्ती इसे भी स्वीकार नहीं करते)। (३) यदि अनिर्वचनीयत्व अर्थात् निस्स्वभावत्वको मिथ्यात्व कहो तो निस्स्वभावत्व में स्वभाव शब्दका अर्थ (क) भाव लिया जाय तो असत्ख्याति दोष आता है (परन्तु यह असतख्याति वेदान्तियों को मान्य नहीं है)। (ख) यदि स्वभावका अर्थ अभाव किया जाय तो सत्ख्याति दोष आता है। (रामानुजका सिद्धांत है कि जब सीपमें चादीका मिथ्या ज्ञान होता है उस समय इस मिथ्या ज्ञानका विषय मिथ्या नही होता क्योंकि सीपमें चाँदीके परमाणु मिले रहते हैं इसीलिये सीपमें चाँदीका ज्ञान होता है। परन्तु यह सतख्याति भी वेदान्तियोंको मान्य नहीं है)। (ग) यदि दृश्यमान प्रपंचके ज्ञानके विषय न होनेको निस्स्वभाव कहो तो अयंप्रपंच मिथ्यारूप प्रतीयमानत्वात् इस अनुमानमें जब प्रपंच प्रतीत ही नहीं होता तो प्रपंच को पक्ष नही बना सकते। तथा प्रपंचके ज्ञानका विषय न होनेसे प्रतीयमानत्व हेतु भी

१ छांदोग्य उ ३-१४।

२ आत्मख्यातिरसत्ख्यातिरख्यातिः ख्यातिरन्यथा।
तथानिर्वचनख्यातिरित्येतत् ख्यातिपंचकम्॥ षड्विधा ख्यातिरित्यन्ये मन्यन्ते।

किञ्च, इयमनिर्वाच्यता प्रपञ्चस्य प्रत्यक्षबाधिता। घटोऽयमित्याद्याकारं हि प्रत्यक्षं प्रपञ्चस्य सत्यतामेव व्यवस्यति, घटादिप्रतिनियतपदार्थपरिच्छेदात्मनस्तस्योत्पादात्। इतरेतर विविक्तवस्तूनामेव च प्रपञ्चशब्दवाच्यत्वात्। अथ प्रत्यक्षस्य विधायकत्वात् कथं प्रतिषेधे सामर्थ्यम्। प्रत्यक्षं हि इदमिति वस्तुस्वरूपं गृह्णाति, नान्यत्स्वरूपं प्रतिषेधति।

"आहुर्विधातृ प्रत्यक्षं न निषेद्धृ विपश्चितः।
नैकत्व आगमस्तेन प्रत्यक्षेण प्रबाध्यते" ॥

इति वचनात्। इति चेत्। न। अन्यरूपनिषेधमन्तरेण तत्स्वरूपपरिच्छेदस्याप्यसंपत्तेः। पीतादिव्यवच्छिन्नं हि नीलं नीलमिति गृहीतं भवति नान्यथा। केवलवस्तुस्वरूपप्रतिपत्तेरेवान्यप्रतिषेधप्रतिपत्तिरूपत्वात् मुण्डभूतलग्रहणे घटाभावग्रहणवत्। तस्माद् यथा प्रत्यक्षं विधायकं प्रतिपन्नं तथा निषेधकमपि प्रतिपत्तव्यम्। अपि च विधायकमेव प्रत्यक्षमित्यङ्गीकृते यथा प्रत्यक्षेण विद्या विधीयते तथा किं नाविद्यापीति। तथा च द्वैतापत्तिः। ततश्च सुव्यवस्थितः प्रपञ्चः। तन्मी वादिनाऽविद्याविवेकेन सन्मात्रं प्रत्यक्षात् प्रतियन्तोऽपि न निषेधकं तदिति ब्रुवाणाः कथं नो मत्ताः। इति सिद्धं प्रत्यक्षबाधितः पक्ष इति ॥

अनुमानबाधितश्च। प्रपञ्चो मिथ्या न भवति असद्विलक्षणत्वात् आत्मवत्। प्रतीयमानत्वं च हेतुब्रह्मात्मना व्यभिचारी। स हि प्रतीयते न च मिथ्या। अप्रतीयमानत्वे त्वस्य

नहीं बन सकता। तथा प्रतीयमानत्व हेतुके होनेसे प्रपंचको प्रतीयमान होना चाहिये। (घ) यदि कहो कि प्रपञ्च जैसा है वैसा प्रतीत नहीं होता—यही निःस्वभावत्वका अर्थ है तो इसे स्वीकार करनेमें विपरीत ख्याति ही माननी पड़ेगी जिसे मायावादी स्वीकार नहीं करते।

तथा प्रपंचकी यह अनिर्वाच्यता (निस्स्वभावता) प्रत्यक्षसे बाधित है। 'यह घट है' इत्यादि रूप प्रत्यक्ष प्रपंच की सत्यताका निश्चय करता है क्योंकि घटादि रूप निश्चित पदार्थको जाननेवाले के रूपमें उसकी उत्पत्ति होती है। तथा इतरेतर भिन्न पदार्थ ही प्रपंच शब्दके वाच्य हैं। **शंका**—प्रत्यक्ष विधायक है अतएव प्रतिषेध करनेकी सामर्थ्य उसमें कैसे हो सकती है? प्रत्यक्ष 'यह है' इस प्रकार वस्तुके स्वरूपको जानता है दूसरे स्वरूपका प्रतिषेध वह नहीं करता। कहा भी है—

प्रत्यक्ष विधायक है निषेधक नहीं अतएव एकत्वका प्रतिपादन करनेवाला आगम प्रत्यक्षसे बाधित नहीं हो सकता।

समाधान—यह ठीक नहीं है। क्योंकि अन्य स्वरूपके निषेधके बिना वस्तु-स्वरूपका ज्ञान नहीं हो सकता। जैसे पीत आदि वर्णवाले पदार्थसे भिन्न नील वर्णवाला पदार्थ 'यह नील वर्ण है' इस प्रकार जाना जाता है अन्य प्रकारसे नहीं। शून्य भूतलका ज्ञान होने पर जिस प्रकार घटके अभावका ज्ञान होता है उसी प्रकार केवल वस्तुस्वरूपका ग्रहण ही अन्यका प्रतिषेध रूप ग्रहण होता है। अतएव जिस प्रकार प्रत्यक्षको विधायक माना है उसी प्रकार उसे निषेधक भी मानना चाहिये। तथा यदि प्रत्यक्षको केवल विधायक ही माना जाय तो जिस प्रकार प्रत्यक्ष द्वारा विद्याका विधान किया जाता है वैसे ही उसीके द्वारा अविद्याका विधान भी क्यों नहीं माना जाता? यदि प्रत्यक्षको अविद्याका भी विधायक माना जाय तो विद्या और अविद्या ब्रह्म और जगत—इन दो पदार्थोंके होनेमें द्वैतका प्रसंग उपस्थित हो जाता है। इस प्रकार प्रपंच सुव्यवस्थित है। अतएव जब ब्रह्माद्वैतवादी प्रत्यक्षसे अविद्याका निषेध करके प्रत्यक्षको सन्मात्रग्राही मानने पर भी उसे निषेधक नहीं स्वीकार करते तो उन्हें उन्मत्त क्यों न कहा जाये? इस प्रकार 'प्रपंच मिथ्यारूप है'—यह पक्ष प्रत्यक्षसे बाधित है यह सिद्ध हो जाता है।

तथा 'प्रपञ्चो मिथ्यारूप प्रतीयमानत्वात्' यह पक्ष 'प्रपञ्चो मिथ्या न भवति असद्विलक्षणत्वात् आत्मवत्' इस अनुमानसे बाधित है। (अर्थात् जिस प्रकार ब्रह्मरूप आत्मा असत् से भिन्न होने से मिथ्यारूप नहीं है उसी प्रकार प्रपंच भी असत् से भिन्न होने पर भी मिथ्यारूप नहीं)। यहाँ प्रतीयमानत्व हेतु

तद्विषयवचसामप्रवृत्तेर्मूकतैव तेषां श्रेयसी। साध्यविकलश्च दृष्टान्त । शुक्तिशकलकलधौतेऽपि प्रपञ्चान्तर्गतत्वेन अनिर्वचनीयताया साध्यमानत्वात्। किञ्च, इदमनुमान प्रपञ्चाद् भिन्नम् अभिन्नं वा ? यदि भिन्नं तर्हि सत्यमसत्य वा ? यदि सत्यं, तर्हि तद्वदेव प्रपञ्चस्यापि सत्यत्वं स्यात्। अद्वैतवादप्राकारे खण्डिपातात्। अथासत्यम्, तर्हि न किञ्चित् तेन साधयितुं शक्यम् अवस्तुत्वात्। अभिन्न चेत् प्रपञ्चस्वभावतया तस्यापि मिथ्यारूपत्वापत्ति। मिथ्यारूपं च तत् कथं स्वसाध्यसाधनायालम्। एवं प्रपञ्चस्यापि मिथ्यारूपत्वासिद्ध कथं परमब्रह्मणस्तात्त्विकत्वं स्यात् यतो बाह्यार्थाभावो भवेदिति ॥

अथवा प्रकारान्तरेण सन्मात्रलक्षणस्य परमब्रह्मण साधन दूषण चोपन्यस्यते। ननु परमब्रह्मण एवैकस्य परमार्थसतो विधिरूपस्य विद्यमानत्वात् प्रमाणविषयत्वम्। अपरस्य द्वितीयस्य कस्यचिदप्यभावात्। तथाहि। प्रत्यक्ष तदावेदकमस्ति। प्रत्यक्ष द्विधा भिद्यते निर्विकल्पकसविकल्पकभेदात्। ततश्च निर्विकल्पकप्रत्यक्षात् सन्मात्रविषयात् तस्यैकस्यैव सिद्धि । तथा चोक्तम्—

'अस्ति ह्यालोचनाज्ञान प्रथमं निर्विकल्पकम्।
बालमूकादिविज्ञानसदृश शुद्धवस्तुजम् ॥

न च विधिवत् परस्परव्यावृत्तिरप्यध्यक्षत एव प्रतीयते इति द्वैतसिद्धि । तस्य निषेधा

ब्रह्मात्मरूप विपक्ष में रहता ह अतएव व्यभिचारी है। क्योकि ब्रह्मात्मा प्रतीयमान ह परन्तु मिथ्या नही है। यदि ब्रह्मको अप्रतीयमान मानो तो ब्रह्मके विषयमें वचनोकी प्रवृत्ति न होनसे मौन रहना ही श्रेयस्कर होगा। तथा सीपम चाँदी (शुक्तिशकले कलधौत) का जो दृष्टान्त दिया गया है वह प्रपच मिथ्यारूप साध्यमें नहीं रहता इसलिये साध्यविकल है। क्योकि सीप और चाँदी दोनो ही प्रपचके अन्तर्भूत हैं इसलिये उनका अनिवचनीयत्व (मिथ्यारूपता) साध्यमान ही है—सिद्ध नही ह (जो दृष्टान्त दिया जाता है वह सिद्ध होता है असिद्ध नही। इसे अनुपसहारी हेत्वाभास भी कहते हैं)। तथा आपका अनुमान यह प्रपच मिथ्यारूप है प्रतीयमान होनेसे प्रपचसे भिन्न है या अभिन्न ? यदि भिन्न ह तो सत्य है या असत्य ? यदि अनुमान प्रपचसे भिन्न होकर सत्य है तो अनुमानके समान प्रपच भी सत्य होना चाहिये। तथा प्रपचकी सत्यता स्वीकार करनेमे अद्वैतरूपी प्राकारपर कुठाराघात होता है। यदि अनुमान असत्य है तो वह अवस्तु होनेसे साध्यको सिद्धि नही कर सकता। यदि अनुमान प्रपचसे अभिन्न है तो प्रपचरूप होनेमे अनुमान भी मिथ्यारूप होना चाहियें और मिथ्यारूप अनुमान साध्यकी सिद्धि नही कर सकता। इस प्रकार जब प्रपच मिथ्यारूप सिद्ध नही हो सकता तो परब्रह्मकी तात्त्विकता भी सिद्ध नही हो सकती जिससे बाह्य पदार्थोंका अभाव सिद्ध हो सके।

अथवा प्रकारान्तरसे सत्तामात्र रूप परब्रह्मके साधन और दूषणका उपन्यास किया जाता है। वेदान्ती—वास्तवम एकमात्र परमाथ सत् विधिरूप ब्रह्म विद्यमान होनेसे प्रमाणका विषय है क्योकि वह परमाथ सत् विधिरूप किसी भी दूसरे पदाथका अभाव है। तथाहि—प्रत्यक्ष एक परमाथ सत् विधिरूप ब्रह्मको जानता है। यह प्रत्यक्ष निर्विकल्पक और सविकल्पकके भेदसे दो प्रकारका है। सन्मात्रको जाननेवाले निर्विकल्पक प्रत्यक्षसे एकमात्र ब्रह्मकी सिद्धि होती है। कहा भी है—

चक्षुके सन्निपातके अनन्तरवर्ती और सविकल्पक ज्ञानके पूववर्ती तथा शुद्ध वस्तु अर्थात् सामान्य विशेष रहित वस्तुको जाननेवाला बालक और गूगके ज्ञानके समान ऐसे इन्द्रियज्ञान का सद्भाव है।

विधिके समान घट पट पदार्थोंकी परस्पर व्यावृत्तिका ज्ञान भी प्रत्यक्षसे ही होता है अतएव द्वैतकी

---

१ मीमांसाश्लोकवार्तिक ४ प्रत्यक्षसूत्र ११२।

निषेद्धृत्वात्। "आहुर्विधातृ प्रत्यक्षं न निषेद्धृ" इत्यादिवचनात्। यच्च सविकल्पकप्रत्यक्षं घटपटादिभेदसाधकं, तदपि सत्तारूपेणान्वितानामेव तेषां प्रकाशकत्वात् सत्ताऽद्वैतस्यैव साधकम्। सत्तायाश्च परब्रह्मरूपत्वात्। तदुक्तम्—"यदद्वैतं तद् ब्रह्मणो रूपम्" इति ॥

अनुमानादपि तत्सद्भावो विभा यत एव। तथाहि। विधिरेव तत्त्वं, प्रमेयत्वात्। यत प्रमाणविषयभूतोऽर्थ प्रमेय। प्रमाणानां च प्रत्यक्षानुमानागमोपमानार्थापत्तिसञ्ज्ञकानां भावविषयत्वेनैव प्रवृत्ते। तथा चोक्तम्—

प्रत्यक्षाद्यवतार स्याद् भावांशो गृह्यते यदा।
व्यापारस्तदनुत्पत्तेरभावांशे जिघृक्षिते[1] ॥

यच्चाभावाख्य प्रमाणं तस्य प्रामाण्याभावाद् न तत् प्रमाणम्। तद्विषयस्य कस्यचिद् प्यभावात्। यत्तु प्रमाणपञ्चकविषय स विधिरेव। तेनैव च प्रमेयत्वस्य याप्तत्वात्। सिद्ध प्रमेयत्वेन विधिरेव तत्त्वम् यत्तु न विधिरूप तद् न प्रमेयम्, यथा खरविषाणम्। प्रमेयं चेद निखिलं वस्तुतत्त्वम्, तस्माद् विधिरूपमेव। अतो वा तत्सिद्धि। ग्रामारामादय पदार्था प्रतिभासा त प्रविष्टा प्रतिभासमान वात् यत्प्रतिभासते त प्रतिभासान्त प्रविष्टम् यथा प्रतिभासस्वरूपम्। प्रतिभासन्ते च ग्रामारामादय पदार्था, तस्मात् प्रतिभासान्तःप्रविष्टा ॥

आगमोऽपि परमब्रह्मण एव प्रतिपादक समुपलभ्यते—'पुरुष एवेद सर्व यद्भूतं

सिद्धि नही होती। क्योंकि प्रत्यक्षको विधायक कहते हैं निषेधक नहीं' —इस वचनके अनुसार, निषध प्रत्यक्षका विषय नही होता। तथा घट पट आदिके विकल्प (भेद) को ग्रहण करनेवाला सविकल्पक प्र यक्ष भी सत्तारूप से अन्वित घट पट आदिको ही जानता है इसलिये सविकल्पक प्रत्यक्ष भी सत्ता अद्वतका ही साधक है। क्योंकि सत्ता परब्रह्म रूप है। कहा भी है— जो अद्वैत है वही ब्रह्मका स्वरूप है

अनुमान प्रमाणसे भी ब्रह्मका अस्तित्व सिद्ध होता ही है। तथाहि— विधि (अर्थात परब्रह्म) ही तत्त्व (परमार्थभूत पदार्थ) है प्रमेय होनेसे। प्रमाणके विषयभूत अथको प्रमेय कहत हैं। प्रत्यक्ष अनुमान आगम उपमान और अर्थापत्ति नामसे कहे जानेवाले प्रमाण पदार्थोंको अपना विषय बनाकर प्रवृत्त होते हैं। कहा भी है—

जब वस्तुके भावांशको ग्रहण किया जाता है तब प्रत्यक्ष आदि प्रमाणोकी उपस्थिति होती है तथा वस्तुके अभाव अशको जाननेकी इच्छा होनपर प्रत्यक्ष आदिके अभावकी प्रवृत्ति होती है। (मीमांसक वस्तुको सदसदात्मक मानते हं अर्थात् उनके अनुसार वस्तु भावांश और अभाव-अशसे युक्त होती है)।

तथा अभाव नामक प्रमाणमें प्रामाण्यका अभाव होनेसे (प्रमितिका साधकतम साधन न होनेके कारण) वह प्रमाण नहीं है क्योंकि उसके विषयभूत किसी भी पदाथका अस्तित्व नही है अर्थात उसका कोई भी विषय नहीं है। प्र यक्ष आदि पाचो प्रमाणों का जो विषय है वह विधिरूप ही है। प्रमेयत्व उस विधि से व्याप्त है। अतएव प्रमेयत्व होनेसे विधि ही तत्त्वरूपसे सिद्ध है। जो विधिरूप नही है वह प्रमेय भी नही है जैसे गधेके सींग। यह सम्पूण वस्तुतत्त्व प्रमेयरूप है इसलिये वह विधिरूप ही है। अथवा गाव बगीचा आदि पदार्थ प्रतिभासमें गर्भित हो जाते हैं प्रतिभासका विषय होनेसे। जो प्रतिभासका विषय है वह प्रतिभासमें गर्भित हो जाता है जैसे प्रतिभासका स्वरूप। गाव बगीचे आदि प्रतिभासित होते हैं इसलिये वे प्रतिभासके ही भीतर आ जाते हैं —इस अनुमानसे भी ब्रह्मकी सिद्धि होती है।

आगम भी ब्रह्मका प्रतिपादन करता है। जैसे जो हुआ है जो होगा जो अमृतका अधिष्ठाता है आहारसे वृद्धिको प्राप्त होता है। जो गतिमान है स्थिर है दूर है पास है चेतन और अचेतन सबमें

---

१ मीमांसाश्लोकवार्तिक ५ अभावपरिच्छेदे १७।

यच्च भाव्यम् । उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति ।[1] "यदेजति यन्नैजति यद् दूरे, यदन्तिके । यदन्तरस्य सर्वस्य यदुत सर्वस्यास्य बाह्यतः"[2] इत्यादि । "श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः अनुमन्तव्यः"[3] इत्यादिवेदवाक्यैरपि तत्सिद्धेः । कृत्रिमेणापि आगमेन तस्यैव प्रतिपादनात् । उक्तं च—

"सर्वं वै खल्विदं ब्रह्म नेह नानाऽस्ति किञ्चन ।
आरामं तस्य पश्यन्ति न तत् पश्यति कश्चन" ॥

इति प्रमाणतस्तस्यैव सिद्धिः । परमपुरुष एक एव तत्त्वम् सकलभेदानां तद्विवर्तत्वात् । तथाहि । सर्वे भावा ब्रह्मविवर्ताः सत्त्वैकरूपेणान्वितत्वात् । यद् यद्रूपेणान्वितं तत् तदात्मकमेव । यथा घटघटीशरावोदञ्चनादयो मृद्रूपेणैकेनान्विता मृद्विवर्ताः । सत्त्वैकरूपेणान्वितं च सकलं वस्तु । इति सिद्धं ब्रह्मविवर्तित्वं निखिलभेदानामिति ॥

तदेतत् सर्वं मदिरारसास्वादगद्गदोद्गदितमिवाभासते विचारासहत्वात् । सर्वं हि वस्तु प्रमाणसिद्धं न तु वाङ्मात्रेण । अद्वैतमते च प्रमाणमेव नास्ति तत्सद्भावे द्वैतप्रसङ्गात् । अद्वैतसाधकस्य प्रमाणस्य द्वितीयस्य सद्भावात् । अथ मतम् लोकप्रत्यायनाय तदपेक्षया प्रमाणमप्यभ्युपगम्यते । तदसत् । त्वन्मते लोकस्यैवासम्भवात् एकस्यैव नित्यनिरंशस्य परब्रह्मण एव सत्त्वात् ॥

अथास्तु यथाकथञ्चित् प्रमाणमपि तत्किं प्रत्यक्षमनुमानमागमो वा तत्साधकं प्रमाणमुररीक्रियते । न तावत् प्रत्यक्षम् । तस्य समस्तवस्तुजातगतभेदस्यैव प्रकाशकत्वात् ।

व्याप्त है और सबके बाह्य है वह सब ब्रह्म ही है आदि । तथा अतएव ऐसे ब्रह्मको सुनना मनन करना निरन्तर स्मरण करना और पुनः पुनः मनन करना चाहिये आदि वेदके वाक्योंमें ब्रह्मकी सिद्धि होती है । स्मृति आदि पौरुषेय आगम भी ब्रह्मकी सिद्धि करते हैं । कहा भी है—

यह सब ब्रह्मका ही स्वरूप है ब्रह्मको छोड़ कर नाना रूप कुछ नहीं है । ब्रह्मकी पर्यायोंको सब देखते हैं परन्तु ब्रह्म किसीको दिखाई नहीं देता ।

इस प्रकार परब्रह्मके प्रत्यक्ष अनुमान और आगमसे सिद्ध होनेपर परब्रह्म ही एक तत्त्व सिद्ध होता है दृश्यमान सम्पूर्ण भेद इस ब्रह्मकी ही पर्याय है । अतएव सम्पूर्ण पदार्थ ब्रह्मकी पर्याय है क्योंकि सम्पूर्ण पदार्थ सत्तात्मक एक रूप से अन्वित हैं । जो जिस रूपसे अन्वित होता है वह उसी रूप होता है जैसे घट घटी शराव आदि मिट्टीके बर्तन मिट्टीके एक स्वरूपसे अन्वित हैं इसलिये सब मिट्टी की पर्याय हैं । सम्पूर्ण पदार्थ एक सत्ता स्वरूपमें अन्वित हैं इसलिये सम्पूर्ण पदार्थ एक ब्रह्मकी ही पर्याय है ।

जैन—यह कथन मद्यपायीके प्रलापके समान प्रतीत होता है क्योंकि यह कथन विचार को सह्य नहीं है । सभी वस्तुओं की सिद्धि प्रमाणसे होती है केवल कथनमात्रसे नहीं । तथा अद्वैतवादियोंके मतमें कोई प्रमाण ही नहीं बन सकता क्योंकि ब्रह्मसे भिन्न किसी प्रमाणके माननेपर द्वैत मानना पड़ता है । अद्वैतका साधक कोई अन्य प्रमाण नहीं है । यदि आप कहें कि लोगोंको समझानेके लिये उनकी अपेक्षासे प्रमाण स्वीकार किया जाता है वास्तवमें एक ब्रह्म ही सत्य है तो यह भी ठीक नहीं । क्योंकि अद्वैतवादियोंके मतमें एक नित्य निरंश परब्रह्म ही सत्य है इसलिये उनके मतमें लोक ही सम्भव नहीं ।

यदि अद्वैत मत में किसी प्रकार प्रमाणका सद्भाव मान भी लिया जाय तो अद्वैत के साधक जिस प्रमाण को स्वीकार किया जाता है वह प्रमाण प्रत्यक्ष रूप है या अनुमान रूप है अथवा आगम रूप ?

---

१ ऋग्वेदपुरुषसूक्त । २ ईशावास्योपनिषदि । ३ बृहदारण्यक उ । युक्तिभिरनुचिन्तनम् मननं । अतस्यार्थस्य नैरन्तर्येण दीर्घकालमनुसन्धानम् निदिध्यासनं । ४ मैत्र्युपनिषदि । ५ बृहदारण्यक उ ४ ४ १९ कठोपनिषदि ४ ११ । ६ बृहदारण्यक उ० ४ ३ १४ ।

आबालगोपालं तथैव प्रतिभासनात्। यच्च निर्विकल्पकं प्रत्यक्षं तद्ग्राहकम् इत्युक्तम्। तदपि न सम्यक्। तस्य प्रामाण्यानभ्युपगमात्। सर्वस्यापि प्रमाणतत्त्वस्य व्यवसायात्मकस्यैवाविसंवादकत्वेन प्रामाण्योपपत्तेः। सविकल्पकेन तु प्रत्यक्षेण प्रमाणभूतेनैकस्यैव विधिरूपस्य परब्रह्मणः स्वप्नेऽप्यप्रतिभासनात्। यदप्युक्तं "आहुर्विधातृ प्रत्यक्षम्" इत्यादि। तदपि न पेशलम्। प्रत्यक्षेण ह्यनुवृत्तव्यावृत्ताकारात्मकवस्तुन एव प्रकाशनात्। एतच्च प्रागेव क्षुण्णम्। न ह्यनुस्यूतमेकमखण्डं सत्तामात्रं विशेषनिरपेक्षं सामान्यं प्रतिभासते। येन यदद्वैतं तद्ब्रह्मणो रूपम्' इत्याद्युक्तं शोभेत। विशेषनिरपेक्षस्य सामान्यस्य खरविषाणवदप्रतिभासनात्। तदुक्तम्—

"निर्विशेषं हि सामान्यं भवेत् खरविषाणवत्।
सामान्यरहितत्वेन विशेषास्तद्वदेव हि" ॥

ततः सिद्धे सामान्यविशेषात्मन्यर्थे प्रमाणविषये कुत एवैकस्य परमब्रह्मणः प्रमाणविषयत्वम्। यच्च प्रमेयत्वादित्यनुमानमुक्तम्, तदप्येतेनैवापास्तं बोद्धव्यम्। पक्षस्य प्रत्यक्षबाधितत्वेन हेतोः कालात्ययापदिष्टत्वात्। यच्च तत्सिद्धौ प्रतिभासमानत्वसाधनमुक्तम्, तदपि साधनाभासत्वेन न प्रकृतसाध्यसाधनायालम्। प्रतिभासमानत्वं हि निखिलभावानां स्वतः परतो वा? न तावत् स्वतः घटपटमुकुटशकटादीनां स्वतः प्रतिभासमानत्वेनासिद्धेः। परतः प्रतिभासमानत्वं च परं विना नोपपद्यते इति। यच्च परब्रह्मविवर्तवर्तित्वमखिलभेदानामित्युक्तम्। तदप्यन्वेत्रन्वीयमानद्वयाविनाभावित्वेन पुरुषाद्वैतं प्रतिबध्नात्येव। न च घटादीनां

प्रत्यक्षसे अद्वैत की सिद्धि नहीं हो सकती क्योंकि वह संपूर्ण वस्तुसमूहमें विद्यमान होनेवाले भेदको ही अर्थात् व्यावर्तक विशेषको ही प्रकाशित करता है। इसी प्रकारसे सभी लोगोंको प्रत्यक्षका ज्ञान होता है। निर्विकल्पक प्रत्यक्ष अद्वैत रूप ब्रह्मका ज्ञान कराता है ऐसा जो कहा है वह भी ठीक नहीं। क्योंकि निर्विकल्पक प्रत्यक्षको प्रमाण रूपसे स्वीकार ही नहीं किया गया। कारण कि व्यवसायात्मक (स्वपरको जाननेमें साधकतम होनेवाले) सभी प्रमाण अविसंवादी होनेसे प्रामाण्य माने जाते हैं (और निर्विकल्पक प्रत्यक्ष स्वपरको जाननेमें साधकतम नहीं है)। प्रमाणभूत सविकल्पक प्रत्यक्षके द्वारा भी केवल एकरूप विधिरूप परब्रह्म स्वप्नमें भी प्रतिभासित नहीं हो सकते। तथा प्रत्यक्ष विधायक (सन्मात्रका ग्राहक) है —ऐसा जो कहा है वह भी ठीक नहीं। क्योंकि प्रत्यक्षके द्वारा सामान्य विशेषात्मक पदार्थ ही प्रकाशित किया जाता है— इसका पहले ही खण्डन किया जा चुका है। पदार्थोंमें अनुस्यूत एकमात्र रूप अखण्ड और सत्तामात्र रूप विशेषकी अपेक्षा न रखनेवाला सामान्य प्रतिभासित नहीं होता जिससे यह कहा जा सके कि जो अद्वैत है वह ब्रह्मका स्वरूप है। जिस प्रकार खरविषाण प्रतिभासित नहीं होता उसी तरह विशेष की अपेक्षा न रखनेवाला सामान्य प्रतिभासित नहीं होता। कहा भी है—

विशेष रहित सामान्य खरविषाणकी तरह है और सामान्य रहित होनेसे विशेष भी वैसा ही है।

इस प्रकार यह सिद्ध हो जाने पर कि सामान्य विशेषात्मक पदार्थ प्रमाणका विषय होता है केवल एकरूप परब्रह्म प्रमाणका विषय कैसे बन सकता है? तथा 'विधिरेव तत्त्वं प्रमेयत्वात्' यह अनुमान भी इसीसे खंडित हो जाता है। क्योंकि 'विधिरेव तत्त्वं' इस पक्षके प्रत्यक्षसे बाधित होनेके कारण प्रमेयत्व हेतु कालात्ययापदिष्ट है। तथा 'विधिरेव तत्त्वं' इस पक्षकी सिद्धिके लिए जो प्रतिभासमानत्व हेतु दिया गया था वह साधनाभास होनेसे प्रकृत साध्यकी सिद्धि करनेमें असमर्थ है। हम पूछते हैं कि सम्पूर्ण पदार्थोंका प्रतिभास स्वयं होता है या दूसरेसे? सम्पूर्ण पदार्थ स्वयं प्रतिभासित नहीं हो सकते क्योंकि घट पट मुकुट शकट आदि पदार्थोंकी स्वतः प्रतिभासमानत्वके रूपसे सिद्धि नहीं होती। पदार्थोंका दूसरेसे प्रतिभासित होना भी नहीं बन सकता क्योंकि दूसरेसे प्रतिभासित होना दो पदार्थों (द्वैत) के बिना संभव नहीं। तथा संपूर्ण पदार्थ

१ मीमांसाश्लोकवार्तिक ५ आकृतिवादे १०।

चैतन्यान्वयोऽप्यस्ति मृदाद्यन्वयस्यैव तत्र दर्शनात् । ततो न किञ्चिदेतदपि । अतोऽनुमानादपि न तत्सिद्धिः । किञ्च, पक्षहेतुदृष्टान्ता अनुमानोपायभूता परस्परं भिन्नाः अभिन्ना वा ? भेदे द्वैतसिद्धिः । अभेदे त्वेकरूपतापत्तिः । तत् कथमेतेभ्योऽनुमानमात्मानमासादयति । यदि च हेतुमन्तरेणापि साध्यसिद्धि स्यात् तर्हि द्वैतस्यापि वाङ्मात्रत कथं न सिद्धि । तदुक्तम्—

"हेतोरद्वैतसिद्धिश्चेद् द्वैत स्याद्धेतुसाध्ययो ।
हेतुना चेद् विना सिद्धिर्द्वैत वाङ्मात्रतो न किम् ॥

"पुरुष एवेद सवम्' इत्यादे, "सव वै खल्विद ब्रह्म' इत्यादेश्चागमादपि न तत्सिद्धि । तस्यापि द्वैताविनाभावित्वेन अद्वैत प्रति प्रामाण्यासम्भवात् । वाच्यवाचकभाव लक्षणस्य द्वैतस्यैव तत्रापि दर्शनात् । तदुक्तम्—

कर्मद्वैत फलद्वैत लोकद्वैत विरुध्यते ।
विद्याऽविद्याद्वय न स्याद्बन्धमोक्षद्वय तथा ॥

तत कथमागमादपि तत्सिद्धि । ततो न पुरुषाद्वैतलक्षणमेकमेव प्रमाणस्य विषय । इति सुव्यवस्थित प्रपञ्चः ॥ इति का याथ ॥१३॥

एक ब्रह्मकी ही पर्याय हैं (सव भावा ब्रह्मविवर्ता) इस अनुमानम भी अन्वत (अन्वित करनवाला ब्रह्म) और अन्वीयमान (जिसके साथ सम्बन्ध हो पर्याय) इन दोनोका अविनाभाव सबध होनसे पुरुषाद्वैतका विरोध उपस्थित होता है (क्योकि दो भिन्न भिन्न पदार्थोंका ही सबध होता ह) । तथा घट आदिम (परब्रह्मके) चैतन्य का संबध भी नही पाया जाता क्योकि घटका सबध मिट्टी आदिके साथ है। इसलिये यह भी कुछ नही है। अत अनुमानसे भी ब्रह्म सिद्ध नही होता । तथा पक्ष हेतु और दृष्टातसे अनुमान बनता है य पक्ष हेतु और दृष्टांत परस्पर भिन्न है अथवा अभिन्न ? भेद माननसे द्वैत मानना चाहिये और अभद माननसे पक्ष हेतु और दृष्टांत एक हो जाते हैं और पक्ष आदि तीनोके एक होनसे अनुमान अपन स्वरूपको कैसे प्राप्त कर सकता है (अनुमेय पदाथको कैसे जान सकता है) ? यदि आप अनुमानके विना ही साध्यकी सिद्धि मान तो वचन मात्रसे भी द्वैतकी सिद्धि हो सकती है। कहा भी है—

यदि अद्वैतकी सिद्धि हेतुसे होती हो तो हेतु और साध्यके होनसे द्वैतकी सिद्धि हो जाती है। यदि हेतुके बिना ही अद्वैतकी सिद्धि मानो तो वचन मात्रसे द्वैतकी सिद्धि क्यो नही हो जाती ?

तथा पुरुष एवेद सव सव व खल्विद ब्रह्म आदि आगमसे भी ब्रह्म सिद्ध नही होता । क्योकि आगममें वाच्य-वाचक सबध होनसे द्वैतकी ही सिद्धि होनी है । कहा भी ह—

लौकिक और वैदिक अथवा शुभ और अशभ अथवा पु य और पाप रूप कम त प्रशस्त और अप्रशस्त रूप फलद्वैत इहलोक और परलोक रूप लोकद्वैत विद्या और अविद्या तथा बध और मोक्ष का अभाव हो जायेगा ।

अतएव आगमसे भी अद्वैत परब्रह्मकी सिद्धि नही होती । इसलिए पुरुषाद्वैतरूप केवल एक किसी भी प्रमाणका विषय नही हो सकता । अतएव इस दृश्यमान प्रपचको तात्त्विक ही मानना चाहिये । यह श्लोकका अर्थ ह ॥१३॥

भावार्थ—इस श्लोकम अद्वैतवादियोके मायावादकी समीक्षा की गयी है । जैन लोगोका कहना है कि यदि माया भावरूप है तो ब्रह्म और माया दो वस्तुओंके होनेसे अ तवादियोका अद्वैत नही बनता । तथा यदि माया अभावरूप है तो मायासे जगत्की उत्पत्ति नही हो सकती । यदि अद्वैतवादी मायाको मिथ्या रूप मान कर भी वस्तु (अर्थक्रियाकारी) स्वीकार करें तो स्ववचन विरोध आता ह क्योंकि मिथ्या रूप और वस्तु दोनों एक साथ नही रह सकते ।

---

१ आप्तमीमांसा २-२६ । २ आप्तमीमांसा २ २५ ।

अथ स्वाभिमतसामान्यविशेषोभयात्मकवाच्यवाचकभावसमर्थनपुरःसरं तीर्थान्तरीयप्रकल्पिततदेकान्तगोचरवाच्यवाचकभावनिरासद्वारेण तेषां प्रतिभावैभवाभावमाह—

वेदान्ती—यह प्रपंच मिथ्या है क्योंकि मिथ्या प्रतीत होता है जैसे सीपमें चांदीका ज्ञान मिथ्या प्रतीत होनेसे मिथ्या है (अयं प्रपञ्चो मिथ्यारूपः प्रतीयमानत्वात् यदेवं तदेवं यथा शुक्तिशकले कलधौतम् तथा चायं तस्मात्तथा)—इस अनुमानसे जगत् मिथ्या सिद्ध होता है। जैन—मिथ्या रूपसे आपका क्या अभिप्राय है ? यदि (१) अत्यन्त असत्त्वको मिथ्या कहते हो तो शून्यवादियोंकी असत्ख्याति (२) अन्य वस्तुके अन्य रूपमें प्रतिभासित होनेको मिथ्या कहते हो तो नैयायिकोंकी विपरीतख्याति स्वीकार करनी चाहिए। यदि (३) मिथ्या रूपका अर्थ अनिर्वाच्य अर्थात् निस्स्वभावत्व करते हो तो निस्स्वभाव में स्वभाव शब्दका अर्थ भाव अथवा अभाव करनेपर क्रमसे असत्ख्याति और सत्ख्याति स्वीकार करनी पड़ेगी। यदि कहो कि ज्ञानके अगोचर होना ही निस्स्वभावत्व है तो इस जगतके प्रपंचका ज्ञान नहीं होना चाहिये। तथा प्रपंचके ज्ञानका विषय न होनेसे प्रतीयमानत्व हेतु भी नहीं बन सकता। यदि अर्थप्रपंचके जैसेके तसे प्रतिभासित होनेको निस्स्वभावत्व कहो तो विपरीतख्याति माननी पड़ेगी। इसके अतिरिक्त यह अनुमान प्रत्यक्षसे भी बाधित है। वेदान्ती—हमारा अनुमान प्रत्यक्षसे बाधित नहीं हो सकता क्योंकि प्रत्यक्ष प्रमाण केवल सामान्य रूप ही है वह विधि रूप ही वस्तुओंका ज्ञान करता है निषेध रूप नहीं। जैन—प्रत्यक्ष केवल सामान्य रूप नहीं हो सकता क्योंकि किसी वस्तुका निषेध किये बिना उसका विधि रूप ज्ञान होना असंभव है इसलिये प्रत्यक्षको सामान्यविशेषात्मक स्वीकार करके विधायक और निषेधक दोनों ही स्वीकार करना चाहिये। उक्त अनुमान 'प्रपञ्चो मिथ्या न भवति असद्विलक्षणत्वात् आत्मवत्' इस प्रत्यनुमानसे बाधित भी है। तथा प्रतीयमानत्व हेतु ब्रह्मके साथ व्यभिचारी है।

वेदान्ती—निर्विकल्पक प्रत्यक्षसे ब्रह्मकी सिद्धि होती है क्योंकि निर्विकल्पक प्रत्यक्ष सत्ता मात्रको जानता है। निर्विकल्पक प्रत्यक्षसे ब्रह्मका प्रतिषेध नहीं किया जा सकता क्योंकि प्रत्यक्ष विधि रूप ही होता है निषेध रूप नहीं। तथा पदार्थोंके भेदको ग्रहण करनेवाला सविकल्पक प्रत्यक्ष भी पदार्थोंको सत्ता रूपसे जानता है इसलिये सविकल्पक प्रत्यक्ष भी ब्रह्मका साधक है। क्योंकि सत्ता परब्रह्म रूप है। 'विधिरेव तत्त्वं प्रमेयत्वात्' इस अनुमानसे भी ब्रह्मकी सिद्धि होती है। इसी तरह आगम आदि भी ब्रह्मके अस्तित्वके साधक हैं। जैन—निश्चयात्मक और विसंवादसे रहित ज्ञान ही प्रमाण होता है इसलिये निर्विकल्पक प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं कहा जा सकता। सविकल्पक प्रत्यक्ष भी समस्त भेदोंसे रहित केवल विधि रूप ब्रह्मको नहीं जान सकता है। क्योंकि जिस प्रकार विशेष रहित सामान्य और सामान्य रहित विशेष वस्तुका ज्ञान असंभव है उसी तरह विधिके बिना प्रतिषेध और प्रतिषेधके बिना विधि रूप ज्ञान नहीं हो सकता। अतएव प्रत्यक्ष भी सामान्य विशेष रूप हो कर विधि और प्रतिषेध दोनों रूपसे ही पदार्थोंका ज्ञान करता है। 'विधिरेव तत्त्वं प्रमेयत्वात्' अनुमानमें भी प्रमेयत्व हेतु प्रत्यक्षसे बाधित है क्योंकि प्रत्यक्ष विधि और निषेध दोनों तरहसे पदार्थोंका ज्ञान करता है यह अनुभवगम्य है। तथा आगम प्रमाण माननेपर वाच्य वाचक भाव माननेसे द्वैतकी ही सिद्धि होती है।

अब कथंचित् सामान्य और कथंचित विशेषरूप वाच्य-वाचक भावका समर्थन करके प्रतिवादियोंद्वारा मान्य एकान्त सामान्य और एकान्त विशेष रूप वाच्य-वाचक भावका खंडन करते हुए उनके प्रतिभा वैभव के अभाव को सिद्ध करते हैं—

अनेकमेकात्मकमेव वाच्यं द्वयात्मकं वाचकमप्यवश्यम् ।
अतोऽन्यथा वाचकवाच्यक्लृप्तावतावकानां प्रतिभाप्रमादः ॥१४॥

वाच्यम्—अभिधेयं चेतनमचेतनं च वस्तु एवकारस्याप्यर्थत्वात्। सामान्यरूपतया एकात्मकमपि व्यक्तिभेदेनानेकम्—अनेकरूपम्। अथवानेकरूपमपि एकात्मकम्। अन्योऽन्यसंवलितत्वात्। इत्थमपि व्याख्याने न दोषः। तथा च वाचकम्—अभिधायकं शब्दरूपम्। तदप्यवश्यम्—निश्चितं। द्वयात्मकं—सामान्यविशेषोभयात्मकत्वाद् एकानेकात्मकमित्यर्थः। समयत्र वाच्यलिङ्गत्वेऽप्यव्यक्तत्वाद् नपुंसकत्वम्। अवश्यमिति पदं वाच्यवाचकयोरुभयोरप्येकानेकात्मकत्वं निश्चिनोति तदेकान्तं व्यवच्छिनत्ति। अतः—उपदर्शितप्रकारात् अन्यथा—सामान्यविशेषैकान्तरूपेण प्रकारेण, वाचकवाच्यक्लृप्तौ वाच्यवाचकभावकल्पनायाम्, अतावकानाम्—अत्वदीयानाम् अन्ययूथ्यानाम्। प्रतिभाप्रमादः—प्रज्ञास्खलितम्। इत्यक्षरार्थः। अत्र चाल्पस्वरत्वेन वाच्यपदस्य प्राग्निपाते प्राप्तेऽपि यत्प्रादौ वाचकग्रहणं तत्प्रायोऽर्थप्रतिपादनस्य शब्दाधीनत्वेन वाचकस्याभ्यर्हितत्वज्ञापनार्थम्। तथा च शाब्दिकाः—

न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके यः शब्दानुगमादृते।
अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते[1] ॥ इति ॥

भावार्थस्त्वेवम्। एके तीर्थिकाः सामान्यरूपमेव वाच्यतया व्युपगच्छन्ति। ते च द्रव्यास्तिकनयानुपातिनो मीमांसकभेदा अद्वैतवादिनः सांख्याश्च। केचिच्च विशेषरूपमेव वाच्यं निर्वचन्ति। ते च पर्यायास्तिकनयानुसारिणः सौगताः। अपरे च परस्परं निरपेक्षपदार्थपृथग्भूतसामान्यविशेषयुक्तं वस्तु वाच्यत्वेन निश्चिन्वते। ते च नैगमनयानुरोधिनः काणादा आक्षपादाश्च ॥

श्लोकार्थ—जिस प्रकार समस्त पदार्थ (वाच्य) अनेक हो कर भी एक और एक होकर भी अनेक हैं उसी तरह उन पदार्थोंको कहनेवाले शब्द (वाचक) भी एक होकर भी अनेक और अनेक होकर भी एक है। इससे भिन्न प्रकारसे आपको न माननेवालोंकी वाच्य-वाचक विषयक कल्पनामें प्रज्ञाका दोष स्पष्ट हो जाता है।

व्याख्यार्थ—जैसे चेतन अचेतन वस्तु (वाच्य) सामान्यसे एक हो कर भी व्यक्तिरूपसे अनेक और विशेषरूपसे अनेक हो कर भी सामान्यसे एक हैं, वैसे ही चेतन और अचेतन वस्तुका वाचक भी सामान्य और विशेष होनेसे एक रूप और अनेक रूप है। वाच्य-वाचकको सामान्य विशेष रूप न स्वीकार करनेवाले अन्यमतावलम्बी प्रज्ञासे स्खलित होते हैं। वाच्य शब्दमें अल्प स्वर होनेसे वाच्यका वाचक शब्दसे पहले निपात होना चाहिये था, परन्तु अर्थका प्रतिपादन करना शब्दके आधीन है यह बतानेके लिये वाचक शब्दको ही पहले रक्खा है। वैयाकरणोंने कहा भी है—

शब्दके सम्बन्धके बिना लोकमें कोई ज्ञान नहीं होता, सम्पूर्ण ज्ञान शब्दके साथ ही सम्बद्ध है।

(१) केवल द्रव्यास्तिक नयको माननेवाले अद्वैतवादी मीमांसक और सांख्य सामान्यको ही सत (वाच्य) स्वीकार करते हैं। (२) केवल पर्यायास्तिक नयको माननेवाले बौद्ध लोग विशेषको ही सत् मानते हैं। (३) केवल नैगम नयका अनुकरण करनेवाले न्याय वैशेषिक परस्पर भिन्न और निरपेक्ष सामान्य और विशेष दोनोंको स्वीकार करते हैं।

---

१ भर्तृहरिकृतवाक्यपदीये १-१२४।

एतत् पक्षत्रयमपि किञ्चिद् चर्च्यते । तथाहि । संग्रहनयावलम्बिनो वादिनः प्रतिपादयन्ति । सामान्यमेव तत्त्वम् । ततः पृथग्भूतानां विशेषाणामदर्शनात् । तथा सर्वमेकम् । अविशेषेण सदिति ज्ञानाभिधानानुवृत्तिलिङ्गानुमितसत्ताकत्वात् । तथा द्रव्यत्वमेव तत्त्वम् । ततोऽर्थान्तरभूतानां धर्माधर्माकाशकालपुद्गलजीवद्रव्याणामनुपलब्धेः । किञ्च, ये सामान्यात् पृथग्भूता अन्योऽन्यव्यावृत्त्यात्मका विशेषाः कल्प्यन्ते, तेषु विशेषत्वं विद्यते न वा ? नो चेत् निःस्वभावताप्रसङ्गः । स्वरूपस्यैवाभावात् । अस्ति चेत् तर्हि तदेव सामान्यम् । यतः समानानां भावः सामान्यम् । विशेषरूपतया च सर्वेषां तेषामविशेषेण प्रतीतिः सिद्धैव ॥

अपि च विशेषाणां व्यावृत्तिप्रत्ययहेतुत्वं लक्षणम् । व्यावृत्तिप्रत्यय एव विचार्यमाणो न घटते । व्यावृत्तिर्हि विवक्षितपदार्थे इतरपदार्थप्रतिषेधः । विवक्षितपदार्थश्च स्वस्वरूपव्यवस्थापनमात्रपर्यवसायी कथं पदार्थान्तरप्रतिषेधे प्रगल्भते । न च स्वरूपसत्त्वादन्यत् तत्र किमपि येन तन्निषेधः प्रवर्तते । न च व्यावृत्तौ क्रियमाणायां स्वात्मव्यतिरिक्ता विश्वत्रयवर्तिनोऽतीतवर्तमानानागताः पदार्थास्तस्माद् व्यावर्तनीयाः । ते च नाज्ञातस्वरूपाः व्यावर्तयितुं शक्याः । ततश्चैकस्यापि विशेषस्य परिज्ञाने प्रमातुः सर्वज्ञत्वं स्यात् । न चैतत्प्रातीतिकं यौक्तिकं वा । व्यावृत्तिस्तु निषेधः । स चाभावरूपत्वात् तुच्छः कथं प्रतीतिगोचरमञ्चति खपुष्पवत् ॥

तथा येभ्यो व्यावृत्तिः ते सद्रूपा असद्रूपा वा ? असद्रूपाश्चेत् तर्हि खरविषाणात् किं न व्यावृत्तिः । सद्रूपाश्चेत् सामान्यमेव । या चेयं व्यावृत्तिर्विशेषैः क्रियते सा सर्वासु

इन तीनों पक्षोंकी यहाँ कुछ चर्चा की जाती है (१) संग्रहनयको स्वीकार करनेवाले अद्वैतवादी—मीमांसक—सांख्य सामान्य ही एक तत्त्व है सामान्यसे भिन्न विशेष दृष्टिगोचर नहीं होते । सब पदार्थोंका सामान्य रीतिसे ज्ञान होता है और सब पदार्थ सत् कहे जाते हैं अतएव समस्त पदार्थ एक हैं । अतएव द्रव्यत्व ही एक तत्त्व है क्योंकि द्रव्यत्वको छोड़ कर धर्म अधर्म आकाश काल पुद्गल और जीव नहीं पाये जाते । तथा सामान्यसे भिन्न और एक दूसरेकी व्यावृत्ति रूप विशेष स्वीकार करनेवाले वादियोंसे हम पूछते हैं कि विशेषोंमें विशेषत्व रहता है या नहीं ? यदि विशेषोंमें विशेषत्व नहीं रहता तो इसका अर्थ यह हुआ कि विशेष निस्वभाव हैं क्योंकि विशेषोंमें निजस्वरूप विशेषत्व नहीं रहता । यदि विशेषोंमें विशेषत्व रहता है तो इसी विशेषत्वको हम सामान्य कहते हैं । क्योंकि समानके भावको ही सामान्य कहा है और विशेषरूपत्वसे इन सभी भावोंकी समान रूपसे होनेवाली प्रतीति सिद्ध ही है ।

तथा विवक्षित पदार्थमें दूसरे पदार्थके निषेध करनेको व्यावृत्ति कहते हैं इसी व्यावृत्ति प्रत्ययके हेतुको विशेष माना गया है (जैसे घटमें पटके निषेध करनेसे घटकी पटसे व्यावृत्ति होती है) । परन्तु यह विवक्षित पदार्थ (घट) अपने स्वरूपको ही सिद्ध कर सकता है दूसरे पदार्थोंका निषेध नहीं कर सकता । स्वरूपके अस्तित्वको छोड़कर और कोई भी चीज नहीं है जिससे कि अन्य पदार्थोंके निषेधकी आवश्यकता हो । यदि विवक्षित पदार्थ दूसरे पदार्थोंके निषेध करनेमें भी समर्थ हो तो उसे आत्मस्वरूप से भिन्न तीनों लोकोंके भूत भविष्य वर्तमान पदार्थोंसे भी अपनी व्यावृत्ति करनी चाहिये । और जब तक तीनों लोकोंके भूत भविष्य और वर्तमान पदार्थोंका ज्ञान न हो उस समय तक इन पदार्थोंकी व्यावृत्ति नहीं की जा सकती । इसलिये एक विशेषके ज्ञान करनेमें तीनों लोकोंके समस्त पदार्थोंसे उसकी व्यावृत्ति करनेके लिये प्रमाताको सर्वज्ञ होना पड़ेगा । यह न तो अनुभवसिद्ध है और न युक्तिसे ही सिद्ध है । तथा निषेधको ही व्यावृत्ति कहा गया है यह व्यावृत्ति अभाव रूप होनेसे तुच्छ है इसलिये आकाश-कुसुमकी तरह विश्वास योग्य नहीं है ।

तथा जिन पदार्थोंसे दूसरे पदार्थोंकी व्यावृत्ति की जाती है वे पदार्थ सत् हैं, या असत् ? यदि असत् हैं, तो असत् खरविषाणसे भी घटकी व्यावृत्ति की जानी चाहिये । यदि व्यावृत्त पदार्थोंको सत् मानो तो फिर

विशेषेष्वपि व्यावृत्तिरेका अनेका वा ? अनेका चेत् तस्या अपि विशेषत्वापत्तिः, अनेकरूपत्वैकलक्षणत्वाद् विशेषाणाम्। ततश्च तस्या अपि विशेषत्वान्यथानुपपत्त्या व्यावृत्त्या भाव्यम्। व्यावृत्तेरपि च व्यावृत्तौ विशेषाणामभाव एव स्यात्। तत्स्वरूपभूताया व्यावृत्तेः प्रतिषिद्धत्वात्, अनवस्थापाताच्च। एका चेत् सामान्यमेव संज्ञान्तरेण प्रतिपन्नं स्यात्। अनुवृत्तिप्रत्ययलक्षणाविशेषात्। किञ्च, अमी विशेषाः सामान्याद् भिन्ना अभिन्ना वा ? भिन्नाश्चेद् मण्डूकजटाभारानुकाराः। अभिन्नाश्चेत् तदेव तत्स्वरूपवत्। इति सामान्यैकान्तवादः ॥

पर्यायनयान्वयिनस्तु भाषन्ते। विविक्ताः क्षणक्षयिणो विशेषा एव परमार्थः। ततो विष्वग्भूतस्य सामान्यस्याप्रतीयमानत्वात्। न हि गवादिव्यक्त्यनुभवकाले वर्णसंस्थानात्मकं व्यक्तिरूपमपहाय, अन्यत्किञ्चिदेकमनुयायि प्रत्यक्षे प्रतिभासते। तादृशस्यानुभवाभावात्। तथा च पठन्ति—

"एतासु पञ्चस्ववभासनीषु प्रत्यक्षबोधे स्फुटमङ्गुलीषु।
साधारणं रूपमवेक्षते यः शृङ्गं शिरस्यात्मन ईक्षते सः" ॥

एकाकारपरामर्शप्रत्ययस्तु स्वहेतुदत्तशक्तिभ्यो व्यक्तिभ्य एवोत्पद्यते। इति न तेन सामान्यसाधनं न्याय्यम् ॥

किञ्च यदिदं सामान्यं परिकल्प्यते तदेकमनेकं वा ? एकमपि सर्वगतमसर्वगतं वा ? सर्वगतं चेत्, किं न व्यक्त्यन्तरालेषूपलभ्यते। सर्वगतैकत्वाभ्युपगमे च तस्य यथा गोत्व

सब पदार्थोंको सामान्य ही कहना चाहिये। तथा विशेषोंके द्वारा की हुई व्यावृत्ति सब विशेषोंमें एक ही व्यावृत्ति होती है अथवा सबमें अलग-अलग ? यदि व्यावृत्ति अनेक है तो व्यावृत्तिको भी विशेष मानना चाहिये क्योंकि अनेक रूपको ही विशेष कहते हैं। अतएव व्यावृत्तिके विशेष सिद्ध होने पर व्यावृत्तिमें भी व्यावृत्ति होनी चाहिये क्योंकि विशेषकी व्यावृत्तिके साथ अन्यथानुपपत्ति है। तथा व्यावृत्तिमें व्यावृत्ति माननेपर व्यावृत्ति व्यावृत्ति रूप सिद्ध नहीं हो सकती अतएव विशेषोंका अभाव मानना होगा और इस प्रकारकी व्यावृत्ति प्रतिषिद्ध है। तथा एक व्यावृत्तिमें अनेक व्यावृत्ति माननेसे अनवस्था दोष आता है। यदि सब विशेषोंमें एक ही व्यावृत्ति स्वीकार करो तो उसे सामान्य ही मानना चाहिये क्योंकि अनुवृत्ति प्रत्ययसे विरोध नहीं आता। तथा ये विशेष सामान्यसे भिन्न हैं या अभिन्न ? विशेषोंको सामान्यसे भिन्न मानना मण्डूकके जटाभारका ही अनुकरण करना है। यदि विशेष सामान्यसे अभिन्न हैं तो उन्हें सामान्य ही कहना होगा। अतएव सामान्य एकान्त वाद मानना ही उचित है।

(२) पर्यायास्तिक नयको स्वीकार करने वाले बौद्ध भिन्न और क्षण-क्षणमें नष्ट होनेवाले विशेष ही तत्त्व हैं क्योंकि विशेषको छोड़ कर सामान्य कोई अलग वस्तु नहीं है। गौको जानते समय हम गौके वर्ण आकार आदिके विशेष ज्ञानको छोड़ कर गौका केवल सामान्य ज्ञान नहीं होता है। क्योंकि विशेष ज्ञानको छोड़ कर किसी पदार्थका सामान्य ज्ञान हमारे अनुभवके बाह्य है। कहा भी है—

जो पुरुष प्रत्यक्षसे स्पष्ट अलग अलग दिखाई देनेवाली पाँच उँगलियोंमें केवल सामान्य रूपको देखता है वह पुरुष अपने सिरपर सींग ही देखता है अतएव पदार्थोंके विशेष ज्ञानको छोड़ कर पदार्थोंका केवल सामान्य ज्ञान होना असम्भव है।

तथा एकरूप ज्ञान अपने कारणोंसे उत्पन्न होनेवाले व्यक्तियोंसे ही उत्पन्न होता है। अतएव सामान्यकी सिद्धि न्यायसंगत नहीं।

तथा सामान्य एक है या अनेक ? यदि सामान्य एक है तो वह व्यापक है या अव्यापक ? यदि सामान्य व्यापक है तो वह दो व्यक्तियों (गौओं) के बीचमें क्यों नहीं रहता ? तथा सामान्यको सर्वगत

---

१ अशोकविरचितसामान्यदूषणदिक्प्रसारितग्रन्थे।

सामान्यं गोत्वव्यक्तीः क्रोडीकरोति, एवं किं न घटपटादिव्यक्तीरपि, अविशेषात्। असर्वगतं चेद् विशेषरूपापत्तिः अभ्युपगमबाधश्च ॥

अथानेकं गोत्वाश्वत्वघटत्वपटत्वादिभेदभिन्नत्वात् तर्हि विशेषा एव स्वीकृताः। अन्योन्यव्यावृत्तिहेतुत्वात्। न हि यद् गोत्वं तदश्वत्वात्मकमिति। अर्थक्रियाकारित्वं च वस्तुनो लक्षणम्। तच्च विशेषेष्वेव स्फुटं प्रतीयते। न हि सामान्येन काचिदर्थक्रिया क्रियते। तस्य निष्क्रियत्वात्। वाहदोहादिकास्वर्थक्रियासु विशेषाणामेवोपयोगात्। तथेदं सामान्यं विशेषेभ्यो भिन्नमभिन्नं वा? भिन्नं चेद् अवस्तु। विशेषविश्लेषेणार्थक्रियाकारित्वाभावात्। अभिन्नं चेद् विशेषा एव, तत्स्वरूपवत्। इति विशेषैकान्तवादः ॥

नैगमनयानुगामिनस्त्वाहुः। स्वतन्त्रौ सामान्यविशेषौ। तथैव प्रमाणेन प्रतीतत्वात्। तथाहि। सामान्यविशेषावत्यन्तभिन्नौ विरुद्धधर्माध्यासितत्वात्। यावेवं तावेवं, यथा पाथःपावकौ, तथा चैतौ, तस्मात् तथा। सामान्यं हि गोत्वादि सर्वगतम्। तद्विपरीताश्च शबलशाबलेयादयो विशेषाः। ततः कथमेषामैक्यं युक्तम् ॥

न सामान्यात् पृथग्विशेषस्योपलम्भ इति चेत् कथं तर्हि तस्योपलम्भ इति वाच्यम्। सामान्यव्याप्तस्येति चेद् न तर्हि स विशेषोपलम्भः। सामान्यस्यापि तेन ग्रहणात्। ततश्च तेन बोधेन विविक्तविशेषग्रहणाभावात् तद्वाचकं ध्वनिं तत्साध्यं च व्यवहारं न प्रवर्तयेत् प्रमाता। न चैतदस्ति। विशेषाभिधानव्यवहारयोः प्रवृत्तिदर्शनात्। तस्माद् विशेषमभिलषता तस्य च

और एक माननेपर जैसे गोत्व सामान्य गौओंमें रहता है वैसे ही वह घट पट आदिमें भी रहना चाहिये। क्योंकि सामान्य एक है। यदि सामान्यको अव्यापक मानो तो वह विशेषरूप हो जायेगा और आपकी मान्यतामें बाधा उपस्थित होगी।

यदि कहो कि सामान्य गोत्व अश्वत्व घटत्व पटत्व आदिके भेदसे अनेक प्रकारका है तो इससे एक दूसरेकी व्यावृत्ति करनेवाला विशेष ही सिद्ध होता है। क्योंकि गोत्व और अश्वत्वके भिन्न भिन्न होनेसे गोत्वकी अश्वत्वसे व्यावृत्ति होती है। तथा अर्थक्रियाकारित्व वस्तुका लक्षण है। यह लक्षण विशेषमें ही स्पष्ट घटता है क्योंकि सामान्य निष्क्रिय होनेसे अर्थक्रिया नहीं कर सकता। तथा वाहन (खेंचना) दोहन (दुहना) आदि अर्थक्रियाओंमें भी अश्वत्व गोत्व आदि सामान्य उपयोगी नहीं होते बल्कि खींचने दुहने आदिके समय विशेषरूप अश्व और गौसे ही हमारा प्रयोजन सिद्ध होता है। तथा यह सामान्य विशेषों से भिन्न है या अभिन्न? यदि सामान्य विशेषोंसे भिन्न है तो सामान्य कोई पदार्थ ही नहीं ठहरता क्योंकि विशेषसे भिन्न हो कर इसमें अर्थक्रिया नहीं हो सकती। यदि सामान्य विशेषसे अभिन्न है तो उसे विशेष ही मानना चाहिये क्योंकि वह इसीका रूप है। अतएव विशेष एकान्तवाद मानना ही उचित है।

(३) नैगम नय को स्वीकार करनेवाले न्याय वैशेषिक : सामान्य और विशेष स्वतन्त्र हैं क्योंकि प्रमाणके द्वारा वे ऐसे ही प्रतीत होते हैं। तथाहि सामान्य और विशेष अत्यन्त भिन्न हैं क्योंकि वे विरोधी धर्मोंसे युक्त हैं जो विरोधी धर्मोंसे युक्त होते हैं वे अत्यन्त भिन्न होते हैं जैसे जल और अग्नि। ये सामान्य और विशेष विरोधी धर्मोंसे युक्त हैं अतः अत्यन्त भिन्न हैं। गोत्व आदि सामान्य सर्वव्यापक है और शबल शाबलेय आदि विशेष उसके विपरीत हैं अतएव दोनोंका एकत्व कैसे सम्भव है?

यदि कहो कि सामान्यसे पृथक रूपमें विशेषका ज्ञान नहीं होता तो कहिये कि विशेषका ज्ञान फिर कैसे होता है? यदि कहो कि सामान्यसे व्याप्त विशेषका ज्ञान होता है तो इसका मतलब हुआ कि विशेषका ज्ञान नहीं होता क्योंकि उस सामान्यसे व्याप्त विशेषके ज्ञानसे सामान्यका भी ज्ञान होता है और इसलिए उस सामान्यसे व्याप्त विशेषके ज्ञानसे सामान्यके कारण भिन्न विशेषका ज्ञान न होनेके कारण प्रमाता, विशेषके वाचक शब्द तथा विशेषके द्वारा किये जानेवाला व्यवहार न कर सकेगा। किन्तु विशेष वाचक शब्दका और विशेषके

शब्दमुच्चरतः तद्ग्राहको बोधो विविक्तोऽभ्युपगन्तव्यः। एवं सामान्यस्थाने विशेषशब्दं, विशेषस्थाने च सामान्यशब्दं प्रयुञ्जानेन सामान्येऽपि तद्ग्राहको बोधो विविक्तोऽभ्युपगन्तव्यः। तस्मात् स्वस्वग्राहिणि ज्ञाने पृथक्प्रतिभासमानत्वाद् द्वावपीतरेतरविशकलितौ। ततो न सामान्यविशेषात्मकत्वं वस्तुनो घटते। इति स्वतन्त्रसामान्यविशेषवादः॥

तदेतत् पक्षत्रयमपि न क्षमते क्षोदम्। प्रमाणबाधितत्वात्। सामान्यविशेषोभयात्मकस्यैव वस्तुनो निर्विगानमनुभूयमानत्वात्। वस्तुनो हि लक्षणम् अर्थक्रियाकारित्वम्। तच्चानेकान्तवादे एवाविकलं कलयन्ति परीक्षकाः। तथाहि। यथा गौरित्युक्ते खुरककुत्सास्नालाङ्गूलविषाणाद्यवयवसम्पन्नं वस्तुरूपं सर्वव्यक्त्यनुयायि प्रतीयते, तथा महिष्यादिव्यावृत्तिरपि प्रतीयते॥

यत्रापि च शबला गौरित्युच्यते तत्रापि यथा विशेषप्रतिभासः तथा गोत्वप्रतिभासोऽपि स्फुट एव। शबलेति केवलविशेषोच्चारणेऽपि अर्थात् प्रकरणाद् वा गोत्वमनुवर्तते। अपि च, शबलत्वमपि नानारूपम्, तथा दर्शनात्। ततो वक्त्रा शबलेत्युक्ते क्रोडीकृतसकलशबलसामान्यं विवक्षितगोव्यक्तिगतमेव शबलत्वं व्यवस्थाप्यते। तदेवमाबालगोपालं प्रतीतिप्रसिद्धेऽपि वस्तुनः सामान्यविशेषात्मकत्वे तदुभयैकान्तवादः प्रलापमात्रम्। न हि कश्चित् कदाचित् केनचित् सामान्यं विशेषविनाकृतमनुभूयते, विशेषा वा तद्विनाकृताः। केवल

द्वारा किये जानेवाले व्यवहारका अभाव तो है नहीं क्योंकि विशेष शब्दकी और विशेषके द्वारा किये जानेवाले व्यवहारकी प्रवृत्ति देखी जाती है। अतएव विशेषकी अभिलाषा करनेवालेको और विशेषसाध्य व्यवहारकी प्रवृत्ति करनेवालेको सामान्य ज्ञानसे भिन्न विशेषको जाननेवाले ज्ञानको स्वीकार करना चाहिए। इस प्रकार सामान्यके वाचक शब्दके स्थानमें विशेषके वाचक शब्दका और विशेषके वाचक शब्दके स्थानमें सामान्यके वाचक शब्दका प्रयोग करनेवालेको सामान्यके विषयमें भी विशेषके ज्ञानसे भिन्न सामान्यके ज्ञानको स्वीकार करना चाहिए। अतएव सामान्यको जाननेवाले ज्ञानमें और विशेषको जाननेवाले ज्ञानमें पृथक रूपसे प्रतिभासित होनेके कारण सामान्य और विशेष दोनों ही एक दूसरेसे भिन्न सिद्ध होते हैं। अतएव पदार्थका सामान्य-विशेषात्मक रूप घटित नहीं होता। इसलिए स्वतन्त्र सामान्य और स्वतन्त्र विशेषवाद ही ठीक है।

जैन—(१) उक्त तीनों पक्ष प्रमाणसे बाधित होनेसे परीक्षाकी कसौटी पर ठीक नहीं उतरते। क्योंकि सामान्य-विशेष रूप पदार्थ ही निर्दोष रूपसे अनुभवमें आते हैं। वस्तुका लक्षण अर्थक्रियाकारित्व है और यह लक्षण अनेकान्तवादमें ही ठीक ठीक घटित हो सकता है। गौके कहनेपर जिस प्रकार खुर ककुद् सास्ना पूंछ सींग आदि अवयवोंवाले गौ पदार्थका स्वरूप सभी गो व्यक्तियोंमें पाया जाता है उसी प्रकार भैंस आदिकी व्यावृत्ति भी प्रतीत होती है। अतएव एकान्त सामान्यको न मान कर पदार्थोंको सामान्य विशेष रूप ही मानना चाहिये।

(२) जहाँ शबला गो कहा जाता है वहाँ जिस प्रकार विशेषका ज्ञान होता है उसी प्रकार गोत्व सामान्यका ज्ञान भी स्पष्ट ही है। शबला केवल इस विशेषका उच्चारण करने पर भी अर्थ वा प्रकरणकी दृष्टिसे गोत्व सामान्यकी अनुवृत्ति होती है (अर्थात गोत्व सामान्यका ज्ञान होता है)। तथा शबलत्व भी अनेक प्रकारका होता है, क्योंकि वैसा देखनेमें आता है। अतएव वक्ताके द्वारा शबला कहा जानेपर, अपनेमें सभी शबल-सामान्यका अन्तर्भाव करनेवाले विवक्षित गोव्यक्तिमें विद्यमान रहनेवाले ही शबलत्वका निश्चय किया जाता है। इस प्रकार वस्तुका सामान्य विशेषात्मकत्व सभी बाल गोपालमें अनुभवसिद्ध है फिर भी सामान्य ही सद्भूत है विशेष नहीं और विशेष ही सद्भूत है सामान्य नहीं इस प्रकारका ऐकान्तिक कथन प्रलापमात्र है। विशेषोंसे पृथक किये गये सामान्यका और सामान्यसे पृथक किये गये विशेषों-

दुर्नयवासितमतिव्यामोहवशादेकैकपक्षावलम्बनादन्यतरद् व्यवस्थापयन्ति [illegible] । सोऽयम् अन्धगजन्यायः ॥

तेऽपि च तदेकान्तपक्षोपनिपातिनः प्रागुक्ता दोषास्तेऽप्यनेकान्तवादप्रचण्डमुद्गरप्रहार-जर्जरितत्वाद् नोच्छ्वसितुमपि क्षमाः । स्वतन्त्रसामान्यविशेषवादिनस्त्वेवं प्रतिक्षेप्याः । सामान्यं प्रतिव्यक्ति कथञ्चिद्भिन्नं, कथञ्चिदभिन्नं, कथञ्चित् तदात्मकत्वाद्, विसदृशपरिणाम-वत् । यथैव हि काचिद् व्यक्तिरुपलभ्यमानाद् व्यक्त्यन्तराद् विशिष्टा विसदृशपरिणाम-दर्शनादवतिष्ठते, तथा सदृशपरिणामात्मकसामान्यदर्शनात् समानेति । तेन समानो गौरयम्, सोऽनेन समान इति प्रतीतेः । न चास्य व्यक्तिस्वरूपादभिन्नत्वात् सामान्यरूपताव्याघातः । यतो रूपादीनामपि व्यक्तिस्वरूपादभिन्नत्वमस्ति, न च तेषां गुणरूपताव्याघातः । कथञ्चिद् व्यतिरेकस्तु रूपादीनामिव सदृशपरिणामस्याप्यस्त्येव । पृथग्व्यपदेशादिभाक्त्वात् ॥

विशेषा अपि नैकान्तेन सामान्यात् पृथग्भवितुमर्हन्ति । यतो यदि सामान्यं सर्वगतं सिद्धं भवेत् तदा तेषामसर्वगतत्वेन ततो विरुद्धधर्माध्यासः स्यात् । न च तस्य तत् सिद्धम् । प्रागुक्तयुक्त्या निराकृतत्वात् । सामान्यस्य विशेषाणां च कथञ्चित् परस्पराव्यतिरेकेणानेक-रूपतया व्यवस्थितत्वात् । विशेषेभ्योऽव्यतिरिक्तत्वाद्धि सामान्यमप्यनेकमिष्यते । सामान्यात् तु विशेषाणामव्यतिरेकात्तेऽप्येकरूपा इति ।

का कही पर किसी कालमें किसीके द्वारा अनुभव नही किया जाता । अज्ञानी पुरुष केवल दुर्नयसे प्रभावित मतिके व्यामोहके कारण सामान्य और विशेष इन दोनोमसे एकका अपलाप दूसरेकी सिद्धि करते हैं । यह अन्धगजन्याय ही है ।

(३) क—सामान्य एकान्त और विशेष-एकान्त पक्षमें उपस्थित होन वाले पूर्वोक्त दोष भी अनेकान्त वाद रूप प्रचण्ड मुद्गरके प्रहारसे जर्जरित होनके कारण श्वास लेनेमें भी समय नही रह जाते । सामान्य और विशेषको परस्पर भिन्न स्वतन्त्र पदार्थ मानने वालों (वशेषिक और नैयायिक) का निम्नलिखित रूपसे निराकरण करना चाहिये सामान्य प्रत्येक व्यक्तिसे कथचित् भिन्न और कथचित् अभिन्न है कथंचित तदात्मक होनेसे विसदृश परिणामकी तरह । (विसदृश परिणामका जिस प्रकार अपन परिणामाभिभूत प्रत्येक व्यक्तिके साथ कथंचित् तादात्म्य होनसे वह प्रत्येक व्यक्तिसे कथंचित भिन्न और कथंचित् अभिन्न है उसी प्रकार सामान्यका प्रत्येक व्यक्तिके साथ कथंचित तादात्म्य होनेसे वह प्रत्येक व्यक्तिसे कथचित भिन्न और कथंचित् अभिन्न है) । जैसे किसी व्यक्तिका उपलभ्यमान अन्य व्यक्तिसे विसदृश परिणाम दिखाई देता है उसी प्रकार वह सदृश परिणामस्वरूप सामान्य दिखाई देनेसे उपलभ्यमान अन्य व्यक्तिके समान (सदृश परिणाम) होता है क्योंकि यह गाय उस गायके समान है वह उसके समान है', इस प्रकारका ज्ञान होता है । व्यक्ति-के स्वरूपसे अभिन्न होनेसे सामान्यकी सामान्यरूपतामें विरोध नहीं आता । क्योंकि रूप आदि अर्थ व्यक्ति (विशेष) के स्वरूपसे अभिन्न होन पर भी (रूप आदिके घट आदिसे अभिन्न होने पर भी) उनकी गुण रूपतामें विरोध नहीं आता । तथा जिस प्रकार सामान्य व्यक्तिके स्वरूपसे कथचित् भिन्न होता है उसी प्रकार सदृशपरिणाम व्यक्तिके स्वरूपसे कथचित् भिन्न है क्योंकि व्यक्तिस्वरूप और सदृश परिणाम की संज्ञा लक्षण, प्रयोजन आदि भिन्न भिन्न है ।

ख—इसी प्रकार विशेष भी एकांत रूपसे सामान्यसे भिन्न होन योग्य नहीं है । क्योंकि यदि सामान्य सर्वव्यापक सिद्ध हो तब तो विशेषके सर्वव्यापक न होनेके कारण उनमें सामान्यसे विरुद्ध धर्मोका अध्यारोप उपस्थित होगा । और सामान्यका सर्वव्यापकत्व सिद्ध नहीं है इसका हम पहले ही खण्डन कर आये हैं ।

---

१ [illegible] एकाकिभिः स्पृष्टः । [illegible]

[illegible]

एकत्वं च सामान्यस्य संग्रहनयार्पणात् सर्वत्र विज्ञेयम्। प्रमाणार्पणात् तस्य कथञ्चिद्विरुद्धधर्माध्यासितत्वम्। सदृशपरिणामरूपस्य विसदृशपरिमाणवत् कथञ्चित् प्रतिव्यक्ति भेदात्। एवं चासिद्धं सामान्यविशेषयोः सर्वथाविरुद्धधर्माध्यासितत्वम्। कथञ्चिद्विरुद्धधर्माध्यासितत्वं चेद् विवक्षितम् तदास्मत्कक्षाप्रवेश। कथञ्चिद्विरुद्धधर्माध्यासस्य कथञ्चिद्भेदाविनाभूतत्वात्। पाथःपावकदृष्टान्तोऽपि साध्यसाधनविकलः। तयोरपि कथञ्चिदेव विरुद्धधर्माध्यासितत्वेन भिन्नत्वेन च स्वीकरणात्। पयस्त्वपावकत्वादिना हि तयोर्विरुद्धधर्माध्यासभेदश्च। द्रव्यत्वादिना पुनस्तद्वैपरीत्यमिति। तथा च कथं न सामान्यविशेषात्मकत्वं वस्तुनो घटते इति। ततः सुष्ठूक्तं वाच्यमेकमनेकरूपम् इति॥

एवं वाचकमपि शब्दाख्यं द्वयात्मकम् सामान्यविशेषात्मकम्। सर्वशब्दव्यक्तिष्वनुयायि शब्दत्वमेकम्। शाङ्खशार्ङ्गतीव्रमन्दोदात्तानुदात्तस्वरितादिविशेषभेदादनेकम्। शब्दस्य हि सामान्यविशेषात्मकत्वं पौद्गलिकत्वाद् व्यक्तमेव। तथाहि। पौद्गलिकः शब्दः इन्द्रियार्थत्वात्, रूपादिवत्॥

यच्चास्य पौद्गलिकत्वनिषेधाय स्पर्शशून्याश्रयत्वात् अतिनिबिडप्रदेशे प्रवेशनिर्गमयोरप्रतिघातात् पूर्वं पश्चाच्चावयवानुपलब्धेः सूक्ष्ममूर्तद्रव्यान्तराप्रेरकत्वाद् गगनगुणत्वात् चेति पञ्च हेतवो यौगैरुपन्यस्ताः ते हेत्वाभासाः। तथाहि। शब्दपर्यायस्याश्रयो भाषावर्गणा

तथा सामान्य और विशेषका परस्पर कथंचित अभेद होनेके कारण सामान्य विशेष एक रूपसे और अनेक रूपसे व्यवस्थित हैं। विशेषोंसे भिन्न न होनेसे सामान्य भी अनेक रूपसे प्रतिव्यक्तिके भेदरूपसे इष्ट है और सामान्यसे विशेषोंका भेद न होनेसे विशेष भी एक रूपसे इष्ट है।

व्यक्तियोंमें पाया जाने वाला सामान्य संग्रह नयकी विवक्षासे एक रूप होता है। प्रमाणकी विवक्षा (मुख्यता) से सामान्यका कथंचित विरुद्ध धर्माध्यासितत्व समझना चाहिये। जिस प्रकार विसदृश परिणाम (पर्यायात्माभिभूत) प्रत्येक व्यक्तिसे कथंचित भिन्न होता है उसी प्रकार सदृश परिणाम रूप सामान्यका भी प्रत्येक व्यक्तिसे कथंचित् भेद होता है। इस प्रकार सामान्य और विशेषका सर्वथा विरुद्ध धर्मोंसे युक्त होना असिद्ध है। यदि सामान्य विशेषका कथंचित् विरुद्ध धर्मोंसे युक्त होना प्रतिवादीको विवक्षित हो तो यह हमारे ही मतकी स्वीकृति होगी। क्योंकि कथंचित् विरुद्ध धर्मोंसे युक्त होना कथंचित् भेदके साथ अविनाभाव रूप होता है। तथा जल और अग्निका दृष्टान्त भी साध्यविकल (साध्यमें न रहनेवाला) और साधन विकल (साधनमें न रहनेवाला) है। क्योंकि उन दोनोंको भी हमने कथंचित विरुद्ध धर्माध्यासित और कथंचित भिन्न रूपसे स्वीकार किया है। जलत्व और अग्नित्व आदिसे दोनों विरुद्ध धर्मोंसे युक्त हैं और दोनोंमें भेदका सद्भाव है। तथा द्रव्यत्व आदिकी अपेक्षा दोनों विरुद्ध धर्मोंसे युक्त नहीं हैं और उनमें भेद भी नहीं है। इस प्रकार वस्तुका सामान्य विशेषात्मकत्व कैसे नहीं सिद्ध होता? अतएव हमने जो कहा है कि वाच्य एक और अनेक दोनों रूप है हमारा यह कथन बिलकुल ठीक है।

इस प्रकार शब्दसंज्ञक वाचक भी सामान्य विशेष दोनोंसे युक्त है। सभी शब्दरूप व्यक्तियोंमें अन्वित होने वाला शब्दत्व (सामान्य) एक रूप है और वह शब्द शंख धनुष तीव्र मन्द उदात्त अनुदात्त स्वरित आदिके शब्दभेदसे अनेक रूप है। तथा शब्द पौद्गलिक होनेसे सामान्य और विशेष दोनों रूप है। तथाहि 'शब्द पौद्गलिक है क्योंकि रूप आदिकी तरह इन्द्रियका विषय है।

शब्द पुद्गलकी पर्याय नहीं है इसका निषेध करनेके लिए नैयायिकों और वैशेषिकोंने जो निम्नलिखित हेतु उपस्थित किये हैं वे हेत्वाभास हैं (१) स्पर्शसे शून्य पदार्थ शब्दका आश्रय है,

न पुनराकाशम् । तस्य च स्पर्शो निर्णीयत एव । यथा शब्दाश्रयः स्पर्शवान्, अनुवातप्रतिवातयोर्विप्रकृष्टनिकटशरीरिणोरुपलभ्यमानानुपलभ्यमानेन्द्रियार्थत्वात् तथाविधगन्धाधारद्रव्यपरमाणुवत् । इति असिद्धः प्रथमः । द्वितीयस्तु गन्धद्रव्येण व्यभिचारादनैकान्तिकः । वर्त्तमानजात्यकस्तूरिकादिगन्धद्रव्यं हि पिहितद्वारापवरकस्यान्तर्विशति बहिश्च निर्याति, न चापौद्गलिकम् । अथ तत्र सूक्ष्मरन्ध्रसंभवाद् नातिनिबिडत्वम्, अतस्तत्र तत्प्रवेशनिष्क्रमौ । कथमन्यथोद्घाटितद्वारावस्थायामिव न तदेकार्णवत्वम् । सर्वथा नीरन्ध्रे तु प्रदेशे न तयोः संभव इति चेत्, तर्हि शब्देऽप्येतत्समानम् इत्यसिद्धो हेतुः । तृतीयस्तु तडिल्लतोल्कादिभिरनैकान्तिकः । चतुर्थोऽपि तथैव । गन्धद्रव्यविशेषसूक्ष्मरजोधूमादिभिर्व्यभिचारात् । न हि गन्धद्रव्यादिकमपि नासायां निविशमानं तद्विवरद्वारदेशोद्भिन्नश्मश्रुप्रेरकं दृश्यते । पञ्चमः पुनरसिद्धः । तथाहि । न गगनगुणः शब्दः अस्मदादिप्रत्यक्षत्वाद् रूपादिवत् । इति सिद्धः पौद्गलिकत्वात् सामान्यविशेषात्मकः शब्द इति ॥

---

(२) अत्यन्त सघन प्रदेशमें प्रवेश करते और निकलते हुए नहीं रुकता है, (३) शब्दके पूर्व और पश्चात् उसके अवयव नहीं दिखाई देते, (४) वह सूक्ष्म मूर्त द्रव्योंका प्रेरक नहीं है, तथा (५) शब्द आकाशका गुण है। (१) उक्त हेतुओंमें प्रथम हेतु असिद्ध है। क्योंकि शब्द पर्यायका आश्रय भाषावर्गणा है (सजातीय वस्तुओंके समुदायको वर्गणा कहते हैं, जिन पुद्गल वर्गणाओंसे शब्द बनते हैं उन्हें भाषावर्गणा कहते हैं) आकाश नहीं। तथा शब्दका आश्रय यह भाषावर्गणा स्पर्श गुणसे निर्णीत किया जाता है। जैसे शब्दका आश्रय भाषावर्गणा स्पर्शसे युक्त है, क्योंकि जिस प्रकार गन्धके आश्रित द्रव्य परमाणु इन्द्रिय (घ्राणेन्द्रिय) का विषय होनेसे वायुके अनुकूल होनेपर दूर खड़े हुए मनुष्यके पास पहुँच जाते हैं और वायुके प्रतिकूल होनेपर पास बैठे हुए मनुष्य तक भी नहीं पहुँचते, उसी प्रकार शब्दके आश्रित द्रव्यपरमाणु भी इन्द्रिय (कर्णेन्द्रिय) का विषय होनेसे वायुके अनुकूल होनेपर दूर देशमें खड़े हुए श्रोताके पास तक पहुँचते हैं और वायुके प्रतिकूल होनेसे समीपमें बैठे हुए श्रोताके पास तक भी नहीं पहुँचते। अतएव जैसे गन्ध इन्द्रियका विषय होनेसे पौद्गलिक है, वैसे ही शब्द भी इन्द्रियका विषय होनेसे पौद्गलिक है। इसलिए वैशेषिकोंका प्रथम हेतु असिद्ध है। (२) दूसरे हेतुमें गन्ध द्रव्यरूप विपक्षमें रहनेके कारण गन्ध द्रव्यसे व्यभिचार आता है, इसलिए यह हेतु अनैकान्तिक है। वर्तनशील उत्कृष्ट कस्तूरिका आदि गन्ध द्रव्य बन्द द्वारवाले मकानमें प्रवेश करते और निकलते हुए नहीं रुकते, फिर भी पौद्गलिक हैं। शंका—बन्द द्वारवाले मकानमें सूक्ष्म रन्ध्रोंका सद्भाव होनेसे उसमें अत्यन्त सघनता नहीं होती, अतः उस मकानमें गन्ध द्रव्यका प्रवेश होता है और उसमेंसे वह बाहर निकलता है। अन्यथा जिसका द्वार खुला हुआ है ऐसे मकानमें जिस प्रकार गन्ध द्रव्य अखण्ड प्रवाह रूपमें प्रवेश करता है और उसमेंसे बाहर निकलता है, उसी प्रकार उस मकानमें सूक्ष्म रन्ध्रोंका अभाव होनेपर गन्ध द्रव्य अखण्ड प्रवाहके रूपसे क्यों नहीं प्रवेश करता और बाहर निकल जाता? सर्वथा रन्ध्र रहित प्रदेशमें गन्ध द्रव्यका निर्गम और प्रवेश संभव नहीं। समाधान—यह ठीक नहीं। क्योंकि शब्दके भी विषयमें भी यही सम्भव है, अतएव दूसरा हेतु भी असिद्ध है। (३) तीसरा हेतु विद्युत् और उल्कापात आदिसे व्यभिचारी है। क्योंकि विद्युत् आदिके अवयव विद्युत्के पहले और पीछे नहीं पाये जाते, फिर भी विद्युत् आदि पौद्गलिक माने जाते हैं। (४) इसी तरह चौथा हेतु भी व्यभिचारी है, क्योंकि विशिष्ट गन्ध द्रव्य, सूक्ष्म रज व धूम आदिके साथ उसका व्यभिचार है—विपक्षभूत गन्धद्रव्य रज और धूल आदिमें वह रहता है। नासिकामें प्रवेश करनेवाला गन्ध द्रव्य आदि भी नासिकाके विवरद्वारमें फूटी हुई श्मश्रुका प्रेरक वह नहीं देखा जाता। तथा (५) पाँचवाँ हेतु असिद्ध है। शब्द आकाशका गुण नहीं है, क्योंकि वह रूपादिकी तरह हमारी इन्द्रियोंके प्रत्यक्ष है। इसलिए पौद्गलिक होनेसे शब्दको सामान्य और विशेष रूप ही मानना चाहिए।

[illegible] वाच्यम् आत्मन्यपौद्गलिकेऽपि कथं सामान्यविशेषात्मकत्वं निर्विवादमनुभूयत इति । यतः संसार्यात्मनः प्रतिप्रदेशमनन्तानन्तकर्मपरमाणुभिः सह वह्नितापितघनकुट्टि-तनिर्विभागपिण्डीभूतसूचीकलापवदेकोलीभावमापन्नस्य कथञ्चित् पौद्गलिकत्वाभ्युपगमा-दिति । यद्यपि स्याद्वादिनां पौद्गलिकमपौद्गलिकं च सर्वं वस्तु सामान्यविशेषात्मकं, तथा-प्यपौद्गलिकेषु धर्माधर्माकाशकालेषु तदात्मकत्वमर्वाग्दृशां न तथाप्रतीतिविषयमायाति । पौद्गलिकेषु पुनस्तत् साध्यमानं तेषां सुश्रद्धानम् । इत्यप्रस्तुतमपि शब्दस्य पौद्गलिकत्वमत्र सामान्यविशेषात्मकत्वसाधनायोपन्यस्तमिति ॥

अत्रापि नित्यशब्दवादिसंमतं शब्दैकत्वैकान्तं, अनित्यशब्दवाद्यभिमतं शब्दानेकत्वै-कान्तं च प्राग्दर्शितदिशा प्रतिक्षेप्यं । अथवा वाच्यस्य घटादेरर्थस्य सामान्यविशेषात्मकत्वे तद्वाचकस्य ध्वनेरपि तत्त्वम् । शब्दार्थयोः कथञ्चित् तादात्म्याभ्युपगमात् । यदाहुर्भद्रबाहु-स्वामिपादाः—

"अभिहाणं अभिहेयाउ होइ भिण्णं अभिण्णं च ।
खुरअग्गिमोयगुच्चारणम्मि जम्हा उ वयणसवणाणं ॥ १ ॥

तथा आत्माके अपौद्गलिक न होनेपर भी उसका सामान्य विशेष रूपत्व निर्विवाद रूपसे अनुभवमें नहीं आता—ऐसा नहीं कहना चाहिए । क्योंकि जिस प्रकार अग्निमें तपाया हुआ सूइओंका समूह घनसे कूटा जानेपर अविभागी एक पिण्डरूप बन जाता है उसी प्रकार प्रत्येक प्रदेशकी अपेक्षा अनन्तानन्त कर्म पर माणुओंके साथ संश्लिष्ट एकीभावको प्राप्त संसारी आत्माको कथंचित् पौद्गलिक स्वीकार किया गया है । यद्यपि स्याद्वादको माननेवालोंके मतमें पौद्गलिक और अपौद्गलिक सभी वस्तु सामान्य विशेष रूप हैं फिर भी अल्पज्ञानी धर्म अधर्म आकाश काल इन अपौद्गलिक पदार्थोंके सामान्य विशेषत्वको नहीं समझ सकते शब्द आदि पौद्गलिक पदार्थोंमें सामान्य विशेषत्वको अच्छी तरह समझ सकते हैं । अतएव यहाँ शब्दका पौद्गलिक प्रस्तुत न होनेपर भी उसके सामान्य विशेष रूप सिद्ध करनेके लिये पुद्गलकी पर्याय बताया गया है ।

नित्य शब्दवादी मीमांसकोंके मतके अनुसार शब्द सर्वथा एक है और अनित्य शब्दवादी बौद्धोंके अनुसार शब्द सर्वथा अनेक है—इन दोनों मतोंका उक्त पद्धतिसे खण्डन करना चाहिये । अथवा वाच्य घटादि के सामान्य विशेष रूप सिद्ध होनेपर वाचक शब्दोंको भी सामान्य विशेष मानना चाहिये । क्योंकि शब्द (वाचक) और अर्थ (वाच्य) का कथंचित तादात्म्य सम्बन्ध माना गया है । भद्रबाहु स्वामीने भी कहा है—

वाचक वाच्यसे भिन्न भी है और अभिन्न भी है । क्षुर (छुरा) अग्नि और मोदक शब्दोंका उच्चारण करते समय बोलनेवालोंके मुख और सुननेवालोंके कान क्षुर से नहीं छिदते अग्नि से नहीं

१—नायमेकान्तः अमूर्तिरेवात्मेति । कर्मबन्धपर्यायापेक्षया तदावेशात्स्यान्मूर्तः । यद्येवं कर्मबन्धावेशा-दस्यैकत्वे सत्यविवेकः प्राप्नोति । नैष दोषः । बन्धं प्रत्येकत्वे सत्यपि लक्षणभेदादस्य नानात्वमवसीयते । उक्तं च—

बंधं पडि एयत्तं लक्खणदो हवइ तस्स णाणत्तं । तम्हा अमुत्तिभावो णेयंतो होइ जीवस्स ॥
छाया—बन्धं प्रत्येकत्वं लक्षणतः भवति तस्य नानात्वं । तस्मात् अमूर्तिभावः अनेकान्तः भवति जीवस्य ॥
सर्वार्थसिद्धौ पृ ८८

नवि छेओ नवि दाहो ण पूरणं तेण भिन्नं तु ।
जम्हा य मोयगुच्चारणम्मि तत्थेव पच्चओ होइ ॥ २ ॥
न य होइ स अन्नत्थे तेण अभिन्नं तदत्थाओ ।"

एतेन—"विकल्पयोनयः शब्दा विकल्पाः शब्दयोनयः
कार्यकारणता तेषां नार्थं शब्दाः स्पृशन्त्यपि ॥

इति प्रत्युक्तम् । अर्थाभिधानप्रत्ययास्तुल्यनामधेयाः' [2] इति वचनात् । शब्दस्य ह्यसदेव तत्त्व यदभिधेय याथात्म्येनासौ प्रतिपादयति । स च तत् तथाप्रतिपादयन् वाच्यस्वरूपपरिणामपरिणत एव वक्तु शक्यः नान्यथा अतिप्रसङ्गात् । घटाभिधानकाले पटाद्यभिधानस्यापि प्राप्तेरिति ।

अथवा भङ्ग्यन्तरेण सकलं काव्यमिदं व्याख्यायते । वाच्य वस्तु घटादिकम् । एकात्मकमेव एकस्वरूपमपि सत् अनेकम् अनेकस्वरूपम् । अयमर्थः । प्रमाता तावत् प्रमेयस्वरूपं लक्षणेन निश्चिनोति । तच्च सजातीयविजातीयव्यवच्छेदादात्मलाभं लभते । यथा घटस्य सजातीया मृन्मयपदार्था विजातीयाश्च पटादयः । तेषां व्यवच्छेदस्तल्लक्षणम् । पृथुबुध्नोदराद्या

जलते और मोदक से नही भर आते अतएव वाचकसे वाच्य भिन्न है । तथा मोदक शब्दसे मोदकका ही ज्ञान होता है अग्निका नही इसलिये वाचक (शब्द) और वाच्य (अर्थ) अभिन्न हैं ।

इस कथनसे—

विकल्पमे शब्द उत्पन्न होते है और शब्दसे विकल्प उत्पन्न होते हैं अतएव शब्द और विकल्प दोनो म कार्य कारण सबध हैं परन्तु शब्द अपने अर्थसे भिन्न है (अतएव दोनो एक दूसरेसे भिन्न हैं)। —

यह कथन भी खडित हो जाता है। क्योकि अर्थ अभिधान और प्रत्यय ये पर्यायवाची शब्द हैं ऐसा कहा गया है । जब शब्द वाच्यार्थका यथार्थरूपसे प्रतिपादन करता है तब वाच्यार्थका यथार्थरूपसे प्रतिपादन करना ही शब्दका स्वरूप है । वाच्यार्थका यथार्थरूपसे प्रतिपादन करनेवाले शब्दका वाच्यका स्वरूप जिसमें अन्तर्निहित है एसे अपने परिणामके स्वरूपसे परिणत होनपर ही उच्चारण करना शक्य है (जैसे घटके यथार्थ स्वरूपका प्रतिपादन करनेवाला शब्द वाच्यभूत घटके स्वरूपका ज्ञान होनेके अनन्तर वाच्यके स्वरूपसे युक्त अपने घट स्वरूप शब्दके परिणामरूपसे परिणत होनपर ही घट शब्दका उच्चारण शक्य है) अन्यथा नही। क्योकि घट शब्दके उच्चारण कालमे पट आदि शब्दोका उच्चारण होनसे अतिप्रसग उपस्थित होता है ।

अथवा दूसरी तरहसे श्लोकका अर्थ किया जा सकता है । वाच्य घट आदि एक रूप होकर भी अनेक रूप हैं । भाव यह है कि प्रमाता प्रमेयभूत पदार्थके स्वरूपका उसके लक्षण द्वारा उसका निश्चय करता है । सजातीय और विजातीय पदार्थोंका व्यवच्छेद करनसे लक्षण अस्तित्वको प्राप्त करता है । उदाहरणके लिए मिट्टीसे बने पदार्थ घटके सजातीय और पट आदि पदार्थ विजातीय होते हैं । इन सजातीय और विजा

---

१ छाया—अभिधानमभिधेयाद् भवति भिन्नमभिन्न च ।
क्षुराऽग्निमोदकोच्चारणे यस्मात् तु वदनश्रवणयो ॥
नाऽपि च्छेदो नापि दाहो न पूरण तेन भिन्न तु ।
यस्माच्च मोदकोच्चारेण तत्रैव प्रत्ययो भवति ॥
न च भवति अन्यार्थे तेनाऽभिन्नं तदर्थात् ।

२ बाह्य पृथुबुध्नोदराकारोऽर्थोऽपि घट इति व्यपदिश्यते । तद्वाचकमभिधान घट इति । तद्ज्ञानरूप प्रत्ययोऽपि घट इति । तथा च लोके व्यवहारो भवन्ति । किमिदं पुरो दृश्यते घट । किमसौ वक्ति घट । किमस्य चेतसि स्फुरति घट ।

कारः कम्बुग्रीवो जलधारणाहरणादिक्रियासमर्थः पदार्थविशेषो घट इत्युच्यते। तेषां च सजातीयविजातीयानां स्वरूपं तत्र बुद्ध्या आरोप्य व्यवच्छिद्यते। अन्यथा प्रतिनियततत्स्वरूपपरिच्छेदानुपपत्तेः। सर्वभावानां हि भावाभावात्मकं स्वरूपम्। एकान्तभावात्मकत्वे वस्तुनो वैश्वरूप्यं स्यात्। एकान्ताभावात्मकत्वे च निःस्वभावता स्यात्। तस्मात् स्वरूपेण सत्त्वात् पररूपेण चासत्त्वाद् भावाभावात्मकं वस्तु। यदाह—

सर्वमस्ति स्वरूपेण पररूपेण नास्ति च।
अन्यथा सर्वसत्त्वं स्यात् स्वरूपस्याप्यसंभवः॥

ततश्चैकस्मिन् घटे सर्वेषां घटव्यतिरिक्तपदार्थानामभावरूपेण वृत्तेरनेकात्मकत्वं घटस्य सुपपादम्। एवं चैकस्मिन्नर्थे ज्ञाते सर्वेषामर्थानां ज्ञानम्। सर्वपदार्थपरिच्छेदमन्तरेण तन्निषेधात्मन एकस्य वस्तुनो विविक्ततया परिच्छेदासंभवात्। आगमोऽप्येवमेव व्यवस्थितः—

'जे एगं जाणइ से सव्वं जाणइ।
जे सव्वं जाणइ से एगं जाणइ॥'

तथा— एको भावः सर्वथा येन दृष्टः
सर्वे भावाः सर्वथा तेन दृष्टाः।
सर्वे भावाः सर्वथा येन दृष्टा
एको भावः सर्वथा तेन दृष्टः॥

तीय पदार्थोंका व्यवच्छेद ही घटका लक्षण है। सजातीय और विजातीय पदार्थोंकी व्यावृत्ति हो जानपर ही बड़े मोटे उदरवाले शंखकी ग्रीवाके सदृश ग्रीवावाले और जलके रखने और लाने आदि क्रियामें समर्थ विशिष्ट पदार्थ घट कहा जाता है। इन मृत्तिकोपादानक परिणाम होनेसे सजातीय और पटादिरूप विजातीय पदार्थोंके स्वरूपको बुद्धि द्वारा घटमें आरोपित कर उसका व्यवच्छेद किया जाता है क्योंकि यदि घटका ज्ञान करते समय सजातीय और विजातीय पदार्थोंकी व्यावृत्ति न की जाय तो घटके निश्चित रूपका ज्ञान नहीं हो सकता। समस्त पदार्थ भाव और अभाव रूप होते हैं। पदार्थको यदि एकान्तरूपसे स्वचतुष्टयकी अपेक्षा अस्तिरूप ही माना जाये—परचतुष्टयकी अपेक्षा नास्तिरूप न माना जाये—तो पदार्थ परचतुष्टयकी अपेक्षासे भी अस्तिरूप हो जानेसे अनेक रूप हो जायेगा। यदि उसे एकान्तरूपसे अभावात्मक माना जाय—स्वरूप चतुष्टय और पररूप चतुष्टयकी अपेक्षासे भी नास्तिरूप माना जाय—तो वह स्वभावशून्य हो जायगा। अतएव प्रत्येक पदार्थ स्वरूपकी अपेक्षा सत् और पररूपकी अपेक्षा असत् होनेके कारण भाव अभाव रूप है। कहा भी है—

सभी पदार्थ स्वरूपकी दृष्टिसे विद्यमान हैं पररूपकी दृष्टिसे विद्यमान नहीं है। यदि पदार्थ स्वरूपसे अस्तिरूप और पररूपसे नास्तिरूप न हो—प्रत्येक पदार्थमें स्वरूपका अभाव और पररूपका सद्भाव माना जाये—तो सभी पदार्थ सत् मात्र रूपसे एक हो जायेंगे और पदार्थोंके स्वरूपका अस्तित्व नहीं रह जायेगा।

इससे एक घटमें घटभिन्न सभी पदार्थोंकी अभावरूपसे विद्यमानता होनसे घटका अनेकात्मकत्व (अस्तिनास्तिरूपत्वादि) सुसिद्ध किया जा सकता है। इस प्रकार एक पदार्थके जाननेसे सब पदार्थोंका ज्ञान होता है क्योंकि सम्पूर्ण पदार्थोंके बिना जाने सब पदार्थ निषधयुक्त एक पदार्थको अन्य सभी पदार्थोंसे भिन्न रूपसे जानना असंभव हो जाता है। आगममें भी कहा है—

जो एकको जानता है वह सबको जानता है जो सबको जानता है वह एकको जानता है।

तथा—

'जिसने एक पदार्थको सम्पूर्ण रीतिसे जान लिया है उसने सब पदार्थोंको सब प्रकारसे जान लिया है। जिसने सब पदार्थोंको सब प्रकारसे जान लिया है उसने एक पदार्थको सब प्रकारसे जान लिया है।

ये तु सौगताः परासत्त्वं नाङ्गीकुर्वते, तेषां घटादेः सर्वात्मकत्वप्रसङ्गः । तथाहि । यथा घटस्य स्वरूपादिना सत्त्वं, तथा यदि पररूपादिनापि स्यात् तथा च सति स्वरूपादिसत्त्ववत् पररूपादिसत्त्वप्रसक्तः कथं न सर्वात्मकत्वं भवेत् । परासत्त्वेन तु प्रतिनियतोऽसौ सिद्ध्यति । अथ न नाम नास्ति परासत्त्वं किन्तु स्वसत्त्वमेव तदिति चेद् अहो वैदग्धी । न खलु यदेव सत्त्वं तदेवासत्त्वं भवितुमर्हति । विधिप्रतिषेधरूपतया विरुद्धधर्माध्यासेनानयोरैक्यायोगात् । अथ युष्मत्पक्षेऽप्येवं विरोधस्तदवस्थ एवेति चेद् अहो वाचाटता देवानांप्रियस्य । न हि वयं येनैव प्रकारेण सत्त्वं, तेनैवासत्त्वं येनैव चासत्त्वं तेनैव सत्त्वमभ्युपेमः । किन्तु स्वरूपद्रव्यक्षेत्रकालभावैः सत्त्वं पररूपद्रव्यक्षेत्रकालभावैस्त्वसत्त्वम् । तदा क्व विरोधावकाशः ॥

यौगास्तु प्रगल्भन्ते सर्वथा पृथग्भूतपरस्पराभावाभ्युपगममात्रेणैव पदार्थप्रतिनियमसिद्धेः किं तेषामसत्त्वात्मकत्वकल्पनया इति । तदसत् । यदा हि पटाद्यभावरूपो घटो न भवति तदा घटः पटादिरेव स्यात् । यथा च घटाभावाद् भिन्नत्वाद् घटस्य घटरूपता तथा पटादेरपि स्यात् घटाभावाद् भिन्नत्वादेव । इत्यलं विस्तरेण ।

जो बौद्ध पररूप चतुष्टयकी अपेक्षासे नास्तित्वको स्वीकार नहीं करते उनके मतमें घटादिको (घटादि भिन्न) सर्वपदार्थात्मक माननेका प्रसंग उपस्थित हो जाता है । कहनेका तात्पर्य यह है कि जिस प्रकार स्व चतुष्टयकी अपेक्षासे घटका अस्तित्व होता है उसी प्रकार परचतुष्टयकी अपेक्षासे भी यदि घटका अस्तित्व स्वीकार किया जाये तो ऐसी स्थितिमें जिस प्रकार स्वरूप चतुष्टयकी अपेक्षासे (घटादिका) अस्तित्व होता है उसी प्रकार परचतुष्टयकी अपेक्षा भी (घटादिका) अस्तित्व स्वीकार करनेका प्रसंग उपस्थित हो जानेसे घटका सर्वपदार्थरूपत्व कैसे सिद्ध न होगा ? अतएव परचतुष्टयकी अपेक्षासे घटके नास्तित्वरूप माननेसे ही निश्चितरूपसे उसकी सिद्धि होती है । यदि कहो कि परचतुष्टयकी अपेक्षासे घटका नास्तित्व सिद्ध नहीं होता ऐसी बात नहीं है किन्तु स्वचतुष्टयकी अपेक्षासे घटका अस्तित्व ही परचतुष्टयकी अपेक्षासे नास्तित्व है —तो यह महान पांडित्य है । वस्तुतः जो अस्तित्व है वही नास्तित्वरूप नहीं हो सकता । क्योंकि विधि प्रतिषेध-रूप विरुद्धधर्माध्यासित होनेके कारण सत्त्व और असत्त्वकी एकरूपता घटित नहीं होती । यदि कहो कि जैन लोग भी एक ही जगह विधि और प्रतिषेध मानते हैं तो यह कथन मूर्खजनोंकी वाचालता ही है । क्योंकि हम लोग (जैन) जिस प्रकारसे अस्तित्व मानते हैं उसी प्रकारसे नास्तित्व नहीं मानते तथा जिस प्रकारसे नास्तित्व मानते हैं उसी प्रकारसे अस्तित्व नहीं मानते । हमारी मान्यता है कि प्रत्येक वस्तु अपने रूप द्रव्य क्षेत्र काल और भावकी अपेक्षा सत् हैं और पर रूप द्रव्य क्षेत्र काल और भावकी अपेक्षा असत् है अतएव हमारे मतमें विरोधके लिए कोई स्थान नहीं है ।

वैशेषिक—पदार्थका ज्ञान प्राप्त करनेके लिए पदार्थसे भिन्न अन्योन्याभाव माननेसे काम चल जाता है इसलिये पदार्थोंको अभावात्मक माननेकी आवश्यकता नहीं है । जैन—यह ठीक नहीं । क्योंकि यदि पदार्थोंको पररूपसे अभावात्मक नहीं मानें तो पट आदिके अभावको घट नहीं कह सकते अतएव घटको पट रूप मानना चाहिये । क्योंकि जैसे घटाभावसे भिन्न होनेके कारण घटको घट कहते हैं वैसे ही पटके घटाभावसे भिन्न होनेके कारण पटको भी घट मानना चाहिये । भाव यह है कि वैशेषिक लोग अन्योन्याभावको पदार्थकी स्थितिमें कारण मानते हैं । यह अन्योन्याभाव स्वयं पदार्थसे जुदा होता है । वैशेषिकोंके अनुसार जहाँ घटका अभाव नहीं होता वहीं घटका निश्चय होता है । परन्तु यह मान्यता ठीक नहीं क्योंकि वस्त्र आदि भी घटके अभाव रूप नहीं हैं इसलिये वस्त्र आदिके घटके अभावसे भिन्न होनेपर वस्त्र आदिमें भी घटका ज्ञान होना चाहिये । जैनसिद्धांतके अनुसार घटको घटके अतिरिक्त सभी पदार्थोंके अभाव रूप स्वीकार किया है इसलिये घटके वस्त्र आदिके भी अभाव स्वरूप होनेसे घटमें वस्त्रका ज्ञान नहीं हो सकता ।

एवं वाचकमपि शब्दरूपं द्वयात्मकम्। एकात्मकमपि सदनेकमित्यर्थः। अनयैव न्यायेन शब्दस्यापि भावाभावात्मकत्वात्। अथवा एकविषयस्यापि वाचकस्यानेकविषयत्वोपपत्तेः। यथा किल घटशब्दः संकेतवशात् पृथुबुध्नोदराद्याकारवति पदार्थे प्रवर्तते वाचकतया तथा देशकालाद्यपेक्षया तदसद्भावेऽपि पदार्थान्तरेष्वपि तथा वर्तमानः केन वार्यते। भवन्ति हि वक्तारो योगिनः शरीरं अपि घट इति। संकेतानां पुरुषेच्छाधीनतयाऽनियतत्वात्। यथा चौरशब्दोऽन्यत्र तस्करे रूढोऽपि दाक्षिणात्यानामोदने प्रसिद्धः। यथा च कुमारशब्दः पूर्वदेशे आश्विनमासे रूढः। एवं कर्कटीशब्दादयोऽपि तत्तद्देशापेक्षया योन्यादिवाचका ज्ञेयाः। कालापेक्षया पुनर्यथा जैनानां प्रायश्चित्तविधौ धृतिश्रद्धासंहननादिमति प्राचीनकाले षड्गुरुशब्देन शतमशीत्यधिकमुपवासानामुच्यते स्म, सांप्रतकाले तु तद्विपरीते तेनैव षड्गुरुशब्देन उपवासत्रयमेव सङ्केत्यते जीतकल्पव्यवहारानुसारात्। शास्त्रापेक्षया तु यथा पुराणेषु द्वादशीशब्देनैकादशी। त्रिपुरार्णवे[4] च अलिशब्देन मदिराभिषिक्तम् च मैथुनशब्देन मधुसर्पिषोर्ग्रहणम् इत्यादि।

न चैवं सङ्केतस्यैवार्थप्रत्यायने प्राधान्यम्। स्वाभाविकसामर्थ्यसाचिव्यादेव तत्र तस्य प्रवृत्तेः। सर्वशब्दानां सर्वार्थप्रत्यायनशक्तियुक्तत्वात्। यत्र च देशकालादौ यदर्थप्रतिपादनशक्तिसहकारी संकेतस्तत्र तमर्थं प्रतिपादयति। तथा च निर्जितदुर्जयपरप्रवादाः श्रीदेवसूरिपादाः —

"स्वाभाविकसामर्थ्यसमयाभ्यामर्थबोधनिबन्धनं शब्दः।" अत्र शक्तिपदार्थसमर्थनं ग्रन्थान्तरादवसेयम्। अतोऽन्यथेत्यादि उत्तरार्द्धं पूर्ववत्। प्रतिभाप्रमादस्तु तेषां सदसदेकान्ते वाच्यस्य प्रतिनियतार्थविषयत्वे च वाचकस्य उक्तयुक्त्या दोषसद्भावाद् व्यवहारानुपपत्तेः। इति काव्यार्थः। सामान्यविशेषात्मकस्य भावाभावात्मकस्य च वस्तुनः सामान्यविशेषात्मको

वाच्यकी तरह वाचक भी एक होकर भी अनेक है। जैसे अर्थ भाव और अभाव रूप है वैसे ही शब्द भी भाव और अभाव दोनो रूप है। अथवा एक विषयका वाचक शब्द अनेक विषयोंका वाचक हो सकता है इसलिये भी शब्द भाव और अभाव रूप है। जैसे बडे और मोटे उदरवाले पदार्थमें घट शब्दका व्यवहार होता है उसी प्रकार देश काल आदिकी अपेक्षा उसी कारण अन्य पदार्थोंमे भी उसकी विद्यमानता कौन रोक सकता है। योगी लोग शरीरको ही घट कहते हैं। चौर शब्दका साधारण अर्थ चोर होता है परन्तु दक्षिण जैसे देशमें चौर शब्दका अर्थ चावल होता है। कुमार शब्दका सामान्यसे युवराज अर्थ होनेपर भी पूर्व देशमें इसका अर्थ आश्विन मास किया जाता है। कर्कटी शब्दका प्रसिद्ध अर्थ ककडी होनेपर भी कहीं-कहीं इसका अर्थ योनि किया जाता है। तथा जीतकल्पव्यवहार अनुसार प्रायश्चित्त विधिमें धृति श्रद्धा और संहननवाले प्राचीन समयमें षड्गुरु शब्दका अर्थ एकसौ अस्सी उपवास किया जाता था परन्तु आजकल षड्गुरुका अर्थ केवल तीन उपवास किया जाता है। पुराणोंमें उपवासके नियमोंका वर्णन करते समय द्वादशीका अर्थ एकादशी किया जाता है। त्रिपुरार्णवमें अलि शब्द मदिरा और मधु शब्द शहद और घीके अर्थमें प्रयुक्त होते हैं।

केवल संकेत मात्रसे अर्थका ज्ञान नहीं होता। स्वाभाविक शक्तिकी मुख्यतासे उनकी प्रवृत्ति होती है। क्योंकि शब्दोंमें ही सब अर्थोंको जनानेकी शक्ति होती है। संकेत केवल देश और काल आदिकी अपेक्षासे शब्दके ही अर्थको जाननेमें सहकारी होता है। परवादियोंको जीतनेवाले श्रीदेवसूरि आचार्यने कहा भी है— स्वाभाविक शक्ति तथा संकेतसे अर्थके ज्ञान करनेको शब्द कहते हैं। शब्दकी शक्तिके विषयमें विशेष

१ दृढीक्रियन्ते शरीरपुद्गला येन तत्संहननं तच्चास्थिनिचयः। तत्संहननं षट्प्रकारं भवति। वज्रर्षभनाराचं ऋषभनाराचं नाराचं अर्धनाराचं कीलिका सेवार्तं (छेदस्पृष्टम्)। वज्रर्षभनाराचं वज्रनाराचं अर्धनाराचं कीलिका (कीलितं) असंप्राप्तासृपाटिका इति षट्संहननानि दिगम्बरग्रन्थेषु।

२ जिनभद्रगणिक्षमाश्रमणकृतो गाथाग्रन्थो जीतकल्पाख्यः। जीतमाचरितं तस्य कल्पो वर्णना प्ररूपणा जीतकल्पः। ३ शाक्तमार्गीयो ग्रन्थः।

४ प्रमाणनयतत्त्वालोकालङ्कारे ४-११। ५ स्याद्वादरत्नाकरे २-१ इत्यादयः।

भावाभावात्मकस्य च निर्वाचक इति । अन्यथा प्रकारान्तरैः पुनर्वाच्यवाचकभावव्यवस्थायाम्-तिष्ठमानानां वादिनां प्रतिभैव प्रमाद्यति, न तु तद्भणितयो युक्तिस्पर्शमात्रमपि सहन्ते ।

कानि तानि वाच्यवाचकभावप्रकारान्तराणि परवादिनामिति चेत्, एते ब्रूमः । अपोह एव शब्दार्थ इत्येके । "अपोह शब्दलिङ्गाभ्यां न वस्तुविधिनोच्यते" इति वचनात् । अपरे सामान्यमात्रमेव शब्दानां गोचरः । तस्य क्वचित् प्रतिपन्नस्य एकरूपतया सर्वत्र संकेतविषयतोपपत्ते । न पुनर्विशेषा । तेषामानन्त्यत कार्त्स्न्येनोपलब्धुमशक्यतया तद्विषयत्वानुपपत्तः । विधिवादिनस्तु विधिरेव वाक्यार्थ अप्रवृत्तप्रवर्तनस्वभाव त्वात् तस्येत्याचक्षते । विधिरपि तत्तद्वादिविप्रतिपत्त्यानेकप्रकारः । तथाहि । वाक्यरूप शब्द एव प्रवर्तक त्वाद् विधिरित्येके । तद्व्यापारो भावनापरपर्यायो विधिरित्यन्ये । नियोग इत्यपरे । प्रैषाद्य इत्येक । तिरस्कृत-

---

जाननके लिये स्याद्वादरत्नाकर (२ २) आदि ग्रन्थ देखने चाहिए। अतएव सामान्य विशेष रूप और भावाभाव रूप वाचक (शब्द) से ही सामान्य विशेष और भावाभाव रूप वाच्य (अर्थ) का ज्ञान हो सकता है ।

(१) बौद्ध लोग अपोह (इतरव्यावृत्ति—परस्परपरिहार) को ही शब्दार्थ मानते हैं । कहा भी है । शब्द और लिंगसे अपोह कहा जाता है वस्तुकी प्ररणासे नहीं । (२) कुछ लोग सामान्य (जाति) को ही शब्दका अर्थ मानते है । क्योंकि सामान्यके किसी भी स्थानमें रहनेपर वह सब जगह सकेतसे जाना जा सकता है । विशेष अनंत है इसलिए उनकी एक साथ शब्दसे प्रतीति नही हो सकती अतएव सामान्य ही शब्दका विषय है । (३) विधिवादियोंके अनुसार विधि ही शब्दका अर्थ है क्योंकि उससे प्रवृत्ति न करने वाले मनुष्योकी प्रवृत्ति होती है । (प्रवृत्तिके अनुकूल व्यापारको विधि कहते हैं विधि प्ररणा प्रवर्तना आदि शब्द एक ही अर्थके द्योतक हैं) । विधि अनेक प्रकारकी है । (सामान्यसे लौकिक और वैदिक विधिके दो भेद है । अपूर्व नियम और परिसख्याके भेदसे विधि तीन प्रकारकी बतायी गई है । उत्पत्ति विनियोग प्रयोग और अधिकार ये अपूर्व विधिके चार भेद हैं) । कोई विधिवादी वाक्यरूप शब्दको विधि कहते हैं। (जैसे स्वर्गकी इच्छा रखनेवालेको अग्निहोत्र करना चाहिये) । कोई वाक्यसे उत्पन्न व्यापार (भावना) को विधि कहते हैं । पुरुषकी प्रवृत्तिके अनुकूल प्रवर्तन करनेको व्यापार अथवा भावना कहते हैं। (यह भावना शब्दभावना और अर्थ भावनाके भेदसे दो प्रकारकी है । स्वर्गकी इच्छा रखनेवालेको यज्ञ करना चाहिये (यजेत स्वर्गकाम) आदि वाक्योंमें ईश्वरके स्वीकार न करनेसे लिङ् (विधिरूप) शब्दके व्यापारको शब्दभावना कहते हैं । शब्दके व्यापारसे यज्ञ करनेवाले पुरुषकी प्रवृत्तिको अर्थभावना कहते हैं । भट्टमीमांसक भावनाको मानते हैं) । कोई नियोगको ही विधि मानते हैं । (जिसके द्वारा यज्ञमें नियुक्त हो उसे नियोग कहते हैं । यह नियोग ग्यारह

---

१ अतद्व्यावृत्ति । यथा विज्ञानवादिबौद्धमते नीलत्वादिधर्मोऽनीलव्यावृत्तिरूप ।

२ दिङ्नाग ।

३ विधिप्रेरणाप्रवर्तनादिशब्दाभिधेय प्रवृत्त्यनुकूलव्यापार ।

४ सामान्यतोऽय विधिर्द्विविध लौकिक वैदिकश्च । प्रकारान्तरेण विधि त्रिविध अपूर्वविधि नियमविधि संख्याविधिश्च ।

५ यद्वाक्य विधायकं चोदक स विधि यथा अग्निहोत्र जुहुयात्स्वर्गकाम ।

६ भवितुर्भवनानुकूलो भावयितुर्व्यापारविशेष । यथा यजेतेत्यादौ लिङाद्याख्यातार्थो भावना । भाट्टमते शाब्दीभावना आर्थीभावना चेति द्विविधा भावना । यजेत स्वर्गकाम इत्यादिवैदिकवाक्ये पुरुषाभावात् शब्दनिष्ठत्वादेव शब्दभावना इत्युच्यते । अर्थभावना तु प्रवृत्त्यादिव्यापाररूपा ।

७ नियुक्तोऽहमनेनाग्निष्टोमादिवाक्येनेति निरवशेषो योग । एकादशधा नियोग विद्यानन्दिकृतअष्टसहस्त्र्यां व्याख्यात पृ ६ ।

८ सत्कारपूर्विका प्रेरणा प्रैष ।

[illegible]मात्रमित्यन्ये। एवं फलतदभिलाषकर्मादयोऽपि वाच्याः। एतेषां निराकरणं सपूर्वोत्तरपक्षं न्यायकुमुदचन्द्रादवसेयम् ॥ इति काव्यार्थः ॥१४॥

इदानीं सांख्याभिमतप्रकृतिपुरुषादितत्त्वानां विरोधावरुद्धत्वं ख्यापयन्, तद्बालिशता विलसितानामपरिमितत्वं दर्शयति—

चिदर्थशून्या च जडा च बुद्धिः शब्दादितन्मात्रजमम्बरादि।
न बन्धमोक्षौ पुरुषस्य चेति कियज्जडैर्न ग्रथितं विरोधि ॥१५॥

प्रकारका बताया गया है। प्रभाकर लोग नियोगवादी हैं। भट्टमीमांसक नियोगवादका खंडन करते हैं।) कोई प्रेरणा आदिको और कोई तिरस्कार पूर्वक प्रेरणा करनेको ही विधि मानते हैं। इसी तरह विधिके फल अभिलाषा और कर्म आदि भी विधिवादियोंने भिन्न भिन्न स्वीकार किये हैं। इन सब मतोंका निरूपण और उनका खंडन प्रभाचन्द्रकृत न्यायकुमुदचन्द्रोदय नामक ग्रन्थमे देखना चाहिये॥ यह श्लोकका अर्थ है ॥१४॥

भावार्थ—इस श्लोकमें प्रत्येक वस्तुको सामान्य विशेष और एक-अनेक प्रतिपादन करते हुए सामान्य एकान्तवादी विशेष एकान्तवादी तथा परस्पर भिन्न निरपेक्ष सामान्य विशेष वादियोंकी समीक्षा की गई है। (१) अद्वैतवेदांती मीमांसक और सांख्योंका मत है कि वस्तु सर्वथा सामान्य है क्योंकि विशेष सामान्यसे भिन्न प्रतिभासित नहीं होते। (२) क्षणिकवादी बौद्धोंकी मान्यता है कि प्रत्येक वस्तु सर्वथा विशेषरूप है क्योंकि विशेषको छोड़कर सामान्य कहीं दृष्टिगोचर नहीं होता और वस्तुका अर्थक्रियाकारित्व लक्षण भी विशेषमें ही घटित होता है। (३) न्यायवैशेषिकोंका कथन है कि सामान्य विशेष परस्पर भिन्न और निरपेक्ष हैं अतएव सामान्य और विशेषको एक न मानकर परस्पर भिन्न स्वीकार करना चाहिये।

जैनसिद्धांतके अनुसार उक्त तीनों सिद्धांत कथंचित सत्य हैं। वस्तुको सर्वथा सामान्य माननेवाले वादी द्रव्यास्तिकनयकी अपेक्षासे सर्वथा विशेष माननेवाले वादी पर्यायास्तिकनयकी अपेक्षासे तथा सामान्य विशेषको परस्पर भिन्न और निरपेक्ष माननेवाले वादी नैगमनयकी अपेक्षासे सच्चे हैं। इसलिए सामान्य विशेषको कथंचित् भिन्न-अभिन्न ही स्वीकार करना चाहिए। क्योंकि पदार्थोंका ज्ञान करते समय सामान्य और विशेष दोनोंका ही एक साथ ज्ञान होता है बिना सामान्यके विशेष और बिना विशेषके सामान्यका कहीं भी ज्ञान नहीं होता। जैसे गौके देखनेपर हम अनुवृत्तिरूप गौका ज्ञान होता है वैसे ही भैंस आदिकी व्यावृत्तिरूप विशेषका भी ज्ञान होता है। इसी तरह शबला गौ कहनेपर जैसे विशेषरूप शबलत्वका ज्ञान होता है वैसे ही गोत्वरूप सामान्यका भी ज्ञान होता है। अतएव सामान्य विशेष कथंचित् भिन्न और कथंचित् अभिन्न होनेसे सामान्य और विशेष दोनो रूप ही हैं।

इसी प्रकार वाच्य (अर्थकी) तरह वाचक (शब्द) भी सामान्य विशेषरूप है। (यहाँ मल्लिषेणने शब्द को पौद्गलिक सिद्ध करके उसे भी सामान्य विशेषरूप सिद्ध किया है।) तथा प्रत्येक वस्तुको भाव और अभावरूप मानना चाहिये क्योंकि यदि वस्तु सर्वथा अभावरूप हो तो उसे सर्वात्मक माननी चाहिये और ऐसी अवस्थामें उसका कोई भी स्वभाव नहीं मानना चाहिये। अतएव प्रत्येक वस्तुको अपने स्वरूपसे सत् और पररूपसे असत् मानना चाहिये। अतएव प्रत्येक वस्तु सापेक्ष है इसलिये वाच्य और वाचक दोनों सामान्य-विशेष और एक-अनेकरूप हैं।

अब सांख्योंके प्रकृति पुरुष आदि तत्त्वोंका विरोध दिखलाते हुए उन लोगोंके मतका खंडन करते हैं—

श्लोकार्थ—चैतन्यस्वरूप अर्थसे रहित बुद्धि जड़रूप है शब्द आदि पांच तन्मात्राओंसे आकाश पृथिवी जल अग्नि और वायु उत्पन्न होते हैं पुरुषके न बंध होता है और न मोक्ष—ये सब सांख्य लोगोंकी विरुद्ध कल्पनायें हैं।

---

१ भट्टाकलङ्कदेवकृतलघीयस्त्रयग्रन्थटीकात्मकः प्रभाचन्द्रेण प्रणीतः।

चित्—चैतन्यशक्तिः आत्मस्वरूपभूता। अर्थशून्या—विषयपरिच्छेदविरहिता। अर्थाध्यवसायस्य बुद्धिव्यापारत्वाद् इत्येका कल्पना। बुद्धिश्च महत्तत्त्वाख्या। जडा अनवबोधस्वरूपा इति द्वितीया। अम्बरादि—व्योमप्रभृतिभूतपञ्चकं शब्दादितन्मात्रजम्—शब्दादीनि यानि पञ्चतन्मात्राणि सूक्ष्मसंज्ञानि तेभ्यो जातमुत्पन्नं शब्दादितन्मात्रजम् इति तृतीया। अत्र च शब्दो गम्यः। पुरुषस्य च प्रकृतिविकृत्यनात्मकस्यात्मनो न बन्धमोक्षौ किन्तु प्रकृतेरेव। तथा च कापिलाः—

तस्मान्न बध्यते नापि मुच्यते नापि संसरति कश्चित्।
संसरति बध्यते मुच्यते च नानाश्रया प्रकृतिः॥[1]

तत्र बन्धः—प्राकृतिकादि। मोक्षः—पञ्चविंशतितत्त्वज्ञानपूर्वकोऽपवर्ग इति चतुर्थी। इतिशब्दस्य प्रकारार्थत्वाद्—एवंप्रकारमन्यदपि विरोधीति विरुद्धं पूर्वापरविरोधादिदोषाघ्रातम्। जडैः—मूर्खैः तत्त्वावबोधविधुरधीभिः कापिलैः। कियन्न ग्रथितं—कियद् न स्वशास्त्रेषूपनिबद्धम्। कियदित्यसूयागर्भम्। तत्प्ररूपितविरुद्धार्थानामानन्त्येनेयत्तानवधारणात्। इति संक्षेपार्थः॥

व्यासार्थस्त्वयम्। साङ्ख्यमते किल दुःखत्रयाभिहतस्य पुरुषस्य तदपघातहेतुतत्त्वजिज्ञासा उत्पद्यते। आध्यात्मिकमाधिदैविकमाधिभौतिकं चेति दुःखत्रयम्। तत्राध्यात्मिकं द्विविधम्—शारीरं मानसं च। शारीरं वातपित्तश्लेष्मणां वैषम्यनिमित्तम्। मानसं कामक्रोधलोभमोहेर्ष्याविषयादर्शननिबन्धनम्। सर्वं चैतदान्तरोपायसाध्यत्वादाध्यात्मिकं दुःखम्। बाह्योपायसाध्यं दुःखं द्वेधा आधिभौतिकमाधिदैविकं चेति। तत्राधिभौतिकं मानुषपशुपक्षिमृगसरीसृपस्थावरनिमित्तम्। आधिदैविकं यक्षराक्षसग्रहाद्यावेशहेतुकम्। अनेन दुःखत्रयेण रजःपरिणामबुद्धिवर्तिना चेतनाशक्तेः प्रतिकूलतया अभिसंबन्धो अभिघातः॥

तत्त्वानि पञ्चविंशतिः। तद्यथा अव्यक्तम् एकम्। महदहङ्कारपञ्चतन्मात्रैकादशेन्द्रियपञ्च-

---

भावार्थ—पूर्वपक्ष (१) चेतनशक्ति पदार्थोंका ज्ञान नहीं करती, बुद्धिसे ही पदार्थोंका ज्ञान होता है। (२) बुद्धि (महत्तत्त्व) अज्ञान रूप है। (३) आकाश आदि शब्द आदि पाँच तन्मात्राओंसे उत्पन्न होते हैं। (४) प्रकृति और विकृतिसे भिन्न पुरुषके बंध और मोक्ष नहीं होता, प्रकृतिके ही बंध और मोक्ष होता है। कहा भी है—

न कोई बंधता है, न मुक्त होता है, और न कोई संसारमें परिभ्रमण करता है; बंध, मोक्ष और परिभ्रमण नाना आश्रयवाली प्रकृतिके ही होते हैं।

(५) बन्ध प्रकृतिमें होता है, और पच्चीस तत्त्वोंके ज्ञानसे मोक्ष मिलता है।

आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक दुखोंसे पीड़ित पुरुष दुखोंके नष्ट करनेके कारणोंको जानना चाहता है। आध्यात्मिक दुख शारीर और मानसके भेदसे दो प्रकारका है। वात, पित्त और कफकी विषमतासे उत्पन्न होनेवाले दुखोंको शारीर, तथा काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या और विषयोंके प्राप्त न होनेसे उत्पन्न होनेवाले दुखोंको मानस दुख कहते हैं। शारीर और मानस दुख दुखके अन्तरंग कारण मनसे उत्पन्न होते हैं, इसलिये इन्हें आध्यात्मिक दुख कहा है। आधिभौतिक और आधिदैविक दुख बाह्य कारणोंसे उत्पन्न होते हैं। मनुष्य, पशु, पक्षी, सर्प और स्थावर आदिसे उत्पन्न होनेवाले दुखको आधिभौतिक, तथा यक्ष, राक्षस, ग्रह आदिसे पैदा होनेवाले दुखको आधिदैविक दुख कहते हैं। तीनों प्रकारके दुख रजोधर्मसे बुद्धिमें उत्पन्न होते हैं। जब इन दुखोंका चेतनाशक्तिके साथ विपरीत सम्बन्ध होता है, उस समय चेतनाशक्तिका अभिघात होता है।

तत्त्व पच्चीस होते हैं—१ अव्यक्त, २ महत् (बुद्धि), ३ अहंकार, ४-८ शब्द, स्पर्श, रूप, रस और

---

१ ईश्वरकृष्णविरचितसांख्यकारिका ६२।

महाभूतभेदात् पञ्चविंशतिविधं व्यक्तम्। पुरुषश्चिद्रूप इति। तथा च ईश्वरकृष्णः—

मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त।
षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः॥"[1]

प्रीत्यप्रीतिविषादात्मकानां लाघवोपष्टम्भगौरवधर्माणां परस्परोपकारिणां त्रयाणां गुणानां सत्त्वरजस्तमसां साम्यावस्था प्रकृतिः। प्रधानमव्यक्तमित्यनर्थान्तरम्। तच्च अनादिमध्यान्तमनवयवं साधारणमशब्दमस्पर्शमरूपमगन्धमव्ययम्। प्रधानाद् बुद्धिर्महदित्यपरपर्यायोत्पद्यते। योऽयमध्यवसायो गवादिषु प्रतिपत्तिः एवमेतद् नान्यथा गौरेवायं नाश्वः स्थाणुरेष नायं पुरुषः इत्येषा बुद्धिः। तस्यास्त्वष्टौ रूपाणि धर्मज्ञानवैराग्यैश्वर्यरूपाणि चत्वारि सात्त्विकानि। अधर्मादीनि तु तत्प्रतिपक्षभूतानि चत्वारि तामसानि॥

बुद्धेः अहङ्कारः। स च अभिमानात्मकः। अहं शब्देऽहं स्पर्शेऽहं रूपेऽहं गन्धेऽहं रसेऽहं स्वामी अहमीश्वरः असौ मया हतः ससत्त्वोऽहममुं हनिष्यामीत्यादिप्रत्ययरूपः। तस्मात् पञ्च तन्मात्राणि शब्दतन्मात्रादीनि अविशेषरूपाणि सूक्ष्मपर्यायवाच्यानि। शब्दतन्मात्राद् हि शब्द एवोपलभ्यते न पुनरुदात्तानुदात्तस्वरितकम्पितषड्जादिभेदाः[2]। षड्जादयः शब्दविशेषास्तूपलभ्यन्ते। एवं स्पर्शरूपरसगन्धतन्मात्रेष्वपि योजनीयमिति। तत एव चाहङ्काराद् एकादशेन्द्रियाणि च। तत्र चक्षुः श्रोत्रं घ्राणं रसनं त्वगिति पञ्चबुद्धीन्द्रियाणि। वाक्पाणिपादपायूपस्थाः पञ्चकर्मेन्द्रियाणि। एकादशं मन इति॥

गन्ध (पाँच तन्मात्रा) ९-१९ घ्राण, रसना, चक्षु, स्पर्श और श्रोत्र (पाँच बुद्धीन्द्रिय) और वाक् (वचन) पाणि (हाथ) पाद (पाँव) पायु (गुदा) उपस्थ (लिंग) (पाँच कर्मेन्द्रिय) तथा मन २०-२४ आकाश, वायु, तेज, जल और पृथिवी (पाँच महाभूत) तथा २५ प्रकृति और विकृति रहित पुरुष (चित्)। ईश्वरकृष्णने कहा भी है—

पच्चीस तत्त्वोंका मूल कारण प्रकृति (प्रधान—अव्यक्त) है, यह स्वयं किसीका विकार नहीं है (अविकृति)। महत्, अहंकार और पाँच तन्मात्राएँ ये प्रकृति और विकृति दोनों हैं (महत्त्व अहंकारकी प्रकृति और मूल प्रकृतिकी विकृति है। अहंकार पाँच तन्मात्रा और इन्द्रियोंकी प्रकृति और महान्‌की विकृति है। पाँच तन्मात्राएँ पंचभूतोंकी प्रकृति और अहंकारकी विकृति है)। तथा ग्यारह इन्द्रियाँ और पाँच महाभूत ये सोलह तत्त्व विकृति रूप ही हैं। पुरुष प्रकृति और विकृति दोनोंसे रहित है।

एक दूसरेका उपकार करनेवाले प्रीति और लाघव रूप सत्त्व, अप्रीति और उपष्टंभ रूप रज, और विषाद और गौरव रूप तम गुणोंकी साम्य अवस्थाको प्रकृति, प्रधान अथवा अव्यक्त कहते हैं। यह प्रधान आदि, मध्य, अन्त और अवयव रहित है, साधारण है, शब्द, स्पर्श, रूप और गन्धसे रहित, तथा अविनाशी है। प्रधानसे बुद्धि अथवा महान् उत्पन्न होता है। यह गौ ही है, घोड़ा नहीं, पुरुष ही है, ठूँठ नहीं, इस प्रकार किसी वस्तुके निश्चयरूप ज्ञानको बुद्धि कहते हैं। बुद्धिके धर्म, ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य (सात्त्विक) और अधर्म, अज्ञान, अवैराग्य और अनैश्वर्य (तामसिक) ये आठ गुण हैं।

बुद्धिसे अहंकार होता है। यह अहंकार मैं सुनता हूँ, मैं स्पर्श करता हूँ, मैं देखता हूँ, मैं सूँघता हूँ, मैं चखता हूँ, मैं स्वामी हूँ, मैं ईश्वर हूँ, यह मैंने मारा है, मैं बलवान् हूँ, मैं इसे मारूँगा आदि अभिमानरूप होता है। अहंकारसे पाँच तन्मात्राएँ होती हैं। ये शब्द आदि पाँच तन्मात्राएँ सामान्यरूप और सूक्ष्म पर्याय रूप हैं। शब्द तन्मात्रासे केवल शब्दका ही ज्ञान होता है, उदात्त, अनुदात्त, स्वरित, कंपित और षड्ज आदि शब्दके विशेषरूपोंका नहीं, क्योंकि षड्ज आदिका ज्ञान विशेष शब्दसे ही होता है। इसी प्रकार स्पर्श, रूप, रस, गंध आदि तन्मात्राओंसे सामान्यरूपसे स्पर्श, रूप, रस, गंध आदिका ज्ञान होता है, विशेष स्पर्श

---

१ सांख्यकारिका ३।

२ षड्जऋषभगान्धारा मध्यमः पञ्चमस्तथा। धैवतो निषधः सप्त तन्त्रीकण्ठोत्थिताः स्वराः॥ अभिधानचिन्तामणी ६-३७।

पञ्चतन्मात्रेभ्यश्च पञ्चमहाभूतान्युत्पद्यन्ते । तद्यथा शब्दतन्मात्रादाकाशं शब्दगुणम् । शब्दतन्मात्रसहितात् स्पर्शतन्मात्राद् वायुः शब्दस्पर्शगुणः । शब्दस्पर्शतन्मात्रसहिताद् रूपतन्मात्रात् तेजः शब्दस्पर्शरूपगुणं । शब्दस्पर्शरूपतन्मात्रसहिताद् रसतन्मात्रादापः शब्दस्पर्शरूपरसगुणाः । शब्दस्पर्शरूपरसतन्मात्रसहिताद् गन्धतन्मात्रात् शब्दस्पर्शरूपरसगन्धगुणा पृथिवी जायत इति ॥

पुरुषस्तु—

'अमूर्तश्चेतनो भोगी नित्यः सर्वगतोऽक्रियः ।
अकर्ता निर्गुणः सूक्ष्म आत्मा कापिलदर्शने ॥'

इति । अन्धपङ्गुवत् प्रकृतिपुरुषयोः संयोगः । चिच्छक्तिश्च विषयपरिच्छेदशून्या । यत इन्द्रियद्वारेण सुखदुःखादयो बुद्धौ प्रतिसंक्रामन्ति बुद्धिश्चोभयमुखदर्पणाकारा । ततस्तस्यां चैतन्यशक्तिः प्रतिबिम्बते । ततः सुख्यहं दुःख्यहमित्युपचारः । आत्मा हि स्वं बुद्धेरव्यतिरिक्तमभिमन्यते । आह च पतञ्जलिः— शुद्धोऽपि पुरुषः प्रत्ययं बौद्धमनुपश्यति तमनुपश्यन् अतदात्मापि तदात्मक इव प्रतिभासते[1] इति । मुख्यतस्तु बुद्धेरेव विषयपरिच्छेदः । तथा च वाचस्पतिः— सर्वो व्यवहर्ता आलोच्य नन्वहमत्राधिकृत इत्यभिमत्य कर्तव्यमेतन्मया इत्यध्यवस्यति । ततश्च प्रवर्तते इति लोकतः सिद्धम् । तत्र कर्तव्यमिति योऽयं निश्चयश्चितिसंनिधानापन्नचैतन्याया बुद्धेः सोऽध्यवसायो बुद्धेरसाधारणो व्यापारः[2] इति । चिच्छक्तिसंनिधानाच्चाचेतनापि बुद्धिश्चेतनावतीवावभासते । वादमहार्णवोऽप्याह[3] । बुद्धिदर्पणसंक्रान्तमर्थप्रतिबि

आदिका ज्ञान नहीं होता । अहंकारसे चक्षु, श्रोत्र, घ्राण, रसना, स्पर्श (बुद्धीन्द्रिय), वाक्, पाणि, पाद, गुदा, लिंग (कर्मेन्द्रिय) और मन ये ग्यारह इन्द्रियाँ उत्पन्न होती हैं ।

पाँच तन्मात्राओंसे पाँच महाभूत पैदा होते हैं । शब्द तन्मात्रासे आकाश पैदा होता है । शब्द और स्पर्श तन्मात्राओंसे शब्द और स्पर्शके गुणसे युक्त वायु, शब्द, स्पर्श और रूप तन्मात्राओंसे शब्द, स्पर्श और रूप गुणोंसे युक्त अग्नि, शब्द, स्पर्श, रूप और रस तन्मात्राओंसे शब्द, स्पर्श, रूप और रससे युक्त जल तथा शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गंध तन्मात्राओंसे शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गंधसे युक्त पृथिवी उत्पन्न होती है ।

पुरुष तो—

सांख्य दर्शनमें अमूर्त, चेतन, भोक्ता, नित्य, सर्वव्यापी, क्रिया रहित, अकर्ता, निर्गुण और सूक्ष्म है ।

अंधे और लंगडे पुरुषकी तरह प्रकृति और पुरुषका संबंध होता है । चित् शक्ति (पुरुष) स्वयं पदार्थोंका ज्ञान नहीं कर सकती, क्योंकि सुख-दुख इन्द्रियों द्वारा ही बुद्धिमें प्रतिभासित होते हैं । बुद्धि दोनों तरफसे दर्पणकी तरह है, इसमें एक ओर चेतनाशक्ति और दूसरी ओर बाह्य जगत झलकता है । बुद्धिमें चेतनाशक्तिके प्रतिबिम्ब पडनेसे आत्मा (पुरुष) अपनेको बुद्धिसे अभिन्न समझता है और इसलिये आत्मामें 'मैं सुखी हूँ', 'मैं दुखी हूँ' ऐसा ज्ञान होता है । पतंजलिने भी कहा है— यद्यपि पुरुष स्वयं शुद्ध है, परन्तु वह बुद्धि सम्बन्धी अध्यवसायको देखकर बुद्धिसे भिन्न होकर भी अपने आपको बुद्धिसे अभिन्न समझता है । वास्तवमें यह ज्ञान बुद्धिका ही होता है । वाचस्पतिने भी कहा है— लोकके कार्योंमें प्रवृत्ति करनेवाले सभी लोग यह मानते हैं कि इसमें हमारा अधिकार है और यह हमारा कर्तव्य है, ऐसा समझकर निश्चय करते हैं । निश्चय करनेके पश्चात् कार्यमें प्रवृत्ति होती है, इस प्रकार लोगोंमें परिपाटी चलती है । यहाँ बुद्धिमें चेतनाशक्तिका प्रतिबिम्ब पडनेसे ही कर्तव्य-बुद्धिका निश्चय होता है, यह निश्चय बुद्धिका असाधारण व्यापार है । बुद्धिमें चेतनाशक्तिका प्रतिबिम्ब पडनेसे अचेतन बुद्धि चेतनकी तरह प्रतिभासित होने लगती है । वादमहार्णवमें भी कहा है— दर्पणके समान बुद्धिमें पडनेवाला पदार्थोंका प्रतिबिम्ब पुरुषरूपी दर्पणमें

१ व्यासभाष्ये ।   २ सांख्यतत्त्वकौमुद्यां ।

३ सांख्यग्रन्थविशेष । जैनाचार्य अभयदेवसूरिरपि वादमहार्णवनामग्रन्थं कृतवान् ।

स्वच्छे द्वितीयदर्पणकल्पे पुरुषस्यारोहति। तदेव भोक्तृत्वमस्य न त्वात्मनो विकारापत्तिः।"
इति। तथा चासुरिः—

"विविक्ते दृक्परिणतौ बुद्धौ भोगोऽस्य कथ्यते।
प्रतिबिम्बोदयः स्वच्छे यथा चन्द्रमसोऽम्भसि॥

विन्ध्यवासी त्वेवं भोगमाचष्टे।

पुरुषोऽविकृतात्मैव स्वनिर्भासमचेतनम्।
मनः करोति सान्निध्यादुपाधिः स्फटिकं यथा॥

न च वक्तव्यम् पुरुषश्चेदगुणोऽपरिणामी कथमस्य मोक्षः। मुचेर्बन्धनविश्लेषार्थत्वात्, सवासनक्लेशकर्माशयानां च बन्धसमाम्नातानां पुरुषेऽपरिणामिन्यसम्भवात्। अत एव नास्य प्रेत्यभावापरनामा संसारोऽस्ति, निष्क्रियत्वादिति। यतः प्रकृतिरेव नानापुरुषाश्रया सती बध्यते संसरति मुच्यते च न पुरुष इति बन्धमोक्षसंसाराः पुरुषे उपचर्यन्ते। तथा जयपराजयौ भृत्यगतावपि स्वामिन्युपचर्येते तत्फलस्य कोशलाभादेः स्वामिनि सम्बन्धात्, तथा भोगापवर्गयोः प्रकृतिगतयोरपि विवेकाग्रहात् पुरुषे सम्बन्ध इति॥

तदेतदखिलमालजालम्। चिच्छक्तिश्च विषयपरिच्छेदशून्या चेति परस्परविरुद्धं वचः। चिती संज्ञाने। चेतनं चित्यते वानयेति चित्। सा चेत् स्वपरपरिच्छेदात्मिका नेष्यते तदा चिच्छक्तिरेव सा न स्यात्, घटवत्। न चामूर्तायाश्चिच्छक्तेर्बुद्धौ प्रतिबिम्बोदयो युक्तः। तस्य मूर्तधर्मत्वात्। न च तथापरिणाममन्तरेण प्रतिसंक्रमोऽपि युक्तः। कथञ्चित् सक्रियात्मकता

प्रतिबिम्बित होता है। बुद्धिके प्रतिबिम्बका पुरुषमें झलकना ही पुरुषका भोग है, इसीसे पुरुषको भोक्ता कहते हैं। इससे आत्मामें कोई विकार नहीं आता। आसुरिने भी कहा है—

जिस प्रकार निर्मल जलमें पड़नेवाला चन्द्रमाका प्रतिबिम्ब जलका ही विकार है, चन्द्रमाका नहीं, उसी तरह आत्मामें बुद्धिका प्रतिबिम्ब पड़नेपर आत्मामें जो भोक्तृत्व है, वह केवल बुद्धिका विकार है, वास्तवमें पुरुष निर्लेप है।

भोगके विषयमें विन्ध्यवासीने कहा है—

जैसे भिन्न भिन्न रंगोंके संयोगसे निर्मल स्फटिक मणि काले पीले आदि रूपका होता है, वैसे ही अविकारी चेतन पुरुष अचेतन मनको अपने समान चेतन बना लेता है। वास्तवमें विकारी होनेसे मन चेतन नहीं कहा जा सकता।

प्रतिवादी—यदि पुरुष निर्गुण और अपरिणामी है तो उसे मोक्ष नहीं हो सकता। मुच धातुका अर्थ बन्धनसे छूटना है। अपरिणामी आत्मामें वासना और क्लेशरूप कर्मोंके सम्बन्धसे बन्धनका उत्पन्न होना सम्भव नहीं, अतएव आत्माके निष्क्रिय होनेसे उसके परलोक (संसार) भी नहीं हो सकता। सांख्य—नाना पुरुषोंके आश्रित प्रकृतिके ही बन्ध होता है, वही संसारमें भ्रमण करती है, और प्रकृति ही को मोक्ष होता है, अतएव पुरुषके बन्ध, मोक्ष और संसारका व्यवहार उपचारसे होता है। जिस प्रकार भृत्यों द्वारा किसी सेनाकी जय पराजय किये जानेपर वह जय पराजय सेनाके स्वामीकी समझी जाती है, क्योंकि जय पराजयसे होनेवाले लाभ और हानिका फल स्वामीको ही मिलता है, उसी तरह वास्तवमें संसार और मोक्ष दोनों प्रकृतिके होते हैं, परन्तु पुरुषके विवेकख्याति होनेसे पुरुषके ही संसार और मोक्ष माना जाता है।

उत्तरपक्ष—(१) क—यह सब बड़ा भारी जाल है। एक ओर चैतन्यशक्ति है और दूसरी ओर वह ज्ञेय पदार्थके ज्ञानसे शून्य है—यह कथन परस्पर विरुद्ध है। चित् धातु जाननेके अर्थमें प्रयुक्त होती है। जाननेकी जो क्रिया होती है अथवा जिसके द्वारा जाना जाय उसे चित् (चेतनं चित्यते वा अनयेति चित्) कहते हैं। यदि यह शक्ति स्व और परको जाननेके स्वभाववाली न मानी गई तो उसे चेतनाशक्ति (चित्शक्ति) नहीं कह सकते, जैसे घट। ख—अमूर्त चेतनाशक्तिका बुद्धिमें प्रतिबिम्बित न होना युक्त नहीं है, क्योंकि

---

१ अयं सांख्याचार्य ईश्वरकृष्णगुरुपरम्परायामुपलभ्यते।

व्यतिरेकेण प्रकृत्युपधानेऽप्यन्यथात्वानुपपत्तेः अप्रच्युतप्राचीनरूपस्य च सुखदुःखादिभोगव्यपदेशानर्हत्वात्। तत्प्रच्यवे च प्राक्तनरूपत्यागेनोत्तररूपाध्यासिततया सक्रियत्वापत्तिः। स्फटिकादावपि तथा परिणामेनैव प्रतिबिम्बोदयसमर्थनात्, अन्यथा कथमन्धोपलादौ न प्रतिबिम्बः। तथापरिणामाभ्युपगमे च बलादायातं चिच्छक्तेः कर्तृत्वं साक्षाद्भोक्तृत्वं च॥

अथ "अपरिणामिनी भोक्तृशक्तिरप्रतिसंक्रमा च परिणामिन्यर्थे प्रतिसंक्रान्तेव तद्वृत्तिमनुभवति"[1] इति पतञ्जलिवचनादौपचारिक एवायं प्रतिसंक्रम इति चेत्, तर्हि "उपचारस्तत्त्वचिन्तायामनुपयोगी" इति प्रेक्षावतामनुपादेय एवायम्। तथा च प्रतिप्राणिप्रतीतं सुखदुःखादिसंवेदनं निराश्रयमेव स्यात्। न चेद् बुद्धेरुपपन्नम्। तस्या जडत्वेनाभ्युपगमात्।

अतएव जडा च बुद्धिः इत्यपि विरुद्धम्। न हि जडस्वरूपायां बुद्धौ विषयाध्यवसायः साध्यमानः साधीयस्तां दधाति। ननूक्तमचेतनापि बुद्धिश्चिच्छक्तिसान्निध्याच्चेतनावतीवावभासत इति। सत्यमुक्तम् अयुक्तं तूक्तम्। न हि चैतन्यवति पुरुषादौ प्रतिसंक्रान्ते दर्पणस्य चैतन्यापत्तिः। चैतन्याचैतन्ययोरपरावर्तिस्वभावत्वेन शक्रेणाप्यन्यथाकर्तुमशक्यत्वात्। किञ्च, अचेतनापि चेतनावतीव प्रतिभासत इति इवशब्देनारोपो ध्वन्यते। न चारोपोऽर्थक्रियासमर्थः।

प्रतिबिम्बित होना मूर्त पदार्थका स्वभाव है। तथा (चितशक्तिका) मूर्त पदार्थके रससे परिणमनका अभाव होनेपर उसका (बुद्धिमें) प्रतिबिम्बित होना भी युक्त नहीं। प्रकृतिरूप (बुद्धिरूप) उपाधिमें भी—उपाधिके विषयमें भी—कथंचित सक्रिय होनेके स्वभावके अभावमें अन्यप्रकाररूपता अर्थात चैतन्यशक्तिके प्रतिबिम्बसे युक्त होनेकी सिद्धिके अभावमें प्राचीन—प्राक्तनरूपसे—प्रच्युत न हुआ उपाधि सुख-दुःखादि भोक्तृसंज्ञाके योग्य न होनेसे तथा प्राचीनरूपके त्यागसे प्राक्तन रूपका त्याग करके उत्तररूपसे अध्यासित होनेरूप क्रियारूपमें परिणत होनेसे सक्रियत्वकी सिद्धि होती है। स्फटिक आदिके भी प्राक्तनरूपके त्यागपूर्वक उत्तर रूपसे अध्यासित होनेरूप क्रियारूपमें परिणत होनेसे ही (स्फटिकमें) प्रतिबिम्बके प्रादुर्भावका समर्थन किये जानेसे सक्रियत्वकी सिद्धि होती है। यदि ऐसा न होता अर्थात प्राक्तनरूपके त्याग और उत्तररूपके ग्रहणके विना स्फटिकमें प्रतिबिम्बका प्रादुर्भाव होता तो अंध पाषाण आदिमें प्रतिबिम्बका प्रादुर्भाव क्यों न होता? तथा परिणामको स्वीकार करनेपर चित्शक्तिका कर्तृत्व और साक्षात भोक्तृत्व जबरन स्वीकार करना पडेगा।

शंका— भोक्ता (पुरुष) की परिणाम और प्रतिबिंबसे रहित शक्तिमें परिणामी पदार्थके प्रतिबिंबित होने पर वह पदार्थजनित अवस्थाका अनुभव करती है—पतञ्जलिके इस वचनके अनुसार प्रतिसंक्रमशून्य पुरुषमें होनेवाला प्रतिसंक्रम (प्रतिबिंबित होना) औपचारिक ही है। समाधान— तत्त्वोंका निर्णय करनेमें उपचार अनुपयोगी होता है इसलिये यह औपचारिक प्रतिसंक्रम बुद्धिमानोंको मान्य नहीं हो सकता। ऐसी अवस्थामें अर्थात परिणामी पदार्थका प्रतिसंक्रम औपचारिक होनेसे प्रत्येक आत्मामें पाया जानेवाला सुख दुःखका अनुभव निराधार ही होना चाहिये क्योंकि वास्तवमें सुख-दुःखका आत्माके साथ संबंध नहीं है। यदि कहो कि सुख दुःखका ज्ञान बुद्धिजन्य है तो यह भी ठीक नहीं। क्योंकि सांख्यमतमें बुद्धि जड़ मानी गई है।

(२) सुख दुःख आदिका अनुभव करनेवाली होने पर बुद्धिको जड मानना भी विरुद्ध है। क्योंकि यदि बुद्धिको जड माना जाय तो बुद्धिसे ज्ञेय पदार्थोंका ज्ञान नहीं हो सकता। शंका—बुद्धि अचेतन होकर भी चेतनाशक्तिके सम्बन्धसे चेतनायुक्त जैसी प्रतिभासित होती है। समाधान—यह सत्य है किन्तु अयुक्त है। चैतन्ययुक्त पुरुष आदिके दर्पणमें प्रतिबिम्बित होनेसे दर्पणकी चैतन्यस्वरूपसे परिणति नहीं होती। चेतना और अचेतनाका स्वभाव अपरिवर्तनीय है उसमें इन्द्र द्वारा भी परिवर्तन नहीं हो सकता। तथा,

---

१ पातञ्जलयोगसूत्रोपरि व्यासभाष्ये ४-२२।

न चाग्निविकोपलम्भादिना समारोपिताग्नित्वो माणवकः कदाचिदपि मुख्याग्निसाध्यां दाहपाकाद्यर्थक्रियां कर्तुमीश्वरः। इति चिच्छक्तेरेव विषयाध्यवसायो घटते न जडरूपाया बुद्धेरिति। तत एव धर्माद्यष्टरूपतापि तस्या वाङ्मात्रमेव धर्मादीनामात्मधर्मत्वात्। अत एव चाहङ्कारोऽपि न बुद्धिजन्यो युज्यते तस्याभिमानात्मकत्वेनात्मधर्मस्याचेतनादुत्पादायोगात्॥

अम्बरादीनां च शब्दादितन्मात्रजत्वं प्रतीतिपराहतत्वेनैव विहितोत्तरम्। अपि च वैशेषिकादिभिस्तावदविगानेन गगनस्य नित्यत्वमङ्गीक्रियते। अयं च शब्दतन्मात्रात् तस्याविर्भावमुद्भावयन्नित्यैकान्तवादिनां च धुरि आसनं न्यासयन्नसंगतप्रलापीव प्रतिभाति। न च परिणामिकारणं स्वकार्यस्य गुणो भवितुमर्हतीति शब्दगुणमाकाशम् इत्यादि वाङ्मात्रम्। वागादीनां चेन्द्रियत्वमेव न युज्यते। इतरासाध्यकार्यकारित्वाभावात्। परप्रतिपादनग्रहणविहरणमलोत्सर्गादिकार्याणामितरावयवैरपि साध्यत्वोपलब्धेः। तथापि तत्त्वकल्पने इन्द्रियसंख्या न व्यवतिष्ठते अन्याङ्गोपाङ्गानामपीन्द्रियत्वप्रसङ्गात्।

यच्चोक्तं 'नानाश्रयायाः प्रकृतेरेव बन्धमोक्षौ संसारश्च न पुरुषस्य' इति। तदप्यसारम्। अनादिभवपरम्परानुबद्धया प्रकृत्या सह यः पुरुषस्य विवेकाग्रहणलक्षणोऽविष्वग्भावः स एव चेन्न बन्धः तदा को नामान्यो बन्धः स्यात्। प्रकृतिः सर्वोत्पत्तिमतां निमित्तम् इति च

अचेतन बुद्धि चेतना सहित जैसी प्रतिभासित होती है यहाँ इव (जैसी) शब्द से अचेतन बुद्धिमें चेतनाका आरोप किया गया है। परन्तु आरोपसे अर्थक्रियाकी सिद्धि नहीं होती। जैसे यदि किसी बालकका अत्यन्त क्रोधी स्वभाव देख कर उसका अग्नि नाम रख दिया जाय परन्तु वह अग्निकी जलाने पकाने आदि क्रियाओं को नहीं कर सकता, इसी प्रकार विषयोंका—ज्ञेय पदार्थोंका ज्ञान चेतनाशक्तिसे ही हो सकता है, अचेतन बुद्धिमें चेतनाका आरोप करने पर भी बुद्धिसे पदार्थोंका ज्ञान संभव नहीं। अतएव आप लोगोंने जो बुद्धिके धर्म आदि आठ गुण माने हैं वे भी केवल वचनमात्र हैं क्योंकि धर्म आदि आत्माके ही गुण हो सकते हैं, अचेतन बुद्धिके नहीं। इसीलिये अहंकारको भी बुद्धिजन्य नहीं मानना चाहिये क्योंकि अहंकार अभिमान रूप है इसलिये वह आत्मासे ही उत्पन्न होता है, अचेतन बुद्धिसे उत्पन्न नहीं हो सकता।

(३) आकाश आदिका शब्द आदि पाँच तन्मात्राओंसे उत्पन्न होना अनुभवके सर्वथा विरुद्ध है। तथा सब लोगोंने आकाशको नित्य स्वीकार किया है, नित्य एकान्तवादको मानकर भी केवल सांख्य लोग ही उसकी शब्द तन्मात्रासे उत्पत्ति मान कर असंगत प्रलाप करते हैं। तथा परिणामी (उपादान) वस्तुके परिणाममें कारण है वह अपने कार्यका गुण नहीं हो सकता, इसलिये शब्दको आकाशका गुण मानना भी कथन मात्र है। तथा वाक् आदि इन्द्रियाँ नहीं कही जा सकती क्योंकि दूसरोंको प्रतिपादन करना किसी वस्तुको ग्रहण करना विहार करना मल त्याग करना आदि वाक् पाणि पाद पायु आदि कर्मेन्द्रियोंसे होने वाले कार्य शरीरके अन्य अवयवोंसे भी किये जा सकते हैं, जैसे उंगलियों द्वारा भी दूसरोंको प्रतिपादित किया जा सकता है। अतएव वाक् आदि शरीरके अवयव हैं इन्हें इन्द्रियाँ नहीं कह सकते। यदि इतर अवयवों द्वारा न किये जानेवाले कार्योंके कर्तृत्वका अभाव होने पर भी वाक् आदिको इन्द्रिय माना जाय तो इन्द्रियों की ग्यारह संख्या ही नहीं बन सकती क्योंकि शरीरके अन्य अंग उपांगोंको भी इन्द्रियत्वका प्रसंग उपस्थित हो जाता है।

(४) तथा अनेक पुरुषोंके आश्रय रहनेवाली प्रकृतिके ही बन्ध मोक्ष और संसार होते हैं, पुरुषके नहीं, यह कहना भी ठीक नहीं। क्योंकि आप लोगोंके मतमें यदि अनादि भव-परम्परासे बद्ध और पुरुषके विवेकको न समझने वाले अपृथग्भावको बन्ध नहीं कहते तो फिर आपके मतमें बन्धका क्या लक्षण है?

---

१ वैशेषिकसूत्रे।

प्रतिपद्यमानेनायुष्मता संज्ञान्तरेण कर्मैव प्रतिपन्न। तस्यैव स्वरूपत्वात् अचेतनत्वाच्च ॥

यत्तु प्राकृतिकवैकारिकदाक्षिणभेदात् त्रिविधो बन्धः। तद्यथा प्रकृतावात्मज्ञानाद् ये प्रकृतिमुपासते तेषां प्राकृतिको बन्धः। ये विकारानेव भूतेन्द्रियाहङ्कारबुद्धी पुरुषबुद्ध्योपासते तेषां वैकारिकः। इष्टापूर्ते दाक्षिण। पुरुषतत्त्वानाभिज्ञो हीष्टापूर्तकारी कामोपहतमना बध्यत इति।

'इष्टापूर्तं मन्यमाना वरिष्ठ
नान्यच्छ्रेयो येऽभिनन्दति मूढा।
नाकस्य पृष्ठे ते सुकृतेन भूत्वा
इमं लोक हीनतर वा विशन्ति ॥'[2]

इति वचनात्। स त्रिविधोऽपि कल्पनामात्र कथञ्चिद् मिथ्यादर्शनाविरतिप्रमाद कषाययोगे[3]भ्योऽभिन्नस्वरूपत्वेन कमबन्धहेतुष्वेवान्तर्भावात्। बन्धसिद्धौ च सिद्धस्तस्यैव निर्बाधः संसार। बन्धमोक्षयोश्चैकाधिकरणत्वाद् य एव बद्ध स एव मुच्यत इति पुरुषस्यैव मोक्षः आबालगोपाल तथाप्रतीते ॥

प्रकृतिपुरुषविवेकदर्शनात् प्रवृत्तरुपरतायां प्रकृतौ पुरुषस्य स्वरूपेणावस्थानं मोक्ष इति चेत्। न। प्रवृत्तिस्वभावाया प्रकृतेरौदासीन्यायोगात्। अथ पुरुषार्थनिबन्धना तस्या प्रवृत्तिः।

यदि कहो कि उत्पन्न होनेवाले सभी पदार्थोंका कारण प्रकृति है तो आप लोगोंने नामान्तरसे कर्मको ही स्वीकार किया ह क्योंकि कमका यह स्वरूप है और वह अचेतन है। अतएव बन्ध पुरुषके ही मानना चाहिये प्रकृतिके नही।

सांख्य—प्राकृतिक वकारिक और दाक्षिणके भेदसे बन्ध तीन प्रकारका होता है। प्रकृतिको आत्मा समझकर जो प्रकृतिकी उपासना करते ह उनके प्राकृतिक बन्ध होता है। जो पाँच भूत इन्द्रिय अहकार और बुद्धिरूप विकारोको पुरुष मानकर उपासना करते ह उनके वैकारिक बन्ध होता ह। जो यज्ञ दान आदि कम करते है उनके दाक्षिण बन्ध होता ह। आत्माको न जानकर सासारिक इच्छाओंसे यज्ञ दान आदि कम करनसे दाक्षिण बन्ध होता ह। कहा भी ह—

जो मूढ़ पुरुष यज्ञ दान आदिको ही सबसे श्रेष्ठ मानते ह यज्ञ दान आदिके अतिरिक्त किसी भी शभ कमकी प्रशसा नही करते व लोग स्वगमें उत्पन्न होते हैं और अन्तम फिर मनुष्य लोकम अथवा इससे भी हीन लोकम जन्म लेते है।

जैन—उक्त तीनो प्रकारका बन्ध मिथ्यादशन अविरति प्रमाद कषाय और योगमें गर्भित हो जाता है अतएव उसे पृथक स्वीकार करना ठीक नही। अतएव जीवके बन्ध सिद्ध होनपर जीवके ही ससारकी भी सिद्धि होती है। तथा जो बँधता है वह कभी मुक्त भी होता है अतएव बन्ध और मोक्षका एक ही अधिकरण होनसे पुरुषके मोक्ष भी सिद्ध होता है। अतएव पुरुषके न बन्ध होता ह न मोक्ष यह कहना अयुक्तियुक्त है।

शंका—जिस समय प्रकृति और पुरुषम विवकख्याति उत्पन्न होती है प्रकृति प्रवृत्तिसे मुह मोड़ लेती है उस समय पुरुष अपने स्वरूपमे अवस्थित हो जाता ह इसे ही मोक्ष कहते हैं। समाधान—प्रकृतिका स्वभाव प्रवृत्ति करना ही है अतएव वह प्रकृति प्रवृत्तिस उदासीन नही हो सकती। शंका—

१ एतल्लक्षणं—वापीकूपतडागादिदेवतायतनानि च। अन्नप्रदानमारामा पूर्तमर्थ्या प्रचक्षते।
एकाग्निकर्महवन त्रेतायां यश्च हूयते। अन्तर्वेद्यां च यद्दानमिष्टं तदभिधीयते ॥

२ मुण्डक उ १–२–१।

३ मिथ्या विपरीत दर्शनं मिथ्यादर्शनम्। सावद्ययोगेभ्यो निवृत्त्यभाव अविरति। प्रकर्षेण माद्यन्त्यनेनेति प्रमाद.। विषयकोधादिप्रसङ्ग। कलुषयन्ति शुद्धस्वभावं सन्त कर्ममलिन कुर्वन्ति जीवमिति कषाया। कायवाङ्मनसां कर्म योग।

विवेकख्यातिश्च पुरुषार्थः । तस्यां जातायां निवर्तते, कृतकार्यत्वात् ।

"रङ्गस्य दर्शयित्वा निवर्तते नर्तकी यथा नृत्यात् ।
पुरुषस्य तथात्मानं प्रकाश्य विनिवर्तते प्रकृतिः ॥

इति वचनादिति चेत् । नैवम् । तस्या अचेतनाया विमृश्यकारित्वाभावात् । यथेयं कृतेऽपि शब्दाद्युपलम्भे पुनस्तदर्थं प्रवर्तते तथा विवेकख्यातौ कृतायामपि पुनस्तदर्थं प्रवर्तिष्यते । प्रवृत्तिलक्षणस्य स्वभावस्यानपेतत्वात् । नर्तकीदृष्टान्तस्तु स्वेष्टविघातकारी । यथा हि नर्तकी नृत्यं पारिषदेभ्यो दर्शयित्वा निवृत्तापि पुनस्तत्कुतूहलात् प्रवर्तते तथा प्रकृतिरपि पुरुषायात्मानं दर्शयित्वा निवृत्तापि पुनः कथं न प्रवर्ततामिति । तस्मात् कृत्स्नकर्मक्षये पुरुषस्यैव मोक्ष इति प्रतिपत्तव्यम् ॥

एवमन्यासामपि तत्कल्पनानां तमोमोहमहामोहतामिस्रान्धतामिस्रभेदात्[2] पञ्चधा अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशरूपो विपर्ययः । ब्राह्मप्राजापत्यसौम्यैन्द्रगान्धर्वयक्षराक्षसपैशाचभेदादष्टविधो दैवः सर्गः । पशुमृगपक्षिसरीसृपस्थावरभेदात् पञ्चविधस्तैर्यग्योनः । ब्राह्मणत्वाद्यवान्तरभेदाविवक्षया चैकविधो मानुषः । इति चतुर्दशधा भूतसर्गः । बाधिर्यकुण्ठतान्धत्वजड

प्रकृतिकी प्रवृत्ति केवल पुरुषार्थके लिये उत्पन्न होती है और पुरुष और प्रकृतिमें भेद दृष्टि होना ही पुरुषार्थ है। इस भेद दृष्टिके उत्पन्न होनेपर प्रकृति कृतकृत्य होकर विश्राम लेती है । कहा भी है—

जिस प्रकार रंगभूमिमें अपना नृत्य दिखाकर नटी निवृत्त होती है उसी तरह प्रकृति पुरुषको अपना रूप दिखाकर निवृत्त होती है ।

समाधान—प्रकृति अचेतन है अतएव वह विचारपूर्वक प्रवृत्ति नहीं कर सकती । तथा जिस प्रकार विषयका एक बार उपभोग करनेपर भी फिरसे उसी विषयके लिये प्रकृतिकी प्रवृत्ति होती है (क्योंकि प्रकृति प्रवृत्तिशील है) वैसे ही विवेकख्याति होनेपर भी फिरसे पुरुषमें प्रकृतिकी प्रवृत्ति होनी चाहिये क्योंकि प्रकृतिका स्वभाव प्रवृत्ति करनेका है । तथा नटीका दृष्टांत उलटा आप लोगोंके सिद्धांतका घातक है । क्योंकि दर्शकोंको एक बार नृत्य दिखाकर चले जानेपर भी अच्छा नृत्य होनेसे दर्शक लोगोंके आग्रहसे नर्तकी फिरसे अपना नाच दिखाने लगती है वैसे ही पुरुषको अपना स्वरूप दिखाकर प्रकृतिके निवृत्त हो जानेपर भी प्रकृतिको फिरसे प्रवृत्ति करना चाहिये । अतएव सम्पूर्ण कर्मोंका क्षय होनेपर पुरुषको ही मोक्ष होता है यह मानना चाहिये ।

इसके अतिरिक्त सांख्य लोगोंकी निम्न कल्पनायें भी विरुद्ध हैं (क) अविद्या अस्मिता राग द्वेष तथा अभिनिवेश रूप तम मोह महामोह तामिस्र और अंधतामिस्र यह पाँच प्रकारका विपर्यय है । (तम और मोहके आठ-आठ महामोहके दस तामिस्र और अंधतामिस्रके अठारह-अठारह भेद होनेसे यह विपर्यय कुल ६२ प्रकारका होता है)। (ख) ब्राह्म प्राजापत्य सौम्य इन्द्र गान्धर्व यक्ष राक्षस पैशाच ये आठ प्रकारके देव पशु मृग पक्षी सर्प स्थावर ये पाँच प्रकारके तिर्यञ्च (अचेतन घट आदि भी स्थावरमें ही गर्भित होते

---

१ सांख्यकारिका ५९ । २ सांख्यतत्त्वकौमुदी कारिका ४७ ।

३ अनित्याशुचिदुःखानात्मसु नित्यशुचिसुखात्मख्यातिरविद्या । दृग्दर्शनशक्त्योरेकात्मतैवास्मिता । सुखानुशयी रागः । दुःखानुशयी द्वेषः । स्वरसवाही विदुषोऽपि तथारूढोऽभिनिवेशः । पातञ्जलयोगसूत्रे २-५ ६ ७ ८ ९ ।

४ घटादयस्त्वशरीरत्वेऽपि स्थावरा एव । इति वाचस्पतिमिश्रः ।

५ मनुष्यजातिरेकैव जातिनामोदयोद्भवा ।
वृत्तिभेदाहिताद्भेदाच्चातुर्विध्यमिहाश्नुते ॥ जिनसेनकृत-आदिपुराणे ३८-४६

६ सांख्यकारिकागौडपादभाष्ये सांख्यतत्त्वकौमुद्यां च कारिका ५३ ।

बाधिर्यान्ध्यमूकताकौण्यपङ्गुत्वक्लैब्योदावर्तमत्तताकैकादशेन्द्रियवधतुष्टिनवकविपर्ययसिद्ध्य-ष्टकविपर्ययलक्षणसप्तदशबुद्धिवधभेदादष्टाविंशतिधा अशक्तिः । प्रकृत्युपादानकालभोगाख्या अम्भःसलिलौघवृष्टयपरपर्यायवाच्याश्चतस्र आध्यात्मिक्यः । शब्दादिविषयोपरतयश्चार्जनरक्षणक्षयभोगहिंसादोषदर्शनहेतुजन्मानः पञ्चबाह्यास्तुष्टय । ताश्च पारसुपारपारापारानुत्तमाम्भउत्तमाम्भःशब्दव्यपदेश्या । इति नवधा तुष्टि । त्रयो दुःखविघाता इति मुख्यास्तिस्रः सिद्धयः प्रमोदमुदितमोदमानाख्या । तथाध्ययनं शब्द ऊह सुहृत्प्राप्तिदानमिति दुःखविघातोपायतया गौण्य पञ्चतारसुतारतारतारम्यकसदामुदिताख्या । इत्येवमष्टधा[1] सिद्धि । धृतिश्रद्धासुखवि-विदिषाविज्ञप्तिभेदात् पञ्चकर्मयोनय । इत्यादीनां संवरप्रतिसंचरादीनां[2] च तत्त्वकौमुदीगौडपाद-भाष्यादिप्रसिद्धानां विरुद्धत्वमुद्भावनीयम् ॥ इति काव्याथ ॥१५॥

हैं—वाचस्पति मिश्र) तथा ब्राह्मण आदिके भेदोकी अपेक्षा न करके एक प्रकारका मनुष्य—यह चोदह प्रकारका भौतिक सग कहा जाता है । (भौतिक सग ऊर्ध्व अध और मध्यलोकके भेदसे तीन प्रकारका है । आकाशसे लेकर स यलोक पयत ऊर्ध्वलोकम सत्त्व पशुसे लकर स्थावर पयत अधोलोकम तम और ब्रह्मासे लेकर वृक्ष पयत मध्यलोकम रजकी बहुलता ह । सात द्वीप और समुद्रोका मध्य लोकम अन्तर्भाव होता है) । (ग) ग्यारह प्रकारके इन्द्रियवध और सतरह प्रकारके बुद्धिवधको मिला कर २८ प्रकारकी अशक्ति होती है । बधिरता (श्रोत्र) कुठता (वचन) अधापन (चक्ष) जडता (स्पर्श) गधका अभाव (घ्राण), गूगापन (जिह्वा) ललापन (हाथ) लगडापन (पर) नपुसकता (लिंग) गुदग्रह (पायु) तथा उन्मत्तता (मन) यह ग्यारह इन्द्रियोंका वध ह । नौ तुष्टि और आठ सिद्धिको उलटा करनसे सतरह प्रकारका बुद्धिवध होता ह । प्रकृति (अभ) उपादान (सलिल) काल (ओघ) भोग (वृष्टि) इन चार आध्यात्मिक तुष्टि और पाँच इन्द्रियोंके विषयोसे विरक्तिरूप उपाजन रक्षण क्षय भोग और हिंसासे उत्पन्न होनेवाली पार सुपार पारापार अनुत्तमाभ और उत्तमाभ नामक पाँच बाह्य तुष्टियोको मिला कर नौ तुष्टि होती ह । तीन प्रकारके दु खोके नाशसे उत्पन्न होनवाली प्रमोद मुदितमोद और मान नामक तीन मुख्य सिद्धि अध्ययन शब्द तक सच्चे मित्रोका प्राप्ति और दानसे होनवाली तार सुतार तारतार रम्यक और सदामुदित नामक पाँच गाण सिद्धियोको मिला कर आठ सिद्धिया होती हैं । (घ) धृति श्रद्धा सुख, वाद करनकी इच्छा तथा ज्ञान ये पाँच कमयोनि हैं । इसी प्रकार सवर प्रतिसवर आदिकी विरुद्ध कल्पनायें सांख्यतत्त्वकौमुदी गौडपादभाष्य आदि ग्रंथोंमें की गई हैं ॥ यह श्लोकका अथ है ॥

भावाथ–सांख्य (१) चितशक्ति (पुरुष अथवा चेतनशक्ति) से पदार्थोंका ज्ञान नहीं होता । अचेतन बुद्धिसे ही पदार्थ जान जाते हैं । यह बुद्धि पुरुषका धम नही ह केवल प्रकृतिका विकार है । इस अचेतन बुद्धिम चित्शक्तिका प्रतिबिम्ब पडनेसे चितशक्ति अपने आपको बुद्धिसे अभिन्न समझती है, इसलिये पुरुषम मैं सुखी हूँ म दुखी हूँ ऐसा ज्ञान होता है । चितशक्तिके प्रतिबिम्ब पडनेसे यह अचेतन बुद्धि चेतनकी तरह प्रतिभासित होने लगती है । इस बुद्धिके प्रतिबिम्बका पुरुषम झलकना ही पुरुषका भोग है । वास्तवम बंध और मोक्ष प्रकृतिके ही होता है पुरुष और प्रकृतिका अभेद होनेसे पुरुषके संसार और मोक्षका सद्भाव माना जाता है । वास्तवमें पुरुष निष्क्रिय और निलप है । जैन—(क) चेतनशक्तिको ज्ञानसे शून्य कहना परस्पर विरुद्ध है । यदि चेतनशक्ति स्व और परका ज्ञान करनेमें असमथ है तो उसे चेतनशक्ति नहीं कह सकत । तथा अमूर्त चेतनशक्तिका बुद्धिम प्रतिबिम्ब नहीं पड सकता । क्योंकि मूर्त पदार्थका ही

---

१ सांख्यकारिकागौडपादभाष्ये सांख्यतत्त्वकौमुद्यां च कारिका ५३ ।

२ संचारप्रतिसंचारादीनाम्' इति पाठान्तरं ।

इदानीं ये प्रमाणादेकान्तेनाभिन्नं प्रमाणफलमाहुः ये च बाह्यार्थप्रतिक्षेपेण ज्ञानाद्वैतमेवास्तीति ब्रुवते तन्मतस्य विचार्यमाणत्वे विशरारुतामाह—

न तुल्यकालः फलहेतुभावो हेतौ विलीने न फलस्य भावः ।
न संविदद्वैतपथेऽर्थसंवित् विलूनशीर्णं सुगतेन्द्रजालम् ॥ १६ ॥

बौद्धाः किल प्रमाणात् तत्फलमेकान्तेनाभिन्नं मन्यन्ते । तथा च तत्सिद्धान्तः— 'उभयत्र तदेव ज्ञानं प्रमाणफलमधिगमरूपत्वात्'[1] । उभयत्रेति प्रत्यक्षेऽनुमाने च तदेव ज्ञानं प्रत्यक्षानुमानलक्षणं फलं कार्यम् । कुतः । अधिगमरूपत्वादिति परिच्छेदरूपत्वात् । तथाहि । परि

प्रतिबिंब पडता है । चेतनशक्तिको परिणमनशील और कर्ता माने बिना चेतनशक्तिका बुद्धिमें परिवर्तन होना भी संभव नहीं है । पूर्व रूपके त्याग और उत्तर रूपके ग्रहण किये बिना पुरुष सुख दुखका भोक्ता नहीं कहला सकता । इस पूर्वाकारके त्याग और उत्तराकारके ग्रहण माननेसे पुरुषको निष्क्रिय नहीं कह सकते । तथा यह पुरुष अनादिकालसे अविवेकके कारण प्रकृतिसे बंध रहा है । परन्तु प्रकृति अचेतन है इसलिये बंध पुरुषके ही मानना चाहिये । तथा प्रकृतिका स्वभाव सदा प्रवृत्ति करना है अतएव प्रकृति अपने स्वभावसे कभी निवृत्त नहीं हो सकती इसलिये पुरुषको कभी मोक्ष नहीं हो सकता । (ख) बुद्धिको जड मानना भी विरुद्ध है क्योंकि बुद्धिको जड माननेसे उससे पदार्थोंका ज्ञान नहीं हो सकता । जिस प्रकार दर्पणमें पुरुषका प्रतिबिम्ब पडनेसे अचेतन दर्पण चेतन नहीं हो सकता उसी तरह अचेतन बुद्धि चेतन पुरुषके प्रतिबिम्बसे चेतन नहीं कही जा सकती । अतएव धर्म आदि बुद्धिके आठ गुण मानना भी ठीक नहीं क्योंकि बुद्धि अचेतन है । इसी तरह अहंकारको भी आत्माका ही गुण मानना चाहिये बुद्धिका नहीं ।

सांख्य (२) (क) आकाश आदि पाँच तन्मात्राओंसे उत्पन्न होते हैं । (ख) ग्यारह इन्द्रियाँ होती हैं । जैन (क) आकाश आदिकी पाँच तन्मात्राओंसे उत्पत्ति मानना अनुभवके विरुद्ध है । सत्कार्यवाद (नित्यैकान्तवादके) माननेवाले सांख्य लोग भी आकाशको नित्य मानते हैं यह आश्चर्य है । आकाशको सभी वादियोंने नित्य माना है । (ख) वाक् पाणि आदिको अलग इन्द्रिय नहीं कह सकते । क्योंकि वाक् पाणि आदि कर्म इन्द्रियोंसे होनेवाले कार्य शरीरके अन्य अवयवोंसे भी किये जा सकते हैं । अतएव वाक् आदिको अलग इन्द्रिय मानना ठीक नहीं । यदि इन्हें इन्द्रिय माना जाय तो शरीरके अन्य अंगोपांगोंको भी इन्द्रिय कहना चाहिये ।

अब प्रमाणसे प्रमाणके फल (प्रमितिको) सर्वथा भिन्न माननेवाले तथा बाह्य पदार्थोंका निषेध करके ज्ञानाद्वैतको स्वीकार करनेवाले बौद्धोंका खंडन करते हैं—

श्लोकार्थ—हेतु और हेतुका फल साथ साथ नहीं रह सकते और हेतुके नाश हो जानेपर फलकी उत्पत्ति नहीं हो सकती । यदि जगत्‌को विज्ञानरूप माना जाय तो पदार्थोंका ज्ञान नहीं हो सकता । अतएव बुद्धका इन्द्रजाल विशीर्ण हो जाता है ।

व्याख्यार्थ—(१) बौद्धपक्ष—प्रमाण और प्रमाणका फल दोनों एकान्तरूपसे अभिन्न हैं । सिद्धान्त भी है "जो ज्ञान प्रमिति और अनुमितिका कारण होता है वही ज्ञान दोनोंमें प्रमाण फलरूप है क्योंकि ज्ञान अधिगम रूप है । उभयत्र अर्थात् प्रत्यक्ष और अनुमान प्रमाणमें प्रत्यक्षरूप और अनुमानरूप ज्ञान ही फलरूप (कार्यरूप) है क्योंकि वह अधिगम रूप—परिच्छेद रूप है । तथाहि—ज्ञप्ति रूप ही ज्ञान उत्पन्न होता है । पदार्थोंको जाननेकी क्रियाके अतिरिक्त ज्ञानका कोई दूसरा फल नहीं हो सकता क्योंकि परिच्छेदका अधिकरण और परिच्छेदसे भिन्न ज्ञानके फलका अधिकरण भिन्न भिन्न होते हैं । (हानोपादानादि

---

१ दिङ्नागविरचितन्यायप्रवेशे पृ ७ ।

च्छेदरूपमेव ज्ञानमुत्पद्यते । न च परिच्छेदादृतेऽन्यद् ज्ञानफलम्, भिन्नाधिकरणत्वात्[1] । इति सर्वथा न प्रत्यक्षानुमानाभ्यां भिन्नं फलमस्तीति[2] ॥'

एतच्च न समीचीनम् । यतो यद्यस्मादेकान्तेनाभिन्नं तत्तेन सहैवोत्पद्यते । यथा घटेन घटत्वम् । तैश्च प्रमाणफलयो कार्यकारणभावोऽभ्युपगम्यते । प्रमाण कारणं फलं कार्यमिति । स चैकान्ताभेदे न घटते । न हि युगपदुत्पद्यमानयोस्तयो सव्येतरगोविषाणयोरिव कार्यकारण भावो युक्तः । नियतप्राक्कालभावित्वात् कारणस्य । नियतोत्तरकालभावित्वात् कार्यस्य । एतदेवाह न तुल्यकाल फलहेतुभाव इति । फल कार्य हेतुः कारणम् तयोभाव स्वरूपम् कार्य कारणभाव । स तुल्यकालः समानकालो न युज्यत इत्यर्थ ॥

अथ क्षणान्तरितत्वात् तयो क्रमभावित्व भविष्यतीत्याशङ्क्याह । हेतौ विलीने न फलस्य भाव इति । हेतौ कारणे प्रमाणलक्षणे विलीने क्षणिकत्वादुत्पत्त्यनन्तरमेव निरन्वयं विनष्टे फलस्य प्रमाणकार्यस्य न भाव सत्ता निर्मूलत्वात् । विद्यमाने हि फलहेतावस्येदं फलमिति प्रतीयते ना यथा अतिप्रसङ्गात् । किञ्च हेतुफलभाव सम्बन्ध स च द्विष्ठ एव स्यात् । न चानयो क्षणक्षयैकदीक्षितो भवान सम्बन्ध क्षमते । तत कथम् अयं हेतुरिद

ज्ञानका फल—कार्य—नही है क्योंकि ज्ञानफलका आश्रय ज्ञान होता है और हानोपादानका अधिकरण ज्ञानसे भिन्न पुरुष होता है)। इस प्रकार प्रत्यक्ष और अनुमान प्रमाणका फल प्रत्यक्ष और अनुमान रूप ज्ञानसे सर्वथा भिन्न नही होता ।

(१) उत्तरपक्ष—यह ठीक नही है । क्योकि जो जिससे एकान्तरूपसे अर्थात सर्वथा अभिन्न होता है वह उसीके साथ उत्पन्न होता है । जैसे घटसे घटत्व सर्वथा अभिन्न होता है इसलिये घटके साथ घटत्व उत्पत्ति होती है । तथा बौद्ध लोग प्रमाण और प्रमाणके फलमे कार्यकारण सम्बन्ध मानते हैं—प्रमाणको कारण और प्रमाणके फलको उसका कार्य कहते हैं । यह कार्य-कारण भाव प्रमाण और उसके फलको सर्वथा अभिन्न माननेमे नहीं बनता । जैसे एक साथ उत्पन्न होनेवाले गायके बाये और दाहिने सींगोंमे कार्य-कारण सम्बन्ध नही हो सकता उसी प्रकार एक साथ उत्पन्न होनेवाले प्रमाण और फलमे कार्य कारणभाव उचित नही । क्योकि कारण नियतरूपसे पहले और कार्य नियतरूपसे कारणके उत्तरकालमे होता है । कार्य कारण भाव समान काल वाला नही होता । अतएव प्रमाण और प्रमाणका फल सर्वथा अभिन्न नही हो सकते ।

शङ्का—प्रमाण और प्रमाणके फलमें क्षणमात्रका अन्तर पडता है अतएव प्रमाण और प्रमाणका फल क्रमसे होते हैं । समाधान—यह ठीक नही । क्योकि बौद्ध लोगोके क्षणिकवादमे प्रत्येक वस्तु एक क्षणके लिये ठहर कर दूसरे क्षणमे नष्ट हो जाती है अतएव प्रमाणके क्षणिक होनेके कारण प्रमाण (कारण) के उत्पन्न होते ही सर्वथा नष्ट हो जानेसे प्रमाणके फल (कार्य) की उत्पत्ति नही हो सकती क्योकि कारण रूप प्रमाणका सर्वथा (निरन्वय) विनाश हो जाता है । कार्यकी उत्पत्ति उसके कारणके रहने पर ही होती है अन्यथा नही । यदि कारणके विना कार्य उत्पन्न होने लगे, तो अतिप्रसग हो जायगा—बीजके विना वृक्षकी उत्पत्ति माननी होगी । अतएव प्रमाण और प्रमाणके फलमे कार्य-कारण सम्बन्ध नही हो सकता । तथा प्रमाण और उसके फलका सम्बन्ध दो पदार्थोंमे ही रहता है । किन्तु क्षण-क्षणमें नाश होनेवाले प्रमाण और प्रमाणके फलमे कोई सम्बन्ध नही हो सकता । अतएव यह हेतु है, और यह उसका फल है यह निश्चयात्मक ज्ञान

१ हरिभद्रसूरिकृता न्यायप्रवेशवृत्ति पृ ३६ ।

२ पार्श्वदेवकृतन्यायप्रवेशवृत्तिपञ्जिकायां—भिन्नमधिकरणमाश्रयो यस्य फलस्य तत्तथा अयमर्थ । ज्ञानाद्व्यतिरिक्त यदुच्यते फलं हानोपादानादिकं तदा तत्फल प्रमातुरेव स्यान्न ज्ञानस्य । तथाहि ज्ञानेन प्रदर्शितेऽर्थे हानादिकं तद्विषये पुरुषस्यैवोपजायते अतो हानादिकस्य भिन्नाश्रयत्वान्न फलत्वं मन्तव्य ।

फलम्' इति प्रतिनियता प्रतीतिः। एकस्य ग्रहणेऽप्यन्यस्याग्रहणे तदसंभवात्।

'द्विष्ठसंबन्धसंवित्तिर्नैकरूपप्रवेदनात्।
द्वयोः स्वरूपग्रहणे सति संबन्धवेदनम्॥'[1]

इति वचनात्॥

यदपि धर्मोत्तरेण 'अर्थसारूप्यमस्य प्रमाणम्। तद्वशादर्थप्रतीतिसिद्धेः'[2] इति न्यायबिन्दुसूत्रं विवृण्वता भणितम्— 'नीलनिर्भासं हि विज्ञानं यतस्तस्माद् नीलस्य प्रतीतिरवसीयते। येभ्यो हि चक्षुरादिभ्यो ज्ञानमुत्पद्यते न तद्वशात् तज्ज्ञानं नीलस्य संवेदनं शक्यतेऽवस्थापयितुं नीलसदृशं त्वनुभूयमानं नीलस्य संवेदनमवस्थाप्यते। न चात्र जन्यजनकभावनिबन्धनः साध्यसाधनभावः। येनैकस्मिन् वस्तुनि विरोधः स्यात्। अपि तु व्यवस्थाप्यव्यवस्थापकभावेन तत एकस्य वस्तुनः किञ्चिद्रूपं प्रमाणं किञ्चित् प्रमाणफलं न विरुध्यते। व्यवस्थापनहेतुर्हि सारूप्यं तस्य ज्ञानस्य व्यवस्थाप्यं च नीलसंवेदनरूपम्'[3] इत्यादि॥

नहीं हो सकता, क्योंकि प्रमाण और प्रमाणका फल दोनों क्षणिक होनेसे एक साथ नहीं रहते। इसलिये प्रमाणके फल और फलके होनेसे प्रमाणका ज्ञान नहीं हो सकता। कहा भी है—

दो वस्तुओंमें रहनेवाले सम्बन्धका ज्ञान दोनों वस्तुओंके ज्ञान होने पर ही हो सकता है। यदि दोनों वस्तुओंमेंसे एक वस्तु रहे तो उस सम्बन्धका ज्ञान नहीं होता।

बौद्ध— अर्थसारूप्यमस्य प्रमाणम्। तद्वशादर्थप्रतीतिसिद्धेः —अर्थके साथ होनेवाली समानरूपताके कारण अर्थनिर्णयकी सिद्धि हो जानेसे अर्थके साथ होनेवाली समानरूपता प्रमाण है—इस न्यायबिन्दुके सूत्रका विवरण करनेवाले धर्मोत्तरने कहा है— जिस कारण विज्ञानमें नील (नील वर्ण पदार्थ) का प्रतिभास होता है उस कारण नीलकी प्रतीति होती है। जिन चक्षु आदि इन्द्रियोंसे ज्ञानकी उत्पत्ति होती है उन इन्द्रियोंके अधीन होनेसे इन्द्रियजन्य वह ज्ञान 'नील पदार्थका यह ज्ञान है' इस प्रकार संवेदन नहीं कर सकता, किन्तु अनुभूयमान नील (पदार्थके) सदृश ज्ञान (नीलाकार ज्ञान) 'नील पदार्थका ज्ञान है' ऐसा संवेदन किया जाता है। यहाँ प्रमाण और प्रमाणके फलमें जन्य जनकभाव (कार्य कारणभाव) जिसका कारण है ऐसा साध्य-साधनभाव नहीं है, जिससे एक वस्तुमें विरोध उत्पन्न हो। किन्तु यहाँ व्यवस्थाप्य व्यवस्थापक (निश्चय निश्चायक) रूपसे साध्य साधनभाव है। इसलिये एक वस्तुका किंचित् प्रमाणरूप होनेमें और किंचित् प्रमाणफलरूप होनेमें विरोध नहीं आता। सारूप्य उस ज्ञान (नील पदार्थका ज्ञान) का निश्चय करनेमें हेतु है और नील पदार्थका ज्ञान व्यवस्थाप्य (निश्चय)। **स्पष्टार्थ**—बौद्ध लोग प्रमाण और प्रमितिको अभिन्न मानते हैं। उनके मतमें जिस ज्ञानसे (प्रत्यक्ष, अनुमान) पदार्थ जाने जाते हैं वही ज्ञान प्रमाण और प्रमिति दोनों रूप होता है। बौद्ध लोगोंने पदार्थोंमें प्रवृत्ति करनेवाले संशय और विपर्यय रहित प्रापक ज्ञानको प्रमाण माना है। जिस प्रापण शक्तिसे ज्ञान पदार्थसे उत्पन्न होनेपर भी प्रापक होता है वही प्रमाणका फल है। अतएव जिस ज्ञानसे अर्थकी प्रतीति होती है उसी ज्ञानसे अर्थका दर्शन होता है, इसलिये ज्ञान प्रमाण और प्रमिति दोनों रूप है (तदेव च प्रत्यक्षं ज्ञानं प्रमाणफलमर्थप्रतीतिरूपत्वात्)। **शंका**—यदि ज्ञान प्रमिति रूप होनेसे प्रमाणका फल है तो प्रमाण किसे कहते हैं? **उत्तर**—ज्ञान पदार्थसे उत्पन्न होता है और पदार्थोंके आकार रूप होकर पदार्थोंको जानता है, इसलिये ज्ञान प्रमाण है। हमारे (बौद्ध) मतके अनुसार ज्ञान इन्द्रिय आदिकी सहायतासे पदार्थोंको नहीं जानता। किन्तु नील घटको जानते समय नील घटसे उत्पन्न

---

१ कारिकेयं तत्त्वार्थश्लोकवार्तिके पृ. ४२१ उद्धृता।
२ न्यायबिन्दौ १-१९, २०।
३ न्यायबिन्दौ १-२ स्वोपज्ञटीकायां।

तदप्यसाम्प्रतम्। एकस्य निरंशस्य ज्ञानक्षणस्य व्यवस्थाप्यव्यवस्थापकत्वलक्षणस्वभावद्वयायोगात्। व्यवस्थाप्यव्यवस्थापकभावस्यापि च संबन्धत्वेन द्विष्ठत्वादेकस्मिन्नसंभवात्। किञ्च अर्थसारूप्यमर्थाकारता। तच्च निश्चयरूपम् अनिश्चयरूपं वा? निश्चयरूपं चेत् तदेव व्यवस्थापकमस्तु, किमुभयकल्पनया? अनिश्चितं चेत्, स्वयमव्यवस्थितं कथं नीलादिसंवेदनव्यवस्थापने समर्थम्? अपि च केयमर्थाकारता? किमर्थग्रहणपरिणाम? आहोस्विदर्थाकारधारित्वम्? नाद्य, सिद्धसाधनात्। द्वितीयस्तु ज्ञानस्य प्रमेयाकारानुकरणाज्जडत्वापत्त्या विरोधाघ्रातः। तत्र प्रमाणादेकान्तेन फलस्याभेद साधीयान्। सर्वथातादात्म्ये हि प्रमाणफलयोर्न व्यवस्था, तद्भावविरोधात्। न हि सारूप्यमस्य प्रमाणमधिगतिः फलमिति सर्वथातादात्म्ये सिद्ध्यति, अतिप्रसङ्गात्॥

ननु प्रमाणस्यासारूप्यव्यावृत्ति सारूप्यम् अनधिगतिव्यावृत्तिरधिगतिरिति व्यावृत्ति

ज्ञान नील घटके आकार रूप होता है। नील घटके सदृश आकारको धारण करना ही ज्ञानका प्रामाण्य है (अर्थसारूप्यमस्य प्रमाण)। शंका—यदि ज्ञान सादृश्य (नील सादृश्य) से अभिन्न है तो उसी ज्ञानको प्रमाण और प्रमिति दोनो रूप कहना चाहिये। एक ही वस्तुमे साध्य और साधन दोनों नही रह सकते। अतएव ज्ञान (प्रमाण) पदार्थोंके सदृश नही हो सकता। उत्तर—सारूप्य (सदृश आकार) से ही पदार्थोंको प्रतीति होती ह। क्योकि पदार्थोंको जाननेवाला प्रत्यक्ष ज्ञान नील घटके आकारका हो कर ही नील घटका ज्ञान करता है। चक्षु आदिकी सहायतासे नील घटका ज्ञान नही हो सकता। अतएव हम (बौद्ध) लोग प्रमाण और प्रमितिमे काय कारण सम्बन्ध न स्वीकार करके व्यवस्थाप्य और व्यवस्थापक सम्बन्ध मानते हैं। सारूप्य व्यवस्थापक ह और नील ज्ञान व्यवस्थाप्य है। अतएव प्रमाण और प्रमितिको अभिन्न माननेसे कोई विरोध नही आता।

जैन—धर्मोत्तरका यह कथन ठीक नहीं। क्योंकि निरश ज्ञान क्षण (बौद्धोके अनुसार प्रत्येक वस्तु क्षणिक है इसलिये वे लोग घटको घट न कहकर घट क्षण कहते हैं। इसी प्रकार यहाँ भी ज्ञान क्षणसे क्षणिक ज्ञान समझना चाहिय) म व्यवस्थाप्यरूप और व्यवस्थापकरूप दो स्वभाव नही बन सकते और व्यवस्थाप्य-व्यवस्थापक भावका सम्बन्ध दो पदार्थोंम ही रहनवाला होनसे एक निरश ज्ञान-क्षणम नही रह सकता। तथा ज्ञानका जो अथके साथ सारूप्य है वह ज्ञानकी अर्थाकारता है। यह ज्ञानका अर्थसारूप्य निश्चयरूप है या अनिश्चयरूप? यदि यह अर्थसारूप्य निश्चयरूप है तो इस अर्थसारूप्यको ही व्यवस्थापक (निश्चयात्मक) मानना चाहिये उसे व्यवस्थाप्यरूप और व्यवस्थापकरूपसे अलग-अलग माननकी आवश्यकता नहीं। यदि ज्ञानका वह अथसारूप्य अनिश्चित है तो स्वय अनिश्चित अथसारूप्यसे नील आदि पदाथका ज्ञान निश्चित नही हो सकता। तथा ज्ञानकी अर्थाकारतासे आपका क्या अभिप्राय है? आप लोग ज्ञेय पदाथको जाननेवाले ज्ञानके परिणामको अर्थाकारता कहते हैं अथवा ज्ञानके अथके आकाररूप होनेको अर्थाकारता कहते हैं? प्रथम पक्ष माननम सिद्धसाधन है क्योंकि हम भी ज्ञानका स्वभाव पदार्थोंको जानना मानते हैं। यदि आप लोग ज्ञानके पदार्थोंके आकार रूप होनको अर्थाकारता कहते हैं तो ज्ञानको जड प्रमेयके आकार माननेम ज्ञानको भी जड मानना पडेगा। अतएव प्रमाण और प्रमाणके फलको एकान्त अभिन्न नहीं मान सकते। क्योंकि प्रमाण और प्रमाणके फलका सर्वथा तादात्म्य सम्बन्ध माननेसे प्रमाण और प्रमाणके फलकी व्यवस्था नहीं बनती क्योंकि एक निरश ज्ञान-क्षणमें व्यवस्थाप्य-व्यवस्थापक भाव होनेमें विरोध आता है। प्रमाण और प्रमाणके फलमें सर्वथा तादात्म्य मानने पर 'ज्ञानका अर्थके साथ होनेवाला सारूप्य प्रमाण है और अथ ज्ञानका फल है'—यह सिद्ध नहीं होता क्योंकि इससे अतिप्रसग उपस्थित हो जायेगा।

शंका—सारूप्यके असारूप्यव्यावृत्ति रूप और अधिगतिके अनधिगतिव्यावृत्तिरूप होनेसे व्यावृत्तियोंमें

भेदादेकस्यापि प्रमाणफलव्यवस्थेति चेत्, नैवम्। स्वभावभेदमन्तरेणान्यव्यावृत्तिभेदस्यानुपपत्तेः। कथं च प्रमाणस्य फलस्य चाप्रमाणाफलव्यावृत्त्या प्रमाणफलव्यवस्थावत् प्रमाणान्तरफलान्तरव्यावृत्त्याऽप्रमाणत्वस्याफलत्वस्य च व्यवस्था न स्यात्? विजातीयादिव सजातीयादपि व्यावृत्तत्वाद् वस्तुनः। तस्मात् प्रमाणात् फलं कथञ्चिद्भिन्नमेवेष्टव्य। साध्यसाधनभावेन प्रतीयमानत्वात्। ये हि साध्यसाधनभावेन प्रतीयते ते परस्पर भिद्यते यथा कुठारच्छिदि क्रिये इति ॥

अत एवाह स्तुतिकारः—'न संविदद्वैतपथेऽर्थसंवित्' इति। सम्यगवैपरीत्येन विद्यतेऽवगम्यते वस्तुस्वरूपमनयेति संवित्। स्वसंवेदनपक्षे तु सवेदनं संवित् ज्ञानम्। तस्या अद्वैतम्। द्वयोर्भावो द्विता द्वितैव द्वैतं प्रज्ञादित्वात् स्वार्थिकेऽणि[१]। न द्वैतमद्वैतम् बाह्यार्थप्रतिक्षेपादेकत्वं। संविदद्वैतं ज्ञानमेवैकं तात्त्विकं न बाह्योऽर्थ इत्यभ्युपगम्यत इत्यर्थः। तस्य पन्थाः मार्गः संविदद्वैतपथस्तस्मिन् ज्ञानाद्वैतवादपक्ष इति यावत्। किमित्याह। नार्थसंवित्। येयं बहिर्मुखतयार्थप्रतीतिः साक्षादनुभूयते सा न घटते इत्युपस्कारः। एतच्चानन्तरमेव भावितम्॥

एवं च स्थिते सति किमित्याह। विलूनशीर्णं सुगतेन्द्रजालम् इति। सुगतो मायापुत्रः। तस्य सम्बन्धि तेन परिकल्पितं क्षणक्षयादि वस्तुजातम्। इन्द्रजालमिवेन्द्रजालं मतिव्यामोह

विज्ञानवादी—पदार्थके प्रतिनियत स्थानका निश्चय होता है। विशिष्ट कारणके बिना विशिष्ट कार्यकी सिद्धि नहीं होती। और बाह्य पदार्थका अस्तित्व नहीं। अतएव पदार्थके प्रतिनियत स्थानके निश्चय करनेमें वासना वैचित्र्य ही कारण है। जैन—हम पूछते हैं कि यह वासना-वैचित्र्य ज्ञानके आकारसे भिन्न है अथवा अभिन्न? यदि वासना वैचित्र्य ज्ञानके आकारसे अभिन्न है तो ज्ञानका आकार एकरूप होनसे नानाविध वासनाओंमें परस्पर भेद कैसे हो सकता है? यदि वासना-वैचित्र्य ज्ञानके आकारसे भिन्न है तो ज्ञानसे बाह्य पदार्थोंका भेद माननेमें ही क्या आपत्ति है? अतएव ज्ञान और पदार्थको परस्पर भिन्न ही मानना चाहिये।

प्रयोग निम्न प्रकार है—विवादाध्यासित नील आदि पदार्थ ज्ञानसे भिन्न हैं क्योंकि ज्ञान पदार्थ विरुद्ध धर्मोंसे युक्त है। ज्ञान शरीरके अन्दर होता है और पदार्थ शरीरके बाहर। पदार्थदर्शनके उत्तर कालमें पदार्थज्ञानका सद्भाव होता है तथा पदार्थज्ञानकी उत्पत्तिके पूर्वकालमें ज्ञानका विषय बननेवाले पदार्थका सद्भाव रहता है। ज्ञान आत्मासे उत्पन्न होता है पदार्थ अपने-अपने कारणोंसे उत्पन्न होते हैं। ज्ञान प्रकाशरूप है और पदार्थ जडरूप हैं। अतएव ज्ञान और पदार्थ परस्पर विरुद्ध धर्मोंसे युक्त हैं। इसलिये ज्ञानाद्वैतके स्वीकार करनेपर बाह्यरूपसे अनुभव किये जानेवाले पदार्थोंका ज्ञान संगत नहीं हो सकता। तथा प्रत्यक्ष दिखाई देनेवाले बाह्य पदार्थोंका निषेध करना शक्य नहीं।

अतएव स्तुतिकार हेमचन्द्र आचार्यने कहा है कि ज्ञानाद्वैतके स्वीकार करनेपर पदार्थोंका ज्ञान नहीं हो सकता (न संविदद्वैतपथेऽर्थसंवित्)। जिससे यथार्थ रीतिसे वस्तुका ज्ञान हो उसे ज्ञान (संवित्) कहते हैं। बाह्य पदार्थोंका निषेध करके केवल एक ज्ञानका अस्तित्व स्वीकार करना अद्वैत है। इस ज्ञानाद्वैतके माननेपर पदार्थोंकी बाह्य रूपसे प्रतीति नहीं हो सकती।

अतएव सम्पूर्ण पदार्थ क्षणस्थायी हैं ज्ञान और पदार्थ परस्पर अभिन्न हैं आदि मायापुत्र बुद्धके सिद्धान्त बुद्धिमें भ्रम उत्पन्न करनेवाले होनेके कारण इन्द्रजालकी तरह विशीर्ण हो जाते हैं। जिस

---

१ प्रज्ञादिभ्योऽण्। हैमसूत्र ७-२ १६५।

विचारासहत्वात्। सुगतेन्द्रजालं सर्वमिदं विलूनशीर्णम्। पूर्वं विलूनं पश्चात् शीर्णं विलूनशीर्णम्। यथा किञ्चित् तृणस्तम्बादि विलूनमेव शीर्यते विनश्यति, एवं तत्कल्पितमिदमिन्द्रजालं तृणप्रायं धाराळयुक्तिशस्त्रिकया[1] छिन्नं सद्विशीर्यत इति। अथवा यथा निपुणैन्द्रजालिककल्पितमिन्द्रजालमवास्तवतत्तद्वस्त्वद्भुततोपदर्शनेन तथाविधं बुद्धिदुर्विदग्धं जनं विप्रतार्य पश्चादिन्द्रधनुरिव निरवयवं विलूनशीर्णतां कलयति तथा सुगतपरिकल्पितं तत्तत्प्रमाणतत्फलाभेदक्षणक्षयज्ञानार्थहेतुकत्वज्ञानाद्वैताभ्युपगमादि सर्वं प्रमाणानभिज्ञं लोकं व्यामोहयमानमपि युक्त्या विचार्यमाणं विशरारुतामेव[2] सेवत इति। अत्र च सुगतशब्द उपहासार्थः। सौगता हि शोभनं गतं ज्ञानमस्येति सुगत इत्युशन्ति। ततश्चाहो तस्य शोभनज्ञानता, येनेत्थमयुक्तियुक्तमुक्तम्॥ इति काव्यार्थः॥१६॥

प्रकार बाजीगरका इन्द्रजाल मिथ्या होनेसे थोडे समयके लिये अद्भुत-अद्भुत वस्तुओंका प्रदर्शन करके भोले लोगोंको ठग कर इन्द्रधनुषकी तरह विलीन हो जाता है, उसी प्रकार 'प्रमाण और फल अभिन्न हैं', 'सब पदार्थ क्षणिक हैं', 'ज्ञान और पदार्थमें परस्पर अभेद है' आदि सिद्धान्तोंसे भोले प्राणियोंको व्यामोहित करनेवाले बुद्धके सिद्धान्त युक्तियोंसे जर्जरित हो जाते हैं॥ यह श्लोकका अर्थ है॥

भावार्थ—इस कारिकामें बौद्धोंके चार सिद्धान्तोंपर विचार किया गया है। बौद्ध—(१) प्रमाण और प्रमिति अभिन्न हैं। क्योंकि ज्ञान ही प्रमाण और प्रमाणका फल है, कारण कि वह अधिगमरूप है। ज्ञानसे पदार्थ जाने जाते हैं, इसलिये ज्ञान प्रमाण है। तथा पदार्थोंको जाननेके अतिरिक्त ज्ञानका दूसरा कोई फल नहीं हो सकता, इसलिए ज्ञान ही प्रमाणका फल है। प्रमाण और प्रमितिमें प्रमाण कारण है और प्रमाणका फल प्रमाणका कार्य है। जैन—(क) यदि प्रमाण और प्रमिति अभिन्न हैं, तो वे दोनों एक साथ उत्पन्न होने चाहिए। इसलिए प्रमाण और प्रमितिमें कार्य-कारण सम्बन्ध नहीं बन सकता। क्योंकि कारण सदा कार्यके पहले ही उत्पन्न होता है। (ख) प्रमाण और प्रमितिको क्रमभावी मानना भी ठीक नहीं है। क्योंकि बौद्धोंके मतमें प्रत्येक वस्तु क्षण क्षणमें नष्ट होनेवाली है। अतएव प्रमाणका निरन्वय विनाश होनेसे प्रमाणसे प्रमितिकी उत्पत्ति नहीं हो सकती। (ग) प्रमाण और प्रमितिमें कोई सम्बन्ध नहीं हो सकता, क्योंकि प्रमाण और प्रमिति दोनों क्षण-क्षणमें नष्ट होनेवाले हैं। तथा प्रमाण और प्रमितिमें रहनेवाले कार्य-कारण सम्बन्धका ज्ञान दो वस्तुओंके ज्ञान होनेपर ही हो सकता है।

सौत्रान्तिक बौद्ध—हम प्रमाण और प्रमितिमें व्यवस्थाप्य-व्यवस्थापक सम्बन्ध मानते हैं, कार्य-कारण सम्बन्ध नहीं। ज्ञान पदार्थको जानते समय पदार्थके आकारको धारण करके पदार्थका ज्ञान करता है। वास्तवमें चक्षु आदि इन्द्रियोंसे पदार्थोंका ज्ञान नहीं होता। जिस समय ज्ञानमें अमुक पदार्थके आकारका अनुभव होता है, उस समय उस पदार्थका ज्ञान होता है। इसलिए प्रमाण प्रमितिको उत्पन्न नहीं करता, किन्तु वह प्रमितिकी व्यवस्था करता है। जिस समय ज्ञान नील घटके आकार होकर नील घटको जानता है, उस समय ज्ञानमें नील घटका सारूप्य व्यवस्थापक है, और घटका नीलरूप ज्ञान व्यवस्थाप्य है। पदार्थोंका जाननेवाला ज्ञान नील घटके आकारको धारण करके ही नील घटको जानता है। अतएव प्रमाण और प्रमितिमें व्यवस्थाप्य-व्यवस्थापक सम्बन्ध स्वीकार करनेसे एक ही वस्तुमें प्रमाण और प्रमितिके माननेसे विरोध नहीं आता। जैन—(क) निरंश क्षणिक विज्ञानमें व्यवस्थाप्य-व्यवस्थापक सम्बन्ध नहीं बन सकता। क्योंकि व्यवस्थाप्य व्यवस्थापक सम्बन्ध दो पदार्थोंमें ही रह सकता है। (ख) ज्ञानको अर्थाकार माननेमें ज्ञानको जड प्रमेयके आकार माननेसे ज्ञानको भी जड मानना चाहिए। तथा ज्ञानको पदार्थाकार माननेमें 'यह नील पदार्थ है' ऐसा ज्ञान न होकर 'मैं नील हूँ' इस प्रकारका ज्ञान होना चाहिये। तथा जल-चन्द्रके

---

१ तीक्ष्णधारायुक्तशस्त्रिका।
२ विशीर्णशीलता।

आकाश-चन्द्रके आकारका होनेपर भी जल चन्द्रसे आकाश चन्द्रका ज्ञान नही होता। (ग) यदि प्रमाण और प्रमिति सर्वथा अभिन्न होते तो आप लोग सारूप्यको प्रमाण और ज्ञानसवदनको प्रमिति मानकर प्रमाण और उसके फलको अलग-अलग नही मानते। अतएव प्रमाण और प्रमितिको सवथा अभिन्न न मानकर उन्हें कथंचित् भिन्न और कथंचित् अभिन्न मानना चाहिए।

बौद्ध—(२) सम्पूर्ण विद्यमान पदाथ क्षणिक हैं क्योकि नाश होना पदार्थोंका स्वभाव है। पदार्थोंका नश्वर स्वभाव दूसरेके ऊपर अवलम्बित नही है। यदि नाश होना पदार्थोंका स्वभाव न हो तो दूसरी वस्तुओके सयोग होनेपर भी पदार्थ नष्ट न होने चाहिये। पदार्थोंका यह नाशमान स्वभाव पदार्थोंकी आरम्भ और अन्त दोनों अवस्थाओंमें समान है। इसीलिए प्रत्येक पदाथ क्षणस्थायी है। अतएव जो घट हमें नित्य दिखाई देता है वह भी प्रतिक्षण नष्ट हो रहा है। घटका प्रत्येक पवक्षण उत्तरक्षणको उत्पन्न करता है। ये समस्त क्षण परस्पर इतने सदृश हैं कि घटके क्षण क्षणम नष्ट होनेपर भी घट एकरूप ही दिखाई देता है। अएव क्षणोकी पारस्परिक सादृश्यताके कारण ही हम अविद्याके कारण घटम एकत्वका ज्ञान होता है। जैन—पूर्व और उत्तरक्षणोका एक साथ अथवा क्रमसे उत्पन्न होना नही बन सकता अतएव पदार्थोंको क्षणिक मानना ठीक नही है। तथा क्षणिकवादी निरन्वय विनाश मानते ह अतएव क्षणिकवादका सिद्धान्त एकान्तरूप होनेसे सत्य नही कहा जा सकता। इसलिए पदार्थोंको उत्पाद व्यय और ध्रौव्य रूप ही स्वीकार करना चाहिए। यही सत्का लक्षण ह। जिस समय मनुष्य गभमे आता है उस समय जीवका उत्पाद होता है और उसी समयसे उसकी आयुके अशोंकी हानि होना प्रारम्भ हो जाती है इसलिए उसका व्यय होता है तथा जीवत्व दशाके सदा ध्रुव रहनसे जीवम ध्रौव्य पाया जाता ह। अतएव पर्यायोकी अपेक्षासे ही पदार्थोंको क्षणिक मानना चाहिय। द्रव्यकी दृष्टिसे पदाथ नित्य ही है।

वैभाषिक बौद्ध—(३) ज्ञान जिस पदाथसे उत्पन्न होता है उसी पदाथको जानता है। अतएव पदार्थ कारण हैं और ज्ञान काय है। जैसे अग्निका धूम कारण है क्योकि अग्नि और धमका अन्वय-व्यतिरेक सम्बन्ध है। इसी तरह पदार्थ भी ज्ञानका कारण ह क्योकि पदाथ ज्ञानके साथ अन्वय व्यतिरेकसे सम्बद्ध है। यदि ज्ञान पदाथसे उत्पन्न न हो तो घडके ज्ञानसे घडका ही ज्ञान होना चाहिये अन्य पदार्थोंका नही यह व्यवस्था नही बन सकती। जैन—(क) बौद्धोके अनुसार प्रत्यक पदार्थ क्षण-क्षणम नष्ट होनवाले हैं। अतएव जब तक एक पदाथ बनकर पूण न हो जाय उस समय तक वह ज्ञानकी उत्पत्ति नही कर सकता। तथा जिस क्षणमें ज्ञान उत्पन्न होता है उस समय पदार्थ नष्ट हो जाता ह। अतएव पदाथ ज्ञानका कारण नहीं कहा जा सकता। (ख) क्रमसे होनेवाले पदार्थोम ही काय-कारण भाव हो सकता है परन्तु बौद्धमतमें कोई भी वस्तु क्षण मात्रसे अधिक नही ठहरती। अतएव ज्ञानकी उत्पत्तिके क्षणमें ज्ञानके कारण पदाथका नाश हो जानेसे पदार्थसे ज्ञानकी उत्पत्ति नही हो सकती। क्योंकि ज्ञान उत्पन्न होनके पहले ही पदाथ नष्ट हो जाता है। (ग) पदार्थको ज्ञानका सहभावी माननसे भी पदाथ ज्ञानका कारण नही हो सकता। क्योकि एक साथ उत्पन्न होनवाली दो वस्तुओम कार्य-कारण सम्बन्ध नही बन सकता। (घ) यदि पदाथको ज्ञानम कारण माना जाय तो इन्द्रियोंको भी ज्ञानकी उत्पत्तिमें कारण मानना चाहिय क्योकि इन्द्रियाँ भी ज्ञानको पैदा करती हैं। (च) ज्ञानकी उत्पत्ति पदार्थके ऊपर अवलम्बित नही है कारण कि मृगतृष्णामें जलरूप पदार्थके अभाव होनेपर भी जलका ज्ञान होता है। अतएव जब तक पदाथ और ज्ञानम जहाँ पदाथ न हो वहाँ ज्ञान न हो इस प्रकारका व्यतिरेक सम्बन्ध सिद्ध न हो तब तक पदार्थको ज्ञानका हेतु नही कह सकते। (छ) योगियोंके अतीत और अनागत पदार्थोंको जानते समय अतीत अनागत पदार्थोंका अभाव रहता है। अतएव अतीत अनागत पदार्थ ज्ञानम कारण नहीं हो सकते। (ज) प्रकाश्य रूप अर्थसे प्रकाशक रूप ज्ञानकी उत्पत्ति मानना भी ठीक नही। क्योंकि घट दीपकसे उत्पन्न नहीं होता फिर भी दीपक घटको प्रकाशित करता है। (झ) ज्ञानकी पदार्थसे उत्पत्ति मानकर ज्ञानको पदार्थका ज्ञाता माननेसे स्मृतिको भी प्रमाण नही कहा जा सकता। क्योंकि स्मृति किसी पदार्थसे उत्पन्न नहीं होती। इसी प्रकार एक स्वसं

वेदन ज्ञानमें क्रियाका अभाव होनेसे कार्य-कारण भाव नहीं बन सकता। क्योंकि स्वसंवेदनसे स्वसंवेदनकी उत्पत्ति नहीं होती। (ट) कपालके प्रथम क्षणसे घटका अंतिम क्षण उत्पन्न होता है परन्तु कपालके प्रथम क्षणसे घटके अंतिम क्षणका ज्ञान नही होता। इसी प्रकार समानजातीय ज्ञानसे समनन्तर ज्ञानके उत्पन्न होनेपर समानजातीयसे समनन्तर ज्ञानका ज्ञान नहीं होता। (ठ) अतएव जिस समय ज्ञानको आवरण करनेवाले कर्मका क्षयोपशम हो जानेसे आत्मामें क्षय और उपशम रूप योग्यता होती है उसी समय प्रतिनियत पदार्थोंका ज्ञान स्वीकार करना चाहिए।

योगाचार (बौद्ध)—(४) ज्ञान मात्र ही परमार्थसत् है क्योंकि ज्ञानका कारण कोई बाह्य पदार्थ नही है। बाह्यार्थवादी परमाणुओंके समूहको बाह्य पदार्थ कहते हैं अथवा स्थूल अवयवीरूप पिंडको ? प्रत्यक्ष अथवा अनुमानसे परमाणुरूप बाह्य पदार्थोंकी सिद्धि नही होती अतएव बाह्य पदार्थ परमाणुरूप नही हो सकते। तथा बाह्य पदार्थोंको परमाणुरूप सिद्धि न होनेसे उन्हे स्थूल अवयवी भी नहीं कह सकते। क्योंकि परमाणओंके समूहको अवयवी कहते हैं। अतएव जो नील पीत आदि पदार्थ प्रतिभासित होते हैं, वे सब ज्ञानरूप ही हैं। जिस प्रकार बाह्य आलम्बनके बिना आकाशमें केशका ज्ञान होता है उसी तरह अनादि कालकी अविद्याकी वासनासे बाह्य पदार्थोंके अवलम्बनके बिना ही घट पट आदि पदार्थोंका ज्ञान होता है। वास्तवमें स्वयं ज्ञान ही ग्राह्य और ग्राहकरूप प्रतिभासित होता है। जैन (क) यदि बाह्य पदार्थोंको ज्ञानका विषय नही माना जाय तो ज्ञानको निर्विषय माननेसे ज्ञानको अप्रमाण मानना पड़ेगा। वास्तविक बाह्य पदार्थोंके बिना हम ज्ञान मात्रसे ही पदार्थोंका प्रतिभास नही हो सकता। ज्ञानसे बाह्य पदार्थोंका ज्ञान होना अनुभवसे सिद्ध है। (ख) परमाणरूप बाह्य पदार्थकी प्रत्यक्ष और अनुमानसे सिद्धि होती है। क्योकि हम परमाणुओंके कार्य घट आदिके प्रत्यक्षसे परमाणओंका कथंचित् प्रत्यक्ष करते हैं। इसलिये परमाणओंकी अनुमानसे भी सिद्धि होती है क्योंकि परमाणओंके अस्तित्वके बिना घट आदि स्थूल अवयवीकी उत्पत्ति नही हो सकती। अवयव (परमाणु) और अवयवीका हमलोग कथंचित् भेदाभेद स्वीकार करते हैं अतएव बाह्य पदार्थोंको परमाण और स्थूल अवयवी दोनो रूप मानना चाहिये। (ग) वासना वैचित्र्यसे भी पदार्थोंका नाना रूप प्रतिभासित मानना ठीक नहीं। क्योंकि बाह्य पदार्थोंके अनुभव होनेपर ही वासना उत्पन्न होती है। तथा ज्ञान और वासनाको अलग-अलग माननेसे ज्ञानाद्वैत नही बन सकता।

योगाचार— जो जिसके साथ उपलब्ध नहीं होता है वह उससे अभिन्न है। जैसे आकाश-चन्द्रमा जल-चन्द्रमाके साथ उपलब्ध होता है इसलिये दोनो परस्पर अभिन्न हैं। इसी तरह ज्ञान और पदार्थ एक साथ उपलब्ध होते हैं। अतएव ज्ञान और पदार्थ एक दूसरेसे अभिन्न हैं —इस अनुमानसे ज्ञान और पदार्थकी अभिन्नता सिद्ध होती है। जैन—यह अनुमान संदिग्धानैकांतिक हेत्वाभास है। क्योंकि ज्ञानसे जाने हुए नील और नीलज्ञानमें सहोपलंभ नियम होनेपर भी उनमें अभिन्नता नहीं पायी जाती। तथा सहोपलंभ नियम पक्षमें नहीं रहनेके कारण असिद्ध भी है। क्योंकि ज्ञान और पदार्थमें अभेद सिद्ध नहीं होता। तथा बाह्य पदार्थोंका अभाव माननेसे यह वस्तु इसी स्थानपर है दूसरे स्थानपर नही यह नियम नही बन सकता। अतएव नील पीत आदि ज्ञानसे भिन्न हैं क्योंकि ज्ञान और ज्ञेय परस्पर विरोधी हैं। ज्ञान अन्तरंग है ज्ञेय बाह्य ज्ञान ज्ञेयके पश्चात् उत्पन्न होता है ज्ञेय ज्ञानके पूर्व ज्ञान आत्मामें उत्पन्न होता है ज्ञान अपने भिन्न कारणोंसे तथा ज्ञान प्रकाशक है और ज्ञेय जड़ है। अतएव विज्ञानाद्वैतको न मान कर ज्ञान और बाह्य पदार्थोंका परस्पर भेद मानना चाहिये।

अथ तत्त्वव्यवस्थापकप्रमाणादिचतुष्टयव्यवहारापलापिनः शून्यवादिनः सौगतजातीयान् स्वपक्षसाधकस्य प्रमाणस्याङ्गीकारानङ्गीकारलक्षणपक्षद्वयेऽपि तदभिमतार्थासिद्धिप्रदर्शनपूर्वकमुपहसन्नाह—

विना प्रमाणं परवन्न शून्य, स्वपक्षसिद्धे पदमश्नुवीत ।
कुप्येत्कृतान्त स्पृशते प्रमाणमहो सुदृष्ट त्वदसूयिदृष्टम् ॥१७॥

शून्य शून्यवादी प्रमाणं प्रत्यक्षादिकं विना अन्तरेण स्वपक्षसिद्धे स्वाभ्युपगतशून्यवादनिष्पत्तेः पदं प्रतिष्ठां नाश्नुवीत न प्राप्नुयात्। किंवत् ? परवत् इतरप्रामाणिकवत्। वैधर्म्येणायं दृष्टान्तः। यथा इतरे प्रामाणिकाः प्रमाणेन साधकतमेन स्वपक्षसिद्धिमश्नुवते एवं नायम्। अस्य मते प्रमाणप्रमेयादिव्यवहारस्यापारमार्थिकत्वात्, 'सर्व एवायमनुमानानुमेयव्यवहारो बुद्ध्यारूढेन धर्मधर्मिभावेन न बहिः सदसत्त्वमपेक्षते' इत्यादिवचनात्। अप्रमाणकश्च शून्यवादाभ्युपगमः कथमिव प्रेक्षावतामुपादेयो भविष्यति प्रेक्षावत्त्वव्याहतिप्रसंगात्॥

अथ चेत् स्वपक्षसंसिद्धये किमपि प्रमाणमयमङ्गीकुरुते तत्रायमुपालम्भः कुप्येदित्यादि। प्रमाणं प्रत्यक्षाद्यन्यतमत् स्पृशते आश्रयमाणाय प्रकरणादस्मै शून्यवादिने कृतान्तस्तत्सिद्धान्तः कुप्येत्कोपं कुर्यात् सिद्धान्तबाधः स्यादित्यर्थः। यथा किल सेवकस्य विरुद्धवृत्त्या कुपितो नृपतिः सर्वस्वमपहरति एवं तत्सिद्धान्तोऽपि शून्यवादविरुद्धं प्रमाणव्यवहारमङ्गीकुर्वाणस्य तस्य सर्वस्वभूतं सम्यग्वादित्वमपहरति॥

इसके बाद तत्त्वोंके व्यवस्थापक प्रमाण प्रमिति प्रमेय और प्रमाताके व्यवहारका लोप करनेवाले शून्यवादी बौद्धोंके पक्षका खंडन करते हुए उसका उपहास करते हैं—

श्लोकार्थ—दूसरे वादी प्रमाणोंको मानते हैं इसलिये उनके मतकी सिद्धि हो सकती है। परन्तु शून्यवादी प्रमाणके बिना अपने पक्षकी सिद्धि नहीं कर सकते। यदि शून्यवादी किसी प्रमाणको मानें तो कृतान्तरूपी यमके कुपित होनेसे शून्यवादकी सिद्धि नहीं हो सकती। हे भगवन्! आपके मतसे ईर्ष्या रखनेवाले लोगोंने जो कुछ कुमतिज्ञान रूपी नेत्रोंसे जाना है वह मिथ्या होनेके कारण उपहासके योग्य है॥

व्याख्यार्थ—शून्यवादी प्रत्यक्ष आदि प्रमाणोंको बिना माने ही स्वमान्य शून्यवादके सिद्धान्तको सिद्ध करना चाहते हैं जो सिद्ध नहीं हो सकता। कैसे ? प्रमाणों को स्वीकार करनेवाले अन्य दार्शनिकोंके समान। यह वैधर्म्य दृष्टान्त है। जैसे अन्य प्रामाणिक साधकतम (साध्य की सिद्धि करनेवाले) प्रमाण के द्वारा अपने पक्ष की सिद्धि कर सकते हैं उस प्रकार शून्यवादी (साधकतम) प्रत्यक्ष आदि प्रमाणों को माने बिना अपने पक्षकी सिद्धि नहीं कर सकते। क्योंकि इनके मतमें प्रमाण प्रमेय प्रमिति और प्रमाणका व्यवहार अपारमार्थिक—अवास्तविक—माना गया है। कहा भी है बुद्धि पर आरूढ़ हुए धर्म धर्मि संबंधके कारण समस्त अनुमान-अनुमेय व्यवहार बाह्य पदार्थके कारण सद्भाव और असद्भाव की अपेक्षा नहीं करता अर्थात् बाह्य पदार्थ का सद्भाव हो या असद्भाव वह समस्त अनुमान-अनुमेय व्यवहार काल्पनिक धर्म धर्मिके संबंधसे रहता है। शून्यवाद की सिद्धि करनेवाले प्रमाणों का अभाव होनेसे शून्यवाद की मान्यता बुद्धिमानों द्वारा ग्राह्य नहीं हो सकती क्योंकि इससे उनकी बुद्धिमत्ताके आहत होनेका प्रसंग उपस्थित होता है।

यदि शून्यवादी अपने सिद्धांतको सिद्ध करनेके लिए कोई प्रमाण दें तो प्रत्यक्ष आदि प्रमाणका आश्रय लेनेके कारण शून्यवादियोंका सिद्धान्त बाधित होता है। जिस प्रकार कोई राजा अपने सेवकके अवांछनीय आचरणसे कुपित होकर सेवकका सर्वस्व हरण कर लेता है वैसे ही शून्यवादका सिद्धान्त शून्यवादके विरुद्ध प्रमाण आदि व्यवहारको स्वीकार करनेवाले शून्यवादीका सर्वस्व हरण करता है। अतएव प्रत्यक्ष आदि प्रमाणोंसे शून्यवादकी सिद्धि नहीं हो सकती।

किञ्च, स्वागमोपदेशेनैव तेन वादिना शून्यवादः प्ररूप्यते; इति स्वीकृतमागमस्य प्रामाण्यमिति कुतस्तस्य स्वपक्षसिद्धिः, प्रमाणाङ्गीकरणात्। किञ्च, प्रमाणं प्रमेयं विना न भवतीति प्रमाणाङ्गीकरणे प्रमेयमपि विशीर्णम्। ततश्चास्य मूकतैव युक्ता, न पुनः शून्यवादोपन्यासाय तुण्डताण्डवाडम्बरः। शून्यवादस्यापि प्रमेयत्वात्। अत्र च स्पृशिधातुं कृतान्तशब्दं च प्रयुञ्जानस्य सूरेरयमभिप्रायः। यथासौ शून्यवादी दूरे प्रमाणस्य सर्वथाङ्गीकारो यावत् प्रमाणस्पर्शमात्रमपि विधत्ते तदा तस्मै कृतान्तो यमराजः कुप्येत्। तत्कोपो हि मरणफलः। ततश्च स्वसिद्धान्तविरुद्धमसौ प्रमाणयन् निग्रहस्थानापन्नत्वाद् मृत एवेति॥

एवं सति अहो इत्युपहासप्रशंसायाम्। तुभ्यमसूयन्ति गुणेषु दोषानाविष्कुर्वन्तीत्येवंशीलास्त्वदसूयिनस्तैरान्तरीयास्तैर्दृष्टं मत्यज्ञानचक्षुषा निरीक्षितमहो। सुदृष्टं साधु दृष्टम्। विपरीतलक्षणयोपहासाच्च सम्यग्दृष्टमित्यर्थः। अत्रासूयधातोस्ताच्छीलिकणकप्राप्तावपि बाहुलकाण्णिन्। असूयास्त्येषामित्यसूयिनस्त्वय्यसूयिनस्त्वदसूयिन इति मत्वर्थीयान्तं वा। त्वदसूयुदृष्टमिति पाठेऽपि न किञ्चिदचारु। असूयुशब्दस्योदन्तस्योदयनाचार्यैर्न्यायतात्पर्यपरिशुद्धयादौ मत्सरिणि प्रयोगादिति॥

इह शून्यवादिनामयमभिसन्धिः। प्रमाता प्रमेयं प्रमाणं प्रमितिरिति तत्त्वचतुष्टयं परपरिकल्पितमवस्त्वेव विचारासहत्वात् तुरङ्गशृङ्गवत्। तत्र प्रमाता तावदात्मा तस्य च प्रमाणग्राह्यत्वाभावादभावः। तथाहि। न प्रत्यक्षेण तत्सिद्धिरिन्द्रियगोचरातिक्रान्तत्वात्। यत्तु अहङ्कारप्रत्ययेन तस्य मानसप्रत्यक्षत्वसाधनम् तदप्यनैकान्तिकम्। तस्याहं गौरः श्यामो

तथा शून्यवादी लोग अपने आगमके अनुकूल ही शून्यवादका प्ररूपण करते हैं। अतएव आगम माननेसे शून्यवादियोंके सिद्धांतकी सिद्धि नहीं हो सकती क्योंकि आगम प्रमाण माननेसे सर्वथा शून्यपना नहीं बनता। तथा प्रमाण प्रमेयके बिना नहीं हो सकता अतएव कोई प्रमाण न माननेसे प्रमेय भी नहीं बन सकता अतएव शून्यवादियोंको शून्यवादकी स्थापना करनेका आडम्बर न रचते हुए मौन रहना ही ठीक है। क्योंकि शून्यवाद भी प्रमेयमें ही गर्भित होता है तथा शून्यवादियोंके मतमें प्रमेय कोई वस्तु नहीं है। यहाँ पर स्तुतिकारका स्पृश् धातु और कृतान्त शब्दके प्रयोग करनेसे आचार्यका यही अभिप्राय है कि शून्यवादी लोग शून्यवादकी सिद्धि करनेके लिये प्रमाणका स्पर्श भी करें तो कृतान्त (यमराज तथा सिद्धान्त) कुपित हो जाता है। अतएव जिस प्रकार यमराजके कुपित होनेसे जीवकी मृत्यु होती है, उसी प्रकार प्रमाणोंका आश्रय लेनेसे शून्यवादी निग्रहस्थानमें पड़ अपने सिद्धान्तकी स्थापना नहीं कर सकता इसलिये वह मृत ही है।

अहो शब्द उपहास और प्रशंसा अर्थमें प्रयुक्त होता है। अतएव हे भगवन् तुम्हारे गुणोंमें ईर्ष्या रखनेवाले अन्यमतावलम्बियोंने जो कुमतिज्ञान रूपी नेत्रोंसे जाना है वह विपरीत लक्षण होनेके कारण उपहासके योग्य है। यहाँ असूय् धातुमें णक प्रत्यय होनेसे असूयक शब्द बनना चाहिये था परन्तु बहुलतासे असूय् धातुमें णिन् प्रत्यय होनेपर असूयि शब्द बना है। अथवा जिनके असूया हो वे असूयी हैं। यहाँ असूया शब्दसे मत्वर्थमें इन् प्रत्यय करनेसे असूयी शब्द बनता है। अथवा असूयु शब्द भी अशुद्ध नहीं है। उदयन आदि आचार्योंने न्यायतात्पर्यपरिशुद्धि आदि ग्रन्थोंमें असूयु शब्दका प्रयोग मत्सरीके अर्थमें किया है।

पूर्वपक्ष—शून्यवादी—प्रमाता प्रमेय प्रमाण और प्रमिति ये चारों तत्त्वचतुष्टय अवस्तु हैं क्योंकि इनका विचार करनेपर खरविषाणकी तरह प्रमाण आदिकी व्यवस्था नहीं बनती। (क) प्रमाता आत्मा है। आत्मा किसी प्रमाणसे सिद्ध नहीं होती अतएव आत्माका अभाव है। तथाहि—आत्मा इन्द्रियोंका विषय नहीं है, इसलिये इन्द्रिय-प्रत्यक्षसे आत्माकी सिद्धि नहीं हो सकती। यदि कहो कि 'अहं प्रत्यय' के मानस प्रत्यक्षद्वारा आत्माकी सिद्धि होती है, तो यह अनैकांतिक है। क्योंकि 'मैं गोरा हूँ'

चैत्यादौ शरीराश्रयत्वानुपपत्तेः। किञ्च, यद्ययमहङ्कारप्रत्यय आत्मगोचरः स्यात् तदा न कादाचित्कः स्यात्। आत्मनः सदा सन्निहितत्वात्। कादाचित्कं हि ज्ञानं कादाचित्ककारणपूर्वकं दृष्टम्। यथा सौदामिनीज्ञानमिति। नाप्यनुमानेन अव्यभिचारिलिङ्गाग्रहणात्। आगमानां च परस्परविरुद्धार्थवादिनां नास्त्येव प्रामाण्यम्। तथाहि। एकेन कथमपि कश्चिदर्थो व्यवस्थापितः, अभियुक्ततरेणापरेण स एवान्यथा व्यवस्थाप्यते। स्वयमव्यवस्थितप्रामाण्यानां च तेषां कथमन्यव्यवस्थापने सामर्थ्यम्। इति नास्ति प्रमाता॥

प्रमेयं च बाह्योऽर्थः स चानन्तरमेव बाह्यार्थप्रतिक्षेपक्षणे निर्लोठितः। प्रमाणं च स्वपरावभासि ज्ञानम्। तच्च प्रमेयाभावे कस्य ग्राहकमस्तु निर्विषयत्वात्। किंच एतत् अर्थसमकालम् तद्भिन्नकालं वा तद्ग्राहकं कल्प्येत? आद्यपक्षे त्रिभुवनवर्तिनोऽपि पदार्थास्तत्रावभासेरन् समकालत्वाविशेषात्। द्वितीये तु निराकारम् साकारम् वा तत्स्यात्? प्रथमे प्रतिनियतपदार्थपरिच्छेदानुपपत्तिः। द्वितीये तु किमयमाकारो व्यतिरिक्तो अव्यतिरिक्तो वा ज्ञानात्? अव्यतिरेके, ज्ञानमेवायम्, तथा च निराकारपक्षदोषः। व्यतिरेके यद्ययं चिद्रूपस्तदानीमाकारोऽपि वेदकः स्यात्। तथा चायमपि निराकारः साकारो वा तद्वेदको भवेत्?

मैं काला हूं इस प्रकारका ज्ञान शरीरमें भी होता है। तथा यदि अहं प्रत्यय से आत्माका ज्ञान होता है तो यह अहं प्रत्यय आत्मामें सदा होना चाहिये कभी कभी नहीं। क्योंकि आत्मा सदा विद्यमान है। ज्ञान सदा विद्यमान नहीं रहता इसलिये वह कभी कभी उत्पन्न होता है बिजली के ज्ञानकी तरह ज्ञान अनित्य कारणोंसे ही उत्पन्न होता है। अतएव आत्मामें सदा ही अहं प्रत्यय होना चाहिये। अनुमानसे भी आत्मा सिद्ध नहीं होती। क्योंकि आत्माको ग्रहण करनेवाला कोई निर्दोष हेतु नहीं है। तथा आगम परस्पर विरुद्ध अर्थके प्रतिपादन करनेवाले हैं इसलिये आगमसे भी आत्माका अस्तित्व सिद्ध नहीं हो सकता। तथाहि—जिस पदार्थको एक शास्त्र अमुक प्रकारसे प्रतिपादन करता है उसी पदार्थको दूसरा दूसरी तरहसे कहता है। अतएव आगमके स्वयं अव्यवस्थित होनेके कारण आगमसे दूसरे तत्त्वोंकी व्यवस्था नहीं बन सकती। अतएव प्रमाता आत्माका अस्तित्व मानना ठीक नहीं है।

(ख) जिसे प्रमेय कहते हैं वह बाह्य अर्थ है। बाह्य अर्थका परिहार करते समय उसका खंडन किया जा चुका है।

(ग) स्व और परके जाननेवाले ज्ञानको प्रमाण अर्थात् प्रमिति क्रियाका कारण कहते हैं। प्रमेयके अभावमें प्रमाणभूत ज्ञानके विषयका अभाव हो जानेसे वह प्रमाणभूत ज्ञान किसका ग्राहक होगा क्योंकि उसके पास कोई विषय ही नहीं है। तथा अर्थके अस्तित्वकालमें विद्यमान ज्ञान पदार्थको जानता है अथवा जिस कालमें अर्थका सद्भाव होता है उससे भिन्नकालमें प्रमाणभूत ज्ञान पदार्थको जानता है? प्रथम पक्ष स्वीकार करनेपर तीनों लोकोंके पदार्थ ज्ञानमें प्रतिभासित होने चाहिये क्योंकि ज्ञान सभी पदार्थोंके समकालीन है। द्वितीय पक्षमें वह ज्ञान निराकार (ज्ञेयाकार शून्य) होता है या ज्ञेयाकार सहित? यदि पदार्थके सद्भावके भिन्नकालमें होनेवाला ज्ञान निराकार है तो प्रतिनियत पदार्थोंके ज्ञानकी सिद्धि न हो सकेगी। यदि पदार्थके सद्भावकालसे भिन्नकालमें होनेवाला ज्ञान साकार (पदार्थके आकारवाला) है तो वह पदार्थका आकार ज्ञानसे भिन्न है या अभिन्न? यदि पदार्थके सद्भावकालसे भिन्नकालमें होनेवाले ज्ञानसे पदार्थोंका आकार भिन्न न हो तो यह पदार्थका आकार ज्ञानरूप ही होगा और पदार्थका आकार ज्ञानरूप होनेसे निराकार पक्षमें जो दोष आता है वही दोष यहाँ भी उपस्थित होगा अर्थात् प्रतिनियत पदार्थके ज्ञानकी सिद्धि नहीं होगी। यदि पदार्थके कालसे भिन्नकालमें होनेवाले ज्ञानसे पदार्थका आकार भिन्न है तो वह चिद्रूप है या अचिद्रूप? यदि वह आकार चिद्रूप है तो वह पदार्थके आकारका भी ज्ञाता होगा। तथा पदार्थके आकारका ज्ञाता होनेपर यह आकार निराकार अथवा साकार होता हुआ

इत्यावर्तनेनानवस्था । अथ अचिद्रूपः, किमज्ञातः ज्ञातो वा तज्ज्ञापकः स्यात् । प्राचीनविकल्पे, चैत्रस्येव मैत्रस्यापि तज्ज्ञापकोऽसौ स्यात् । तदुत्तरे तु, निराकारेण साकारेण वा ज्ञानेन तस्यापि ज्ञानं स्यात् । इत्याद्यावृत्तावनवस्थैवेति ॥

इत्थं प्रमाणाभावे तत्फलरूपा प्रमितिः कुतस्तनी । इति सर्वशून्यतैव परं तत्त्वमिति । यथा च पठन्ति—

यथा यथा विचार्यन्ते विशीर्यन्ते तथा तथा
यदेतद् स्वयमर्थेभ्यो रोचते तत्र के वयम्[1]

इति पूर्वपक्षः । विस्तरतस्तु प्रमाणखण्डनं तत्त्वोपप्लवसिंहादवलोकनीयम् ॥

अत्र प्रतिविधीयते । ननु यदिदं शून्यवादव्यवस्थापनाय देवानांप्रियेण वचनमुपन्यस्तम्

पदार्थोंका ज्ञाता होता है क्या ? इस प्रकार फिर फिरसे प्रश्न उपस्थित होनेपर अनवस्था दोष उपस्थित होता है । यदि वह पदार्थका आकार चिद्रूप न हो तो क्या वह ज्ञात आकार पदार्थका ज्ञान कराता है या अज्ञात आकार ? यदि अज्ञात पदार्थका आकार पदार्थका ज्ञान कराता है तो वह अज्ञात आकार चैत्र और मैत्र द्वारा अज्ञात होनेसे जिस प्रकार चैत्रको पदार्थका ज्ञान कराता है उसी प्रकार मैत्रको भी पदार्थका ज्ञान करायेगा । यदि पदार्थका आकार ज्ञात होनेपर पदार्थका ज्ञान कराता है तो क्या उस आकारका ज्ञान आकारशून्य ज्ञानसे होता है या आकारसहित ज्ञानसे ? इस प्रकार फिर फिरसे प्रश्न उपस्थित होनेपर अनवस्था दोष ही उपस्थित होता है ।

(घ) प्रमाणकी सिद्धि न होनेपर प्रमाणका फल प्रमिति भी सिद्ध नहीं होती अतएव सर्वथा शून्यता ही वास्तविक तत्व है । कहा भी है—

जैसे जैसे तत्वोंका विचार करते हैं वैसे वैसे तत्व विशीर्ण होते हैं । वास्तवमें पदार्थोंका स्वरूप ही इस तरहका है इसमें हमारा दोष नहीं ।

प्रमाणका विस्तृत खंडन तत्त्वोपप्लवसिंह[2] नामक ग्रंथमें देखना चाहिये ।

उत्तरपक्ष—जैन—देवानांप्रिय बौद्ध लोगोंने शून्यवादकी स्थापना करनेके लिये जो वाक्य कहा है वह

---

१ बुद्धया विविच्यमानानां स्वभावो नावधार्यते ।
अतो निरभिलप्यास्ते निस्स्वभावाश्च कीर्तिताः
इदं वस्तु बलायातं यद्वदन्ति विपश्चितः ।
यथा यथाऽर्थाश्चिन्त्यन्ते विशीर्यन्ते तथा तथा ॥

लंकावतारसूत्रे

२ यह ग्रंथ पाटणके एक जैन भंडारसे मिला है । इसके कर्ता जयराशि भट्ट हैं । पं. बेचरदास जीवराज दोशीका अनुमान है कि ये जयराशि भट्ट ही तत्त्वोपप्लववादी अथवा तत्त्वोपप्लवसिंह नामसे कहे जाते थे । तत्त्वोपप्लवके अंतिम दो श्लोक—

ये याता न हि गोचरं सुरगुरोर्बुद्धेर्विकल्पा दृढा
प्राप्यन्ते ननु तेऽपि यत्र विमले पाखण्डदर्पच्छिदि ।
भट्टश्रीजयराशिदेवगुरुभिः सृष्टो महार्थोदय
स्तत्त्वोपप्लवसिंह एष इति यः ख्यातिं परां यास्यति ॥
पाखण्डखण्डनाभिज्ञा ज्ञानोदधिविवर्धिता ।
जयराशेर्जयन्तीह विकल्पा वादिजिष्णवः ॥

पहले श्लोकसे स्पष्ट है कि यही ग्रंथ तत्त्वोपप्लवसिंहके नामसे प्रसिद्ध था ।

देखिये 'पुरातत्त्व' ३-४ पृ २६१ ।

तत् शून्यम् वा अशून्यम् वा ? । शून्यं चेत्, सर्वोपाख्याविरहितत्वात् खपुष्पेणेव नानेन किञ्चित्साध्यते निषिध्यते वा । ततश्च निष्प्रतिपक्षा प्रमाणादितत्त्वचतुष्टयीव्यवस्था । अशून्यं चेत्, प्रक्षीणस्तपस्वी शून्यवाद । भवद्वचनेनैव सर्वशून्यताया व्यभिचारात । तत्रापि निष्कण्टकैव सा भगवती । तथापि प्रामाणिकसमयपरिपालनार्थं किञ्चित् तत्साधनं दूष्यते ॥

तत्र यत्तावदुक्तम् प्रमातु' प्रत्यक्षेण न सिद्धि' इन्द्रियगोचरातिक्रान्तत्वादिति तत्सिद्धसाधनम् । यत्पुनः अहम्प्रत्ययेन तस्य मानसप्रत्यक्षत्वमनैकान्तिकमित्युक्तम् तदसिद्धम् । अहं सुखी अहं दु खी इति अन्तर्मुखस्य प्रत्ययस्य आत्मालम्बनतयैवोपपत्त' । तथा चाहु —

'सुखादि चेत्यमान हि स्वतन्त्र नानुभूयते ।
मतुबर्थानुवेधात्तु सिद्ध ग्रहणमात्मनः ॥
इद सुखमिति ज्ञानं दृश्यते न घटादिवत ।
अहं सुखीति तु ज्ञप्तिरात्मनोऽपि प्रकाशिका ॥' [1]

यत्पुन अहं गौर श्यामः इत्यादिबहिर्मुख प्रत्यय स खल्वात्मोपकारकत्वेन लक्षणाय शरीरे प्रयुज्यते । यथा प्रियभृत्येऽहमिति व्यपदेशः ॥ [2]

वाक्य शून्यरूप है या अशून्यरूप ? यदि यह वाक्य शून्यरूप है तो समस्त इन्द्रियो द्वारा ग्राह्य न होनेसे खरविषाणकी तरह इस वचनके द्वारा न किसीकी सिद्धि हो सकती है और न किसीका निषेध किया जा सकता है । अतएव प्रमाण प्रमेय प्रमिति और प्रमाता इस प्रमाण चतुष्टयका निर्णय निर्विरोध सिद्ध हो जाता है । यदि कहो कि उक्त वाक्य अशून्यरूप है तो तपस्वी शून्यवाद ही नष्ट हो जाता है । क्योकि शून्यवादियोके वचनोको अशून्य माननेसे सर्वशून्यता नहीं बन सकती । अतएव प्रमाण प्रमेय प्रमिति और प्रमाता ये चारो निर्बाध सिद्ध हो जाते हैं ।

(क)—आप लोगोने जो कहा कि प्रमाता इन्द्रियोका विषय नही है इसलिए प्रमाता प्रत्यक्षसे सिद्ध नही होता सो हम भी आत्माको प्रत्यक्षका विषय नही मानते अतएव उक्त कथन हमारे लिय सिद्धसाधन है ।

(ख) अह प्रत्यय से मानस प्रत्यक्षद्वारा आत्माका अस्तित्व स्वीकार करनेमे अनैकातिक दोष नही आता क्योकि मैं सुखी हूँ मै दुखी हूँ इस प्रकारका अतरग ज्ञान आत्मा ही के आधारसे होता है । कहा भी है—

जिसका अनुभव किया जाता है ऐसे सुख आदिका अनुभव स्वतत्ररूपसे अर्थात आत्माके बिना नही किया जाता । सुखी शब्द मत्वर्थीय इत् प्रत्यय लगनसे बना है । सुखमस्यास्मि वास्तीतिसुखी इस निरुक्तिमें जो अस्य पद है वह सुखके आश्रयभूत आत्माका ज्ञान कराता है । अत मतुप प्रत्ययसे सुखके आश्रयभूत आत्मपदार्थका सूचन होनसे सुखी शब्दसे आत्माका ग्रहण होता ह ॥ जिस प्रकार यह घट है ऐसा कहनसे घट पदार्थ दिखाई देता है उसी प्रकार यह सुख है ऐसा कहने पर सुख दिखाई नही देता । अत मैं सुखी हूँ यह ज्ञान आत्माको भी प्रकाशित करता है ।

तथा मैं गोरा हूँ मैं काला हूँ इत्यादि रूप जो बहिर्मुख ज्ञान होता है वह इसी आत्माका उपकार (सुख-दुख आदिका अनुभव करनम सहकारी) होनेसे लक्षणके द्वारा शरीरके विषयम प्रयुक्त किया जाता

१ न्यायमञ्जर्याम ।

२ मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढितोऽथ प्रयोजनात् ।
अन्योर्थो लक्ष्यते यत्सा लक्षणारोपिता क्रिया ।
—काव्यप्रकाशे मम्मट ।

यच्चाहंप्रत्ययस्य कादाचित्कत्वम् तत्रेयं वासना। आत्मा तावदुपयोगलक्षणः[1]। स च साकारानाकारोपयोगयोरन्यतरस्मिन्नियमेनोपयुक्त एव भवति। अहंप्रत्ययोऽपि चोपयोगविशेष एव। तस्य च कर्मक्षयोपशमवैचित्र्यात् इन्द्रियानिन्द्रियालोकविषयादिनिमित्तसव्यपेक्षतया प्रवर्तमानस्य कादाचित्कत्वमुपपन्नमेव। यथा बीजं सत्यामप्यङ्कुरोपजननशक्तौ पृथिव्युदकादिसहकारिकारणकलापसमवहितमेवाङ्कुरं जनयति नान्यथा। न चैतावता तस्याङ्कुरोत्पादने कादाचित्केऽपि तदुत्पादनशक्तिरपि कादाचित्की, तस्याः कथंचिन्नित्यत्वात्। एवमात्मनः सदा सन्निहितत्वेऽप्यहंप्रत्ययस्य कादाचित्कत्वम्॥

यदप्युक्तम् तस्याव्यभिचारि लिङ्गं किमपि नोपलभ्यत इति तदप्यसारं। साध्याविनाभाविनोऽनेकस्य लिङ्गस्य तत्रोपलब्धेः। तथाहि। रूपाद्युपलब्धिः सकर्तृका क्रियात्वात् छिदिक्रियावत्। यश्चास्याः कर्ता स आत्मा। न चात्र चक्षुरादीनां कर्तृत्वम्। तेषां कुठारादिवत् करणत्वेनास्वतंत्रत्वात्। करणत्वं चैषां पौद्गलिकत्वेनाचेतनत्वात् परप्रेर्यत्वात् प्रयोक्तृव्यापारनिरपेक्षप्रवृत्त्यभावात्। यदि हि इन्द्रियाणामेव कर्तृत्वं स्यात् तदा तेषु विनष्टेषु पूर्वानुभूतार्थस्मृतेः मया दृष्टम् स्पृष्टम् घ्रातम् आस्वादितम् श्रुतम् इति प्रत्ययानामेककर्तृकत्वप्रतिपत्तेश्च

है। जैसे अपने प्रिय सेवकमें अहंबुद्धि होती है उसी प्रकार यहाँ अहं प्रत्ययका प्रयोग आत्माके उपकारक शरीरमें होता है।

(ग) अहं प्रत्यय का जो कादाचित्कत्व (अनित्यत्व) है उसके विषयमें यहाँ प्रतिपादन किया गया है। आत्माका लक्षण उपयोग है। वह आत्मा साकार और अनाकार उपयोगमेंसे किसी एक उपयोगमें नियमसे उपयुक्त ही रहती है। अहं प्रत्यय भी एक प्रकारका उपयोग ही है। कर्मके क्षयोपशमके वैचित्र्यके कारण इन्द्रिय मन आलोक विषय आदि निमित्तोंकी अपेक्षा रखकर प्रवृत्त होनेवाले उस अहं प्रत्यय रूप विशिष्ट उपयोगका कादाचित्क (अनित्य) होना ठीक ही है। जिस प्रकार बीजमें अंकुरके उत्पन्न करनेकी शक्तिके सदा विद्यमान रहते हुए भी पृथिवी जल आदि सहकारी सामग्री मिलनेपर ही बीज अंकुरको उत्पन्न करता है सहकारी सामग्रीके अभावमें वह अंकुरकी उत्पत्ति नहीं कर सकता। बीजकी अंकुर उत्पन्न करनेकी क्रियाके कादाचित्क (अनित्य) होनेपर भी बीजकी अंकुर उत्पादन करनेकी शक्तिको कादाचित्क नहीं कह सकते क्योंकि बीजकी वह अंकुर उत्पादन करनेकी शक्ति कथंचित् अनित्य होती है। इसी तरह आत्माके सदा विद्यमान रहनेपर भी कर्मोंके क्षय और उपशमकी विचित्रतासे इन्द्रिय मन आदिके सहकार मिलनेपर ही अहं प्रत्यय होता है जो कादाचित्क (अनित्य) होता है।

(घ) आत्माको सिद्ध करनेवाले अव्यभिचारी हेतुका अभाव जो कहा है, वह भी ठीक नहीं है। क्योंकि जिनका आत्मरूप साध्यके साथ अविनाभावी संबंध विद्यमान है ऐसे अनेक हेतु हैं (१) रूप आदिको जाननेकी क्रियाका कर्ता विद्यमान है क्योंकि रूप आदिको जानना क्रियारूप है जैसे छेदन क्रिया। जैसे छेदन रूप क्रियाका कोई काटनेवाला देखा जाता है उसी तरह रूप आदि रूप क्रियाका कोई कर्ता होना चाहिये। इन रूप आदिको जाननेकी जो क्रिया है उसका कर्ता आत्मा ही है। यदि कहो कि चक्षु आदि इन्द्रियाँ रूप आदिको जाननेकी क्रियाके विषयमें कर्ता हैं इसलिये आत्माके माननेकी आवश्यकता नहीं तो यह ठीक नहीं। क्योंकि जिस प्रकार कुठार आदि करण होनेसे किसी दूसरे कर्ताके आधीन रहते हैं उसी तरह इन्द्रियाँ करण हैं इसलिये वे भी परतंत्र हैं। तथा, इन्द्रियाँ पौद्गलिक होनेसे अचेतन होनेके कारण दूसरेकी प्रेरणासे कार्य करनेके कारण और प्रयोक्ताकी क्रियाकी अपेक्षाके अभावमें उनकी प्रवृत्ति न होनेके कारण वे करणरूप हैं। यदि स्वयं इन्द्रियाँ ही रूप आदिको जाननेकी क्रियाकी कर्ता हों तो इन्द्रियोंके नष्ट होनेपर इन्द्रियोंसे पूर्वकालमें अनुभूत पदार्थोंका स्मरण नहीं

१ बाह्याभ्यन्तरहेतुद्वयसंनिधाने यथासंभवमुपलब्धुश्चैतन्यानुविधायी परिणाम उपयोगः। राजवार्तिके पृ ८२।

कुतः संभवः। किञ्च इन्द्रियाणां स्वस्वविषयनियतत्वेन रूपरसयोः साहचर्यप्रतीतौ न सामर्थ्यम्। अस्ति च तथाविधफलादे रूपग्रहणानन्तरं तत्सहचरितरसानुस्मरणम्, दन्तोदकसंप्लवान्यथानुपपत्तेः। तस्मादुभयोर्गवाक्षयोरन्तर्गतः प्रेक्षक इव द्वाभ्यामिन्द्रियाभ्यां रूपरसयोर्द्रष्टा कश्चिदेकोऽनुमीयते। तस्मात्करणान्येतानि यश्चैषां व्यापारयिता स आत्मा ॥

तथा साधनोपादानपरिवर्जनद्वारेण हिताहितप्राप्तिपरिहारसमर्था चेष्टा प्रयत्नपूर्विका विशिष्टक्रियात्वात् रथक्रियावत्। शरीरं प्रयत्नवदधिष्ठितम् विशिष्टक्रियाश्रयत्वात् रथवत्। यश्चास्याधिष्ठाता स आत्मा सारथिवत्। तथात्रैव पक्षे इच्छापूर्वकविकृतवाय्वाश्रयत्वाद् भस्त्रावत्। वायुश्च प्राणापानादिः। यश्चास्याधिष्ठाता स आत्मा भस्त्राध्मापयितृवत्। तथात्रैव पक्षे इच्छाधीननिमेषोन्मेषवदवयवयोगित्वाद् दारुयन्त्रवत्। तथा शरीरस्य वृद्धिक्षतभग्नसंरोहणं च प्रयत्नवत्कृतम् वृद्धिक्षतभग्नसंरोहणत्वाद् गृहवृद्धिक्षतभग्नसंरोहणवत्। वृक्षादिगतेन वृद्ध्यादिना व्यभिचार इति चेत् न। तेषामपि एकेन्द्रियजन्तुत्वेन सात्मकत्वात्। यश्चैषां कर्ता स आत्मा गृहपतिवत्। वृक्षादीनां च सात्मकत्वमाचाराङ्गादेरवसेयम्। किंचिद्वक्ष्यते च ॥

तथा प्रेर्यं मनः अभिमतविषयसम्बन्धनिमित्तक्रियाश्रयत्वाद् दारकहस्तगतगोलकवत्। यश्चास्य प्रेरकः स आत्मा इति। तथा आत्मचेतनक्षेत्रज्ञजीवपुद्गलादयः पर्याया न निर्वि-

---

होना चाहिये। तथा मैंने देखा मैंने छुआ मैंने सूँघा मैंने चाखा मैंने सुना इस प्रकार विविध इन्द्रियोंसे उत्पन्न होनेवाला ज्ञान एक कर्ताके साथ संबद्ध नहीं हो सकता। तथा प्रत्येक इन्द्रियका विषय अलग अलग है इसलिये रूप और रसका एक साथ ज्ञान करनेमें वे समर्थ नहीं हैं परन्तु हम देखते हैं कि आम वगैरह फलके देखते ही मुहमें पानी आ जानेसे साथ ही साथ आमके रसका भी अनुभव होता है। अतएव दो खिडकियोंमेंसे देखनेवाले प्रेक्षककी तरह दो इन्द्रियों (नेत्र और रसना) द्वारा रूप और रसको अनुभव करनेवाला एक आत्मा ही है। इसलिये ये इन्द्रियाँ करण हैं और इन इन्द्रियोंका प्रेरक आत्मा है।

(२) हित रूप साधनोंका ग्रहण और अहित रूप साधनोंका त्याग प्रयत्नपूर्वक ही होता है क्योंकि यह क्रिया है। जितनी क्रिया होती हैं वे सब यत्नपूर्वक होती हैं। जैसे रथकी चलनेकी क्रिया सारथिके प्रयत्नसे होती है वैसे ही शरीरको नियत दिशामें लेजानेवाली चेष्टा आत्माके प्रयत्नसे होती है। यही आत्मा रथको चलानेवाले सारथिकी तरह कर्ता है। (३) जिस प्रकार वायुकी सहायतासे कोई पुरुष धोकनीको फँकता है वैसे ही इच्छापूर्वक श्वासोच्छ्वास रूप वायुसे शरीर रूपी धोकनीको फूकनेवाला शरीरका अधिष्ठाता आत्मा है। (४) जिस प्रकार लकडीके बने मशीनके खिलौनेकी आखोंका खुलना और बंद होना किसी कर्ताके अधीन रहता है उसी प्रकार शरीर रूपी यन्त्रका कर्ता किसी आत्माको स्वीकार करना चाहिये। (५) जैसे घरका बनाना फोडना और टूटे हुएकी मरम्मत करना आदि किसी कर्ताद्वारा किये जाते हैं उसी प्रकार शरीरकी वृद्धि हानि घावका भर जाना आदि कार्य आत्माके स्वीकार करनेसे ही बन सकते हैं। यदि कहो कि वृक्ष आदिमें जो वृद्धि हानि होती है उसका कोई अधिष्ठाता नहीं देखा जाता तो यह ठीक नहीं। क्योंकि वृक्ष आदि एकेन्द्रिय जीव हैं इसलिए उनमें भी आत्मा है। वृक्ष आदिमें आत्माकी सिद्धि आचारांग (१-१-५) से जाननी चाहिये। इसका वर्णन आगे भी किया जायगा (देखिये श्लोक २९ की व्याख्या)।

(६) तथा जिसप्रकार बालकके हाथकी गेंद अभिमत विषयके साथ होनेवाले संबंध की निमित्तभूत क्रियाका आश्रय होनेसे प्रेर्य (प्रेरित करनेके योग्य—फेंकने के योग्य) होती है अर्थात् जिस प्रकार दीवार पर

---

१ आचाराङ्गसूत्रश्रुतस्कंधे १-१-५

यथा, पर्यायत्वात्, घटकुटकलशादिपर्यायवत्। व्यतिरेके षष्ठभूतादि। यश्चैषां विषय स आत्मा। तथा अस्त्यात्मा असमस्तपर्यायवाच्यत्वात्। यो योऽसाङ्कतिकशुद्धपर्यायवाच्य, स सोऽस्तित्व न व्यभिचरति यथा घटादि। व्यतिरेके खरविषाणनभोऽम्भोरुहादयः। तथा सुखादीनि द्रव्याश्रितानि गुणत्वाद् रूपवत्। योऽसौ गुणी स आत्मा। इत्यादिलिङ्गानि। तस्मादनुमानतोऽप्यात्मा सिद्ध ॥

आगमानां च येषां पूर्वापरविरुद्धार्थत्वम् तेषामप्रामाण्यमेव। यस्त्वाप्तप्रणीत आगम स प्रमाणमेव कषच्छेदतापलक्षणोपाधित्रयविशुद्धत्वात्। कषादीनां च स्वरूप पुरस्ताद्वक्ष्यामः। न च वाच्यमाप्तः क्षीणसर्वदोषः तथाविध चाप्तत्वं कस्यापि नास्तीति। यत रागादयः कस्य चिदत्यन्तमुच्छिद्यन्ते अस्मदादिषु तदुच्छेदप्रकर्षापकर्षोपलम्भात् सूर्याद्यावरकजलदपटलवत्। तथा चाहु —

पटकनकी इच्छासे बालक जिस गदको अपन हाथम लेता है वह गेंद दीवारकी ओर जानेकी क्रियाका आश्रय होनवाली होनसे प्रय-पटकन योग्य होती है उसी प्रकार मन अभिमत विषयके साथ होनवाले सबधकी निमित्त भूत क्रियाका आश्रय होनसे प्रम है। इस मनकी प्रेरक आत्मा है। (७) तथा जिस प्रकार घट कुट कलश आदि पर्याय पर्यायरूप होनसे निराश्रय नही हाती (उनका उपादानभूत मृत्तिका रूप विद्यमान होता है) उसी प्रकार आत्मा चतन क्षत्रज्ञ जीव पुद्गल (पुद्गल-सज्ञक जीव द्रव्य) आदि (निष्पर्यय द्रव्य) पर्याय पर्यायरूप होनसे निराश्रय (उपादानके बिना) नही होती। (साध्यके अभावमे जब साधनका अभाव बताया जाता है तब व्यतिरेकदृष्टात होता ह)। षष्ठभूत आदिका अभाव होन पर उनकी पर्यायोंका अभाव होना व्यतिरेकदृष्टांत है। (तात्पय यह कि जिस प्रकार षष्ठभूतका अभाव होनके कारण उसकी पर्यायोके द्वारा षष्ठभूतके अस्ति वकी सिद्धि नही की आ सकती उसी प्रकार पर्यायका अभाव होनसे पर्यायी आ माके अभावकी सिद्धि नही की जा सकती। आत्माकी पर्यायोंका सद्भाव हानसे उनके द्वारा आत्माकी सिद्धि की जा सकती ह।) इन चतन आत्मा आदि पर्यायोंका आश्रय आत्मा ह। (८) तथा आत्मा अस्तिरूप है क्योकि वह अपनी अनारोपित शुद्ध पर्यायके द्वारा वाच्य कहा जाता ह। (असमस्त अर्थात् अमिश्रित-शुद्ध। सोन और ताबेके मिश्रणसे बनाय आभूषणसे जिस प्रकार शुद्ध सुवर्णका ज्ञान नही होता उसी प्रकार आत्माकी अशुद्ध पर्यायसे शुद्ध आत्माका ज्ञान नहीं होता—आत्माकी शुद्ध पर्यायसे ही आत्माका ज्ञान होता ह)। जो अनारोपित शुद्ध होनसे जिसपर शुद्धत्वका आरोप नही किया गया होता ऐसी शुद्ध पर्यायके द्वारा वाच्य होता है वह अस्तित्वरहित नही होता जैसे घट आदि (घट आदिके कपाल आदि शुद्ध पर्यायके द्वारा जिस प्रकार घट आदिका ज्ञान होता है उसी प्रकार आत्माकी शुद्ध पर्यायके द्वारा शुद्ध आत्माका ज्ञान होता है)। खरविषाण आकाशपुष्प आदिका अभाव होनेसे उनकी अनारोपित शुद्ध पर्यायों का अभाव होना यह व्यतिरकदृष्टांत ह। (तात्पय यह कि जिस प्रकार खरविषाण आदिका अभाव होनेसे उनकी शुद्ध पर्यायोका अभाव होनेके कारण उन पर्यायोंके द्वारा खरविषाण आदि वाच्य नही होते उसी प्रकार आत्माकी शुद्ध पर्यायका अभाव न होनेसे-सद्भाव होनसे-उसके द्वारा आत्मा वाच्य होती है)। (९) तथा जिसप्रकार रूप गुण होनसे द्रव्यकें आश्रित होता है उसी प्रकार सुख आदि गुण होनेसे द्रव्यके आश्रित होते हैं। जो गुणोंका आश्रय है वह आत्मा है। इस प्रकार आत्माके अस्तित्वको सिद्ध करनेवाले अनेक हेतुओंका सद्भाव पाया जाता है। अतएव अनुमानसे भी आत्माकी सिद्धि होती हैं।

तथा आप लोगोंने जो आगमोंका परस्पर विरोध दिखलाया वह भी ठीक नहीं। क्योंकि हम आप्तके द्वारा प्रणीत आगमको ही प्रमाण मानते हैं परस्पर विरुद्ध अर्थके प्रतिपादन करनेवाले आगमको नहीं। आप्तकथित आगममें कष छेद और ताप रूप उपाधियोंका निषेध किया गया है, इसलिये वह आगम प्रमाण है। (कष आदिका स्वरूप बत्तीसवें श्लोककी व्याख्यामें बताया गया है)। शंका—जिसके सम्पूर्ण

"देशतो नाशिनो भावा दृष्टा निखिलनश्वराः ।
मेघपङ्क्त्यादयो यद्वत् एवं रागादयो मताः ॥"

इति । यस्य च निरवयवतयैते विलीनाः स एवाप्तो भगवान् सर्वज्ञ ॥

अथ अनादित्वाद् रागादीनां कथं प्रक्षयः इति चेत् । न । उपायतस्तद्भावात् । अनादेरपि सुवर्णमलस्य क्षारमृत्पुटपाकादिना विलयोपलम्भात् । तद्वदेवानादीनामपि रागादिदोषाणां प्रतिपक्षभूतरत्नत्रयाभ्यासेन विलयोपपत्त । क्षीणदोषस्य च केवलज्ञानाव्यभिचारात् सर्वज्ञत्वम् ॥

तत्सिद्धिस्तु-ज्ञानतारतम्य क्वचिद् विश्रान्तम् तारतम्यत्वात्, आकाशे परिमाणतारतम्यवत् । तथा सूक्ष्मान्तरितदूरार्था कस्यचित्प्रत्यक्षा[1], अनुमेयत्वात्, क्षितिधरकन्दराधिकरणधूमध्वजवत् । एव चन्द्रसूर्योपरागादिसूचकज्योतिर्ज्ञानाविसंवादान्यथानुपपत्तिप्रभृतयोऽपि हेतवो वाच्या । तदेवमाप्तेन सर्वविदा प्रणीत आगमः प्रमाणमेव । तदप्रामाण्य हि प्रणायकदोषनिबन्धनम् ।

रागाद्वा द्वेषाद्वा मोहाद्वा वाक्यमुच्यते ह्यनृतम् ।

दोष क्षय हो गय हो उसे आप्त कहते हैं ऐसा आप्त होना सभव नहीं है । समाधान—राग आदि दोष किसी जीवमें सर्वथा नष्ट हो जाते ह क्योकि हमलोगोंम राग आदि दोषोकी हीनाधिकता देखी जाती ह । जिसकी हीनाधिकता देखी जाती है उसका सवथा नाश होना सभव है । जिस प्रकार सूयको आच्छादित करने वाले बादलोंमें हीनाधिकता पायी जाती है इसलिये कहीं पर बादलोका सवथा नाश भी सभव है इसी तरह राग आदि दोषोंमें हीनाधिकता रहनेके कारण कही पर राग आदिका सवथा विनाश भी सभव है । कहा भी है—

जो पदार्थ एक देशसे नाश होते हैं उनका सवथा नाश भी होता है । जिस प्रकार मेघोंके पटलोका आंशिक नाश होनसे उनका सवथा नाश भी होता है इसी प्रकार राग आदिका आंशिक नाश होनसे उनका भी सर्वथा नाश होता ह ।

जिस पुरुषविशेषम राग आदिका सम्पूण रीतिसे नाश हो जाता है वही पुरुष विशेष आप्त भगवान् सर्वज्ञ है ।

शका—राग आदि दोष अनादि हैं इसलिये उनका क्षय नही हो सकता । समाधान—जिस प्रकार अनादि सुवणके मलका खार मिट्टीके पुटपाक आदिसे नाश हो जाता है उसी तरह अनादि राग आदि दोषोका सम्यग्दशन सम्यग्ज्ञान और सम्यकचारित्र रूप रत्नत्रयकी भावनासे नाश हो जाता है । जिस पुरुषके सम्पूर्ण दोष नष्ट हो जाते हैं उसके केवलज्ञानकी उत्पत्ति होती है अतएव वीतराग भगवान् सर्वज्ञ हैं ।

सर्वज्ञसिद्धि–(क) ज्ञानकी हानि और वृद्धि किसी जीवमे सर्वोत्कृष्ट रूपमे पायी नहीं जाती है, हानि वृद्धि होनेसे । जैसे आकाशम परिमाणकी सर्वोत्कृष्टता पायी जाती है वैसेही ज्ञानकी सर्वोत्कृष्टता सर्वज्ञम पायी जाती है । (ख) स्वभावसे दूर परमाणु आदि सूक्ष्म पदार्थ देशसे दूर सुमेरु पर्वत आदि तथा कालसे दूर राम रावण आदि किसीके प्रत्यक्ष होत हैं अनुमय होनसे । जो अनुमेय होते हैं वे किसीके प्रत्यक्ष होते है । जिस प्रकार पवतकी गुफाकी अग्नि अनुमानका विषय होनेसे किसी न किसीके प्रत्यक्ष होती है इसी प्रकार हमारे प्रत्यक्षज्ञानके बाह्य परमाणु आदि किसी न किसीके प्रत्यक्ष अवश्य होने चाहिये । इसी प्रकार चन्द्र और सूर्यके ग्रहणको बतानेवाले ज्योतिषशास्त्रकी सत्यता आदिसे भी सर्वज्ञकी होती है । इसलिये सर्वज्ञ आप्तका बनाया हुआ आगम ही प्रमाण है । जिस आगमका बनानेवाला सदोष होता है वही आगम अप्रमाण होता है । कहा भी है—

---

१. उपरागो ग्रहो राहुग्रस्ते त्विन्दौ च पूष्णि च । इत्यमर ।

यस्य तु नैते दोषास्तस्यानृतकारणं किं स्यात् " ॥

इति वचनात्। प्रणेतुश्च निर्दोषत्वमुपपादितमेवेति सिद्ध आगमादप्यात्मा 'एगे आया '[1] इत्यादि वचनात्। तदेवं प्रत्यक्षानुमानागमैः सिद्धः प्रमाता ॥

प्रमेयं चानन्तरमेव बाह्यार्थसाधने साधितम्। तत्सिद्धौ च प्रमाणं ज्ञानम्, तच्च प्रमेयाभावे कस्य ग्राहकमस्तु निर्विषयत्वात् इति प्रलापमात्रम्, करणमन्तरेण क्रियासिद्धेरयोगाद् लवनादिषु तथादर्शनात्। यच्च, अर्थसमकालमित्याद्युक्तम् तत्र विकल्पद्वयमपि स्वीक्रियत एव। अस्मदादिप्रत्यक्षं हि समकालार्थाकलनकुशलम्। स्मरणमतीतार्थस्य ग्राहकम्। शब्दानुमाने च त्रैकालिकस्याप्यर्थस्य परिच्छेदके। निराकारं चैतद् द्वयमपि। न चातिप्रसङ्गः, स्वज्ञानावरणवीर्यान्तरायक्षयोपशमविशेषवशादेवास्य नैयत्येन प्रवृत्तेः। शेषविकल्पानामस्वीकार एव तिरस्कारः ॥

प्रमितिस्तु प्रमाणस्य फलं स्वसंवेदनसिद्धैव। न ह्यनुभवेऽप्युपदेशापेक्षा। फलं च द्विधा आनन्तर्यपारम्पर्यभेदात्। तत्रानन्तर्येण सर्वप्रमाणानामज्ञाननिवृत्तिः फलम्। पारम्पर्येण केवलज्ञानस्य तावत् फलमौदासीन्यम्। शेषप्रमाणानां तु हानोपादानोपेक्षाबुद्धयः। इति सुव्यवस्थितं प्रमात्रादिचतुष्टयम्। ततश्च—

राग द्वेष और मोहके कारण असत्य वाक्य बोले जाते हैं। जिस पुरुषके राग द्वेष और मोहका अभाव है वह पुरुष असत्य वचन नही कह सकता।

अतएव आगमोके प्रणेताके निर्दोष सिद्ध होनेपर आगमसे भी आत्मा एक है इत्यादि वचनोंसे आत्माकी सिद्धि होती है। इसलिये प्रत्यक्ष अनुमान और आगम आत्माको सिद्ध करते हैं।

(२) बाह्य पदार्थोंके अस्तित्व सिद्ध करनेके प्रसंगमें पिछली कारिकामें प्रमेयकी सिद्धि की जा चुकी है। (३) प्रमेयकी सिद्धि होनेपर ज्ञानके प्रमिति क्रियाके करणत्वकी सिद्धि हो जाती है। प्रमिति क्रियाका कारणभूत स्वपरावभासक ज्ञान प्रमेयके अभावमें निर्विषय (प्रमेयशून्य) होनेसे किसका ग्राहक होगा ? यह कथन प्रलापमात्र है। क्योंकि प्रमाणको न माननेसे प्रमिति क्रियाके करणका अभाव हो जानेके कारण प्रमेयके अभावमें ज्ञान जान नही सकता —इस अभिप्रायको जाननेकी क्रियाकी सिद्धि जिस प्रकार कुठार आदि रूप करणके अभावमें छेदन आदि क्रियाकी सिद्धि नही होती उसी प्रकार नही हो सकती। ज्ञानका काल और पदार्थका काल समान होनेपर ज्ञान प्रमेयको जानता है या भिन्न होनेपर ? यह जो आपलोगोंने कहा है तो हम दोनो ही विकल्पोको स्वीकार करते हैं। हमलोगोंके मतमें प्रत्यक्ष प्रमाण ज्ञानके कालमें रहनेवाले (विद्यमान) पदार्थोंका स्मरण अतीत कालीन पदार्थोंका तथा शब्द और अनुमान तीनो कालके पदार्थोंका ज्ञान करनेमें कुशल होते हैं। शब्द और अनुमान तीनो कालोंमें विद्यमान पदार्थको जाननेवाले होते हैं। दोनो ही ज्ञान पदार्थके आकारसे रहित होते हैं। यहाँ अतिप्रसंग दोष नही आता। क्योंकि इस ज्ञानकी पदार्थोंको जाननेकी जो प्रवृत्ति होती है वह अपने अपने ज्ञानावरण और वीर्यान्तराय कर्मोंके विशिष्ट क्षयोपशमके कारण होती है। शून्यवादका स्थापन करनेमें जो दूसरे विकल्प प्रतिपादित किये गये हैं उनको न मानना ही शून्यवादका तिरस्कार करना है।

(४) प्रमाणकी फलभूत प्रमिति स्वसंवेदन प्रत्यक्ष अर्थात् अनुभवसे सिद्ध ही है। अतएव प्रमितिको सिद्ध करनेके लिये प्रमाणकी आवश्यकता नहीं है। प्रमाणका फल साक्षात् और परम्पराके भेदसे दो प्रकारका होता है। पदार्थविषयक अज्ञानकी निवृत्ति सभी प्रमाणोंका साक्षात् फल है। केवलज्ञानका परम्पराफल संसारसे उदासीन होना है केवलज्ञानके अतिरिक्त शेष प्रमाणोंका परम्पराफल इष्टानिष्ट पदार्थों को छोड़ना ग्रहण करना तथा उपेक्षा करना है। अतएव प्रमाता प्रमेय प्रमाण और प्रमिति ये चारो पदार्थ

---

१ स्थानाङ्गसूत्रे १-१। प्रकृतार्थतया असंख्यातप्रदेशोऽपि जीवो द्रव्यार्थतया एक इति अभयदेवसूरिटीकायां।

'नासन्न सन्न सदसन्न चाप्यनुभयात्मकम्।
चतुष्कोटिविनिर्मुक्त तत्त्वं माध्यमिका विदु' ॥

इत्युन्मत्तभाषितम् ॥

किञ्च, इद प्रमात्रादीनामवास्तवत्वं शून्यवादिना वस्तुवृत्त्या तावदेष्टव्यम्। तथासौ प्रमाणात् अभिम यते अप्रमाणाद्वा ? न तावदप्रमाणात् तस्याकिञ्चित्करत्वात्। अथ प्रमाणात् तत्र अवास्तव ग्राहक प्रमाण सांवृतमसांवृतम् वा स्यात् ? यदि सांवृतम् कथं तस्माद् वास्तवाद् वास्तवस्य शून्यवादस्य सिद्धि । तथा तदसिद्धौ च वास्तव एव समस्तोऽपि प्रमात्रादिव्यवहार प्राप्त । अथ तद्ग्राहक प्रमाण स्वयमसांवृतम् तर्हि क्षीणा प्रमात्रादिव्यवहारावास्तवत्वप्रतिज्ञा तेनैव व्यभिचारात्। तदेवं पक्षद्वयेऽपि इतो व्याघ्र इतस्तटी" इति न्यायेन व्यक्त एव परमाथत स्वाभिमतसिद्धिविरोध॰ ॥ इति काव्याथ ॥१७॥

सिद्ध होते हैं। इसलिये—

जो न असत् हो न सत् हो न सत् असत हो और न सत्–असत्के अभाव रूप हो इस प्रकार माध्यमिक (शून्यवादी) लोगोका चारो कोटियोसे रहित तत्त्वको स्वीकार करना केवल उन्मत्त पुरुषके प्रलापकी भाँति है।

तथा शन्यवादीको प्रमाता प्रमेय आदिकी अवास्तविकता परमाथत इष्ट है। यह अवास्तविकता शन्यवादी प्रमाणसे सिद्ध करते ह अथवा अप्रमाणसे ? अप्रमाणसे प्रमाण आदिकी अस यता सिद्ध नही की जा सकती क्योकि अप्रमाण अकिंचित्कर है। दूसरे पक्षम प्रमाण आदिको अवास्तव सिद्ध करनेवाला प्रमाण स्वय सावृत (असत्य) है या असावृत (सत्य) ? यदि प्रमाण असत्य है तो अवास्तव प्रमाणसे वास्तव शन्यवादकी स्थापना नही की जा ‍ कती। तथा शन्यवादकी सिद्धि न होने पर सपण प्रमाता प्रमय आदि का व्यवहार वास्तव सिद्ध हो जाता है। यदि प्रमाता आदिको अवास्तविक सिद्ध करनेवाला प्रमाण स्वय वास्तविक है तो प्रमाता प्रमेय प्रमाण और प्रमितिके व्यवहारको तो आप असत्य कहते हैं वह नही बन सकता। क्योंकि उस वास्तव प्रमाणके साथ व्यभिचार होनका दोष आता है। अतएव एक तरफ व्याघ्र है दूसरी ओर नदी इस न्यायसे प्रमाण और अप्रमाण दोनो पक्षोके स्वीकार करनम श यवादियोके स्वाभिमत सिद्धिका विरोध वास्तवम स्पष्ट ही है। यह इलोकका अर्थ है ॥१७॥

भावाथ–शून्यवादी—सब पदाथ शन्य हैं क्योकि प्रमाता प्रमेय प्रमाण और प्रमिति अवस्तु हैं। (क) प्रमाता (आ मा) इन्द्रियोका विषय नही हो सकता अतएव प्रत्यक्षसे आत्माकी सिद्धि नहीं होती। अनुमान भी आत्माको सिद्ध नही करता क्योकि किसी भी हेतुसे आ माकी सिद्धि नहीं होती। आगम परस्पर विरोधी हैं इसलिये आगम भी आत्माको सिद्ध नही कर सकता। (ख) प्रत्यक्ष और अनुमान प्रमाणसे बाह्य पदार्थोंकी सिद्धि नही हो सकती। अविद्याकी वासनासे ही बाह्य पदार्थोंके अभावम घट पट आदि पदार्थोंका ज्ञान होता है अतएव प्रमेय भी कोई पदार्थ नही है। (ग) प्रमेयके अभाव

१ न स्वतो नापि परतो न द्वाभ्यां नाप्यहेतुत ।
उत्पन्ना जातु विद्यन्ते भावा क्वचन केचन ॥
माध्यमिककारिकायां।

२ संवृतेर्लक्षणम्—
अभूत ख्यापयत्यर्थं भूतमावृत्य वतते।
अविद्या जायमानेव कामलातंकवृत्तिवत्
बोधिचर्यावतारपञ्जिकायाम् ३५२

अधुना क्षणिकवादिनां ऐहिकामुष्मिकव्यवहारानुपपन्नार्थसमर्थनमविमृश्यकारित्वं दर्श-यन्नाह—

कृतप्रणाशाकृतकर्मभोगभवप्रमोक्षस्मृतिभङ्गदोषान् ।
उपेक्ष्य साक्षात् क्षणभङ्गमिच्छन्नहो महासाहसिक परस्ते ॥ १८ ॥

कृतप्रणाशदोषम् अकृतकर्मभोगदोषम् भवभङ्गदोषम् प्रमोक्षभङ्गदोषम् स्मृतिभङ्गदोष-मित्येतान् दोषान् । साक्षादित्यनुभवसिद्धान् । उपेक्ष्यानादृत्य । साक्षात् कुर्वन्नपि गजनिमी-लिकामवलम्बमान [1] । सर्वभावानां क्षणभङ्गम् उदयानन्तरविनाशरूपां क्षणक्षयिताम् । इच्छन् प्रतिपद्यमानः । ते तव । परः प्रतिपक्षी वैनाशिकः सौगत इत्यर्थ । अहो महासाहसिकः सहसा

होनेपर प्रमाण भी नही बन सकता । (घ) प्रमाणके अभावमे प्रमिति भी नही सिद्ध हो सकती । अतएव सर्वथा शून्य मानना ही वास्तविक तत्त्व है । क्योकि अनुमान और अनुमेयका व्यवहार बुद्धिजन्य है । वास्तव में बुद्धिके बाहर सत् और असत् कोई वस्तु नही । अतएव न सत न असत् न सत् असत् और न सत-असत् का अभाव रूप ही वास्तवमें परमार्थ है ।

जैन—प्रमाता प्रमेय प्रमाण और प्रमिति प्रत्यक्ष अनुमान आदि प्रमाणोसे सिद्ध होते हैं । (क) मैं सुखी हूं मैं दुखी हूं आदि अह प्रत्यय से प्रमाता सिद्ध होता है । (ख) बाह्य पदार्थोका ज्ञान अनुभवसे सिद्ध है । तथा बाह्य पदार्थोंके अनुभव होनेपर ही वासना बन सकती है । अतएव प्रमेय भी स्वीकार करना चाहिये । (ग) प्रमेयके सिद्ध होनेपर प्रमाण भी अवश्य मानना चाहिये । जैसे कुठारसे काटनेकी क्रिया हो सकती है वैसे जानने रूप क्रियाका भी कोई करण होना चाहिये । (घ) पदाथको जानते समय पदार्थ सबधी अज्ञानका नाश होना ही प्रमाणका साक्षात फल है अतएव प्रमिति भी मानना चाहिये । तथा शून्यवादी लोग प्रमाता आदिको प्रमाण अथवा अप्रमाण किसीसे भी सिद्ध नहीं कर सकते । अप्रमाण अकिं चित्कर है इसलिय अप्रमाणसे प्रमाता आदि सिद्ध नही हो सकत । इसी तरह प्रमाणसे भी प्रमाता आदि सिद्ध नहीं होते क्योकि शून्यवादियोंके मतम स्वय प्रमाण ही अवस्तु है । तथा जिस प्रमाणसे शून्यवादी लोग अपन पक्षकी सिद्धि करते हैं वह प्रमाण बिना प्रमयके नही बन सकता क्योकि प्रमाण निर्विषय नहीं होता अतएव शून्यवादियोको मौन रहना ही श्रेयस्कर है ।

क्षणिकवादियोके मतमें इस लोक और परलोककी व्यवस्था नहीं बन सकती । अतएव उनके मतको अविचारपूर्ण सिद्ध करते हैं—

श्लोकार्थ—आपके प्रतिपक्षी क्षणिकवादी बौद्ध क्षणिकवादको स्वीकार करके किये हुए कर्मोंके फलको न भोगना अकृत कर्मोंके फलको भोगनके लिये बाध्य होना परलोकका नाश मुक्तिका नाश तथा स्मरण शक्तिका अभाव इन दोषोकी उपेक्षा करके अपने सिद्धांतको स्थापित करनेका महान् साहस करते हैं ।

व्याख्यार्थ—जिस प्रकार हाथी आँखोंको बन्द करके जलपान करता है वैसे ही ससार मोक्ष आदिका साक्षात् अनुभव करते हुए भी सम्पूर्ण पदार्थोंको क्षणस्थायी माननेवाले प्रतिपक्षी बौद्ध (१) किये हुए कर्मोंका नाश (२) नहीं किये हुए कर्मोका भोग (३) संसारका क्षय (४) मोक्षका नाश और

---

१ यथा गजो नेत्रे निमील्य जलपानादि करोति नेत्रनिमीलनेन न किंचित्करोमीति भावयति च तद्वदयं वादी कृतप्रणाशादीन् दोषान् साक्षादनुभवन् सर्वभावानां क्षणभङ्गुरतां प्रतिपद्यते ।

अविमर्शितत्वेन बलेन वर्तते साहसिकः । अविमृश्यकारित्वेन यः प्रवर्तते स एवमुच्यते । महांश्चासौ साहसिकश्च महासाहसिकोऽत्यन्तमविमृश्य प्रवृत्तिकारी । इति मुकुलितार्थः ॥

विवृतार्थस्त्वयम् । बौद्धा बुद्धिक्षणपरम्परामात्रमेवात्मानमामनन्ति न पुनर्मौक्तिककणनिकरानुस्यूतैकसूत्रवत् तदन्वयिनमेकम् । तन्मते येन ज्ञानक्षणेन सदनुष्ठानमसदनुष्ठानं वा कृतम् तस्य निरन्वयविनाशान्न तत्फलोपभोगः । यस्य च फलोपभोगः तेन तत् कर्म न कृतम् । इति प्राच्यज्ञानक्षणस्य कृतप्रणाशः, उत्तरज्ञानक्षणस्य चाकृतकर्मभोगः, स्वयमकृतस्य परकृतस्य कर्मणः फलोपभोगादिति । अत्र च कर्मशब्दः उभयत्रापि योज्यः तेन कृतप्रणाश इत्यस्य कृतकर्मप्रणाश इत्यर्थो दृश्यः । बन्धानुलोम्याच्चैवमुपन्यासः ॥

तथा भवभङ्गदोषः । भव आजवीभावलक्षणः संसारः तस्य भङ्गो विलोपः । स एव दोषः क्षणिकवादे प्रसज्यते । परलोकाभावप्रसङ्ग इत्यर्थः । परलोकिनः कस्यचिदभावात् । परलोको हि पूर्वजन्मकृतकर्मानुसारेण भवति । तच्च प्राचीनज्ञानक्षणानां निरन्वयनाशात् केन नामोपभुज्यतां जन्मान्तरे ॥

यच्च मोक्षाकरगुप्तेन "यच्चित्तं तच्चित्तान्तरं प्रतिसन्धत्ते यथेदानीन्तनं चित्तं चित्तं च

---

(५) स्मृतिका अभाव इन दोषोंकी उपेक्षा करते हुए क्षणवादके सिद्धान्तको प्रतिपादन करनेका महान् साहस करते हैं ।

(१) बौद्ध लोग विचारके क्षणोंकी परम्पराको आत्मा मानते हैं । जिस प्रकार एक सूतका डोरा बहुतसे मोतियोंमें प्रविष्ट होकर सब मोतियोंकी एक माला बनाता है उस तरह बौद्धोंके मतमें विचारके सम्पूर्ण क्षणोंमें अन्वित होनेवाली किसी एक वस्तुको आत्मा स्वीकार नहीं किया गया है । अतएव बौद्ध मतमें जिस विचारके क्षणसे अच्छे या बुरे कर्म किये जाते हैं उस विचार क्षणके सर्वथा नष्ट हो जानेसे अच्छे या बुरे कर्म करनेवाले मनुष्यको उन अच्छे बुरे कर्मोंका फल न मिलना चाहिये । क्योंकि फल भोगनेवाले मनुष्यने उन कर्मोंको किया ही नहीं है । कारण कि जिस पूर्व विचारके क्षणसे कर्म किया गया था वह क्षण सर्वथा नष्ट हो चुका है । अतएव मनुष्यको अपने कर्मोंके फलका उपभोग नहीं करना चाहिये । (२) तथा क्षणिकवादमें जिस विचारक्षणने कर्मोंको नहीं किया उस विचारक्षणको कर्मोंके फलको भोगनेके लिये बाध्य होनेके कारण स्वयं नहीं किये हुए दूसरोंके कर्मोंको भोगनेसे अकृत कर्मभोग नामका दोष आता है । यहाँ जिस प्रकार श्लोकके प्रथम पंक्तिमें अकृतकर्मभोग में कर्म शब्दका संबंध है उसी तरह कृतप्रणाश में भी कर्म शब्द जोड़कर कृतकर्मप्रणाश अर्थ करना चाहिये ।

(३) क्षणिकवादमें परलोक का अभाव होनेका प्रसंग उपस्थित होता है क्योंकि परलोकको प्राप्त होनेवालेका अभाव है । पूर्वजन्ममें किये गये कर्मके अनुसार ही परलोककी प्राप्ति होती है । तथा क्षणिकवादियोंके मतमें पूर्वजन्ममें किये गये कर्मका प्राचीन ज्ञानक्षणोंका निरन्वय नाश हो जानेसे अन्य जन्ममें किसके द्वारा उपभोग किया जायगा ? अतएव बौद्ध मतमें परलोकी (आत्मा) के अभाव होनेसे परलोककी भी सिद्धि नहीं होती ।

मोक्षाकरगुप्त (बौद्ध)— वर्तमानकालीन चित्तक्षणके समान जो चित्तक्षण होता है वह अन्य

---

१ सन्तानस्यैकमाश्रित्य कर्ता भोक्तेति देशितं ॥
यथैव कदलीस्तम्भो न कश्चिद्भागशः कृतः । तथाहमप्यसद्भूतो मृग्यमाणो विचारतः ॥
बोधिचर्यावतारे ९, ७३, ७५ ।

२ कश्चिन्नियतमर्यादाऽवस्थव परिकीर्त्यते ।
तस्यादर्शनादस्तीति न वाच्या पर मर्त्य इहेति च ॥ तत्त्वसंग्रहे १८७३ ।

मरणकालभावि" इति भवपरम्परासिद्धये प्रमाणमुक्तम्, तदप्यपार्थम्, चित्तक्षणानां निरवशेष नाशिनां चित्तान्तरप्रतिसंधानायोगात्। द्वयोरवस्थितयोर्हि प्रतिसंधानमुभयानुगामिना केन-चित् क्रियते। यश्चानयोः प्रतिसंधाता, स तैर्न नाभ्युपगम्यते। स ह्यात्मान्वयी ॥

न च प्रतिसंधत्ते इत्यस्य जनयतीत्यर्थः कार्यहेतुप्रसङ्गात्। तेन वादिनास्य हेतोः स्वभावहेतुत्वेनोक्तत्वात्। स्वभावहेतुश्च तादात्म्ये सति भवति। भिन्नकाल-भाविनोश्च चित्तचित्तान्तरयो कुतस्तादात्म्यम्। युगपद्भाविनोश्च प्रतिसन्धेयप्रतिसन्धायकत्वाभावापत्तिः, युगपद्भावित्वेऽविशिष्टेऽपि किमत्र नियामकम् यदेक प्रतिसन्धायकोऽपरश्च प्रतिसन्धेय इति। अस्तु वा प्रतिसन्धानस्य जननमर्थ। सोऽप्यनुपपन्न। तुल्यकालत्वे हेतुफलभावस्याभावात्। भिन्नकालत्वे च पूर्वचित्तक्षणस्य विनष्टत्वात् उत्तरचित्तक्षण कथमुपादानमन्तरेणोत्पद्यताम्। इति यत्किञ्चिदेतत् ॥

तथा प्रमोक्षभङ्गदोष। प्रकर्षेणापुनर्भावेन कर्मबन्धनाद् मोक्षो मुक्तिः प्रमोक्ष। तस्यापि भङ्ग प्राप्नोति। तन्मते तावदात्मैव नास्ति। क प्रेत्य सुखीभवनार्थं यतिष्यते। ज्ञानक्षणोऽपि ससारी कथमपरज्ञानक्षणसुखीभवनाय घटिष्यते। न हि दुःखी देवदत्तो यज्ञदत्तसुखाय चेष्ट मानो दृष्ट। क्षणस्य तु दुःख स्वरसनाशित्वात् तेनैव सार्धं ध्वंसे। सन्तानस्तु न वास्तव कश्चित्। वास्तवत्वे तु आत्माभ्युपगमप्रसङ्ग ॥

चित्तक्षणके साथ सबद्ध होता है। मरणकालमें जो उत्पन्न होता है वह चित्तक्षण होता है। अत वह चित्तक्षण उत्तर चित्तक्षणके साथ सम्बद्ध होता है (यच्चित्तं तच्चित्तान्तर प्रतिसधत्ते यथेदानींतनं चित्तं चित्त च मरणकालभावि) अतएव ससारकी परम्परा सिद्ध होती है। जैन—यह अनुमान व्यर्थ है क्योंकि सम्पूर्ण रूपसे विनाशको प्राप्त होनेवाले चित्तक्षणोंका अन्य चित्तक्षणोंके साथ सम्बद्ध होना घटित नहीं होता। अवस्थित रहनेवाले—सम्पूर्णरूपसे विनष्ट न होनेवाले—दो पदार्थोंका सम्बन्ध दोनोंमें अन्वित होनेवाले किसीके द्वारा ही घटित होता है। किन्तु दो चित्तक्षणोंमें जो कोई सबन्ध करानेवाला है उसे क्षणिकवादियोंके मतमें स्वीकार नहीं किया गया। और दोनों चित्तक्षणोंमें जो अन्वित होता है वह आत्मा ह।

शका—यच्चित्तं तच्चित्तान्तर प्रतिसधत्त यहा प्रतिसधत्त इस क्रियापदका अथ उत्पन्न करता है ऐसा नही है। क्योंकि एसा अर्थ करनेसे मोक्षाकरगुप्तके वचनका अर्थ हो जाता है—जो चित्तक्षण होता है वह अन्य चित्तको उत्पन्न करता है। इससे पूर्वचित्त द्वारा उत्पन्न उत्तर चित्तक्षणके पूर्व चित्तक्षण का कार्यहेतु बननेका प्रसग उपस्थित हो जाता है। परन्तु बौद्धोंने पूर्व और अपर चित्तक्षणोंम स्वभाव हेतु माना है। तथा स्वभावहेतु तादात्म्य संबध होनेपर ही होता है। जैसे यह वृक्ष है सीसम होनेसे यहां वृक्ष और सीसमका तादात्म्य होनेसे स्वभावहेतु अनुमान है। इसलिये भिन्न भिन्न समयम होनेवाले पूर्व और अपर चित्तक्षणोंमें स्वभावहेतु भी नही बन सकता। क्योंकि यदि पूव और अपर चित्तक्षणोंको एक ही समयमें होनवाला माना जाय तो उनमें प्रतिसन्धेय और प्रतिसंधायकका विभाग नहीं बन सकता। तथा प्रतिसधानका अथ उत्पन्न करना भी ठीक नही। क्योंकि यदि पूव और उत्तर क्षणोंको भिन्न समयवर्ती मानो तो पूर्व चित्तक्षणके सवथा नाश हो जानपर, उपादान कारणके बिना उत्तर क्षणकी उत्पत्ति नही हो सकती।

(४) तथा मोक्षके अभाव होनेका दोष उपस्थित होता है। फिरसे सद्भूत न होने रूप कर्मोंके बंधनसे मुक्त होना प्रमोक्ष है। इसके भी अभाव होनेका प्रसंग आ जाता है। क्योंकि बौद्ध मतम जब आत्मा ही नहीं है तो परलोकमें सुखी होनेके लिये कौन प्रयत्न करेगा? क्षणमात्रमें निरन्वय विनाशको प्राप्त होनवाला ससारी ज्ञानक्षण भी अन्य ज्ञानक्षणके सुखी होनेके लिये प्रयत्न नहीं कर सकता। क्योंकि पूर्व और अपर ज्ञान क्षणोंमें कोई संबध नहीं रह सकता। जैसे दुखी हुआ देवदत्त यज्ञदत्तके सुखके लिए प्रयत्न करता हुआ नहीं देखा जाता। प्रत्येक ज्ञानक्षणका दुख भी उसी क्षणके साथ नष्ट हो जाता है। यदि सब ज्ञानक्षणोंमें सुख-दुख

अपि च बौद्धाः "निखिलवासनोच्छेदे विगतविषयाकारोपप्लवविशुद्धज्ञानोत्पादो मोक्षः" इत्याहुः। तच्च न घटते। कारणाभावादेव तदनुपपत्तेः। भावनाप्रचयो हि तस्य कारणमिष्यते। स च स्थिरैकाश्रयाभावाद् विशेषानाधायकः प्रतिक्षणमपूर्ववद् उपजायमानः, निरन्वयविनाशी गगनलङ्घनाभ्यासवत् अनासादितप्रकर्षो न स्फुटाभिज्ञानजननाय प्रभवति इत्यनुपपत्तिरेव तस्य। समलचित्तक्षणानां स्वाभाविक्या सदृशारम्भणशक्तेरसदृशारम्भं प्रत्य शक्तेश्च अकस्मादनुच्छेदात्। किंच समलचित्तक्षणा पूर्वे स्वरसपरिनिर्वाणा, अयमपूर्वो जातः सन्तानश्चैको न विद्यते बन्धमोक्षौ चैकाधिकरणौ न विषयभेदेन वर्तेते। तत् कस्येयं मुक्तिर्य एतदर्थं प्रयतते। अयं हि मोक्षशब्दो बन्धनविच्छेदपर्यायः। मोक्षश्च तस्यैव घटते यो बद्धः। क्षणक्षयवादे त्वन्य क्षणो बद्धः क्षणान्तरस्य च मुक्तिरिति प्राप्नोति मोक्षाभाव ॥

तथा स्मृतिभङ्गदोषः। तथाहि। पूर्वबुद्धयानुभूतेऽर्थे नोत्तरबुद्धीनां स्मृतिः सम्भवति। ततोऽन्यत्वात् सन्तानान्तरबुद्धिवत्। न ह्यन्यदृष्टोऽर्थोऽन्येन स्मर्यते अन्यथा एकेन दृष्टोऽर्थ

पहुँचानेवाली संतान स्वीकार की जाय तो यदि वह संतान ज्ञानक्षणोंके अतिरिक्त कोई पृथक वस्तु है तो उसे आत्मा ही कहना चाहिये। यदि संतान अवस्तु है तो वह संतान अकार्यकारी है।

तथा बौद्ध लोग सम्पूर्ण वासनाओंका उच्छेद हो जानेपर विषयोंके आकारोंकी विघ्न-बाधाओंसे रहित विशुद्ध ज्ञानके उत्पन्न होनेको मोक्ष कहते हैं परन्तु यह ठीक नहीं। क्योंकि क्षणिकवादियोंके मतमें वासना विनाशके कारणका अभाव होनेसे वासनाओंके विनाशकी सिद्धि न होनेसे विशुद्ध ज्ञानोत्पाद रूप मोक्षकी सिद्धि नहीं होती। भावनाओंका समूह ही समस्त वासनाओंके उच्छेदका कारण माना गया है। (बौद्धोंके मतमें सब पदार्थ क्षणिक हैं, सब दुख रूप हैं, सामान्य रूपसे ज्ञात न हो कर अपने असाधारण रूपसे ज्ञात होते हैं अतएव स्वलक्षण हैं तथा सब पदार्थ निस्स्वभाव होनेसे शून्य हैं—इस प्रकार भावना चतुष्टयकी उत्कटतासे सम्पूर्ण वासनाओंका उच्छेद हो जाना मोक्ष है)। स्थिर—अक्षणिक—अर्थात् नित्य आत्म रूप एक आश्रयका बौद्ध मतमें अभाव होनेके कारण विशेष—अतिशय—को उत्पन्न न करनेवाला प्रत्येक ज्ञान क्षणमें अपूर्वकी भाँति उत्पन्न होनेवाला निरन्वयविनाशी आकाशको लाँघनेके अभ्यासकी भाँति प्रकर्षको प्राप्त न करनेवाला भावनाओंका समूह विशुद्ध ज्ञानकी उत्पत्ति करनेमें समर्थ नहीं होता अतएव मोक्षकी सिद्धि नहीं हो सकती। कारण कि मलसहित (अर्थात् अशुद्ध) ज्ञानक्षणोंकी सदृश (अर्थात् अशुद्ध) अन्य ज्ञानक्षणोंकी उत्पत्तिको आरंभ करनेकी स्वाभाविक शक्तिका तथा असदृश (अर्थात् शुद्ध) ज्ञान क्षणोंकी उत्पत्तिको आरम्भ करनेकी शक्तिके अभावका अकस्मात् भावनाप्रचयरूप कारणके अभावमें उच्छेद नहीं होता। तथा अशुद्ध ज्ञानक्षणके स्वभावतः क्षणिक होनेके कारण नष्ट होनेवाले और अपूर्व रूपमें उत्पन्न शुद्ध ज्ञानरूप ज्ञानक्षण—ये दोनों एक सन्तान नहीं हैं। तथा बंधका अधिकरणभूत अशुद्ध ज्ञानक्षण और मोक्षका अधिकरणभूत शुद्ध ज्ञानक्षणके परस्पर भिन्न होनेसे ये बंधमोक्षरूप एक अधिकरणमें नहीं रह सकते—अर्थात् बंध और मोक्ष एक ज्ञानक्षणके नहीं हो सकते—जो ज्ञानक्षण बद्ध होता है वही ज्ञानक्षण मुक्त नहीं हो सकता। फिर जो मोक्ष प्राप्तिके लिये प्रयत्न करेगा उसे मोक्ष कैसे प्राप्त हो सकेगा? मोक्ष शब्द बन्धनच्छेदका पर्यायवाची है अर्थात् बन्धका अभाव होना मोक्ष है। क्षणवादियोंके मतमें अन्य क्षण (ज्ञानक्षण) बद्ध होता है और उससे भिन्न क्षण अर्थात् भिन्न ज्ञानक्षणकी मुक्ति होती है अतएव मोक्षका अभाव होनेका प्रसंग उपस्थित हो जाता है।

(५) बौद्धोंके मतमें स्मृतिभंग हो जानेका प्रसंग उपस्थित होता है। तथाहि—जिस प्रकार एक बुद्धिसन्तानके द्वारा अनुभूत पदार्थका जिसने उस पदार्थको अनुभूत नहीं किया ऐसे अन्य संतानकी बुद्धिको स्मरण नहीं होता उसी प्रकार पूर्व ज्ञानके द्वारा अनुभूत पदार्थके विषयमें उत्तर ज्ञानक्षणोंके द्वारा स्मरण

---

१ सर्वं क्षणिकं सर्वं क्षणिकम्, दुःखं दुःखं स्वलक्षणम् स्वलक्षणं, शून्यं शून्यमिति भावनाचतुष्टयम्।

सर्वैः स्मर्येत। स्मरणाभावे च कीदृशी प्रत्यभिज्ञाप्रसूतिः, तस्याः स्मरणानुभवोभयसम्भवत्वात्। पदार्थप्रेक्षणप्रबुद्धप्राक्तनसंस्कारस्य हि प्रमातुः स एवायमित्याकारेण इयमुत्पद्यते।

अथ स्यादयं दोषः, यद्यविशेषेणान्यदृष्टमन्यः स्मरतीत्युच्यते किन्तु अन्यत्वेऽपि कार्यकारणभावात्[1] एव च स्मृतिः। भिन्नसंतानबुद्धीनां तु कार्यकारणभावो नास्ति। तेन संतानान्तराणां स्मृतिर्न भवति। न चैकसान्तानिकीनामपि बुद्धीनां कार्यकारणभावो नास्ति, येन पूर्वबुद्ध्यनुभूतेऽर्थे तदुत्तरबुद्धीनां स्मृतिर्न स्यात्। तदप्यनवदातम्। एवमपि अन्यत्वस्य तदवस्थत्वात्। न हि कार्यकारणभावाभिधानेऽपि तदपगतं, क्षणिकत्वेन सर्वासां भिन्नत्वात्। न हि कार्यकारणभावात् स्मृतिरित्यत्रोभयप्रसिद्धोऽस्ति दृष्टान्तः॥

अथ— 'यस्मिन्नेव हि सन्ताने आहिता कर्मवासना।
फलं तत्रैव संधत्ते कर्पासे रक्तता यथा"॥

होना संभव नहीं। यदि अन्य पुरुषके द्वारा दृष्ट पदार्थका किसी अन्य पुरुषके द्वारा स्मरण किया जाता हो तो एक पुरुषके द्वारा दृष्ट पदार्थका (जिन्होंने इस पदार्थको कभी नहीं देखा ऐसे) अन्य सभी पुरुषोंको स्मरण हो जानेका प्रसग उपस्थित हो जायेगा। यदि पूर्वज्ञानके द्वारा अनुभूत पदार्थका उत्तरबुद्धियोंको स्मरण न हुआ तो प्रत्यभिज्ञान कहाँसे बन सकता है? क्योंकि प्रत्यभिज्ञान स्मरण और अनुभव इन दोनोंसे उत्पन्न होता है। पदार्थके दर्शनसे जिसका सस्कार प्रबुद्ध हो जाता है ऐसे प्रमाताको ही यह वही है इस रूपसे प्रत्यभिज्ञान होता है।

शंका—यदि सामान्यरूपसे अन्य विज्ञानक्षणके द्वारा दृष्ट पदार्थका अन्य विज्ञानक्षण स्मरण करता है—ऐसा हमने कहा होता तो स्मृतिभग नामका दोष आ सकता था। किन्तु पूर्वोत्तर विज्ञानक्षणोंमें भेद होनेपर भी उनमें कार्यकारण भाव होनेसे ही स्मरण होता है—अर्थात् पूर्व विज्ञानक्षणके द्वारा दृष्ट पदार्थका उत्तर विज्ञानक्षणको स्मरण होता है। अन्योन्यभिन्न संतानोंकी बुद्धियोंमें कार्यकारण भाव नहीं होता। इससे एक संतानकी बुद्धिके द्वारा दृष्ट पदार्थका उससे भिन्न संतानकी बुद्धिको स्मरण नहीं होता। तथा, एक संतानकी भी (भिन्न भिन्न) बुद्धियोंमें कार्यकारण भाव नहीं होता—ऐसी बात नहीं है जिससे पूर्वबुद्धिके द्वारा जो पदार्थ अनुभूत है उस पदार्थका स्मरण उसकी उत्तरकालीन बुद्धियोंको न होगा।

समाधान—यह कथन भी ठीक नहीं। पूर्वोत्तर बुद्धियोंमें कार्य-कारण भाव होनेपर भी उन दोनोंमें होनेवाला भिन्नत्व जैसेका तैसा बना रहता है। पूर्वोत्तरकालीन बुद्धियोंमें कार्य-कारण माननेपर भी उनमें होनेवाले भेदका अभाव नहीं होता। क्योंकि सभी बुद्धियोंके क्षणिक होनेसे वे अन्योन्यभिन्न होती हैं। उनमें परस्पर भेद होनेपर भी दोनोंमें कार्य-कारण भाव होनेसे स्मृति उत्पन्न होती है—इस विषयमें वादी प्रतिवादी प्रसिद्ध दृष्टान्तका सद्भाव नहीं है। (अतएव पूर्वोत्तरकालवर्ती दो भिन्न बुद्धियोंमें कार्य-कारण भावकी उभयमान्य दृष्टांतके अभावके कारण सिद्धि न होने और उनमें भेद होनेसे स्मृतिका प्रादुर्भाव असम्भव होनेके कारण स्मृतिभंग नामक दोष आता ही है)।

शंका— जिस प्रकार जिस कपासमें लाल रंग द्वारा सस्कार किया जाता है उसीमें ललाई होती है, उसी प्रकार जिस संतानमें कर्मवासना उत्पादित की गई होती है उसी (संतान) में कर्मवासनाका फल रहता है।

इस प्रकार कपासमें रक्तताका दृष्टांत विद्यमान है।

---

१ कार्यकारणभावप्रतिनियमादेव स्मृत्यभावोऽपि निरस्तः। न स्मर्ता कश्चिदिह विद्यते। किं तर्हि स्मरणमेव केवलमारोपवशात्। अनुभूते हि वस्तुनि विज्ञानसन्ताने स्मृतिबीजाधानात्कालान्तरेण संततिपरिपाकहेतोः स्मरणं नाम कार्यमुत्पद्यते। बोधिचर्यावतारपञ्जिकायां पृ ४१५।

इति। कर्पासे रक्ततादृष्टान्तोऽस्तीति चेत्, तदसाधीयः, साधनदूषणयोरसम्भवात्। तथाहि— अन्वयाद्यसम्भवान्न साधनम्। न हि कार्यकारणभावो यत्र तत्र स्मृतिः कर्पासे रक्ततावदित्यन्वयः सम्भवति। नापि यत्र न स्मृतिस्तत्र न कार्यकारणभाव इति व्यतिरेकोऽपि। असिद्धत्वाद्युद्भावनाभ्र न दूषणम्। न हि ततोऽन्यत्वात् इत्यस्य हेतो कर्पासे रक्ततावत् इत्यनेन कश्चिद्दोषः प्रतिपाद्यते॥

किञ्च यद्यन्वयाभावेऽपि कार्यकारणभावेन स्मृतेरुत्पत्तिरिष्यते तदा शिष्याचार्यादिबुद्धीनामपि कार्यकारणभावसद्भावेन स्मृत्यादि स्यात्। अथ नायं प्रसङ्ग एकसंतानत्वे सतीतिविशेषणादिति चेत् तदप्युक्त भेदाभेदपक्षाभ्यां तस्योपक्षीणत्वात्। क्षणपरम्परातस्तस्याभेदे हि क्षणपरम्परैव सा। तथा च संतान इति न किञ्चिदतिरिक्तमुक्तं स्यात्। भेदे तु पारमार्थिक अपारमार्थिको वासौ स्यात्? अपारमार्थिकत्वेऽस्य दूषणं अकिंचित्करत्वात्। पारमार्थिकत्वे स्थिरो वा स्यात् क्षणिको वा? क्षणिकत्वे संतानिनिर्विशेष एवायम् इति किमनेन स्तेनभीतस्य स्तेनान्तरशरणस्वीकरणानुकारिणा। स्थिरश्चेत् आत्मैव संज्ञाभेदतिरोहितः प्रतिपन्नः। इति न स्मृतिर्घटते क्षणक्षयवादिनाम्॥

समाधान—यह ठीक नहीं है। क्योंकि पूर्वोत्तर बुद्धिक्षणोंमें (बौद्धों द्वारा मान्य) कार्य-कारण भाव रूप हेतुसे स्मृतिकी उत्पत्ति होना रूप साध्यकी न इस दृष्टांतसे सिद्धि होती है और न वह साध्य दूषित ही होता है। तथाहि—बुद्धिके पूर्वोत्तरक्षणोंमें होनेवाला कार्य-कारण भाव रूप हेतु और स्मृति इनमें अन्वय व्यतिरेक संभव न होनसे स्मृतिकी उत्पत्ति होना रूप साध्यकी सिद्धि नहीं होती। जहाँ कार्य कारण भाव होता है वहाँ स्मृतिका सद्भाव होता है जैसे कपासमें रक्तता तथा जहाँ स्मृति नहीं होती वहाँ कार्य कारण भाव भी नहीं होता इस प्रकार अन्वय और व्यतिरेक सम्बन्ध नहीं बनते। इस प्रकार स्मृतिरूप साध्य और कार्य कारण भाव रूप हेतु इनमें अन्वय व्यतिरेक न बननसे उस हेतुसे स्मृतिरूप साध्यकी सिद्धि नहीं होती। उससे अर्थात् पूर्वबुद्धिसे उत्तरबुद्धि भिन्न होनसे इस हेतुके असिद्धत्व आदि दोषोंका प्रकटीकरण न होनसे यह हेतु दूषित नहीं है। पूर्वबुद्धिसे उत्तरबुद्धि भिन्न होनसे इस हेतुके विषयमें जैसे कपासमें रक्तता इस दृष्टांतके द्वारा किसी दोषका प्रतिपादन नहीं किया जा सकता।

तथा जहाँ कार्य-कारण भाव होता है वहाँ स्मृति होती है—इस प्रकार कार्य कारण भावमें और स्मृतिमें अन्वयका अभाव होनेपर भी यदि उत्तर बुद्धिक्षण और पूर्व बुद्धिक्षणमें कार्य-कारण भाव होनसे स्मृतिकी उत्पत्तिका इष्ट होना माना गया तो शिष्यबुद्धि और आचार्यबुद्धिमें आचार्यबुद्धिके कारण और शिष्यबुद्धिके कार्य होनेसे कार्य कारण भाव होनसे स्मृतिका सद्भाव हो जायगा। शिष्यबुद्धिमें और आचार्यबुद्धिमें अन्वयका अभाव होनेपर भी उनमें कार्य कारण भाव होनेसे स्मृति आदिके सद्भाव होनेका प्रसंग उपस्थित नहीं होता क्योंकि शिष्य और आचार्य ये दो भिन्न संतान हैं और हमने एक संतानत्व (एक संतानत्वे सति) विशेषणका प्रयोग किया है। यह भी ठीक नहीं। क्योंकि भेदपक्ष और अभेदपक्षके द्वारा एक संतानत्व विशेषण क्षीण हो जाता है—अकिंचित्कर बन जाता है। क्षण परम्परासे उस एकसंतानत्व को अभिन्न माननेपर वह क्षणपरंपरारूप ही होगा। इस प्रकार संतानके क्षणपरंपरारूप होनेसे संतानको क्षणपरंपरा (संतानी) ही कहना चाहिये संतान नहीं। यदि संतान और क्षणपरंपराको भिन्न मानो तो यह संतान वास्तविक है या अवास्तविक? यदि यह अवास्तविक है तो वह अकिंचित्कर होनेसे दूषित है। यदि संतान वास्तविक है तो वह स्थिर है या क्षणिक? यदि क्षणपरंपरासे भिन्न संतान क्षणिक है तो यह संतान क्षणपरंपरासे अभिन्न ही है। इस प्रकार क्षणपरंपराको छोडकर संतानका आश्रय लेना एक चोरके भयसे दूसरे चोरके आश्रय लेनेके समान है। यदि वास्तविक संतानको स्थिर मानो तो फिर संतान-संज्ञासे तिरोहित आत्मा स्वीकार करनेमें ही क्या दोष है? अतएव क्षणिकवादियोंके मतमें स्मृति भी नहीं बनती।

तदभावे च अनुमानस्यानुत्थानमित्युक्तम् प्रागेव । अपि च, स्मृतेरभावे निहित प्रत्युन्मार्गणप्रत्यर्पणादिव्यवहारा विशीर्येरन् ।

इत्येकनवते कल्पे शक्त्या मे पुरुषो हतः ।
तेन कर्मविपाकेन पादे विद्धोऽस्मि भिक्षव ॥

इति वचनस्य का गति । एवमुत्पत्तिरुत्पादयति स्थिति स्थापयति जरा जर्जरयति विनाशो नाशयतीति चतुःक्षणिकं[1] वस्तु प्रतिजानाना अपि प्रतिक्षेप्याः । क्षणचतुष्कानन्तर मपि निहितप्रत्युन्मार्गणादिव्यवहाराणां दर्शनात् । तदेवमनेकदोषापातेऽपि य क्षणभङ्गमभि प्रैति तस्य महत् साहसम् ॥ इति का यार्थ ॥ १८ ॥

स्मृतिके अभाव होनपर अनुमान भी नही बन सकता यह पहले ही कहा जा चुका है तथा स्मृतिके अभावम धरोहर आदि रख कर भूल जाना धरोहरको लौटानकी याद न रहना आदि व्यवहारका भी लोप हो जायगा । तथा—

अबसे इक्यानवैव भवम मैन एक पुरुषको बलात्कारसे मार डाला उस कमके खोटेफ लसे मरा पैर छिद गया ह ।

आदि वचनाके लिए भी कोई स्थान नही है । इस प्रकार उत्पत्ति स्थिति जरा और विनाश इन चार क्षण पयत जो वस्तुकी स्थिति मानी है (क्षणिकवादका परिवर्तित रूप) वह भी नही बन सकती । क्योंकि चार क्षणाके बाद भी धरोहर आदिको रखकर भूल जान और उसे लौटानकी याद न रहन आदिका व्यवहार देखा जाता ह । इसलिए अनेक दोषोके आनपर भी क्षणभगको मानना बौद्धोंका महान् साहस है । यह श्लोकका अथ है ॥१८॥

भावाथ—इस श्लोकमे बौद्धोके क्षणभग वादपर विचार किया गया है । जैन लोगोका कहना है कि प्रयक वस्तु क्षणस्थायी माननपर बौद्धोंके मतम आत्मा कोई पृथक् पदाथ नही बन सकता । तथा आत्माके न माननपर (१) ससार नही बनता क्योंकि क्षणिकवादियोके मतम पूर्व और अपर क्षणाम कोई सबध न हो सकनसे पूव ज मके कर्मोंका ज मातरम फल नही मिल सकता । बौद्ध लोग सतानको वस्तु मानते हैं । उनके मतानुसार सतानका एक क्षण दूसरे क्षणसे सबद्ध होता है मरणके समय रहनवाला ज्ञानक्षण भी दूसरे विचारसे सबद्ध हाता है इसीलिये ससारकी परम्परा सिद्ध होती है । परन्तु यह ठीक नहीं । क्योंकि सतानक्षणोका परस्पर सबंध करनेवाला कोई पदार्थ नही है जिससे दोनो क्षणोका परस्पर सबध हो सके । (२) आ माके न माननेपर मोक्ष भी सिद्ध नही होता । क्योंकि संसारी आत्माका अभाव होनेसे मोक्ष किसको मिलेगा । बौद्ध लोग सम्पूर्ण वासनाओंके नष्ट होजाने पर भावनाचतुष्टयसे होनेवाले विशुद्ध ज्ञानको मोक्ष कहते हैं । परन्तु क्षणिकवादियोंके मतमें कार्य कारण भाव नहीं सिद्ध होता । तथा अशुद्ध ज्ञानसे अशुद्ध ज्ञान ही उत्पन्न हो सकता है विशुद्ध ज्ञान नहीं । तथा जिस पुरुषके बंध हो उसे ही मोक्ष मिलना चाहिय । परन्तु क्षणिकवादियोंके मतमें बधके क्षणसे मोक्षका क्षण दूसरा है अतएव बद्ध पुरुषको मोक्ष नहीं हो सकता । (३) अनात्मवादी बौद्धोके मतमें स्मृतिज्ञान भी नही बन सकता । क्योंकि एक बुद्धिसे अनुभव किये हुए पदार्थोंका दूसरी बुद्धिसे स्मरण नहीं हो सकता । स्मृतिके स्थानमें सतानको एक अलग पदार्थ मान कर एक सतानका दूसरी सतानके साथ काय-कारण भाव माननेपर भी सतानक्षणोंकी परस्पर भिन्नता नही मिट सकती क्योंकि बौद्ध मतम सम्पूण क्षण परस्पर भिन्न हैं ।

---

१ लक्षणानि तथा जातिर्जरास्थितिरनित्यता ।
जातिर्जात्यादयस्तेषां तेऽष्टधर्मैकवृत्तय ।
वसुबन्धुविरचिताभिधर्मकोशे २–४५ ४६ ।

अथ बौद्धाः स्वमतापक्षमन्यमानाः सकलव्यवहारानुपपत्तिं परैरुद्भावितामाकर्ण्य इत्थं प्रतिपादयन्ति—यत् सर्वपदार्थानां क्षणिकत्वेऽपि वासनाबलादुत्पन्नेन ऐक्याध्यवसायेन ऐहिकामुष्मिकव्यवहारप्रवृत्तेः कृतप्रणाशादिदोषा निरवकाशा एव इति। तदाकूतं परिहर्तुकामस्तत्कल्पितवासनायाः क्षणपरम्परातो भेदाभेदानुभयलक्षणे पक्षत्रयेऽप्यघटमानत्वं दर्शयन् स्वाभिप्रेतभेदाभेदस्याद्वादमकामयमानानपि तानङ्गीकारयितुमाह—

सा वासना सा क्षणसन्ततिश्च नाभेदभेदानुभयैर्घटेते।
ततस्तटादर्शिशकुन्तपोतन्यायात्त्वदुक्तानि परे श्रयन्तु ॥१९॥

सा शाक्यपरिकल्पिता त्रुटितमुक्तावलीकल्पानां परस्परविशकलितानां क्षणानाम् यो या अनुस्यूतप्रत्ययजनिका एकसूत्रस्थानीया सन्तानापरपर्याया वासना। वासनेति पूर्वज्ञानजनितामुत्तरज्ञाने शक्तिमाहुः[1]। सा च क्षणसन्ततिस्तद्दर्शनप्रसिद्धा प्रदीपकलिकावत् नवनवोत्पद्यमाना परापरसदृशक्षणपरम्परा। एते द्वे अपि अभेदभेदानुभयैर्न घटेते॥

न तावदभेदेन तादात्म्येन ते घटेते। तयोर्हि अभेदे वासना वा स्यात् क्षणपरम्परा वा

बौद्ध—पदार्थोंके क्षणस्थायी होनेपर भी वासनासे उत्पन्न होनेवाले अभेद ज्ञानसे इस लोक और परलोक संबंधी व्यवहार चल सकता है अतएव कृतकमप्रणाश आदि दोष हमारे सिद्धांतमे नही आ सकते।
जैन—आप लोग जिस वासनाको स्वीकार करते हैं वह कल्पित वासना क्षणपरम्परासे भिन्न अभिन्न अथवा न भिन्न और न अभिन्न (अनुभय) किसी भी तरह सिद्ध नही होती। अतएव हमारे द्वारा अभिप्रेत स्याद्वादके भेदाभेदको ही स्वीकार करना चाहिये—

श्लोकार्थ—वासना और क्षणसंतति परस्पर भिन्न अभिन्न और अनुभय—तीनो प्रकारसे किसी भी तरह सिद्ध नहीं होती। अतएव जिस प्रकार समुद्रमे जहाजसे उडा हुआ पक्षी समुद्रका किनारा न देखकर पीछे जहाजपर ही लौट आता है उसी तरह उपायान्तर न होनेसे हे भगवन्! बौद्ध लोगोको आपके ही सिद्धान्तोंका आश्रय लेना चाहिये।

व्याख्यार्थ—जिसका अपर नाम संतान है ऐसी बौद्धो द्वारा कल्पित वासना त्रुटित मुक्तावलिके भिन्न भिन्न मोतियोके समान परस्पर भिन्न क्षण एक दूसरसे अनुस्यूत हुए हैं इस प्रकारका ज्ञान उत्पन्न करनेवाली—एक सूत्रके समान होती है। पूर्व ज्ञानक्षणसे उत्तर ज्ञानक्षणमे उत्पन्न की हुई शक्तिको वासना कहते हैं। दीपककी लौके समान नये नये उत्पन्न होनेवाले अपर अपर सदृश पूर्व और उत्तर क्षणोकी परम्पराको क्षणसंतति कहते हैं। (जिस प्रकार दीपककी लौके प्रत्येक क्षणमे बदलते रहने पर भी लौके पूर्व और उत्तर क्षणोमे परस्पर सदृश ज्ञान होनके कारण यह वही लौ है ऐसा ज्ञान होता है उसी तरह पदार्थोंके प्रत्येक क्षणमें बदलते रहनेपर भी पदार्थोंके पूर्व और उत्तर क्षणोमे सदृश ज्ञान होनके कारण यह वही पदार्थ है, ऐसा ज्ञान होता है। इसे ही बौद्ध मतमे क्षणसंतति कहा है।) यह वासना और क्षणसंतति परस्पर भिन्न अभिन्न अथवा अनुभय रूपसे किसी भी प्रकार सिद्ध नही होती।

(१) वासना (संतति) और क्षणसंततिको परस्पर अभिन्न मानना ठीक नही। क्योंकि वासना

---

१ यथा बीजादिष्वात्मानमन्तरेणापि प्रतिनियमेन कार्यं तदुत्पत्तिश्च क्रमेण भवति तथा प्रकृतेऽपि परलोकगामिनमेकं विनापि कार्यकारणभावस्य नियामकत्वात्प्रतिनियतमेव फलं। क्लेशकर्माभिसंस्कृतस्य संतानस्याविच्छेदेन प्रवर्तनात् परलोके फलप्रतिलम्भोऽभिधीयते। इति नाकृताभ्यागमो न कृतविप्रणाशो बाधकः। बोधिचर्यावतारपंजिका पृ. ४७३। अत्र शान्तरक्षितकृततत्त्वसंग्रहे कर्मफलसम्बन्धपरीक्षानामप्रकरणम् अवलोकयितव्यम्।

मनुपपन्नम्। यद्धि यस्मादभिन्नं न तत् ततः पृथगुपलभ्यते यथा घटाद् घटस्वरूपम्। केवलायां वासनायामन्वयिस्वीकारः। वास्याभावे च किं तया वासनीयमस्तु। इति तस्या अपि न स्वरूपमवतिष्ठते। क्षणपरम्परामात्राङ्गीकरणे च प्राञ्च एव दोषाः॥

न च भेदेन ते युज्येते। सा हि भिन्ना वासना क्षणिका वा स्यात् अक्षणिका वा? क्षणिका चेत्, तर्हि क्षणेभ्यस्तस्याः पृथक्कल्पनं व्यर्थम्। अक्षणिका चेत्, अन्वयिपदार्थाभ्युपगमेनागमबाधः। तथा च पदार्थान्तराणां क्षणिकत्वकल्पनाप्रयासो व्यसनमात्रम्॥

अनुभयपक्षेणापि न घटेते। स हि कदाचित् एवं ब्रूयात्, नाहं वासनायाः क्षणश्रेणितोऽभेदं प्रतिपद्ये, न च भेदं किंत्वनुभयमिति। तदप्यनुचितम्। भेदाभेदयोर्विधिनिषेधरूपयोरेकतरप्रतिषेधेऽन्यतरस्यावश्यं विधिभावात् अन्यतरपक्षाभ्युपगमः। तत्र च प्रागुक्त एव दोषः। अथवानुभयरूपत्वेऽवस्तुत्वप्रसङ्गः। भेदाभेदलक्षणपक्षद्वयव्यतिरिक्तस्य मार्गान्तरस्य नास्तित्वात्। अनाहृतानां हि वस्तुना भिन्नेन वा भाव्यम् अभिन्नेन वा? तदुभयातीतस्य वन्ध्यास्तनंधयप्रायत्वात्। एवं विकल्पत्रयेऽपि क्षणपरम्परावासनयोरनुपपत्तौ पारिशेष्याद् भेदाभेदपक्ष एव कक्षीकरणीयः। न च "प्रत्येकं यो भवेद् दोषो द्वयोर्भावे कथं न सः।" इति वचनादत्रापि दोषतादवस्थ्यमिति वाच्यम्। कुक्कुटसर्पनरसिंहादिवद्[1] जात्यन्तरत्वादनेकान्तपक्षस्य॥

और क्षणसंततिके अभिन्न होनसे वासना और क्षणसंतति दोनोमसे किसी एकको ही मानना चाहिए दोनोंको नही। जो पदार्थ जिससे अभिन्न होता है वह उससे अलग नही पाया जाता। जैसे घटस्वरूप घटसे अभिन्न है इसलिये घटस्वरूप घटसे अलग नही पाया जाता। अतएव केवल वासनाको स्वीकार करना नित्य पदार्थको स्वीकार करनेके समान है। तथा वास्य (क्षणसंतति) को स्वीकार न करके केवल वासनाको स्वीकार करना निष्प्रयोजन है। यदि केवल क्षणपरम्परा स्वीकार करो तो पूर्वोक्त दोष आते हैं।

(२) यदि वासना और क्षणसंततिको परस्पर भिन्न मानो तो वासना क्षणिक है अथवा अक्षणिक ? यदि वासना क्षणिक है तो वासनाको क्षणोंसे भिन्न मानना निरर्थक है। यदि वासना अक्षणिक है तो वासनाको नित्य माननेसे आपके आगमसे विरोध आता है इसलिये पदार्थोंके क्षणिकत्वकी कल्पनाका प्रयास व्यसनमात्र है।

(३) वासना और क्षणसंततिमें भेद और अभेदसे विलक्षण भेदाभेदका अभाव (अनुभय) भी नही बन सकता। क्योंकि भेद विधिरूप है और अभेद निषेधरूप इसलिये एकके निषेध करनेपर दूसरेको स्वीकार करना पड़ता है—भेद न माननेसे अभेद और अभेद न मानसे भेद मानना पड़ता है। यह ठीक नही है। अलग-अलग भेद और अभेद पक्ष स्वीकार करनेमें दोष दिये जा चुके हैं। तथा वासना और क्षणसंततिका संबंध परस्पर भेदाभेदके अभावरूप मानने पर क्षणसंतति और वासनाको अवस्तु अर्थात् कल्पित ही कहना चाहिये क्योंकि बौद्धोंके मतमें भेद और अभेदसे विलक्षण तीसरा पक्ष नहीं बन सकता। अनेकांतवादियोंको छोड़कर अन्य वादियोंके मतमें पदार्थोंके परस्पर भेद और अभेदसे विलक्षण तीसरा पक्ष वंध्यापुत्रके समान संभव नही है। अतएव भेद अभेद और अनुभय तीनों विकल्पोंसे वासना और क्षणपरम्परा सिद्ध नहीं हो सकती। इसलिये वासना और क्षणपरम्परामें भेदाभेद ही स्वीकार करना चाहिये। यदि कहो कि 'भेद और अभेद पक्ष स्वीकार करनेमें जो दोष आते हैं वे सब दोष भेदाभेद माननेमें भी आते हैं तो यह ठीक नहीं। क्योंकि जैसे कुक्कुटसर्पमें कुक्कुट और सर्प दोनोंसे विलक्षण और नरसिंहमें नर और

---

१. यथा नरसिंहे नरत्वसिंहत्वोभयजातिव्यतिरिक्तं नरसिंहत्वाख्यं जात्यन्तरम्, तद्वदिदमपि। कुक्कुटसर्पोऽपि जात्यन्तरं कुक्कुटत्वसर्पत्वोभयजातिव्यतिरिक्त। कुक्कुटसर्पत्वजातिमान् प्राणिविशेषः स्यात्।

ननु आर्हतानां वासनाक्षणपरम्परयोरङ्गीकार एव नास्ति तत्कथं तदाश्रयभेदाभेदविकल्पाः चरितार्था इति चेत् नैवम्। स्याद्वादवादिनामपि हि प्रतिक्षणं नवनवपर्यायपरम्परोत्पत्तिरभिमतैव। तथा च क्षणिकत्वम्। अतीतानागतवर्तमानपर्यायपरम्परानुसंधायकं चान्वयिद्रव्यम्। तच्च वासनेति संज्ञान्तरभागप्यभिमतमेव। न खलु नामभेदाद् वाद कोऽपि कोविदानाम्। सा च प्रतिक्षणोत्पदिष्णुपर्यायपरम्परा अन्वयिद्रव्यात् कथंचिद् भिन्ना कथंचिद् भिन्ना। तथा तदपि तस्याः स्याद् भिन्नं स्यादभिन्नम्। इति पृथक्प्रत्ययव्यपदेशविषयत्वाद् भेदः द्रव्यस्यैव च तथा तथा परिणमनादभेदः। एतच्च सकलादेशविकलादेशव्याख्याने पुरस्तात् प्रपञ्चयिष्यामः॥

अपि च बौद्धमते वासनापि तावन्न घटते, इति निर्विषया तत्र भेदादिविकल्पचिन्ता। तल्लक्षणं हि पूर्वक्षणेनोत्तरक्षणस्य वास्यता। न चास्थिराणां भिन्नकालतया योगासंबद्धानां च तेषां वास्यवासकभावो युज्यते। स्थिरस्य संबद्धस्य च वस्त्रादेर्मृगमदादिना वास्यत्वं दृष्टमिति॥

अथ पूर्वचित्तसहजात् चेतनाविशेषात् पूर्वशक्तिविशिष्टं चित्तमुत्पद्यते सोऽस्य शक्तिविशिष्टचित्तोत्पादो वासना। तथाहि। पूर्वचित्तं रूपादिविषयं प्रवृत्तिविज्ञानं यत्तत् षड्विधं।

सिंह दोनोंसे विलक्षण तीसरा रूप पाया जाता है उसी तरह अनेकांत पक्षमें भेद और अभेद दोनोंसे भिन्न तीसरा पक्ष स्वीकार किया गया है।

शंका—जैन लोगोंने वासना और क्षणपरम्पराको स्वीकार ही नहीं किया फिर वासना और क्षणपरम्परामें भेद अभेद आदिके विकल्प करना असंगत है। समाधान—यह ठीक नहीं। क्योंकि स्याद्वादी लोगोंने प्रत्येक द्रव्यमें क्षण क्षणमें नयी-नयी पर्यायोंकी परम्पराकी उत्पत्ति स्वीकार की है। इसीको जैन लोग क्षणपरम्परा कहते हैं। इसी प्रकार अतीत अनागत और वर्तमान पर्यायोंका संबंध करानेवाला नित्य द्रव्य भी जैन लोगोंने माना है। इस नित्य द्रव्यको वासना भी कह सकते हैं। अतएव पर्याय और क्षण-परम्परा तथा द्रव्य और वासनामें नाम मात्रका अन्तर है। तथा पर्याय परंपरा नित्य द्रव्यसे कथंचित् भिन्न है और कथंचित् अभिन्न। नित्य द्रव्य भी प्रतिक्षण उत्पन्न होनेवाली पर्यायपरम्परासे कथंचित् भिन्न है और कथंचित् अभिन्न है। इस प्रकार अन्वयिद्रव्य और पर्यायके भिन्न ज्ञान और भिन्न संज्ञाका विषय होनेके कारण दोनोंमें भेद है तथा द्रव्य और पर्याय अभिन्न हैं क्योंकि एक ही द्रव्य भिन्न भिन्न रूप पर्यायोंको धारण करता है। अतएव वासना और क्षणसंततिको भी भिन्नाभिन्न ही स्वीकार करना चाहिये। द्रव्य और पर्यायके कथंचित् भेदाभेद का खुलासा सकलादेश और विकलादेशका स्वरूप वर्णन करनेके अवसरपर (२३ वें श्लोकमें) किया जायगा।

बौद्धोंके मतमें वासना ही सिद्ध नहीं होती अतएव वासना और क्षणपरम्परामें भेद आदिकी कल्पना निरर्थक है। (वासना और क्षणसंतति इन दोनोंका सद्भाव होनेपर ही भेद आदि विकल्पका अवकाश हो सकता है। भेद आदि विकल्पोंके द्वारा तब विचार किया जा सकता है जब दोनोंका सद्भाव हो। वासनाका अभाव होनेपर एकमात्र क्षणसंततिका सद्भाव रहनेसे भेद आदि विकल्पोंके द्वारा विचार नहीं किया जा सकता)। पूर्वक्षणके द्वारा उत्तरक्षणकी वास्यता—पूर्वक्षणके द्वारा उत्तरक्षणमें शक्तिकी उत्पादकता ही वासनाका लक्षण है। परन्तु बौद्धोंके मतमें क्षण स्वयं अस्थिर हैं, इसलिये परस्पर भिन्न और असंबद्ध क्षणोंमें वास्य वासक सम्बन्ध नहीं बन सकता। क्योंकि नित्य और कस्तूरीसे सम्बद्ध नित्य वस्त्रमें ही कस्तूरीसे वासना उत्पन्न हो सकती है।

शंका—रूप आदिको विषय बनानेवाले प्रवृत्तिविज्ञान रूप पूर्व चित्तके साथ उत्पन्न आलयविज्ञान रूप चेतनाविशेषसे पूर्वचित्तकी शक्तिसे युक्त चित्त (ज्ञान) उत्पन्न होता है। इस शक्तिविशिष्ट

पञ्च रूपादिविज्ञानान्यविकल्पकानि षष्ठं च विकल्पविज्ञानम्[1]। तेन सह जातः समानकाल-श्चेतनाविशेषोऽहङ्कारास्पदमालयविज्ञानम्[2]। तस्मात् पूर्वशक्तिविशिष्टचित्तोत्पादो वासनेति॥

तदपि न। अस्थिरत्वाद्वासकेनासम्बन्धाच्च। यश्चासौ चेतनाविशेषः पूर्वचित्तसहभावी स न वर्तमानं चेतस्युपकारं करोति। वर्तमानस्याशक्यापनेयोपनेयत्वेनाविकार्यत्वात्। तद्धि यथाभूतं जायते तथाभूतं विनश्यतीति। नाप्यनागते उपकारं करोति। तेन सहासंबद्धत्वात्।

चित्तका उत्पन्न होना ही वासना है। तथाहि—रूप आदिको अपना विषय बनानेवाला प्रवृत्तिविज्ञान संज्ञा वाला जो पंच चित्त है वह छह प्रकारका है—पाँच अविकल्पक रूप आदि विज्ञान और छठा विकल्प-विज्ञान। इस प्रवृत्तिविज्ञान रूप पंच चित्तके साथ उत्पन्न अतएव समानकाल वाला अहंकारका कारणभूत चेतनाविशेष आलयविज्ञान है। इस आलयविज्ञान रूप चेतनाविशेषसे पूर्व चित्तको—पूर्व चित्त द्वारा जनित शक्तिविशिष्ट चित्तको—उत्पत्ति होना वासना है। (प्रवृत्तिविज्ञान और आलयविज्ञान दोनों एक साथ उत्पन्न होते हैं। आलयविज्ञानसे प्रवृत्तिविज्ञानकी शक्तिविशिष्ट जिस चित्त (ज्ञान) की उत्पत्ति होती है वही वासना है। जिस प्रकार पवनके द्वारा समुद्रमें लहरें उठती हैं उसी तरह अहंकारसंयुक्त चेतना (आलयविज्ञान) में आलम्बन समनन्तर सहकारी और अधिपति प्रत्ययोंद्वारा प्रवृत्तिविज्ञान रूप धर्म उत्पन्न होता है। शब्द आदि ग्रहण करनेवाले पूर्व चित्तको प्रवृत्तिविज्ञान कहते हैं। यह प्रवृत्तिविज्ञान शब्द स्पर्श रूप रस गंध और विकल्पविज्ञानके भेदसे छह प्रकारका है। शब्द स्पर्श आदिको ग्रहण करनेवाले पाँच विज्ञानोंको निर्विकल्प (जिस ज्ञानमें विशेषाकार रूप नाना प्रकारके भिन्न भिन्न पदार्थ प्रतिभासित हों) और विकल्पविज्ञानको सविकल्प (जिस ज्ञानमें सब पदार्थ विज्ञान रूप प्रतिभासित हों) कहा गया है। इन्हीं ज्ञानोंको बौद्ध लोग चित्त कहते हैं। सौत्रान्तिक बौद्धोंके मतमें प्रत्येक वस्तुके बाह्य और आन्तर दो भेद हैं। बाह्य भूत और भौतिकके भेदसे दो प्रकारका है। पृथ्वी आदि चार परमाणु भूत हैं और रूप आदि और चक्षु आदि भौतिक हैं। आन्तर चित्त और चैत्तिकके भेदसे दो प्रकारका है। विज्ञानको चित्त अथवा चैत्तिक और बाकीके रूप वेदना संज्ञा और संस्कार स्कन्धोंको चैत्त कहते हैं। प्रवृत्तिविज्ञानके साथ एक कालमें उत्पन्न होनेवाले अहंकारसे युक्त चेतनाको आलयविज्ञान कहते हैं। इस आलयविज्ञानसे पूर्वक्षणमें उत्पन्न चेतनाकी शक्तिविशिष्ट उत्तर चित्त उत्पन्न होता है। इसी आलयविज्ञानको वासना कहा है)।

समाधान—यह ठीक नहीं है। क्योंकि प्रत्येक चित्तक्षण क्षणिक होनेके कारण अस्थिर होता है—अन्वयी नहीं होता तथा वासक-वासनाजन्य आलयविज्ञान रूप चित्तक्षणके साथ उसके सम्बन्धका अभाव रहता है। तथा पंचचित्तके (प्रवृत्तिविज्ञानके) साथ उत्पन्न होनेवाली चेतनाविशेष (आलयविज्ञान) वर्तमान (क्षणिक) चित्तक्षणमें विशेषको उत्पन्न नहीं कर सकती। क्योंकि बौद्धोंके मतमें वर्तमान चित्तक्षणके क्षणिक होनेसे उसकी उत्पत्ति और विनाश असंभव होनेके कारण उसमें विकार नहीं होता। वह चित्तक्षण जिस रूपसे उत्पन्न होता है उसी रूपसे विनाशको प्राप्त हो जाता है। आलयविज्ञान भविष्यकालीन चित्तक्षणमें भी विशेष की उत्पत्ति नहीं करता क्योंकि अनागत (भविष्य) चित्तक्षणके साथ वासक चित्तक्षणका—वासनाजनक आलयविज्ञान रूप चित्तक्षणका—सम्बन्ध नहीं होता। जो असंबद्ध रहता है वह विशेषरूप विकारको उत्पन्न नहीं कर सकता (जब आलयविज्ञान ही घटित नहीं होता तो फिर वासनाकी उत्पत्ति किससे होगी ?)

---

१ तत्रालयविज्ञानं नामाहमास्पदं विज्ञानम्। नीलाद्युल्लेखि च विज्ञानं प्रवृत्तिविज्ञानम्।

२ तरंगा ह्युदधेर्यद्वत् पवनप्रत्ययेरिताः। नृत्यमानाः प्रवर्तन्ते विच्छेदश्च न विद्यते॥
आलयौघस्तथा नित्यं विषयपवनेरितः। चित्रैस्तरङ्गविज्ञानैर्नृत्यमानः प्रवर्तते॥

लंकावतारसूत्रे ११-९९ १००।

अर्थवद्धं च न भावयतीत्युक्तम्। तस्मात् सौगतमते वासनापि न घटते। अत्र च स्तुति-कारेणाभ्युपेत्यापि ताम् अन्वयिद्रव्यस्थापनाय भेदाभेदादिचर्चा विरचितेति भावनीयम् ॥

अथोत्तरार्द्धव्याख्या। तत इति पक्षत्रयेऽपि दोषसद्भावात् त्वदुक्तानि भवद्वचनानि भेदाभेदस्याद्वादसंवादपूतानि परे कुतीर्थ्याः प्रकरणात् सौगतनया श्रयन्तु आद्रियन्ताम्। अत्रोपमानमाह तटादर्शीत्यादि। तट न पश्यतीति तटादर्शी। यः शकुन्तपोतः पक्षिशावकः तस्य न्याय उदाहरणम् तस्मात्। यथा किल कथमप्यपारपारावारान्तःपतित काकादिशकुनि शावको बहिर्निर्गमिषया प्रवहणकूपस्तम्भादेस्तटप्राप्तये मुग्धतयोड्डीन समन्ताज्जलैकार्णव मेवावलोकयस्तटमदृष्ट्वैव निर्वेदात् व्यावृत्य तदेव कूपस्तम्भादिस्थानमाश्रयते गत्य तराभावात्। एव तेऽपि कुतीर्थ्या प्रागुक्तपक्षत्रयेऽपि वस्तुसिद्धिमनासाद्य तत्त्वदुक्तमेव चतुर्थ भेदाभेदपक्षमनिच्छयापि कक्षीकुर्वाणास्त्वच्छासनमेव प्रतिपद्यन्ताम्। न हि स्वस्य बलवि कलतामाकलय्य बलीयसः प्रभो शरणाश्रयण दोषपोषाय नीतिशालिनाम्। त्वदुक्तानीति बहु वचनं सर्वेषामपि त न्त्रान्तरीयाणां पदे पदेऽनेकान्तवादप्रतिपत्तिरेव यथावस्थितपदार्थप्रतिपाद नौपयिक ना यदिति ज्ञापनार्थम् अनन्तधर्मात्मकस्य सर्वस्य वस्तुनः सर्वनयात्मकेन स्याद्वादेन विना यथावद् ग्रहीतुमशक्य त्वात् इतरथा धगजन्यायेन पल्लवग्राहिताप्रसङ्गात् ॥

श्रयन्तीति वर्तमाना त केचित्पठन्ति, तत्राप्यदोषः। अत्र च समुद्रस्थानीय संसारः

अतएव आलयविज्ञानकी सिद्धि न होनेसे उससे उत्पन्न होनेवाली वासना भी नहीं बनती। यहाँ स्तुतिकारने उस वासनाको स्वीकार करके भी अन्वयी द्रव्यकी सिद्धि करनेके लिये भेद अभेद आदिकी चर्चा उठाई है।

अतएव भेद अभेद और अनुभय तीनों पक्षोंके सदोष होनेसे कुतीर्थिक बौद्ध मतावलम्बियोंको आपके (जिन भगवानके) कहे हुए भेदाभेद रूप स्याद्वादका आश्रय लेना पड़ता है। जिस प्रकार किसी पक्षीका बच्चा अथाह और विशाल समुद्रके बीचमें पहुँच जानेपर अपनी मूढ़ताके कारण जहाजके मस्तूल परसे उड़कर समुद्रके किनार पर वापिस आनेकी इच्छा करता है परन्तु वह चारो तरफ जल ही जल देखता है और कहीं भी किनारे का कोई निशान न पाकर उपायान्तर न होनेसे फिरसे मस्तूलपर वापिस लौट जाता है इसी प्रकार कुतीर्थिक बौद्ध लोगोका सिद्धान्त पूर्वोक्त तीनों पक्षोसे सिद्ध न होनपर बौद्ध लोगोको भेदाभेद नामक चौथे पक्षको स्वीकार करनेकी अनिच्छा होनेपर भी अन्तमें आपके ही मतका अवलम्बन लना पड़ता है। अपन पक्षकी निर्बलता देख कर बलवान स्वामीका आश्रय लेनेसे नीतिज्ञ पुरुषोका दोष नहीं समझा जाता। सम्पूर्ण वादी पद पदपर अनेकान्तवादका आश्रय लेकर ही पदार्थोंका प्रतिपादन कर सकते हैं यह बतानेके लिये श्लोकमें त्वदुक्तानि पद दिया गया है। क्योंकि प्रत्येक वस्तुमें अनन्त स्वभाव हैं अतएव सम्पूर्ण नय स्वरूप स्याद्वादके बिना किसी भी वस्तुका ठीक-ठीक प्रतिपादन नहीं किया जा सकता। अन्यथा जिस प्रकार जन्मके अन्धे मनुष्य हाथीका स्वरूप जाननेकी इच्छासे हाथीके भिन्न भिन्न अवयवोको टटोल कर हाथीके केवल कान सूँड पैर आदिको ही हाथी समझ बैठते हैं उसी प्रकार एकान्ती लोग वस्तुके केवल एक अंशको जान कर उस वस्तुके एक अंश रूप ज्ञानको ही वस्तुका सर्वांशात्मक ज्ञान समझने लग जाते हैं।

कुछ लोग श्रयन्तु के स्थानपर श्रयन्ति पढ़ते हैं। परन्तु दोनों पाठ ठीक हैं। समुद्रके मस्तूलपरसे उड़नेवाले पक्षीकी तरह वादी लोग अपने सिद्धान्तको पुष्ट करके मोक्ष प्राप्त करना चाहते हैं परन्तु वे लोग अभीष्ट पदार्थोंकी सिद्धि न होते देख वापिस आ कर स्याद्वादसे शोभित आपके शासनका आश्रय लेते हैं। क्योंकि स्याद्वादका सहारा लेकर ही वादी लोग संसार-समुद्रसे छुटकारा पा सकते हैं अन्यथा नहीं॥ यह श्लोकका अर्थ है॥१९॥

भावार्थ—इस श्लोकमें बौद्धोंकी 'वासना' पर विचार किया गया है। बौद्ध—प्रत्येक पदार्थ क्षण

पोतकमानं स्वच्छाम्भसम्, कूपस्तन्मतविभः स्याद्वादः । अक्रियोतोऽन्या वादिनः । ते च स्वामिमतपक्षप्ररूपणोद्धुयनेन युक्तिलक्षणजटभासये कूपमपतन्ता अपि तस्माद् ग्रहार्थसिद्धिमपश्यन्तो व्याहृत्य स्याद्वादरूपकूपस्तम्भालम्बनकृततावकीनशासनग्रहणोपसर्पणमेव यदि शरणीकुर्वते, तदा तेषां भवार्णवाद् बहिर्निष्क्रमणमनोरथः सफलतां कलयति नापरथा ॥ इति काव्यार्थः ॥१९॥

एवं क्रियावादिनां[1] प्रावादुकानां कतिपयकुग्रहनिग्रहं विधाय साम्प्रतमक्रियावादिनां लौकायतिकानां[2] मतं सर्वाधमत्वादन्ते उपन्यस्यन् तन्मतमूलस्य प्रत्यक्षप्रमाणस्यानुमानादिप्रमाणान्तरानङ्गीकारेऽकिंचित्करत्वप्रदर्शनेन तेषां प्रज्ञायाः प्रमादमादर्शयति—

क्षणमें नष्ट होता है कोई भी वस्तु नित्य नहीं है। जिस प्रकार दीपककी लौके प्रत्येक क्षणमें बदलते रहते हुए भी लौके पूर्व और उत्तर क्षणोंमें एकसा ज्ञान होनेके कारण यह वही लौ है यह ज्ञान होता है वैसे ही पदार्थोंके प्रत्येक क्षणमें बदलते रहनेपर भी पदार्थोंके पूर्व और उत्तर क्षणोंमें एकसा ज्ञान होनेसे पदार्थोंकी एकताका ज्ञान होता है। पदार्थोंके प्रत्येक क्षणमें नष्ट होते हुए भी परस्पर भिन्न क्षणोंको जोडनेवाली शक्तिको वासना अथवा सन्तान कहते हैं। यह नाना क्षणोंकी परम्परा ही वासना है। इसी वासनाकी उत्तरोत्तर अनेक क्षणपरंपराके कार्य-कारण सम्बन्धसे कर्ता भोक्ता आदिका व्यवहार होता है वास्तवमें कर्ता और भोक्ता कोई नित्य पदार्थ नहीं है। जैन—वासना और क्षणसंतति परस्पर अभिन्न हैं भिन्न हैं, अथवा अनुभय ? (क) यदि वासना और क्षणसंतति अभिन्न हैं तो दोनोंमेंसे एकको ही मानना चाहिये। (ख) यदि वासना और क्षणसंततिको भिन्न मानो तो दोनोंमें कोई सम्बन्ध नहीं बन सकता। (ग) भिन्न और अभिन्न दोनों विकल्प स्वीकार न करके यदि वासना और क्षणसंतति भिन्न-अभिन्नके अभाव रूप मानों तो अनेकान्त मत छोड कर दूसरे वादियोंके मतमें भेद और अभेदसे विलक्षण कोई तीसरा पक्ष नहीं बन सकता।

विज्ञानवादी बौद्ध—हम लोग आलयविज्ञानको वासना कहते हैं। अहंकार-संयुक्त चेतनाको आलयविज्ञान कहते हैं। आलयविज्ञानमें प्रवृत्तिविज्ञान रूप सम्पूर्ण धर्म कार्य रूपसे उत्पन्न होते हैं इस आलयविज्ञानसे पूर्व क्षणसे उत्पन्न चेतनाकी शक्तिसे युक्त उत्तर क्षण उत्पन्न होता है। इसी आलयविज्ञान (वासना) से परस्पर भिन्न पूर्व और उत्तर क्षणोंमें सम्बन्ध होता है। जैन—क्षणिकवादी बौद्धोंके मतमें स्वयं आलयविज्ञान भी नित्य नहीं कहा जा सकता। अतएव क्षणिक आलयविज्ञान परस्पर असंबद्ध पूर्व और उत्तर क्षणोंको नहीं जोड सकता। इसलिये आलयविज्ञान द्वारा पूर्व क्षणसे उत्तरक्षणकी उत्पत्ति नहीं हो सकती। अतएव बौद्धोंको पदार्थोंको सर्वथा अनित्य न मान कर कथंचित् नित्य और कथंचित् अनित्य ही मानना चाहिये। क्योंकि प्रत्येक वस्तु क्षणमें नयी-नयी उत्पन्न होनेकी अपेक्षा अनित्य है तथा वस्तुकी क्षण-क्षणमें पलटनेवाली भूत भविष्य और वर्तमान पर्याय किसी नित्य द्रव्य (वासना) से परस्पर संबद्ध होती है इस लिये अनित्य है।

इस प्रकार क्रियावादियों (आत्मवादी) के सिद्धान्तोंका खंडन करके अक्रियावादी (अनात्मवादी) लोकायत लोगोंके मतका खंडन करते हुए अनुमान आदि प्रमाणोंके बिना प्रत्यक्ष प्रमाणकी असिद्धि बता कर उनके ज्ञानकी मन्दता दिखाते हैं—

---

१ क्रियावादिनो नाम येषामात्मनोऽस्तित्वं प्रत्यविप्रतिपत्तिः । ये त्वक्रियावादिनस्तेऽस्तीति क्रियाविशिष्टमात्मानं नेच्छन्त्येव अस्तित्वे वा शरीरेण सहैकत्वान्यत्वाभ्यामवक्तव्यत्वमिच्छन्ति । उत्तराध्ययनसूत्रे २३ शीलाङ्क-टीकायां ।

२ लोकाः निर्विचाराः सामान्यलोकास्तद्वदाचरन्ति स्मेति लोकायता लोकायतिका इत्यपि । बृहस्पतिप्रणीतमतत्वेन बार्हस्पत्याश्चेति । षड्दर्शनसमुच्चयोपरि गुणरत्नटीकायां पृ १२२ ।

विनानुमानेन पराभिसन्धिमसंविदानस्य तु नास्तिकस्य ।
न साम्प्रतं वक्तुमपि क्व चेष्टा क्व दृष्टमात्रं च हहा प्रमादः ॥२०॥

प्रत्यक्षमेवैकं प्रमाणमिति मन्यते चार्वाकः । तत्र संलक्ष्यते । अनु पश्चाद् लिङ्गसंबन्धग्रहणस्मरणानन्तरम् मीयते परिच्छिद्यते देशकालस्वभावविप्रकृष्टोऽर्थोऽनेन ज्ञानविशेषेण इत्यनुमानं । प्रस्तावात् स्वार्थानुमानम्[१] । तेनानुमानेन लैङ्गिकप्रमाणेन विना पराभिसन्धि पराभिप्रायम्, असंविदानस्य सम्यग् अजानानस्य । तुशब्दः पूर्ववादिभ्यो भेदद्योतनार्थः । पूर्वेषां वादिनामास्तिकतया विप्रतिपत्तिस्थानेषु क्षोदः कृतः नास्तिकस्य तु वक्तुमपि नौचिती कुत एव तेन सह क्षोद इति तुशब्दार्थः । नास्ति परलोकः पुण्यम् पापम् इति वा मतिरस्य । "नास्तिकास्तिकदैष्टिकम्[२]" इति निपातनात् नास्तिकः । तस्य नास्तिकस्य लौकायतिकस्य वक्तुमपि न साम्प्रतं वचनमप्युच्चारयितुं नोचितम् । ततस्तूष्णींभाव एवास्य श्रेयान्, दूरे प्रामाणिकपरिषदि प्रविश्य प्रमाणोपन्यासगोष्ठी ॥

वचनं हि परप्रत्यायनाय प्रतिपाद्यते । परेण चाप्रतिपित्सितमर्थं प्रतिपादयन् नासौ स्वस्थवचनो भवति उन्मत्तवत् । ननु कथमिव तूष्णींकतैवास्य श्रेयसी यावता चेष्टाविशेषादिना प्रतिपाद्यस्याभिप्रायमनुमाय सुकरमेवानेन वचनोच्चारणम् इत्याशङ्क्याह क्व चेष्टा क्व दृष्टमात्रं च इति । क्वेति बृहदन्तरे । चेष्टा इङ्गितम् । पराभिप्रायस्यानुमेयस्य लिङ्गम् । क्व च दृष्टमात्रम् । दर्शनं दृष्टं । भावे क्तः । दृष्टमेव दृष्टमात्रम् प्रत्यक्षमात्रम्, तस्य लिङ्गनिरपेक्षप्रवृत्तित्वात् । अत एव दूरमन्तरमेतयोः । न हि प्रत्यक्षेणातीन्द्रिया परचेतोवृत्तय

श्लोकार्थ—अनुमानके बिना चार्वाक लोग दूसरेका अभिप्राय नहीं समझ सकते । अतएव चार्वाक लोगोंको बोलनेकी चेष्टा भी नहीं करनी चाहिये । क्योंकि चेष्टा और प्रत्यक्ष दोनोंमें बहुत अन्तर है । यह कितना प्रमाद है !

व्याख्यार्थ—चार्वाक—केवल प्रत्यक्ष ही प्रमाण है । इसलिये पाँच इन्द्रियोंके विषयके बाह्य कोई वस्तु नहीं है । जैन—जिसके द्वारा अविनाभाव सम्बन्धके स्मरणपूर्वक देश काल और स्वभाव सम्बन्धी दूर पदार्थोंका ज्ञान हो उसे स्वार्थानुमान कहते हैं (अनु पश्चात् मीयते परिच्छिद्यते) स्वार्थानुमान परोपदेशके बिना होता है और परार्थानुमानमें दूसरोंको समझानेके लिये पक्ष और हेतुका प्रयोग किया जाता है । अनुमान प्रमाणके बिना दूसरोंका अभिप्राय समझमें नहीं आ सकता । अब तकके श्लोकोंमें आस्तिक मतका खंडन किया गया है । परलोक पुण्य और पापको न माननेवाले नास्तिक चार्वाक लोग वचनोंका उच्चारण भी नहीं कर सकते अतएव नास्तिकोंके लिये प्रामाणिक पुरुषोंकी सभासे दूर रह कर मौन रहना ही श्रेयस्कर है । नास्तिकास्तिकदैष्टिकम् इस निपात सूत्रसे नास्तिक शब्द बनता है ।

दूसरोंको ज्ञान करानेके लिये ही वचनोंका प्रयोग किया जाता है । दूसरेके द्वारा अप्रतिपित्सित (जिसे जानने की इच्छा न हो) अर्थको प्रतिपादन करनेवालेका वचन उन्मत्त पुरुषके वचनके समान आदरणीय नहीं हो सकते । 'इसका मौन रहना ही कैसे श्रेयस्कर हो सकता है ? दूसरेके अनुमानका विषय बने हुए अभिप्रायको जाननेकी चेष्टाविशेष आदिसे जिसको प्रतिपादन करना होता है उसका अभिप्राय जानकर उसके द्वारा वचनोच्चारण करना ठीक है'—इस शंकाके उत्तरमें कहते हैं । कहाँ चेष्टा (इंगित) और कहाँ प्रत्यक्षदर्शन ! दूसरेके अभिप्रायको बतानेवाली चेष्टामें और प्रत्यक्षसे किसी पदार्थको जाननेमें बहुत अन्तर है । क्योंकि चेष्टा दूसरेके अभिप्रायको जाननेमें लिंग है और प्रत्यक्ष लिंगके बिना ही उत्पन्न होता है । प्रत्यक्षसे इन्द्रियोंके बाह्य दूसरेके मनका अभिप्राय नहीं जाना जा सकता क्योंकि प्रत्यक्ष इन्द्रियजन्य ही होता

१. अनुमानं द्विविधं स्वार्थं परार्थं च । तत्र हेतुग्रहणसंबन्धस्मरणकारणकं साध्यविज्ञानं स्वार्थम् । पक्षहेतुवचनात्मकं परार्थमनुमानमुपचारात् । प्रमाणनयतत्त्वालोकालङ्कारे ३-१० २३ । २ हैमसूत्रे ६-४-६६ ।

परिज्ञातुं शक्यते, तस्यैन्द्रियकत्वात्। मुखप्रसादादिचेष्टया तु लिङ्गभूतया पराभिप्रायस्य निश्चये अनुमानप्रमाणमनिच्छतोऽपि तस्य बलादापतितम्। तथाहि—मद्वचनश्रवणाभिप्रायवानयं पुरुषः, तादृग् मुखप्रसादादिचेष्टान्यथानुपपत्तेरिति। अतश्च हहा प्रमादः। हहा इति खेदे। अहो तस्य प्रमादे प्रमत्तता, यदनुभूयमानमप्यनुमानं प्रत्यक्षमात्राङ्गीकारेणापह्नुते॥

अत्र संपूर्वस्य वेत्तेरकर्मकत्वे एवात्मनेपदम्। अत्र तु कर्मास्ति तत्कथमत्रानश्। अत्रो च्यते अत्र संवेदितुं शक्तः संविदान इति कार्यम्। "वयःशक्तिशीले"[1] इति शक्तौ शानविधानात्। ततश्चायमर्थः। अनुमानेन विना पराभिसंहितं सम्यग् वेदितुमशक्तस्येति। एवं परबुद्धिज्ञानान्यथानुपपत्त्यायमनुमानं हठाद् अङ्गीकारितः॥

तथा प्रकारान्तरेणाप्ययमङ्गीकारयितव्य। तथाहि—चार्वाकः काश्चित् ज्ञानव्यक्तीः संवादित्वेनाव्यभिचारिणीरुपलभ्य अन्याश्च विसंवादित्वेन व्यभिचारिणीः पुनः कालान्तरे तादृशीतराणां ज्ञानव्यक्तीनामवश्यं प्रमाणेतरते व्यवस्थापयेत्। न च संनिहितार्थबलेनोत्पद्यमानं पूर्वापरपरामर्शशून्यं प्रत्यक्षं पूर्वापरकालभाविनीनां ज्ञानव्यक्तीनां प्रामाण्याप्रामाण्यव्यवस्थापकं निमित्तमुपलक्षयितुं क्षमते। न चायं स्वप्रतीतिगोचराणामपि ज्ञानव्यक्तीनां परं प्रति प्रामाण्यमप्रामाण्यं वा व्यवस्थापयितुं प्रभवति। तस्माद् यथादृष्टज्ञानव्यक्तिसाधर्म्यद्वारेणेदानीन्तनज्ञानव्यक्तीनां प्रामाण्याप्रामाण्यव्यवस्थापकम् परप्रतिपादकं च प्रमाणान्तरमनुमानरूपमुपासीत।

है। अतएव लिंगभूत मुख आदिकी चेष्टासे दूसरेके अभिप्रायको जाननेके लिये अनुमान प्रमाणको स्वीकार करनेकी अनिच्छा होनेपर भी प्रत्यक्षके अतिरिक्त अनुमान प्रमाणको जबरन मानना पड़ता है। तथाहि—यह पुरुष मेरे वचनोंको सुननेकी इच्छा रखता है, क्योंकि यदि उसकी उक्त इच्छा न होती तो उसकी मुख-प्रसाद आदि रूप चेष्टायें न दिखाई देतीं—इस प्रकारका ज्ञान अनुमानके बिना नहीं होता। खेद है कि चार्वाक लोग इस प्रकार अनुमान प्रमाणका अनुभव करते हुए भी अनुमानको उड़ाकर केवल प्रत्यक्षको ही स्वीकार करना चाहते हैं।

शंका—सं विद् धातु अकर्मक होनेपर आत्मनेपदमें ही प्रयुक्त होती है, इसलिये यहाँ पराभिसन्धिम् कर्मके होते हुए सं विद् धातुमें आनश् प्रत्यय होकर संविदानस्य शब्द नहीं बन सकता। समाधान—जो जाननेके लिये समर्थ हो उसे संविदान कहते हैं। यहाँ वयःशक्तिशीले सूत्रसे सामर्थ्यके अर्थमें 'शान' प्रत्यय होनेसे संविदान शब्द बना है। इसलिये यहाँ यह अर्थ होता है कि नास्तिक लोग दूसरे लोगोंके अभिप्रायको सम्यक्रूपसे समझनेमें असमर्थ (असंविदानस्य) हैं, अतएव दूसरेके अभिप्रायको जाननेके लिये अनुमान प्रमाण अवश्य मानना चाहिये।

(क) तथा प्रकारान्तरसे भी अनुमान प्रमाण अंगीकार करना आवश्यक है। तथाहि—संवादी होनेके कारण कुछ ज्ञानव्यक्तियोंको अव्यभिचारी तथा विसंवादी होनेके कारण अन्य ज्ञानव्यक्तियोंको व्यभिचारी जानकर पुनः कालान्तरमें संवादी एवं विसंवादी ज्ञानव्यक्तियोंकी प्रमाणता और अप्रमाणताका चार्वाक अवश्यमेव निर्णय कर सकता है। किन्तु पूर्व एवं अपरकालमें उत्पन्न होनेवाले ज्ञानव्यक्तियोंके प्रामाण्य और अप्रामाण्यका निर्णय करनेमें साधनभूत समीपस्थ अर्थके बलसे उत्पन्न होनेवाले पूर्व एवं अपर कालवर्ती पदार्थोंके संबंधसे शून्य प्रत्यक्षको लक्ष्य करनेके लिये वह समर्थ नहीं है। अपने अनुभवका विषय बने हुए ज्ञानव्यक्तियोंका दूसरेके लिये प्रामाण्य और अप्रामाण्यका निश्चय करनेके लिये चार्वाक समर्थ नहीं है। (ख) चार्वाक लोग प्रत्यक्षसे दूसरोंके प्रति ज्ञानको प्रमाण अथवा अप्रमाण नहीं ठहरा सकते। अतएव पूर्व कालमें जाने हुए ज्ञानकी समानता देखकर वर्तमान कालके ज्ञानको प्रमाण अथवा अप्रमाण ठहरानेके लिये प्रत्यक्षके अतिरिक्त अनुमानके रूपमें कोई दूसरा प्रमाण अवश्य मानना चाहिये। प्रत्यक्षके अतिरिक्त दूसरा प्रमाण अनुमान ही हो

---

[1] हैमसूत्रे ५-२-२४

परलोकादिनिषेधश्च न प्रत्यक्षमात्रेण शक्यः कर्तुम्, सन्निहितमात्रविषयत्वात् तस्य । परलोकादिकं चाप्रतिषिध्य नास्य सुखमास्ते, प्रमाणान्तरं च नेच्छतीति डिम्भहेवाकः ॥

किञ्च, प्रत्यक्षस्याप्यर्थाव्यभिचारादेव प्रामाण्यम्, कथमितरथा स्नानपानावगाहनाद्यर्थक्रियाऽसमर्थे मरुमरीचिकानिचयचुम्बिनि जलज्ञाने न प्रामाण्यम्? तच्च अर्थप्रतिबद्धलिङ्गशब्दद्वारा समुन्मज्जतोरनुमानागमयोरप्यर्थाव्यभिचारादेव किं नेष्यते? व्यभिचारिणोरप्यनयोर्दर्शनाद् अप्रामाण्यमिति चेत्, प्रत्यक्षस्यापि तिमिरादिदोषाद् निशीथिनीनाथयुगलावलम्बिनोऽप्रामाण्यस्य दर्शनात् सर्वत्राप्रामाण्यप्रसङ्गः। प्रत्यक्षाभासं तदिति चेत् इतरत्रापि तुल्यमेतत् अन्यत्र पक्षपातात्। एवं च प्रत्यक्षमात्रेण वस्तुव्यवस्थानुपपत्तेः तन्मूला जीवपुण्यापुण्यपरलोकनिषेधादिवादा अप्रमाणमेव ॥

एवं नास्तिकाभिमतो भूतचैतन्यवादोऽपि निराकार्यः। तथा च द्रव्यालङ्कारकारौ उपयोगं वर्णयते—'न चायं भूतधर्मः सत्त्वकठिनत्वादिवद् मद्याङ्गेषु भ्रम्यादिमदशक्तिवद् वा प्रत्येकमनुपलम्भात्। अनभिव्यक्तावात्मसिद्धिः। कायाकारपरिणतेभ्यस्तेभ्यः स उत्पद्यते इति चेत् कायपरिणामोऽपि तन्मात्रभावी न कादाचित्कः। अन्यस्त्वात्मैव स्यात्। अहेतुत्वे न देशादि

सकता है। (ग) प्रत्यक्ष प्रमाणसे परलोक आदिका निषेध नहीं किया जा सकता क्योंकि प्रत्यक्ष पासके पदार्थोंको ही जान सकता है। परलोकका अभाव माने बिना चार्वाक लोगोको शांति नहीं मिलती और साथ ही वे लोग प्रत्यक्षके अतिरिक्त अन्य प्रमाण न माननेकी भी हठ करते हैं—यह कैसी बालचेष्टा है!

तथा प्रत्यक्षका प्रामाण्य (ज्ञेयार्थको जाननेकी क्रियाकी–प्रमितिकी–उत्पत्तिमें साधकतम) प्रत्यक्ष द्वारा ज्ञेय पदार्थके ज्ञानका अविसंवादित्व होनेपर ही सिद्ध होता है। यदि प्रत्यक्ष द्वारा ज्ञेय पदार्थका ज्ञान अविसंवादी न होने पर भी प्रत्यक्षका प्रामाण्य सिद्ध होता हो तो स्नान पान अवगाहन आदि प्रयोजनकी निष्पत्ति करनेमें असमर्थ मृगतृष्णा विषयक जलज्ञानमें प्रामाण्य कैसे नहीं हो सकता? अर्थके साथ प्रतिबद्ध (अविनाभाव युक्त) ऐसे हेतु और शब्दके द्वारा उत्पन्न अनुमान एवं आगमके द्वारा ज्ञात पदार्थके ज्ञानकी अविसंवादिता होनेसे इन दोनोंका प्रामाण्य क्यों स्वीकार नहीं किया जाता? यदि कहो कि अनुमान और आगममें ज्ञात पदार्थके ज्ञानकी अविसंवादिता नहीं देखी जाती इसलिये उन्हें प्रमाण नहीं माना जा सकता तो इस प्रकार प्रत्यक्षमें भी तिमिर आदि नेत्ररोगके कारण एक चन्द्रमाका दो चन्द्रमा रूप ज्ञान होता है इसलिये प्रत्यक्षको भी सर्वत्र अप्रमाण ही मानना चाहिये। यदि कहो कि नेत्ररोगके कारण एक चन्द्रमाके स्थानपर दो चन्द्रमा दिखाई देते हैं इसलिये एक चन्द्रमामें दो चन्द्रका ज्ञान प्रत्यक्षाभास है तो इसी तरह हम सदोष अनुमानको अनुमानाभास और सदोष आगमको आगमाभास कहते हैं। अतएव केवल प्रत्यक्ष प्रमाणसे पदार्थोंका निश्चित स्वरूप नहीं जाना जा सकता इसलिये प्रत्यक्ष प्रमाणका अवलम्बन लेकर जीव पुण्य पाप परलोक आदिका निषेध करनेवाले दर्शन अप्रमाण ही हैं।

इससे नास्तिक लोगोंके भूतचैतन्यवाद (पाँच भूतोंसे चैतन्यकी उत्पत्ति) का भी निराकरण करना चाहिये। द्रव्यालंकारके (दो) कर्ता उपयोगका वर्णन करते समय कहते हैं— जिस प्रकार सत्त्व कठिनत्व आदि भूतोंके धर्म हैं अथवा जिस प्रकार मादक द्रव्योंमें थकावट एवं मद उत्पन्न करनेवाली शक्ति होती है उसी प्रकार पाँच महाभूतोंमेंसे प्रत्येक भूतमें चैतन्य नहीं पाया जाता अतएव वह भूतधर्म नहीं है। यह चैतन्य भूतोंमें अभिव्यक्त नहीं होता अतएव आत्माकी सिद्धि होती है। चार्वाक—जिस समय पृथिवी आदि पाँच महाभूत शरीर रूपमें परिणत होते हैं उसी समय उनमें चैतन्य उत्पन्न हो जाता है। जैन—यह ठीक नहीं। क्योंकि यदि आप लोग पृथिवी आदिके मिलनेसे ही शरीरका परिणमन मानते हैं तो वह अनित्य नहीं होता (शरीरके अनित्य न होनेके कारण उसकी उत्पत्ति होना असंभव है अतएव चैतन्य धर्मकी भी उत्पत्ति नहीं होती)। और यदि पृथिवी आदिके अतिरिक्त चैतन्य कोई भिन्न वस्तु है तो उसे आत्मा कहना चाहिये। यदि चैतन्य

नियमः । मृतादपि च स्यात् । शोणितादुपाधिः सुप्तादावप्यस्ति । न च सतस्तस्योत्पत्तिः भूयो भूयः प्रसङ्गात् । अलब्धात्मनश्च प्रसिद्धमर्थक्रियाकारित्वं विरुध्यते । असतः सकलशक्तिविकलस्य कथमुत्पत्तौ कर्तृत्वम्, अन्यस्यापि प्रसङ्गात् ? तन्न भूतकार्यमुपयोग ॥

कुतस्तर्हि सुप्तोत्थितस्य तदुदयः ? असंवेदनेन चैतन्यस्याभावात् । न, जाग्रदवस्थानुभूतस्य स्मरणात् । असंवेदनं तु निद्रोपघातात् । कथं तर्हि कायविकृतौ चैतन्यविकृतिः ? नैकान्तः, श्वित्रादिना कश्मलवपुषोऽपि बुद्धिशुद्धेः, अविकारे च भावनाविशेषतः प्रीत्यादिभेददर्शनात् शोकादिना बुद्धिविकृतौ कायविकारादर्शनाच्च । परिणामिनो विना च न कार्योत्पत्ति । न च भूतान्येव तथा परिणमन्ति विजातीयत्वात् । काठिन्यादेरनुपलम्भात् । अणव एवेन्द्रियग्राह्यत्वरूपां स्थूलतां प्रतिपद्यन्ते तज्जात्यादि चोपलभ्यते । तन्न भूतानां धर्मः फलं वा उपयोगः । तथा सर्वाश्च यदाक्षिपति तदस्य लक्षणम् । स चात्मा स्वसंविदितः । भूतानां तथाभावे बहिर्मुखं स्यात् । गौरोऽहमित्यादि तु नान्तर्मुखं बाह्यकरणजन्यत्वात् । अनभ्युपगतानुमानप्रामाण्यस्य चात्मनिषेधोऽपि दुर्लभः ।

धर्मको अहेतुक माना जाय तो देश और कालका नियम नहीं बन सकता । यदि कहो कि भूतोंके शरीर रूपमें परिणमन होनेसे चैतन्यकी उत्पत्ति होती है तो मृतक पुरुषमें भी चैतन्य पाया जाना चाहिये क्योंकि वहाँ भी पृथिवी आदिका कायरूप परिणमन मौजूद है । यदि कहो कि मृतक पुरुषमें रक्तका संचार नहीं होता अतएव मुर्देमें चेतन शक्तिका अभाव है तो सोते हुए मनुष्यमें रक्तका संचार होनेपर भी उसे ज्ञान क्यों नहीं होता ? तथा यदि कहो कि चैतन्य धर्मका सद्भाव होनेपर भी उसकी उत्पत्ति होती है तो यह भी ठीक नहीं । क्योंकि चैतन्य धर्मकी पुनः पुनः उत्पत्ति होनेका प्रसंग आयेगा तथा अनुत्पन्न चैतन्यधर्मका अर्थक्रियाकारित्व विरुद्ध पड़ेगा । जिस पदार्थका सर्वथा अभाव है और जो सब शक्तिसे रहित है वह उत्पत्ति क्रियाका कर्ता कैसे हो सकता है ? यदि सकल शक्तिशून्य असत् पदार्थको भी उत्पत्ति क्रियाका कर्ता माना जाये तो विशिष्ट शक्तिशून्य पदार्थको भी कर्ता माननेका प्रसंग उपस्थित होगा । अतएव उपयोग अर्थात् चैतन्य धर्म पंच महाभूतोत्पन्न कार्य नहीं है ।

शंका—यदि पृथिवी आदि पाँच भूतोंसे चैतन्यकी उत्पत्ति नहीं होती तो सो कर उठनेवाले पुरुषमें चेतन शक्ति कहाँसे आती है क्योंकि सोनेके समय पूर्व चेतन शक्ति नष्ट हो जाती है । समाधान—सो कर उठनेके पश्चात् हम जाग्रत अवस्थामें अनुभूत पदार्थोंका ही स्मरण होता है । सोते समय चेतन शक्तिका निद्राके उदयसे आच्छादन हो जाता है । शंका—यदि शरीर और चैतन्यका कोई संबंध नहीं है तो शरीरमें विकार उत्पन्न होनेसे चेतनामें विकार क्यों होता है ? समाधान—यह एकान्त नियम नहीं है । क्योंकि बहुतसे कोढ़ी पुरुष भी बुद्धिमान होते हैं और शरीरमें किसी प्रकारका विकार न होनेपर भी बुद्धिमें राग द्वेष आदिका भावनाविशेषके कारण सद्भाव पाया जाता है इसी तरह शोक आदिसे बुद्धिमें विकार होनेपर भी शरीरमें विकार नहीं देखा जाता । परिणामी अर्थात् परिणमनशील उपादानके अभावमें कार्य अर्थात् परिणामकी उत्पत्ति नहीं होती । तथा पृथिवी आदि पंचभूतोंका चैतन्य रूप परिणमन मानना ठीक नहीं क्योंकि पृथिवी आदि चैतन्यके विजातीय हैं—पृथिवी आदिकी तरह चैतन्यमें काठिन्य आदि गुण नहीं पाये जाते । परमाणु ही इन्द्रियग्राह्यत्व रूप स्थूल पर्यायको धारण करते हैं और स्थूल पर्यायको प्राप्त करनेपर भी परमाणुओंकी जातिमें कोई अन्तर नहीं पड़ता । अतएव चैतन्य पृथिवी आदि पाँच भूतोंका धर्म अथवा फल (कार्य) नहीं कहा जा सकता । तथा आप लोग जिस पर आक्षेप करते हैं हम उसे ही आत्मा कहते हैं । आत्मा स्वसंवेदनका विषय है । यदि आत्मा भूतोंसे उत्पन्न हो तो 'मैं गोरा हूँ' यह अन्तर्मुख ज्ञान न होकर 'यह गोरा है' इस प्रकारका बहिर्मुख ज्ञान होना चाहिये क्योंकि यह बाह्य कारणसे उत्पन्न होता है । तथा अनुमान प्रमाणको स्वीकार किये बिना आत्माका निषेध नहीं किया जा सकता ।

धर्मः फलं च भूतानाम् उपयोगो भवेद् यदि ।
प्रत्येकमुपलभ्य स्यादुत्पादो वा विलक्षणात् ॥

इति काव्यार्थः ॥ २० ॥

एवमुक्तयुक्तिभिरेकान्तवादप्रतिक्षेपमाख्याय साम्प्रतमनाद्यविद्यावासनाप्रवासितसन्मतयः प्रत्यक्षोपलक्ष्यमाणमप्यनेकान्तवादं येऽवमन्यन्ते तेषामुन्मत्ततामाविर्भावयन्नाह—

प्रतिक्षणोत्पादविनाशयोगिस्थिरैकमध्यक्षमपीक्षमाणः ।
जिन त्वदाज्ञामवमन्यते यः स वातकी नाथ पिशाचकी वा ॥२१॥

प्रतिक्षणं प्रतिसमयम् । उत्पादेनोत्तराकारस्वीकाररूपेण विनाशेन च पूर्वाकारपरिहारलक्षणेन युज्यत इत्येवंशीलं प्रतिक्षणोत्पादविनाशयोगि । किं तत् ? स्थिरैकं कर्मतापन्नं । स्थिर

यदि चैतन्य (उपयोग) पृथिवी आदि भूतोंका धर्म या कार्य हो तो प्रत्येक पदार्थमें चैतन्यकी उपलब्धि होनी चाहिये और विजातीय पदार्थोंसे सजातीय पदार्थोंकी उत्पत्ति होनी चाहिये ॥ यह श्लोकका अर्थ है ॥

भावार्थ—चार्वाक (१) प्रत्यक्ष ही एक प्रमाण है । अतएव पाँच इन्द्रियोंके बाह्य कोई वस्तु नहीं है इसलिए स्वर्ग नरक और मोक्षका सद्भाव नहीं मानना चाहिये । वास्तवमें कण्टक आदिसे उत्पन्न होनेवाले दुखको नरक कहते हैं प्रजाके नियन्ता राजाको ईश्वर कहते हैं और देहको छोड़नेको मोक्ष कहते हैं । अतएव मनुष्य जीवनको खूब आनन्दसे बिताना चाहिये कारण कि मरनेके बाद फिर संसारमें जन्म नहीं होता । जैन—अनुमान प्रमाणके बिना दूसरेके मनका अभिप्राय ज्ञात नहीं हो सकता । क्योंकि प्रत्यक्षसे इन्द्रियोंके बाह्य दूसरोंका अभिप्राय नहीं जाना जा सकता । यह पुरुष मेरे वचनोंको सुनना चाहता है क्योंकि इसके मुँहपर अमुक प्रकारकी चेष्टा दिखाई देती है—इस प्रकारका ज्ञान अनुमानके बिना नहीं हो सकता । तथा बिना अनुमान प्रमाणके ज्ञानके प्रामाण्य और अप्रामाण्य का भी निश्चय नहीं हो सकता । इसके अतिरिक्त प्रत्यक्षकी सत्यता भी अनुमानसे ही जानी जाती है । इसलिये अनुमान अवश्य मानना चाहिये ।

चार्वाक—(२) जिस प्रकार मादक पदार्थोंसे मदशक्ति पैदा होती है वैसे ही पृथिवी आदि भूतोंसे चैतन्यकी उत्पत्ति होती है । पाँच भूतोंके नाश होनेसे चैतन्यका भी नाश हो जाता है इसलिये आत्मा कोई वस्तु नहीं है । आत्माके अभाव होनेसे धर्म अधर्म और पुण्य पाप भी कोई वस्तु नहीं ठहरते । जैन—यदि मादक शक्तिकी तरह चैतन्यको पाँच भूतोंका विकार माना जाय तो जिस तरह मदशक्ति प्रत्येक मादक पदार्थमें पायी जाती है वैसे ही चेतन शक्तिको भी प्रत्येक पदार्थमें उपलब्ध होना चाहिये । तथा यदि पृथिवी आदिसे चेतन शक्ति उत्पन्न हो तो मृतक पुरुषमें भी चेतना माननी चाहिये । इसके अतिरिक्त पृथिवी आदि चैतन्यके विजातीय हैं क्योंकि चैतन्यमें पृथिवीके काठिन्य आदि गुण नहीं पाये जाते । अतएव चेतना शक्तिको भौतिक विकार नहीं मानकर आत्माको स्वतन्त्र पदार्थ मानना चाहिये ।

इस प्रकार एकान्तवादका खंडन करके अनादि अविद्याकी वासनासे मलिन बुद्धिवाले जो लोग अनेकांतको प्रत्यक्षसे देखते हुए भी उसकी अवमानना करते हैं उनकी उन्मत्तताका प्रदर्शन करते हैं—

श्लोकार्थ—हे नाथ प्रत्येक क्षणमें उत्पन्न और नाश होनेवाले पदार्थोंको प्रत्यक्षसे स्थिर देखकर भी वातरोग अथवा पिशाचसे ग्रस्त लोगोंकी तरह लोग आपकी आज्ञाकी अवहेलना करते हैं ।

व्याख्यार्थ—प्रत्येक द्रव्य प्रतिक्षण उत्तर पर्यायोंके होनेसे उत्पन्न (उत्पाद) और पूर्व पर्यायोंके नाश होनेसे नष्ट (व्यय) होकर भी स्थिर रहता है । जिस प्रकार नील और पीत दोनों आकारोंका अधिकरण

मुत्पादविनाशयोरनुयायित्वात् त्रिकालवर्ति यदेकं द्रव्यं स्थिरैकम्। एकशब्दोऽत्र साधारणवाची। उत्पादे विनाशे च तत्साधारणम्, अन्वयित्वात्। यथा चैत्रमैत्रयोरेका जननी साधारणेत्यर्थः। इत्थमेव हि तयोरेकाधिकरणता पर्यायाणां कथञ्चिदनेकत्वेऽपि तस्य कथञ्चिदेकत्वात्। एवं त्रयात्मकं वस्तु अध्यक्षमपीक्षमाण प्रत्यक्षमवलोकयन् अपि। हे जिन रागादिजेत्र। त्वदाज्ञाम् आ सामस्त्येनानन्तधर्मविशिष्टतया ज्ञायन्तेऽवबुद्ध्यन्ते जीवाजीवादय पदार्था यया सा आज्ञा आगम शासन तवाज्ञा त्वदाज्ञा। तां त्वदाज्ञां भवत्प्रणीतस्याद्वादमुद्राम् य कश्चिदविवेकी अवमन्यतेऽवजानाति। जात्यपेक्षमेकवचनमवज्ञया वा। स पुरुषपशुर्वातकी पिशाचकी वा। वातो रोगविशेषोऽस्यास्तीति वातकी। वातकीव वातकी। वातूल इत्यर्थ। एवं पिशाचकीव पिशाचकी। भूताविष्ट इत्यर्थ ॥

अत्र वाशब्द समुच्चयार्थ उपमानार्थो वा। स पुरुषापसदो वातकिपिशाचकिभ्यामधिरोहति तुलामित्यर्थ। 'वातातीसारपिशाचात्कश्चान्त'[1] इत्यनेन मत्वर्थीय कश्चान्तः। एवं पिशाचकीत्यपि। यथा किल वातेन पिशाचेन वाक्रान्तवपुर्वस्तुतत्त्व साक्षात् कुर्वन्नपि तदावेशवशात् अन्यथा प्रतिपद्यते एवमयमप्येकान्तवादापस्मार[2]परवश इति। अत्र च जिनेति साभिप्रायम्। रागादिजेतृत्वाद् हि जिन। ततश्च य किल विगलितदोषकालुष्यतयावधेयवचनस्यापि तत्रभवत शासनमवमन्यते तस्य कथं नोन्मत्ततेति भाव। नाथ हे स्वामिन्। अलब्धस्य सम्यग्दर्शनादेर्लम्भकतया लब्धस्य च तस्यैव निरतिचारपरिपालनोपदेशदायितया च योगक्षेमकरत्वोपपत्तेर्नाथ। तस्यामन्त्रणम् ॥

एक माता है उसी तरह उत्पाद और विनाश दोनोंका अधिकरण एक अन्वयी द्रव्य है इसलिये उत्पाद और विनाशके रहते हुए भी द्रव्य सदा स्थिर रहता है। क्योंकि उत्पाद और व्यय रूप पर्यायोंके कथंचित् अनेक होने पर भी द्रव्य कथंचित एक माना गया है। इस प्रकार उत्पाद व्यय और ध्रौव्य रूप पदार्थोंको प्रत्यक्षसे देखकर भी वातरोग अथवा पिशाचसे ग्रस्त लोगोंकी तरह अविवेकी लोग आपकी अनेकान्त रूप आज्ञाका उल्लंघन करते हैं।

यहाँ वा शब्द समुच्चय अथवा उपमान अर्थमें प्रयुक्त हुआ है। इसलिये यह अर्थ होता है कि आपकी आज्ञाको उल्लंघन करनेवाले अधम पुरुष वातकी (वात रोगसे ग्रस्त) अथवा पिशाचकी (पिशाचसे ग्रस्त) की तरह हैं। यहाँ वातातीसारपिशाचात्कश्चान्त सूत्रसे वात और पिशाच शब्दसे मत्वर्थमें इन् प्रत्यय होकर अन्तमें क लग जाता है। जिस प्रकार वात और पिशाचसे ग्रस्त पुरुष पदार्थोंको देखते हुए भी उन्हें वात और पिशाचके आवेशमें अन्यथा रूपसे प्रतिपादन करता है वैसे ही एकान्तवाद रूपी अपस्मार (मृगी) से पीडित मनुष्य प्रत्येक पदार्थमें उत्पाद व्यय और ध्रौव्य अवस्थायें देखकर भी उन्हें अन्यथा रूपसे प्रतिपादन करता है। श्लोकमें जिन शब्दका प्रयोग विशेष अर्थ बतानेके लिये किया गया है। जिसने राग द्वेष आदि दोषोंको जीत लिया है उसे जिन कहते हैं। अतएव आपके वचनोंके निर्दोष होनेपर भी जो लोग उनकी अवज्ञा करते हैं उन्हें उन्मत्त ही कहना चाहिये। हे स्वामिन् आप सम्यग्दर्शनको प्राप्त करनेवाले और उसे निरतिचार पालन करनेका उपदेश देनेवाले होनेके कारण सुख और शांतिके दाता हैं इसलिये आप नाथ हैं।

---

१ हैमसूत्र ७-२ ६१।

२ अपस्मयते पूर्ववृत्तं विस्मर्यतेऽनेन। रोगविशेष।

तम प्रवेशो संरम्भो दोषोद्रेकहृतस्मृते।
अपस्मार इति ज्ञेयो गदो घोरश्चतुर्विध ॥

अमरकल्पद्रुमे।

वस्तुतत्त्वं चोत्पादव्ययध्रौव्यात्मकम्। तथाहि सर्वं वस्तु द्रव्यात्मना नोत्पद्यते विपद्यते वा, परिस्फुटमन्वयदर्शनात्। लूनपुनर्जातनखादिष्वन्वयदर्शनेन व्यभिचार इति न वाच्यम् प्रमाणेन बाध्यमानस्यान्वयस्यापरिस्फुटत्वात्। न च प्रस्तुतोऽन्वयः प्रमाणविरुद्धः सत्यप्रत्यभिज्ञानसिद्धत्वात्।

'सर्वव्यक्तिषु नियतं क्षणे क्षणेऽन्यत्वमथ च न विशेषः।
सत्योश्चित्यपचित्योराकृतिजातिव्यवस्थानात्'' ॥

इति वचनात् ॥

ततो द्रव्यात्मना स्थितिरेव सर्वस्य वस्तुनः। पर्यायात्मना तु सर्वं वस्तूत्पद्यते विपद्यते च अस्खलितपर्यायानुभवसद्भावात्। न चैवं शुक्ले शङ्खे पीतादिपर्यायानुभवेन व्यभिचारः तस्य स्खलद्रूपत्वात्। न खलु सोऽस्खलद्रूपो येन पूर्वाकारविनाशाजहद्वृत्तोत्तराकारोत्पादाविनाभावी भवेत्। न च जीवादौ वस्तुनि हर्षामर्षौदासीन्यादिपर्यायपरम्परानुभवः स्खलद्रूपः कस्यचिद् बाधकस्याभावात्।

प्रत्येक वस्तु उत्पाद व्यय और ध्रौव्य रूप है। तथाहि—द्रव्यकी अपेक्षासे कोई वस्तु न उत्पन्न होती है और न नाश होती है। कारण कि द्रव्यमे भिन्न भिन्न पर्यायोके उत्पन्न और नाश होनेपर भी द्रव्य एकसा दिखायी देता है। (भाव यह है कि यदि द्रव्य रूपसे वस्तुका उत्पन्न होना स्वीकार किया जाये तो उत्पत्तिके पूर्वकालमे उसे सर्वथा असत् मानना होगा। ऐसी दशामे असत्से सतकी उत्पत्ति स्वीकार करनी होगी। तथा यदि द्रव्यरूपसे वस्तुका विनाश होना स्वीकार किया जाये तो सतका विनाश मानना होगा। और असत्का उत्पाद और सतका नाश कभी होता नही। दूसरी बात यह है कि उत्पत्ति और विनाशके कालमे सतका अभाव होने पर उत्पत्ति और विनाश किसके होगे? अतएव जब वस्तुका अपने उपादेयभूत परिणामके रूपसे उत्पाद होता है और परिणामके विनाशके रूपसे व्यय होता है तब द्रव्यका सद्भाव होता है ऐसा मानना ही होगा तथा दोनो अवस्थाओमे द्रव्यका अन्वय होनसे उसका सद्भाव देखा जाता है)। शंका—नख आदिके काटे जाने पर फिरसे बढ जानेसे वे पहिले जैसे दिखाई देते हैं परन्तु वास्तवमे बढे हुए नख पहले नखोसे भिन्न हैं। इसी तरह सम्पूर्ण पर्याय नयी नयी उत्पन्न होती हैं। इसलिये पर्यायोको द्रव्यकी अपेक्षा एक मानना ठीक नहीं है। समाधान—यह ठीक नही। कारण कि फिरसे पैदा हुए नख पहले नखोंसे भिन्न हैं इसलिये नख आदिके दृष्टान्तमे प्रत्यक्षसे विरोध आता है। परन्तु उत्पाद और नाशके होते हुए द्रव्यका एकसा अवस्थित रहना प्रत्यभिज्ञान प्रमाणसे सिद्ध है। कहा भी है—

प्रत्येक पदार्थ क्षण-क्षणमे बदलते रहते हैं फिर भी उनमे सर्वथा भिन्नपना नही होता। पदार्थोंमे आकृति और जातिसे ही अनित्यपना और नित्यपना होता है।

अतएव द्रव्यकी अपेक्षा प्रत्येक वस्तु स्थिर है केवल पर्यायकी दृष्टिसे पदार्थोंमे उत्पत्ति और नाश होता है। हम पर्यायोके उत्पाद और व्ययका निर्दोष अनुभव होता है। इससे सफेद शखके पीतादि पर्यायके रूपसे परिणमन होने पर भी उसमे जो पीत आदि पर्यायका अनुभव (ज्ञान) होता है उसके साथ पर्यायोंके निर्दोष अनुभवके सद्भावरूप हेतुका व्यभिचार नही आता। क्योकि सफेद शखमे पीलपनका ज्ञान स्खलित होनेवाला होता है कारण कि नत्ररोगके दूर होनपर वह ज्ञान हमे असत्य मालूम होता है। सफेद शखमें पीलेपनका ज्ञान अस्खलित नही होता अर्थात् नष्ट होनेवाला होता है जिससे कि पूर्व पर्यायका नाश द्रव्य द्रव्यका त्याग न करनेवाली उत्तर पर्यायकी उत्पत्तिके साथ अविनाभावी होता है। जीव आदि पदार्थोंमें हर्ष क्रोध उदासीनता आदि पर्यायोंकी परम्परा अस्खलित नहीं कही जा सकती क्योंकि उन पर्यायोके अनुभवको बाधित करनवाले हेतुका सद्भाव नहीं है।

ननूत्पादादयः परस्परं भिद्यन्ते न वा ? यदि भिद्यन्ते, कथमेकं वस्तु त्रयात्मकम् ? न भिद्यन्ते चेत् तथापि कथमेकं त्रयात्मकम् ? तथा च

'यद्युत्पादादयो भिन्नाः कथमेकं त्रयात्मकम् ।
अथोत्पादादयोऽभिन्नाः कथमेकं त्रयात्मकम्'

इति चेत्, तदयुक्तं कथञ्चिद्भिन्नलक्षणत्वेन तेषां कथञ्चिद्भेदाभ्युपगमात् । तथाहि—उत्पादविनाशध्रौव्याणि स्याद् भिन्नानि भिन्नलक्षणत्वात्, रूपादिवदिति । न च भिन्नलक्षणत्वमसिद्धम् । असत आत्मलाभः सतः सत्ताविरोधः द्रव्यरूपतयानुवर्तनं च खलूत्पादादीनां परस्परमसंकीर्णानि लक्षणानि सकललोकसाक्षिकाण्येव ॥

न चामी भिन्नलक्षणा अपि परस्परानपेक्षाः खपुष्पवदसत्त्वापत्तेः । तथाहि—उत्पादः केवलो नास्ति स्थितिविगमरहितत्वात् कूर्मरोमवत् । तथा विनाशः केवलो नास्ति स्थित्युत्पत्तिरहितत्वात् तद्वत् । एवं स्थितिः केवला नास्ति विनाशोत्पादशून्यत्वात्, तद्वदेव । इत्यन्योऽन्यापेक्षाणामुत्पादादीनां वस्तुनि सत्त्वं प्रतिपत्तव्यम् । तथा चोक्तम्—

'घटमौलिसुवर्णार्थी नाशोत्पादस्थितिष्वयम् ।
शोकप्रमोदमाध्यस्थ्यं जनो याति सहेतुकम् ॥ १ ॥
पयोव्रतो न दध्यत्ति न पयोऽत्ति दधिव्रतः ।
अगोरसव्रतो नोभे तस्माद् वस्तु त्रयात्मकम् ॥ २ ॥

शंका—उत्पाद व्यय और ध्रौव्य परस्पर भिन्न हैं या अभिन्न ? यदि उत्पाद आदि परस्पर भिन्न हैं तो वस्तुका स्वरूप उत्पाद व्यय और ध्रौव्य रूप नहीं कहा जा सकता । यदि वे परस्पर अभिन्न हैं तो तीनों एक रूप होनेसे तीन रूप कैसे हो सकते हैं ? कहा भी है—

यदि उत्पाद व्यय और ध्रौव्य परस्पर भिन्न हैं तो वे तीन रूप नहीं कहे जा सकते । यदि उत्पाद आदि अभिन्न हैं तो उन्हें तीन रूप न मानकर एक ही मानना चाहिये ।

समाधान—यह ठीक नहीं । क्योंकि हम लोग उत्पाद व्यय और ध्रौव्यमें कथंचित भेद होनेसे उत्पाद व्यय और ध्रौव्यमें कथंचित भेद मानते हैं । तथाहि—उत्पाद व्यय और ध्रौव्य कथंचित भिन्न हैं भिन्न लक्षणवाले होनेसे रूप रस स्पर्श और गंधकी भाँति । यहाँ भिन्न लक्षणरूप हेतु असिद्ध नहीं है । उत्पत्तिके पूर्व जिसका (कथंचित) अभाव होता है उसका प्रादुर्भाव (आत्मलाभ) जो विद्यमान होता है उसकी सत्ताका अभाव तथा द्रव्य रूपसे अनुवर्तन—ये वस्तुतः उत्पाद व्यय और ध्रौव्यके परस्पर असंकीर्ण लक्षण सभीके द्वारा जाने जाते हैं ।

उत्पाद आदि परस्पर भिन्न होकर भी एक दूसरेसे निरपेक्ष नहीं हैं । यदि उत्पाद व्यय और ध्रौव्यको एक दूसरेसे निरपेक्ष मानें तो आकाश-पुष्पकी तरह उनका अभाव मानना पड़े । अतएव जैसे कछुवेकी पीठपर बालोंके नाश और स्थितिके बिना बालोंका केवल उत्पाद होना संभव नहीं है उसी तरह व्यय और ध्रौव्यसे रहित केवल उत्पादका होना नहीं बन सकता । इसी प्रकार कछुवेके बालोंकी तरह उत्पाद और ध्रौव्यसे रहित केवल व्यय तथा उत्पाद और नाशसे रहित केवल स्थिति भी संभव नहीं है । अतएव एक दूसरेकी अपेक्षा रखनेवाले उत्पाद व्यय और ध्रौव्य रूप वस्तुका लक्षण स्वीकार करना चाहिये । कहा भी है—

घड़े मुकुट और सोनेके चाहनेवाले पुरुष घड़ेके नाश, मुकुटके उत्पाद और सोनेकी स्थितिमें क्रमसे शोक हर्ष और माध्यस्थ भाव रखते हैं । तथा 'मैं दूध ही पीऊँगा' इस प्रकारका व्रत रखनेवाला पुरुष सिर्फ दूध ही पीता है दही नहीं खाता 'मैं आज दही ही खाऊँगा' इस प्रकारका नियम लेनेवाला पुरुष सिर्फ दही

---

१ आप्तमीमांसायां ५९,६०

इति काव्यार्थः ॥ २१ ॥

अथान्ययोगव्यवच्छेदस्य प्रस्तुतत्वात् आस्तां तावत्साक्षाद् भवान् भवदीयप्रवचना- वयवा अपि परतीर्थिकतिरस्कारबद्धकक्षा इत्याशयवान् स्तुतिकार स्याद्वादव्यवस्थापनाय प्रयोग मुपन्यस्यन् स्तुतिमाह—

अनन्तधर्मात्मकमेव तत्त्वमतोऽन्यथा सत्त्वमसूपपादम् ।
इति प्रमाणान्यपि ते कुवादिकुरङ्गसंत्रासनसिंहनादा ॥ २२ ॥

तत्त्व परमार्थभूत वस्तु जीवाजीवलक्षणम् अनन्तधर्मात्मकमेव । अनन्तास्त्रिकाल विषयत्वाद् अपरिमिता ये धर्मा सहभाविन क्रमभाविनश्च पर्याया । त एवात्मा स्वरूप यस्य तदनन्तधर्मात्मकम् । एवकार प्रकारान्तरव्यवच्छेदार्थ । अत एवाह अतोऽन्यथा इत्यादि ।

ही खाता है दूध नही पीता और गोरसका व्रत लेनवाला पुरुष दूध और दही दोनो नही खाता । अत प्रत्येक वस्तु उत्पाद व्यय और ध्रौव्य रूप है ।

(यहाँ उत्पाद व्यय और ध्रौव्यको दृष्टातसे समझाया गया है । एक राजाके एक पुत्र और एक पुत्री थी । राजाकी पुत्रीके पास एक सोनेका घडा था राजाके पुत्रने उस घडको तुडवा कर उसका मकुट बनवा लिया । घडेके नष्ट होनेपर (व्यय) राजाकी पुत्रीको शोक हुआ मकुटकी उत्पत्ति होनसे (उत्पाद) राजाके पुत्रको हर्ष हुआ तथा राजा दोनो अवस्थाओंमे मध्यस्थ था (ध्रौव्य) इसलिय राजाको शोक और हर्ष दोना नही हुए । इससे मालम होता है कि प्रत्येक वस्तुम उत्पाद व्यय और ध्रौव्य तीनो अवस्थाय मौजद रहती हैं । इसी प्रकार दूधका व्रती दही और दहीका व्रती दूध और गोरसका व्रती दही और दूध दोनो नही खाता है । इसलिये प्रत्येक वस्तु तीनो रूप है) ॥ यह श्लोकका अर्थ है ॥

भावार्थ—जैन दर्शनके अनुसार उत्पाद व्यय और ध्रौव्य ही वस्तुका लक्षण है (उत्पादव्यय ध्रौव्ययुक्त सत) । वेदान्ती लोगोके अनुसार वस्तु तत्त्व सर्वथा नित्य और बौद्धोके अनुसार प्रत्येक वस्तु सर्वथा क्षणिक है । परन्तु जैन लोगोका मत है कि प्रत्येक वस्तुमे उत्पत्ति और नाश होते रहते है इसलिये पर्यायकी अपेक्षा वस्तु अनित्य है तथा उत्पत्ति और नाश होते हुए भी हम वस्तुकी स्थिरताका भान होता है अतएव द्रव्यकी अपेक्षा वस्तु नित्य है । अतएव जैन दर्शनमे प्रत्येक वस्तु कथंचित नित्य और कथंचित अनित्य स्वीकार की गई है । उत्पाद व्यय और ध्रौव्य परस्पर कथंचित भिन्न होकर भी सापेक्ष है । जिस प्रकार नाश और स्थितिके विना केवल उत्पाद संभव नही है तथा उत्पाद और स्थितिके विना नाश संभव नही है उसी तरह उत्पाद और नाशके विना स्थिति भी संभव नही । अतएव उत्पाद व्यय और ध्रौव्यको ही वस्तुका लक्षण मानना चाहिये ।

साक्षात भगवान्की बात तो दूर रही भगवानके उपदेशके कुछ अंश ही कुवादियोको पराजित करनेमे समर्थ हैं इसलिये स्तुतिकार स्याद्वादका प्रतिपादन करते हैं—

श्लोकार्थ—प्रत्येक पदार्थमें अनन्त धर्म मौजूद हैं पदार्थोंमे अनन्त धर्म माने विना वस्तुकी सिद्धि नहीं होती । अतएव आपके प्रमाणवाक्य कुवादी रूप मृगोको डरानेके लिये सिंहकी गर्जनाके समान हैं ।

व्याख्यार्थ—जीवरूप और अजीवरूप परमार्थभूत वस्तु अनन्तधर्मात्मक होती है । त्रिकालविषय होनेसे जो धर्म अनन्त हैं वे सहभावी पर्याय (गुणरूप) और क्रमभावी पर्यायरूप होते हैं । सहभावी और क्रमभावी पर्यायें जिसका स्वरूप होती हैं वह वस्तु अनंतधर्मात्मक होती है । यहाँ एव शब्द अनंतधर्मात्मक न होनेवाली वस्तुका परिहार करनेके लिये प्रयुक्त किया गया है । अतएव अतोऽन्यथा इत्यादि शब्दोंका

अतोऽन्यथा उक्तप्रकारवैपरीत्येन। सत्त्वं वस्तुतत्त्वम्। असूपपादं सुखेनोपपाद्यते घटनाकोटिं संटङ्कमारोप्यते इति सूपपादं। न तथा असूपपादं। दुर्घटमित्यर्थः। अनेन साधनं दर्शितम्। तथाहि—तत्त्वमिति धर्मि। अनन्तधर्मात्मकत्वं साध्यो धर्मः। सत्त्वान्यथानुपपत्तेरिति हेतुः अन्यथानुपपत्त्येकलक्षणत्वाद्धेतोः। अन्तर्व्याप्त्यैव साध्यस्य सिद्धत्वाद् दृष्टान्तादिभिर्न प्रयोजनम्। यदनन्तधर्मात्मकं न भवति तत् सदपि न भवति यथा वियदिन्दीवरम् इति केवलव्यतिरेकी हेतुः साधर्म्यदृष्टान्तानां पक्षकुक्षिनिक्षिप्तत्वेनान्वयायोगात्।

अनन्तधर्मात्मकत्वं च आत्मनि तावद् साकारानाकारोपयोगिता। कर्तृत्वं भोक्तृत्वं प्रदेशाष्टकनिश्चलता[2] अमूर्तत्वम् असंख्यातप्रदेशात्मकता जीवत्वमित्यादयः[3] सहभाविनो

प्रयोग किया गया है। अतोऽन्यथा अर्थात् उक्त प्रकारसे विपरीत। सत्त्व अर्थात् वस्तुका स्वरूप। सूपपादं—सुखसे प्राप्त करने योग्य। जो सूपपाद नहीं वह असूपपाद अर्थात् दुर्घट। इसके द्वारा साधन प्रदर्शित किया गया है। तथाहि—तत्त्व यह धर्मी है। अनन्त धर्मात्मकत्व यह साध्यभूत धर्म है। सत्त्वान्यथानुपपत्ते हेतु है क्योंकि अन्यथानुपपन्नत्व हेतुका लक्षण है। वस्तुतत्त्व (पक्ष) अनन्त धर्मात्मक (साध्य) है क्योंकि दूसरे प्रकारसे वस्तुतत्त्वकी सिद्धि नहीं होती (हेतु)—यहाँ अन्तर्व्याप्तिसे साध्यकी सिद्धि होती है इसलिये उक्त हेतुमें दृष्टांतकी आवश्यकता नहीं है। (जहाँ साधनसामान्यसे व्याप्त होता है अर्थात् जहाँ साध्य अपने स्वरूपसे साधनमें होता है उसे अन्तर्व्याप्ति कहते हैं। जिस समय प्रतिवादीको व्याप्ति संबंधका ज्ञान करते समय व्याप्ति संबंधका स्मरण होता है उस समय प्रतिवादीको हेतुके संबंध साध्य युक्त होनेका ज्ञान होता है और साथ ही अन्तर्व्याप्ति ज्ञानसे प्रतिवादीको यह भी ज्ञान होता है कि प्रस्तुत पक्षमें वर्तमान हेतु भी साध्यसे युक्त है। दृष्टांतके बिना पक्षके भीतर ही हेतुसे साध्यकी सिद्धि हो जाती है इसलिये यहाँ पक्षके बाहर दृष्टांतके द्वारा कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं होता)। जो अनन्त धर्मात्मक नहीं होता वह सत् भी नहीं होता जैसे आकाशका फल। आकाशके फलमें अनन्त धर्म नहीं रहते इसलिये वह सत् भी नहीं है। सत्त्वान्यथानुपपत्ते यह हेतु केवलव्यतिरेकी है। जहाँ जहाँ साध्य नहीं रहता वहाँ वहाँ साधन नहीं रहता। क्योंकि जहाँ जहाँ सत् है वहाँ वहाँ अनन्त धर्म पाये जाते हैं इस अन्वयव्याप्तिमें दिया जानेवाला प्रत्यक्ष दृष्टांत पक्षमें ही गर्भित हो जाता है। अतएव यहाँ अन्वयव्याप्ति न बताकर केवल व्यतिरेक व्याप्ति बताई गई है।

ज्ञानोपयोग दर्शनोपयोग कर्तृत्व भोक्तृत्व आठ मध्य प्रदेशोंकी स्थिरता अमूर्तत्व असंख्यात प्रदेशीपना

---

१ अन्तः पक्षमध्ये व्याप्तिः साधनस्य साध्याक्रान्तत्वमन्तर्व्याप्तिः। तयैव साध्यस्य गम्यस्य सिद्धेः प्रतीतेः। अयमर्थः। अन्तर्व्याप्त्या साध्यसंसिद्धिशक्तौ बाह्यव्याप्तेर्वर्णनं वन्ध्यमेव। साध्यसंसिद्ध्यशक्तौ बाह्यव्याप्तेर्वर्णनं व्यर्थमेव।

२ तत्र सर्वकालं जीवाष्टमध्यमप्रदेशा निरपवादाः सर्वजीवानां स्थिता एव। केवलिनामपि अयोगिनां सिद्धानां च सर्वे प्रदेशाः स्थिता एव। व्यायामदुःखपरितापोद्रेकपरिणतानां जीवानां यथोक्ताष्टमध्यप्रदेशवर्जिता इतरे प्रदेशा अवस्थिता एव। शेषाणां प्राणिनां स्थिताश्चास्थिताश्चेति। तत्त्वार्थराजवार्तिके पृ० २०३

३ जीवो उवओगमओ अमुत्ति कत्ता सदेहपरिमाणो।
भोत्ता संसारत्थो सिद्धो सो विस्ससोड्ढगई॥

छाया—जीवः उपयोगमयः अमूर्तिः कर्ता स्वदेहपरिमाणः।
भोक्ता संसारस्थः सिद्धः सः विस्रसा ऊर्ध्वगतिः॥ द्रव्यसंग्रहे २

जीवसिद्धिः चार्वाकं प्रति ज्ञानदर्शनोपयोगलक्षणं नैयायिकं प्रति अमूर्तजीवस्थापनं भट्टचार्वाकद्वयं प्रति कर्मकर्तृत्वस्थापनं सांख्यं प्रति स्वदेहप्रमितिस्थापनं नैयायिकमीमांसकसांख्यत्रयं प्रति कर्मभोक्तृत्वव्याख्यानं बौद्धं प्रति; संसारस्थव्याख्यानं सदाशिवं प्रति सिद्धत्वव्याख्यानं भट्टचार्वाकद्वयं प्रति ऊर्ध्वगतिस्वभावकथनं माण्डलिकग्रन्थकारं प्रति, इति मतार्थो ज्ञातव्यः। द्रव्यसंग्रहवृत्ती।

धर्माः। हर्षविषादशोकसुखदुःखदेवनरनारकतिर्यक्त्वादयस्तु क्रमभाविनः। धर्मास्तिकायादिष्वपि असंख्येयप्रदेशात्मकत्वम् गत्याद्युपग्रहकारित्वम्[1] मत्यादिज्ञानविषयत्वम् तत्तदवच्छेदकावच्छेद्यत्वम् अवस्थितत्वम् अरूपित्वम् एकद्रव्यत्वम् निष्क्रियत्वमित्यादयः। घटे पुनरामत्वम् पाकजरूपादिमत्त्वम् पृथुबुध्नोदरत्वम् कम्बुग्रीवत्वम् जलादिधारणाहरणसामर्थ्यम् मत्यादिज्ञानज्ञेयत्वम् नवत्वम् पुराणत्वमित्यादयः। एवं सर्वपदार्थेष्वपि नानानयमताभिज्ञेन शाब्दाश्चार्थांश्च पर्यायान् प्रतीत्य वाच्यम् ॥

और जीवत्व इत्यादि आत्माके सहभावी धर्म हैं। [जो धर्म सदा द्रव्यके साथ रहते हैं उन्हें सहभावी धर्म कहते हैं। सहभावी धर्म गुण भी कहे जाते हैं। (१) व्यवहार नयकी अपेक्षा साकार ज्ञानोपयोग और निराकार दर्शनोपयोग जीवका लक्षण है। ज्ञानोपयोग और दर्शनोपयोग जीवसे कभी अलग नहीं होते। चक्षु अचक्षु अवधि और केवलदर्शनके भेदसे दर्शनोपयोग चार और मति श्रुति अवधि मनःपर्यय केवल कुमति कुश्रुति और कुअवधि ज्ञानके भेदसे ज्ञानोपयोग आठ प्रकारका है। निश्चय नयसे शुद्ध अखंड केवलज्ञान ही जीवका लक्षण है। नैयायिक लोग ज्ञान और दर्शनको आत्माका स्वभाव न मानकर उन्हें आत्माके साथ समवाय संबंधसे संबद्ध मानते हैं इसलिये जीवको उपयोग रूप बताया है। (२) जीव कर्ता है। जीव सांख्योंके पुरुषकी तरह कर्मोंसे निर्लिप्त होकर केवल द्रष्टाकी तरह नहीं रहता किन्तु ज्ञानावरण आदि कर्मोंका स्वयं करनेवाला निमित्तकर्ता है। यहाँ सांख्य मतके निराकरणके लिये जीवको कर्ता बताया गया है। (३) यह जीव सुख-दुख रूप कर्मोंके फलका भोग करता है। क्षणिकवादी बौद्धोंके मतमें जो कर्ता है वह भोक्ता नहीं हो सकता इसलिये जीवको भोक्ता कहा गया है। (४) जीवके आठ मध्यप्रदेश सदा एकसे अवस्थित रहते हैं। अयोगकेवली और सिद्धोंके सम्पूर्ण प्रदेश स्थिर रहते हैं। व्यायाम दुख परिताप आदिसे युक्त जीवोंके आठ प्रदेशोंके अतिरिक्त बाकीके प्रदेश प्रवृत्तिशील होते हैं। शेष जीवोंके प्रवृत्ति और अप्रवृत्ति दोनों रूप प्रदेश होते हैं। (५) यह जीव स्पर्श रस गन्ध और वर्णसे रहित है इसलिये निश्चय नयसे अमूर्त है। (६) जीव लोकाकाशके बराबर असंख्यात प्रदेशोंका धारक है। वास्तवमें जैन दर्शनके अनुसार नैयायिक मीमांसक आदि दर्शनोंकी तरह जीवको प्रदेशोंकी अपेक्षा व्यापक नहीं माना किन्तु जैन दर्शनमें ज्ञानकी अपेक्षा व्यवहार नयसे व्यापक कहा है। (७) जीवमें जीवत्व जीवका पारिणामिक (स्वाभाविक) भाव है। व्यवहार नयसे दस प्राण और निश्चय नयसे चेतना जीवका जीवत्व है।] हर्ष विषाद शोक सुख दुख देव मनुष्य नारक तिर्यंच आदि अवस्था जीवके क्रमभावी अर्थात् क्रमसे उत्पन्न और नष्ट होनेवाले धर्म हैं। (क्रमभावी धर्मोंका दूसरा नाम पर्याय भी है।) (१) धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकाय प्रत्येक द्रव्यमें असंख्यात प्रदेश (अविभाज्य अंश) होते हैं। (२) जिस प्रकार जल मछलीके चलनेमें सहायता करता है और वृक्षकी छाया पथिकके ठहरनेमें निमित्त होती है उसी तरह धर्म गतिशील पदार्थोंकी गतिमें और अधर्म ठहरनेवाले पदार्थोंकी स्थितिमें निमित्त कारण होते हैं। (३) धर्म और अधर्म मति श्रुति आदि ज्ञानोंसे निश्चित किये जाते हैं। (४) धर्म और अधर्म अपने स्वरूपको छोड़कर पररूप नहीं होते इसलिये परस्पर मिश्रण न होनेसे अवस्थित हैं। (५) धर्म और अधर्म स्पर्श आदिसे रहित होनेसे अरूपी हैं। (६) एक व्यक्तिरूप होनेसे एक हैं तथा (७) क्रिया रहित होनेसे निष्क्रिय हैं। इसी प्रकार घड़ेमें कच्चापन पक्कापन मोटापन चौड़ापन कम्बुग्रीवापन (शंख जैसी गर्दन) जलधारण जलआहरण ज्ञेयपन नयापन पुरानापन आदि अनन्त धर्म रहते हैं। अतएव नाना नयोंकी दृष्टिसे शब्द और अर्थकी अपेक्षा प्रत्येक पदार्थमें अनन्त धर्म विद्यमान हैं।

---

१ नित्यावस्थितान्यरूपाणि। आ आकाशादेकद्रव्याणि। निष्क्रियाणि च। असंख्येयाः प्रदेशा धर्माधर्मयोः। गतिस्थित्युपग्रहो धर्माधर्मयोरुपकारः। तत्त्वार्थाधिगमभाष्ये पञ्चमाध्याये सूत्राणि।

२. देखिये द्रव्यसंग्रहवृत्ति गा० १०।

अत्र चात्मशब्देनानन्तेष्वपि धर्मेष्वनुवृत्तिरूपमन्वयिद्रव्यं ध्वनितम्। ततश्च "उत्पाद व्ययध्रौव्ययुक्तं सत्" इति व्यवस्थितम्। एवं तावदर्थेषु। शब्देष्वपि उदात्तानुदात्तस्वरितविवृत संवृतघोषवदघोषताल्पप्राणमहाप्राणतादयः तत्तदर्थप्रत्यायनशक्त्यादयश्चावसेयाः। अस्य हेतो रसिद्धविरुद्धानैकान्तिकत्वादिकण्टकोद्धारः स्वयमभ्यूह्यः। इत्येवमुल्लेखशेखराणि ते तव प्रमाणान्यपि न्यायोपपन्नसाधनवाक्यान्यपि। आस्तां तावद् साक्षात्कृतद्रव्यपर्यायनिकायो भवान्। यावदेतान्यपि कुवादिकुरङ्गसन्त्रासनसिंहनादाः कुवादिनः कुत्सितवादिनः। एकांशग्राहकनयानुयायिनोऽन्यतीर्थिकास्त एव संसारवनगहनवसनव्यसनितया कुरङ्गा मृगास्तेषां सम्यक्त्रासने सिंहनादा इव सिंहनादाः। यथा सिंहस्य नादमात्रमप्याकर्ण्य कुरङ्गास्त्रासमासूत्रयन्ति, तथा भवत्प्रणीतैवंप्रकारप्रमाणवचनान्यपि श्रुत्वा कुवादिनस्त्रस्तुतामश्नुवते प्रतिवचनप्रदानकातरतां बिभ्रतीति यावत्। एकैकं त्वदुपज्ञं प्रमाणमन्ययोगव्यवच्छेदकमित्यर्थः ॥

अत्र प्रमाणानि इति बहुवचनमेवजातीयानां प्रमाणानां भगवच्छासने आनन्त्यज्ञापनार्थम्, एकैकस्य सूत्रस्य सर्वोदधिसलिलसर्वसरिद्वालुकानन्तगुणार्थत्वात्, तेषां च सर्वेषामपि सर्वविन्मूलतया प्रमाणत्वात्। अथवा इत्यादिबहुवचनान्ता गणस्य संसूचका भवन्ति' इति न्यायाद् इतिशब्देन प्रमाणबाहुल्यसूचनात् पूर्वार्द्धे एकस्मिन् अपि प्रमाणे उपन्यस्ते उचितमेव बहुवचनम् ॥ इति काव्यार्थः ॥२२॥

अनन्तरमनन्तधर्मात्मकत्वं वस्तुनि साध्यं मुकुलितमुक्तम्। तदेव सप्तभङ्गीप्ररूपणद्वारेण प्रपञ्चयन् भगवतो निरतिशयं वचनातिशयं च स्तुवन्नाह—

अनन्तधर्मात्मक शब्दमें आत्मा शब्दसे अनंत पर्यायोंमें रहनेवाले नित्य द्रव्यका सूचन होता है। अतएव उत्पाद व्यय और ध्रौव्य ही सत् का लक्षण है। पदार्थोंकी तरह शब्दोंमें भी उदात्त अनुदात्त स्वरित विवृत संवृत घोष अघोष अल्पप्राण महाप्राण आदि तथा पदार्थोंके ज्ञान करानेकी शक्ति आदि अनन्त धर्म पाये जाते हैं। तत्त्व अनंतधर्मात्मक सत्त्वान्यथानुपपत्तेः इस अनुमानमें जो सत्त्वान्यथानुपपत्ते हेतु दिया गया है उसके असिद्ध व विरुद्धत्व अनैकांतिकत्व आदि दोषोंके परिहार पर स्वयं विचार करना चाहिये। हे भगवन्! आपकी बात तो दूर रहो आपके न्याययुक्त वचन ही कुवादीरूपी हरिणोंको सन्त्रस्त करनेके लिये सिंहकी गर्जनाके समान हैं। जिस प्रकार सिंहकी गर्जनाको सुनकर जंगलके हरिण भयभीत होते हैं उसी प्रकार आपके स्याद्वादका निरूपण करनेवाले वचनोंको सुनकर वस्तुके केवल अंशमात्रको ग्रहण करनेवाले संसाररूपी गहन वनमें फिरनेवाले कुवादी लोग सन्त्रस्त होते हैं।

एक एक विषयको खंडन करनेवाले बहुतसे प्रमाणोंका सूचन करनेके लिये श्लोकमें प्रमाणानि बहुवचन दिया है क्योंकि भगवान्‌के प्रत्येक सूत्र सम्पूर्ण समुद्रोंके जलसे और सम्पूर्ण नदियोंकी बालुकासे भी अनंतगुने हैं और वे सम्पूर्ण सूत्र सर्वज्ञ भगवान्‌के कहे हुए हैं, इसलिए प्रमाण हैं। अथवा इति आदि बहुवचनवाले शब्दसमूहके सूचक होते हैं इस न्यायसे इति शब्दसे बहुतसे प्रमाणोंका सूचन होता है अतएव श्लोकके पूर्वार्धमें एक प्रमाणका उल्लेख करनेपर भी बहुवचन समझना चाहिये ॥ यह श्लोकका अर्थ है ॥२२॥

भावार्थ—इस श्लोकमें प्रत्येक वस्तुको अनंत धर्मवाली सिद्ध किया गया है। जैन सिद्धांतके अनुसार यदि पदार्थोंमें अनंत धर्म स्वीकार न किये जांय तो वस्तुकी सिद्धि नहीं हो सकती अतएव प्रत्येक वस्तु अनन्त धर्मात्मक है क्योंकि वस्तुमें अनंत धर्म माने बिना वस्तुमें वस्तुत्व सिद्ध नहीं हो सकता। जो अनन्त धर्मात्मक नहीं होता वह सत् भी नहीं होता। जैसे आकाश। अतएव जीव अजीव धर्म अधर्म आकाश और काल सम्पूर्ण द्रव्योंमें अनन्त धर्म स्वीकार करने चाहिये।

वस्तुमें अनन्त धर्म होते हैं, इसीको सात भंगों द्वारा प्ररूपण करते हुए भगवान्‌के निरतिशय वचनातिशयकी स्तुति करते हुए कहते हैं—

अपर्यय वस्तु समस्यमानमद्रव्यमेतच्च विविच्यमानम् ।
आदेशभेदोदितसप्तभङ्गमदीदृशस्त्वं बुधरूपवेद्यम् ॥२३॥

समस्यमान सङ्क्षेपेणोच्यमान वस्तु अपर्ययम् अविवक्षितपर्यायम् । वसन्ति गुणपर्याया अस्मिन्निति वस्तु धर्माधर्माकाशपुद्गलकालजीवलक्षण द्रव्यषट्कम्[1] । अयमभिप्राय । यदैक मेव वस्तु आत्मघटादिक चेतनाचेतन सतामपि पर्यायाणामविवक्षया द्रव्यरूपमेव वस्तु वक्तु मिष्यते । तदा सङ्क्षेपेणाभ्यन्तरीकृतसकलपर्यायनिकाय लक्षणेनाभिधायमानत्वात् अपर्यय मित्युपदिश्यते । केवलद्रव्यरूपमेव इत्यर्थ । यथा भाय घटोऽयमिति यादि पर्यायाणां द्रव्यानति रेकात् । अतएव द्रव्यास्तिकनया शुद्धसंग्रहादयो द्रव्यमात्रमेवेच्छन्ति पर्यायाणां तदविष्वग्भूत त्वात् । पर्यय पर्यव पर्याय इत्यनर्थान्तरम् । अद्रव्यमित्यादि । च पुनरर्थे । स च पूर्वस्माद् विशेषद्योतने भिन्नक्रमश्च । विविच्यमान चेति विवेकेन पृथग्रूपतयोच्यमान पुनरेतद् वस्तु अद्रव्यमेव । अविवक्षितान्वयिद्रव्य केवलपर्यायरूपमित्यर्थ ॥

यदा आत्मा ज्ञानदर्शनादीन् पर्यायानधिकृत्य प्रतिपर्याय विचार्यते तदा पर्याया एव

श्लोकार्थ—सहभावी और क्रमभावी पर्यायोसे युक्त होनेपर भी संक्षेपमें कथन किये जाने पर जिसकी पर्याय गौण होती हैं और विस्तारसे कथन किये जानेपर जिसके पर्यायोकी मुख्यता होती है तथा सकलादेश (प्रमाण) और विकलादेश (नय) के भेदसे जिसके सात भंगोंका प्ररूपण किया गया है ऐसी पंडितो द्वारा समझने योग्य वस्तुका हे भगवन् ! आपने ही प्रतिपादन किया है ।

व्याख्यार्थ—जब वस्तुका कथन संक्षेपमें किया जाता है तब उसकी पर्याय विवक्षित नही होती—वे गौण होती हैं । जिसमें गुण और पर्याय रहती हैं वह वस्तु धर्म अधर्म आकाश पुद्गल काल और जीव इन छह द्रव्यों [देखिये परिशिष्ट (क)] मे विभक्त की जाती है । (कोई आचार्य कालको पृथक् द्रव्य नही मानते । उनके मतमें पाँच ही द्रव्य हैं) अभिप्राय यह है—चेतनात्मक आत्मरूप और अचेतनात्मक घट आदि रूप एक ही वस्तुकी पर्यायोके विद्यमान होने पर भी उन पर्यायोके कथन करनेकी इच्छा न होनेसे—उन्हें गौण कर देनेसे—द्रव्यमात्र रूप वस्तुका कथन करना ही इष्ट होता है । अतएव संक्षेपसे प्रतिपादित समस्त पर्यायसमूहके अन्तर्भाव होनेसे अपर्यय शब्दका प्रयोग किया गया है । अपर्यय का अर्थ है केवल द्रव्यरूप । उदाहरणके लिये यह आत्मा है यह घट है—कहने पर आत्मा और घटकी पर्याय विद्यमान होनेपर भी उनके आत्मा और घटसे भिन्न न होनेके कारण उनका निर्देश नही किया जाता क्योंकि वे विवक्षित नही हैं । अतएव द्रव्यास्तिक नयरूप शुद्ध संग्रह आदि नयोको अपने विषयरूपसे द्रव्यमात्र ही इष्ट होता है क्योंकि पर्याय द्रव्यसे भिन्न नही होती । पर्यय' पर्यव पर्याय शब्द पर्यायवाची हैं । जब पर्यायोंका द्रव्यसे भिन्नरूपसे कथन किया जाता है तब अन्वयि द्रव्यकी विवक्षा न होनेसे वस्तु केवल पर्याय रूप होती है ।

जिस समय आत्माकी ज्ञान दर्शन आदि पर्यायोकी मुख्यतासे आत्माका विचार किया जाता है

1 केषांचिदाचार्याणां मते पञ्चास्तिकाया एव । कालो द्रव्य पृथग् नास्ति । जीवादिवस्त्वपि कदाचित् काल शब्देन उच्यते । तथा चागम । किमय भते कालोत्ति पवुच्चइ गोयमा ! जीवा चेव अजीवा चेवत्ति । अन्ये तु आचार्या सगिरन्ते । अस्ति धर्मास्तिकायादिद्रव्यपञ्चकव्यतिरिक्तम् अर्धतृतीयद्वीपसमुद्रान्तर्वर्ति षष्ठ कालद्रव्यं यन्निबन्धा एते ह्य श्व इत्यादय प्रत्यया शब्दाश्च प्रादुर्भवन्ति । आगमश्च । कइ ण भते दव्वा पण्णत्ता ? गोयमा ! छ दव्वा पण्णत्ता । तं जहा—धम्मत्थिकाये अधम्मत्थिकाए आगासत्थिकाए पुग्ग लत्थिकाए जीवत्थिकाए अद्धासमये य । हरिभद्रकृतधर्मसंग्रहिण्यां मलयगिरिटीकायां गा ३२

प्रतिभासन्ते, न पुनरात्माख्यं किमपि द्रव्यम् । एवं घटोऽपि कुण्डलौष्ठपृथुबुध्नोदरपूर्वापरादि-भागावयवापेक्षया विविच्यमानः पर्याया एव, न पुनर्घटाख्य तद्व्यतिरिक्त वस्तु । अतएव पर्यायास्तिकनयानुपातिनः पठन्ति—

> ' भागा एव हि भासन्ते संनिविष्टास्तथा तथा ।
> तद्वान्नैव पुनः कश्चिन्निर्भागः संप्रतीयते ' ॥

इति । ततश्च द्रव्यपर्यायोभयात्मकत्वेऽपि वस्तुनो द्रव्यनयार्पणया पर्यायनयानर्पणया च द्रव्य रूपता, पर्यायनयार्पणया द्रव्यनयानर्पणया च पर्यायरूपता उभयनयार्पणया च तदुभयरूपता । अत एवाह वाचकमुख्यः 'अर्पितानर्पितसिद्धे'[1] इति । एवंविध द्रव्यपर्यायात्मक वस्तु त्वमेवा दीदृशस्त्वमेव दर्शितवान् नान्य इति काक्वावधारणावगतिः ॥

नन्व न्याभिधानप्रत्यययोग्यं द्रव्यम् अ न्याभिधानप्रत्ययविषयाश्च पर्यायाः । तत्कथ मेकमेव वस्तूभयात्मकम् ? इत्याशङ्क्य विशेषणद्वारेण परिहरति आदेशभेदे त्यादि । आदेशभेदेन सकलादेशविकलादेशलक्षणेन आदेशद्वयेन उदिताः प्रतिपादिताः सप्तसंख्या भङ्गा वचनप्रकारा यस्मिन् वस्तुनि तत्तथा । ननु यदि भगवता त्रिभुवनब न्धुना निर्विशेषतया सर्वेभ्य एवंविधं वस्तुतत्त्वमुपदर्शितम् तर्हि किमर्थं तीर्थान्तरीया तत्र विप्रतिपद्यन्ते ? इत्याह बुधरूपवेद्यम् इति । बुध्यन्ते यथावस्थितं वस्तुतत्त्वं सारेतरविषयविभागविचारणया इति बुधाः । प्रकृष्टा बुधा बुधरूपा नैसर्गिकाधिगमिकान्यतरसम्यग्दर्शनविशदीकृतज्ञानशालिनः प्राणिनः । तैर्वेद्य

उस समय केवल ज्ञान दर्शन आदि पर्यायोंका ही ज्ञान होता है आत्मा कोई भिन्न पदार्थ दृष्टिगोचर नही होता । इसी प्रकार जब हम घटके मोटेपन गोलपन पूर्वभाग अपरभाग आदि अवयवोको देखते है उस समय हम घट द्रव्यका अलग ज्ञान न होकर घटकी पर्यायोंका ही ज्ञान होता है । अतएव पर्यायास्तिक नयको माननेवाले कहते है—

उस प्रकारसे पारस्परिक घनिष्ठ संयोगको प्राप्त अंश—अवयव—ही प्रतिभासित होते हैं । अंशवान् पदार्थ ही प्रतिभासित होता है कोई निरंश द्रव्य दिखाई ही नही देता ।

अतएव प्रत्येक वस्तुके द्रव्य पर्याय और उभयरूप होनेपर भी द्रव्यनयकी मुख्यतासे और पर्याय नयकी गौणतासे वस्तुका ज्ञान द्रव्यरूप पर्यायनयकी मुख्यता और द्रव्यनयकी गौणतासे वस्तुका ज्ञान पर्याय रूप तथा द्रव्य और पर्याय दोनोकी प्रधानतासे वस्तुका ज्ञान उभयरूप होता है । वाचकमुख्य उमास्वातिने कहा भी है— द्रव्य और पर्यायकी मुख्यता और गौणतासे वस्तुकी सिद्धि होती है । वस्तुका यह द्रव्य और पर्यायरूप स्वरूप आपने (जिन भगवान्ने) ही प्ररूपण किया है दूसर किसीने नही । यहाँ अवधारणका ज्ञान काकुसे होता है ।

शंका—द्रव्य और पर्याय दोनो भिन्न भिन्न अभिधान और भिन्न भिन्न ज्ञानके विषय होते हैं अतएव एक वस्तुको द्रव्य और पर्याय दोनो रूप नही कह सकते । समाधान—इस शंकाका परिहार आदेशभेद विशेषणसे किया गया है । हमलोग सकल और विकल आदेशके भेदसे द्रव्य और पर्यायरूप वस्तुको मानते हैं । इसी सकलादेश (प्रमाण) और विकलादेश (नय) के ऊपर सप्तभंगी नय अवलम्बित है । शंका— यदि तीनों लोकोंके बन्धु जिन भगवान्ने प्रत्येक वस्तुका सामान्य रूपसे सब लोगोंके लिये सप्तभंगी द्वारा विवेचन किया है, तो अन्य वादी लोग सप्तभंगीके सिद्धान्तको क्यों नहीं मानते ? समाधान—सप्तभंगी नयके सूक्ष्म तत्त्वको निसर्गज और अधिगमज सम्यग्दर्शनसे विशुद्ध उत्कृष्ट विद्वान ही समझ सकते हैं । केवल अपने

---

१ तत्त्वार्थाधिगमसूत्रे ५-३२ ।

वेदितुं शक्यं तेषां परिच्छेद्यम्, न पुनः स्वस्वशास्त्रतत्त्वाभ्यासपरिपाककुण्ठितबुद्धिभिः परवादिभिः, तेषामनादिमिथ्यादर्शनवासनादूषितमतितया यथावस्थितवस्तुतत्त्वानवबोधेन शुद्धकल्पत्वाभावात्। तथा चागमः —

सदसदविसेसणाओ भवहेउजहिच्छिओवलंभाओ।
णाणफलाभावाओ मिच्छादिट्ठिस्स अण्णाणं[1] ॥

अतएव तत्परिगृहीतं द्वादशाङ्गमपि मिथ्याश्रुतमामनन्ति तेषामुपपत्तिनिरपेक्षं यदृच्छया वस्तुतत्त्वोपलम्भसंरम्भात्। सम्यग्दृष्टिपरिगृहीतं तु मिथ्याश्रुतमपि सम्यक्श्रुततया परिणमति। सम्यग्दृशां सर्वविदुपदेशानुसारिप्रवृत्तितया मिथ्याश्रुतोक्तस्याप्यर्थस्य यथावस्थितविधिनिषेधविषयतयोन्नयनात्। तथाहि किल वेदे 'अजैर्यष्टव्यम्' इत्यादिवाक्येषु मिथ्यादृशो ऽजशब्दं पशुवाचकतया व्याचक्षते सम्यग्दृशस्तु जन्माप्रायोग्यं त्रिवार्षिकं यवव्रीह्यादि पञ्चवार्षिकं तिलमसूरादि सप्तवार्षिकं कङ्गुसर्षपादि धान्यपर्यायतया पर्यवसाययन्ति। अतएव च भगवता श्रीवर्धमानस्वामिना 'विज्ञानघन एवैतेभ्यो भूतेभ्यः समुत्थाय तान्येवानुविनश्यति न प्रेत्यसंज्ञास्ति'[2] इत्यादिऋचः श्रीमदिन्द्रभूत्यादीनां द्विजन्यगणधरदेवानां[3] जीवादिनिषेधकतया

अपने शास्त्रोंके अभ्यास करनेसे कुण्ठित बुद्धिवाले परवादी इस गहन तत्त्वको नहीं समझ सकते क्योंकि इन लोगों की बुद्धि अनादिकालकी अविद्या वासनासे दूषित रहती है इसलिये ये लोग पदार्थोंका ठीक ठीक ज्ञान नहीं कर सकते। आगममें भी कहा है—

सत् और असत्का विवेक न होनेसे कर्मोंके सद्भावसे और ज्ञानके फलका अभाव होनेसे मिथ्यादृष्टिके अज्ञान उत्पन्न होता है।

अतएव उनके द्वारा ज्ञात द्वादशांग [देखिये परिशिष्ट (क)] शास्त्रको भी मिथ्यादृष्टि मिथ्याश्रुत समझता है क्योंकि युक्तिवादसे निरपेक्ष अपनी इच्छानुसार वस्तुको जाननेकी इच्छा प्रबल होती है। सम्यग्दृष्टि द्वारा ज्ञात मिथ्याश्रुत भी समीचीन श्रुतके रूपसे परिणत होता है क्योंकि सम्यग्दृष्टि सर्वज्ञ भगवान्के उपदेशके अनुसार चलता है इसलिये वह मिथ्या आगमोंका भी यथोचित विधि निषेध रूप अर्थ कर उनके द्वारा ज्ञान प्राप्त करता है। (क) उदाहरणके लिये 'अजैर्यष्टव्यम्' इस वेदवाक्यमें मिथ्यादृष्टि अज शब्दका अर्थ पशु और सम्यग्दृष्टि उत्पन्न न होने योग्य तीन बरसके पुराने जौ धान आदि पाँच बरसके पुराने तिल, मसूर आदि तथा सात बरसके पुराने कागनी सरसों आदि धान्य अर्थ करते हैं। (ख) अतएव भगवान् श्रीवर्द्धमानस्वामीने— यह विज्ञानघन आत्मा इन भूतोंसे उत्पन्न होकर भूतोंमें तिरोहित हो जाता है उसके परलोक नहीं है (विज्ञानघन एवैतेभ्यो भूतेभ्यः समुत्थाय तान्येवानुविनश्यति

---

१ छाया—सदसदविशेषणतः भवहेतुयथास्थितोपलम्भात्। ज्ञानफलाभावान्मिथ्यादृष्टेरज्ञानम् ॥ विशेषावश्यके ११५।

२ बृहदारण्यके २-४-१२।

३ इन्द्रभूतिरग्निभूतिर्वायुभूतिः सहोदराः। व्यक्तः सुधर्मा मण्डितमौर्यपुत्रौ सहोदरौ ॥ अकम्पितोऽचलभ्राता मैतार्यश्च प्रभासकः। इत्येकादश गणधराः।

४ विज्ञानमेव घनानन्दादिरूपत्वात् विज्ञानघनः स एव एतेभ्योऽध्यक्षतः परिच्छिद्यमानस्वरूपेभ्यः पृथिव्यादिलक्षणेभ्यो भूतेभ्यः समुत्थाय उत्पद्य पुनस्तान्येवानुविनश्यति तान्येव भूतानि अनुसृत्य विनश्यति तत्रैवाव्यक्तरूपतया संलीनो भवतीति भावः। न प्रेत्यसंज्ञास्ति मृत्वा पुनर्जन्म प्रेत्योच्यते तत्संज्ञास्ति न परलोकसंज्ञास्तीति भावः।

प्रतिभासमाना अपि तद्वयवस्थापकतया[1] व्याख्याताः । तथा स्मार्ता अपि—

"न मांसभक्षणे दोषो न मद्ये न च मैथुने ।
प्रवृत्तिरेषा भूतानां निवृत्तिस्तु महाफला [2] ॥

इति श्लोक पठन्ति । अस्य च यथाश्रुतार्थव्याख्यानेऽसम्बद्धप्रलाप एव । यस्मिन् हि अनुष्ठीयमाने दोषो नास्त्येव तस्मान्निवृत्तिः कथमिव महाफला भविष्यति इज्याध्ययनदानादेरपि निवृत्तिप्रसङ्गात् । तस्माद् अन्यद् एदपयमस्य श्लोकस्य । तथाहि । न मांसभक्षणे कृतेऽदोषः अपि तु दोष एव । एवं मद्यमैथुनयोरपि । कथ नादोष इत्याह । यतः प्रवृत्तिरेषा भूतानाम् । प्रवर्तन्त उपद्यन्तेऽस्यामीति प्रवृत्तिरुत्पत्तिस्थानम् । भूतानां जीवानाम् तत्तज्जीवसंसक्तिहेतुरित्यर्थ ॥

प्रसिद्ध च मांसमद्यमैथुनानां जीवसंसक्तिमूलकारणत्वमागमे—

न प्रत्यसज्ञास्ति) आदि ऋचाओंका (महावीर स्वामीके गणधर बननसे पहले) श्रीइन्द्रभूति आदि वैदिक विद्वान जीव आदिका निषध करते थ परन्तु महावीर भगवान्‌ने उक्त वाक्यका ज्ञान पाँच भूतोके निमित्तसे कथचित उत्पन्न होता ह और पाँच भूतोम परिवतन हानसे ज्ञानमें परिवतन होता है अतएव ज्ञानकी पूव सज्ञा नही रहती यह अथ करके जीव आदिकी सिद्धि की है । (ग) स्मार्त लोगोका कहना है—

न मांस खानेम दोष है न मद्य और मैथुन सेवन करनेम पाप है क्योकि यह प्राणियोका स्वभाव ह । हाँ यदि मांस आदिसे निवृत्ति हा सके तो इससे महान् फल होता ह (न मांसभक्षणे दोषो न मद्य न च मथुने । प्रवृत्तिरेषा भूताना निवृत्तिस्तु महाफला) ।

परन्तु य वाक्य केवल प्रलाप मात्र हैं । कारण कि यदि मांस आदिके भक्षणम दोष नहीं है, तो उनसे निवृत्त होना महान् फल नही कहा जा सकता । यदि मांस आदिके सेवन करनेपर भी दोष न मानकर उनसे निवृत्त होनको महान् फल माना जाय तो पूजा अध्ययन दान आदिके अनुष्ठानसे निवृत्त होनेको भी महान फल कहना चाहिये । अतएव मांसके भक्षण करनेम पुण्य (अदोष) नही है (न मांसभक्षणेऽदोषो) तथा मद्य और मैथुन सेवन करनेमें भी दोष ह क्योंकि मांस मद्य और मथुन जीवोकी उत्पत्तिके स्थान हैं (प्रवृत्ति—उत्पत्तिस्थान एषा भूतानाम्) । अतएव इनसे निवृत्त होना चाहिये —यह श्लोकका अर्थ करना चाहिय ।

आगमम भी मास मद्य और मैथुनको जीवोंकी उत्पत्तिका स्थान बताया है—

---

१ ननूच्छेदाभिधानमेतत् एतेभ्यो भूतेभ्यो समुत्थाय तान्येवानुविनश्यति न प्रत्यसज्ञाति (बृह २–४–१२) इति कथमेतदभेदाभिधानम् । नैष दोष । विशेषविज्ञानविनाशाभिप्रायमेतद्विनाशाभिधान नात्मोच्छेदाभिप्रायम् । अत्र मा भगवानमूमुहन्न प्रत्य संज्ञास्ति इति पर्यनुयुज्य स्वयमव श्रुत्यर्थान्तरस्य दर्शितत्वात्—न वा अरेऽह मोहं ब्रवीम्यविनाशी वा अरेऽयमात्मानुच्छित्तिधर्मा मात्रासंसर्गस्त्वस्य भवति इति । एतदुक्त भवति । कूटस्थनित्य एवायं विज्ञानघन आत्मा नास्योच्छेदप्रसङ्गोऽस्ति । मात्राभिस्त्वस्य भूतेन्द्रियलक्षणाभिरविद्याकृताभिरसंसर्गो विद्यया भवति । संसर्गाभावे च तत्कृतस्य विशेषविज्ञानस्याभावान्न प्रेत्य संज्ञास्तीत्युक्तमिति । ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्ये १–४–२२ । अत्र हेमचन्द्रकृतत्रिषष्ठिशलाकापुरुषचरितम् (१ –५–७७ ७८) हरिभद्रीयावश्यकवृत्तिरपि विलोकनीया ।

२ मनुस्मृतौ ५–५६

"आमासु य पक्कासु य विपच्चमाणासु मंसपेसीसु।
आयंतिअमुववाओ भणिओ उ णिगोअजीवाण ॥ १ ॥
मज्जे महुम्मि मसम्मि णवणीयम्मि चउत्थए।
उप्पज्जंति अणता तव्वण्णा तत्थ जतूणो ॥ २ ॥
मेहुणसण्णारूढो णवलक्ख हणेइ सुहुमजीवाण।
केवलिणा पण्णत्ता सद्दहिअव्वा सया काल ॥ ३ ॥

तथाहि—

'इत्थीजोणीए सभवति बेइदिया उ जे जीवा।
इक्को व दो व तिण्णि व लक्खपुहुत्त उ उक्कोस ॥ ४ ॥
पुरिसेण सह गयाए तेसि जीवाण होइ उद्दवण।
वेणुगदिट्ठतेण तत्तायसलागणाएण ॥ ५ ॥'

ससक्तायां योनौ द्वीन्द्रिया एते। शुक्रशोणितसभवास्तु गर्भजपञ्चेन्द्रिया इमे।

पचिंदिया मणुस्सा एगणरभुत्तणारिगब्भम्मि।
उक्कोस णवलक्खा जायंति एगवेलाए ॥ ६ ॥
णवलक्खाणं मज्झे जायइ इक्कस्स दोण्ह य समत्तो।
सेसा पुण एमेव य विलय वच्चति तत्थेव ॥ ७ ॥'

कच्चे पक्के और अग्निमे पकाये हुए मासकी प्रत्येक अवस्थाओमे अनन्त निगोद जीवोकी उत्पत्ति होती रहती है ॥ १ ॥

मद्य मधु मास और मक्खनमे मद्य मधु मास और मक्खनके रगके अनत जीवोकी उत्पत्ति होती है ॥ २ ॥

केवली भगवानने मैथुनके सेवन करनेमे नौ लाख जीवोका घात बताया है इसमे सदा विश्वास करना चाहिये ॥ ३ ॥

तथा—

स्त्रियोकी योनिमे दो इन्द्रिय जीव उत्पन्न होते है। इन जीवोकी सख्या एक दो तीनसे लगा कर लाखो तक पहुच जाती है ॥ ४ ॥

जिस समय पुरुष स्त्रीके साथ सभोग करता है उस समय जैसे अग्निसे तपाई हुई लोहेकी सलाईको बाँसकी नलीमे डालनेसे नलीमे रक्खे हुए तिल भस्म हो जाते है वैसे ही पुरुषके सयोगसे योनिमे रहनेवाले सम्पूर्ण जीवोका नाश हो जाता है ॥ ५ ॥

अब रज और वीर्यसे उत्पन्न होनेवाले गर्भज पचेन्द्रिय जीवोकी सख्या कहते है—

पुरुष और स्त्रीके एक बार सयोग करनेपर स्त्रीके गर्भमें अधिकसे अधिक नौ लाख पंचेन्द्रिय जीव उत्पन्न होते है ॥ ६ ॥

इन नौ लाख जीवोमे एक या दो जीव जीते हैं बाकी सब जीव नष्ट हो जाते हैं ॥ ७ ॥

---

१ रत्नशेखरसूरिकृतसम्बोधसप्ततिकायां ६६ ६५ ६३।

२ छाया—आमासु च पक्वासु च विपच्यमानासु मांसपेशीषु। आत्यन्तिकमुपपातो भणितस्तु निगोदजीवानाम् ॥
मद्ये मधुनि मांसे नवनीते चतुर्थके। उत्पद्यन्तेऽनन्ता तद्वर्णास्तत्र जन्तवः।
मैथुनसंज्ञारूढो नवलक्ष हन्ति सूक्ष्मजीवानाम्। केवलिना प्रज्ञप्ता श्रद्धातव्या सदाकालम् ॥
स्त्रीयोनौ सम्भवन्ति द्वीन्द्रियास्तु ये जीवा। एको वा द्वौ वा त्रयो वा लक्षपृथक्त्व चोत्कृष्टम् ॥
पुरुषेण सह गताया तेषा जीवाना भवति उद्द्रवणम्। वेणुकदृष्टान्तेन तप्तायसशलाकाज्ञातेन ॥
पञ्चेन्द्रिया मनुष्या एकनरभुक्तनारीगर्भे। उत्कृष्ट नवलक्षा जायन्ते एकवेलायाम् ॥
नवलक्षाणां मध्ये जायते एकस्य द्वयोर्वा समाप्ति। शेषा पुनरेवमेव च विलयं व्रजन्ति तत्रैव ॥

तदेवं जीवोपमर्दहेतुत्वाद् न मांसभक्षणादिकमदुष्टमिति प्रयोगः ॥

अथवा भूतानां पिशाचप्रायाणामेषा प्रवृत्तिः । त एवात्र मांसभक्षणादौ प्रवर्तन्ते न पुन विवेकिन इति भाव । तदेवं मांसभक्षणादेर्दुष्टतां स्पष्टीकृत्य यदुपदेष्टव्यं तदाह । 'निवृत्तिस्तु महाफला' । तुरेवकारार्थ । तु स्याद् भेदेऽवधारणे' इति वचनात् । ततश्चैतेभ्यो मांस भक्षणादिभ्यो निवृत्तिरेव महाफला स्वर्गापवर्गफलप्रदा । न पुन प्रवृत्तिरपीत्यर्थ । अतएव स्थानान्तरे पठितम्—

> वर्षे वर्षेऽश्वमेधेन यो यजेत शत समाः ।
> मांसानि च न खादेद् यस्तयोस्तुल्य भवेत् फलम्[2] ॥ १ ॥
> एकरात्रोषितस्यापि या गतिर्ब्रह्मचारिण ।
> न सा क्रतुसहस्रेण प्राप्तु शक्या युधिष्ठिर ॥ २ ॥

मद्यपाने तु कृत सूत्रानुवादै तस्य सर्वविगर्हितत्वात् । तानेव प्रकारानर्थान् कथमिव बुधा भासास्तीर्थका वेदितुमर्हन्तीति कृत प्रसङ्गेन ॥

अथ केऽमी सप्तभङ्गा कश्चायमादेशभेद इति ? उच्यते । एकत्र जीवादौ वस्तुनि एकैकसत्त्वादिधर्मविषयप्रश्नवशाद् अविरोधेन प्रत्यक्षादिबाधापरिहारेण पृथग्भूतयो समुदितयोश्च विधिनिषेधयो पर्यालोचनया कृत्वा स्याच्छब्दलाञ्छितो वक्ष्यमाणै सप्तभि प्रकारैर्वचन विन्यास सप्तभङ्गीति गीयते । तद्यथा । १ स्यादस्त्येव सर्वमिति विधिकल्पनया प्रथमो भङ्ग ।

इस प्रकार मांस मधन आदिके सेवन करनसे अनन्त जीवोंका नाश होता है अतएव इनका सेवन करना दोषपूर्ण है ।

अथवा मांस भक्षण आदिमे भूत पिशाचोंकी ही प्रवृत्ति होती है । भूत पिशाच जैसे ही मांस खानेमे प्रवृत्त होते ह विवेकी लोग नही । अतएव मांस आदिसे निवृत्त होना ही महान् फल ह । तु शब्दका प्रयोग निश्चय अथम होता है । इसलिये मास आदिके त्याग करनसे स्वर्ग और मोक्षकी प्राप्ति होती है । कहा भी है—

प्रत्येक वष सौ बार यज्ञ करनवाले और मांस भक्षण न करनवाले दोनो पुरुषोंको बराबर फल मिलता है ॥ १ ॥

हे युधिष्ठिर ! एक रात ब्रह्मचर्यसे रहनेवाले पुरुषको जो उत्तम गति मिलती है वह गति हजारों यज्ञ करनेसे भी नहीं होती ॥ २ ॥

मद्यपानके विषयमे विशेष कहनेकी आवश्यकता नही क्योंकि वह सब जगह लोकमें निंदनीय है । इस प्रकारके अर्थोंको अपनेको पण्डित समझनेवाले कुवादी लोग नही समझ सकते ।

सप्तभंगी—जीव आदि पदार्थोंमें अस्तित्व आदि धर्मोंके विषयमे प्रश्न उठानेपर विरोधरहित प्रत्यक्ष आदिसे अविरुद्ध अलग अलग अथवा सम्मिलित विधि और निषेध धर्मोंके विचारपूर्वक स्यात् शब्दसे युक्त सात प्रकारकी वचनरचनाको सप्तभंगी कहते हैं । १ प्रत्येक वस्तु विधि धर्मसे कथंचित् अस्तित्व रूप ही

---

१ अमरकोशे ३–२३१ ।

२ मनुस्मृतौ ५–५३ ।

२ स्यान्नास्त्येव सर्वमिति निषेधकल्पनया द्वितीयः । ३ स्यादस्त्येव स्यान्नास्त्येवेति क्रमतो विधिनिषेधकल्पनया तृतीय । ४ स्यादवक्तव्यमेवेति युगपद्विधिनिषेधकल्पनया चतुर्थ । ५ स्यादस्त्येव स्यादवक्तव्यमेवेति विधिकल्पनया युगपद्विधिनिषेधकल्पनया च पञ्चम । ६ स्यान्नास्त्येव स्यादवक्तव्यमेवेति निषेधकल्पनया युगपद्विधिनिषेधकल्पनया च षष्ठ । ७ स्यादस्त्येव स्यान्नास्त्येव स्यादवक्तव्यमेवेति क्रमतो विधिनिषेधकल्पनया युगपद्विधिनिषेधकल्पनया च सप्तम ॥

तत्र स्यात्कथचित् स्वद्रव्यक्षेत्रकालभावरूपेणास्त्येव सर्व कुम्भादि न पुन परद्रव्यक्षेत्र कालभावरूपेण । तथाहि—कुम्भो द्रव्यत पार्थिवत्वेनास्ति नाप्यादिरूपत्वेन । क्षेत्रत पाटलिपुत्रकत्वेन न कान्यकुब्जादित्वेन । कालत शैशिरत्वेन । न वासन्तिकादित्वेन । भावत श्यामत्वेन न रक्तादित्वेन । अन्यथेतररूपापत्त्या स्वरूपहानिप्रसङ्ग इति । अवधारण चात्र भङ्गेऽनभिमतार्थव्यावृत्त्यर्थमुपात्तम् इतरथानभिहिततुल्यतैवास्य वाक्यस्य प्रसज्येत प्रतिनियतस्वार्थानभिधानात् । तदुक्तम्—

वाक्येऽवधारण तावदनिष्टार्थनिवृत्तये ।
कर्तव्यमन्यथानुक्तसमत्वात् तस्य कुत्रचित् ॥[1]

तथाप्यस्त्येव कुम्भ इत्येतावन्मात्रोपादाने कुम्भस्य स्तम्भाद्यस्तित्वेनापि सर्वप्रकारेणास्तित्वप्राप्त

है (स्यादस्ति) २ प्रत्येक वस्तु निषेध धर्मसे कथंचित् नास्तित्व रूप ही है (स्यान्नास्ति) ३ प्रत्येक वस्तु क्रमसे विधि निषेध दोनो धर्मोंसे कथचित अस्तित्व और नास्तित्व दोनो रूप ही है (स्यादस्तिनास्ति) ४ प्रत्येक वस्तु एक साथ विधि निषेध धर्मोंसे कथचित् अवक्तव्य ही है (स्यादवक्तव्य) ५ प्रत्येक वस्तु विधि तथा एक साथ विधि निषेध धर्मोंसे कथचित नास्तित्व और अवक्तव्य रूप ही है (स्यादस्ति अवक्तव्य) ६ प्रत्येक वस्तु निषेध तथा एक साथ विधि निषेध धर्मोंसे कथचित नास्तित्व और अवक्तव्य रूप ही है (स्यान्नास्ति अवक्तव्य) ७ प्रत्येक वस्तु क्रमसे विधि निषेध तथा एक साथ विधि निषेध धर्मोंसे कथचित् अस्तित्व नास्तित्व और अवक्तव्य रूप ही है (स्यादस्तिनास्ति अवक्तव्य) ।

(१) प्रत्येक वस्तु अपने द्रव्य क्षेत्र काल और भावकी अपेक्षा कथचित् अस्तित्व रूप ही है और दूसरे द्रव्य क्षेत्र काल और भावकी अपेक्षा कथचित नास्तित्व रूप ही है । जैसे घडा द्रव्यकी अपेक्षा पार्थिव रूपसे विद्यमान है जल रूपमे नही क्षेत्र (स्थान) की अपेक्षा पटना नगरकी अपेक्षा मौजूद है कन्नौज आदिकी अपेक्षासे नही काल (समय) की अपेक्षा शीत ऋतुकी दृष्टिसे है वसन्त ऋतु आदिकी दृष्टिसे नही तथा भाव (स्वभाव) की अपेक्षा काले रूपसे मौजूद है लाल आदि रूपसे नहीं । यदि पदार्थोंका अस्तित्व स्व चतुष्टय (द्रव्य क्षेत्र काल भाव) की अपेक्षाके बिना ही स्वीकार किया जाय तो पदार्थोंका स्वरूप सिद्ध नही हो सकता । क्योकि जब तक वस्तुके एक स्वरूपकी दूसरे स्वरूपसे व्यावृत्ति न की जाय तब तक वस्तुका स्वरूप नही बन सकता । इसीलिए यहाँ अनिष्ट पदार्थोंका निराकरण करनेके लिए एव (अवधारण) का प्रयोग किया है । यदि एव का प्रयोग न किया जाय तो अनिच्छित वस्तुका प्रसग मानना पडे । कहा भी है—

वाक्यमें अवधारणार्थक एव का प्रयोग अनिष्ट अर्थ निराकरण करनेके लिए करना चाहिए क्योंकि अवधारणार्थक शब्दके प्रयोगके अभावमें वह उक्त वाक्य अनुक्त वाक्यके समान बन जाता है ।

शका—वाक्यमे अवधारणार्थक प्रयोग करने पर भी घट अस्तित्व रूप ही है (अस्त्येव कुम्भ)

[1] तत्त्वार्थश्लोकवार्तिके १–६–५३ ।

प्रतिनियतस्वरूपानुपपत्तिः स्यात्। तत्प्रतिपत्तये स्याद् इति शब्दः प्रयुज्यते। स्यात् कथंचिद् स्वद्रव्यादिभिरपीत्यर्थ। यत्रापि चासौ न प्रयुज्यते तत्रापि व्यवच्छेदफलैवकारवद् बुद्धिमद्भिः प्रतीयत एव। यदुक्तम्—

'सोऽप्रयुक्तोऽपि वा तज्ज्ञैः सर्वत्रार्थात्प्रतीयते।
यथैवकारोऽयोगादिव्यवच्छेदप्रयोजनः ॥'

इति प्रथमो भङ्गः॥

स्यात्कथंचिद् नास्त्येव कुम्भादि स्वद्रव्यादिभिरिव परद्रव्यादिभिरपि वस्तुनोऽसत्त्वानिष्टौ हि प्रतिनियतस्वरूपाभावाद् वस्तुप्रतिनियतिर्न स्यात्। न चास्तित्वैकान्तवादिभिरत्र नास्तित्वमसिद्धमिति वक्तव्यम् कथञ्चित् तस्य वस्तुनि युक्तिसिद्धत्वात्, साधनवत्। न हि क्वचिद् अनित्यत्वादौ साध्ये सत्त्वादिसाधनस्यास्तित्वं विपक्षे नास्तित्वमन्तरेणोपपन्नम् तस्य साधनत्वाभावप्रसङ्गात्। तस्माद् वस्तुनोऽस्तित्वं नास्तित्वेनाविनाभूतम् नास्तित्वं च तेनेति।

यह कहनसे प्रयोजन सिद्ध हो जाता है फिर स्यात शब्दकी कोई आवश्यकता नहीं है। समाधान— घट अस्तित्व रूप ही है यह कहनसे घटके सर्वथा अस्तित्वका ज्ञान होता है। किन्तु स्यात् शब्दके लगानेसे मालम होता है कि घट पररूप स्तम्भ आदिकी अपेक्षासे सर्वथा अस्तित्व रूप न होकर केवल अपने ही द्रव्य क्षत्र काल और भावकी अपेक्षा विद्यमान ह पर द्रव्य क्षेत्र काल और भावकी अपेक्षा वह सदा नास्ति रूप ही ह। अतएव प्रत्यक वस्तु स्व चतुष्टयकी अपेक्षा ही कथचित अस्ति रूप है पर चतुष्टयकी अपेक्षा नहीं इसी भावको स्पष्ट करनके लिए स्यात (कथचित) शब्दका प्रयोग किया गया है। प्रत्येक वाक्यम स्यात् अथवा कथचित शब्दके न रहनपर भी बुद्धिमान लोग उसका अभिप्राय जान लेते हैं। कहा भी है—

जिस प्रकार अयोगव्यवच्छेदक एव शब्दके प्रयोग किय बिना बुद्धिमान प्रकरणसे अर्थ समझ लेत ह उसी तरह स्यात शब्दके प्रयोगके बिना भी बुद्धिमान अभिप्राय जान लेते ह।

यह प्रथम भग है।

(२) घट आदि प्रत्येक वस्तु कथंचित् नास्ति रूप ही है। यदि पदार्थको स्व चतुष्टयकी तरह पर चतुष्टयसे भी अस्ति रूप माना जाय तो पदार्थका कोई भी निश्चित स्वरूप सिद्ध नहीं हो सकता अतएव एक वस्तुके दूसर रूप हो जानसे वस्तुका कोई निश्चित स्वरूप नहीं कहा जा सकेगा। वस्तु अस्तिरूप होती है नास्तिरूप कदापि नहीं—यह एकान्तिक कथन करनेवालोंके मतमें वस्तुके नास्तित्व धर्मकी सिद्धि नहीं हो सकती। क्योंकि जिस प्रकार साधन (हेतु) के पक्ष और सपक्षमें अस्तिरूप और विपक्षमें नास्तिरूप होनेसे उसम अस्तित्व और नास्तित्व धर्मोंका (युगपद्) सद्भाव होता है उसी प्रकार वस्तुमें कथंचित् नास्तित्व युक्तिसे सिद्ध होता है। क्वचित् (शब्द आदिम) अनित्यत्व आदिको सिद्ध करनेके लिये सत्त्व आदि साधनके पक्ष और सपक्षम अस्तित्व और विपक्षमें नास्तित्व सिद्ध किये बिना (जहाँ अनित्य नहीं वहाँ सत्त्व नहीं) सिद्धि नहीं कीजा सकती। क्योंकि सत्त्व आदि साधनका विपक्षम नास्तित्व न हो तो उसके साधनत्वके अभाव होने का प्रसग उपस्थित हो जायेगा। अतएव वस्तुका अस्तित्वधर्म उसके नास्तित्व धर्मके साथ अविनाभावसे सम्बद्ध है—पर चतुष्टयरूपकी अपेक्षासे वस्तुके नास्तिरूप न होनेपर स्व चतुष्टयकी अपेक्षा उसके अस्तित्व धर्मकी सिद्धि नहीं हो सकती। जिस प्रकार वस्तुका अस्तित्व धर्म नास्तित्व धर्मके साथ अविनाभूत है उसी प्रकार उसका नास्तित्व धर्म अस्तित्व धर्मके साथ अविनाभूत है। अस्तित्वधर्म और नास्तित्व धर्मका प्रधानोपसर्जन भाव विवक्षाके कारण होता है। (जब अस्तित्व धर्मको ही कहनेकी वक्ता की इच्छा होती है तब अस्तित्व धर्मकी प्रधानता और नास्तित्व धर्मकी गौणता तथा जब नास्तित्व धर्मको ही कहनेकी इच्छा होती है तब

---

१ तत्त्वार्थश्लोकवार्तिके १-६-५६।

विवक्षावशाद्वानयो: प्रधानोपसर्जनभावः । एवमुत्तरभङ्गेष्वपि ज्ञेयम् "अर्पितानर्पितसिद्धे" इति वाचकवचनात् । इति द्वितीय: ॥

तृतीय स्पष्ट एव । द्वाभ्यामस्तित्वनास्तित्वधर्माभ्यां युगपत्प्रधानतयार्पिताभ्याम् एकस्य वस्तुनोऽभिधित्सायां तादृशस्य शब्दस्यासम्भवाद् अवक्तव्यं जीवादिवस्तु । तथाहि—सद् सत्त्वगुणद्वय युगपद् एकत्र सदित्यनेन वक्तुमशक्यम्, तस्यासत्त्वप्रतिपादनासमर्थत्वात् । तथा ऽसदित्यनेनापि तस्य सत्त्वप्रत्यायनसामर्थ्याभावात् । न च पुष्पदन्तादिवत् साङ्केतिकमेक पदं तद्वक्तु समर्थम्, तस्यापि क्रमेणार्थद्वयप्रत्यायने सामर्थ्योपपत्तः, शतृशानयो संकेतित सच्छब्दवत् । अतएव द्वन्द्वकर्मधारयवृत्त्योर्वाक्यस्य च न तद्वाचकत्वम् । इति सकलवाचक-रहितत्वाद् अवक्तव्य वस्तु युगपत्सत्त्वासत्त्वाभ्यां प्रधानभावार्पिताभ्यामाक्रान्त व्यवतिष्ठते । न च सर्वथाऽवक्तव्यम् अवक्तव्यशब्देनाप्यनभिधेयत्वप्रसङ्गात् । इति चतुर्थ । शेषास्त्रयः सुगमाभिप्रायाः ॥

न च वाच्यमेकत्र वस्तुनि विधीयमाननिषिध्यमानानन्तधर्माभ्युपगमेनानन्तभङ्गीप्र

नास्तित्व धर्मकी प्रधानता और अस्तित्व धर्मकी गौणता होती है। प्रथम भगमे अस्तित्व धर्मकी प्रधानता और नास्तित्व धर्मकी गौणता तथा द्वितीय भगमे नास्तित्व धर्मकी प्रधानता और अस्तित्व धर्मकी गौणता होती है। जो धर्म गौण होता है उसका अभाव नही होता।) इस प्रकार उत्तरभगोमे भी समझना चाहिये। उमास्वाति वाचकने कहा भी है— प्रधान और गौणकी अपेक्षासे पदार्थोंकी विवचना होती ह। यह दूसरा भंग है।

(३–७) तीसरा भग स्पष्ट है। जब हम क्रमसे वस्तुको स्वरूपकी अपेक्षा अस्ति और पररूपकी अपेक्षासे नास्ति कहते हैं उस समय वस्तुका अस्तिनास्तिरूपसे ज्ञान होता है। यह स्यादस्तिनास्ति नामका तीसरा भग है। (४) हम वस्तुके अस्ति और नास्ति धर्मको एक साथ नही कह सकते। जिस समय जीवको सत कहते हं उस समय असत और जिस समय असत कहते हं उस समय सत नही कह सकते। क्योंकि अस्ति और नास्ति दोनों परस्पर विरुद्ध हैं। शंका— जिस प्रकार चन्द्र और सूर्य दोनो वस्तुओका ज्ञान पुष्पदत शब्दसे हो जाता है उसी तरह अस्ति और नास्ति दोनोंका एक साथ ज्ञान किसी एक सांकेतिक शब्दसे मानना चाहिये। समाधान—पहले तो कोई एसा शब्द नही जिससे अस्ति और नास्ति दोनो धर्मोका एक साथ ज्ञान किया जा सके। यदि दोनो धर्मोंको कहनेवाला कोई एक शब्द मान भी लिया जाय तो अस्तित्व और नास्तित्व दोनो धर्मोंका क्रमसे ही ज्ञान हो सकता है। व्याकरणमे सत् शब्दसे शतृ और शान दोनोका क्रम पूर्वक ज्ञान होता है एक साथ नहीं। अतएव द्वन्द्व कर्मधारय अथवा किसी एक वाक्यसे सत्त्व और असत्त्व दोनों धर्मोंका एक साथ ज्ञान नही हो सकता। परस्पर विरुद्ध अस्तित्व और नास्तित्व दोनोंका ज्ञान किसी एक शब्दसे नहीं होता अतएव प्रत्येक वस्तु एक साथ अस्ति और नास्ति भावकी प्रधानता होनसे कथंचित् अवक्तव्य ह। यदि हम पदार्थको सर्वथा अवक्तव्य मानें तो हम पदार्थको अवक्तव्य शब्दसे भी नही कह सकते अतएव प्रत्येक पदार्थको कथंचित् अवक्तव्य ही मानना चाहिये। यह स्यादवक्तव्य नामका चौथा भग है। [(५) जब हम वस्तुको स्वरूपकी अपेक्षा सत कह कर उसकी एक साथ अस्ति-नास्ति रूप अवक्तव्य रूपसे विवेचना करना चाहते हैं उस समय वस्तु स्यादस्ति अवक्तव्य नामसे कही जाती है। (६) जब हम वस्तुकी नास्तित्व धर्मकी विवक्षासे एक साथ अस्ति-नास्ति रूप अवक्तव्य रूपसे विवचना करना चाहते हैं उस समय वस्तु स्यान्नास्ति अवक्तव्य कही जाती है। (७) प्रत्येक वस्तु क्रमसे स्व और पर रूपकी अपेक्षा अस्ति-नास्ति होनेपर भी एक साथ अस्ति-नास्ति रूप अवक्तव्य होनेके कारण स्यादस्तिनास्ति अवक्तव्य रूप है।]

शंका—एक वस्तुमें जिनका विधान और निषेध किया जाता है एसे अनंत धर्मोंका अस्तित्व स्वीकार

सङ्ख्याद् असङ्ख्यैव सप्तभङ्गीति, विधिनिषेधप्रकारापेक्षया प्रतिपर्यायं वस्तुनि अनन्तानामपि सप्तभङ्गीनामेव सम्भवात्। यथा हि सदसत्त्वाभ्याम्, एवं सामान्यविशेषाभ्यामपि सप्तभङ्ग्येव स्यात्। तथाहि। स्यात्सामान्यम्, स्याद् विशेषः, स्यादुभयम्, स्यादवक्तव्यम्, स्यात्सामान्यावक्तव्यम्, स्याद् विशेषावक्तव्यम्, स्यात्सामान्यविशेषावक्तव्यमिति। न चात्र विधिनिषेधप्रकारौ न स्त इति वाच्यम्, सामान्यस्य विधिरूपत्वाद् विशेषस्य च व्यावृत्तिरूपतया निषेधात्मकत्वात्। अथवा प्रतिपक्षशब्दत्वाद् यदा सामान्यस्य प्राधान्यं तदा तस्य विधिरूपता विशेषस्य च निषेधरूपता। यदा विशेषस्य पुरस्कारस्तदा तस्य विधिरूपता इतरस्य च निषेधरूपता। एवं सर्वत्र योज्यम्। अतः सुष्ठूक्तं अनन्ता अपि सप्तभङ्ग्य एव सम्भवेयुरिति, प्रतिपर्यायं प्रतिपाद्यपर्यनुयोगानां सप्तानामेव सम्भवात्, तेषामपि सप्तत्व सप्तविधतज्जिज्ञासा नियमात्, तस्या अपि सप्तविधत्वं सप्तधैव तत्संदेहसमुत्पादात्, तस्यापि सप्तविधत्वनियमः स्वगोचरवस्तुधर्माणां सप्तविधत्वस्यैवोपपत्तेरिति॥

इयं च सप्तभङ्गी प्रतिभङ्गं सकलादेशस्वभावा विकलादेशस्वभावा च। तत्र सकलादेशः प्रमाणवाक्यम्। तल्लक्षणं चेदम्—प्रमाणप्रतिपन्नानन्तधर्मात्मकवस्तुनः कालादिभिरभेदवृत्ति प्राधान्याद् अभेदोपचाराद् वा यौगपद्येन प्रतिपादकं वचः सकलादेशः। अस्यार्थः—कालादिभिरष्टाभिः कृत्वा यदभेदवृत्तधर्मधर्मिणोरपृथग्भावस्य प्राधान्यं तस्मात् कालादिभिर्भिन्नात्म

किये जानेसे अनंत भगोंके समहका प्रसग उपस्थित हो जायेगा तो फिर वस्तुमें केवल सात ही भंगोंकी कल्पना आप क्यो करते ह? समाधान—प्रत्येक वस्तुमें अनत धम होनेके कारण वस्तुमें अनेक भग होते हैं परन्तु ये अनत भग विधि और निषधकी अपेक्षासे सात ही हो सकते हैं। अतएव जिस प्रकार सत्त्व धर्म (अस्तित्व धम) और असत्त्व धम (नास्तित्व धम) से एक ही सप्तभगी (सात भगोंका एक समह) होती है उसी तरह सामा य धम और विशेष धर्मकी अपेक्षासे भी एक ही सप्तभगी बनती है। तथाहि—सामान्य और विशेष से स्यात सामान्य स्यात विशेष स्यात उभय स्यात अवक्तव्य स्यात् सामा यअवक्तव्य स्यात विशेषअवक्तव्य और स्यात सामा य विशेष अवक्तव्य ये सात भग होते हैं। शंका—आपने ऊपर विधि और निषेध धर्मोके विचार पवक स्यात श दसे यक्त सात प्रकारकी वचनरचनाको सप्तभंगी कहा था। यह विधि और निषेध धर्मोंकी कल्पना सामा य विशेषकी सप्तभगीमें कैसे बन सकती ह? समाधान—सामान्य विशेषकी सप्तभंगी म भी विधि और निषध धर्मोंकी कल्पना की जा सकती है। क्योंकि सामान्य विधि रूप है और विशेष व्यवच्छेदक होनसे निषध रूप है। अथवा सामा य और विशष दोनो परस्पर विरुद्ध हैं अतएव जब सामान्य की प्रधानता होती है उस समय सामान्यके विधि रूप होनसे विशष निषध रूप कहा जाता है और जब विशषकी प्रधानता होती है उस समय विशेषके विधिरूप होनेसे सामा य निषध रूप कहा जाता है। इस प्रकार सवत्र योजना करनी चाहिये। अत ठीक ही कहा है कि अनन्त भगोंम भी सात भगोंकी ही कल्पना सिद्ध है। प्रत्येक पर्यायकी अपेक्षा प्रतिपाद्य सबधी सात प्रकारके ही प्रश्न किये जा सकते हैं अतएव सात ही भग होते है। प्रत्येक पर्यायकी अपेक्षा सात प्रकारकी ही जिज्ञासा उत्पन्न होती है इसलिये सात प्रकार के ही प्रश्न होते हैं। संदेहके सात ही प्रकार हो सकते हैं इसलिये सात ही प्रकारकी जिज्ञासा हो सकती है। तथा प्रत्येक वस्तुके सात ही धर्मोंका होना सभव है अतएव संदेह भी सात प्रकारके ही होते हैं।

यह सप्तभगी प्रत्येक भगमें सकल और विकल आदेश रूप होती है। प्रमाणवाक्यको सकल आदेश कहते हैं। प्रमाणसे जानी हुई अनन्त धर्म स्वभाववाली वस्तुको काल आत्मरूप अर्थ संबंध उपकार गुणिदेश संसर्ग और शब्दकी अपेक्षासे अभेद वृत्तिकी अथवा अभेदोपचारकी प्रधानतासे सम्पूर्ण धर्मोंको एक साथ प्रतिपादन करनेवाले वाक्यको सकलादेश कहते हैं। प्रत्येक वस्तुमें अनंत धर्म मौजूद हैं। इन धर्मोंका एक साथ और क्रम-क्रमसे शब्दों द्वारा प्रतिपादन किया जाता है। जिस समय वस्तुमें काल आदिकी अपेक्षा

नामपि धर्मधर्मिणामभेदाध्यारोपाद् वा समकालमभिधायकं वाक्यं सकलादेशः। तद्विपरीतस्तु विकलादेशो नयवाक्यमित्यर्थः। अयमाशयः—यौगपद्येनाशेषधर्मात्मकं वस्तु कालादिभिरभेदप्राधान्यवृत्त्याऽभेदोपचारेण वा प्रतिपादयति सकलादेशः, तस्य प्रमाणाधीनत्वात्। विकलादेशस्तु क्रमेण भेदोपचाराद् भेदप्राधान्याद्वा तदभिधत्ते, तस्य नयात्मकत्वात्॥

कः पुनः क्रमः किं च यौगपद्यम्। यदास्तित्वादिधर्माणां कालादिभिर्भेदविवक्षा, तदैकशब्दस्यानेकार्थप्रत्यायने शक्त्यभावात् क्रमः। यदा तु तेषामेव धर्माणां कालादिभिरभेदेन वृत्तमात्मरूपमुच्यते तदैकेनापि शब्देनैकधर्मप्रत्यायनमुखेन तदात्मकतामापन्नस्यानेकाशेषधर्मरूपस्य वस्तुनः प्रतिपादनसम्भवाद् यौगपद्यम्॥

के पुनः कालादयः। कालः आत्मरूपम् अर्थः सम्बन्धः उपकारः गुणिदेशः संसर्गः शब्दः। १ तत्र स्याद् जीवादिवस्तु अस्त्येव इत्यत्र यत्कालमस्तित्वं तत्काला शेषानन्तधर्मा वस्तुन्येकत्रेति तेषां कालेनाभेदवृत्तिः। २ यदेव चास्तित्वस्य तद्गुणत्वमात्मरूपं तदेव अन्यानन्तगुणानामपीति आत्मरूपेणाभेदवृत्तिः। ३ य एव चाधारोऽर्थो द्रव्याख्योऽस्तित्वस्य स एवान्यपर्यायाणामित्यर्थेनाभेदवृत्तिः। ४ य एव चाविष्वग्भावः कथञ्चित्तादात्म्यलक्षणः सम्बन्धोऽ

अभिन्न रूपसे रहनेवाले सम्पूर्ण धर्म और धर्मियोंमें अभेद भावकी प्रधानता रख कर अथवा काल आदिसे भिन्न धर्म और धर्मीमें अभेदका उपचार मानकर सम्पूर्ण धर्म और धर्मियोंका एक साथ कथन किया जाता है उस समय सकलादेश होता है। सकलादेशसे काल आदिकी अभेद दृष्टि अथवा अभेदोपचारकी अपेक्षा वस्तुके सम्पूर्ण धर्मोंका एक साथ ज्ञान होता है। जैसे अनेक गुणोंके समुदायको द्रव्य कहते हैं इसलिये गुणोंको छोड़ कर द्रव्य कोई भिन्न पदार्थ नहीं है अतएव द्रव्यका निरूपण गुणवाचक शब्दके बिना नहीं हो सकता। अतएव अस्तित्व आदि अनेक गुणोंके समुदाय रूप एक जीवका निरंश रूप समस्तपनेसे अभेदवृत्ति (द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा सम्पूर्ण धर्म अभिन्न हैं) और अभेदोपचार (पर्यायार्थिक नयसे समस्त धर्मोंके परस्पर भिन्न होनेपर भी उनमें एकताका आरोप है) से एक गुणके द्वारा प्रतिपादन होता है। इसलिये एक गुणके द्वारा अभिन्न स्वरूपके प्रतिपादन करनेको सकलादेश कहते हैं। यह सकलादेश प्रमाणके आधीन होता है। जिस समय काल आदिसे अस्तित्व आदि धर्मोंका भेदप्राधान्य अथवा भेदोपचार होता है उस समय एक शब्दसे अनेक धर्मोंका प्रतिपादन नहीं किया जा सकता इसलिये पदार्थोंका निरूपण क्रमसे होता है। इसे विकलादेश अथवा नय वाक्य कहते हैं। विकलादेशमें भेदवृत्ति अथवा भेदोपचारकी प्रधानता रहती है। विकलादेश नयके आधीन होता है।

जिस समय अस्तित्व आदि धर्मोंका काल आदिसे भेद सिद्ध करना होता है उस समय एक शब्दसे अनेक धर्मोंका ज्ञान नहीं हो सकता अतएव सम्पूर्ण धर्मोंका एक एक करके ही कथन किया जा सकता है इसे क्रम कहते हैं। इसी क्रमसे विकलादेशसे ज्ञान होता है। तथा जिस समय वस्तुके अनेक धर्मोंका काल आदिसे अभेद सिद्ध करना होता है उस समय एक शब्दसे यद्यपि वस्तुके एक धर्मका ज्ञान होता है परन्तु एक शब्दसे ज्ञात इस एक धर्मके द्वारा ही पदार्थोंके अनेक धर्मोंका ज्ञान होता है। इसे वस्तुओंका एक साथ (युगपत) ज्ञान होना कहते हैं यह ज्ञान सकलादेशसे होता है।

(१) काल—जीव आदि पदार्थ कथंचित् अस्ति रूप ही हैं यह कहनेपर जिस समय जीवमें अस्तित्व आदि धर्म मौजूद रहते हैं उस समय जीवमें और भी अनन्त धर्म पाये जाते हैं अतएव कालकी अपेक्षा अस्तित्व आदि धर्म एक हैं। (२) आत्मरूप (स्वभाव)—जिस प्रकार जीवका अस्तित्व स्वभाव है, उसी प्रकार और धर्म भी जीवके स्वभाव हैं। इसलिये स्वभावकी अपेक्षा अस्तित्व आदि अभिन्न हैं। (३) अर्थ (आधार)—जिस प्रकार द्रव्य अस्तित्वका आधार है वैसे ही और धर्म भी द्रव्यके आधार हैं। अतएव आधारकी अपेक्षा अस्तित्व आदि धर्म अभिन्न हैं। (४) सम्बन्ध—जिस प्रकार कथंचित्

स्तित्वस्य स एव शेषविशेषाणामिति सम्बन्धेनाभेदवृत्तिः । ५ य एव चोपकारोऽस्तित्वेन स्वानुरक्तत्वकरणं स एव शेषैरपि गुणैरित्युपकारेणाभेदवृत्तिः । ६ य एव गुणिनः सम्बन्धी देशः क्षेत्रलक्षणोऽस्तित्वस्य स एवान्यगुणानामिति गुणिदेशेनाभेदवृत्तिः । ७ य एव चैकवस्त्वात्मनाऽस्तित्वस्य संसर्गः स एव शेषधर्माणामिति संसर्गेणाभेदवृत्तिः । अविष्वग्भावेऽभेदः प्रधानम् भेदो गौणः संसर्गे तु भेदः प्रधानम् अभेदो गौण इति विशेषः । ८ य एव चास्तीति शब्दोऽस्तित्वधर्मात्मकस्य वस्तुनो वाचकः स एव शेषानन्तधर्मात्मकस्यापीति शब्देनाभेदवृत्तिः पर्यायार्थिकनयगुणभावे द्रव्यार्थिकनयप्राधान्याद् उपपद्यते ॥

तादात्म्य सम्बन्ध अस्तित्वमें रहता है उसी तरह उक्त सम्बन्ध अन्य धर्मोंमें भी रहता है इसलिये सम्बन्धकी अपेक्षा अस्तित्व आदि धर्म अभिन्न हैं (५) उपकार—जो उपकार अस्तित्वके द्वारा अपने स्वरूपमें अनुराग उत्पन्न करता है वही उपकार अन्य धर्मोंके द्वारा भी अनुराग पैदा करता है अतएव उपकारकी अपेक्षा अस्तित्व आदि धर्मोंमें अभेद है। (६) गुणिदेश (द्रव्यका आधार)—जो क्षेत्र द्रव्यसे सम्बन्ध रखनेवाले अस्तित्वका है वही क्षेत्र अन्य धर्मोंका है अतएव अस्तित्व आदि धर्मोंमें अभेद भाव है। (७) संसर्ग—एक वस्तुकी अपेक्षासे जो संसर्ग अस्तित्वका है वही संसर्ग अन्य धर्मोंका भी है इसलिए संसर्गकी अपेक्षा अस्तित्व आदि धर्मोंमें अभेद है। सम्बन्धमें अभेदकी प्रधानता और भेदकी गौणता तथा संसर्गमें भेदकी प्रधानता और अभेदकी गौणता होती है। (८) शब्द—जिस अस्ति शब्दसे अस्तित्व धर्मका ज्ञान होता है उसी अस्ति शब्दसे अन्य धर्म भी जाने जाते हैं अतएव शब्दकी अपेक्षा अस्तित्व आदि धर्म परस्पर अभिन्न हैं। जिस समय पर्यायार्थिक नयकी गौणता और द्रव्यार्थिक नयकी प्रधानता होती है उस समय पदार्थोंके धर्मोंमें अभेद भावका ज्ञान होनेसे अभेदवृत्ति होती है।

[स्पष्टीकरण (१) काल—जीव आदि पदार्थ कथंचित अस्तिरूप ही हैं—इस उदाहरणमें जीव आदि रूप पदार्थमें जितने काल तक अस्तित्व गुण विद्यमान रहता है उतने काल तक और भी अनन्त धर्म पाये जाते हैं। इस प्रकार जीव आदि एक पदार्थमें अस्तित्व एवं अन्य धर्मोंकी स्थिति कालकी दृष्टिसे अभेद रूप है। इसी तरह घटका उदाहरण लिया जा सकता है। जितने काल तक घटमें अस्तित्व धर्म रहता है उतने काल तक घटके अन्य धर्म भी विद्यमान रहते हैं। जिस कालमें घटका अस्तित्व नष्ट हो जाता है उस कालमें घटके अन्य धर्मोंका भी अभाव हो जाता है। इससे स्पष्ट है कि पदार्थके अस्तित्व धर्मके साथ उसके अन्य धर्मोंका अविनाभाव—तादात्म्य-अभेद-सिद्ध हो जाता है। जीव द्रव्यमें रहनेवाला अस्तित्व गुण अनादिनिधन है इसलिये उसका ज्ञान सामान्यरूप धर्म भी अनादि निधन होता है क्योंकि जीवके अस्तित्वसे ज्ञानगुण कालकी दृष्टिसे अभिन्न है। अतएव पदार्थके अस्तित्व धर्मका जितना काल होता है उतना ही काल उसके अन्य धर्मोंका उस पदार्थमें अस्तिरूप रहनेका होता है। इसलिये पदार्थके अस्तित्व धर्म और उसके शेष धर्मोंमें कालकी दृष्टिसे अभेद है। (२) आत्मरूप—जिस प्रकार अस्तित्व गुणका पदार्थका स्वभाव है उसी प्रकार अन्य अनन्त गुण भी पदार्थके स्वभाव हैं। इस प्रकार एक पदार्थमें पदार्थके गुण होना रूप स्वभावसे पदार्थका अस्तित्व धर्म एवं शेष अनन्त धर्म भी रहते हैं। अतएव एक पदार्थमें अस्तित्व आदि सभी धर्मोंकी स्वस्वरूप (आत्मस्वरूप) की दृष्टिसे अभेदवृत्ति रहती है। जिस प्रकार अस्तित्व गुणका जीव पदार्थका गुण होना स्वस्वरूप है उसी प्रकार अन्य ज्ञान आदि रूप अनन्त गुणोंका जीव पदार्थका गुण होना भी स्वस्वरूप है। अतः जीवरूप एक पदार्थमें अस्तित्व और अन्य शेष ज्ञान आदि रूप अनन्त धर्मकी आत्मस्वरूप दृष्टिसे अभेद वृत्ति होती है। जिस प्रकार घटका गुण होना अस्तित्वका स्वरूप है उसी प्रकार उसके अन्य शेष अनन्त धर्मोंका भी घटका गुण होना स्वस्वरूप है। अतः घटरूप एक पदार्थमें अस्तित्व और अन्य शेष अनंत धर्मोंकी आत्मस्वरूपकी दृष्टिसे अभेद वृत्ति है। (३) अर्थ—जो पदार्थ अस्तित्व गुणका आधार होता है वही अन्य अक्रमभावी पर्यायों-गुणोंका-आधार होता है। इस प्रकार एक द्रव्यका अस्तित्व धर्म और उसके अन्य अनन्त गुणोंका एक ही पदार्थ आधार

होता है, तब अर्थकी दृष्टिसे उन गुणोमें अभेद होता है। जिस प्रकार अस्तित्व गुणका जीव पदार्थ आश्रय होता है, उसी प्रकार अन्य शेष अनन्त धर्मोंका भी जीवद्रव्य आश्रय होता है। अत अस्तित्व धर्म और अन्य शेष ज्ञान आदिरूप अनन्त धर्मका एक जीव पदार्थके आश्रित होनसे अर्थकी दृष्टिसे उन धर्मोंमें अभेद है। (४) सम्बन्ध—जिस प्रकार अस्तित्व धर्मका पदार्थके साथ कथञ्चित् तादात्म्यरूप सम्बन्ध होता है वैसे ही कथंचित् तादात्म्य सम्बन्ध अन्य समस्त धर्मोंका उस पदार्थके साथ रहता ह। इस प्रकार पदार्थके अस्तित्व धर्मका और उसके अन्य शेष धर्मोंका उसी पदार्थके साथ कथञ्चित् तादात्म्य सम्बन्ध अर्थात अभेद होनसे उन सभी धर्मोंमें सम्बन्धकी दृष्टिसे अभेद होता है। इस प्रकार अस्तित्व धर्मका जीव पदार्थके साथ कथंचित तादात्म्य सम्बन्ध होनेसे अस्तित्व धर्म तथा अन्य शेष ज्ञान आदि रूप अनन्त धर्ममे सम्बन्धकी दृष्टिसे अभेद होता है। (५) उपकार—पदार्थका अस्तित्व गुणके द्वारा स्वस्वरूपसे युक्त किया जाना पदार्थका अस्तित्व गुणकृत उपकार होता है। इसी प्रकार उस पदार्थके शेष अन्य गुणोके द्वारा स्वस्वरूपसे युक्त किया जाना उसी पदार्थका शेष गुणकृत उपकार होता है। पदार्थके अस्तित्व गुणकृत तथा उस पदार्थके आश्रित अन्य शेष गुणों द्वारा किये जानवाले उपकारके एक होनेसे अस्तित्व गुण तथा उसके अन्य शेष गुणोमे उपकारकी दृष्टिसे अभेद है। आचार्यप्रवर श्रीविद्यानन्दने उपकार शब्दका अर्थ स्वानुरक्तत्वकरण किया है—अर्थात अपनी विशेषताको पदार्थमे निर्माण करना। उदाहरणार्थ नीलवर्ण पुद्गलका गुण है वह गुण पुद्गलमे अपने वैशिष्ट्यका निर्माण करता है। पदार्थमे अस्तित्व गुण अपने वैशिष्ट्यको निर्माण करता है। यदि अस्तित्व गुणका वैशिष्ट्य पदार्थमें न हो तो पदार्थका अभाव हो जायगा। इस वैशिष्ट्यको पदार्थमे निर्माण करना ही पदार्थका गुणकृत उपकार है। जिस प्रकार अस्तित्वगुण पुद्गल पदार्थमे अपने वैशिष्ट्यको निर्माण कर पदार्थका उपकार करता है—उसे स्वानुरक्त करता है उसी प्रकार नीलत्व आदि रूप अन्य गुण भी पुद्गल पदार्थमे अपने वैशिष्ट्यको निर्माण कर उसी पदार्थका उपकार करता ह—उसे स्वानुरक्त करता ह। अत अस्तित्व धर्म और अन्य शेष नीलत्व आदि धर्म पुद्गल पदार्थमे अपने वैशिष्ट्यके निर्माणकर्ता होनेके कारण उपकारकी दृष्टिसे अभिन्न हैं। (६) गुणिदेश—जो अस्तित्व धर्मका गुणिदेश होता ह वही अन्य धर्मोंका भी होता है। इस प्रकार गुणिदेशकी दृष्टिसे अस्तित्व धर्म तथा अन्य शेष धर्मोंमे अभेद ह। गुणी अर्थात् गुणवान पदार्थके जितने प्रदेशोमे अस्तित्व धर्म होता ह उतने ही प्रदेशोमे अन्य शेष गुणोका होना ही अस्तित्व गुण तथा अन्य शेष गुणोंमे गुणिदेशकी दृष्टिसे अभेद सिद्ध करता है। पदार्थके सभी प्रदेशोमे अस्तित्व गुण होता है। इस अस्तित्व गुणके समान पदार्थके सभी प्रदेशोमे उसके अन्य शेष गुण भी होते हं। अस्तित्व गुण जीवके कुछ प्रदेशोमे हो और कुछमे न हो—ऐसा कभी नही होता। यह गुण जीवके सभी प्रदेशोमे पाया जाता है। जिस प्रकार अस्तित्व गुण जीवके सभी प्रदेशोमे होता है उसी प्रकार जीवके शेष अन्य ज्ञान आदि अनंत गुण भी होते हैं। अत जीवका अस्तित्व गुण और उसके शेष ज्ञान आदि गुणमे गुणिदेशकी दृष्टिसे अभेद है। (७) संसर्ग—एक पदार्थके रूपसे अस्तित्व धर्मका पदार्थके साथ जो संसर्ग होता है वही एक वस्तुके स्वभावरूपसे उसी पदार्थके अन्य शेष धर्मोंका उसी पदार्थके साथ संसर्ग होता ह। इस प्रकार एक पदार्थके साथ एक वस्तुके स्वभावके रूपसे अस्तित्व धर्मका संसर्ग होनसे तथा उसी पदार्थके अन्य शेष धर्मोंका एक वस्तुके स्वभावरूपसे उसी पदार्थके साथ संसर्ग होनसे उस पदार्थका अस्तित्व धर्म और उसी पदार्थके अन्य शेष धर्मोंमें संसर्गकी दृष्टिसे अभेद होता है। संसर्ग दो भिन्न पदार्थोंमे होता ह। लोकव्यवहारमे पर्यायार्थिक नयकी दृष्टिसे गुण गुणीमे भेद समझकर व्यवहार किया जाता है। गुण और गुणीमे द्रव्यार्थिकनयकी दृष्टिसे भेदका अभाव होता है—अर्थात् अभेद होता है फिर भी यह अग्निकी उष्णता ह—यहाँ अग्नि और उष्णतामें वस्तुत अभेद होने पर भी उनमे भेद समझकर व्यवहार किया जाता है। इस व्यवहारसे उनके भेदका संस्कार जो दृढ हो गया होता है उसका अभाव द्रव्यार्थिक नयकी सहायतासे किया जाता है। कथंचित् तादात्म्य सम्बन्धमें अभेद मुख्य होता है और भेद गौण तथा संसर्गमें भेद मुख्य होता है और अभेद गौण। यही तादात्म्य संबंध तथा संसर्ग (संयोग) संबंधमें भेद है। कथंचित् तादात्म्य कथंचित् भेदाभेद रूप होता

द्रव्यार्थिकगुणभावे पर्यायार्थिकप्राधान्ये तु न गुणानामभेदवृत्तिः सम्भवात्। समकालमेकत्र नानागुणानामसम्भवात्, सम्भवे वा तदाश्रयस्य तावद्धा भेदप्रसङ्गात्। नानागुणानां सम्बन्धिन आत्मरूपस्य च भिन्नत्वात्, आत्मरूपाभेदे तेषां भेदस्य विरोधात्। स्वाश्रयस्यार्थस्यापि नानात्वात्, अन्यथा नानागुणाश्रयत्वस्य विरोधात्। सम्बन्धस्य च सम्बन्धिभेदेन भेददर्शनात् नानासम्बन्धिभिरेकत्र सम्बन्धाघटनात्। तैः क्रियमाणस्योपकारस्य च प्रतिनियतरूपस्यानेकत्वात्, अनेकैरुपकारिभिः क्रियमाणस्योपकारस्य विरोधात्। गुणिदेशस्य प्रतिगुणं भेदात्, तदभेदे भिन्नार्थगुणानामपि गुणिदेशाभेदप्रसङ्गात्। संसर्गस्य च प्रतिसंसर्गिभेदात्, तदभेदे संसर्गिभेदविरोधात्। शब्दस्य प्रतिविषयं नानात्वात्, सर्वगुणानामेकशब्दवाच्यतायां सर्वार्थानामेकशब्दवाच्यतापत्तेः शब्दान्तरवैफल्यापत्तेः।

है। भेद विशिष्ट अभेदको संबंध तथा अभेद विशिष्ट भेदको संसर्ग कहते हैं। (८) जो अस्ति शब्द अस्तित्वधर्मसे युक्त पदार्थका वाचक होता है, वही अस्ति शब्द अनंत धर्मोंसे युक्त पदार्थका वाचक होता है। इस प्रकार अस्तित्व धर्मयुक्त पदार्थ तथा शेष अन्य अनंतधर्मोंसे युक्त वही पदार्थ 'अस्ति' शब्दका वाच्य होनेसे शब्दकी दृष्टिसे अभिन्न है। जिन गुणोंमें पर्यायार्थिक नयकी दृष्टिसे भेद होता है, उन गुणोंमें पर्यायार्थिक नयकी गौणता और द्रव्यार्थिक नयकी मुख्यता होनेपर अभेद घटित होता है।)[1]।

द्रव्यार्थिक नयकी गौणता और पर्यायार्थिक नयकी प्रधानता होनेपर पदार्थाश्रित गुणोंकी अभेद रूपसे स्थिति नहीं होती। (१) विभिन्न गुण एक कालमें एक स्थान पर नहीं रह सकते। यदि विभिन्न गुण एक कालमें एक वस्तुमें एक साथ रहें तो गुणोंके आश्रित द्रव्योंमें भी उतने ही भेद मानने चाहिये। (२) विभिन्न गुणोंका अपने अपने स्वरूप (आत्मरूप) वाले स्वभिन्न गुणके स्वरूपसे भेद है, क्योंकि वे एक दूसरेके स्वरूपमें नहीं रहते, इसलिये गुणोंमें अभेद नहीं है। यदि गुणोंमें परस्पर भेद न हो, तो गुणोंको भिन्न भिन्न नहीं मानना चाहिये। (३) गुणोंके आश्रयभूत पदार्थ (अर्थ) भी अनेक हैं, यदि गुणोंके आधार अनेक न हों तो वे नाना गुणोंके आश्रित नहीं कहे जा सकते। (४) संबंधियोंके भिन्न भिन्न होनेके कारण संबंधका भेद दिखाई देनेसे भी गुणोंमें अभिन्नता संभव नहीं, क्योंकि एक संबंधसे भिन्न भिन्न संबंधियोंके साथ संबंध नहीं बन सकता। (५) उपकारकी अपेक्षा भी गुण परस्पर अभिन्न नहीं हैं। अनेक उपकारियोंमेंसे प्रत्येक उपकारी द्वारा किये जानेवाले उपकारमें तथा अन्य उपकारी द्वारा किये जानेवाले उपकारमें विरोध है। (६) गुणिदेशकी अपेक्षासे भी गुण अभिन्न नहीं हैं। अन्यथा प्रत्येक गुणके आश्रयभूत गुणिरूप देश तथा स्वभिन्न गुणके आश्रयभूत गुणिरूप देशमें भेद न होनेपर भिन्न पदार्थोंके गुणोंके भी जो गुणिरूप देश हैं उनका पूर्वोक्त गुणिरूप देशके साथ अभेदका प्रसंग आ जायगा। (७) संसर्गकी अपेक्षा भी गुण भिन्न हैं। अन्यथा एक पदार्थके साथ जितने संसर्ग करनेवाले होते हैं उतने ही संसर्गोंके परस्पर भिन्न होनेपर भी उन संसर्गोंको अभिन्न माननेपर संसर्ग करनेवालोंमें भेद उपस्थित हो जायेगा। (८) तथा शब्दकी अपेक्षासे भी गुण भिन्न नहीं हैं। अन्यथा सभी गुणोंकी एक शब्दके द्वारा वाच्यता होनेपर उनके आश्रयभूत सभी पदार्थोंकी एक शब्द द्वारा वाच्यता होनेकी आपत्ति उपस्थित हो जानेसे उन सभी पदार्थोंमेंसे प्रत्येक पदार्थके वाचक शब्दोंकी निष्फलताका प्रसंग उपस्थित हो जायगा।

(स्पष्टीकरण—जब द्रव्यार्थिक नयकी गौणता और पर्यायार्थिक नयकी प्रधानता होती है तब एक पदार्थका अस्तित्व धर्म और उसी पदार्थके अन्य शेष अनंत धर्मोंमें काल आदिकी दृष्टिसे अभेदकी संभावना नहीं होती। (१) एक समयमें पदार्थकी एक ही पर्याय होती है—अनेक नहीं। उत्तर पर्यायसे युक्त उसी पदार्थका पूर्व पर्यायसे युक्त पदार्थसे भेद होता है। यदि पूर्व पर्याययुक्त और उत्तर पर्याययुक्त पदार्थमें भेद स्वीकार न किया तो बाल्यावस्था और कुमारावस्थामें भेद नहीं होगा तथा बालक कभी कुमारावस्थाके रूपमें

---

१ प्रोफेसर एम० बी० कोठारीके सौजन्यसे।

प्रतिपाद नहीं हो सकेगा। पदार्थमें प्रतिसमय अर्थपर्यायें जन्म लेती रहती हैं अत प्रतिक्षण पदार्थकी भिन्नता घटित होती रहती है। इस अर्थपर्यायके भी प्रतिक्षण भिन्न रूप होनसे अर्थपर्याययुक्त पदार्थकी प्रतिक्षण भिन्नता सिद्ध होती है। एक समयमें एक ही अर्थपर्याय होती है—अनक अर्थपर्याय नहीं। पदार्थकी अर्थपर्यायोंके कारण व्यक्त होनेवाली भिन्नता उन अर्थपर्यायोंके काल भिन्न भिन्न होनेसे होती है। प्रत्येक समयमें होनेवाली पदार्थकी भिन्नताके कारण अर्थपर्यायोके कालोंकी भिन्नता होनेसे एक पदार्थमे एक समयम अनेकविध गुणोंके अस्तित्वका होना असभव ह। एसी अवस्थाम भी यदि एक पदार्थम एक समयमें अनेकविध गुणोंका होना संभव माना तो पदार्थम एक समयमें जितने गुण होंगे उतने ही प्रकार एक पदार्थके एक समयमें होंगे। अत पदार्थकी विविधता कालभेद निमित्तक होनेसे कालकी दृष्टिसे द्रव्याश्रित अनक गुणोंमें अभेद सिद्ध नहीं होता अपितु भेद ही सिद्ध होता ह। (२) एक पदार्थक आश्रित अनेक गुणोका द्रव्यार्थिक नयकी दृष्टिसे एक ही पदार्थका आश्रय करनेका स्वरूप एक होनसे उन सभो गणोमे अभद होता है फिर भी द्रव्यार्थिक नयके गौण और पर्यायार्थिक नयके मुख्य होनेपर एक पदार्थके आश्रित अनक गणोम अभदकी सिद्धि नहीं होती किन्तु भेदकी ही सिद्धि होती है। क्योकि अनेक गणोमसे प्रत्येक गणका स्वरूप स्वभिन्न अन्य गुणके स्वरूपसे भिन्न होता है और उन गणोंके स्वरूपम भेद नही होता—ऐसा माननेसे उनकी परस्पर भिन्नताका अभाव हो जाता है। स्पर्श रस गंध और वर्ण—ये चार गण पुद्गलके आश्रित हैं। य सभी गण द्रव्यार्थिक नयकी दृष्टिसे परस्पर भिन्न नही होते—अपितु अभिन्न होते हैं। क्योकि पुद्गलका आश्रय ग्रहण करनेका उनका एक ही स्वभाव होता है। द्रव्यार्थिक नयकी गौणता और पर्यायार्थिक नयकी प्रधानता होनपर उन गणाम अभेदकी सिद्धि नहीं होती। क्योकि चारो गणोका एक स्वभाव नही होता—वह भिन्न होता है। यदि इन चारो गणो का स्वभाव एक होता तो उनमें होनेवाले भेदका अभाव हो जाता और उनकी चारकी सख्या न रह पाती। अत पर्यायार्थिक नयकी प्रधानता होनपर एक द्रव्याश्रित अनक गणोम स्वरूपकी दृष्टिसे अभेद सिद्ध नही होता। (३) अक्रमभावि पर्याय रूप अनेक गणोके आश्रयभूत एक पदार्थकी दृष्टिसे भी उन अनक गणोम अभेदकी सिद्धि नही होती। क्योंकि गणोंकी अनेकताके कारण उनके आश्रयभूत पदार्थका भी अनकरूपत्व सिद्ध हो जाता है। गणोमे भेद होनेसे उनके आश्रयभूत गणी का—पदार्थका—भी भद हो जाता है। एक समयमे एक ही गणरूप अक्रमभावी पर्याय होती है। एक पदार्थम अनक गण होनसे अक्रमभावी पर्याय भी अनेक होती हैं। अक्रमभावी पर्यायोकी अनकताके कारण गणाश्रयभूत पदार्थकी भी अनेकता सिद्ध हो जाती है। जब गणाश्रयभूत पदार्थकी अनकता पर्यायार्थिक नयकी दृष्टिसे सिद्ध होती ह तब पदार्थकी दृष्टिसे पदार्थके गणोम अभेदकी सिद्धि होना असभव है। यदि गणाश्रयभूत पदार्थकी अनेकता नही होती—ऐसा स्वीकार कर तो पदार्थके अनक गणोका आश्रय होनम विरोध उपस्थित होता ह। यद्यपि आम्लरस गणयुक्त कच्चे आमम और मधुररस युक्त पके हुए आमम एकत्व प्रत्यभिज्ञानसे एकत्वकी सिद्धि होती है अथवा द्रव्यार्थिक नयकी दृष्टिसे उभयावस्थापन्न आमका एकत्व सिद्ध हो जाता ह फिर भी आम्लरस गुणयुक्त आम्रफलसे मधुररस गणयुक्त पके हुए आम्रफलका पर्यायार्थिक नयकी दृष्टिसे भिन्नत्व ही सिद्ध होता है। यदि भिन्न भिन्न रसगणोंसे युक्त आम्रफलम कथञ्चित भी भद नही होता—सर्वथा अभद ही होता ह एसा स्वीकार किया जाये तो कच्चे आम्रफलम और पके हुए आम्रफलम सर्वथा अभेदकी सिद्धि हो जानसे आम्लरस गणसे मधुररस गणके भेदका अभाव सिद्ध हो जायेगा तथा आम्रफलका नाना गणाश्रयत्व भी न रहेगा और यह आम कच्चा ह और यह पका हुआ है यह व्यवहार न बन सकेगा। अत रसगुणके भेदके कारण उन भिन्न रसोंके आश्रयम भी भिन्नता होती है—यह स्वीकार करना पड़ेगा। अत अर्थकी दृष्टिसे भी नाना गणाश्रयभूत पदार्थका द्रव्यार्थिक नयकी दृष्टिसे एकत्व सिद्ध हो जानेपर भी पर्यायार्थिक नयकी दृष्टिसे उस पदार्थका अनेकत्व सिद्ध हो जाता है तो अनेक गुणोंमें अर्थकी दृष्टिसे अभेदकी सिद्धि नही हो सकती। (४) प्रत्येक पदार्थ अनेक या अनंत गणोका आश्रय होता है। द्रव्यार्थिक नयकी दृष्टिसे यद्यपि पदार्थका एकत्व होता है फिर भी पर्यायार्थिक नयकी दृष्टिसे पदार्थाश्रित

जितने गुण होते हैं उतने ही उसके भेद होते हैं। एक गुणके आश्रयभूत पदार्थका भेद दूसरे गुणके आश्रयभूत पदार्थके भेदसे पर्यायार्थिक नयकी दृष्टिसे भिन्न होता है। पदार्थका भेद और तदाश्रित गुणमें तादात्म्य संबंध होता है। पदार्थका भेद और तदाश्रित गुण दोनों संबंधी हैं। पदार्थके जितने भेद होते हैं और तदाश्रित जितने गुण होते हैं उतने ही संबंधी होते हैं। पदार्थके भेदोंमें परस्पर भिन्नत्व होनेसे और तदाश्रित गुणोंमें व्यवहार नयकी दृष्टिसे भेद होनेसे एक सम्बन्धियुगलसे अन्य संबंधियुगलका भेद होता है। संबंधियुगलोंमें परस्पर भेद होनेसे उनमें होनेवाले संबंधोंमें भी भेद होता है। संबंधियोंमें भेद होनेसे संबंधोंमें भेद होनेके कारण अनेक संबंधियोंके होनेसे एक पदार्थमें एक ही संबंधका सद्भाव घटित नहीं होता—अनेक संबंधोंका सद्भाव घटित होनेके कारण एक पदार्थके आश्रित अनेक गुणोंमें अभेदकी सिद्धि घटित नहीं होती। आम्र-फलरूप पदार्थके एक होनेपर भी जिसके साथ आम्लरसगुणका तादात्म्य होता है वह आम्ररसकी अवस्था और आम्लरसगुण तथा जिसके साथ मधुररस गुणका तादात्म्य होता है वह आम्रफलकी अवस्था और मधुररसगुण—इन दोनोंमें परस्पर भिन्नता होती है। इन संबंधियुगलोंमें परस्पर भिन्नता होनेसे उन युगलोंमें होनेवाले तादात्म्य स्वरूप संबंधोंमें भिन्नता होती है। अतः अनेक संबंधियोंके कारण एक आम्रफलमें होनेवाले संबंधोंका एकत्व सिद्ध न होनेसे आम्रफलके आम्लरसगुण और मधुररसगुणमें अभेदकी सिद्धि नहीं हो सकती। यहाँ संबंधोंकी भिन्नता पर्यायार्थिक नयकी दृष्टिसे सिद्ध की गई है। (५) गुणोंको अपनी विशेषतासे—अपने विशेष स्वरूपसे—अपने आश्रयभूत पदार्थको युक्त करना ही पदार्थका गुणकृत उपकार है। एक पदार्थमें अनेक—अनंत गुण होते हैं। प्रत्येक गुण अपने आश्रयभूत पदार्थको अपने स्वरूपसे युक्त बनाकर उस पदार्थका उपकार करता है। प्रत्येक गुणका स्वरूप निश्चित होनेसे उस गुणके द्वारा किया जानेवाला उपकार भी निश्चित स्वरूप वाला होता है। भिन्न भिन्न गुणोंके द्वारा किये जाने वाले उपकारोंके निश्चित स्वरूपवाले होनेसे अन्योन्यव्यावर्तक होनेके कारण परस्पर भिन्न होनेसे तथा अनेक होनेके कारण पदार्थका उपकार करनेवाले गुणोंमें भेदकी सिद्धि होती है। जब कच्चे आमको आम्लरसगुण अपने स्वरूपसे युक्त करता है—व्याप्त करता है—तब आम्रफल क्रमसे खट्टा और मीठा कहा जाता है। आम्लरसगुण कृत उपकार और मधुररसगुण कृत उपकारमें परस्पर भेद होता है। यदि उपकारोंमें भेद न हुआ तो खट्टा आम और मीठा आम—आमकी ये अवस्थायें ही न रहेंगी। अतः विभिन्न गुणकृत उपकारोंमें भेद होनेसे एक पदार्थके गुणोंमें भेदकी सिद्धि हो जाती है। अथवा यदि पदार्थके सभी गुणोंमें भेद न होता तो एक ही इन्द्रियके सभी गुणोंका ग्रहण हो जाता। यदि आम्रफलके स्पर्श रस गंध और वर्णमें सर्वथा अभेद होता तो नेत्र इन्द्रिय द्वारा सभी गुणोंका युगपत् ग्रहण हो जाता। जब नेत्र इन्द्रिय द्वारा सभी गुणोंका युगपत् ग्रहण नहीं होता और जब प्रत्येक गुणका उपकार भिन्न है तब आम्रफलके सभी गुण पर्यायार्थिक नयकी दृष्टिसे अन्योन्य भिन्न हैं। (६) गुणोंके भेदसे ही पदार्थोंमें भेद पाया जाता है। क्योंकि गुण ही पदार्थोंकी अन्योन्य भिन्नताका कारण होते हैं। अतः गुणोंकी—अनेक गुणाश्रित पदार्थकी—द्रव्यार्थिक नयकी दृष्टिसे पदार्थ जितने गुणोंका आश्रय होता है उतने ही उसके भेद हो जाते हैं। आम्रफलके सभी प्रदेशोंके आम्लरसगुणसे युक्त होनेसे कच्चा आम पके हुए आम्रफलसे भिन्न होता है। क्योंकि पके हुए आम्रफलके सभी प्रदेश मधुररसगुणसे युक्त होते हैं। आम्लरसगुण और मधुररसगुणके परस्पर भिन्न होनेसे उनके आश्रयभूत आम्रफलमें उनके द्रव्यार्थिक नयकी दृष्टिसे एक होनेपर भी पर्यायार्थिक नयकी दृष्टिसे उसमें विभिन्नता होती है। अतः गुणोंके भेदके कारण द्रव्यार्थिक नयकी दृष्टिसे पदार्थका एकत्व निर्बाध होनेपर भी पर्यायार्थिक नयकी दृष्टिसे उस पदार्थमें भेदोंकी—अनेक रूपत्वकी—सिद्धि होती है। अतः पदार्थके जितने गुण होते हैं उतने उसके भेद होनेसे उनके भेदोंसे गुणोंमें भी भेदकी सिद्धि हो जानेसे एक द्रव्याश्रित गुणोंमें अभेदकी सिद्धि नहीं होती। यदि गुणोंके भेद होनेपर गुणिदेशमें अभेद ही स्वीकार किया जाय तो ज्ञानगुण और स्पर्श आदि गुणोंके परस्पर भिन्न होनेपर भी तदाश्रयभूत पदार्थोंमें अभेदकी सिद्धि हो जायेगी—अर्थात् जीव और पुद्गल द्रव्यमें एक द्रव्यत्वकी सिद्धिका प्रसंग उपस्थित हो जायेगा। किन्तु

वस्तुतोऽस्तित्वादीनामेकत्र वस्तुन्येवमभेदवृत्त्यसंभवे कालादिभिर्भिन्नात्मनामभेदोपचारः क्रियते। तदेताभ्यामभेदवृत्त्यभेदोपचाराभ्यां कृत्वा प्रमाणप्रतिपन्नानन्तधर्मात्मकस्य वस्तुनः समसमयं यदभिधायकं वाक्यं स सकलादेशः प्रमाणवाक्यापरपर्यायः, नयविषयी-

---

जीव द्रव्य और पुद्गल द्रव्य एक रूप नहीं हैं क्योंकि उनके असाधारण धर्म—गुण—परस्पर व्यावर्तक हैं। इससे स्पष्ट है कि जीवरूप गुणी और पुद्गलरूप गुणीके परस्पर भिन्न होनेसे उनके गुणोंकी परस्पर भिन्नता सिद्ध होती है। अतः प्रत्येक गुणके गुणिदेशके भिन्न होनेसे एक पदार्थाश्रित अनंत गुणोंमें गुणिदेशकी दृष्टिसे अभेदकी सिद्धि नहीं होती। (७) दो विभिन्न पदार्थोंमें होनेवाले संयोगको संसर्ग कहते हैं। गुण और गुणीमें तथा परिणाम और परिणामीमें *यद्यपि द्रव्यार्थिक या निश्चय नयकी दृष्टिसे अभेद होता है* फिर भी पर्यायार्थिक या व्यवहार नयकी दृष्टिसे भेद ही होता है। व्यवहार नयकी दृष्टिसे उनमें भेद होनेसे परिणाम और परिणामी तथा गुण और गुणीका जो संबंध होता है वह संयोगरूप—संसर्गरूप—होता है। परिणाम और परिणामी तथा गुण और गुणी दोनों संसर्गी हैं। गुणीके जितने भी गुण होते हैं वे संसर्गी हैं। गुणरूप संसर्गीके भेदसे गुण और गुणीके सभी संसर्ग भिन्न होते हैं। यदि गुणोंमें भेद न होता तो संसर्गोंमें भी भेद न होता। प्रति समय पदार्थकी पर्यायरूपसे परिणति होती है। उस पर्यायके साथ गुणका संसर्ग होता है। अतः द्रव्यकी प्रत्येक पर्यायरूप संसर्गी और गुणरूप संसर्गी स्वभिन्न संसर्गियुगलसे भिन्न होता है। अतः संसर्गिभेदसे संसर्गभेदकी सिद्धि हो जाती है। *संसर्गभेदके कारण गुणोंमें अभेदकी सिद्धि नहीं हो सकती।* दण्डग्रहण कालमें होनेवाली देवदत्तकी पर्याय तथा दण्ड—इन दोनोंमें जो संसर्ग होता है वह छत्रग्रहण कालमें होनेवाली देवदत्तकी पर्याय और छत्र—इनमें होनेवाले संसर्गसे भिन्न होनेके कारण जिस प्रकार दण्ड और छत्रमें अभेद सिद्ध नहीं होता उसी प्रकार संसर्ग भेदके कारण पदार्थके अनेक गुणोंमें अभेद नहीं होता। (८) वाच्यभूत अर्थके अनेक और भिन्न होनेसे उनके वाचक शब्द अनेक और भिन्न होते हैं। एक पदार्थगत अनेक वाच्यभूत धर्मोंके वाचक शब्द अनेक और भिन्न भिन्न होते हैं। धर्मोंके वाचक शब्दके भिन्न भिन्न होनेसे—एक शब्दके द्वारा वाच्य न होनेसे—शब्दकी दृष्टिसे भी एक पदार्थाश्रित धर्मों—गुणों—में अभेदकी सिद्धि नहीं होती। यदि एक पदार्थके आश्रित अनन्त धर्मोंका वाचक एक ही शब्द होता है—ऐसा स्वीकार किया गया तो सभी पदार्थोंका वाचक एक ही शब्दके होनेकी आपत्ति उपस्थित हो जानेसे अन्य शब्दोंकी विफलता होनेका प्रसंग उपस्थित हो जाता है। इस प्रकार व्यवहार नय या पर्यायार्थिक नयकी दृष्टिसे अस्तित्व आदि धर्मोंका एक वस्तुमें अभेद रूपसे आश्रित रहना असंभव होनेके कारण काल आदि की दृष्टिसे भिन्न स्वरूप होनेवाले धर्मोंमें अभेदका उपचार किया जाता है—अर्थात् इनमें भेद नहीं होता ऐसे उपचारसे कहा जाता है।

इससे स्पष्ट है कि द्रव्यार्थिक *नय या निश्चय नयकी* दृष्टिसे पदार्थाश्रित अनंत धर्मोंमें तथा पदार्थ और उसके अनंत धर्मोंमें अभेद होता है तथा पर्यायार्थिक नय या व्यवहार नयकी दृष्टिसे उनमें भेद होता है। जब पर्यायार्थिक नयकी दृष्टिसे अनन्त गुणोंमें तथा गुण और गुणीमें भेदकी प्रधानता होती है तब अभेदका उपचार किया जाता है तथा जब द्रव्यार्थिक नयकी दृष्टिसे अनंत गुणोंमें तथा गुण और गुणीमें अभेदकी प्रधानता होती है तब भेदका उपचार किया जाता है)।[१]

द्रव्यार्थिक नयकी गौणता और पर्यायार्थिक नयकी प्रधानता होनेपर काल आदिसे परस्पर भिन्न होनेवाले अस्तित्व आदि गुणोंकी एक पदार्थमें वस्तुतः इस प्रकार अन्योन्य भेद रूपसे स्थितिकी संभाव्यता न होनेपर अस्तित्व आदि गुणोंकी एक पदार्थमें अभेदसे—अन्योन्य भेद रूपसे—स्थिति होती है—ऐसा अभेदका उपचार किया जाता है। अतएव अभेदवृत्ति और अभेदोपचार—इन दोनोंसे प्रमाणद्वारा प्रतिपन्न अनन्त धर्मोंसे युक्त वस्तुका युगपत् प्रतिपादन करनेवाला वाक्य सकलादेश अथवा प्रमाणवाक्य है। तथा नयके

---

१. प्रोफेसर एम० जी० कोठारीके सौजन्यसे।

कृतस्य वस्तुधर्मस्य भेदवृत्तिप्राधान्याद् भेदोपचाराद् वा क्रमेण यदभिधायकं वाक्यं स विकलादेशो नयवाक्यापरपर्यायः । इति स्थितम् । ततः साधूक्तम् आदेशभेदोदितसप्तभङ्गम् ॥ इति काव्यार्थः ॥ २३ ॥

द्वारा विषयीकृत वस्तुधर्मका पर्यायार्थिक नयकी दृष्टिसे उस वस्तुधर्मको उस वस्तुके अन्य धर्मोंसे भिन्न रूपसे वस्तुमे स्थितिकी प्रधानता होनेसे तथा द्रव्यार्थिक नयकी दृष्टिसे वस्तुधर्मके उस वस्तुके अन्य धर्मोंसे अभिन्न रूपसे स्थिति होनेके कारण उस वस्तुधर्मका उस वस्तुके अन्य धर्मोंसे भेदका उपचार होनेसे क्रमसे प्रतिपादन करनेवाला वाक्य विकलादेश अथवा नयवाक्य है। यह सिद्ध हो गया। अतएव सकलादेश और विकलादेशके भेदसे जिसके सात भंग प्रतिपादित किये गये हैं वह ठीक ही है ॥ यह श्लोकका अर्थ है ॥२३॥

भावार्थ—इस श्लोकमें जैन दर्शनके सात भंगोंका प्ररूपण किया गया है। सप्तभंगी अनेकान्तवाद का समर्थन करनेवाली युक्तिविद्या है। जैन सिद्धांतके अनुसार प्रत्येक पदार्थमे अनन्त धर्म विद्यमान हैं। इन अनन्त धर्मोंका कथन एक समयमें किसी एक शब्दसे नहीं किया जा सकता। इसलिये जैन विद्वानोंने नयवाक्यका निर्देश किया है। इसी प्रमाणवाक्य और नयवाक्यको क्रमसे सकलादेश और विकलादेश कहते हैं। पदार्थके धर्मोंका काल आत्मरूप अर्थ संबंध उपकार गुणिदेश संसर्ग और शब्दकी अपेक्षा अभेद रूपसे एक साथ कथन करनेवाले वाक्यको सकलादेश अथवा प्रमाणवाक्य कहते हैं। तथा काल आत्मरूप आदिकी भेद विवक्षासे पदार्थोंके धर्मोंको क्रमसे कहनेवाले वाक्यको विकलादेश अथवा नयवाक्य कहते हैं। सकलादेश और विकलादेश प्रमाणसप्तभंगी और नयसप्तभंगीके भेदसे सात सात वाक्योंमें विभक्त हैं।

(१) स्यादस्ति जीवः—किसी अपेक्षासे जीव अस्ति रूप ही है। इस भंगमें द्रव्यार्थिक नयकी प्रधानता और पर्यायार्थिक नयकी गौणता है। इसलिये जब हम कहते हैं कि स्यादस्त्येव जीवः तो इसका अर्थ होता है कि किसी अपेक्षासे जीवके अस्तित्व धर्मकी प्रधानता और नास्तित्व धर्मकी गौणता है। दूसरे शब्दोंमें हम कह सकते हैं कि जीव अपने द्रव्य क्षेत्र काल और भावकी अपेक्षा विद्यमान है और दूसरे द्रव्य क्षेत्र काल और भावकी अपेक्षा नहीं। यदि जीव अपने द्रव्य आदिकी अपेक्षा अस्ति रूप और दूसरे द्रव्य आदिकी अपेक्षा नास्ति रूप न हो तो जीवका स्वरूप नहीं बन सकता। (२) स्यान्नास्ति जीवः—किसी अपेक्षासे जीव नास्ति रूप ही है। इस भंगमें पर्यायार्थिक नयकी मुख्यता और द्रव्यार्थिक नयकी गौणता है। जीव परसत्ताके अभावकी अपेक्षाको मुख्य करके नास्ति रूप है तथा स्वसत्ताके भावकी अपेक्षाको गौण करके अस्ति रूप है। यदि पदार्थोंमें परसत्ताका अभाव न माना जाय तो समस्त पदार्थ एक रूप हो जाय। यह परसत्ताका अभाव अस्तित्व रूपकी तरह स्वसत्ताके भावकी अपेक्षा रखता है। इसलिये जिस प्रकार स्वसत्ताका भाव अस्तित्व रूपसे है और नास्तित्व रूपसे नहीं उसी तरह परसत्ताका अभाव भी स्वसत्ताके भावकी अपेक्षा रखता है। कोई भी वस्तु सर्वथा भाव अथवा अभाव रूप नहीं हो सकती इसलिये भाव और अभावको सापेक्ष ही मानना चाहिये। (३) स्यादस्ति च नास्ति च जीवः—जीव कथंचित् अस्ति और नास्ति स्वरूप है। इस नयमें द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक दोनों नयोंकी प्रधानता है। जिस समय वक्ताके अस्ति और नास्ति दोनों धर्मोंके कथन करनेकी विवक्षा होती है उस समय इस भंगका व्यवहार होता है। यह नय भी कथंचित रूप है। यदि वस्तुके स्वरूपको सर्वथा वक्तव्य मानकर किसी अपेक्षासे भी अवक्तव्य न मानें तो एकान्त पक्षमें अनेक दूषण आते हैं। (४) स्यादवक्तव्य जीवः—जीव कथंचित अवक्तव्य हो है। इस भंगमें द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक दोनो नयोंकी अप्रधानता है। ऊपर कहा जा चुका है कि जिस समय वस्तुका स्वरूप एक नयकी अपेक्षा कहा जाता है उस समय दूसरा नय सर्वथा निरपेक्ष नहीं रहता। किन्तु जिस नयकी जहाँ विवक्षा होती है वह नय वहाँ प्रधान होता है और जिस नयकी जहाँ विवक्षा नहीं होती वह नय वहाँ गौण होता है। प्रथम भंगमें जीवके

अनन्तरं भगवद्दर्शितस्यानेकान्तात्मनो वस्तुनो बुधरूपवेद्यत्वमुक्तम्। अनेकान्तात्मकत्वं च सप्तभङ्गीप्ररूपणेन सुखोन्नेयं स्यादिति सापि निरूपिता। तस्यां च विरुद्धधर्माध्यासितं वस्तु पश्यन्त एकान्तवादिनोऽबुधरूपा विरोधमुद्भावयन्ति तेषां प्रमाणमार्गात् च्यवनमाह—

उपाधिभेदोपहितं विरुद्धं नार्थेष्वसत्त्वं सदवाच्यते च।
इत्यप्रबुध्यैव विरोधभीता जडास्तदेकान्तहताः पतन्ति ॥२४॥

अर्थेषु पदार्थेषु चेतनाचेतनेषु असत्त्वं नास्तित्वं न विरुद्धं न विरोधावरुद्धम्। अस्तित्वेन सह विरोधं नानुभवतीत्यर्थः। न केवलमसत्त्वं न विरुद्धम् किंतु सदवाच्यते च। सच्चावाच्यं च सदवाच्ये तयोर्भावौ सदवाच्यते। अस्तित्वावक्तव्यत्वे इत्यर्थः। ते अपि न विरुद्धे। तथाहि—अस्तित्वं नास्तित्वेन सह न विरुध्यते। अवक्तव्यत्वमपि विधिनिषेधात्मकमन्योन्यं न विरुध्यते। अथवा अवक्तव्यत्वं वक्तव्यत्वेन साकं न विरोधमुद्वहति। अनेन च नास्तित्वा

अस्तित्वकी मुख्यता है दूसरे भंगमें नास्तित्व धर्मकी मुख्यता है। अस्तित्व और नास्तित्व दोनों धर्मोंकी मुख्यतासे जीवका एक साथ कथन करना संभव नहीं है क्योंकि एक शब्दसे अनेक गुणोंका निरूपण नहीं हो सकता। इसलिये एक साथ अस्तित्व और नास्तित्व दोनों धर्मोंकी अपेक्षासे जीव कथंचित अवक्तव्य ही है। (५) स्यादस्ति च अवक्तव्यश्च जीवः—जीव कथंचित अस्ति रूप और अवक्तव्य रूप है। इस नयमें द्रव्यार्थिक नयकी प्रधानता और द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिककी अप्रधानता है। किंचित द्रव्यार्थ अथवा पर्यायार्थ विशेषके आश्रयसे जीव अस्ति स्वरूप है तथा द्रव्यसामान्य और पर्यायसामान्य अथवा द्रव्यविशेष और पर्यायविशेषकी एक साथ अभिन्न विवक्षामें जीव अवक्तव्य स्वरूप है। जैसे जीवत्व अथवा मनुष्यत्वकी अपेक्षासे आत्मा अस्तित्व स्वरूप है तथा द्रव्यसामान्य और पर्यायसामान्यकी अपेक्षा वस्तुके भाव और अवस्तुके अभावके एक साथ अभेदकी अपेक्षा आत्मा अवक्तव्य है। (६) स्यान्नास्ति च अवक्तव्यश्च जीवः—जीव कथंचित् नास्ति और अवक्तव्य रूप है। इस भंगमें पर्यायार्थिक नयकी प्रधानता और द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक दोनोंकी अप्रधानता है। जीव पर्यायकी अपेक्षासे नास्ति रूप है तथा अस्तित्व और नास्तित्व दोनों धर्मोंकी एक साथ अभेद विवक्षासे अवक्तव्य स्वरूप है। (७) स्यादस्ति च नास्ति चावक्तव्यश्च जीवः—जीव कथंचित् अस्ति नास्ति और अवक्तव्य रूप है। जीव द्रव्यकी अपेक्षा अस्ति पर्यायकी अपेक्षा नास्ति और द्रव्य पर्याय दोनोंकी एक साथ अपेक्षासे अवक्तव्य रूप है। इस भंगमें द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक दोनोंकी प्रधानता और अप्रधानता है।

जिन भगवान् द्वारा प्रतिपादित अनेकान्तात्मक वस्तु पंडितों द्वारा जानने योग्य है यह कहा जा चुका है। सप्तभंगीके प्ररूपणके द्वारा वस्तुके अनेकान्तात्मक होनेका ज्ञान सुखपूर्वक होता है इसलिये उस सप्तभंगीका भी प्ररूपण कर दिया गया है। वस्तुको विरुद्धधर्माध्यासित रूपमें देखनेवाले एकांतवादी अज्ञानी लोग उस सप्तभंगीमें विरोधकी उद्भावना करते हैं। ये एकान्तवादी सन्मार्गसे च्युत होते हैं—

श्लोकार्थ—पदार्थोंमें अर्थोंके अनेकत्वसे व्यक्त हुआ नास्तित्व अस्तित्वका, अस्तित्व नास्तित्वका तथा अवक्तव्य वक्तव्यका विरोधी नहीं होता। ऐसा जाने बिना ही वस्तुगत धर्मोंमें विरोध होनेके भयसे व्याकुल सत्त्व आदि रूप एकान्तोंसे आहत मूर्ख लोग न्यायमार्गसे च्युत होते हैं।

व्याख्यार्थ—जिस तरह चेतन और अचेतन पदार्थोंमें अस्तित्व और नास्तित्वमें परस्पर कोई विरोध नहीं उसी तरह विधि और निषेध रूप अवक्तव्यका भी अस्तित्व और नास्तित्वसे विरोध नहीं है। अथवा अवक्तव्यका वक्तव्यके साथ कोई विरोध नहीं इसलिये अवक्तव्यका अस्तित्व और नास्तित्वसे भी विरोध नहीं है। अतएव अस्तित्व नास्तित्व और अवक्तव्य इन तीन मूल भंगोंमें परस्पर विरोध न होनेसे

विधिनिषेधकल्पनालक्षणभङ्गत्रयेण सकलसप्तभङ्ग्या निर्विरोधता उपलक्षिता । अमीषामेव त्रयाणां मुख्यत्वाच्छेषभङ्गानां च संयोगजत्वेनामीष्वेवान्तर्भावादिति ॥

नन्वेते धर्माः परस्परं विरुद्धाः तत्कथमेकत्र वस्तुन्येषां समावेशः सम्भवति इति विशेषण-द्वारेण हेतुमाह उपाधिभेदोपहितम् इति । उपाधयोऽवच्छेदका अंशप्रकाराः तेषां भेदो नानात्वम्, तेनोपहितमर्पितम् । असत्त्वस्य विशेषणमेतत् । उपाधिभेदोपहितं सदर्थेष्वसत्त्वं न विरुद्धम् । सदवाच्यतयोश्च वचनभेदं कृत्वा योजनीयम् । उपाधिभेदोपहिते सती सदवाच्यते अपि न विरुद्धे ।

अयमभिप्रायः । परस्परपरिहारेण ये वर्तेते तयोः शीतोष्णवत् सहानवस्थानलक्षणो विरोधः । न चात्रैवम् सत्त्वासत्त्वयोरितरेतरमविष्वग्भावेन वर्तनात् । न हि घटादौ सत्त्वम् असत्त्वं परिहृत्य वर्तते, पररूपेणापि सत्त्वप्रसङ्गात् । तथा च तद्व्यतिरिक्तार्थान्तराणां नैरर्थक्यम् तेनैव त्रिभुवनार्थसाध्यार्थक्रियाणां सिद्धेः । न चासत्त्वं सत्त्वं परिहृत्य वर्तते स्वरूपेणाप्य-

---

सम्पूर्ण सप्तभंगीमें भी कोई विरोध नहीं आता क्योंकि आदिके तीन भंग ही मुख्य भंग हैं शेष भंग इन्हीं तीनोंके संयोगसे बनते हैं अतएव उनका इन्हींमें अन्तर्भाव हो जाता है ।

शंका—अस्तित्व नास्तित्व और अवक्तव्य परस्पर विरुद्ध हैं अतएव ये किसी वस्तुमें एक साथ नहीं रह सकते । समाधान—वास्तवमें अस्तित्व आदिमें विरोध नहीं है क्योंकि अस्तित्व आदि किसी अपेक्षासे स्वीकार किये गये हैं । पदार्थोंमें अस्तित्व नास्तित्व आदि अनेक धर्म विद्यमान हैं । जिस समय हम पदार्थोंमें अस्तित्व धर्म सिद्ध करते हैं उस समय अस्तित्व धर्मकी प्रधानता और अन्य धर्मोंकी गौणता रहती है । अतएव अस्तित्व और नास्तित्व धर्ममें परस्पर विरोध नहीं है । इसी तरह अस्तित्व और अवक्तव्य भी अपेक्षाके भेदसे माने गये हैं । इसलिये इनमें विरोध नहीं आता ।

यहाँ अभिप्राय है—जिस प्रकार उष्णका परिहार करके शीत अस्तिरूप होता है और शीतका परिहार करके उष्ण अस्ति रूप होता है—अर्थात् शीत और उष्ण एक पदार्थमें एक साथ नहीं रहते—उसी प्रकार जो एक दूसरेका परिहार करके स्वयं अस्तिरूप होता है उसीमें सहानवस्थारूप विरोध होता है । लेकिन यहाँ यह बात नहीं है । क्योंकि सत्त्व अर्थात् अस्तित्व धर्म और असत्त्व अर्थात् नास्तित्व धर्म परस्पर तादात्म्य संबंधको प्राप्त होकर—एक दूसरेका परिहार न करते हुए एक वस्तुमें एक साथ रहते हैं । घट आदि पदार्थमें होनेवाला घट स्वरूपसे सत्त्व (अस्तित्व) उस घट आदि पदार्थमें होनेवाले घटभिन्न पदार्थके स्वरूपसे असत्त्व (नास्तित्व) का परिहार करके घट आदि पदार्थोंमें नहीं रहता—अर्थात् दोनों धर्म घट आदि पदार्थमें रहते हैं । क्योंकि यदि घट आदि पदार्थमें होनेवाले घटस्वरूपसे सत्त्वके द्वारा उस घट आदि पदार्थमें होनेवाले घट आदि भिन्न पदार्थके स्वरूपसे असत्त्व (नास्तित्व) का परिहार किया गया तो घट आदि पदार्थसे भिन्न पदार्थके स्वरूपसे असत्त्वका घट आदि पदार्थमें अभाव हो जानेसे घट आदि पदार्थके घट आदि पदार्थ भिन्न पदार्थके स्वरूपसे युक्त बन जाने अथवा पररूपसे भी सद्रूप होनेका प्रसंग उपस्थित हो जायगा । तथा घट आदि पदार्थकी घट आदि पदार्थ भिन्न पदार्थके स्वरूपसे भी सद्रूपता होनेपर घट आदि पदार्थ भिन्न पदार्थ निरर्थक बन जायगे । क्योंकि तीनों लोकोंके पदार्थके द्वारा सिद्ध की जानेवाली अर्थक्रियाओंकी सिद्धि उसी घट पदार्थसे हो जायेगी । तथा असत्त्व—घट आदि पदार्थ भिन्न पदार्थके स्वरूपसे घट आदि पदार्थका नास्तित्व—घट आदि पदार्थमें घट आदि पदार्थके स्वरूपसे होनेवाले सत्त्व (अस्तित्व) का परिहार करके घट आदि पदार्थमें नहीं रहता । यदि ऐसा हो तो घट आदि पदार्थके स्वरूपसे घट आदि पदार्थमें होनेवाले सत्त्व (अस्तित्व) का घट आदि पदार्थ भिन्न पदार्थके स्वरूपसे घट आदि पदार्थमें होनेवाले असत्त्व (नास्तित्व) द्वारा परिहार किया जानेसे घट आदि पदार्थमें होनेवाले स्वरूपसे सत्त्व (अस्तित्व) का अभाव हो जानेके कारण घट आदि पदार्थके स्वरूपसे भी असत्त्व (नास्तित्व) हो जानेका प्रसंग उपस्थित हो जाता है । घट आदि पदार्थ-

सत्त्वप्रसक्तेः। तथा च निरुपाख्यत्वात् सर्वशून्यतेति। तदा हि विरोधः स्याद् यद्येकोपाधिकं सत्त्वमसत्त्वं च स्यात्। न चैवम्। यतो न हि येनैवांशेन सत्त्वं तेनैवासत्त्वमपि। किं त्वन्योपाधिकं सत्त्वम्, अन्योपाधिकं पुनरसत्त्वम्। स्वरूपेण हि सत्त्वं पररूपेण चासत्त्वम्॥

दृष्टं ह्येकस्मिन्नेव चित्रपटावयविनि अन्योपाधिकं तु नीलत्वम्, अन्योपाधिकाश्चेतरे वर्णाः। नीलत्वं हि नीलीरागाद्युपाधिकम्, वर्णान्तराणि च तत्तद्रञ्जनद्रव्योपाधिकानि। एवं मेचकरत्नेऽपि तत्तद्वर्णपुद्गलोपाधिकं वैचित्र्यमवसेयम्। न चैभिर्दृष्टान्तैः सत्त्वासत्त्वयोर्भिन्नदेशत्वप्राप्तिः। चित्रपटाद्यवयविन एकत्वात्। तत्रापि भिन्नदेशत्वासिद्धेः। कथंचित्पक्षस्तु दृष्टान्ते दार्ष्टान्तिके च स्याद्वादविदां न दुर्लभः। एवमप्यपरितोषश्चेद् आयुष्मतः, तर्ह्येकस्यैव पुंसस्तत्तदुपाधिभेदात् पितृत्वपुत्रत्वमातुलत्वभागिनेयत्वपितृव्यत्वभ्रातृव्यत्वादिधर्माणां परस्परविरुद्धानामपि प्रसिद्धिदर्शनात् किं वाच्यम्। एवमवक्तव्यत्वादयोऽपि वाच्या इति॥

उक्तप्रकारेण उपाधिभेदेन वास्तवं विरोधाभावमबुध्यमाना एव। एवकारोऽवधारणे। स च तेषां सम्यग्ज्ञानस्याभाव एव न पुनर्लेशतोऽपि भाव इति व्यनक्ति। ततस्ते विरोधभीताः सत्त्वासत्त्वादिधर्माणां बहिर्मुखशेमुष्या संभावितो यो विरोधः सहानवस्थानादिः तस्माद् भीतास्त्रस्तमानसाः। अत एव जडाः तात्त्विकभयहेतोरभावेऽपि तथाविधपशुवद् भीरुत्वान्मूर्खाः परवादिनः। तदेकान्तहताः[१] तेषां सत्त्वादिधर्माणां य एकान्तः इतरधर्मनिषेधेन स्वाभिप्रेतधर्मव्यवस्थापननिश्चयस्तेन हता इव हताः। पतन्ति स्खलन्ति पतिताश्च सन्तस्ते न्यायमार्गाक्रमणे न समर्थाः। न्यायमार्गाध्वनीनानां च सर्वेषामप्याक्रमणीयतां यान्तीति भावः। यद्वा पतन्तीति प्रामाणिकमार्गात् च्यवन्ते। लोके हि सन्मार्गच्युतः पतित इति परिभाष्यते। अथवा यथा वज्रा-

का स्वस्वरूपसे भी अस्तित्व न रहा तो सभी पदार्थोंके निरुपाख्य बन जानेसे—सभी पदार्थोंके स्वस्वरूपसे अस्तित्वका अभाव हो जानेसे—सब शून्यताका प्रसंग उपस्थित हो जायेगा। सत्त्व और असत्त्वमें विरोध तभी उपस्थित हो सकता है जब कि स्वरूप अथवा पररूपसे ही सत्त्वधर्म और असत्त्वधर्मका पदार्थमें सद्भाव हो। किन्तु सत्त्वधर्म और असत्त्वधर्मका स्वरूप अथवा पररूपसे पदार्थमें सद्भाव नहीं है। क्योंकि पदार्थमें जिस अंशसे सत्त्व होता है उसी अंशसे असत्त्व नहीं होता, किन्तु पदार्थमें होनेवाले सत्त्वका कारण (स्वरूप) जुदा होता है और असत्त्वका कारण (पररूप) जुदा। वस्तुमें होनेवाला सत्त्व स्वरूपसे और असत्त्व पररूपसे (पररूपके कारणसे) होता है।

इसी प्रकार एक चित्रपट (अनेक रंगोंसे रंगा हुआ वस्त्र) में जो नीला रंग दीख पड़ता है, वह दूसरी वस्तुके सम्बन्धसे होता है और दूसरे रंग अपनी जुदी जुदी सामग्रियोंसे होते हैं। मेचक रत्नमें भी इसी प्रकार भिन्न भिन्न वर्णके पुद्गलोंकी अपेक्षा विचित्रता पायी जाती है। यदि कहो कि चित्रपट और मेचकके दृष्टान्तसे सत्त्व और असत्त्वका भिन्न भिन्न स्थानोंमें रहना सिद्ध होता है तो यह ठीक नहीं, क्योंकि चित्रपट और मेचक रत्न अनेक रंगोंके आश्रित होकर भी स्वयं अखंड हैं, अतएव भिन्न भिन्न रंगोंका एक ही आधार माना जाता है। अतएव जिस प्रकार स्याद्वादियोंके मतमें भिन्न भिन्न रंग और उनके आधारभूत वस्त्र परस्पर कथञ्चित् भिन्न और कथञ्चित् अभिन्न हैं, उसी प्रकार सत्त्व और असत्त्वके आश्रित पदार्थ भी परस्पर कथञ्चित् भिन्न और कथञ्चित् अभिन्न हैं। जिस प्रकार एक ही पुरुषमें भिन्न भिन्न अपेक्षाओंसे पिता, पुत्र, मामा, भानजा, चाचा, भतीजा आदि परस्पर विरुद्ध धर्म मौजूद रहते हैं, उसी तरह एक ही वस्तुमें अस्तित्व, नास्तित्व और अवक्तव्य धर्म विद्यमान हैं।

इस प्रकार सप्तभंगीवादमें नाना अपेक्षाकृत विरोधाभावको न समझकर अस्तित्व और नास्तित्व धर्मोंमें स्थूल रूपसे दिखाई देनेवाले विरोधसे भयभीत होकर अस्तित्व आदि धर्मोंमें नास्तित्व आदि धर्मोंका

१ पञ्चमं वृत्तं।

विप्रहारेण हत पत्तिसो मूर्च्छामतुच्छामासाद्य निरुद्धवाक्प्रसरो भवति एव तेऽपि वादिनः स्वाभिमतैकान्तवादेन युक्तिसरणीमननुसरता वज्राशनिप्रायेण निहता सन्त स्याद्वादिना पुरतोऽकिञ्चित्करा वाङ्मात्रमपि नोच्चारयितुमीशत इति ।

अत्र च विरोधस्योपलक्षणत्वात् वैयधिकरण्यम् अनवस्था सकर व्यतिकर सशयः अप्रतिपत्ति विषयव्यवस्थाहानिरित्येतेऽपि परोद्भाविता दोषा अभ्यूह्याः । तथाहि—सामान्य विशेषात्मक वस्तु इत्युपन्यस्ते परे उपालम्भारो भवन्ति । यथा—सामान्यविशेषयोर्विधि प्रतिषेधरूपयोर्विरुद्धधर्मयोरेकत्राभिन्ने वस्तुनि असभवात् शीतोष्णवदिति विरोध । न हि यदेव विधेरधिकरण तदेव प्रतिषेधस्याधिकरण भवितुमर्हति एकरूपतापत्त तता वैयधि करण्यमपि भवति । अपर च येनात्मना सामान्यस्याधिकरण येन च विशेषस्य तावप्यात्मानौ एकेनैव स्वभावेनाधिकरोति द्वाभ्यां वा स्वभावाभ्याम् ? एकनैव चेत् तत्र पूर्ववद् विरोधः । द्वाभ्यां वा स्वभावाभ्यां सामान्यविशेषाख्य स्वभावद्वयमधिकरोति तदानवस्था , तावपि

निषध करके अपन मतको स्थापित करनके लिय एकान्त पक्षका अवलम्बन लेनवाले युक्तिमार्गका अनुसरण करनम असमथ मख एकान्तवादी एकान्तवादके वज्रप्रहारसे स्या ादियोके समक्ष निस्तेज होकर न्यायमार्गसे यत होकर अवाक् हो जाते हैं ।

शका—इस श्लोकमे विरोधभीता इस सामासिक पदम पाये जानवाले विरोध शब्दके उप- लक्षण होनस दसरोके द्वारा प्रतिपादित विरोध वैयधिकरण्य अनवस्था सकर व्यतिकर सशय अप्रतिपत्ति और विषयव्यवस्थाहानि—य आठ दोष आत हैं (१) जिस प्रकार एक अभिन्न वस्तुम शीत और उष्ण इन विरुद्ध धर्मोके सद्भावका सभव न होनस उन दोनोम विरोध होता ह उसी प्रकार एक अभिन्न वस्तुमें विधिरूप (अस्तित्व रूप) सामान्य धम तथा प्रतिषध रूप (नास्तित्व रूप) विशेष धम—इन विरुद्ध धर्मोके सद्भाव न होनसे उन दानोम विरोध होता है । (२) जो विधि (विधिरूप सामान्य अर्थात् अस्तित्व) का अधिकरण होता ह वही प्रतिषध (प्रतिषधरूप विशेष अर्थात नास्तित्व) का अधिकरण होन योग्य नहीं । अन्यथा उन दोनोके एक रूप होनसे विधि और प्रतिषध इन दोनोंकी एकरूपताका प्रसग उपस्थित हो जायगा । विधि धम और प्रतिषध धम (अस्तित्व और नास्तित्व धम) का अधिकरण एक होनेसे दोनोका अभेद सिद्ध हो जानेका प्रसग उपस्थित होनके कारण उन दोनोंके अधिकरणोम भी भेद सिद्ध होता है—वैयधिकरण्य । (३) जिस रूप—स्वरूप—से पदार्थ (विधिरूप—अस्तित्वरूप) सामान्यका अधिकरण होता है और जिस रूपसे (पररूपसे) वही पदार्थ (प्रतिषध रूप—नास्तित्व रूप) विशेषका अधिकरण होता है उन दोनो रूपों (स्वरूप और पररूप) को एक ही रूपसे (स्वरूप और पररूप—इन दोनो रूपोंमेंसे किसी एक रूपसे) वह पदार्थ धारण करता ह अथवा उन दोनो रूपोंसे धारण करता है ? (स्वरूप और पररूप) इन दोनो रूपोमेसे किसी एक ही रूपसे (स्वरूप और पररूप इन रूपोको) धारण करता हो तो एक अभिन्न पदार्थम इन दोनो रूपोका सद्भाव होनेमें विरोध उपस्थित हो जाता है—एक ही स्वभावसे एक ही अभिन्न पदार्थम स्वरूप और पररूपका सद्भाव होनम विरोध उपस्थित होता है । स्वरूप और पररूप इन दोनों स्वभावासे सामान्यरूप और विशेषरूप इन दोनो स्वभावों (पदार्थों) को धारण करता ह यदि ऐसा स्वीकार किया जाये तो अनवस्था दोष उपस्थित होता है । क्योंकि वे दोनो स्वरूप और पररूप स्वभावोंको अन्य स्वरूप और पररूप—इन दो स्वभावोंसे फिर इन स्वरूप और पररूप स्वभावोंको अन्य स्वरूप और पररूप—इन दो स्वभावोंसे धारण करनको अप्रामाणिक अनंत कल्पनाय करनी पड़ती हैं । (४) जिस स्वरूपसे पदार्थ सामान्य (अस्तित्वका) का अधिकरण होता है उसी रूपसे सामान्य (अस्तित्व) और विशेष (नास्तित्व)

---

१ विभिन्नाधिकरणवृत्तित्वम् ।

२ अप्रामाणिकपदार्थपरम्पराकल्पनाविश्रान्त्यभावश्चानवस्था ।

स्वभावान्तराभ्याम् तावपि स्वभावान्तराभ्यामिति । येनात्मना सामान्यस्याधिकरणं तेन सामान्यस्य विशेषस्य च, येन च, विशेषस्याधिकरणं तेन विशेषस्य सामान्यस्य चेति संकर दोष[1]। येन स्वभावेन सामान्य तेन विशेष, येन विशेषस्तेन सामान्यमिति व्यतिकर[2]। ततश्च वस्तुनोऽसाधारणाकारेण निश्चतुमशक्त संशय । ततश्चाप्रतिपत्ति । ततश्च प्रमाण विषयव्यवस्थाहानिरिति ॥

एते च दोषा स्याद्वादस्य जात्यन्तरत्वाद् निरवकाशा एव । अत स्याद्वादमर्मवेदिभि रुद्धरणीयास्तत्तदुपपत्तिभिरिति स्वतन्त्रतया निरपेक्षयोरेव सामान्यविशेषयोर्विधिप्रतिषेधरूप योस्तेषामवकाशात् । अथवा विरोधशब्दोऽत्र दोषवाची यथा विरुद्धमाचरतीति दुष्टमित्यर्थ । ततश्च विरोधेभ्यो विरोधवैयधिकरण्यादिदोषेभ्यो भीता इति व्याख्येयम् । एवं च सामान्य शब्देन सर्वा अपि दोषव्यक्तयः संगृहीता भवन्ति ॥ इति काव्यार्थ ॥ २४ ॥

का अधिकरण हो जानसे तथा जिस रूपसे पदार्थ विशेष (नास्तित्व) का अधिकरण होता है उसी रूपसे विशेष (नास्तित्व) और सामान्य (अस्तित्व) का अधिकरण हो जानसे संकर दोष आता है । अर्थात् जिस रूपसे (स्वरूप चतुष्टयसे) पदार्थमें अस्तित्व धर्मका सद्भाव होता है उसी रूपसे (स्वरूप चतुष्टयसे) उसी पदार्थमें नास्तित्व धर्मका सद्भाव होनेका प्रसंग आ जानेके कारण तथा जिस रूपसे (पररूप चतुष्टयसे) पदार्थमें नास्तित्व धर्मका सद्भाव होता है उसी रूपसे (पररूप चतुष्टयसे) उसी पदार्थमें अस्तित्व धर्मका सद्भाव होनेका प्रसंग उपस्थित हो जाता है । (५) जिस स्वरूपसे पदार्थमें सामान्य-अस्तित्व-का सद्भाव होता है उसी स्वरूपसे उसी पदार्थमें विशेष-नास्तित्व का सद्भाव होनेसे तथा जिस स्वरूपसे पदार्थमें विशेष-नास्तित्व-का सद्भाव होता है उसी स्वरूपसे उसी पदार्थमें सामान्य अस्तित्व-का सद्भाव होनेसे व्यतिकर नामक दोष आता है । (६) व्यतिकर दोष आ जानेसे वस्तुका सत्स्वरूप या असत्स्वरूप असाधारण धर्मके द्वारा निश्चय करनेकी शक्तिका अभाव होनेके कारण संशय नामक दोष उपस्थित होता है । (७) संशय होनेसे वस्तुका ठीक ठीक ज्ञान नहीं हो सकता अतएव स्याद्वादमें अप्रतिपत्ति दोष आता है । (८) तथा वस्तुका यथार्थ ज्ञान न होनेसे वस्तुकी व्यवस्था नहीं बनती अतएव स्याद्वादमें विषय व्यवस्थाहानि (अभाव) दोष आता है ।

(उक्त आठ दोषोंका परिहार—(१) किसी न किसी प्रकारसे प्रतीतिका—ज्ञानका—विषय बननेवाले पदार्थमें स्वरूपकी अपेक्षासे विपरीत भासमान विवक्षित सत्त्वधर्ममें और पररूपकी अपेक्षासे भासमान विवक्षित असत्त्वधर्ममें विरोध नहीं होता । दो धर्मोंमेंसे एक धर्मका एक पदार्थमें सद्भाव होनेपर जब दूसरे धर्मकी उपलब्धि नहीं होती तब अनुपलब्धिसे उपलभ्यमान धर्म और अनुपलभ्यमान धर्ममें विरोधकी सिद्धि होती है । स्वद्रव्य स्वक्षेत्र स्वकाल और स्वभावके रूपसे पदार्थका जब अस्तित्व होता है तब परद्रव्य परक्षेत्र परकाल और परभावके रूपसे (अर्थात् जिस पदार्थमें स्वरूपादिचतुष्टयसे अस्तित्व धर्मका सद्भाव होता है उसी पदार्थमें पररूपचतुष्टयका अभाव होनेसे) उसी पदार्थके नास्तित्व धर्मका उपलम्भ (प्राप्ति) नहीं होता ऐसी बात नहीं है । क्योंकि जिस प्रकार स्वरूपादिसे अस्तित्व धर्मका सद्भाव अनुभवसे सिद्ध है उसी प्रकार पररूपादिसे नास्तित्व धर्मका सद्भाव भी अनुभवसे सिद्ध है । वस्तुका सर्वथा अर्थात् स्वरूप और पररूपसे अस्तित्व ही वस्तुका स्वरूप नहीं है क्योंकि जिस प्रकार स्वरूपसे अस्तित्व वस्तुका स्वरूप होता है उसी प्रकार पररूपसे भी अस्तित्व वस्तुका धर्म बन जायगा । वस्तुका सर्वथा अर्थात् स्वरूप और पररूपसे नास्तित्व भी वस्तुका स्वरूप नहीं है क्योंकि जिस प्रकार पररूपसे नास्तित्व वस्तुका स्वरूप होता है उसी प्रकार स्वरूपसे भी नास्तित्व वस्तुका धर्म बन जायगा ।

---

१ येन रूपेण सत्त्वं तेन रूपेणासत्त्वस्यापि प्रसंग । येन रूपेण चासत्त्वं तेन रूपेण सत्त्वस्यापि प्रसंग इति संकर । सर्वेषां युगपत्प्राप्तिस्संकर इत्यभिधानात् ।

२ येन रूपेण सत्त्वं तेनरूपेणासत्त्वमेव स्यान्न तु सत्त्वं । येन रूपेण चासत्त्वं तेन सत्त्वमेव स्यान्नत्वसत्त्वम् इति व्यतिकर । "परस्परविषयगमनं व्यतिकर इति वचनात् । सप्तभंगीतरंगिण्यां पृ ८२ ।

शंका—पररूपसे वस्तुका जो नास्तित्व धम है उसका अर्थ वस्तुमें उस वस्तुसे भिन्न वस्तुके स्वरूपका अभाव ही है। घटमें पटके स्वरूपका अभाव होनेपर घट नहीं है ऐसा नहीं कहा जा सकता' क्योंकि भूतलमें घटका अभाव होनेपर भूतलमें घट नहीं है इस वाक्यकी जिस प्रकार प्रवृत्ति होती है उसी प्रकार घटम पटके स्वरूपका अभाव होनेपर घटम पट नहीं है ऐसा ही कहना उचित है समाधान—यह कथन ठीक नहीं है क्योंकि वह विचारको सह्य नहीं है। घट आदिमें जो घट आदिसे भिन्न पटके स्वरूपका अभाव होता है वह पट आदिका धम होता है या घटका धर्म होता है ? घट आदिमें पटके स्वरूपका अभाव पटका धर्म नहीं हो सकता क्योंकि उसके पटका धम होनसे व्याघात होता है—विरोध उपस्थित हो जाता है। पटके स्वरूपका अभाव पटमें नही होता' क्योंकि पटके स्वरूपका पटम अभाव होनसे पटका अभाव हो जानेका प्रसग उपस्थित हो जाता है। पदार्थका अपना धम उसी पदाथमें नहीं होता एसा नही कहना चाहिये। क्योकि उस धमका पदार्थका अपना धम होनेमें विरोध आता है और घटका पटके धर्मका आधार होना घटित नही होता। क्योंकि पटके धर्मका आधार घट होता है एसा माननेसे घटके आतान वितान-आकारका आधार हो जानेका प्रसग उपस्थित हो जाता है। पटके स्वरूपका अभाव—नास्तित्व—घटका धम है इस पक्षको स्वीकार करनसे विवादकी ही समाप्ति हो जाती है। क्याकि पदार्थके साथ अस्तित्व धमका तादात्म्यसबध होनेसे जिस प्रकार पदाथ अस्तित्वधर्मात्मक होता है उसी प्रकार पदाथके साथ (पररूपसे) नास्तित्व धमका तादात्म्यसबध होनसे पदार्थ नास्तित्वधर्मात्मक होता ह। इस प्रकार घट नहीं है यह प्रयोग ठीक है। यदि घट नहीं है यह प्रयोग ठीक न हो तो जिस प्रकार पदाथका नास्तित्व धमके साथ तादात्म्यसंबध होनेपर भी पदार्थ असत्—नास्तिरूप—नही हो सकता उसी प्रकार उसी पदाथका अस्तित्व धमके साथ तादात्म्यसबंध होनेपर भी वह पदाथ सत्—अस्तित्वरूप—नही हो सकेगा।

शका—घटम पटके रूपके अभावका अथ है—घटमरहने वाले पटरूपके अभावका प्रतियोगित्व। (जिसका अभाव बताया जाता है वह प्रतियोगी कहा जाता है। घटके अभावका प्रतियोगी घट होता है।) वह पटके रूपके—धमके—अभावका प्रतियोगी पटका रूप या धम है। उदाहरण— भूतलमें घट नही है इस वाक्यम भूतलमें जो घटका नास्तित्व है वह भूतलमे होनवाले घटके अभावका प्रतियोगित्व ही है। वह घटके रूपके—धमके—अभावका प्रतियोगी घटका रूप या धम है। समाधान—यह कथन ठीक नहीं है। क्योकि इस तरह भी जसे घटके अभावका भूतलका धम होनेम विरोध उपस्थित नही होता वसे ही पटके रूपके अभावका घटका धम होनमें विरोध उपस्थित नही होता। इस प्रकार घटका भावाभावात्मकत्व—अस्तित्वनास्तित्वधर्मात्मकत्व या विधिप्रतिषेधात्मकत्व—सिद्ध हो जाता है। क्योकि कथञ्चित्तादात्म्यरूप सबधसे जिसका पदार्थके साथ सबध होता है वही पदाथका अपना धर्म होता है।

शका—इस प्रकार घटम स्वरूपसे भावधर्मके—अस्तित्वधर्मके—और पररूपाभावसे अभाव धर्मके—नास्तित्व धर्मके—सद्भावकी सिद्धि होनेपर भी घट है पट नही है ऐसा ही कहना चाहिये। क्योंकि पटके अभावका प्रतिपादन करनवाले वाक्यकी उक्त प्रकारसे— पट नही है इस प्रकारसे—प्रवृत्ति होती है। जिस प्रकार भूतलम घट नही है इस प्रकार घटके अभावका प्रतिपादन करनेवाला वाक्य प्रवृत्त होता है भूतल नही है इस प्रकारका वाक्य प्रवृत्त नही होता उसी प्रकार प्रकृत विषयमें घटमें पटका अर्थात् पटके स्वरूपका अभाव घटका धम होनेपर भी पट नही है' इस प्रकारके वाक्यका प्रयोग करना उचित है। क्योकि अभावका प्रतिपादन करनेवाले वाक्यम अभावके प्रतियोगीका प्राधान्य होता है (घटमें पटके अभावका प्रतिपादन करनेवाले वाक्यमें पटरूप प्रतियोगीका प्राधान्य होता है)। जिस प्रकार घटरूप परिणामकी उत्पत्तिके पूर्वकालमें जो घटका अभाव होता है वह अभाव कपालरूप होनेपर भी कपालकी अवस्थामें 'घट उत्पन्न होगा इस प्रकारके ही घटकी उत्पत्ति कालके पूर्वकालमें होनेवाले घटके अभावका

प्रतिपादन करनेवाले वाक्यका प्रयोग देखा जाता है 'कपाल उत्पन्न होगा' इस प्रकारके वाक्यका प्रयोग नहीं। और जिस प्रकार घटका नाश होनेपर जो घटका अभाव होता है वह अभाव घटक नाशके अनन्तर उत्पन्न होनेवाले कपालके स्वरूपका होनपर भी 'घट नष्ट हुआ' इस प्रकारके वाक्यका ही प्रयोग देखा जाता है इसी प्रकार प्रकृत विषयमें भी 'पट नहीं है' इस वाक्यका प्रयोग करना ही उचित है 'घट नहीं है' इस वाक्यका प्रयोग करना उचित नहीं। समाधान—इसका परिहार निम्न प्रकार है घटके भावाभावा त्मकत्व—विधिनिषेधात्मकत्व—अस्तित्वनास्तित्वधर्मयुक्तत्व—की सिद्धि हो जानपर हमारा विवाद ही समाप्त हो गया। क्योंकि हमारा अभीष्ट जो घटका भावाभावात्मकत्व है उसकी सिद्धि हो गयी है। शब्दका—वाक्य—का प्रयोग तो पूर्व पूर्व प्रयोगके अनुसार ही होगा। शब्दका प्रयोग पदार्थकी सत्ताके अधीन नहीं होता। स्पष्टीकरण — देवदत्त पकाता है इस वाक्यमे प्रश्न होता है कि क्या देवदत्तका अर्थ देवदत्तका शरीर है या देवदत्तकी आत्मा है या देवदत्तके शरीरसे युक्त देवदत्तकी आत्मा है ? यदि देवदत्तका अर्थ देवदत्तका शरीर हो तो देवदत्तका शरीर पकाता है इस प्रकारके वाक्यका प्रयोग करनेकी आपत्ति उपस्थित हो जाती है। यदि देवदत्तका अर्थ देवदत्तकी आत्मा हो तो देवदत्तकी आत्मा पकाती है इस प्रकारके वाक्यका प्रयोग करनेकी आपत्ति उपस्थित हो जाती है। देवदत्तके शरीरसे युक्त देवदत्तकी आत्मा पकाती है इस प्रकारके वाक्यके प्रयोगका अभाव होनसे तीसरे पक्षमे भी उपपत्ति घटित नहीं होती। इस प्रकार प्रतिपादित प्रयोगके अभावमें पूर्व पूर्व प्रयोगका अभाव ही शरण है और इस प्रकार पूर्व पूर्व प्रयोगके अनुसार वाक्यके प्रयोगकी प्रवृत्ति होनसे शब्दप्रयोगके आधारपर प्रश्न करना ठीक नहीं है।

दूसरी बात —घट आदिमे रहनेवाला पटादिरूप पर पदार्थके स्वरूपका जो अभाव होता है वह घटसे भिन्न होता है या अभिन्न ? घटमे जो घटभिन्न पदार्थके स्वरूपका अभाव होता है यदि वह घटसे भिन्न हो तो उस अभावके भी घटसे भिन्न होनसे उस घटभिन्न पदार्थके स्वरूपके अभावके अभावकी उस घटमे कल्पना करनी चाहिये। क्योंकि घटभिन्न पदार्थके स्वरूपके अभावके अभावकी घटमे कल्पना न की जाय तो घट भिन्न पदार्थके स्वरूपके अभावका घटसे भिन्नत्व घटित होनसे घटके कथंचित असद्रूपत्वकी—नास्तित्वकी—सिद्धि नहीं होती और घटमे घटभिन्न पदार्थके स्वरूपके अभावके अभावकी कल्पना की जानपर अनवस्था नामक दोष आता है। क्योंकि घटभिन्न पदार्थके स्वरूपके अभावका अभाव भी घटसे भिन्न होता है और घट आदिमे घटभिन्न पटरूप पदार्थके आतान वितानरूप स्वरूपके अभावके अभावकी घटमे कल्पना की जानपर घटभिन्न सभी पदार्थोंके स्वरूपोके घटरूप हो जानकी—घटके स्वरूप बन जानकी—आपत्ति उपस्थित हो जाती है। क्योंकि दो अभावरूप दो निषेधोसे प्रकृतकी—विधिकी—सिद्धि हो जाती है। (द्वौ नञौ प्रकृतार्थं गमयतः ऐसा नियम है।) घटमे रहनेवाला घटभिन्न पटके स्वरूपका अभाव घटसे भिन्न न हो तो घटसे भिन्न न होनवाले अस्तित्व धर्मसे जिस प्रकार घटादिमे अस्तित्व धर्मका सद्भाव होता है उसी प्रकार घटसे भिन्न न होनवाले नास्तित्वधर्मसे घटादिमे सिद्ध हुए नास्तित्वधर्मके सद्भावको भी स्वीकार करना चाहिये।

शंका—स्वरूपसे पदार्थका अस्तित्व ही पदार्थका पररूपसे नास्तित्व होता है और पररूपसे पदार्थका नास्तित्व ही पदार्थका स्वरूपसे अस्तित्व होता है इसलिये अस्तित्व और नास्तित्व इन धर्मोंमे एक वस्तुमे भेद न होनसे—दोनो धर्मोंकी एकरूपता होनसे—पदार्थकी अस्तित्वनास्तित्वधर्मयुक्तता कैसे हो सकती है ? समाधान—ऐसा कहना हो तो हम कहते हैं कि भावके—अस्तित्वके—द्वारा अपेक्षणीय निमित्त और अभाव के—नास्तित्वके—द्वारा अपेक्षणीय निमित्तमे भेद होनसे पदार्थकी अस्तित्वनास्तित्वधर्मयुक्तता हो जाती है। स्वद्रव्य स्वक्षेत्र स्वकाल और स्वभावरूप निमित्तकी अपेक्षासे पदार्थ ज्ञातामे अपने अस्तित्व धर्मका ज्ञान उत्पन्न कराता है तथा परद्रव्य परक्षेत्र परकाल और परभावरूप निमित्तकी अपेक्षासे ज्ञातामे अपने नास्तित्व धर्मका ज्ञान उत्पन्न कराता है। इस तरह एक पदार्थमे जैसे एकत्व द्वित्व आदि संख्याओंमे जिस प्रकार भेद होता है उसी प्रकार एक पदार्थमें अस्तित्व धर्म और नास्तित्व धर्ममें होता है। एक द्रव्यमे अन्य द्रव्यकी अपेक्षासे प्रकट होनवाली द्वित्वादि संख्या जिसके अपने एक द्रव्यकी ही अपेक्षा होती है ऐसी एकत्व संख्यासे

भिन्नरूपसे प्रतीत नहीं होती—यह बात नहीं है। एकत्वरूप और द्वित्वरूप यह उभयरूप सख्या संख्यावान पदार्थसे भिन्न ही नहीं होती क्योंकि उसके उभयरूप सख्यावान पदार्थसे भिन्न होनेसे उस पदार्थके असख्येय—अगणनीय— हो जानेका प्रसग उपस्थित हो जाता है। द्रव्यके साथ संख्याका समवायसंबंध होनेसे द्रव्य सख्येय—गणनीय—बन जाता है ऐसी बात नहीं है। क्योंकि कथचित तादात्म्यसबधको छोड़कर अन्य समवायका होना असभव है। इस प्रकार अपेक्षणीय स्वरूप और पररूपम भद होनसे पदार्थके अस्तित्व धर्म और नास्तित्व धममें भदकी सिद्धि हो जाती है। परस्पर भिन्न अस्तित्व धम और नास्तित्व धम इन दो धर्मोकी सत्ताका एक पदार्थम ज्ञान हो जानसे इन दोनो धर्मोम कौनसा विरोध हो सकता है ?

शंका—अस्तित्व धमके और नास्तित्व धमके सद्भावका एक वस्तुमें होनवाला ज्ञान मिथ्या होता है। समाधान—ठीक नही ह। क्योंकि एक वस्तुम रहनेवाले अस्तित्व धर्म और नास्तित्व धमके सद्भावके ज्ञानको बाधित करनवालेका अभाव है। उस ज्ञानको बाधित करनवाला विराध ह यह कहना ठीक नही। क्योकि विराधका सद्भाव होनपर उस विराधसे उक्त ज्ञानके बाधित होनसे उक्त ज्ञानके मिथ्यापनकी सिद्धि तथा उक्त ज्ञानके मिथ्यापनकी सिद्धि होनपर अस्तित्व धम और नास्तित्व धमम विरोधके सद्भावकी सिद्धि होनसे अन्योन्याश्रय नामका दोष उपस्थित हो जाता ह। वध्य घातकभावरूपसे सहानवस्थानरूपसे और प्रतिबध्य प्रतिब धकभावरूपस विरोध तीन प्रकारका होता ह। उन तीनोमसे प्रथम विरोधम सप और नकुल अग्नि और जल आदि विषय आत हं। वह वध्यघातकभावरूप विरोध एक कालम विद्यमान होनवाले पदार्थोंका सयोग होनेपर होता है क्योंकि जिस प्रकार द्वित्व अनकोके अर्थात दो पदार्थोंके आश्रयसे होता है उसीप्रकार सयोग दो या अनक पदार्थोंके आश्रयसे हाता है—एक पदाथक आश्रयसे नही। अग्निका नाश जल नही करता क्योकि जलका अग्निके साथ संयोग न होनपर भी यदि जल अग्निका नाश करता ह ऐसा माना जाये तो सवत्र अग्निका अभाव हो जानका प्रसग उपस्थित हो जायगा। अतएव सयोग होनेपर उत्तर कालम बलवानके द्वारा दूसरा बाधित किया जाता है। इसी प्रकार एक ही कालम एक पदाथम अस्तित्व धम और नास्तित्व धमका क्षणमात्रके लिये भी सद्भाव होता है ऐसा प्रतिपक्षीके द्वारा नही माना जाता जिससे कि उन दोना धर्मोम वध्यघातकभावरूप विरोधकी कल्पना की जा सके। यदि अस्तित्व और नास्तित्व धमकी स्थिति आपके द्वारा एक पदाथम मानी गयी तो अस्तित्व धम और नास्तित्व धम इन दोनोके समान बलवाले होनेसे उनम वध्य घातकभावरूप विरोधका सद्भाव नही हो सकता। उन अस्तित्वरूप और नास्तित्वरूप दोनो धर्मोम सहानवस्थानरूप विरोध भी नही हो सकता। यह सहानवस्थानरूप विरोध—एक साथ एक पदाथम स्थित न होना रूप विरोध–भिन्न भिन्न कालोम एक पदाथम या स्थानम होनवाले दोनोमें आम्रफलम श्यामत्व और पीतत्वके समान होता है। अर्थात जिस प्रकार आम्रफलम भिन्न भिन्न कालोम होनेवाले श्यामत्व और पीतत्वके आम्रफलम समान कालम रहनम विरोध हाता ह उसी प्रकार एक पदाथम भिन्न भिन्न कालोम रहनवाले दोनोम सहानवस्थानरूप—एक साथ एक पदार्थमें स्थित न होना रूप–विरोध होता है। आम्रफलम उत्पन्न होनेवाला पीतत्व पूर्वकालम उत्पन्न हुए श्यामत्वको (हरेपनको) नष्ट करता है। श्यामत्व और पीतत्व जिस प्रकार पूवकाल और उत्तरकालम उत्पन्न होनवाले होते हैं उसी प्रकार पदाथम रहनवाले अस्तित्व और नास्तित्व पूर्वकाल और उत्तरकालम उत्पन्न होनवाले नही होत। यदि अस्तित्व और नास्तित्व पूवकाल और उत्तरकालम उत्पन्न होनवाले हो तो अस्तित्वके कालम नास्तित्वका अभाव होनेसे जीवका केवल अस्तित्व सभीको प्राप्ति कर लेगा—सभी पदार्थ जीवरूप बन जायेंगे। जीवके नास्तित्व—पररूपसे होनेवाले नास्तित्व—के कालमें यदि जीवके स्वरूपसे अस्तित्वका अभाव हो गया तो बन्ध-मोक्षादि व्यवहारके विषयमें विरोध उपस्थित हो जायगा। जिसका सर्वथा अभाव होता है उसके पुन आत्मलाभका—उत्पत्तिका—अभाव होनेसे और जिसका सवथा सद्भाव होता है उसका पुन अभावको प्राप्त होना घटित न हानसे इन अस्तित्व और नास्तित्व धर्मोकी एक पदार्थमे एक साथ होनेवाली स्थितिका अभाव होना ठीक नहीं है। इसी प्रकार अस्तित्व और नास्तित्वमें प्रतिबध्य-प्रतिबंधकभावरूप विरोधका भी संभव नहीं है।

उदाहरण—चंद्रकान्तमणि रूप दाहके प्रतिबंधका सद्भाव होनेपर अग्निसे पदार्थमें दहन क्रिया उत्पन्न नहीं होती इसलिये चंद्रकांतमणि और पदार्थगत अग्निजन्य दहनक्रियामें प्रतिबध्य प्रतिबंधक भावरूप विरोधका होना युक्त है। जिस प्रकार चंद्रकांतमणिके अस्तित्वकालमें पदार्थगत अग्निजन्य दहनक्रियाका प्रतिबंध होता है उसी प्रकार पदार्थके स्वरूपसे अस्तिरूप होनेके कालमें पररूपसे नास्तिरूप होनेमें प्रतिबंध नहीं होता। क्योंकि स्वरूपसे अस्तित्वकालमें भी पररूप आदिसे नास्तित्व अनुभवसिद्ध है। एक पदार्थमें अस्तित्व धर्म और नास्तित्व धर्म नहीं रहते इसकी सिद्धि करते हुए शीत और उष्ण इन धर्मोंके एक पदार्थमें न रहनेका जो दृष्टांत दिया है वह ठीक नहीं है। क्योंकि एक धूपपात्र आदिमें अवच्छेदकके भेदसे शीत और उष्णका उपलम्भ होनेसे शीत और उष्णमें विरोधकी सिद्धि नहीं होती। [धूप जलानेसे गर्म बना हुआ धूपपात्र बर्फकी दृष्टिसे गर्म होता है और प्रखर अग्निकी दृष्टिसे शीत होता है। अतः धूपपात्रमें एक साथ शीत धर्मकी और उष्ण धर्मकी प्राप्ति होनेसे उन दोनों धर्मोंमें विरोध नहीं हो सकता।] जिस प्रकार एक वृक्ष आदिमें चलत्व और अचलत्वकी एक घट आदिमें रक्तत्व और अरक्तत्वकी और एक शरीर आदिमें आवृतत्व और अनावृतत्वकी उपलब्धि होनेसे उन युगलधर्मोंमें विरोधका अभाव होता है उसी प्रकार सत्त्व (अस्तित्व) और असत्त्व (नास्तित्व) इन दोनों धर्मोंके एक पदार्थमें पाये जानेसे उनमें भी विरोधका अभाव होता है। (२) इस पूर्वोक्त युक्तिसिद्ध कथनसे सत्त्व धर्मके और असत्त्व धर्मके भिन्नाधिकरणत्वका—अर्थात् उनके अधिकरण भिन्न भिन्न होते हैं इस कथनका—परिहा हो गया क्योंकि सत्त्व धर्म और असत्त्व धर्मकी एकाधिकरणता अनुभवसे सिद्ध है। (३) जो अनवस्था नामक दोष स्याद्वादमें बताया गया है वह दोष भी अनेकान्तवादियोंके नहीं है। क्योंकि पदार्थका अनन्तधर्मात्मकत्व प्रमाणोंसे ज्ञात होनेके कारण अनंतधर्मात्मक पदार्थको स्वयं स्वीकार करनेसे अप्रामाणिक पदार्थपरंपराकी परिकल्पनाका अभाव होता है। कहनेका अभिप्राय यह है स्वरूपसे अस्तित्व धर्मका और पररूपसे नास्तित्व धर्मका पदार्थके साथ जब कथंचित् तादात्म्य है तब अस्तित्व धर्म स्वरूपसे अस्तिरूप है और पररूपसे नास्तिरूप है। तथा पररूपसे नास्तित्व अपने रूपसे अस्तिरूप है और पररूपसे नास्तिरूप है यह कहनेकी और ये दोनों स्वरूप भी स्वरूपसे अस्तिरूप और पररूपसे नास्तिरूप हैं यह कहनेकी आवश्यकता न होनेसे अप्रामाणिक पदार्थपरंपराकी परिकल्पना करनेकी आवश्यकता नहीं है। (४) स्वरूपसे अस्तित्व धर्मका और पररूपसे नास्तित्व धर्मका एक पदार्थके साथ कथंचित्तादात्म्यसंबंध होनेसे पदार्थका अस्तित्व जिस रूपसे होता है उसी रूपसे नास्तित्वके होनेका और नास्तित्व जिस रूपसे होता है उसी रूपसे अस्तित्वके होनेका प्रसंग उपस्थित न होनेसे सकर दोष नहीं आता। (५) स्वरूपसे अस्तित्व धर्मका और पररूपसे नास्तित्व धर्मका एक पदार्थके साथ कथंचित्तादात्म्यसंबंध होनेसे पदार्थका अस्तित्व धर्म जिस रूपमें होता है उस रूपसे नास्तित्व ही होगा अस्तित्व नहीं और नास्तित्व धर्म जिस रूपसे होता है उस रूपसे अस्तित्व ही होगा नास्तित्व नहीं इस प्रकारसे व्यतिकर दोष नहीं आता। (६) स्वरूपसे अस्तित्वका और पररूपसे नास्तित्वका एक ही पदार्थमें सद्भाव होनेके कारण वस्तु सदसदात्मक होनेसे पदार्थ सद्रूप है या असद्रूप है ? इस प्रकार उभयकोटिक ज्ञानका अभाव होनेसे अनेकान्तवादमें संशय नामक दोष भी नहीं आता। (७) संशयका अभाव होनेसे अर्थात् पदार्थ सदसदात्मक ही है इस प्रकारके निश्चयका सद्भाव होनेसे अनिश्चयरूप अप्रतिपत्ति नामक दोष भी नहीं होता और (८) अप्रतिपत्ति नामक दोषका अभाव होनेसे अर्थात् वस्तुके सदसदात्मकत्वरूप स्वरूपके निश्चयके सद्भावसे अनकातवादमे वस्तुव्यवस्थाहानि नामक दोष भी नहीं आता। जिस पदार्थकी अनुभवसे सिद्धि होती है उसके विषयमें कोई भी दोष नहीं आता। जिस पदार्थकी सिद्धि अनुभवसे नहीं होती उसमें दोष आते हैं।)

एकान्तवादकी जातिसे स्याद्वादकी जाति भिन्न है अतएव स्याद्वादमें इन दोषोंके लिये स्थान नहीं है अतः स्याद्वादके मर्मज्ञोंको इन उपपत्तियोंके द्वारा उन दोषोंको दूर कर देना चाहिये। क्योंकि स्वतन्त्र

---

१ प्रोफेसर एम० ओ० कोठारीके सौजन्यसे।

अथानेकान्तवादस्य सर्वद्रव्यपर्यायव्यापित्वेऽपि मूलभेदापेक्षया चातुर्विध्याभिधानद्वारेण भगवतस्तत्त्वामृतरसास्वादसौहित्यमुपवर्णयन्नाह—

स्यान्नाशि नित्यं सदृशं विरूपं वाच्यं न वाच्यं सदसत्तदेव ।
विपश्चितां नाथ निपीततत्त्वसुधोद्गतोद्गारपरम्परेयम् ॥२५॥

स्यादित्यव्ययमनेकान्तद्योतकमष्टास्वपि पदेषु योज्यम् । तदेव अधिकृतमेवैकं वस्तु स्यात् कथञ्चित् नाशि विनशनशीलमनित्यमित्यर्थः । स्यान्नित्यम् अविनाशिधर्मीत्यर्थः । एतावता नित्यानित्यलक्षणमेकं विधानम् । तथा स्यात् सदृशमनुवृत्तिहेतुसामान्यरूपम् । स्याद् विरूपं विविधरूपम् विसदृशपरिणामात्मकं व्यावृत्तिहेतुविशेषरूपमित्यर्थः । अनेन सामान्य

होनेके कारण निरपेक्ष विधिरूप सामान्य तथा प्रतिषेध रूप विशेषमें ही उन दोषोंको स्थान मिलता है । अथवा विरोध शब्द यहाँ दोषका वाचक है । जैसे विरुद्ध आचरण करता है यहाँ विरुद्ध शब्दका अर्थ दुष्ट' है । अतएव विरोधों—विरोध वैयधिकरण्य आदि दोषों—से भयभीत यह अर्थ करना चाहिये । इस प्रकार 'विरोध इस सामान्य शब्दसे सभी दोषोंका ग्रहण हो जाता है । यह श्लोकका अर्थ है ॥ २४ ॥

भावार्थ—प्रत्येक वस्तुमें अनंत धर्म मौजूद हैं । प्रत्येक वस्तु अपने द्रव्य क्षेत्र काल और भावकी अपेक्षा सत् रूप और दूसरे द्रव्य क्षेत्र काल और भावकी अपेक्षा असत् रूप है । वस्तुके अस्तित्व और नास्तित्व धर्मोंका एक साथ कथन नहीं कहा जा सकता इसलिये प्रत्येक वस्तु किसी अपेक्षासे अवक्तव्य भी है । किसी वस्तुमें अविरोध भावसे अस्तित्व और नास्तित्वकी कल्पना करनेको सप्तभंगी कहते हैं (प्रश्नवशादेकस्मिन् वस्तुनि अविरोधेन विधिप्रतिषेधकल्पना सप्तभंगी[1]) । वस्तुमें अस्तित्व और नास्तित्व परस्पर विरुद्ध धर्मोंकी कल्पना किसी अपेक्षाको लेकर ही की जाती है । अतएव स्वद्रव्य आदिकी अपेक्षा वस्तु कथंचित् अस्ति है और परद्रव्य आदिकी अपेक्षा वस्तु कथंचित् नास्ति है । इसीलिये सप्तभंगीवादमें विरोध वैयधिकरण्य अनवस्था संकर व्यतिकर संशय अप्रतिपत्ति और अभाव नामक दोषोंके लिये कोई अवकाश नहीं है । विरोध आदि दोषोंके निराकरण करनेसे शांकरभाष्य और सर्वदर्शनसंग्रहमें शंकर और माधव आचार्यों द्वारा प्रतिपादित विरोध संशय आदि दोषोंका भी परिहार हो जाता है । क्योंकि वस्तुमें अस्तित्व और नास्तित्व धर्म भिन्न भिन्न अपेक्षाओंको लेकर ही माने गये हैं । कारण कि जिस अपेक्षासे वस्तु अस्ति है उसी अपेक्षासे स्याद्वादियोंने वस्तुको नास्ति स्वीकार नहीं किया है ।

अनेकान्तवाद सम्पूर्ण द्रव्य और पर्यायोंमें रहता है परन्तु मुख्य भेदोंकी अपेक्षा स्यात् नित्य स्यात् अनित्य स्यात् सामान्य स्यात् विशेष स्यात् वाच्य स्यात् अवाच्य स्यात् सत् स्यात् असत्के भेदसे अनेकांतके चार भेद बताये गये हैं—

श्लोकार्थ—हे विद्वानोंके शिरोमणि ! आपने अनेकान्त रूपी अमृतको पीकर प्रत्येक वस्तुको कथंचित् अनित्य कथंचित् नित्य कथंचित् सामान्य कथंचित् विशेष कथंचित् वाच्य कथंचित् अवाच्य कथंचित् सत् और कथंचित् असत् प्रतिपादन किया है ।

व्याख्यार्थ—स्यात् शब्द अनेकांतका सूचक है । उसे नित्य अनित्य आदि आठों पदोंके साथ लगाना चाहिये । (१) प्रत्येक वस्तु विनाशी होनेके कारण कथंचित् अनित्य और अविनाशी होनेके कारण कथंचित् नित्य है । (२) प्रत्येक वस्तु सामान्य रूप होनेसे कथंचित् सामान्य और विशेष रूप होनेसे कथंचित् विशेष है । (३) प्रत्येक पदार्थ वक्तव्य होनेसे कथंचित् वाच्य, और अवक्तव्य होनेसे कथंचित्

[1] तत्त्वार्थराजवार्तिक पृ० २४ ।

विशेषरूपो द्वितीय प्रकारः । तथा स्याद् वाच्यं वक्तव्यम् । स्याद् न वाच्यमवक्तव्यमित्यर्थ । अत्र च समासेऽवाच्यमिति युक्तम्, तथाप्यवाच्यपद योन्यादौ रूढमित्यसभ्यतापरिहारार्थ न वाच्यमित्यसमस्त चकार स्तुतिकार । एतेनाभिलाप्यानभिलाप्यस्वरूपस्तृतीयो भेद । तथा स्यात्सद् विद्यमानमस्तिरूपमित्यर्थ । स्याद् असत् तद्विलक्षणमिति । अनेन सदसदाख्या चतुर्थी विधा ॥

हे विपश्चितां नाथ संख्यावतां मुख्य इयमन तरोक्ता निपीततत्त्वसुधोद्गारपरम्परा । तवेति प्रकरणात् सामर्थ्याद्वा गम्यते । तत्त्व यथावस्थितवस्तुस्वरूपपरि छेद । तदेव जरा मरणापहारित्वाद् विबुधोपभोग्यत्वाद् मिथ्या वविषोमिनिराकरिष्णु वाद् आन्तराह्लाद कारित्वाच्च सुधा पीयूष तत्त्वसुधा । नितरामनन्य सामा यतया पीता आस्वादिता या तत्त्वसुधा तस्या उद्गता प्रादुर्भूता तत्कारणिका उद्गारपरम्परा उद्गारश्रेणिरिवे यथ । यथा हि कश्चिदाकण्ठ पीयूषरसमापीय तदनुविधायिनीमुद्गारपरम्परां मुञ्चति तथा भगवानपि जरामरणापहारि तत्त्वामृत स्वैरमास्वाद्य त रसानुविधायिनीं प्रस्तुतानेका तवादभेदचतुष्टयी लक्षणामुद्गारपरम्परां देशनामुखेनोद्गीर्णवानि याशय ॥

अथवा यैरेका तवादिभिर्मिथ्यात्वगरलभोजनमातृप्ति भक्षित तेषां तत्तद्वचनरूपा उद्गारप्रकारा प्राक् प्रदर्शिता । यैस्तु पचेलिमप्राचीनपुण्यप्राग्भारानुग्रहात्तैजगद्गुरुवदने दुनि स्यन्दि तत्त्वामृत मनोह य पीतम् तेषां विपश्चितां यथार्थवादविदुषां हे नाथ इय पूर्वदल दर्शितोल्लेखशेखरा उद्गारपरम्परेति व्याख्येयम् । एते च च वारोऽपि वादास्तेषु तेषु स्थानेषु प्रागेव चर्चिताः । तथाहि— आदीपमाव्योम समस्वभावम् इति वृत्त नि यानित्यवाद प्रदर्शित । 'अनेकमेकात्मकमेव वाच्यम् इति का ये सामा यविशेषवाद ससूचित । सप्त भङ्ग्यामभिलाप्यवाद सदसद्वादश्च चर्चितः । इति न भूय प्रयास ॥ इति का यार्थ ॥ २५ ॥

अवाच्य है । लोकम अवा य शब्द योनि आदिके अर्थ म प्रयुक्त होता ह अतएव स्तुतिका र हेमच द्र आचायन श्लोकम अवाच्य शब्द न कह कर न वाच्य पद प्रयोग किया ह । (४) तथा प्र यक पदार्थ अस्ति रूप है इसलिये कथचित् सत नास्ति रूप ह इसलिय कथचित असत ह ।

हे विद्वानोके शिरामणि ! जिस प्रका कोई मनुष्य अमृतका खूब पान करके पीछस बार बार डकार लेता है उसी प्रकार आपन ज म और मरणके नाश करनवाली विद्वानोके उपभोग्य मिथ्यात्व विषको निर्विष करनवाला और आह्लाद उत्पन करनवाली तत्त्व-सुधाका असाधारण रूपसे पान करके अनेकान्तवादके चार मुख्य भेदोकी उद्गारपरम्पराको उपदेशक द्वारा प्रगट किया ह ।

अथवा जिन एकान्तवादियोने मिथ्या वरूपी विष भोजनका खूब तृप्त होकर भक्षण किया है उनके वचनरूपी उद्गारोका वर्णन कर चुके हैं । जिन पुण्या मा लोगोने ससारके स्वामी आपके मुख-च द्रसे झरते हुए अमृतका तृप्त होन तक पान किया है उन यथार्थ वक्ता विद्वानोके मुखसे अनेका तवादके चार मुख्य भेदोकी उद्गारपरम्परा प्रगट हुई है । इन चार वादोम आदीपमाव्योम समस्वभाव श्लोकम नित्यानि यवाद अनेकमेकात्मकमेव वाच्यम श्लोकम सामान्य विशेषवाद तथा सप्तभगीवादम वाच्य अवाच्य और सत-असत वादका वर्णन किया गया है । यह श्लोकका अर्थ है ॥ २५ ॥

भावार्थ—स्याद्वादियोके मतम प्रत्येक वस्तु किसी अपेक्षासे नित्य-अनि य किसी अपेक्षासे वाच्य अवाच्य और किसी अपेक्षासे सत-असत् है । इन चारो वादोका स्याद्वादम समावेश हो जाता है । अतएव प्रत्येक पदार्थको द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा नित्य सामान्य अवाच्य और सत् तथा पर्यायार्थिक नयसे अनित्य, विशेष वाच्य और असत् मानना ही न्यायसगत है । वस्तुमे एकान्त रूपसे नित्य अनित्य आदि धर्मोंके माननेसे विरोध आता है । अतएव प्रत्येक वस्तुको अनेकातात्मक मानना चाहिये ।

इदानीं नित्यानित्यपक्षयोः परस्परदूषणप्रकाशनबद्धकक्षतया वैरायमाणयोरितरेतरोद्भावितविविधहेतुहेतिसंनिपातसंजातविनिपातयोरयत्नसिद्धप्रतिपक्षप्रतिक्षेपस्य सर्वोत्कर्षमाह—

य एव दोषाः किल नित्यवादे विनाशवादेऽपि समास्त एव ।
परस्परध्वंसिषु कण्टकेषु जयत्यधृष्यं जिनशासनं ते ॥ २६ ॥

किलेति निश्चये । य एव नित्यवादे नित्यैकान्तवादे दोषा अनित्यैकान्तवादिभिः प्रसञ्जिता क्रमयौगपद्याभ्यामर्थक्रियानुपपत्त्यादय त एव विनाशवादेऽपि क्षणिकैकान्तवादेऽपि समाः तुल्या नित्यैकान्तवादिभि' प्रसज्यमाना अन्यूनाधिका ॥

तथाहि—नित्यवादी प्रमाणयति । सर्वं नित्यं सत्त्वात् । क्षणिके सदसत्कालयोरर्थक्रियाविरोधात् तल्लक्षण सत्त्व नावस्थां बध्नातीति ततो निवर्तमानमनन्यशरणतया नित्यत्वेऽवतिष्ठते । तथाहि—क्षणिकोऽर्थ सन्वा कार्यं कुर्याद् असन्वा ? गत्यन्तराभावात् । न तावदाद्य पक्ष समसमयवर्तिनि व्यापारायोगात् सकलभावानां परस्पर कार्यकारणभाव प्राप्त्यातिप्रसङ्गाच्च । नापि द्वितीय पक्ष क्षोदं क्षमते असत' कार्यकारणशक्तिविकलत्वात् अन्यथा शशविषाणादयोऽपि कार्यकरणायोत्सहेरन् विशेषाभावात् इति ॥

अनित्यवादी नित्यवादिनं प्रति पुनरेव प्रमाणयति । सर्व क्षणिक सत्त्वात् । अक्षणिके

एका त नि य और एकान्त अनि यवादके माननेवाले एक दूसरेके दोष दिखाकर परस्पर लड़ते हैं और एक दूसरके सिद्धातोका खडन करनके लिये नाना प्रकारके हेतुरूपी शस्त्रोके प्रहारसे गिर पड़ते हैं अतएव प्रयत्नके विना ही भगवान्‌के शासनकी सर्वोत्कृष्टता सिद्ध होती है—

श्लोकाथ—नित्य एकान्तवादम जो दोष आत हैं, वे ही दोष अनित्य एकातवादमें समान रूपसे आते हैं । जब क्षुद्र शत्र एक दूसरका विध्वस करनम लगे रहते हैं तब जिने द्र भगवान्‌का अजेय शासन विजयी होता ह ।

व्याख्याथ—यहाँ किल शब्द निश्चय अथम है । नित्यवादियोके मतम क्रमसे अथवा एक साथ अथक्रिया नही हो सकती इस प्रकार जो अनि यवादियोन एकान्त नि य पक्षम दूषण दिय थे व सब दोष अनि यवादियोके पक्षम भी आते हैं ।

नित्यवादी— समस्त पदाथ नि य हैं सद्रूप होनसे । क्षणिक पदार्थोंकी भूत भविष्य और वतमान काल म कोई अथक्रिया नही हो सकती क्योंकि अपन प्रयोजन (काय) को उत्पत्ति करनेम विरोध उपस्थित होनेसे क्षणिक पदाथ (कायकी उत्पत्तिके लिये) स्थिरत्वको—एक क्षणसे अधिक काल तककी स्थितिको—धारण नही करता । अत वह क्षणिकत्वसे निवृत्त होता हुआ अन्य किसीकी शरण प्राप्ति न होनसे नित्यत्वमें आकर मिल जाता है । तथाहि—प्रश्न होता है कि क्षणिक पदाथ अस्तिरूप होता हुआ अपना कार्य करता है या अपना अभाव होनेपर अपना काय करता है ? क्षण मात्र रूप अपन अस्तित्व कालम वह अपना कार्य करता है यह प्रथम पक्ष ठीक नही । क्योंकि जिस कालम क्षणिक पदार्थ उत्पन्न होन जाता है उसी कालमें उत्पन्न होनेवाले कायकी उत्पत्तिके लिये क्षणिक पदाथमे उत्पत्ति क्रियाका होना घटित नही होता तथा एक-एक कालम होनेवाले पदार्थोंमें कार्यकारण भाव होनसे समकालवर्ती सभी पदार्थोंम परस्पर कार्यकारण भाव होनका अतिप्रसंग उपस्थित हो जाता है । क्षणिक पदार्थका अभाव होनपर वह पदाथ अपना काय करता है यह दूसरा पक्ष भी खरा नहीं उतरता । क्योंकि जिसका सद्भाव नही होता उसम अपना कार्य करनेकी शक्तिका अभाव होता है । यदि ऐसी बात न हो तो शशविषाण आदि भी कार्य करनेके लिये उत्साही हो जावेंगे क्योंकि असत् पदार्थ और शशविषाणमें भेद नहीं है ।

अनित्यवादी—(नित्य एकांतवादीका खंडन करते हुए) सम्पूर्ण पदार्थ क्षणिक हैं सद्रूप होनेसे ।

क्रमयौगपद्याभ्यामर्थक्रियाविरोधाद् अर्थक्रियाकारित्वस्य च भावलक्षणत्वात्, ततोऽर्थक्रिया व्यावर्तमाना स्वक्रोडीकृतां सत्तां व्यावर्तयेदिति क्षणिकसिद्धिः। न हि नित्योऽर्थोऽर्थक्रियां क्रमेण प्रवर्तयितुमुत्सहते, पूर्वार्थक्रियाकरणस्वभावोपमर्दद्वारेणोत्तरक्रियायां क्रमेण प्रवृत्तेः, अन्यथा पूर्वक्रियाकरणाविरामप्रसङ्गात्। तत्स्वभावप्रच्यवे च नित्यता प्रयाति अतादवस्थ्यस्यानित्यतालक्षणत्वात्। अथ नित्योऽपि क्रमवर्तिनं सहकारिकारणमर्थमुदीक्षमाणस्तावदासीत्, पश्चात् तमासाद्य क्रमेण कार्यं कुर्यादिति चेत्। न। सहकारिकारणस्य नित्येऽकिञ्चित्करस्यापि प्रतीक्षणेऽनवस्थाप्रसङ्गात्। नापि यौगपद्येन नित्योऽर्थोऽर्थक्रियां कुरुते अध्यक्षविरोधात्। न ह्येककालं सकलाः क्रियाः प्रारभमाणः कश्चिदुपलभ्यते। करोतु वा। तथाप्याद्यक्षण एव सकलक्रियापरिसमाप्तेर्द्वितीयादिक्षणेषु अकुर्वाणस्यानित्यता बलाद् आढौकते करणाकरणयोरेकस्मिन् विरोधाद् इति॥

तदेवमेकान्तद्वयेऽपि ये हेतवस्ते युक्तिसाम्याद् विरुद्धा न व्यभिचरन्तीत्यविचारितरमणीयतया मुग्धजनस्य ध्यान्ध्यं[1] चोत्पादयन्तीति विरुद्धाव्यभिचारिणोऽनैकान्तिका

अर्थक्रियाकारित्व (प्रयोजनभूतता) ही सतका लक्षण है। पदार्थोंको अक्षणिक कूटस्थ नित्य—माननेमें उनमें क्रमसे अथवा एक साथ अर्थक्रिया होनेमें विरोध उपस्थित होनेसे तथा अर्थक्रियाका कर्ता होना पदार्थका स्वरूप होनेसे उस नित्य पदार्थसे पृथक् होनेवाली अर्थक्रिया अपने द्वारा व्याप्त नित्य पदार्थकी सत्ताको उस पदार्थसे पृथक् कर देगी—अर्थक्रियाका पदार्थमें अभाव हो जानेसे पदार्थका अस्तित्व ही न रहेगा। इस प्रकार क्षणिक पदार्थके—पदार्थके क्षणिकत्वके—अनित्यत्वकी सिद्धि होती है। नित्य पदार्थ अपनी अर्थक्रियाको क्रमसे करनेमें समर्थ नहीं होता। क्योंकि पदार्थके प्रयोजनभूत पूर्वकालवर्ती कार्यको करनेके स्वभावके विनाश द्वारा पदार्थके प्रयोजनभूत उत्तरकालवर्ती कार्यको उत्पन्न करनेकी क्रिया करनेकी पदार्थकी प्रवृत्ति होती है। पूर्व कार्योत्पादन क्रिया करनेके स्वभावका यदि विनाश न किया गया तो पूर्वकालवर्ती कार्य करनेकी क्रियाका अंत न होनेका प्रसंग उपस्थित हो जाता है। पूर्व कार्योत्पादन क्रिया करनेके स्वभावका नाश होनेपर पदार्थकी नित्यता नष्ट हो जाती है क्योंकि पदार्थकी भिन्न भिन्न अवस्थाओंका क्रमसे अभाव होते रहना ही अनित्यताका लक्षण है। यदि कहो कि पदार्थ नित्य होनेपर भी क्रमवर्ती सहकारिकारणभूत अर्थकी अपेक्षा करता हुआ रहता है और बादमें उस सहकारिकारणभूत पदार्थको प्राप्त करके क्रमसे कार्य करता है—तो यह कहना भी ठीक नहीं। क्योंकि नित्य पदार्थके विषयमें—नित्य पदार्थको अपनी अर्थक्रिया करनेमें प्रवृत्त करनेके विषयमें—सहकारिकारणभूत पदार्थकी अपेक्षा करने पर वह सहकारिकारणभूत पदार्थ भी नित्य होनेसे अकिंचित्कर होनेके कारण उसे किंचित्कर बनानेके लिये अन्य सहकारिकारणभूत पदार्थकी अपेक्षा करनी होगी। इस प्रकार अन्य-अन्य सहकारिकारणभूत पदार्थोंकी अपेक्षा करनेसे अनवस्था नामक दोष आता है। नित्य पदार्थ एक साथ (युगपत्) भी अर्थक्रिया नहीं कर सकते क्योंकि प्रत्यक्षसे विरोध आता है। कारण कि अर्थक्रिया सदा क्रमसे होती है कभी एक समयमें होती हुई नहीं देखी जाती। यदि सम्पूर्ण अर्थक्रियाओंका एक क्षणमें होना स्वीकार करो तो सम्पूर्ण क्रियाओंके प्रथम क्षणमें समाप्त हो जानेसे द्वितीय क्षण आदिमें न करनेवाली अनित्यता जबरन आकर उपस्थित हो जायेगी क्योंकि क्रिया और अक्रिया दोनों एक नित्य पदार्थमें नहीं रह सकते।

इस प्रकार उक्त दोनों पक्षोंमें नित्य और अनित्यवादको सिद्ध करनेके लिये जो सत्त्व हेतु दिया गया है वह विरुद्ध हेतु है। इस प्रकारके हेतु, जब तक उनका विचार नहीं किया जाता तभी तक सुन्दर मालूम होते हैं इसलिये ये हेतु भोले लोगोंकी बुद्धिमें जड़ता पैदा करनेवाले होनेसे अनैकान्तिक हेतु हैं। यहाँ नित्य और

1 चित्र मान्द्यम्।

इति । अत्र च नित्यानित्यैकान्तपक्षप्रतिक्षेप एवोक्तः । उपलक्षणत्वाच्च सामान्यविशेषाद्येकान्तवादा अपि मिथस्तुल्यदोषतया विरुद्धा व्यभिचारिण एव हेतूनुपलक्षन्तीति परिभावनीयम् ॥

अथोत्तरार्द्धं व्याख्यायते । परस्परेत्यादि । एवं च कण्टकेषु क्षुद्रशत्रुष्वेकान्तवादिषु परस्परध्वंसिषु सत्सु परस्परस्मात् ध्वसन्ते विनाशमुपयान्तीत्येवंशीला सुन्दोपसुन्दवदिति[1] परस्परध्वंसिनः । तेषु हे जिन ते तव शासनं स्याद्वादप्ररूपणनिपुणं द्वादशाङ्गीरूपं प्रवचनं पराभिभावुकानां कण्टकानां स्वयमुच्छिन्नत्वेनैवाभावाद् अधृष्यमपराभवनीयम् । "शकार्हे कृत्याश्च[2]" इति कृत्यविधानाद् धर्षितुमशक्यम् धर्षितुमनर्हं वा । जयति सर्वोत्कर्षेण वर्तते । यथा कश्चिन्महाराजः पीवरपुण्यपरीपाकः परस्परं विगृह्य स्वयमेव क्षयमुपेयिवत्सु द्विषत्सु अयत्नसिद्धनिष्कण्टकत्वं समृद्धं राज्यमुपभुञ्जानः सर्वोत्कृष्टो भवति एवं त्वच्छासनमपि ॥ इति काव्यार्थः ॥ २६ ॥

अनन्तरकाव्ये नित्यानित्याद्येकान्तवादे दोषसामान्यमभिहितम् । इदानीं कतिपयतद्विशेषान् नामग्राहं दर्शयंस्तत्प्ररूपकाणामसद्भूतोद्भावकतयोद्धृत्ततथाविधरिपुजनजनितोप

अनित्य पक्षका ही खंडन किया गया है । सामान्य विशेष, वाच्य अवाच्य और सत् असत् वादी भी परस्पर एक जैसे दोष देते हैं, इसलिये इन एकान्तवादोका भी विरुद्ध समझना चाहिये ।

एक दूसरेका नाश करनेवाले सुन्द और उपसुन्द नामके दो राक्षस भाइयोंके समान क्षुद्र शत्रु एकान्तवादी रूप कण्टकोका परस्पर नाश हो जानेपर स्याद्वादका प्ररूपण करनेवाला आपका द्वादशांग प्रवचन किसीके द्वारा भी पराभूत नही किया जा सकता । (सुन्द और उपसुन्द नामके दो राक्षस भाई थे । उनको ब्रह्माका वरदान था कि उनकी मृत्यु एक दूसरेके द्वारा होगी । इस वरदानसे मस्त होकर दोनो भाइयोंने प्रजाको पीडा देना आरम्भ कर दिया । यह देखकर देवोने स्वर्गसे तिलोत्तमाको भेजा । तिलोत्तमाको देखकर दोनो भाई अपनी सुध भूलकर उसे अपनी स्त्री बनानेकी चेष्टा करने लगे । दोनोमे परस्पर लड़ाई हुई और अन्तमे दोनो भाई एक दूसरेके हाथसे मारे गये) । यहाँ शकार्हे कृत्याश्च सूत्रसे क्यप् प्रत्यय होनेपर अधृष्य का अर्थ होता है कि जिसका किसीसे पराभव न किया जा सके । जिस प्रकार कोई पुण्यशाली महाराजा अपने शत्रुओंके परस्पर लड़कर मर जानेपर बिना प्रयत्नके ही निष्कंटक राज्यका उपभोग करता है उसी प्रकार आपका शासन एकान्तवादियोके परस्पर लड़कर नष्ट हो जानेपर विजयी होता है ॥ यह श्लोकका अर्थ है ॥२६॥

भावार्थ—जिस प्रकार कोई पुण्यशाली राजा अपने शत्रुओंके आपसमे लड़कर नष्ट हो जानेपर अखण्ड राज्यका उपभोग करता है उसी तरह एकान्तवादी लोग एक दूसरेके सिद्धांतोंमें दोष देकर एक दूसरेके मतोका खण्डन कर देते है इसलिये मिथ्यादर्शन रूप समस्त एकान्तवादोका समन्वय करनेवाला जैन शासन ही सर्वमान्य हो सकता है ।

ऊपरके श्लोकोंमें सामान्य रूपसे नित्य अनित्य आदि एकान्तवादोमे दोष दिखाये गये हैं । अब एकान्तवादियोके कुछ विशेष दोषोका दिग्दर्शन कराते हैं । जिस प्रकार प्रजाको पीडित करनेवाले शत्रुओंके

---

१ सुन्दोपसुन्दनामानौ राक्षसौ द्वौ भ्रातरौ ब्रह्मणः सकाशात् वरं लब्धवन्तौ यत् आवयोर्मृत्युः परस्परादस्तु नान्यस्मात् । तथेत्युक्तः ब्रह्मणा मत्तौ तौ त्रिलोकीं पीडयामासतुः । अथ देवप्रेषितां तिलोत्तमामुपलभ्य तदर्थं मिथो युध्यमानावम्रियेताम् । एवमेकान्तवादिनः स्वस्वसिद्धान्तं परस्परं विवदमाना विनश्यन्ति । ततः स्याद्वादो जयति ।

२ हैमसूत्रे ५ ४ ३५ ।

इममेव परित्रातुर्वैरिभ्योऽपरक्षेत्रजगत्त्रयं पुरतो भुवनत्रयं प्रत्युपकारकारितामाविष्करोति—

नैकान्तवादे सुखदु खभोगौ न पुण्यपापे न च बन्धमोक्षौ ।
दुर्नीतिवादव्यसनासिनैव परैर्विलुप्तं जगदप्यशेषम् ॥ २७ ॥

एकान्तवादे नित्यानित्यैकान्तपक्षाभ्युपगमे न सुखदु खभोगौ घटेते । न च पुण्यपापे घटेते । न च बन्धमोक्षौ घटेते । पुन पुनर्नञ प्रयोगोऽत्यन्ताघटमानतादर्शनार्थ । तथाहि—एकान्तनित्ये आत्मनि तावत् सुखदु खभोगौ नोपपद्येते । नित्यस्य हि लक्षणम् अप्रच्युतानुत्पन्नस्थिरैकरूपत्वम् । ततो यदा आत्मा सुखमनुभूय स्वकारणकलापसामग्रीवशाद् दु खमुपभुङ्क्ते तदा स्वभावभेदाद् अनित्यत्वापत्त्या स्थिरैकरूपताहानिप्रसङ्ग । एव दु खमनुभूय सुखमुपभुञ्जानस्यापि वक्तव्यम् । अथ अवस्थाभेदाद् अय व्यवहार । न चावस्थासु भिद्यमानास्वपि तद्वतो भेद । सर्पस्येव कुण्डलार्जवाद्यवस्थासु इति चेत् । न । तास्ततो व्यतिरिक्ता अव्यतिरिक्ता वा ? व्यतिरेके, तास्तस्येति सम्बन्धाभाव अतिप्रसङ्गात् । अव्यतिरेके तु तद्वानेवेति तदवस्थितैव स्थिरैकरूपताहानि । कथ च तदेकान्तैकरूपत्वेऽवस्थाभेदोऽपि भवेदिति ॥

किंच, सुखदु खभोगौ पुण्यपापनिर्वर्त्यौ । तन्निर्वर्तन चार्थक्रिया । सा च कूटस्थनित्यस्य

प्रजाकी रक्षा करनेवाला राजा महान् उपकारक कहा जाता है उसी प्रकार एकान्तवादियोके उपद्रवसे तीनों लोकोंकी रक्षा करनेवाले जिनेन्द्र भगवान् ससारके महान उपकारक हैं—

श्लोकार्थ—एकान्तवादमें सुख-दुखका उपभोग पुण्य पाप और बन्ध मोक्षकी व्यवस्था नही बन सकती । इस प्रकार परतीर्थिक लोग नयाभासोके द्वारा प्रतिपादित करनेवाले आग्रह रूप खडगसे सम्पूर्ण जगतका नाश करते हैं ।

व्याख्यार्थ—(१) वस्तुको एकान्त नित्य माननेसे आत्मामे सुख और दुखकी उत्पत्ति नही हो सकती । अप्रच्युत अनुत्पन्न स्थिर और एक रूपको नित्य कहते हैं । अतएव यदि आत्मा अपनी कारण सामग्रीसे सुखको भोग कर दुखका उपभोग करने लगे अथवा दुखका उपभोग करके सुखको भोगने लगे तो अपने नित्य और एक स्वभावको छोडनेके कारण आत्मामे स्वभावभेद होनेसे आत्माको अनित्य मानना पडेगा । शका—वास्तवमे आत्माकी अवस्थाओमे भेद होता है स्वय आत्मामे भेद नही होता । जिस प्रकार सर्पकी सरल अथवा कुण्डलाकार अवस्थाओमे भेद होनेसे सर्पमे भेद होना कहा जाता है उसी प्रकार सुख और दुख रूप आत्माकी अवस्थाओमे भेद होनेसे यह भेद आत्माका कहा जाता है । समाधान यह ठीक नहीं । आप लोग आत्माकी अवस्थाको आत्मासे भिन्न मानते हैं या अभिन्न ? यदि सुख दुख अवस्थायें आत्मासे भिन्न है तो इन अवस्थाओ और आत्मामे कोई सम्बन्ध नही हो सकता । यदि इन अवस्थाओंको आत्मासे अभिन्न मानो तो सुख दुख अवस्थाओको ही आत्मा मानना चाहिये । अतएव सुख-दुखका भोग करते समय अपने नित्य स्वभावको छोडनेके कारण आत्माको अनित्य मानना पडेगा । अतएव एकान्तवादमें आत्माका अवस्था भेद भी नही बन सकता ।

(२) पुण्य-पापसे होनेवाले सुख-दुख भी नित्य एकान्तवादमें नही बन सकते । सुखानुभव रूप क्रियात्मक परिणाम पुण्य कर्मके निमित्तसे तथा दु खानुभव रूप क्रियात्मक परिणाम पाप कर्मके निमित्तसे उत्पादित किया जाता है । इन दोनों परिणामोकी उत्पत्ति करना ही—इन दोनों परिणामोंके रूपसे परिणत होना ही—कर्मबद्ध आत्माकी अर्थक्रिया है । यह पुण्य-पापसे होनेवाली अर्थक्रिया कूटस्थ नित्य आत्मामें नहीं

क्रमेण अक्रमेण वा नोपपद्यत इत्युक्तप्रायम्। अत उक्तं न पुण्यपापे इति। पुण्यं दानादिक्रियोपार्जनीयं शुभं कर्म, पापं हिंसादिक्रियासाध्यमशुभं कर्म। ते अपि न घटेते प्रागुक्तनीतेः॥

तथा न बन्धमोक्षौ। बन्धः कर्मपुद्गलैः सह प्रतिप्रदेशमात्मनो वह्न्ययःपिण्डवद् अन्योऽन्यसंश्लेषः। मोक्षः कृत्स्नकर्मक्षयः। तावप्येकान्तनित्ये न स्याताम्। बन्धो हि संयोगविशेषः। स च 'अप्राप्तानां प्राप्तिः'' इतिलक्षणः। प्राक्कालभाविनी अप्राप्तिरन्यावस्था, उत्तरकालभाविनी प्राप्तिश्चान्या। तदनयोरप्यवस्थाभेददोषो दुस्तरः। कथं चैकरूपत्वे सति तस्याकस्मिको बन्धनसंयोगः। बन्धनसंयोगाच्च प्राक् किं नायं मुक्तोऽभवत्। किंच तेन बन्धनेनासौ विकृतिमनुभवति न वा? अनुभवति चेत् चर्मादिवदनित्यः। नानुभवति चेत् निर्विकारत्वे सता असता वा तेन गगनस्येव न कोऽप्यस्य विशेष इति बन्धवैफल्याद् नित्यमुक्त एव स्यात्। ततश्च विशीर्णा जगति बन्धमोक्षव्यवस्था। तथा च पठन्ति—

वर्षातपाभ्यां किं व्योम्नश्चर्मण्यस्ति तयोः फलम्।
चर्मोपमश्चेत्सोऽनित्यः खतुल्यश्चेदसत्फलः॥

बन्धानुपपत्तौ मोक्षस्याप्यनुपपत्तिर्बन्धनविच्छेदपर्यायत्वाद् मुक्तिशब्दस्येति॥

एवमनित्यैकान्तवादेऽपि सुखदुःखाद्यनुपपत्तिः। अनित्यं हि अत्यन्तोच्छेदधर्मकम्। तथाभूते चात्मनि पुण्योपादानक्रियाकारिणो निरन्वयं विनष्टत्वात् कस्य नाम तत्फलभूत

हो सकती। पदार्थोंके नित्य माननेमें उनमें क्रम-क्रमसे अथवा एक साथ अर्थक्रिया नहीं हो सकती यह पहले कहा जा चुका है। इसीलिये कहा है कि दान आदिसे होनेवाले शुभ कर्म रूप पुण्य और हिंसा आदिसे होनेवाले अशुभ कर्म रूप पाप—दोनों एकान्त नित्य पक्षमें नहीं बन सकते।

(३) अग्नि और लोहेकी तरह आत्माके प्रदेशोंके कर्म पुद्गलोंके साथ परस्पर सम्मिश्रण हो जानेको बंध और सम्पूर्ण कर्मोंके क्षय हो जानेको मोक्ष कहते हैं। यह बंध और मोक्षकी व्यवस्था भी एकान्त नित्यवादमें नहीं बन सकती। संयोगविशेषको बन्ध कहते हैं। अप्राप्त पदार्थोंकी प्राप्तिको संयोग कहते हैं। यह संयोग एक अवस्थाको छोड़कर दूसरी अवस्थाको प्राप्त करनेमें ही संभव हो सकता है। अतएव नित्य आत्मामें अवस्था भेद होनेसे बंध और मोक्ष नहीं बन सकते। तथा एकान्त नित्य माननेपर उसके साथ बंधक कर्मोंका बंध नहीं हो सकता। अतएव बंधक कर्मोंके साथ होनेवाले संयोगके पहले आत्माको मुक्त मानना चाहिये। तथा बंधक कर्मके कारण आत्मामें कोई विकार होता है या नहीं? यदि बंध होनेसे आत्मामें कोई विकार होता है तो आत्माको चमड़ेकी तरह अनित्य मानना चाहिये। यदि बंध होनेपर भी आत्मा अविकृत रहती है तो निर्विकार आकाशकी तरह बंधके होने अथवा न होनेसे आत्मामें कोई भी विकार नहीं आ सकता। अतएव बंधके निष्फल होनेके कारण आत्माको सदा मुक्त मानना चाहिये। अतएव सर्वथा एकान्तवादमें बंध और मोक्षकी व्यवस्था नहीं बन सकती। कहा भी है—

वर्षा और गरमीके कारण चमड़ेमें ही परिवर्तन होता है, आकाशमें कोई परिवर्तन नहीं देखा जाता। अतएव यदि आत्मा चमड़ेके समान है तो उसे अनित्य मानना चाहिये, यदि आत्मा आकाशकी तरह है तो उसमें बंध नहीं मानना चाहिये।

आत्माके बन्ध न होनेसे आत्माके मोक्ष भी नहीं हो सकता। क्योंकि बन्धनके नष्ट होनेको ही मोक्ष कहते हैं।

(१) एकान्त अनित्यवाद माननेसे भी सुख-दुख नहीं बन सकते। सर्वथा रूपसे नष्ट होनेको अनित्य कहते हैं। अनित्य आत्मामें पुण्योपार्जन करनेवाली क्रिया करनेवाले आत्माका निरन्वय नाश होनेसे

सुखानुभव । एवं पापोपादानक्रियाकारिणोऽपि निरन्वयनाशे कस्य दु खसंवेदनमस्तु । एवं चान्यः क्रियाकारी अन्यश्च तत्फलभोक्ता इति असमञ्जसमापद्यते ।

अथ— 'यस्मिन्नेव हि सन्ताने आहिता कर्मवासना ।
फलं तत्रैव सन्धत्ते कर्पासे रक्तता यथा' ॥

इति वचनाद् नासमञ्जसमित्यपि वाङ्मात्रम् सन्तानवासनयोरवास्तवत्वेन प्रागेव निर्लोठितत्वात् ॥

तथा पुण्यपापे अपि न घटेते । तयोर्हि अर्थक्रिया सुखदु खोपभोग । तदनुपपत्तिश्चानन्तरमेवोक्ता । ततोऽर्थक्रियाकारित्वाभावात् तयोरप्यघटमानत्वम् । किंचानित्य क्षणमात्रस्थायी । तस्मिंश्च क्षणे उत्पत्तिमात्रव्यग्रत्वात् तस्य कुत पुण्यपापोपादानक्रियाजनम् ? द्वितीयादिक्षणेषु चावस्थातुमेव न लभते । पुण्यपापोपादानक्रियाभावे च पुण्यपापे कुत निर्मूलत्वात् ? तदसत्त्वे च कुतस्तन सुखदु खभोग । आस्तां वा कथंचिदेतत् । तथापि पूर्वक्षणसदृशेनोत्तरक्षणेन भवितव्यम् उपादानानुरूपत्वाद् उपादेयस्य । तत पूर्वक्षणाद् दु खितात् उत्तरक्षण कथं सुखित उत्पद्यते कथं च सुखितात् तत स दु खित स्यात्, विसदृशभागतापत्त ? एवं पुण्यपापादावपि । तस्माद्यत्किञ्चिदेतत् ॥

फल रूप सुखका अनुभव तथा पापोपार्जन करनेवाली क्रिया करनेवाले आत्माका निरन्वय विनाश होनेसे दुखका अनुभव नहीं हो सकता । तथा पदार्थोंका निरन्वय विनाश माननेसे एकको कर्ता और दूसरको भोक्ता मानना पडेगा ।

शंका— जिस प्रकार कपासके बीजमें लाल रंग लगानेसे बीजका फल भी लाल रंगका होता है उसी तरह जिस संतानमें कर्मवासना रहती है उसी संतानमें कर्मवासनाका फल रहता है ।

अतएव संतानके प्रवाह माननेसे काम चल जाता है इस तरह आत्माके माननेकी आवश्यकता नहीं रहती । समाधान—यह ठीक नहीं । सन्तान और वासना अवास्तविक है यह हम (१८ वें श्लोककी व्याख्यामें) प्रतिपादन कर चुके हैं ।

(२) एकान्त अनित्यवादमें पुण्य पाप भी नहीं बन सकते । सुख और दुखका भोग क्रमसे पुण्य और पापकी अर्थक्रियायें हैं । यह पुण्य पापकी अर्थक्रिया एकान्त क्षणिक पक्षमें नहीं बन सकती यह हम पहले कह आये हैं । अतएव क्षणिकवादमें अर्थक्रियाकारित्वके अभावमें पुण्य-पाप भी सिद्ध नहीं होते । तथा क्षणिकवादियोंके मतमें प्रत्येक पदार्थ केवल एक क्षणके लिये ठहरता है । इस क्षणमें पदार्थ अपनी उत्पत्तिमें लगे रहते हैं इसलिये पुण्य और पापको उपार्जन नहीं कर सकते । यदि दूसरे तीसरे आदि क्षणमें पुण्य और पापका उपार्जन स्वीकार करो तो यह ठीक नहीं । क्योंकि क्षणिकवादियोंके मतमें प्रथम क्षणके बाद पदार्थोंका स्थित रहना ही संभव नहीं । अतएव पुण्य कर्म और पाप कर्मके उपार्जन करनेकी शुभ और अशुभ परिणति रूप क्रियाओंके अभावमें पुण्यरूप और पापरूप द्रव्यकर्मोंका सद्भाव नहीं हो सकता क्योंकि शुभाशुभ परिणामरूप निमित्तोंका अभाव होता है और पापरूप द्रव्यकर्मके अभावमें सुख-दु खका अनुभव कैसे हो सकता है ? यदि किसी प्रकार क्षणिकवादियोंके मतमें सुख दुखके अनुभवका सद्भाव मान भी लिया जाय फिर भी (उनके मतमें पूर्वक्षण उत्तरक्षणका उपादान कारण होनेसे) उत्तरक्षण उपादानभूत पूर्वक्षणके सदृश होना चाहिये क्योंकि उपादेय परिणाम—उपादान—परिणामी—के सदृश होता है । उपादेयके उपादानके सदृश होनेसे दुखी आत्मरूप पूर्वक्षणसे सुखी आत्मरूप उत्तरक्षणकी तथा सुखी आत्मरूप पूर्वक्षणसे दुखी आत्मरूप उत्तरक्षणकी उत्पत्ति कैसे हो सकती है ? क्योंकि उत्तरक्षणरूप परिणामका अपने उपादानसे विसदृश होनेका प्रसंग उपस्थित हो जाता है ।

एवं बन्धमोक्षयोरसंभवः। लोकेऽपि हि य एव बद्धः स एव मुच्यते। निरन्वयनाशाभ्युपगमे चैकाधिकरणत्वाभावात् संतानस्य चावास्तवत्वात् कुतस्तया संभावनामात्रमपि [१]॥

परिणामिनि चात्मनि स्वीक्रियमाणे सर्वं निर्बाधमुपपद्यते।

> परिणामोऽवस्थान्तरगमनं न च सर्वथा ह्यवस्थानम्।
> न च सर्वथा विनाशः परिणामस्तद्विदामिष्टः॥

इति वचनात्। पातञ्जलटीकाकारोऽप्याह– अवस्थितस्य द्रव्यस्य पूर्वधर्मनिवृत्तौ धर्मान्तरोत्पत्तिः परिणाम इति। एवं सामान्यविशेषसदसदभिलाप्यानभिलाप्यैकान्तवादेष्वपि सुखदुःखाद्यभाव स्वयमभियुक्तैरभ्यूह्यः॥

अथोत्तरार्द्धव्याख्या। एवमनुपपद्यमानेऽपि सुखदुःखभोगादिव्यवहारे परैः परतीर्थिकैरथ च परमार्थतः शत्रुभिः। परशब्दो हि शत्रुपर्यायोऽप्यस्ति। दुर्नीतिवादव्यसनासिना। नीयते एकदेशविशिष्टोऽर्थः प्रतीतिविषयमाभिरिति नीतयो नयाः। दुष्टा नीतयो दुर्नीतयो दुर्नयाः। तेषां वदनं परेभ्यः प्रतिपादनं दुर्नीतिवादः। तत्र यद् व्यसनम् अत्यासक्तिः औचित्यनिरपेक्षा प्रवृत्तिरिति यावत् दुर्नीतिवादव्यसनम्। तदेव सद्बोधशरीरोच्छेदनशक्तियुक्तत्वाद् असिरिव असिः कृपाणो दुर्नीतिवादव्यसनासिः। तेन दुर्नीतिवादव्यसनासिना करणभूतेन दुर्नयप्ररूपणहेवाकखड्गेन। एवमित्यनुभवसिद्धं प्रकारमाह। अपिशब्दस्य भिन्नक्रमत्वाद् अशेषमपि जगद्

(१) क्षणिक एकान्तवादमें बंध और मोक्ष भी नहीं बन सकते। लोकमें भी जो बंधता है वही बंधनमुक्त होता हुआ देखा जाता है। प्रत्येक क्षणका निरन्वय विनाश स्वीकार करनेपर आत्माका जो क्षण बद्ध होता है उसका क्षणमात्रमें विनाश होनेसे वही आत्माका क्षण मुक्त नहीं कहा जा सकता। अतएव बंध और मोक्षका एकाधिकरण न होनेसे तथा क्षणसन्तानके वास्तविक न होनेसे क्षणिक एकान्तवादमें बंध और मोक्षकी कल्पना भी कैसे की जा सकती है?

अतएव आत्माको परिणामी मानना चाहिये। आत्माको परिणामी माननेसे कोई भी बाधा नहीं आती। कहा भी है—

एक अवस्थाको छोड़कर दूसरी अवस्थाको प्राप्त करनेको परिणाम कहते हैं। परिणाम न सर्वथा अवस्थानरूप होता है और न सर्वथा विनाशरूप—ऐसा विद्वानोंने माना है।

पातंजल टीकाकारने भी कहा है— अवस्थित द्रव्यमें पहले धर्मके नाश होनेपर दूसरे धर्मकी उत्पत्तिको परिणाम कहते हैं। इसी प्रकार एकान्त सामान्य विशेष, एकान्त सत्-असत और एकान्त वाच्य-अवाच्य वादोंमें भी सुख दुखका अभाव आदि दोष स्वयं जान लेने चाहिये।

इस प्रकार एकान्तवादियोंके मतमें सुख दुखके भोग आदिका व्यवहार सिद्ध न होनेपर भी परवादी शत्रुओंने दुर्नयवादमें अत्यासक्ति रूप खड्गसे सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र रूप भावप्राणोंका विच्छेद करके सम्पूर्ण जगत्का नाश कर रक्खा है। जिस प्रकार शत्रु लोग खड्गके द्वारा समस्त संसारका संहार करते हैं उसी प्रकार परवादियोंने दुर्नयवादका प्ररूपण करके सत् ज्ञानका नाश कर दिया है। इसलिये हे भगवन् आप परवादी-शत्रुओंसे संसारकी रक्षा करो। वस्तुके एकदेश जाननेको नय और खोटे नयोंको दुर्नय कहते हैं। श्लोकमें अपि शब्दको 'अशेष' के साथ लगाना चाहिये। जिस प्रकार मंच रोते हैं (मंचा क्रोशन्ति) इस वाक्यका अर्थ होता है कि मंचपर बैठे हुए पुरुष रोते हैं, उसी तरह यहाँ 'सम्पूर्ण

१ पातञ्जलयोगसूत्रे ३-१३ भाष्ये।

निखिलमपि त्रैलोक्यम् । तात्स्थ्यात् तद्व्यपदेश' इति त्रैलोक्यगतजन्तुजातम् । विलुप्त सम्यग्ज्ञानादिभावप्राणव्यपरोपणेन व्यापादितम् । तत् आयस्य इत्याशय । सम्यग्ज्ञानादयो हि भावप्राणा' प्रावचनिकैर्गीयन्ते । अत एव सिद्धेष्वपि जीवव्यपदेश' । अन्यथा हि जीवधातुः प्राणधारणार्थे[2]ऽभिधीयते । तेषां च दशविधप्राणधारणाभावाद् अजीवत्वप्राप्ति । सा च विरुद्धा । तस्मात् संसारिणो दशविधद्रव्यप्राण[3]धारणाद् जीवा सिद्धाश्च ज्ञानादिभावधारणाद् इति सिद्धम् । दुर्नयस्वरूप चोत्तरकाव्ये व्याख्यास्याम' ॥ इति काव्यार्थ ॥ २७ ॥

साम्प्रत दुर्नयप्रमाणरूपणद्वारेण प्रमाणनयैरधिगम '[4]इति वचनाद् जीवाजीवादि तत्त्वाधिगमनिबन्धनानां प्रमाणनयानां प्रतिपादयितु स्वामिन स्याद्वादविरोधिदुर्नयमार्गनिरा करिष्णुरनन्यसामान्य वचनातिशय स्तुवन्नाह—

सदेव सत् स्यात्सदिति त्रिधार्थो मीयेत दुर्नीतिनयप्रमाणै ।
यथार्थदर्शी तु नयप्रमाणपथेन दुर्नीतिपथ त्वमास्थ' ॥२८॥

अर्यते परिच्छिद्यत इत्यर्थ पदार्थ । त्रिधा त्रिभि प्रकारै । मीयते परिच्छिद्यते । विधौ सप्तमी । कैस्त्रिभि प्रकारै इत्याह दुर्नीतिनयप्रमाणैः । नीयते परिच्छिद्यते एकदेशविशि

लोक (अशेषमपि त्रैलोक्यम) का अर्थ सम्पूर्ण लोकके प्राणी समझना चाहिये । पूर्व आचार्योंने सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रको भावप्राण कहा ह । अतएव सिद्धोंमे भी जीवका व्यपदेश होता ह । जीव धातु प्राण धारण करनके अर्थमे प्रयुक्त होती ह । यदि दस द्रव्यप्राणोको [देखिये परिशिष्ट (क)] धारण करना ही जीवका लक्षण किया जाय तो सिद्धोंको अजीव कहना चाहिये क्योकि सिद्धोके द्रव्यप्राण नही होते । अतएव ससारी जीव द्रव्यप्राणोकी अपेक्षासे और सिद्ध जीव भावप्राणोकी अपेक्षासे जीव कहे जात हैं । दुर्नयका स्वरूप आगेके श्लोकमे कहा जायगा ॥ यह श्लोकका अर्थ है ॥२ ॥

भावार्थ—पदार्थोंको सर्वथा नित्य और सर्वथा अनित्य माननसे एकान्तवादियोके मतम सुख-दुख पुण्य-पाप और बन्ध-मोक्ष आदिकी व्यवस्था नही बन सकती । अतएव प्रत्येक वस्तुको कथंचित् नित्य और कथंचित अनित्य मानना ही युक्तियुक्त है । भाव अभाव द्वैत अद्वैत नित्य अनित्य आदि एकान्तवादोमे दोषोका दिग्दर्शन समन्तभद्रने अपने आप्तमीमांसा नामक ग्रथमे विस्तारसे किया है ।

अब दुर्नय नय और प्रमाणका लक्षण कहते हुए प्रमाणनयैरधिगम सूत्रसे जीव अजीव आदि तत्त्वोंको जाननेमे कारण प्रमाण और नयका प्रतिपादन करनेवाले और स्याद्वादके विरोधी दुर्नयोंका निराकरण करनेवाले भगवान्के वचनोकी असाधारणता बताते हैं—

श्लोकार्थ—दुर्नयसे पदार्थ सर्वथा सत ह नयसे पदार्थ सत ह और प्रमाणसे पदार्थ कथंचित सत् है —इस तरह तीन प्रकारोसे पदार्थोंका ज्ञान होता है । वस्तु के यथार्थ स्वरूप देखनेवाले आपने ही नय और प्रमाण मार्गके द्वारा दुर्नयरूप मार्ग निराकरण किया है ।

व्याख्यार्थ—जो जाना जाता है वह अर्थ है—पदार्थ है । पदार्थोंका दुर्नय नय और प्रमाणसे ज्ञान किया जाता है । जिसके द्वारा पदार्थोंके एक अंश को जाना जाता हो उसे नय कहते हैं । जो नय दूषित

---

१ सम्यग्ज्ञानसम्यग्दर्शनसम्यक्चारित्रेत्यादयो य जीवस्य गुणास्त भावप्राणा । इद प्रज्ञापनासूत्र प्रथमपदे ।
२ जीव प्राणधारणे हैमधातुपारायणे भ्वादिगण धा ४६५ ।
३ पञ्चेन्द्रियाणि श्वासोच्छ्वासआयुष्यमनोबलवचनबलशरीरबलानोति दश द्रव्यप्राणा ।
४ तत्त्वार्थाधिगमसूत्रे १-६ ।

होऽर्थं आभिरिति नीतयो नयाः। दुष्टा नीतयो दुर्नीतयो दुर्नया इत्यर्थः। नया नैगमादयः। प्रमीयते परिच्छिद्यतेऽर्थोऽनेकान्तविशिष्टोऽनेन इति प्रमाणम् स्याद्वादात्मकं प्रत्यक्षपरोक्षलक्षणम्। दुर्नीतयश्च नयाश्च प्रमाणे च दुर्नीतिनयप्रमाणानि तैः॥

केनोल्लेखेन मीयते इत्याह सदेव सत् स्यात्सद् इति। सदिति अव्यक्तत्वाद् नपुंसकत्वम् यथा किं तस्या गर्भे जातमिति। सदेवेति दुर्नयः। सदिति नयः। स्यात्सदिति प्रमाणम्। तथाहि—दुर्नयस्तावत्सदेव इति ब्रवीति। अस्त्येव घटः इति। अयं वस्तुनि एकान्तास्तित्वमेव अभ्युपगच्छन् इतरधर्माणां तिरस्कारेण स्वाभिप्रतमेव धर्मं व्यवस्थापयति। दुर्नयत्वं चास्य मिथ्यारूपत्वात्। मिथ्यारूपत्वं च तत्र धर्मान्तराणां सतामपि निह्नवात्। तथा सदिति उल्लेखनात् नयः। स हि अस्ति घट इति घटे स्वाभिमतमस्तित्वधर्मं प्रसाधयन् शेषधर्मेषु गजनिमिलिकामालम्बते। न चास्य दुर्नयत्वं। धर्मान्तरातिरस्कारात्। न च प्रमाणत्वं। स्याच्छब्देन अलाञ्छितत्वात्। स्यात्सदिति 'स्यात्कथञ्चित् सद् वस्तु इति प्रमाणम्। प्रमाणत्वं चास्य दृष्टेष्टाबाधितत्वाद् विपक्षे बाधकसद्भावाच्च। सर्वं हि वस्तु स्वरूपेण सत् पररूपेण चासद् इति असकृदुक्तम्। सदिति दिङ्मात्रदर्शनार्थम्। अनया दिशा असत्त्वनित्यत्वानित्यत्ववक्तव्यत्वावक्तव्यत्वसामान्यविशेषादि अपि बोद्धव्यम्॥

इत्थं वस्तुस्वरूपमाख्याय स्तुतिमाह यथार्थदर्शी इत्यादि। दुर्नीतिपथं दुर्नयमार्गम्। तुशब्दस्य अवधारणार्थस्य भिन्नक्रमत्वात् त्वमेव आस्थः त्वमेव निराकृतवान्। न तीर्थान्तरदैवतानि। केन कृत्वा। नयप्रमाणपथेन। नयप्रमाणे उक्तस्वरूपे। तयोर्मार्गेण प्रचारेण। यतस्त्वं यथार्थदर्शी। यथार्थोऽस्ति तथैव पश्यतीत्येवंशीलो यथार्थदर्शी। विमलकेवलज्योतिषा यथा-

---

होते हैं वे दुर्नय हैं। नैगम संग्रह व्यवहार ऋजुसूत्र शब्द समभिरूढ़ और एवंभूत ये सात नय हैं। जिसके द्वारा अनंत धर्मात्मक पदार्थ जाना जाता है उसे प्रमाण कहते हैं। प्रमाण स्याद्वादरूप होता है। इसके प्रत्यक्ष और परोक्ष दो भेद हैं।

यहाँ सत् शब्द अव्यक्त है इसलिये वह नपुंसक लिंगमें प्रयुक्त हुआ है। जिस प्रकार गर्भस्थ बच्चेके लिंगका ठीक ज्ञान न होनेसे किं तस्या गर्भे जातम् इस वाक्यमें नपुंसक लिंगका प्रयोग हुआ है उसी तरह सत् शब्द भी नपुंसक लिंगमें प्रयुक्त हुआ है। (१) किसी वस्तुमें अन्य धर्मोंका निषेध करके अपने अभीष्ट एकान्त अस्तित्वको सिद्ध करनेको दुर्नय कहते हैं जैसे यह घट ही है (अस्त्येव घट)। वस्तुमें अभीष्ट धर्मकी प्रधानतासे अन्य धर्मोंका निषेध करनेके कारण दुर्नयको मिथ्या कहा गया है। (२) किसी वस्तुमें अपने इष्ट धर्मको सिद्ध करते हुए अन्य धर्मोंमें उदासीन हो कर वस्तुके विवेचन करनेको नय कहते हैं। जैसे यह घट है (अस्ति घट)। नयमें दुर्नयकी तरह एक धर्मके अतिरिक्त अन्य धर्मोंका निषेध नहीं किया जाता इसलिये नयको दुर्नय नहीं कहा जा सकता। तथा नयमें स्यात् शब्दका प्रयोग न होनेसे इसे प्रमाण भी नहीं कह सकते। (३) वस्तुके नाना दृष्टियोंकी अपेक्षा कथंचित् सत् रूप विवेचन करनेको प्रमाण कहते हैं जैसे घट कथंचित् सत् है (स्यात्कथंचित् घट)। प्रत्यक्ष और अनुमानसे अबाधित होनेसे और विपक्षका बाधक होनेसे इसे प्रमाण कहते हैं। प्रत्येक वस्तु अपने स्वभावसे सत् और दूसरे स्वभावसे असत् है यह पहले कई बार कहा चुका है। यहाँ वस्तुके एक सत् धर्मको कहा गया है। इसी प्रकार असत् नित्य अनित्य वक्तव्य अवक्तव्य सामान्य विशेष आदि अनेक धर्म समझने चाहिये।

श्लोकमें तु शब्द निश्चय अर्थमें प्रयुक्त हुआ है। 'तु शब्दका त्वं' के साथ सम्बन्ध लगाना चाहिये। इसलिये केवलज्ञानसे समस्त पदार्थोंको यथार्थ रीतिसे जानने वाले आपने ही नय और प्रमाणके द्वारा दुर्नयवादका निराकरण किया है। अन्य तैर्थिक लोग राग, द्वेष आदि दोषोंसे युक्त होनेके कारण यथार्थदर्शी नहीं हैं इसलिये दुर्नयोंका निराकरण नहीं कर सकते। क्योंकि जो लोग स्वयं अनीतिके मार्गमें

वस्थितवस्तुदर्शी । तीर्थान्तरशास्तारस्तु रागादिदोषकालुष्यकलङ्कितत्वेन तथाविधज्ञानाभावात् न यथार्थदर्शिनः । ततः कथं नाम दुर्नयपथमथने प्रगल्भन्ते ते तपस्विन । न हि स्वयमनयप्रवृत्त' परेषामनय निषेद्धुमुद्धुरतां धत्त । इदमुक्तं भवति । यथा कश्चित् सन्मार्गवेदी परोपकार दुर्ललितः पुरुषश्चौरश्वापदकण्टकाद्याकीर्णं मार्गं परित्याज्य पथिकानां गुणदोषोभयविकल दोषास्पृष्टं गुणयुक्तं च मार्गमुपदर्शयति एव जगन्नाथोऽपि दुर्नयतिरस्करणेन भव्येभ्यो नय प्रमाणमार्गं प्ररूपयतीति । आस्थः इति अस्यतेरद्यतन्यां शास्त्यसूवक्तिख्यातेरङ्" इत्यङि "श्वयत्यसूवचपत श्वास्थवोचपप्तम्"[2] इति अस्थादेश स्वरादेस्तासु[3] इति वृद्धौ रूपम् ॥

मुख्यवृत्त्या च प्रमाणस्यैव प्रामाण्यम् । अत्र नयानां प्रमाणतुल्यकक्षतारयापन तत् तेषामनुयोगद्वारभूततया प्रज्ञापनाङ्गत्वज्ञापनार्थम् । चत्वारि हि प्रवचनानुयोगमहानगरस्य द्वाराणि उपक्रमः निक्षेप अनुगम नयश्चेति । एतेषां च स्वरूपमावश्यकभाष्यादेर्निरूपणीयम् । इह तु नोच्यते ग्रन्थगौरवभयात् । अत्र चैकत्र कृतसमासान्त पथिन्शब्द । अन्यत्र चाव्युत्पन्न पथशब्दोऽदन्त इति पथशब्दस्य द्विःप्रयोगो न दुष्यति ॥

अथ दुर्नयनयप्रमाणस्वरूप किञ्चिन्निरूप्यते । तत्रापि प्रथम नयस्वरूप । तदनधिगमे दुर्नयस्वरूपस्य दुष्परिज्ञानत्वात् । अत्र च आचार्येण प्रथम दुर्नयनिर्देशो यथोत्तर प्राधान्याव बोधनार्थ कृत । तत्र प्रमाणप्रतिपन्नार्थैकदेशपरामर्शी नय । अनन्तधर्माध्यासित वस्तु स्वाभि

पड़े हुए हैं वे दूसरोंको अनीतिसे नहीं निकाल सकते । अतएव जिस प्रकार यथार्थ मार्गका जाननेवाला कोई परोपकारी पुरुष पथिकोंको कुमार्गसे बचानेकी इच्छासे चोर व्याघ्र कण्टक आदिसे आकीर्ण मार्गसे छुड़ा कर उन्हें निर्दोष ठीक-ठीक मार्गका प्रदर्शन करता है इसी प्रकार त्रिलोकके स्वामी अरहंत भगवान भी भव्योंके लिए नय और प्रमाणका उपदेश देते हैं । श्लोकमें आस्थ पद निराकरण करने के अर्थमें प्रयुक्त हुआ है । अस धातुसे अद्यतन (लङ लकार) में शास्त्यसूवक्तिख्यातेरङ सूत्रसे अङ् प्रत्यय होकर श्वयत्यसूवचपत श्वास्थवोचपप्तम सूत्रसे असके स्थानमें अस्थ आदेश होकर स्वरादेस्तासु सूत्रसे अ के स्थानमें वृद्धि होकर 'आस्थ' रूप बनता है ।

वास्तवमें केवल प्रमाणको ही सत्य कहा जा सकता है । नयोंसे वस्तुके सम्पूर्ण अंशोंका ज्ञान नहीं होता इसलिये नयको सत्य नहीं कह सकते । अनुयोगद्वारसे प्रज्ञापना तक पहुँचनेके लिये नय अनुयोगके द्वार हैं इसलिये नयोंको प्रमाणके समान कहा गया है । उपक्रम निक्षेप अनुगम और नय ये चार अनुयोग-महानगरमें पहुँचनेके दरवाजे हैं । इनका स्वरूप विशेषावश्यकभाष्य (गाथा ९११ ४ १५ ५के आगे) आदि ग्रन्थोंसे जानना चाहिये । यहाँ ग्रन्थके बढ़ जानेके भयसे सबका स्वरूप नहीं लिखा जाता । एक जगह श्लोकमें पथिन् शब्द समासान्त है और दूसरी जगह अव्युत्पन्न अकारान्त है इसलिये पथ शब्दका दो बार प्रयोग करनेमें दोष नहीं है ।

दुर्नय नय और प्रमाणमेंसे पहले नयका स्वरूप कहा जाता है। क्योंकि नयका बिना ज्ञान दुर्नयका ज्ञान नहीं हो सकता । प्रमाणसे निश्चित किये हुए पदार्थोंके एक अंश ज्ञान करनेको नय कहते हैं । प्रत्येक वस्तुमें अनन्त धर्म पाये जाते हैं इन अनन्त धर्मोंमें अपने इष्ट धर्मको जाननेको नय कहते हैं । वस्तुका प्रमाण द्वारा

---

१ हैमसूत्र ३ ४ ६ ।

२ हैमसूत्रे ४ ३ १ ३ ।

३ हैमसूत्रे ४ ४ ३१ ।

४ अणुओगद्दाराइ महापुरस्सेव तस्स चत्तारि ।

५ विशेषावश्यकभाष्य ९११ ९१२ ९१३ ९१४ १५०५ तत परम ।

प्रेतैकधर्मविशिष्टं नयति प्रापयति संवेदनकोटिमारोहयति इति नयः। प्रमाणप्रवृत्तेरुत्तरकाल-भावी परामर्श इत्यर्थ । नयाश्चानन्ता, अनन्तधर्मत्वात् वस्तुन तदेकधर्मपर्यवसितानां वक्तुर भिप्रायाणां च नयत्वात्। तथा च वृद्धा — जावइआ वयणपहा तावइया चेव हुंति नय वाया' इति। तथापि चिरन्तनाचार्यैं सर्वसंग्राहिसप्ताभिप्रायपरिकल्पनाद्वारेण सप्त नया प्रतिपादिता । तद्यथा—नैगमसंग्रहव्यवहारऋजुसूत्रशब्दसमभिरूढैवंभूता इति। कथमेषां सर्व संग्राहकत्वमिति चेत्। उच्यते। अभिप्रायस्तावद् अर्थद्वारेण शब्दद्वारेण वा प्रवर्तते गत्यन्तरा भावात्। तत्र ये केचनार्थनिरूपणप्रवणा प्रमात्रभिप्रायास्ते सर्वेऽपि आद्य नयचतुष्टयेऽन्तर्भव न्ति। ये च शब्दविचारचतुरास्ते शब्दादिनयत्रये इति ॥

तत्र नैगम सत्तालक्षण महासामान्यम् अवान्तरसामान्यानि च द्रव्यत्वगुणत्वकर्म-त्वादीनि तथान्त्यान् विशेषान् सकलासाधारणरूपलक्षणान्, अवान्तरविशेषांश्चापेक्षया पररूपव्यावर्तनक्षमान् सामान्यान् अत्यन्तविनिलुठितस्वरूपानभिप्रैति। इदं च स्वतन्त्रसामा न्यविशेषवादे क्षुण्णमिति न पृथक्प्रयत्न प्रवचनप्रसिद्धनिलयनप्रस्थदृष्टान्तद्वयं[2]गम्यश्चायम्।

निश्चय होनेपर उसका नयसे ज्ञान होता ह। वस्तुओंमें अनन्त धर्म होते हैं अतएव नय भी अनन्त होते हैं। वस्तुके अनन्त धर्मोंमेंसे वक्ताके अभिप्रायके अनुसार एक धर्मके कथन करनेको नय कहते है। वृद्धोंने कहा भी है— जितने प्रकारसे वचन बोल जा सकते हैं उतने ही नय होते हैं। फिर भी पूर्व आचार्योंने सबका संग्रह करनेवाले सात वचनोंकी कल्पना करके नैगम संग्रह व्यवहार ऋजुसूत्र शब्द समभिरूढ और एवंभूत इन सात नयोंका ही प्रतिपादन किया ह। अर्थ अथवा शब्दसे अपने अभिप्राय प्रगट किये जा सकते हैं। नैगम संग्रह व्यवहार ऋजुसूत्र ये चार अर्थका निरूपण करते हैं इसलिये अर्थनय कहे जाते हैं तथा शब्द समभिरूढ और एवंभूत नय शब्दका प्ररूपण करते हैं इसलिये शब्दनय कहे जाते हैं अतएव ये सात नय सर्वसंग्राहक हैं।

(१) नैगम नय सत्तारूप महा सामान्यको द्रव्यत्व गुणत्व कर्मत्व रूप अवान्तर सामान्यको असाधारण रूप विशेषको तथा पररूपसे व्यावृत और सामान्यसे भिन्न अवान्तर विशेषोको जानता है। यह नय सामान्य विशेषको ग्रहण करता है। नैगम नयका स्वरूप (चौदहवें श्लोकमें) सामान्य विशेषका निरूपण करते समय बताया गया है अतएव यहाँ अलग नहीं लिखा जाता। निलयन और प्रस्थ ये नैगम नयके दृष्टांत शास्त्रोंमें प्रसिद्ध हैं। (निलयन शब्दका अर्थ निवास स्थान होता ह। जैसे किसीने किसीसे पूछा आप कहाँ रहते हैं। उसने जबाब दिया कि मैं लोकमें रहता हूँ। लोकमें भी जम्बूद्वीप—भरतक्षेत्र—मध्यखण्ड—अमुक देश—अमुक नगर—अमुक घरमें रहता हूँ। नैगम नय इन सब विकल्पोंको जानता है। दूसरा दृष्टांत प्रस्थका है। धान्यको मापनेके पाव सेरके परिमाणको प्रस्थ कहते हैं। किसीने किसी आदमीको कुठार ले कर जंगलमें जाते हुए देखकर पूछा आप कहाँ जाते हैं? उस आदमीने जबाब दिया कि मैं प्रस्थ लेने जाता हूँ। ये दोनो नैगम नयके उदाहरण हैं।)

---

१ छाया–यावन्तो वचनपथास्तावन्त एव भवन्ति नयवादा । सन्मतितर्कप्रकरण ३–४७ ।

२ तत्र निलयन वसनमित्यनर्थान्तरम्। तद्दृष्टान्तो यथा—कश्चित् केनचित् पृष्ट क्व वसति भवान्? स प्राह—लोके। तत्रापि जम्बूद्वीपे तत्रापि भरतक्षेत्रे तत्रापि मध्यखण्डे तत्राप्येकस्मिन् जनपदे नगरे गृहे इत्यादीन् सर्वानपि विकल्पान् नैगम इच्छति ॥ प्रस्थको धान्यमानविशेषः। तद्दृष्टान्तो यथा—तद्योग्यं काष्ठं छेत्तुं वनं गच्छन्नवस्थायामपि तदनुकीर्तिक स्कन्धे कुठारं गृहमानीतमित्यादिसर्वास्वप्यवस्थासु नैगम प्रस्थकमिच्छति । हारिभद्रीयावश्यकटिप्पणे नयाधिकार ।

संग्रहस्तु अशेषविशेषतिरोधानद्वारेण सामान्यरूपतया विश्वमुपादत्त । एतच्च सामान्यैकान्तवादे प्राक् प्रपञ्चितम् ॥

व्यवहारस्त्वेवमाह यथा—लोकप्रतीतमेव वस्तु अस्तु किमनया अदृष्टाव्यवह्रियमाणवस्तु परिकल्पनकष्टपिष्टिकया । यदेव च लोक यवहारपथमवतरति तस्यैवानुग्राहकं प्रमाणमुपलभ्यते नेतरस्य । न हि सामान्यमनादिनिधनमेक संग्रहाभिमत प्रमाणभूमि, तथानुभवाभावात् । सर्वस्य सर्वदर्शित्वप्रसङ्गाच्च । नापि विशेषा परमाणुलक्षणा क्षणक्षयिण प्रमाणगोचरा, तथा प्रवृत्तेरभावात् । तस्माद् इदमेव निखिललोकाबाधित प्रमाणप्रसिद्ध कियत्कालभाविस्थूलतामाबिभ्राणमुदकाद्याहरणाद्यर्थक्रियानिर्वतनक्षमं घटादिक वस्तुरूप पारमार्थिकम् । पूर्वोत्तरकालभावितत्पर्यायपर्यालोचना पुनरज्यायसी तत्र प्रमाणप्रसराभावात् । प्रमाणम तरेण विचारस्य कर्तुमशक्यत्वात् । अवस्तुत्वाच्च तेषां किं तद्गोचरपर्यालोचनेन । तथाहि—पूर्वोत्तरकालभाविनो द्रव्यविवर्ता क्षणक्षयिपरमाणुलक्षणा वा विशेषा न कथचन लोक यवहारमुपरचयन्ति । तन्न ते वस्तुरूपाः । लोकव्यवहारोपयोगिनामेव वस्तुत्वात् । अत एव पन्था गच्छति कुण्डिका स्रवति गिरिर्दह्यते मञ्चा क्रोशन्ति इत्यादिव्यवहाराणां प्रामाण्यम् । तथा च वाचकमुख्यः— लौकिकसम उपचारप्रायो विस्तृतार्थो व्यवहार ' इति ॥

ऋजुसूत्र पुनरिद मन्यते—वर्तमानक्षणविवर्त्येव वस्तुरूपम् । नातीतमनागत च । अतीतस्य विनष्टत्वाद् अनागतस्यालब्धात्मलाभत्वात् खरविषाणादिभ्योऽविशिष्यमाणतया

---

(२) विशेषोकी अपेक्षा न करके वस्तुको सामान्यसे जाननको संग्रह नय कहते हैं । इसका निरूपण (चौथे पाँचवें श्लोकमें) सामान्य एकान्तका प्ररूपण करत समय किया जा चुका ह ।

(३) जितनी वस्तु लोकमें प्रसिद्ध है अथवा लोकव्यवहारम आती ह उन्हीको मानना ओर अदृष्ट और अव्यवहार्य वस्तुओकी कल्पना निष्प्रयोजन है । संग्रह नयसे जाना हुआ अनादि निधन रूप सामान्य व्यवहार नयका विषय नही हो सकता क्योकि इस सामान्यका सब साधारणको अनुभव नहीं होता । यदि इस सामान्यका सब लोगाको अनुभव होन लगे तो सब लोग सवज्ञ हो जाय । इसी प्रकार क्षण-क्षणम नष्ट होन वाले परमाणु रूप विशष भी प्रमाणके विषय नही हो सकते क्योंकि परमाण आदि सूक्ष्म पदाथ हमारे प्रत्यक्ष आदि प्रमाणके बाह्य हानसे हमारी प्रवृत्तिके विषय नही हैं । अतएव व्यवहार नयकी अपेक्षा कुछ समयके तक रहनेवाली स्थूल पर्यायका धारण करनवाला और जल धारण आदि क्रियाओके करनम समथ घट आदि वस्तु ही पारमार्थिक और प्रमाणसे सिद्ध ह क्योकि इनके माननेमें कोई लोक विरोध नही आता । इसलिये घटका ज्ञान करत समय घटकी पूव और उत्तर कालकी पर्यायोंका विचार करना व्यथ है क्योंकि सूक्ष्म पर्याय प्रमाणसे नही जानी जाती । तथा ये पूर्वोत्तर पर्याय अवस्तु हैं । पूर्व और उत्तर कालम होनेवाली द्रव्यकी पर्याय अथवा क्षण-क्षणम नाश होनवाले विशष रूप परमाणु लोकव्यवहारम उपयोगी न होनेसे अवस्तु हैं । क्योंकि जो लोकव्यवहारम उपयोगी होता ह उसे ही वस्तु कहते हैं । अतएव रास्ता जाता है कुड बहता है पहाड जलता है मच रोते हैं आदि व्यवहार भी लोकोपयोगी होनेसे प्रमाण हैं । वाचकमुख्यने कहा भी ह— लोकव्यवहारके अनुसार उपचरित अथको बतानेवाले विस्तृत अथको व्यवहार कहते हैं ।

(४) वस्तुकी अतीत और अनागत पर्यायोको छोडकर वर्तमान क्षणकी पर्यायोंको जानना ऋजुसूत्र नयका विषय है । वस्तुकी अतीत पर्याय नष्ट हो जाती है और अनागत पर्याय उत्पन्न नही होती इसलिये अतीत और अनागत पर्याय खरविषाणकी तरह सम्पूण सामर्थ्यसे रहित होकर कोई अथक्रिया नहीं कर

---

१ तत्त्वार्थाधिगमभाष्ये १ ३५ ।

सकलशक्तिविरहरूपत्वात् नार्थक्रियानिर्वर्तनक्षमत्वम् तदभावाच्च न वस्तुत्वं। "यदेवार्थ क्रियाकारि तदेव परमार्थसत्" इति वचनात्। वर्तमानक्षणालिङ्गित पुनर्वस्तुरूप समस्तार्थ क्रियासु व्याप्रियत इति तदेव पारमार्थिकम्। तदपि च निरंशम युगन्तव्यम् अंशव्याप्तयुक्ति-रिक्तत्वात्। एकस्य अनेकस्वभावतामन्तरेण अनेकस्यावयवव्यापनायोगात् अनेकस्वभावता एवास्तु इति चेत्। न। विरोधव्याघ्राघ्रातत्वात्। तथाहि—यदि एक स्वभाव कथमनेक अनेकश्चेत्कथमेक एकानेकयो परस्परपरिहारेणावस्थानात्। तस्मात् स्वरूपनिमग्ना परमाणव एव परस्परोपसर्पणद्वारेण कथंचिन्निचयरूपतामापन्ना निखिलकार्येषु व्यापारभाज इति त एव स्वलक्षणं न स्थूलतां धारयत् पारमार्थिकमिति। एवमस्याभिप्रायेण यदेव स्वकीय तदेव वस्तु न परकीयम् अनुपयोगित्वादिति ॥

शब्दस्तु रूढितो यावन्तो ध्वनय कस्मिंश्चिदर्थे प्रवर्तन्ते यथा इन्द्रशक्रपुरन्दरादय सुरपतौ तेषां सर्वेषामप्येकमर्थमभिप्रैति किल प्रतीतिवशाद्। यथा शब्दादव्यतिरेकोऽर्थस्य प्रतिपाद्यते तथैव तस्यैकत्वमनेकत्व वा प्रतिपादनीयम्। न च इन्द्रशक्रपुरन्दरादय पर्यायशब्दा विभिन्नार्थवाचितया कदाचन प्रतीयन्ते। तेभ्य सर्वदा एकाकारपरामर्शोत्पत्तेरस्खलितवृत्तितया तथैव व्यवहारदर्शनात्। तस्माद् एक एव पर्यायशब्दानामर्थ इति शब्यते आहूयतेऽनेनाभि प्रायेणार्थ इति निरुक्तात् एकार्थप्रतिपादनाभिप्रायेणैव पर्यायध्वनीनां प्रयोगात्। यथा चार्य पर्यायशब्दानामेकमर्थमभिप्रैति तथा तटस्तटी तटम् इति विरुद्धलिङ्गलक्षणधर्माभिसम्बन्धाद् वस्तुनो भेद चाभिधत्त। न हि विरुद्धधर्मकृतं भेदमनुभवतो वस्तुनो विरुद्धधर्मायोगो युक्त। एव सङ्ख्याकालकारकपुरुषादिभेदाद् अपि भेदोऽभ्युपगन्तव्य। तत्र सङ्ख्या एकत्वादि कालो ऽतीतादि कारक कर्त्रादि पुरुष प्रथमपुरुषादि ॥

सकती इसलिये अवस्तु है। क्योंकि अर्थक्रिया करनेवाला ही वास्तवमे सत् कहा जाता है। वर्तमान क्षणमें विद्यमान वस्तुसे ही समस्त अर्थक्रिया हो सकती है इसलिये यथार्थमें वही सत् है। अतएव वस्तुका स्वरूप निरंश मानना चाहिये क्योंकि वस्तुको अंश सहित मानना युक्तिसे सिद्ध नहीं होता। शंका—एक वस्तुके अनेक स्वभाव माने बिना वह अनेक अवयवोंमें नहीं रह सकती इसलिये वस्तुमें अनेक स्वभाव मानने चाहिये। समाधान—यह ठीक नहीं। क्योंकि यह माननेमें विरोध आता है। तथाहि—एक और अनेकमें परस्पर विरोध होनेसे एक स्वभाववाली वस्तुमें अनेक स्वभाव और अनेक स्वभाववाली वस्तुमें एक स्वभाव नहीं बन सकते। अतएव अपने स्वरूपमें स्थित परमाणु ही परस्परके संयोगसे कथंचित् समूह रूप होकर सम्पूर्ण कार्योंमें प्रवृत्त होते हैं। इसलिये ऋजुसूत्र नयकी अपेक्षा स्थूल रूपको धारण न करनेवाले स्वरूपमें स्थित परमाणु ही यथार्थमें सत् कहे जा सकते हैं। अतएव ऋजुसूत्र नयकी अपेक्षा निज स्वरूप ही वस्तु है पर स्वरूपको अनुपयोगी होनेके कारण वस्तु नहीं कह सकते।

(५) रूढिसे सम्पूर्ण शब्दोंके एक अर्थमें प्रयुक्त होनेको शब्द नय कहते हैं। जैसे शक्र पुरन्दर—इन्द्र आदि सब शब्द एक अर्थके द्योतक हैं। जैसे शब्द और अर्थका अभेद होता है वैसे ही उसके एकत्व और अनेकत्वका भी प्रतिपादन करना चाहिये। इन्द्र शक्र और पुरन्दर आदि पर्यायवाची शब्द कभी भिन्न अर्थका प्रतिपादन नहीं करते क्योंकि उनसे एक ही अर्थका ज्ञान होता है। अतएव इन्द्र आदि पर्यायवाची शब्दोंका एक ही अर्थ है। जिस अभिप्रायसे अर्थ कहा जाय उसे शब्द कहते हैं। अतएव सम्पूर्ण पर्यायवाची शब्दोंसे एक ही अर्थका ज्ञान होता है। जैसे इन्द्र शक्र और पुरन्दर परस्पर पर्यायवाची शब्द एक अर्थको द्योतित करते हैं वैसे ही तट तटी तटम् परस्पर विरुद्ध लिंगवाले शब्दोंसे पदार्थोंके भेदका ज्ञान होता है। इसी प्रकार संख्या—एकत्व आदि, काल—अतीत आदि कारक—कर्ता आदि और पुरुष—प्रथम पुरुष आदिके भेदसे शब्द और अर्थमें भेद समझना चाहिए।

समभिरूढस्तु पर्यायशब्दानां प्रविभक्तमेवार्थमभिमन्यते। तद्यथा इन्दनात् इन्द्रः। परमैश्वर्यम् इन्द्रशब्दवाच्य परमार्थतस्तद्वत्यर्थे अतद्वत्यर्थे पुनरुपचारतो वर्तते। न वा कश्चित् तद्वान्‌ सर्वशब्दानां परस्परविभक्तार्थप्रतिपादितया आश्रयाश्रयिभावेन प्रवृत्त्यसिद्धेः। एवं शकनात् शक्रः पूर्दारणात् पुरन्दर इत्यादिभिन्नार्थत्वं सर्वशब्दानां दर्शयति। प्रमाणयति च— पर्यायशब्दा अपि भिन्नार्थाः प्रविभक्तव्युत्पत्तिनिमित्तकत्वात्। इह ये ये प्रविभक्तव्युत्पत्तिनिमित्तकास्ते ते भिन्नार्थका यथा इन्द्रपशुपुरुषशब्दा। विभिन्नव्युत्पत्तिनिमित्तकाश्च पर्यायशब्दा अपि। अतो भिन्नार्था इति॥

एवंभूतः पुनरेवं भाषते—यस्मिन् अर्थे शब्दो व्युत्पाद्यते स व्युत्पत्तिनिमित्तम्। अर्थो यदैव प्रवर्तते तदैव तं शब्दं प्रवर्तमानमभिप्रैति न सामान्येन। यथा उदकाद्याहरणवेलायां योषिदादिमस्तकारूढो विशिष्टचेष्टावान् एव घटोऽभिधीयते न शेषः घटशब्दव्युत्पत्तिनिमित्तशून्यत्वात् पटादिवद् इति। अतीतां भाविनीं वा चेष्टामङ्गीकृत्य सामान्येनैवाऽन्यत्र इति चेत्। न। तयोर्विनष्टानुत्पन्नतया शशविषाणकल्पत्वात्। तथापि तद्द्वारेण शब्दप्रवर्तने सर्वत्र प्रवर्तयितव्य विशेषाभावात्। किंच यदि अतीतवर्त्स्यच्चेष्टापेक्षया घटशब्दोऽचेष्टावत्यपि प्रयुज्येत

---

(६) समभिरूढ नय पर्यायवाची शब्दोंमें भिन्न अर्थको द्योतित करता है। जैसे इन्द्र शक्र और पुरन्दर शब्दोंके पर्यायवाची होनेपर भी इन्द्रसे परम ऐश्वर्यवान (इन्दनात् इन्द्रः) शक्रसे सामर्थ्यवान (शकनात् शक्रः) और पुरन्दरसे नगरोंको विदारण करनेवाले (पूर्दारणात् पुरन्दरः) भिन्न भिन्न अर्थोंका ज्ञान होता है। वास्तवमें इन्द्र शब्दके कहनेसे इन्द्र शब्दका वाच्य (परम ऐश्वर्यवाले) में ही मिल सकता है। जिसमें परम ऐश्वर्य नहीं है उसे केवल उपचारसे ही इन्द्र कहा जा सकता है। इसलिये वास्तवमें जो परम ऐश्वर्यसे रहित है उसे इन्द्र नहीं कह सकते। अतएव परस्पर भिन्न अर्थको प्रतिपादन करनेवाले शब्दोंमें आश्रय और आश्रयी संबंध नहीं बन सकता। इसी तरह शक्र और पुरन्दर शब्द भी भिन्न अर्थको द्योतित करते हैं। अतएव भिन्न व्युत्पत्ति होनेसे पर्यायवाची शब्द भिन्न भिन्न अर्थोंके द्योतक हैं। जिन शब्दोंकी व्युत्पत्ति भिन्न भिन्न होती है वे शब्द भिन्न भिन्न अर्थोंके द्योतक होते हैं जैसे इन्द्र पशु और पुरुष शब्द। पर्यायवाची शब्द भी भिन्न व्युत्पत्ति होनेके कारण भिन्न अर्थको सूचित करते हैं।

(७) एवंभूत नय ऐसा कहता है—जिस अर्थको लेकर शब्दकी व्युत्पत्ति की जाती है वही अर्थ उस शब्दकी व्युत्पत्ति—प्रवृत्ति—का निमित्त होता है। जिस समय अर्थ प्रवृत्त होता है उस समय प्रवृत्त होता हुआ उसे अभिप्रेत होता है सामान्यतः नहीं। जैसे जल लानेके समय स्त्रियोंके सिरपर रक्खे हुए विशिष्ट क्रिया युक्त घडेको ही घट कह सकते हैं दूसरी अवस्थामें घडेको घट नहीं कहा जा सकता। क्योंकि जिस तरह पटको घट नहीं कहा जा सकता उसी तरह घडा भी जल लाने आदिकी क्रिया रहित अवस्थामें घट शब्दकी व्युत्पत्तिका निमित्त नहीं हो सकता। स्त्रियोंके सिर पर न रक्खे हुए और विशिष्ट क्रियासे रहित पदार्थकी अतीत और अनागत विशिष्ट चेष्टा—क्रिया—को स्वीकार कर वह दूसरा पदार्थ सामान्यतः घट कहा जाता है—यह कथन ठीक नहीं है। क्योंकि उस दूसरे पदार्थकी अतीतकालीन चेष्टा नाश होने अथवा अनागतकालीन चेष्टाके अनुत्पन्न होनेसे ये चेष्टाएं शशविषाणके सदृश होती हैं अर्थात् उनका अभाव होता है। दूसरे पदार्थकी अतीत चेष्टाका नाश अथवा अनागतकालीन चेष्टाकी अनुत्पत्ति होनेसे उन चेष्टाओंका अभाव होनेपर भी यदि उन चेष्टाओंके द्वारा उस दूसरे पदार्थको लेकर घट शब्द प्रवृत्त किया गया तो सभी पदार्थोंको लेकर घट शब्दका व्यवहार करना चाहिये—सभी पदार्थोंको घट कहना चाहिये। क्योंकि जिस प्रकार उस दूसरे पदार्थकी अतीत या अनागत चेष्टाओंका (शब्दप्रवर्तन कालमें) अभाव होता है उसी प्रकार (शब्दप्रवर्तन कालमें) अन्य सभी पदार्थोंकी अतीत या अनागत चेष्टाओंका अभाव होता है। (तात्पर्य यह है कि जब प्रवृत्तिनिमित्तका अभाव होनेपर भी एक पदार्थको लेकर घट शब्दका व्यवहार

तथा कपालमृत्पिण्डादावपि तत्प्रवर्तनं दुर्निवारं स्याद् विशेषाभावात्। तस्माद् यत्र क्षणे व्युत्पत्तिनिमित्तमविकलमस्ति तस्मिन् एव सोऽर्थस्तच्छब्दवाच्य इति ॥

अत्र संग्रहश्लोका —

"अन्यदेव हि सामान्यमभिन्नज्ञानकारणम्।
विशेषोऽप्यन्य एवेति मन्यते नैगमो नय ॥ १ ॥
सद्रूपतानतिक्रान्त स्वस्वभावमिद जगत्।
सत्तारूपतया सर्व सगृह्णन् संग्रहो मत ॥ २ ॥
व्यवहारस्तु तामेव प्रतिवस्तु व्यवस्थिताम्।
तथैव दृश्यमानत्वाद् व्यापारयति देहिन ॥ ३ ॥
तत्रर्जुसूत्रनीति स्याद् शुद्धपर्यायसंश्रिता।
नश्वरस्यैव भावस्य भावात् स्थितिवियोगत ॥ ४ ॥
विरोधिलिङ्गसंख्यादिभेदाद् भिन्नस्वभावताम्।
तस्यैव मन्यमानोऽय प्रत्यवतिष्ठते ॥ ५ ॥
तथाविधस्य तस्यापि वस्तुन क्षणवर्तिन।
ब्रूते समभिरूढस्तु सज्ञाभेदेन भिन्नताम् ॥ ६ ॥
एकस्यापि ध्वनेर्वाच्य सदा तन्नोपपद्यते।
क्रियाभेदेन भिन्नत्वाद् एवभूतोऽभिमन्यते" ॥ ७ ॥

किया जाता है तो प्रवृत्तिनिमित्त का अभाव होनपर अन्य सभी पदार्थोंको लेकर घट शब्दका व्यवहार क्यों न किया जाय ?) यदि अतीत या अनागत चेष्टाओंकी अपेक्षासे वर्तमानकालीन चेष्टा रहित उस दूसरे पदार्थको लेकर घट शब्द प्रयुक्त किया जाता है तो कपाल और मृत्पिडमे भी घट शब्दका प्रयोग करना दुर्निवार हो जायगा। क्योकि जिस प्रकार उस दूसरे पदार्थमे वर्तमानकालीन विशिष्ट चेष्टाका अभाव होता है तथा भूत अथवा भविष्य कालमे चेष्टाका सद्भाव होता है उसी प्रकार कपालमे भूतकालमे तथा मृत्पिडमे भविष्य कालमे चेष्टाका सद्भाव और वर्तमानकालीन चेष्टाका अभाव होता है। अतएव जिस क्षणमे किसी शब्दकी व्युत्पत्तिका निमित्त कारण भूत पदार्थ सम्पूर्ण रूपसे विद्यमान हो उसी क्षणमें वह पदार्थके द्वारा वाच्य होता है।

यहाँ सग्रह श्लोक है—

नैगम नयके अनुसार विशेष रहित सामान्य ज्ञानका कारणभूत (वस्तुगत) सामान्य भिन्न होता है और विशेष भी भिन्न होता है ॥ १ ॥

अपने-अपने स्वभावमे स्थित सभी पदार्थ हैं अस्तित्व धर्मको नही छोडते हैं। इन सभी पदार्थोंका सत्तारूपसे जो सग्रह करता है उसे संग्रह नय कहते हैं ॥ २ ॥

सत्ताके समान दिखाई देनवाली होनके कारण प्रत्येक वस्तुमे विद्यमान रहनेवाली उस सत्ताके लिये—अवान्तर सत्तावाले पदार्थोंके लिये—प्राणियोंको व्यवहार नय प्रवृत्त कराता है ॥ ३ ॥

स्थिति—ध्रौव्य—का अभाव (गौणत्व) होनेसे केवल नश्वर पर्यायका सद्भाव होनेके कारण अर्थ क्रियाकारी होनेसे पारमार्थिक पर्यायका आश्रयी ऋजुसूत्र नय होता है ॥ ४ ॥

परस्पर विरोधी लिंग सख्या आदिके भेदसे भिन्न भिन्न धर्मोको माननेवाला शब्द नय होता है ॥५॥

क्षणस्थायी वस्तुको भिन्न भिन्न सज्ञाओके भेदसे भिन्न मानना समभिरूढ नय है ॥ ६ ॥

वस्तु अमुक क्रिया करनेके समय ही अमुक नामसे कही जा सकती है वह सदा एक शब्दका वाच्य नहीं हो सकती इसे एवभूत नय कहते हैं ॥ ७ ॥

स्त एव च परामर्शा अभिप्रेतधर्मावधारणात्मकतया शेषधर्मतिरस्कारेण प्रवर्तमाना दुर्नयसंज्ञामश्नुवते । तद्बलप्रभाविततसत्ताका हि खल्वेते परप्रवादा । तथाहि—नैगमनयदर्शनानुसारिणौ नैयायिकवैशेषिकौ । संग्रहाभिप्रायवृत्ता सर्वेऽप्यद्वैतवादा सांख्यदर्शन च । व्यवहारनयानुपाति प्रायश्चार्वाकदर्शनम् । ऋजुसूत्राकूतप्रवृत्तबुद्धयस्ताथागता शब्दादिनयावलम्बिनो वैयाकरणादय ॥

उक्त च सोदाहरण नयदुर्नयस्वरूप श्रीदेवसूरिपादै । तथा च तद्ग्रन्थ — 'नीयते येन श्रुताख्यप्रमाणविषयीकृतस्य अर्थस्य अशस्तदितराशौदासीन्यत' स प्रतिपत्तुरभिप्रायविशेषो नय इति । स्वाभिप्रेताद् अशाद् इतरांशापलापी पुनर्नयाभास । स व्याससमासाभ्यां द्विप्रकार । व्यासतोऽनेकविकल्प [२] । समासतस्तु द्विभेदो द्रव्यार्थिक पर्यायार्थिकश्च [३] । आद्यो नैगमसंग्रह व्यवहारभेदात् त्रधा । धर्मयोर्धर्मिणोर्धर्मधर्मिणोश्च प्रधानोपसर्जनभावेन यद्विवक्षण स नैकगमो नैगम । सत् चैतन्यमात्मनीति धर्मयो । वस्तुपर्यायवद्द्रव्यमिति धर्मिणो । क्षणमेक सुखी विषयासक्तजीव इति धर्मधर्मिणो धर्मद्वयादीनामैकान्तिकपार्थक्याभिसन्धिर्नैगमाभास । यथा आत्मनि सत्त्वचैतन्ये परस्परमत्यन्त पृथग्भूते इत्यादि । सामान्यमात्रग्राही परामर्श संग्रह अयमुभयविकल्प परोऽपरश्च । अशेषविशेषेषु औदासीन्य भजमान शुद्धद्रव्य सन्मात्र

जिस समय य नय अन्य धर्मोंका निषेध करके केवल अपने एक अभीष्ट धर्मका ही प्रतिपादन करते हैं उस समय दुर्नय कहे जाते हैं। एकान्तवादी लोग वस्तुके एक धर्मको सत्य मान कर अन्य धर्मोंका निषेध करते हैं इसलिये व लोग दुर्नयवादी कहे जाते हैं। तथाहि—न्याय-वैशेषिक लोक नैगम नयका अनुकरण करते हैं अद्वैतवादी और सांख्य संग्रह नयको मानते हैं। चार्वाक लोग व्यवहार नयवादी हैं बौद्ध लोग केवल ऋजुसूत्र नयको मानते हैं तथा वैयाकरणी लोग शब्द आदि नयका ही अनुकरण करते हैं।

देवसूरि आचार्यने प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकारमे नय और दुर्नयका स्वरूप उदाहरण सहित प्रतिपादित किया है— श्रुतज्ञान प्रमाणसे जाने हुए पदार्थोंका एक अंश जान कर अन्य अंशोके प्रति उदासीन रहते हुए वक्ताके अभिप्रायको नय कहते हैं। अपने अभीष्ट धर्मके अतिरिक्त वस्तुके अन्य धर्मोंके निषेध करनेको नयाभास (दुर्नय) कहते हैं। संक्षेप और विस्तारके भेदसे नय दो प्रकारका है। विस्तारसे नयके अनेक भेद हैं। संक्षेपमे द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक—य नयके दो भेद हैं। द्रव्यार्थिक नयके नैगम संग्रह और व्यवहार तीन भेद हैं। (१) दो धर्म अथवा दो धर्मी अथवा एक धर्म और एक धर्मीमे प्रधान और गौणता की विवक्षाको नैकगम अथवा नैगम नय कहते हैं। (क) जैसे सत और चैतन्य दोनो आत्माके धर्म हैं। यहाँ सत् और चैतन्य दोनो धर्मोंमे चैतन्य विशेष्य होनसे प्रधान धर्म है और सत् विशेषण होनसे गौण धर्म है। (ख) पर्यायवान् द्रव्यको वस्तु कहते हैं। यहाँ द्रव्य और वस्तु दो धर्मियोमे द्रव्य मुख्य और वस्तु गौण है। अथवा पर्यायवान वस्तुको द्रव्य कहते हैं। यहाँ वस्तु मुख्य और द्रव्य गौण है। (ग) विषयासक्त जीव क्षणभरके लिये सुखी हो जाता है—यहाँ विषयासक्त जीव रूप धर्मी मुख्य और क्षणभरके लिये सुखी होना रूप धर्म गौण है। दो धर्म दो धर्मी अथवा एक धर्म और धर्मीमे सर्वथा भिन्नता दिखानेको नैगमाभास कहते हैं। जैसे (क) आत्मामे सत् और चैतन्य परस्पर भिन्न हैं (ख) पर्यायवान वस्तु और द्रव्य सर्वथा भिन्न

---

१ प्रमाणनयतत्त्वालोकालङ्कारे सप्तमपरिच्छेदे १–५३ ।

२ अनन्तांशात्मके वस्तुन्येकैकांशपर्यवसायिनो यावन्त प्रतिपत्तृणामभिप्रायास्तावन्तो नया । ते च नियत संख्यया संख्यातुं न शक्यन्त इति व्यासतो नयस्यानेकप्रकारत्वमुक्तम् ।

३ द्रवति द्रोष्यति अदुद्रुवत् तांस्तान् पर्यायानिति द्रव्य तदेवार्थ । सोऽस्ति यस्य विषयत्वेन स द्रव्यार्थिक । पर्यत्युत्पादविनाशौ प्राप्नोतीति पर्याय स एवार्थ । सोऽस्ति यस्यासौ पर्यायार्थिक ।

सर्वविकल्पसामान्यमात्रः परसंग्रहः । विश्वमेकं सदविशेषादिति यथा । सत्ताद्वैतं स्वीकुर्वाणः सकल-विशेषान् निराचक्षाणस्तदाभासः । यथा सत्तैव तत्त्वम् ततः पृथग्भूतानां विशेषाणामदर्शनात् । द्रव्यत्वादीनि अवान्तरसामान्यानि मन्वानस्तद्भेदेषु गजनिमीलिकामवलम्बमानः पुनरपरसंग्रहः । धर्माधर्माकाशकालपुद्गलजीवद्रव्याणामैक्यं द्रव्यत्वाभेदात् इत्यादिर्यथा । सद् द्रव्यत्वादिकं प्रतिजानानस्तद्विशेषान् निह्नुवानस्तदाभासः । यथा द्रव्यत्वमेव तत्त्वम् ततोऽर्थान्तरभूतानां द्रव्याणामनुपलब्धेरित्यादिः । संग्रहेण गोचरीकृतानामर्थानां विधिपूर्वकमवहरणं येनाभिसन्धिना क्रियते स व्यवहारः । यथा यत् सत् तद् द्रव्यं पर्यायो वेत्यादि । य पुनरपारमार्थिकद्रव्यपर्यायविभागमभिप्रैति स व्यवहाराभासः । यथा चार्वाकदर्शनम् ॥

पर्यायार्थिकश्चतुर्धा ऋजुसूत्रः शब्दः समभिरूढ एवंभूतश्च । ऋजु वर्तमानक्षणस्थायि पर्यायमात्रं प्राधान्यतः सूत्रयन्नभिप्रायः ऋजुसूत्रः । यथा सुखविवर्तः सम्प्रति अस्तीत्यादिः । सर्वथा द्रव्यापलापी तदाभासः । यथा तथागतमतम् । कालादिभेदेन ध्वनेरर्थभेदं प्रतिपद्यमानः शब्दः । यथा बभूव भवति भविष्यति सुमेरुरित्यादि । तद्भेदेन तस्य तमेव समर्थयमानस्तदाभासः । यथा बभूव भवति भविष्यति सुमेरुरित्यादयो भिन्नकाला शब्दा भिन्नमेव अर्थमभिदधति भिन्नकालशब्दत्वात् तादृक्सिद्धान्यशब्दवद् इत्यादि । पर्यायशब्देषु निरुक्तिभेदेन

हैं । (ग) सुख और जीव परस्पर भिन्न हैं । (२) विशेष रहित सामान्य मात्र जाननेवालेको संग्रह नय कहते हैं । पर और अपर सामान्यके भेदसे संग्रहके दो भेद हैं । सम्पूर्ण विशेषोंमे उदासीन भाव रखकर शुद्ध सत मात्रको जानना पर संग्रह है जैसे सामान्यसे एक विश्व ही सत है । सत्ताद्वैतको मानकर सम्पूर्ण विशेषोका निषेध करना परसंग्रहाभास है जैसे सत्ता ही एक तत्त्व है क्योंकि सत्तासे भिन्न विशेष पदार्थोंकी उपलब्धि नहीं होती । द्रव्यत्व पर्यायत्व आदि अवान्तर सामान्योको मानकर उनके भेदोंमे मध्यस्थ भाव रखना अपर संग्रह नय है जैसे द्रव्यत्वकी अपेक्षा धर्म अधर्म आकाश काल पुद्गल और जीव एक हैं । (इसी प्रकार पर्यायत्वकी अपेक्षा चेतन और अचेतन पर्याय एक हैं) । धर्म अधर्म आदिको केवल द्रव्यत्व रूपसे स्वीकार करके उनके विशेषोंके निषेध करनेको अपर संग्रहाभास कहते हैं जैसे द्रव्यत्व ही तत्त्व है क्योकि द्रव्यत्वसे भिन्न द्रव्योका ज्ञान नही होता । (३) संग्रह नयसे जाने हुए पदार्थोंमे योग्य रीतिसे विभाग करनेको व्यवहार नय कहते हैं । जैसे जो सत् है वह द्रव्य या पर्याय है । (यद्यपि संग्रह नयकी अपेक्षा द्रव्य और पर्याय सत्से अभिन्न हैं परन्तु व्यवहार नयकी दृष्टिसे द्रव्य और पर्यायको सत्से भिन्न माना गया है) । अपारमार्थिक द्रव्य और पर्यायके एकान्त भेद प्रतिपादन करनेको व्यवहाराभास कहते हैं जैसे चार्वाकदर्शन । (चार्वाक लोग जीव द्रव्यके पर्याय आदि न मानकर केवलभूत चतुष्टयको मानते हैं अतएव उनको व्यवहाराभास कहा गया है) ।

ऋजुसूत्र शब्द समभिरूढ और एवंभूत ये चार पर्यायार्थिक नयके भेद हैं । (१) वर्तमान क्षणकी पर्याय मात्रकी प्रधानतासे वस्तुका कथन करना ऋजुसूत्र है जैसे इस समय मैं सुखकी पर्याय भोगता हूँ । द्रव्यको सर्वथा निषेध करनेको ऋजुसूत्र नयाभास कहते हैं जैसे बौद्धमत । (बौद्ध लोग क्षण क्षणमें नाश होनेवाली पर्यायोंको ही वास्तविक मानकर पर्यायोंके आश्रित द्रव्यका निषेध करते हैं इसलिये उनका मत ऋजुसूत्र नयाभास है) । (२) काल कारक लिंग संख्या वचन और उपसर्गके भेदसे शब्दके अर्थमें भेद माननेको शब्द नय कहते हैं जैसे बभूव भवति भविष्यति (काल) करोति क्रियते (कारक) तटः तटी, तटं (लिंग) दारा, कलत्रम् (संख्या) एहि मन्ये रथेन यास्यसि न हि यास्यसि यातस्ते पिता (पुरुष), सन्तिष्ठते अवतिष्ठते (उपसर्ग) । काल आदिके भेदसे शब्द और अर्थको सर्वथा अलग माननेको शब्दनयाभास कहते हैं, जैसे सुमेरु था सुमेरु है और सुमेरु होगा आदि भिन्न-भिन्न कालके शब्द भिन्न कालके शब्द होनेसे भिन्न-भिन्न अर्थोंका ही प्रतिपादन करते हैं, जैसे अन्य भिन्न कालके शब्द । (३) पर्याय शब्दोंमें

भिन्नमर्थं समभिरोहन् समभिरूढः । इन्दनाद् इन्द्रः शकनाच्छक्रः पूर्दारणात् पुरन्दर इत्यादिषु यथा । पर्यायध्वनीनामभिधेयनानात्वमेव कक्षीकुर्वाणस्तदाभासः । यथेन्द्र शक्र पुरन्दर इत्यादय शब्दा भिन्नाभिधेया एव भिन्नशब्दत्वात् करिकुरङ्गतुरङ्गशब्दवद् इत्यादि । शब्दानां स्वप्रवृत्तिनिमित्तभूतक्रियाविशिष्टमर्थं वाच्यत्वेनाभ्युपगच्छन् एवभूत । यथेन्दनमनुभवन् इन्द्रः शकनक्रियापरिणत शक्र पूर्दारणप्रवृत्त पुरन्दर इत्युच्यते । क्रियानाविष्ट वस्तु न घट शब्दवाच्यम् घटशब्दप्रवृत्तिनिमित्तभूतक्रियाशून्यत्वात् पटवद् इत्यादि ॥

एतेषु चत्वार प्रथमेऽथनिरूपणप्रवणत्वाद् अथनया । शेषास्तु त्रय शब्दवाच्याथ गोचरतया शब्दनया । पूव पूर्वो नय प्रचुरगोचर पर परस्तु परिमितविषय । सन्मात्र गोचरात् सग्रहात् नैगमो भावाभावभूमिकत्वाद् भूमविषय । सद्विशेषप्रकाशकाद् व्यवहारत सग्रह समस्तसत्समूहोपदशकत्वाद् बहुविषय । वतमानविषयाद् ऋजुसूत्राद् व्यवहारस्त्रि कालविषयावलम्बित्वाद् अनल्पाथ । कालादिभेदेन भिन्नार्थोपदशिन शब्दादृजुसूत्रस्तद्विपरीत वेदकत्वाद् महाथ । प्रतिपर्यायशब्दमथभेदमभीप्सत समभिरूढात् शब्दस्तद्विपययानुयायित्वात् प्रभूतविषय । प्रतिक्रिय विभिन्नमथ प्रतिजानानाद् एवभूतात् समभिरूढस्तदन्यथाथस्थाप कत्वाद् महागोचर । नयवाक्यमपि स्वविषये प्रवतमान विधिप्रतिषधा या सप्तभङ्गामनु

निरुक्तिके भेदसे भिन्न अथको कहना समभिरूढ नय है जसे ऐश्वयवान् होनेम इन्द्र समथ होनस शक्र और नगरोंका नाश करनेवाला होनसे पुरन्दर कहना। पर्यायवाची शब्दोको सवथा भिन्न मानना समभिरूढ नयाभास है जैसे करि (हाथी) कुरग (हरिण) और तुरग शब्द परस्पर भिन्न है वसे ही इन्द्र शक्र और पुरन्दर शब्दोको सवथा भिन्न मानना । (४) जिस समय पदार्थोंम जो क्रिया होती हो उस समय उस क्रियाके अनुरूप शब्दोंसे अथके प्रतिपादन करनेको एवंभत नय कहत ह जसे परम एश्वयका अनुभव करत समय इन्द्र समथ होनके समय शक्र और नगरोका नाश करनक समय पुरन्दर कहना । पदाथम अमक क्रिया होनेके समयको छोडकर दूसरे समय उस पदाथको उसी शब्दसे नही कहना एवभत नयाभास ह जसे जिस प्रकार जल लाने आदिकी क्रियाका अभाव होनसे पटको घट नही कहा जा सकता वसे ही जल लान आदि क्रियाके अतिरिक्त समय घडेको घट नही कहना ।

सात नयोमें नैगम सग्रह व्यवहार और ऋजुसूत्र य चार नय अर्थका प्रतिपादन करनेके कारण अर्थनय कहे जाते हैं । बाकीके शब्द समभिरूढ और एवभत नय शब्दका प्रतिपादन करनसे शब्दनय कहे जाते ह । इन नयोम पहले पहले नय अधिक विषयवाल ह और आगे आगके नय परिमित विषयवाले ह । सग्रह नय सत् मात्रको जानता है और नैगम नय सामान्य और विशेष दोनोको जानता है इसलिय सग्रह नयकी अपेक्षा नगम नयका अधिक विषय ह । व्यवहार नय सग्रहसे जाने हुए पदार्थोंको विशेष रूपमे जानता है और सग्रह समस्त सामान्य पदार्थोंको जानता ह इसलिय सग्रह नयका विषय व्यवहार नयस अधिक है । व्यवहार नय तीनों कालोके पदार्थोंको जानता है और ऋजुसूत्रसे केवल वतमानकालीन पदार्थोंका ज्ञान होता है अतएव व्यवहार नयका विषय ऋजुसूत्रसे अधिक ह । शब्द नय काल आदिके भदसे वतमान पर्यायको जानता है ऋजुसूत्रमें काल आदिका कोई भेद नही इसलिय शब्द नयसे ऋजुसूत्र नयका विषय अधिक है । समभिरूढ नय इन्द्र शक्र आदि पर्यायवाची शब्दोका भी व्युत्पत्तिकी अपेक्षा भिन्न रूपसे जानता ह परन्तु शब्द नयम यह सूक्ष्मता नही रहती अतएव समभिरूढसे शब्द नयका विषय अधिक है । समभिरूढसे जाने हुए पदार्थोंम क्रियाके भेदसे वस्तुमें भेद मानना एवभूत है जसे समभिरूढकी अपेक्षा पुरन्दर और शचीपतिमे भेद होनेपर भी नगरोंका नाश करनकी क्रिया न करनेके समय भी पुरन्दर शब्द इन्द्रके अथम प्रयुक्त होता है परन्तु एवभूतकी अपेक्षा नगरोंका नाश करत समय ही इन्द्रको पुरन्दर नामसे कहा जा सकता है । अतएव एवभूतसे समभिरूढ नयका विषय अधिक है । प्रमाणके सात भगोकी तरह अपने विषयमें विधि और

प्रजति ।" इति । विशेषार्थिना नयानां नामान्वर्थविशेषलक्षणाक्षेपपरिहारादिचर्चस्तु भाष्य-महोदधिगन्धहस्तिटीका न्यायावतारादिग्रन्थेभ्यो निरीक्षणीयः ॥

प्रमाणं तु सम्यगर्थनिर्णयलक्षणं सर्वनयात्मकं । स्याच्छब्दलाञ्छितानां नयानामेव प्रमाणव्यपदेशभाक्त्वात् । तथा च श्रीविमलनाथस्तवे[2] श्रीसमन्तभद्रः—

'नयास्तव स्यात्पदलाञ्छना इमे रसोपविद्धा इव लोहधातवः ।
भवन्त्यभिप्रेतफला यतस्ततो भवन्तमार्या प्रणता हितैषिणः ॥' इति

तच्च द्विविधम् प्रत्यक्षं परोक्षं च । तत्र प्रत्यक्षं द्विधा सांव्यवहारिकं पारमार्थिकं च । सांव्यवहारिकं द्विविधम् इन्द्रियानिन्द्रियनिमित्तभेदात् । तद् द्वितयम् अवग्रहेहावायधारणा भेदाद् एकैकशश्चतुर्विकल्पम् । अवग्रहादीनां स्वरूपं सुप्रतीतत्वाद् न प्रतन्यते । पारमार्थिकं पुनरुत्पत्तौ आत्ममात्रापेक्षम्" ।[3] तद्द्विविधम् । क्षायोपशमिकं क्षायिकं च । आद्यम् अवधि मनःपर्यायभेदाद् द्विधा । क्षायिकं तु केवलज्ञानमिति ॥

परोक्षं च स्मृतिप्रत्यभिज्ञानोहानुमानागमभेदात् पञ्चप्रकारम् । 'तत्र संस्कारप्रबोध सम्भूतमनुभूतार्थविषयं तदित्याकारं वेदनं स्मृतिः । तत् तीर्थकरबिम्बमिति यथा । अनुभव स्मृतिहेतुकं तिर्यगूर्ध्वतासामान्यादिगोचरं संकलनात्मकं ज्ञानं प्रत्यभिज्ञानम् । यथा तज्जातीय

प्रतिषेधकी अपेक्षा नयके भी सात भंग होते है । नयोका विशेष लक्षण और नयोके ऊपर होनेवाले आक्षेपोंके परिहार आदिकी चर्चा तत्त्वार्थाधिगमभाष्यबृहद्वृत्ति गन्धहस्तिटीका न्यायावतार आदि ग्रन्थोसे जाननी चाहिये ।

सम्यक् प्रकारसे अर्थके निर्णय करने को प्रमाण कहते हैं । प्रमाण सर्वनय रूप होता है । नय वाक्योमे स्यात् शब्द लगाकर बोलनेका प्रमाण कहते है । श्री समन्तभद्रने स्वयभूस्तोत्रमे विमलनाथका स्तवन करते हुए कहा है—

जिस प्रकार रसोके संयोग से लोहा अभीष्ट फलका देनेवाला बन जाता है इसी तरह नयोमे स्यात् शब्द लगाने से भगवान्के द्वारा प्रतिपादित नय इष्ट फलको देते है इसीलिये अपना हित चाहने वाले लोग भगवान्के समक्ष प्रणत हैं ।

यह प्रमाण प्रत्यक्ष और परोक्षके भेदसे दो प्रकारका है । सांव्यवहारिक और पारमार्थिक—प्रत्यक्षके दो भेद हैं । सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष इन्द्रिय और मनसे पैदा होता है । इन्द्रिय और मनसे उत्पन्न होनेवाले सांव्यवहारिक प्रत्यक्षके अवग्रह ईहा अवाय और धारणा चार चार भेद हैं । अवग्रह आदिका स्वरूप सुप्रतीत होनसे यहाँ नहीं लिखा जाता । पारमार्थिक प्रत्यक्षकी उत्पत्तिमे केवल आत्माकी सहायता रहती है । यह क्षायोपशमिक और क्षायिकके भेदसे दो प्रकारका है । अवधिज्ञान और मनःपर्ययज्ञान क्षायोपशमिकके भेद हैं । केवलज्ञान क्षायिकका भेद है ।

स्मृति प्रत्यभिज्ञान ऊहा अनुमान और आगम—परोक्षके पाँच भेद है । संस्कारसे उत्पन्न अनुभव किये हुए पदार्थमे वह है इस प्रकारके स्मरण होनेको स्मृति कहते है जैसे वह तीर्थकरका प्रतिबिम्ब है । वर्तमानमे किसी वस्तुके अनुभव करनेपर और भूतकालमे देखे हुए पदार्थका स्मरण होनेपर तिर्यक् सामान्य

---

१ सिद्धसेनगणिविरचिततत्त्वार्थाधिगमभाष्यवृत्तिः । तदेव गन्धहस्तिटीका ।

२ बृहत्स्वयंभूस्तोत्रावल्यां विमलनाथस्तवे ६५ ।

३ प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकारे २–१ ४ ५ ६ १८ ।

४ कर्मणोदयप्राप्तकर्मणो विनाशेन सद्रुपशमे चिकस्मितोदयस्य क्षयोपशम ।

तज्जातीयो गोपिण्डः गोसदृशो गवयः स एवायं जिनदत्त इत्यादि। उपलम्भानुपलम्भसम्भवं त्रिकालीकलितसाध्यसाधनसम्बन्धाद्यालम्बनमिदमस्मिन् सत्येव भवतीत्याद्याकारं संवेदनम् ऊहस्तर्कापरपर्यायः। यथा यावान् कश्चिद् धूमः स सर्वो वह्नौ सत्येव भवतीति तस्मिन्नसति असौ न भवत्येवेति वा। अनुमानं द्विधा स्वार्थं परार्थं च। तत्रान्यथानुपपत्त्येकलक्षणहेतुग्रहणसंबन्धस्मरणकारणकं साध्यविज्ञानं स्वार्थम्। पक्षहेतुवचनात्मकं परार्थमनुमानमुपचारात्"। "आप्तवचनाद् आविर्भूतमर्थसंवेदनमागमः। उपचाराद् आप्तवचनं च" इति। स्मृत्यादीनां च विशेषस्वरूपं स्याद्वादरत्नाकरात् साक्षेपपरिहारं ज्ञेयमिति। प्रमाणान्तराणां पुनरर्थापत्त्युपमानसंभवप्रातिभैतिह्यादीनामत्रैव अन्तर्भावः। संनिकर्षादीनां तु जडत्वाद् एव न प्रामाण्यमिति। तदेवंविधेन नयप्रमाणोपन्यासेन दुर्नयमार्गस्त्वया खिलीकृत॥ इति काव्यार्थः॥ २८॥

(वर्तमान कालवर्ती एक जातिके पदार्थोंमें रहनेवाला सामान्य) और ऊर्ध्वता सामान्य (एक ही पदार्थके क्रमवर्ती सम्पूर्ण पर्यायोंमें रहनेवाला सामान्य) आदिको जाननेवाले संकलनात्मक ज्ञानको प्रत्यभिज्ञान कहते हैं, जैसे यह गोपिंड उसी जातिका है, यह गवय गौके समान है, यह वही जिनदत्त है आदि। उपलंभ और अनुपलंभसे उत्पन्न त्रिकालकलित साध्य साधनके संबंध आदिसे होनेवाले 'इसके होनेपर यह होता है' इस प्रकारके ज्ञानको ऊह अथवा तर्क कहते हैं, जैसे अग्निके होनेपर ही धूम होता है, अग्निके न होनेपर धूम नहीं होता। अनुमानके स्वार्थ और परार्थ दो भेद हैं। अन्यथानुपपत्ति रूप हेतु-ग्रहण करनेके संबंधके स्मरणपूर्वक साध्यके ज्ञानको स्वार्थानुमान कहते हैं। पक्ष और हेतु कह कर दूसरेको साध्यके ज्ञान करानेको परार्थानुमान कहते हैं। परार्थानुमानको उपचारसे अनुमान कहा गया है। आप्तके वचनसे पदार्थोंके ज्ञान करनेको आगम कहते हैं॥ उपचारसे आप्त वचनको प्रमाण कहा है। स्मृति आदिका विशेष स्वरूप और किये गये आक्षेपोंका परिहार स्याद्वादरत्नाकर आदि ग्रन्थोंसे जानना चाहिये। अर्थापत्ति उपमान संभव प्रातिभ आदि प्रमाणोंका अन्तर्भाव प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रमाणोंमें हो जाता है। सन्निकर्ष आदिको जड होनेके कारण प्रमाण नहीं कहा जा सकता। इस प्रकार आपने नय और प्रमाणका उपदेश देकर दुर्नयवादके मार्गका निराकरण किया है॥ यह श्लोक का अर्थ है॥ २८॥

भावार्थ—(१) किसी वस्तुके सापेक्ष निरूपण करनेको नय कहते हैं। प्रत्येक वस्तुमें अनन्त धर्म विद्यमान हैं। इन अनन्त धर्मोंमें किसी एक धर्मकी अपेक्षासे अन्य धर्मोंका निषेध न करके पदार्थोंका ज्ञान करना नय है। प्रमाणसे जाने हुए पदार्थोंमें ही नयसे वस्तुके एक अंशका ज्ञान होता है। शंका—नयसे पदार्थोंका निश्चय होता है, इसलिये नयको प्रमाण ही कहना चाहिये, नय और प्रमाणको अलग अलग कहनेकी आवश्यकता नहीं। समाधान—नयसे सम्पूर्ण वस्तुका नहीं, किन्तु वस्तुके एक देशका ज्ञान होता है। इसलिये जिस प्रकार समुद्रको एक बूंदको सम्पूर्ण समुद्र नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि यदि समुद्रको एक बूंदको समुद्र कहा जाय, तो शेष समुद्रके पानीको असमुद्र कहना चाहिये, अथवा समुद्रके पानीकी अन्य बूंदोंको भी समुद्र कहकर बहुतसे समुद्र मानने चाहिये। तथा समुद्रकी एक बूंदको असमुद्र भी नहीं कहा जा सकता; यदि समुद्रकी एक बूंदको असमुद्र कहा जाय तो शेष अंशको भी समुद्र नहीं कहा जा सकता। उसी प्रकार पदार्थोंके एक अंशके ज्ञान करनेको वस्तु नहीं कह सकते, अन्यथा वस्तुके एक अंशके अतिरिक्त वस्तुके अन्य धर्मोंको अवस्तु मानना चाहिये, अथवा वस्तुके प्रत्येक अंशको अवस्तु मानना चाहिये। तथा पदार्थोंके एक अंशके ज्ञान करनेको अवस्तु भी नहीं कह सकते, अन्यथा वस्तुके शेष अंशोंको भी अवस्तु मानना पड़ेगा। अतएव जिस प्रकार समुद्रकी एक बूंदको समुद्र अथवा असमुद्र नहीं कहा जा सकता, उसी तरह वस्तुके एक

---

१ प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकारे ३—३-२३।

२ प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकारे ४—१, २।

३ प्रत्यक्षजनक संबंध। यथा चाक्षुषप्रत्यक्षे चक्षुर्विषययोः संसर्गः।

क्योंकि अंशोंको प्रमाण अथवा अप्रमाण नहीं कहा जा सकता। इसलिये नयको प्रमाण और अप्रमाण [illegible] अलग मानना चाहिए।[1]

(२) जितने तरहके वचन हैं उतने ही नय हो सकते हैं। इसलिये नयके उत्कृष्ट भेद असंख्यात हो सकते हैं। इसलिये विस्तारसे नयोंका प्ररूपण नहीं किया जा सकता। एकसे लेकर नयोंके असंख्यात भेद किये गये हैं। (क) सामान्यसे शुद्ध निश्चय नयकी अपेक्षा नयका एक भेद[2] है (ख) सामान्य और विशेषकी अपेक्षा द्रव्यार्थिक (द्रव्यास्तिक) और पर्यायार्थिक (पर्यायास्तिक) ये नयके दो भेद हैं। सामान्य और विशेषको छोड़कर नयका कोई दूसरा विषय नहीं होता अतएव सम्पूर्ण नगम आदि नयोंका इन्हीं दो नयोंमें अन्तर्भाव हो जाता है।[3] (ग) संग्रह व्यवहार ऋजुसूत्र इन तीन अथनयोम शब्द नयको मिलाकर नयके चार भेद होते हैं।[4] (घ) नगम संग्रह व्यवहार ऋजुसूत्र और शब्द नयके भदसे नय पाँच प्रकारके होते हैं। यहाँ भाष्यकारने साप्रत समभिरूढ और एवभूतको शब्द नयके भेद स्वीकार किये हैं।[5] (ङ) जिस समय नैगम नय सामान्यको विषय करता है उस समय वह संग्रह नयम गर्भित होता है और जिस समय विशेषको विषय करता है उस समय व्यवहारम गर्भित होता है। अतएव नगम नयका संग्रह और व्यवहार नयमें अन्तर्भाव करके सिद्धसेन दिवाकरने छह नयोंको माना है।[6] (छ) नगम संग्रह व्यवहार ऋजुसूत्र शब्द समभिरूढ और एवभूतके भेदसे नयके सात भेद होते हैं। यह मान्यता श्वेताम्बर आगम परंपराम और दिगम्बर ग्रन्थोंमें पायी जाती है।[7] (ज) नगम संग्रह व्यवहार ऋजुसूत्र तथा साप्रत

---

१ नायं वस्तु न चावस्तु वस्त्वंशः कथ्यते बुधैः ।
नासमुद्रः समुद्रो वा समुद्रांशो यथैव हि ॥
तन्मात्रस्य समुद्रत्वे शेषांशस्यासमुद्रता ।
समुद्रबहुता वा स्यात् तत्त्वे क्वास्तु समुद्रवित् ॥ तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक १-६-५ ६।

२ (अ) सामान्यादेशतस्तावदेक एव नयः स्थितः ।
स्याद्वादप्रविभक्तार्थविशेषव्यंजनात्मकः ॥ तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक १-३३-२।
(आ) यदि वा शुद्धत्वनयान्नाप्युत्पादो व्ययोऽपि न ध्रौव्यम् ।
गुणश्च पर्यय इति वा न स्याच्च केवलं सदिति ॥ राजमल्लपंचाध्यायी १-२१६।

३ (अ) दव्वट्ठिओ य पज्जवणओ य सेसा वियप्पा सिं ।
(द्रव्यास्तिकश्च पर्यायनयश्च शेषा विकल्पास्तयोः) सन्मतितर्क १-३।
परस्परविविक्तसामान्यविशेषविषयत्वात् द्रव्यार्थिकपर्यायार्थिकावेव नयौ न च तृतीय प्रकारान्तरमस्ति यद्विषयोऽन्यस्ताभ्यां व्यतिरिक्तो नयः स्यात्। अभयदेव टीका।
(आ) संक्षेपाद् द्वौ विशेषेण द्रव्यपर्यायगोचरौ। तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक १ ३३ ३।

४ नैगमनयो द्विविधः सामान्यग्राही विशेषग्राही च। तत्र यः सामान्यग्राही स संग्रहेऽन्तर्भूतः विशेषग्राही तु व्यवहारे। तदेवं संग्रहव्यवहारऋजुसूत्रशब्दादित्रय चैक इति चत्वारो नयाः। समवायांग टीका।

५ नैगमसंग्रहव्यवहारर्जुसूत्रशब्दा नयाः। तत्त्वार्थाधिगम भाष्य १ ३४।

६ जो सामन्नगाही स नगमो संगह गओ अहवा ।
इयरो ववहारमिओ जो तेण समाणनिद्देसो ॥ विशेषावश्यक भाष्य ३९।
सिद्धसेनीया पुनः षडेव नयानभ्युपगतवन्तः। नैगमस्य संग्रहव्यवहारयोरन्तर्भावविवक्षणात्। विशेषावश्यक भाष्य ४५।

७ से किं तं णए ? सत्तमूलणया पण्णत्ता। तं जहा—णेगमे संगहे ववहारे उज्जुसुए सद्दे समभिरूढे एवंभूए। अनुयोगद्वारसूत्र। तथा स्थानांग सू० ५५२; [illegible] सू० ५९१।

समभिरूढ और एवंभूत ये शब्दके तीन विभाग करनेसे नयोंके आठ भेद होते हैं। (झ) नैगम संग्रह आदि सात प्रसिद्ध नयोंमें द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक नय मिला देनेसे नयोंकी संख्या नौ हो जाती है। इन नयोंके माननेवाले आचार्योंका खंडन द्रव्यानुयोगतर्कणामें मिलता है।[2] (ट) नैगमके नौ भेद करके संग्रह आदि छह नयोंको मिलानेसे नयोंके १५ भेद होते हैं।[3] (ठ) निश्चय नयके २८ और व्यवहार नयके ८ भेद मिलाकर नयोंके ३६ भेद होते हैं।[4] (ड) प्रत्येक नयके सौ सौ भेद करनेपर नैगम संग्रह व्यवहार ऋजुसूत्र और शब्द इन पाँच नयोंके माननेसे नयोंके पाँच सौ और सात नय माननेसे नयोंके सात सौ भेद होते हैं।[5] (ढ) जितने प्रकारके वचन होते हैं उतने ही नय हो सकते हैं इसलिये नयके असंख्यात भेद हैं।

(३)—(१) (क) सामान्य और विशेष पदार्थोंको ग्रहण करता नैगम नय है। यह लक्षण मल्लिषेण सिद्धर्षि जिनभद्रगणि क्षमाश्रमण अभयदेव आदि श्वेताम्बर आचार्योंके ग्रन्थोंमें मिलता है।[6] (ख) दो धर्म अथवा दो धर्मी अथवा एक धर्म और एक धर्मीमें प्रधान और गौणताकी विवक्षा करनेको नैगम कहते हैं। नैगम नयका यह लक्षण देवसूरि विद्यानन्दि यशोविजय आदिके ग्रन्थोंमें पाया जाता है।[7] (ग) जिसके द्वारा लौकिक अर्थका ज्ञान हो उसे नैगम कहते हैं। यह लक्षण जिनभद्रगणि सिद्धसेनगणि आदि आचार्योंके ग्रन्थोंमें मिलता है। (घ) संकल्प मात्रके ग्रहण करनेको नैगम कहते हैं। जैसे किसी पुरुषको प्रस्थ (पाँच सेरका परिमाण) बनानेके लिये जंगलमें लकड़ी लेने जाते हुए देखकर किसीने पूछा तुम कहाँ जा रहे हो? उस आदमीने उत्तर दिया कि वह प्रस्थ लेने जा रहा है। पूज्यपाद अकलंक विद्यानंदि आदि दिगम्बर आचार्योंको यही लक्षण मान्य है। (प्रस्थका उदाहरण नैगम नयके वर्णनमें हरिभद्रके आवश्यकटिप्पणमें भी दिया गया है)। नैगमके नौ भेद हैं। आरंभमें पर्याय नैगम द्रव्य नैगम द्रव्य पर्याय नैगम—ये नैगमके तीन भेद हैं। इनमें अर्थ-पर्याय नैगम व्यंजन पर्याय नैगम और अर्थ व्यंजन पर्याय नैगम—ये पर्याय नैगमके तीन भेद हैं। शुद्ध द्रव्य नैगम और अशुद्ध द्रव्य नैगम—ये द्रव्य नैगमके दो भेद हैं। तथा शुद्ध द्रव्यार्थ पर्याय नैगम शुद्ध द्रव्य व्यंजन पर्याय नैगम अशुद्ध द्रव्यार्थ द्रव्य व्यंजन पर्याय नैगम—ये चार द्रव्य पर्याय नैगमके भेद हैं। इन सबको मिलानेसे नैगमके नौ भेद होते हैं। न्याय वैशेषिकोंका नैगमाभासमें अन्तर्भाव होता है। (२) विशेषोंकी अपेक्षा न करके वस्तुको सामान्य रूपसे जाननेको संग्रह नय कहते हैं जैसे जीव कहनेसे त्रस स्थावर आदि सब प्रकारके जीवोंका ज्ञान होता है। संग्रह नय पर संग्रह और अपर संग्रहके भेदसे दो प्रकारका है। सत्ताद्वैतको मानकर सम्पूर्ण

---

१ तत्त्वार्थाधिगम भाष्य १—३४ ३५।

२ यदि पर्यायद्रव्यार्थनयौ भिन्नौ विलोकितौ।
अर्पितानर्पिताभ्यां तु स्युर्नकादश तत्कथम् ॥ द्रव्यानुयोगतर्कणा ८—११।

३ तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक १ ३३ ४८।

४ देवसेनसूरि नयचक्रसंग्रह १८६ १८७ १८८।

५ इक्किक्को य सयविहो सत्तनयसया हवंति एमेव।
अन्नो विय आएसो पंचेव सया नयाणं तु ॥ विशेषावश्यक भाष्य २२६४।

६ ये परस्परविशकलितौ सामान्यविशेषाविच्छन्ति तत्समुदायरूपो नैगमः। सिद्धर्षि न्यायावतार टीका।

७ यद्वा नैकं गमो योऽत्र सतता नैगमो मतः।
धर्मयोर्धर्मिणो वापि विवक्षा धर्मधर्मिणोः ॥ तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक १—३३—२१।

८ निगम्यन्ते परिच्छिद्यन्ते इति लौकिका अर्था तेषु निगमेषु भवो योऽध्यवसाय ज्ञानाख्यः स नैगमः।
सिद्धसेनगणि तत्त्वार्थ टीका।

९ अर्थसंकल्पमात्रग्राही नैगमः। पूज्यपाद सर्वार्थसिद्धि पृ ७८।

विशेषोंके निषेध करनेको संग्रहाभास कहते हैं। अद्वैत वेदान्तियों और सांख्योंका संग्रहाभासमे अन्तर्भाव होता है। (३) संग्रह नयसे जाने हुए पदार्थोंके योग्य रीतिसे विभाग करनेको व्यवहार नय कहते हैं जसे जो सत् है वह द्रव्य या पर्याय है। इसके सामान्य भदक और विशेष भदकके भदसे दो भद हैं। द्रव्य और पर्यायके एकान्तभेदको मानना व्यवहारभास है। इसम चार्वाक दशन गर्भित होता है। (४) वस्तुकी अतीत और अनागत पर्यायको छोडकर वतमान क्षणकी पर्यायको जानना ऋजुसूत्र नय है जैसे इस समय में सुखकी पर्याय भोग रहा हूँ। सूक्ष्म ऋजुसूत्र और स्थूल ऋजुसूत्रके भदसे ऋजसूत्रके दो भेद हैं। केवल क्षण-क्षणम नाश होनेवाली पर्यायोको मानकर पर्यायक आश्रित द्रव्यका सवथा निषध करना ऋजुसूत्र नयाभास है। बौद्ध दशन इसम गर्भित होता है। (५) पर्यायवाची शब्दोम भी काल कारक लिंग संख्या पुरुष और उपसर्गके भेदसे अथभेद मानना शब्द नय ह जसे आप जलका पर्यायवाची होनपर भी जलकी एक बूदके लिये आप् का प्रयोग नही करना विरमत और विरमति पर्यायवाची होनपर भी दूसरेके लिये विरमति परस्मैपदका प्रयोग और अपन लिये विरमते आत्मनपदका प्रयोग करना काल आदिके भेदसे शब्द और अर्थको सर्वथा भिन्न मानना शब्दाभास है (६) पर्यायवाची शब्दोमें व्युत्पत्तिके भेदसे अथभेद मानना समभिरूढ नय है, जसे इन्द्र शक्र और पुरन्दर इन शब्दोंक पर्यायवाची होनेपर भी ऐश्वयवानको इन्द्र सामथ्यवानको शक्र और नगरोके नाश करनवालेको पुरन्दर कहना। पर्यायवाची शब्दोको सवथा भिन्न मानना समभिरूढाभास है (७) जिस समय पदार्थोंम जो क्रिया होती हो उस समय क्रियाके अनुकूल शब्दोसे अथके प्रतिपादन करनेको एवभूत नय कहत हैं जसे पूजा करत समय पुजारी और पढत समय विद्यार्थी कहना। जिस समय पदाथम जो क्रिया होती है उस समयको छोडकर दूसर समय उस पदाथको उस नामस नहीं कहना एवभूत नयाभास है जैसे जल लानके समय ही घडको घट कहना दूसरे समय नही।

(४) (क) सात नयोको द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक दो विभागोम विभक्त किया जा सकता है।[1] नगम सग्रह और व्यवहार नय य तीन नय द्रव्यार्थिक हैं क्योकि ये द्रव्यकी अपेक्षा वस्तुका प्रतिपादन करते ह। तथा ऋजसूत्र शब्द समभिरूढ और एवभूत य चार नय पर्यायार्थिक है क्योकि ये वस्तुम पर्यायकी प्रधानताका ज्ञान करते है। (ख) नगम सग्रह व्यवहार ऋजुसूत्र—ये चार अथनय हैं। इनम शब्दके लिंग आदि बदल जानपर भी अथम अन्तर नही पडता इसलिए अथकी प्रधानता होनसे य अथनय कहे जाते हैं। शब्द समभिरूढ और एवभूत नयोमे शब्दोके लिंग आदि बदलनपर अथमें भी परिवतन हो जाता है इसलिये शब्दकी प्रधानतासे य शब्दनय कहे जाते ह। (ग) नय व्यवहार और निश्चय नयम भी विभक्त हो सकते हैं। एवभूतका विषय सब नयोकी अपेक्षा सूक्ष्म है इसलिय एवभूतको निश्चय और बाकीके छह नयोंको व्यवहार नय कहत ह। (घ) सात नयोके ज्ञाननय और क्रियानय विभाग भी हो सकत हैं। य नय सत्यका विचार करत हैं इसलिये ज्ञानदृष्टिकी प्रधानता होनके कारण ज्ञाननय और क्रियादृष्टिकी प्रधानता होनेसे क्रियानय कहे जात ह। नगम आदि नय उत्तरोत्तर सूक्ष्म-सूक्ष्म विषयको जानत ह।

---

१ तार्किकाणा त्रयो भेदा आद्या द्रव्यार्थिनो मता।
सैद्धान्तिकाना चत्वार पर्यायाथगता परे॥ यशोविजय नयोपदेश १८।

यहाँ जैन शास्त्रोंम दो परम्परायें दृष्टिगोचर होती हैं। पहली परम्पराके अनुसार द्रव्यास्तिकके नैगम आदि चार और पर्यायास्तिकके शब्द आदि तीन भेद ह। इस सैद्धातिक परम्पराके अनुयायी जिनभद्रगणि, विनयविजय, देवसेन आदि आचार्य ह। दूसरी परम्परा तार्किक विद्वानोकी है। इसके अनुसार द्रव्यास्तिकके नैगम आदि तीन और पर्यायास्तिकके ऋजुसूत्र आदि चार भेद हैं। इसके अनुयायी सिद्धसेन दिवाकर माणिक्यनन्दि, वादिदेवसूरि, विद्यानन्दि, प्रभाचन्द्र यशोविजय आदि विद्वान् हैं।

इदानीं सप्तद्वीपसमुद्रमात्रो[1] लोक इति वावदूकानां तन्मात्रलोके परिमितानामेव सत्त्वानां सम्भवात् परिमितात्मवादिनां दोषदर्शनमुखेन भगवत्प्रणीतं जीवानन्त्यवादं निर्दोषतयाभिष्टुवन्नाह—

मुक्तोऽपि वाभ्येतु भवम् भवो वा भवस्थशून्योऽस्तु मितात्मवादे ।
षड्जीवकाय त्वमनन्तसंख्यमाख्यस्तथा नाथ यथा न दोषः ॥ २९ ॥

मितात्मवादे संख्यातानामात्मनामभ्युपगमे दूषणद्वयमुपतिष्ठते । तत्क्रमेण दर्शयति । मुक्तोऽपि वाभ्येतु भवमिति । मुक्तो निर्वृतिमाप्तः । सोऽपि वा । अपिर्विस्मये । वाशब्द उत्तरदोषापेक्षया समुच्चयार्थः यथा देवो वा दानवो वेति । भवमभ्येतु संसारमभ्यागच्छतु । इत्येको दोषप्रसङ्गः । भवो वा भवस्थशून्योऽस्तु । भवः संसारः स वा भवस्थशून्यः संसारिजीवैर्विरहितोऽस्तु भवतु । इति द्वितीयो दोषप्रसङ्गः ॥

इदमत्र आकूतम् । यदि परिमिता एव आत्मानो मन्यन्ते तदा तत्त्वज्ञानाभ्यासप्रकर्षादिक्रमेणापवर्गं गच्छत्सु तेषु संभाव्यते खलु स कश्चित्कालो यत्र तेषां सर्वेषां निर्वृतिः । कालस्यानादिनिधनत्वाद् आत्मनां च परिमितत्वात् संसारस्य रिक्तता भवन्ती केन वार्यताम् । समुपलभ्यते हि प्रतिनियतसलिलपटलपरिपूरिते सरसि पवनतपनातपजनादञ्चनादिना कालान्तरे रिक्तता । न चायमर्थः प्रामाणिकस्य कस्यचिद् प्रसिद्धः । संसारस्य स्वरूपहानिप्रसङ्गात् । तत्स्वरूपं हि एतद् यत्र कर्मवशवर्तिनः प्राणिनः संसरन्ति समासाद्य संसरिष्यन्ति चेति । सर्वेषां च निर्वृतत्वे संसारस्य वा रिक्तत्वं हठादभ्युपगन्तव्यम् । मुक्तैर्वा पुनर्भवे आगन्तव्यम् ॥

सात द्वीप और सात समुद्र मात्रको लोक माननेवाले वादियोंके मतम जीवोकी संख्या भी परिमित ही हो सकती है । अतएव जीवों की परिमित संख्या माननेवाले वादियोंके मतको सदोष सिद्ध करके जिन भगवान् द्वारा प्रतिपादित जीवोकी अनन्ताको निर्दोष सिद्ध करते हैं—

श्लोकार्थ—जो लोग जीवोंको अनन्त नहीं मान कर जीवोकी संख्या परिमित मानते हैं उनके मतमें मुक्त जीवोको फिरसे संसारमें जन्म लेना चाहिये अथवा यह संसार किसी दिन जीवोसे खाली हो जाना चाहिये । हे भगवन् आपने छहकायके जीवोको अनन्त माना है इसलिए आपके मतम उक्त दोष नहीं आते ।

व्याख्यार्थ—जीवोको संख्यात माननेमें दूषण द्वयका प्रसंग उपस्थित होता है—मुक्त जीवोंको संसारमें फिरसे लौट कर आना चाहिये अथवा यह संसार किसी दिन संसारी जीवोसे शून्य हो जाना चाहिये । श्लोकमें अपि शब्द विस्मय अर्थमें है और वा शब्द उत्तर दोषोका समुच्चय करता है ।

यदि जीवोको परिमित माना जाय तो तत्त्वज्ञानके अभ्यासकी प्रकृष्टता होनेपर किसी समय सम्पूर्ण जीवोंको मोक्ष मिल जाना चाहिये क्योकि काल अनादिनिधन है और जीवोंकी संख्या परिमित है । अतएव जिस प्रकार जलसे परिपूर्ण तालाब वायु और सूर्यकी गरमीसे जलसे शून्य हो जाता है उसी तरह कालके अनादिनिधन होनसे और जीवोके संख्यात होनसे किसी समय यह संसार जीवोंसे शून्य हो जाना चाहिये । संसारका जीवोंसे शून्य होना किसी भी प्रामाणिक पुरुषने नहीं माना है क्योकि इससे संसार नष्ट हो जाता है । जहाँ जीव कर्मोंके वश होकर परिभ्रमण करते हैं अथवा परिभ्रमण करेंगे उसे संसार कहते हैं । अतएव सम्पूर्ण संसारी जीवोंका मोक्ष माननेसे संसारको प्राणियोसे शून्य मानना ही चाहिये अथवा मुक्त जीवोंको फिरसे संसारमें जन्म लेना चाहिये ।

---

१ वैदिकमते जम्बुप्लक्षशाल्मलिकुशक्रौञ्चशाकपुष्कराः इति सप्तद्वीपाः लवणेक्षुसुरासर्पिर्दधिदुग्धजलार्णवाः इति सप्तसमुद्राश्च बौद्धमते जम्बुपूर्वविदेहावरगोदानीयोत्तरकुरवः इति चतुर्द्वीपाः सप्त सीताश्च जैनमते असंख्याताः द्वीपसमुद्राः इति ।

न च क्षीणकर्मणां भवाधिकारः ।

'दग्धे बीजे यथात्यन्तं प्रादुर्भवति नाङ्कुरः ।
कर्मबीजे तथा दग्धे न रोहति भवाङ्कुरः ॥'[1]

इति वचनात् । आह च पतञ्जलिः—'सति मूले तद्विपाको जात्यायुर्भोगाः'[2] इति । तट्टीका[3] च—'सत्सु क्लेशेषु कर्माशयो विपाकारम्भी भवति नोच्छिन्नक्लेशमूलः । यथा तुषावनद्धाः शालितण्डुला अदग्धबीजभावाः प्ररोहसमर्था भवन्ति नापनीततुषा दग्धबीजभावा । तथा क्लेशावनद्धः कर्माशयो विपाकप्ररोही भवति । नापनीतक्लेशो न प्रसंख्यानदग्धक्लेशबीजभावो वेति । स च विपाकस्त्रिविधो जातिरायुर्भोग" इति । अक्षपादोऽप्याह—न प्रवृत्तिः प्रतिसन्धानाय हीनक्लेशस्य[4] इति ॥

एवं विभङ्गज्ञानिशिवराजर्षिमतानुसारिणो दूषयित्वा उत्तरार्द्धेन भगवदुपज्ञमपरिमितात्मवादं निर्दोषतया स्तौति । षड्जीवेत्यादि । त्वं तु हे नाथ तथा तेन प्रकारेण अनन्तं संख्यमनन्तसंख्यसंख्याविशेषयुक्तं षड्जीवकायम् । अजीवन् जीवन्ति जीविष्यन्ति चेति जीवा इन्द्रियादिद्रव्यभावप्राणधारणयुक्ताः तेषां संघ वानूर्ध्वे[5] । इति चिनोतेर्घञि आदेश्च कत्वे कायः समूहः जीवकायः पृथिव्यादयः षण्णां जीवकायानां समाहारः षड्जीवकायम् । पात्रादिदर्शनाद् नपुंसकत्वम् । अथवा षण्णां जीवानां कायः प्रत्येकं संघातः षड्जीवकायस्तं षड्जीवकायम् । पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतित्रसलक्षणषड्जीवनिकायम् । तथा तेन प्रकारेण ।

जिन जीवोंके कर्म नष्ट हो गये हैं वे फिरसे संसारमें नहीं आते । कहा भी है—

"जिस प्रकार बीजके जल जानेपर बीजसे अंकुर नहीं पैदा हो सकता उसी तरह कर्मबीजके जल जानेपर संसार रूपी अंकुर उत्पन्न नहीं हो सकता ।"

पतंजलिने कहा है— मूलके रहनेपर ही जाति आयु और भोग होते हैं । टीकाकार व्यासने कहा है— क्लेशोंके होनेपर ही कर्मोंकी शक्ति फल दे सकती है क्लेशके उच्छेद होनेपर कर्म फल नहीं देते । जिस प्रकार छिलकेसे युक्त चावलोंसे अंकुर पैदा हो सकते हैं छिलका उतार देनेसे चावलोंमें पैदा होनेकी शक्ति नहीं रहती उसी प्रकार क्लेशोंसे युक्त कर्मशक्ति फल देती है क्लेशोंमें नष्ट हो जानेपर कर्मशक्तिमें विपाक नहीं होता । यह विपाक जाति आयु और भोगके भेदसे तीन प्रकारका है । अक्षपाद ऋषिने भी कहा है— जिसके क्लेशोंका क्षय हो गया है उसकी प्रवृत्ति बंधका कारण नहीं होती ।

इस प्रकार विभंगज्ञानी शिवराज महर्षिके अनुयायियोंकी मान्यता सदोष सिद्ध करके जिन भगवानके कहे हुए अनन्त जीववादको निर्दोष सिद्ध करते हैं । जो भूतकालमें जीते थे वर्तमानमें जीते हैं और भविष्यमें जीयेंगे उन्हें जीव कहते हैं । ये जीव इन्द्रिय आदि दस द्रव्य प्राणोंको और ज्ञान आदि भाव प्राणोंको धारण करते हैं । जीवोंके समूहको जीवकाय कहते हैं । यहाँ संघे चानूर्ध्वे सूत्रसे चि धातुसे घञ् प्रत्यय होनेपर च के स्थानमें क हो जानेसे काय शब्द बनता है । पृथिवी अप तेज वायु वनस्पति और त्रस इन छह प्रकारके जीवोंको षटकाय जीव कहा है । यहाँ पात्र आदि शब्दोंमें षड

---

१ तत्त्वार्थाधिगमभाष्ये १ ७ ।
२ पातञ्जलसूत्रे २– ३ ।
३ व्यासभाष्ये । २–१३ ।
४ गौतमसूत्रे ४–१–६४ ।
५ हैमसूत्रे ५–३–८० ।

आख्य' मर्यादा प्ररूपितवान्। यथा येन प्रकारेण न दोषो दूषणमिति। आख्यपेक्षमेकवचनम्। प्रागुक्तदोषद्वयजातीया अन्येऽपि दोषा यथा न प्रादुष्ष्यन्ति तथा त्व जीवानन्त्यमुपदिष्टवानित्यर्थः। आख्य इति आङ्पूर्वस्य ख्यातेरङि सिद्धि। त्वमित्येकवचन चद ज्ञापयति यद् भगवद्गुरोरेव एकस्येदक्प्ररूपणसामर्थ्यं न तीर्थान्तरशास्तॄणामिति ॥

पृथिव्यादीनां पुनर्जीवत्वमित्थं साधनीयम्। यथा सात्मिका विद्रुमशिलादिरूपा पृथिवी, छेदे समानधातूत्थानाद् अर्शोऽङ्कुरवत्। भौममम्भोऽपि सात्मकम् क्षतभूसजातीयस्य स्वभावस्य सम्भवात् शालूरवत्। आन्तरिक्षमपि सात्मकम् अभ्रादिविकारे स्वत' सम्भूय पातात् मत्स्यादिवत्। तेजोऽपि सात्मकम् आहारोपादानेन वृद्ध्यादिविकारोपलम्भात् पुरुषाङ्गवत्। वायुरपि सात्मकः अपरप्रेरितत्वे तिर्यग्गतिमत्त्वाद् गोवत्। वनस्पतिरपि सात्मक अपरप्रेरितत्वे तिर्यग्गतिमत्त्वाद् गोवत्। वनस्पतिरपि सात्मक छेदादिभिर्म्लान्यादिदर्शनात् पुरुषाङ्गवत्। केषाञ्चित् स्वापाङ्गनोपश्लेषादिविकाराच्च[2]। अपकर्षतश्चैतन्याद् वा सर्वेषां सात्मकत्वसिद्धि। आप्तवचनाच्च। त्रसेषु च कृमिपिपीलिकाभ्रमरमनुष्यादिषु न केषाञ्चित् सात्मकत्वे विगानमिति।

यथा च भगवदुपक्रमे जीवानन्त्ये न दोषस्तथा दिङ्मात्र भाव्यते। भगवन्मत हि

जीवकाय शब्दको मान कर समासमे षड्जीवकाय नपुंसक लिंग बनाया है। अथवा समूह अर्थमे समास न करके छह प्रकारके जीवोका सघात अर्थ करके षड्कायजीव पुल्लिगान्त समास बनाना चाहिये। अतएव जिन भगवान्ने ही निर्दोष रीतिसे जीवोको अनन्त स्वीकार किया है दूसरे वादियोने नही। आङ् पूर्वक ख्या धातुसे अङ् प्रत्यय लगानेपर आख्य क्रियापद बनता है।

(१) मूगा पाषाण आदिरूप पृथिवी सजीव है क्योकि अर्शके अकुरकी तरह पृथिवीके काटनेपर वह फिरसे उग आती है। (२) पृथिवीका जल सजीव है क्योकि मेढककी तरह जलका स्वभाव खोदी हुई पृथिवीके समान है। आकाशका जल भी सजीव है क्योकि मछलीकी तरह बादलके विकार होनेपर वह स्वत ही उत्पन्न होता है। (३) अग्नि भी सजीव है क्योकि पुरुष के अगोकी तरह आहार आदिके ग्रहण करनेसे उसमे वृद्धि होती है। (४) वायुमे भी जीव है क्योंकि गौकी तरह वह दूसरेसे प्रेरित होकर गमन करती है। (५) वनस्पतिमे भी जीव है क्योकि पुरुषके अगोकी तरह छेदनसे उसमे मलिनता देखी जाती है। कुछ वनस्पतियोमें स्त्रियो के पादाघात आदिसे विकार होता है इसलिये भी वनस्पतिमे जीव है। अथवा जिन जीवोंमे चेतना घटती हुई देखी जाती है वे सब सजीव हैं। सर्वज्ञ भगवान्ने पृथिवी आदिको जीव कहा है। (६) कृमि पिपीलिका भ्रमर मनुष्य आदि त्रस जीवोमे सभी लोगोने जीव माना है।

जिनमतमे छहनिकायके जीवोमे सबसे कम त्रस जीव हैं। त्रस जीवो में सख्यात गुणे अग्निकायिक

---

१ ननु चेतनत्वमपि क्वचिदचेतनत्वाभिमताना भूतेन्द्रियाणा श्रूयते। यथा मृदब्रवीत् आपोऽब्रुवन् (श प ब्रा ६-१-३-२-४) इति तत्तेज ऐक्षत ता आप ऐक्षन्त (छा ६-२-३ ४) इति चैवमाद्या भूतविषया चेतनश्रुति। ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्ये २-१-४। वनस्पत्यादीनां चेतनत्व महाभारते (शाति मो अ १८२ श्लोक ६-१८) मनुस्मृतौ (अ १ श्लो ४८-४९) च समर्थितम्।

२ तथा मत्तकामिनीसनूपुरसुकुमारचरणताडनादशोकतरो पल्लवकुसुमोद्भव। तथा युवत्यालिंगनात् पनसस्य। तथा सुरभिसुरागण्डूषसेकाद्बकुलस्य। तथा सुरभिनिर्मलजलसेकाच्चम्पकस्य। तथा कटाक्षवीक्षणात्तिलकस्य। तथा पचमस्वरोद्गाराच्छिरीषस्य विरहकस्य पुष्पविकिरणम्।

षड्दर्शनसमुच्चय गुणरत्न टीका पृ ६३।

यथा जीवनिकायानामेवम् अल्पबहुत्वम्। सर्वस्तोकास्त्रसकायिकाः। तेभ्यः संख्यातगुणाः तेजस्कायिकाः। तेभ्यो विशेषाधिका पृथिवीकायिका। तेभ्यो विशेषाधिका अप्कायिकाः। तेभ्योऽपि विशेषाधिका वायुकायिका। तेभ्योऽनन्तगुणा वनस्पतिकायिकाः। ते च व्यवहारिका अव्यवहारिकाश्च।

'गोला य असंखिज्जा असंखणिग्गोअ गोलओ भणिओ।
इक्किक्कम्मि णिगोए अणन्तजीवा मुणअव्वा ॥ १ ॥
सिज्झन्ति जत्तिया खलु इह संववहारजीवरासीओ।
एंति अणाइवणस्सइ रासीओ तत्तिआ तम्मि ॥ २ ॥'

इति वचनाद् यावन्तश्च यतो मुक्तिं गच्छन्ति जीवास्तावन्तोऽनादिनिगोदवनस्पतिराशेस्तत्रागच्छन्ति। न च तावता तस्य काचित् परिहाणिर्निगोदजीवानन्त्यस्याक्षयत्वात्। निगोद स्वरूप च समयसागराद् अवगन्तव्यम्। अनाद्यनन्तेऽपि काले ये केचिन्निवृता निर्वान्ति निर्वा

अग्निकायसे विशेष अधिक पृथिवीकायिक पृथिवीकायसे जलकायिक जलकायसे वायुकायिक और वायुकायसे अनतगण वनस्पतिकायिक जीव हैं। व्यवहारिक और अव्यवहारिकके भेदसे वनस्पतिकायिक जीव दो प्रकारके होते ह—

गोल असख्यात होत हैं एक गोलम असख्यात निगोद रहते हैं और एक निगोदम अनन्त जीव रहते ह। जितन जीव व्यवहारराशिसे निकल कर मोक्ष जाते ह उतने ही जीव अनादि वनस्पति राशिसे निकल कर व्यवहारराशि म आ जाते है।

इसलिय जितने जीव मोक्ष जाते हैं उतन प्राणी अनादि निगोद [देखिय परिशिष्ट (क)] वनस्पति राशिमस आ जात ह। अतएव निगोद राशिमेंसे जीवोंके निकलते रहनके कारण ससारी जीवोंका कभी सवथा क्षय नही हो सकता। निगोदका स्वरूप समयसागर से जानना चाहिये। जितन जीव अब तक मोक्ष गय हैं और आगे जानवाले ह वे निगोद जीवोंके अनन्तवें भाग भी न ह न हुए हैं और न होग। अतएव हमार मतम न तो मुक्त जीव ससारम लौटकर आते हैं और न यह ससार जीवोंसे शून्य होता है। इसे दूसरे वादियान भी माना है। वार्तिककारने भी कहा है—

इस ब्रह्माण्डम अनन्त जीव हैं इसलिय ससारसे ज्ञानी जीवोकी मुक्ति होते हुए यह ससार जीवोसे खाली नही होता। जिस वस्तुका परिमाण होता है उसीका अत होता ह वही घटती और समाप्त होती

---

१ द्विविधा जीवा सांव्यवहारिका असांव्यवहारिकाश्चेति। तत्र य निगोदावस्थात उद्वृत्य पृथिवीकायिकादिभेदेषु वतन्ते ते लोकेषु दृष्टिपथमागता सन्त पृथिवीकायिकादिव्यवहारमनुपत तीति व्यवहारिका उच्यन्ते। ते च यद्यपि भूयोऽपि निगोदावस्थामुपयान्ति तथापि ते सांव्यवहारिका एव सव्यवहार पतितत्वात। ये पुनरनादिकालादारभ्य निगोदावस्थामुपगता एवावतिष्ठन्त ते व्यवहारपथातीतत्वादसांव्यवहारिका। प्रज्ञापनाटीकायां सू २३४।

२ छाया—गोलाश्च असख्येया असख्यनिगोदो गोलको भणित।
एकैकस्मिन् निगोदे अनन्तजीवा ज्ञातव्या ॥ १ ॥
सिध्यन्ति यावन्त खलु इह संव्यवहारजीवराशित।
आयान्ति अनादिवनस्पतिराशितस्तावन्तस्तस्मिन् ॥ २ ॥

भवन्ति च ते निगोदानामनन्तभागेऽपि[1] न वर्तन्ते नापि निष्ठन्ते न वर्त्स्यन्ति। ततश्च कथं मुक्तानां अवागमनप्रसङ्गः, कथं च संसारस्य रिक्तताप्रसक्तिरिति। अभिमतं चैतद् अन्ययूथ्यानामपि। यथा चोक्तं वार्तिककारेण—

अत एव च विद्वत्सु मुच्यमानेषु सन्ततम्।
ब्रह्माण्डलोकजीवानामनन्तत्वाद् अशून्यता॥ १॥
अत्यन्यूनातिरिक्तत्वैर्युज्यते परिमाणवत्।
वस्तुन्यपरिमेये तु नूनं तेषामसम्भव॥ २॥

इति काव्यार्थः॥ २९॥

है। अपरिमित वस्तुका न कभी अंत होता है न वह घटती और न समाप्त होता है।

यह श्लोकका अर्थ है॥२९॥

भावार्थ—(१) यदि संसारी जीवोंको बराबर मोक्ष मिलता रहे (जैन शास्त्रोंके अनुसार छह महीने और आठ समयमें ६०८ जीव मोक्ष जाते हैं) तो कभी यह संसार जीवों से खाली हो जाना चाहिये। आजीविक मतानुयायी मस्करी[2] (गोशाल) आदिका मत था कि मुक्त जीव फिरसे संसारमें जन्म लेते हैं। अश्वमित्रने भी इस प्रश्नको लेकर जैन संघमें वाद खड़ा किया था। स्वामी दयानन्दके अनुसार जीव महाकल्प कालपर्यंत मुक्तिके सुखको भोग कर फिरसे संसारमें उत्पन्न होते हैं। इस कथनकी पुष्टिके लिये दयानन्द स्वामीने ऋग्वेद[3] तथा मुण्डक उपनिषद्के[4] प्रमाण उद्धृत किये हैं।[5]

जैन विद्वानोंकी मान्यता है कि जिस प्रकार बीजके जल जानेपर अंकुर उत्पन्न नहीं हो सकता उसी प्रकार कर्मोंका सर्वथा क्षय होनेपर जीव फिरसे संसारमें जन्म नहीं लेते। पतञ्जलि, व्यास, अक्षपाद आदि ऋषियोंकी भी यही मान्यता है। जैन सिद्धांतमें द्वीप और समुद्रोंका असंख्यात परिमाण स्वीकार किया गया है। इन द्वीप समुद्रोंमें अनंतानंत जीव रहते हैं। सबसे कम त्रस जीव हैं, त्रस जीवोंसे संख्यात गुणे अग्निकायिक, अग्निकायिक जीवोंसे अधिक पृथिवीकायिक, पृथ्वीसे जलकायिक, जलसे वायुकायिक और वायुकायिकसे अनन्तगुणे वनस्पतिकायिक जीव हैं। वनस्पतिकायिक जीव व्यावहारिक और अव्याव-हारिकके भेदसे दो प्रकारके होते हैं। जो जीव निगोदसे निकल कर पृथिवीकाय आदि अवस्थाको प्राप्त करके फिरसे निगोद अवस्थाको प्राप्त करते हैं, वे जीव व्यवहारिक कहे जाते हैं। तथा जो जीव अनादि कालसे निगोद अवस्थामें ही पड़े हुए हैं, उन्हें अव्यवहारिक कहते हैं। जैन सिद्धांतके अनुसार असंख्यात

---

१ एकणिगोदसरीरे जीवा दव्वप्पमाणदो दिट्ठा।
सिद्धेहिं अणंतगुणा सव्वेण वितीदकालेण॥
छाया—एकनिगोदशरीरे जीवा द्रव्यप्रमाणतो दृष्टा।
सिद्धैरनंतगुणा सर्वेण व्यतीतकालेन॥
गोम्मटसारे जीव० १९५।

२ कर्मांजनसंश्लेषात् संसारसमागमोऽस्तीति मस्करिदर्शनं। गोम्मटसार जीवकांड ६९ टीका। तथा ज्ञानिनो धर्मतीर्थस्य आदि देखिये पीछे स्याद्वादमंजरी पृ० ४।

३ १ २४ १ २।

४ ते ब्रह्मलोके ह परान्तकाले परामृतात् परिमुच्यन्ति सर्वे। मुण्डक उ० ३ २ ६।

५ देखिये सत्यार्थप्रकाश सं० १९८३ पृ० १५५।

अधुना परदर्शनानां परस्परविरुद्धार्थसमर्थकतया मत्सरित्वं प्रकाशयन् सर्वज्ञोपज्ञ सिद्धान्तस्यान्योन्यानुगतसर्वनयमयतया मात्सर्याभावमाविर्भावयति—

गोल होते हैं प्रत्येक गोलमें असंख्यात निगोद रहते हैं और एक निगोदमें अनन्त जीव रहते हैं। जितने जीव व्यवहारराशिसे निकल कर मोक्ष जाते हैं उतने ही वनस्पतिराशिसे व्यवहारराशिम आ जाते हैं अतएव यह ससार जीवोसे कभी खाली नही हो सकता। मोक्ष जात रहते हुए भी ससार खाली नहीं होगा इसका दूसरी प्रकारसे समथन करते हुए जैन विद्वानोंन जीवोको भव्य और अभव्य दो विभागोंमे विभक्त किया है। जो मोक्षगामी जीव ह वे भव्य हैं तथा जो अनत काल बीतनपर भी मोक्ष प्राप्त नही कर सकत व अभव्य हैं। अतएव भव्य जीवोके मोक्ष जाते रहते हुए भी यह ससार जीवोसे शून्य नहीं हो सकता। सिद्धसेन दिवाकरने आगमके हेतुवाद और अहेतुवाद दो विभाग करत हुए भव्य अभव्यके विभागको अहेतुवादम गर्भित किया है।[3]

(२) पृथिवी जल अग्नि वायु वनस्पति और त्रसके भेदसे जीव छह प्रकारके होते हैं। महीदास आदि वैदिक ऋषियोन महाभारत और मनुस्मृतिकार तथा गोशाल प्रभृतिन भी पथिवी जल आदिम जीव स्वीकार किया है। आधुनिक साइसके अनुसार वनस्पतिके सचतन होनेमे कोई विवाद नही है। भारतीय वज्ञानिक सर ज सी बासन टिन शीशा प्लैटिनम आदि धातुआम भी प्रतिक्रिया (Response) सिद्ध की ह।

परस्पर वि द्ध अथको प्रतिपादन करनवाले अ य दशन एक दूसरसे ईर्ष्या करत ह अतएव सम्पूण नय स्वरूप होनस भगवानका सिद्धा त ही मा सय रहित हो सकता है—

---

१ सम्यग दशनज्ञानचा ित्रपरिणामेन भविष्यतीति भव्य। तद्विपरीतोऽभव्य। तत्त्वार्थराजवार्तिक २ ७ ७ ८ देखिय भ याभ यविभाग—व्याख्याप्रज्ञप्ति। बौद्धोके महायान सम्प्रदायम भव्याभव्यका विभाग नहीं माना गया है।

२ योऽनतनापि कालन न सेत्स्यति असौ अभव्य। त राजवार्तिक २ ७ ९।

४ स्वयबुद्ध—जो बाह्य कारणोंके बिना स्वय ज्ञानी होते हं व स्वयबुद्ध हैं। तीथकर भी स्वय बुद्धोम गभित ह। इनके अतिरिक्त भी स्वयबद्ध होते हैं। ये सघम रहत हैं और नही भी रहत। ये पूवमें श्रुतकेवली होत हैं और नही भी होत। जिनको श्रत नही होता वे नियमसे सघसे बाह्य रहत हैं।

५ प्रत्येकबुद्ध—प्र येकबुद्ध परोपदेशके बिना अपनी शक्तिसे बाह्य निमित्तोके मिलनपर ज्ञान प्राप्त करते हैं और एकल विहार करते हैं। प्र यकबुद्धको कमसे कम ग्यारह अग और अधिकसे अधिक कुछ कम दस पूर्वोका ज्ञान होता ह।

६ बोधितबुद्ध—गुरुके उपदेशसे ज्ञान प्राप्त करते हैं। ये अनक तरहके होते हैं।

७ मुण्डकेवली—ये मूक और अन्तकृत् केवलीके भेदसे दो प्रकारके हैं। मक केवली अपना ही उद्धार कर सकत हं परन्तु किसी शारीरिक दोषके कारण उपदेश नही दे सकत इसलिये मौन रहत हैं। ये केवली बाह्य अतिशयोसे रहित होत ह और किसी सिद्धातकी रचना नहो कर सकत। अन्तकृत्कवलीको मुक्त होनके कुछ समय पहले ही केवलज्ञानको प्राप्ति होती है इसलिय ये भी सिद्धातकी रचना करनेमें असमर्थ होते हैं।

८ श्रुतकेवली—श्रतकेवली शास्त्रोके पण ज्ञाता होत हैं। श्रतकेवली और केवली (केवलज्ञानी) ज्ञानकी दृष्टिसे दोनों समान हैं। अन्तर इतना ही है कि श्रतज्ञान परोक्ष और केवलज्ञान प्रत्यक्ष होता है। केवली (केवलज्ञानी) जितना जानते हैं उसका अनंतवां भाग व कह सकते हैं और जितना व कहत हैं उसका अनन्तवां भाग शास्त्रोंमें लिखा जाता है। इसलिये केवलज्ञानकी अपेक्षा श्रतज्ञान अनन्तवें भागका भी अनन्तवां भाग है। सामान्यत श्रतकेवली छठे सातव गुणस्थानवर्ती और केवली तरहव गुणस्थानवर्ती

---

1 अभिधर्मकोश ३ ९७ के आगे विसुद्धिमग्ग अ १३ हार्डी का Mannual of Buddhism अ १।

होते हैं। श्रुतकेवलीको केवली पद पानेके लिये आठवें गुणस्थानसे बारहवें गुणस्थान तक एक श्रेणी चढ़ना पड़ती है। श्रुतकेवली चौदह पूर्वके पाठी होते हैं।[1]

योग सहित केवलियोंको सयोगकेवली और योगरहित केवलियोंको अयोगकेवली कहते हैं। सयोगकेवली तेरहवें और अयोगकेवली चौदहवें गुणस्थानवर्ती होते हैं। सिद्धोंको भी केवली कहा जाता है।[2]

जैनेतर शास्त्रोंमें भी केवलीकी कल्पना पायी जाती है। जिन्होंने बन्धनसे मुक्त होकर कैवल्यको प्राप्त किया है उन्हें योगसूत्रोंके भाष्यकार व्यासने केवली कहा है।[3] ऐसे केवली अनेक हुए हैं। बुद्धि आदि गुणोंसे रहित ये निर्मल ज्योतिवाले केवली आत्मस्वरूपमें स्थित रहते हैं। महाभारत गीता आदि वैदिक ग्रंथोंमें भी जीवन्मुक्त पुरुषोंका उल्लेख आता है। ये शुक जनक प्रभृति जीवन्मुक्त संसारमें जलमें कमलकी नाईं रहते हुए मुक्त जीवोंकी तरह निर्लेप जीवन यापन करते हैं इसीलिये इन्हें जीवन्मुक्त कहा जाता है।

बौद्ध ग्रंथोंमें बुद्धके बत्तीस महापुरुषके लक्षण अस्सी अनुव्यंजन और दोसौ सोलह मांगल्य लक्षण बताये गये हैं। बुद्ध भगवान् अपने दिव्य नेत्रोंसे प्रति दिन संसारको छह बार देखते हैं।[4] वे दश बल ग्यारह बुद्धधर्म और चार वैशारद्य सहित होते हैं। वर्तमान बुद्ध चौबीस[5] होते हैं। इन बुद्धोंके अलग-अलग बोधिवृक्ष रहते हैं। बुद्ध दो प्रकारके होते हैं—प्रत्येकबुद्ध और सम्यक्संबुद्ध। सम्यक्संबुद्ध अपने पुरुषार्थ द्वारा बोधि प्राप्त करके उसका संसारको उपदेश देते हैं। गौतम सम्यक्संबुद्ध थे। प्रत्येकबुद्ध भी अपने पुरुषार्थसे बोधि प्राप्त करते हैं परन्तु वे संसारमें बोधिका उपदेश नहीं करते वन आदि किसी एकांत स्थानमें रहकर मुक्तिसुखका अनुभव करते हैं। प्रत्येकबुद्ध बुद्धसे हरेक बातमें छोटे होते हैं और वे बुद्धके समय नहीं रहते। जो पटिसंभिदा अभिज्ञा प्रज्ञा आदिसे विभूषित होते हैं उन्हें अर्हत् कहते हैं। अर्हत्को खीणासव (क्षीणाश्रव) कहा है। अर्हत् फिरसे संसारमें जन्म नहीं लेते। गौतम स्वयं अर्हत् थे। बुद्ध स्वयं अपने पुरुषार्थसे निर्वाण प्राप्त करते हैं और अर्हत् बुद्धके पास शिक्षण ग्रहण करके निर्वाण जाते हैं यहीं दोनोंमें अन्तर है। जो अनेक जन्मोंके पुण्य प्रतापसे आगे चलकर बुद्ध होनेवाले हैं उन्हें बोधिसत्व कहते हैं। अर्हत् वीतराग होते हैं और बोधिसत्वका हृदय करुणासे परिपूर्ण रहता है। बोधिसत्व प्रत्येक प्राणीके निर्वाणके लिये प्रयत्नशील रहते हैं और जब तक सम्पूर्ण जीवोंको निर्वाण नहीं मिल जाता तब तक उनकी प्रवृत्ति जारी रहती है। बोधिसत्व जीवोंके प्रति करुणाका प्रदर्शन करनेके लिए पाप करनेमें भी नहीं हिचकते और नरकमें जाकर नारकी जीवोंका उद्धार करते हैं।[6]

---

१ महावीर भगवान्के निर्वाणके बाद गौतम सुधर्मा और जम्बूस्वामी ये तीन केवली हुए। जम्बूस्वामीके बाद दिगम्बर परम्पराके अनुसार विष्णु नन्दि अपराजित गोवर्धन और भद्रबाहु ये पाँच तथा श्वेताम्बर परम्पराके अनुसार प्रभव शय्यंभव यशोभद्र सम्भूतविजय भद्रबाहु और स्थूलभद्र ये छह श्रुतकेवली माने जाते हैं स्थूलभद्रको श्रुतकेवलियोंमें नहीं गिननेसे श्वेताम्बर परम्पराके अनुसार भी पाँच श्रुतकेवली माने गये हैं। देखिये जगदीशचन्द्र जैन जैन आगम साहित्यमें भारतीय समाज पृ १७-२।

२ गोम्मटसार जीव १ टीका।

३ पातंजल योगसूत्र १–२४ ५१ भाष्य।

४ मज्झिमनिकाय ब्रह्मायुसुत्त।

५ दीपंकर कोण्ड मंगल सुमनस रेवत सोभित अनोमदस्सिन् पदुम नारद पदुमुत्तर सुमेध सुजात, पियदस्सिन अत्थदस्सिन धम्मदस्सिन् सिद्धत्थ तिस्स पुस्स विपस्सिन् सिखिन् वेस्सभू ककुसंध कोणागमन और कस्सप।

६ देखिये कर्न (Kern) की Mannual of Buddhism अ ३ पृ ६ तथा सद्धर्मपुण्डरीक अ २४ बोधिचर्यावतार बोधिचित्तपरिग्रह नामक तृतीय परिच्छेद।

श्लो १ पृ ६ पं ६ अतिशय—

सहज अतिशय कर्मक्षयज अतिशय और देवकृत अतिशय—ये भगवान्के तीन मूल अतिशय माने गये हैं। इन तीन अतिशयोंके उत्तरभेद मिलाकर अतिशयोंके कुल चौंतीस भेद होते हैं। श्वेताम्बर मान्यता के अनुसार सहज अतिशयके चार कर्मक्षयज अतिशयके ग्यारह और देवकृत अतिशयके उन्नीस भेद स्वीकार किये गये हैं—

सहज अतिशय

१ सुन्दर रूपवाला सुगन्धित नीरोग पसीना और मल रहित शरीर।
२ कमलके समान सुगन्धित श्वासोछ्वास।
३ गौके दूधके समान स्वच्छ और दुर्गन्ध हित मास और रुधिर।
४ चमचक्षुओंसे आहार और नीहारका न दिखना।

कर्मक्षयज अतिशय

१ योजन मात्र समवशरणमें कोडा कोडि मनुष्य देव और तिर्यचो का समा जाना।
२ एक योजन तक फैलनेवाली भगवान्की अर्धमागधी वाणीका मनुष्य तिर्यञ्च और देवताओ द्वारा अपनी अपनी भाषामे समझ लेना।
३ सूर्यप्रभासे भी तेज सिरके पीछे भामण्डलका होना।
४ सौ योजन तक रोगका न रहना।
५ वैरका न रहना।
६ ईति अर्थात् धान्य आदिको नाश करनेवाले चूहो आदिका अभाव।
७ महामारी आदिका न होना।
८ अतिवृष्टि न होना।
९ अनावृष्टि न होना।
१० दुर्भिक्ष न पडना।
११ स्वचक्र और परचक्रका भय न होना।

देवकृत अतिशय

१ आकाशमे धर्मचक्रका होना।
२ आकाशमे चमरोका होना।
३ आकाशमे पादपीठ सहित उज्ज्वल सिंहासन।
४ आकाशमे तीन छत्र।
५ आकाशमे रत्नमय धर्मध्वज।
६ सुवर्ण-कमलोपर चलना।
७ समवशरणमे रत्न सुवर्ण और चाँदीके तीन परकोट।
८ चतुर्मुख उपदेश।
९ चैत्य अशोक वृक्ष।
१० कण्टकोका अधोमुख होना।
११ वृक्षोंका झुकना।
१२ दुन्दुभि बजना।
१३ अनुकूल वायु।
१४ पक्षियोका प्रदक्षिणा देना।
१५ गंधोदककी वृष्टि।
१६ पाच वर्णोंके पुष्पोंकी वृष्टि।
१७ नख और केशोका नहीं बढ़ना।
१८ कमसे कम एक कोटि देवोंका पासमें रहना।
१९ ऋतुओका अनुकूल होना।

दिगम्बर मान्यताके अनुसार दस सहज अतिशय दस कर्मक्षयज अतिशय और चौदह देवकृत अतिशय माने गये हैं। अतिशयोंकी मान्यतामे दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनो परम्पराओके अनुसार पाठभेद पाया जाता है।

जैनेतर ग्रन्थोंमें भी इस प्रकारके विचार मिलते हैं। श्वेताश्वतर उपनिषद्[2] लघुता आरोग्य स्थिरता वर्णप्रसाद स्वरकी सुन्दरता शुभ गन्ध तथा मूत्र और मलका अल्प मात्रामें होना यह

---

१ समवायांग सूत्र और कुन्दकुन्दके नियमसारमें चौंतीस अतिशयोंके नाम आते हैं। तथा देखिये जगदीश चन्द्र जैन जैन आगम साहित्यमें भारतीय समाज पृ० १४३ आदि।

२ श्वेताश्वतर उ० २ १३।

योगकी प्रथम अवस्था कही गई है। पतञ्जलिके योगसूत्र और व्यासभाष्यमें भूत भविष्यत् पदार्थोंको जानना अदृश्य हो जाना योगी पुरुषकी निकटतामे क्रूर प्राणियोंका वैर भाव छोड देना हाथीके समान बल सम्पूर्ण भुवनका ज्ञान भूख और प्यासका अभाव एक शरीरका दूसरे शरीरमें प्रवेश आकाशमे विहार वज्रसहनन अजरामरता आदि अनेक प्रकारकी विभूतियाँ बताई गई हैं।[1]

बौद्ध ग्रन्थोंमें आकाशमे पक्षीकी तरह उडना सकल्पमात्रसे दूरकी वस्तुओंको पासमे ले आना मनके वेगके समान गति होना दिव्य नेत्र और दिव्य चक्षुओंसे सूक्ष्म और दूरवर्ती पदार्थोंको जानना आदि ऋद्धियो का वर्णन मिलता है।[2] जिस समय बोधिसत्व तुषित लोकसे च्युत होकर माताके गर्भमें आते हैं उस समय लोकमे महान प्रकाश होता है और दससाहस्री लोकधातु कपित होती है। बोधिसत्वके माताके गर्भमे रहनेके समय चार देवपुत्र उपस्थित होकर चारो दिशाओंमे बोधिसत्व और बोधिसत्वकी माताकी रक्षा करते हैं। बोधिसत्वकी माताको गर्भावस्थामे कोई रोग नही रहता। माता बोधिसत्वको अग प्रत्यग सहित देखती है और बोधिसत्वको खडे-खडे जन्म देती है। जिस समय श्लेष्म रुधिर आदिसे अलिप्त बोधिसत्व गर्भसे बाहर निकलते हैं उस समय उन्हें पहले देव लोग ग्रहण करते हैं। बोधिसत्वके उत्पन्न होनेके समय आकाशसे गर्म और शीतल जलकी धाराएं गिरती हैं जिनसे बोधिसत्व और उनकी माताका प्रक्षालन किया जाता है। उस समय आकाशसे पुष्पोंकी वर्षा होती है और मन्द सुगन्ध वायु बहती है।[3]

ईसामसीहके जन्मके समय भी सम्पूर्ण प्रकृतिका स्तब्ध होना देवोका आगमन आदि वर्णन बाइबिलमे आता है।

श्लोक ५ पृ १८ पं ६ एव व्योमापि उत्पादव्ययध्रौव्यात्मक

जैनदर्शनके अनुसार जो वस्तु उत्पाद व्यय और ध्रौव्यसे युक्त हो उसे सत अथवा द्रव्य कहते हैं। इसीलिए जैनदर्शनकारोने अप्रच्युत अनुत्पन्न और स्थिर रूप नित्यका लक्षण स्वीकार न कर पदार्थके स्वरूपका नाश नही होना (तद्भावाव्यय नित्य) नित्यका लक्षण माना है। इस लक्षणके अनुसार जैन आचार्योंके मतसे प्रत्येक द्रव्यमे उत्पाद व्यय और ध्रौव्य पाये जाते हैं। आत्मा पूर्व भवको छोडकर उत्तर भव धारण करती है और दोनो अवस्थाओमें वह समान रूपसे रहती है इसलिए आत्मामे उत्पाद व्यय और ध्रौव्य सिद्ध हो जाते हैं। पुद्गल और काल द्रव्यमे भी उत्पाद व्यय और ध्रौव्यका होना स्पष्ट है। जीव पुद्गल और कालकी तरह जैन सिद्धान्तके अनुसार धर्म अधर्म और आकाश जैसे अमूर्त द्रव्योमे भी स्वप्रत्यय और परप्रत्ययसे उत्पाद और व्यय माना गया है। स्वप्रत्यय उत्पादको समझनेके पहले कुछ जैन पारिभाषिक शब्दोका ज्ञान आवश्यक है।

१ प्रत्येक पदार्थमे अनन्त गुण हैं। इन अनन्त गुणोंमे प्रत्येक गुणमे अनन्त अनन्त अविभागी गुणाश हैं। यदि द्रव्यमे गुणाश नही मान जाँय तो द्रव्यमे छोटापन बडापन आदि विभाग नही किया जा सकता। इन अविभागी गुणांशोको अविभागी प्रतिच्छेद कहते हैं। २ द्रव्यमे जो अनन्त गुण पाये जाते हैं इन अनन्त गुणोंमें अस्तित्व द्रव्यत्व वस्तुत्व अगुरुलघुत्व प्रमेयत्व प्रदेशत्व—ये छह सामान्य गुण मुख्य हैं। जिस शक्तिके निमित्तसे एक द्रव्य दूसरे द्रव्यरूपमे अथवा एक शक्ति दूसरी शक्तिरूपमे नही बदलती उसे अगुरुलघु गुण कहते हैं। ३ अविभागी प्रतिच्छेदोंके छह प्रकारसे कम होने और बढनेको छहगुणी हानिवृद्धि कहते हैं। अनंत

---

१ पतंजलि—योगसूत्र विभूतिपाद तथा देखिये यशोविजय-योगमाहात्म्यद्वात्रिंशिका।

२ अभिधर्मकोश ७ ४ से आगे।

३ मज्झिमनिकाय—अच्छरियधम्मसुत्त पृ ५१ राहुल सांकृत्यायन अश्वघोष—बुद्धचरित सर्ग १ तथा देखिये निदानकथा ललितविस्तर आदि।

भागवृद्धि असंख्यात भागवृद्धि संख्यात भागवृद्धि संख्यात गुणवृद्धि, असंख्यात गुणवृद्धि और अनंत गुणवृद्धि तथा अनंत भागहानि असंख्यात भागहानि संख्यात भागहानि संख्यात गुणहानि असंख्यात गुणहानि और अनंत गुणहानि-यह षटस्थानपतित हानिवृद्धि[1] कही जाती है।

जिस समय धर्म अधर्म और आकाशमें अपने अपने अगुरुलघु गुणके अविभागी प्रतिच्छेदोंमें उक्त छह प्रकारकी हानि वृद्धिके द्वारा परिणमन होता है उस समय धर्म अधर्म और आकाशमें उत्पाद और व्यय होता है। जिस समय धर्म अधर्म और आकाशमें अगुरुलघु गुणकी पूर्व अवस्थाका त्याग होता है उस समय व्यय और जिस समय उत्तर अवस्थाकी उत्पत्ति होती है उस समय उत्पाद होता है। तथा द्रव्यकी अपेक्षा धर्म अधर्म और आकाश सदा निष्क्रिय और नित्य हैं इसलिये इनमें ध्रौव्य रहता है। धर्म आदि द्रव्योंमें उत्पाद और व्यय अपने-अपने अगुरुलघु गुणके परिणमनसे होता है इसलिये इसे स्वप्रत्यय उत्पाद कहते हैं। जिस समय स्वयं अथवा किसी दूसरेके निमित्तसे जीव और पुद्गल धर्म अधर्म और आकाशके एक प्रदेशको छोड़कर दूसरे प्रदेशके साथ संबद्ध होते हैं उस समय धर्म आदि द्रव्योंमें परप्रत्यय उत्पाद और व्यय कहा जाता है।

सिद्धसेन दिवाकरने सन्मतितर्कमें उत्पाद और व्ययके प्रायोगिक (प्रयत्नजन्य) और वैस्रसिक (स्वाभाविक) दो भेद किये हैं। प्रयत्नजन्य उत्पादमें भिन्न भिन्न अवयवोंके मिलनेसे पदार्थोंका समुदाय रूप उत्पाद होता है इसलिये इसे समुदायवाद कहते हैं। यह उत्पाद किसी एक द्रव्यके आश्रयसे नहीं होता इसलिये यह अपरिशुद्ध नामसे भी कहा जाता है। सामुदायिक उत्पादकी तरह व्यय भी सामुदायिक होता है। सामुदायिक उत्पाद और व्यय मूर्त द्रव्योंमें ही होते हैं। वैस्रसिक उत्पाद और व्ययके दो भेद हैं—सामुदायिक और ऐकत्विक। बादल आदिमें जो बिना प्रयत्नके उत्पत्ति और नाश होता है उसे वैस्रसिक समुदयकृत उत्पाद-व्यय कहते हैं। तथा धर्म अधर्म और आकाश अमूर्त द्रव्योंमें दूसरे द्रव्योंके साथ मिलकर स्कंध रूप धारण किये बिना जो उत्पाद और व्यय होता है उसे वैस्रसिक ऐकत्विक उत्पाद-व्यय कहते हैं। धर्म अधर्म और आकाशमें यह उत्पाद व्यय अनेकांतसे परनिमित्तक होता है।[2]

श्लोक ६ पृ ३१ पं १२ अपुनर्बन्ध—

जो जीव मिथ्यात्वको छोड़नेके लिये तत्पर और सम्यक्त्वकी प्राप्तिके लिये अभिमुख होता है उसे अपुनर्बंधक कहते हैं। अपुनर्बंधकके कृपणता लोभ याञ्चा दीनता मात्सर्य भय माया और मूर्खता—इन भवाभिनंदी दोषोंके नष्ट होनेपर शुक्ल पक्षके चन्द्रमाके समान औदार्य दाक्षिण्य आदि गुणोंमें वृद्धि होती जाती है। अपुनर्बंधकके गुरु देव आदिका पूजन सदाचार तप और मुक्तिसे अद्वेष रूप पूर्वसेवा मुख्य रूपसे होती है। अपुनर्बंधक जीव शान्तचित्त और क्रोध आदिसे रहित होते हैं तथा जिस तरह भोगी पुरुष सदा अपनी स्त्रीका चिंतन करता रहता है उसी तरह वे सतत संसारके स्वभावका विचार करते रहते हैं। उसके कुटम्ब आदिमें प्रवृत्ति करते रहनेपर भी उसकी प्रवृत्तियाँ बंधका कारण नहीं होतीं।

---

१ षटस्थानपतित हानिवृद्धिके स्पष्टीकरणके लिये गोम्मटसार जीवकांड प्रवचनसारोद्धार गा ४३२ द्वा २६ पं गोपालदासजी कृत जैनसिद्धान्तदर्पण आदि ग्रन्थ देखने चाहिये।

२ क्रियानिमित्तोत्पादाभावेऽपि एषां धर्मादीनामन्यथोत्पाद कल्प्यते। तद्यथा द्विविध उत्पादः स्वनिमित्तः परप्रत्ययश्च। स्वनिमित्तस्तावत् अनन्तानामगुरुलघुगुणानामागमप्रामाण्यादभ्युपगम्यमानानां षटस्थानपतितया वृद्धया हान्या च वर्तमानानां स्वभावादेषामुत्पादो व्ययश्च। सर्वार्थसिद्धि पृ २५१।

३ देखिये सन्मतितर्क ३—३२ ३३ द्रव्यानुयोगतर्कणा ९—२४ २५ शास्त्रवार्तासमुच्चय ७—१ यशोविजय टीका तत्त्वार्थभाष्य ५ २९ टीका पृ ३८३-५।

अपुनर्बंधक वितर्कप्रधान होता है और इसके क्रमसे कर्म और आत्माका वियोग होकर इसे मोक्ष मिलता है।[1]

श्लो० ९ पृ० ७१ प १० प्रदेश—

पुद्गलके सबसे छोटे अविभागी हिस्सेको परमाणु कहते हैं। यह परमाणु कारणरूप[2] अंत्यद्रव्य कहा जाता है। परमाणु नित्य सूक्ष्म और किसी एक रस गंध वर्ण और दो स्पर्शोंसे सहित होता है। परमाणु आकाशके जितने प्रदेशको घेरता है उसे जैन शास्त्रोंमें प्रदेश कहा गया है। प्रदेशके दूसरे अंशोंकी कल्पना नहीं हो सकती। जैन सिद्धांतमें धर्म अधर्म और जीव द्रव्योंमें असख्यात कालमें अनन्त पुद्गलमें सख्यात असंख्यात अनंत और कालमें एक प्रदेश माने गये हैं। पुद्गल द्रव्यके प्रदेश पुद्गल-स्कंधसे अलग हो सकते हैं इसलिये पुद्गलके सूक्ष्म अंशोंको अवयव कहा जाता है। पुद्गल द्रव्यके अतिरिक्त अन्य द्रव्योंके सूक्ष्म अंश अपने अपने स्कंधोंसे पृथक् नहीं हो सकते इसलिये अन्य द्रव्योंके सूक्ष्म अंशोंको प्रदेश नामसे कहा गया है।[3] धर्म अधर्म आकाश काल और मुक्त जीव सदा एक समान अवस्थित रहते हैं इसलिये इनके प्रदेशोंमें अस्थिरता नहीं होती। पुद्गल द्रव्यके परमाणु और स्कंध अस्थिर तथा अंतिम महास्कंध स्थिर और अस्थिर दोनों होते हैं।

यद्यपि जीव द्रव्य अखंड है फिर भी वह असख्यात प्रदेशी है। जैन दर्शनकी मान्यता है कि जिस प्रकार गुडके ऊपर बहुत सी धूल आकर इकट्ठी हो जाती है उसी प्रकार एक एक आत्माके प्रदेशके साथ अनतानंत ज्ञानावरण आदि कर्मोंके प्रदेशोंका संबंध होता है। ससारी जीवोंके प्रदेश चलायमान रहते हैं। ये प्रदेश तीन प्रकारके होते हैं। विग्रह गतिवाले जीवोंके प्रदेश सदा चल होते हैं अयोगकेवलीके प्रदेश सदा अचल होते हैं और शेष जीवोंके आठ प्रदेश अचल और बाकी प्रदेश चल होते हैं। यदि जीवमें प्रदेशोंकी कल्पना न की जाय तो जिस तरह निरंश परमाणुका किसी मूर्तिमान द्रव्यके साथ सबंध नहीं हो सकता उसी तरह आत्माका भी मूर्तिमान शरीरसे सबंध नहीं हो सकता। अतएव जिस समय अमूर्त आत्मा लोकाकाशके प्रदेशोंके बराबर होकर भी मूर्त कर्मोंके सबंधसे कार्माण शरीरके निमित्तसे सूक्ष्म शरीरको धारण करता है उस समय सूखे चमडेकी तरह आत्माके प्रदेशोंमें सकोच होता है और जिस समय यह आत्मा सूक्ष्म शरीरसे स्थूल शरीरको प्राप्त करता है उस समय जलमें तेलकी तरह आत्माके प्रदेशोंमें विस्तार होता है। अतएव आत्मा अमूर्त होकर भी सकोच और विस्तार होनेकी अपेक्षा शरीरके परिमाण माना जाता है। यदि आत्माको अचेतन द्रव्योंके विकारसे रहित सर्वथा अमूर्त माना जाय तो आत्मामें ध्यान ध्येय आदिका व्यवहार नहीं हो सकता तथा आत्माको मोक्ष भी नहीं मिल सकता। अतएव शक्तिकी अपेक्षा आत्माको

---

१ देखिये हरिभद्रकृत योगबिन्दु ११९ से आगे तथा यशोविजय—अपुनर्बंधद्वात्रिंशिका।

२ अकलंक आदि दिगम्बर विद्वानोंने परमाणुको कथंचित कार्यरूप भी माना है। देखिये तत्त्वार्थराजवार्तिक ५ २५ ५।

३ अतएव च भेदः प्रदेशानामवयवानां च ये न जातुचिद् वस्तुव्यतिरेकेणोपलभ्यन्ते ते प्रदेशाः। ये तु विशकलिताः परिकलितमूर्तयः प्रज्ञापथमवतरन्ति तेऽवयवा इति। तत्त्वार्थभाष्यवृत्ति ५ ६ पृ ३२८।

४ शष्कचर्मवत् प्रदेशानां सहारः। तस्यैव बादरशरीरमधितिष्ठतो जले तैलवद्विसर्पणम् विसर्पः। तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक ५ १६।

५. तुलनीय—यथा क्षुरः क्षुरधाने हितः स्याद्विश्वंभरो वा विश्वंभरकुलाये।
एवमेवैष प्राज्ञ आत्मेदं शरीरमनुप्रविष्ट आलोमभ्य आनखेभ्यः—

अर्थात् जिस प्रकार छुरा अपने घर (क्षुरधान) और अग्नि चूल्हा अंगीठी आदि अपने स्थानमें व्याप्त होकर रहते हैं उसी तरह नखोंसे लगाकर बालों तक यह आत्मा शरीरमें व्याप्त है। कौषीतकी उ ४-१९।

अमूर्त मानकर भी व्यक्तिकी अपेक्षा आत्माको मूर्त ही मानना चाहिये।[1] इसलिये निश्चयनयसे आत्मा लोकके बराबर असंख्यात प्रदेशोंका धारक है और व्यवहार नयकी अपेक्षा संकोच और विस्तारवाला है।

इस विषयका स्पष्टीकरण करते हुए अन्य स्थलोंपर जैनशास्त्रोंमें आत्माको नैयायिक मीमांसक आदि दर्शनोंकी तरह प्रदेशोंकी अपेक्षा व्यापक न मान ज्ञानकी अपेक्षा व्यवहार नयसे व्यापक[2] माना गया है। इस सिद्धांतकी रामानुजके सिद्धांतसे तुलना की जा सकती है। रामानुज आचार्यके सिद्धान्तमें भी आत्माको ज्ञानकी अपेक्षा संकोच और विकासशील माना गया है। इस मतमें वास्तवमें अणु परिमाण[3] आत्मामें संकोच विकास नहीं होता किन्तु आत्माके कर्मबंधकी अवस्थामें संकोच और विकास होता है। विकासकी उत्कृष्ट सीमा कर्मबंधसे रहित मोक्ष अवस्थामें ही हो सकती है। न्यायकन्दलीकार श्रीधर आचार्यने भी आत्माको सर्वव्यापक मानकर आत्माके बुद्धि आदि गुणोंका शरीरमें ही अस्तित्व माना है।

श्लो ९ पृ ७५ प १ केवलीसमुद्घात—

वेदनीय नाम और गोत्र कर्मकी स्थितिसे आयु कर्मकी स्थिति कम रह जानेपर वेदनीय आदि और आयु कर्मोंकी स्थिति बराबर करनेके लिए समुद्घात क्रिया की जाती है। समुद्घात करनेसे अन्तमुहूर्त पहले शुभोपयोग रूप आवर्जीकरण नामकी एक दूसरी क्रिया होती है। इस क्रियाको श्वेताम्बर साहित्यमें आयोजिकाकरण और आवश्यककरण नामसे भी कहा गया है। केवलीसमुद्घातके प्रथम समयमें आत्माके प्रदेश अपनी देहके बराबर स्थूल दण्डके आकार होते हैं। आत्मप्रदेशोंका यह आकार लोकके ऊपरसे नीचे तक चौदह रज्जुपरिमाण होता है। ये आत्मप्रदेश दूसरे समयमें पूर्व और पश्चिममें कपाट (किवाड़) के आकारके हो जाते हैं। तीसरे समयमें इन प्रदेशोंका आकार फैलकर मन्थान (मथनी) के समान हो जाता है। चौथे समयमें ये समस्त लोकमें व्याप्त हो जाते हैं। इसके बाद पाँचवें छठे सातवें और आठवें समयमें आत्माके प्रदेश क्रमसे मन्थान कपाट दण्डके आकार होकर पूर्ववत् अपने शरीरके बराबर हो जाते हैं। जिस समय मोक्ष प्राप्त करनेमें एक अन्तर्मुहूर्तका समय बाकी रह जाता है उस समय केवली समुद्घात करते हैं। रत्नशेखरसूरि आदि विद्वानोंके मतमें जिस जीवकी आयु छह महीनेसे अधिक है यदि उसे केवलज्ञान हो जाय तो वह जीव निश्चयसे समुद्घात करता है। तथा अन्य केवलियोंके समुद्घात करनेके संबंधमें कोई नियम नहीं है।[6] जिनभद्रगणि क्षमाश्रमणने इस मतका विरोध किया है। समुद्घात करनेके पश्चात् केवली

---

१ शक्त्या विभुः स इह लोकमितप्रदेशो व्यक्त्या तु कर्मकृतसौवशरीरमानः।
यत्रैव यो भवति दृष्टगुणः स तत्र कुम्भादिवद्विशदमित्यनुमानमत्र॥
यशोविजय—न्यायखण्डखाद्य।

२ निश्चयनयतो लोकाकाशप्रमितासंख्येयप्रदेशप्रमाणः। वा शब्देन तु स्वसंवित्तिसमुत्पन्नकेवलज्ञानोत्पत्तिप्रस्तावे ज्ञानापेक्षया व्यवहारनयेन लोकालोकव्यापकः। न च प्रदेशापेक्षया नैयायिकमीमांसकसांख्यमतवत्। ब्रह्मदेव—द्रव्यसंग्रहवृत्ति गा १।

३ स्वयमपरिच्छिन्नमेव ज्ञानं संकोचविकासार्हमित्युपपादयिष्यामः। अतः क्षेत्रज्ञावस्थायां कर्मणा संकुचितस्वरूपं तत्तत्कर्मानुगुणतरतमभावेन वर्तते। श्रीभाष्य १ १ १। प्रो ध्रुव–स्याद्वादमंजरी पृ ११६ नोटस।

४ पीछे देखिये पृ ६८।

५ पं सुखलालजी–चौथा कर्मग्रन्थ पृ १५५।

६ यः षण्मासाधिकायुष्को लभते केवलोद्गमम्।
करोत्यसौ समुद्घातमन्ये कुर्वन्ति वा न वा॥ गुणस्थानक्रमारोहण ९४।

७ कम्मलहुयाए समओ भिन्नमुहुत्तावसेसओ कालो॥
अन्ने जहन्नमेयं छम्मासुक्कोसमिच्छंति॥
स मायंतरसेसेसिवयणओ ज च पाडिहेराण।
पच्चप्पणमेव सुए इहरा गहणं पि होज्जाहि॥ विशेषावश्यक भा ३ ४८ ३०४९।

मन वचन कायका निरोध करके शैलेशीकरण करता हुआ अयोगी होकर पाँच ह्रस्व अक्षरोंके उच्चारण करनेके समय मात्रमें मोक्ष प्राप्त करता है।

हेमचन्द्र[1] यशोविजय आदि विद्वानोंने उपनिषद गीता आदि वैदिक ग्रन्थोंमें आत्मव्यापकताका अपने सिद्धांतसे समन्वय करके इसे आत्मगौरवका सूचक कहकर सम्मानित किया है।[2]

कर्मोंकी स्थितिको शीघ्र भोगनेके लिये जैनसिद्धातम समुद्घात क्रियासे मिलती जुलती पातजल योग दशनम सोपक्रम आयुक विपाकम बहुकायनिर्माण क्रिया मानी गई है। यद्यपि सामान्य नियमके अनुसार बिना भोगे हुए कर्म करोडों कल्पोंमें भी क्षय नहीं हो सकते परन्तु जिस प्रकार गीले वस्त्रको फैलाकर सुखानेमें वस्त्र बहुत जल्दी सूख जाता है अथवा जिस प्रकार सूखे हुए घासमें अग्नि डालनेसे हवाके अनुकूल होनेपर घास बहुत जल्दी जलकर भस्म हो जाती है उसी प्रकार जिस समय योगी एक शरीरसे कर्मके फलको भोगनेमें असमर्थ होता है उस समय वह सकल्प मात्रसे बहुतसे शरीरोका निर्माण कर ज्ञान अग्निसे कर्मोंका नाश करता है। इसीको योगशास्त्रम बहुकायनिर्माणद्वारा सोपक्रम आयुका विपाक कहा है। इन बहुतसे शरीरोंमें कभी योगी लोग एक ही अन्त करणसे प्रवृत्ति करते हैं। वायुपुराणम भी जिस प्रकार सूय अपनी किरणोंको वापिस खीच लेता है उसी प्रकार एक शरीरसे एक दो तीन आदि अनेक शरीरोको उत्पन्न करके इन शरीरोंको पीछे खीचनेका उल्लेख है।[5]

श्लो ९ पृ ७५ पं २ लोक—

जैनधर्मके अनुसार ऊर्ध्व मध्य और अधोलोक ये लोकके तीन विभाग किये गये हैं। यह लोक चौदह राजू ऊचा है। मूलसे सात राजूकी ऊचाई तक अधोलोक और एक लाख चालीस योजन सुमेरु पर्वतकी ऊचाईके समान ऊचा मध्यलोक है। मेरुकी जडके नीचेसे अधोलोक आरभ होता है। अधोलोकमे रत्नप्रभा शर्कराप्रभा बालुकाप्रभा पंकप्रभा धूमप्रभा तमोप्रभा महातमप्रभा नामके सात नरक हैं। इन नरकोंमें नारकी जीव रहते हैं। इनमें ४९ पटल हैं। नरकोंमें छेदन भेदन आदि महान् भयकर कष्ट सहने पडते हैं। नरकमें अकाल मृत्यु नहीं होती। अधोलोकसे ऊपर एक राजू लम्बा एक राजू चौडा और एक लाख चालीस योजन ऊचा मध्यलोक है। मध्यलोकके बीचमें एक लाख योजनके विस्तारवाला जम्बूद्वीप है। जम्बूद्वीपको चारो ओरसे

---

१ देखिये योगशास्त्र। तथा लोकपूरणश्रवणादेव हि परेषामात्मविभुत्ववाद समुद्भूत। तथा चाथवाद — विश्वत श्चक्षुरुत विश्वतो मुखो विश्वतो बाहुरुत विश्वत पात इत्यादि। तथा चासौ भवति समीकृतभवोपग्राहि कर्मा विरलीकृतार्द्रशाटिकादिशातेन क्षिप्र तच्छोषोपपत्त। शास्त्रवार्त्तासमुच्चय ९ २१ टीका।

२ देखिए प सुखलालजी—चौथा कर्मग्रन्थ पृ १५६।

३ पाद ४ सू २२ तथा पाद ४ सू ४ ५ का भाष्य और टीका प सुखलालजी—चौथा कर्मग्रन्थ पृ १५६। तथा तुलनीय-तत्त्वार्थभाष्य २-१५।

४ तुलनीय यशोविजय—क्लेशहानोपाय द्वात्रिंशिका तथा-समाधिसमृद्धिमाह। स्यात्प्रारब्धकर्मव्यतिरिच्यमानानां कृत्स्नामेव कर्मणा विभिन्नविपाकसमयानामपि कायव्यूहेनैकदा भोगेन जीवात्ममहत्त्व साधयता अयाभ्युपगमनैव व्याकुप्यत यतो निरुक्ता भगवती श्रुति अचि त्यो हि समाधिप्रभाव। प बालकृष्ण मिश्र प्रणीत न्यायसूत्रवृत्ति पर विषमस्थल तात्पर्यविवृति पृ २१ २२।

५ एकस्तु प्रभुशक्त्या वै बहुधा भवतीश्वर।
भूत्वा यस्मात्तु बहुधा भवत्येक पुनस्तु स॥
तस्मा च मनसो भेदा जायन्ते चैत एव हि। वायुपु ६६-१४३।
एकधा स द्विधा चैव त्रिधा च बहुधा पुन॥
योगीश्वर शरीराणि करोति विकरोति च।
प्राप्नुयाद्विषयान्कैश्चित् कैश्चिदुग्र तपश्चरेत्॥
संहरेच्च पुनस्तानि सूर्यो रश्मिगणानिव। वायुपु ६६-१५२।

घेरे हुए लवणसमुद्र लवणसमुद्रको घातकीखंड घातकीखंडको कालोदधिसमुद्र और कालोदधिको घेरे हुए पुष्करद्वीप है। इसी प्रकार आगे आगे एक दूसरेको घेरे हुए दूने-दूने विस्तारवाले असंख्यात द्वीप और समुद्र हैं। अंतमें स्वयंभूरमण समुद्र है। जम्बूद्वीपमें भरत हैमवत हरि विदेह रम्यक हैरण्यवत और ऐरावत ये सात क्षेत्र हैं। इन क्षेत्रोंमें गंगा सिन्धु आदि चौदह नदियां बहती हैं। मनुष्यलोकमें पन्द्रह कर्मभूमि और तीस भोगभूमि हैं। ज्योतिष्क देव भी मध्य लोकमें ही निवास करते हैं। सूर्य चन्द्रमा ग्रह नक्षत्र और तारे ये ज्योतिष्क देवों के पाँच भेद हैं। मेरुसे ऊर्ध्वलोकके अन्त तक के क्षेत्रको ऊर्ध्वलोक कहते हैं। ऊर्ध्वलोकमें बारह स्वर्ग (दिगम्बरों की प्रचलित मान्यताके अनुसार सोलह स्वर्ग) होते हैं। इन स्वर्गोंके ऊपर नव ग्रैवेयक नव अनुदिश और विजय वैजयन्त जयन्त अपराजित और सर्वार्थसिद्धि ये पांच अनुत्तर विमान हैं। सर्वार्थ सिद्धिके ऊपर लोकके अंतमें एक राजू चौडी सात राजू लम्बी आठ योजन मोटी ईषत्प्राग्भार नामक पृथिवी है। इस पृथिवीके बीचमें पतालीस लाख योजन चौडी मध्यमें आठ योजन मोटी सिद्धशिला है। इस सिद्ध शिलाके ऊपर तनुवातवलयमें मुक्त जीव निवास करते हैं।

ब्राह्मण पुराणोंमें भूलोक अंतरीक्षलोक और स्वर्गलोक ये तीन मुख्य लोक माने गये हैं। इनमें स्वर्गलोकके महर्लोक जनलोक तपोलोक और सत्यलोक ये चार भेद मिलानेसे सात लोक होते हैं। अवीचि नामके नरकसे लगाकर मेरुके पृष्ठभाग तक भूलोक कहा जाता है। अवीचि नरकके ऊपर महाकाल अम्बरीष रौरव महारौरव कालसूत्र अन्धतामिस्र ये छह नरक हैं। इन नरकोंके ऊपर महातल रसातल अतल सुतल वितल तलातल और पाताल ये सात पाताल हैं।[३] इस आठवीं भूमिपर जम्बू प्लक्ष शाल्मल कुश क्रौञ्च शाक और पुष्कर ये सात द्वीप हैं। ये सात द्वीप लवण सुरा सर्पि दधि दुग्ध और स्वच्छ जल नामक सात समुद्रोंसे परिवेष्टित हैं। मेरुके पृष्ठसे लेकर ध्रुव तक ग्रह नक्षत्र और तारोंसे युक्त अंतरीक्षलोक है। इसके ऊपर पांच स्वर्गलोक हैं। पहला माहेन्द्र स्वर्ग है। इस स्वर्गमें त्रिदश अग्निष्वात्त याम्य तुषित अपरि निर्मित वशवर्ती ये छह प्रकारके देव रहते हैं जो औपपातिक देहको धारण करते हैं। इसके ऊपर महर्लोक नामके दूसरे स्वर्गमें पांच प्रकारके देव रहते हैं जो ध्यान मात्रसे तृप्त हो जाते हैं और जिनकी हजार कल्पकी आयु होती है। तीसरा स्वर्ग ब्राह्म स्वर्ग कहा जाता है। इस स्वर्गके जनलोक तपोलोक और सत्यलोक तीन विभाग हैं। जनलोकमें चार प्रकारके तपोलोकमें तीन प्रकारके और सत्यलोकमें चार प्रकारके देव रहते हैं।[५]

बौद्धोंके शास्त्रोंमें नरकलोक प्रेतलोक तिर्यक्लोक मानुषलोक असुरलोक और देवलोक ये छह लोक माने गये हैं। ये लोक कामधातु रूपधातु और अरूपधातु इन तीन विभागोंमें विभक्त हैं। सबसे नीचे नरकलोक है। संजीव कालसूत्र संघात रौरव महारौरव तपन प्रतापन और अवीचि ये आठ मुख्य नरक हैं। इन नरकोंकी लंबाई चौडाई और ऊंचाई दस हजार योजन है। अवीचि नामका नरक सबसे भयंकर है। इस नरकमें अन्तकल्पकी आयु होती है। नरकोंमें गाढ अंधकार रहता है और वहांके जीवोंको नाना प्रकारके दारुण दुख सहने पडते हैं। मानुषलोकमें जम्बू पूर्वविदेह अवरगोदानीय और उत्तरकुरु ये चार महाद्वीप हैं। ये महाद्वीप मेरु युगन्धर आदि आठ पर्वतोंकी परिक्षेपणा करते हैं और इन पर्वतोंके बीचमें सात

---

१ तत्त्वार्थभाष्य आदि ग्रन्थोंमें अनुदिशोंका उल्लेख नहीं।

२ नरकोंके विस्तृत वर्णनके लिए देखिये मार्कण्डेयपु १२-३-३९। मार्कण्डेयपुराणमें सात नरकोंके नाम निम्न प्रकारसे हैं—रौरव महारौरव तम निकृन्तन अप्रतिष्ठ असिपत्रवन और तप्तकुंभ।

३ पातालोंके वर्णनके लिये देखिये पद्मपु पातालखण्ड १ २ ३ विष्णुपुराण अ २ ५।

४ द्वीप-समुद्रोंके विशेष वर्णनके लिये देखिये भागवत ५-६ १७ १ तथा पद्मपु भूमिखण्ड भूगोलवर्णन अ १२८।

५ स्वर्गके वर्णनके लिये देखिये नृसिंहपु अ ३ पद्मपु स्वर्गखण्ड। कौषीतकी उपनिषद्में बताया गया है कि जीव अग्निलोक वायुलोक वरुणलोक आदित्यलोक इन्द्रलोक प्रजापतिलोकमें से होकर ब्रह्मलोकमें जाता है। ब्रह्मलोकके वर्णन के लिये देखिये १-२ से आगे।

नदियाँ बहती हैं। कामधातुमें चातुमहाराजिक त्रयस्त्रिंश याम तुषित निर्माणरति परनिर्मित और वशवर्ती ये छह प्रकारके देव रहते हैं। इन देवोंमें पहले और दूसरे प्रकारके देव परस्परके संयोगसे और बाकीके देव क्रमसे आलिंगन हाथका संयोग हास्य और अवलोकन करनेसे कामका भोग करते हैं। रूपधातुके देवोंमें अहोरात्रिका व्यवहार नहीं होता। अरूपधातुके देव चार प्रकारके होते हैं।

श्लो ११ पृ ९ पं ५ भवतामपि जिनायतनादिविधाने—

राग द्वेष युक्त असावधान प्रवृत्तिके द्वारा प्राणोके नाश करनेको जैन शास्त्रोंमें हिंसा कहा है। सक्षपमें हिंसाके द्रव्यहिंसा और भावहिंसा ये दो भेद हैं। किसी जीवके अत्यन्त यत्नाचार पूर्वक प्रवृत्ति करने पर भी यदि उससे सूक्ष्म प्राणियोंका घात हो जाता है तो वह जीव द्रव्यहिंसा करके भी हिंसक नहीं कहा जा सकता। तथा यदि कोई जीव कषाय आदिके वशीभूत होकर जीवोको मारनेका सकल्प करता है परन्तु वह जीवोको द्रव्य रूपसे नही मारता तो भी उसे हिंसक कहा गया है। इसीलिये कहा है कि यह जीव दूसरे जीवोके प्राणोंको नाश करके भी पापसे युक्त नही होता तथा जीवोंका नाश हो अथवा नहीं लेकिन अयत्नाचारसे प्रवृत्ति करता हुआ यह जीव अवश्य ही हिंसक कहा जाता है। अतएव जैन शास्त्रोंमें गृहस्थका केवल सकल्पसे होनेवाली हिंसाको छोडनेका उपदेश दिया है। इसलिये पाक्षिक श्रावकको अपनी श्रद्धाके अनुसार जिनमंदिर जिनविहार आदि बनानेका विधान है। यद्यपि जिनमंदिर आदिके बनानेमें आरंभजन्य हिंसा होती है परन्तु इससे महान पुण्यका ही बंध होता है[३]। जिस प्रकार कोई वैद्य रोगीकी चिकित्सा करते समय रोगीको होनेवाले दुखके कारण पापका उपार्जन न करता हुआ पुण्यका ही भागी होता है इसीतरह जैन मंदिर जैन मठ जैन धर्मशाला जैन वाटिकागृह आदि बनानेसे जीवोंका महान कल्याण होता है इसलिये जैन मंदिर आदिके निर्माण करानेमें शास्त्रीय दृष्टिसे दोष नही है।

श्लो ११ पृ ९ प १२ आधाकर्म—

जैन शास्त्रोंमें मुनियोंके लिये निर्दोष आहार ग्रहण करनेका विधान किया गया है। साधारणत यह आहार छियालीस प्रकारके दोषोंसे और आधाकर्म (अध कर्म) से रहित होना चाहिए। आहार ग्रहण करनेके समय आधाकर्मको महान दोष कहा गया है। आधाकर्ममें प्राणियोंकी विराधना होती है इसलिये अधोगतिका कारण होनेमें इसे आधाकर्म कहा जाता है। अथवा मुनिके निमित्तसे बनाये हुए भोजनमें पाच सूनाओसे

---

१ विस्तृत विवरणके लिये देखिये अभिधर्मकोश लोकधातुनिर्देश नामक तृतीय कोशस्थान अभिधम्मत्थ सगहो परि ५।

२ (अ) वियोजयति चासुभिर्न च वधेन सयुज्यते
शिवं च न परोपमर्दपुरुषस्मृतेर्विद्यते
वधाय न यमभ्युपैति च परान्न निघ्नन्नपि।
त्वयायमतिदुर्गम प्रथमहेतुरुद्योतित ॥ सिद्धसेन—द्वा द्वात्रिंशिका ३–१६।
(आ) मरदु व जियदु व जीवो अयदाचारस्स णिच्छिदा हिंसा।
पयदस्स णत्थि बंधो हिंसामित्तेण समिदस्स ॥ सर्वार्थसिद्धि पृ २ ५।
(इ) यत्नतो जीवरक्षार्था तत्पीडापि न दोषकृत्।
अपीडनेऽपि पीडैव भवेदयतनावत ॥ यशोविजय—धर्मव्यवस्था द्वात्रिंशिका २९।

३ यद्यप्यारम्भतो हिंसा हिंसाया पापसंभव।
तथाप्यत्र कृतारंभो महत्पुण्य समश्नुते ॥
निरालम्बनधर्मस्य स्थितिर्यस्मात्तत सताम्।
मुक्तिप्रासादसोपानमाप्तैरुक्तो जिनालय ॥ आशाधर—सागारधर्मामृत २–३५ टिप्पणी।

प्राणियोंकी हिंसा होती है इसलिये इसे आधाकम कहते हैं।[1] यह सामान्य नियम है। परन्तु यदि कोई मुनि रोग आदिके कारण अपने सयमका निर्वाह करनम असमथ हो गया है तो आपतकालमें उस मुनिको शास्त्रमें उद्दिष्ट भोजन ग्रहण करनेकी भी आज्ञा दी गई है। यदि आधाकमको सवथा अधोगतिका कारण मानकर उससे एकान्त रूपसे कर्मबध माना जाय तो मुनिको भोजन न मिलनेके कारण मुनिका आतध्यानके द्वारा प्राणान्त होना संभव है। उदाहरणके लिये जिस मुनिकी आंख दुख रही है वह मुनि पृथ्वीको देखकर न चल सकनेके कारण त्रस जीवोंकी हिंसा नही बचा सकता। वैसे ही यदि रोगादिके कारण साधु उद्दिष्ट भोजनका त्याग नही कर सकता तो वह दोषका भागी नही है। यदि आपत्कालम भी इस प्रकारका अपवाद नियम न बनाया जाय तो क्लेशित परिणामोंसे आर्तध्यानसे मरकर साधुको दुगतिम जाना पडे इससे और भी अधिक पापका बध हो। अतएव रोगादिके कारण असामान्य परिस्थितिके उत्पन्न होने पर साधुको आधा कम—उद्दिष्ट भोजन ग्रहण—करनेकी आज्ञा शास्त्रोंम दी गई ह।[2] इसी प्रकार सामान्यत शास्त्रोम मुनिके लिये नवकोटिसे विशुद्ध आहार ग्रहण करनेकी आज्ञा है लकिन यदि मनि किसी आपदासे ग्रस्त हो जाय तो वह केवल पाच कोटिसे शुद्ध आहार ग्रहण करके अपना जीवन यापन कर सकता ह।[3]

श्लो २३ पृ २४ प ४ **द्रव्यषटक**

जन दर्शनकारोने जीव पद्गल धम अधम आकाश और काल य छह द्र य स्वीकार किये हैं।[4] इन छह द्र योंम काल द्रव्यको छोडकर बाकीके पाच द्रव्योको पच अस्तिकायके नामसे कहा जाता ह। कुछ श्वेताम्बर विद्वान काल द्रव्यको द्रव्योम नही गिनते। इसलिय उनके मतम पाच अस्तिकाय ही पाच द्रव्य माने गये हैं।[5]

काल शब्द बहुत प्राचीन है। वैदिक विद्वान अघमषण ऋग्वदम[6] काल शब्दको सवत्सर के अर्थमें प्रयुक्त करते ह। यहाँ कालको सृष्टिका सहार करनवाला कहा गया है। अथववेदम कालको नित्य पदाथ माना है[7] और इस नित्य पदाथसे प्रत्यक वस्तुकी उत्पत्ति स्वीकार की गई है।[8] बृहदारण्यक मत्रायण आदि उप निषदोम भी काल शब्दको विविध अर्थोंम प्रयुक्त किया ह। महाभारतम कालका विस्तत वणन पाया जाता है।[9] यहा काल शब्दको दिष्ट दव हठ भव्य भवितव्य विहित भागधय आदि अनक अर्थोंम प्रयुक्त किया गया है।

वदिक और बौद्ध दशनोमें काल सबधी दो प्रकारकी मान्यताय दृष्टिगोचर होती हैं (१) न्याय वैशेषिकोंका मत ह कि काल एक सवव्यापी अखड द्रव्य है। यह केवल उपाधिसे भिन्न भिन्न क्षण मुहूत आदिके रूप म प्रतीत होता ह। पवमीमासकोने भी कालको व्यापक और नित्य स्वीकार किया है। इनके मतम जिस

---

१ अतएवाधोगतिनिमित्त कर्माध कमत्यन्वर्थोऽपि घटते। तदेतदध कम गृहस्थाश्रितो निकृष्टव्यापार। अथवा सूनाभिरङ्गिहिंसन यत्रोत्पाद्यमान भक्तादौ तदध कमत्युच्यते। आशाधर–अनगारधर्मामृत ५ ३ वृत्ति।

२ आहाकम्माणि भजति अण्णमण्ण सकम्मुणा।
उवलित्तेत्ति जाणिज्जा णवलित्तेत्ति वा पुणो॥ अभिधानराजेन्द्रकोष भाग २ पृ २४२।

३ विशेषके लिये देखिए अभिधानराजेन्द्रकोष भाग २ पृ २१९–२४२।

४ वैशेषिको द्वारा मान्य छह पदाथ हैं—द्रव्य गुण कम सामान्य विशष और समवाय।

५ भगवती २५ ४ उत्तराध्ययन २ १८ प्रज्ञापना आदि श्वेताम्बर आगम ग्रथोमें काल द्रव्य सबधी दोनो पक्ष मिलते हैं।

६ १ १९।

७ १९ ५३ ५४।

८ ४ ४ १६।

९ ६ १५ ।१ देखिये।

१ डा सिद्धेश्वर शास्त्री का कालचक्र पृ ३९ ४८। काल सबधी वैदिक मान्यताओंके विस्तत विवेचनके लिए देखिये प्रोफेसर बरुआकी Pre Buddhist Philosophy भाग १ अ १३। कालवादियोंके मतके खण्डनके लिए माध्यमिककारिका सन्मतिटीका आदि ग्रंथ देखने चाहिये।

प्रकार वर्ण नित्य और व्यापक होकर भी दीर्घ ह्रस्व आदिके रूपसे भिन्न भिन्न प्रतीत होता है उसी तरह काल भी उपाधिके भेदसे भिन्न मालम देता है। सर्वास्तिवादी बौद्ध भी भूत भविष्य और वर्तमान कालका अस्तित्व मानते हैं (२) काल संबंधी दूसरी मा यताको माननेवाले सांख्य योग वेदान्त विज्ञानवाद और शून्यवाद मतके अनुयायी हैं। इन लोगोंके अनुसार काल कोई स्वतन्त्र द्रव्य नही है। सांख्य विद्वान विज्ञान भिक्षुका कथन है कि नि यकाल प्रकृतिका गुण है और खण्डकाल आकाशकी उपाधियोसे उ पन्न होता है। योगशास्त्रमें कहा है कि काल कोई वास्तविक पदाथ नही है केवल लोकिक व्यवहारके लिये दिन रात आदिका विभाग किया जाता है। यहा केवल क्षणको काल नामसे कहा गया है। यह क्षण उत्पन्न होते ही नाश हो जाता है और फिर दूसरा क्षण उत्पन्न होता ह। क्षणोंका समदाय एक कालम नही हो सकता इस लिये क्षणो के क्रमरूप जो काल माना जाता ह वह केवल क पित ह। शाकर वेदान्ती केवल ब्रह्मको ही स य मानते हैं इसलिये इनके मतम काल भी का पनिक वस्तु है। शकरकी तरह रामानुज निम्बाक मध्व और वल्लभ सम्प्रदायवालोने भी कालको वास्तविक पदाथ स्वीकार नही किया। शातरक्षित आदि बौद्ध आचाय भी काल द्रव्यका पथक अस्तित्व स्वीकार नही करते। पाश्चात्य विद्वान् भी उक्त काल सबधी दोनो सिद्धांतो को मानते हैं।

जन ग्र थोम काल सबधी उक्त दोनो प्रकारकी मा यताय उपलब्ध होती हैं (१) एक पक्षका कहना है कि काल कोई स्वतन्त्र द्र य नही है। जीव और अजीव द्रव्योकी पर्यायके परिणमनका ही उपचारसे काल कहा जाता है इसलिये जीव अजीव द्र योम ही काल द्र य गर्भित हो जाता ह। (२) जन विद्वानोका दूसरा मत है कि जीव और अजीवकी तरह काल भी एक स्वतन्त्र द्र य ह। इस पक्षका कहना ह कि जिस प्रकार जीव और अजीवम गति और स्थितिका स्वभाव होनपर भी धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकायको पृथक द्रव्य माना जाता ह उसी प्रकार कालको भी स्वतन्त्र द्र य मानना चाहिय। यह मा यता श्वताम्बर तथा दिगम्बर दोनो ग्रथोम मिलती ह[३]।

जैन शास्त्रोंमे काल सबधी मा यता

सामा य रूपस जन शास्त्रोम कालके दो भद माने हैं—निश्चयकाल (द्रव्य रूप) और यवहार काल (पर्यायरूप)। जिसके कारण द्रव्योम वतना होती ह उसे निश्चयकाल कहते ह। जिस प्रकार धम और अधम पदार्थोंको गति और स्थितिम सहकारी कारण ह उसी प्रकार काल भो स्वय प्रवर्तमान द्रव्योकी वर्तनाम सहकारी का ण ह। जिसके कारण जीव और पुदगलम परिणाम क्रिया छोटापन बडापन आदि व्यवहार हो उसे व्यवहारकाल कहते हैं। समय आवली घडी घटा आदि सब व्यवहारकालका ही रूप ह। व्यवहारकाल निश्चयकालकी पर्याय ह ओ यह जीव और पुदगलके परिणाममे ही उत्पन्न होता ह इसलिय व्यवहारकालको जीव और पुदगलके आश्रित माना गया ह।

---

१ तत्त्वसग्रह पृ २ ।

२ अत्राहु केऽपि जीवादिपर्याया वतनादय ।
काल इ यु यते तज्ज्ञ पृथग द्रव्य तु नास्त्यसौ ॥ लोकप्रकाश २८-५।
दिगम्बर ग्रथोम काल द्रव्यको स्वीकार न करनका पक्ष कहीं उपलब्ध नहीं होता। परन्तु ध्यान देने याग्य है कि यहा व्यवहार कालका निश्चय कालकी पर्याय स्वीकार करके व्यवहार कालको जीव और पुद्गलका परिणाम माननेका उ लख मिलता है—यस्तु निश्चयकालपर्यायरूपा व्यवहारकाल स जीव पुद्गलपरिणामेनाभिव्यज्यमानत्वात्तदायत्त एवाभिगम्यत इति। अमृतचन्द्र-पचास्तिकाय टीका गा २३।

३ इस पक्षकी चार मान्यताओका उल्लेख प० सुखलालजीन पुरातत्त्व के किसी अंकम किया ह—(क) काल एक और अणुमात्र है (ख) काल एक है लेकिन वह अणुमात्र न होकर मनुष्य क्षेत्र लोकवर्ती है (ग) काल एक और लोकव्यापी है (घ) काल असंख्य हैं और सब परमाणुमात्र हैं।

व्यवहारकाल मनुष्य क्षेत्रमें ही होता है। निश्चयकाल द्रव्य रूप होनेसे नित्य है और व्यवहारकाल क्षण-क्षणमें नष्ट होनेके कारण पर्यायरूप होनेसे अनित्य कहा जाता है। कालद्रव्य अणुरूप है। पुद्गल द्रव्यकी तरह कालद्रव्यके स्कंध नहीं होते। जितने लोकाकाशके प्रदेश होते हैं उतने ही कालाणु होते हैं। ये एक-एक कालाणु गति रहित होनेसे लोकाकाशके एक-एक प्रदेशके ऊपर रत्नोंकी राशिकी तरह अवस्थित हैं। कालद्रव्यके अणु होनेसे कालमें एक ही प्रदेश रहता है इसलिये काल द्रव्यमें तिर्यक प्रचय न होनेसे कालको पांच अस्तिकायोंमें नहीं गिना[1]। आकाशके एक स्थानमें मन्द गतिसे चलनेवाला परमाणु लोकाकाशके एक प्रदेशसे दूसरे प्रदेश तक जितने कालमें पहुँचता है उसे समय कहते हैं। यह समय बहुत सूक्ष्म होता है और प्रतिक्षण उत्पन्न और नष्ट होनेके कारण इसे पर्याय कहते हैं। एक एक कालाणुमें अनंत समय होते हैं। ये कालाणुके अनंत समय व्यवहार नयकी अपेक्षा समझने चाहिये वास्तवमें कालद्रव्य (निश्चयकाल) लोकाकाशके बराबर असंख्य प्रदेशोंका धारक है उसे आकाश आदिकी तरह एक और पुद्गलकी तरह अनंत नहीं मान सकते। यह मत दिगम्बर ग्रन्थोंमें और हेमचन्द्रके योगशास्त्रमें मिलता है।

१ प्रो० ए० चक्रवर्तीने काल द्रव्यकी इस मान्यताकी आधुनिक वैज्ञानिक सिद्धान्तसे तुलना की है—

The autho d ffe entiates between relative t me and absolute time The di tinction s quit dent cal with Newtonian dist nction betwe n relat e and absolut t me The author not cnly admits the reality f t me but also recogn t pote cy In th s r spect o e s remnded of the gr at Fre ich philoso pher Bergson Bergson h s revealed to the wo ld that t me is potent factor in the evolution of Cosmos It is also worth noticing that modern realist led by the mathematical Philosophers dmits the doctrine that time is real and is m de up of instants or moments Panchastikayasara पृ० १५ १९ २२।

२ श्वेताम्बर सम्प्रदायमें कालाणुके असंख्य प्रदेश नहीं माने गये हैं। कालाणुओंके असंख्यात प्रदेशोंका खंडन युक्तिप्रबोध आदिमें किया गया है—

यत्तु कालाणूनामसंख्यातत्वं मतान्तरीयैः प्रपन्नं तदनुपपन्नं। द्रव्यत्वव्याहतेः। यद् यद् द्रव्यं तदेकमनन्तं वा। यदुक्तमुत्तराध्ययनसूत्रे—

धम्मो अहम्मो आगासं दव्वं इक्किक्कमाहियं।
अणंताणि य दव्वाणि कालो पोग्गलजंतुणो ॥

प्रत्याकाशप्रदेशं तन्मते कालाणुस्वीकारे शेषद्रव्याणामिवैतदीयस्तिर्यकप्रचयोऽपि स्यात्। स चानिष्टः। यतो गोम्मटसारवृत्तौ सूत्रं च—

दव्वं छक्कमकालं पंचत्थिकायसण्णियं होई।
काले पदेसपचयो जम्हा णत्थित्ति णिद्दिट्ठं ॥ ९ ९ ॥

कालद्रव्ये प्रदेशप्रचयो नास्तीत्यर्थः। न च अप्रदेशत्वान्न तिर्यक्प्रचय इति वाच्यं। पुद्गलस्यापि तदभावप्रसंगात्। प्रदेशमात्रत्वं अप्रदेशमिति तल्लक्षणस्य तत्रापि विद्यमानत्वात्। अथ पुद्गलस्यास्ति अप्रदेशत्वं द्रव्येण परं पर्यायेण तु अनेकप्रदेशत्वमप्यस्ति। कालस्य तु नतदिति चेत्। न। अनेनापि प्रसंगापराकरणात्। न हि निर्धूमत्वेन पर्वतेऽग्निमत्त्वे प्रसज्यमाने यत्किंचिद्धर्माभावे तदभावः प्रतीयते इति स्थितं तिर्यकप्रचयप्रसंगेन। न चैतत् समयद्रव्याणामानन्त्येऽपि तुल्यं। तदानन्त्यस्य अतीतानागतापेक्षया स्वीकारात्। यदुक्तमुत्तराध्ययने—एमेव संतइं पप्प इति। तद्वृत्तौ वादिवेतालापरनामधेया श्रीशांतिसूरयोऽप्याहुः— कालस्यानन्त्यमतीतानागतापेक्षया इति। श्रीभगवतीवृत्तौ श्रीअभयदेवसूरयोऽपि—एको धर्मास्तिकायप्रदेशोऽद्धासमयैः स्पृष्टश्चेन्नियमात् अनन्तैः अनादित्वादद्धासमयानाम् इति। मेघविजयगणि–युक्तिप्रबोध गा० २३ पृ० १८९।

३ मेघविजयगणि योगशास्त्रमें वर्णन किये हुए काल द्रव्यके सिद्धांतसे श्वेताम्बर मान्यताका समन्वय करते हैं—

एतेन योगशास्त्रायान्तरश्लोकेषु—— लोकाकाशप्रदेशस्था भिन्ना कालाणवस्तु ये ।

शंका—समय रूप ही निश्चयकाल है इसको छोडकर कालाणु द्रव्यरूप कोई निश्चय काल नहीं देखा जाता। समाधान—समय कालकी ही पर्याय है क्योंकि वह उत्पन्न और नाश होनेवाला ह। जो पर्याय होता है वह द्रव्यके विना नही होता। जिस प्रकार घट रूप पर्यायका कारण मिट्टी ह उसी तरह समय मिनिट घटा आदि पर्यायोंके कारण कालाण रूप निश्चय कालको मानना चाहिय।

शंका—समय मिनिट आदि पर्यायोका कारण द्रव्य नही है किन्तु समयकी उत्पत्तिम मन्दगतिसे जाने वाले पुद्गल परमाणु ही समय आदिका कारण हैं। जिस प्रकार निमेषरूप काल पर्यायकी उत्पत्तिम आखोके पलकोंका खलना और बन्द होना कारण है इसी तरह दिनरूप पर्यायकी उत्पत्तिम सूय कारण है। समाधान—हमेशा कारणके समान ही काय हुआ करता है। यदि आखोका खलना और बन्द होना तथा सूर्य आदि निमेष तथा दिन आदिके उपादान कारण होते तो जिस प्रकार मिट्टीके बने हुए घडेम मिट्टीके रूप रस आदि गण आ जाते हं उसी तरह आखोका खुलना बन्द होना आदि पुद्गल परमाणओके गुण निमेष आदिम आ जान चाहिय। परन्तु निमष आदिम पुदगलके गुण नही पाये जात। इसलिय समय आदिका कारण निश्चयकालको मानना चाहिये।

शंका—यदि आप कालाण द्रव्योंको लोकाकाश यापी मानकर उन्ह लोकाकाशके बाहर अलोकाकाशम व्याप्त नही मानते तो आकाश द्रव्यम किस प्रकार परिवतन होता है? समाधान—लोकाकाश और अलोकाकाश दो अलग अलग द्रव्य नही हं। वास्तवम आकाश एक अखड द्रव्य ह केवल उपचारसे लोकाकाश और अलोकाकाशका यवहार होता है। अतएव जिस प्रकार एक स्पशन इद्रियको विषयमुखका अनुभव होनसे वह अनुभव सम्पूण शरीरम होता है उसी तरह कालाण द्रव्यके लोकाकाशम एक स्थानपर रहकर सम्पूण आकाशम परिणमन होता है इसलिय काल द्रव्यसे अलोकाकाशम भी परिणमन सिद्ध होता ह।[2]

शंका—कालद्रव्य धम अधर्म आदि द्रव्योकी तरह निरवयव अखंड क्यो नही? कालद्रव्यको अण रूप क्यों माना है? समाधान—काल दो प्रकारका है—यवहार और मख्य। मख्यकाल अनेक हैं कारण कि आकाशके प्रत्यक प्रदेशोम व्यवहारकाल भिन्न भिन्न रूपसे होता ह। यदि व्यवहारकालको आकाशके प्रत्येक

> भावाना परिवर्ताय मुख्य काल स उच्यते ॥
> ज्योति शास्त्र यस्य मानमुच्यते समयादिकम ।
> स व्यावहारिक काल कालवदिभिरामत ॥
> नवजीर्णादिभेदेन यदमी भुवनोदरे ।
> पदार्था परिवर्तन्ते तत्कालस्यैव चेष्टितम ॥
> वतमाना अतीता व भाविनो वर्तमानता ।
> पदार्था प्रतिपद्यन्ते कालक्रीडाविडम्बिता ॥

इत्यादिना कालाणव परस्पर विविक्ता प्रतिपादितास्ते पर्यायरूपा इत्युक्त। न तु तथा द्रव्यरूपत्व। अनत समयस्वरूपत्वेन तद्विशषणस्य सूत्रणात। आगमेऽपि अनंतद्रव्यत्वेन कथनाच्च। यद्यनतसमया द्रव्यसमया इत्यथ तदा व्याहृति स्पष्टव कालाणना द्रव्यत्वे तेषामसख्यातत्वात। युक्तिप्रबोध गा २३ प १९५; द्रव्यानुयोगत कणा ११ १५।

---

१ द्रव्यतस्तु लोकाकाशप्रदेशपरिमाणकोऽसख्येय एव कालो मुनिभि प्रोक्तो न पुनरेक एवाकाशादिवत्। नाप्यनत पुद्गलात्मद्रव्यवत प्रतिलोकाकाशप्रदेश वर्तमानानां पदार्थानाम वृत्तिहेतुत्वसिद्ध। त श्लोकवार्तिक ५-४। तुलनीय न च कालद्रव्यस्य समय इति परिभाषा न युक्ता समयस्य पर्यायत्वादिति वाच्य। श्वेताशाम्बरद्वयनयेऽपि सांमत्यात्। यदुक्त तत्त्वदीपिकायां प्रवचनसारवृत्तौ श्रीअमृतचन्द्रै — अनुत्पन्नविध्वस्तो द्रव्यसमय उत्पन्नप्रध्वसी पर्यायसमय। युक्तिप्रबोध गा २३ पृ १८९।

२ विशेष के लिये देखिये द्रव्यसग्रह २१ २२ २५ गाथाकी वृत्ति द्रव्यानुयोगतकणा ११ १४ से आगे युक्तिप्रबोध कालद्रव्यप्रकरण।

प्रदेशोंमें भिन्न-भिन्न न माना जाय तो कुरुक्षेत्र लंका आदिके आकाश-प्रदेशोंमें दिन आदिका व्यवहार नहीं हो सकता। इसलिये व्यवहारकालके आकाशके प्रदेशोंमें भिन्न भिन्न होनेसे निश्चयकाल भी कालाणु रूपसे भिन्न भिन्न सिद्ध होता है। क्योंकि निश्चयकालके बिना व्यवहारकाल नहीं होता।[1]

श्लोक २३ पृ २०६ पं ७ द्वादशांग—

श्रुतके दो भेद हैं—अगप्रविष्ट और अगबाह्य। सवज्ञ भगवान्के कहे हुए प्रवचनके गणधरों द्वारा शास्त्र रूपम लिख जानेको अगप्रविष्ट कहते हैं। इसके बारह भेद हैं। इसे ही द्वादशांग कहते हैं। द्वादशांगको गणिपिटक भी कहा जाता है। जैन द्वादशागके मूल उपदेष्टा ऋषभदेव माने जाते हैं। द्वादशांग—आचारांग सूत्रकृतांग स्थानाग समवायाग भगवती (व्याख्याप्रज्ञप्ति) ज्ञातृधर्मकथा उपासकदशा अन्तकृद्दशा अनुत्तरोपपादिकदशा प्रश्नव्याकरण विपाकसूत्र और दृष्टिवाद। दिगम्बरोंकी मान्यताके अनुसार आगम साहित्य लुप्त हो गया है। श्वेताम्बर आम्नायम दृष्टिवादको छोडकर ग्यारह अंग आजकल भी उपलब्ध हैं।[2]

आचारांग—इसे सामयिक नामसे भी कहा गया है। इसम निग्रथ एवं निग्रथिनियोंके आचारका वणन ह। इसम दो श्रुतस्कध हैं। प्रथम श्रुतस्कधम आठ और द्वितीय श्रुतस्कंधम सोलह अध्ययन हैं। द्वितीय श्रुतस्कधमें महावीरका जीवनचरित्र ह। आचाराग सूत्र सब सूत्रोंसे प्राचीन है। इस अगको प्रवचनका सार भी कहा जाता है। इसके ऊपर भद्रबाहुकी नियुक्ति जिनदासगणि महत्तरकी चर्णी और शीलांककी टीका है।

सूत्रकृतांग—सूत्रकृतागम साधुओंकी चर्या और अहिंसा आदिका वणन है। इसमें क्रियावादी अक्रियावादी वैनयिक अज्ञानवादी आदि अनक मतोंकी समीक्षाके साथ ब्राह्मणोंके यज्ञ-याग आदिकी निन्दा की गई ह यह अंग ऐतिहासिक महत्त्वका है। इसम दो श्रुतस्कध हैं। प्रथम श्रुतस्कंध श्लोको म ह इसमें सोलह अध्ययन ह। द्वितीय श्रुतस्कध गद्यमें है इसमें सात अध्ययन हैं। इसपर भद्रबाहुकी निर्युक्ति, जिनदासगणि महत्तरकी चूर्णी और शीलाकको टीका है। दिगम्बरोंके अनुसार इसम ज्ञान विनय प्रज्ञापना आदि व्यवहारधमकी क्रियाओंका वर्णन है।

स्थानांग—इसमें बौद्धोंके अंगुत्तरनिकायकी तरह एकसे लेकर दस तक जीव आदिके स्थान बताये गये हैं। इसम द्रव्योंके स्वरूप आदिका विस्तत वणन है। स्थानागम दस अध्याय हैं। इसपर नवांगवृत्तिकार अभयदेवसूरिकी टीका है। दिगम्बरोंके अनुसार इस अगम दसकी मर्यादा नही है।

समवायांग—इसमें एकसे लगाकर कोडाकोडि स्थान तकको वस्तुओंका वणन है। यहाँ बारह अंग और चौदह पूर्वोंका वर्णन मिलता है। इस अंगमे अठारह प्रकारकी लिपि उनतीस पापश्रुत उत्तराध्ययनके

---

१ प्रमेयकमलमार्तंड परि ४ पृ १६९।

२ द्वादशांगम बारह उपाग दस प्रकीणक छह छेदसूत्र दो चलिकासूत्र और चार मूलसूत्रको मिलानेसे श्वेताम्बरोंके कुल ४६ आगम होते हैं। बारह उपांग—१ औपपातिक २ राजप्रश्नीय ३ जीवाजीवाभिगम ४ प्रज्ञापना ५ सूर्यप्रज्ञप्ति ६ जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति ७ चन्द्रप्रज्ञप्ति ८ निरयावलिया ९ कल्पावतंसिका १० पुष्पिका ११ पुष्पचूलिका १२ वृष्णिदशा। दस प्रकीर्णक—१ चतु शरण २ आतुरप्रत्याख्यान ३ भक्तपरिज्ञा ४ संस्तार, ५ तंदुलवैचारिक ६ चंद्रावेध्यक ७ देवेन्द्रस्तव ८ गणिविद्या ९ महाप्रत्याख्यान १० वीरस्तव। छह छेदसूत्र—१ निशीथ २ महानिशीथ ३ व्यवहार ४ आचारदशा (दशाश्रुतस्कध अथवा दशा) ५ बृहत्कल्प ६ पंचकल्प (जीतकल्प)। चूलिकासूत्र—१ अनुयोगद्वार २ नन्दिसूत्र। चार मूलसूत्र—१ उत्तराध्ययन २ आवश्यक ३ दशवैकालिक ४ पिंडनिर्युक्ति (ओघनिर्युक्ति)। श्वेताम्बर स्थानकवासी ३२ आगम मानते हैं।

कालीक अध्ययन तथा नन्दिसूत्रका उल्लेख आता पड़ता है। कि यह सूत्र द्वादशांगके सुव्यवस्थ होनेके बाद लिखा गया है। इसपर अभयदेवसूरिकी टीका है। दिगम्बरोंके अनुसार इसमें द्रव्य क्षेत्र काल और भावके अनुसार पदार्थोंके सादृश्यका (समवाय) कथन है।

भगवती—इसे व्याख्याप्रज्ञप्ति भी कहते हैं। इस सूत्रमें ४१ शतक हैं। इसम श्रमण भगवान् महावीर और गौतम इन्द्रभूतिके बीच होनेवाले प्रश्नोत्तरोका वणन है। इस अगमें महावीरका जीवन उनकी प्रवृत्ति उनके शिष्य उनके अतिशय आदि विषयोका विशद वणन है। भगवतीमें पार्श्वनाथ जामालि और गोशाल मक्खलिपुत्तके शिष्योंका वर्णन है। षोडश जनपदोंका यहाँ उल्लख है। इसपर अभयदेवसूरिकी टीका है। दिगम्बरोंके अनुसार इसम जीव है या नहीं वह अवक्तव्य है अथवा वक्तव्य आदि साठ हजार प्रश्नोके उत्तर हैं।

ज्ञातृधर्मकथा—इसे सस्कृतमे ज्ञातृधमकथा नाथधमकथा तथा प्राकृतम णायाधम्मकहा णाणधम्मकहा और णाहधम्मकहा भी कहते हैं। इसम उन्नीस अध्ययन और दो श्रुतस्कध हैं। इसमें ज्ञातृपुत्र महावीरकी कथाओका उदाहरण सहित वणन है। प्रथम श्रुतस्कधके सातव अध्यायम पन्द्रहवें तीथकर मल्लि कुमारीकी और सोलहवअध्यायम द्रोपदीकी कथा ह। इसपर अभयदेवसूरिन टीका लिखी है। दिगम्बरोके अनुसार इसमें तीथकरोकी कथाय अथवा आख्यान उपाख्यानोका वणन ह।

उपासकदशा—इसके दस अध्ययनोम महावीरके दस उपासको (श्रावकाके)के आचारका वणन है। ये कथायें सुधर्मा जम्बूस्वामीसे कहत हैं। सातवें अध्यायम गोशाल मक्खलिपुत्तके अनुयायी सद्दालपुत्तकी कथा आती है। सद्दालपुत्त आगे चलकर महावीरका अनुयायी हो गया था। उपासकदशाम अजातशत्रु राजाका उल्लेख आता है। इसपर अभयदेवकी टीका है। दिगम्बर ग्रन्थोमें इसे उपासकाध्ययन कहा गया है।

अन्तकृद्दशा—इसमे दस अध्यायाम मोक्षगामी साधु और साध्विमोका वणन ह। इसपर अभयदेवने टीका लिखी है। दिगम्बर ग्रन्थोमें इस अंगम प्रत्यक तीथकरके तीथम दारुण उपसग सहकर मोक्ष प्राप्त करनेवाले दस मुनियोका वणन है।

अनुत्तरोपपातिकदशा—इसम अनुत्तर विमानोको प्राप्त करनवाले मनियोका वणन हैं। यहाँ कृष्णकी कथा मिलती ह। इसपर भी अभयदेवकी टीका है।

प्रश्नव्याकरण—इसे प्रश्नव्याकरणदशा भी कहते ह। इसम दस अध्ययाय ह। यहाँ पाँच आस्रवद्वार और पाँच संवरद्वारका वणन है। टीकाकार अभयदवसूरि हैं। स्थानाग और नन्दिसूत्रमें जो इस आगमका विषयवर्णन दिया गया है उससे प्रस्तुत विषयवर्णन बिलकुल भिन्न है। दिगम्बरोंके अनुसार इसमें आक्षेप और विक्षेपसे हेतु-नयाश्रित प्रश्नोका स्पष्टीकरण है।

विपाकसूत्र—इसे कम्मविवायदसाओ भी कहा गया है। इसम बीस अध्ययन है। बहुतसे दुखी मनुष्योको देखकर इन्द्रभूति महावीरसे उन मनुष्योके पूवभवोको पूछत ह। महावीर मनुष्योके सुख दुखके विपाकका वणन करते है। इसम दस कथा पुण्यफलकी और दस कथाय पापफलकी पायी जाती ह। इसपर अभयदवसूरिकी टीका है।

दृष्टिवाद—इसमें अन्य दर्शनोके ३६३ मतोंका वणन था। यह सूत्र लुप्त हो गया है। इसके संबंधमें अनेक परम्पराय जैन आगमोमें उपलब्ध होती हैं। दिगम्बर परम्पराके अनुसार इस अंगके कुछ अशोका उद्धार षट्खडागम और कषायप्राभृतमें उपलब्ध है। चौदह पूर्व इसीम गर्भित हैं। इसके पाँच भेद हैं—परिकर्म, सूत्र पूर्वगत अनुयोग और चूलिका। श्वेताम्बरोंके अनुसार परिकर्मके सात भेद हैं—सिद्धसेणिआ मणुस्ससेणिआ पुट्ठसेणिआ ओगाढसेणिआ उपसंपज्जणसेणिआ विप्पजहणसेणिआ, चुआचुअसेणिआ।

इसमें पहले दोके चौदह-चौदह, और बादके पांचके ग्यारह-ग्यारह अवान्तर भेद होनेसे परिकर्मके ८३ भेद होते हैं। दिगम्बर सम्प्रदायमें परिकर्मके पांच भेद किये गये हैं—चन्द्रप्रज्ञप्ति सूर्यप्रज्ञप्ति, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति द्वीपसमुद्रप्रज्ञप्ति और व्याख्याप्रज्ञप्ति। सूत्र बाईस हैं। बाईस सूत्रोंके चार-चार भेद होनेसे सब सूत्र अठासी होते हैं। पूर्वगतके चौदह भेद हैं—उत्पाद अग्रायणी वीर्यप्रवाद अस्तिनास्तिप्रवाद ज्ञानप्रवाद सत्यप्रवाद आत्मप्रवाद कर्मप्रवाद प्रत्याख्यान विद्यानुवाद कल्याणवाद प्राणवाद क्रियाविशाल और लोकबिन्दुसार। अनुयोगके दो भेद हैं—मूल प्रथमानुयोग और गण्डिकानुयोग। अनुयोगको दिगंबर ग्रंथोंमें प्रथमानुयोगके नामसे कहा है। चूलिका—श्वेतांबरोंके अनुसार चौदह पूर्वोंमें ही चूलिका है। पहले पूर्वकी चार दूसरे पूर्वकी बारह तीसरेकी आठ और चौथे पूर्वकी दस चूलिकायें हैं। दिगम्बर ग्रंथोंमें चूलिकाके पाँच भेद मिलते हैं—जलगता स्थलगता मायागता रूपगता और आकाशगता। स्त्रियोंको दृष्टिवाद पढ़नेका निषेध है।

अंगबाह्य—गणधरोंके बादमें होनेवाले आचार्य अल्प शक्तिवाले शिष्योंके लिये अंगबाह्यकी[1] रचना करते हैं। अंगबाह्य अनेक प्रकारका है। श्वेताम्बर ग्रंथोंमें अंगबाह्यके दो भेद हैं—आवश्यक और आवश्यकव्यतिरिक्त। आवश्यकके छह भेद हैं—सामायिक चतुर्विंशतिस्तव वंदन प्रतिक्रमण कायोत्सर्ग और प्रत्याख्यान। आवश्यकव्यतिरिक्तके दो भेद हैं—कालिक और उत्कालिक। उत्तराध्ययन आदि छत्तीस ग्रंथ कालिक और दशवैकालिक आदि अट्ठाइस ग्रंथ उत्कालिक हैं। दिगम्बर ग्रंथोंमें अंगबाह्यके चौदह भेद हैं—सामायिक चतुर्विंशतिस्तव वंदना प्रतिक्रमण वैनयिक कृतिकर्म दशवैकालिक उत्तराध्ययन कल्प व्यवहार कल्पाकल्प महाकल्प पुंडरीक महापुंडरीक और निषिद्धिका।

श्वेताम्बर परम्पराके अनुसार सर्वप्रथम इन आगम ग्रंथों का संग्रह महावीर निर्वाण (ई. पू. ५२७) के लगभग १६० वर्ष पश्चात् (ईसवी सन के पूर्व ३६७) स्थूलभद्रके अधिपतित्वमें पाटलिपुत्रमें होनेवाली परिषद्में किया गया था। उसके बाद लगभग ईसाकी छठी शताब्दिके आरंभमें देवर्धिगणि क्षमाश्रमणने वलभीमें इन्हें व्यवस्थित कर लिपिबद्ध किया। आगम ग्रंथ एक समयमें नहीं लिखे गये हैं। भिन्न भिन्न आगमोंका भिन्न भिन्न समय है। इसलिये आगमका प्राचीनतम भाग महावीर निर्वाण के लगभग डेढ़ सौ बरस बाद—ईसाके पूर्व चौथी शताब्दिके आरम्भमें तथा आगमका सबसे अर्वाचीन भाग ईसाकी छठी शताब्दीके आरंभमें देवर्धिगणि क्षमाक्षमणके कालमें व्यवस्थित किया गया है।[2]

श्लोक २७ पृ. २४० पं. ५ प्राण—

प्राण शब्द वैदिक शास्त्रोंमें विविध अर्थोंमें प्रयुक्त किया गया है—कहीं प्राण शब्द का प्रयोग आत्माके अर्थमें कहीं इन्द्रके अर्थमें कहीं सूर्यके अर्थमें और कहीं सामके अर्थमें। एक जगह उपनिषदोंमें प्राणको आत्माका कार्य कहा है दूसरी जगह आत्मासे प्राणकी उत्पत्ति बताई गई है। कहीं प्राणको प्रज्ञा कहा गया है और कहीं प्राण शब्दको मृत्युके पश्चात् जानेवाले सूक्ष्म शरीरका पर्यायवाची बताया है। वेदान्ती लोगोंने प्राणको ब्रह्मका पर्यायवाची माना है।

जैन सिद्धान्तमें प्राण पारिभाषिक शब्द है। गोम्मटसार जीवकाण्डमें प्राण अधिकार अलग है। जिसके द्वारा जीव जीता है उसे प्राण कहा जाता है। प्राणके दो भेद हैं—द्रव्यप्राण और भावप्राण। आँखोंका खोलना बंद करना श्वासोच्छ्वास लेना काय-व्यापार आदि बाह्य द्रव्येन्द्रियोंके व्यापारको द्रव्यप्राण कहते हैं। तथा इन्द्रियावरणके क्षयोपशमसे होनेवाली चैतन्य रूप आत्माकी प्रवृत्तिको भावप्राण कहते हैं। प्राण दस होते हैं—पाँच इंद्रिय मन वचन और कायबल श्वासोच्छ्वास और आयु।

---

१ तत्त्वार्थभाष्यमें महर्षियोंके कहे हुए कपिल आदि प्रणीत ग्रंथोंको भी अंगबाह्य कहा गया है।

२, देखिये जगदीशचन्द्र जैन, प्राकृत साहित्य का इतिहास पृ० ३३-१०४।

एकेन्द्रिय जीवके चार, और संज्ञी पंचेंद्रियके बारहवें गुणस्थान तक दसों प्राण होते हैं। तेरहवें गुणस्थानमें वचन श्वासोछ्वास आयु और कायबल ये चार प्राण होते हैं। आगे चलकर इसी गुणस्थानमें वचनबलका अभाव होनेसे तीन और श्वासोछ्वासका अभाव होनेसे दो प्राण रह जाते हैं। चौदहवें गुणस्थानमें काय बलका भी अभाव होनेसे केवल एक आयु प्राण अवशेष रह जाता है। सिद्ध जीवोके मोक्षावस्थामें शरीर नहीं रहता अतएव सिद्धोके सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र आदि भावप्राण मान गये हैं। अतएव संसारी जीव द्रव्यप्राणोकी अपेक्षा और सिद्ध जीव भावप्राणोकी अपेक्षासे जीव कहे जाते हैं।

श्लोक २८ पृ० २५१ प० ८ ज्ञानके भेद—

ज्ञानके दो भेद हैं—सम्यग्ज्ञान और मिथ्याज्ञान। सम्यग्ज्ञानके दो भेद है—प्रत्यक्ष और परोक्ष। इन्द्रिय आदि सहायता के बिना केवल आत्माके अवलम्बनसे पदार्थोंके स्पष्ट जाननको प्रत्यक्ष और इन्द्रिय आदिकी सहायता से पदार्थोंके अस्पष्ट ज्ञान करनेको परोक्ष ज्ञान कहते है। प्रत्यक्ष ज्ञानके दो भेद हैं—सांव्यवहारिक और पारमार्थिक। बाह्य इन्द्रिय आदिकी सहायता से उत्पन्न होनेवाले ज्ञानको साव्यवहारिक प्रत्यक्ष[3] कहते हैं। सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष दो प्रकारका ह—इन्द्रियोंसे होनवाला और मनसे होनवाला। इन्द्रियजन्य प्रत्यक्ष और अनिन्द्रियजन्य प्रत्यक्ष दोनोके अवग्रह ईहा अवाय और धारणा य चार चार भेद हैं।[5] इन्द्रिय और मनके निमित्तसे दर्शनके बाद होनेवाले ज्ञानको अवग्रह कहते हैं। अवग्रह के जान हुए पदार्थमें विशेष इच्छा रूप ज्ञानको ईहा कहते हैं जैसे बगुलोकी पंक्ति और पताकाको देखकर यह ज्ञान होना कि यह पताका होनी चाहिये। ईहाके बाद विशेष चिह्नोंसे पताकाका ठीक ठीक निश्चितरूप ज्ञान होना अवाय (अपाय) है। तथा जाने हुए पदार्थको कालान्तरमे नही भूलना धारणा है। अवग्रहके दो

---

१ जैनेतर दर्शनकारोने इन्द्रियजनित ज्ञानको प्रत्यक्ष और अतीन्द्रिय ज्ञानको परोक्ष कहा है।

२ नन्दिसूत्रमें प्रत्यक्षके इन्द्रिय प्रत्यक्ष और नोइन्द्रिय प्रत्यक्ष ये दो भेद किये गये हैं। यहाँ पहले तो मति ज्ञानको इन्द्रिय प्रत्यक्ष और अवधि आदि तीनको नोइन्द्रिय प्रत्यक्षमे शामिल किया गया ह लेकिन आगे चलकर मतिज्ञानको श्रुतज्ञानकी तरह परोक्ष कहा गया है। अनुयोगद्वारसूत्रमें प्रत्यक्षके दो भद करकेएक भागमें मतिज्ञानको और दूसरेम अवधि आदि तीनको गर्भित किया गया है। देखिये प सुखलालजी—न्यायावतार भूमिका (गुजराती)। तथा तुलनीय—अत्राह शिष्य — आद्ये परोक्षम् इति तत्त्वार्थसूत्र मतिश्रुतद्वय परोक्ष भणितं तिष्ठति कथ प्रत्यक्ष भवति। परिहारमाह—तदुत्सर्गव्याख्यानम। इदं पुनरपवादव्याख्यानम। यदि तदुत्सर्गव्याख्यानम् न भवति तर्हि मतिज्ञान कथ तत्त्वार्थ परोक्ष भणित तिष्ठति। तर्कशास्त्रे सांव्यावहारिक प्रत्यक्षं कथ जात। यथा अपवादव्याख्यानेन मतिज्ञान परोक्षमपि प्रत्यक्षज्ञान तथा स्वात्माभिमुख भावश्रुतज्ञानमपि परोक्ष सत्प्रत्यक्ष भण्यते। ब्रह्मदेव द्रव्यसग्रहवृत्ति ५।

३ सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष वास्तवम परोक्ष ही है—तद्धीन्द्रियानिन्द्रियव्यवहितात्मव्यापारसपाद्यत्वात्परमार्थत परोक्षमेव धूमादग्निज्ञानवद् व्यवधानाविशेषात्। किं चासिद्धानैकान्तिकविरुद्धानुमानाभासवत्सशयविपर्ययानध्यवसायसभवात्सदनुमानवत्संकेतस्मरणादिपूर्वकनिश्चयसभवा च परमार्थ परोक्षमेवैतत। यशोविजय—जैनतर्कपरिभाषा पृ ११४ भावनगर।

४ यहाँ यशोविजयजीने इन्द्रिय प्रत्यक्ष और अनिन्द्रिय प्रत्यक्षके मति और श्रुत दो भेद करके मतिज्ञानके अवग्रह आदि चार और श्रुतज्ञानके चौदह भद किये हैं—तदेव सप्रभेद साव्यवहारिक मतिश्रुतलक्षणं प्रत्यक्षं निरूपितम। जैनतर्कपरिभाषा।

५ उमास्वाति पूज्यपाद, अकलंक आदि आचार्योंने मतिज्ञानके इन्द्रियजन्य और अनिन्द्रियजन्य ज्ञानके दो भेद करके मतिज्ञानके अवग्रह ईहा अवाय और धारणा ये चार भेद किये हैं।

भेद हैं—व्यंजनावग्रह और अर्थावग्रह। दर्शनके बाद अव्यक्त ग्रहणको व्यंजनावग्रह और व्यक्त ग्रहणको अर्थावग्रह कहते हैं। व्यंजनावग्रह चक्षु और मनसे नहीं होता इसलिये वह शेष चार इन्द्रियोंसे ही होता है। अर्थावग्रह पाँच इन्द्रिय और मनसे होता है इसलिये अर्थावग्रहके छह भेद और व्यंजनावग्रहके चक्षु और मनको निकाल देनसे चार भेद होते हैं। छह प्रकारके अर्थावग्रहकी तरह ईहा अवाय और धारणाके भी छह-छह भेद हैं। इस प्रकार इन चौबीस भेदोमें चार प्रकारका व्यंजनावग्रह मिला देनसे मतिज्ञानके अठाईस भेद होते हैं। यह अठाईस प्रकारका मतिज्ञान बहु एक बहुविध क्षिप्र अक्षिप्र अनिस्सृत निस्सृत अनुक्त उक्त ध्रुव और अध्रुवके भेदसे बारह बारह प्रकारका है। अतएव अठाईसको बारहसे गुणा करनसे इन्द्रिय और अनिन्द्रिय प्रत्यक्षके कुल ३३६ भेद होते हैं।

जो ज्ञान केवल आत्माकी सहायतासे हो उसे पारमार्थिक प्रत्यक्ष कहते हैं। पारमार्थिक प्रत्यक्ष क्षायोपशमिक (विकल) और क्षायिक (सकल) के भेदसे दो प्रकारका है। जो ज्ञान कर्मोंके क्षय और उपशमसे उत्पन्न होकर सम्पूर्ण पदार्थोंको जाननमें असमर्थ हो उसे क्षायोपशमिक कहते हैं। यह ज्ञान अवधि और मनपर्ययके भेदसे दो प्रकारका है। अवधिज्ञानावरणके क्षयोपशम होनेपर इन्द्रिय और मनकी सहायताके बिना सम्पूर्ण रूपी पदार्थोंको जाननेको अवधिज्ञान कहते हैं। अवधिज्ञानका विषय तीन लोक है। इसके दो भेद हैं—*भवप्रत्यय और गुणप्रत्यय। अनुगामी अननुगामी वर्धमान हीयमान अवस्थित और अन*वस्थितके भेदसे अवधिज्ञानके छह भेद भी होते हैं। मनपर्ययज्ञानावरणके क्षयोपशम होनेपर इन्द्रिय और मनके बिना मानुष क्षेत्रवर्ती जीवोके मनकी बात जाननेको मनपर्याय ज्ञान कहते हैं। यह ज्ञान मुनियोंके ही होता है। इसके दो भेद हैं—ऋजुमति और विपुलमति। क्षायिक अथवा सकल पारमार्थिक प्रत्यक्ष सम्पूर्ण कर्मोंके सर्वथा क्षयसे उत्पन्न होता है। इसे केवलज्ञान कहते हैं। केवलज्ञानके दो भेद हैं—भवस्थ केवलज्ञान और सिद्धस्थ केवलज्ञान। भवस्थ केवलज्ञानके दो भेद हैं—सयोग और अयोग। सिद्धस्थ केवलज्ञानके दो भेद हैं—अनंतरसिद्ध और परंपरासिद्ध।

इन्द्रिय और मनकी सहायतासे होनेवाले अस्पष्ट ज्ञानको परोक्ष कहते हैं। परोक्ष ज्ञानके पाँच भेद हैं—स्मृति प्रत्यभिज्ञान तर्क अनुमान और आगम[1]।

श्लोक २९ पृ २५९ प० ७ निगोद—

जिन जीवोंके एक ही शरीरके आश्रय अनन्तानन्त जीव रहते हों उसे निगोद कहते हैं[2]। निगोद जीवोंका आहार और श्वासोच्छवास एक साथ ही होता है तथा एक निगोद जीवके मरनेपर अनन्त निगोद जीवोंका मरण और एक निगोद जीवके उत्पन्न होनेपर अनन्त निगोद जीवोकी उत्पत्ति होती है। निगोद जीव एक श्वासमें अठारह बार जन्म और मरण करते हैं और अति कठोर यातनाको भोगते हैं। ये निगोद जीव पृथिवी अप तेज वायु देव नारकी आहारक और केवलियोंके शरीरको छोड़कर समस्त लोकमें भरे हुए हैं। असंख्य निगोद जीवोंका एक गोलक होता है। इस प्रकारके असंख्य निगोद जीवो के असंख्य गोलकोंसे तीनो लोक व्याप्त हैं। ये सूक्ष्म निगोदिया जीव व्यावहारिक और अव्यावहारिक भेदोंसे[3] दो प्रकारके हैं। जिन जीवोंने अनादि निगोदसे एक बार भी निकलकर उस पर्यायको प्राप्त किया है उन्हें व्यावहारिक निगोद जीव कहा गया है। तथा जो जीव कभी भी सूक्ष्म निगोदसे बाहर निकल कर नहीं आये उन्हें अव्यावहारिक निगोद कहते हैं। जितने जीव अब तक मोक्ष गये हैं अथवा भविष्यमें जायेंगे वे सम्पूर्ण जीव निगोद जीवोंके अनन्तवे भाग भी नहीं हैं। अतएव जितने जीव व्यवहारराशिसे निकलकर

---

१ स्मृति आदिके लक्षणके लिये देखिये प्रस्तुत पुस्तकका पृ० २५१ २।

२ नि नियतां गां भूमिं क्षेत्रं निवासं अनन्तानंतजीवानां ददाति इति निगोदं। गोम्मटसार जीव० १९१ टीका।

३ गोम्मटसार जीव० आदि दिगम्बर ग्रन्थोंमें इन भेदोंको इतर और नित्य निगोदके नामसे कहा गया है।

मोक्ष जाते हैं, उतने जीव अनादि निगोदसे निकलकर व्यवहारराशिमें आ जाते हैं। इसलिये यह संसार कभी भव्य जीवोंसे खाली नहीं होता। जिस प्रकार निगोद राशि अनन्तानन्त है, उसी प्रकार भव्य जीव राशि भी अनन्तानंत है[1]।

सब जीवोंके एक एक करके मोक्ष जानेसे एक दिन संसारका उच्छेद हो जाना चाहिये—यह प्रश्न भाष्यकार व्यासके सामने भी था। भाष्यकार इस प्रश्नको अवचनीय कोटिमें रक्खा है[2]।

---

१ विशेष जाननेके लिये देखिये लोकप्रकाश ४–१–११ प्रज्ञापना १८ पद मलयागिरि वृत्ति तथा प्रस्तुत पुस्तकके २९ श्लोकका व्याख्यार्थ और भावार्थ।

२ अथास्य संसारस्य स्थित्या गत्या च गुणेषु वर्तमानस्यास्ति क्रमसमाप्तिर्न वेति। अवचनीयमेतत्। कथम्। अस्ति प्रश्न एकान्तवचनीयः सर्वो जातो मरिष्यति मृत्वा जनिष्यत इति। ओं भो इति।
अथ सर्वो जातो मरिष्यतीति मृत्वा जनिष्यत इति। विभज्य वचनीयमेतत्। प्रत्युदितख्यातिः क्षीणतृष्णः कुशलो न जनिष्यत इतरस्तु जनिष्यते। तथा मनुष्यजातिः श्रेयसी न वा श्रेयसीत्येवं परिपृष्टे विभज्य वचनीयः प्रश्नः पशूनधिकृत्य श्रेयसी देवानृषींश्चाधिकृत्य नेति। अयं तु अवचनीयः प्रश्नः संसारोऽयमन्तवानथानन्त इति। पातंजल योगसूत्र भाष्य ४–३३।

तुलनीय—ननु अष्टसमयाधिकषण्मासाभ्यन्तरे अष्टोत्तरशतजीवेषु कर्मक्षयं कृत्वा सिद्धेषु सत्सु सिद्धराशेर्वृद्धिदर्शनात् संसारिजीवराशेश्च हानिदर्शनात् कथं सर्वदा सिद्धेभ्योऽनन्तगुणत्वं एकशरीरनिगोदजीवानां सर्वजीवराश्यनन्तगुणकालसमयसमूहस्य तथोग्यानंतभागे गते सति संसारिजीवराशिक्षयस्य सिद्धराशिबहुत्वस्य च सुघटत्वात् इति चेत्। तन्न। केवलज्ञानदृष्ट्या केवलिभिः श्रुतज्ञानदृष्ट्या श्रुतकेवलिभिश्च सदा दृष्टस्य भव्यसंसारिजीवराश्यक्षयस्यातिसूक्ष्मत्वात्तर्कविषयत्वाभावात्। गोम्मटसार जीव० गा० १९६ केशवर्णी टीका।

बौद्ध परिशिष्ट (ख)

(श्लोक १६ से १९ तक)

बौद्ध दर्शन

बौद्ध दर्शनको सुगत दर्शन भी कहते हैं। बौद्ध लोगोंने विपश्यी शिखी विश्वभू ककुच्छन्द काञ्चन काश्यप और शाक्यसिंह ये सात सुगत माने हैं।[1] सुगतको तीर्थंकर बुद्ध अथवा धर्मधातु नामसे भी कहा जाता है। बुद्धोंके कण्ठ तीन रेखाओंसे चिह्नित होते हैं। अन्तिम बुद्धने मगध देशमें कपिलवस्तु नामक ग्राममें जन्म लिया था। इनकी माताका नाम मायादेवी और पिताका नाम शुद्धोदन था। बौद्ध लोग बुद्ध भगवान्को सर्वज्ञ कहते हैं। बुद्धने दुःख समुदय (दुःखका कारण) मार्ग और निरोध (मोक्ष) इन चार आर्यसत्योंका उपदेश दिया है। बौद्ध मतमें पांच इन्द्रियां और शब्द रूप रस गन्ध स्पर्श ये पांच विषय मन और धर्मायतन (शरीर) ये सब मिलाकर बारह आयतन माने गये हैं। बौद्ध प्रत्यक्ष और अनुमान दो प्रमाणोंको मानते हैं। बौद्ध लोग आत्माको न मानकर ज्ञानको ही स्वीकार करते हैं। इनके मतमें क्षण क्षणमें नाश होनेवाली संतानको ही एक भवसे दूसरे भवमें जानेवाली माना गया है। बौद्ध साधु चमर रखते हैं मुण्डन कराते हैं चमड़ेका आसन और कमण्डलु रखते हैं तथा चुंटी तक गेरुआ रंगका वस्त्र पहिनते हैं। ये लोग स्नान आदि शौच क्रिया विशेष करते हैं। बौद्ध साधु भिक्षा पात्रमें आये हुए मांसको भी शुद्ध समझकर भक्षण कर लेते हैं। ये लोग जीवोंकी दया पालनके लिये भूमिको बुहारकर चलते हैं और ब्रह्मचर्य आदि क्रियामें खूब दृढ़ होते हैं। बौद्ध मतमें धर्म बुद्ध और संघ ये तीन रत्न और सम्पूर्ण विघ्नोंको नाश करनेवाली ताराको देवी स्वीकार किया गया है। वैभाषिक सौत्रांतिक योगाचार और माध्यमिक ये बौद्धोंके चार भेद हैं।[2]

बौद्धोंके मुख्य सम्प्रदाय

बुद्धके निर्वाण जानेके बाद संघमें कलहका आरम्भ हुआ और बुद्ध निर्वाणके सौ वर्ष पश्चात् ईसवी सन् पूर्व ४ में वैशालीमें एक परिषदकी आयोजना की गई। इस परिषद्में महासंघिक मूल महासंघिक एकव्यवहारिक लोकोत्तरवादी कुकुल्लिक बहुश्रुतीय प्रज्ञप्तिवादी चैत्तिक अपरशैल और उत्तरशैल इन नौ शाखाओंमें विभक्त हो गये। इधर थेरवादी भी निम्न ग्यारह मुख्य शाखाओंमें बट गये—हैमवत सर्वास्तिवाद धर्मगुप्तिक महीशासक काश्यपीय सौत्रांतिक वात्सीपुत्रीय धर्मोत्तरीय भद्रयानीय सम्मितीय और छन्नागरिक।[3] थेरवादियों और महासंघिकोंके उक्त सम्प्रदायोंके सिद्धांतोंके विषयमें बहुत कम ज्ञातव्य

---

१ पाली ग्रन्थोंमें कहीं आठ कहीं सोलह और कहीं पच्चीस बुद्धोंके नाम आते हैं। देखिये राजवाड़े—दीघनिकाय भाग २ मराठी भाषांतर पृ. ४६।

२ देखिये गुणरत्नकी षड्दर्शनसमुच्चय टीका और राजशेखरका षड्दर्शनसमुच्चय।

३ वसुमित्रने इन बीस भेदोंको हीनयान सम्प्रदायकी शाखा कहकर उल्लेख किया है। परन्तु आगे चलकर ये महासंघिक और थेरवाद सम्प्रदाय क्रमसे हीनयान और महायान कहे जाने लगे। हीनयानी केवल अपने ही निर्वाणके लिये प्रयत्न करते हैं और यहां अन्य मनुष्योंकी तरह बुद्धको भी मनुष्य ही माना गया है। यहां सम्पूर्ण पदार्थ क्षणिक हैं पंच स्कंधोंका नाश हो जाना निर्वाण है इसके आगे सिद्धान्तोंका दार्शनिक विकास दृष्टिगोचर नहीं होता। महायान सम्प्रदायके अनुयायी अनन्त काल तक प्राणियोंके मोक्षके लिये प्रयत्नशील रहते हैं। निर्वाणके बाद भी बुद्धकी प्रवृत्ति संसारके जीवोंके हितके बराबर जारी रहती है। यहां गृहस्थमें रहकर भी बिना किसी वर्णभेदके प्राणीमात्रके लिये निर्वाणका द्वार खुला

बातें मिलती हैं। वैदिक और जैन शास्त्रोंमें भी उक्त सम्प्रदायोंमें सर्वास्तिवादी सौत्रांतिक और आर्यसम्मितीय (वैभाषिक) नामके बौद्ध सम्प्रदायोंको छोड़कर अन्य सम्प्रदायोंका उल्लेख नहीं मिलता।

सौत्रान्तिक

ये लोग टीकाओंकी अपेक्षा बुद्धके सूत्रोंको अधिक महत्त्व देनेके कारण सौत्रांतिक कहे जाते हैं। सौत्रांतिक लोग सर्वास्तिवादियों (वैभाषिकों) की तरह बाह्य जगतके अस्तित्वको मानते हैं और समस्त पदार्थोंको बाह्य और अन्तरके भेदसे दो विभागोंमें विभक्त करते हैं। बाह्य पदार्थ भौतिक रूप और आन्तर पदार्थ चित्त-चैत्त रूप होते हैं। सौत्रांतिकोंके मतमें पांच स्कन्धोंको छोड़कर आत्मा कोई स्वतन्त्र पदार्थ नहीं है। पाँच स्कंध ही परलोक जाते हैं। अतीत अनागत सहेतुक विनाश आकाश और पुद्गल (नित्य और व्यापक आत्मा) ये पाँच संज्ञामात्र प्रतिज्ञामात्र संवृतिमात्र और व्यवहारमात्र हैं। सौत्रान्तिकोंके मतमें पदार्थोंका ज्ञान प्रत्यक्षसे न होकर ज्ञानके आकारकी अन्यथानुपपत्ति रूप अनुमानसे होता है। साकार ज्ञान प्रमाण होता है। सम्पूर्ण संस्कार क्षणिक होते हैं। रूप रस गंध और स्पर्शके परमाणु तथा ज्ञान प्रत्येक क्षण नष्ट होते हैं। अन्यापोह (अन्य व्यावृत्ति) ही शब्दका अर्थ है। तदुत्पत्ति और तदाकारतासे पदार्थोंका ज्ञान होता है। नैरात्म्य भावनासे जिस समय ज्ञान-सन्तानका उच्छेद हो जाता है उस समय निर्वाण होता है। वसुबन्धुके अभिधर्मकोशके[2] अनुसार सौत्रांतिक लोग वर्तमान और जिनसे अभी फल उत्पन्न नहीं हुआ ऐसी भूत वस्तुको अस्ति रूप तथा भविष्य और जिनसे फल उत्पन्न हो चुका है ऐसी भूत वस्तुको नास्ति रूप मानते हैं। सौत्रांतिक लोगोंके इस सिद्धांतको माननेवाले धर्मत्रात घोष वसुमित्र और बुद्धदेव ये चार विद्वान् मुख्य समझे जाते हैं। ये लोग क्रमसे भावपरिणाम लक्षणपरिणाम अवस्थापरिणाम और अपेक्षापरिणामको मानते हैं।

धर्मत्रात (१ ई)—भावपरिणामवादी धर्मत्रातका मत है कि जिस प्रकार सुवर्णके कटक कुण्डल आदि गुणोंमें ही परिवर्तन होता है स्वयं सुवर्ण द्रव्यमें कोई परिवर्तन नहीं होता इसी तरह वस्तुका धर्म भविष्य पर्यायको छोड़कर वर्तमान रूप होता है और वर्तमान भावको छोड़कर अतीत रूप होता है परन्तु वास्तवमें स्वयं द्रव्यमें कोई परिवर्तन नहीं होता।[3] धर्मत्रातको कनिष्ककी परिषद्के मुख्य सदस्य वसुमित्रका मामा कहा जाता है। धर्मत्रातने बुद्ध भगवानके मुखसे कहे हुए एक हजार श्लोकोंका

खुला रहता है। इस सम्प्रदायके अनुयायी बुद्धको देवाधिदेव मानकर बुद्धकी भक्ति करते हैं। महायान सम्प्रदायमें प्रत्येक पदार्थको निःस्वभाव और अनिर्वाच्य कहकर तत्त्वोंका दार्शनिक रीतिसे तलस्पर्शी विचार किया गया है। सौत्रांतिक और वैभाषिक हीनयान और विज्ञानवाद और शून्यवाद महायान सम्प्रदायकी शाखायें हैं।

जापानी विद्वान् यामाकामी सोगन (Yamakami Sogen) के मतानुसार बुद्धके निर्वाणके तीन सौ बरस बाद वैभाषिक चार सौ बरस बाद सौत्रान्तिक तथा पाँच सौ बरस बाद माध्यमिक और ईसाकी तीसरी शताब्दिमें विज्ञानवाद सिद्धान्तोंकी स्थापना हुई। प्रो ध्रुवका मत है कि असंग और वसुबन्धुके पूर्व भी विज्ञानवादका सिद्धान्त मौजूद था इसलिये मध्यमवादके पहले विज्ञानवादको मानकर बादमें माध्यमिकवादकी उत्पत्ति मानना चाहिये। देखिये प्रोफेसर ध्रुव—स्याद्वादमञ्जरी पृ ७० २५।

१ गुणरत्नकी षड्दर्शनसमुच्चय-टीका।

२ इसका रशियन विद्वान् प्रो शर्बात्स्की (Stchertatsky) ने अंग्रेजीमें अनुवाद किया है।

३. धर्मस्याध्वसु वर्तमानस्य भावान्यथात्वमेव केवलं न तु द्रव्यस्येति। यथा सुवर्णद्रव्यस्य कटककेयूरकुण्डलादिभिधाननिमित्तस्य गुणस्यान्यथात्वं न सुवर्णस्य तथा धर्मस्यानागतादिभावान्यथात्वम्। तत्त्वसंग्रहपञ्जिका पृ० ५०४।

धम्मपदमें तैतीस अध्ययनोंमें संग्रह किया था। धम्मपदका चीनी अनुवाद मिलता है। धर्मत्राताको पञ्चवस्तुविभाषाशास्त्र संयुक्ताभिधर्महृदयशास्त्र अवदानसूत्र और धर्मत्रातध्यानसूत्र इन ग्रंथोंका प्रणेता कहा जाता है[1]।

घोष (१५ ई)—लक्षण-परिणामवादी घोषका सिद्धांत है कि जिस प्रकार किसी एक स्त्रीमें आसक्ति करनेवाला पुरुष दूसरी स्त्रियोंमें आसक्तिको नहीं छोड देता उसी तरह भूत धर्म भूत धर्मसे संबद्ध होता हुआ वर्तमान और भविष्य धर्मोंसे संबंध नही छोडता तथा वर्तमान धर्म वर्तमान धर्मसे सबद्ध होता हुआ भूत और भविष्य धर्मसे संबंध नही छोडता। घोषने अभिधर्मामृतशास्त्रकी रचना की है। इस ग्रंथका चीनी अनुवाद उपलब्ध है।

बुद्धदेव (२ ई)—अपेक्षा परिणामवादी बुद्धदेवका कहना है कि जैसे एक ही स्त्री पुत्री माता आदि कही जाती है उसी तरह एक ही धर्ममें नाना अपेक्षाओंसे भूत भविष्य और वर्तमानका व्यवहार होता है। जिसके केवल पूर्व पर्याय है उसे भविष्य जिसके केवल उत्तर पर्याय है उसे भूत और जिसने पूर्व पर्यायको प्राप्त कर लिया है और जो उत्तर पर्यायको धारण करनेवाला है उसे वर्तमान कहते है।

वसुमित्र (१ ई)—अवस्था परिणामवादी वसुमित्रका कहना है कि धर्म भिन्न भिन्न अवस्थाओंकी अपेक्षा ही भूत भविष्य और वर्तमान कहा जाता है। वास्तवमें द्रव्यमें परिवर्तन नही होता। इसलिये जिस समय किसी धर्ममें कार्य करनेकी शक्ति बंद हो जाती है उस समय उसे भूत जिस समय धर्ममें क्रिया होती रहती है उस समय वर्तमान और जिस समय धर्ममें क्रिया होनेवाली हो उस समय उसे भविष्य कहते हैं।[4] वसुमित्र कनिष्ककी परिषद्में उपस्थित होनेवाले पाँचसौ अर्हतोंमेंसे थे। वसुमित्रने अभिधर्मप्रकरणपाद अभिधर्मधातुकायपाद अष्टादशनिकायशास्त्र तथा आर्यवसुमित्रबोधिसत्त्वसंगीतशास्त्र ग्रंथोंकी रचना की है।

धर्मत्राता घोष बुद्धदेव और वसुमित्रके सिद्धांतोंका प्रतिपादन और खण्डन तत्त्वसंग्रहमें त्रैकाल्य परीक्षा नामक प्रकरणमें किया गया है। वसुबन्धुने अभिधर्मकोश (५ २४ ६)[5] में आदिके तीन विद्वानोंके मतोंका खण्डन करके वसुमित्रके अवस्था-परिणामको स्वीकार किया है।

वैभाषिक

वैभाषिक लोग अभिधर्मकी टीका विभाषाको सबसे अधिक महत्व देनेके कारण वैभाषिक कहे जाते हैं। ये लोग भूत भविष्य और वर्तमानको अस्तिरूपसे मानते है। इनके मतमें ज्ञान और ज्ञेय दोनों वास्तविक हैं। वैभाषिक लोग प्रत्यक्ष प्रमाणसे बाह्य पदार्थोंका अस्तित्व मानते है। इनके मतमें प्रत्येक

---

१ तत्त्वसंग्रह अंग्रेजी भूमिका पृ ५६।

२ धर्मोऽध्वसु वर्तमानोऽतीतोऽतीतलक्षणयुक्तोऽनागतप्रत्युत्पन्नाभ्यां लक्षणाभ्यां अवियुक्त । यथा पुरुष एकस्यां स्त्रियां रक्त शेषास्वविरक्त एवमनागतप्रत्युत्पन्नावपि वाच्यौ। तत्त्वसंग्रहपंजिका।

३ धर्मोऽध्वसु वर्तमान पूर्वापरमपेक्ष्यान्योन्य उच्यत इति। यथैका स्त्री माता चोच्यते दुहिता चेति। त संग्रहपंजिका।

४ धर्मोऽध्वसु वर्तमानोऽवस्थामवस्थां प्राप्यान्योऽन्यो निर्दिश्यतेऽवस्थान्तरतो न द्रव्यत द्रव्यस्य त्रिष्वपि कालेष्वभिन्नत्वात्। तत्त्वसंग्रहपंजिका।

५ देखिये प्रोफेसर शेर्बात्स्कीका The Central Conception of Buddhism परिशिष्ट १ पृ ७६–९१।

पदार्थ उत्पत्ति स्थिति जरा और मरण इन चार क्षणों तक अवस्थित रहता है। पुद्गल (आत्मा) में भी ये गुण रहते हैं। ज्ञान निराकार होता है और यह पदार्थके साथ एक ही सामग्रीसे उत्पन्न होता है। वैभाषिक आर्यसमितीय नामसे भी कहे जाते हैं।[1]

वैभाषिक (सर्वास्तिवादी) लोगोंका साहित्य आजकल चीनी भाषाम उपल ध है। मुख्य साहित्य निम्न प्रकारसे है—१ कात्यायनीपुत्रका ज्ञानप्रस्थानशास्त्र। इसे महाविभाषा भी कहते हैं। २ सारीपुत्रका धर्मस्कंध। ३ पूर्णका धातुकाय। ४ मौद्गलायनका प्रज्ञप्तिशास्त्र। ५ देवक्षमका विज्ञानकाय। ६ सारीपुत्रका संगीतिपर्याय और वसुमित्रका प्रकरणपाद। इसके अतिरिक्त ईसवी सन् ४२ –५ म वसुबन्धुने अभिधर्मकोश (वैभाषिककारिका) ग्रथ लिखा और इस ग्रथपर स्वय ही अभिधमकोशभाष्य रचा। इसम सौत्रांतिकोंके सिद्धांतोका खण्डन किया गया है। आग चलकर सौत्रातिक विद्वान यशोमित्रन इस ग्रथपर अभिधमकोशव्याख्या नामकी टीका लिखी। इसके अलावा वैभाषिक विद्वान सघभद्रन समयप्रदीप और न्यायानुसार (इनका चीनीम भाषांतर है) नामक ग्र थ लिखे। धमत्राता घोष वसुमित्र आदिन भी वैभाषिक सम्प्रदायके अनेक ग्र थ लिख हैं। प्रसिद्ध तार्किक दि नाग न भी प्रमाणसमु चय यायप्रवेश हेतुचक्रडमरु प्रमाणसमुच्चयवृत्ति आलम्बनपरीक्षा त्रिकाल्यपरीक्षा आदि याय ग्रथोकी रचना की ह।

सौत्रातिक और वैभाषिक दोनो सम्प्रदायोका परस्पर घनिष्ठ सम्ब ध रहा है। इसीलिये वदिक ग्र थकार इन दोनो स प्रदायोके भिन्न भिन्न सिद्धान्तोम म कोई भेद न समझकर सौत्रातिक और वभाषिकोका सर्वास्तिवादीके नामसे उ लेख करते ह। पर तु सौत्रातिकोन कभी अपने आपको सर्वास्तिवादी नही कहा कारण कि सर्वास्तिवादो और सौत्रातिक दानोके ग्रथ अलग अलग थ । सौत्रा तिक और वभाषिक (सर्वास्तिवादी) दोनो बाह्य पदार्थोके अस्ति वको मानत ह। ये लोग अठारह धातुओको स्वीकार करते है। इन सम्प्रदायोकी रुचि विशेष रूपसे क्षणिकवाद प्रत्यक्ष और अनुमानकी परिभाषा पदार्थोका अथक्रियाकारित्व अपोहवाद अवयववाद विशषवाद आदि विषयोको प्रतिपादन करनेकी ओर अधिक रही ह। ये याय वैशेषिक साख्य आदि वदिक दशनकारोके सिद्धातोका खण्डन करते थे। वसुब धु यशोमित्र धमकीर्ति (लगभग ६३५ ई) विनीतदेव शा तभ धर्मोत्तर (८४१ ई) रत्नकीर्ति पण्डित अशोक रत्नाकर शान्ति आदि विद्वान इन सम्प्रदायोके उल्लखनीय विद्वान हं।

सौत्रान्तिक-वैभाषिकोंके सिद्धांत

१ **प्रमाण और प्रमाणका फल भिन्न नहीं है**—जिस समय किसी प्रमाणके द्वारा पदाथका ज्ञान होनेपर उस पदार्थ सम्बन्धी अज्ञानकी निवत्ति होती ह उस समय उस पदाथक प्रति हय अथवा उपादेयकी बुद्धि होती है। इसी बुद्धिका होना प्रमाणका फल (प्रमिति) कहा जाता है। नयायिक मीमासक और सांख्य लोगोकी मान्यता है कि जिस प्रकार काटनकी क्रियाके बिना कुठारको करण नही कहा जा सकता उसी तरह प्रमिति क्रियाके बिना प्रमाणको करण नही कह सकत। अतएव जिस प्रकार कुठारसे वृक्षको काटनपर वृक्षके दो टकड हो जाना रूप फल कुठारसे भिन्न है उसी तरह इ न्द्रिय और पदार्थोंका ज्ञान होनेसे जो पदार्थोंका ज्ञान होना रूप फल होता ह उसे भी प्रमाणसे सवथा भिन्न मानना चाहिये। प्रत्यक्ष

---

१ देखिये गुणरत्नकी षडदर्शनसमच्चय टीका प ४६ ४७। सर्वास्तिवादके सिद्धा तोके विशेष जाननेके लिये यामाकामी सोगेनका Systems of Buddhistic Thought देखना चाहिय।

२ सवदर्शनसग्रहकार आदि विद्वानोके अनुसार वभाषिक पदार्थोंका ज्ञान प्रत्यक्षसे और सौत्रांतिक पदार्थोंका ज्ञान अनुमानसे मानते हैं।

३ देखिये यामाकामी सोगेन का Systems of Buddhistic Thought अध्याय ३।

अनुमान आदि प्रमाण साधकतम होनेसे करण हैं और पदार्थोंका हेय-उपादेय रूप ज्ञान होना साध्य होनेसे क्रियारूप है अतएव प्रमाणका फल प्रमाणसे सर्वथा भिन्न है। बौद्ध इस सिद्धान्तका खण्डन करते हैं। उनका कथन है कि प्रत्यक्ष और अनुमान प्रमाणका स्वरूप पदार्थोंका जानना है अतएव पदार्थोंको जाननेके सिवाय प्रमाणका कोई दूसरा फल नहीं कहा जा सकता इसलिये प्रमाण और प्रमाणके फलको सर्वथा अभिन्न मानना चाहिये। जिस समय ज्ञान पदार्थोंको जानता है उस समय ज्ञान पदार्थोंके आकारका होता है यही ज्ञानकी प्रमाणता है। तथा ज्ञान पदार्थोंके आकारका होकर पदार्थोंको जानता है यह ज्ञानका फल है। अतएव एक ही ज्ञानको प्रमाण और प्रमाणका फल स्वीकार करना चाहिये। व्यवहारमे भी देखा जाता है कि जो आत्मा प्रमाणसे पदार्थोंका ज्ञान करती है उसे ही फल मिलता है। इसलिये प्रमाण और प्रमाणका फल सर्वथा अभिन्न हैं।

२ क्षणिकवाद—बौद्ध लोग प्रत्येक पदार्थको क्षणिक स्वीकार करते हैं। उनका मत है कि संसार में कोई भी वस्तु नित्य नही है। प्रत्येक वस्तु अपने उत्पन्न होनेके दूसरे क्षणमें ही नष्ट हो जाती है क्योंकि नष्ट होना पदार्थोंका स्वभाव है। यदि पदार्थोंका स्वभाव नष्ट होना न माना जाय तो घडे और लाठीका संघर्ष होनेपर भी घडेका नाश नही होना चाहिये। हमें पदार्थ नित्य दिखाई पडते हैं परन्तु यह हमारा भ्रम मात्र है। वास्तवमे प्रत्येक वस्तु प्रत्येक क्षणमे नाश हो रही है। जिस प्रकार दीपककी ज्योतिके प्रतिक्षण बदलते रहनेपर भी समान आकारकी ज्ञान परम्परासे यह वही दीपक है इस प्रकारका ज्ञान होता है उसी प्रकार प्रत्येक वस्तुके क्षण क्षणमे नष्ट होनेपर भी पूर्व और उत्तर क्षणोमे सदृशता होनेके कारण वस्तुका प्रत्यभिज्ञान होता है। यदि वस्तुको नित्य माना जाय तो कूटस्थ नित्य वस्तुमें अर्थक्रिया नही हो सकती और वस्तुमे अर्थक्रिया न होनेसे उसे सत भी नही कहा जा सकता। दसवी शताब्दिके बौद्ध विद्वान रत्नकीर्तिने क्षणिकवादकी सिद्धिके लिये क्षणभंगसिद्धि नामक स्वतन्त्र ग्रथ लिखा है।[3] इस ग्रंथमे रत्नकीर्तिने शकर त्रिलोचन न्यायभूषण वाचस्पति आदि विद्वानोंके मतका खण्डन करते हुए अन्वयव्याप्ति और व्यतिरेकव्याप्तिसे क्षणभंगवादकी सिद्धि की है। शान्तरक्षित आचार्यने तत्त्वसंग्रहमे स्थिरभावपरीक्षा नामक प्रकरणमे भी नित्यवादकी मीमासा करते हुए क्षणिकवादको सिद्ध किया है। इसके अतिरिक्त जैन और वैदिक ग्रंथोमे भी क्षणिकवादका प्रतिपादन मिलता है[6]।

३ अवयववाद—नैयायिक लोग अवयवीको अवयवोसे भिन्न मानकर उन दोनोका सम्बन्ध समवायसे स्वीकार करते हैं। परन्तु बौद्धोका कहना है कि अवयवोको छोडकर अवयवी कोई भिन्न वस्तु नही है। भ्रमके कारण अवयव ही अवयवी रूप प्रतीत होते हैं। अवयव रूप परमाणु उत्पन्न होते हैं और उत्पन्न होते ही नष्ट हो जाते हैं इसलिये अवयवोको छोडकर अवयवी पृथक वस्तु नही है। जिस समय परस्पर मिश्रित परमाणु ज्ञानसे जाने जाते हैं उस समय ये परमाणु विस्तृत प्रदेशमे रहनेके कारण स्थूल कहे जाते हैं।[7]

---

१ जैन लोग भी पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा क्षणिकवाद स्वीकार करते हैं—स्याद्वादिनामपि हि प्रतिक्षणं नवनवपर्यायपरंपरोत्पत्तिरभिमतैव। तथा च क्षणिकत्वम। देखिये पीछे पृ १८८

२ देखिये पीछे पृ २३४

३ पंडित हरप्रसाद शास्त्री द्वारा बिब्लिओथिका इण्डिका कलकत्तामे सम्पादित।

४ देखिये षडदर्शनसमुच्चय गुणरत्नकी टीका पृ २९ ३ ४ चन्द्रप्रभसूरि प्रमेयरत्नकोष पृ ३।

५ न्यायमंजरी न्यायवार्तिकतात्पर्यटीका आदि।

६ बौद्धोंके क्षणिकवादकी तुलना फ्रांसके दार्शनिक बर्गसाँ (Bergson) के क्षणिकवादके साथ की जा सकती है।

७ परमाणव एव परस्परदेशपरिहारेणोत्पन्ना परस्परसहिता अवभासमाना देशवितानवन्तो भासन्ते वितत देशत्वञ्च स्थूलत्वम्। पंडित अशोक अवयविनिराकरण पृ ७९।

इसलिये परमाणुओका छोडकर अवयवीको भिन्न नहीं मानना चाहिये। पंडित अशोकन अवयववादकी पुष्टिके लिये अवयविनिराकरण नामक ग्रथ लिखा है।

४ विशेषवाद— नैयायिक सामान्यको एक नित्य और व्यापी मानते हैं। बौद्धोका मत है कि विशेषको छोडकर सामा य कोई भिन्न वस्तु नहीं है। सम्पूर्ण क्षणिक पदार्थोंका ज्ञान उनके असाधारण रूपसे ही होता है इसलिये सम्पूण पदार्थ स्वलक्षण हैं अर्थात् पदार्थोंका सामान्य रूपसे ज्ञान नही होता। जिस समय हम पाच उगलियोंका ज्ञान करते हैं उस समय पांच उंगलियोरूप विशेषको छोडकर अंगुलित्व कोई भिन्न जाति नहीं मालम होती।[1] इसी प्रकार गौको जानते समय गौके वण आकार आदि विशेष ज्ञानको छोडकर गोत्व सामान्यका भिन्न ज्ञान नहीं होता अतएव विशेषको छोडकर सामान्यको भिन्न वस्तु नही मानना चाहियें। क्योंकि विशेषम ही वस्तुका अथक्रियाकारित्व लक्षण ठीक-ठीक घटता है।[2] वेदान्तियोके मतम भी जातिका प्रत्यक्ष अथवा अनुमानसे ज्ञान नही माना गया अतएव सामा य भिन्न पदाथ नही है।

५ अपोहवाद—जिससे दूसरेकी व्यावृत्ति की जाय उसे अपोह कहते ह (अ योऽपोह्यते व्यावत्यते अनेन)। बौद्ध लोग अ यन्त व्यावृत्त परस्पर विलक्षण स्वलक्षणोमें अनुवृत्ति प्र यय करनवाले सामा यको नही मानते यह कहा जा चुका ह। बौद्धोकी मा यता है कि जिस समय हम किसी शब्दका ज्ञान होता है उस समय उस शब्दसे पदार्थोंका अस्ति और नास्त दोनो रूपसे ज्ञान होता है। उदाहरणके लिये जिस समय हमें गौ शब्दका ज्ञान होता है उस समय एक साथ ही गौके अस्ति व और गौके अतिरिक्त अन्य पदार्थोंके नास्तित्व रूपका ज्ञान होता है। इसलिये बौद्धोके मतम अतद्व्यावृत्ति (अपोह) ही शब्दाथ माना जाता है। पंडित अशोकने अपोहवादपर अपोहसिद्धि नामक स्वतत्र ग्रथ लिखा है। मीमासाश्लोकवार्तिकम भी अपोहवादपर एक अध्याय है।

शून्यवाद

शू यवादको माध्यमिकवाद अथवा नैरात्म्यवाद भी कहते हैं। माध्यमिक लोगोंका कथन है कि पदार्थोंका न निरोध होता है न उत्पाद होता है न पदार्थोंका उच्छेद हाता ह न पदाथ नि य हैं न पदार्थोंमें अनेकता है न एकता ह और न पदार्थोंमे गमन होता है और न आगमन हाता है। अतएव सम्पण धम मायाके समान होनसे निस्स्वभाव हैं। जो जिसका स्वभाव होता ह वह उससे कभी पृथक नही होता और वह किसी दूसरकी अपेक्षा नही रखता। परन्तु हम जितन पदाथ देखत ह व सब अपनी-अपनी हेतुप्रत्यय सामग्रीसे उत्पन्न होते हैं और अपनी योग्य सामग्रीके अभावम नही होते। इसलिय जो लोग स्वभावसे पदार्थोंको भावरूप मानते हैं वे लोग अहेतु प्र ययसे पदार्थोंकी उत्पत्ति स्वीकार करना चाहते हैं। अतएव सम्पूण पदाथ परस्पर सापेक्ष हैं काई भी पदाथ सर्वथा निरपेक्ष दष्टिगोचर नही होता। अतएव हम

---

१ प्र यक्षमासि धम्मसु न पचस्वगुलीष स्थित
सामा य प्रतिभासते न च विक पाकारबुद्धौ तथा।
ता एव स्फुटमूतयोऽत्र हि विभास ते न जातिस्तत
सादृश्यभ्रमकारणो पुनरिमावेकोपलब्धध्वनी ॥

पडित अशोक सामा यदूषणदिकप्रसारिता प १ २।

२ देखिये पीछ पृ १२ १२४।

३ अनिरुद्धमनुत्पादमनुच्छेदमशाश्वत।
अनकाथमनानाथमनागममनिर्गमम ॥ माध्यमिकवृत्ति प्रत्ययपरीक्षा।

४ हेतुप्रत्यय अपेक्ष्य वस्तुन स्वभावता न इतरथा।

पदार्थोंका स्वभावकी अपेक्षा उत्पन्न होना नहीं मान सकते[1]। पदार्थ स्वभावसे भाव रूप नहीं हैं इसलिये वे परभावकी अपेक्षा भी उत्पन्न नहीं होते अन्यथा सूर्यसे भी अन्धकारकी उत्पत्ति माननी चाहिये। पदार्थ स्वभाव और परभावकी अपेक्षा उत्पन्न नहीं होते इसलिये स्वभाव और परभाव दोनो (उभय रूप) से भी उनकी उत्पत्ति नही हो सकती। तथा भाव अभाव और भावाभावसे पदार्थोंकी उत्पत्ति न होनेसे अनुभव रूपसे भी पदाथ उत्पन्न नहीं हो सकते।[2] अतएव जिस प्रकार असत मायागज सत् रूपसे प्रतीत होता है जिस प्रकार अपारमार्थिक माया परमाथ रूपसे ज्ञात होती है उसी तरह सम्पूण अतात्विक धर्म अविद्याके कारण तत्त्व रूपसे दृष्टिगोचर होते हैं। वास्तवमें न पदाथ उत्पन्न होते हैं न नष्ट होते हैं न कही लाभ है न हानि है न सत्कार है न पराभव है न सुख ह न दुख है न प्रिय है न अप्रिय है न कहीं तृष्णा है न कोई जीवलोक है न कोई मरनेवाला है न कोई उत्पन्न होगा न हुआ है न कोई किसीका बन्धु ह और न कोई मित्र है।[3] जो पदाथ हम भाव अथवा अभाव रूप प्रतीत होते हैं वे केवल सवृति अथवा लोकसत्यकी दृष्टिसे ही प्रतीत होते हैं। परमार्थ स यकी अपेक्षासे एक निर्वाण ही सत्य है और बाकी सम्पूर्ण संस्कार असत्य है। यह परमाथ स य बुद्धिके अगोचर है पूण विकल्पोसे रहित है अनभिलाप्य है अनक्षर है और अभिधेय-अभिधानसे रहित है। यद्यपि इस परमार्थ धमका उपदेश नही हो सकता पर-तु जिस प्रकार किसी म्लेच्छको कोई बात समझानेके लिए म्लेच्छकी ही भाषाका उपयोग करना पडता है उसी प्रकार ससारके प्राणियोको निर्वाणका माग प्रदशन करनके लिये सवृति सत्यका उपयोग करना पडता है क्योंकि

---

१ य प्रत्ययर्जायति स ह्यजातो
न तस्य उत्पादु सभावतोऽस्ति।
य प्र ययाधीनु स शन्य उक्तो।
य शन्यता जानति सोऽप्रमत्त ॥ बोधिचर्यावतार पजिका पृ ३५५।

जैन दशनम वस्तुको स्वभावसे अशन्य और परभावसे शन्य माना गया है—सवस्य वस्तुन स्वरूपादिना अशू य वात्पररूपादिना शून्यत्वात्। अमृतच द्र–प चास्तिकाय ४ टीका। पर तु पंचाध्यायीकारने वस्तुको सवविकल्पातीत कहकर द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षासे स्वभावसे भी अस्तिरूप और परभावसे भी नास्तिरूप नहीं माना है—

द्रव्यार्थिकनयपक्षादस्ति न तत्त्व स्वरूपतोऽपि तत ।
न च नास्ति परस्वरूपात सर्वविकल्पातिग यतो वस्तु ॥ पचाध्यायी १–७५८।

सिद्धसेन दिवाकर भगवानको श न्यवादी कहकर स्तुति करते हैं—
त्वमेव परमास्तिक परमशून्यवादी भवान्।
त्वमुज्वलविनिणयोऽप्यवचनीयवाद पुन ॥
परस्परविरुद्धतत्त्वसमयश्च सुश्लिष्टवाक।
त्वमेव भगवन्नकप्यसु (मु) नयो यथा कस्तथा ॥ द्वा द्वात्रिंशिका ३–२१।

२ न सन्नासन्न सदसन्न चाप्यनुभयात्मक। बोधिचर्यावतार पंजिका पृ ३५९।

३ एव शून्येषु धर्मेषु किं लब्धं किं हृत भवेत्।
सत्कृत परिभूतो वा केन क संभविष्यति।
कुत सुख वा दु ख वा किं प्रियम् वा किमप्रियम्।
का तृष्णा कुत्र सा तृष्णा मृग्यमाणा स्वभावत ॥
विचारे जीवलोक क को नामात्र मरिष्यति।
को भविष्यति को भूत को बन्धुः कस्य क सुहृत् ॥ बोधिचर्यावतार ९–१५२ ३ ४।

संवृति सत्यका बिना अवलम्बन लिये परमार्थका उपदेश नहीं किया जा सकता। इसलिए सम्पूर्ण धर्मोंको निस्स्वभाव—शून्य—ही मानना चाहिये। क्योंकि शून्यतासे ही पदार्थोंका होना संभव है।[२]

शंका—यदि सम्पूर्ण पदार्थ शून्य हैं और न किसी पदार्थका उत्पाद होता है और न निरोध होता है तो फिर चार आर्यसत्योंको अच्छे और बुरे कर्मोंके फलको बोधिसत्वकी प्रवृत्तिको और स्वयं बुद्धको भी शून्य और मायाके समान मिथ्या मानना चाहिये। समाधान—बुद्धका उपदेश परमार्थ और संवृति इन दो सत्योंके आधारसे ही होता है। जो इन दोनों सत्योंके भेदको नहीं समझता वह बुद्धके उपदेशोंके ग्रहण करनेका अधिकारी नहीं है। बौद्ध दर्शनमें बाह्य और आध्यात्मिक भावोंका प्रतिपादन इन्हीं दो सत्योंके आधारसे किया गया है। साधारण लोग विपर्यासके कारण संवृति सत्यसे स्कंध धातु आयतन आदिको तत्त्व रूपसे देखते हैं। परन्तु सम्यग्दर्शनके होनेपर तत्त्वज्ञ आर्य लोगोंको स्कंध आदि निस्स्वभाव प्रतीत होने लगते हैं। इसलिये क्या अन्त है क्या अनन्त है क्या अन्त अनन्त (उभय) है क्या अनुभय (न अन्त और न अनन्त) है क्या अभिन्न है क्या भिन्न है क्या शाश्वत है क्या अनित्य है क्या नित्य-अनित्य है और क्या अनुभय (न नित्य और न अनित्य) है ये प्रश्न बुद्धिमानोंके मनमें नहीं उठते। स्वयं निर्वाण भी भाव रूप है या अभाव रूप यह हम नहीं जान सकते। क्योंकि निर्वाण न उत्पन्न होता है न निरुद्ध होता है न वह नित्य है और न अनित्य है। निर्वाणमें न कुछ नष्ट होता है और न कुछ उत्पन्न होता है[५]। जो निर्वाण है वही संसार है और जो संसार है वही निर्वाण है।[६] इसलिये भाव अभाव उभय अनुभय इन चार कोटियोंसे रहित प्रपंचोपशमरूप निर्वाणको ही माध्यमिकोंने परमार्थ तत्त्व माना। है यद्यपि सब धर्मोंके निस्स्वभाव होनेसे परमार्थ सत्य अनक्षर है इसलिये तूष्णीभावको ही आर्योंने परमार्थ सत्य कहा है परन्तु फिर भी व्यवहार सत्य परमार्थ सत्यका उपायभूत है। जिस तरह संस्कृत धर्मोंसे असंस्कृत निर्वाणकी प्राप्ति होती है उसी तरह संवृति सत्यसे परमार्थ सत्यकी उपलब्धि होती है। वास्तवमें न प्रत्यक्ष आदि प्रमाणोंको प्रमाण कहा जा सकता है और न वास्तवमें पदार्थोंको क्षणिक ही कह सकते हैं। किन्तु जिस तरह कोई पुरुष अपवित्र स्त्रीके शरीरमें पवित्र भावना रखता है उसी तरह मूर्ख पुरुष मायारूप भावोंमें क्षणिक अक्षणिक

---

१ तस्मात् सकलविकल्पाभिलापविकलत्वादनारोपितमसांवृतमनभिलाप्यं परमार्थतत्त्वं कथमिव प्रतिपादयितुं शक्यते। तथापि भाजनश्रोतजनानुग्रहार्थं (परिकल्पमपादाय) संवृत्या निदर्शनोपदर्शनेन किंचिद् भिधीयते। बोधिचर्यावतार पंजिका पृ. ३६३।

२ सर्वं च युज्यते तस्य शून्यता यस्य युज्यते।
सर्वं न युज्यते तस्य शून्यता यस्य न युज्यते॥ माध्यमिककारिका २४-१४।

३ द्वे सत्ये समुपाश्रित्य बुद्धानां धर्मदेशना।
लोकसंवृतिसत्यं च सत्यं च परमार्थतः॥ माध्यमिककारिका २४-८।

४ माध्यमिककारिका निर्वाणपरीक्षा।

५ अप्रहीणमसंप्राप्तमनुच्छिन्नमशाश्वतं।
अनिरुद्धमनुत्पन्नमेतन्निर्वाणमिष्यते॥ माध्यमिककारिका निर्वाणपरीक्षा।

६ निर्वाणस्य च या कोटि कोटिः संसरणस्य च
न तयोरन्तरं किंचित् सुसूक्ष्ममपि विद्यते॥ माध्यमिककारिका निर्वाणपरीक्षा।

७ परमार्थो हि आर्याणां तूष्णींभावः। चन्द्रकीर्ति माध्यमिकवृत्ति।

८ उपायभूतं व्यवहारसत्यं उपेयभूतं परमार्थसत्यं।
तयोर्विभागोऽवगतो न येन मिथ्याविकल्पैः स कुमार्गजातः॥
चन्द्रकीर्ति मध्यमकावतार ७-८।

आदि धर्मोंका प्रतिपादन करते हैं[1]। और तो क्या परमार्थ सत्यसे बुद्ध और उसकी देशना भी मृगतृष्णाके समान है। इसलिये धर्मोंके निस्स्वभाव होनेपर भी प्राणियोंकी प्रज्ञप्तिके लिये ही बुद्धने इनका उपदेश किया है।[2]

शंका—शून्यवादियोंके मतमें सम्पूर्ण भाव शून्य हैं इसलिये शून्यताको भी शून्य मानना चाहिये। समाधान—वास्तवमें सम्पूर्ण पदार्थोंके निस्स्वभावत्वके साक्षात्कार करनेके लिये ही बुद्धने शून्यताका उपदेश किया है। शून्यता भाव अभाव आदि चार कोटियोंसे रहित है इसलिये शून्यताको अभाव (शून्य) रूप[3] नहीं कह सकते। हमारे मतमें भववासनाका नाश करनेके लिये ही शून्यताका उपदेश है इसलिये शून्यतामें भी शून्यता बुद्धि रखनेसे नैरात्म्यवादका साक्षात् अनुभव नहीं हो सकता। अतएव हमें भाव अभिनिवेशकी तरह शून्यतामें भी अभिनिवेश नहीं रखना चाहिये अन्यथा भाव अभिनिवेश और शून्यता-अभिनिवेश दोनोंमें कोई अन्तर न रहेगा। जिस समय भाव अभाव शुद्धि अशुद्धि रूप प्रपंचवृत्ति नहीं रहती उस समय इंधन रहित अग्निकी तरह सत् और असत्के आलम्बनसे रहित बुद्धि सम्पूर्ण विकल्पोंके उपशम होनेसे शांत हो जाती है।

माध्यमिकवादके प्रधान आचार्य नागार्जुन (१ ई) माने जाते हैं। नागार्जुनने शून्यवादके स्थापन करनेके लिये चार सौ कारिकाओंमें माध्यमिककारिका नामक ग्रंथ लिखा है। इस ग्रंथके ऊपर नागार्जुनने अकुतोभया नामकी टीका लिखी है। इसका अनुवाद तिब्बती भाषामें मिलता है। माध्यमिककारिकापर बुद्धपालित और भावविवेकने भी टीकायें लिखी हैं जो तिब्बती भाषामें हैं। बुद्धपालित शून्यवादके अन्तर्गत प्रासंगिक सम्प्रदायके जन्मदाता कहे जाते हैं। बुद्धपालित शून्यवादके सिद्धांतोंको स्थापित करके अन्य मतवालोंका खण्डनकर नागार्जुनके सिद्धांतोंकी रक्षा करना चाहते थे। भावविवेक शून्यवादके दूसरे सम्प्रदाय स्वातन्त्रिक मतके प्रतिष्ठाता हैं। ये आचार्य स्वतंत्र तर्कोंसे शून्यवादकी सिद्धि करते थे। माध्यमिककारिकाके ऊपर चन्द्रकीर्तिने (५५ ई) प्रसन्नपदा नामकी संस्कृत टीका लिखी है। यह टीका उपलब्ध है। नागार्जुनने सुहृल्लेख युक्तिषष्टिका आदि अनेक ग्रंथ लिखे हैं। शून्यवादके दूसरे महान् आचार्य आर्यदेव हैं। ये नागार्जुनके शिष्य थे। इन्होंने चतुःशतक चित्तविशुद्धि प्रकरण आदि अनेक ग्रंथ लिखे हैं।

---

१ अशक्यादिष शून्यादिप्रसिद्धिरिव सा मृषा ॥
लोकावतारणार्थं च भावा नाथेन देशिता ।
तत्त्वतः क्षणिका नैते संवृत्या चेद् विरुध्यते ॥ बोधिचर्यावतार ९–६ ७।

२ शून्यमिति न वक्तव्यमशून्यमिति वा भवेत् ।
उभयं नोभयं चेति प्रज्ञप्त्यर्थं तु कथ्यते ॥

माध्यमिककारिका २२–११।

३ शून्यवादियोंके ग्रन्थोंमें शून्यताका अन्तद्वयरहित व मध्यमप्रतिपदा परस्परअपेक्षिता धर्मधातु आदि शब्दोंसे उल्लेख किया गया है। रशियन विद्वान् प्रोफेसर शेर्बाटस्की शून्यता का अनुवाद Relativity—अपेक्षिता शब्दसे करते हैं। उक्त विद्वान् लेखकने यूरोपके हेगैल (Hegel) ब्रैडले (Bradley) आदि महान् विचारकोंके सिद्धान्तोंके साथ शून्यवाद की तुलना की है और सिद्ध किया है कि इस सिद्धान्तको Nihilism (सर्वथा अभाव रूप) नहीं कहा जा सकता। देखिये लेखककी Conception of Buddhist Nirvana पृ ४९ से आगे।

४ सर्वसंकल्पहानाय शून्यतामृतदेशना ।
यस्य तस्यामपि ग्राहस्त्वयासाववसादितः ॥ बोधिचर्यावतारपंजिका पृ ३५९।

विज्ञानवाद

इसे योगाचार[1] भी कहते हैं। विज्ञानवादी भी शून्यवादियोंकी तरह सब धर्मोंको निस्स्वभाव[2] मानते हैं। विज्ञानवादियोंके मतमें विज्ञानको छोड़कर बाह्य पदार्थ कोई वस्तु नहीं हैं। जिस प्रकार जलता हुआ काष्ठ (अलातचक्र) चक्र रूपसे घूमता हुआ मालूम होता है अथवा जिस प्रकार तमिरिक पुरुषको केशमें मच्छरका ज्ञान होता है उसी तरह कुदृष्टिसे युक्त लोगोंको अनादि वासनाके कारण पदार्थोंका एकत्व अन्यत्व उभयत्व और अनुभयत्व रूप ज्ञान होता है वास्तवमें समस्त भाव स्वप्न-ज्ञान माया और गन्धर्व नगरकी तरह असत् रूप[3] हैं। इसलिये परमार्थ सत्यसे स्वयप्रकाशक विज्ञान ही सत्य है। यह सब दृश्यमान जगत विज्ञानका ही परिणाम है और यह सवृति सत्यसे ही दृष्टिगोचर होता है। विज्ञानवादियोंके मतमें चित्त ही हमारी वासनाका मूल कारण है। इस चित्तमें सम्पूर्ण धर्म कार्यरूपसे उपनिबद्ध होते हैं अथवा यह चित्त सम्पूर्ण धर्मोंमें कारणरूपसे उपनिबद्ध होता है इसलिये इसे आलयविज्ञान कहते है। यह आलयविज्ञान सम्पूर्ण क्लेशोंका बीज है[5]। जिस प्रकार जलका प्रवाह तृण लकडी आदिको बहाकर ले जाता है उसी तरह यह आलयविज्ञान स्पर्श मनस्कार आदि धर्मोंको आकर्षित करके अपने प्रवाहसे ससारको उत्पन्न करता है[6]। जिस प्रकार समुद्रमें कल्लोल उठा करती हैं वैसे ही दृश्य पदार्थोंको स्वचित्तसे भिन्न समझनेसे

---

१ विज्ञानवादियोके मतमें जो योगकी साधना करके बोधिसत्वकी दशभूमिको प्राप्त करते हैं उन्हींको बोधिकी प्राप्ति होती है इसलिये इस सम्प्रदायको योगाचार नामसे कहा जाता है। विद्वानोंका कहना है कि असगके योगाचारभूमिशास्त्र नामक ग्रंथके ऊपरसे ब्राह्मणोंने विज्ञानवादको योगाचार सज्ञा दी है।

२ त्रिविधस्य स्वभावस्य त्रिविधा निस्स्वभावता।
संधाय सर्वधर्माणा देशिता निस्स्वभावता॥ वसुबधु-त्रिंशिका २६।
तात्त्विक दृष्टिसे विचार किया जाय तो विज्ञानवाद और शून्यवादमें कोई अन्तर नहीं है। दोनों सम्पूर्ण पदार्थोंको निस्स्वभाव कहते हैं। अन्तर इतना ही है कि विज्ञानवादी बाह्य पदार्थोंको मानकर उन्हें केवल विज्ञानका परिणाम कहते हैं जब कि शून्यवादी बाह्य पदार्थोंको मायारूप मानकर निस्स्वभाव सिद्ध करनेमें सम्पूर्ण शक्ति लगा देते हैं। परन्तु जब उनसे पूछा जाता है कि यदि आप लोगोके मतमें बाह्य पदार्थोंकी तरह माया स्वभावको ग्रहण करनेवाली कोई बुद्धि नहीं मानी गई तो मायाकी उपलब्धि किस प्रकार होती है? तो विज्ञानवादी उत्तर देता है कि ये सम्पूर्ण पदार्थ चित्तके विकार हैं जो अनादि वासनाके कारण उत्पन्न होते हैं। देखिये दासगुप्त A History of Indian philosophy पृ १६६ ७ तथा बोधिचर्यावतारपजिका ९ १५ से आगे।

३ चित्त केशोण्डुक माया स्वप्नगंधर्वमेव च।
अलात मृगतृष्णा च असन्त ख्याति वै नृणाम्॥
नित्यानित्य तथैकत्वमुभयं नोभय तथा।
अनादिदोषसबद्धा बाला कल्पति मोहिता॥ लकावतार २ १५७ ८।

४ द्व सत्ये समुपाश्रित्य बुद्धाना धर्मदेशना।
बाह्योऽर्थ सावृतं सत्य चित्तमेकमसांवृतम॥

५ सर्वसांक्लेशिकधर्मबीजस्थानत्वात् आलय। आलय स्थानमिति पर्यायौ। अथवा लीयन्ते उपनिबध्यन्तेऽस्मिन् सर्वधर्मा कार्यभावेन। तद्वा लीयते उपनिबध्यते कारणभावेन सर्वधर्मेषु इत्यालय। विजानातीति विज्ञान। त्रिंशिका २ स्थिरमतिभाष्य पृ १८।

६ यथा हि ओघ तृणकाष्ठगोमयादीनाकर्षयन् गच्छति एव आलयविज्ञानमपि पुण्यापुण्यानेञ्ज्यकर्मवासना

अनादि कालकी वासनासे पदार्थोंका दृष्टा और दृश्य रूप समझनेवाली विज्ञानप्रकृतिके स्वभावसे तथा पदार्थोंका विभिन्न अनुभव करनेसे[1] आलयविज्ञानमें प्रवृत्तिविज्ञानकी लहरें उठा करती हैं। यह आलय विज्ञान उत्पाद स्थिति और लयसे रहित है[2] परन्तु यह क्षणिक धारा है कोई नित्य पदार्थ नहीं। जिस समय अविद्याके नष्ट होनेसे वासनाका अकुर नष्ट हो जाता है उस समय क्षोभोत्पादक ग्राह्य-ग्राहक भाव भी नहीं रहता। इस दशामें अहंकारसे रहित आलयविज्ञान भी व्यावृत्त हो जाता है और केवल एक निर्मल चित्त अवशिष्ट रहता है। इसी अवस्थाको अर्हद्अवस्थाके नामसे कहा गया है[3] और यहाँ योगी लोगोंका चित्त अद्वयलक्षण विज्ञप्तिमात्रमे ही स्थित हो जाता है। इस दशाको विज्ञानवादियोके शास्त्रोंमें तथता शन्यता तथागतगर्भ आदि नामोसे कह कर उसका नित्य ध्रुव शिव और शाश्वत रूपसे वर्णन किया गया है।

शका—यदि सम्पूर्ण धर्म केवल विज्ञप्तिमात्र हैं तो चक्षु श्रोत्र आदि इन्द्रिय रूप आदिको वे कैसे जानते हैं। समाधान—जब तक योगी लोग अद्वयलक्षण विज्ञप्तिमात्रताका साक्षात्कार नही करते उस समय तक पदार्थोंमे ग्राह्य ग्राहक रूप प्रवृत्तिका नाश नही होता[5]। इस कारण वासनाके कारण ही इन्द्रियोसे पदार्थोंका ग्राह्य-ग्राहक रूप ज्ञान होता है वास्तवमे समस्त धर्म विज्ञानरूप ही हैं।

शका—विज्ञानवादी लोग तथागतगर्भका नित्य ध्रुव आदि विशेषणोसे वर्णन करते हैं। इसी प्रकार तैर्थिक लोग भी आत्माको नित्य कर्ता निर्गुण और विभु कहते हैं। फिर बुद्ध भगवानके नैरात्म्यवाद और तैर्थिकोके आत्मवादमे क्या अन्तर है?[6] समाधान—तथागतगर्भका उपदेश तैर्थिकोके आत्मवादके तुल्य नही है। मत्त तैर्थिक लोगोको नैरात्म्यवादके सुननेसे भय उत्पन्न होता है इसलिये तथागतने सम्पूर्ण

नुगत स्पर्शमनस्कारादीनामाकर्षयत स्रोतसा ससारमभ्युपरत प्रवर्तत इति। त्रिंशिका ४ स्थिरमति भाष्य पृ २२।

१ स्वचित्तदृश्यग्रहणानवबोध अनादिकालप्रपचदौष्ठल्यरूपवासनाभिनिवेश विज्ञानप्रकृतिस्वभाव और विचित्ररूपलक्षणकौतूहल।

२ उत्पादस्थितिभंगवर्जम।

३ तस्या हि अवस्थाया आलयविज्ञानाश्रितदौष्ठल्यनिरवशेषप्रहाणादालयविज्ञान व्यावृत्त भवति। सैव चार्हदवस्था। त्रिंशिका ४ भाष्य।

४ असगने इसका वर्णन निम्न प्रकारसे किया है—
न सन्न चासन्न तथा न चान्यथा
न जायते व्येति न चावहीयते।
न वर्धते नापि विशुद्धयते पुन
विशुद्धयते तत्परमार्थलक्षणम ॥ महायानसूत्रालकार।

५ यावद् विज्ञप्तिमात्रत्वे विज्ञान नावतिष्ठति।
ग्राह्यद्वयस्यानुशयस्तावन्न विनिवर्तते ॥
यावद् अद्वयलक्षणे विज्ञप्तिमात्रे योगिनश्चित्तं न प्रतिष्ठितं भवति।
तावद् ग्राह्यग्राहकानुशयो न विनिवर्तते न प्रहीयते। त्रिंशिका २६ भाष्य।

६ प्रो शेर्बाट्स्की (Stcherbatsky) ने विज्ञानवादियोंके आलयविज्ञानके सिद्धांतको विचारसंततिको छोड़ प्रच्छन्न रूपसे नित्य आत्मा माननेके सिद्धांतकी ओर जाना बताया है—This represents a

धर्मोंको तथागतगर्भ कहकर तीर्थिकोंको आकर्षण करनेके लिये उपदेश दिया है । इसीलिये इसमें बोधिसत्वों-को आत्मबुद्धि नहीं करनी चाहिये ।[1]

असंग वसुबंधु नन्द दिङ्नाग धर्मपाल शीलभद्र य विज्ञानवादके प्रधान आचार्य माने जाते हैं । असंग (४८ ई) जिन्हें आर्यसंग भी कहा जाता है और वसुबंधु दोनों सगे भाई थे । ये पेशावर (पुरुषपुर) के रहने वाले ब्राह्मण थे । जीवनके प्रारंभमें वसुबंधु सर्वास्तिवादका प्रतिपादन करते थे और अपने जीवनके अंतिम वर्षोंमें अपने बडे भाई असंगके प्रभावसे विज्ञानवादका प्रतिपादन करने लगे थे । पहले असंगको विज्ञानवादका प्रतिष्ठाता समझा जाता था परन्तु अब मैत्रेय (मैत्रेयनाथ) ऐतिहासिक व्यक्ति समझने जाने लगे हैं । मैत्रेय असंगके गुरु थे और इन्होंने ही योगाचारकी नींव रक्खी । मैत्रेयनाथने सूत्रालंकार मध्यान्तविभंग धर्मधर्मताविभंग महायानउत्तरतन्त्रशास्त्र अभिसमयालंकारकारिका आदि ग्रंथोंका निर्माण किया है । असंगने महायानसूत्रालंकार योगाचारभूमिशास्त्र महायानसूत्र पञ्चभूमि अभिधर्मसमुच्चय महायानसंग्रह आदि शास्त्र लिखे हैं । वसुबंधुने अभिधर्मकोष परमार्थसप्तति विंशतिकाविज्ञप्तिमात्रतासिद्धि त्रिंशिकाविज्ञप्तिमात्रता तथा सद्धर्मपुण्डरीक प्रज्ञापारमिता आदि महायानसूत्रोंके ऊपर टीकायें लिखी

---

disguised return from the theory of a stream of the thought to the doctrine of substantial soul

The conception of Buddh st Nirvana पृ ३२

यामाकामी सोगन (Yamakam sogen) न आलयविज्ञान और आत्माकी तुलना करते हुए लिखा है—

The Alayavijnana of the Buddhists has its counterpart in the Atman of the orthodox H ndu system of philosophy with this difference that the Atman is immutable while the Alayavijnana is continuously chan ging.... It might be said to be mutable while the Soul is immutable but it may be said to resemble soul in its continuity Our consciousnesses ar dependent upon the Alayavijnana They act or stop but the Alaya vijnana is continuously consciosness It is universal or ly in the sense that it can go everywhere while the Atman is said to be present every where The Alayav jnana s sa d to att n its liberation and amala gamate w th the ocean of the Great Atman while the Alayavijnana is the name given to consciou ness in the stage of the common people and of one who has just attained the seventh Bhumi or ealm of Bodhisattva

Systems of Buddhistic Thought

अध्याय ६ पृ २११ २३७ ।

[1] भगवानाह । न हि महामते तीर्थकरात्मवादतुल्यो मम तथागतगर्भोपदेशः । किंतु महामते तथागताः शून्यताभूतकोटिनिर्वाणानुत्पादानिमित्ताप्रणिहिताद्यानां महामते पदार्थानां तथागतगर्भोपदेशं कृत्वा तथागता अर्हन्तः सम्यक्संबुद्धा बालानां नैरात्म्यसंत्रासपदविवर्जनार्थं निर्विकल्पनिराभासगोचरं तथागतगर्भमुखोपदेशेन देशयन्ति । न चात्र महामते अनागतप्रत्युत्पन्नैः बोधिसत्त्वैर्महासत्त्वैरात्माभिनिवेशः कर्तव्यः ।
.. एवं हि महामते तथागतगर्भोपदेशमात्मवादाभिनिविष्टानां तीर्थकराणामाकर्षणार्थं तथागतगर्भोपदेशेन निर्दिशन्ति । लंकावतार पृ ७७ ।

है। महायान सम्प्रदायके प्रवर्तन करनेवाले आचार्योंका नाम लेते समय अश्वघोषका स्थान बहुत महत्त्वका है। अश्वघोष (८० ई०) तथतावाद नामके एक नूतन सिद्धांतके जन्मदाता थे। अश्वघोषने लंकावतारसूत्रके आधारसे अपने महायान मार्गके तत्त्वदर्शनकी रचना की है। अश्वघोष अपने जीवनके प्रारंभमें बड़े भारी विद्वान् थे। अश्वघोषका सिद्धांत केवल शून्यविज्ञानवादात्मक सिद्धांत नहीं है, बल्कि उसमें उपनिषदोंके शाश्वतवादकी छाया स्पष्ट मालूम देती है। अश्वघोषने महायानश्रद्धोत्पादशास्त्र बुद्धचरित सौंदरनन्द सूत्रालंकार वज्रसूचि आदि अनेक बौद्ध शास्त्रोंकी रचना की है।

बौद्धोंका अनात्मवाद

(१) उपनिषद्कारोंका मत है कि आत्मा नित्य सुख और आनन्द रूप है और यह दृश्यमान जगत् इस आत्माका ही रूप है। पति पत्नीको और पत्नी पतिको एक दूसरेके सुखके लिए प्यार नहीं करते परन्तु प्राणीमात्रकी प्रवृत्ति अपनी-अपनी आत्माके सुखके लिए होती है, अतएव आत्मा सर्वप्रिय है। इसलिये आत्माका दर्शन श्रवण मनन और निदिध्यासन करना चाहिये क्योंकि आत्माके दर्शन श्रवण आदिसे समस्त ब्रह्माण्डका ज्ञान होता है।[1] (२) नैयायिक-वैशेषिकोंकी मान्यता है कि आत्मा नित्य और सर्वव्यापी है। इच्छा द्वेष प्रयत्न सुख दुख और ज्ञान ये आत्माके जाननेके लिंग हैं। आत्मा शरीरसे भिन्न होकर कर्मोंका कर्ता और भोक्ता है। आत्माको चेतनाके संबंधसे चेतन कहा जाता है। (३) मीमांसकोंके मतमें आत्मा चैतन्यरूप है। आत्माके सुख दुखके सम्बन्धसे आत्माम परिवर्तन होना कहा जाता है वास्तवमें नित्य आ माम परिवर्तन नहीं होता। (४) सांख्य लोगोंका मत है कि आत्मा नित्य व्यापक निर्गुण और स्वयं चैतन्यरूप है। बुद्धि और चैतन्य परस्पर भिन्न हैं। अतएव बुद्धिके सम्बन्धसे आत्माको चेतन नहीं कह सकते। आत्मा निष्क्रिय ह इसलिये इसे कर्ता और भोक्ता भी नही कह सकते। प्रकृति ही करने और भोगनेवाली है। प्रकृति और आत्माका सम्बन्ध होनेसे ससारका आरम्भ होता है। (५) जैन लोगोंका कथन है कि यदि आत्माको सर्वव्यापी और सर्वथा अमूर्त मानकर निरवयव माना जाय तो निरश परमाणुकी तरह आत्माका मूत शरीरसे सम्बन्ध तथा आत्मामें ध्यान ध्येय आदिका व्यवहार और आत्माको मोक्षकी प्राप्ति नही हो सकती इसलिये आत्मा व्यवहार नयकी अपेक्षा संकोच और विस्तारवाला होकर सावयव है तथा निश्चय नयसे अमूर्त होनेके कारण लोकव्यापी है।

बौद्ध लोग आत्मवादियोंकी उक्त सम्पूण मान्यताओंका विरोध करते हैं।[2] उन लोगोका कथन है कि आ माको नित्य स्वतन्त्र द्रव्य माननेम दर्शनशास्त्र (Metaphysical) और नीतिशास्त्र (Ethical) सम्बन्धी दोनो तरहकी कठिनाइया आती हैं। यदि आत्माको सर्वथा नित्य स्वीकार किया जाय तो उसमें बन्ध और मोक्षकी व्यवस्था नहीं बन सकती है। यदि आत्माको कूटस्थ नित्य मानें तो वह अनन्त काल तक एक रस रहनेवाला होगा। फिर सदाके लिये रहनेवाले आत्मापर अनुभवोंका ठप्पा कैसे पड सकता है? यदि पड़ सके तो ठप्पा पड़ते ही उसका रूप परिवर्तन हो जायगा। आत्मा कोई जड़ पदार्थ नहीं है जिससे सिर्फ बाह्य अवयवपर ही लांछन हो। वह तो चेतनमय है इसलिये ऐसी अवस्थामें इन्द्रियजनित ज्ञान उसमें सर्वत्र प्रविष्ट हो जायगा। वह राग द्वेष मोह—इन तीनों प्रकारोंमेंसे किसी एक रूपवाला हो जायगा।

---

१ स होवाच न वा अरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवति आत्मनस्तु कामाय पतिः प्रियो भवति। न वा अरे जायायै कामाय जाया प्रिया भवति आत्मनस्तु कामाय जाया प्रिया भवति। न वा अरे सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवति। आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यो मैत्रेय्यात्मनो वा अरे दर्शनेन श्रवणेन मत्या विज्ञानेनेदं सर्वं विदितम्। बृहदारण्यक उ २-४-५

२ आत्मवादियोंके पूर्वपक्ष और उसके खण्डनके लिये देखिये बोधिचर्यावतार परिच्छेद ९ पृ ४५२ से आगे; तत्त्वसंग्रह, पृ. ७९–१३० आत्मपरीक्षा नामका प्रकरण।

गर्भको तथागतगर्भ कहकर तीर्थिकोंको आकर्षण करनेके लिये उपदेश दिया है। इसीलिये इसमें बोधिसत्वों-को आत्मबुद्धि नहीं करनी चाहिये।[1]

असंग वसुबंधु मन्द दिङनाग धर्मपाल शीलभद्र व विज्ञानवादके प्रधान आचार्य माने जाते हैं। असंग (४८० ई) जिन्हें आर्यसग भी कहा जाता है और वसुबंधु दोनों सगे भाई थे। ये पेशावर (पुरुषपुर) के रहने वाले ब्राह्मण थे। जीवनके प्रारंभमें वसुबंधु सर्वास्तिवादका प्रतिपादन करते थे और अपने जीवनके अंतिम वर्षोंमें अपने बडे भाई असंगके प्रभावसे विज्ञानवादका प्रतिपादन करने लगे थे। पहले असंगको विज्ञानवादका प्रतिष्ठाता समझा जाता था परन्तु अब मैत्रेय (मैत्रेयनाथ) ऐतिहासिक व्यक्ति समझने जाने लगे हैं। मैत्रेय असगके गुरु थे और इन्होंने ही योगाचारकी नींव रक्खी। मैत्रेयनाथने सूत्रालंकार मध्यान्तविभग धर्मधर्मताविभग महायानउत्तरतन्त्रशास्त्र अभिसमयालकारकारिका आदि ग्रन्थोंका निर्माण किया है। असगने महायानसूत्रालंकार योगाचारभूमिशास्त्र महायानसूत्र पंचभूमि अभिधर्मसमुच्चय महायानसंग्रह आदि शास्त्र लिखे हैं। वसुबंधुने अभिधर्मकोष परमार्थसप्तति विंशतिकाविज्ञप्तिमात्रता सिद्धि त्रिंशिकाविज्ञप्तिमात्रता तथा सद्धर्मपुण्डरीक प्रज्ञापारमिता आदि महायानसूत्रोंके ऊपर टीकायें लिखी

---

disguised return from the theory of a stream of the thought to the doctrine of substantial soul

The conception of Buddhist Nirvana प १२

यामाकामी सोगेन (Yamakami sogen) न आलयविज्ञान और आत्माकी तुलना करते हुए लिखा है—

The Alayavijnana of the Buddhists has its counterpart in the Atman of the orthodox Hindu system of philosophy with this difference that the Atman is immutable while the Alayavijnana is continuously changing.... It might be said to be mutable while the Soul is immutable but it may be said to resemble soul in its continuity Our consciousnesses are dependent upon the Alayavijnana They act or stop but the Alayavijnana is continuously a consciosness It is universal only in the sense that it can go everywhere while the Atman is said to be present everywhere The Alayavijnana is said to attain its liberation and amalgamate with the ocean of the Great Atman while the Alayavijnana is the name given to consciousness in the stage of the common people and of one who has just attained the seventh Bhumi or realm of Bodhisattva

Systems of Buddhistic Thought

अध्याय ६ पृ २११ २३७।

[1] भगवानाह। न हि महामते तीर्थकरात्मवादतुल्यो मम तथागतगर्भोपदेश। किंतु महामते तथागता शून्यताभूतकोटिनिर्वाणानुत्पादानिमित्ताप्रणिहिताद्यानां महामते पदार्थानां तथागतगर्भोपदेशं कृत्वा तथागता अर्हन्त सम्यक्संबुद्धा बालानां नैरात्म्यसंत्रासपदविवर्जितार्थं निर्विकल्पनिराभासगोचरं तथागतगर्भमुखोपदेशेन देशयन्ति। न चात्र महामते अनागतप्रत्युत्पन्नैः बोधिसत्वैर्महासत्वैरात्माभिनिवेशः कर्तव्य। " एवं हि महामते तथागतगर्भोपदेशमात्मवादाभिनिविष्टानां तीर्थकराणामाकर्षणार्थं तथागतगर्भोपदेशेन निर्दिशन्ति। लंकावतार पृ ७७।

है। महायान सम्प्रदायके प्ररूपण करनेवाले आचार्योंका नाम लेते समय अश्वघोषका स्थान बहुत महत्त्वका है। अश्वघोष (८० ई०) तथतावाद नामके एक नूतन सिद्धांतके जन्मदाता थे। अश्वघोषने लंकावतारसूत्रके आधारसे अपने महायान मार्गके तत्त्वदर्शनकी रचना की है। अश्वघोष अपने जीवनके प्रारंभमें बड़े भारी विद्वान् थे। अश्वघोषका सिद्धांत केवल शून्यविज्ञानवादात्मक सिद्धांत नहीं है, बल्कि उसमें उपनिषदोंके शाश्वतवादकी छाया स्पष्ट मालूम देती है। अश्वघोषने श्रद्धोत्पादशास्त्र बुद्धचरित, सौंदरनन्द सूत्रालंकार वज्रसूचि आदि अनेक बौद्ध शास्त्रोंकी रचना की है।

बौद्धोंका अनात्मवाद

(१) उपनिषद्कारोंका मत है कि आत्मा नित्य सुख और आनन्द रूप है और यह दृश्यमान जगत् इस आत्माका ही रूप है। पति पत्नीको और पत्नी पतिको एक दूसरेके सुखके लिये प्यार नहीं करते, परन्तु प्राणीमात्रकी प्रवृत्ति अपनी-अपनी आत्माके सुखके लिये होती है अतएव आत्मा सर्वप्रिय है। इसलिये आत्माका दर्शन श्रवण मनन और निदिध्यासन करना चाहिये क्योंकि आत्माके दर्शन श्रवण आदिसे समस्त ब्रह्माण्डका ज्ञान होता है।[1] (२) नैयायिक-वैशेषिकोंकी मान्यता है कि आत्मा नित्य और सर्वव्यापी है। इच्छा द्वेष प्रयत्न सुख दुख और ज्ञान ये आत्माके जाननेके लिंग हैं। आत्मा शरीरसे भिन्न होकर कर्मोंका कर्ता और भोक्ता है। आत्माको चेतनाके संबधसे चेतन कहा जाता है। (३) मीमांसकोंके मतमें आत्मा चैतन्यरूप है। आत्माके सुख दुखके सम्बन्धसे आत्मामें परिवतन होना कहा जाता है वास्तवमें नित्य आत्मामें परिवतन नही होता। (४) सांख्य लोगोंका मत है कि आत्मा नित्य व्यापक निर्गुण और स्वय चैतन्यरूप है। बुद्धि और चैतन्य परस्पर भिन्न हैं। अतएव बुद्धिके सम्बन्धसे आत्माको चेतन नहीं कह सकते। आत्मा निष्क्रिय है इसलिये इसे कर्ता और भोक्ता भी नही कह सकते। प्रकृति ही करने और भोगनेवाली है। प्रकृति और आत्माका सम्बन्ध होनेसे ससारका आरम्भ होता है। (५) जैन लोगोंका कथन है कि यदि आत्माको सर्वव्यापी और सर्वथा अमूर्त मानकर निरवयव माना जाय तो निरश परमाणुकी तरह आत्माका मूत शरीरसे सम्बन्ध तथा आत्मामें ध्यान ध्येय आदिका व्यवहार और आत्माको मोक्षकी प्राप्ति नहीं हो सकती इसलिये आत्मा व्यवहार नयकी अपेक्षा संकोच और विस्तारवाला होकर सावयव है तथा निश्चय नयसे अमूत होनके कारण लोकव्यापी है।

बौद्ध लोग आत्मवादियोंकी उक्त सम्पूर्ण मान्यताओंका विरोध करते हैं।[2] उन लोगोंका कथन है कि आत्माको नित्य स्वतन्त्र द्रव्य माननेमें दर्शनशास्त्र (Metaphysical) और नीतिशास्त्र (Ethical) सम्बन्धी दोनो तरहकी कठिनाइयां आती हैं। यदि आत्माको सर्वथा नित्य स्वीकार किया जाय तो उसमें बन्ध और मोक्षकी व्यवस्था नहीं बन सकती है। यदि आत्माको कूटस्थ नित्य मानें तो वह अनन्त काल तक एक रस रहनेवाला होगा। फिर सदाके लिये रहनेवाले आत्मापर अनुभवोंका ठप्पा कैसे पड़ सकता है? यदि पड सके तो ठप्पा पडते ही उसका रूप परिवर्तन हो जायगा। आत्मा कोई जड पदार्थ नहीं है जिससे सिर्फ बाह्य अवयवपर ही लाञ्छन हो। वह तो चेतनमय है इसलिये ऐसी अवस्थामें इन्द्रियजनित ज्ञान उसमें सर्वत्र प्रविष्ट हो जायगा। वह राग द्वेष मोह—इन नाना प्रकारोंमेंसे किसी एक रूपवाला हो जायगा।

---

१ स होवाच न वा अरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवति आत्मनस्तु कामाय पतिः प्रियो भवति। न वा अरे जायायै कामाय जाया प्रिया भवति आत्मनस्तु कामाय जाया प्रिया भवति। न वा अरे सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवति। आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यो मैत्रेय्यात्मनो वा दर्शनेन श्रवणेन मत्या विज्ञानेनेदं सर्वं विदितम्। बृहदारण्यक उ २-४-५

२ आत्मवादियोंके पूर्वपक्ष और उसके खंडनके लिये देखिये बोधिचर्यावतार परिच्छेद ९, पृ ४९२ से आगे। तत्त्वसंग्रह, पृ. ७९—९१ आत्मपरीक्षा नामक प्रकरण।

इस फिर वह वही आत्मा नहीं हो सकता जो तृष्णा लगनेसे पहले था। अतएव वह एक-रस भी नहीं हो सकता। फिर आत्मा नित्य कैसे हो सकता है? यदि थोड़ी देरके लिये मान भी लें कि आत्मा में तृष्णा लगता है तो वह अभौतिक संस्कार भी नित्य आत्मामें लगकर अविचल हो जायगा। तब फिर शुद्धि या मुक्तिकी आशा कैसे की जा सकती है? जो लोग पुनर्जन्म भी मानते हैं और साथ-साथ आत्माको नित्य भी उनकी ये दोनों बातें परस्पर विरोधी हैं। जब वह नित्य है तो कूटस्थ भी है अर्थात् सदा एक रस रहेगा फिर ऐसी एक रस वस्तुको यदि परिशुद्ध मानते हैं तो वह जन्म-मरणके फेरमें कैसे पड़ सकता है? यदि अशुद्ध है तो स्वभावत अशुद्ध होनेसे उसकी मुक्ति कैसे हो सकती है? नित्य कूटस्थ होनेपर संस्कारकी छाप उसपर नहीं पड सकती यह हम पहले कह चुके हैं। यदि छापके लिए मनको मानते हैं तो आत्मा माननेकी जरूरत ही क्या रह जाती है?[1] नित्य आत्माको माननेम यह दर्शनशास्त्र सम्बन्धी कठिनाई है। आत्माके माननेमें दूसरी कठिनाई यह आती है कि प्रिय वस्तुको लेकर ही सम्पूर्ण दुख उत्पन्न होते हैं इसलिये जिस समय मनुष्यको अपनी आत्मा सर्वप्रिय हो जाती है उस समय मनुष्य अपनी आत्माकी सुखसाधन सामग्रिया जुटानेके लिये अहंकारका अधिकाधिक पोषण करने लगता है फलत मनुष्यके दुखकी उत्तरोत्तर वृद्धि होती है[2]। अतएव बौद्धोंने आत्माको कोई स्वतन्त्र पदार्थ नहीं मानकर रूप वेदना विज्ञान संज्ञा और संस्कार इन पांच स्कन्धोंके समूहसे उत्पन्न होनेवाली शक्तिको आत्मा अथवा विज्ञान नामसे कहा है। यह विज्ञान प्रतिक्षण नदीके प्रवाहकी तरह (नदीसोतोविय) बदलता रहता है। जिस प्रकार दीपककी ज्योति क्षण-क्षणमें बदलते रहने पर भी सदृश परिवर्तनके कारण एक अखण्ड रूपसे मालूम होती है अथवा जिस

---

१ राहुल सांकृत्यायन–मज्झिमनिकाय भूमिका पृ त।

२ दु खेहेतुरहंकार आत्ममोहात्तु वर्धते।
ततोऽपि न निवर्त्यश्चेत् वरं नैरात्म्यभावना॥ बोधिचर्यावतार ९–७८।

साहंकारे मनसि न शमं याति जन्मप्रबन्धो। नाहंकारश्चलति हृदयादात्मदृष्टौ च सत्याम्।
अन्य शास्ता जगति भवतो नास्ति नैरात्म्यवादी। नान्यस्तस्मादुपशमविधेस्त्वन्मतादस्तिमार्ग॥
तत्त्वसंग्रहपंजिका पृ ९ ५।

तुलनीय—जन्मयोनिर्यतस्तृष्णा ध्रुवा सा चात्मदर्शने। तदभावे च नय स्याद्बीजाभावे इवांकुर।
न ह्यपश्यन्नहमिति स्निह्यत्यात्मनि कश्चन। न चात्मनि विना प्रेम्णा सुखहेतुषु धावति॥
यशोविजय द्वा द्वात्रिंशिका २५–४५।

३ नात्मास्ति स्कन्धमात्र तु कर्मक्लेशाभिसंस्कृतम्।
अन्तराभवसन्तत्या कुक्षिमेति प्रदीपवत्॥

आत्मेति नित्यो ध्रुव स्वरूपतोऽविपरिणामधर्मा कश्चित पदार्थो नास्ति। कर्मभि अविद्यादि क्लेशैश्च सस्कारमापन्न पञ्चस्कन्धमात्रमव अन्तराभवसन्तानक्रमेण गर्भं प्रविशति। क्षण क्षणे उत्पद्यमानं विनश्यमानमपि तत् स्कन्धपंचक स्वसन्तानद्वारा प्रदीपकलिकावत् एकत्व बोधयति। अभिधर्मकोश ३–१८ टीका।

४ अमेरिकाके मानसशास्त्रवेत्ता प्रो विलियम जेम्स (William James) ने भी विज्ञान (Consciousness) को विचारोंका प्रवाह मानते हुए नित्य आत्माके स्थानपर चित्तसन्तति (Stream of Thought) को स्वीकार किया है—The unity the identity the individuality and the immateriality that appear in the psychic life are thus accounted for as phenomenal and temporal facts exclusively and with no need of reference to any more simple or substantial agent than the present Thought or

प्रकार नदीमें प्रत्येक क्षण नये नये जलके आते रहनेपर भी नदीके जल-प्रवाहका अविकल रूपसे ज्ञान होता है उसी तरह बाल युवा और वृद्ध अवस्थामें विज्ञानमें प्रतिक्षण परिवर्तन होनेपर भी समान परिवर्तन होनेके कारण विज्ञान (आत्मा) का एक रूप ज्ञान होता है। बौद्धोंका कहना है कि इस विज्ञानप्रवाह (चित्तसंतति) के माननेसे काम चल जाता है अतएव आत्माको अलग स्वतन्त्र पदार्थ माननेकी आवश्यकता नहीं।

भवसन्तति

बौद्ध आत्माको न मानकर भी भवकी परम्परा किस प्रकार स्वीकार करते हैं यह मिलिन्दपञ्हके निम्न संवादसे भली भांति स्पष्ट होता है —

मिलिन्द—भन्ते नागसेन ! दूसरे भवमें क्या उत्पन्न होता है ?

नागसेन—महाराज ! दूसरे भवमें नाम और रूप उत्पन्न होता है।

मिलिन्द—क्या दूसरे भवमें यही नाम और रूप उत्पन्न होता है ?

नागसेन—दूसरे भवमें यही नाम और रूप उत्पन्न नहीं होता। परन्तु लोग इस नाम और रूपसे अच्छे बुरे कर्म करते हैं और इस कर्मसे दूसरे भवमें दूसरा नाम और रूप उत्पन्न होता है।

मिलिन्द—यदि यही नाम-रूप दूसरे भवमें उत्पन्न नहीं होता तो हम अपने बुरे कर्मोंका फल नहीं भोगना चाहिये ?

नागसेन—यदि हम दूसरे भवमें उत्पन्न न होना हो तो हमें अपने बुरे कर्मोंका फल न भोगना पड़े परन्तु हम दूसरे भवमें उत्पन्न होना है अतएव हम बुरे कर्मों से निवृत्त नहीं हो सकते।

मिलिन्द—कोई दृष्टांत देकर समझाइये।

नागसेन—कल्पना करो कि कोई आदमी किसीके आम चुरा लेता है। आमों का मालिक चोरको पकड़कर राजाके पास लाता है और राजासे उस चोरको दण्ड देनेकी प्रार्थना करता है। अब यदि चोर कहने लगे कि मैंने इस आदमीके आम नहीं चुराये क्योंकि जो आम इन आमोंके मालिकने बागमें लगाये थे व आम दूसरे थे और जो आम मैंने चुराये हैं वे दूसरे हैं इसलिये मैं दण्डका पात्र नहीं हूं तो क्या वह चोर दण्डका भागी नहीं होगा ?

मिलिन्द—अवश्य ही आमों का चोर दंडका पात्र है।

नागसेन—किस कारणसे ?

मिलिन्द—क्योंकि पिछले आम पूर्वके आमोंसे ही प्राप्त हुए हैं।

नागसेन—ठीक इसी प्रकार इस नाम रूपसे हम अच्छे बुरे कर्मोंको करते हैं और इस कर्मसे दूसरे भवमें दूसरा नाम और रूप उत्पन्न होता है। अतएव यह नहीं कहा जा सकता कि यदि यही नाम दूसरे भवमें उत्पन्न नहीं होता तो हम अपने बुरे कर्मोंका फल नहीं भोगना चाहिए।

---

section of the stream But the Thought is a perishing and not an immortal or incorruptible thing Its successors may continuously succeed to it, resemble it and appropriate it but they are not it whereas the soul substance is supposed to be a fixed unchanging thing. The Principles of Psychology अध्याय १० पृ ३४४ ३४५।

१ मिलिन्दपञ्ह अध्याय २ पृ ४५।

बौद्धोंका कथन है कि जिस प्रकार एक दीपक से दूसरे दीपकके जलाये जानेपर पहला दीपक दूसरे दीपकके रूपमें नहीं बदल जाता अथवा जिस प्रकार गुरुके शिष्यको विद्या दान करनेपर गुरुका सिखाया हुआ श्लोक शिष्यके सीखे हुए श्लोकमें नहीं परिणत होता उसी प्रकार बिना किसी नित्य पदार्थके माने विज्ञान-सन्ततिके द्वारा भवपरम्परा चलती है। जिस समय जीवकी मृत्यु होती है उस समय मरनेके समयमें रहनेवाला विज्ञान संस्कारोंकी दृढ़तासे गर्भमें प्रविष्ट होकर फिरसे दूसरे नाम-रूपसे संबद्ध हो जाता है। अतएव एक विज्ञानका मरण और दूसरे विज्ञान का जन्म होता है। जिस प्रकार ध्वनि और प्रतिध्वनिमें मुहर और उसकी छापमें पदार्थ और पदार्थ के प्रतिबिम्बमें कार्य-कारण संबंध है उसी तरह एक विज्ञान और दूसरे विज्ञानमें कार्य-कारण संबंध है। विज्ञान कोई नित्य वस्तु नहीं है। इस विज्ञानकी परम्परासे दूसरे भवमें जो मनुष्य उत्पन्न होता है उस मनुष्यको न पहला ही मनुष्य कह सकते हैं और न उसे पहले मनुष्यसे भिन्न ही कहा जा सकता है।[1] अतएव जिस प्रकार कपासके बीजको लाल रंगसे रंग देनेसे उस बीजका फल भी लाल रंगका उत्पन्न होता है उसी तरह तीव्र संस्कारोंकी छापके कारण अविच्छिन्न संतानसे यह मनुष्य दूसरे भवमें भी अपने किये हुए कर्मोंके फलको भोगता है। इसलिये जिस प्रकार डाकुओंसे हत्या किये जाते हुए मनुष्यके टेलीफोन द्वारा पुलिसके थानेमें खबर देनेसे मनुष्यके अंतिम वाक्योंसे मरनेके पश्चात् भी मनुष्यकी क्रियायें जारी रहती हैं[2] उसी तरह संस्कारकी दृढ़ताके बलसे मरनेके अंतिम चित्त-क्षणका जन्म लेनेके पूर्व क्षणके साथ संबंध होता है। वास्तवमें आत्माका पुनर्जन्म नहीं होता किन्तु जिस समय कर्म (संस्कार) अविद्या से संबद्ध होता है उस समय कर्मका पुनर्जन्म कहा जाता है। इसीलिये बौद्ध दर्शनमें कर्मको छोड़कर चेतना अलग वस्तु नहीं है।[4]

बौद्ध साहित्यमें आत्मासंबंधी मान्यतायें

बौद्ध साहित्यमें आत्माके संबंधमें भिन्न भिन्न मान्यतायें उपलब्ध होती हैं। संक्षेपमें इन मान्यताओंको हम चार विभागोंमें विभक्त कर सकते हैं। (१) मिलिन्दपण्ह आदि ग्रंथोंके अनुसार पांच स्कंधोंको छोड़ कर आत्मा कोई पृथक पदार्थ नहीं है। इसलिये पंच स्कंधोंके समूहको ही आत्मा कहना चाहिये। (२) पांच स्कंधोंके अतिरिक्त नैयायिक आदि मतोंकी तरह आत्मा पृथक पदार्थ है। (३) आत्माका अस्तित्व

---

१ मिलिन्दपण्ह अध्याय २ पृ ४-१। स्पष्टीकरणके लिये देखिये बोधिचर्यावतार ९-७३ की पंजिका तत्त्वसंग्रह कर्मफलसंबंधपरीक्षा तथा लोकायतपरीक्षा नामक प्रकरण।

२ मिसेज राइस डविड्स Buddhist Psychology पृ २५।

३ देखिये वारन (Warren) की Buddhism in Translation पुस्तकका Rebirth and not Transmigration नामक अध्याय पृ २३४-२४१।

४ (क) चेतनाहं भिक्खवे कम्मंति वदामि। अंगुत्तरनिकाय ३-४५।

(ख) सत्त्वलोकमथ भाजनलोकं चित्तमेव रचयत्यतिचित्रं।

कर्मजं हि जगदुक्तमशेषं कर्मचित्तमवधूय न चास्ति॥ बोधिचर्यावतारपंजिका पृ ४७२।

(ग) कम्मा विपाका वत्तन्ति विपाको कम्मसंभवो।
कम्मा पुनब्भवा होंति एवं लोको पवत्तति॥
कम्मस्स कारको नत्थि विपाकस्स च वेदको।
सुद्धधम्मा पवत्तन्ति एवेतं सम्मदस्सनं॥

विसुद्धिमग्ग अध्याय १९।

सो है परन्तु इसे 'अस्ति और नास्ति' दोनों नहीं कह सकते। यह मत वात्सीपुत्रीय बौद्धों का है। (४) आत्मा है। या नहीं यह कहना असंभव है। इन चारों मान्यताओंका स्पष्टीकरण

(१) आत्मा पांच स्कंधोंसे भिन्न नहीं है

मिलिन्द—भन्ते ! आपका क्या नाम है ?

नागसेन—महाराज ! नागसेन। परन्तु यह व्यवहारमात्र है कारण कि पुद्गल[2] (आत्मा) की उपलब्धि नहीं होती।

मिलिन्द—यदि आत्मा कोई वस्तु नहीं है तो आपको कौन पिंडपात (भिक्षा) देता है कौन उस भिक्षाका सेवन करता है कौन शीलकी रक्षा करता है और कौन भावनाओंका चिन्तन करनेवाला है ? तथा फिर तो अच्छे बुरे कर्मोंका कोई कर्ता और भोक्ता भी न मानना चाहिये आदि।

नागसेन—मैं यह नहीं कहता।

मिलिन्द—क्या रूप वदना सज्ञा सस्कार और विज्ञानसे मिलकर नागसेन बने हैं ?

नागसेन—नही।

मिलिन्द—क्या पाच स्कंधोंके अतिरिक्त कोई नागसेन है ?

नागसेन—नहीं।

मिलिन्द—तो फिर सामने दिखाई देनेवाले नागसेन क्या है ?

नागसेन—महाराज ! आप यहा रथसे आये हैं या पैदल चलकर ?

मिलिन्द—रथ से।

नागसेन—आप यहां रथसे आये हैं तो मैं पूछता हूं कि रथ किसे कहते है ? क्या पहियोंको रथ कहते हैं ? क्या धुरेको रथ कहते हैं ? क्या रथमें लगे हुए डण्डोंको रथ कहते हैं ?

(मिलिन्दने इनका उत्तर नकारमें दिया)

नागसेन—तो क्या पहिये धुरे डण्डे आदिके अलावा रथ अलग वस्तु है ?

(मिलिन्दने फिर नकार कहा)

नागसेन—तो फिर जिस रथ से आप आये हैं, वह क्या है ?

मिलिन्द—पहिय धुरा डण्डे आदि सबको मिलाकर व्यवहारसे रथ कहा जाता ह। पहिय आदि को छोडकर रथ कोई स्वतंत्र पदार्थ नहीं।

नागसेन—जिस प्रकार पहिये धुरे आदिके अतिरिक्त रथका स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है उसी तरह रूप वेदना विज्ञान सज्ञा और संस्कार इन पाँच स्कंधोंको छोड़कर नागसेन कोई अलग वस्तु नही है।[3]

---

१ आत्मवादकी इन तीन मान्यताओंका उल्लेख धर्मपालाचार्यने अपनी विज्ञानमात्रशास्त्रकी सस्कृत टीकामें किया है। यह टीका उपलब्ध नही है। जापानी विद्वान यामाकामी सोगेनने यह उल्लेख अपनी Systems of Buddhist thought नामक पुस्तकके १७ व पृष्ठपर उक्त ग्रथके हुएनत्साग के चीनी अनुवादके आधारसे किया है।

२ पुग्गलो नुपलब्भति। मिलिन्दपञ्हमें अत्ता (आत्मा) शब्दके स्थानपर जीव पुग्गल और वदगू शब्दोका व्यवहार किया है। देखिये मिसेज राइस डैविड्स Question of Milinda।

३ नागसेनोति सखा समञ्ञा पञ्ञत्ति वोहारो नाममत्तं पवत्तति। परमत्थतो पन एत्थ पुग्गलो नुपलब्भति। भासितं पन एतं महाराज वजिराय भिक्खुनीया भगवतो सम्मुखा—

यथाहि अंग संभारा होति सद्दो रथो इति।
एवं खन्धेसु सन्तेसु होति सत्तोति सम्मुति॥ मिलिन्दपञ्ह अध्याय २ पृ २५ २८।

(२) आत्मा पांच स्कधोंसे भिन्न पदार्थ है

बौद्धोंकी दूसरी मान्यता है कि आत्मा पंचस्कंधोंसे पृथक पदार्थ है। यह मान्यता नैयायिक आदि दार्शनिकों जैसी ही है। यहां पर आत्मा (पुद्गल) को पांच स्कंध रूप बोझको ढोनेवाला कहा है।[1]

(३) आत्मा पांच स्कधोंसे न भिन्न है न अभिन्न

बौद्धोंके आत्मा सबंधी तीसरे सिद्धान्तको माननेवाले पुद्गलवादी वात्सीपुत्रीय बौद्ध है। ये लोग आत्मा के अस्तित्वको मानते हैं परन्तु इनके अनुसार जिस तरह अग्निको न जलती हुई लकडीसे भिन्न कह सकते हैं और न अभिन्न परन्तु फिर भी अग्नि भिन्न वस्तु है उसी तरह यद्यपि पुद्गल भिन्न पदार्थ है परन्तु यह पुद्गल न पांच स्कधोसे सर्वथा भिन्न कहा जा सकता है और न अभिन्न। यह न नित्य है और न अनित्य। यह पुद्गल अपने अच्छे बुरे कर्मोंका कर्ता और भोक्ता है इसलिये इसके अस्तित्वका निषेध नहीं कर सकते।

(४) आत्मा अव्याकृत है

इस मान्यताके अनुसार आत्मा क्या है यह नहीं कहा जा सकता। (क) जिस समय अनुराधन बुद्धसे प्रश्न किया कि क्या जीव रूप वेदना संज्ञा सस्कार और विज्ञानसे बाह्य है तो बुद्धने उत्तर दिया कि तुम इसी लोकमे जीव दिखानेमे समर्थ नहीं फिर परलोककी बात तो दूर रही इसलिये मैं दुःख और दुःखका निरोध इन दो तत्त्वोका ही उपदेश करता हूँ। जिस प्रकार किसी तीरसे आहत मनुष्यका यह तीर किसने मारा है ? कौनसे समयमे मारा है ? कौनसी दिशासे आया है ? आदि प्रश्न करना वृथा है क्योंकि उस समय मनुष्यको इन सब प्रश्नोत्तरोमे न पडकर घावकी रक्षा की ही बात सोचनी चाहिये; उसी प्रकार आत्मा क्या है ? परलोक क्या है ? मरनेके बाद तथागत पैदा होता है या नहीं ? आदि प्रश्न अव्याकृत हैं।[2] (ख) बहुतसी जगह आत्माके विषयमे प्रश्न पूछे जानेपर बुद्ध मौन धारण करते हैं[3]। इस मौनका कारण है कि यदि वे कहें कि आत्मा है तो लोग शाश्वतवादी हो जाते है और यदि कहा जाय कि आत्मा नहीं है तो लोग उच्छेदवादी हो जाते है। अतएव एक ओर शाश्वतवाद और दूसरी ओर उच्छेदवादका निराकरण करनेके लिये मौन रहना ही ठीक समझा गया[4]। (ग) अनेक बौद्ध

तथा—दुक्खमेव हि न कोचि दुक्खितो।
कारको न किरियाव विज्जति।
अत्थि निब्बुत्ति न निब्बुतो पुमा।
मग्गमत्थि गमको न विज्जति॥ विसुद्धिमग्ग अध्याय १६।

तथा देखिये कथावत्थु १–२ अभिधम्मकोश ३–१८ टीका दीघनिकाय पायासिसुत्त संयुत्तनिकाय ५–१०६।

१ भारं वो भिक्खवो देशयिष्यामि भारादानं भारनिक्षेपं भारहारं च। तत्र भारः पंचोपादानस्कन्धाः भारादानं तृष्णा भारनिक्षेपो मोक्षः भारहारः पुद्गलाः तत्त्वसंग्रहपंजिका आत्मवादपरीक्षा ३४९ तथा धम्मपद अत्तवग्गो।

२ संयुत्तनिकाय अनुराधसुत्त तथा—स्कन्धाः सत्त्वा एव ततो भिन्ना वा इति प्रश्न सत्त्वस्य विषये सत्त्वश्च नास्त्येव किमपि वस्तु। तेनायं प्रश्नः वन्ध्यापुत्रः शकलः कृष्णो वा इतिवत् स्थापनीयः (अनुत्तरितः) एव। अभिधर्मकोश ५–२२ टिप्पणी बुद्धचर्या पृ १८६ से आगे।

३ किन्नु खो गोतम अत्थत्ताति।
एवं वुत्ते भगवा तुण्ही अहोसि॥
किं पन भो गोतम नत्थत्ताति॥
दुतियम्पि खो भगवा तुण्ही अहोसि। संयुत्तनिकाय ४–१०।

४ अस्तीति शाश्वतग्राही नास्तीत्युच्छेददर्शनं। तस्मादस्तित्वनास्तित्वे नाश्रीयेत विचक्षणः॥
माध्यमिककारिका १८–१०।

सूत्रोंमें आत्माके विषयमें प्रश्न किये जानेपर आत्माका स्पष्ट विवेचन न करके बार बार यही कहा गया है कि रूप आत्मा नहीं वेदना आत्मा नहीं संज्ञा आत्मा नहीं संस्कार आत्मा नहीं विज्ञान आत्मा नहीं[1] तथा जो लोग रूप वेदना आदिको आत्मा समझते हैं उनके सत्कायदृष्टि कही जाती है[2]। महायान सम्प्रदायने इसी अनत्तावाद (नैरात्म्यवाद) पर अपने विज्ञानवाद और शून्यवादकी स्थापना कर क्लेशावरण और ज्ञेयावरण के नाश करनेके लिये नैरात्म्यवादके प्रतिपादनपूर्वक आत्मदृष्टिसे क्लेशोंकी उत्पत्ति बतायी है[3]। नागार्जुनने कहा है बुद्धने यह भी कहा है कि आत्मा है और यह भी कहा है कि आत्मा नहीं है। तथा बुद्धने आत्मा और अनात्मा किसीका भी उपदेश नहीं दिया ।

---

१ मज्झिमनिकाय महापुण्णमसुत्त १ ९ ।

२ सत् काय पञ्च उपादानस्कधा एव । तत्राह मम दृष्टि । अभिधमकोश ५-७ ।

३ सत्कायदृष्टिप्रभवानशेषान् क्लेशांश्च दोषांश्च धिया विपश्यन् ।
आत्मानमस्याविषय च बुद्ध्वा । योगी करोत्यात्मनिषेधमेव ॥ माध्यमिककारिका १८- ८ ।

४ आत्मेत्यपि प्रज्ञपितमनात्मेत्यपि देशित । बुद्धैर्नात्मा न चानात्मा कश्चिदित्यपि देशित ॥
माध्यमिककारिका १८-६ ।

न्याय वैशेषिक परिशिष्ट (ग)

(श्लोक ४ से १ तक)

न्याय-वैशेषिकदर्शन

(१) न्याय दर्शनके मूल प्रवर्तक अक्षपाद गौतम कहे जाते हैं। अक्षपादको महायोगी अहल्यापति आदि नामोंसे भी कहा गया है[1]। पुराणोंके अनुसार स्वमतदूषक व्यास ऋषिका मुख देखनेके लिए गौतमके पैरोंमें नेत्र थे इसलिए इनका नाम अक्षपाद पडा। प्राचीन मान्यताके अनुसार गौतम ऋषिके आश्रममें वृष्टिके न होनेपर भी वरुणके वरसे वृक्ष आदि वनस्पतियाँ सदा हरी भरी रहा करती थीं। नैयायिक यौग और शैव नामसे भी कहे जाते हैं। नैयायिक दर्शनमें शिव भगवान जगतकी सृष्टि और संहार करते हैं वे व्यापक नित्य एक और सर्वज्ञ हैं और इनकी बुद्धि शाश्वती रहती है। नैयायिक लोग प्रमाण प्रमेय संशय प्रयोजन दृष्टान्त सिद्धान्त अवयव तर्क निर्णय वाद जल्प वितण्डा हेत्वाभास छल जाति और निग्रहस्थान इन सोलह तत्त्वोंके ज्ञानसे दुखका नाश होनेपर मुक्ति स्वीकार करते हैं। ये लोग प्रत्यक्ष अनुमान उपमान और आगम इन चार प्रमाणोंको मानते हैं। (२) वैशेषिक दर्शनके आद्यप्रणेता कणाद कहे जाते हैं। कणादको कणभक्ष अथवा औलूक्य नामसे भी कहा गया है। पौराणिक मान्यताके अनुसार कणाद ऋषि न्यस्तम पडे हुए चावलोंके कणोंका आहार करके कपोती वृत्तिसे अपना निर्वाह करते थे अतएव इनका नाम कणाद अथवा कणभक्ष पडा। कणादने काश्यपगोत्री उलूक ऋषिके घर जन्म

---

१ अक्षपादो महायोगी गौतमाख्योऽभवन्मुनिः।
गोदावरीसमानेता अहल्यायाः पतिः प्रभुः॥
स्कन्दपुराण कुमारिकाखण्ड।

२ पुराणोंमें सांख्य-योगकी तरह अक्षपाद और कणादप्रणीत शास्त्रोंको श्रुतिविरुद्ध कहा है—
अक्षपादप्रणीते च काणादे योगसांख्ययोः।
त्याज्यः श्रुतिविरुद्धोऽर्थः। पद्मपुराण न्यायकोश पृ २।

३ न्याय ग्रन्थोंमें प्रमाणके लक्षण निम्न प्रकारसे मिलते हैं—

(क) जिस प्रत्यक्ष आदिके द्वारा प्रमाता पदार्थोंको यथार्थ रूपसे जानता है उसे प्रमाण कहते हैं—
प्रमाता येनार्थं प्रमिणोति तत् प्रमाणम्। वात्स्यायनभाष्य १-१-१।

(ख) जो ज्ञानमें कारण हो उसे प्रमाण कहते हैं—उपलब्धिहेतुः प्रमाणम्। उद्योतकर न्यायवार्तिक।

(ग) अव्यभिचारी और असंदिग्ध रूपसे पदार्थोंके ज्ञान करनेवाली बोधाबोध स्वभाववाली सामग्रीको प्रमाण कहते हैं—अव्यभिचारिणीमसंदिग्धामर्थोपलब्धिं विदधती बोधाबोधस्वभावा सामग्री प्रमाणम्। जयन्त न्यायमंजरी पृ १२।

(घ) पदार्थोंके यथार्थ रूपसे जाननेको प्रमा और प्रमाके साधनको प्रमाण कहते हैं—यथार्थानुभवः प्रमा। तत्साधनं च प्रमाणम्। उदयन तात्पर्यपरिशुद्धि।

(ङ) प्रमासे नित्य संबंध रखनेवाले परमेश्वरको प्रमाण कहते हैं—साधनाश्रयाव्यतिरिक्तत्वे सति प्रमाव्याप्तं प्रमाणम्। सर्वदर्शनसंग्रह अक्षपाददर्शन।

४ मुनिविशेषस्य कापोतीं वृत्तिमनुष्ठितवतो रथ्यानिपतितांस्तण्डुलकणानादाय कृताहारस्याहारनिमित्तात् कणाद इति संज्ञाऽजनि। षड्दर्शनसमुच्चय गुणरत्नटीका पृ १ ७।

धारण किया था अतएव इनका नाम औलक्य पड़ा। वायुपुराणके अनुसार औलक्य द्वारकाके पास प्रभासके रहनेवाले सोमशर्माके शिष्य थे। वैदिक परम्पराका अनुकरण करते हुए हेमचन्द्र राजशेखर, गुणरत्न आदि जैन विद्वानोंका कथन है कि स्वयं ईश्वरने उल्ल (उलक) का रूप धारण करके कणाद ऋषिको द्रव्य गुण, कर्म सामान्य विशेष और समवाय इन छह पदार्थोंका उपदेश किया था। इस उपदेशके ऊपरसे कणाद ऋषिने जीवोंके उपकारके लिये वैशेषिक सूत्रोंकी रचना की इसीलिए कणाद ऋषि औलक्य नामसे कहे जाने लगे।[1] ईसाकी छठी शताब्दिके चित्साङ (Ci tsan) नामक एक चीनी बौद्ध वैशेषिक दर्शनके जन्मदाता उलकका समय बुद्धसे आठ सौ वर्ष पहले बताते हैं। चित्साङका कथन है कि उलक रातको सूत्रोंकी रचना करते थे और दिनमें भिक्षावृत्ति करते थे इसलिये इनका नाम उलक पड़ा। चित्साङने दूसरी जगह लिखा है कि उलकके रचे हुए सूत्र सांख्य दर्शनके सूत्रोंसे बढ़े चढ़े (विशेष) थे इसलिये उलकका दर्शन वैशेषिक दर्शनके नामसे प्रसिद्ध हुआ। सूत्रालंकारके कर्त्ता अश्वघोषका कहना है कि जैसे रातमें उल्लू शक्तिशाली होता है वैसे ही संसारमें बुद्धके आनेके पहले यह दर्शन शक्तिशाली था। बुद्धके प्रादुर्भाव होनेपर इस दर्शनका प्रभाव हीन हो गया इसलिये इस दर्शनको औलक्य दर्शन कहते हैं[2]। वैशेषिकोंका दूसरा नाम पाशुपत है। वैशेषिक लोग द्रव्य[3] गुण कर्म सामान्य विशेष और समवाय इन छह तत्त्वोंको और प्रत्यक्ष और अनुमान दो प्रमाणोंको स्वीकार करते हैं।

न्याय-वैशेषिकोंके समानतन्त्र

नैयायिक और वैशेषिक लोग बहुतसी मान्यताओंसे एकमत हैं इसलिये इन्हें समानतन्त्र कहा गया है। न्यायभाष्यकार वात्स्यायनने वैशेषिक सिद्धांतको न्यायका प्रतितंत्र सिद्धांत कहा है। बौद्ध विद्वान आर्यदेव और हरिवर्मन् भी न्याय और वैशेषिक सिद्धांतोंका भिन्न भिन्न रूपमें उल्लेख नहीं करते। उद्योतकर अपने न्यायवार्तिकमें वैशेषिक सिद्धांतोंका ही उपयोग करते हैं। आगे चलकर वरदराज तार्किकरक्षामें केशवमिश्र तर्कभाषामें शिवादित्य सप्तपदार्थीमें लौगाक्षिभास्कर तर्ककौमुदीमें विश्वनाथ भाषापरिच्छेद और सिद्धांतमुक्तावलिमें अन्नभट्ट तर्कसंग्रहमें और जगदीश तर्कामृतमें न्याय-वैशेषिक सिद्धांतोंका समान रूपसे उपयोग करते हैं। विद्वानोंका मत है कि प्रशस्तपादभाष्यकारके समयके वैशेषिक सिद्धांत और उद्योतकरके समयके न्याय सिद्धांतोंमें बहुत कम अंतर था परन्तु उत्तरकालीन वैशेषिकोंने आत्मा और अनात्माके

---

१ वैशेषिकं स्यादौलक्यं। नित्यद्रव्यवृत्तयोऽन्त्य विशेषा ते प्रयोजनमस्य वैशेषिकं शास्त्रं तद् वेत्त्यधीते वा वैशेषिका। उलूकस्यापत्यमिव। तज्ज्ञत्वादौलक्यं शास्त्रं उलूकवेषधारिणा महेश्वरेण प्रणीतमिति प्रसिद्धि। अभिधानचिन्तामणि ३-५२६ वृत्ति।

२ प्रोफेसर ध्रुव स्याद्वादमंजरी नोटस पृ २३-२५।

३ वैशेषिकोंके द्रव्य गुण काल आत्मा परमाणु आदिकी मान्यताओंके साथ जैनदर्शनके सिद्धांतोंकी तुलना करनेके लिये देखिये वैशेषिकसूत्र और तत्त्वार्थाधिगमसूत्र तथा प्रोफेसर याकोबी का Jain Sutras भाग २ भूमिका पृ ३३ से ३८।

४ वैशेषिकसूत्र और प्रशस्तपादभाष्यमें द्रव्य गुण आदि छह पदार्थोंका ही उल्लेख पाया जाता है। हरिभद्र शंकराचार्य आदि विद्वानोंने छह पदार्थोंका उल्लेख किया है। आगे जाकर श्रीधर उदयन शिवादित्य आदि विद्वान छह पदार्थोंमें अभाव नामका सातवाँ पदार्थ मिलाकर सात पदार्थोंको स्वीकार करते हैं। इन विद्वानोंकी मान्यता है कि अभाव तुच्छ रूप नहीं है। अन्य पदार्थोंकी तरह अभाव भी अलग पदार्थ है। यह अभाव भावके आश्रयसे रहता है इसीलिये भाष्यकारने अभावको अलग पदार्थ नहीं कहा (अभावस्य पृथगनुपदेश भावपारतन्त्र्यात् न त्वभावात्—न्यायकंदली पृ ६)। शिवादित्यने सात पदार्थोंके विवेचन करनेके लिये सप्तपदार्थी नामक स्वतंत्र ग्रंथकी रचना की है।

विशेष की ओर अधिक ध्यान दिया और परमाणुवादका विशेष रूपसे अध्ययन किया तथा उत्तरकालीन नैयायिकोंने न्याय और तर्कको वृद्धिगत करनेमें अपनी शक्ति लगाई इसलिये आगे चलकर न्याय और वैशेषिक सिद्धांतोंमें परस्पर बहुत अन्तर पड़ता गया। यह अन्तर इतना बढ़ा कि वैशेषिकोंके पदार्थोंका खण्डन करनेके लिये नव्य-नैयायिक रघुनाथ आदिको पदार्थखण्डन जैसे ग्रथोंकी रचना करनी पड़ी। गुणरत्नसूरिने नैयायिक और वैशेषिकोंके मतको अभिन्न[1] बताते हुए उनके साधुओंके समान वेष और आचारका वर्णन करते हुए लिखा है— ये लोग निरन्तर दण्ड धारण करते हैं मोटी लगोटी पहिनते हैं अपने शरीरको कबलसे ढके रहते हैं जटा बढाते हैं भस्म लपेटते हैं यज्ञोपवीत रखते हैं हाथमें जलपात्र रखते हैं नीरस भोजन करते हैं प्राय वृक्षके नीचे वनमें रहते हैं तूबी रखते हैं कदमल और फलके ऊपर रहते हैं आतिथ्यकर्ममें रत रहते हैं कोई सस्त्रीक होते हैं और कोई स्त्री रहित होते हैं दोनोंमें स्त्री रहित अच्छे समझे जाते ह। ये पचाग्नि तप तपते हैं सयमकी उत्कृष्ट स्थितिमें नग्न रहते हैं और प्रात काल दात पेट आदिको साफ करके अगमें भस्म लगाकर शिवका ध्यान करते हैं। जब इनको यजमान लोग नमस्कार करते हैं ये ओं नमः शिवाय बोलते हैं और सन्यासी लोग केवल नमः शिवाय कहते हैं। ये तपस्वी शैव पाशुपत महाव्रतधर और कालमुखके भेदसे चार प्रकारके होते है। नैयायिक और वैशेषिकोका देवताके विषयमे मतभेद नही है।

न्याय वैशेषिकोंमें मतभेद

१ वैशेषिक लोग शब्दको भिन्न प्रमाण नही मानते परन्तु नैयायिक वेदोंके प्रामाण्यको स्वीकार करते हैं। नैयायिक शब्दको भिन्न प्रमाण मानकर वेदोंके प्रमाणके अतिरिक्त ऋषि आर्य और म्लेच्छ आप्तोंको प्रमाण मानते है।

२ नैयायिक उपमानको भिन्न प्रमाण मानते हैं तथा अर्थापत्ति सभव और ऐतिह्यको प्रमाण मान कर उनका प्रत्यक्ष अनुमान आदि चार प्रमाणोमे अतर्भाव करते ह। वैशेषिक सूत्रोमे उक्त प्रमाणोका कोई उल्लेख नही। वैशेषिक प्रत्यक्ष और अनुमान केवल दो ही प्रमाण मानते हैं।

३ नैयायिक लोग सोलह पदार्थ मानते हैं। न्यायसूत्रोमे द्रव्य गुण कर्म विशेष और समवायके विषयमें कोई चर्चा नही आती। वैशेषिकसूत्रोकी चर्चा प्रधानतया द्रव्य गुण आदि पदार्थोंके सबधमें ही होती है।

४ वैशेषिकसूत्रोमे ईश्वरका नाम नही। न्यायसूत्र ईश्वरका अस्तित्व सिद्ध करते हैं।

५ वैशेषिक मोक्षको निश्रेयस अथवा मोक्ष नामसे कहते हैं और शरीरसे सदाके लिये सबध छूट जानेको मोक्ष मानते है। नैयायिक मोक्षको अपवर्ग नामसे कहते हैं और दुखके क्षयको अपवर्ग मानते हैं।

६ वैशेषिक पीलुपाकके सिद्धातको और नैयायिक पिठरपाकके सिद्धातको मानते हैं[2]।

वैदिक साहित्यमें ईश्वरके विविध रूप

(१) वैदिक युगके लोग सूर्य चन्द्र उषा अग्नि विद्युत् आकाश आदिको अपना आराध्य देव समझ कर सूर्य आदिकी पूजा और आराधना करते थे। धीरे-धीरे सूर्य आदिका स्थान इन्द्र वरुण

१ अन्ये केचनाचार्या नैयायिकमताद्वैशेषिकैः सह भेद पार्थक्य न मन्यन्ते। एकदेवतत्वेन तत्त्वाना मिथोऽन्तर्भाविनाल्पीयस एव भेदस्य भावाच्च नैयायिकवैशेषिकाणां मिथो मतैक्यमवेच्छन्तीत्यर्थ। षड्दर्शन समुच्चयटीका पृ १२१।

२ देखिये दासगुप्तकी A History of Indian Philosophy Vol I पृ ३०४-५।

आदि देवताओंका किया। ये इन्द्र, वरुण आदि देवतागण जिस तरह कोई बढ़ई अथवा सुनार किसी नूतन पदार्थकी सृष्टि करता है उसी तरह एक साथ अथवा एक एक करके जगतकी सृष्टि करते हैं। तत्पश्चात् वेदोमें अज सृज अण्ड गर्भ रेतस आदि शब्दोंका प्रयोग मिलता है और यहाँ देवताओंको सृष्टिसर्जक और शासक कहकर पिता रूपसे उल्लेख किया गया है। आगे चलकर सृष्टिको देवताओंकी माया कह कर सृष्टिको मनुष्यबुद्धिके बाह्य बताया है। इन्द्र मायाके द्वारा सृष्टिकी रचना करता है और अपने शरीरसे ही अपने माता पिताका निर्माण करता है। तत्पश्चात् वैदिक ऋषि ईश्वरको निश्चित रूप देनेके लिये सत असत तथा जीवन मृत्यु आदि परस्पर विरोधी शब्दोंसे ईश्वरका वर्णन करते[1] हैं। (२) ब्राह्मणोंमें भी ईश्वर संबंधी अनेक मनोरंजक कल्पनायें पायी जाती हैं। (अ) प्रजापतिने एकसे अनेक होनेकी इच्छा की इसके लिये प्रजापतिने तप किया और तीन लोकोंकी सृष्टि की[2]। (ब) सृष्टिके पहले पृथिवी आकाश आदि किसी पदार्थका भी अस्तित्व नहीं था। प्रजापतिने एकसे अनेक होनेके लिये तपश्चरण किया। तपश्चरणके बलसे धूम अग्नि प्रकाश ज्वाला किरण और बाष्पकी उत्पत्ति हुई और बादमें ये सब पदार्थ बादलकी तरह जमकर घनीभूत हो गये। इससे प्रजापतिका लिंग फट गया और उसमेंसे समुद्र फट निकला। प्रजापति रुदन करने लगे क्योंकि अब उनके ठहरनेकी कोई जगह नहीं रह गई थी। प्रजापतिकी आँखोंके अश्रुबिन्दु समुद्रके जलमें गिरे और ये पृथिवीके रूपमें परिणत हो गये। तत्पश्चात प्रजापतिने पृथिवीको साफ किया और उसमें वायुमंडल और आकाशकी उत्पत्ति हुई।[3] (स) प्रजापतिने एकसे अनेक होनेके लिये कठोर तपश्चरण किया। उससे ब्राह्मन् (वेद) और जलकी उत्पत्ति हुई। प्रजापतिने त्रयीविद्याको लेकर जलमें प्रवेश किया इससे अंडा उत्पन्न हुआ। प्रजापतिने अंडेका स्पर्श किया और फिर अग्नि बाष्प मृत्तिका आदिकी उत्पत्ति हुई।

(३) उपनिषद्-साहित्यमें भी सृष्टि और सृष्टिकर्ताके विषयमें विविध सिद्धान्तोंका प्रतिपादन किया गया है। (अ) केवल बृहदारण्यक उपनिषद्में कई कल्पनायें मिलती हैं। यहाँ असत् मृत्यु और क्षुधाको एक मानकर मृत्युसे जीवनकी तथा मृत्युसे जल पृथिवी अग्नि वायु लोक आदिकी सृष्टि स्वीकार की गई है। दूसरे स्थलपर आत्मा अथवा पुरुषसे सृष्टि की उत्पत्ति मानकर कहा गया है कि जिस समय आत्मामें संवेदन शक्तिका आविर्भाव हुआ उस समय आत्मा अपनेको अकेले पाकर भयभीत हो उठा। आत्मा पुरुष और स्त्री दो भागोंमें विभक्त हुआ। स्त्रीने देखा कि पुरुष उसका सर्जक है और साथ ही उसका प्रेमी भी है। स्त्रीने गौका रूप धारण कर लिया। पुरुषने बैलका रूप धारण किया। इसी प्रकार बकरी बकरा आदि युगलोंकी उत्तरोत्तर सृष्टि होती गई। अन्यत्र ब्रह्मसे सृष्टिकी रचना मानी गई है। यहाँ कहा गया है कि सृष्टिके पहले एक ब्रह्म ही था। ब्रह्मने अपनेको पर्याप्त शक्तिशाली न देखकर क्षत्रिय वैश्य शूद्र जातियोंकी और सत्यकी सृष्टि[4] की।[5] (ब) छान्दोग्य उपनिषद्में असतको अंडा बताकर अंडेके फूटनेसे पृथिवी आकाश पर्वत आदिकी रचना मानी गई है।[6] (स) प्रश्न उपनिषद्में सृष्टिकर्ताको अनादि मानकर कहा गया है कि जिस समय ईश्वरको सृष्टिके रचनेकी इच्छा हुई उस समय ईश्वरने रयि और प्राणके युगलको पैदा किया[7]। (ड) मुण्डक उपनिषद्में अक्षरसे सृष्टि मानी गई

---

१ देखिये बेल्वेल्कर और रानडेकी History of Indian Philosophy Vol II अध्याय १।

२ ऐतरेयब्राह्मण ५ २३। देखिये वही अध्याय २।

३ तैत्तिरीयब्राह्मण ११-२-९। वही।

४ शतपथब्राह्मण ६-१-१-८ और आगे। वही।

५ बृहदारण्यक उ अध्याय १।

६ छान्दोग्य उ ३-१९-१।

७ प्रश्न उ १-४।

है। इसी प्रकार अन्य उपनिषदोंमें तम प्राण आकाश हिरण्यगर्भ जल वायु अग्नि आदिसे सृष्टिका आरंभ स्वीकार किया गया है।[2]

भारतीय दर्शनमें चार्वाक बौद्ध जैन मीमांसा सांख्य[3] और योग दर्शनकार ईश्वरको सृष्टिकर्ता स्वीकार नहीं करते। वेदान्त[4] न्याय[5] और वैशेषिक दर्शनोंमें ईश्वरको सृष्टिका रचयिता माना गया है।

ईश्वरके अस्तित्वमें प्रमाण

ईश्वरवादियोंका मत है कि इस अचेतन सृष्टिका कोई सचेतन नियन्ता होना चाहिये। परमाणु और कर्मशक्तिसे सृष्टिकी रचना नहीं हो सकती क्योंकि परमाणु और कर्मशक्ति दोनों अचेतन हैं। इसलिये इस सृष्टिका सचेतन नियन्ता सर्वव्यापी करुणाशील और जीवोंके कर्मोंके अनुसार सुख-दुःखका फल देनेवाला एक ईश्वर ही हो सकता है। ईश्वरके अस्तित्वमें दिये जानेवाले प्रमाणोंको तीन विभागोंमें विभक्त किया जा

---

१ मुण्डक उ १-७।

२ देखिये रानडे और बेल्वलकरकी Constructive Survey of the Upanisadic Philosophy अ २।

३ सांख्यदर्शनके इतिहासको तीन प्रधान युगोंमें विभक्त किया जाता है—(१) मौलिक अर्थात् उपनिषद् भगवद्गीता महाभारत और पुराणोंका सांख्य ईश्वरवादी था। (२) दूसरे युगका अर्थात् महाभारतके अर्वाचीन भागोंमें तथा सांख्यकारिका और बादरायणके सूत्रोंमें वर्णित सांख्य प्रकृतिवाद के सिद्धांतसे प्रभावित होकर अनीश्वरवादी हो गया। (३) तीसरे युगका अर्थात् ईसाकी सोलहवीं शताब्दिका सांख्यदर्शन विज्ञानभिक्षुके अधिपतित्वमें फिरसे ईश्वरवादकी ओर झुक गया।

४ योगको सेश्वर सांख्य भी कहा जाता है। इस मतमें ईश्वरको सृष्टिका कर्ता नहीं मानकर एक पुरुषविशेषको ईश्वर माना गया है। यह पुरुषविशेष सदा क्लेश कर्म कर्मोंका फल और वासनासे अस्पृष्ट रहता है।

५ वेदान्तके अनुसार ईश्वर जगतका निमित्त और उपादान कारण है इसलिये वेदान्तियोंका मत है कि ईश्वरने स्वयं अपनेमेंसे ही जगतको बनाया है जब कि न्याय-वैशेषिकोंके अनुसार सृष्टिमें ईश्वर केवल निमित्त कारण है। इसके अतिरिक्त वेदान्त मतमें अनुमानसे ईश्वरकी सिद्धि न मानकर जन्म स्थिति और प्रलय तथा शास्त्रका कारण होनेसे ईश्वरकी सिद्धि मानी गई है।

६ गार्बे (Garbe) आदि विद्वानोंके मतके अनुसार न्यायसूत्र और न्यायभाष्यमें ईश्वरवादका प्रतिपादन नहीं किया गया है। यहां ईश्वरको केवल द्रष्टा ज्ञाता सर्वज्ञ और सर्वशक्तिशाली कहा गया है सृष्टिका कर्ता नहीं परन्तु यह ठीक नहीं। क्योंकि न्यायभाष्यमें ईश्वरके पितृतुल्य होनेका स्पष्ट उल्लेख मिलता है—यथा पिताऽपत्यानां तथा पितृभूत ईश्वरो भूतानाम् ४-१-२१।

७ कुछ विद्वानोंका मत है कि वैशेषिकसूत्रोंमें ईश्वरके विषयका कोई उल्लेख नहीं पाया जाता। यहां परमाणु और आत्माकी क्रिया अदृष्टके द्वारा प्रतिपादित की जाती है। इसलिये मौलिक वैशेषिक दर्शन अनीश्वरवादी था। अथली (Athalye) आदि विद्वान इस मतका विरोध करते हैं। उनका कहना है कि वैशेषिक दर्शन कभी भी अनीश्वरवादी नहीं रहा। वैशेषिकसूत्रोंका ईश्वरके विषयमें मौन रहनेका यही कारण है कि वैशेषिक दर्शनका मुख्य ध्येय आत्मा और अनात्माकी विशेषताओंको प्ररूपण करना रहा है। Tarka Samgraha पृ ११६ ७—देखिये प्रोफेसर राधाकृष्णनकी Indian Philosophy Vol II पृ २२५।

सकता है—कार्यकारणभावमूलक (Cosmological) सत्तामूलक (Ontological) प्रयोजनमूलक (Teleological) ।

(१) कार्यकारणभावमूलक : न्याय-वैशेषिकोंका ईश्वरकी सिद्धिमें यह सुप्रसिद्ध प्रमाण है । नैयायिकोंका कहना है जितने भी कार्य होते हैं वे सब किसी बुद्धिमान कर्ताके बनाये हुए देखे जाते हैं। इसलिये पृथिवी पर्वत आदि किसी कर्ताके बनाये हुए हैं क्योंकि ये कार्य हैं। जो जो कार्य होते हैं वे किसी कर्ताकी अपेक्षा रखते हैं जैसे घट। पृथिवी पर्वत आदि भी कार्य हैं इसलिये ये भी किसी कर्ताके बनाये हुए हैं। यह कर्ता ईश्वर ही है।[1] शंका—हम जो घट आदि साधारण कार्योंको देखते हैं उनका कोई कर्ता अवश्य है परन्तु पृथिवी पर्वत आदि असाधारण कार्योंके कर्ताका अनुमान नहीं किया जा सकता। अतएव जो कार्य होते हैं वे किसी कारणकी अपेक्षा रखते हैं यह अनुमान ठीक नहीं है। समाधान—हमने उक्त अनुमानमें सामान्य रूपसे व्याप्तिका ग्रहण किया है। जिस प्रकार रसोईघरमें धूम और अग्निकी व्याप्तिका ग्रहण होनेपर उस व्याप्तिसे पर्वत आदिमें भी धूम और अग्निकी व्याप्तिका ग्रहण किया जा सकता है उसी तरह घट आदि कार्य और कुम्हार आदि कर्ताका संबंध देखकर पृथिवी पर्वत आदि सम्पूर्ण कार्योंके कर्ताका अनुमान किया जाता है। उक्त अनुमानमें घट केवल दृष्टांतमात्र है। दृष्टांतके सम्पूर्ण धर्म दार्ष्टान्तिकमें नहीं आ सकते। इसलिये जैसे छोटेसे छोटे कार्यका कोई कर्ता है उसी तरह बड़ेसे बड़े पृथिवी आदि कार्योंका कर्ता ईश्वर है। शंका—अंकुर आदिके कार्य होनेपर भी उनका कोई कर्ता नहीं देखा जाता इसलिये उक्त अनुमान बाधित है। समाधान—अंकुर आदि कार्य हैं इसलिये उनका कर्ता भी ईश्वर ही है। ईश्वर अदृश्य है अतएव हम उसे अंकुर आदिको उत्पन्न करता हुआ नहीं देख सकते। (२) सत्तामूलक पश्चिमके एन्सेल्म (Anselm) और डेकार्ट (Descarte) आदि विद्वान ईश्वरके अस्तित्वमें दूसरा प्रमाण यह देते हैं कि यदि ईश्वरकी सत्ता न होती तो हमारे हृदयमें ईश्वरके अस्तित्वकी भावना नहीं उपजती। जिस प्रकार त्रिभुजकी कल्पनाके लिये यह मानना आवश्यक है कि त्रिभुजके तीन कोण मिलकर दो समकोणके बराबर होते हैं उसी प्रकार ईश्वरकी कल्पनाके लिये ईश्वरका अस्तित्व मानना अनिवार्य है। (३) प्रयोजनमूलक ईश्वरके सद्भावमें तीसरा प्रमाण है कि हमें सृष्टिमें एक अद्भुत व्यवस्था दृष्टिगोचर होती है। यह सृष्टिकी व्यवस्था और उसका सामंजस्य केवल परमाणु आदिके संयोगके फल नहीं हो सकते। इसलिये अनुमान होता है कि कोई ऐसी शक्तिशाली महान् चेतनाशक्ति अवश्य है जिसने इस सृष्टिकी रचना की है।[3]

---

१ ह्यूम (Hume) आदि पश्चिमके विद्वानोंने इस तर्कका खण्डन किया है। इन लोगोंका कहना है कि जिस प्रकार हम सम्पूर्ण कार्योंके कारणका पता लगाते लगाते आदिकारण ईश्वर तक पहुँचते हैं उसी प्रकार ईश्वरके कारणका भी पता क्यों न लगाया जाय ? यदि हम ईश्वर रूप आदिकारणका पता लगा कर रुक जाते हैं तो इससे मालूम होता है कि हम ईश्वरको केवल श्रद्धाके आधारपर मान लेना चाहते हैं। जैन बौद्ध आदि अनीश्वरवादियोंने भी यह तर्क दिया है।

२ काण्ट (Kant) आदि पाश्चिमात्य दार्शनिकोंने इस युक्तिका खण्डन किया है। इन लोगोंका कथन है कि यदि हम मनुष्य हृदयमें ईश्वरकी कल्पनाके आधारसे ईश्वरके अस्तित्वको स्वीकार कर लें तो संसारमें जितने भिक्षुक हैं वे मनमें अशर्फियोंकी कल्पना करके करोड़पति हो जायें।

३ काण्ट (Kant) स्पेंसर (Spencer) प्रोफेसर टिण्डल (Tyndall) प्रोफेसर नाइट (Knight) आदि विद्वानोंका कहना है कि हम ससीम ब्रह्माण्डको देखकर उससे असीम उपादान कारणका अनुमान नहीं कर सकते। इसलिये जब तक हम अन्य प्रमाणोंके द्वारा ईश्वरका निश्चय न कर लें अथवा जब तक स्वयं ईश्वरके समान शक्तिशाली न बन जांय तब तक ईश्वरके विषयमें हम अपना निर्णय नहीं दे

आचार्य उदयनने ईश्वर की सिद्धिमें निम्न प्रमाणोंका उल्लेख किया है—

(क) सृष्टि काय ह इसलिये इसका कोई कारण होना चाहिये। (ख) सृष्टिके आदिमें दो परमाणुओम सबंध होनसे द्वयणुककी उत्पत्ति होती है इस आयोजन-क्रियाका कोई कर्ता होना चाहिये। (ग) सृष्टिका कोई आधार चाहिये। (घ) बुनने आदि कार्योंको सृष्टिके पहले किसीने सिखाया होगा इसलिये कोई आदिशिक्षक होना चाहिये। (ङ) वदोम कोई शक्तिका प्रदाता होना चाहिये। (च) कोई श्रुतिका बनानवाला होना चाहिय। (छ) वदवाक्योंका कोई कर्ता होना चाहिये। (ज) दो परमाणओके सबधसे द्वयणुक बनता ह इसका कोई ज्ञाता होना चाहिय ।

ईश्वरविषयक शकाये

शका—जगतके निर्माण करनेमें ईश्वरकी प्रवृत्ति अपने लिये होती है अथवा दूसरके लिये ? ईश्वर कृतकृत्य है उसकी सम्पूण इच्छाओकी पति हो चुकी है अतएव वह अपनी इच्छाओको पण करनके लिय जगतका निर्माण नही कर सकता। यदि ईश्वर दूसरोके लिय सृष्टिकी रचना करता है तो उसे बुद्धिमान नही कहा जा सकता। करुणासे बाध्य होकर भी ईश्वरन सृष्टिका निर्माण नही किया अन्यथा जगतके *सम्पूर्ण प्राणियोको सुखी होना चाहिये था।*[2] **ईश्वरवादी**—वास्तवम करुणाके वशीभूत होकर ही ईश्वरकी सृष्टिके निर्माण करनम प्रवृत्ति होती ह । इश्वर भिन्न भिन्न प्राणियोके पुण्य और पाप कर्मोंके अनुसार सृष्टिका सजन करता है इसलिय सवथा सुखमय सृष्टिको रचना नही हो सकती। जीवाके अच्छे और बुरे कर्मोंके अनुसार जगतको रचना करनेसे ईश्वरको स्वतंत्रताम कोई बाधा नहीं पड़ सकती। क्योकि जिस तरह अपन हाथ पैर आदि अवयव अपन कायमें बाधक नहीं होते इसी तरह जीवोक कर्मोंकी अपेक्षा रख कर सृष्टिके निर्माण करन से ईश्वरको परावलम्बी नहीं कहा जा सकता। **शंका**—सृष्टिका बनानवाला ईश्वर शरीर सहित होकर सृष्टि रचता ह अथवा शरीर रहित होकर ? यदि ईश्वरको सशरीर माना जाय तो ईश्वरको अदृष्टका विषय कहना चाहिये क्योकि सम्पूण शरीर अदृष्टसे ही निश्चित होते ह। इसी प्रकार ईश्वरको अशरीरो भी नही मान सकते क्योंकि अशरीर ईश्वर सृष्टिको उत्पन्न नही कर सकता। **ईश्वरवादी**—जिस प्रकार शरीर रहित आत्मा शरीरम परिवतन उत्पन्न करती ह उसी तरह अशरीरी ईश्वर अपनी इच्छासे ससारका सजन करता है। ईश्वरमें इच्छा और प्रयत्नकी उत्पत्ति होनेके लिये भी ईश्वरको सशरीरी मानना ठीक नही। क्योकि ईश्वरकी इच्छा और प्रयत्न स्वाभाविक हैं कारण कि हम लोग ईश्वरकी बुद्धि इच्छा और प्रयत्नको नित्य स्वीकार करते हैं। अथवा परमाणओको ही

सकते। इसलिये प्रयोजनमलक अनुमानसे हम विश्वके नियामक अथवा सयोजक इश्वरका ही अनुमान कर सकते हैं इससे विश्वके रचयिता अथवा उत्पादक ईश्वरका अनुमान नहीं हो सकता।

१ कार्यायोजनधृत्यादे पदात प्रत्ययत श्रुते ।
वाक्यात सख्याविशेषाच्च साध्यो विश्वविदव्यय ॥ न्यायकुसुमाञ्जलि ५-१ ।

२ ज एस मिल (J S Mill) आदि पश्चिमके विद्वानोन भी ईश्वरके विरुद्ध यह शका उपस्थित की है।

३ अनुपभुक्तफलानां कर्मणां न प्रक्षय सगमन्तरेण च तत्फलभोगाय नरकादिसृष्टिमारभते दयालुरेव भगवान्। उपभोगप्रबन्धेन परिश्रान्तानामन्तरान्तरा विश्रान्तये जन्तूनां भुवनोपसंहारमपि करोतीति सव मतत्कृपानिबन्धमेव। न्यायमञ्जरी पृ २ २।

४ यत्पुनर्विकल्पितं सशरीर ईश्वर सृजति जगद् अशरीरो वेति तत्राशरीरस्यव सृष्टत्वमस्याभ्युपगच्छाम। ननु क्रियावेशनिबन्धकम् कर्तृत्व न पारिभाषिक तदशरीरस्य क्रियाविरहात्त कथ भवेत्। कस्य च कुम्भशरीरस्य कर्तृत्व दृष्टमिति। उच्यते। प्रयत्नज्ञानचिकीर्षायोगित्वं कर्तृत्वमाचक्षते। तच्चेश्वरे

ईश्वरका शरीर माना जा सकता है। जिस प्रकार हमारी आत्मामें इच्छा होनेके कारण हमारे शरीरमें क्रिया होती है उसी तरह ईश्वरकी नित्य इच्छासे परमाणुओंमें क्रिया होती है। शंका—ईश्वर प्रत्यक्ष अनुमान आगम और उपमान प्रमाणोंसे सिद्ध नहीं होता। किसी पदार्थको प्रत्यक्ष प्रमाणसे जाननेके लिये इन्द्रिय और पदार्थोंका संबंध होना आवश्यक है परन्तु ईश्वरका इन्द्रियोंसे संबंध नहीं हो सकता क्योंकि ईश्वरवादी ईश्वरको इन्द्रियोंके विषयके बाह्य मानते हैं इसलिये प्रत्यक्षसे ईश्वरको नहीं जान सकते। अनुमान प्रत्यक्ष पूर्वक ही होता है अतएव ईश्वरका प्रत्यक्ष न होनेसे ईश्वरको अनुमानसे भी नहीं जान सकते। आप्तके उपदेशमें और उपमान प्रमाणमें भी प्रत्यक्षकी आवश्यकता पड़ती है इसलिये उपमान और शब्दसे भी ईश्वरकी सिद्धि नहीं होती। ईश्वरवादी—ईश्वर हमारे इन्द्रियप्रत्यक्षका विषय नहीं है यह ठीक है। परन्तु इससे हम ईश्वरका अभाव सिद्ध नहीं कर सकते। अधिकसे अधिक हम यह कह सकते हैं कि ईश्वर प्रत्यक्षसे सिद्ध नहीं किया जा सकता। परन्तु किसी हालतमें प्रत्यक्षसे ईश्वरका अभाव सिद्ध नहीं होता। अनुमानसे ईश्वरकी सिद्धि और असिद्धि दोनों नहीं हो सकती। उपमान प्रमाणका ईश्वरसिद्धिसे कोई संबंध नहीं है। तथा शब्द प्रमाणसे ईश्वरकी सिद्धि होती ही है[२]।

ईश्वरके विषयमें आधुनिक पाश्चात्य विद्वानोंका मत

पश्चिमके आधुनिक दार्शनिक विद्वान प्रायः ईश्वरको सृष्टिका कर्ता नहीं मानते हैं। इन लोगोंका कहना है कि यदि ईश्वर सृष्टिका कर्ता होता और वह प्राणियोंका शुभचिन्तक होता तो गत यूरोपीय महायुद्धमें असंख्य नर नारियोंका रक्त पानीकी तरह कभी नहीं बहाया जाता। अतएव यदि सृष्टिकर्ता ईश्वर कृपालु है तो उसे नाना प्रकारके दुःख और व्याधियोंसे परिपूर्ण सृष्टिकी कभी रचना नहीं करनी चाहिये थी। इस बातको पाश्चात्य विद्वानोंने विभिन्न रूपोंमें प्रगट किया है। एच जी वेल्स (H G Wells) का कथन है कि ईश्वरको सर्व शक्तिमान सृष्टिका सर्जक नहीं कह सकते। यदि ईश्वर सृष्टिके प्राणियोंको युद्ध मृत्यु आदिसे बचानेमें समर्थ होकर भी केवल अपनी क्रीडाके लिये ही सृष्टिका निर्माण करता है तो मैं उसे घृणाकी दृष्टिसे देखता हूँ। विलियम जेम्स (William James) के कथनानुसार हमें ऐसे ईश्वरकी आवश्यकता है जो हमारे जैसा ही हो और हम उसे अपना मित्र साथी नायक सेनापति और राजा मानकर अपनी असहाय और हीन दशामें उससे सहानुभूति प्राप्त कर सकें। इस विश्वमें ईश्वरीय क्रम दिखाई नहीं देता इसलिये हम अनादि अनंत ईश्वरकी कल्पना नहीं कर सकते। प्रो हेल्महोल्टज (Prof Helmholtz) का कहना है कि आंखमें वे सब दोष हैं जो किसीके देखनेके यंत्रमें पाये जा सकते हैं और कुछ अधिक भी। इसमें कुछ अत्युक्ति नहीं है कि यदि कोई चश्मा बेचनेवाला इन दोषोंवाला चश्मा मुझे देता तो मैं उसकी मूर्खता या असावधानीको बड़े बलपूर्वक दिखाता और उसके चश्मेको लौटा देता। कॉमटे (Comte) आदिका कहना है कि सौरमण्डल ऐसा नहीं बना जिससे अधिकसे अधिक लाभ हो सकता। आवश्यकता थी कि चांद पृथिवीके चारों ओर उतने ही समयमें घूमता जितनेमें पृथिवी सूर्यके चारों ओर घूमती है। यदि ऐसा होता तो चांद हर रातको पूरा पूरा चमका करता। लंग (Lange) और हक्सले (Huxley) आदि विद्वानोंका कथन है सृष्टिमें उतना ही अपव्यय है जितना खेतमें एक खरगोशको मारनेके लिये करोड़ों तोप छोड़नेमें होता है।

---

१ ईश्वरविषयक अन्य शंकाओंके लिये देखिये न्यायमंजरी पृ १९ —४१

२ कुसुमांजलि स्तबक ३। तथा देखिये श्रीधरकी न्यायकंदली पृ ५४–५७ जयन्तकी न्यायमंजरी पृ १९४ से आगे। जयन्तने ईश्वरकी सिद्धिमें सामान्यतोदृष्ट अनुमान दिया है—सामान्यतोदृष्टं तु लिंगमीश्वरसत्तायामिदं ब्रूमहे। पृथिव्यादिकार्यं धर्मि तदुत्पत्तिप्रकारप्रयोजनाद्यभिज्ञकर्तृपूर्वकमिति साध्यो धर्मः कार्यत्वात् घटादिवत्।

प्लोटिनस (Plotinus) कहा करता था कि मुझे तो अपनी उत्पत्तिकी रीतिका ध्यान करके लज्जा आती है। इससे प्रतीत होता है या तो ईश्वर सृष्टिको न बनाता या वह बुद्धिमान नहीं है। ईश्वरको चाहिये था कि काम नाक या अगूठा आदिसे सन्तोत्पत्ति करता[1]। इसी प्रकार मक्टगट (McTaggart) कैनन राशडल (Canon Rashdall) आदि विद्वानोंने ईश्वरको अकर्ता और असर्वव्यापक माना है[2]।

न्याय वैशेषिक साहित्य

कणादके वशेषिक सूत्रोंकी रचना अक्षपादके यायसूत्रोंसे पहले मानी जाती ह। यूई (Ui) वैशेषिक दर्शनकी उत्पत्ति बुद्धके समय और कमसे कम ईसाकी प्रथम शताब्दीके अ तम वैश षकसूत्रोंकी रचनाका समय मानते हैं। प्रशस्तपाद वशेषिकसूत्रोंके समथ भाष्यकार हो गये ह। इनका समय ईसाकी पाँचवी छठी शताब्दी बताया जाता है। वैशेषिकसूत्रोंके ऊपर रावणभाष्य और भारद्वाजवृत्ति नामके भाष्योंका भी उल्लेख मिलता है। ये भाष्य आजकल लप्त हो गये हैं। प्रशस्तपादभाष्य पर व्योमशखरने व्योमवती श्रीधरने याय कन्दली उदयनने किरणावलि और श्रीवत्सने लीलावती तथा नवद्वीपके जगदीश भट्टाचायने भा यसूक्ति और शकरमिश्रन कणादरहस्य टीकाय लिखी ह। इसके अतिरिक्त शिवादि यकी सप्तपदार्थी लौगाक्षिभास्करकी तककौमुदी विश्वनाथका भाषापरिच्छद तकसग्रह तर्कामृत आदि ग्रथ वशेषिकदशनका ज्ञान करनके लिय महत्त्वपूण हैं।

न्यायसूत्रोंकी रचनाके विषयम विद्वानोंका मतभद ह। प्रो याकोबीका मत ह कि यायसूत्र २ ४५ ईसवी सन्‌म रचे गये हैं। यूई (U) न इस समयको १५ २ ईसवी सन स्वीकार किया है। प्रो ध्रवन उक्त मतोंकी विस्तृत समालोचना करते हुए यायसूत्रोंके रचनाके समयको ईसवी सनके पव दूसरी शताब्दी माना है । वात्स्यायन यायसूत्रोंके प्रथम भाष्यकार गिन जात ह। इनका समय ईसाकी चौथी शताब्दी माना जाता ह। वात्स्यायन पर बौद्ध तार्किक दिङ्नागक आक्षपोंका परिहार करनके लिये उद्योतकर (६३५ ई स) न वात्स्यायनभाष्य पर यायवार्तिककी रचना की। न्यायवार्तिक पर वाचस्पतिमिश्रन (८४ ई स) यायवार्तिक तात्पयटीका लिखी। वाचस्पतिका यायसूचिनिबध और यायसूत्रोद्धारका भी कर्ता कहा जाता ह। वाचस्पतिमिश्रन वदात साख्य याग और पवमीमासा दर्शनों पर भी ग्रथोंकी रचनाकी ह। वाचस्पतिके बाद जयतभट्टका (८८ ई स) नाम बहुत महत्त्वका ह। इन्होंन कुछ चन हुए यायसूत्रों पर स्वतत्र टीका लिखी ह। जयन्तन यायमजरी न्यायकलिका आदि ग्रथोंकी रचना की है। मल्लिषणन स्याद्वादमजरीम जयन्तका उल्लेख किया ह। उदयन आचार्य दसवीं शताब्दीके विद्वान ह। इन्होंने वाचस्पतिकी तात्पयटीकापर तात्पयटीका परिशद्धि नामकी टीका तथा न्यायकुसुमाजलि आत्मतत्त्वविवक लक्षणावलि किरणावलि यायपरिशिष्ट नामक ग्रंथोंकी रचना की है। उदयनकी रचनाओं पर गंगेश नैयायिकके पुत्र वधमान आदिने

---

१ ये उद्धरण प गगाप्रसाद उपाध्यायकी आस्तिकवाद नामक पुस्तकके १ व अध्यायम फ्लिन्ट (Flint) की Theism के आधारसे दिये गये हैं।

२ कहा जाता है कि जिस समय कुसुमाजलिके कर्ता उदयनके नाना युक्तियोंसे ईश्वरका अस्तित्व सिद्ध करनेपर भी ईश्वरने दयालुताका भाव प्रदर्शन नहीं किया उस समय उदयनने ईश्वरको ऐश्वर्यके मदसे मत्त हुआ कहकर ईश्वरके अस्तित्वकी स्थितिको अपन अधीन बताकर निम्न श्लोककी रचना की—

ऐश्वर्यमदमत्तोऽसि मां अवज्ञाय वर्तसे।
पराक्रान्तेषु बौद्धेषु मदधीना तव स्थितिः ॥

१ देखिये प्रो ध्रवकी स्याद्वादमंजरी भूमिका पृ ४१–५४।

टीकायें लिखी हैं। इसके अतिरिक्त भासर्वज्ञका न्यायसार तथा मुक्तावली दिनकरी रामरुद्री नामकी भाषापरिच्छेदकी टीकायें तकसग्रह तकभाषा तार्किकरक्षा आदि न्यायदर्शनके उल्लेखनीय ग्रन्थोंमेंसे हैं। न्यायदर्शनमें नव्यन्यायका जन्म मिथिलाके गगेश उपाध्यायसे आरभ होता है। गगेशका जन्म ई० स १२ म हुआ था। गगेशन तत्त्वचि तामणि नामक स्वतत्र ग्रन्थकी रचना की। इस प्रथम नैयायिकोंके चार प्रमाणोपर चर्चाकी गई है। तेरहवी शताब्दीम गगेशके तत्त्वचितामणिपर जयदेवने प्रत्यक्षालोक नामकी टीका लिखी। इसके पश्चात वासुदेव सावभौम (ई स १५) ने तत्त्वचितामणिव्याख्या लिखी। वासुदेवके चैतन्य कृष्णानद रघुनदन और रघुनाथ नामके चार उत्तम शिष्य थ। इनम रघुनाथने तत्त्वचितामणि पर दीधिति और वशषिक मतका खडन करनेके लिये पदार्थखडन तथा ईश्वरकी सिद्धिके लिये ईश्वरानुमान नामक ग्रथ लिखे। इसके अतिरिक्त मथुरानाथ (१५८ ई स) जगदीश (१५९ ई स) और गदाधर (१६५ ई स) ने तत्त्वचितामणि पर टीकाय लिखकर नव्यन्यायको पल्लवित किया।

साख्य-योग परिशिष्ट (घ)

(श्लोक २५)

सांख्य योग जैन और बौद्ध दर्शनोंकी तुलना और उनकी प्राचीनता

साख्य जैन और बौद्धोकी तरह वदोको नही मानते मीमासकोके यज्ञ-याग आदिकी निन्दा करते हैं तत्त्वज्ञान और अहिंसापर अधिक भार देते हैं सासारिक जीवनके दुख रूप साक्षा कार करनका उपदेश करते हैं जातिभेद स्वीकार नही करते ईश्वरको नही मानत सन्यासको प्रधानता देते हैं जनोकी तरह आत्मबहुत्ववाद और बौद्धोके क्षणिकवादकी तरह परिणामवादको मानते हं तथा जन और बौद्धोंके तीथकरो की तरह कपिलका जन्म क्षत्रिय कुलम होना स्वीकार करते ह । इस परसे अनुमान किया जा सकता है कि साख्य योग जन और बौद्ध इन चारा सस्कृतियोको जन्म देनेवाली कोई एक प्राचीन सस्कृति होनी चाहिये । ऋग्वेदम एक जटाधारी मनिका वणन आता है इस युग म एक सम्प्रदाय वदिक देवता और इन्द्र आदिमें विश्वास नही करता । यह सम्प्रदाय वेदकी ऋचाओंपर भी कटाक्ष किया करता था । यजुवदम भी वदिक धर्मके विरुद्ध प्रचार करनवाले यतियोका उल्लेख आता ह । एतरेय ब्राह्मण आदि ब्राह्मणोम भी वेदको न माननवाले सम्प्रदायोकी चर्चा और कमकाण्डकी अपेक्षा तपश्चरण ब्रह्मचय त्याग इन्द्रियजय आदि भाव नाओंकी उत्कृष्टताका उल्लेख किया गया है । उपनिषद् साहित्यम तो एसे अनक उल्लेख मिलते ह जहा ब्राह्मण क्षत्रिय गुरुसे अध्ययन करते हैं ऋषि ब्रह्मचयको ही वास्तविक यज्ञ मानते हैं वदको अपराविद्या कहकर यज्ञ याग आदिका तिरस्कार करते हं और भिक्षाचर्याकी प्रधानताका प्रतिपादन कर ब्रह्मविद्याके महत्त्वका प्रसार करते ह । महाभारतम भी जातिसे वण यवस्था न मानकर कमसे वणव्यवस्था माननेके अपनी आख और शरीरका मांस आदि काटकर दान करनके तथा अनेक प्रकारकी कठोर तपश्चर्याय करनेके अनेक उदाहरण पाये जाते ह । इस पर से ऋग्वदम भी एक ऐसी सस्कृतिके मौजूद रहनका अनुमान होता है जो सस्कृति कमकाण्डकी अपेक्षा ज्ञानका डको और गृहस्थधमकी अपेक्षा स यासधर्मका अधिक महत्व देती थी । इस सस्कृतिको श्रमण अथवा क्षत्रिय सस्कृति कह सकत हं ।[2] उपनिषदोका साहित्य अधिकतर इसी सास्कृतिके मास्तिष्ककी उपज[3] कहा जाता है ।

---

१ सि धम मोहेंजोदरो और हरप्पाको खुदाईम पायी जानेवाली ध्यानस्थ मतियोसे भी इस सस्कृतिकी प्राचीनताका अनुमान किया जा सकता ह ।

२ ब्राह्मण और श्रमण इन दोनो वर्गोके इतिहासका मल बहुत प्राचीन है । जिम तरह ब्राह्मणोके धमशास्त्र पुराण आदि ग्र थाम श्रमणोका नास्तिक और असुरके रूपमें उल्लेखकर उनका स्पश करके सचेल स्नान आदिका विधान किया गया है उसी तरह जन बौद्ध आदिके ग्रन्थोम ब्राह्मणोका मिथ्यादृष्टि कुमागगामी अभिमानी आदि शब्दोसे तिरस्कार किया गया है । जिसे द्रबुद्धि आदि वैयाकरणोन ब्राह्मण और श्रमणोंके विरोधको सप और नकुलकी तरह जाति विरोध कहकर उल्लेख किया है । विशेषके लिये देखिये पं सुखलालजीकी पुरातत्त्व म प्रकाशित साम्प्रदायिकता अने तना पुरावाओनु दिग्दर्शन नामक लेखमाला । इस लेखमालाका इस पुस्तकके लेखकद्वारा किया हुआ हिन्दी अनुवाद जनजगत म भी प्रकाशित हुआ है ।

३ विशेषके लिये देखिये सन् १९३४ म बम्बईम होनेवाली २१ वीं इण्डियन साइस काग्रसके अवसरपर रायबहादुर आर पी चन्दा (R P Chanda) का श्रमणसंस्कृति (Shramanism) पर पढ़ा

सांख्य-योगदर्शन

सांख्य और योगदर्शन बुद्धके समयके पहिले दर्शन माने जाते हैं। पतञ्जलिके योगसूत्र सांख्यप्रवचनके नामसे कहे जाते हैं, वाचस्पतिमिश्र भी सांख्य-योगके उपदेष्टा वार्षगण्यको योगशास्त्रव्युत्पादयिता कहकर उल्लेख करते हैं, तथा स्वयं महर्षि पतञ्जलि सांख्य तत्त्वज्ञान पर ही योग सिद्धांतोंका निर्माण करते हैं। इससे मालूम होता है कि किसी समय सांख्य और योग दर्शनोंमें परस्पर विशेष अन्तर नहीं था। वास्तवमें सांख्य और योग दोनों दर्शनोंको एक दर्शनकी ही दो धाराय कहना चाहिये। इन दोनोंमें इतना ही अन्तर कहा जा सकता है कि सांख्यदर्शन तत्त्वज्ञानपर अधिक भार देता हुआ तत्त्वोंकी खोज करता है और तत्त्वोंके ज्ञानसे ही मोक्षकी प्राप्ति स्वीकार करता है, जब कि योगदर्शन यम नियम आदि योगकी अष्टांग प्रक्रियाका विस्तृत वर्णन करके योगकी सक्रियात्मक प्रक्रियाओंके द्वारा चित्तवृत्तिका निरोध होनेसे मोक्षकी सिद्धि मानता है। सांख्यदर्शनको कापिलसांख्य और योगदर्शनको पातंजलसांख्य कह सकते हैं।

सांख्यदर्शन

शुद्ध आत्माके तत्त्वज्ञानको सांख्य कहते हैं। अन्यत्र सम्यग्दर्शनके प्रतिपादन करनेवाले शास्त्रको सांख्य कहा है। अन्यत्र पच्चीस तत्त्वोंका वर्णन करनेके कारण सांख्यदर्शनको सांख्य कहा जाता है।[५] गुणरत्नने

गया लेख प्रो विन्टरनीजकी Some Problems in Indian Literature नामक पुस्तकमें Ascetic Literature in Ancient India नामक अध्याय इलियट (Eliot) की Hinduism and Buddhism भाग २ अध्याय ६ और ७।

१ वेबर (Weber) आदि विद्वानोंके मतमें सांख्यदर्शन सम्पूर्ण वर्तमान भारतीय दर्शनोंमें प्राचीनतम है। महाभारतमें सांख्य और योगदर्शनको सनातन कहकर उल्लेख किया है।

२ सांख्य और योगदर्शनमें भेद प्रदर्शन करनेके लिये सांख्यको निरीश्वर सांख्य और योगको सेश्वर सांख्य भी कहा जाता है। न्यायसूत्रोंके भाष्यकार वात्स्यायनने सांख्य और योग दर्शनोंमें निम्न प्रकारसे भेदका प्रदर्शन किया है—सांख्य लोग असतकी उत्पत्ति और सतका नाश नहीं मानते। उनके मतमें चेतनत्व आदिकी अपेक्षा सम्पूर्ण आत्मायें समान हैं तथा देह इन्द्रिय मन और शब्द स्पर्श आदिके विषयोंमें और देह आदिके कारणोंमें विशेषता होती है। योग मतके अनुयायी सम्पूर्ण सृष्टिको पुरुषके कर्म आदि द्वारा मानते हैं, दोष और प्रवृत्तिको कर्मोंका कारण बताते हैं, आत्मामें ज्ञान आदि गुणोंको, असत्‌की उत्पत्तिको और सतके नाशको स्वीकार करते हैं—नासत आत्मलाभः न सत आत्महानम्। निरतिशयाश्चेतनाः। देहेन्द्रियमनस्सु विषयेषु तत्कारणेषु च विशेष इति सांख्यानाम्। पुरुषकर्मादिनिमित्तो भूतसर्गः। कर्महेतवो दोषाः प्रवृत्तिश्च। स्वगुणविशिष्टाश्चेतनाः। असदुत्पद्यते उत्पन्नं निरुध्यते। न्यायभाष्य १-१-२९।

३ शुद्धात्मतत्त्वविज्ञानं सांख्यमित्यभिधीयते। न्यायकोश पृ ९४ टिप्पणी

४ न्यायकोश पृ ९४।

५ पंचविंशतेस्तत्त्वानां संख्यानं संख्या। तदधिकृत्य कृतं शास्त्रं सांख्यम्। हेमचन्द्र—अभिधानचिन्तामणि-टीका ३–५२६। यूनानी विद्वान पाइथैगोरस (Pythagoras) संख्या (Number)के सिद्धांतको मानते थे। प्रो विन्टरनीज (Winternitz) आदि विद्वानोंके अनुसार पाइथैगोरसपर भारतीय सांख्य सिद्धान्तोंका प्रभाव पड़ा है। ग्रीक और सांख्यदर्शनकी तुलनाके लिये देखिये प्रो कीथ (Keith का Samkhya System अ० ६ पृ० ६५ से आगे।

षड्दर्शनसमुच्चयकी टीकामें सांख्यमतके साधुओंके आचारका निम्न प्रकारसे वर्णन किया है— सांख्य मतके अनुयायी साधु त्रिदंडी अथवा एकदंडी होते हैं ये कौपीन धारण करते हैं गेरुए रंगके वस्त्र पहिनते हैं बहुतसे चोटी रखते हैं बहुतसे जटा बढ़ाते हैं और बहुतसे छुरेसे मुंडन कराते हैं । ये मृगचर्मका आसन रखते हैं ब्राह्मणोंके घर आहार लेते हैं पांच ग्रास मात्र भोजन करते हैं और बारह अक्षरोंकी जाप करते हैं । इनके भक्त नमस्कार करते समय ओं नमो नारायणाय कहते हैं और साधु केवल नारायणाय नमः बोलते हैं । सांख्य परिव्राजक जीवोंकी रक्षाके लिए लकड़ीकी मुखवस्त्रिका (बीटा) रखते हैं । ये जीवोंकी दया पालनेके लिये स्वयं जल छाननेका वस्त्र रखते हैं और अपने भक्तोंको पानी छाननेके लिये छत्तीस अंगुल लंबा और बीस अंगुल चौड़ा मजबूत वस्त्र रखनेका उपदेश देते हैं । ये मीठे पानीमें खारा पानी मिलानेसे जीवोंकी हिंसा मानते हैं और जलकी एक बूंदमें अनंत जीवोंका अस्तित्व स्वीकार करते हैं । इनके आचार्योंके साथ चैतन्य शब्द लगाया जाता है । सांख्य कर्मकाण्डको यज्ञ यागको और वेदको नहीं मानते । ये अध्यात्मवादी होते हैं हिंसाका विरोध करते हैं और वेद पुराण महाभारत मनुस्मृति आदिकी अपेक्षा सांख्य तत्त्वज्ञानको श्रेष्ठ समझते हैं । इन लोगोंका मत है कि यथेष्ट भोगोंका सेवन करनेपर तथा किसी भी आश्रममें रहनेपर भी यदि कपिलके पच्चीस तत्त्वोंका ज्ञान हो गया है यदि सांख्य मतमें भक्ति हो गई है तो शिखाधारी मुण्डी अथवा जटाधारीको भी मुक्ति हो सकती है । सांख्योंके मतमें पच्चीस तत्त्व तथा

---

१ य एष आनुश्रविकः श्रौतोऽग्निहोत्रादिकः स्वर्गसाधनतया तापत्रयप्रतीकारहेतुरुक्तः सोऽपि दृष्टवत् अनैकान्तिकः प्रतीकारः । तथाहि "इमं यमपिंडं पुत्रकामा पत्नी प्राश्नीयात् आधत्त पितरो गर्भम्" इति मंत्रणं । तदेव वेदवचसा बहून् पिण्डान् परं शतानश्नाति यावदेकोऽपि पुत्रो न जायते । तथा "पश्येम शरदः शतम् जीवेम शरदः शतम्" इति श्रुतावास्ते । परं गर्भस्थो जातमात्रो बालो युवापि कुमारो म्रियते । किंचान्यत्—स श्रौतो हेतुः अविशुद्धः पशुहिंसात्मकत्वात् । क्षययुक्तः पुनः पातात् । अतिशययुक्तः तत्रापि स्वामिभृत्यभावश्रवणात् । उक्तं च—

षट्शतानि नियुज्यन्ते पशूनां मध्यमेऽहनि ।
अश्वमेधस्य वचनान्न्यूनानि पशुभिस्त्रिभिः ॥

पशुवधोऽग्निष्टोमे मानुषवधः गोसवव्यवस्था सौत्रामण्यां सुरापानं रण्डया सह स्वच्छालापश्च ऋत्विजम् । कल्पसूत्रे यदपि आक्रम्य भूरि कर्तव्यतयोपदिश्यते । ब्रह्मणे ब्राह्मणमालभेत क्षत्राय राजन्यं मरुद्भ्यो वैश्यं तपसे तस्करं नारकाय वीरहणं इत्यादिश्रवणात् । किञ्च—

यथा पंकेन पंकाम्भः सुरया वा सुराकृतम् ।
भूतहत्यां तथैवेमां न यज्ञैर्मष्टुमर्हति ॥
न हि हस्तावसृग्दग्धौ रुधिरेणैव शुद्ध्यतः ।

तद्यथाऽस्मिन् लोके मनुष्याः पशूनश्नन्ति तथाभिभुञ्जते एवममुष्मिन् लोके पशव मनुष्यानश्नंति इतिश्रुतिशतश्रवणात् । अन्यच्च—

वृक्षान् छित्वा पशून् हत्वा कृत्वा रुधिरकर्दमम् ।
यद्येवं गम्यते स्वर्गं नरके केन गम्यते ॥

इत्यविशुद्धिः सर्वथा श्रौतो दुःखत्रयप्रतीकारहेतुः । सांख्यकारिका २ माठरभाष्य ।

२ पंचविंशतितत्त्वज्ञो यत्र तत्राश्रमे रतः ।
शिखी मुण्डी जटी वापि मुच्यते नात्र संशयः ॥ पंचशिख । भावागणेश–तत्त्वयाथार्थ्यदीपन ।

प्रत्यक्ष अनुमान और शब्द ये तीन प्रमाण माने गये हैं। वैदिक ग्रन्थोंमें कपिलको नास्तिक और श्रुतिविरुद्ध[1] तन्त्रका प्रवर्तक कहकर कपिलप्रणीत सांख्य और पतंजलिके योगशास्त्रको अनुपादेय कहा है।

सांख्यदर्शनके प्ररूपक

कपिल—सांख्यदर्शनके आद्य प्रणेता आदि विद्वान कपिल परमर्षि कहे जाते हैं[2]। कपिल क्षत्रिय थे। कुछ लोग कपिलको ब्रह्माका पुत्र बताते हैं। भागवतमें कपिलको विष्णुका अवतार कहकर उन्हें अपनी माता देवहूतिको सांख्य तत्त्वज्ञानका उपदेष्टा कहा गया है[3]। विज्ञानभिक्षुने कपिलको अग्निका अवतार बताया है। श्वेताश्वतर उपनिषद्में कपिलका हिरण्यगर्भके अवतार रूपमें उल्लेख आता है। रामायणमें कपिल योगीको वासुदेवका अवतार और सगरके साठ हजार पुत्रोंका दाहक बताया गया है। अश्वघोष बुद्धके जन्मस्थान कपिलवस्तुको कपिल ऋषिकी बसाई हुई नगरी कहकर उल्लेख करते हैं। कपिलने अपने पवित्र और प्रधान दर्शनको सर्व प्रथम आसुरिको सिखाया था। आसुरिने पंचशिखको सिखाया और पंचशिखने इस दर्शनको विस्तृत किया। पंचशिखके पश्चात् यह दर्शन भार्गव वा मीकि हारीत और देवल प्रभृतिने और ईश्वरकृष्णने सीखा। कपिलको सांख्यप्रवचनसूत्र और तत्त्वसमास नामके ग्रंथोंका प्रणेता कहा जाता है[4] परन्तु इस कथनका कोई आधार नहीं जान पड़ता[5]।

आसुरि—आसुरि कपिलके साक्षात् शिष्य और पंचशिखके गुरु कहे जाते हैं। आसुरिका मत था कि सुख और दुःख बुद्धिके विकार हैं और ये जिस प्रकार चन्द्रमाका प्रतिबिम्ब जलमें है उसी तरह पुरुषमें प्रतिबिम्बित होते हैं। आसुरिके सिद्धांतोंके विषयमें विशेष पता नहीं लगता। आसुरिका समय ईसाके पूर्व ६ वर्ष कहा जाता है।

पंचशिख—वाचस्पतिमिश्र भावागणेश आदि टीकाकार पंचशिखका उल्लेख करते हैं। भावागणेशकी योगसूत्रवृत्तिसे मालूम होता है कि तत्त्वसमासपर पंचशिखने विवरण अथवा व्याख्या लिखी थी। पंचशिखका वर्णन महाभारतमें आता है। कहा जाता है कि पंचशिख अन्नमय प्राणमय मनोमय विज्ञानमय और आनंदमय आत्माके शिखास्थानमें रहनेवाले ब्रह्मको जानते थे इसलिये उनका नाम पंचशिख पड़ा। कपिल मतका अनुसरण करनेके कारण पंचशिख कापिलेय नामसे भी कहे जाते थे। चीनके बौद्ध सम्प्रदायके अनुसार पंच

---

१ अतश्च सिद्धमेतत् अवैदिकत्वमपि कपिलस्य तन्त्रस्य वेदविरुद्धं वेदानुसारि मनुवचनविरुद्धं च। ब्रह्मसूत्र शांकरभाष्य २ १ १। तथा—नास्तिककपिलप्रणीतसांख्यस्य पतञ्जलिप्रणीतयोगशास्त्रस्य चानुपादेयत्वमवत भारते मोक्षधर्मेषु—

सांख्य योग पाशुपतं वेदारण्यकमेव च।
ज्ञानान्येतानि भिन्नानि नात्र कार्या विचारणा॥

गीता मध्वभाष्य अ २ श्लो ३९। न्यायकोश पृ ९ ४ टिप्पणी।

२ सांख्यस्य वक्ता कपिलः परमर्षिः पुरातनः।
हिरण्यगर्भो योगस्य वक्ता नान्यः पुरातनः। महाभारत मोक्षधर्म।
प्रो राधाकृष्णन् आदि विद्वान् सांख्य सिद्धांतके अव्यक्त बीजका ऋग्वेदमें पाये जानेका उल्लेख करते हैं।

३ कपिलस्तत्त्वसंख्याता भगवानात्ममायया।
जातः स्वयमजः साक्षादात्मप्रज्ञप्तये नृणाम्। भागवत ३-२५-१।

४ सांख्यसूत्र सर्वप्रथम अनिरुद्ध (१५ ई स) की वृत्ति सहित और कुछ समय बाद विज्ञानभिक्षुके भाष्य (१६५ ई स) सहित देखनेमें आते हैं। अनिरुद्ध और विज्ञानभिक्षुके पूर्ववर्ती ईश्वरकृष्ण शंकर वाचस्पतिमिश्र माधव आदि विद्वान सांख्यसूत्रोंका उल्लेख नहीं करते इस परसे विद्वान सांख्यसूत्रोंको चौदहवीं शताब्दीके बाद बना हुआ अनुमान करते हैं।

५ देखिये पृ १३८।

जिसको षष्टितंत्रका[1] प्रणता कहा जाता है परन्तु यह ठीक नहीं है। पंचशिख चौबीस तत्त्वोंको स्वीकार करते हैं और भूतोंके समूहसे आत्माकी उत्पत्ति मानते हैं। प्रो दासगुप्तका मत है कि ईश्वरकृष्णकी सांख्यकारिका का और महाभारतम वणन किये हुए सांख्यसिद्धान्तोंका चरक (७८ ई स) म कोई उल्लेख नहीं मिलता इसलिए महाभारतमें आया हुआ पचशिखका साख्य मौलिक सांख्यदशन है तथा साख्यकारिकाका ईश्वरकृष्ण का सांख्य सांख्यदर्शनका अर्वाचीनका रूप है। गाब (Garbe) पचशिखको ईसाकी प्रथम शताब्दीका विद्वान कहते हैं।

वार्षगण्य—वाषगण्य विन्ध्यवासीके गुरु थे। महाभारतम वाषग यको साख्य योगके प्रणताओंम माना गया है। वाचस्पतिने इनका योगशास्त्र व्युत्पादयिता कहकर उल्लेख किया है। अहिबुध्न्यसहिताम और वाचस्पति आदिन वाषगण्यको षष्टितत्रका रचयिता कहा है। इनका समय ईसवी सन् २३ ३ कहा जाता है।

विन्ध्यवासी—विन्ध्यवासीका उल्लेख मीमासाश्लोकवार्तिक और तत्त्वसग्रहपजिका म आता है। इनका असली नाम रुद्रिल था। वसुबधके जीवनचरितके लेखक परमाथके अनुसार वि यवासीन वसुबधुके गुरु बुद्धमित्रको शास्त्राथम पराजित करके अयोध्याके विक्रमादि य राजासे पारितोषिक प्राप्त किया था। विन्ध्य वासी जय प्राप्त करके विन्ध्याचलको लौट गय और वही पर इ होन शरीर छाडा। इनका समय ई स २५ ३२ कहा जाता ह।

ईश्वरकृष्ण—ईश्वरकृष्ण साख्यकारिकाके कता ह। साख्यकारिको साख्यसप्तति भी कहते हैं। यह ग्रथ षष्टितत्रके आधारसे रचा गया ह। साख्यकारिकाके ऊपर माठर और गौड़पादने टीकाय लिखी हैं। बौद्ध साधु परमार्थ छठी शताब्दीम साख्यकारिकाको चीनम ले गय थे और वहाँ उ होन इसका चीनी अनुवाद करके इसके ऊपर टीका लिखी थी। पहले ईश्वरकृष्ण और विन्ध्यवामीका एक हा यक्ति समझा जाता था परन्तु कमलशील तत्त्वसंग्रहपजिकाम ईश्वरकृ ण और विन्ध्यवासीका अलग अलग उल्लेख करते हुए विन्ध्यवा सीका रुद्रिल नामसे उल्लेख करते हैं। गणरत्न भी विन्ध्यवासी और ईश्वरकृष्णको अलग अलग नामसे कहते हैं इसलिय ईश्वरकृष्ण और विन्ध्यवासीको एक यक्ति नहो कहा जा सकता। कुछ लोग ईश्वरकृष्णका समय वार्षगण्यके पूव मानकर ईश्वरकृष्णका समय दूसरी शताब्दी मानते हैं। कुछका कहना है कि महाभारतके वाषगण्य ईश्वरकृष्णसे बिलकुल अनभिज्ञ हैं इसलिये वाषग यको ईश्वरकृष्णके उत्तरकालीन नहीं कहा जा सकता। इन विद्वानोके मतम ईश्वरकृष्णका समय ईसवी सन ३४ ३८ माना जाता है।

वाचस्पतिमिश्र—नवमी शताब्दीम वाचस्पतिन याय-वैशेषिक दर्शनोकी तरह साख्यकारिकापर साख्य तत्त्वकौमुदी और व्यासभाष्यपर तत्त्ववैशारदी नामक टीकाकी रचनाकी ह।

विज्ञानभिक्षु—वाचस्पतिमिश्रके बाद विज्ञानभिक्षु अथवा विज्ञानयति एक प्रतिभाशाली सांख्य विचारक हो गये हैं। इन्होने साख्यसूत्रोपर साख्यप्रवचनभा य तथा साख्यसार पातजलभाष्यवार्तिक ब्रह्मसूत्रके ऊपर विज्ञानामृतभा य आदि ग्र थोकी रचनाकी ह। बहुतस सिद्धातोम विज्ञानभिक्षुका वाचस्पतिमिश्रसे भिन्न अभिप्राय था। विज्ञानभिक्षुन पचशिख और ईश्वरकृष्णके समयम लुप्त हुए ईश्वरवादका साख्यदर्शनमें फिरसे प्रतिपादन किया ह। भावागणशदीक्षित प्रसादमाधवयोगी और दिव्यसिंहमिश्र नामक इनके तीन प्रधान शिष्य थे।

---

१ वाचस्पतिमिश्र आदि विचारकोके अनुसार षष्टितत्र वाषगण्यका बनाया हुआ है। षष्टितन्त्रका भगवती ज्ञातृधर्मकथा नन्दि आदि जैन आगमोमे उल्लेख आता है। जैन कथाके अनुसार षष्टितंत्र आसुरिका बनाया हुआ कहा जाता है। जैन टीकाकारोंने षष्टितंत्रका अर्थ कापिलीय शास्त्र किया है।

२ तत्त्वसग्रह अग्रेजी भूमिका।

इनके अतिरिक्त सनक नन्द सनातन सनत्कुमार अंगिरा वोढु आदि अनेक सांख्य विचारक हो गये हैं जिनका अब केवल नाम शेष रह गया है।

योगदर्शन

योगशब्द ऋग्वेदमे अनेक स्थलोंपर आता है परन्तु यहाँ यह शब्द प्राय जोडनेके अर्थमे प्रयुक्त हुआ है। श्वेताश्वतर तत्तिरीय कठ मत्रायणी आदि प्राचीन उपनिषदोंमें योग समाधिके अर्थमे पाया जाता है। यहाँ योगके अंगोंका वर्णन किया गया है। आगे आकर शांडिल्य योगतत्त्व ध्यानबिन्दु हंस अमृतनाद वराह नादबिन्दु योगकुण्डली आदि उत्तरकालकी उपनिषदोंमें यौगिक प्रक्रियाओका सांगोपांग वर्णन मिलता है। सांख्यदर्शनके कपिल मुनिकी तरह हिरण्यगर्भ योगदर्शनके आदि वक्ता माने जाते हैं। हिरण्यगर्भको स्वयंभू भी कहते हैं। महाभारत और श्वेताश्वतर उपनिषद्मे हिरण्यगर्भका नाम आता है। पतंजलि आधुनिक योगसूत्रोके व्यवस्थापक समझे जाते हैं।[1] व्यासभाष्यके टीकाकार वाचस्पति और विज्ञानभिक्षु भी पतंजलिका योगसूत्रोके कर्ता रूपमे उल्लेख नहीं करते। प्रो दासगुप्त आदि विद्वानोंके मतानुसार व्याकरण महाभाष्यकार और योगसूत्रकार पतंजलि दोनो एक ही व्यक्ति थे। पतंजलिका समय ईसाके पूर्व दूसरी शताब्दी माना जाता है। पतंजलिके योगसूत्रोंके ऊपर व्यासने भाष्य लिखा है। व्यासका समय ईसाकी चौथी शताब्दी कहा जाता है। ये व्यास महाभारत और पुराणकार व्याससे भिन्न व्यक्ति माने जाते हैं। व्यासके भाष्यके ऊपर वाचस्पति मिश्रने तत्त्ववैशारदी नामकी टीका लिखी है। व्यासभाष्यपर भोज (दसवी शताब्दी) ने भोजवृत्ति विज्ञानभिक्षुने योगवार्तिक और नागोजी भट्ट (सतरहवी शताब्दी) ने छायाव्याख्या नामकी टीकायें लिखी हैं। योगकी अनेक शाखायें हैं। सामान्यसे योगके दो भेद हैं—राजयोग और हठयोग। पतंजलि ऋषिके योगको राजयोग कहते हैं। प्राणायाम आदिसे परमात्माके साक्षात्कार करनेको हठयोग कहते हैं। हठयोगके ऊपर हठयोगप्रदीपिका शिवसंहिता घेरंडसंहिता आदि शास्त्र मुख्य हैं। ज्ञानयोग कर्मयोग और भक्तियोगके भेदसे योगके तीन भेद भी होते हैं। योगतत्त्व उपनिषदमें मन्त्रयोग लययोग हठयोग और राजयोग इस तरह योगके चार भेद किये हैं।

जैन और बौद्ध दर्शनमें योग

महाभारत पुराण भगवद्गीता आदि वैदिक ग्रंथोके अतिरिक्त जैन और बौद्ध साहित्यमें भी योगका विशद वर्णन मिलता है। जैन आगम ग्रंथ और प्राचीन जैन संस्कृत साहित्यमे योग शब्द प्राय ध्यानके अर्थमे प्रयुक्त किया गया है। यहाँ ध्यानका लक्षण भेद प्रभेद आदिका विस्तृत वर्णन मिलता है। योगविषयक साहित्यको पल्लवित करनेमे सर्वप्रथम हरिभद्रसूरिका नाम विशेष रूपसे उल्लेखनीय है। हरिभद्रने योगके ऊपर योगबिन्दु योगदृष्टिसमुच्चय योगविंशिका षोडशक आदि ग्रन्थोके लिखनेके साथ पतंजलिके योगशास्त्रका पांडित्य प्राप्त करके पतंजलिके योगसूत्रोके साथ जैनयोगकी प्रक्रियाओंकी तुलना की है। हरिभद्रके योगदृष्टिसमुच्चयमे मित्रा तारा आदि आठ दृष्टियोका स्वरूप जैन साहित्यमें बिलकुल अभूतपूर्व है। जैन योगशास्त्रके दूसरे विद्वान् हेमचन्द्रसूरि हैं। इन्होने योगपर योगशास्त्र नामक स्वतंत्र ग्रंथ लिखकर अनेक जैन यौगिक प्रक्रियाओका पतंजलिकी प्रक्रियाओसे समन्वय किया है। हेमचन्द्रके योगशास्त्रमें शुभचन्द्र आचार्यके ज्ञानार्णवमे आये हुए ध्यान आदिके वर्णनके साथ ध्यान आसन आदिका विस्तृत वर्णन मिलता है। जैन योग-साहित्यको वृद्धिगत करनेवाले सतरहवी सदीके अंतिम विद्वान् यशोविजय उपाध्याय माने जाते हैं।

---

१ तुलना करो—ननु

हिरण्यगर्भो योगस्य वक्ता नान्य पुरातन ।

इति याज्ञवल्क्यस्मृते पतंजलि. कथं योगस्य शासितेति चेत् सत्यं। अतएव तत्र तत्र पुराणादौ विप्रकीर्णतया दुर्ग्रहत्वं मन्यमानेन भगवता कृपासिंधुना फणिपतिना सार संजिघृक्षुणानुशासनमारब्धं न तु साक्षाच्छासनम्। सर्वदर्शनसंग्रह १५।

यशोविजयजीने योगके ऊपर अध्यात्मसार अध्यात्मोपनिषद् तथा योगलक्षण पातंजलयोगलक्षणविचार योग भेद योगविवेक योगावतार मित्रा तारादित्रय योगमाहात्म्य आदि द्वात्रिंशिकाये लिखनेके साथ हरिभद्रकी योगविंशिका और षोडशकपर टीका लिखकर पतंजलिके योगसूत्रोंपर जैन प्रक्रियाके अनुसार वृत्ति रची है। यशोविजयजीने उक्त ग्रंथोंमें भगवद्गीता योगवासिष्ठ तैत्तिरीय उपनिषद् पातंजल योगसूत्र आदि वैदिक ग्रंथो का उपयोग किया है और साथ ही जैन और पतंजलिके योगकी प्रक्रियाओंकी तुलना करते हुए अनेक स्थलोंपर पतंजलिकी प्रक्रियाका प्रतिवाद किया है। बौद्ध ग्रंथोंमें भी योगका वर्णन मिलता है। स्वयं बुद्धने बोधि प्राप्त करनेके पूर्व योगका अभ्यास किया था। पातंजल योगदर्शनकी तरह बौद्ध शास्त्रोंमें भी अहिंसा सत्य अस्तेय ब्रह्मचर्य अपरिग्रह मैत्री करुणा मुदिता उपेक्षा आदिको धर्मके प्रधान अङ्ग मान इनके विशद वर्णन के साथ हेय हेयहेतु हान और हानोपायकी तरह दुःख समुदय निरोध और मार्ग इन चार आर्यसत्योंका उपदेश दिया है। महायान सम्प्रदायकी विज्ञानवाद शाखा योगाभ्यासपर विशेष ध्यान देनेके कारण ही योगा चार नामसे कही जाती थी। योगाचार सम्प्रदायमें ध्यान पारमिता समाधि आदि प्रक्रियाओंका विस्तृत वर्णन पाया जाता है। बौद्धतन्त्रकी क्रियातन्त्रका नाम बहुत महत्त्वका है। अनुत्तरयोगतन्त्रके पंचक्रममें भी योगकी पांच दशाओंका वर्णन आता है। हीनयान सम्प्रदायमें भी योगाभ्यासको महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है।[२]

---

१ जैन योगके विषयमें विशेष जाननेके लिए देखिये पं. सुखलालजीकी योगदर्शन और योगविंशिकाकी भूमिका।

२ हीनयानके योगसंबंधी सिद्धांतोंके लिये देखिये मिसेज राइस डैविडसका Yogavchara's Mannual, पाली टैक्स्ट सोसायटी १९१६।

मीमांसक परिशिष्ट (ङ)

(श्लोक ११ और १२)

मीमांसकोंके आचार विचार

मीमांसक दर्शनको जैमिनीय दर्शन भी कहते हैं। मीमांसक लोग उपनिषदोंसे पूर्ववर्ती वेदोंको ही प्रमाण मानते हैं इसलिये ये पूर्वमीमांसक कहे जाते हैं। मीमांसक धर्ममार्गके अनुयायी होते हैं। ये यज्ञ-यागके द्वारा देवताओंको प्रसन्न करके स्वर्गकी प्राप्ति ही अपना मुख्य धर्म समझते हैं। मीमांसक वैदिक हिंसाको हिंसा नहीं मानते पितरोंको तृप्त करनेके लिये श्राद्ध करते हैं देवताओंको प्रसन्न करनेके लिये मांसकी आहुति देते हैं तथा अतिथियोंका मधुपर्क आदि से सत्कार करते हैं। पूर्वमीमांसावादियोंको कर्ममीमांसक भी कहते हैं। मीमांसक साधु कुकर्मसे रहित होते हैं यजन आदि छह कर्मोंमें रत रहते हैं ब्रह्मसूत्र रखते हैं और गृहस्थाश्रममें रहते हैं। ये लोग सांख्य साधुओंकी तरह एकदंडी अथवा त्रिदंडी होते हैं। ये गेरुआ रंगके वस्त्र पहिनते हैं मृगचर्मके ऊपर बैठते हैं कमंडलु रखते हैं और सिर मुंडाते हैं। इन लोगोंका वेदके सिवाय और कोई गुरु नहीं है इसलिये ये स्वयं ही संन्यास धारण करते हैं। मीमांसक साधु यज्ञोपवीतको धोकर पानीको तीन बार पीते हैं। ये ब्राह्मण ही होते हैं और शूद्रके घर भोजन नहीं करते। अर्वाचीन पूर्वमीमांसक तीन प्रकारके हैं—प्रभाकर (गुरु) कुमारिलभट्ट (तुतात) और मण्डन मिश्र। भट्ट छह और प्रभाकर पांच प्रमाणोंको अंगीकार करते हैं।

मीमांसकोंके सिद्धांत

१ वेद—वेदको श्रुति आम्नाय छंद ब्रह्म निगम प्रवचन आदि नामोंसे भी कहते हैं। वेदान्ती लोगोंकी जिज्ञासा ब्रह्मके लिये होती है जब कि मीमांसक लोगोंका अंतिम ध्येय धर्म ही होता है। मीमांसकोंका मत है कि यह रूप धर्म अतीन्द्रिय है वह प्रत्यक्ष आदि प्रमाणोंमें नहीं जाना जा सकता। इसलिये धर्मका ज्ञान वेदवाक्योंकी प्रेरणा (चोदना) से ही होता है। उपनिषदोंका प्रयोजन भी वेदवाक्योंके समर्थन करनेके लिये ही है।[2] अतएव वेदोंको ही प्रमाण मानना चाहिये। वेदोंका कोई कर्ता प्रत्यक्ष आदि प्रमाणोंसे सिद्ध नहीं होता है। जिन शास्त्रोंका कोई कर्ता देखा जाता है उन शास्त्रोंको प्रमाण नहीं कहा जा सकता इसलिये अपौरुषेय होनेके कारण वेदको ही प्रमाण कहा जा सकता है।[3] वेद नित्य हैं अबाधित हैं धर्मके

---

१ देवतां उद्दिश्य द्रव्यत्यागो यागः। यागादिरेव श्रेयसाधनरूपेण धर्मः।

२ एतेन कर्मवथकर्तृप्रतिपादकप्रतिपादनद्वारेणोपनिषदां नैराकांक्ष्यं व्याख्यातम। तन्त्रवार्तिक पृ १३।

३ नैयायिक लोग वेदको ईश्वरप्रणीत मान कर वेदके अपौरुषेयत्वका खंडन करते हैं—

वेदस्य कथमपौरुषेयत्वमभिधीयते। तत्प्रतिपादकप्रमाणाभावात। अथ मन्यथा अपौरुषेया वेदा सम्प्रदायाविच्छेदे सत्यस्मर्यमाणकर्तृकत्वादात्मवदिति। तदेतन्मंदम। विशेषणासिद्ध। पौरुषेयवेदवादिभिः प्रलये सम्प्रदायविच्छेदस्य कक्षीकरणात। किंच किमिदमस्मर्यमाणकर्तृकत्व नामाप्रमीयमाणकर्तृकत्वमस्मरणगोचरकर्तृकत्व वा। न प्रथम कल्प। परमेश्वरस्य कर्तुः प्रमितेरभ्युपगमात्। न द्वितीय। विकल्पासहत्वात। तथाहि। किमेकेनास्मरणमभिप्रेयते सर्वैर्वा। नाद्य। यो धर्मशीलो जितमानरोष इत्यादिषु मुक्तिकोक्तिषु व्यभिचारात्। न द्वितीय। सर्वास्मरणस्यासर्वज्ञदुर्ज्ञानत्वात्। पौरुषेयत्वे प्रमाणसंभवाच्च। वेदवाक्यानि पौरुषेयाणि वाक्यत्वात्कालिदासादिवाक्यवत्। वेदवाक्यान्याप्तप्रणीतानि प्रमाणत्वे सति वाक्यत्वान्मन्वादिवाक्यवदिति। ननु—

प्रतिपादक होनेसे ज्ञानके साधन हैं तथा अपौरुषेय होनेके कारण स्वतः प्रमाण हैं।[1] वेदवाक्योंका अनुमान प्रमाणसे खण्डन नहीं हो सकता क्योंकि अनुमान प्रमाण वेद प्रमाणसे बहुत निम्न कोटिका है। वेदके अपौरुषेय होनेपर भी अव्यच्छिन्न अनादि सम्प्रदायसे वेद वाक्योंके अर्थका ज्ञान होता है। वेदवाक्य लौकिक वाक्योंसे भिन्न होते हैं जैसे अग्निमीळे पुरोहितम् ईषे त्वोर्जे त्वा अग्न आयाहि वीतये आदि। वेद दो प्रकारका होता है—मन्त्र रूप और ब्राह्मण रूप। यह मन्त्र और ब्राह्मण रूप वेद विधि मंत्र नामधेय निषेध और अर्थवादके भेदसे पाँच प्रकारका है।[2] विधिसे धर्म सबंधी नियमोंका ज्ञान होता है जैसे—स्वर्गके इच्छकको यज्ञ करना चाहिये यह विधि है। अपूर्व नियम परिसंख्या उत्पत्ति विनियोग प्रयोग अधिकरण आदिके भेदसे विधिके अनेक भेद होते हैं। मन्त्रसे याज्ञिकको यज्ञ सम्बन्धी देवताओं आदिका ज्ञान होता है। नामधेयसे यज्ञसे मिलनेवाले फलका ज्ञान होता है। निषेध विधिका ही दूसरा प्रकार है। निन्दा प्रशंसा परकृति और पुराकल्पके भेदसे अर्थवाद चार प्रकारका होता है।

२ शब्दकी नित्यता—मीमांसक वेदको नित्य और अपौरुषेय मानते हैं इसलिये इनके मतमें शब्दको भी नित्य और सर्वव्यापक स्वीकार किया गया है[3]। मीमांसकोंका कहना है कि हम एक स्थानपर प्रयुक्त गकार आदि वर्णोंका सूर्यकी तरह प्रत्यभिज्ञानके द्वारा सब जगह ज्ञान होता है इसलिये शब्दको नित्य मानना चाहिये। तथा एक शब्दका एक बार संकेत ग्रहण कर लेनेपर कालान्तरमें भी उस संकेतसे

वेदस्याध्ययनं सर्वं गुर्वध्ययनपूर्वकम्।
वेदाध्ययनसामान्यादधुनाध्ययनं यथा ॥

इत्यनुमानं प्रतिसाधनं प्रगल्भत इति चेत्। तदपि न प्रमाणकोटिं प्रवेष्टुमीष्टे।

भारताध्ययनं सर्वं गुर्वध्ययनपूर्वकम्।
भारताध्ययनत्वेन साम्प्रताध्ययनं यथा ॥

इत्याभाससमानयोगक्षेमत्वात्। ननु तत्र व्यासः कर्तेति स्मर्यते।

को ह्यन्यः पुण्डरीकाक्षान्महाभारतकृद्भवेत्।

इत्यादाविति चेत्। तदप्यसारम्। ऋचः सामानि जज्ञिरे। छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत (तै० आ० ३-१२) इति पुरुषसूक्ते वेदस्य सकर्तृकता प्रतिपादनात्। किं चानित्यः शब्दः सामान्यवत्त्वे सत्यस्मदादिबाह्येन्द्रियग्राह्यत्वाद्घटवत्। नन्विदमनुमानं स एवायं गकार इति प्रत्यभिज्ञाप्रमाणप्रतिहतमिति चेत्। तदतिफल्गु। लूनपुनर्जातकेशदलितकुन्दादाविव प्रत्यभिज्ञायाः सामान्यविषयत्वेन बाधकत्वाभावात्। नन्वशरीरस्य परमेश्वरस्य ताल्वादिस्थानाभावेन वर्णोच्चारणासंभवात्कथं तत्प्रणीतत्वं वेदस्य स्यादिति चेत्। न तद्भद्रम्। स्वभावतोऽशरीरस्यापि तस्य भक्तानुग्रहार्थं लीलाविग्रहग्रहणसंभवात्। तस्माद्वेदस्यापौरुषेयत्ववाचोयुक्तिर्न युक्ता। सर्वदर्शनसंग्रह–जैमिनिदर्शन।

१ वेदान्ती लोग वेदको अपौरुषेय और आदिमान् तथा सांख्य लोग वेदको पौरुषेय और आदिमान् मानते हैं।

२ मन्त्र और ब्राह्मण रूप वेदके चार भेद हैं—ऋग्वेद यजुर्वेद सामवेद और अथर्ववेद। ऋग्वेदकी दस यजुर्वेदकी छियासी सामवेदकी एक हजार (ये अनध्यायके दिनोंमें पढ़े जानेके कारण इन्द्रके वज्रसे नष्ट हो गई मानी जाती हैं) और अथर्ववेदकी नौ शाखायें हैं। ऋग्वेदका आयुर्वेद यजुर्वेदका धनुर्वेद सामवेदका गान्धर्ववेद और अथर्ववेदका अर्थशास्त्र (स्थापत्य) ये चारों वेदोंके चार उपवेद होते हैं। शिक्षा कल्प व्याकरण निरुक्त छन्द और ज्योतिष ये छह वेदके अंग तथा पुराण न्याय मीमांसा और धर्मशास्त्र ये चार उपांग हैं। ऋग्वेदका ऐतरेयब्राह्मण यजुर्वेदका तैत्तिरीय और शतपथ ब्राह्मण सामवेदका गोपथब्राह्मण तथा अथर्ववेदका ताण्ड्यब्राह्मण ये वेदोंके ब्राह्मण हैं।

३ शब्दो नित्यः व्योममात्रगुणत्वात् व्योमपरिमाणवत्–प्रभाकर।
शब्दो नित्यः निरवयवद्रव्यत्वात् आत्मवत्–भट्ट।

शब्दके अर्थका ज्ञान होता है। यदि शब्द नित्य न होता तो हमारे पितामह आदिसे निश्चित किये हुए शब्दोंके संकेतसे हमें उसी अर्थका ज्ञान न होता इसलिये शब्दको नित्य ही मानना चाहिये। यदि कहो कि शब्दको नित्य स्वीकार करनेपर सब लोगोंको हमेशा शब्द सुनाई देने चाहिये तो यह ठीक नहीं। क्योंकि जिस समय प्रत्येक वर्ण संबंधी तालु ओष्ठ आदिका वायुसे संबंध होता है उसी समय शब्दकी अभिव्यक्ति होती है। जिस समय मनुष्य यत्नसे किसी शब्दका उच्चारण करता है उस समय वायु नाभिसे उठकर उरम विस्तीर्ण हो कण्ठमें फैल मस्तकमें लग वापिस आती हुई नाना प्रकारके शब्दोंकी अभिव्यक्ति करती है इसलिये शब्दकी व्यंजक वायुमें ही उत्पत्ति और विनाश होता है। अतएव शब्दको नित्य मानना चाहिये।

३ ईश्वर और सर्वज्ञ—मीमांसक ईश्वरको सृष्टिकर्ता और संहारकर्ता नहीं मानते। उनके मतमें अपूर्व ही यज्ञ आदिका फल देनेवाला है इसलिये ईश्वरको जगत्‌का कर्ता माननेकी कोई आवश्यकता नहीं रहती। वेदोंको बनानेके लिये भी ईश्वरकी आवश्यकता नहीं क्योंकि वेद अपौरुषेय होनेसे स्वतः प्रमाण हैं। मीमांसकोंका कथन है कि यदि ईश्वर शरीर रहित होकर सृष्टिका सृजन करता है तो अशरीरी ईश्वरके जगत्‌के सृजन करनेकी इच्छाका प्रादुर्भाव नहीं हो सकता। यदि ईश्वर शरीर सहित होकर जगत्‌को बनाता है तो ईश्वरके शरीरका भी कोई दूसरा कर्ता मानना चाहिये। परमाणुओंको ईश्वरका शरीर मानना भी ठीक नहीं। क्योंकि बिना प्रयत्नके परमाणुओंमें क्रिया नहीं हो सकती। तथा ईश्वरके प्रयत्नको नित्य माननेसे परमाणुओंमें सदा ही क्रिया होती रहनी चाहिये। ईश्वरको धर्म अधर्मका अधिष्ठाता भी नहीं मान सकते। क्योंकि संयोग अथवा समवाय किसी भी संबंधसे धर्म और अधर्मका ईश्वरके साथ संबंध नहीं हो सकता। तथा यदि ईश्वर सृष्टिका कर्ता है तो वह दुखी जगतकी क्यों रचना करता है? जीवोंके भूत कर्मोंके कारण ईश्वर द्वारा दुखी जीवोंकी सृष्टि मानना भी ठीक नहीं। क्योंकि जिस समय ईश्वरने सृष्टि की उस समय कोई भी जीव मौजूद नहीं था। दयासे प्रेरित होकर भी ईश्वरकी सृष्टि रचनाको नहीं मान सकते क्योंकि सृष्टिको बनानेके समय प्राणियोंका अभाव था। फिर भी यदि अनुकंपाके कारण जगतका सृजन माना जाय तो ईश्वरको सुखी प्राणियोंको ही जन्म देना चाहिये था। क्रीड़ाके कारण भी सृष्टिका निर्माण नहीं मान सकते। क्योंकि ईश्वर सर्वथा सुखी है उसे क्रीड़ा करनेकी आवश्यकता नहीं है। ईश्वर सृष्टिकी रचना करके फिर उसका संहार क्यों करता है? इसका कारण भी समझमें नहीं आता। इसलिये बीजवृक्षकी तरह अनादि कालसे सृष्टिकी परंपरा माननी चाहिये। वास्तवमें नित्य और अपौरुषेय वेदोंके वाक्य ही प्रमाण हैं। कोई अनादि ईश्वर न सृष्टिका निर्माण और न सृष्टिका संहार करता है।[2]

---

१ नैयायिक सकारणक होनेसे ऐन्द्रियक होनेसे और विनाशी होनेसे शब्दको अनित्य मानते हैं। देखिये न्यायसूत्र २-२-१३। न्यायदर्शनमें वीचीतरंग न्यायसे और कदम्बकोरक न्यायसे शब्दकी उत्पत्ति मानी गई है। वैयाकरण अकार आदि वर्णको नित्य मानते हैं—वर्णो नित्यः श्रव्यत्वयशब्दवात् स्फोटवत्।

२ सर्वज्ञवन्निषेध्या च स्रष्टुः सद्भावकल्पना।
न च धर्मादृते तस्य भवेल्लोकाद्विशिष्टता॥
न चाऽननुष्ठितो धर्मो नाऽनुष्ठानमृते मते।
न च वेदादृते सा स्याद्वेदो न च पदादिभिः॥
तस्मात् प्रागपि सर्वेऽमी स्रष्टुरासन् पदादयः।

न हि स्रष्टुरस्मदादिभ्योऽतिशयः सहजः संभवति पुरुषत्वादस्मदादिवदेव। अतो धर्मनिमित्तो वक्तव्यः। न चाऽननुष्ठितो धर्मः कार्यं करोति। न चाऽसतिज्ञानेऽनुष्ठानं संभवति। न च वेदादृते ज्ञानं। न च वेदः पदपदार्थसंबंधैर्विना शक्नोति अर्थमवबोधयितुं। अतः प्रागपि सृष्टेः सन्त्येव पदादयः। यथाह मनुः—
सर्वेषां च स नामानि कर्माणि च पृथक् पृथक्।
वेदशब्देभ्य एवादौ पृथक् संस्थाश्च निर्ममे॥
श्लोकवार्तिक संबंधाक्षेपपरिहार श्लोक ११४-११६ न्यायरत्नाकर टीका।

मीमांसक सर्वज्ञको भी नहीं मानते। मीमांसकोंका कहना है कि सर्वज्ञकी प्रत्यक्ष आदि प्रमाणोंसे उपलब्धि नहीं होती इसलिये उसका अभाव ही मानना चाहिये। तथा मनुष्यकी प्रज्ञा मेधा आदिमें थोड़ा बहुत ही अतिशय पाया जा सकता है। जिस प्रकार व्याकरणशास्त्रका प्रकृष्ट पंडित ज्योतिषशास्त्रका ज्ञाता नहीं कहा जा सकता जिस प्रकार वेद इतिहास आदिका विद्वान् स्वर्गोंके देवताओंको प्रत्यक्षसे जाननेमें पंडित नहीं कहा जा सकता जिस प्रकार आकाशमें दश योजन कूदनेवाला मनुष्य सैकड़ो प्रयत्न करनेपर भी एक हजार योजन नहीं कूद सकता और जिस प्रकार कर्ण इन्द्रियमें अतिशय होनेपर भी उससे रूपका ज्ञान नहीं हो सकता उसी तरह प्रकृष्टसे प्रकृष्ट ज्ञानी भी अपने विषयका अतिक्रमण न करके ही इन्द्रियजन्य पदार्थोंका ही ज्ञान कर सकता है। कोई भी प्राणी संपूर्ण लोकोंके संपूर्ण समयोंके संपूर्ण पदार्थोंका ज्ञाता नहीं हो सकता। अतएव कोई अतीन्द्रिय पदार्थोंके साक्षात्कार करनेवाला सर्वज्ञ नहीं है।

४ प्रमाणवाद्—मीमांसक पहले नहीं जाने हुए पदार्थोंको जाननेको प्रमाण मानते हैं। प्रभाकर मत के अनुयायी प्रत्यक्ष अनुमान शब्द उपमान अर्थापत्ति ये पांच और कुमारिल भट्ट इन पांच प्रमाणोंमें अभावको मिलाकर छह प्रमाण स्वीकार करते हैं। मीमांसक स्मृतिज्ञानके अतिरिक्त सम्पूर्ण ज्ञानोंको स्वतः प्रमाण मानते हैं। मीमांसकोंका कहना है कि ज्ञानकी उत्पत्तिके समय ही हमें पदार्थोंका ज्ञान (ज्ञप्ति) होता है। अतएव ज्ञान अपनी उत्पत्तिमें और पदार्थोंके प्रकाश करनेमें किसी दूसरेकी अपेक्षा नहीं रखता। जिस समय हमें कोई ज्ञान होता है वह ज्ञान स्वतः ही प्रमाण होता है तथा ज्ञानके स्वतः प्रमाण होनेमें ही हमारी पदार्थोंमें प्रवृत्ति होती है। इसीलिये ज्ञानके उत्पन्न होते ही ज्ञानके प्रामाण्यका पता लग जाता है। यदि ऐसा न हो तो हमारी पदार्थोंमें प्रवृत्ति न होनी चाहिये। परन्तु अप्रामाण्य माननेमें यह बात नहीं होती। कारण कि मिथ्या ज्ञानमें हमारी इन्द्रियों आदिमें दोष होनेके कारण उत्तरकालमें होनेवाले बाधक ज्ञानसे ही हमारे ज्ञान का अप्रामाण्य सिद्ध होता है। अतएव मीमांसकोंके मतमें स्मृति ज्ञानको छोड़कर प्रत्येक ज्ञान जब तक कि वह उत्तरकालमें किसी बाधक ज्ञानसे अप्रमाणरूप सिद्ध नहीं होता स्वतः प्रमाण कहा जाता है और उत्तरकालमें वही ज्ञान अप्रमाण सिद्ध होनेपर परतः कहा जाता है। नैयायिक मीमांसकोंके स्वतः प्रामाण्यवादका विरोध करते हैं प्रामाण्य और अप्रामाण्य दोनोंको परतः मानते हैं। सांख्य प्रामाण्य और अप्रामाण्य को स्वतः जैन दोनोंको कथंचित् स्वतः और कथंचित् परतः तथा बौद्ध अप्रामाण्य ज्ञानको स्वतः और प्रामाण्यको परतः मानते हैं।

आत्मा—मीमांसक लोग आत्माके अस्तित्वको स्वीकार करते हैं। इनके मतमें आत्माको शरीर इन्द्रिय और बुद्धिसे भिन्न मानकर आत्मबहुत्ववादके सिद्धांतको स्वीकार किया गया है। मीमांसक विद्वान

---

१ संभवतः मीमांसक लोग ईश्वर और सर्वज्ञका सद्भाव न माननेके कारण लोकायत नास्तिक आदि नामोंसे कहे जाने लगे थे। कुमारिल भट्टने इस आक्षेपको दूर करनेके लिये श्लोकवार्तिककी रचना कर उसमें आत्मवाद नामक भिन्न प्रकरण लिखा है—

प्रायेणैव हि मीमांसा लोके लोकायतीकृता।
तामास्तिकपथे कर्तुमयं यत्नः कृतो मया ॥ श्लोकवार्तिक पृ. ४ श्लोक १०।

तथा—इत्याह नास्तिक्यनिराकरिष्णु—

रात्मास्तितां भाष्यकृदत्र युक्त्या।
दृढत्वमेतद्विषयश्च बोधः
प्रयाति वेदान्तनिषेवणेन ॥ पृ. ७२८ श्लोक १४८।

२ परापेक्षं प्रमाणत्वं नात्मानं लभते क्वचित्।
मूलोच्छेदकरं पक्षं को हि नामाध्यवस्यति ॥
यदि हि सर्वमेव ज्ञानं स्वविषयतथात्वावधारणे स्वयमसमर्थं विज्ञानान्तरमपेक्षेत ततः कारणगुणसंवादार्थक्रियाज्ञानान्यपि स्वविषयभूतगुणाद्यवधारणे परमपेक्षेरन् अपरमपि तथेति न कश्चिदर्थो जन्मसहस्रेणाप्यध्यवसीयेतेति प्रामाण्यमवोत्सीदेत। शास्त्रदीपिका पृ. २२।

कुमारिलभट्ट और प्रभाकरके आत्मा संबंधी सिद्धान्तोंमें मतभेद पाया जाता है। कुमारिलके मतम आत्माको कर्ता भोक्ता ज्ञानशक्तिवाला नित्य विभु और परिणामी मानकर अहप्रत्ययका विषय माना जाता है[1]। प्रभाकर भी आत्माको कर्ता भोक्ता और विभु स्वीकार करते हैं परन्तु वे आत्माम परिवर्तन नहीं मानत[2]। प्रभाकरके सिद्धान्तके अनुसार आत्मा ज्ञाता है और पदार्थ ज्ञेय हैं। ज्ञाता और ज्ञेय एक नही हो सकत इसलिये आत्मा कभी स्वसंवेदनका विषय नही हो सकता। यदि आत्माको स्वसवेदक माना जाय तो गाढ निद्राम भी ज्ञान मानना चाहिये।

मोक्ष—गौतमधर्मसूत्र आदि धर्मशास्त्रोंमें धर्म अर्थ और काम केवल इन तीन पुरुषार्थोंको मानकर धर्मको ही मुख्य पुरुषार्थ स्वीकार किया गया ह। मीमासा दर्शनके प्राचीन आचार्य धर्मको सम्पूर्ण सुखोंका कारण मानकर उससे स्वर्गकी प्राप्ति करना ही अपना अन्तिम ध्येय समझते थे। इन लोगोंके सामने मोक्षका प्रश्न इतना बलवान नहीं था। परन्तु उत्तरकालीन मीमासक आचार्य मोक्ष सबधी प्रश्नसे अछूते न रह सके। प्रभाकरके मतके अनुसार ससारके कारण भूतकालीन धर्म और अधर्मके नाश होन पर शरीरके आत्यन्तिक रूपसे नाश होनको मोक्ष कहा ह। जिस समय जीवके शम दम ब्रह्मचर्य आदिके द्वारा आत्मज्ञान होनेसे देहका अभाव हो जाता ह उस समय मोक्षकी प्राप्ति होती है। मोक्ष अवस्थाको आनन्द रूप नही कह सकत क्योंकि निर्गुण आत्माम आनन्द नही रह सकता। इसलिय सुख और दुख दोनोके क्षय होनपर स्वात्मस्फुरण रूप अवस्थाको ही मोक्ष कहत हैं। कुमारिल भट्टके अनुसार परमात्माकी प्राप्तिकी अवस्था मात्रको मोक्ष कहा गया है। कुमारिल भी मोक्षको आनद रूप नही मानत। पार्थसारथिमिश्र आदिन भी सुख दुख आदि समस्त विशेष गुणोके नाश होनको मुक्ति माना है।

मीमांसक और जैन

मीमासक याज्ञिक हिंसाको जातिसे वर्णव्यवस्थाको और वेदके स्वत प्रमाणको स्वीकार करत हैं। परन्तु जैन सांख्य बौद्ध आजीविक आदि श्रमण सम्प्रदायोंकी तरह उक्त बातोका विरोध करत हैं। जन लोग हिंसाके उग्र विरोधी ह। ये लोग जातिसे वर्णव्यवस्थाको नही मानत। ब्राह्मणोकी मान्यता है कि सबसे पहले ब्रह्माके मुखसे ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति हुई उसके बाद ब्रह्माके अन्य अवयवोंसे क्षत्रिय वैश्य और शूद्र जन्मे इसलिय ब्राह्मण ही सर्वपूज्य हैं। परन्तु आदिपुराण आदि जैन पुराणोम इससे विरुद्ध कल्पना देखनमें आती ह। आदिपुराणके अनुसार पहले पहल जब ऋषभदेव भगवानने असि मसि आदि छह कर्मोंका उपदेश किया उस समय उन्होंने पहले क्षत्रिय वैश्य और शूद्रोंकी सृष्टि की और बादमें व्रतधारी श्रावकोंमसे ब्राह्मण

---

१ ज्ञानशक्तिस्वभावोऽतो नित्य सर्वगत पुमान।
देहान्तरक्षम कल्प्य सोऽग्र छन्नेव मोक्ष्यते ॥ मी श्लोकवार्तिक आत्मवाद ७३।

२ बुद्धीन्द्रियशरीरेभ्यो भिन्न आत्मा विभुध्रुव।
नानाभूत प्रतिक्षेत्रमर्थवित्तिषु भासत ॥ प्रकरणपञ्चिका पृ १४१।

३ अतो नाविद्यास्तमयो मोक्ष। अत्यन्तिकस्तु देहोच्छेदो नि शेषधर्माधर्मपरिक्षयनिबन्धनो मोक्ष इति सिद्धम्। प्रकरणपञ्चिका पृ १५६।

४ सुखोपभोगरूपश्च यदि मोक्ष प्रकल्प्यते।
स्वर्ग एव भवदेष पर्यायण क्षयी च स ॥
न हि कारणवत्किञ्चिदक्षयित्वेन गम्यते।
तस्मात्कर्मक्षयादेव हेत्वभावेन मुच्यते ॥
न ह्यभावात्मकं मुक्त्वा मोक्षनित्यत्वकारणम्।
भावरूपं सवमुत्पत्तिधर्मक घटादिक्षयधर्मकमेव। अतो न सुखात्मिका मुक्तिरात्मज्ञानेन क्रियते इति।
सिद्धयति चाभावात्मकत्वे मोक्षस्य नित्यता न स्वानन्दात्मकत्वे।
श्लोकवार्तिक सबंधाक्षेपपरिहार श्लोक १ ५–१ ७ न्यायरत्नाकर टीका।

धर्मका जन्म हुआ। वास्तवमें किसीको जातिसे ऊँच अथवा नीच नहीं कहा जा सकता इसलिये गुण और कर्मके अनुसार ही वर्णव्यवस्था माननी चाहिये। वैदिक वेदको अपौरुषेय और नित्य होनेके कारण प्रमाण मानते हैं और वेदविहित याज्ञिक हिंसाको पाप रूप नहीं गिनते। जैनोंका मानना है कि पूर्वकालीन आर्यवेद हिंसाके विधानसे रहित और पूर्वकालीन यज्ञ दयामय होते थे। वर्तमान हिंसाप्रधान वेद बादमें महाकाल असुर ने रचे हैं और हिंसामय यज्ञोंका भी प्रचार हुआ है। जैन प्रथमानुयोग करणानुयोग चरणानुयोग और द्रव्यानुयोग इन चार वेदोंको मानते हैं। सिद्धसेन दिवाकरने वेदोंके ऊपर द्वात्रिंशिकाकी रचना की है। भगवानके निर्वाणोत्सवके बाद स्वयं इन्द्र और देवोंने श्रावक ब्रह्मचारियोंको गार्हपत्य परमाहवनीयक और दक्षिणाग्नि नामके तीन कुंड बना उनमें त्रिमूर्ति अग्नि स्थापित करके अग्निहोत्रद्वारा जिन भगवानकी पूजा करनेका उपदेश दिया था।

जैन और मीमांसकोंके सिद्धान्तोंकी तुलना करते समय यह बात विशेष रूपसे ध्यान देने योग्य है कि कुमारिलभट्ट प्रकारान्तरसे जैनोंके अनेकांतवादके सिद्धांतको स्वीकार करते हैं। कुमारिलका पदार्थोंको उत्पाद व्यय और स्थिति रूप सिद्ध करना अवयवोंको अवयवीसे भिन्नाभिन्न मानना वस्तुको स्वरूपपररूपसे सत् असत् स्वीकार करना तथा सामान्य और विशेषको सापेक्ष मानना स्पष्ट रूपसे कुमारिलके अनेकांतवादके समर्थन करनेका सूचित करता है। तत्त्वसंग्रहकारके कथनसे भी यही मालूम होता है कि निर्ग्रंथ जैनोंकी तरह विप्रमीमांसक भी अनेकांतवादके सिद्धांतको मानते थे। गुणरत्न भी मीमांसकोंके प्रकारांतरसे अनेकांतके

१ वर्धमानकभंगे च रुचकः क्रियते यदा।
तदा पूर्वार्थिनः शोकः प्रीतिश्चाप्युत्तरार्थिनः ॥
हेमार्थिनस्तु माध्यस्थ्यं तस्माद्वस्तु त्रयात्मकम्। श्लोकवार्तिक वनवाद २१—२२।

२ पूर्वोक्तादेव तु न्यायात्सिध्येदत्रावयव्यपि।
तस्मात्पत्यंतभिन्नं च न स्यादवयवैः सह ॥ ७५ ॥

३ स्वरूपपररूपाभ्यां नित्यं सदसदात्मके।
वस्तुनि ज्ञायते केश्चिद्रूपं किंचित्कदाचन।

सर्वं हि वस्तु स्वरूपतः सद्रूपं पररूपतश्चासद्रूपं। यथा घटो घटरूपेण सन् पटरूपेणासन्। पटोऽप्यसद्रूपेण भावान्तरे घटादौ समवेतः तस्मिन् स्वीयाऽसद्रूपाकारां बुद्धिं जनयति। योऽयं घटः स पटो न भवतीति। मी॰ श्लोकवार्तिक अभावपरिच्छेद १२ न्यायरत्नाकर।

४ अन्योन्यापेक्षिता नित्यं स्यात्सामान्यविशेषयोः।
विशेषाणां च सामान्ये ते च तस्य भवन्ति हि ॥
निर्विशेषं न सामान्यं भवेच्छशविषाणवत्।
सामान्यरहितत्वाच्च विशेषास्तद्वदेव हि ॥
एवं च परिहर्तव्या भिन्नाभिन्नत्वकल्पना ॥
केनचिद्ध्यात्मनैकत्वं नानात्वं चास्य केनचित्।

गोत्वं हि शाबलेयात्मना बाहुलेयाद्भिद्यते। स्वरूपेण च न भिद्यते। तथा व्यक्तिरपि गणकमजात्यन्तरात्मना गोत्वाद्भिद्यते। स्वरूपेण च न भिद्यते। तथा व्यक्त्यन्तरादपि व्यक्तिः जात्यात्मना न भिद्यते। स्वरूपेण च भिद्यते इति। अपेक्षाभेदादविरोधः। समाविशन्ति हि विरुद्धान्यपि एकत्वापेक्षाभेदात्। एकमपि हि किंचिदपेक्ष्य ह्रस्वं किंचिदपेक्ष्य दीर्घं। तथैकोऽपि चैत्रो द्वित्वापेक्षया भिन्नोऽपि स्वात्मापेक्षया न भिद्यते। अनेन एकानेकत्वमपि परिहर्तव्यं। तदेव हि वस्तु स्वरूपेण सर्वत्र सर्वदा चैकमपि शाबलेयादिरूपेणानेकं भवतीति न विरोधः। मी॰ श्लोकवार्तिक आकृतिवाद ९ १ तथा ५६ न्यायरत्नाकर।

देखो पं॰ हंसराज शर्मा—दर्शन और अनेकांतवाद।

५ कल्पनारचितस्यैव वैचित्र्यस्योपवर्णने।
को नामातिशयः प्रोक्तो विप्रनिर्ग्रन्थकापिलैः ॥ तत्त्वसंग्रह पृ॰ ५ १।

मानेका उल्लेख करते हैं ।[1]

मीमांसादर्शनका साहित्य

मीमांसासूत्रोंके रचयिता जैमिनी माने जाते हैं । वैदिक परम्पराके अनुसार जैमिनी ऋषि वेदव्यासके शिष्य थे । वेदव्यासने मूल वेदकी चार संहिताओंकी रचना की और सामवेदकी संहिताको जैमिनीको पढ़ाया । जैमिनीका समय ईसाके पूर्व २ वर्ष माना जाता है । जैमिनीसूत्रोंके ऊपर भर्तृमित्र भवदास हरि और उपवर्ष नामके विद्वानोंने टीकायें लिखी हैं जो आजकल उपलब्ध नहीं हैं । जैमिनीसूत्रोंपर भाष्य लिखनेवाले शबरस्वामीका नाम मुख्य रूपसे उल्लेखनीय है । यह शबरभाष्य उत्तरकालके मीमांसक लेखकोंका खास आधार रहा है । शबरस्वामीके सिद्धांतोंका तत्त्वसंग्रहमें खण्डन है । प्राच्य विद्वान शबरको वात्स्यायनका सम कालीन और नागार्जुनका उत्तरकालवर्ती मानते हैं । दूसरे लोग शबरका समय ईसाकी चौथा शताब्दी मानते हैं । शबरभाष्यके बाद मीमांसकदर्शनके मुख्य विचारक प्रभाकर और कुमारिलभट्ट हो गये हैं । प्रभाकरने (ई स ६५) शबरभाष्य पर बृहती नामकी टीका लिखी है । शास्त्रीय परम्पराके अनुसार प्रभाकर कुमारिलके शिष्य कहे जाते हैं । इन दोनोंके विचारोंमें मतभेद होनेके कारण दोनोंके सिद्धांतोंकी अलग-अलग शाखायें हो गई ।[2] प्रभाकरका मत गुरुमत के नामसे प्रसिद्ध है । बृहती लिखते हुए प्रभाकर कुमारिलके सिद्धांतोंका उल्लेख नहीं करते जब कि कुमारिल बृहतीकारके मतका उल्लेख करते हुए मालूम होते हैं । इससे विद्वानोंका मत है कि प्रभाकर कुमारिलके शिष्य नहीं थे किन्तु वे कुमारिलके पूर्ववर्ती हैं । प्रभाकरकी बृहतीके ऊपर प्रभाकरके शिष्य कहे जाने वाले शालिकानाथमिश्रने ऋजुविमला नामकी टीका और प्रभाकरके सिद्धांतोंका विवेचन करनेके लिये प्रकरणपंचिका नामक ग्रंथ लिखे हैं । प्रभाकरकी बृहती और शालिकानाथकी ऋजुविमला अभी सम्पूर्ण रूपसे प्रकाशमें नहीं आये इसलिये प्रकरणपंचिका ही प्रभाकरके सिद्धांतोंको जाननेका एक आधार है । कुमारिलभट्ट भट्टपाद और वार्तिककारके नामसे भी कहे जाते हैं । तिब्बती ग्रंथोंमें इनका कुमारलीळ कहा है । कुमारिल (ई स ७) ने शबरभाष्यके ऊपर स्वतन्त्र रूपसे टीका लिखी है । यह टीका श्लोकवार्तिक तंत्रवार्तिक और टुपटीका नामके तीन खंडोंमें विभक्त है । कुमारिल और उद्योतकर बौद्धदर्शन और न्यायके खंडन करनेके लिये अद्वितीय समझे जाते थे । शान्तरक्षितने तत्त्वसंग्रहमें कुमारिलका खंडन किया है । कुमारिल धर्मकीर्ति और भवभूतिके समकालीन कहे जाते हैं । कुमारिलके पश्चात् कुमारिलके अनुयायी मंडनमिश्रका नाम विशेष रूपसे उल्लेखनीय है । मंडनमिश्रने विधिविवेक भावनाविवेक मीमांसानुक्रमणी और कुमारिलकी तंत्रवार्तिककी टीका लिखी है । कहा जाता है कि ये मण्डनमिश्र आगे जाकर वेदान्तमतके अनुयायी हो गये । इसके अतिरिक्त पार्थसारथिमिश्रने कुमारिलकी श्लोकवार्तिक पर न्यायरत्नाकर तथा शास्त्रदीपिका तन्त्ररत्न और न्यायरत्नमाला सुचरितमिश्रने श्लोकवार्तिककी टीका और काशिका तथा सोमेश्वरभट्टने तंत्रवार्तिककी टीका और न्यायसुधा नामके ग्रंथ लिखे । मीमांसादर्शनका ज्ञान करनेके लिये माधवका न्यायमालाविस्तर आपदेवका मीमांसान्यायप्रकाश लौगाक्षिभास्करका अर्थसंग्रह और खण्डदेवकी भाट्टदीपिका आदि ग्रंथ उल्लेखनीय हैं ।

---

१ मीमांसकास्तु स्वयमेव प्रकारान्तरेणकानेकात्मकतां प्रतिपद्यमानास्तत्प्रतिपत्तये सर्वथा पर्यनुयोगं नार्हन्ति । षड्दर्शनसमुच्चयटीका ।

२ कहा जाता है कि कुमारिलभट्ट अत्र तुनोक्तम् तत्रापि नोक्तम् इति पौनरुक्तम् इस वाक्यका अर्थ नहीं समझ सके थे । कुमारिलने इसका अर्थ किया यहाँ भी नहीं कहा गया वहाँ भी नहीं कहा गया इसलिये फिर कहा गया । प्रभाकरने कहा कि इस वाक्यका यह अर्थ ठीक नहीं इसका अर्थ करना चाहिये— यहाँ यह 'तु' से सूचित किया गया है और वहाँ 'अपि' से सूचित किया गया है इसलिये फिर कहा गया है । कुमारिल इससे बहुत प्रसन्न हुए और अपने शिष्य प्रभाकरको गुरु कहने लगे ।

वेदान्त परिशिष्ट (च)

(श्लोक १३)

वेदा तदशन

वेदा तदशनका निर्माण व के अतिम भाग उपनिषदोके आधारसे हुआ ह इसलिय इसे वेदान्त कहते हैं । वदा तको उत्तरमीमासा अथवा ब्रह्ममीमासा भी कहते ह । यद्यपि पूवमीमासा और उत्तरमीमासा दोनों दशन मौलिक रूपसे भिन्न भि न हैं पर तु बोधायनने इन दर्शनोको सहित कहकर उल्लेख किया है तथा उपवर्षन दोनो दशनोपर टीका लिखी ह । इससे वि ानोका अनुमान ह कि किसी समय पर्वमीमासा और उत्तरमीमासा एक ही समक्ष जात थ । उत्तरमीमासक साधु अ तवादी होत ह । य ब्राह्मण ही होते हैं । इनके नामके पीछ भगवत् श लगाया जाता ह । य साधु कुटीचर ब दक ह । और परमहंसके भेदसे चार प्रकारके होते ह। कुटीचर लोग मठम वास करत हं त्रिद डी होत हैं शिखा रखत हैं ब्रह्मसूत्र पहनते हैं गृह यागी होते ह और यजमानोंके घर आहार लते हं तथा एकाध बार अपन पुत्र यहा भी भोजन करत हैं । बहूदक साधओका वेष कुटीचरोके समान होता ह। य लोग ब्राह्मणोके घर नीरस भोजन लेत हैं वि णकी जाप करते हैं और नदीक जलम स्नान करते ह । हस साधु ब्रह्मसूत्र और शिखा नहीं रखते कषाय व त्र धारण करते हैं, दण्ड रखते हं गावम एक रात और नगरम तीन रात रहते हं धुआ निकलना बद होनप और आगक बझ जानेपर ब्राह्मणोक घर भोजन करत हैं और देश देशम भ्रमण करते हं । जिस समय हस आत्मज्ञानी हो जात हैं उस समय व परमहस कहे जाते हैं । ये चारों वर्णोंके घर भोजन लेते हैं इनके दड रखनका नियम नहीं है ये शक्ति होन हो जानपर भोजन ग्रहण करत । वदा तके माननवाले आजकल भी भारतवप और उसके बाहर पाय जाते हैं । जब कि याय वशषिक सांख्य आदि अ य भारतीय दर्शनोकी प म्परा नष्ट प्राय हो गई है । ई स १६४ म दाराशिकोहने उपनिषदोका फारसी भाषाम अनुवाद किया था । जमन तत्त्ववेत्ता शोपेनहोर (Schopenh uer) ने औपनिषदिक त वज्ञानसे प्रभावित होकर भारतीय त वज्ञानकी मुक्त कंठसे प्रशसा की है । शाकर वदान्तके सिद्धातोकी तुलना पश्चिमके आधुनिक विचारक ब्रडले (Bradley) के सिद्धातोके साथ की जा सकती है ।

वेदान्तसाहि य

वदा त दशनका साहि य बहुत विशाल है । सवप्रथम वदान्तदशन उपनिपदोम और उपनिषदोके बाद महाभारत और गीताम देखनम आता है । त पश्चात औडलोमि आश्मरथ्य काशकृत्न कार्ष्णाजिनि बादरि आत्रय और जैमनी वदान्तदशनके प्रतिपादक कहे जात ह। इन विद्वानोका उ लेख बादरायणने अपन ब्रह्मसूत्रम किया ह । वेदा तदशनके प्रतिपादकोमे बादरायणके ब्रह्मसूत्रोका नाम बहुत महत्त्वका ह । ब्रह्मसूत्राको वदान्त सूत्र अथवा शारीरकसूत्रोके नामसे भी कहा जाता ह । वदा तसूत्रोंके समयके विषयम विद्वानोम बहुत मतभद है । वदा तसूत्राका समय ईसवी सन् ४ के लगभग माना जाता है । वेदान्तसूत्रोके ऊपर अनेक आचार्योंने टीकाय लिखी हैं । बादरायणके पश्चात् ब्रह्मसूत्रोके वृत्तिकार बोधायनका नाम सबसे पहले आता है । बहुतसे विद्वान बोधायन और उपवष दोनोको एक ही व्यक्ति मानते हैं । बोधायन ज्ञानकमसमुच्चयके सिद्धांतको मानते थे । द्रमिडाचायन छान्दोग्य उपनिषद्के ऊपर टीका लिखी थी । इस टीकाका उल्लेख छा दोग्य उपनिषद्पर शाकरी टीकाके टीकाकार आन दगिरिने किया है । द्रमिडाचार्य भाष्यकार के नामसे भी कहे जाते थे ।

---

१ गुणरत्नसूरि—षड्दशनसमुच्चय टीका ।

टक 'वाक्यकार' के नामसे प्रसिद्ध हो गये हैं। टंकको आत्रेय अथवा ब्रह्मनन्दिन् नामसे भी कहा जाता है। भर्तृप्रपञ्च भेदाभेद और ब्रह्मपरिणामवादके सिद्धांतको मानते थे। शंकर और आनन्दज्ञानने भर्तृप्रपञ्चका बृहदारण्यककी टीकामें उल्लेख किया है। औपनिषदिक ऋषियोंके पश्चात् अद्वैत वेदान्तका सुनिश्चित रूप सर्व प्रथम गौडपादकी माण्डूक्यकारिकामें देखनेमें आता है। गौडपादका समय ईसवी सन ७८० के लगभग माना जाता है। शंकर गौडपाद आचार्यके शिष्य गोविन्दके शिष्य थे। शंकर केवलाद्वैतके प्रतिष्ठापक महान् आचार्य माने जाते हैं। शंकराचार्यने अनेक शास्त्रोंकी रचना की है। इन शास्त्रोंमें ईश केन कठ प्रश्न मुण्डक माण्डूक्य ऐतरेय तैत्तिरीय छान्दोग्य बृहदारण्यक इन दस उपनिषदोंपर तथा भगवद्गीता और वेदान्तसूत्रोंके ऊपर टीकाओंका नाम विशेष रूपसे उल्लेखनीय है। शंकरका समय ईसवी सन् ८०० है। मंडन अथवा मंडनमिश्र शंकरके समकालीन माने जाते हैं। मंडनने ब्रह्मसिद्धि आदि अनेक महत्त्वपूर्ण ग्रंथोंकी रचना की है। मंडन दृष्टिसृष्टिवादके प्रतिष्ठापक कहे जाते हैं। ब्रह्मसिद्धिके ऊपर वाचस्पति आदि अनेक विद्वानोंने टीकायें लिखी हैं। सुरेश्वर शंकरके साक्षात् शिष्य थे। सुरेश्वरका समय ईसवी सन् ८२० है। इन्होंने नैष्कर्म्यसिद्धि बृहदारण्यक उपनिषद भाष्यवार्तिक आदि ग्रंथ लिखे हैं। नैष्कर्म्यसिद्धिके ऊपर चित्सुख आदिने टीकायें लिखी हैं। पद्मपाद सुरेश्वरके समकालीन माने जाते हैं। पद्मपाद भी शंकराचार्यके साक्षात् शिष्य थे। पद्मपादने पञ्चपादिका आदि ग्रंथोंकी रचना की है। पंचपादिकाके ऊपर प्रकाशात्मन आदिने टीकायें लिखी हैं। वेदान्त दर्शनके प्रतिपादकोंमें मैथिल पंडित वाचस्पतिमिश्रका नाम भी बहुत महत्त्वका है। वाचस्पतिमिश्रने शांकरभाष्यके ऊपर अपनी पत्नीके नामपर भामती और मंडनकी ब्रह्मसिद्धिके ऊपर तत्त्वसमीक्षा टीका लिखी है। सर्वज्ञात्ममुनि सुरेश्वराचार्यके शिष्य थे। सर्वज्ञात्ममुनिने शांकर वेदान्तके सिद्धांतोंका प्रतिपादन करनेके लिये संक्षेपशारीरक नामका ग्रंथ लिखा है। इनका समय ईसवी सन ९०० है। इसके अतिरिक्त आनन्दबोध (११—१२ शताब्दी) का न्यायमकरन्द और न्यायदीपावलि, श्रीहर्ष (ई. स. ११५०) का खण्डनखण्डखाद्य, चित्सुखाचार्य (ई. स. १२५०) की चित्सुखी, विद्यारण्य (ई. स. १३५०) की पंचदशी और जीवन्मुक्तिविवेक तथा मधुसूदनसरस्वती (१६ वीं शताब्दी) की अद्वैतसिद्धि, अप्पयदीक्षित (१७ वी शताब्दी) का सिद्धांतलेश और सदानन्दका वेदान्तसार आदि ग्रंथ वेदान्त दर्शनके अभ्यासियोंके लिये महत्त्वपूर्ण हैं।

वेदान्त दर्शनकी शाखायें

भर्तृप्रपञ्च—शंकरके पूर्व होनेवाले वेदान्त दर्शनके प्रतिपादकोंमें भर्तृप्रपंचका नाम बहुत महत्त्वका है। भर्तृप्रपंचका इस समय कोई मूल ग्रंथ उपलब्ध नहीं है। सुरेश्वरकी वार्तिकके उल्लेखोंसे मालूम होता है कि भर्तृप्रपंच अग्निवैश्वानरके उपासक थे और अग्निवैश्वानरके प्रसादसे इन्हें उच्च कोटिका तत्त्वज्ञान प्राप्त हुआ था। भर्तृप्रपंच अद्वैतमतका प्रतिपादन करते हैं। ये शंकरकी तरह ब्रह्मके पर और अपर दो भेद करते हैं परन्तु दोनों प्रकारके ब्रह्मको सत्य मानते हैं। भर्तृप्रपंचका समय ईसाकी सातवीं शताब्दी माना जाता है।

शंकर—शंकराचार्य केवलाद्वैत अथवा ब्रह्माद्वैतके स्थापन करनेवाले महान प्रतिभाशाली विचारकोंमें गिने जाते हैं। शंकरके मतमें व्यवहारिक और पारमार्थिकके भेदसे दो प्रकारके सत्य माने गये हैं। परमार्थ सत्यसे संसारके सम्पूर्ण व्यवहार अविद्याके कारण ही होते हैं इसलिये सब मिथ्या हैं। परमार्थसे एक केवल सत् चित् और आनन्द रूप ब्रह्म ही सत्य है। जिस प्रकार प्रकाशमान सूर्यके जलमें प्रतिबिम्बित होनेसे सूर्य नाना रूपमें दिखाई देता है उसी तरह ब्रह्म भी अध्यास अथवा अविद्याके कारण नाना रूपमें प्रतिभासित होता है। केवलाद्वैतके प्रतिपादक शंकरके पूर्ववर्ती अनेक आचार्य हो गये हैं परन्तु उपलब्ध साहित्यमें शंकरका अद्वैतवाद ही सर्वप्रधान गिना जाता है।

रामानुज—ये विशिष्टाद्वैतके उन्नायक माने जाते हैं। रामानुजके मतमें परब्रह्मका स्वरूप उसके विशेषणोंसे ही समझमें आ सकता है, निर्विशेष वस्तुकी सिद्धि नहीं हो सकती। इसलिये जीव जगत और

---

१ विशेष जाननेके लिये देखिये प्रोफेसर दासगुप्तकी A History of Indian Philosophy vol II अ. ११।

ईश्वर इन तीन पदार्थोंको मानना चाहिये । जीव और जगत शरीर रूप हैं और परब्रह्म शरीरी है।[1] रामानुजका समय ११ वीं शताब्दी माना जाता है ।

वल्लभ—ये शुद्धाद्वैतके मुख्य प्रवर्तक गिने जाते हैं । इनके मतमें यह जगत परब्रह्मका ही अविकृत परिणाम है । इसे माया रूप समझकर ब्रह्मकी विवर्त नहीं कह सकते । इसलिये ब्रह्मको माया रहित मानना चाहिये । ब्रह्म अंशी है तथा जीव और जड ब्रह्मके अंश हैं । जीव भक्तिके द्वारा ही परब्रह्मको प्राप्त करता है । शुद्धाद्वैतको अविकृत ब्रह्मवाद भी कहते हैं । वल्लभका समय ईसाकी १५ वीं शताब्दी है ।

विज्ञानभिक्षु—ये अविभागाद्वैतके स्थापक माने जाते हैं । केवलाद्वैत और शुद्धाद्वैतका इन्होंने खंडन किया है । इनके मतमें जिस प्रकार जलमें शक्कर डालनेसे शक्कर जलके साथ अविभक्त हो जाती है उसी तरह पर जड़ अजड़ जगत परब्रह्ममें अविभक्त रूपसे रहता है । विज्ञानभिक्षुका समय ईसाकी १७ वीं शताब्दी है ।

श्रीकंठाचार्य—ये शक्तिविशिष्टाद्वैतको मानते हैं । यह सिद्धांत अद्वैतवाद केवलाद्वैतके साथ मिलता जुलता है । अन्तर इतना ही है कि यहाँ ब्रह्मका सविशेष भावसे प्रधान और निर्विशेष भावसे गौण माना गया है । ब्रह्मतत्त्व चित् शक्ति और आनन्द शक्तिसे युक्त है । यहाँपर इस शक्तितत्त्वको माया रूप अथवा अविद्या रूप न मानकर उसे चिन्मय माना गया है । श्रीकंठका समय १५वीं शताब्दी है ।

भट्टभास्कर—ये औपाधिक भेदाभेदको मानते हैं । भट्टभास्कर भेद और अभेद दोनोंका सत्य मानते हैं । ब्रह्म और जगतमें कार्य कारण संबंध है । इसलिये कार्य और कारण दोनों ही सत्य हैं । कारणका मिथ्या और कार्यको कल्पित नहीं कहा जा सकता । भट्टभास्करका समय ईसाकी १ वीं शताब्दी माना जाता है ।

निम्बार्क—स्वाभाविक भेदाभेदको मानते हैं । इनके मतमें जगत ब्रह्मका परिणाम है, [illegible] नहीं कह सकते । निम्बार्कके मतमें जीव और जगतको न ईश्वरसे सर्वथा अभिन्न कह सकते हैं और न सर्वथा भिन्न । अतएव चेतन और अचेतनको ईश्वरसे भिन्नाभिन्न मानना चाहिये । निम्बार्कका समय १ वीं शताब्दी है ।

मध्व—मध्व द्वैत वेदान्ती माने जाते हैं । मध्वके अनुसार प्रत्यक्ष अनुमान आदि प्रमाणोंसे भेदकी ही सिद्धि होती है । पदार्थ दो तरहके होते हैं—स्वतन्त्र और परतन्त्र । ईश्वर स्वतन्त्र पदार्थ है । परतन्त्र पदार्थ भाव और अभावके भेदसे दो प्रकारके हैं । भावके दो भेद हैं—चेतन और अचेतन । चेतन और अचेतन ईश्वरके आधीन हैं । मध्वको पूर्णप्रज्ञ अथवा आनन्दतीर्थ भी कहा जाता है । मध्वका समय ईसाकी १२ वीं शताब्दी है ।

शंकरका मायावाद

कुछ लोगोंका कहना कि शंकराचार्यने मायावादके सिद्धांतोंकी रचना बौद्धोंके विज्ञानवाद और शून्यवादके आधारसे की है । बादरायणके ब्रह्मसूत्रोंमें, भगवद्गीतामें और बृहदारण्यक, छान्दोग्य आदि उपनिषदोंमें मायावादके सिद्धांत नहीं पाये जाते । विज्ञानभिक्षु शंकराचार्यको प्रच्छन्नबौद्ध कहकर उल्लेख करते हैं, पद्मपुराणमें मायावाद को असत शास्त्र कहा गया है तथा मध्व शून्यवादियोंके शून्य और मायावादियोंके ब्रह्मको एक बताते हैं । इससे मालूम होता है कि शंकर अपने परमगुरु गौडपादके सिद्धांतोंसे प्रभावित थे । प्रोफेसर दासगुप्तके अनुसार ये गौड़पाद स्वयं बौद्ध विद्वान थे और उपनिषदों और बुद्धके सिद्धांतोंमें भेद नहीं समझते थे । गौडपादने माण्डूक्य उपनिषदके ऊपर माण्डूक्यकारिका टीका लिखकर बौद्ध और औपनिषदिक सिद्धांतोंका समन्वय किया है । आगे चलकर गौडपादके सिद्धांतोंका उनके शिष्य शंकराचार्यने प्रसार किया[2] । प्रोफेसर ध्रुव इस मतसे सहमत नहीं हैं । ध्रुवका मत है कि हीनयान बौद्धदर्शन ब्राह्मणदर्शनसे प्रभावित होकर ही महायान बौद्धदर्शनके रूपमें विकसित हुआ है ।[3]

---

१ विशेषके लिये देखिये नर्मदाशंकरका हिंदतत्त्वज्ञाननो इतिहास उत्तरार्ध पृ० १७४–१८८ ।

२ गौडपाद आचार्यकी माण्डूक्यकारिका और नागार्जुनकी माध्यमिककारिकाकी तुलनाके लिये देखिये प्रोफेसर दासगुप्तकी A History of Indian Philo ohpy Vol I पृ ४२३ से ४२८ ।

३ देखिए प्रोफेसर ध्रुवकी स्याद्वादमंजरी पृ ६२ भूमिका ।

चार्वाक परिशिष्ट (छ)

(श्लोक २)

चार्वाक मत

चार्वाक पुण्य पाप आदि परोक्ष वस्तुओंको स्वीकार नहीं करते इसलिय इन्हें चार्वाक कहते हैं।[1] सुन्दर वाणी होनेके कारण भी ये लोग चार्वाक कहे जाते ह।[2] चार्वाक सामान्य लोगोके समान आचरण करनेके कारण लोकायत अथवा लोकायतिक कहे जाते हैं।[3] पुण्य पापको न स्वीकार करनेके कारण इन्हें नास्तिक कहा गया ह। आत्माको न माननेके कारण इन्हे अक्रियावादी कहा गया है। चार्वाक बृहस्पतिके शिष्य थे। बृहस्पतिने देवताओंके शत्रु असुरोंको मोहित करनेके लिये चार्वाक मतकी सृष्टि की थी। धूर्त चार्वाक और सुशिक्षित चार्वाकके भेदसे चार्वाक दो प्रकारके बताये गये हैं। धूर्त चार्वाक पृथिवी अप्, तेज और वायु इन चार भूतोंको छोडकर आत्माको अलग पदार्थ नहीं मानते। सुशिक्षित चार्वाक शरीरसे भिन्न आत्माका अस्तित्व मानते हैं परन्तु उनके मतमे यह आत्मा शरीरके नाश होनेके साथ ही नष्ट हो जाता है। कोई चार्वाक अनुभूत रूप जगतको न मानकर आकाशको पाचवा भूत स्वीकार करके ससारको पंचभूत रूप मानते। चार्वाक मतके साधु कापालिक होते हैं। ये शरीरपर भस्म लगाते हैं और ब्राह्मणसे लेकर अन्यज तक किसी भी जातिके हो सकते हैं। ये मद्य और मासका भक्षण करते हैं व्यभिचार करते हैं प्रत्येक वर्ष इकट्ठे होकर स्त्रियोसे क्रीडा करते हैं तथा कामको छोड़कर और कोई धर्म नहीं मानते।[5] योगी आनन्दघनजीने चार्वाक मतकी उपमा जिनेन्द्रकी कोख से दी है।[6]

---

१ चवन्ति भक्षयन्ति तत्त्वतो न मन्यन्ते पुण्यपापादिक परोक्ष वस्तुजातमिति चार्वाका। गुणरत्नसूरि।

२ चारु लोकसमत वाक वाक्यम यस्य स। वाचस्पत्यकोश।

३ लोका निर्विचारा सामान्यलोकास्तद्वदाचरन्ति स्मेति लोकायता लोकायतिका इत्यपि। गुणरत्न।

४ नास्ति पुण्यं पापमिति मतिरस्य नास्तिक। हेमचन्द्र।

यह ध्यान देने योग्य है कि वैदिक पुराणोंमे अद्वैत वेदान्तके प्रतिपादक शकराचार्यको चार्वाक जैन और बौद्धोकी तरह नास्तिक बताकर शकरके मायावादको असत शास्त्र कहा है—

मायावादी वेदान्ती (शकर भारती) अपि नास्तिक एव पर्यवसाने संपद्यते इति ज्ञेयम्।

अत्र प्रमाणानि साख्यप्रवचनभाष्योदाहृतानि पद्मपुराणवचनानि यथा—

मायावादमसच्छास्त्रं प्रच्छन्नं बौद्धमेव च।

मयैव कथितं देवि कलौ ब्राह्मणरूपिणा॥

अपार्थं श्रुतिवाक्यानां दर्शयल्लोकगर्हितम्।

कर्मस्वरूपत्याज्यत्वमत्र च प्रतिपाद्यते॥

सर्वकर्मपरिभ्रंशान्नैष्कर्म्यं तत्र चोच्यते।

परमात्मजीवयोरैक्यं मयात्र प्रतिपाद्यते॥

सांख्यप्रवचन भाष्य १ १ भूमिका। न्यायकोश पृ ३७२।

५ गुणरत्न षड्दर्शनसमुच्चय टीका।

६ लोकायतिक कूख जिनवरनी अश-विचार जो कीजे

तत्त्व विचार सुधारस धारा गुरुगम विण केम पीजे' श्रीनमिनाथजीनुं स्तवन गा० ४।

पं० बेचरदास-जैनदर्शन पृ० ८० भूमिका।

चार्वाकों के सिद्धांत

चार्वाक आत्माको नहीं मानते। इनके मतमें चैतन्य विशिष्ट देहको ही आत्मा माना गया है। जिस समय भौतिक शरीरका नाश होता है उस समय आत्माका भी नाश हो जाता ह अतएव कोई परलोक जानेवाली आत्मा भिन्न वस्तु नहीं है। इसलिये चार्वाकोंका सिद्धात है कि जब तक जीना है तब तक खूब आनंदके साथ जीवनको यापन करना चाहिये क्योंकि मरनेके बाद फिरसे जीवका ज म नही होता। चार्वाक लोग धम अधम और पुण्य पापको नहीं मानते। इनके मतम एक प्रत्यक्ष ही प्रमाण है। इसलिये इनके मतम ससारसे बाह्य कोई स्वग नरक मोक्ष और ईश्वर जसी वस्तु नही ह। वास्तवम काटा लग जाने आदिसे उत्प न होनवाला दुख ही नरक है लोकम प्रसिद्ध राजा ही ईश्वर है देहका छोडना ही मोक्ष है और स्त्रीका आलिगन करना ही सबसे बडा पुरुषार्थ ह। चार्वाक वेदको नही मानत तथा याज्ञिक हिंसाका और श्राद्ध आदि कर्मोंका घोर विरोध करते हैं।

चार्वाक साहित्य

चार्वाक साहित्यका कोई भी ग्रथ उपलब्ध नही ह। इसलिये चार्वाकोके सिद्धा तोके प्रामाणिक ज्ञान प्राप्त करनका कोई साधन नही है। आजीविक आदि सम्प्रदायोकी तरह चार्वाक मतका थोडा बहुत ज्ञान जन बौद्ध और ब्राह्मणोके ग्रथासे होता है। चार्वाक सिद्धातोके आद्य प्रणता बृहस्पति कहे जात है। गुणरत्न और जयन्तभट्ट दो चार्वाकसत्रोका उल्लेख करत हैं इससे जान पडता ह कि बहस्पतिन चार्वाकशास्त्रकी रचना सत्ररूपम की थी। शा तरक्षित तत्त्वसग्रहम चार्वाक सम्प्रदायके प्ररूपक कम्बलाश्वतरके एक सत्रका उ लेख करते हैं। वि ानाका कहना है कि बौद्ध सूत्रोम वर्णित अजितकेशकम्बली और कम्बलाश्वतर दानो एक ही व्यक्ति थे।[3] इनका समय ईसवी सन् पूव ५१ ५ बताया जाता है। चार्वाकके सिद्धातोका सक्षिप्त वणन जय तकी न्यायमजरी माधवका सवदशनसग्रह गुणर नकी षडदशनसम चय टीका और महाभारत आदि ग्रथोमें पाया जाता है।

---

१ लोकायत दर्शनकी देनके लिए देखिये जगदीशचन्द्र जैन भारतीय तत्त्व चि तन प ५९ ६१।

२ कायादेव ततो ज्ञान प्राणापानाद्यधिष्ठितात।
युक्त जायत इत्येतत्कम्बलाश्वतरोदितम॥
तथा च सत्रम–कायादेवेति। तत्त्वसग्रह श्लोक १८६४ पजिका।

३ तत्त्वसग्रह अंग्रेजी भूमिका।

विविध परिशिष्ट (ज)

श्लो १ पृ ३ पं १६ आजीविक

